# पाइअ-सद्द-महण्णवो

(प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

# PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

(A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY)

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# PĀIA-SADDA-MAHAṆṆAVO

## A COMPREHENSIVE PRAKRIT-HINDI DICTIONARY

with Sanskrit equivalents, quotations

AND

complete references

BY

PANDIT HARGOVIND DAS T. SHETH

MOTILAL BANARSIDASS

*Delhi Varanasi Patna Madras*

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# पाइअ-सद्द-महण्णवो

## (प्राकृत-शब्द-महार्णवः)

अर्थात्

विविध प्राकृत भाषाओं के शब्दों का संस्कृत प्रतिशब्दों से युक्त, हिन्दी अर्थों से अलंकृत,
प्राचीन ग्रन्थों के अनल्प अवतरणों और परिपूर्ण प्रमाणों से विभूषित बृहत्कोश


कर्ता

**पंडित हरगोविन्ददास त्रिकमचंद सेठ**



**मोतीलाल बनारसीदास**

दिल्ली वाराणसी पटना मद्रास



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

© मोतीलाल बनारसीदास
मुख्य कार्यालय : बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
शाखाएँ : चौक, वाराणसी २२१ ००१
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, मद्रास ६०० ००४

प्राकृत ग्रन्थ परिषद् ग्रन्थाङ्क ७
द्वितीय संस्करण : वाराणसी, १९६३
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, १९८६

ISBN: 81-208-0239-x

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली ७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस, ए-४५,
फेज-१, नारायणा, नई दिल्ली २८ द्वारा मुद्रित।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## PUBLISHER'S NOTE

The present *Pāia-sadd-mahaṇṇavo* or 'The Great Ocean of Prākrit Words' is a comprehensive Prākrit-Hindī Dictionary compiled by Pt. Hargovind Das Trikam Chand Sheth and was first published slightly less than six decades ago in 1928. It is a pioneer work, being the result of several years' single-minded devotion and indefatigable labour on the part of the compiler, to whom the students and scholars of the Prākrit language will ever remain grateful.

The work is of immense value since in addition to serving the needs of the students of Prākrit it has also proved very much helpful to researchers in understanding Old-Hindi words of obscure origin as well as all the other languages of the Middle Indo-Aryan group including Old-Rajasthani, Old-Gujarati, Old Marathi, Old-Bengali, Old-Maithili etc.

After its first appearance in 1928 the work remained out of print for a number of years when its rare copies were sold at fabulous prices–a fact further attesting to its importance, utility and popularity. To fulfil a pressing need a long awaited second edition was brought out by the Prākrit Text Society in 1963 and in view of a persistent demand this reprint is being issued after a long gap for the benefit of the interested scholars.

The Publishers hope that the work will inspire talented scholars for further intensive research in the field culminating, so we wish, in a more comprehensive dictionary of the language including also the cognate Apabhraṁśa language and literature.

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# संकेत—सूची

| | | |
|---|---|---|
| अ | = | अव्यय। |
| अक | = | अकर्मक धातु। |
| (अप) | = | अपभ्रंश भाषा। |
| (अशो) | = | अशोक शिलालेख। |
| उभ | = | सकर्मक तथा अकर्मक धातु। |
| कर्म | = | कर्मणि-वाच्य। |
| कवकृ | = | कर्मणि-वर्तमान-कृदन्त। |
| कृ | = | कृत्य-प्रत्ययान्त। |
| क्रि | = | क्रियापद। |
| क्रिवि | = | क्रिया-विशेषण। |
| गु० | = | गुजराती। |
| (चूपै) | = | चूलिकापैशाची भाषा। |
| त्रि | = | त्रिलिङ्ग। |
| [दे] | = | देश्य-शब्द। |
| न | = | नपुंसकलिङ्ग। |
| पुं | = | पुंलिङ्ग। |
| पुंन | = | पुंलिङ्ग तथा नपुंसकलिङ्ग। |
| पुंस्त्री | = | पुंलिङ्ग तथा स्त्रीलिङ्ग। |
| (पै) | = | पैशाची भाषा। |
| प्रयो | = | प्रेरणार्थक णिजन्त। |
| ब | = | बहुवचन। |
| भकृ | = | भविष्यत्कृदन्त। |
| भवि | = | भविष्यत्काल। |
| भूका | = | भूतकाल। |
| भूकृ | = | भूत-कृदन्त। |
| (मा) | = | मागधी भाषा। |
| वकृ | = | वर्तमान कृदन्त। |
| वि | = | विशेषण। |
| (शौ) | = | शौरसेनी भाषा। |
| स | = | सर्वनाम। |
| संकृ | = | संबन्धक कृदन्त। |
| सक | = | सकर्मक धातु। |
| स्त्री | = | स्त्रीलिङ्ग। |
| स्त्रीन | = | स्त्रीलिंग तथा नपुंसकलिङ्ग। |
| हेकृ | = | हेत्वर्थ कृदन्त। |

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# प्रमाण-ग्रन्थों [ रेफ़रेन्सेज़ ] के संकेतों का विवरण

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|
| अंग | = | अंगविज्जा | प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५, १९५७ | |
| अंग | = | अंगचूलिआ | हस्तलिखित । | |
| अंत | = | अंतगडदसाओ | ❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७ ... | |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बंबई, १९२० ... | पत्र |
| अच्चु | = | अच्चुअसअअं | वाणीविलास प्रेस, मद्रास, १८७२ ... | गाथा |
| अजि | = | अजिअसंतिथव | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ ... | ,, |
| अज्झ | = | अध्यात्ममतपरीक्षा | १ भीमसिंह माणक, संवत् १९३३ ... | ,, |
| | | | २ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर ... | ,, |
| अणु | = | अणुओगदारसुत्त | १ राय धनपतिसिंहजी बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६ ... | |
| | | | २ आगमोदय समिति, १९२४ बम्बई, ... | पत्र |
| अनु | = | अणुत्तरोववाइअदसा | ❀ १ रॉयल एसियाटिक सोसाइटी, लंडन, १९०७ ... | |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२० ... | पत्र |
| अभि | = | अभिज्ञानशाकुन्तल | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६ ... | पृष्ठ |
| अवि | = | अविमारक | त्रिवेन्द्र संस्कृत सिरीज़ ... ... | ,, |
| आउ | = | आउरपच्चक्खाणपयन्नो | १ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६६ ... | गाथा |
| | | | २ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२ ... | ,, |
| आक | = | १ आवश्यककथा | हस्तलिखित ... ... | |
| | | २ आवश्यक-एर्ज़्यालुंगन् | डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८९७ ... | पृष्ठ |
| आख्या | = | आख्यानकमणिकोश | प्राकृत ग्रन्थ परिषद्, वाराणसी—५ | |
| आचा | = | आचारांगसूत्र | ❀ १ डॉ. डबल्यु. शुब्रिग् संपादित, लाइपजिग, १९१० ... | |
| | | | + २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६ | श्रुतस्कन्ध, अध्य० |
| | | | ३ प्रो. रवजीभाई देवराज-संपादित, राजकोट, १९०६ | ,, |
| आचानि | = | आचारांग-निर्युक्ति | आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१६ ... | गाथा |
| आचू | = | आवश्यकचूर्णि | हस्तलिखित ... ... | अध्ययन |
| आत्म | = | आत्मसंबोधकुलक | † हस्तलिखित ... ... | गाथा |
| आत्महि | = | आत्महितोपदेश-कुलक | ,, ... ... | ,, |
| आत्मानु | = | आत्मानुशास्ति-कुलक | ,, ... ... | ,, |
| आनि | = | आवश्यकनिर्युक्ति | १ यशोविजय-जैन-ग्रंथमाला, बनारस । २ हस्तलिखित । | |

❀ ऐसी निशानी वाले संस्करणों में अकारादि क्रम से शब्द-सूची छपी हुई है, इससे ऐसे संस्करणों के पृष्ठ आदि के अंकों का उल्लेख प्रस्तुत कोश में बहुधा नहीं किया गया है, क्योंकि पाठक उस शब्द-सूची से ही अभिलषित शब्द के स्थल को तुरन्त पा सकते हैं। जहाँ किसी विशेष प्रयोजन से अंक देने की आवश्यकता प्रतीत भी हुई है, वहाँ पर उसी ग्रन्थ की पद्धति के अनुसार अंक दिए गए हैं, जिससे जिज्ञासु को अभीष्ट स्थल पाने में विशेष सुविधा हो।

+ इन संस्करणों में श्रुतस्कन्ध, अध्ययन और उद्देश के अङ्क समान होने पर भी सूत्रों के अङ्क भिन्न-भिन्न हैं। इससे इस कोष में जिस संस्करण से जो शब्द लिया गया है उसी का सूत्राङ्क वहाँ पर दिया गया है। अंक की गिनती उसी उद्देश या अध्ययन के प्रथम सूत्र से आरम्भ की गई है।

† श्रद्धेय श्रीयुत केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी, बी. ए., एल् एल्., बी. से प्राप्त।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|
| आप | = | आराधनाप्रकरण | शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२ | गाथा |
| आरा | = | आराधनासार | मानिकचंद-दिगंबर-जैन-ग्रंथमाला, संवत् १९७३ | ,, |
| आव | = | आवश्यकसूत्र | हस्तलिखित ... ... | |
| आवटि | = | आवश्यक टिप्पण | देवचन्द लालभाई | |
| आवदी | = | आवश्यक दीपिका | विजयदानसूरि ग्रंथमाला | |
| आवपगा | = | आवश्यकसूत्रे पत्रे गाथा | (हरिभद्र टीका) | |
| आवम | = | आवश्यकसूत्र मलयगिरि टीका | हस्तलिखित ... ... | |
| इंदि | = | इन्द्रियपराजयशतक | भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८ ... | गाथा |
| इक | = | दि कोस्मोग्राफी देर् इंदेर् | * डॉ. डबल्यु. किर्फेल-कृत, लाइपजिग, १९२० | |
| उत्त | = | उत्तराध्ययनसूत्र | १ राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, संवत् १९३६ | अध्ययन, गाथा |
| | | | २ स्व-संपादित, कलकत्ता, १९२३ ... | ,, |
| | | | + ३ हस्तलिखित ... ... | ,, |
| उत्त | = | उत्तराध्ययन सूत्र | देवचन्द लालभाई | |
| उत्त का | = | ,, | डो. जे. कारपेंटिअर-संपादित, १९२१ ... | ,, |
| उत्तनि | = | उत्तराध्ययननिर्युक्ति | हस्तलिखित ... ... | ,, |
| उत्तर | = | उत्तररामचरित | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ ... | पृष्ठ |
| उप | = | उपदेशपद | हस्तलिखित ... ... | गाथा |
| उप टी | = | उपदेशपद-टीका | हस्तलिखित ... ... | मूल-गाथा |
| उपपं | = | उपदेशपंचाशिका | † ,, ... ... | गाथा |
| उप पृ | = | उपदेशपद | जैन विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा ... | पृष्ठ |
| उर | = | उपदेशरत्नाकर | देवचन्द लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१४ ... | अंश, तरंग |
| उव | = | उवएसमाला | * डॉ. एल्. पी. टैसेटोरि-संपादित, १९१३ ... | |
| उवकु | = | उवदेशकुलक | † हस्तलिखित ... | गाथा |
| उवर | = | उपदेशरहस्य | मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६७ ... | ,, |
| उवा | = | उवासगदसाओ | * एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १८९० ... | |
| ऊरु | — | ऊरुभंग | त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज ... ... | पृष्ठ |
| ओघ | = | ओघनिर्युक्ति | आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९ ... | गाथा |
| ओघ भा | = | ओघनिर्युक्ति-भाष्य | ,, ... ... | ,, |
| औप | = | औपपातिकसूत्र | * डॉ. इ. ल्युमेन्-संपादित, लाइपजिग, १८८३ ... | |
| कप्प | = | कल्पसूत्र | * डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८७९ ... | |
| कप्पू | = | कर्पूरमञ्जरी | * हार्वर्ड् ओरिएन्टल् सिरीज, १९०१ ... | |
| कम्म १ | = | कर्मग्रंथ पहला | * आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक मण्डल, आगरा, १९१८ | गाथा |
| कम्म २ | = | ,, दूसरा | * ,, ,, ,, | ,, |
| कम्म ३ | = | ,, तीसरा | * ,, ,, १९१९ | ,, |
| कम्म ४ | = | ,, चौथा | * ,, ,, १९२३ | ,, |

---

+ सुखबोधा नामक प्राकृत-बहुल टीका से विभूषित यह उत्तराध्ययन सूत्र की हस्त-लिखित प्रति आचार्य श्रीविजय-मेघसूरिजी के भंडार से श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त हुई थी, इस प्रति के पत्र १८६ हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत् के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत। | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| कम्म ५ | = | कर्मग्रन्थ पाँचवाँ | १ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८ | ... | गाथा |
| | | | २ जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, संवत् १९६८ | | ,, |
| कम्म ६ | = | ,, छठवाँ | ,, ... | ... | ,, |
| कम्मप | = | कर्मप्रकृति | जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, १९१७ | ... | पत्र |
| करु | = | करुणावज्रायुधम् | आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर, १९१६ | ... | पृष्ठ |
| कर्ण | = | कर्णभार | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ... | ... | ,, |
| कर्पूर | = | कर्पूरचरित (भाण) | गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं. ८, १९१८ | | ,, |
| कर्म | = | कर्मकुलक | † हस्त-लिखित | | गाथा |
| कप्पभाष्य | = | बृहत्कल्प-भाष्य | आत्मानन्द सभा | | |
| ,, गा० | = | ,, गाथा | ,, | | |
| कस | = | (बृहत्) कल्पसूत्र | * डॉ. डबल्यु. शुब्रिं-संपादित, लाइपजिग, १९०५ | ... | |
| कहा | = | कहावली | अमुद्रित | | |
| काप्र | = | काव्यप्रकाश | वामनाचार्यकृत टीका-युक्त, निर्णयसागर प्रेस, बम्बई | ... | पृष्ठ |
| काल | = | कालकाचार्यकथानक | * डॉ. एच्. जेकोबी-संपादित, जेड्-डी-एम्-जी, खंड ३४, १८८० | | |
| किरात | = | किरातार्जुनीय (व्यायोग) | गायकवाड ओरिएन्टल् सिरीज, नं ८, १९१८ | | पृष्ठ |
| कुप्र | = | कुमारपालप्रतिबोध | गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, १९२० | ... | ,, |
| कुमा | = | कुमारपालचरित | * बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९०० | ... | ,, |
| कुम्मा | = | कुम्मापुत्तचरिअ | स्व-संपादित, कलकत्ता, १९१९ ... | ... | पृष्ठ |
| कुलक | = | कुलकसंग्रह | जैन श्रेयस्कर मंडल, म्हेसाणा, १९१४ | | ,, |
| खा | = | खामणाकुलक | † हस्तलिखित | | गाथा |
| खेत्त | = | लघुक्षेत्रसमास | भीमसिंह माणेक, बंबई, संवत् १९६८ | ... | ,, |
| गउड | = | गउडवहो | * बंबई-संस्कृत-सिरीज, १८८७ ... | ... | |
| गच्छ | = | गच्छाचारपयन्नो | १ हस्तलिखित ... | ... | अधिकार, गाथा |
| | | | २ चंदुलाल मोहोलाल कोठारी, अहमदाबाद, संवत् १०८० | | ,, |
| | | | ३ सेठ जमनाभाई भगूभाई, अहमदाबाद, १९२४ | | ,, |
| गण | = | गणधरस्मरण | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ | ... | गाथा |
| गणि | = | गणिविज्जापयन्नो | राय धनपतिसिंह बहादुर, कलकत्ता, १८४२ | ... | ,, |
| गा | = | गाथासप्तशती | + १ डॉ. ए. वेबर्-संपादित, लाइपजिग, १८८१ | ... | ,, |
| | | | २ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९११ | ... | ,, |
| गु | = | गुरुपारतन्त्र्य-स्मरण | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ | ... | गाथा |
| गुण | = | गुणानुरागकुलक | अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३ | ... | ,, |
| गुभा | = | गुरुवन्दनभाष्य | भीमसिंह माणेक, बम्बई संवत् १९६२ | ... | गाथा |

† श्रद्धेय के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

+ लाइपजिगवाले संस्करण का नाम "सप्तशतक डेस हाल" है और बम्बईवाले का "गाथासप्तशती"। ग्रन्थ एक ही है, परन्तु बम्बईवाले संस्करण में सात शतकों के विभाग में करीब ७०० गाथाएँ छपी हैं और लाइपजिगवाले में सीधे नंबर से ठीक १०००। एक से ७२० तक की गाथाएँ दोनों संस्करणों में एक-सी हैं, परन्तु गाथाओं के क्रम में कहीं कहीं दो चार नंबरों का आगा-पीछा है। ७०० के बाद का और ७०० के भीतर भी जहाँ गाथांक के अनन्तर 'अ' दिया है वह नंबर केवल लाइपजिग के ही संस्करण का है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रंथ का नाम | संस्करण आदि | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|
| गुरु | = | गुरुप्रदक्षिणाकुलक | अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९६३ ... | गाथा |
| गोय | = | गौतमकुलक | भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६५ ... | ,, |
| चउ | = | चउसरणपयन्नो | १ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६ ... | ,, |
| | | | २ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२ ... | ,, |
| चउ | = | चउपन्नमहापुरिसचरियं | प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी—५, १९६१ ... | ,, |
| चंड | = | प्राकृतलक्षण | * एसियाटिक सोसायटी, बंगाल, कलकत्ता, १८८० ... | |
| चंद | = | चंदपन्नत्ति | हस्तलिखित ... ... | पाहुड |
| चारु | = | चारुदत्त | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ... | पृष्ठ |
| चेइय | = | चेइयवंदणमहाभास | जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, संवत् १९६२ ... | गाथा |
| चैत्य | = | चैत्यवन्दन भाष्य | भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२ ... | ,, |
| जं | = | जंबूद्वीपप्रज्ञप्ति | १ देवचंद लालभाई पु० फंड, बम्बई, १९१० .... | वक्षस्कार |
| | | | २ हस्तलिखित ... | ,, |
| जय | = | जयतिहुअण-स्तोत्र | जैन प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम, प्रथमावृत्ति ... | गाथा |
| जिन | = | जिनदत्ताख्यान | सिंघी जैन सिरीज | |
| जी | = | जीवविचार | आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, संवत् १९७८ | ,, |
| जीत | = | जीतकल्प | हस्तलिखित ... ... ... | |
| जीव | = | जीवाजीवाभिगमसूत्र | देवचंद लालभाई पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९ ... | प्रतिपत्ति |
| जीवस | = | जीवसमासप्रकरण | † हस्तलिखित ... | गाथा |
| जीवा | = | जीवानुशासनकुलक | अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३ ... | ,, |
| जो | = | ज्योतिष्करण्डक | हस्तलिखित ... ... ... | पाहुड |
| टि | = | + टिप्पण (पाठान्तर) | ... ... ... | |
| टी | = | ‡ टीका | ... ... ... | |
| ठा | = | ठाणंगसुत्त (स्थनांगसूत्र) | आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१८—१९२० ... | ठाण० |
| णंदि | = | णंदिसूत्र | १ हस्तलिखित ... | |
| | | | २ आगमोदय समिति, बम्बई, १९२४ ... | पत्र |
| णमि | = | णमिऊण-स्मरण | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ ... | गाथा |
| णाया | = | णायाधम्मकहासुत्त | आगमोदय समिति, बम्बई, १९१९ ... | श्रुतस्कन्ध, अध्य० |
| तंदु | = | तंदुलवेयालियपयन्नो | १ हस्तलिखित ... | |
| | | | २ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२ ... | पत्र |
| ति | = | तिजयपहुत्त | जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११ ... | गाथा |
| तित्थ | = | तित्थुग्गालियपयन्नो | हस्तलिखित ... ... | |
| ती | = | तीर्थकल्प | हस्तलिखित ... | कल्प |
| त्रि | = | त्रिपुरदाह (डिम) | गायकवाड ओरिएण्टल् सिरीज, नं ८, १९१८ ... | पृष्ठ |

† श्रद्धेय श्रीयुत् के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त।

+ पाठान्तर वाले संस्करणों के जो पाठान्तर हमें उपादेय मालूम पड़े हैं उन्हें भी इस कोष में स्थान दिया है और प्रमाण के पास 'टि' शब्द जोड़ दिया है जिससे उस शब्द को उसी स्थान के टिप्पन का समझना चाहिए।

‡ जहाँ पर प्रमाण में ग्रंथ-संकेत और स्थान-निर्देश के अनन्तर 'टी' शब्द लिखा है वहाँ उस ग्रंथ के उसी स्थान की टीका के प्राकृतांश से मतलब है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रंथ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| दं | = | दंडकप्रकरण | १ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११ | ... | गाथा |
| | | | २ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८ | ... | ,, |
| दंस | = | दर्शनशुद्धिप्रकरण | हस्तलिखित | ... | तत्त्व |
| दशअगस्त्य<br>दशवैचू | = | दशवैकालिक अगस्त्य सिंहचूर्णि | P. T. S. ... | ... | |
| दस | = | दसवैकालिकसूत्र | १ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०० | ... | अध्ययन० |
| | | | २ डॉ० जीवराज घेलाभाई, अहमदाबाद, १९१२ | ... | ,, |
| दसचू | = | दशवैकालिकचूलिका | ,, ,, ,, | ... | चूलिका० |
| दसनि | = | दशवैकालिकनिर्युक्ति | १ भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०० | ... | अध्ययन, गाथा |
| | | | २ देवचन्द लालभाई | | |
| दशवैवृद्ध | = | दशवैकालिक वृद्ध विवरण | मुद्रित चूर्णि, ऋषभदेव केसरीमल | | |
| दसा | = | दशाश्रुतस्कन्ध | हस्तलिखित | ... | ,, |
| दीव | = | दीवसागरपन्नत्ति | ,, | ... | |
| दूत | = | दूतघटोत्कच | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज | .... | पृष्ठ |
| दे | = | देशीनाममाला | बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८८० | ... | वर्ग, गाथा |
| देव | = | देवेन्द्रस्तवप्रकीर्णक | हस्तलिखित | ... | |
| देवदिन्न | = | देवदिन्न कथानक | ,, | | |
| देवेन्द्र | = | देवेन्द्रनरकेन्द्रप्रकरण | जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९२२ | ... | गाथा |
| द्र | = | द्रव्यसित्तरी | १ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९५८ | ... | ,, |
| | | | २ शा० वेणीचंद सूरचंद, म्हेसाणा, १९०६ | ... | ,, |
| द्रव्य | = | द्रव्यसंग्रह | जैन-ग्रंथ-रत्नाकर-कार्यालय, बंबई, १९०६ | ... | ,, |
| धण | = | ऋषभपंचाशिका | काव्यमाला, सप्तम गुच्छक, बंबई, १८९० | ... | ,, |
| धम्म | = | धर्मरत्नप्रकरण सटीक | १ जैन-विद्या-प्रचारक वर्ग, पालीताणा, १९०५ | ... | मूल-गाथा |
| | | | २ हस्तलिखित | ... | ,, |
| धम्मि | = | धम्मिलहिंडी (वसुदेवहिंडी अन्तर्गत) | आत्मानन्द सभा | ... | |
| धम्मो | = | धम्मोवएसकुलक | † हस्तलिखित | ... | गाथा |
| धर्म | = | धर्मसंग्रह | जैन-विद्या-प्रचारक-वर्ग, पालीताणा, १९०५ | ... | अधिकार |
| धर्मर | = | धर्मरत्नलघुवृत्ति | आत्मानन्द सभा | .... | |
| धर्मवि | = | धर्मविधिप्रकरण सटीक | जेसंगभाई छोटालाल सुतरीया, अहमदाबाद, १९२४ | ... | पत्र |
| धर्मसं | = | धर्मसंग्रहणी | दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १९१६-१८ | ... | गाथा |
| धर्मा | = | धर्माभ्युदय | जैन-आत्मानन्द-सभा, भावनगर, १९१८ | ... | पृष्ठ |
| धात्वा | = | प्राकृतधात्वादेश | एसियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल, १९२४ | .... | पृष्ठ |
| ध्व | = | ध्वन्यालोक | निर्णयसागर प्रेस, बंबई | ... | ,, |
| नंदीटिप्प | = | नन्दीटिप्पण | P. T. S. | | |
| नलदवरास | = | नलदवदंतीरास (ऋषिवर्धन), | बेन्डर संपादित | | |

†श्रद्धेय श्रीयुत के० प्रे० मोदी द्वारा प्राप्त ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| नव | = | नवतत्त्वप्रकरण | १ आत्मानन्द-जैन-सभा, भावनगर | ... | गाथा |
| | | | २ आद्य-जैन-धर्म-प्रवर्तक-सभा, अहमदाबाद, १९०६ | ... | ,, |
| नाट | = | ‡ नाटकीयप्राकृतशब्दसूची | | | |
| निचू | = | निशीथचूर्णि | हस्तलिखित | ... | उद्देश |
| निर | = | निरयावलीसूत्र | १ हस्तलिखित | ... | वर्ग, अध्य० |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२२ | ... | ,, |
| निसा | = | निशाविरामकुलक | † हस्तलिखित | ... | गाथा |
| निसी | = | निशीथसूत्र | हस्तलिखित | ... | उद्देश |
| पउम | = | पउमचरिअ | जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति | ... | पर्व, गाथा |
| पउम | = | पउमचरिय | प्राकृत-ग्रंथ-परिषद्, वाराणसी–५ | ... | ,, |
| पंच | = | पंचसंग्रह | १ हस्तलिखित | .... | द्वार, गाथा |
| | | | २ जैन आत्मानन्द सभा, भावनगर, १९१९ | ... | ,, |
| पंचभा | = | पंचकल्पभाष्य | हस्तलिखित | ... | |
| पंचव | = | पंचवस्तु | ,, .... | ... | द्वार |
| पंचा | = | पंचासकप्रकरण | जैन-धर्म-प्रसारक सभा, भावनगर, प्रथमावृत्ति | ... | पंचासक |
| पंचू | = | पंचकल्पचूर्णि | हस्तलिखित ... | ... | |
| पंनि | = | पंचनिर्ग्रन्थीप्रकरण | आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४ | ... | गाथा |
| पंरा | = | पंचरात्र | त्रिवेन्द्र संस्कृत-सिरीज | ... | पृष्ठ |
| पंसू | = | पंचसूत्र | हस्तलिखित ... | ... | सूत्र |

‡ सेंट्रल लाइब्रेरी, बड़ोदा में स्थित एक मुखपृष्ठ-हीन पुस्तक से गृहीत, जिसके पूर्व भाग में क्रमदीश्वर का प्राकृत व्याकरण और उत्तर भागमें 'प्राकृताभिधानम्' शीर्षक से कतिपय ग्रंथों से उद्धृत प्राकृत शब्दों की एक छोटी सी सूची छपी हुई है। इस सूची में उन ग्रंथों के जो संक्षिप्त नाम और पृष्ठाङ्क दिए गये हैं वे ही नाम तथा पृष्ठाङ्क ज्यों के त्यों प्रस्तुत कोष में भी यथास्थान 'नाट' के बाद रखे गये हैं। उक्त पुस्तक में उन ग्रंथों के संक्षिप्त नामों तथा संस्करणों का विवरण इस तरह है,—

| | | | |
|---|---|---|---|
| मालती | for | मालतीमाधवम् | Calcutta Edition of 1830 |
| चैत | ,, | चैतन्यचन्द्रोदयम् | ,, 1854 |
| विक्र | ,, | विक्रमोर्वशी | ,, 1830 |
| साहित्य | ,, | साहित्यदर्पण | Edition of Asiatic Society |
| उत्तर | ,, | उत्तररामचरित | Calcutta Edition of 1831 |
| रत्ना | ,, | रत्नावली | ,, 1832 |
| मृच्छ | ,, | मृच्छकटिक | ,, 1832 |
| प्राप्र | ,, | प्राकृतप्रकाश | Mr. Cowell's Edition of 1854 |
| शकु | ,, | शकुन्तला | Calcutta Edition of 1840 |
| मालवि | ,, | मालविकाग्निमित्र | Tulberg's Edition of 1850 |
| वेणि | ,, | वेणिसंहार | Muktaram's Edition of 1855 |
| पाप्र | ,, | संक्षिप्तसारस्य प्राकृताध्यायः | |
| महावी | ,, | महावीरचरितम् | Trithen's Edition of 1848 |
| पिंग | ,, | पिंगलः | Ms. |

† श्रद्धेय के. प्रै. मोदी द्वारा प्राप्त।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| पक्खि | = | पक्खिसूत्र | भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२ | ... | |
| पच्च | = | महापच्चक्खाणपयन्नो | शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२ | | गाथा |
| पडि | = | पंचप्रतिक्रमणसूत्र | १ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११ | .... | |
| | | | २ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१ | | |
| पण्ण | = | पण्णवणासुत्त | राय धनपतिसिंह बहादुर, बनारस, संवत् १९४० | ... | पद |
| पण्ह | = | प्रश्नव्याकरणसूत्र | आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९ | ... | श्रुतस्कन्ध, द्वार |
| पभा | = | पच्चक्खाणभाष्य | भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६२ | ... | गाथा |
| पव | = | प्रवचनसारोद्धार | १ ,, संवत् १९३४ | ... | + द्वार |
| | | | २ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२–२५ | | ,, |
| पस | = | प्रज्ञापनोपाङ्ग-तृतीयपदसंग्रहणी | आत्मानन्द-जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७४ | ... | गाथा |
| पाअ | = | पाइअलच्छीनाममाला | * बी. बी. एण्ड कंपनी, भावनगर, संवत् १९७३ | ... | |
| पार्श्व | = | पार्श्वपराक्रम | गायकवाड ओरिएण्टल सिरीज, नं. ४, १९१७ | | पृष्ठ |
| पि | = | ग्रामेटिक् देर् प्राकृत स्प्राखन् | डा. आर्. पिशेल् कृत, १९०० | .... | पैरा |
| पिंग | = | प्राकृतपिंगल | * एसियाटिक् सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०२ | ... | |
| पिंड | = | पिंडनिर्युक्ति | १ हस्तलिखित | ... | गाथा |
| | | | २ दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२२ | | ,, |
| पिंडभा | = | पिंडनिर्युक्तिभाष्य | ,, | ... | ,, |
| पुप्फ | = | पुष्पमालाप्रकरण | जैन-श्रेयस्कर-मंडल, म्हेसाणा, १९११ | ... | ,, |
| प्रति | = | प्रतिमानाटक | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज | ... | पृष्ठ |
| प्रबो | = | प्रबोधचन्द्रोदय | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१० | ... | ,, |
| प्रयौ | = | प्रतिज्ञायौगन्धरायण | त्रिवेन्द्र-संस्कृत सिरीज | ... | ,, |
| प्रवि | = | प्रव्रज्या-विधान-कुलक | † हस्तलिखित | ... | गाथा |
| प्राकृ | = | प्राकृतसर्वस्व (मार्कण्डेयकृत) | विझागापटम्, विशाखापट्टणम् | | पृष्ठ |
| प्राप | = | इन्ट्रडक्शन् टु दि प्राकृत | * पंजाब युनिवर्सिटी, लाहौर, १९१७ | ... | |
| प्राप्र | = | प्राकृतप्रकाश | * १ डा. कावेल्-संपादित, लंडन, १८६८ | ... | |
| | | | * २ बंगीय-साहित्य-परिषद्, कलकत्ता, १९१४ | | |
| प्रामा | = | प्राकृतमार्गोपदेशिका | * शाह हर्षचन्द्र भूराभाई, बनारस, १९११ | ... | |
| प्रारू | = | प्राकृतशब्दरूपावली | * सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६८ | ... | |
| प्रासू | = | प्राकृतसूक्तरत्नमाला | जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१९ | ... | गाथा |
| बाल | = | बालचरित | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ... | ... | पृष्ठ |
| बृह | = | बृहत्कल्पभाष्य | हस्तलिखित ... | ... | उद्देश |
| भग | = | भगवतीसूत्र | * १ जिनागमप्रकाश सभा, बम्बई, संवत् १९७४ | ... | |
| | | | २ हस्तलिखित | | शतक, उद्देश |
| | | | ३ आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८-१९१९-१९२१ | | ,, |
| भत्त | = | भत्तपरिण्णापयन्नो | १ जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६ | ... | गाथा |
| | | | २ शा. बालाभाई ककलभाई, अहमदाबाद, संवत् १९६२ | | ,, |
| भवबृकथा | = | भवभावनावृत्तिकथा | देवचन्द लालभाई | | |

+ द्वार—प्रारम्भ के पूर्व के प्रस्ताव के लिए 'पव' के बाद केवल गाथा के अंक दिए गए हैं।

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| भवि | = | भविसत्तकहा | * १ डा. एच्. जेकोबी-संपादित, १९१८ | ... | |
| | | | * २ गायकवाड ओरिएण्टल सिरोज, १९२३ | | |
| भाव | = | भावकुलक | अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३ | ... | गाथा |
| भास | = | भाषारहस्य | सेठ मनसुखभाई भगुभाई, अहमदावाद | ... | ,, |
| मंगल | = | मंगलकुलक | † हस्तलिखित ... | ... | ,, |
| मध्य | = | मध्यमव्यायोग | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज ... | ... | पृष्ठ |
| मन | = | मनोनिग्रहभावना | † हस्तलिखित ... | ... | गाथा |
| महा | = | आउसगेव्याल्ते एरस्यालुंगन् इन् महाराष्ट्री | * डा. एच. जेकोबी-संपादित, लाइपजिग, १८८६ | | |
| महानि | = | महानिशीथसूत्र | हस्तलिखित ... | ... | अध्ययन |
| मा | = | मालविकाग्निमित्र | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ | ... | पृष्ठ |
| माल | = | मालतीमाधव | ,, ,, ... | ... | ,, |
| मुणि | = | मुनिसुव्रतस्वामिचरित | हस्तलिखित ... | ... | गाथा |
| मुद्रा | = | मुद्राराक्षस | बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १९१५ ... | ... | पृष्ठ |
| मृच्छ | = | मृच्छकटिक | १ निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१६ | ... | ,, |
| | | | २ बम्बई-संस्कृत-सिरीज, १८९६ | ... | ,, |
| मै | = | मैथिलीकल्याण | माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थमाला, बम्बई, १९७३ | ... | ,, |
| मोह | = | मोहराजपराजय | गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ९, १९१८ | ... | ,, |
| यति | = | यतिशिक्षापंचाशिका | † हस्तलिखित ... | ... | गाथा |
| रंभा | = | रंभामंजरी | * निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८८९ | ... | ,, |
| रत्न | = | रत्नत्रयकुलक | † हस्तलिखित ... | ... | गाथा |
| रयण | = | रयणसेहरनिवकहा | स्व-संपादित, बनारस, १९१८ ... | ... | पृष्ठ |
| राज | = | अभिधानराजेन्द्र | * जैन-प्रभाकर प्रिंटिंग प्रेस, रतलाम | ... | |
| राय | = | रायपसेणीसुत्त | १ हस्तलिखित ... | ... | |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२५ | ... | पत्र |
| रुक्मि | = | रुक्मिणी-हरण ( ईहामृग ) | गायकवाड़ ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८ | ... | पृष्ठ |
| लघु | = | लघुसंग्रहणी | भीमसिंह माणेक, बम्बई, १९०८ | ... | गाथा |
| लहुअ | = | लघुअजितशान्ति-स्मरण | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ | ... | ,, |
| लोक | = | लोकप्रकाश | देवचन्द लालभाई | | |
| वज्जा | = | वज्जालग्ग | एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता | ... | पृष्ठ |
| वव | = | व्यवहारसूत्र, सभाष्य | १ हस्तलिखित ... | ... | उद्देश्य |
| | | | २ मुनि माणेक संपादित, भावनगर, १९२६ | ... | ,, |
| वसु | = | वसुदेवहिंडी | १ हस्तलिखित ... | ... | |
| | | | २ आत्मानन्द सभा | | |
| वा | = | वाग्भटकाव्यानुशासन | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ | ... | पृष्ठ |
| वाग | = | वाग्भटालंकार | ,, १९१६ | ... | ,, |
| वि | = | विषयत्यागोपदेशकुलक | † हस्तलिखित ... | ... | गाथा |

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|
| विक्र | = | विक्रमोर्वशीय | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१४ ... | पृष्ठ |
| विक्र | = | विक्रान्तकौरव | माणिकचन्द-दिगम्बर-जैन-ग्रन्थ-माला, संवत् १९७२ | ,, |
| विचार | = | विचारसारप्रकरण | आगमोदय-समिति, बम्बई, १९२३ ... | गाथा |
| विपा | = | विपाकश्रुत | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७६ | श्रुतस्कन्ध, अध्य० |
| विवे | = | विवेकमंजरीप्रकरण | स्व-संपादित, बनारस, संवत् १९७५-७६ ... | गाथा |
| विसे | = | विशेषावश्यकभाष्य | स्व-संपादित, बनारस, वीर-संवत् २४२१ ... | ,, |
| वृष | = | वृषभानुजा | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १८९५ ... | पृष्ठ |
| वेणी | = | वेणीसंहार | निर्णयसागर प्रेस, बम्बई, १९१५ ... | ,, |
| वै | = | वैराग्यशतक | विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२० ... | गाथा |
| श्रा | = | श्राद्धप्रतिक्रमणसूत्रवृत्ति | दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९१९ ... | मूलगाथा |
| श्रावक | = | श्रावकप्रज्ञप्ति | १ श्रीयुत केशवलाल प्रेमचन्द संपादित, १९०५ ... | गाथा |
| | | | २ जैन धर्म शाखा। | |
| श्रु | = | श्रुतास्वाद | † हस्तलिखित ... ... | ,, |
| षड् | = | षड्भाषाचन्द्रिका | * बम्बई संस्कृत एन्ड् प्राकृत सिरीज, १९१६ ... | |
| स | = | समराइच्चकहा | एसियाटिक सोसाइटी, बंगाल, कलकत्ता, १९०८-२३ ... | पृष्ठ |
| सं | = | संबोधसत्तरी | विठ्ठलभाई जीवाभाई पटेल, अहमदाबाद, १९२० ... | गाथा |
| संक्षि | = | संक्षिप्तसार | १ हस्तलिखित ... ... | |
| | | | २ संस्कृत प्रेस डिपोजिटरी, कलकत्ता, १८८९ ... | पृष्ठ |
| संग | = | बृहत्संग्रहणी | १ भीमसिंह माणेक, बम्बई, संवत् १९६८ ... | गाथा |
| | | | २ आत्मानन्द जैन सभा, भावनगर, संवत् १९७३ ... | ,, |
| संघ | = | संघाचारभाष्य | हस्तलिखित ... ... | प्रस्ताव |
| संच | = | शान्तिनाथचरित्र (देवचन्द्रसूरि-कृत) | ,, ... ... | |
| संति | = | संतिकरस्तोत्र | १ जैन-ज्ञान-प्रसारक-मंडल, बम्बई, १९११ ... | गाथा |
| | | | २ आत्मानन्द-जैन-पुस्तक-प्रचारक-मंडल, आगरा, १९२१ ... | ,, |
| संथा | = | संथारगपयन्नो | १ हस्तलिखित ... ... | ,, |
| | | | २ जैन-धर्म-प्रचारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६६ ... | ,, |
| संबोध | = | संबोधप्रकरण | जैन-ग्रन्थ-प्रकाशक-सभा, अहमदाबाद, १९१६ ... | पत्र |
| संवे | = | संवेगचूलिकाकुलक | † हस्तलिखित ... ... | गाथा |
| संवेग | = | संवेगमंजरी | ,, ... ... | ,, |
| सट्ठि | = | सट्ठिसयपयरण | १ स्व-संपादित, बनारस, १९१७ ... | ,, |
| | | | २ सत्यविजय-जैन-ग्रन्थमाला, नं. ६, अहमदाबाद, १९२५ | ,, |
| सण | = | सनत्कुमारचरित | * डॉ. एच. जेकोबी-संपादित, १९२१ ... | |
| सत्त | = | उपदेशसप्ततिका | जैन धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत १९७६ ... | गाथा |
| सम | = | समवायांगसूत्र | आगमोदय समिति, बम्बई, १९१८ ... | पृष्ठ |
| समु | = | समुद्रमन्थन (समवकार) | गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. ८, १९१८ ... | ,, |
| सम्म | = | सम्मतिसूत्र | जैन-धर्म-प्रसारक-सभा, भावनगर, संवत् १९६५ ... | गाथा |

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संकेत | | ग्रन्थ का नाम | संस्करण आदि | | जिसके अंक दिए गए हैं वह |
|---|---|---|---|---|---|
| सम्मत्त | = | सम्यक्त्वसप्तति सटीक | दे० ला० पुस्तकोद्धार-फंड, बम्बई, १९१६ | ... | पत्र |
| सम्य | = | सम्यक्त्वस्वरूप पचीसी | अंबालाल गोवर्धनदास, बम्बई, १९१३ | ... | गाथा |
| सम्यक्त्वो | = | सम्यक्त्वोत्पादविधिकुलक | † हस्तलिखित | ... | ,, |
| सा | = | सामान्यगुणोपदेशकुलक | ,, | ... | ,, |
| सार्ध | = | गणधरसार्धशतकप्रकरण | जौहरी चुन्नीलाल पन्नालाल, बम्बई, १९१६ | ... | ,, |
| सिक्खा | = | शिक्षाशतक | † हस्तलिखित | ... | ,, |
| सिग्घ | = | सिग्घमवहरउ-स्मरण | स्व-संपादित, कलकत्ता, संवत् १९७८ | ... | ,, |
| सिरि | = | सिरिसिरिवालकहा | दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बम्बई, १९२३ | ... | ,, |
| सुख | = | सुखबोधा टीका (उत्तराध्ययनस्य) | ‡ हस्तलिखित | ... | अध्ययन, गाथा |
| सुज्ज | = | सूर्यप्रज्ञप्ति | आगमोदय-समिति, बम्बई, १९१९ | ... | पाहुड |
| सुपा | = | सुपासनाहचरिअ | स्व-संपादित, बनारस, १९१८-१९ | ... | पृष्ठ |
| सुर | = | सुरसुंदरीचरिअ | जैन-विविध-साहित्य-शास्त्र-माला, बनारस, १९१६ | ... | परिच्छेद, गाथा |
| सूअ | — | सूअगडांगसुत्त | + १ भीमसिंह माणेक, बंबई, १९३६ | ... | श्रुतस्कंध, अध्य० |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९१७ | ... | ,, |
| सूअनि | = | सूत्रकृताङ्गनिर्युक्ति | १ हस्तलिखित | ... | श्रुतस्कंध |
| | | | २ आगमोदय-समिति, बंबई, संवत् १९७३ | ... | गाथा |
| | | | ३ भीमसिंह माणेक ,, ,, १९३६ | ... | ,, |
| सूक्त | = | सूक्तमुक्तावली | दे० ला० पुस्तकोद्धार फंड, बंबई, १९२२ | ... | पत्र |
| सूअचू | = | सूत्रकृतांगचूर्णि | P. T. S. | | |
| से | = | सेतुबंध | निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १८९५ | ... | आश्वासक, पत्र |
| स्वप्न | = | स्वप्नवासवदत्त | त्रिवेन्द्र-संस्कृत-सिरीज | ... | पृष्ठ |
| हम्मीर | = | हम्मीरमदमर्दन | गायकवाड ओरिएन्टल सिरीज, नं. १०, १९२० | ... | ,, |
| हास्य | = | हास्यचूडामणि (प्रहसन) | ,, | ... | ,, |
| हि | = | हितोपदेशकुलक | † हस्तलिखित | ... | गाथा |
| हित | = | हितोपदेशसारकुलक | ,, | ... | ,, |
| हे | = | हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण | * १ डॉ. आर्. पिशेल्-संपादित, १८७७ | ... | पद, सूत्र |
| | | | २ बंबई-संस्कृत-सिरीज, १९०० | ... | ,, |
| हेका | = | हेमचन्द्र-काव्यानुशासन | निर्णयसागर प्रेस, बंबई, १९०१ | ... | पृष्ठ |

† श्रद्धेय श्रीयुत के. प्रे. मोदी द्वारा प्राप्त ।

‡ देखो 'उत्त' के नीचे की टिप्पणी ।

+ सूत्र के अंक इन दोनों में भिन्न भिन्न हैं, प्रस्तुत कोष में सूत्रांक केवल भी. मा. के संस्करण के दिए गये है ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# प्रथम संस्करण में लेखक का निवेदन

कोई भी भाषा के ज्ञान के लिए उस भाषा का व्याकरण और कोष प्रधान साधन है। प्राकृत भाषा के प्राचीन व्याकरण अनेक हैं, जिनमें चंड का प्राकृतलक्षण, वररुचि का प्राकृतप्रकाश, हेमाचार्य का सिद्धहेम (अष्टम अध्याय), मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व और लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका मुख्य हैं। और अर्वाचीन प्राकृत व्याकरणों की संख्या अल्प होने पर भी उनमें जर्मनी के सुप्रसिद्ध प्राकृत-विद्वान् डॉ. पिशल का प्राकृतव्याकरण सर्वश्रेष्ठ है जो अतिविस्तृत और तुलनात्मक है। परन्तु प्राकृत-कोष के विषय में यह बात नहीं है। प्राकृत के प्राचीन कोषों में अद्यापि पर्यन्त केवल दो ही कोष उपलब्ध हुए हैं—पण्डित धनपाल-कृत पाइअलच्छीनाममाला और हेमाचार्य-प्रणीत देशीनाममाला। इनमें पहला अतिसंक्षिप्त—दो सौ से भी कम पद्यों में ही समाप्त और दूसरा केवल देश्य शब्दों का कोष है। इनके सिवा अन्य कोई भी प्राकृत का कोष न होनेसे प्राकृत के हरएक अभ्यासी को अपने अभ्यास में बहुत असुविधा होती थी, खुद मुझे भी अपने प्राकृत-ग्रन्थों के अनुशीलन-काल में इस अभाव का कटु अनुभव हुआ करता था। इससे आज से करीब पनरह साल पहले पूज्यपाद, प्रातः-स्मरणीय, गुरुवर्य शास्त्र-विशारद जैनाचार्य श्री १००८ श्री विजयधर्मसूरीश्वरजी महाराज की प्रेरणा से प्राकृत का एक उपयुक्त कोष बनाने का मैंने विचार किया था।

इसी अरसे में श्री राजेन्द्र सूरिजी का अभिधानराजेन्द्र नामक कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ और अभी दो वर्ष हुए इसका अन्तिम भाग भी बाहर हो गया है। बड़ी बड़ी सात जिल्दों में यह कोष समाप्त हुआ है। इस संपूर्ण कोष का मूल्य २६०) रुपये हैं जो परिश्रम और ग्रन्थ-परिमाण में अधिक नहीं कहे जा सकते। यद्यपि इस कोष की विस्तृत आलोचना करने की न तो यहाँ जगह है, न आवश्यकता ही; तथापि यह कहे बिना नहीं रहा जा सकता कि इसकी तय्यारी में इसके कर्ता और उसके सहकारियों को सचमुच घोर परिश्रम करना पड़ा है और प्रकाशन में जैन श्वेताम्बर संघ को भारी धन-व्यय। परन्तु खेद के साथ कहना पड़ता है कि इसमें कर्ता को सफलता की अपेक्षा निष्फलता ही अधिक मिली है और प्रकाशक के धनका अपव्यय ही विशेष हुआ है। सफलता न मिलने का कारण भी स्पष्ट है। इस ग्रन्थ को थोड़े गौर से देखने पर यह सहज ही मालूम होता है कि इसके कर्ता को न तो प्राकृत भाषाओं का पर्याप्त ज्ञान था और न प्राकृत शब्द-कोष के निर्माण की उतनी प्रबल इच्छा, जितनी जैन-दर्शन-शास्त्र और तर्क-शास्त्र के विषय में अपने पाण्डित्यप्रख्यापन की धून। इसी धून ने अपने परिश्रम को योग्य दिशा में ले जानेवाली विवेक-बुद्धि का भी ह्रास कर दिया है। यही कारण है कि इस कोष का निर्माण, केवल पचहत्तर से भी कम प्राकृत जैन पुस्तकों के ही, जिनमें अर्धमागधी के दर्शनविषयक ग्रंथों की बहुलता है, आधार पर किया गया है और प्राकृत की ही इतर मुख्य शाखाओं के तथा विभिन्न विषयों के अनेक जैन तथा जैनेतर ग्रन्थों में एक का भी उपयोग नहीं किया गया है। इससे यह कोष व्यापक न होकर प्राकृत भाषा का एकदेशीय कोष हुआ है। इसके सिवा प्राकृत तथा संस्कृत ग्रन्थों के विस्तृत अंशों को और कहीं-कहीं तो छोटे-बड़े [1] संपूर्ण ग्रन्थ को ही अवतरण के रूप में उद्धृत करने के कारण पृष्ठ-संख्या में बहुत बड़ा होने पर भी शब्द-संख्या में ऊन ही नहीं, बल्कि आधार-भूत ग्रंथों में आए हुए कई [2] उपयुक्त शब्दों को छोड़ देने से और विशेषार्थ-हीन [3] अतिदीर्घ सामासिक शब्दों की भरती से वास्तविक शब्द-संख्या में यह कोष अतिन्यून भी है। इतना ही नहीं, इस कोष में आदर्श पुस्तकों की, असावधानी की और प्रेस की तो असंख्य अशुद्धियाँ हैं ही, प्राकृत भाषा के अज्ञान से संबन्ध रखनेवाली भूलों की भी कमी नहीं है। और सबसे बढ़कर दोष इस कोष में यह है कि वाचस्पत्य, अनेकान्तजयपताका, अष्टक, रत्नाकरावतारिका आदि केवल संस्कृत के और जैन इतिहास जैसे

---

१. जैसे 'चेइय' शब्द की व्याख्या में प्रतिमाशतक नामक सटीक संस्कृत ग्रन्थ को आदि से लेकर अन्त तक उद्धृत किया गया है। इस ग्रंथ की श्लोक-संख्या करीब पाँच हजार है।

२. अक्क = अर्क आदि।

३. जैसे अइ-तिक्ख-रोस, अइ-दुक्ख-धम्म, अइ-तिव्व-कम्म-विगम, अकुसल-जोग-णिरोह, अचियंते(?)उर-पर-घर-प्पवेस, अजिम्म(?)-कंत-णयणा, अजस-सय-विसप्पमाण-हियय, अजहण्णुको(?)स-पएसिय आदि। इन शब्दों का इनके अवयवों की अपेक्षा कुछ भी विशेष अर्थ नहीं है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

केवल आधुनिक गुजराती ग्रन्थों के संस्कृत और गुजराती शब्दों पर से कोरी निजी कल्पना से ही[1] बनाये हुए प्राकृत शब्दों की इसमें खूब मिलावट की गई है, जिससे इस कोष की प्रामाणिकता ही एकदम नष्ट हो गई है। ये और अन्य अनेक अक्षम्य दोषों के कारण साधारण अभ्यासी के लिए इस कोष का उपयोग जितना भ्रामक और भयंकर है, विद्वानों के लिए भी उतना ही क्लेशकर है।

इस तरह प्राकृत के विविध भेदों और विषयों के जैन तथा जैनेतर साहित्य के यथेष्ट शब्दों से संकलित, आवश्यक अवतरणों से युक्त, शुद्ध एवं प्रामाणिक कोष का नितान्त अभाव बना ही रहा। इस अभाव की पूर्ति के लिये मैंने अपने उक्त विचार को कार्य-रूप में परिणत करने का दृढ़ संकल्प किया और तदनुसार शीघ्र ही प्रयत्न भी शुरु कर दिया गया, जिसका फल प्रस्तुत कोष के रूप में चौदह वर्षों के कठोर परिश्रम के पश्चात् आज पाठकों के सामने उपस्थित है।

प्रस्तुत कोष की तय्यारी में जो अनेक कठिनाइयाँ मुझे झेलनी पड़ी हैं उनमें सर्व-प्रथम प्राकृत के शुद्ध पुस्तकों के विषय में थी। प्राकृत का विशाल साहित्य-भण्डार विविध-विषयक ग्रंथ-रत्नों से पूर्ण होने पर भी आजतक वह यथेष्ट रूप में प्रकाशित ही नहीं हुआ है। और हस्त-लिखित पुस्तकें तो बहुधा अज्ञान लेखकों के हाथ से लिखी जानेके कारण प्रायः अशुद्ध ही हुआ करती हैं; परन्तु आजतक जो प्राकृत की पुस्तकें प्रकाशित हुई हैं वे भी, न्यूनाधिक परिमाण में, अशुद्धिओं से खाली नहीं हैं। अलबत्त, यूरोप की और इस देश की कुछ पुस्तकें ऐसी उत्तम पद्धति से छपी हुई हैं कि जिनमें अशुद्धियाँ बहुत ही कम हैं, और जो कुछ रह भी गई हैं वे उनमें टिप्पणी में दिए हुए अन्य प्रतियों के पाठान्तरों से सुधारी जा सकती हैं। परन्तु दुर्भाग्य से ऐसे संस्करणों की संख्या बहुत ही अल्प—नगण्य हैं। सचमुच, यह बड़े खेद की बात है कि भारतीय और खास कर हमारे जैन विद्वान् प्राचीन पुस्तकों के संशोधन में अधिक हस्तलिखित पुस्तकों का उपयोग करने की और उनके भिन्न-भिन्न पाठों को टिप्पणी के आकार में उद्धृत करने की तकलीफ ही नहीं उठाते। इसका नतीजा यह होता है कि संशोधक की बुद्धि में जो पाठ शुद्ध मालूम होता है वही एक, फिर चाहे वह वास्तव में अशुद्ध ही क्यों न हो, पाठकों को देखने को मिलता है। प्राकृत के इतर मुद्रित ग्रन्थों की तो यह दुर्दशा है ही, परन्तु जैनों के पवित्रतम और अति प्राचीन आगम-ग्रन्थों की भी यही अवस्था है। कई वर्षों के पहले मुर्शिदाबाद के प्रसिद्ध धन-कुबेर राय धनपतिसिंहजी बहादुर ने अनेक आगम-ग्रन्थ भिन्न-भिन्न स्थानों में भिन्न-भिन्न संशोधकों से संपादित करा कर छपवाये थे, जिनमें अधिकांश अज्ञानी संशोधकों से सम्पादित होनेके कारण खूब ही अशुद्ध छपे थे। किन्तु अभी कुछ ही वर्ष हुए हमारी आगमोदय-समिति ने अच्छा फंड एकत्रित करके भी जो आगमों के ग्रन्थ छपवाये हैं वे कागज, छपाई सफाई आदि बाह्य शरीर की सजावट में सुन्दर होने पर भी शुद्धता के विषय में बहुधा पूर्वोक्त संस्करणों की पुनरावृत्ति ही है। क्योंकि, न किसी में आदर्श-पुस्तकों के पाठान्तर देने का परिश्रम किया गया है, न मूल और टीका के प्राकृत शब्दों की संगति की ओर ध्यान दिया गया है, और न तो प्रथम संस्करण की साधारण अशुद्धियां सुधारने की यथोचित कोशिश ही की गई है। क्या ही अच्छा हो, यदि श्रीआगमोदयसमिति के कार्य-कर्ताओं का ध्यान इस तथ्य की ओर आकृष्ट हो और वे प्राकृत के विशेषज्ञ और परिश्रमी विद्वानों से संपादित करा कर समस्त (प्रकाशित और अप्रकाशित) आगम-ग्रन्थों का एक शुद्ध (Critical) संस्करण प्रकाशित करें, जिसकी अनिवार्य आवश्यकता है।

इस तरह हस्त-लिखित और मुद्रित प्राकृत-ग्रन्थ प्रायः अशुद्ध होने के कारण आवश्यकतानुसार एकाधिक हस्त-लिखित पुस्तकों का अन्य-ग्रंथों में उद्धृत उन्हीं पाठों का और भिन्न-भिन्न संस्करणों का सावधानी से निरीक्षण करके उनमें से शुद्ध प्राकृत शब्दों का तथा एक ही शब्द के भिन्न-भिन्न परन्तु शुद्ध रूपों का ही यहाँ ग्रहण किया गया है और अशुद्ध शब्द या रूप छोड़ दिए गए हैं। और जिस ग्रंन्थ की एक ही हस्त-लिखित प्रति अथवा एक मुद्रित संस्करण पाया गया है उसमें रही हुई अशुद्धियों का भी संशोधन यथामति किया गया है और संशोधित शब्दों को ही इस कोष में स्थान दिया गया है। साधारण स्थलों को छोड़ कर खास खास स्थानों में ऐसी अशुद्धियों का उल्लेख भी उन पाठों को उद्धृत करके किया गया है, जिससे विद्वान् पाठक को मेरी की हुई शुद्धि की योग्यता या अयोग्यता पर विचार करने की सुविधा हो। इस प्रकार जैसे मूल प्राकृत शब्दों की अशुद्धियों के संशोधन में पूरी सावधानी रक्खी गई है वैसे ही आधुनिक विद्वानों की की हुई छाया (संस्कृत प्रतिशब्द) और अर्थ की भूलों को सुधारने की भी पूरी कोशिश की गई है। सारांश यह कि इस कोष को सर्वाङ्ग-शुद्ध बनाने में संपूर्ण ध्यान दिया गया है।[2] मुझे यह जानकर संतोष हुआ है कि मेरे इस प्रयत्न की कदर भी प्रोफेसर ल्योमेन जैसे प्राकृत के सुप्रसिद्ध जर्मन विद्वान् तक ने की है।

---

१. देखो अअगर, अखंडणाणरज्ज, अगोरसव्वय, अचितगुणसमुदय, अज्झत्तबिंदु, अज्झत्तमयपरिक्खा, अज्झत्थबिंदु, अज्झत्थमयपरिक्खा, अभ(?)त्थओगसाहणजुत्त, अणेगंतजयपडागा प्रभृति शब्दों के रेफरेंस।

२. देखो अन्यत्र उद्धृत किए हुए इस ग्रंथ-विषयक अभिप्रायों में रॉयल एसियाटिक सोसाईटी के जर्नल में प्रकाशित प्रो. ल्युमेन का अभिप्राय।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

दूसरी मुख्य कठिनाई अर्थ-व्यय के बारे में थी। मेरी आर्थिक अवस्था ऐसी नहीं थी कि इस महान् ग्रंथ की तय्यारी के लिए पुस्तकादि आवश्यक साधनों के और सहायक मनुष्यों के वेतन-खर्च के अतिरिक्त प्रकाशन का भार भी वहन कर सकूँ। और मुफ्त में किसी से आर्थिक सहायता लेना मैं पसन्द नहीं करता था। इससे इस कठिनाई को दूर करने के लिए अग्रिम ग्राहक बनाने की योजना की गई, जिसमें उन अग्रिम ग्राहकों को हर पचीस रुपये में इस संपूर्ण ग्रन्थ की एक कॉपी देने की व्यवस्था थी। इससे मेरी उक्त कठिनाई सम्पूर्ण तो नहीं, किन्तु बहुत-कुछ कम हो गई। इस योजना को इतने दूर तक सफल बनाने का अधिक श्रेय कलकत्ता के जैन श्वेताम्बर-श्रीसंघ के अग्रगण्य नेता श्रीमान् सेठ नरोत्तमभाई जेठाभाई को है, जिन्होंने शुरू से ही इसकी संरक्षकता का भार अपने पर लेते हुए मुझे हर तरह से इस कार्य में सहायता की है, जिसके लिए मैं उनका चिर-कृतज्ञ हूँ। इसी तरह अहमदावाद-निवासी श्रद्धेय श्रीयुत् केशवलालभाई प्रेमचन्द मोदी बी. ए., एलएल् बी. का भी मैं बहुत ही उपकृत हूँ कि जिन्होंने कई मुद्रित पुस्तकों में दी हुई प्राकृत शब्द-सूचियों पर से एकत्रित किया हुआ एक बड़ा शब्द-संग्रह मुझे दिया था; इतना ही नहीं, बल्कि समय समय पर प्राकृत की अनेक हस्त-लिखित तथा मुद्रित पुस्तकों का जोगाड़ कर दिया था और उक्त योजना में ग्राहक-संख्या बढ़ा देने का हार्दिक प्रयत्न किया था। प्रातःस्मरणीय, पूज्यपाद, गुरुवर्य मुनिराज श्रीअमीविजयजी महाराज, पूज्य जैनाचार्य श्रीविजयमोहन सूरिजी, जं. यु. भट्टारक श्रीजिनचारित्रसूरिजी तथा स्वतन्त्र-सम्पादक विद्वद्वर्य श्रीयुत् अम्बिकाप्रसादजी वाजपेयी का भी मैं हृदय से उपकार मानता हूँ कि जिनकी प्रेरणा से अग्रिम ग्राहकों की वृद्धि द्वारा मुझे इस कार्य में सहायता मिली है। उन महानुभावों को, जिनके शुभ नाम इसी ग्रन्थ में अन्यत्र दी हुई अग्रिम-ग्राहक-सूची में प्रकाशित किए गए हैं[1], अनेकानेक धन्यवाद हैं कि जिन्होंने यथाशक्ति अल्पाधिक संख्या में इस पुस्तक की कॉपियाँ खरीद कर मेरा यह कार्य सरल कर दिया है। यहाँ पर मेरे मित्र श्रीयुत् सेठ गिरधरलाल त्रिकमलाल और श्रीमान् बाबू डालचंदजी सिंघी के नाम विशेष उल्लेखनीय हैं। इन दोनों महाशयों ने अपनी अपनी शक्ति के अनुसार यथेष्ट संख्या में इस कोष की कॉपियाँ खरीदने के अतिरिक्त मुझे इस कार्य के लिये समय समय पर बिना सूद ऋण देने की भी कृपा की थी। यह कहने में कोई अत्युक्ति नहीं है कि यदि उक्त सब महानुभावों की यह सहायता मुझे प्राप्त न हुई होती तो इस कोष का प्रकाशन मेरे लिए मुश्किल ही नहीं, असंभव था।

यहाँ इस बात का भी उल्लेख करना उचित जान पड़ता है कि आज से करीब दस वर्ष पहले मेरे सहाध्यापक श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम्. ए. महाशय ने और मैंने मिलकर एक प्रस्ताव विशिष्ट पद्धति का प्राकृत-इंग्लिश कोष तैयार करने के लिए कलकत्ता-विश्वविद्यालय में उपस्थित किया था, परन्तु उस समय वह अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया था। इसके कई वर्ष बाद जब मेरे इस प्राकृत-हिन्दी कोष का प्रथम भाग प्रकाशित हुआ तब उसे देखकर कलकत्ता-विश्वविद्यालय के कर्णधार स्वर्गीय ऑनरेबल जस्टिस आशुतोष मुकर्जी इतने संतुष्ट हुए कि उन्होंने तुरंत ही विश्वविद्यालय की तरफ से हम दोनों के तत्त्वावधान में इसी तरह के प्रमाण-युक्त एक प्राकृत-इङ्गलिश कोश तैय्यार और प्रकाशित करने का न केवल प्रस्ताव ही पास करवाया, बल्कि उसको कार्य-रूप में परिणत करने के लिए उपयुक्त व्यवस्था भी करायी है। इसके लिए उनको जितने धन्यवाद दिये जायँ, कम हैं। यहाँ पर मैं कलकत्ता-विश्वविद्यालय की भी प्रशंसा किए विना नहीं रह सकता कि जिसके द्वारा मुझे इस कार्य में समय, पुस्तक आदि की अनेक सुविधाएँ मिली हैं, जिससे यह कार्य अपेक्षा-कृत शीघ्रता से पूर्ण हो सका है। इस कोष के उपोद्घात से सम्बन्ध रखनेवाले अनेक ऐतिहासिक जटिल प्रश्नों को सुलझाने में श्रद्धेय प्रोफेसर मुरलीधर बनर्जी एम. ए. ने अपने कीमती समय का बिना संकोच भोग देकर मुझे जो सहायता की है उसके लिए मैं उनका अन्तः-करण से आभार मानता हूँ।

इस कोष के मुद्रण-कार्य के आरम्भ से लेकर प्रायः शेष होने तक, समय समय पर जैसे जैसे जो अतिरिक्त हस्त-लिखित और मुद्रित पुस्तकें या संस्करण मुझे प्राप्त होते जाते थे वैसे वैसे उनका भी यथेष्ट उपयोग इस कोष में किया जाता था। यही कारण है कि तब तक के अमुद्रित भाग के शब्द उनके रेफरेंसों के साथ साथ प्रस्तुत कोष में ही यथास्थान शामिल कर दिए जाते थे और मुद्रित अंश के शब्दों का एक अलग संग्रह तय्यार किया जाता था जो परिशिष्ट[2] के रूप में इसी ग्रंथ में अन्यत्र प्रकाशित किया जाता है। ऐसा करते हुए तृतीय भाग के छपने तक जिन अतिरिक्त पुस्तकों का उपयोग किया गया था उनकी एक अलग सूची भी तृतीय भाग में दी गई थी। उसके बाद के अतिरिक्त पुस्तकों की अलग सूची इसमें न देकर प्रथम की दोनों (द्वितीय और तृतीय भाग में प्रकाशित) सूचियों की जो एक साधारण सूची यहाँ दी जाती है उसीमें उन पुस्तकों का भी वर्णानुक्रम से यथास्थान समावेश किया गया है, जिससे पाठकों को अलग अलग रेफरेंस-सूचियाँ देखने की तकलीफ न हो।

उक्त परिशिष्ट में केवल उन्हीं शब्दों को स्थान दिया गया है जो पूर्व-संग्रह में न आने के कारण एकदम नये हैं या आने पर भी लिंग या अर्थ में पूर्वागत शब्द की अपेक्षा विशेषता रखते हैं। केवल रेफरेंस की विशेषता को लेकर किसी शब्द की परिशिष्ट में पुनरावृत्ति नहीं की गई है।

---

१. 'अग्रिम-ग्राहक सूची' का अंश द्वितीय संस्करण में नहीं छापा गया है—संपादक।

२. 'परिशिष्ट' का संपूर्ण अंश इस द्वितीय संस्करण में यथास्थान समावेश कर दिया गया है—संपादक।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

यद्यपि मेरी मातृभाषा हिन्दी नहीं है तथापि वही एकमात्र भारतवर्ष की सर्वाधिक व्यापक और इसलिए राष्ट्र-भाषा के योग्य होने के कारण यहाँ अर्थ के लिए विशेष उपयुक्त समझी गई है।

अन्त में, आर्ष से लेकर अपभ्रंश तक की प्राकृत भाषाओं के विविध-विषयक जैन एवं जैनेतर प्राचीन ग्रंथों के (जिनकी कुल संख्या ढाई सौ से भी ज्यादा है) अतिविशाल शब्द-राशि से, संस्कृत प्रतिशब्दों से, हिन्दी अर्थों से, सभी आवश्यक अवतरणों से और संपूर्ण प्रमाणों से परिपूर्ण इस बृहत् प्राकृत-कोष में, यथेष्ट सावधानता रखने पर भी, जो कुछ मनुष्य-स्वभाव-सुलभ त्रुटियाँ या भूलें हुई हों उनको सुधारने के लिए विद्वानों से नम्र प्रार्थना करता हुआ यह आशा रखता हूँ कि वे ऐसी भूलों के विषय में मुझे सतर्क करेंगे ताकि द्वितीयावृत्ति में तदनुसार संशोधन का कार्य सरल हो पड़े। जो विद्वान् मेरे भ्रम-प्रमादों की प्रामाणिक पद्धति से सूचना देंगे, मैं उनका चिर-कृतज्ञ रहूँगा।

यदि मेरी इस कृति से, प्राकृत-साहित्य के अभ्यास में थोड़ी भी सहायता पहुँचेगी तो मैं अपने इस दीर्घ-काल-व्यापी परिश्रम को सफल समझूँगा।

कलकत्ता
ता० ३१-१-२८ }

हरगोविन्द दास टि. सेठ

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# प्रथम संस्करण का उपोद्घात

जो भाषा अतिप्राचीन काल में इस देश के आर्य लोगों की कथ्य भाषा—बोलचाल की भाषा—थी, जिस भाषा में भगवान् महावीर और बुद्धदेव ने अपने पवित्र सिद्धान्तों का उपदेश दिया था, जिस भाषा को जैन और बौद्ध विद्वानों ने विविध-विषयक विपुल साहित्य की रचना कर अपनाई है, जिस भाषा में श्रेष्ठ काव्य-निर्माण द्वारा प्रवरसेन, हाल आदि महाकवियों ने अपनी अनुपम प्रतिभा का परिचय दिया है, जिस भाषा के मौलिक साहित्य के आधार पर संस्कृत के अनेक उत्तम ग्रन्थों की रचना हुई है, संस्कृत के नाटक-ग्रन्थों में संस्कृत-भिन्न जिस भाषा का प्रयोग दृष्टिगोचर होता है, जिस भाषा से भारतवर्ष की वर्तमान समस्त आर्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई है और जो भाषाएँ भारत के अनेक प्रदेशों में आजकल भी बोली जाती हैं, इन सब भाषाओं का साधारण नाम है प्राकृत, क्योंकि ये सब भाषाएँ एकमात्र प्राकृत के ही विभिन्न रूपान्तर हैं जो समय और स्थान की भिन्नता के कारण उत्पन्न हुई हैं। इसीसे इन भाषाओं के व्यक्ति-वाचक नामों के आगे 'प्राकृत' शब्द का प्रयोग आजतक किया जाता है, जैसे प्राथमिक प्राकृत, आर्ष या अर्धमागधी प्राकृत, पाली प्राकृत, पैशाची प्राकृत, शौरसेनी प्राकृत, महाराष्ट्री प्राकृत, अपभ्रंश प्राकृत, हिन्दी प्राकृत, बंगला प्राकृत आदि।

प्राकृत किसे कहते हैं ?

## भारतवर्ष की अर्वाचीन और प्राचीन भाषाएँ और उनका परस्पर सम्बन्ध

भाषातत्त्व के अनुसार भारतवर्ष की आधुनिक कथ्य भाषाएँ इन पाँच भागों में विभक्त की जा सकती है :—(१) आर्य (Aryan), (२) द्राविड़ (Dravidian), (३) मुण्डा (Munda), (४) मन्-ख्मेर (Mon-khmer) और (५) तिब्बत-चीना (Tibeto-Chinese).

भारत की वर्तमान भाषाओं में मराठी, बँगला, ओड़िया, बिहारी, हिन्दी, राजस्थानी, गुजराती, पंजाबी, सिन्धी और काश्मीरी भाषा आर्य भाषा से उत्पन्न हुई हैं। पारसी तथा अंग्रेजी, जर्मनी आदि अनेक आधुनिक युरोपीय भाषाओं की उत्पत्ति भी इसी आर्य भाषा से है। भाषा-गत सादृश्य को देखकर भाषा-तत्त्व-ज्ञाताओं का यह अनुमान है कि इस समय विच्छिन्न और बहु-दूरवर्ती भारतीय आर्य-भाषा-भाषी समस्त जातियाँ और उक्त युरोपीय भाषा-भाषी सकल जातियाँ एक ही आर्य-वंश से उत्पन्न हुई हैं।

तेलगु, तामिल और मलयालम प्रभृति भाषाएँ द्राविड़ भाषा के अन्तर्गत हैं; कोल तथा साँथाली भाषा मुण्डा भाषा के अन्तर्भूत हैं; खासी भाषा मन्ख्मेर भाषा का और भोटानी तथा नागा भाषा तिब्बत-चीना भाषा का निदर्शन है। इन समस्त भाषाओं की उत्पत्ति किसी आर्य भाषा से सम्बन्ध नहीं रखती, अतएव ये सभी अनार्य भाषाएँ हैं। यद्यपि ये अनार्य भाषाएँ भारत के ही दक्षिण, उत्तर और पूर्व भाग में बोली जाती हैं तथापि अंग्रेजी आदि सुदूरवर्ती भाषाओं के साथ हिन्दी आदि आर्य भाषाओं का जो वंश-गत ऐक्य उपलब्ध होता है, इन अनार्य भाषाओं के साथ वह सम्बन्ध नहीं देखा जाता है।

ये सब कथ्य भाषाएँ आजकल जिस रूप में प्रचलित हैं, पूर्वकाल में उसी रूप में न थीं, क्योंकि कोई भी कथ्य भाषा कभी एक रूप में नहीं रहती। अन्य वस्तुओं की तरह इसका रूप भी सर्वदा बदलता ही रहता है—देश, काल और व्यक्ति-गत उच्चारण के भेद से भाषा का परिवर्तन अनिवार्य होता है। यद्यपि यह परिवर्तन जो लोग भाषा का व्यवहार करते हैं उनके द्वारा ही होता है तथापि उस समय वह लक्ष्य में नहीं आता। पूर्वकाल की भाषा के संरक्षित आदर्श के साथ तुलना करने पर बाद में ही वह जाना जाता है। प्राचीन काल की जिन भारतीय भाषाओं के आदर्श संरक्षित हैं—जिन भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया है, उनके नाम ये हैं—वैदिक संस्कृत, लौकिक संस्कृत, पाली, अशोक लिपि तथा उसके बाद की लिपि की भाषा और प्राकृत भाषा-समूह। इनमें प्रथम की दो भाषाएँ कभी जन-साधारण की कथ्य भाषा न थीं, केवल लेख्य—साहित्यिक भाषा—ही थीं। अवशिष्ट भाषाएँ कथ्य और लेख्य उभय रूप में प्रचलित थीं। इस

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

समय ये समस्त भाषाएँ कथ्य रूप से व्यवहृत नहीं होतीं, इसी कारण ये मृत भाषा (dead languages) कहलाती हैं। उक्त वैदिक आदि सब भाषाएँ आर्य भाषा के अन्तर्गत हैं और इन्हीं प्राचीन आर्य भाषाओं में से कईएक क्रमशः रूपान्तरित होकर आधुनिक समस्त आर्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

ये प्राचीन आर्य भाषाएँ कौन युग में किस रूप में परिवर्तित होकर क्रमशः आधुनिक कथ्य भाषाओं में परिणत हुईं, इसका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

## प्राचीन भारतीय आर्य भाषाओं का परिणति-क्रम

सर जॉर्ज ग्रियर्सन ने अपनी लिंग्विस्टिक सर्वे ऑफ इंडिया (Linguistic survey of India) नामक पुस्तक में भारतवर्षीय समस्त आर्य भाषाओं के परिणाम का जो क्रम दिखाया है उसके अनुसार वैदिक भाषा उक्त साहित्य-भाषाओं में सर्व-प्राचीन है। इसका समय अनेक विद्वानों के मत में खिस्ताब्द-पूर्व दो हजार वर्ष (2000 B. C.) और प्रो. मेक्समूलर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व बारह सौ वर्ष (1200 B. C.) है। यह वेद-भाषा क्रमशः परिमार्जित होती हुई ब्राह्मण, उपनिषद् और यास्क के निरुक्त की भाषा में और बाद में पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर लौकिक संस्कृत में परिणत हुई है। पाणिनि आदि के पद-प्रभृति के नियम-रूप संस्कारों को प्राप्त करने के कारण यह संस्कृत कहलाई। मुख्य रूप से 'संस्कृत' शब्द का प्रयोग इसी भाषा के अर्थ में किया जाता है। यह संस्कृत भाषा वैदिक भाषा से उत्पन्न होने से उसके साथ घनिष्ठ सम्बन्ध रखने से वेद-भाषा के अर्थ में भी 'संस्कृत' शब्द बाद के समय से प्रयुक्त होने लग गया है। पाणिनि के बाद संस्कृत भाषा का कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। यह परिवर्तन होने में—वेद-भाषा को लौकिक संस्कृत के रूप में परिणत होने में—प्रायः डेढ़ हजार वर्ष लगे हैं। पाणिनि का समय गोल्डस्टुकर के मत में खिस्ताब्द-पूर्व सप्तम शताब्दी और बोथलिंक के मत में खिस्ताब्द-पूर्व चतुर्थ शताब्दी है।

वेद-भाषा और लौकिक संस्कृत

यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि डॉ. हॉर्नेलि और सर ग्रियर्सन के मन्तव्य के अनुसार आर्य लोगों के दो दल भिन्न-भिन्न समय में भारतवर्ष में आये थे[1]। पहले आर्यों के एक दल ने यहाँ आकर मध्यदेश में अपने उपनिवेश की स्थापना की थी। इसके कई सौ वर्षों के बाद आर्यों के दूसरे दल ने भारत में प्रवेश कर प्रथम दल के आर्यों को मध्यदेश की चारों ओर भगा कर उनके स्थान को अपने अधिकार में किया और मध्यदेश को ही अपना वास-स्थान कायम किया। उक्त विद्वानों को यह मन्तव्य इसलिए करना पड़ा है कि मध्यदेश के चारों पार्श्वों में स्थित पंजाब, सिन्ध, गुजरात, राजपूताना, महाराष्ट्र, अयोध्या, बिहार, बंगाल और उड़ीसा प्रदेशों की आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं में परस्पर जो निकटता देखी जाती है तथा मध्यदेश की आधुनिक हिन्दी भाषा [ पाश्चात्य हिन्दी ] के साथ उन सब प्रान्तों की भाषाओं में जो भेद पाया जाता है, उस निकटता और भेद का अन्य कोई कारण दिखाना असम्भव है। मध्यदेशवासी इस दूसरे दल के आर्यों का उस समय का जो साहित्य और जो सभ्यता थी उन्हीं के क्रमशः नाम हैं वेद और वैदिक सभ्यता।

वेद और वैदिक सभ्यता

---

१. आर्य लोगों के आदिम वास-स्थान के विषय में आधुनिक विद्वानों में गहरा मत-भेद है। कोई स्कान्डीनेविया को, कोई जर्मनी को, कोई पोलएड को, कोई हंगरी को, कोई दक्षिण रशिया को, कोई मध्य एशिया को आर्यों की आदिम निवास-भूमि मानते हैं तो कोई-कोई पंजाब और काश्मीर को ही इनका प्रथम वसति-स्थान बतलाते हैं। किन्तु अधिकांश विद्वान् भाषा-तत्त्व के द्वारा इस सिद्धान्त पर उपनीत हुए हैं कि युरोपीय और पूर्वदेशीय आर्यों में प्रथम विच्छेद हुआ। पीछे पूर्वदेश के आर्य लोग मेसेपोटेमिया और ईरान में एक साथ रहे और एक ही देव-देवी की उपासना करते थे। उसके बाद वे भी विच्छिन्न होकर एक दल फारस में गया और अन्य दल ने अफगानिस्तान के बीच होकर भारतवर्ष में प्रवेश और निवास किया। परन्तु जैन और हिन्दू शास्त्रों के अनुसार भारतवर्ष ही चिरकाल से आर्यों का आदिम निवास-स्थान है। कोई-कोई आधुनिक विद्वान् ने पुरातत्त्व की नूतन खोज के आधार पर भारतवर्ष से ही कुछ आर्य लोगों का ईरान आदि देशों में गमन और विस्तार-लाभ सिद्ध किया है, जिससे उक्त शास्त्रीय प्राचीन मत का समर्थन होता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उक्त वेद-भाषा प्राचीन होने पर भी वह वैदिक युग में जन-साधारण की कथ्य भाषा न थी, ऋषि-लोगों की साहित्य-भाषा थी। उस समय जन-साधारण में वैदिक भाषा के अनुरूप अनेक प्रादेशिक भाषाएँ (dialects) कथ्य रूप से प्रचलित थीं। इन प्रादेशिक भाषाओं में से एक ने परिमार्जित होकर वैदिक साहित्य में स्थान पाया है। ऊपर वैदिक युग से पूर्व काल में आए हुए प्रथम दल के जिन आर्यों के मध्यदेश के चारों तरफ के प्रदेशों में उपनिवेशों का उल्लेख किया गया है उन्होंने वैदिक युग अथवा उसके पूर्व-काल में अपने-अपने प्रदेशों की कथ्य भाषाओं में, दूसरे दल के आर्यों की वेद-रचना की तरह, किसी साहित्य की रचना नहीं की थी। इससे उन प्रादेशिक आर्य भाषाओं का तात्कालिक साहित्य में कोई निदर्शन न रहने से उनके प्राचीन रूपों का संपूर्ण लोप हो गया है। वैदिक काल की और इसके पूर्व की उन समस्त कथ्य भाषाओं को सर ग्रियर्सन ने प्राथमिक प्राकृत (Primary Prākrits) नाम दिया है। यही प्राकृत भाषा-समूह का प्रथम स्तर (First stage) है। इसका समय खिस्त-पूर्व २००० से खिस्त-पूर्व ६०० तक का निर्दिष्ट किया गया है। प्रथम स्तर की ये समस्त प्राकृत भाषाएँ स्वर और व्यञ्जन आदि के उच्चारण में तथा विभक्तियों के प्रयोग में वैदिक भाषा के अनुरूप थीं। इससे ये भाषाएँ विभक्ति-बहुल (synthetic) कही जाती है।

**प्राकृत-भाषाओं का प्रथम स्तर ( खिस्त-पूर्व २००० से खिस्त-पूर्व ६०० )**

वैदिक युग में जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ कथ्य रूप से प्रचलित थीं, उनमें परवर्ति-काल में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें ऋ, ॠ आदि स्वरों का, शब्दों के अन्तिम व्यञ्जनों का, संयुक्त व्यञ्जनों का तथा विभक्ति और वचन-समूह का लोप या रूपान्तर मुख्य हैं। इन परिवर्तनों से ये कथ्य भाषाएँ प्रचुर परिमाण में रूपान्तरित हुईं। इस तरह द्वितीय स्तर (second stage) की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई। द्वितीय स्तर की ये भाषाएँ जैन और बौद्ध धर्म के प्रचार के समय से अर्थात् खिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी से लेकर खिस्तीय नवम या दशम शताब्दी पर्यन्त प्रचलित रहीं। भगवान् महावीर और बुद्धदेव के समय ये समस्त प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ, अपने द्वितीय स्तर के आकार में, भिन्न-भिन्न प्रदेशों में कथ्य भाषा के तौर पर व्यवहृत होती थीं। उन्होंने अपने सिद्धान्तों का उपदेश इन्हीं कथ्य प्राकृत भाषाओं में से एक में दिया था। इतना ही नहीं, बल्कि बुद्धदेव ने अपना उपदेश संस्कृत भाषा में न लिखकर कथ्य प्राकृत भाषा में लिखने के लिए अपने शिष्यों को आदेश दिया था। इस तरह प्राकृत भाषाओं का क्रमशः साहित्य की भाषाओं में परिणत होने का सूत्रपात हुआ, जिसके फलस्वरूप पश्चिम मगध और सूरसेन देश के मध्यवर्ती प्रदेश में प्रचलित कथ्य भाषा से जैनों के धर्म-पुस्तकों की अर्ध-मागधी और पूर्व मगध में प्रचलित लोक-भाषा से बौद्ध धर्म-ग्रन्थों की पाली भाषा उत्पन्न हुई। पाली भाषा के उत्पत्ति-स्थान के सम्बन्ध में पाश्चात्य विद्वानों का जो मतभेद है उसका विचार हम आगे जा कर करेंगे। खिस्ताब्द से २५० वर्ष पहले सम्राट् अशोक ने बुद्धदेव के उपदेशों को भिन्न-भिन्न प्रदेशों में वहाँ-वहाँ की विभिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाओं में खुदवाए। इन अशोक शिलालेखों में द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के असंदिग्ध सर्व-प्राचीन निदर्शन संरक्षित हैं। द्वितीय स्तर के मध्य भाग में—प्रायः खिस्तीय पंचम शताब्दी के पूर्व में भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाओं की उत्पत्ति हुई। इस स्तर की भाषाओं में चतुर्थी विभक्ति का, सब विभक्तियों के द्विवचनों का और आख्यात की अधिकांश विभक्तियों का लोप होने पर भी विभक्तियों का प्रयोग अधिक मात्रा में विद्यमान था। इससे इस स्तर की भाषाएँ भी विभक्ति-बहुल कही जाती हैं।

**प्राकृत-भाषाओं का द्वितीय स्तर ( खिस्त-पूर्व ६०० से खिस्ताब्द ९०० )**

सर ग्रियर्सन ने यह सिद्धान्त किया है कि आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं से, खासकर उसके शेष भाग में प्रचलित विविध अपभ्रंश भाषाओं से हुई है और आधुनिक भाषाओं को 'तृतीय स्तर की प्राकृत (Tertiary Prākrits)' कह कर निर्देश किया है। इन भाषाओं की उत्पत्ति का समय खिस्तीय दशम शताब्दी है। इनका साधारण लक्षण यह है कि इनमें अधिकांश विभक्तियों का लोप हुआ है, एवं भाषाओं की प्रकृति विभक्ति-बहुल न होकर विभक्तियों के बोधक स्वतन्त्र शब्दों का व्यवहार हुआ है। इससे ये विश्लेषणशील भाषाएँ (Analytical Languages) कही जाती हैं।

**प्राकृत भाषाओं का तृतीय स्तर या आधुनिक भारतीय आर्य भाषाओं की उत्पत्ति (खिस्ताब्द ९०० )**

जिस प्रादेशिक अपभ्रंश से जिस आधुनिक भारतीय आर्य भाषा की उत्पत्ति हुई है उसका विवरण आगे 'अपभ्रंश' शीर्षक में दिया जायगा।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का इतिहास

प्रस्तुत कोष में द्वितीय स्तर की साहित्यिक प्राकृत भाषाओं के शब्दों को ही स्थान दिया गया है। इससे इन भाषाओं की उत्पत्ति और परिणति के सम्बन्ध में यहाँ पर कुछ विस्तार से विवेचन करना आवश्यक है।

साधारणतः लोगों की यही धारणा है कि संस्कृत भाषा से ही द्वितीय स्तर की समस्त प्राकृत भाषाएँ और आधुनिक भारतीय भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं। कई प्राकृत-वैयाकरणों ने भी अपने प्राकृत-व्याकरणों में इसी मत का समर्थन किया है। परन्तु यह मत कहाँ तक सत्य है, इसका विचार करने के पहले इन भाषाओं के भेदों को जानने की जरूरत है।

**प्राकृत का संस्कृत-सापेक्ष विभाग** प्राकृत वैयाकरणों ने प्राकृत भाषाओं के शब्द, संस्कृत शब्दों के सादृश्य और पार्थक्य के अनुसार इन तीन भागों में विभक्त किए हैं:—(१) तत्सम, (२) तद्भव और (३) देश्य या देशी।

(१) जो शब्द संस्कृत और प्राकृत में बिलकुल एक रूप हैं उनको 'तत्सम' या 'संस्कृतसम' कहते हैं, जैसे—अञ्जलि, आगम, इच्छा, ईहा, उत्तम, ऊढा, एरंड, ओङ्कार, किङ्कर, खञ्ज, गण, घण्टा, चित्त, छल, जल, झङ्कार, टङ्कार, डिम्भ, ढक्का, तिमिर, दल, धवल, नीर, परिमल, फल, बहु, भार, मरण, रस, लव, वारि, सुन्दर, हरि, गच्छन्ति, हरन्ति प्रभृति।

(२) जो शब्द संस्कृत से वर्ण-लोप, वर्णागम अथवा वर्ण-परिवर्तन के द्वारा उत्पन्न हुए हैं वे 'तद्भव' अथवा 'संस्कृतभव' कहलाते हैं, जैसेः—अग्र = अग्ग, आर्य = आरिअ, इष्ट = इट्ठ, ईर्ष्या = ईसा, उद्गम = उग्गम, कृष्ण = कसण, खर्जूर = खज्जूर, गज = गअ, धर्म = धम्म, चक्र = चक्क, क्षोभ = छोह, यक्ष = जक्ख, ध्यान = झाण, दंश = डंस, नाथ = णाह, त्रिदश = तिअस, दृष्ट = दिट्ठ, धार्मिक = धम्मिअ, पश्चात् = पच्छा, स्पर्श = फंस, बदर = बोर, भार्या = भारिआ, मेघ = मेह, अरण्य = रण्ण, लेश = लेस, शेष = सेस, हृदय = हिअअ, भवति = हवइ, पिबति = पिअइ, पृच्छति = पुच्छइ, अकार्षीत् = अकासी, भविष्यति = होहिइ इत्यादि।

(३) जिन शब्दों का संस्कृत के साथ कुछ भी सादृश्य नहीं है—कोई भी सम्बन्ध नहीं है, उनको 'देश्य' या 'देशी' बोला जाता है; यथा—अगय (दैत्य), आकासिय (पर्याप्त), इराव (हस्ती), ईस (कीलक), उअचित्त (अपगत), ऊसअ (उपधान), एलविल (धनाढ्य, वृषभ), ओंडल (धम्मिल्ल), कंदोट्ट (कुमुद), खुड्डिअ (सुरत), गयसाउल (विरक्त), घढ (स्तूप), चउक्कर (कार्तिकेय), छंकुई (कपिकच्छू), जच्च (पुरुष), झड्प्प (शीघ्र), टंका (जङ्घा), डाल (शाखा), ढंढर (पिशाच, ईर्ष्या), णित्तिरडिअ (त्रुटित), तोमरी (लता), थमिअ (विस्मृत), दाणि (शुल्क), धयण (गृह), निक्खुत्त (निश्चित), पणिआ (करोटिका), फुंटा (केश-बन्ध), बिट्ट (पुत्र), भुंड (सूकर), मड्डा (बलात्कार), रत्ति (आज्ञा), लंच (कुक्कुट), विच्छड्ड (समूह), सयराह (शीघ्र), हुत्त (अभिमुख), उअ (पश्य), खुप्पइ (निमज्जति), छिवइ (स्पृशति), देक्खइ, निअच्छइ (पश्यति), चुक्कइ (भ्रश्यति), चोप्पडइ (म्रक्षति), अहिपच्चुअइ (गृह्णाति) प्रभृति।

उपर्युक्त विभाग प्राकृत के साथ संस्कृत के सादृश्य और पार्थक्य के ऊपर निर्भर करता है। इसके सिवा संस्कृत और प्राकृत के प्राचीन ग्रन्थकारों ने प्राकृत भाषाओं का और एक विभाग किया है जो प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-स्थानों से संबन्ध रखता है। यह भौगोलिक विभाग (Geographical Classification) कहा जा सकता है।

**प्राकृत भाषाओं का भौगोलिक विभाग** भरत-प्रणीत कहे जाते नाट्य-शास्त्र में, [1]सात भाषाओं को जो मागधी, अवन्तिजा, प्राच्या, सूरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीका और दाक्षिणात्या ये नाम हैं, चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में जो [2]पैशाचिकी और [3]मागधिका ये नाम मिलते हैं, दण्डी ने काव्यादर्श में जो [4]महाराष्ट्राश्रया, शौरसेनी, गौडी और लाटी ये नाम दिए हैं, आचार्य हेमचन्द्र आदि ने मागधी, शौरसेनी, पैशाची और चूलिकापैशाचिक कह कर जिन नामों का निर्देश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी।
वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः॥" (नाट्यशास्त्र १७, ४८)।

२. "पैशाचिक्यां रणयोर्लनौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३८)।

३. "मागधिकायां रसयोर्लशौ" (प्राकृतलक्षण ३, ३९)।

४. "महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम्॥
शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी।
याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥" (काव्यादर्श १, ३४; ३५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

किया है और मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के कतिपय श्लोकों को उद्धृत कर महाराष्ट्री, आवन्ती, शौरसेनी, अर्धमागधी, वाह्लीकी, मागधी, प्राच्या और दाक्षिणात्या इन आठ भाषाओं के, छह विभाषाओं में द्राविड़ और ओढ्रज इन दो विभाषाओं के, ग्यारह पिशाच-भाषाओं में काञ्चीदेशीय, पाण्ड्य, पाञ्चाल, गौड, मागध, व्राचड, दाक्षिणात्य, शौरसेन, कैकय और द्राविड़ इन दस पिशाच-भाषाओं के और सताईस अपभ्रंशों में व्राचड, लाट, वैदर्भ, बार्बर, आवन्त्य, पाञ्चाल, टाक, मालव, कैकय, गौड, उड्र, हैव, पाण्ड्य, कौन्तल, सिंहल, कालिङ्ग, प्राच्य, कार्णाट, काञ्च, द्राविड़, गौर्जर, आभीर और मध्यदेशीय इन तेईस अपभ्रंशों के जिन नामों का उल्लेख किया है वे उस भिन्न-भिन्न देश से ही संबन्ध रखते हैं जहाँ-जहाँ वह-वह भाषा उत्पन्न हुई है[1]। षड्भाषाचन्द्रिका के कर्ता ने 'शूरसेन देश में उत्पन्न भाषा शौरसेनी कही जाती है, मगध देश में उत्पन्न भाषा को मागधी कहते हैं और पिशाच-देशों की भाषा पैशाची और चूलिकापैशाची है' यह लिखते हुए यही बात अधिक स्पष्ट रूप में कही है[2]।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से तत्सम आदि शब्दों की प्रकृति

पूर्व में प्राकृत भाषाओं के शब्दों के जो तीन प्रकार दिखाए हैं उनमें प्रथम प्रकार के तत्सम शब्द संस्कृत से ही सब देशों के प्राकृतों में लिये गए हैं; दूसरे प्रकार के तद्भव शब्द संस्कृत से उत्पन्न होने पर भी काल-क्रम से भिन्न-भिन्न देश में भिन्न-भिन्न रूप को प्राप्त हुए हैं और तीसरे प्रकार के देश्य शब्द वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुए हैं, किन्तु भिन्न-भिन्न देश में प्रचलित भाषाओं से गृहीत हुए हैं। प्राकृत वैयाकरणों का यही मत है।

## देश्य शब्द

मूल

पहले प्राकृत भाषाओं का जो भौगोलिक विभाग बताया गया है, ये तृतीय प्रकार के देशीशब्द उसी भौगोलिक विभाग से उत्पन्न हुए हैं। वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषा पंजाब और मध्यदेश में प्रचलित वैदिक काल की प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है। पंजाब और मध्यदेश के बाहर के अन्य प्रदेशों में उस समय आर्य लोगों की जो प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं उन्हीं से ये देशीशब्द गृहीत हुए हैं। यही कारण है कि वैदिक और संस्कृत साहित्य में देशीशब्दों के अनुरूप कोई शब्द (प्रतिशब्द) नहीं पाया जाता है।

प्राचीन काल में भिन्न-भिन्न प्रादेशिक प्राकृत भाषाएँ हयात थीं, इस बात का प्रमाण व्यास के महाभारत, भरत के नाट्यशास्त्र और वात्स्यायन के कामसूत्र आदि प्राचीन संस्कृत ग्रन्थों में और जैनों के ज्ञाताधर्मकथा, विपाकश्रुत, औपपातिकसूत्र तथा राजप्रश्नीय आदि प्राचीन प्राकृत ग्रन्थों में भी मिलता है[3]। इन ग्रन्थों में 'नानाभाषा', 'देशभाषा' या 'देशीभाषा' शब्द का प्रयोग प्रादेशिक प्राकृत के अर्थ में ही किया गया है। चंड ने अपने प्राकृत व्याकरण में जहाँ देशीप्रसिद्ध[4] प्राकृत

---

१. ये श्लोक 'पैशाची' और 'अपभ्रंश' के प्रकरण में दिए गए हैं।

२. "शूरसेनोद्भवा भाषा शौरसेनीति गीयते।
मगधोत्पन्नभाषां तां मागधीं संप्रचक्षते।
पिशाचदेशनियतं पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥" (षड्भाषाचन्द्रिका, पृष्ठ २)।

३. "नानावर्मभिराच्छन्ना नानाभाषाश्च भारत। कुशला देशभाषासु जल्पन्तोऽन्योन्यमीश्वराः" (महाभारत, शल्यपर्व ४६, १०३)।
"अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि देषभाषाविकल्पनम्।"
"अथवा च्छन्दतः कार्या देशभाषा प्रयोक्तृभिः" (नाट्यशास्त्र १७, २४; ४६)।
"नात्यन्तं संस्कृतेनैव नात्यन्तं देशभाषया। कथां गोष्ठीषु कथयंल्लोके बहुमतो भवेत्" (कामसूत्र १, ४, ५०)।
"तते णं से मेहे कुमारे......अट्ठारसविहिप्पगारदेसीभासाविसारए.......होत्था"; "तत्थ णं चंपाए नयरीए देवदत्ता नाम गणिया परिवसइ अड्ढा......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (ज्ञाताधर्मकथासूत्र, पत्र ३८; ६२)।
"तत्थ णं वाणियगामे कामज्झया णामं गणिया होत्था......अट्ठारसदेसीभासाविसारया" (विपाकश्रुत, पत्र २१-२२)।
"तए णं दढपइण्णे दारए.......अट्ठारसदेसीभासाविसारए" (औपपातिक सूत्र, पेरा १०६)।
"तए णं से दढपतिण्णे दारए.......अट्ठारसविहदेसिप्पगारभासाविसारए" (राजप्रश्नीयसूत्र, पत्र १४८)।

४. "सिद्धं प्रसिद्धं प्राकृतं त्रेधा त्रिप्रकारं भवति—संस्कृतयोनि......, संस्कृतसमं......, देशीप्रसिद्धं तच्चेदं हर्षितं = ल्हसिअं" (प्राकृतलक्षण पृष्ठ १-२)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

का उल्लेख किया है वहाँ भी देशी शब्द का अर्थ देशीभाषा ही है। ये सब देशी या प्रादेशिक भाषाएँ भिन्न-भिन्न प्रदेशों के निवासी आर्य लोगों की ही कथ्य भाषाएँ थीं। इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की कथ्य भाषा के साथ अनेक अंशों में जैसे सादृश्य था वैसे किसी किसी अंश में भेद भी था। जिस जिस अंश में इन भाषाओं का पंजाब और मध्यदेश की प्राकृत भाषा के साथ भेद था उसमें से जिन भिन्न-भिन्न नामों ने और धातुओं ने प्राकृतसाहित्य में स्थान पाया है वे ही हैं प्राकृत के देशी वा देश्य शब्द।

प्राकृत-वैयाकरणों ने इन समस्त देश्य शब्दों में अनेक नाम और धातुओं को संस्कृत नामों के और धातुओं के स्थान में आदेश-द्वारा सिद्ध करके तद्भव-विभाग में अन्तर्गत किए हैं[१]। यही कारण है कि आचार्य हेमचन्द्र ने अपनी देशीनाममाला में केवल देशी नामों का ही संग्रह किया है और देशी धातुओं का अपने प्राकृत-व्याकरण में संस्कृत धातुओं के आदेश-रूप में उल्लेख किया है; यद्यपि आचार्य हेमचन्द्र के पूर्ववर्ती कई वैयाकरणों ने इनकी गणना देशी धातुओं में ही की है[२]। ये सब नाम और धातु संस्कृत के नाम और धातुओं के आदेश-रूप में निष्पन्न करने पर भी तद्भव नहीं कहे जा सकते, क्योंकि संस्कृत के साथ इनका कुछ भी सादृश्य नहीं है।

कोई कोई पाश्चात्य भाषातत्त्वज्ञ का यह मत है कि उक्त देशी शब्द और धातु भिन्न-भिन्न देशों की द्राविड़, मुण्डा आदि अनार्य भाषाओं से लिए गए हैं। यहाँ पर यह कहा जा सकता है कि यदि आधुनिक अनार्य भाषाओं में इन देशी-शब्दों और देशी-धातुओं का प्रयोग उपलब्ध हो तो यह अनुमान करना असंगत नहीं है। किन्तु जबतक यह प्रमाणित न हो कि 'ये देशी शब्द और धातु वर्तमान अनार्य भाषाओं में प्रचलित हैं', तबतक 'ये देशी शब्द और धातु-प्रादेशिक आर्य भाषाओं से ही गृहीत हुए हैं' यह कहना ही अधिक संगत प्रतीत होता है। इन अनार्य भाषाओं में दो-एक देश्य शब्द और धातु प्रचलित होने पर भी 'वे अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत भाषाओं में लिए गए हैं' यह अनुमान न कर 'प्राकृत भाषाओं से ही वे देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं में गए हैं' यह अनुमान किया जा सकता है। हाँ, जहाँ ऐसा अनुमान करना असंभव हो वहाँ हम यह स्वीकार करने के लिए बाध्य होंगे कि 'ये देश्य शब्द और धातु अनार्य भाषाओं से ही प्राकृत में लिए गए हैं; क्योंकि आर्य और अनार्य ये उभय जातियाँ जब एक स्थान में मिश्रित हो गई हैं तब कोई कोई अनार्य शब्द और धातु का आर्य भाषाओं में प्रवेश करना असंभव नहीं है।

डॉ॰ काल्डवेल (Caldwell) प्रभृति के मत में वैदिक और लौकिक संस्कृत में भी अनेक शब्द द्राविडीय भाषाओं से गृहीत हुए हैं। यह बात भी संदिग्ध ही है, क्योंकि द्राविडीय भाषा के जिस साहित्य में ये सब शब्द पाये जाते हैं वह वैदिक संस्कृत के साहित्य से प्राचीन नहीं है। इससे 'वैदिक साहित्य में ये सब शब्द द्राविडीय भाषा से गृहीत हुए हैं' इस अनुमान की अपेक्षा 'आर्य लोगों की भाषा से ही अनार्यों की भाषा में ये सब शब्द लिए गए हैं' यह अनुमान ही विशेष ठीक मालूम पड़ता है।

जिन प्रादेशिक देशी-भाषाओं से ये सब देशी शब्द प्राकृत-साहित्य में गृहीत हुए हैं वे पूर्वोक्त प्रथम स्तर की

समय

प्राकृत भाषाओं के अन्तर्गत और उनकी समसामयिक हैं। खिस्त-पूर्व षष्ठ शताब्दी के पहले ये सब देशीभाषाएँ प्रचलित थीं, इससे ये देश्य शब्द अर्वाचीन नहीं, किन्तु उतने ही प्राचीन हैं जितने कि वैदिक शब्द।

## द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति—वैदिक या लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु प्रथम स्तर की प्राकृतों से

प्राकृत के वैयाकरण-गण प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति में प्रकृति शब्द का अर्थ संस्कृत करते हुए प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति लौकिक संस्कृत से मानते हैं। संस्कृत के कई अलंकार-शास्त्रों के टीकाकारों ने भी तद्भव और तत्सम शब्दों में स्थित

---

१. देखो हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के द्वितीय पाद के १२७, १२९, १३४, १३६, १३८, १४१, १७४ वगैरह सूत्र और चतुर्थ पाद के २, ३, ४, ५, १०, ११, १२ प्रभृति सूत्र।

२. 'एते चान्यैर्देशीषु पठिता अपि अस्माभिर्धात्वादेशीकृताः' (हे॰ प्रा॰ ४, २); अर्थात् अन्य विद्वानों ने वज्जर, पज्जर, उप्पाल प्रभृति धातुओं का पाठ देशी में किया है, तो भी हमने संस्कृत धातु के आदेश-रूप से ही ये यहाँ बताए हैं।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'तत्' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत से लगाकर इस मत का अनुसरण किया है[1]। कतिपय प्राकृत-व्याकरणों में प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति इस तरह की गई है :—

'प्रकृतिः संस्कृतं, तत्र भवं तत आगतं वा प्राकृतम्' (हेमचन्द्र प्रा० व्या०)।
'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवं प्राकृतमुच्यते' (प्राकृतसर्वस्व)।
'प्रकृतिः संस्कृतं तत्र भवत्वात् प्राकृतं स्मृतम्' (प्राकृतचन्द्रिका)।
'प्रकृतेः संस्कृतायास्तु विकृतिः प्राकृती मता' (षड्भाषाचन्द्रिका)।
'प्राकृतस्य तु सर्वमेव संस्कृतं योनिः' (प्राकृतसंजीवनी)।

इन व्युत्पत्तियों का तात्पर्य यह है कि प्राकृत शब्द 'प्रकृति' शब्द से बना है, 'प्रकृति' का अर्थ है संस्कृत भाषा, संस्कृत भाषा से जो उत्पन्न हुई है वह है प्राकृत भाषा।

प्राकृत वैयाकरणों की प्राकृत शब्द की यह व्याख्या अप्रामाणिक और अव्यापक ही नहीं है, भाषा-तत्त्व से असंगत भी है। अप्रामाणिक इसलिए कही जा सकती है कि प्रकृति शब्द का मुख्य अर्थ संस्कृत भाषा कभी नहीं होता—संस्कृत के किसी कोष में प्राकृत शब्द का यह अर्थ उपलब्ध नहीं है[2] और गौण या लाक्षणिक अर्थ तबतक नहीं लिया जाता जबतक मुख्य अर्थ में बाध न हो। यहाँ प्रकृति शब्द के मुख्य अर्थ स्वभाव अथवा[3] जन-साधारण लेने में किसी तरह का बाध भी नहीं है। इससे उक्त व्युत्पत्ति के स्थान में 'प्रकृत्या स्वभावेन सिद्धं प्राकृतम्' अथवा 'प्रकृतीनां साधारणजनानामिदं प्राकृतम्' यही व्युत्पत्ति संगत और प्रामाणिक हो सकती है। अव्यापक कहने का कारण यह है कि प्राकृत के पूर्वोक्त तीन प्रकारों में तत्सम और तद्भव शब्दों की ही प्रकृति उन्होंने संस्कृत मानी है, तीसरे प्रकार के देश्य शब्दों की नहीं, अथच देश्य को भी प्राकृत कहा है। इससे देश्य प्राकृत में यह व्युत्पत्ति लागू नहीं होती। प्राकृत की संस्कृत से उत्पत्ति भाषा-तत्त्व के सिद्धान्त से भी संगति नहीं रखती, क्योंकि वैदिक संस्कृत[4] और लौकिक संस्कृत ये दोनों ही साहित्य की मार्जित भाषाएँ हैं। इन दोनों भाषाओं का व्यवहार शिक्षा की अपेक्षा रखता है। अशिक्षित, अज्ञ और बालक लोग किसी काल में साहित्य की भाषा का न तो स्वयं व्यवहार कर सकते हैं और न समझ ही पाते हैं। इसलिए समस्त देशों में सर्वदा ही अशिक्षित लोगों के व्यवहार के लिए एक कथ्य भाषा चालू रहती है जो साहित्य की भाषा से स्वतन्त्र—अलग होती है। शिक्षित लोगों को भी अशिक्षित लोगों के साथ बातचीत के प्रसंग में इस कथ्य भाषा का ही व्यवहार करना पड़ता है। वैदिक समय में भी ऐसी कथ्य भाषा प्रचलित थी। और जिस समय लौकिक संस्कृत भाषा प्रचलित हुई उस समय भी साधारण लोगों की स्वतन्त्र कथ्य भाषा विद्यमान थी, यह नाटक आदि में संस्कृत भाषा के साथ प्राकृत-भाषी पात्रों के उल्लेख से प्रमाणित होता है।

पाणिनि ने संस्कृत भाषा को जो लौकिक भाषा कही है और पतञ्जलि ने इसको जो शिष्ट-भाषा का नाम दिया है, उसका मतलब यह नहीं है कि उस समय प्राकृत भाषा थी ही नहीं, परन्तु उसका अर्थ यह है कि उस समय के शिक्षित लोगों के आपस के वार्तालाप में, वर्तमान काल के पण्डित लोगों में संस्कृत की तरह और भिन्नदेशीय लोगों के साथ के व्यवहार Lingua Franca की माफिक संस्कृत भाषा व्यवहृत होती थी। किन्तु बालक, स्त्रियाँ और अशिक्षित लोग अपनी मातृ-भाषा में बातचीत करते थे जो संस्कृत-भिन्न साधारण कथ्य भाषा थी। साधारण कथ्य भाषा किसी देश में किसी काल में साहित्य की भाषा से गृहीत नहीं होती, बल्कि साहित्य-भाषा ही जन-साधारण की कथ्य भाषा से उत्पन्न होती है। इसलिए 'संस्कृत से प्राकृत भाषा की उत्पत्ति हुई है' इसकी अपेक्षा 'क्या तो वैदिक संस्कृत और क्या लौकिक संस्कृत दोनों ही उस समय की प्राकृत भाषाओं से उत्पन्न हुई हैं' यही सिद्धान्त विशेष युक्ति-संगत है। आजकल के भाषा-तत्त्वज्ञों में इसी सिद्धान्त का अधिक आदर देखा जाता है। यह सिद्धान्त पाश्चात्य विद्वानों का कोई नूतन आविष्कार नहीं है, भारतवर्ष के

---

१. 'प्रकृतेः संस्कृतादागतं प्राकृतम्' (वाग्भटालंकारटीका २, २); 'संस्कृतरूपायाः प्रकृतेरुत्पन्नत्वात् प्राकृतम्' (काव्यादर्श की प्रेमचन्द्र-तर्कवागीश-कृत टीका १, ३३)।

२. 'प्रकृतिर्योनिशिल्पिनोः। पौरामात्यादिलिंगेषु गुणसाम्यस्वभावयोः। प्रत्ययात् पूर्विकायां च' (अनेकार्थसंग्रह ८७६-७)।

३. 'स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः पौराणां श्रेणयोऽपि च ॥ (अभिधानचिन्तामणि ३, ३७८)।
'यद् कात्यः—अमात्याद्याश्च पौराश्च सद्भिः प्रकृतयः स्मृताः' (अ० चि० ३, ३७८ की टीका)।

४. कोई कोई आधुनिक विद्वान् प्राकृत भाषा की उत्पत्ति वैदिक संस्कृत से मानते हैं, देखो 'पाली-प्रकाश' का प्रवेशक पृष्ठ ३४-३६।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ही प्राचीन भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रचलित था यह निम्नोद्धृत कतिपय प्राचीन ग्रन्थों के अवतरणों से स्पष्ट प्रतीत होता है। रुद्रट-कृत काव्यालङ्कार के एक [1]श्लोक की व्याख्या में ख्रिस्त की ग्यारहवीं शताब्दी के जैन-विद्वान् नमिसाधु ने लिखा है कि:—

"प्राकृतेति। सकलजगज्जन्तूनां व्याकरणादिभिरनाहितसंस्कारः सहजो वचन-व्यापारः प्रकृतिः, तत्र भवं सैव वा प्राकृतम्। 'आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी' इत्यादिवचनाद् वा प्राक् पूर्वं कृतं प्राक्कृतं बाल-महिलादि-सुबोधं सकलभाषानिबन्धनभूतं वचनमुच्यते। मेघनिर्मुक्तजलमिवैकस्वरूपं तदेव च देशविशेषात् संस्कारकरणाच्च समासादितविशेषं सत् संस्कृताद्युत्तरविभेदानाप्नोति। अत एव शास्त्रकृता प्राकृतमादौ निर्दिष्टं तदनु संस्कृतादीनि। पाणिन्यादिव्याकरणोदितशब्दलक्षणेन संस्करणात् संस्कृतमुच्यते।"

इस व्याख्या का तात्पर्य यह है कि—'प्रकृति शब्द का अर्थ है लोगों का व्याकरण आदि के संस्कारों से रहित स्वाभाविक वचन-व्यापार, उससे उत्पन्न अथवा वही है प्राकृत। अथवा 'प्राक् कृत' पर से प्राकृत शब्द बना है, 'प्राक् कृत' का अर्थ है 'पहले किया गया'। बारह अंग-ग्रन्थों में ग्यारह अंग ग्रन्थ पहले किए गए हैं और इन ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा आर्ष-वचन में—सूत्र में अर्धमागधी कही गई है[2] जो बालक, महिला आदि को सुबोध—सहज-गम्य है[3] और जो सकल भाषाओं का मूल है। यह अर्धमागधी भाषा ही प्राकृत है। यही प्राकृत, मेघ-मुक्त जल की तरह, पहले एक रूपवाला होने पर भी, देश-भेद से और संस्कार करने से भिन्नता को प्राप्त करता हुआ संस्कृत आदि अवान्तर विभेदों में परिणत हुआ है अर्थात् अर्धमागधी प्राकृत से संस्कृत और अन्यान्य प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। इसी कारण से मूल ग्रन्थकार (रुद्रट) ने प्राकृत का पहले और संस्कृत आदि बाद में निर्देश किया है। पाणिन्यादि व्याकरणों में बताए हुए नियमों के अनुसार संस्कार पाने के कारण संस्कृत कहलाती है।'

"अकृत्रिमस्वादुपदैर्जनं जनं जिनेन्द्र साक्षादिव पासि भाषितैः" (द्वात्रिंशद्द्वात्रिंशिका १, १८)।

"[4]अकृत्रिमस्वादुपदां जैनीं वाचमुपास्महे।" (हेमचन्द्रकाव्यानुशासन, पृष्ठ १)।

उक्त पद्यों में क्रमशः महाकवि सिद्धसेन दिवाकर और आचार्य हेमचन्द्र जैसे समर्थ विद्वानों का जिनदेव की वाणी को 'अकृत्रिम' और संस्कृत भाषा को 'कृत्रिम' कहने का भी रहस्य यही है कि प्राकृत जन-साधारण की मातृभाषा होने के कारण अकृत्रिम—स्वाभाविक है और संस्कृत भाषा व्याकरण के संस्कार-रूप बनावटीपन से पूर्ण होने के हेतु कृत्रिम है।

---

१. "प्राकृतसंस्कृतमागधपिशाचभाषाश्च शौरसेनी च।
षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः॥" (काव्यालंकार २, १२)।

२. बारहवाँ अङ्ग-ग्रंथ, जिसका नाम दृष्टिवाद है और जिसमें चौदह पूर्व (प्रकरण) थे, संस्कृत भाषा में था। यह बहुत काल से लुप्त हो गया है। यद्यपि इसके विषयों का संक्षिप्त वर्णन समवायाङ्गसूत्र में है।
"चतुर्दशापि पूर्वाणि संस्कृतानि पुराऽभवन् ॥११४॥
प्रज्ञातिशयसाध्यानि तान्युच्छिन्नानि कालतः। अधुनैकादशाङ्ग्यस्ति सुधर्मस्वामिभाषिता ॥११५॥
बालस्त्रीमूढमूर्खादिजनानुग्रहणाय सः। प्राकृतां तामिहाकार्षीत्" (प्रभावकचरित्र, पृ० ९८-९९)।

३. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं। थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में उद्धृत प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकांक्षिणाम्। अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(दशवैकालिक टीका पत्र १०० में हरिभद्रसूरि द्वारा और काव्यानुशासन की टीका पृ० १ में आचार्य हेमचन्द्र द्वारा उद्धृत किया हुआ प्राचीन श्लोक)।

४. "अकृत्रिमाणि—असंस्कृतानि, अत एव स्वादूनि मन्दधियामपि पेशलानि पदानि यस्यामिति विग्रहः" (काव्यानुशासनटीका)। आचार्य हेमचन्द्र की 'अकृत्रिम' शब्द की इस स्पष्ट व्याख्या से प्रतीत होता है कि उनका अपने प्राकृत-व्याकरण में प्राकृत की प्रकृति संस्कृत कहना सिद्धान्त-निरूपण के लक्ष्य से नहीं, परन्तु अपने प्राकृत-व्याकरण की रचना-शैली के उपलक्ष में है, क्योंकि सभी उपलब्ध प्राकृत-व्याकरणों की तरह हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण में भी संस्कृत पर से ही प्राकृत-शिक्षा की पद्धति अख्त्यार की गई है और इस पद्धति में प्रकृति—मूल के स्थान में संस्कृत को रखना अनिवार्य हो जाता है। अथवा यह भी असम्भव नहीं है कि व्याकरण-रचना के समय उनका यही सिद्धान्त रहा हो जो बाद में बदल गया हो और इस परिवर्तित सिद्धान्त का काव्यानुशासन में प्रतिपादन किया हो। काव्यानुशासन की रचना व्याकरण के बाद उन्होंने की है यह काव्यानुशासन की "शब्दानुशासनेऽस्माभिः साध्व्यो वाचो विवेचिताः" (पृष्ठ २) इस उक्ति से ही सिद्ध है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

केवल जैन विद्वानों में ही यह मत प्रचलित न था, खिस्त की आठवीं शताब्दी के जैनेतर महाकवि वाक्पतिराज ने भी अपने 'गउडवहो' नामक महाकाव्य में इसी मत को इन स्पष्ट शब्दों में व्यक्त किया है :—

"[१]सयलाओ इमं वाया विसंति एत्तो य णेंति वायाओ।
एंति समुद्दं चिय णेंति सायराओ च्चिय जलाइं ॥९३॥"

अर्थात् इसी प्राकृत भाषा में सब भाषाएँ प्रवेश करती हैं और इस प्राकृत भाषा से ही सब भाषाएँ निर्गत हुई हैं; जल (आ कर) समुद्र में ही प्रवेश करता है और समुद्र से ही (बाष्प रूप से) बाहर होता है। वाक्पति के इस पद्य का मर्म यही है कि प्राकृत भाषा की उत्पत्ति अन्य किसी भाषा से नहीं हुई है, बल्कि संस्कृत आदि सब भाषाएँ प्राकृत से ही उत्पन्न हुई हैं।

खिस्त की नवम शताब्दी के जैनेतर कवि राजशेखर ने भी अपने 'बालरामायण' में नीचे का श्लोक लिखकर यही मत प्रकट किया है :—

"यद् योनिः किल संस्कृतस्य सुदृशां जिह्वासु यन्मोदते, यत्र श्रोत्रपथावतारिणि कटुर्भाषाक्षराणां रसः।
गद्यं चूर्णपदं पदं रतिपतेस्तत् प्राकृतं यद्वचस्ताँल्लाटाँल्ललिताङ्गि पश्य नुदती दृष्टेर्निमेषव्रतम् ॥" (४८, ४९)।

जैन और जैनेतर विद्वानों के उक्त वचनों से यह स्पष्ट है कि प्राचीन काल के भारतीय भाषातत्त्वज्ञों में भी यह मत प्रबल रूप से प्रचलित था कि प्राकृत की उत्पत्ति संस्कृत भाषा से नहीं है।

प्राकृत भाषा लौकिक संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है इसका और भी एक प्रमाण है। वह यह कि प्राकृत के अनेक शब्द और प्रत्ययों का लौकिक संस्कृत की अपेक्षा वैदिक भाषा के साथ अधिक मेल देखने में आता है। प्राकृत भाषा साक्षाद्रूप से लौकिक संस्कृत से उत्पन्न होने पर यह कभी संभव नहीं हो सकता। वैदिक साहित्य में भी प्राकृत के अनुरूप अनेक शब्द और प्रत्ययों के प्रयोग विद्यमान हैं। इससे यह अनुमान करना किसी तरह असंगत नहीं है कि वैदिक संस्कृत और प्राकृत ये दोनों ही एक प्राचीन प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई हैं और यही इस सादृश्य का कारण है। वैदिक भाषा और प्राकृत के सादृश्य के कतिपय उदाहरण हम नीचे उद्धृत करते हैं, ताकि उक्त कथन की सत्यता में कोई संदेह नहीं हो सकता।

## वैदिक भाषा और प्राकृत में सादृश्य

१. प्राकृत में अनेक जगह संस्कृत ऋकार के स्थान में उकार होता है, जैसे—वृन्द = वुन्द, ऋतु = उउ, पृथिवी = पुहवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग पाये जाते हैं, जैसे—कृत = कुठ ( ऋग्वेद १, ४६, ४ )।

२. प्राकृत में संयुक्त वर्णवाले कई स्थानों में एक व्यञ्जन का लोप होकर पूर्व के ह्रस्व स्वर का दीर्घ होता है, जैसे—दुर्लभ = दूलह, विश्राम = वीसाम, स्पर्श = फास; वैदिक भाषा में भी वैसा होता है, यथा—दुर्लभ = दूलभ ( ऋग्वेद ४, ९, ८ ), दुर्णाश = दूणाश ( शुक्लयजुः प्रातिशाख्य ३, ४३ )।

३. संस्कृत व्यञ्जनान्त शब्दों के अन्त्य व्यञ्जन का प्राकृत में सर्वत्र लोप होता है, जैसे—तावत् = ताव, यशस् = जस; वैदिक साहित्य में भी इस नियम का अभाव नहीं है, यथा—पश्चात् = पश्चा ( अथर्वसंहिता १०, ४, ११ ), उच्चात् = उच्चा ( तैत्तिरीयसंहिता २, ३, १४ ), नीचात् = नीचा ( तैत्तिरीयसंहिता १, २, १४ )।

४. प्राकृत में संयुक्त र और य का लोप होता है, जैसे—प्रगल्भ = पगब्भ, श्यामा = सामा; वैदिक साहित्य में भी यह पाया जाता है, यथा—अ-प्रगल्भ = अ-पगल्भ ( तैत्तिरीयसंहिता ४, ५, ६१ ); त्र्यच = त्रिच ( शतपथब्राह्मण १, ३, ३, ३३ )।

५. प्राकृत में संयुक्त वर्ण का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है, यथा—पात्र = पत्र, रात्रि = रत्ति, साध्य = सज्झ इत्यादि; वैदिक भाषा में भी ऐसे प्रयोग हैं, जैसे—रोदसीप्रा = रोदसिप्रा ( ऋग्वेद १०, ८८, १० ), अमात्र = अमत्र ( ऋग्वेद ३, ३६, ४ )।

६. प्राकृत में संस्कृत द का अनेक जगह ड होता है, जैसे—दण्ड = डण्ड, दंस = डंस, दोला = डोला; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग दुर्लभ नहीं है, जैसे—दुर्दभ = दूडभ ( वाजसनेयसंहिता ३, ३६ ), पुरोदास = पुरोडाश ( शुक्लयजुःप्रातिशाख्य ३, ४४ )।

---

१. सकला इदं वाचो विशन्तीतश्च निर्यन्ति वाचः। आयन्ति समुद्रमेव निर्यन्ति सागरादेव जलानि ॥९३॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

७. प्राकृत में ध का ह होता है, यथा—बधिर = बहिर. व्याध = वाह; वेद-भाषा में भी ऐसा पाया जाता है, जैसे—प्रतिसंधाय = प्रतिसंहाय ( गोपथब्राह्मण २, ४ )।

८. प्राकृत में अनेक शब्दों में संयुक्त व्यञ्जनों के बीच में स्वर का आगम होता है, जैसे—क्लिष्ट = किलिट्ठ, स्व = सुव, तन्वी = तणुवी; वैदिक साहित्य में भी ऐसे प्रयोग विरल नहीं है, यथा—सहस्र्यः = सहस्रियः, स्वर्गः = सुवर्गः ( तैत्तिरीयसंहिता ४, २, ३ ); तन्वः = तनुवः, स्वः = सुवः ( तैत्तिरीयआरण्यक ७, २२, १; ६, २, ७ )।

९. प्राकृत में अकारान्त पुंलिङ्ग शब्द के प्रथमा के एकवचन में ओ होता है, जैसे—देवो, जिणो, सो इत्यादि; वैदिक भाषा में भी प्रथमा के एकवचन में कहीं-कहीं ओ देखा जाता है, यथा—संवत्सरो अजायत ( ऋग्वेदसंहिता १०, १९०, २ ), सो चित् ( ऋग्वेदसंहिता १, १९१, १०-११ )।

१०. तृतीया विभक्ति के बहुवचन में प्राकृत में देव आदि अकारान्त शब्दों के रूप देवेहि, गंभीरेहि, जेट्ठेहि आदि होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसीके अनुरूप देवेभिः, गम्भीरेभिः, ज्येष्ठेभिः आदि रूप मिलते हैं।

११. प्राकृत की तरह वैदिक भाषा में भी चतुर्थी के स्थान में षष्ठी विभक्ति होती है[१]।

१२. प्राकृत में पञ्चमी के एकवचन में देवा, वच्छा, जिणा आदि रूप होते हैं; वैदिक साहित्य में भी इसी तरह के उच्चा, नीचा, पश्चा प्रभृति उपलब्ध होते हैं।

१३. प्राकृत में द्विवचन के स्थान में बहुवचन ही होता है; वैदिक भाषा में भी इस तरह के अनेकों प्रयोग मौजूद हैं, यथा—'इन्द्रावरुणौ' के स्थान में 'इन्द्रावरुणा', 'मित्रावरुणौ' की जगह 'मित्रावरुणा', 'यौ सुरथौ रथितमौ दिविस्पृशावश्विनौ' के बदले 'या सुरथा रथीतमा दिविस्पृशा अश्विना', 'नरौ हे' के स्थल में 'नरा हे' आदि।

इस तरह अनेक युक्ति और प्रमाणों से यह साबित होता है कि प्राकृत की उत्पत्ति वैदिक अथवा लौकिक संस्कृत से नहीं, किन्तु वैदिक संस्कृत की उत्पत्ति जिस प्रथम स्तर की प्रादेशिक प्राकृत भाषा से पूर्व में कही गई है उसीसे हुई है। इससे यहाँ पर इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि संस्कृत के अनेक आलंकारिकों ने और प्राकृत के प्रायः समस्त वैयाकरणों ने 'तत्' शब्द से संस्कृत को लेकर 'तद्भव' शब्द का जो व्यवहार 'संस्कृतभव' अर्थ में किया है वह किसी तरह संगत नहीं हो सकता। इसलिए यहाँ 'तत्' शब्द से संस्कृत के स्थान में वैदिक काल के प्राकृत का ग्रहण कर 'तद्भव' शब्द का प्रयोग 'वैदिक काल के प्राकृत से जो शब्द संस्कृत में लिया गया है उससे उत्पन्न' इसी अर्थ में करना चाहिए। संस्कृत शब्द और प्राकृत तद्भव शब्द इन दोनों का साधारण मूल वैदिक काल का प्राकृत अर्थात् पूर्वोक्त प्राथमिक प्राकृत या प्रथम स्तर का प्राकृत है। इससे जहाँ पर 'तद्भव' शब्द का सैद्धान्तिक अर्थ 'संस्कृतभव' नहीं, किन्तु 'वैदिक काल के प्राकृत से उत्पन्न' यही समझना चाहिए।

## द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं का उत्पत्ति-क्रम और उनके प्रधान भेद

जब उपर्युक्त कथन के अनुसार वैदिक तथा लौकिक संस्कृत और समस्त प्राकृत भाषाओं का मूल एक ही है और वैदिक तथा लौकिक संस्कृत द्वितीय स्तर की सभी प्राकृत भाषाओं से प्राचीन हैं, तब यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के उत्पत्ति-क्रम का निर्णय एकमात्र उसी सादृश्य के तारतम्य पर निर्भर करता है जो उभय संस्कृत और प्राकृत तद्भव शब्दों में पाया जाता है। जिस प्राकृत भाषा के तद्भव शब्दों का वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ जितना अधिक सादृश्य होगा वह उतनी ही प्राचीन और जिसके तद्भव शब्दों का उभय संस्कृत के साथ जितना अधिक भेद होगा वह उतनी ही अर्वाचीन मानी जा सकती है, क्योंकि अधिक भेद के उत्पन्न होने में समय भी अधिक लगता है यह निर्विवाद है।

द्वितीय स्तर की जिन प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में अथवा शिलालेखों में स्थान पाया है उनके शब्दों की वैदिक और लौकिक संस्कृत के साथ, उपर्युक्त पद्धति से तुलना करने पर, जो भेद (पार्थक्य) देखने में आते हैं उनके अनुसार द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं के निम्नोक्त प्रधान भेद ( प्रकार ) होते हैं, जो क्रम से इन तीन मुख्य काल-विभागों में बाँटे जा सकते हैं—(१) प्रथम युग—ख्रिस्त-पूर्व चार सौ से लेकर ख्रिस्त के बाद एक सौ वर्ष तक ( 400 B. C. to 100 A. D. ); (२) मध्ययुग—ख्रिस्त के बाद एक सौ से पाँच सौ वर्ष तक ( 100 A. C. to 500 A. D. ); (३) शेष युग—ख्रिस्तीय पाँच सौ से एक हजार वर्ष तक ( 500 A. D. to 1000 A. D. )।

---

१. "चतुर्थ्यर्थे बहुलं छन्दसि" ( पाणिनि-व्याकरण २, ३, ६२ )।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## प्रथम युग ( ख्रिस्त-पूर्व ४०० से ख्रिस्त के बाद १०० )

( क ) हीनयान बौद्धों के त्रिपिटक, महावंश और जातक-प्रभृति ग्रन्थों की पाली भाषा।
( ख ) पैशाची और चूलिकापैशाची।
( ग ) जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा।
( घ ) अंग-ग्रन्थ-भिन्न प्राचीन सूत्रों की और पउम-चरिअ आदि प्राचीन ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
( ङ ) अशोक-शिलालेखों की एवं परवर्ति-काल के प्राचीन शिलालेखों की भाषा।
( च ) अश्वघोष के नाटकों की भाषा।

## मध्ययुग (ख्रिस्तीय १०० से ५००)

( क ) त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों की और बाद के कालिदास-प्रभृति के नाटकों की शौरसेनी, मागधी और महाराष्ट्री भाषाएँ।
( ख ) सेतुबन्ध, गाथासप्तशती आदि काव्यों की महाराष्ट्री भाषा।
( ग ) प्राकृत व्याकरणों में जिनके लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं वे महाराष्ट्री, शौरसेनी, मागधी, पैशाची, चूलिकापैशाची भाषाएँ।
( घ ) दिगम्बर जैन ग्रन्थों की शौरसेनी और परवर्ति-काल के श्वेताम्बर ग्रन्थों की जैन महाराष्ट्री भाषा।
( ङ ) चंड के व्याकरण में निर्दिष्ट और विक्रमोर्वशी में प्रयुक्त अपभ्रंश भाषा।

## शेष युग ( ख्रिस्तीय ५०० से १००० वर्ष )

भिन्न-भिन्न प्रदेशों की परवर्ती काल की अपभ्रंश भाषाएँ।

अब इन तीन युगों में विभक्त प्रत्येक भाषा का लक्षण और विशेष विवरण, उक्त क्रम के अनुसार (१) पालि, (२) पैशाची, (३) चूलिकापैशाची, (४) अर्धमागधी, (५) जैन महाराष्ट्री, (६) अशोकलिपि, (७) शौरसेनी, (८) मागधी, (९) महाराष्ट्री, (१०) अपभ्रंश इन शीर्षकों में क्रमशः दिया जाता है।

---

## ( १ ) पालि

हीनयान बौद्धों के धर्म-ग्रन्थों की भाषा को पालि कहते हैं। कई विद्वानों का अनुमान है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से बना है[1]। 'पङ्क्ति' शब्द का अर्थ है 'श्रेणी'[2]। प्राचीन बौद्ध लेखक अपने ग्रन्थ में धर्म-शास्त्र की वचन-पङ्क्ति को उद्धृत करते समय इसी पालि शब्द का प्रयोग करते थे, इससे बाद के समय में बौद्ध धर्म-शास्त्रों की भाषा का ही नाम पालि हुआ। अन्य विद्वानों का मत है कि पालि शब्द 'पङ्क्ति' पर से नहीं, परन्तु 'पल्लि' पर से हुआ है। 'पल्लि' शब्द असल में संस्कृत नहीं, परन्तु प्राकृत है, यद्यपि अन्य अनेक प्राकृत शब्दों की तरह यह भी पीछे से संस्कृत में लिया गया है। पल्लि शब्द जैनों के प्राचीन अंग-ग्रन्थों में भी पाया जाता है[3]। 'पल्लि' शब्द का अर्थ है ग्राम या गाँव। 'पालि' का अर्थ गावों में बोली जाती भाषा — ग्राम्य भाषा — होता है। 'पङ्क्ति' पर से 'पालि' होने की कल्पना जितनी क्लेश-साध्य है 'पल्लि' पर से 'पालि' होना उतना ही सहज-बोध्य है। इससे हमें पिछला मत ही अधिक संगत मालूम होता है। 'पालि' केवल ग्रामों की ही भाषा थी, इससे उसका यह नाम हुआ है यह बात नहीं है। बल्कि प्रदेश-विशेष के ग्रामों की तरह शहरों के भी जन-साधारण की यह भाषा थी, परन्तु संस्कृत के अनन्य-भक्त

निर्देश और व्युत्पत्ति

---

१ "पङ्क्ति = पंक्ति = पंति = पत्ति = पंटि = पंलि = पल्लि = पालि; अथवा पङ्क्ति = पत्ति = पट्टि = पल्लि = पालि" (पालिप्रकाश, प्रवेशक, पृष्ठ ६)।

२ "सेतुस्सिं तन्तिपन्तीसु नालियं पालि कथ्यते" (अभिधानप्रदीपिका ६६६)।

३ देखो, विपाकश्रुत (पत्र ३८, ३९)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ब्राह्मणों की ही ओर से इस भाषा की तरफ अपनी स्वाभाविक घृणा[1] को व्यक्त करने के लिए इसका यह नाम दिया जाना और अधिक प्रसिद्ध हो जाने के कारण पीछे से बौद्ध विद्वानों का भी मागधी की जगह इस शब्द का प्रयोग करना आश्चर्य-जनक नहीं जान पड़ता।

उक्त प्राकृत भाषा-समूह में पालि भाषा के साथ वैदिक संस्कृत का अधिक सादृश्य देखा जाता है। इसी कारण से द्वितीय स्तर की प्राकृत भाषाओं में पालि भाषा सर्वापेक्षा प्राचीन मालूम पड़ती है।

उत्पत्ति-स्थान

पालि भाषा के उत्पत्ति-स्थान के बारे में विद्वानों का मत-भेद हैं। बौद्ध लोग इसी भाषा को मागधी कहते हैं और उनके मत से इस भाषा का उत्पत्ति-स्थान मगध देश है। परन्तु इस भाषा का मागधी प्राकृत के साथ कोई सादृश्य नहीं है। डॉ. कोनो ( Dr. Konow ) और सर ग्रियर्सन ने इस भाषा का पैशाची भाषा के साथ सादृश्य देखकर पैशाची भाषा जिस देश में प्रचलित थी उसी देश को इसका उत्पत्ति-स्थान बताया है, यद्यपि पैशाची भाषा के उत्पत्ति-स्थान के विषय में इन दोनों विद्वानों का मतैक्य नहीं है। डॉ. कोनो के मत में पैशाची भाषा का उत्पत्ति-स्थान विन्ध्याचल का दक्षिण प्रदेश है और सर ग्रियर्सन का मत यह है कि 'इसका उत्पत्ति-स्थान भारतवर्ष का उत्तर-पश्चिम प्रान्त है; वहाँ उत्पन्न होने के बाद संभव है कि कोंकण-प्रदेश-पर्यन्त इसका विस्तार हुआ हो और वहाँ इससे पाली भाषा की उत्पत्ति हुई हो।' परन्तु पालि भाषा अशोक के गुजरात-प्रदेश-स्थित गिरनार के शिलालेख के अनुरूप होने के कारण यह मगध में नहीं, किन्तु 'भारतवर्ष के पश्चिम प्रान्त में उत्पन्न हुई है और वहाँ से सिंहल देश में ले जाई गई है' यही मत विशेष संगत प्रतीत होता है, क्योंकि निम्नोक्त उदाहरणों से पालिभाषा का गिरनार-शिलालेख के साथ सादृश्य और पूर्व-प्रान्त-स्थित धौलि (खंडगिरि) शिलालेख के साथ पार्थक्य देखा जाता है—

| संस्कृत | पाली | गिरनारशिला० | धौलिशिला० |
|---|---|---|---|
| राज्ञः | राजिनो, रञ्ञो | राञो | लजिने |
| कृतम् | कतं | कतं | कटे |

इस विषय में डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी का कहना है कि "बुद्धदेव[2] के समस्त उपदेश मागधी भाषासे बाद के समय में मध्यदेश (Doab) की शौरसेनी प्राकृत में अनुवादित हुए थे और वे ही खिस्त-पूर्व प्रायः दो सौ वर्ष से पालि-भाषा के नाम से प्रसिद्ध हुए हैं।" किन्तु सच तो यह है कि पालि भाषा का शौरसेनी और मागधी की अपेक्षा पैशाची के साथ ही अधिक सादृश्य है जो निम्नोक्त उदाहरणों से स्पष्ट जाना जाता है।

| संस्कृत | पालि | पैशाची | शौरसेनी | मागधी |
|---|---|---|---|---|
| *क[3] (लोक) | क ( लोक ) | क ( लोक ) | ० ( लोअ ) | ० ( लोअ ) |
| *ग ( नग ) | ग ( नग ) | ग ( नग ) | ० ( णअ ) | ० ( णअ ) |
| *च ( शची ) | च ( सची ) | च ( सची ) | ० ( सई ) | ० ( शई ) |
| *ज ( रजत ) | ज ( रजत ) | ज ( रजत ) | ० ( रअद ) | ० ( लअद ) |
| *त ( कृत ) | त ( कत ) | त ( कत ) | द ( कद ) | ड ( कड ) |
| र ( कर ) | र ( कर ) | र ( कर ) | र ( कर ) | ल ( कल ) |

१. "लोकायतं कुतर्कं च प्राकृतं म्लेच्छभाषितम्।
न श्रोतव्यं द्विजेनैतदधो नयति तद् द्विजम्" (गरुडपुराण, पूर्वखण्ड ९८, १७)।

२. The Origin and Development of the Bengalee Language, VoL. I, page 57.

३. इन उदाहरणों में प्रथम वह अक्षर दिया गया है जिसका उस उस भाषा के नीचे दिए गए अक्षरों में परिवर्तन होता है और अक्षर के बाद ब्राकेट में उसी अक्षरवाला शब्द स्पष्टता के लिए दिया गया है।

* स्वर वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त वर्ण।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

| संस्कृत | पालि | पैशाची | शौरसेनी | मागधी |
|---|---|---|---|---|
| श ( वश ) | स ( वस ) | स ( वस ) | स ( वस ) | श ( वश ) |
| ष ( मेष ) | स ( मेस ) | स ( मेस ) | स ( मेस ) | श ( मेश ) |
| स ( सारस ) | स (सारस) | स (सारस) | स (सारस) | श (शालश) |
| न ( वचन ) | न ( वचन ) | न ( वचन ) | ण ( वग्रण ) | ण ( वग्रण ) |
| ट्ट ( पट्ट ) | ट्ट ( पट्ट ) | ट्ट ( पट्ट ) | ट्ट ( पट्ट ) | स्ट ( पस्ट ) |
| र्थ ( अर्थ ) | त्थ ( अत्थ ) | त्थ (अत्थ) | त्थ ( अत्थ ) | स्त ( अस्त ) |
| स्[1] ( वृक्षः ) | ओ (रुक्खो) | ओ (रुक्खो) | ओ (रुक्खो) | ए ( लुक्खे ) |

पालि भाषा की उत्पत्ति का समय ख्रिस्त के पूर्व षष्ठ शताब्दी कहा जाता है, किन्तु वह काल बुद्धदेव की समसामयिक कथ्य मागधी भाषा का हो सकता है। पालि कथ्य भाषा नहीं, परन्तु बौद्ध धर्म-साहित्य की भाषा है। संभवतः यह भाषा ख्रिस्त के पूर्व चतुर्थ या पञ्चम शताब्दी में पश्चिम भारत में उत्पन्न हुई थी।

उत्पत्ति-समय

इस पालि-भाषा से आधुनिक सिंहली भाषा की उत्पत्ति हुई है।

प्राकृत शब्द से साधारणतः पालि-भिन्न अन्य भाषाएँ ही समझी जाती हैं। इससे, और पालि भाषा के अनेक स्वतन्त्र कोष होने से, प्रस्तुत कोष में पालि भाषा के शब्दों को स्थान नहीं दिया गया है। इसलिए पालि भाषा की विशेष आलोचना करने की यहाँ आवश्यकता नहीं है।

## ( २ ) पैशाची

गुणाढ्य ने [2]बृहत्कथा पैशाची भाषा में लिखी थी, जो लुप्त हो गई है। इस समय पैशाची भाषा के उदाहरण प्राकृतप्रकाश, आचार्य हेमचन्द्र का प्राकृतव्याकरण, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृत-सर्वस्व और संक्षिप्तसार आदि प्राकृत-व्याकरणों में आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपाल-चरित तथा [3]काव्यानुशासन में, मोहराज-पराजय नामक नाटक में और दो-एक षड्भाषास्तोत्रों में मिलते हैं।

निदर्शन

भरत के नाट्यशास्त्र में पैशाची नाम का उल्लेख देखने में नहीं आता है, परन्तु इसके परवर्ती [4]रुद्रट, [5]केशवमिश्र आदि संस्कृत के आलंकारिकों ने इसका उल्लेख किया है। वाग्भट ने इस भाषा को [6]'भूतभाषित' के नाम से अभिहित की है।

[7]वाग्भट तथा [8]केशवमिश्र ने क्रम से भूत और पिशाच-प्रभृति पात्रों के लिए और [9]षड्भाषा-चन्द्रिकाकार ने राक्षस, पिशाच और नीच पात्रों के लिए इसका विनियोग बतलाया है।

विनियोग

---

१. पुंलिंग में प्रथमा के एक वचन का प्रत्यय।

२. आचार्य उद्द्योतन की कुवलय-माला में, दण्डी के काव्यादर्श में, बाण के हर्षचरित में, धनञ्जय के दशरूपक में, सुबन्धु की वासवदत्ता में और अन्यान्य प्राकृत-संस्कृत ग्रंथों में इसका उल्लेख पाया जाता है। क्षेमेन्द्रकृत बृहत्कथामञ्जरी और सोमदेवभट्ट-प्रणीत कथासरित्सागर इसी बृहत्कथा का संस्कृत अनुवाद है। इस बृहत्कथा के ही भिन्न-भिन्न अंशों के आधार पर बाण, श्रीहर्ष, भवभूति आदि संस्कृत के महाकवियों की कादम्बरी, रत्नावली, मालतीमाधव-प्रभृति अनेक संस्कृत ग्रंथों की रचना की गई है।

३. पृष्ठ २२६; २३३।

४. काव्यालंकार २, १२।

५. 'संस्कृतं प्राकृतं चैव पैशाची मागधी तथा' (अलङ्कार शेखर, पृष्ठ ५)।

६. 'संस्कृतं प्राकृतं तस्यापभ्रंशो भूतभाषितम्' (वाग्भटालङ्कार २, १)।

७. 'यद् भूतैरुच्यते किञ्चित् तद्भौतिकमिति स्मृतम्' (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

८. 'पैशाची तु पिशाचाद्याः प्राहुः' (अलङ्कारशेखर, पृष्ठ ५)।

९. रक्षःपिशाचनीचेषु पैशाचीद्वितयं भवेत् ॥३५॥' (षड्भाषा-चन्द्रिका, पृष्ठ ३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

षड्भाषाचन्द्रिकाकार पिशाच-देशों की भाषा को ही पैशाची कहते हैं और पिशाच-देशों के निर्देश के लिए नीचे

उत्पत्ति-स्थान

के श्लोकों को उद्धृत करते हैं :—

'[1]पाण्ड्यकेकयवाह्लीकसह्यनेपालकुन्तलाः ।
सुधेष्णभोजगान्धारहैवकन्नोजनास्तथा ।
एते पिशाचदेशाः स्युः'

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका के

'काञ्चीदेशीयपाण्ड्ये च पाञ्चालं गौड-मागधम् ।
व्राचडं दाक्षिणात्यं च शौरसेनं च कैकयम् ॥
शाबरं द्राविडं चैव एकादश पिशाचजाः ।

इस वचन को उद्धृत कर ग्यारह प्रकार की पैशाची का उल्लेख किया है; परन्तु बाद में इस मत का खण्डन करके सिद्धान्त रूप से इन तीन प्रकार की पैशाची का ग्रहण किया है; यथा—'कैकयं शौरसेनं च पाञ्चालमिति च त्रिधा पैशाच्यः' ।

लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय ने जिन प्राचीन वचनों का उल्लेख किया है उनमें पाण्ड्य, काञ्ची और कैकय आदि प्रदेश एक दूसरे से अतिदूरवर्ती प्रान्तों में अवस्थित हैं। इतने दूरवर्ती प्रदेश एकदेशीय भाषा के उत्पत्ति-स्थान कैसे हो सकते हैं? यदि पैशाची भाषा किसी प्रदेश की भाषा न हो कर भिन्न भिन्न प्रदेशों में रहनेवाली किसी जाति-विशेष की भाषा हो तो इसका संभव इस तरह हो भी सकता है कि पूर्वकाल में किसी एक देश-विशेष में रहनेवाली पिशाच-प्राय मनुष्य-जाति बाद में भिन्न-भिन्न देशों में फैलती हुई वहाँ अपनी भाषा को ले गई हो। मार्कण्डेय-निर्दिष्ट तीन प्रकार की पैशाची परस्पर संनिहित प्रदेशों की भाषा है, इससे खूब ही संभव है कि यह पहले केकय देश में उत्पन्न हुई हो और बाद में उसी के समीपस्थ शूरसेन और पञ्जाब तक फैल गई हो। मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची और पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति जो कैकय-पैशाची कही है इसका मतलब भी यही हो सकता है। सर ग्रियर्सन के मत में पिशाच-भाषा-भाषी लोगों का आदिम वास-स्थान उत्तर-पश्चिम पञ्जाब अथवा अफगानिस्थान का प्रान्त प्रदेश है और बाद में वहाँ से ही संभवतः इसका अन्य देशों में विस्तार हुआ है। किन्तु डॉ. हॉर्नलि का इस विषय में और ही मत है। उनका कहना यह है कि अनार्य जाति के लोग आर्य-जाति की भाषा का जिस विकृत रूप में उच्चारण करते थे वही पैशाची भाषा है, अर्थात् इनके मत से पैशाची भाषा न तो किसी देश-विशेष की भाषा है और न वह वास्तव में भिन्न भाषा ही है। हमें सर ग्रियर्सन का मत ही प्रामाणिक प्रतीत होता है जो मार्कण्डेय के मत के साथ अनेकांश में मिलता-जुलता है।

वररुचि ने शौरसेनी प्राकृत को ही पैशाची भाषा का मूल कहा है[2]। मार्कण्डेय ने पैशाची भाषा को कैकय, शौरसेन और पाञ्चाल इन तीन भेदों में विभक्त कर संस्कृत और शौरसेनी उभय को कैकय-पैशाची का और कैकय-पैशाची को शौरसेन-पैशाची का मूल बतलाया है। पाञ्चाल-पैशाची के मूल का उन्होंने निर्देश ही नहीं किया है, किन्तु उन्होंने इसके

प्रकृति

जो केरी (केलिः) और मंदिलं ( मन्दिरम् ) ये दो उदाहरण दिये हैं इससे मालूम होता है कि इस पाञ्चाल-पैशाची का कैकय-पैशाची से रकार और लकार के व्यत्यय के अतिरिक्त अन्य कोई भेद नहीं है, सुतरां शौरसेन-पैशाची की तरह पाञ्चाल-पैशाची की प्रकृति भी इनके मत से कैकय-पैशाची ही हो सकती है। यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि मार्कण्डेय ने शौरसेन-पैशाची के जो[3] लक्षण दिए हैं उन पर से शौरसेन-पैशाची का

१. वर्तमान मदुरा और कन्याकुमारी के आसपास के प्रदेश का नाम पाण्ड्य, पञ्चनद प्रदेश का नाम केकय, अफगानिस्थान के वर्तमान वाल्खनगरवाले प्रदेश का नाम वाह्लीक, दक्षिण भारत के पश्चिम उपकूल का नाम सह्य, नर्मदा के उत्पत्ति-स्थान के निकटवर्ती देश का नाम कुन्तल, वर्तमान काबुल और पेशावरवाले प्रदेश का नाम गान्धार, हिमालय के निम्न-वर्ती पार्वत्य प्रदेश-विशेष का नाम हैव और दक्षिण महाराष्ट्र के पार्वत्य अञ्चल का नाम कन्नोजन है।

२. "प्रकृतिः शौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश १०, २)।

३. "सस्य शः", "रस्य लो भवेत्", "चवर्गस्योपरिष्टाद् यः" "कृतादिषु कडादयः", "क्षस्य च्छं", "स्यादिकृतेः ष्टस्य स्तः", "त्तथयोः श ऊर्ध्वं स्यात्", 'अतः सोरो (?रे) तु" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १२६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शौरसेनी भाषा के साथ कोई भी संबन्ध प्रतीत नहीं होता, क्योंकि कैकय-पैशाची के साथ शौरसेन-पैशाची के जो भेद उन्होंने बतलाए हैं वे मागधी भाषा के ही अनुरूप हैं, न कि शौरसेनी के। इससे इसको शौरसेन-पैशाची न कह कर मागध-पैशाची कहना ही संगत जान पड़ता है।

प्राकृत वैयाकरणों के मत से पैशाची भाषा का मूल शौरसेनी अथवा संस्कृत भाषा है, किन्तु हम पहले यह भलीभाँति दिखा चुके हैं कि कोई भी प्रादेशिक कथ्य भाषा, संस्कृत अथवा अन्य प्रादेशिक भाषा से उत्पन्न नहीं है, परन्तु वह उसी कथ्य अथवा प्राकृत भाषा से उत्पन्न हुई है जो वैदिक युग में उस प्रदेश में प्रचलित थी। इस लिए पैशाची भाषा का भी मूल संस्कृत या शौरसेनी नहीं, किन्तु वह प्राकृत भाषा ही है जो वैदिक युग में भारतवर्ष के उत्तर-पश्चिम प्रान्त की या अफगानिस्थान के पूर्व-प्रान्त-वर्ती प्रदेश की कथ्य भाषा थी।

समय। प्रथम युग का पैशाची भाषा का कोई निदर्शन साहित्य में नहीं मिलता है। गुणाढ्य की बृहत्कथा संभवतः इसी प्रथम युग की पैशाची भाषा में रची गई थी; किन्तु वह आजकल उपलब्ध नहीं है। इस समय हम व्याकरण, नाटक और काव्य में पैशाची भाषा के जो निदर्शन पाते हैं वह मध्ययुग की पैशाची भाषा का है। मध्ययुग की यह पैशाची भाषा खिस्त की द्वितीय शताब्दी से पाँचवीं शताब्दी पर्यन्त प्रचलित थी।

लक्षण। पैशाची भाषा का शौरसेनी भाषा के साथ जिस-जिस अंश में भेद है वह सामान्य रूप से नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य सभी अंशों में वह शौरसेनी के ही समान है। इससे इसके बाकी के लक्षण शौरसेनी के प्रकरण से जाने जा सकते हैं।

### वर्ण-भेद

१. ज्ञ, न्य और ण्य के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—पञ्ञा = पञ्ञा; ज्ञान = ञ्ञान; कन्यका = कञ्ञका; अभिमन्यु = अभिमञ्ञु; पुण्य = पुञ्ञ।
२. ण और न के स्थान में न होता है; जैसे—गुण = गुन; कनक = कनक।
३. त और द की जगह त होता है; जैसे—भगवती = भगवती; शत = सत; मदन = मतन; देव = तेव।
४. लकार ळ में बदलता है; यथा—सील = सीळ; कुल = कुळ।
५. टु की जगह टु और तु होता है; जैसे—कुटुम्बक, कुटुम्बक, कुतुम्बक।
६. महाराष्ट्री के लक्षण में असंयुक्त-व्यञ्जन-परिवर्तन के १ से १३, १५ और १६ अंकवाले जो नियम बतलाए गए हैं वे शौरसेनी भाषा में लागू होते हैं, किन्तु पैशाची में नहीं; यथा—लोक = लोक; शाखा = साखा; भट = भट; मठ = मठ; गरुड = गरुड; प्रतिभास = पतिभास; कनक = कनक; शपथ = सपथ; रेफ = रेफ; शबल = सबळ; यशस् = यस; करणीय = करनीय; अंगार = इंगार; दाह = दाह।
७. यादृश आदि शब्दों का दृ परिणत होता है ति में; यथा—यादृश = यातिस; सदृश = सतिस।

### नाम-विभक्ति

१. अकारान्त शब्द की पञ्चमी का एकवचन आतो और आतु होता है; जैसे—जिनातो, जिनातु।

### आख्यात

१. शौरसेनी के दि और दे प्रत्ययों की जगह ति और ते होता है; यथा—गच्छति, गच्छते; रमति, रमते।
२. भविष्य-काल में स्सि के बदले एय्य होता है; जैसे—भविष्यति = हुवेय्य।
३. भाव और कर्म में ईअ तथा इज्ज के स्थान में इय्य होता है; यथा—पठ्यते = पठिय्यते, हसिय्यते।

### कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में कहीं तून और कहीं त्थून और द्धून होते हैं; यथा पठित्वा = पठितून; गत्वा = गन्तून; नष्ट्वा = नत्थून, नद्धून; तष्ट्वा = तत्थून, तद्धून।

---

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## (३) चूलिकापैशाची

चूलिकापैशाची भाषा के लक्षण आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में और पंडित लक्ष्मीधर ने अपनी षड्भाषाचन्द्रिका में दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र के कुमारपालचरित और काव्यानुशासन में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। इनके अतिरिक्त हम्मीरमदमर्दन नामक नाटक में और दो-एक छोटे-छोटे षड्भाषास्तोत्रों में भी इसके कुछ नमूने देखने में आते हैं।

निदर्शन

प्राकृतलक्षण, प्राकृतप्रकाश, संक्षिप्तसार और प्राकृतसर्वस्व वगैरह प्राकृत-व्याकरणों में और संस्कृत के अलंकार ग्रन्थों में चूलिकापैशाची का कोई उल्लेख नहीं है; अथ च आचार्य हेमचन्द्र ने और पं. लक्ष्मीधर ने चूलिकापैशाची के जो लक्षण दिए हैं वे चंड, वररुचि, क्रमदीश्वर और मार्कण्डेय-प्रभृति वैयाकरणों ने पैशाची भाषा के लक्षणों में ही अन्तर्गत किए हैं। इससे यह स्पष्ट जाना जाता है कि उक्त वैयाकरण-गण चूलिकापैशाची को पैशाची भाषा के अन्तर्भूत ही मानते थे, स्वतन्त्र भाषा के रूप में नहीं। आचार्य हेमचन्द्र भी अपने अभिधानचिन्तामणि नामक संस्कृत कोष-ग्रन्थ के "भाषाः षट् संस्कृतादिकाः (काण्ड २,१९९) इस वचन की "संस्कृत-प्राकृत-मागधी-शौरसेनी-पैशाच्यपभ्रंशलक्षणाः' यह व्याख्या करते हुए चूलिकापैशाची का अलग उल्लेख नहीं करते। इससे मालूम पड़ता है कि वे भी चूलिकापैशाची को पैशाची का ही एक भेद मानते हैं। हमारा भी यही मत है। इससे यहाँ पर इस विषय में पैशाची भाषा के अनन्तरोक्त विवरण से कुछ अधिक लिखने की आवश्यकता नहीं रहती। सिर्फ आचार्य हेमचन्द्र ने और उन्हीं का पूरा अनुसरण कर पं० लक्ष्मीधर ने इस भाषा के जो लक्षण दिए हैं वे नीचे उद्धृत किए जाते हैं। इनके सिवा सभी अंशों में इस भाषा का पैशाची से कोई पार्थक्य नहीं है।

पैशाची में इसका अन्तर्भाव

लक्षण

१. वर्ग के तृतीय और चतुर्थ अक्षरों के स्थान में क्रमशः प्रथम और द्वितीय होता है[1]; यथा—नगर = नकर, व्याघ्र = वक्ख, राजा = राचा, निर्भर = निच्छर, तडाग = तटाक, ढक्का = ठक्का, मदन = मतन, मधुर = मथुर, बालक = पालक, भगवती = फकवती।

२. र के स्थान में वैकल्पिक ल होता है; यथा—रुद्र = लुद्द, रुद्द।

## (४) अर्धमागधी

भगवान् महावीर अपना धर्मोपदेश अर्धमागधी भाषा में देते थे[2]। इसी उपदेश के अनुसार उनके समसामयिक गणधर श्री सुधर्मस्वामी ने अर्धमागधी भाषा में ही आचाराङ्ग-प्रभृति सूत्र-ग्रन्थों की रचना की थी[3]। ये ग्रन्थ उस समय लिखे नहीं गए थे, परन्तु शिष्य परम्परा से कण्ठ-पाठ द्वारा संरक्षित होते थे। दिगम्बर जैनों के मत से ये समस्त ग्रन्थ विलुप्त हो गए हैं, परन्तु श्वेताम्बर जैन दिगम्बरों के इस मन्तव्य से सहमत नहीं हैं। श्वेताम्बरों के मत के अनुसार ये सूत्र-ग्रन्थ महावीर-निर्वाण के बाद ९८० अर्थात् खिस्ताब्द ४५४ में वलभी (वर्तमान वळा, काठियावाड़) में श्रीदेवर्द्धिगणि क्षमाश्रमण ने वर्तमान आकार में लिपिबद्ध किए। उस समय लिखे जाने पर भी इन ग्रन्थों की भाषा प्राचीन है। इसका एक कारण यह है कि जैसे ब्राह्मणों ने कण्ठ-पाठ-द्वारा बहु-शताब्दी-पर्यन्त वेदों की रक्षा की थी वैसे ही जैन मुनियों ने भी अपनी शिष्य-परम्परा से मुख-पाठ द्वारा करीब एक हजार वर्ष तक अपने इन पवित्र ग्रन्थों को याद रखा था। दूसरा यह है कि जैन धर्म में सूत्र-पाठों के शुद्ध उच्चारण के लिए खूब जोर दिया गया है, यहाँ तक कि मात्रा या अक्षर के भी अशुद्ध या विपरीत उच्चारण करने में दोष माना गया है। तिस पर भी सूत्र-ग्रन्थों की भाषा का सूक्ष्म निरीक्षण करने से इस बात को स्वीकार करना ही पड़ेगा कि भगवान् महावीर के समय की अर्ध-

प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा अर्धमागधी

---

१. अन्य वैयाकरणों के मत से यह नियम शब्द के आदि के अक्षरों में लागू नहीं होता है (हे० प्रा० ४, ३२७)।

२. "भगवं च णं अद्धमागहीए भासाए धम्ममाइक्खइ" (समवायाङ्ग सूत्र, पत्र ६०)।
"तए णं समणे भगवं महावीरे कूणिअस्स रण्णो भिंभिसारपुत्तस्स'.....'अद्धमागहाए भासाए भासइ।......'सा वि य णं अद्धमागहा भासा तेसिं सव्वेसिं आरियमणारियाणं अप्पणो सभासाए परिणामेणं परिणमइ" (औपपातिक सूत्र)।

३. 'अत्थं भासइ अरिहा, सुत्तं गंथंति गणहरा निउणं" (आवश्यकनिर्युक्ति)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मागधी भाषा के इन ग्रन्थों में, अज्ञातभाव से ही क्यों न हो, भाषा-विषयक परिवर्तन अवश्य हुआ है। यह परिवर्तन होना असंभव भी नहीं है, क्योंकि ये सूत्र-ग्रन्थ वेदों की तरह शब्द-प्रधान नहीं, किन्तु अर्थ-प्रधान हैं। इतना ही नहीं, बल्कि ये ग्रन्थ जन-साधारण के बोध के लिये ही उस समय की कथ्य भाषा में रचे गये थे[1] और कथ्य भाषा में समय गुजरने के साथ-साथ अवश्य होनेवाले परिवर्तन का प्रभाव, कण्ठ-पाठ के रूप में स्थित इन सूत्रों की भाषा पर पड़ना, अन्ततः उस-उस समय के लोगो को समझाने के उद्देश्य से भी, आश्चर्यकर नहीं है। इसके सिवा, भाषा-परिवर्तन का यह भी एक मुख्य कारण माना जा सकता है कि भगवान् महावीर के निर्वाण से करीब दो सौ वर्ष के बाद (खिस्त-पूर्व ३१०) चन्द्रगुप्त के राजत्व-काल में मगध देश में बारह वर्षो का सुदीर्घ अकाल पड़ने पर साधु लोगों को निर्वाह के लिए समुद्र-तीर-वर्ती प्रदेश (दक्षिण देश) में जाना पड़ा था[2]। उस समय वे सूत्र-ग्रन्थों का परिशीलन न कर सकने के कारण उन्हें भूल से गए थे। इससे अकाल के बाद पाटलिपुत्र में संघ ने एकत्रित होकर जिस-जिस साधु को जिस-जिस अङ्ग-ग्रन्थ का जो-जो अंश जिस-जिस आकार में याद रह गया था, उस-उस से उस-उस अङ्ग-ग्रन्थ के उस-उस अंश को उस-उस रूप में प्राप्त कर ग्यारह अङ्ग-ग्रन्थों का संकलन किया[3]। इस घटना से जैसे अङ्ग-ग्रन्थों की भाषा के परिवर्तन का कारण समझ में आ सकता है, वैसे इन ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, मगध के पार्श्ववर्ती प्रदेशों की भाषाओं की तुलना में दूरवर्ती महाराष्ट्रप्रदेश की भाषा का जो अधिक साम्य देखा जाता है उसके कारण का भी पता चलता है। जब ऐतिहासिक प्रमाणों से यह बात सिद्ध है कि दक्षिण प्रदेश में प्राचीन काल में जैन धर्म का अच्छी तरह प्रचार और प्रभाव हुआ था तब यह अनुमान करना अयुक्त नहीं है कि उक्त दीर्घकालिक अकाल के समय साधु लोग समुद्र-तीर-वर्ती इस दक्षिण देश में ही गए थे और वहाँ उन्होंने उपदेश-द्वारा जैन धर्म का प्रचार किया था। यह कहने की कोई आवश्यकता नहीं है कि उक्त साधुओं को दक्षिण प्रदेश में उस समय जो भाषा प्रचलित थी उसका अच्छी तरह ज्ञान हो गया था, क्योंकि उसके विना उपदेश-द्वारा धर्म-प्रचार का कार्य वे कर ही नहीं सकते थे। इससे यह असंभव नहीं है कि उन साधुओं की इस नव-परिचित भाषा का प्रभाव, उनके कण्ठ-स्थित सूत्रों की भाषा पर भी पड़ा था। इसी प्रभाव को लेकर उनमें से कईएक साधु-लोग पाटलिपुत्र के उक्त संमेलन में उपस्थित हुए थे, जिससे अङ्गों के पुनः संकलन में उस प्रभाव ने न्यूनाधिक अंश में स्थान पाया था।

उक्त घटना से करीब आठ सौ वर्षों के बाद वलभी (सौराष्ट्र) और मथुरा में जैन ग्रन्थों को लिपि-बद्ध करने के लिए मुनि-संमेलन किए गए थे, क्योंकि इन सूत्र-ग्रन्थों का और उस समय तक अन्य जो जैन ग्रन्थ रचे गए थे उनका भी क्रमशः विस्मरण हो चला था और यदि वही दशा कुछ अधिक समय तक चालू रहती तो समग्र जैन शास्त्रों के लोप हो जाने का डर था जो वास्तव में सत्य था। संभवतः इस समय तक जैन साधुओं का भारतवर्ष के अनेक प्रदेशों में विस्तार हो चुका था और इन समस्त प्रदेशों से अल्पाधिक संख्या में आकर साधु लोगों ने इन संमेलनों में योग-दान किया था। भिन्न-भिन्न प्रदेशों से आगत इन मुनियों से जो ग्रन्थ अथवा ग्रन्थ के अंश जिस रूप में प्राप्त हुआ उसी रूप में वह लिपि-बद्ध किया गया। उक्त मुनियों के भिन्न-भिन्न प्रदेशों में चिर-काल तक विचरने के कारण उन प्रदेशों को भिन्न-भिन्न भाषाओं का,

---

१. "मुत्तूण दिट्ठिवायं कालियउक्कालियंगसिद्धंतं।
थीबालवायणत्थं पाययमुइयं जिणवरेहिं॥"
(आचारदिनकर में श्रीवर्धमानसूरि द्वारा उत्धृत की हुई प्राचीन गाथा)।
"बालस्त्रीमन्दमूर्खाणां नृणां चारित्रकाङ्क्षिणाम्।
अनुग्रहार्थं तत्त्वज्ञैः सिद्धान्तः प्राकृतः कृतः॥"
(हरिभद्रसूरि की दशवैकालिक टीका में और हेमचन्द्र के काव्यानुशासन में उद्धृत प्राचीन श्लोक)।

२. देखो Annual Report of Asiatic Society, Bengal, 1898 में डॉ. हॉर्नलि का लेख।

३. "इतश्च तस्मिन् दुष्काले कराले कालरात्रिवत्। निर्वाहार्थं साधुसङ्घस्तीरं नीरनिधेर्ययौ॥५५॥
अगुण्यमानं तु तदा साधूनां विस्मृतं श्रुतम्। अनभ्यसनतो नश्यत्यधीतं धीमतामपि॥५६॥
संघोऽथ पाटलीपुत्रे दुष्कालान्तेऽखिलोऽमिलत्। यदङ्गाध्ययनोद्देशाद्यासीद् यस्य तदाददे॥५७॥
ततश्चैकादशाङ्गानि श्रीसंघोऽमेलयत् तदा। दृष्टिवादनिमित्तं च तस्थौ किञ्चिद् विचिन्तयन्॥५८॥
नेपालदेशमार्गस्थं भद्रबाहुं च पूर्विणम्। ज्ञात्वा संघः समाह्वातुं ततः प्रैषीन्मुनिद्वयम्॥५९॥
(स्थविरावलीचरितं, सर्ग ९)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उच्चारणों का और विभिन्न प्राकृत भाषाओं के व्याकरणों का कुछ-न-कुछ अलक्षित प्रभाव उनके कण्ठ-स्थित धर्म-ग्रन्थों की भाषा पर भी पड़ना अनिवार्य था। यही कारण है कि अंग-ग्रन्थों में, एक ही अङ्ग-ग्रन्थ के भिन्न-भिन्न अंशों में और कहीं-कहीं तो एक ही अंग-ग्रन्थ के एक ही वाक्य में परस्पर भाषा-भेद नजर आता है। संभवतः भिन्न-भिन्न प्रदेशों की भाषाओं के प्रभाव से युक्त इसी भाषा-भेद को लक्ष्य में लेकर खिस्त की सप्तम शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि ने अपनी निशीथ-चूर्णि में अर्धमागधी भाषा का "अट्ठारसदेसीभासानिययं वा अद्धमागहं" यह वैकल्पिक लक्षण किया है। भाषा-परिवर्तन के उक्त अनेक प्रबल कारण उपस्थित होने पर भी अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी भाषा में, पाटलिपुत्र के संमेलन के बाद से, आमूल वा अधिक परिवर्तन न होकर उसके बदले जो सूक्ष्म या अल्प ही भाषा-भेद हुआ है और सैकड़ों की तादाद में उसके प्राचीन रूप अपने असल आकार में जो संरक्षित रह सके हैं उसका श्रेय सूत्रों के अशुद्ध उच्चारण आदि के लिए प्रदर्शित पाप-बन्ध के उस धार्मिक नियम को है जो संभवतः पाटलीपुत्र के संमेलन के बाद निर्मित या दृढ़ किया गया था।

यहाँ पर प्रसंग-वश इस बात का उल्लेख करना उचित प्रतीत होता है कि [1]समवायांग सूत्र में निर्दिष्ट अंग-ग्रन्थ-सम्बन्धी विषय और परिमाण का वर्तमान अङ्ग-ग्रन्थों में कहीं-कहीं जो थोड़ा-बहुत क्रमशः विसंवाद और ह्रास पाया जाता है और अङ्ग-ग्रन्थों में ही बाद के [2]उपाङ्ग-ग्रन्थों का और बाद की [3]घटनाओं का जो उल्लेख दृष्टिगोचर होता है उसका समाधान भी हमको उक्त सम्मेलनों की घटनाओं से अच्छी तरह मिल जाता है।

**अर्धमागधी और आर्ष एक हैं**

[4]समवायाङ्ग सूत्र, व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र, औपपातिक सूत्र और प्रज्ञापना सूत्र में तथा अन्यान्य प्राचीन जैन ग्रन्थों में जिस भाषा को अर्धमागधी नाम दिया गया है, [5]स्थानाङ्गसूत्र और अनुयोगद्वारसूत्र में जिस भाषा को 'ऋषिभाषिता' कहा गया है और सम्भवतः इसी 'ऋषिभाषिता' पर से [6]आचार्य हेमचन्द्र आदि ने जिस भाषा की 'आर्ष (ऋषियों की भाषा)' संज्ञा रखी है वह वस्तुतः एक ही भाषा है अर्थात् अर्धमागधी, ऋषिभाषिता और आर्ष ये तीनों एक ही भाषा के भिन्न-भिन्न नाम हैं, जिनमें पहला उसके उत्पत्ति-स्थान से और बाकी के दो उस भाषा को सर्व-प्रथम साहित्य में स्थान देनेवालों से सम्बन्ध रखते हैं। जैन सूत्रों की भाषा यही अर्ध-मागधी, ऋषिभाषिता या आर्ष है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में आर्ष प्राकृत के जो लक्षण और उदाहरण

---

१. समवायाङ्ग सूत्र, पत्र १०६ से १२५।

२. "जहा पन्नवणाए पढमए आहारुद्देसए' ( व्याख्याप्रज्ञप्ति सूत्र १, १—पत्र १६ )।

३. देखो, स्थानाङ्ग सूत्र, पत्र ४१० में वर्णित निह्नव-स्वरूप।

४. देखो, पृष्ठ १६ में दिया हुआ समवायाङ्गसूत्र और औपपातिकसूत्र का पाठ।
"देवा णं भंते! कयराए भासाए भासंति? कयरा वा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति? गोयमा! देवा णं अद्धमागहाए भासाए भासंति, सावि य णं अद्धमागहा भासा भासिज्जमाणी विसिस्सति।" ( व्याख्याप्रज्ञप्तिसूत्र ५, ४—पत्र २२१)।
"से किं तं भासारिया? भासारिया जे णं अद्धमागहाए भासाए भासंति' ( प्रज्ञापनासूत्र १—पत्र ६२)।
मगहद्धविसयभासाणिबद्धं अद्धमागहं, अट्ठारसदेसीभासाणियमं वा अद्धमागहं" ( निशीथचूर्णि )।
"आरिसवयणे सिद्धं देवाणं अद्धमागहा वाणी" ( काव्यालंकार की नमिसाधुकृतटीका २, १२)।
"सर्वार्धमागधीं सर्वभाषासु परिणामिनीम्।
सर्वेषां सर्वतो वाचं सार्वज्ञीं प्रणिदध्महे॥" ( वाग्भटकाव्यानुशासन, पृष्ठ २ )।

५. "सक्कता पागता चेव दुहा भणितीओ आहिया।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥" ( स्थानाङ्गसूत्र ७—पत्र ३९४ )।
"सक्कया पायया चेव भणिईओ होंति दोण्णि वा।
सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिआ॥" ( अनुयोगद्वारसूत्र, पत्र १३१ )।

६. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृतव्याकरण का सूत्र १, ३।
"आर्षोत्थमार्षतुल्यं च द्विविधं प्राकृतं विदुः" ( प्रेमचन्द्रतर्कवागीश द्वारा काव्यादर्शटीका १, ३३ में उद्धृत किया हुआ पद्यांश )।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

बताए हैं उनसे तथा "अत एत् सौ पुंसि मागध्याम्[1] ( हे० प्रा० ४, २८७) इस सूत्र की व्याख्या में जो "[2]यदपि "[3]पोराणमद्धमागह-भासानिययं हवइ सुत्तं[4]" इत्यादिना आर्षस्य अर्धमागधभाषानियतत्वमाम्नायि वृद्धैस्तदपि प्रायोऽस्यैव विधानात्, न वक्ष्यमाणलक्षणस्य" यह कहकर उसी के अनन्तर जो दशवैकालिक सूत्र से उद्धृत "कयरे आगच्छइ, से तारिसे जिइंदिए" यह उदाहरण दिया है उससे उक्त बात निर्विवाद सिद्ध होती है।

डॉ. जेकोबी ने प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री कहकर 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है।[5] डॉ. पिशल ने अपने सुप्रसिद्ध प्राकृत-व्याकरण में डॉ. जेकोबी की इस बात का सप्रमाण खंडन किया है और यह सिद्ध किया है कि आर्ष और अर्धमागधी इन दोनों में परस्पर भेद नहीं है, एवं प्राचीन जैन सूत्रों की—गद्य और पद्य दोनों की भाषा परम्परागत मत के अनुसार अर्धमागधी है[6]। परवर्ती काल के जैन प्राकृत ग्रन्थों की भाषा अल्पांश में अर्धमागधी की और अधिकांश में महाराष्ट्री की विशेषताओं से युक्त होने के कारण 'जैन महाराष्ट्री' कही जा सकती है; परन्तु प्राचीन जैन सूत्रों की भाषा को, जो शौरसेनी आदि भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री से अधिक साम्य रखती हुई भी, अपनी उन अनेक खासियतों से परिपूर्ण है जो महाराष्ट्र आदि किसी प्राकृत में दृष्टिगोचर नहीं होती हैं, यह ( जैन महाराष्ट्री ) नाम नहीं दिया जा सकता।

अर्धमागधी महाराष्ट्री से भिन्न है

पंडित बेचरदास अपने गुजराती प्राकृत-व्यारकण की प्रास्तावना में जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा को [7]प्राकृत ( महाराष्ट्री ) सिद्ध करने की विफल चेष्टा करते हुए डॉ. जेकोबी से भी दो कदम आगे बढ़ गए हैं, क्योंकि डॉ. जेकोबी जब इस भाषा को प्राचीन महाराष्ट्री—साहित्य-निबद्ध महाराष्ट्री से पुरातन महाराष्ट्री बताते हैं तब पंडित बेचरदास, प्राकृत भाषाओं के इतिहास जानने की तनिक भी परवाह न रखकर, अर्वाचीन महाष्ट्री से इस प्राचीन अर्धमागधी को अभिन्न सिद्ध करने जा रहे हैं! पंडित बेचरदास ने अपने सिद्धान्त के समर्थन में जो दलीलें पेश की हैं वे अधिकांश में भ्रान्त संस्कारों से उत्पन्न होने के कारण कुछ महत्त्व न रखती हुई भी कुतूहल-जनक अवश्य हैं। उन दलीलों का सारांश यह है—(१) अर्धमागधी में महाराष्ट्री से मात्र दो-चार रूपों की ही विशेषता; (२) आचार्य हेमचन्द्र का इस भाषा के लिए स्वतन्त्र व्याकरण या शौरसेनी आदि की तरह अलग-अलग सूत्र न बनाकर प्राकृत ( महाराष्ट्री ) या आर्ष प्राकृत में ही इसको अन्तर्गत करना; (३) इसमें मागधी भाषा की कतिपय विशेषताओं का अभाव; (४) निशीथचूर्णिकार के अर्धमागधी के दोनों में एक भी लक्षण की इसमें असंगति; (५) प्राचीन जैन ग्रन्थों में इस भाषा का 'प्राकृत' शब्द से निर्देश; (६) नाट्य-शास्त्र में और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट अर्धमागधी के साथ प्रस्तुत अर्धमागधी की असमानता।

---

१. मागधी भाषा में अकारान्त पुंलिंग शब्द के प्रथमा के एकवचन में 'ए' होता है।

२. इसका अर्थ यह है कि प्राचीन आचार्यों ने "पुराना सूत्र अर्धमागधी भाषा में नियत है" इत्यादि वचन-द्वारा आर्ष भाषा को जो अर्धमागधी भाषा कही है वह प्रायः मागधी भाषा के इसी एक एकारवाले विधान को लेकर, न कि आगे कहे जानेवाले मागधी भाषा के अन्य लक्षण के विधान को लेकर।

३. इसी वचन के आधार पर डॉ. हॉर्नलि का चण्ड-कृत प्राकृतलक्षण के इन्ट्रोडक्शन ( पृष्ठ १८-१९ ) में यह लिखना कि हेमचन्द्र के मत में 'पोराण' आर्ष प्राकृत का एक नाम है, भ्रम-पूर्ण है, क्योंकि यहाँ पर 'पोराण' यह सूत्र का ही विशेषण है, भाषा का नहीं।

४. आवश्यकसूत्र के पारिष्ठापनिकाप्रकरण ( दे० ला० पु० फं० पत्र ६२८ ) में यह संपूर्ण गाथा इस तरह है:—

"पुव्वावरसंजुत्तं वेरग्गकरं सतंतमविरुद्धं। पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं॥"

५. Kalpa Sutra, Sacred Books of the East, VoL. XII.

६. Grammatik der Prākrit-Sprachen, 16-17.

७. जैसे आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री भाषा के अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है वैसे पंडित बेचरदास ने भी अपने प्राकृत-व्याकरण में, जो केवल हेमाचार्य के ही प्राकृत-व्याकरण के आधार पर रचा गया है, सर्वत्र साहित्यिक महाराष्ट्री के अर्थ में ही प्राकृत शब्द का व्यवहार किया है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

प्रथम दलील के उत्तर में हमें यहाँ अधिक कहने की कोई आवश्यकता नहीं, इसी प्रकरण के अन्त में महाराष्ट्री से अर्धमागधी की विशेषताओं की जो संक्षिप्त सूची दी गई है वही पर्याप्त है। इसके अतिरिक्त डॉ बनारसीदास की 'अर्धमागधी रीडर', मुनि श्रीरत्नचन्द्रजी की 'जैन-सिद्धान्त कौमुदी' और डॉ. पिशल का 'प्राकृत-व्याकरण' मौजूद है; जिनमें क्रमशः अधिकाधिक संख्या में अर्धमागधी की विशेषताओं का संग्रह है। आचार्य हेमचन्द्र के ही प्राकृत-व्याकरण के 'आर्षम्' सूत्र से, इसकी स्पष्ट और सर्व-भेद-ग्राही व्यापक व्याख्या[1] से और जगह-जगह[2] किए हुए आर्ष के सोदाहरण उल्लेखों से दूसरी दलील की निर्मूलता सिद्ध होती है। यदि आचार्य हेमचन्द्र द्वारा ही निर्दिष्ट की हुई दो-एक विशेषताओं के कारण चूलिकापैशाची अलग भाषा मानी जा सकती है, अथवा आठ-दस विशेषताओं को लेकर शौरसेनी, मागधी और पैशाची भाषाओं को भिन्न-भिन्न भाषा स्वीकार करने में आपत्ति नहीं की जा सकती, तो कोई वजह नहीं है कि उसी वैयाकरण के द्वारा प्रकारान्तर से अथच स्पष्ट रूप से बताई हुई वैसी ही अनेक विशेषताओं के कारण आर्ष या अर्धमागधी भी भिन्न भाषा न कही जाय। तीसरी दलील की जड़ यह भ्रान्त संस्कार है कि 'वही भाषा अर्धमागधी कही जाने योग्य हो सकती है जिसमें मागधी भाषा का आधा अंश हो'। इसी भ्रान्त संस्कार के कारण चौथी दलील में उद्धृत निशीथचूर्णि के अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का सत्य और सीधा अर्थ भी उक्त पंडितजी की समझ में नहीं आया है। इस भ्रान्त संस्कार का निराकरण और निशीथचूर्णिकार द्वारा बताए हुए अर्धमागधी के प्रथम लक्षण का और उसके वास्तविक अर्थ का निर्देश इसी प्रकरण में आगे चलकर आर्धमागधी के मूल की आलोचना के समय किया जायगा, जिससे इन दोनों दलीलों के उत्तरों को यहाँ दुहराने की आवश्यकता नहीं है। पाँचवीं दलील भी प्राचीन आचार्यों के द्वारा जैन सूत्र-ग्रन्थों की भाषा के अर्थ में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द को 'महाराष्ट्री' के अर्थ में घसीटने से ही हुई है। मालूम पड़ता है, पंडितजी ने जैसे अपने व्याकरण में 'प्राकृत' शब्द को केवल महाराष्ट्री के लिए रिजर्व कर रखा है वैसे सभी प्राचीन आचार्यों के 'प्राकृत' शब्द को भी वे एकमात्र महाराष्ट्री के ही अर्थ में मुकरर किया हुआ समझ बैठे हैं[3]। परन्तु यह समझ गलत है। प्राकृत शब्द का मुख्य अर्थ है प्रादेशिक कथ्य भाषा—लोक-भाषा। प्राकृत शब्द की व्युत्पत्ति भी वास्तव में इसी अर्थ से संगति रखती है यह हम पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं। खिस्त की षष्ठ शताब्दी के आचार्य दण्डी ने अपने काव्यादर्श में—

'शौरसेनी च गौडी च लाटी चान्या च तादृशी। याति प्राकृतमित्येवं व्यवहारेषु संनिधिम्॥' (१, ३५)।

इन खुले शब्दों में यही बात कही है। इससे भी यह स्पष्ट है कि प्राकृत शब्द मुख्यतः प्रादेशिक लोक-भाषा का ही वाचक है और इससे साधारणतः सभी प्रादेशिक कथ्य भाषाओं के अर्थ में इसका प्रयोग होता आया है। दण्डी के समय तक के सभी प्राचीन ग्रंथों में इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार देखा जाता है। खुद दंडी ने भी महाराष्ट्री भाषा में प्राकृत शब्द के प्रयोग को 'प्रकृष्ट' शब्द से विशेषित करते हुए इसी बात का समर्थन किया है[4]। दण्डी के महाराष्ट्री को 'प्रकृष्ट प्राकृत' कहने के बाद ही से विशेष प्रसिद्धि होने के कारण, महाराष्ट्री के अर्थ में 'प्रकृष्ट' शब्द को छोड़ कर केवल प्राकृत शब्द का भी प्रयोग हेमचन्द्र आदि, किन्तु दण्डी के पीछे के ही विद्वानों ने, कहीं कहीं किया है। पंडितजी ने वररुचि के समय से लेकर पीछले आचार्यों का महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द का व्यवहार करने की जो बात उक्त टिप्पणी में ही लिखी है उससे प्रतीत होता है कि उन्होंने न तो वररुचि का ही व्याकरण देखा है और न उनके पीछे के आचार्यों के ही ग्रन्थों का निरीक्षण करने की कोशिश की है, क्योंकि वररुचि ने तो 'शेषं महाराष्ट्रीवत्' (प्राकृतप्रकाश १२, ३२) कहते हुए इस अर्थ में महाराष्ट्री शब्द का ही प्रयोग किया है, न कि प्राकृत शब्द का। आचार्य हेमचन्द्र ने भी कुमारपालचरित में 'पाइआहिं भासाहिं' (१, १) में बहुवचन का निर्देश कर और देशीनाममाला (१, ४) में 'विशेष' शब्दलगाकर 'प्राकृत' का प्रयोग साधारण

---

१. 'आर्षं प्राकृतं बहुलं भवति। तदपि यथास्थानं दर्शयिष्यामः। आर्षे हि सर्वे विधयो विकल्प्यन्ते' (हे० प्रा० १, ३)।

२. देखो, हेमचन्द्र-प्राकृत व्याकरण के १, ४६; १, ५७; १, ७६; १, ११८; १, ११६; १, १५१; १, १७७; १, २२८; १, २५४; २, १७; २, २१; २, ८६; २, १०१; २, १०४; २, १४६; २, १७४; ३, १६२; और ४, २८७ सूत्रों की व्याख्या।

३. 'ऊपरना बधा उल्लेखोमां वपरायेलो 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषानो सूचक छे, अनुयोगद्वारमां 'प्राकृत' शब्द प्राकृत भाषाना अर्थमां वपरायेलो छे. (पृ० १३१ स०)। वैयाकरण वररुचिना समयथी तो ए शब्द ज अर्थमां वपरातो आव्यो छे; अने ए पछीना आचार्योए पण ए शब्दने ए ज अर्थमां वापरेलो छे, माटे कोईए अहीं ए शब्दने मरडवो नहीं।' (प्राकृत-व्याकरण, प्रवेश, पृष्ठ २६ टिप्पणी)।

४. 'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः' (काव्यादर्श १, ३४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लोक-भाषा के ही अर्थ में ही किया है। आचार्य दण्डो और हेमचन्द्र ही नहीं, बल्कि खिस्त की नववीं शताब्दी के कवि राजशेखर[1], ग्यारहवीं शताब्दी के नमिसाधु[2], उन्नीसवीं शताब्दी के प्रेमचन्द्रतर्कवागीश प्रभृति[3] प्रभूत जैन और जैनेतर विद्वानों ने इसी अर्थ में प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है। इस तरह जब यह अभ्रान्त सत्य है कि प्राचीन काल से लेकर आजतक प्राकृत शब्द प्रादेशिक कथ्य भाषा के अर्थ में व्यवहृत होता आया है और इसका मुख्य और प्राचीन अर्थ साधारणतः सभी और विशेषतः कोई भी प्रादेशिक भाषा है, तब प्राचीन आचार्यों द्वारा भगवान् महावीर की उपदेश-भाषा के और उनके समसामयिक शिष्य सुधर्मस्वामि-प्रणीत जैन सूत्रों की भाषा के ही अभिप्राय में प्रयुक्त किए हुए 'प्राकृत' शब्द का 'अर्ध मगध-प्रदेश (जहाँ भगवान् महावीर और सुधर्मस्वामी का उपदेश और विचरण होना प्रसिद्ध है) की लोक-भाषा (अर्धमागधी)' इस सुसंगत अर्थ को छोड़ कर मगध से सुदूरवर्ती प्रदेश 'महराष्ट्र (जहाँ न तो भगवान् महावीर का और न सुधर्मस्वामी का ही उपदेश या विहार होना जाना गया है) की भाषा (महाराष्ट्री)' यह असंगत अर्थ लगाना, अपनी हीन विवेचना-शक्ति का परिचय देना है। इसी सिलसिले में पंडितजी ने अनुयोगद्वार सूत्र की एक अपूर्ण गाथा उद्धृत की है। यदि उक्त पंडितजी अनुयोगद्वार की गाथा के पूर्वार्ध का यहाँ पर उल्लेख करने के पहले इस गाथा के मूल स्थान को ढूँढ पाते और वे प्राकृत शब्द से जिस भाषा (महाराष्ट्री) का ग्रहण करते हैं इसके और प्राचीन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा के इतिहास को न जानते हुए भी सिर्फ उत्तरार्ध-सहित इस गाथा पर ही प्रकरण-संगति के साथ जरा गौर से विचार करने का कष्ट उठाते, तो हमारा यह विश्वास है कि वे कम से कम इस गाथा का यहाँ हवाला देने का साहस और अनुयोगद्वार के कर्त्ता पर अर्धमागधी के विस्मरण का व्यङ्ग-बाण छोड़ने की धृष्टता कदापि नहीं कर पाते। क्योंकि इस गाथा का मूल स्थान है तृतीय अंग-ग्रन्थ जिसका नाम स्थानाङ्ग-सूत्र है। इसी स्थानाङ्ग-सूत्र के सम्पूर्ण स्वर-प्रकरण को अनुयोगद्वार-सूत्र में उद्धृत किया गया है जिसमें वह गाथा भी शामिल है। वह सम्पूर्ण गाथा इस तरह है :—

"सक्कता पागता चेव दुहा भणिईओ आहिया। सरमंडलम्मि गिज्जंते पसत्था इसिभासिता॥"

इसका शब्दार्थ है—"संस्कृत और प्राकृत ये दो प्रकार की भाषाएँ कही गई हैं, गाये जाते स्वर-समूह (षड्ज-प्रभृति) में ऋषिभाषिता—आर्ष भाषा प्रशस्त है।" यहाँ पर प्रकरण है सामान्यतः गीत की भाषा का। वर्तमान समय की तरह उस समय भी सभी भाषाओं में गीत होते थे। इससे यहाँ पर इन सभी भाषाओं का निर्देश करना ही सूत्रकार को अभिप्रेत है जो उन्होंने संस्कृत—व्याकरण-संस्कार युक्त भाषा और प्राकृत—व्याकरण-संस्कार-रहित—लोक-भाषा इन दो मुख्य विभागों में किया है। इस तरह इस गाथा में पहले गीत की भाषाओं का सामान्य रूप से निर्देश कर बाद में इन भाषाओं में जो प्रशस्त है वह 'ऋषिभाषिता' इस विशेष रूप से बताई गई है। यदि यहाँ पर प्राकृत शब्द का 'प्रादेशिक लोक-भाषा' यह सामान्य अर्थ न लेकर पंडितजी के कथनानुसार 'महाराष्ट्री' यह विशेष अर्थ लिया जाय तो गीत की सभी भाषाओं का निर्देश, जो सूत्रकार को करना आवश्यक है, कैसे हो सकता है? क्या उस समय अन्य लोक-भाषाओं में गीत होते ही न थे? गीत का ठेका क्या संस्कृत और महाराष्ट्री इन दो भाषाओं को ही मिला हुआ था? यह कभी संभावित नहीं है। इसी गाथा के उत्तरार्ध के "पसत्था इसिभासिता" इस वचन से अर्धमागधी की सूचना ही नहीं, बल्कि उसका श्रेष्ठपन भी सूत्रकार ने स्पष्ट रूप में बताया है। इससे पंडितजी के उस कथन में कुछ भी सत्यांश नजर नहीं आता है, जो उनसे सूत्रकार के अर्धमागधी की अलग सूचना न करने के बारे में किया गया है।

जैसे बौद्धसूत्रों की मागधी (पालि) से नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट मागधी भिन्न है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी से नाट्य-शास्त्र की या प्राकृत व्याकरणों की अर्धमागधी भी अलग है। इससे बौद्धसूत्रों की मागधी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की मागधी से मेल न रखने के कारण जैसे महाराष्ट्री न कही जाकर मागधी कही जाती है वैसे जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा भी नाट्य-शास्त्र या प्राकृत-व्याकरणों की अर्धमागधी से समान न होने की वजह से ही महाराष्ट्री न कही जाकर अर्धमागधी ही कही जा सकती है।

---

१. 'परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो' (कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

२. 'सूरसेन्यपि प्राकृतभाषैव, तथा प्राकृतमेवापभ्रंशः' (काव्यालङ्कार-टिप्पण २, १२)।

३. 'सर्वासामेव प्राकृतभाषाणां'—(काव्यादर्श-टीका १, ३३), 'तादृशीत्यनेन देशनामोपलक्षिताः सर्वा एव भाषाः प्राकृतसंज्ञयोच्यन्त इति सूचितम्' (काव्यादर्श-टीका १, ३५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

भरत-रचित कहे जाते नाट्य-शास्त्र में जिन सात भाषाओं का उल्लेख है उनमें एक अर्धमागधी भी है।[1] इसी नाट्यशास्त्र में नाटकों के नौकर, राजपुत्र और श्रेष्ठी इन पात्रों के लिए इस भाषा का प्रयोग निर्दिष्ट किया गया है।[2] इससे नाटकों में इन पात्रों की जो भाषा है वह अर्धमागधी कही जाती है। परन्तु नाटकों की अर्धमागधी और जैन सूत्रों की अर्धमागधी में परस्पर समानता की अपेक्षा इतना अधिक भेद है कि यह एक दूसरे से अभिन्न कभी नहीं कही जा सकती। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी भाषा के लक्षण बताकर उसी प्रकरण के शेष में अर्धमागधी भाषा का यह लक्षण कहा है—"[3]शौरसेन्या अदूरत्वादियमेवार्धमागधी" अर्थात् शौरसेनी भाषा के निकट-वर्ती होने के कारण मागधी ही अर्धमागधी है। इस लक्षण के अनन्तर उन्होंने उक्त नाट्य-शास्त्र के उस वचन को उद्धृत किया है, जिसमें अर्धमागधी के प्रयोगार्ह पात्रों का निर्देश है और इसके बाद उदाहरण के तौर पर वेणीसंहार की राक्षसी की एक उक्ति का उल्लेख कर अर्धमागधी का प्रकरण खतम किया है। इससे यह स्पष्ट मालूम होता है कि भरत का अर्धमागधी-विषयक उक्त वचन और मार्कण्डेय का अर्धमागधी-विषयक उक्त लक्षण नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही रचित है; जैन सूत्रों की अर्धमागधी के साथ इसका कोई संबन्ध नहीं है। क्रमदीश्वर ने अपने प्राकृत-व्याकरण में अर्धमागधी का जो लक्षण किया है वह यह है—"[4]महाराष्ट्रीमिश्रार्धमागधी" अर्थात् महाराष्ट्री से मिश्रित मागधी भाषा ही अर्धमागधी है। जान पड़ता है, क्रमदीश्वर का यह लक्षण भी नाटकीय अर्धमागधी के लिए ही प्रयोज्य है, क्योंकि उक्त नाट्यशास्त्र में जिन पात्रों के लिए अर्धमागधी के प्रयोग का नियम बताया गया है, अनेक नाटकों में उन पात्रों की भाषा भिन्न-भिन्न है।[5] संभवतः इसी भिन्नता के कारण ही क्रमदीश्वर ने और मार्कण्डेय ने अर्धमागधी के भिन्न-भिन्न लक्षण किए हैं।

**नाटकीय अर्धमागधी जैन-सूत्रों की अर्धमागधी से भिन्न है**

जैसे हम पहले कह चुके हैं, जैन सूत्रों की अर्धमागधी में इतर भाषाओं की अपेक्षा महाराष्ट्री के लक्षण अधिक देखने में आते हैं। किन्तु यह याद रखना चाहिए कि ये लक्षण साहित्यिक महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में नहीं आये हैं। इसका कारण यह है कि जैन सूत्रों की अर्धमागधी भाषा साहित्यिक महाराष्ट्री भाषा से अधिक प्राचीन है और इससे यही (अर्धमागधी) महाराष्ट्री का मूल कही जा सकती है।[6] डॉ. हॉर्नेलि ने जैन अर्धमागधी को ही आर्ष प्राकृत कहकर इसीको परवर्ती काल में उत्पन्न नाटकीय अर्धमागधी, महाराष्ट्री और शौरसेनी भाषाओं का मूल माना है। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने प्राकृत-व्याकरण में महाराष्ट्री नाम न दे कर प्राकृत के सामान्य नाम से एक भाषा के लक्षण दिए हैं और उनके उदाहरण साधारण तौर से अर्वाचीन महाराष्ट्री-साहित्य से उद्धृत किये हैं; परन्तु जहाँ अर्धमागधी के प्राचीन जैन ग्रन्थों से उदाहरण लिए हैं वहाँ इसको आर्ष प्राकृत का विशेष नाम दिया है। इससे प्रतीत होता है कि आचार्य हेमचन्द्र ने भी एक ही भाषा के प्राचीन रूप को आर्ष प्राकृत और अर्वाचीन रूप को महाराष्ट्री मानते हुए आर्ष प्राकृत को महाराष्ट्री का मूल स्वीकार किया है।

**महाराष्ट्री से अर्धमागधी प्राचीन है**

नाटकीय अर्धमागधी में मागधी भाषा के लक्षण अधिकांश में पाये जाते हैं इससे 'मागधी से ही अर्धमागधी भाषा की उत्पत्ति हुई है और जैन सूत्रों की भाषा में मागधी के लक्षण अधिक न मिलने से वह अर्धमागधी कहलाने योग्य नहीं' यह जो भ्रान्त संस्कार कई लोगों के मन में जमा हुआ है, उसका मूल है अर्धमागधी शब्द को मागधी भाषा के अर्धांश

---

१. "मागध्यवन्तिजा प्राच्या सूरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीका दाक्षिणात्या च सप्त भाषाः प्रकीर्तिताः" (१७, ४८)।

२. "चेटानां राजपुत्राणां श्रेष्ठिनां चार्धमागधी" (भरतीय नाट्यशास्त्र, निर्णयसागरीय संस्करण, १७, ५०)।
मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में इस विषय में भरत का नाम देकर जो वचन उद्धृत किया है वह इस तरह है—"राक्षसी-श्रेष्ठिचेटानुकर्म्यादेरर्धमागधी' इति भरतः" यह पाठान्तर ज्ञात होता है।

३. प्राकृतसर्वस्व (पृष्ठ १०३)।

४. संक्षिप्तसार (पृष्ठ ३८)।

५. देखो, भास-रचित कहे जाते 'चारुदत्त' और 'स्वप्नवासदत्त' में क्रमशः चेट तथा चेटी की भाषा और शूद्रक के 'मृच्छकटिक' में चेट और श्रेष्ठी चन्दनदास की भाषा।

६. "It thus seems t[o] me very clear, that the Prākrit of Chanda is the ARSHA or ancient (Poranâ) [f]orm of the Ardhamāgadhi, Mahārāshtri and Sauraseni." (Introduction to Prākrit[a L]akshana of Chanda, Page XIX).

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

में ग्रहण करना, अर्थात् 'अर्धं मागध्याः' यह व्युत्पत्ति कर 'जिसका अर्धांश मागधी भाषा वह अर्धमागधी' ऐसा करना।

अर्धमागधी शब्द की संगत-व्युत्पत्ति

वस्तुतः अर्धमागधी शब्द की न वह व्युत्पत्ति ही सत्य है और न वह अर्थ ही। अर्धमागधी शब्द की वास्तविक व्युत्पत्ति है 'अर्धमगधस्येयम्' और इसके अनुसार इसका अर्थ है 'मगध देश के अर्धांश की जो भाषा वह अर्धमागधी'। यही बात खिस्त की सातवीं शताब्दी के ग्रन्थकार श्रीजिनदासगणि महत्तर ने निशीथचूर्णि नामक ग्रन्थ में "पोराणमद्धमागहभासानिययं हवइ सुत्तं" इस उल्लेख के 'अर्धमागध' शब्द की व्याख्या के प्रसङ्ग में इन स्पष्ट शब्दों में कही है :—"मगहद्धविसयभासानिबद्धं अद्धमागहं" अर्थात् मगध देश के अर्ध प्रदेश की भाषा में निबद्ध होने के कारण प्राचीन सूत्र 'अर्धमागध' कहा जाता है।

जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-स्थान और उसका 'महाराष्ट्री' के साथ सादृश्य का कारण

परन्तु, अर्धमागधी का मूल उत्पत्ति स्थान पश्चिम मगध अथवा मगध और शूरसेन का मध्यवर्ती प्रदेश ( अयोध्या ) होने पर भी जैन अर्धमागधी में मागधी और शौरसेनी भाषा के विशेष लक्षण देखने में नहीं आते। महाराष्ट्री के साथ ही इसका अधिक सादृश्य नजर आता है। यहाँ पर प्रश्न होता है कि इस सादृश्य का कारण क्या है? सर ग्रियर्सन ने अपने प्राकृत-भाषाओं के भौगोलिक विवरण में यह स्थिर किया है कि जैन अर्धमागधी मध्यदेश ( शूरसेन ) और मगध के मध्यवर्ती देश ( अयोध्या ) की भाषा थी एवं आधुनिक पूर्वीय हिन्दी उससे उत्पन्न हुई है। किन्तु हम देखते हैं कि अर्धमागधी के लक्षणों के साथ मागधी, शौरसेनी और आधुनिक पूर्वीय हिन्दी का कोई सम्बन्ध नहीं है, परन्तु महाराष्ट्री प्राकृत और आधुनिक मराठी भाषा के साथ उसका सादृश्य अधिक है। इसका कारण क्या? किसीने अभीतक यह ठीक-ठीक नहीं बताया है। यह सम्भव है, जैसा हम पाटलिपुत्र के सम्मेलन के प्रसंग में ऊपर कह आये हैं, चन्द्रगुप्त के राजत्वकाल में ( खिस्त-पूर्व ३१० ) बारह वर्षों के अकाल के समय जैन मुनि-संघ पाटलीपुत्र से दक्षिण की ओर गया था। उस समय वहाँ के प्राकृत के प्रभाव से अंग-ग्रन्थों की भाषा का कुछ-कुछ परिवर्तन हुआ था। यही महाराष्ट्री प्राकृत का आर्ष प्राकृत के साथ सादृश्य का कारण हो सकता है।

उत्पत्ति-समय

सर आर. जि. भाण्डारकर जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-समय खिस्तीय द्वितीय शताब्दी मानते हैं। उनके मत में कोई भी साहित्यिक प्राकृत भाषा खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी से पहले की नहीं है। शायद इसी मत का अनुसरण कर डॉ. सुनीतिकुमार चटर्जी ने अपनी Origin and Development of Bengalee Language नामक पुस्तक में ( Introduction, page 18 ) समस्त नाटकीय प्राकृत-भाषाओं का और जैन अर्धमागधी का उत्पत्ति-काल खिस्तीय तृतीय शताब्दी स्थिर किया है। परन्तु त्रिवेन्द्रम् से प्रकाशित भास-रचित कहे जाते नाटकों का निर्माण-समय अन्ततः खिस्त की दूसरी शताब्दी के बाद का न होने से और अश्वघोष-कृत बौद्ध-धर्म-विषयक नाटकों के जो कतिपय अंश डॉ. ल्युडर्स ने प्रकाशित किए हैं उनका समय खिस्त की प्रथम शताब्दी निश्चित होने से यह प्रमाणित होता है कि उस समय भी नाटकीय प्राकृत भाषाएँ प्रचलित थीं। और डॉ. ल्युडर्स ने यह स्वीकार किया है कि अश्वघोष के नाटकों में जैन अर्धमागधी भाषा के निदर्शन हैं। इससे जैन अर्धमागधी की प्राचीनता का यह भी एक विश्वस्त प्रमाण है। इसके अतिरिक्त, डॉ. जेकोबी जैन सूत्रों की भाषा और मथुरा के शिलालेखों ( खिस्तीय सन् ८३ से १७६ ) की भाषा से यह अनुमान करते हैं कि जैन अंग-ग्रन्थों की अर्धमागधी का काल खिस्त-पूर्व चतुर्थ शताब्दी का शेष भाग अथवा खिस्त-पूर्व तृतीय शताब्दी का प्रथम भाग है। हम डॉ. जेकोबी के इस अनुमान को ठीक समझते हैं जो पाटलिपुत्र के उस सम्मेलन से संगति रखता है जिसका उल्लेख हम पूर्व कर चुके हैं।

लक्षण

संस्कृत के साथ महाराष्ट्री के जो प्रधान-प्रधान भेद हैं, उनकी संक्षिप्त सूची महाराष्ट्री के प्रकरण में दी जायगी। यहाँ पर महाराष्ट्री से अर्धमागधी की जो मुख्य-मुख्य विशेषताएँ हैं उनकी संक्षिप्त सूची दी जाती है। उससे अर्ध मागधी के लक्षणों के साथ महाराष्ट्री के लक्षणों की तुलना करने पर यह अच्छी तरह ज्ञात हो सकता है कि महाराष्ट्री की अपेक्षा अर्धमागधी की वैदिक और लौकिक संस्कृत से अधिक निकटता है जो अर्धमागधी की प्राचीनता का एक श्रेष्ठ प्रमाण कहा जा सकता है।

## वर्ण-भेद

१. दो स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क के स्थान में प्रायः सर्वत्र ग और अनेक स्थलों में त और य होता है; जैसे—

ग—प्रकल्प = पगप्प; आकर = आगर; आकाश = आगास; प्रकार = पगार; श्रावक = सावग; विवर्जक = विवज्जग; निषेवक = णिसेवग; लोक = लोग; आकृति = आगइ।

त—आराधक = आराहत (ठाणंगसूत्र—पत्र ३१७), सामायिक = सामातित (ठा० ३२२), विशुद्धिक = विशुद्धित (ठा० ३२२), अधिक = अहित (ठा० ३६३), शाकुनिक = साउणित (ठा ३६३), नैषधिक = णेसज्जित (ठा० ३६७), वीरासनिक = वीरासणित (ठा० ३६७), वर्धकि = वड्ढति (ठा० ३६८), नैरयिक = नेरतित (ठा० ३६६), सीमंतक = सीमंतत (ठा० ४५८), नरकात् = नरतातो (ठा० ४५८), माडम्बिक = माडंबित (ठा० ४५६), कौटुम्बिक = कोडुंबित (ठा० ४५६), सचक्षुष्केण = सचक्खुतेणं (विपाकश्रुत—पत्र ५), कूणिक = कूणित (विपा० ५ टि), अन्तिकात् = अंतितातो (विपा० ७), राहसिकेन = रहस्सितेणं (विपा ४; १८) इत्यादि।

य—कायिक = काइय, लोक = लोय वगैरह।

२. दो स्वरों के बीच का असंयुक्त ग प्रायः कायम रहता है। कहीं-कहीं इसका त और य होता है; जैसे—आगम = आगम, आगमन = आगमण, आनुगामिक = आणुगामिय, आगमिष्यत् = आगमिस्स, जागर = जागर, अगारिन् = अगारि, भगवन् = भगवं; अतिग = अतित (ठा० ३६७); सागर = सायर।

३. दो स्वरों के बीच के असंयुक्त च और ज के स्थान में त और य उभय ही होता है। च के उदाहरण, जैसे—नाराच = णारात (ठा० ३५७), वचस् = वति (ठा० ३६८; ४५०), प्रवचन = पावतण (ठा० ४५१), कदाचित् = कयाती (विपा० १७; ३०); वाचना = वायणा, उपचार = उवयार; लोच = लोय, आचार्य = आयरिय। ज के कुछ निदर्शन ये हैं—भोजिन् = भोति (सूअ० २, ६, १०), वज्र = वतिर (ठा० ३५७), पूजा = पूता (ठा० ३५८), राजेश्वर = रातीसर (ठा० ४५६), आत्मजः = अत्तते (विपा० ४ टि), प्रजात = पयाय, कामध्वजा = कामज्झया, आत्मज = अत्तय।

४. दो स्वरों का मध्यवर्ती त प्रायः कायम रहता है कहीं-कहीं इसका य होता है; यथा—वन्दते = वंदति, नमस्यति = नमंसति, पर्युपास्ते = पज्जुवासति (सूअ २, ७; विपा—पत्र ६), जितेन्द्रिय = जितिंदिय (सूअ २, ६, ५), सतत = सतत (सूअ १, १, ४, १२), भवति = भवति (ठा०—पत्र ३१७), अंतरित = अंतरित (ठा० ३४६), धैवत = धेवत (ठा० ३६३), जाति = जाति, आकृति = आगिति, विहरति = विहरति (विपा—४), पुरतः = पुरतो, करोति = करेति (विपा० ६), ततः = तते (विपा० ६; ७; ८), संदिसतु = संदिसतु, संलपति = संलवति (विपा० ७; ८), प्रभृति = पभिति (विपा० १५; १६), करतल = करयल।

५. स्वरों के बीच में स्थित द का द और त ही अधिकांश में देखा जाता है, कहीं-कहीं य भी होता है, जैसे—

द—प्रदिशः = पदिसो (आचा), भेद = भेद, अनादिकं = अणादियं (सूअ २, ७), वदत् = वदमाण, नदति = णदति, जनपद = जणवद, वेदिष्यति = वेदिहिती (ठा०—पत्र क्रमशः ३२१, ३६३, ४५८, ४५६) इत्यादि।

त—यदा = जता, पाद = पात, निषाद = निसात, नदी = नती, मृषावाद = मुसावात, वादिक = वातित, अन्यदा = अन्नता, कदाचित् = कताती (ठा०—पत्र क्रमशः ३१७, ३४६, ३६३, ३६७, ४५०, ४५१, ४५८, ४५६); यदि = जति, चिरादिक = चिरातीत (विपा० पत्र ४) इत्यादि।

य—प्रतिच्छादन = पडिच्छायण, चतुष्पद = चउप्पय वगैरह।

६. दो स्वरों के मध्य में स्थित प के स्थान में प्रायः सर्वत्र व ही होता है; यथा—पापक = पावग, संलपति = संलवति, सोपचार = सोवयार, अतिपात = अतिवात, उपनीत = उवणीय, अध्युपपन्न = अज्झोववण्ण, उपगूढ = उवगूढ, आधिपत्य = आहेवच्च, तपक = तवय, व्यपरोपित = ववरोवित इत्यादि।

७. स्वरों के मध्यवर्ती य प्रायः कायम रहता है, अनेक स्थानों में इसका त देखा जाता है; जैसे—

य—वायव = वायव, प्रिय = पिय, निरय = निरय, इन्द्रिय = इन्दिय, गायति = गायइ प्रभृति।

त—स्यात् = सिता, सामायिक = सामातित, कायिक = कातित, पालयिष्यन्ति = पालतिस्संति, पर्याय = परितात, नायक = णातग, गायति = गातति, स्थायिन् = ठाति, शायिन् = साति, नैरयिक = नेरतित (ठा० पत्र क्रमशः ३१७, ३२२, ३२३, ३५७, ३५८, ३६३, ३६४, ३६७, ३६८, ३६६), इन्द्रिय = इन्दित (ठा० ३२२, ३५५) इत्यादि।

८. दो स्वरों के बीच के व के स्थान में व, त, और य होता है; यथा—

व—वायव = वायव, गौरव = गारव, भवति = भवति, अनुविचिन्त्य = अणुवीति (सूअ १, १, ३, १३) इत्यादि।

त—परिवार = परिताल, कवि = कति (ठा० पत्र क्रमशः ३५८, ३६३) इत्यादि।

य—परिवर्तन = परियट्टण, परिवर्तना = परियट्टणा (ठा० ३४६) वगैरह।

९. महाराष्ट्री में स्वर-मध्य-वर्ती असंयुक्त क, ग, च, ज, त, द, प, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः सर्वत्र लोप होता है और प्राकृतप्र[का]श आदि प्राकृत-व्या[क]रणों के अनुसार इन लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य कोई वर्ण नहीं होता। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती और क[र्पू]रमञ्जरी आदि नाटकों की महाराष्ट्री भाषा में भी यह लक्षण ठीक-ठीक देखने में

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आता है। आचार्य हेमचन्द्र के प्राकृत-व्याकरण के अनुसार उक्त लुप्त व्यञ्जनों के दोनों तरफ अवर्ण (अ या आ) होने पर लुप्त व्यञ्जन के स्थान में 'य्' होता है। 'गउडवहो' में यह 'य्' अधिक मात्रा में (उक्त व्यञ्जनों के पूर्व में अवर्ण-भिन्न स्वर रहने पर भी) पाया जाता है। परन्तु जैन अर्धमागधी में, जैसा हम ऊपर देख चुके हैं, प्रायः उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य अन्य व्यञ्जन होते हैं और कहीं कहीं तो वही व्यञ्जन कायम रहता है। हाँ, कहीं कहीं उक्त व्यञ्जनों के स्थान में अन्य व्यञ्जन होने या वही व्यञ्जन रहने के बदले महाराष्ट्री की तरह लोप भी देखा जाता है; किन्तु यह लोप वहाँ पर ही देखने में आता है जहाँ उक्त व्यञ्जनों के बाद अ या आ से भिन्न कोई स्वर होता है; जैसे—लोकः = लोओ, रोचित = रोइत, भोजिन् = भोइ, आतुर = आउर, आदेशि = आएसि, कायिक = काइय, आवेश = आएस वगैरह।

१०. शब्द के आदि में, मध्य में और संयोग में सर्वत्र ण की तरह न भी होता है; जैसे—नदी = नई, ज्ञातपुत्र = नायपुत्त, आरनाल = आरनाल, अनल = अनल, अनिल = अनिल, प्रज्ञा = पन्ना, अन्योन्य = अन्नमन्न, विज्ञ = विन्नु, सर्वज्ञ = सव्वन्नु इत्यादि।

११. एव के पूर्व के अम् के स्थान में आम् होता है; यथा—यामेव = जामेव, तामेव = तामेव, क्षिप्रमेव = खिप्पामेव, एवमेव = एवामेव, पूर्वमेव = पुव्वामेव इत्यादि।

१२. दीर्घ स्वर के बाद के इति वा के स्थान में ति वा और इ वा होता है; जैसे—इन्द्रमह इति वा = इंदमहे ति वा, इंदमहे इ वा इत्यादि।

१३. यथा और यावत् शब्द के य का लोप और ज दोनों ही देखे जाते हैं; जैसे—यथाख्यात = अहक्खाय, यथाजात = अहाजात, यथानामक = जहाणामए, यावत्कथा = आवकहा, यावज्जीव = जावज्जीव।

## वर्णागम

१. गद्य में भी अनेक स्थलों में समास के उत्तर शब्द के पहले म् आगम होता है; यथा—निरयंगामी, उड्ढंगारव, दीहंगारव, रहस्संगारव, गोणमाइ, सामाइयमाइयाई, अजहण्णमणुक्कोस, अदुक्खमसुहा आदि। महाराष्ट्री के पद्य में पादपूर्ति के लिए ही कहीं कहीं म् आगम देखा जाता है, गद्य में नहीं।

## शब्द-भेद

१. अर्धमागधी में ऐसे प्रचुर शब्द हैं जिनका प्रयोग महाराष्ट्री में प्रायः उपलब्ध नहीं होता; यथा—अज्झत्थिय, अज्झोववरण, अणुवीति, आघवणा, आघवेत्तग, आणापाणू, आवीकम्म, कण्हुइ, केमहालय, दुरूढ, पच्चत्थिमिल्ल, पाउकुव्वं, पुरत्थिमिल्ल, पोरेवच्च, महतिमहालिया, वक्क, विउस इत्यादि।

२. ऐसे शब्दों की संख्या भी बहुत बड़ी है जिनके रूप अर्धमागधी और महाराष्ट्री में भिन्न भिन्न प्रकार के होते हैं। उनके कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं :—

| अर्धमागधी | महाराष्ट्री | अर्धमागधी | महाराष्ट्री |
|---|---|---|---|
| अभियागम | अब्भागम | तच्च (तथ्य) | तच्छ |
| आउंटण | आउंचण | तेगिच्छा | चिइच्छा |
| आहरण | उआहरण | दुवालसंग | बारसंग |
| उप्पि | उवरिं, अवरिं | दोच्च | दुइअ |
| किया | किरिआ | नितिय | णिच्च |
| कीस, केस | केरिस | निएय | णिअअ |
| केवच्चिर | किअच्चिर | पडुप्पन्न | पच्चुप्पण्ण |
| गेहि | गिद्धि | पच्छेकम्म | पच्छाकम्म |
| चियत्त | चइअ | पाय (पात्र) | पत्त |
| छच्च | छक्क | पुढो ( पृथक् ) | पुहं, पिहं |
| जाया | जत्ता | पुरेकम्म | पुराकम्म |
| णिगण, णिगिण (नग्न) | णग्ग | पुव्वि | पुव्वं |
| णिगिणिण (नाग्न्य) | णग्गत्तण | माय (मात्र) | मत्त, मेत्त |
| तच्च (तृतीय) | तइअ | माहण | बम्हण |

६

| अर्धमागधी | महाराष्ट्री | अर्धमागधी | महाराष्ट्री |
|---|---|---|---|
| मिलक्खु, मेच्छ | मिलिच्छ | सोग्राण, सुसाण | मसाण |
| वग्गू | वाग्रा | सुमिण | सिमिण |
| वाहणा ( उपानह् ) | उवाणग्रा | सुहम, सुहुम | सण्ह |
| सहेज्ज | सहाग्र | सोहि | सुद्धि |

और, दुवालस, बारस, तेरस, अउणवीसइ, बत्तीस, पणतीस, इगयाल, तेयालीस, पणयाल, अढयाल, एगट्ठि, बावट्ठि, तेवट्ठि, छावट्ठि, अढसट्ठि, अउणत्तरि, बावत्तरि, पणणत्तरि, सत्तहत्तरि, तेयासी, छलसीइ, बाणउइ प्रभृति संख्या-शब्दों के रूप अर्धमागधी में मिलते हैं, महाराष्ट्री में वैसे नहीं।

### नाम-विभक्ति

१. अर्धमागधी में पुंलिंग अकारान्त शब्द के प्रथमा के एकवचन में प्रायः सर्वत्र ए और क्वचित् ओ होता है, किन्तु महाराष्ट्री में ओ ही होता है।

२. सप्तमी का एक वचन स्सिं होता है जब महाराष्ट्री में म्मि।

३. चतुर्थी के एक वचन में ग्राए या ग्राते होता है; जैसे—देवाए, सवणयाए, गमणाए, अट्ठाए, अहिताते, असुभाते, अखमाते (ठा० पत्र ३५८) इत्यादि महाराष्ट्री में यह नहीं है।

४. अनेक शब्दों के तृतीया के एकवचन में सा होता है; यथा—मणसा, वयसा, कायसा, जोगसा, बलसा, चक्खुसा; महाराष्ट्री में इनके स्थान में क्रमशः मणेण, वएण, काएण, जोगेण, बलेण, चक्खुणा।

५. कम्म और धम्म शब्द के तृतीया के एक वचन में पालि की तरह कम्मुणा और धम्मुणा होता है, जब कि महाराष्ट्री में कम्मेण और धम्मेण।

६. अर्धमागधी में तत् शब्द के पञ्चमी के बहुवचन में तेब्भो रूप भी देखा जाता है।

७. युष्मत् शब्द की षष्ठी का एकवचन संस्कृत की तरह तव और अस्मत् की षष्ठी का बहुवचन अस्माकं अर्धमागधी में पाया जाता है जो महाराष्ट्री में नहीं है।

### आख्यात-विभक्ति

१. अर्धमागधी में भूतकाल के बहुवचन में इंसु प्रत्यय है; जैसे—पुच्छिंसु, गच्छिंसु, आभासिंसु इत्यादि। महाराष्ट्री में यह प्रयोग लुप्त हो गया है।

### धातु-रूप

१. अर्धमागधी में ग्राइक्खइ, कुव्वइ, भुविं, होक्खती, बूया, अब्बवी, होत्था, हुत्था, पहारेत्था, ग्राघं, दुरूहइ, विगिंचए, तिवायए, अकासी, तिउट्टई, तिउट्टिज्जा, पडिसंधयाति, सारयती, घेच्छिइ, समुच्छिहिति, ग्राहंसु प्रभृति प्रभूत प्रयोगों में धातु की प्रकृति, प्रत्यय अथवा ये दोनों जिस प्रकार में पाये जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न भिन्न प्रकार के देखे जाते हैं।

### धातु-प्रत्यय

१. अर्धमागधी में त्वा प्रत्यय के रूप अनेक तरह के होते हैं :—

(क) ट्टु; जैसे—कट्टु, साहट्टु, अवहट्टु इत्यादि।

(ख) इत्ता, एत्ता, इत्ताणं और एत्ताणं; यथा—चइत्ता, विउट्टित्ता, पासित्ता, करेत्ता, पासित्ताणं, करेत्ताणं इत्यादि।

(ग) इत्तु; यथा—दुरूहित्तु, जाणित्तु, वधित्तु प्रभृति।

(घ) च्चा; जैसे—किच्चा, णच्चा, सोच्चा, भोच्चा, चेच्चा वगैरह।

(ङ) इया; यथा—परिजाणिया, दुरूहिया आदि।

(च) इनके अतिरिक्त विउक्कम्म, निसम्म, समिच्च, संखाए, अणुवीति, लद्धुं, लद्धूण, दिस्सा इत्यादि प्रयोगों में 'त्वा' के रूप भिन्न भिन्न तरह के पाये जाते हैं।

२. तुम प्रत्यय के स्थान में इत्तए या इत्तते प्रायः देखने में आता है; जैसे—करित्तए, गच्छित्तए, संभुंजितए, उवसामित्तते (विपा० १३), विहरित्तए आदि।

३. ऋकारान्त धातु के त प्रत्यय के स्थान में ड होता है; जैसे—कड, मड, अभिहड, वावड, संवुड, वियड, वित्थड प्रभृति।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

### तद्धित

१. तर प्रत्यय का तराय रूप होता है; यथा—अणिट्ठतराए, अप्पतराए, बहुतराए, कंततराए इत्यादि।
२. आउसो, आउसंतो, गोमी, वुसिमं, भगवंतो, पुरत्थिम, पच्चत्थिम, ओयंसी, दोसिणो, पोरेवच्च आदि प्रयोगों में मतुप्, और अन्य तद्धित प्रत्ययों के जैसे रूप जैन अर्धमागधी में देखे जाते हैं, महाराष्ट्री में वे भिन्न तरह के होते हैं।

महाराष्ट्री से जैन अर्धमागधी में इनके अतिरिक्त और भी अनेक सूक्ष्म भेद हैं, जिनका उल्लेख विस्तार-भय से यहाँ नहीं किया गया है।

---

## (५) जैन महाराष्ट्री

नाम-निर्देश और साहित्य

जैन सूत्र-ग्रन्थों के सिवा श्वेताम्बर जैनों के रचे हुए अन्य ग्रन्थों की प्राकृत भाषा को 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया गया है। इस भाषा में तीर्थंकर और प्राचीन मुनियों के चरित्र, कथाएँ, दर्शन, तर्क, ज्योतिष, भूगोल, स्तुति आदि विषयों का विशाल साहित्य विद्यमान है।

प्राकृत के प्राचीन वैयाकरणों ने 'जैन महाराष्ट्री' यह नाम देकर किसी भिन्न भाषा का उल्लेख नहीं किया है। किन्तु आधुनिक पाश्चात्य विद्वानों ने व्याकरण, काव्य और नाटक-ग्रन्थों में महाराष्ट्री का जो रूप देखा जाता है उससे श्वेताम्बर जैनों के ग्रन्थों की भाषा में कुछ कुछ पार्थक्य देख कर इसको 'जैन महाराष्ट्री' नाम दिया है। इस भाषा में प्राकृत-व्याकरणों में बताये हुए महाराष्ट्री भाषा के लक्षण विशेष रूप से मौजूद होने पर भी जैन अर्धमागधी का बहुत-कुछ प्रभाव देखा जाता है।

समय

जैन महाराष्ट्री के कतिपय ग्रन्थ प्राचीन हैं। यह द्वितीय स्तर के प्रथम युग के प्राकृतों में स्थान पा सकती हैं। पयन्ना-ग्रन्थ, निर्युक्तियाँ, पउमचरिअ, उपदेशमाला प्रभृति ग्रन्थ प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के उदाहरण हैं। बृहत्कल्प-भाष्य, व्यवहारसूत्र-भाष्य, विशेषावश्यक-भाष्य, निशीथचूर्णि, धर्मसंग्रहणी, समराइच्चकहा प्रभृति ग्रन्थ मध्य-युग और शेष-युग में रचित होने पर भी इनकी भाषा प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के समान हैं। दशम शताब्दी के बाद रचे गये प्रवचन-सारोद्धार, उपदेशपदटीका, सुपासनाहचरिअ, उपदेशरहस्य प्रभृति ग्रन्थों की भाषा भी प्रायः प्रथम युग की जैन महाराष्ट्री के ही अनुरूप हैं। इससे यहाँ पर यह कहना होगा कि जैन महाराष्ट्री के ये ग्रन्थ आधुनिक काल में रचित होने पर भी उसकी भाषा, संस्कृत की तरह, अतिप्राचीन काल में ही उत्पन्न हुई थी और यह भी अनुमान किया जा सकता हैं कि जैन महाराष्ट्री क्रमशः परिवर्तित होकर मध्य-युग की व्यञ्जन-लोप-बहुल महाराष्ट्री में रूपान्तरित हुई हैं।

लक्षण

अर्धमागधी के जो लक्षण पहले बताये गए हैं उनमें से अनेक इस भाषा में भी पाये जाते हैं। ऐसे लक्षणों में कुछ ये हैं :—

१. क के स्थान में अनेक स्थलों में ग।
२. लुप्त व्यञ्जनों के स्थान में य्।
३. शब्द के आदि और मध्य में भी ण की तरह न।
४. यथा और यावत् के स्थान में क्रमशः जहा और जाव की तरह अहा और आव भी।
५. समास में उत्तर पद के पूर्व में 'म्' का आगम।
६. पाय, माय, तेगिच्छग, पडुप्पराण, साहि, सुहुम, सुमिण आदि शब्दों का भी, पत्त, मेत्त, चेइच्छय आदि की तरह प्रयोग।
७. तृतीया के एकवचन में कहीं कहीं सा प्रत्यय।
८. आइक्खइ, कुव्वइ प्रभृति धातु-रूप।
९. सोचा, किचा, वंदित्तु आदि त्वा प्रत्यय के रूप।
१०. कड, वावड, संवुड, प्रभृति त-प्रत्ययान्त रूप।

---

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## (६) अशोक-लिपि

सम्राट् अशोक ने भारतवर्ष के भिन्न-भिन्न स्थानों में अपने धर्म के उपदेशों को शिलाओं में खुदवाये थे। ये सब शिलालेख उस समय में प्रचलित भिन्न-भिन्न प्रादेशिक भाषाओं में रचित हैं। भाषा-साम्य की दृष्टि से ये सब शिलालेख[१] प्रधानतः इन तीन भागों में विभक्त किये जा सकते हैं:—

(१) पंजाब के शिलालेख। इनकी भाषा संस्कृत के अनुरूप है। इनमें र का लोप नहीं देखा जाता।

(२) पूर्व भारत के शिलालेख। इनकी भाषा का मागधी के साथ सादृश्य देखने में आता है। इनमें र के स्थान में सर्वत्र ल है।

(३) पश्चिम भारत के शिलालेख। ये उज्जयिनी की उस भाषा में है जिसका पालि के साथ अधिक साम्य है।

इन तीनों प्रकार के शिलालेखों के कुछ उदाहरण नीचे दिए जाते हैं जिन पर से इनका भेद अच्छी तरह समझ में आ सकता है।

| संस्कृत | कपर्दिगिरि (पंजाब) | धौलि (उड़ीसा) | गिरनार (गुजरात) |
|---|---|---|---|
| देवानांप्रियस्य | देवानंप्रियस | देवानंपियस | देवानंपियस |
| राज्ञः | रञो | लजिने | रानो, रञो |
| वृक्षाः | — | लुखानि | वच्छा |
| शुश्रूषा | सुश्रुषा | सुसूसा | सुसुसा |
| नास्ति | नस्ति, नास्ति | नथि, नथि, नथा | नास्ति |

इन शिलालेखों का समय खिस्त-पूर्व २५० वर्ष का है।

इन शिलालेखों की भाषा की उत्पत्ति भगवान् महावीर की एवं सम्भवतः बुद्धदेव की उपदेश-भाषा से ही हुई है।[२]

---

## (७) सौरसेनी

संस्कृत-नाटकों में प्राकृत गद्यांश सामान्य रूप से सौरसेनी भाषा में लिखा गया है। अश्वघोष के नाटकों में एक

निदर्शन

तरह की सौरसेनी के उदाहरण पाये जाते हैं, जो पालि और अशोकलिपि की भाषा के अनुरूप और पिछले काल के नाटकों में प्रयुक्त सौरसेनी की अपेक्षा प्राचीन है। भास के, कालिदास के और इनके बाद के अधिक नाटकों में सौरसेनी के निदर्शन देखे जाते हैं।

वररुचि, हेमचन्द्र, क्रमदीश्वर, लक्ष्मीधर और मार्कण्डेय आदि के प्राकृत-व्याकरणों में सौरसेनी भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं।

दण्डी, रुद्रट और वाग्भट आदि संस्कृत के अलंकारिकों ने भी इस भाषा का उल्लेख किया है।

भरत के नाट्यशास्त्र में सौरसेनी भाषा का उल्लेख हैं, उन्होंने नाटक में नायिका और सखियों के लिए इस भाषा

विनियोग

का प्रयोग बताया हैं।[३]

भरत ने विदूषक की भाषा प्राच्या कही है[४], परन्तु मार्कण्डेय के व्याकरण में प्राच्या भाषा के जो लक्षण दिये गये हैं

प्राच्या भाषा सौरसेनी के अन्तर्गत

उनसे और नाटकों में प्रयुक्त विदूषक की भाषा पर से यह मालूम होता है कि सौरसेनी से इस भाषा (प्राच्या) का कुछ विशेष भेद नहीं है। इससे हमने भी प्रस्तुत कोष में उसका अलग उल्लेख न करके सौरसेनी में ही अन्तर्भाव किया है।

दिगम्बर जैनों के प्रवचनसार, द्रव्यसंग्रह प्रभृति ग्रन्थ भी एक तरह की सौरसेनी भाषा में ही रचित हैं। यह भाषा

जैन सौरसेनी

श्वेताम्बरों की अर्धमागधी और प्राकृत-व्याकरणों में निर्दिष्ट सौरसेनी के मिश्रण से बनी हुई है। इस भाषा को 'जैन सौरसेनी' नाम दिया गया है। जैन सौरसेनी मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री की अपेक्षा जैन अर्द्धमागधी से अधिक निकटता रखती है और मध्ययुग की जैन महाराष्ट्री से प्राचीन है।

---

१. हाल ही में डॉ० त्रिभुवनदास लहेरचंद ने अपने एक गुजराती लेख में अनेक प्रमाण और युक्तियों से यह सिद्ध किया है कि अशोक के शिलालेखों के नाम से प्रसिद्ध शिलालेख सम्राट् अशोक के नहीं, परन्तु जैन सम्राट् संप्रति के खुदवाये हुए हैं।

२. See Dr. A. B. Keith's Sanskrt Drama, Page 87.

३. "नायिकानां सखीनां च सूरसेनाविरोधिनी" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

४. "प्राच्या विदूषकादीनां" (नाट्यशास्त्र १७, ५१)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सौरसेनी भाषा की उत्पत्ति[1] सूरसेन देश अर्थात् मथुरा प्रदेश से हुई है।

वररुचि ने अपने व्याकरण में संस्कृत को ही सौरसेनी भाषा की प्रकृति अर्थात् मूल कहा है[2]। किन्तु यह हम पहले ही प्रमाणित कर चुके हैं कि किसी प्राकृत भाषा की उत्पत्ति संस्कृत से नहीं हुई है। सुतरां, सौरसेनी प्राकृत का मूल भी

**प्रकृति** वैदिक या लौकिक संस्कृत नहीं है। सौरसेनी और संस्कृत ये दोनों ही वैदिक युग में प्रचलित सूरसेन अथवा मध्यदेश की कथ्य प्राकृत भाषा से ही उत्पन्न हुई हैं। संस्कृत भाषा पाणिनि-प्रभृति के व्याकरण द्वारा नियन्त्रित होने के कारण परिवर्तन-हीन मृत-भाषा में परिणत हुई। वैदिक काल की सौरसेनी ने प्राकृत-व्याकरण द्वारा नियन्त्रित न होने के कारण क्रमशः परिवर्तित होते हुए पिछले समय की सौरसेनी भाषा का आकार धारण किया। पिछले समय की यह सौरसेनी भी बाद में प्राकृत-व्याकरणों के द्वारा जकड़े जाने के कारण संस्कृत की तरह परिवर्तन-शून्य होकर मृत-भाषा में परिणत हुई है।

अश्वघोष के नाटकों में जिस सौरसेनी भाषा के उदाहरण मिलते हैं वह अशोकलिपि की सम-सामयिक कही जा

**समय** सकती है। भास के नाटकों की सौरसेनी का और जैन सौरसेनी का समय सम्भवतः खिस्त की प्रथम या द्वितीय शताब्दी मालूम होता है।

महाराष्ट्री भाषा के साथ सौरसेनी भाषा का जिस-जिस अंश में भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा

**लक्षण** महाराष्ट्री भाषा के जो लक्षण उसके प्रकरण में दिये जायँगे उनमें महाराष्ट्री के साथ सौरसेनी का कोई भेद नहीं है। इन भेदों पर यह ज्ञात होता है कि अनेक स्थलों में महाराष्ट्री की अपेक्षा सौरसेनी का संस्कृत के साथ पार्थक्य कम और सादृश्य अधिक है।

### वर्ण-भेद

१. स्वर-वर्णों के मध्यवर्ती असंयुक्त त और द के स्थान में द होता है; यथा—रजत = रमद, गदा = गदा।
२. स्वरों के बीच असंयुक्त थ का ह और ध दोनों होते हैं; जैसे—नाथ = णाध, णाह।
३. र्य के स्थान में य्य और ज्ज होता है; यथा—मार्य = मय्य, मज्ज; सूर्य = सुय्य, सुज्ज।

### नाम-विभक्ति

१. पञ्चमी के एकवचन में दो और दु ये दो ही प्रत्यय होते हैं और इनके योग में पूर्व के अकार का दीर्घ होता है; यथा—जिनात् = जिणादो, जिणादु।

### आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के स्थान में दि और दे होता है; जैसे—हसदि, हसदे, रमदि, रमदे।
२. भविष्यत्काल के प्रत्यय के पूर्व में स्सि लगता है; यथा—हसिस्सिदि, करिस्सिदि।

### सन्धि

१. अन्त्य मकार के बाद इ और ए होने पर ण् का वैकल्पिक आगम होता है; यथा—युक्तम् इदम् = जुत्तं णिमं, जुत्तमिमं; एवम् एतत् = एवं णेदं, एवमेदं।

### कृदन्त

१. त्वा प्रत्यय के स्थान में इअ, दूण और त्ता होते हैं; यथा—पठित्वा = पढिअ, पढिदूण, पढित्ता।

---

१. पन्नवणासूत्र के "सोत्तियमइया (?मई य) चेदी वीयभयं सिंधुसोवीरा। महुरा य सूरसेणा पावा भंगी य मासपुरिवट्टा" (पत्र ६१)। इस पाठ पर "चेदिषु शुक्तिकावती, वीतभयं सिन्धुषु, सौवीरेषु मथुरा, सूरसेनेषु पापा, भङ्गे(? ङ्गि)षु मासपुरिवट्टा" इस तरह व्याख्या करते हुए आचार्य मलयगिरि ने सूरसेन देश की राजधानी पावा बतलाकर आजकल के बिहार प्रदेश को ही सूरसेन कहा है। नेमिचन्द्रसूरि ने अपने प्रवचनसारोद्धारनामक ग्रंथ में पन्नवणासूत्र के उक्त पाठ को अविकल रूप में उद्धृत किया है। इसकी टीका में श्रीसिद्धसेनसूरि ने आचार्य मलयगिरि की उक्त व्याख्या को 'अतिव्यवहृत' कहकर, उक्त मूल पाठ की व्याख्या इस तरह की है:—'शुक्तीमती नगरी चेदयो देशः, वीतभयं नगरं सिन्धुसौवीरा जनपदः, मथुरा नगरी सूरसेनाख्यो देशः, पापा नगरी भङ्गयो देशः, मासपुरी नगरी वर्तो देशः' (दे० ला० संस्करण, पत्र ४४६)।

२. प्राकृतप्रकाश ( १२, २ )।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## (८) मागधी

मागधी प्राकृत के सर्व-प्राचीन निदर्शन अशोक-साम्राज्य के उत्तर और पूर्व भागों के खालसी, मिरट, लौरिया ( Lauriya ), सहसराम, बराबर ( Barabar ), रामगढ़, धौलि और जौगढ़ ( Jaugadha ) प्रभृति स्थानों के अशोक-शिलालेखों में पाये जाते हैं। इसके बाद नाटकीय प्राकृतों में मागधी भाषा के उदाहरण देखे जाते हैं। नाटकीय मागधी के सर्व-प्राचीन नमूने अश्वघोष के नाटकों के खण्डित अंशों में मिलते हैं। भास के नाटकों में, कालिदास के नाटकों में और मृच्छकटिक आदि नाटकों में मागधी भाषा के उदाहरण विद्यमान हैं।

निदर्शन

वररुचि के प्राकृतप्रकाश, चण्ड के प्राकृतलक्षण, हेमचन्द्र के सिद्धहेमचन्द्र (अष्टम अध्याय), क्रमदीश्वर के संक्षिप्त-सार, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व आदि प्रायः समस्त प्राकृत-व्याकरणों में मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरण दिए गए हैं।

भरत के नाट्यशास्त्र में मागधी भाषा का उल्लेख है और उन्होंने नाटक में राजा के अन्तःपुर में रहनेवाले, सुरंग खोदनेवाले, कलवार, अश्वपालक वगैरह पात्रों के लिए और विपत्ति में नायक के लिए भी इस भाषा का प्रयोग करने को कहा है[1]। परन्तु मार्कण्डेय द्वारा अपने प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत किये हुए कोहल के "राक्षसभिक्षुक्षपणकचेटाद्या मागधीं प्राहुः" इस वचन से मालूम होता है कि भरत के कहे हुए उक्त पात्रों के अतिरिक्त भिक्षु, क्षपणक आदि अन्य लोग भी इस भाषा का व्यवहार करते थे। रुद्रट, वाग्भट, हेमचन्द्र आदि आलंकारिकों ने भी अपने-अपने अलंकार-ग्रन्थों में इस भाषा का उल्लेख किया है।

विनियोग

मगध देश ही मागधी भाषा का उत्पत्ति-स्थान है। मगध देश की सीमा के बाहर भी अशोक के शिलालेखों में जो इसके निदर्शन पाये जाते हैं उसका कारण यह है कि मागधी भाषा उस समय राज-भाषा होने के कारण मगध के बाहर भी इसका प्रचार हुआ था। सम्भवतः राज-भाषा होने के कारण ही नाटकों में सर्वत्र ही राजा के अन्तःपुर के लोगों के लिए इस भाषा का व्यवहार करने का नियम हुआ था। प्राचीन भिक्षु और क्षपणक भी मगध के ही निवासी होने से, सम्भव है, नाटकों में इनकी भाषा भी मागधी ही निर्दिष्ट की गई है।

उत्पत्ति-स्थान

वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में मागधी की प्रकृति—मूल होने का सम्मान सौरसेनी को दिया है[2]। इसीका अनुसरण कर मार्कण्डेय ने भी सौरसेनी से ही मागधी की सिद्धि कही है[3]। किन्तु मागधी और सौरसेनी आदि प्रादेशिक भाषाओं का भेद अशोक के शिलालेखों में भी देखा जाता है। इससे यह सिद्ध है कि ये सब प्रादेशिक भेद प्राचीन और समसामयिक हैं, एक प्रदेश की भाषा से दूसरे प्रदेश में उत्पन्न नहीं हुए हैं। जैसे सौरसेनी मध्यदेश में प्रचलित वैदिक युग की कथ्य भाषा से उत्पन्न हुई है वैसे मागधी ने भी उस कथ्य भाषा से जन्म-ग्रहण किया है जो वैदिककाल में मगध देश में प्रचलित थी।

प्रकृति

अशोक-शिलालेखों की और अश्वघोष के नाटकों की मागधी भाषा प्रथम युग की मागधी भाषा के निदर्शन हैं। भास के और परवर्ती काल के अन्य नाटकों की और प्राकृत-व्याकरणों की मागधी मध्य-युग की मागधी भाषा के उदाहरण हैं।

समय

शाकारी, चाण्डाली और शाबरी ये तीन भाषाएँ मागधी के ही प्रकार-भेद—रूपान्तर हैं। भरत ने शाकारी भाषा का व्यवहार शबर, शाक आदि और उसी प्रकृति के अन्य लोगों के लिए कहा है[4], किन्तु मार्कण्डेय ने राजा के साले की भाषा शाकारी बतलाई है[5]। भरत पुक्कस आदि जातियों की व्यवहार-भाषा को चाण्डाली और अंगारकार, व्याध,

---

१. "मागधी तु नरेन्द्राणामन्तःपुरनिवासिनाम्" (नाट्यशास्त्र १७, ५०)।
"सुरङ्गाखनकादीनां शुण्डकाराश्वरक्षिणाम्। व्यसने नामकानां स्यादात्मरक्षासु मागधी॥" (नाट्यशास्त्र १७, ५६)।

२. "प्रकृतिः सौरसेनी" (प्राकृतप्रकाश ११, २)।

३. "मागधी शौरसेनीतः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०१)।

४. "शबराणां शकादीनां तत्स्वभावश्च यो गणः। शकारभाषा योक्तव्या" (नाट्यशास्त्र १७, ५३)।

५. "शकारस्येयं शाकारी, शकारश्च
'राज्ञोऽनूढाभ्राता श्यालस्त्वैश्वर्यसंपन्नः।
मदमूर्खताभिमानी शकार इति दुष्कुलीनः स्यात्' इत्युक्तेः" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ १०५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

शाकारी आदि भाषाएँ मागधी के अन्तर्गत हैं

कठहार और यन्त्र-जीवी लोगों की भाषा को शाबरी कहते हैं[१]। इन तीनों भाषाओं के जो लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय के प्राकृत-व्याकरण में और नाटकों के उक्त पात्रों की भाषा में पाये जाते हैं उनमें और इतर प्राकृत-व्याकरणों की मागधी भाषा के लक्षण और उदाहरणों में तथा नाटकों के मागधी-भाषा-भाषी पात्रों की भाषा में इतना कम भेद और इतना अधिक साम्य है कि उक्त तीन भाषाओं को मागधी से अलग नहीं कही जा सकती। यही कारण है कि हमने प्रस्तुत कोष में इन भाषाओं का मागधी में ही समावेश किया है।

मृच्छकटिक के पात्र माथुर और दो द्यूतकारों की भाषा को 'ढक्की' नाम दिया गया है। यह भी मागधी भाषा का ही एक रूपान्तर प्रतीत होता है। मार्कण्डेय ने 'ढक्की' को ही 'टाक्की' नाम से निर्देश किया है, यह उनके वहाँ पर उद्धृत किये हुए एक श्लोक से ज्ञात होता है[२]। मार्कण्डेय ने पदान्त में उ, तृतीया के एकवचन में ए, पञ्चमी के बहुवचन में हुम्

ढक्की या टाक्की भाषा

आदि जो इस भाषा के लक्षण दिए हैं उनपर से इसमें अपभ्रंश का ही विशेष साम्य नजर आता है। इस लिए मार्कण्डेय ने वहाँ पर जो यह कहा है कि 'हरिश्चन्द्र इस भाषा को अपभ्रंश मानता है'[३] वह मत हमें भी संगत मालूम पड़ता है।

मागधी भाषा का सौरसेनी के साथ जो प्रधान भेद है वह नीचे दिया जाता है। इसके सिवा अन्य अंशों में मागधी

लक्षण

भाषा साधारणतः सौरसेनी के ही अनुरूप है।

## वर्ण-भेद

१. र के स्थान में सर्वत्र ल होता है[४]; यथा—नर = णल; कर = कल।
२. श, ष और स के स्थान में तालव्य श होता है; यथा—शोभन = शोहण, पुरुष = पुलिश; सारस = शालश।
३. संयुक्त ष और स के स्थान में दन्त्य सकार होता है; यथा—शुष्क = शुस्क; कष्ट = कस्ट; स्खलति = स्खलदि; बृहस्पति = बुहस्पदि।
४. ट्ट और ष्ठ के स्थान में स्ट होता है; यथा—पट्ट = पस्ट; सुष्ठु = शुस्टु।
५. स्थ और र्थ की जगह स्त होता है; जैसे—उपस्थित = उवस्तिद; सार्थ = शस्त।
६. ज, द्य और य के बदले य होता है; यथा—जानाति = याणदि, दुर्जन = दुय्यण; मद्य = मय्य, अद्य = अय्य; याति = यादि, यम = यम।
७. न्य, ण्य, ज्ञ और ञ्ज के स्थान में ञ्ञ होता है; यथा—अन्य = अञ्ञ; पुण्य = पुञ्ञ; प्रज्ञा = पञ्ञा; अञ्जलि = अञ्ञलि।
८. अनादि छ के स्थान में श्च होता है; यथा—गच्छ = गश्च, पिच्छिल = पिश्चिल।
९. क्ष की जगह स्क होता है[५]; जैसे—राक्षस = लस्कश, यक्ष = यस्क।

## नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग-शब्द के प्रथमा के एकवचन में ए होता है; यथा—जिनः = यिणे, पुरुषः = पुलिशे।
२. अकारान्त शब्द के षष्ठी का एकवचन स्स और आह होता है; यथा—जिनस्य = यिणस्स, यिणाह।
३. अकारान्त शब्द के षष्ठी के बहुवचन में आण और आहँ ये दोनों होते हैं; जैसे—जिनानाम् = यिणाण, यिणाहँ।
४. अस्मत् शब्द के एकवचन और बहुवचन का रूप हगे होता है।

---

१. "चाण्डाली पुक्कसादिषु। अंगारकरव्याधानां काष्ठयन्त्रोपजीविनाम्। योज्या शबरभाषा तु" (नाट्यशास्त्र १७, ५३-४)।

२. "प्रयुज्यते नाटकादौ द्यूतादिव्यवहारिभिः।
वणिग्भिर्हीनदेहैश्च तदाहुष्टक्कभाषितम्" (प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ ११०)।

३. "हरिश्चन्द्रस्त्विमां भाषामपभ्रंश इतीच्छति" (प्राकृतस० पृष्ठ ११०)।

४. मार्कण्डेय यह नियम वैकल्पिक मानते हैं; "रस्य लो वा भवेत्" (प्राकृतस० पृष्ठ १०१)।

५. हेमचन्द्र-प्राकृत-व्याकरण के अनुसार 'क्ष' की जगह जिह्वामूलीय '⌤क' होता है; देखो हे० प्रा० ४, २९६।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## ( ९ ) महाराष्ट्री

प्राकृत काव्य और गीति की भाषा महाराष्ट्री कही जाती है। सेतुबन्ध, गाथासप्तशती, गउडवहो, कुमारपालचरित प्रभृति ग्रन्थों में इस भाषा के निदर्शन पाये जाते हैं। गाथा (गीति-साहित्य) में महाराष्ट्री प्राकृत ने इतनी प्रसिद्धि प्राप्त की थी कि बाद के नाटकों में गद्य में सौरसेनी बोलनेवाले पात्रों के लिए संगीत या पद्य में महाराष्ट्री भाषा का व्यवहार करने का रिवाज सा बन गया था। यही कारण है कि कालिदास से लेकर उसके बाद के सभी नाटकों में पद्य में प्रायः महाराष्ट्री भाषा का ही व्यवहार देखा जाता है।

निदर्शन

चंड ने अपने प्राकृतलक्षण में 'महाराष्ट्री' इस नाम का उल्लेख और इसके विशेष लक्षण न देकर भी आर्ष-प्राकृत अथवा अर्धमागधी के और जैन महाराष्ट्री के लक्षणों के साथ साधारण भाव से इसके लक्षण दिए हैं। वररुचि ने अपने प्राकृत-व्याकरण में इस भाषा के '[1]महाराष्ट्री' नाम का उल्लेख किया है और इसके विशेष लक्षण और उदाहरण दिए हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में 'महाराष्ट्री' नाम का निर्देश न कर 'प्राकृत' इस साधारण नाम से महाराष्ट्री के ही लक्षण और उदाहरण बताए हैं। क्रमदीश्वर का संक्षिप्तसार, त्रिविक्रम की प्राकृतव्याकरणसूत्रवृत्ति, लक्ष्मीधर की षड्भाषाचन्द्रिका और मार्कण्डेय का प्राकृतसर्वस्व प्रभृति प्राकृत-व्याकरणों में इस भाषा के लक्षण और उदाहरण पाये जाते हैं। चंड-भिन्न सभी प्राकृत वैयाकरणों ने महाराष्ट्री का मुख्य रूप से विवरण दिया है और सौरसेनी, मागधी प्रभृति भाषाओं के महाराष्ट्री के साथ जो भेद हैं वे ही बतलाए हैं।

संस्कृत के अलंकार-शास्त्रों में भी भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाओं का उल्लेख मिलता है। भरत के नाट्य-शास्त्र में 'दाक्षिणात्या' भाषा का निर्देश है, किन्तु इसके विशेष लक्षण नहीं दिए गए हैं। संभवतः वह महाराष्ट्री भाषा ही हो सकती है, क्योंकि भरत ने महाराष्ट्री का अलग उल्लेख नहीं किया है। परन्तु मार्कण्डेय के प्राकृतसर्वस्व में उद्धृत प्राकृतचन्द्रिका के [2]वचन में और प्राकृतसर्वस्व के खुद मार्कण्डेय के [3]वचन में महाराष्ट्री और दाक्षिणात्या का भिन्न-भिन्न भाषा के रूप में उल्लेख किया गया है। दण्डी के काव्यादर्श के

'महाराष्ट्राश्रयां भाषां प्रकृष्टं प्राकृतं विदुः।
सागरः सूक्तिरत्नानां सेतुबन्धादि यन्मयम् ॥" (१, ३४)।

इस श्लोक में महाराष्ट्री भाषा का और उसकी उत्कृष्टता का स्पष्ट उल्लेख है। दण्डी के समय में महाराष्ट्री प्राकृत का इतना उत्कर्ष हुआ था कि इसके परवर्ती अनेक ग्रन्थकारों ने केवल इस महाराष्ट्री के ही अर्थ में उस प्राकृत शब्द का प्रयोग किया है जो सामान्यतः सर्व प्रादेशिक भाषाओं का वाचक है। रुद्रट का काव्यालंकार, वाग्भटालंकार, पाइअलच्छी-नाममाला, हेमचन्द्र का प्राकृत-व्याकरण प्रभृति ग्रन्थों में महाराष्ट्री के ही अर्थ में प्राकृत शब्द व्यवहृत हुआ है। अलंकार-शास्त्र-भिन्न पाइअलच्छीनाममाला और देशीनाममाला इन कोष-ग्रन्थों में भी महाराष्ट्री के उदाहरण हैं।

डॉ. हॉर्नलि के मत में महाराष्ट्री भाषा महाराष्ट्र देश में उत्पन्न नहीं हुई है। वे मानते हैं कि महाराष्ट्री का अर्थ 'विशाल राष्ट्र की भाषा' है और राजपूताना तथा मध्यदेश प्रभृति इसी विशाल राष्ट्र के अन्तर्गत हैं, इसीसे 'महाराष्ट्री' मुख्य प्राकृत कही गई है। किन्तु दण्डी ने इस भाषा को महाराष्ट्र देश की ही भाषा कही है। सर ग्रियर्सन के मत में महाराष्ट्री प्राकृत से ही आधुनिक मराठी भाषा उत्पन्न हुई है। इससे महाराष्ट्री प्राकृत का उत्पत्ति-स्थान महाराष्ट्र देश ही है यह बात निःसन्देह कही जा सकती है।

उत्पत्ति-स्थान

आचार्य हेमचन्द्र ने अपने व्याकरण में महाराष्ट्र को ही 'प्राकृत' नाम दिया है और इसकी प्रकृति संस्कृत कही है। इसी तरह चण्ड, लक्ष्मीधर, मार्कण्डेय आदि वैयाकरणों ने साधारण रूप से सभी प्राकृत भाषाओं का मूल (प्रकृति) संस्कृत बताया है। किन्तु हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर आए हैं कि कोई भी प्राकृत भाषा संस्कृत से उत्पन्न नहीं हुई है, बल्कि वैदिक काल में भिन्न-भिन्न प्रदेशों में प्रचलित आर्यों की कथ्य भाषाओं

प्रकृति

---

१. "शेषं महाराष्ट्रीवत्" (प्राकृतप्रकाश १२, ३२)।

२. "महाराष्ट्री तथावन्ती सौरसेन्यर्धमागधी। वाह्लीकी मागधी प्राच्येत्यष्टौ ता दाक्षिणात्यया ॥" (प्रा० स० पृष्ठ २)।

३. देखो प्राकृतसर्वस्व, पृष्ठ २ और १०४।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

से ही सभी प्राकृत भाषाओं की उत्पत्ति हुई है, सुतरां महाराष्ट्री भाषा की उत्पत्ति प्राचीन काल के महाराष्ट्र-निवासी आर्यों की कथ्य भाषा से हुई है।

समय

कौन समय आर्यों ने महाराष्ट्र में सर्व-प्रथम निवास किया था, इस बात का निर्णय करना कठिन है, परन्तु अशोक के पहले प्राकृत भाषा महाराष्ट्र देश में प्रचलित थी, इस विषय में किसीका मत-भेद नहीं है। उस समय महाराष्ट्र देश में प्रचलित प्राकृत से क्रमशः काव्यीय और नाटकीय महाराष्ट्री भाषा उत्पन्न हुई है। प्राकृतप्रकाश का कर्ता वररुचि यदि वृत्तिकार कात्यायन से अभिन्न व्यक्ति हो तो यह स्वीकार करना होगा कि महाराष्ट्री ने अन्ततः ख्रिस्त-पूर्व दो सौ वर्ष के पहले ही साहित्य में स्थान पाया था। लेकिन महाराष्ट्री भाषा के तद्भव शब्दों में व्यञ्जन वर्णों के लोप की बहुलता देखने से यह विश्वास नहीं होता कि यह भाषा उतनी प्राचीन है। वररुचि का व्याकरण संभवतः ख्रिस्त के बाद ही रचा गया है। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में महाराष्ट्री प्राकृत के प्रभाव का हमने पहले उल्लेख किया है। महाराष्ट्री भाषा में रचित जो सब साहित्य इस समय पाया जाता है उसमें ख्रिस्त के बाद की महाराष्ट्री के ही निदर्शन देखे जाते हैं। प्राचीन महाराष्ट्री का कोई साहित्य उपलब्ध नहीं है। प्राचीन महाराष्ट्री में बाद की महाराष्ट्री की तरह व्यञ्जन-वर्ण-लोप की अधिकता नहीं थी, इस बात के कुछ निदर्शन चण्ड के व्याकरण में मिलते हैं। जैन अर्धमागधी और जैन महाराष्ट्री में प्राचीन महाराष्ट्री भाषा का सादृश्य रक्षित है।

आवन्ती और वाह्लीकी महाराष्ट्री के अन्तर्गत है

भरत ने नाट्यशास्त्र में आवन्ती और वाह्लीकी भाषा का उल्लेख कर नाटकों में धूर्त पात्रों के लिए आवन्ती का और द्यूतकारों के लिए वाह्लीकी का प्रयोग कहा है। मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में 'आवन्ती स्यान्महाराष्ट्रीशौरसेन्योस्तु संकरात्' और 'आवन्त्यामेव वाह्लीकी किन्तु रस्यात्र लो भवेत्' यह कह कर इनका संक्षिप्त लक्षण-निर्देश किया है। मार्कण्डेय ने आवन्ती भाषा के जो त्वा के स्थान में तूण और भविष्यत् काल के प्रत्यय के स्थान में ज्ज और ज्जा प्रभृति लक्षण बतलाए हैं वे महाराष्ट्री के साथ साधारण हैं। उनके दिए हुए किराद, वेदस, पेच्छदि प्रभृति उदाहरणों में जो तकार के स्थान में दकार है वहाँ शौरसेनी के साथ इसका (आवन्ती का) सादृश्य है परन्तु वह भी सर्वत्र नहीं है, जैसे उनके दिए हुए होइ, सुव्वइ, लिजइ, भणए आदि उदाहरणों में। इसी तरह वाह्लीकी में जो र का ल होता है वही एकमात्र मागधी का सादृश्य है। इसके सिवा सभी अंशों में यह भी आवन्ती की तरह महाराष्ट्री के ही सादृश है। सुतरां, ये दोनों भाषाएँ महाराष्ट्री के ही अन्तर्गत कही जा सकती है। इससे हमने भी इनका इस कोष में अलग निर्देश नहीं किया है।

लक्षण

संस्कृत भाषा के साथ महाराष्ट्री भाषा के वे भेद नीचे दिए जाते हैं जो महाराष्ट्री और संस्कृत के साथ अन्य प्राकृत भाषाओं के सादृश्य और पार्थक्य की तुलना के लिए भी अधिक उपयुक्त हैं।

### स्वर

१. अनेक जगह भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; जैसे—समृद्धि = सामिद्धि, ईषत् = ईसि, हर = हीर, ध्वनि = झुणि, शय्या = सेज्जा, पद्म = पोम्म; यथा = जह सदा = सइ, स्त्यान = थीण, सास्ना = सुण्हा, आसार = ऊसार, ग्राह्य = गेज्झ, आली = ओली; इति = इअ, पथिन् = पह, जिह्वा = जीहा, द्विवचन = दुवअण, पिण्ड = पेंड, द्विधाकृत = दोहाइअ; हरीतकी = हरडई, कश्मीर = कम्हार, पानीय = पाणिअ, जीर्ण = जुण्ण, हीन = हूण, पीयूष = पेऊस; मुकुल = मउल, भ्रुकुटि = भिउडि, क्षुत = छीअ, मुसल = मूसल, तुण्ड = तोंड; सूक्ष्म = सण्ह, उद्व्यूढ = उव्वीढ, वातूल = वाउल, नूपुर = णेउर, तूणीर = तोणीर; वेदना = विअणा, स्तेन = थूण; मनोहर = मणहर, गो = गउ, गाअ; सोच्छ्वास = सूसास।
२. महाराष्ट्री में ऋ, ॠ, ऌ, ॡ ये स्वर सर्वथा लुप्त हो गये हैं।
३. ऋ के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर एवं रि होता है; यथा—तृण = तण, मृदुक = माउक्क, कृपा = किवा, मातृ = माइ, माउ; वृत्तान्त = वुत्तंत, मृषा = मुसा, मूसा, मोसा; वृन्त = विंट, वेंट, वोंट; ऋतु = उउ, रिउ; ऋद्धि = रिद्धि, ऋक्ष = रिच्छ; सदृश = सरिस, दृप्त = दरिअ।
४. ऌ के स्थान में इलि होता है; जैसे—क्लृप्त = किलित्त, क्लृन्न = किलिण्ण।
५. ऐ का प्रयोग भी प्रायः महाराष्ट्री में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ए और विशेषतः अइ होता है, यथा—शैल = सेल, ऐरावण = एरावण, वैद्य = वेज्ज, वैधव्य = वेहव्व; सैन्य = सेण्ण, सइण्ण; कैलाश = केलास, कइलास; दैव = देव्व, दइव; ऐश्वर्य = अइसरिअ, दैन्य = दइण्ण।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

६. ओ का व्यवहार भी[1] प्रायः महाराष्ट्र में नहीं है। उसके स्थान में सामान्यतः ओ और विशेष स्थलों में उ या अउ होता है; यथा—कौमुदी = कोमुई, यौवन = जोव्वण, दौवारिक = दुवारिअ, पौलोमी = पुलोमी; कौरव = कउरव, गौड = गउड, सौध = सउह।

## असंयुक्त व्यञ्जन

१. स्वरों के मध्यवर्ती क, ग, च, ज, त, द, य, व इन व्यञ्जनों का प्रायः लोप होता है; जैसे क्रमशः—लोक = लोअ, नग = णअ, शची = सई, रजत = रअअ, यती = जई, गदा = गआ, वियोग = विओअ, लावण्य = लाअण्ण।

२. स्वरों के बीच के ख, घ, थ, ध और भ के स्थान में ह होता है; यथा क्रमशः—शाखा = साहा, श्लाघते = लाहइ, नाथ = णाह, साधु = साहु, सभा = सहा।

३. स्वरों के बीच के ट का ड होता है; यथा—भट = भड, घट = घड।

४. स्वरों के बीच के ठ का ढ होता है; जैसे—मठ = मढ, पठति = पढइ।

५. स्वरों के बीच के ड का ल प्रायः होता है; यथा—गरुड = गरुल, तडाग = तलाअ।

६. स्वरों के बीच के त का अनेक स्थल में ड होता है, यथा—प्रतिभासस = पडिहास, प्रभृति = पहुडि, व्यापृत = वावड, पताका = पडाआ।

७. न के स्थान में सर्वत्र ण होता है; यथा—कनक = कणअ, वचन = वअण, नर = णर, नदी = णई, अन्य = अण्ण, दैन्य = दइण्ण[2]।

८. दो स्वरों के मध्यवर्ती प का कहीं-कहीं व और कहीं-कहीं लोप होता है; यथा—शपथ = सवह, शाप = साव, उपसर्ग = उवसग्ग, रिपु = रिउ, कपि = कइ।

९. स्वरों के बीच के फ के स्थान में कहीं-कहीं भ, कहीं-कहीं ह और कहीं-कहीं ये दोनों होते हैं; यथा—रेफ = रेभ, शिफा = सिभा, मुक्ताफल = मुत्ताहल, सफल = सभल, सहल, शेफालिका = सेभालिआ, सेहालिआ।

१०. स्वरों के मध्यवर्ती ब का व होता है; जैसे—अलाबू = अलावू, सबल = सवल।

११. आदि के य का ज होता है; यथा—यम = जम, यशस् = जस, याति = जाइ।

१२. कृदन्त के अनीय और य प्रत्यय के य का ज्ज होता है; जैसे—करणीय = करणिज्ज, पेय = पेज्ज।

१३. अनेक जगह र का ल होता है; यथा—हरिद्रा = हलिद्दा, दरिद्र = दलिद्द, युधिष्ठिर = जहुट्ठिल, अंगार = इंगाल।

१४. श और ष का सर्वत्र स होता है; यथा—शब्द = सद्द, विश्राम = वीसाम, पुरुष = पुरिस, सस्य = सास, शेष = सेस।

१५. अनेक जगह ह का घ होता है; यथा—दाह = दाघ, सिंह = सिंघ, संहार = संघार।

१६. कहीं-कहीं श, ष और स का छ होता है; जैसे—शाव = छाव, षष्ठ = छट्ठ, सुधा = छुहा।

१७. अनेक शब्दों में स्वर-सहित व्यञ्जन का लोप होता है; यथा—राजकुल = राउल, आगत = आअ, कालायस = कालास, हृदय = हिअ, पादपतन = पावडण, यावत् = जा, त्रयोदश = तेरह, स्थविर = थेर, बदर = बोर, कदल = केल, कर्णिकार = कण्णेर, चतुर्दश = चोद्दह, मयूख = मोह।

## संयुक्त व्यञ्जन

१. क्ष के स्थान में प्रायः ख और कहीं-कहीं छ और झ होता है; जैसे—क्षय = खय, लक्षण = लक्खण, अक्षि = अच्छि, क्षीण = छीण, झीण।

२. त्व, थ्व, द्व और ध्व के स्थान में कहीं-कहीं क्रमशः च, छ, ज और झ होता है; यथा—ज्ञात्वा = णच्चा, पृथ्वी = पिच्छी, विद्वान् = विज्जं, बुद्ध्वा = बुज्झा।

३. ह्रस्व स्वर के परवर्ती थ्य, श्च, त्स और प्स के स्थान में छ होता है; जैसे—पथ्य = पच्छ, पश्चात् = पच्छा, उत्साह = उच्छाह, अप्सरा = अच्छरा।

---

१. संस्कृत के 'अयि' शब्द का महाराष्ट्री में 'ऐ' होता है। इसके सिवा किसी किसी के मत में 'ऐ' तथा 'औ' का भी प्रयोग होता है; जैसे—कैतव = कैअव, कौरव = कौरव (हे० प्रा० १, १)।

२. वररुचि के प्राकृत-व्याकरण के 'नो णः सर्वत्र' (२, ४२) सूत्र के अनुसार सर्वत्र 'न' का 'ण' होता है। सेतुबन्ध और गाथा-सप्तशती में इसी तरह सार्वत्रिक 'ण' पाया जाता है। हेमचन्द्र आदि कई प्राकृत वैयाकरणों के मत से शब्द के आदि के 'न' का विकल्प से 'ण' होता है; यथा—नदी = णई, नई; नर = णर, नर। गउडवहो में णकार का वैकल्पिक प्रयोग देखा जाता है।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

४. द्य, य्य और र्य का ज होता है; यथा—मद्य = मज्ज, जय्य = जज्ज, कार्य = कज्ज।
५. ध्य और ह्य का झ होता है; यथा—ध्यान = झाण, साध्य = सज्झ, गुह्य = गुज्झ, सह्य = सज्झ।
६. र्त का प्रायः ट होता है; जैसे—नर्तकी = णट्टई, कैवर्त = केवट्ट।
७. ष्ट के स्थान में ठ होता है; यथा—मुष्टि = मुट्ठि, पुष्ट = पुट्ठ, काष्ठ = कट्ठ, इष्ट = इट्ठ।
८. म्न का ण होता है; यथा—निम्न = णिण्ण, प्रद्युम्न = पज्जुण्ण।
९. ज्ञ का ण और ज होता है; जैसे—ज्ञान = णाण, जाण; प्रज्ञा = पण्णा, पज्जा।
१०. स्त का थ होता है; जैसे—हस्त = हत्थ, स्तोत्र = थोत्त, स्तोक = थोव।
११. ड्म और क्म का प होता है; यथा—कुड्मल = कुंपल, रुक्मिणी = रुप्पिणी।
१२. ष्प और स्प का फ होता है; यथा—पुष्प = पुप्फ, स्पन्दन = फंदण।
१३. ह्व का भ होता है, यथा—जिह्वा = जिब्भा, विह्वल = विब्भल।
१४. न्म और ग्म का म होता है; जैसे—जन्मन् = जम्म, मन्मथ = मम्मह, युग्म = जुम्म, तिग्म = तिम्म।
१५. श्म, ष्म, स्म और ह्म का म्ह होता है; यथा—काश्मीर = कम्हार, ग्रीष्म = गिम्ह, विस्मय = विम्हअ, ब्राह्मण = बम्हण।
१६. श्न, ष्ण, स्न, ह्न, ह्ण और क्ष्ण के स्थान में ण्ह होता है; यथा—प्रश्न = पण्ह, उष्ण = उण्ह, स्नान = ण्हाण, वह्नि = वण्हि, पूर्वाह्ण = पुव्वण्ह, तीक्ष्ण = तिण्ह।
१७. ह्ल का ल्ह होता है; यथा—प्रह्लाद = पल्हाअ, कह्लार = कल्हार।
१८. संयोग में पूर्ववर्ती क, ग, ट, ड, त, द, प, श, ष और स का लोप होता है, जैसे—भुक्त = भुत्त, मुग्ध = मुद्ध, षट्पद = छप्पअ, खड्ग = खग्ग, उत्पल = उप्पल, मुद्गर = मुग्गर, सुप्त = सुत्त, निश्चल = णिच्चल, निष्ठुर = णिट्ठुर, स्खलित = खलिअ।
१९. संयोग में परवर्ती म, न और य का लोप होता है; यथा—स्मर = सर, लग्न = लग्ग, व्याध = वाह।
२०. संयोग में पूर्ववर्ती और परवर्ती सभी ल, व और र का लोप होता है; यथा—उल्का = उक्का, विक्लव = विक्कव, शब्द = सद्द, पक्व = पक्क, अर्क = अक्क, चक्र = चक्क।
२१. संयुक्त अक्षरों के स्थान में जो-जो आदेश ऊपर कहा है उसका और संयुक्त व्यञ्जन के लोप होने पर जो-जो व्यञ्जन बाकी रहता है उसका, यदि वह शब्द के आदि में न हो तो, द्वित्व होता है; जैसे—ज्ञात्वा = णच्चा, मद्य = मज्ज, भुक्त = भुत्त, उल्का = उक्का। परन्तु वह आदेश अथवा शेष व्यञ्जन यदि वर्ग का द्वितीय अथवा चतुर्थ अक्षर हो तो द्वित्व न होकर उसके पूर्व में आदेश अथवा शेष व्यञ्जन के अनन्तर-पूर्व व्यञ्जन का आगम होता है; यथा—लक्षण = लक्खण, पश्चात् = पच्छा, दृष्ट = दिट्ठ, मुग्ध = मुद्ध।

## विश्लेषण

१. र्ह, र्श, र्ष के मध्य में और संयोग में परवर्ती ल के पूर्व में स्वर का आगम होकर संयुक्त व्यञ्जनों का विश्लेषण किया जाता है; यथा—अर्हत् = अरह, अरिह, अरुह; आदर्श = आयरिस, हर्ष = हरिस; क्लिष्ट = किलिट्ठ।

## व्यत्यय

१. अनेक शब्दों में व्यञ्जन के स्थान का व्यत्यय होता है; यथा—करेणु = कणेरु, आलान = आणाल, महाराष्ट्र = मरहट्ठ, हरिताल = हलिआर, लघुक = हलुअ, ललाट = णडाल, गुह्य = गुय्ह, सह्य = सय्ह।

## सन्धि

१. समास में कहीं-कहीं ह्रस्व स्वर के स्थान में दीर्घ और दीर्घ के स्थान में ह्रस्व होता है; यथा—अन्तर्वेदि = अन्तावेइ, पतिगृह = पइहर, यमुनातट = जँउणअड, नदीस्रोत = णइसोत्त।
२. स्वर पर रहने पर पूर्व स्वर का लोप होता है; जैसे—त्रिदशेश = तिअसीस।
३. संयुक्त व्यञ्जन का पूर्व स्वर ह्रस्व होता है; जैसे—आस्य = अस्स, मुनीन्द्र = मुणिंद, चूर्ण = चुण्ण, नरेन्द्र = णरिंद, म्लेच्छ = मिलिच्छ, नीलोत्पल = णीलुप्पल।

## सन्धि-निषेध

१. उद्वृत्त ( व्यञ्जन का लोप होने पर अवशिष्ट रहे हुए ) स्वर की पूर्व स्वर के साथ प्रायः सन्धि नहीं होती है; यथा—निशाकर = णिसाअर, रजनीकर = रअणीअर।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२. एक पद में स्वरों की सन्धि नहीं होती है; जैसे—पाद = पाअ, गति = गइ, नगर = णअर।
३. इ, ई, और ऊ की, असमान स्वर पर रहने पर, सन्धि नहीं होती है; यथा—वग्गेवि अवयासो, वणुइंदो।
४. ए और ओ की परवर्ती स्वर के साथ सन्धि नहीं होती है; यथा—फले आबंधो, आलक्खिमो एण्हि।
५. आख्यात के स्वर की सन्धि नहीं होती है; जैसे—होइ इह।

## नाम-विभक्ति

१. अकारान्त पुंलिंग शब्द के एकवचन में ओ होता है; जैसे—जिनः = जिणो, वृक्षः = वच्छो।
२. पञ्चमी के एकवचन में त्तो, ओ, उ, हि और लोप होता है और त्तो-भिन्न अन्य प्रत्ययों के प्रसंग में अकार का आकार होता है; जैसे—जिनात् = जिणात्तो, जिणाओ जिणाउ, जिणाहि, जिणा।
३. पञ्चमी के बहुवचन का प्रत्यय त्तो, ओ, उ और हि होता है, एवं त्तो से अन्य प्रत्यय में पूर्व के अ का आ होता है, हि के प्रसंग में ए भी होता है, यथा—जिणत्तो, जिणाओ, जिणाउ, जिणाहि, जिणेहि।
४. पञ्चमी के एकवचन के प्रत्यय के स्थान में हितो और बहुवचन के प्रत्यय के स्थान में हितो और सुंतो इन स्वतन्त्र शब्दों का भी प्रयोग होता है, यथा—जिनात् = जिणा हितो; जिनेभ्यः = जिणा हिन्तो, जिणे हिन्तो, जिणा सुंतो, जिणे सुंतो।
५. षष्ठी के एकवचन का प्रत्यय स्स होता है, यथा—जिणस्स, मुणिस्स, तरुस्स।
६. अस्मत् शब्द के प्रथमा के एकवचन के रूप म्मि, अम्मि, अम्हि, हं, अहं और अहयं होता है।
७. अस्मत् शब्द के प्रथमा के बहुवचन के रूप अम्ह, अम्हे, अम्हो, मो, वयं और भे होता है।
८. अस्मत् शब्द के षष्ठी का बहुवचन णे, णो, मज्झ, अम्ह, अम्हं, अम्हे, अम्हो, अम्हाण, ममाण, महाण और मज्झाण होता है।
९. युष्मत् शब्द के षष्ठी का एकवचन तइ, तु, ते, तुम्हं, तुह, तुहं, तुव, तुम, तुमे, तुमाइ, दि, दे, इ, ए, तुब्भ, तुम्ह, तुज्झ उब्भ, उम्ह, उज्झ और उय्ह होता है।

## लिङ्ग-व्यत्यय

१. संस्कृत में जो शब्द केवल पुंलिंग है, उनमें से कईएक महराष्ट्री में स्त्रीलिंग और नपुंसक लिंग भी है, यथा—प्रश्नः = पण्हो, पण्हा; गुणाः = गुणा, गुणाइं; देवा = देवा, देवाणि।
२. अनेक जगह स्त्रीलिंग के स्थान में पुंलिग होता है, यथा—शरत् = सरओ, प्रावृट् = पाउसो, विद्युता = विज्जुणा।
३. संस्कृत के अनेक क्लीबलिंग शब्दों का प्रयोग महाराष्ट्री में पुंलिंग और स्त्रीलिंग में भी होता है; यथा—यशः = जसो, जन्म = जम्मो, अक्षि = अच्छी, पृष्ठम् = पिट्ठी, चौर्यम् = चोरिआ।

## आख्यात

१. ति और ते प्रत्ययों के त का लोप होता है, जैसे—हसति = हसइ, हसए; रमते = रमइ, रमए।
२. परस्मैपद और आत्मनेपद का विभाग नहीं है, महाराष्ट्री में सभी धातु उभयपदी की तरह हैं।
३. भूतकाल के ह्यस्तन, अद्यतन और परोक्ष विभाग न होकर एक ही तरह के रूप होते हैं और भूतकाल में आख्यात की जगह त-प्रययान्त कृदन्त का ही प्रयोग अधिक होता है।
४. भविष्यत्-काल के भी संस्कृत की तरह श्वस्तन और भविष्यत् ऐसे दो विभाग नहीं है।
५. भविष्यत्काल के प्रत्ययों के पहले हि होता है; यथा—हसिष्यति = हसिहिइ, करिष्यति, = करिहिइ।
६. वर्तमान काल के, भविष्यत्काल के और विधि-लिंग और आज्ञार्थक प्रत्ययों के स्थान में ज्ज और ज्जा होता है, यथा—हससि, हसिष्यति, हसेत्, हसतु = हसेज्ज, हसेज्जा।
७. भाव और कर्म में ईअ और इज्ज प्रत्यय होते हैं, यथा—हस्यते = हसीअइ, हसिज्जइ।

## कृदन्त

१. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में इर होता है, यथा—गन्तृ = गमिर, नमनशील = णमिर।
२. त्वा-प्रत्यय के स्थान में तुम्, अ, तूण, तुआण और त्ता होता है, जैसे—पठित्वा = पठिउं, पढिअ, पढिऊण, पढिउआण, पढित्ता।

## तद्धित

१. त्व-प्रत्यय के स्थान में त्त और त्तण होता है, यथा—देवत्व = देवत्त, देवत्तण।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

## (१०) अपभ्रंश

महर्षि पतञ्जलि ने अपने महाभाष्य में लिखा है कि "भूयांसोऽपशब्दा अल्पीयांसः शब्दाः । एकैकस्य हि शब्दस्य बहवोऽपभ्रंशाः, तद्यथा—गौरित्यस्य शब्दस्य गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्येवमादयोऽपभ्रंशाः" अर्थात् अपशब्द बहुत और शब्द (शुद्ध) थोड़े हैं, क्योंकि एक एक शब्द के बहुत अपभ्रंश हैं, जैसे 'गौः' इस शब्द के गावी, गोणी, गोता, गोपोतलिका इत्यादि अपभ्रंश हैं।

**'अपभ्रंश' शब्द का सामान्य और विशेष अर्थ**

यहाँ पर 'अपभ्रंश' शब्द अपशब्द के अर्थ में ही व्यवहृत है और अपशब्द का अर्थ भी 'संस्कृत-व्याकरण से असिद्ध शब्द' है, यह स्पष्ट है। उक्त उदाहरणों में 'गावी' और 'गोणी' ये दो शब्दों का प्रयोग प्राचीन[1] जैन-सूत्र-ग्रन्थों में पाया जाता है और चंड[2] तथा आचार्य[3] हेमचन्द्र आदि प्राकृत-वैयाकरणों ने भी ये दो शब्द अपने-अपने प्राकृत-व्याकरणों में लक्षण-द्वारा सिद्ध किये हैं। दण्डी ने अपने काव्यादर्श में पहले प्राकृत और अपभ्रंश का अलग-अलग निर्देश करते हुए काव्य में व्यवहृत आभीर-प्रभृति की भाषा को अपभ्रंश कही हैं और बाद में यह लिखा है कि 'शास्त्र में संस्कृत भिन्न सभी भाषाएँ अपभ्रंश कही गई हैं'[4]। यहाँ पर दण्डी ने शास्त्र-शब्द का प्रयोग महाभाष्य-प्रभृति व्याकरण के अर्थ में ही किया है। पतञ्जलि-प्रभृति संस्कृत-वैयाकरणों के मत में संस्कृत-भिन्न सभी प्राकृत-भाषाएँ अपभ्रंश के अन्तर्गत हैं, यह ऊपर के उनके लेख से स्पष्ट है। परन्तु प्राकृत-वैयाकरणों के मत में अपभ्रंश भाषा प्राकृत का ही एक अवान्तर भेद है। काव्यालंकार की टीका में नमिसाधु ने लिखा है कि "प्राकृतमेवापभ्रंशः" (२, १२) अर्थात् अभ्रंश भी शौरसेनी, मागधी आदि की तरह एक प्रकार का प्राकृत ही है। उक्त क्रमिक उल्लेखों से यह स्पष्ट है कि पतञ्जलि के समय में जिस अपभ्रंश शब्द का 'संस्कृत-व्याकरण-असिद्ध (कोई भी प्राकृत)' इस सामान्य अर्थ में प्रयोग होता था उसने आगे जाकर क्रमशः 'प्राकृत का एक भेद' इस विशेष अर्थ को धारण किया है। हमने भी यहाँ पर अपभ्रंश शब्द का इस विशेष अर्थ में ही व्यवहार किया है।

**निदर्शन**

अपभ्रंश भाषा के निदर्शन विक्रमोर्वशी, धर्माभ्युदय आदि नाटक-ग्रन्थों में, हरिवंशपुराण, पउमचरिअ (स्वयंभूदेवकृत) भविसयत्तकहा, संजममंजरी, महापुराण, यशोधरचरित, नागकुमारचरित, कथाकोश, पार्श्वपुराण, सुदर्शनचरित्र, करकंडुचरित, जयतिहुअणस्तोत्र, विलासवईकहा, सणंकुमारचरिअ, सुपासनाहचरिअ, कुमारपालचरित, कुमारपाल-प्रतिबोध, उपदेशतरंगिणी प्रभृति काव्यग्रन्थों में, प्राकृतलक्षण, सिद्धहेमचन्द्रव्याकरण (अष्टम अध्याय), संक्षिप्तसार, षड्भाषाचन्द्रिका, प्राकृतसर्वस्व वगैरह व्याकरणों में और प्राकृतपिङ्गल नामक छन्द-ग्रन्थ में पाये जाते हैं।

**प्रकृति और समय**

डॉ. हॉर्नेलि के मत में जिस तरह आर्य लोगों की कथ्य भाषाएँ अनार्य लोगों के मुख से उच्चारित होने के कारण जिस विकृत रूप को धारण कर पायी थीं वह पैशाची भाषा है और वह कोई भी प्रादेशिक भाषा नहीं है, उस तरह आर्यों की कथ्य भाषाएँ भारत के आदिम-निवासी अनार्य लोगों की भिन्न-भिन्न भाषाओं के प्रभाव से जिन रूपान्तरों को प्राप्त हुई थीं वे ही भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषाएँ हैं और ये महाराष्ट्री की अपेक्षा अधिक प्राचीन हैं। डॉ. हॉर्नेलि के इस मत का सर ग्रियर्सन-प्रभृति आधुनिक भाषातत्त्वज्ञ स्वीकार नहीं करते हैं। सर ग्रियर्सन के मत में भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ साहित्य और व्याकरण में नियन्त्रित होकर जन-साधारण में अप्रचलित होने के कारण जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई थी वे ही अपभ्रंश हैं। ये अपभ्रंश-भाषाएँ खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के बहुत काल पूर्व से ही कथ्य भाषाओं के रूप में व्यवहृत होती थीं, क्योंकि चण्ड के प्राकृत-व्याकरण में और कालिदास की विक्रमोर्वशी में इसके निदर्शन पाये जाने के कारण यह निश्चित है कि खिस्तीय पञ्चम शताब्दी के पहले से ही ये साहित्य में स्थान पाने लगी थीं। ये अपभ्रंश भाषाएँ प्रायः दशम शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाएँ थीं। इसके बाद फिर जन-साधारण में अप्रचलित होने से जिन नूतन कथ्य भाषाओं की उत्पत्ति हुई वे ही हिन्दी, बंगला, गुजराती वगैरह आधुनिक

---

१. "खीरीणियाओ गावीओ", "गोणं वियालं" (आचा २, ४, ५)।
"णगरगावीओ" (विपा १, २—पत्र २६)।
"गोणीणं संगेल्लं" (व्यवहारसूत्र, उ० ४)।

२. "गोर्वावी" (प्राकृतलक्षण २, १६)। ३. "गोणादयः" (हे० प्रा० २, १७४)।

४. "आभीरादिगिरः काव्येष्वपभ्रंश इति स्मृताः।
शास्त्रे तु संस्कृतादन्यदपभ्रंशतयोदितम्" (१, ३६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

आर्य कथ्य भाषाएँ हैं। इनका उत्पत्ति-समय खिस्त की नववीं या दसवीं शताब्दी है। सुतरां, अपभ्रंश-भाषाएँ खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर नववीं या दशवीं शताब्दी पर्यन्त साहित्य की भाषाओं के रूप में प्रचलित थीं। इन अपभ्रंश भाषाओं की प्रकृति वे विभिन्न प्राकृत-भाषाएँ हैं, जो भारत के विभिन्न प्रदेशों में इन अपभ्रंशों की उत्पत्ति के पूर्वकाल में प्रचलित थीं।

भेद — अपभ्रंश के बहुत भेद हैं, प्राकृतचन्द्रिका में इसके ये सताईस भेद बताये गए हैं।

"व्राचडो लाटवैदर्भावुपनागरनागरौ। बार्बरावन्त्यपाञ्चालटाक्कमालवकैकयाः॥
गौडोढ्रहैवपाश्चात्यपाण्ड्यकौन्तलसैंहलाः। कालिंगयप्राच्यकार्णाटकाञ्च्यद्राविडगौर्जराः॥
आभीरो मध्यदेशीयः सूक्ष्मभेदव्यवस्थिताः। सप्तविंशत्यपभ्रंशा वैतालादिप्रभेदतः[1]॥

मार्कण्डेय ने अपने प्राकृतसर्वस्व में प्राकृतचन्द्रिका से सताईस अपभ्रंशों के जो लक्षण और उदाहरण उद्धृत किए हैं[2]। वे इतने अपर्याप्त और अस्पष्ट हैं कि खुद मार्कंडेय ने भी इनको सूक्ष्म कह कर नगण्य बताये हैं और इनका पृथग्-पृथग् लक्षण-निर्देश न कर उक्त समस्त अपभ्रंशों का नागर, व्राचड और उपनागर इन तीन प्रधान भेदों में ही अन्तर्भाव माना है[3]। परन्तु यह बात मानने योग्य नहीं है, क्योंकि जब यह सिद्ध है कि जिन भाषाओं का उत्पत्ति-स्थान भिन्न-भिन्न प्रदेश है और जिनकी प्रकृति भी भिन्न-भिन्न प्रदेश की भिन्न-भिन्न प्राकृत भाषाएँ हैं तब वे अपभ्रंश भाषाएँ भी भिन्न-भिन्न ही हो सकती हैं और उन सब का समावेश एक दूसरे में नहीं किया जा सकता। वास्तव में बात यह है कि वे सभी अपभ्रंश भिन्न भिन्न होने पर भी साहित्य में निबद्ध न होने के कारण उन सब के निदर्शन ही उपलब्ध नहीं हो सकते थे। इसीसे प्राकृतचन्द्रिकाकार न उनके स्पष्ट लक्षण ही कर पाये हैं और न तो उदाहरण ही अधिक दे सके हैं। यही करण है कि मार्कण्डेय ने भी इन भेदों को सूक्ष्म कहकर टाल दिये हैं। जिन अपभ्रंश भाषाओं के साहित्य-निबद्ध होने से निदर्शन पाये जाते हैं उनके लक्षण और उदाहरण आचार्य हेमचन्द्र ने केवल अपभ्रंश के सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने अपभ्रंश के तीन विशेष नामों से दिये हैं। आचार्य हेमचन्द्र ने 'अपभ्रंश' इस सामान्य नाम से और मार्कण्डेय ने 'नागरापभ्रंश' इस विशेष नाम से जो लक्षण और उदाहरण दिये हैं वे राजस्थानी-अपभ्रंश या राजपूताना तथा गुजरात प्रदेश के अपभ्रंश से ही संबन्ध रखते हैं। व्राचडापभ्रंश के नाम से सिन्धप्रदेश के अपभ्रंश के लक्षण और उदाहरण मार्कण्डेय ने अपने व्याकरण में दिये हैं, और उपनागर-अपभ्रंश का कोई लक्षण न देकर केवल नागर और व्राचड के मिश्रण को 'उपनागर-अपभ्रंश' कहा है। इसके सिवा सौरसेनी-अपभ्रंश के निदर्शन मध्यदेश के अपभ्रंश में पाये जाते हैं। अन्य अन्य प्रदेशों के अथवा महाराष्ट्री, अर्धमागधी, मागधी और पैशाची भाषाओं के जो अपभ्रंश थे उनका कोई साहित्य उपलब्ध न होने से कोई निदर्शन भी नहीं पाये जाते हैं।

उत्पत्ति-स्थान — भिन्न-भिन्न अपभ्रंश भाषा का उत्पत्ति-स्थान भी भारतवर्ष का भिन्न भिन्न प्रदेश है। रुद्रट ने और वाग्भट ने अपने अपने अलङ्कार-ग्रन्थ में यह बात संक्षेप में अथच स्पष्ट रूप में इस तरह कही है:—

"षष्ठोऽत्र भूरिभेदो देशविशेषादपभ्रंशः" (काव्यालङ्कार २, १२)।

"अपभ्रंशस्तु यच्छुद्धं तत्तद्देशेषु भाषितम्" (वाग्भटालङ्कार २, ३)।

आधुनिक आर्य कथ्य भाषाओं की प्रकृति — खिस्त की पञ्चम शताब्दी के पूर्व से लेकर दशम शताब्दी पर्यन्त भारत के भिन्न-भिन्न प्रदेश में कथ्य भाषाओं के रूप में प्रचलित जिस जिस अपभ्रंश भाषा से भिन्न-भिन्न प्रदेश की जो जो आधुनिक आर्य कथ्य भाषा (Modern Vernacular) उत्पन्न हुई है उसका विवरण यों है :—

---

१. बंगीयसाहित्यपरिषत्-पत्रिका, १३१७।

२. "टाक्कं टक्कभाषानागरोपनागरादिभ्योऽवधारणीयम्। तुबहुला मालवी। वाडीबहुला पाञ्चाली। उल्लप्राया वैदर्भी। संबोधनाढ्या लाटी। ईकारोकारबहुला औढ्री। सवीप्सा कैकेयी। समासाढ्या गौडी। डकारबहुला कौन्तली। एकारिणी च पाण्ड्या। युक्ताढ्या सैंहली। हियुक्ता कालिंगी। प्राच्या तद्देशीयभाषाढ्या। ज(भ)ट्टादिबहुलाऽऽभीरी वर्णविपर्ययात् कार्णाटी। मध्यदेशीया तद्देशीयाढ्या। संस्कृताढ्या च गौर्जरी। चकारात् पूर्वोक्तटक्कभाषाग्रहणम्। रल(ल)हभां व्यत्ययेन पाश्चात्या। रेफव्यत्येन द्राविडी। ढकारबहुला वैतालिकी। एओबहुला काञ्ची। शेषा देशभाषाविभेदात्।"

३. "नागरो व्राचडश्चोपनागरश्चेति ते त्रयः। अपभ्रंशा; परे सूक्ष्मभेदत्वान्न पृथङ् मताः" (प्रा० स० पृष्ठ ३)। "अन्येषामपभ्रंशानामेष्वेवान्तर्भावः" (प्रा० स० पृष्ठ १२२)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

महाराष्ट्री-अपभ्रंश से मराठी और कोंकणी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की पूर्व शाखा से बंगला, उड़िया और आसामी भाषा।
मागधी-अपभ्रंश की बिहारी शाखा से मैथिली, मगही और भोजपुरिया।
अर्धमागधी-अपभ्रंश से पूर्वीय हिन्दी भाषाएँ अर्थात् अवधी, बघेली और छत्तीसगढ़ी।
सौरसेनी-अपभ्रंश से बुन्देली, कन्नौजी, ब्रजभाषा, बाँगरू, हिन्दी या उर्दू ये पाश्चात्य हिन्दी भाषा।
नागर-अपभ्रंश से राजस्थानी, मालवी, मेवाड़ी, जयपुरी, मारवाड़ी तथा गुजराती भाषा।
पालि से सिंहली और माल्दीवन।
टाक्की अथवा ढाक्की से लहण्डी या पश्चिमीय पंजाबी।
टाक्की-अपभ्रंश (सौरसेनी के प्रभाव-युक्त) से पूर्वीय पंजाबी।
ब्राचड-अपभ्रंश से सिन्धी भाषा।
पैशाची-अपभ्रंश से काश्मीरी भाषा।

लक्षण नागर-अपभ्रंश के प्रधान लक्षण ये हैं :—

### वर्ण-परिवर्तन

१. भिन्न-भिन्न स्वरों के स्थान में भिन्न-भिन्न स्वर होते हैं; यथा—कृत्य = कच्च, काच; वचन = वेण, वीण; बाहु = बाह, बाहा; बाहु; पृष्ठ = पट्ठि, पिट्ठि, पुट्ठि; तृण = तण, तिण, तृण; सुकृत = सुकिद, सुकृद; लेखा = लिह, लीह, लेह।
२. स्वरों के मध्यवर्ती असंयुक्त क, ख, त, थ, प और फ के स्थान में प्रायः क्रमशः ग, घ, द, ध, व और भ होता है; यथा—विच्छेदकर = विच्छोहगर; सुख = सुघ, कथित = कधिद, शपथ = शवध, सफल = सभल।
३. अनादि और असंयुक्त म के स्थान में वैकल्पिक सानुनासिक व होता है; यथा—कमल = कवँल, कमल; भ्रमर = भवँर, भमर।
४. संयोग में परवर्ती र का विकल्प से लोप होता है; यथा—प्रिय = पिय, प्रिय; चन्द्र = चन्द, चन्द्र।
५. कहीं-कहीं संयोग के परवर्ती य का विकल्प से र होता है; जैसे—व्यास = व्रास, वास; व्याकरण = व्रागरण, वागरण।
६. महाराष्ट्री में जहाँ म्ह होता है वहाँ अपभ्रंश में म्भ और म्ह दोनों होते हैं; यथा— ग्रीष्म = गिम्भ, गिम्ह; श्लेष्म = सिम्भ, सिम्ह।

### नाम-विभक्ति

१. विभक्ति के प्रसंग में ह्रस्व स्वर का दीर्घ और दीर्घ का ह्रस्व प्रायः होता है; यथा—श्यामलः = सामलः, खड्गाः = खग्ग; दृष्टि = दिट्ठि; पुत्री = पुत्ति।
२. साधारणतः सातों विभक्ति के जो प्रत्यय हैं वे नीचे दिये जाते हैं। लिंग-भेद में और शब्द-भेद में अनेक विशेष प्रत्यय भी हैं, जो विस्तार-भय से यहाँ नहीं दिये गए हैं।

| | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|
| प्रथमा | उ, हो | ० |
| द्वितीया | ,, | ० |
| तृतीया | एं | हिं |
| चतुर्थी | सु, हो, स्सु | हं, ० |
| पञ्चमी | हे, हु | हुं |
| षष्ठी | सु, हो, स्सु | हं, ० |
| सप्तमी | इ, हि | हिं |

### आख्यात-विभक्ति

| | | एकवचन | बहुवचन |
|---|---|---|---|
| १. | १ पु० | उं | हुं |
| | २ पु० | हि | ह |
| | ३ पु० | इ, ए | हिं |

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२. मध्यम पुरुष के एकवचन में आज्ञार्थ में इ, उ और ए होते हैं, यथा—कुरु = करि, करु, करे।
३. भविष्यत्काल में प्रत्यय के पूर्व में स आगम होता है; यथा—भविष्यति = होसइ।

कृदन्त

१. तव्य-प्रत्यय के स्थान में इएव्वउं, एव्वउं और एवा होता है; यथा—कर्तव्य = करिएव्वउं, करेव्वउ, करेवा।
२. त्वा के स्थान में इ, इउ, इवि, अवि, एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविण, होते हैं; यथा—कृत्वा = करि, करिउ, करिवि, करवि, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
३. तुम्-प्रत्यय की जगह एवं, अण, अणहं, अणहिं एप्पि, एप्पिणु, एवि, एविणु होते हैं; यथा—कर्तुम् = करेवं, करण, करणहं करणहिं, करेप्पि, करेप्पिणु, करेवि, करेविणु।
४. शीलाद्यर्थक तृ-प्रत्यय के स्थान में अणअ होता है; जैसे—कर्तृ = करणअ, मारयितृ = मारणअ।

तद्धित

१. त्व और ता के स्थान में प्पण होता है; यथा—देवत्व = देवप्पण, महत्त्व = वड्डप्पण।

हम पहले यह कह आये हैं कि वैदिक और लौकिक संस्कृत के शब्दों के साथ तुलना करने पर जिस प्राकृत भाषा में वर्ण-लोप-प्रभृति परिवर्तन जितना अधिक प्रतीत हो, वह उतनी ही परवर्ती काल में उत्पन्न मानी जानी चाहिए। इस नियम के अनुसार, हम देखते हैं कि महाराष्ट्री प्राकृत में व्यञ्जनों का लोप सर्वापेक्षा अधिक है, इससे वह अन्यान्य प्राकृत-भाषाओं के पीछे उत्पन्न हुई है, ऐसा अनुमान किया जाता है। परन्तु अपभ्रंश में उक्त नियम का व्यत्यय देखने में आता है, क्योंकि भिन्न-भिन्न प्रदेशों की अपभ्रंश भाषाएँ यद्यपि महाराष्ट्रीके बाद ही उत्पन्न हुई हैं तथापि महाराष्ट्री में जो व्यञ्जन-वर्ण-लोप देखा जाता है, अपभ्रंश में उसकी अपेक्षा अधिक नहीं, बल्कि कम ही वर्ण-लोप पाया जाता है और ऋ स्वर तथा संयुक्त रकार भी विद्यमान है। इस पर से यह अनुमान करना असंगत नहीं है कि वर्ण-लोप की गति ने महाराष्ट्री प्राकृत में अपनी चरम सीमा को पहुँच कर उसको (महाराष्ट्री को) अस्थि-हीन-माँस-पिण्ड की तरह स्वर-बहुल आकार में परिणत कर दिया। अपभ्रंश में उसीकी प्रतिक्रिया शुरू हुई, और प्राचीन स्वर एवं व्यञ्जनों को फिर स्थान देकर भाषा को भिन्न आदर्श में गठित करने की चेष्टा हुई। उस चेष्टा का ही यह फल है कि पिछले समय में संस्कृत-भाषा का प्रभाव फिर प्रतिष्ठित होकर आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ उत्पन्न हुई हैं।

अपभ्रंशों का भिन्न आदर्श में गठन

---

## प्राकृत पर संकृत का प्रभाव

जैन और बौद्धों ने संस्कृत भाषा का परित्याग कर उस समय की कथ्य भाषा में धर्मोपदेश को लिपिबद्ध करने की प्रथा प्रचलित की थी। इससे जो दो नयी साहित्य-भाषाओं का जन्म हुआ था, वे जैन सूत्रों की अर्धमागधी और बौद्ध-धर्म-ग्रन्थ की पालि भाषा है। परन्तु ये दो साहित्य-भाषाएँ और अन्यान्य समस्त प्राकृत-भाषाएँ संस्कृत के प्रभाव को उल्लंघन नहीं कर सकी हैं। इस बात का एक प्रमाण तो यह है कि इन समस्त प्राकृत-भाषाओं में संस्कृत-भाषा के अनेक शब्द अविकल रूप में गृहीत हुए हैं। ये शब्द तत्सम कहे जाते हैं। यद्यपि इन तत्सम शब्दों ने प्रथम स्तर की प्राकृत-भाषाओं से ही संस्कृत में स्थान और रक्षण पाया था, तो भी यह स्वीकार करना ही होगा कि ये सब शब्द परवर्ती काल की प्राकृत-भाषाओं में जो अपरिवर्तित रूप में व्यवहृत होते थे वह संस्कृत-साहित्य का ही प्रभाव था।

इसके अतिरिक्त, संस्कृत के ही प्रभाव से बौद्धों में एक मिश्र-भाषा उत्पन्न हुई थी। महायान-बौद्धों के महावैपुल्य-सूत्र-नामक कतिपय सूत्र ग्रन्थ हैं। ललितविस्तर, सद्धर्म-पुण्डरीक, चन्द्रप्रदीपसूत्र प्रभृति इसके अन्तर्गत हैं। इन ग्रंथों की भाषा में अधिकांश शब्द तो संस्कृत के हैं ही, अनेक प्राकृत शब्दों के आगे भी संस्कृत की विभक्ति लगाकर उनको भी संस्कृत के अनुरूप किये गए हैं। पाश्चात्य विद्वानों ने इस भाषा को 'गाथा' नाम दिया है। परन्तु यहाँ पर यह कहना आवश्यक है कि इसका यह 'गाथा' नाम असंगत है, क्योंकि यह संस्कृत-मिश्रित-प्राकृत का प्रयोग उक्त ग्रंथों के केवल पद्यांशों में ही नहीं, बल्कि गद्यांश में भी देखा जाता है। इससे इन ग्रंथों की भाषा को 'गाथा' न कहकर 'प्राकृत-मिश्र-संस्कृत' या 'संस्कृत-मिश्र-प्राकृत' अथवा संक्षेप में 'मिश्र-भाषा' ही कहना उचित है।

गाथा-भाषा

डॉ. बर्नफ और डॉ. राजेन्द्र लाल मित्र का मत है कि, 'संस्कृत भाषा, क्रमशः परिवर्तित होती हुई प्रथम गाथा भाषा के रूप में और बाद के पालि-भाषा के आकार में परिणत हुई है। इस तरह गाथा भाषा संस्कृत और पालि की मध्यवर्ती

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

होने के कारण इन दोनों के ( संस्कृत और पालि के ) लक्षणों से आक्रान्त है।' यह सिद्धान्त सर्वथा भ्रान्त है, क्योंकि हम यह पहले ही अच्छी तरह प्रमाणित कर चुके हैं कि संस्कृत-भाषा क्रमशः परिवर्तित होकर पालि-भाषा में परिणत नहीं हुई है, किन्तु पालि-भाषा वैदिक-युग की एक प्रादेशिक भाषा से ही उत्पन्न हुई है। और, गाथा-भाषा पालि-भाषा के पहले प्रचलित न थी, क्योंकि गाथा-भाषा के समस्त ग्रन्थों का रचना-काल खिस्त-पूर्व दो सौ वर्षों से लेकर खिस्त की तृतीय शताब्दी पर्यन्त का है, इससे गाथा-भाषा बहुत तो पालि-भाषा की समकालीन हो सकती है, न कि पालि-भाषा की पूर्वावस्था। यह भाषा संस्कृत के प्रभाव को कायम रखकर विभिन्न प्राकृत-भाषाओं के मिश्रण से बनी है, इसमें सन्देह नहीं है। यही कारण है कि इसके शब्दों को प्रस्तुत कोष में स्थान नहीं दिया गया है।

गाथा-भाषा का थोड़ा नमूना ललितविस्तर से यहाँ उद्धृत किया जाता है :—

"अध्रुवं त्रिभवं शरदभ्रनिभं, नटरङ्गसमा जगि जन्मि च्युति।
गिरिनद्यसमं लघुशीघ्रजवं, व्रजतायु जगे यथ विद्यु नभे ॥ १ ॥"
"उदकचन्द्रसमा इमि कामगुणा, प्रतिबिम्ब इवा गिरिघोष यथा।
प्रतिभाससमा नटरङ्गसमास्तथ स्वप्नसमा विदितार्यजनैः ॥ १ ॥" ( पृष्ठ २०४, २०६ )।

बुद्धदेव और उसके सारथी की आपस में बातचीत :—

"एषो हि देव पुरुषो जरयाभिभूतः, क्षीणेन्द्रियः सुदुःखितो बलवीर्यहीनः।
बन्धुजनेन परिभूत अनाथभूतः, कार्यासमर्थ अपविद्ध वनेव दारु ॥
कुलधर्म एष अयमस्य हि त्वं भणाहि, अथवापि सर्वजगतोऽस्य इयं ह्यवस्था।
शीघ्रं भणाहि वचनं यथभूतमेतत्, श्रुत्वा तथार्थमिह योनि संचिन्तयिष्ये ॥
नैतस्य देव कुलधर्म न राष्ट्रधर्मः, सर्वे जगस्य जर यौवन धर्षयाति।
तुभ्यंपि मातृपितृबान्धवज्ञातिसंघो, जरया अमुक्तं नहि अन्यगतिर्जनस्य ॥
धिक् सारथे अबुधबालजनस्य बुद्धिर्यद् यौवनेन मदमत्त जरां न पश्ये।
आवर्तयस्विह रथं पुनरहं प्रवेक्ष्ये, किं मह्य क्रीडरतिभिर्जरया श्रितस्य ॥"

---

## संस्कृत पर प्राकृत का प्रभाव

पहले जो यह कहा जा चुका है कि वैदिक काल के मध्यदेश-प्रचलित प्राकृत से ही वैदिक संस्कृत उत्पन्न हुआ है और वह साहित्य और व्याकरण के द्वारा क्रमशः मार्जित और नियन्त्रित होकर अन्त में लौकिक संस्कृत में परिणत हुआ है; एवं प्राकृत के अन्तर्गत समस्त तत्सम शब्द संस्कृत से नहीं, परन्तु प्रथम स्तर के प्राकृत से ही संस्कृत में और द्वितीय स्तर के प्राकृत में आये हैं; प्राकृत के अन्तर्गत तद्भव शब्द भी संस्कृत से प्राकृत में गृहीत न होकर प्रथम स्तर के प्राकृत से ही क्रमशः परिवर्तित होकर परवर्ती काल के प्राकृत में स्थान पाये हैं और संस्कृत व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होने से वे शब्द संस्कृत में अपरिवर्तित रूप में ही रह गये हैं; इसी तरह प्राकृत के अधिकांश देशी-शब्द भी वैदिक काल के मध्यदेश-भिन्न अन्यान्य प्रदेशों के आर्य-उपनिवेशों की प्राकृत-भाषाओं से ही बाद की प्राकृत-भाषाओं में आये हैं; इससे उन्होंने ( देशी शब्दों ने ) मध्यदेश के प्राकृत से उत्पन्न वैदिक और लौकिक संस्कृत में कोई स्थान नहीं पाया है। इस पर से यह सहज ही समझा जा सकता है कि प्राकृत ही संस्कृत भाषा का मूल है।

अब इस जगह हम यह बताना चाहते हैं कि प्राकृत से न केवल वैदिक और लौकिक संस्कृत भाषाएँ उत्पन्न ही हुई हैं, बल्कि संस्कृत ने मृत होकर साहित्य-भाषा में परिणत होने पर भी अपनी अंग-पुष्टि के लिए प्राकृत से ही अनेक शब्दों का संग्रह किया है। ऋग्वेद आदि में प्रयुक्त वंक ( वक्र ), वहू ( वधू ), मेह ( मेघ ), पुराण ( पुरातन ), तितउ (चालनी ), उच्छेक ( उत्सेक ), प्रभृति शब्द और लौकिक संस्कृत में प्रचलित तितउ ( चालनी ), आवुत्त ( भगिनीपति ), खुर ( क्षुर ), गोखुर ( गोक्षुर ), गुग्गुलु ( गुल्गुलु ), छुरिका ( क्षुरिका ), अच्छ ( ऋक्ष ), कच्छ ( कक्ष ), पियाल ( प्रियाल ), गड्ड ( गरुड ), चन्दिर ( चन्द्र ), इन्दिर ( इन्द्र ), शिथिल ( श्लथ ), मरन्द ( मकरन्द ), किसल ( किसलय ), हाला ( सुराविशेष ), हेवाक ( व्यसन ), दाढा ( दंष्ट्रा ), खिडकिका ( लघुद्वार, भाषा में खिड़की), जारुज ( जरायुज ), पुराण ( पुरातन ) वगैरह शब्द प्राकृत



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

से ही अविकल रूप में गृहीत हुए हैं और मारिष ( मार्ष ), जहिष्यसि ( हास्यसि ), ब्रूमि ( ब्रवोमि ), निकृन्तन ( निकर्तन ), लटभ ( सुन्दर ), प्रभृति प्राकृत के ही मूल शब्द मार्जित कर संस्कृत में लिए गए हैं।

---

## प्राकृत-भाषाओं का उत्कर्ष

कोई भी कथ्य भाषा क्यों न हो, वह सर्वदा ही परिवर्तन-शील होती है। साहित्य और व्याकरण उसको नियम के बन्धन में जकड़कर गति-हीन और अपरिवर्तनीय करते हैं। उसका फल यह होता है कि साहित्य की भाषा क्रमशः कथ्य भाषा से भिन्न हो जाती है और जन-साधारण में अप्रचलित मृत-भाषा में परिणत होती है। साहित्य की हरकोई भाषा एक समय की कथ्य भाषा से ही उत्पन्न होती है और वह जब मृत-भाषा में परिणत होती है तब कथ्य भाषा से फिर एक नयी साहित्य की भाषा की सृष्टि होती है। इस तरह एक समय की कथ्य भाषा से ही वैदिक और लौकिक संस्कृत उत्पन्न हुई थी और वह साधारण के पक्ष में दुर्बोध होने पर अर्धमागधी, पालि आदि प्राकृत भाषाओं ने साहित्य में स्थान पाया था। ये सब प्राकृत-भाषाएँ भी समय पाकर जन-साधारण में दुर्बोध हो जाने पर संस्कृत की तरह मृत-भाषा में परिणत हो गईं और भिन्न-भिन्न प्रदेश की अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। अपभ्रंश-भाषाएँ भी जब दुर्बोध होकर मृत-भाषाओं में परिणत हो चली तब हिन्दी, बंगला, गुजराती, मराठी प्रभृति आधुनिक आर्य कथ्य भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में गृहीत हुई हैं। उक्त समस्त कथ्य भाषाएँ उस-उस युग की साहित्य की मृत-भाषाओं की तुलना में अवश्य ऐसे कतिपय उत्कर्षों से विशिष्ट होनी चाहिए जिनकी बदौलत ही ये उस-उस समय की मृत-भाषाओं को साहित्य के सिंहासन से च्युत कर उस सिंहासन को अपने अधिकार में कर पायी थीं। अब यहाँ हमें यह जानना जरूरी है कि ये उत्कर्ष कौन थे?

हरकोई भाषा का सर्व-प्रथम उद्देश्य होता है अर्थ-प्रकाश। इसलिए जिस भाषा के द्वारा जितने स्पष्ट रूप से और जितने अल्प प्रयास से अर्थ-प्रकाश किया जाय वह उतना ही उत्कृष्ट भाषा मानी जाती है। इन दो कारणों के वश होकर ही भाषा का निरन्तर परिवर्तन साधित होता है और भिन्न-भिन्न काल में भिन्न-भिन्न कथ्य-भाषाओं से नयी-नयी साहित्य-भाषाओं की उत्पत्ति होती है। वैदिक संस्कृत क्रमशः लुप्त होकर लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति उक्त दो कारणों से ही हुई थी। वैदिक शब्द-समूह अप्रचलित होने पर उसके अनावश्यक प्रकृति और प्रत्ययों को बाद देकर जो सहज ही समझ में आ सके वैसी प्रकृति और प्रत्ययों का संग्रह कर वैदिक भाषा से लौकिक संस्कृत की उत्पत्ति हुई थी। संस्कृत-भाषा के प्रकृति-प्रत्यय काल-क्रम से अप्रचलित होकर जब दुःख-बोध्य हो उठे तब उस समय की कथ्य भाषाओं से ही स्पष्टार्थक, सुखोच्चारण-योग्य, मधुर और कोमल प्रकृति-प्रत्ययों का संग्रह कर संस्कृत के अनावश्यक, दुर्बोध, कष्टोच्चारणीय, कठोर और कर्कश प्रकृति-प्रत्यय-सन्धि-समासों का वर्जन कर अर्धमागधी, पाली और अन्यान्य प्राकृत-भाषाएँ साहित्य-भाषाओं के रूप में व्यवहृत होने लगीं। यदि इन सब नूतन साहित्य-भाषाओं में संस्कृत की अपेक्षा अर्थ-प्रकाश की अधिक शक्ति, अल्प आयास से और सुख से उच्चारण-योग्यता प्रभृति गुण न होते तो ये कर्म भी संस्कृत जैसी समृद्ध भाषा को साहित्य के सिंहासन से च्युत करने में समर्थ न होतीं। काल-क्रम से ये सब प्राकृत-साहित्य-भाषाएँ भी जब व्याकरण-द्वारा नियन्त्रित होकर अप्रचलित और जन-साधारण में दुर्बोध हो चलीं तब उस समय प्रचलित प्रादेशिक अपभ्रंश भाषाओं ने इनको हटाकर साहित्य-भाषाओं का स्थान अपने अधिकार में किया। यहाँ पर यह प्रश्न हो सकता है कि साहित्य की प्राकृत-भाषाओं की अपेक्षा इन अपभ्रंश-भाषाओं में वह कौन-सा गुण था जिससे ये अपने पहले की प्राकृत-साहित्य-भाषाओं को परास्त कर उनके स्थान को अपने अधिकार में कर सकीं? इसका उत्तर यह है कि कोई भी गुण चरम सीमा में पहुँच जाने पर फिर वह गुण ही नहीं रहने पाता, वह दोष में परिणत हो जाता है। संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में यह उत्कर्ष था कि इनमें संस्कृत के कर्कश और कष्टोच्चारणीय असंयुक्त और संयुक्त व्यञ्जन वर्णों के स्थान में सब कोमल और सुखोच्चारणीय वर्ण व्यवहृत होते थे। किन्तु इस गुण की भी सीमा है, महाराष्ट्री-प्राकृत में यह गुण सीमा का अतिक्रम कर गया, यहाँतक कि संस्कृत के अनेक व्यञ्जनों का एकदम ही लोप कर उनके स्थान में स्वर-वर्णों की परम्परा-द्वारा समस्त शब्द गठित होने लगे। इससे इन शब्दों के उच्चारण सुख-साध्य होने के बदले अधिकतर कष्टसाध्य हुए, क्योंकि बीच बीच में व्यञ्जन-वर्णों से व्यवहित न होकर केवल स्वर-परम्परा का उच्चारण करना कष्टकर होता है। इस तरह प्राकृत-भाषा महाराष्ट्री-प्राकृत में आकर जब इस चरम अवस्था में उपनीत हुई तबसे ही इसका पतन अनिवार्य हो उठा। इसकी प्रतिक्रिया-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

स्वरूप अपभ्रंश-भाषाओं में नूतन व्यञ्जन वर्ण बैठा कर सुखोच्चारण-योग्यता करने की चेष्टा हुई। इसका फल यह हुआ कि प्रादेशिक अपभ्रंश-भाषाएँ साहित्य की भाषाओं के रूप में उन्नीत हुईं। आधुनिक प्रादेशिक आर्य-भाषाएँ भी प्राकृत भाषाओं के उस दोष का पूर्ण संशोधन करने के लिए नूतन संस्कृत शब्दों को ग्रहण कर अपभ्रंशों के स्थान को अपने अधिकार में करके नवीन साहित्य-भाषाओं के रूप में परिणत हुई। आधुनिक आर्य-भाषाओं में पूर्व-वर्ती प्राकृतों और अपभ्रंशों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि इन्होंने शब्दों के सम्बन्ध में प्राकृत और संस्कृत को मिश्रित कर उभय के गुणों का एक सुन्दर सामञ्जस्य किया है। इनके तद्भव और देश्य शब्दों में प्राकृत की कोमलता और मधुरता है और तत्सम शब्दों में संस्कृत की ओजस्विता। आधुनिक आर्य-भाषाओं में संस्कृत और प्राकृत दोनों की अपेक्षा उत्कर्ष यह है कि ये संस्कृत और प्राकृतों के अनावश्यक लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों का वर्जन कर, उनके बदले भिन्न भिन्न स्वतन्त्र शब्दों के द्वारा लिंग, वचन और विभक्तियों के भेदों को प्रकाशित कर और संस्कृत तथा प्राकृतों के विभक्ति-बहुल स्वभाव का परित्याग कर विश्लेषण-शील-भाषा में परिणत हुई हैं। इस तरह इन भाषाओं ने अल्प आयास से वक्ता के अर्थ को अधिकतर स्पष्ट रूप में प्रकाशित करने का मार्ग-प्रदर्शन किया है। उक्त गुणों के कारण ही आधुनिक आर्य-भाषाओं ने वैदिक, संस्कृत, प्राकृत और अपभ्रंश इन सब साहित्य-भाषाओं के स्थान पर अपना अधिकार जमाया है।

संस्कृत की अपेक्षा प्राकृत-भाषाओं में जो उत्कर्ष—गुण ऊपर बताये हैं वे अनेक प्राचीन ग्रन्थकारों ने पहले ही प्रदर्शित किये हैं। उनके ग्रन्थों से, प्राकृत के उत्कर्ष के संबन्ध में, कुछ वचन यहाँ पर उद्धृत किए जाते हैं :—

[1]"अमिअं पाउअ-कव्वं पढिउं सोउं च जे ण आणंति।
कामस्स तत्त-तत्तिं कुणंति, ते कह ण लज्जंति ? ॥ (हाल की गाथासप्तशती १, २)।

अर्थात् जो लोग अमृतोपम प्राकृत-काव्य को न तो पढ़ना जानते हैं और न सुनना जानते हैं अथच काम-तत्त्व की आलोचना करते हैं उनको शरम क्यों नहीं आती ?

'[2]उम्मिल्लइ लायण्णं पयय-च्छायाए सक्कय-वयाणं।
सक्कय-सक्कारुक्करिसणेण पययस्सवि पहावो॥' (वाक्पतिराज का गउडवहो ६५)।

संस्कृत शब्दों का लावण्य प्राकृत की छाया से ही व्यक्त होता है; संस्कृत-भाषा के उत्कृष्ट संस्कार में भी प्राकृत का प्रभाव व्यक्त होता है।

'[3]णवमत्थ-दंसणं संनिवेस-सिसिराओ बंध-रिद्धीओ।
अविरलमिणमो आभुवण-बंधमिह णवर पययम्मि॥' (गउडवहो ७२)।

सृष्टि के प्रारम्भ से लेकर आजतक प्रचुर परिमाण में नूतन नूतन अर्थों का दर्शन और सुन्दर रचनावाली प्रबन्ध-संपत्ति कहीं भी है तो वह केवल प्राकृत में ही।

'[4]हरिस-विसेसो वियसावओ य मउलावओ य अच्छीण।
इह बहि-हुत्तो अंतो-मुहो य हिययस्स विप्फुरइ॥' (गउडवहो ७४)।

प्राकृत-काव्य पढ़ने के समय हृदय के भीतर और बाहर एक ऐसा अभूत-पूर्व हर्ष होता है कि जिससे दोनों आँखें एक ही साथ विकसित और मुद्रित होती हैं।

'[5]परुसो सक्कअ-बंधो पाउअ-बंधोवि होइ सुउमारो।
पुरिस-महिलाणं जेत्तिअमिहंतरं तेत्तिअमिमाणं॥' (राजशेखर की कर्पूरमञ्जरी, अङ्क १)।

संस्कृत-भाषा कर्कश और प्राकृत भाषा सुकुमार है। पुरुष और महिला में जितना अन्तर है, इन दो भाषाओं में भी उतना ही प्रभेद है।

---

१. अमृतं प्राकृतं काव्यं पठितुं श्रोतुं च ये न जानन्ति। कामस्यतत्त्वचिन्तां कुर्वन्ति, ते कथं न लज्जन्ते ? ॥

२. उन्मीलति लावण्यं प्राकृतच्छायया संस्कृतपदानाम्। संस्कृतसंस्कारोत्कर्षणेन प्राकृतस्यापि प्रभावः॥

३. नवामार्थदर्शनं संनिवेशशिशिरा बन्धर्द्धयः। अविरलमिदमाभुवनबन्धमिह केवलं प्राकृते॥

४. हर्षविशेषो विकासको मुकुलीकारकश्चाक्ष्णोः। इह बहिर्मुखोऽन्तर्मुखश्च हृदयस्य विस्फुरति॥

५. परुषः संस्कृतबन्धः प्राकृतबन्धस्तु भवति सुकुमारः। पुरुषमहिलयोर्यावदिहान्तरं तावदनयोः॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'गिरः श्रव्या दिव्याः प्रकृतिमधुराः प्राकृतगिरः ।
सुभव्योऽपभ्रंशः सरसरचनं भूतवचनम् ।' (राजशेखर का बालरामायण १, ११) ।

संस्कृत-भाषा सुनने योग्य है, प्राकृत भाषा स्वभाव-मधुर है, अपभ्रंश-भाषा भव्य है और पैशाची-भाषा की रचना रस-पूर्ण है।

'[1]सक्कय-कव्वस्सत्थं जेण न याणंति मंद-बुद्धीया ।
सव्वाणवि सुह-बोहं तेणेमं पाययं रइयं ।।
गुढत्थ-देसि-रहियं सुललिय-वन्नेहिं विरइयं रम्मं ।
पायय-कव्वं लोए कस्स न हिययं सुहावेइ ?।। (महेश्वरसूरि का पञ्चमीमाहात्म्य) ।

सामान्य मनुष्य संस्कृत-काव्य के अर्थ को समझ नहीं पाते हैं। इसलिए यह ग्रन्थ उस प्राकृत-भाषा में रचा जाता है जो सब लोगों को सुख-बोध्य है।

गूढार्थक देशी-शब्दों से रहित और सुललित पदों में रचा हुआ सुन्दर प्राकृत-काव्य किसके हृदय को सुखी नहीं करता ?

'[2]उज्झउ सक्कय-कव्वं सक्कय-कव्वं च निम्मियं जेण ।
वंस-हरं व पलित्तं तडयडतट्टत्तणं कुणइ ।।'
(वज्जालग्ग (?) से अपभ्रंशकाव्यत्रयी की प्रस्ता०, पृष्ठ ७६ में उद्धृत) ।

संस्कृत-काव्य को छोड़ो और जिसने संस्कृत-काव्य की रचना की उसका भी नाम मत लो, क्योंकि वह (संस्कृत) जलते हुए बाँस के घर की तरह 'तड़ तड़ तट्ट' आवाज करता है—श्रुतिकटु लगता है।

"[3]पाइअ-कव्वम्मि रसो जो जायइ तह व छेय-भणिएहिं ।
उययस्स य वासिय-सीयलस्स तित्तिं न वच्चामो ।।
ललिए महुरक्खरए जुवई-यण-वल्लहे स-सिंगारे ।
संते पाइय-कव्वे को सक्कइ सक्कयं पढिउं ? ।।" (जयवल्लभ का वज्जालग्ग, पृष्ठ ६)

प्राकृत-भाषा की कविता में और विदग्ध के वचनों में जो रस आता है उससे, बासी और शीतल जल की तरह, तृप्ति नहीं होती है—मन कभी ऊबता नहीं है—उत्कण्ठा निरन्तर बनी ही रहती है।

जब सुन्दर, मधुर, शृङ्गार-रस-पूर्ण और युवतियों को प्रिय ऐसा प्राकृत-काव्य मौजूद है तब संस्कृत पढ़ने को कौन जाता है ?

---

१. संस्कृतकाव्यस्यार्थं येन न जानन्ति मन्दबुद्धयः । सर्वेषामपि सुखबोधं तेनेदं प्राकृतं रचितम् ।।
गुढार्थदेशीरहितं सुललितवर्णैर्विरचितं रम्यम् । प्राकृतकाव्यं लोके कस्य न हृदयं सुखयति ? ।।

२. उज्झयतां संस्कृतकाव्यं संस्कृतकाव्यं च निर्मितं येन । वंशगृहमिव प्रदीप्तं तडतडतट्टत्वं करोति ।।

३. प्राकृतकाव्ये रसो यो जायते तथा वा छेकभणितैः । उदकस्य च वासितशीतलस्य तृप्तिं न व्रजामः ।।
ललिते मधुराक्षरके युवतिजनवल्लभे सशृंगारे । सति प्राकृतकाव्ये कः प्रभवति संस्कृतं पठितुम् ? ।।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# इस कोष में स्वीकृत पद्धति

१. प्रथम काले टाइपों में क्रम से प्राकृत शब्द, उसके बाद सादे टाइपों में उस प्राकृत शब्द के लिङ्ग आदि का संक्षिप्त निर्देश, उसके पश्चात् काले कोष्ठ (ब्राकेट) में काले टाइपों में प्राकृत शब्द का संस्कृत प्रतिशब्द, उसके अनन्तर सादे टाइपों में हिन्दी भाषा में अर्थ और तदनन्तर सादे टाइपों में ब्राकेट में प्रमाण (रेफरेंस) का उल्लेख किया गया है।

२. शब्दों का क्रम नागरी वर्ण-माला के अनुसार इस तरह रखा गया है :—अ, आ, इ, ई, उ, ऊ, ए, ऐ, ओ, औ, अं, क, ख, ग आदि। इस तरह अनुस्वार के स्थान की गणना संस्कृत-कोषों की तरह पर-सवर्ण अनुनासिक व्यञ्जन के स्थान में न कर अन्तिम स्वर के बाद और प्रथम व्यञ्जन के पूर्व में ही करने का कारण यह है कि संस्कृत की तरह प्राकृत में व्याकरण[1] की दृष्टि से भी अनुस्वार के स्थान में अनुनासिक का होना कहीं भी अनिवार्य नहीं है और प्राचीन हस्त-लिखित पुस्तकों में प्रायः सर्वत्र अनुस्वार का ही प्रयोग पाया जाता है।

**अजाय** वि [अजात] अनुत्पन्न, अनिष्पन्न। °**कप्प** पुं [°कल्प] शास्त्रों को पूरा-पूरा नहीं जाननेवाला जैन साधु, अगीतार्थ; 'गीयत्थ जायकप्पो अगीओ खलु भवे अजाओ अ' (धर्म ३)। °**कप्पिय** पुं [°कल्पिक] अगीतार्थ जैन साधु (गच्छ १)।

**अजिअ** वि [अजित] १ अपराजित, अपराभूत। २ पुं. दूसरे तीर्थंकर का नाम (अजि १)। ३ नववें तीर्थंकर का अधिष्ठाता देव (संति ७)। ४ एक भावी बलदेव (ती २१)। °**बला** स्त्री [°बला] भगवान् अजितनाथ की शासनदेवी (पव २७)। °**सेण** पुं [°सेन] १ एक प्रसिद्ध राजा (आव)। २ चौथा कुलकर (ठा १०)। ३ एक विख्यात जैन मुनि (अंत ४)।

**अजिअ** पुं [अजित] भगवान् मल्लिनाथ का प्रथम श्रावक (विचार ३७८)।

°**नाह** पुं [°नाथ] नववां रुद्र पुरुष (विचार ४७३)।

**अजिअ** वि [अजीव] जीव-रहित, अचेतन (कम्म १, १५)।

**अजिअ** वि [अजय्य] जो जीता न जा सके (सुपा ७५)।

**अजिया** स्त्री [अजिता] १ भगवान् अजितनाथ की शासन देवी (संति ६)। २ चतुर्थ तीर्थंकर की एक मुख्य शिष्या (तित्थ)।

**अजिण** न [अजिन] १ हरिण आदि पशुओं का चमड़ा (उत्त ५; दे ७, २७)। २ वि. जिसने राग-द्वेष का सर्वथा नाश नहीं किया है वह (भग १५)। ३ जिन भगवान् के तुल्य सत्योपदेशक जैन साधु, 'अजिणा जिणसंकासा, जिणा इवावितहं वागरेमाणा' (औप)।

**अजिण्ण** देखो अइन्न = अजीर्ण (आव)।

**अजियंधर** पुं [अजितन्धर] ग्यारह रुद्रों में आठवां रुद्र पुरुष (विचार ४७३)।

**अजिर** न [अजिर] आंगन, चौक (सण)।

**अजीर** } देखो **अइन्न** = अजीर्ण ( वव १;
**अजीरय** } णाया १,१३)।

**अजीरण** देखो **अइन्न** = अजीर्ण (पिंड २७; पव १३१)।

**अजीव** पुं [अजीव] अचेतन, निर्जीव, जड़ पदार्थ (नव २)। °**काय** पुं [°काय] धर्मास्तिकाय आदि अजीव पदार्थ (भग ७,१०)।

**अजुअ** पुं [दे] वृक्ष-विशेष, सप्तच्छद, सतौना (दे १, १७)।

**अजुअ** न [अयुत] दश हजार, 'दोरिगए सहस्सा रहाणं, पंच अजुयाणि हयाणं' (महा)।

**अजुअलवण्ण** पुं [अयुगलपर्ण] सतौना (दे १,४८)।

**अजुअलवण्णा** स्त्री [दे] इमली का पेड़ (दे १, ४८)।

**अजुत्त** वि [अयुक्त] अयोग्य, अनुचित (विसे)। °**कारि** वि [°कारिन्] अयोग्य कार्य करनेवाला (सुपा ६०४)।

**अजुत्तीय** वि [अयुक्तिक] युक्ति-शून्य, अन्याय्य (सुर १२, ५४)।

**अजुय** देखो **अजुअ**; 'पंच अजुयाणि हयाणं सत्त कोडीओ पाइक्कजणाण' (सुख ६, १)।

**अजेअ** वि [अजेय] जो जीता न जा सके, 'सो मउडरयणपहावेण अजेओ दोमुहराया' (महा)।

**अजोग** पुं [अयोग] मन, वचन और काया के सब व्यापारों का जिसमें अभाव होता है वह सर्वोत्कृष्ट योग, शैलेशी-करण (ग्रौप)।

**अजोग** वि [अयोग्य] अयोग्य, लायक नहीं वह (नीचू ११)।

**अजोगि** पुं [अयोगिन्] १ सर्वोत्कृष्ट योग को प्राप्त योगी। २ मुक्त आत्मा (ठा २,१; कम्म ४, ४७; ५०)।

**अज्ज** सक [अर्ज्] पैदा करना, उपार्जन करना, कमाना। **अज्जइ** (हे ४,१०८)। संकृ. **अज्जिय** (पिंग)।

**अज्ज** वि [अर्य] १ वैश्य। २ स्वामी, मालिक (दे १, ५)।

**अज्ज** वि [आर्य] १ निर्दोष। २ आर्य-गोत्र में उत्पन्न (णंदि ४६)। ३ शिष्ट-जनोचित, 'अज्जाइं कम्माइं करेहि रायं' (उत्त १३,३२)। °**खउड** पुं [°खपुट] एक जैन आचार्य (कुप्र ४४०)।

**अज्ज** वि [आर्य] १ उत्तम, श्रेष्ठ (ठा ४,२)। २ मुनि, साधु (कप्प)। ३ सत्यकार्य करनेवाला (वव १)। ४ पूज्य, मान्य (विपा १, १)। ५ पुं. मातामह (निसी)। ६ पितामह (णाया १, ८)। ७ एक ऋषि का नाम (णंदि)। ८ न. गोत्र-विशेष (णंदि)। ९ जैन साधु, साध्वी और उनकी शाखाओं के पूर्व में यह शब्द प्रायः लगता है, जैसे अज्जवइर, अज्जचंदणा, अज्जपोमिला (कप्प)। °**उत्त** पुं [°पुत्र] १ पति, भर्ता (नाट)। २ मालिक का पुत्र (नाट)। °**घोस** पुं [°घोष] भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर (ठा ८)। °**मंगु** पुं [°मङ्गु] एक प्राचीन जैनाचार्य (सार्ध २२)। °**मिस्स** वि [°मिश्र] पूज्य, मान्य (अभि १६)। °**समुद्द** पुं [°समुद्र] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (सार्ध २२)।

**अज्ज** अ [अद्य] आज (सुर २, १६७)। °**त्त** वि [°तन] अधुनातन, आजकल का (रंभा)। °**त्ता** स्त्री [°ता] आज कल (कप्प)। °**प्पभिइ** अ [°प्रभृति] आज से ले कर (उवा)।

**अज्ज** पुं [दे] १ जिनेन्द्र देव। २ बुद्ध देव (दे १, ५)।

**अज्ज** न [आज्य] घी, घृत (पाअ)।

**अज्ज°** देखो **रि** = ऋ।

**अज्जं** अ [अद्य] आज (गा ५८)।

**अज्जंत** वि [आयत्] आगामी। °**काल** पुं [°काल] भविष्य काल (पाअ)।

**अज्जंहिज्जो** अ [अद्यह्यः] आजकल (उप पृ ३३४)।

**अज्जकालिअ** वि [अद्यकालिक] आजकल का (अणु १५८)।

**अज्जग** देखो **अज्जय** = अर्जक; 'अज्जगतरुमंजरिव्व' (सुपा ५३)।

**अज्जग** देखो **अज्जय** = आर्यक (निर १, १)।

**अज्जण** सक [अर्ज्] उपार्जन करना। संकृ. **अज्जणित्ता** (सूअ १, ५, २, २३)।

**अज्जण** } [अर्जन] उपार्जन, पैदा करना
**अज्जणण** } (श्रा १२; सत्त १८); 'रज्जं केरिसमेवं करेसुवायं तदज्जणे' (उप ७ टी)।

**अज्जम** पुं [अर्यमन्] १ सूर्य (पि २६१)। २ देव-विशेष (जं ७)। ३ उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३)। ४ न. उत्तरा-फाल्गुनी नक्षत्र (ठा २, ३)।

**अज्जय** पुं [आर्यक] १ मातमह, मां का बाप (पउम ९०, २)। २ पितामह, पिता का पिता (भग ९, ३३); 'जं पुण अज्जय-पज्जय-जणयज्जियअत्थमज्झओ दाणं परमत्थओ कलंकं तयं तु पुरिसाभिमाणीणं' (सुर १, २२०)।

**अज्जय** वि [अर्जक] १ उपार्जन करनेवाला, पैदा करनेवाला (सुपा १२४)। २ पुं. वृक्ष-विशेष (पण्ण १)।

**अज्जय** पुं [दे] १ सुरस नामक तृण। २ गुरेटक नामक तृण (दे १, ५४)। ३ तृण, घास (निचू ११)।

**अज्जल** पुं [आर्यल] म्लेच्छों की एक जाति (पण्ण १)।

**अज्जव** न [आर्जव] सरलता, निष्कपटता (नव २९)।

**अज्जव** (अप) देखो **अज्ज** = आर्य। °**खंड** पुं [खण्ड] आर्य-देश (भवि)।

**अज्जवया** स्त्री [आर्जव] ऋजुता, सरलता (पक्खि)।

**अज्जवि** वि [आर्जविन्] सरल, निष्कपट (आचा)।

**अज्जविय** न [आर्जव] सरलता (सूअ १, ५, २, २३)।

**अज्जा** स्त्री [आर्या] १ साध्वी (गच्छ २)। २ गौरी, पार्वती (दे १, ५)। ३ आर्या छन्द (जं २)। ४ भगवान् मल्लिनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)। ५ मान्या, पूज्या स्त्री (पि १०६, १४३, १४५)। ६ एक कला (औप)।

**अज्जा** स्त्री [आज्ञा] आदेश, हुकुम (हे २, ८३)।

**अज्जाय** वि [अजात] अनुत्पन्न, 'अज्जायस्सियरस्सवि एस सहावो त्ति दुग्घडं जाए' (धर्मसं २७०)।

**अज्जाव** सक [आ + ज्ञापय्] आज्ञा करना, हुकुम फरमाना। कृ. **अज्जावेयव्व** (सूअ २, १)।

**अज्जिअ** वि [अर्जित] उपार्जित, पैदा किया हुआ (श्रा १४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अज्जिआ स्त्री [आर्यिका] १ मान्या, पूज्या स्त्री । २ साध्वी, संन्यासिनी (सम ६५; पि ४४८) । ३ माता की माता (दस ७) । ४ पिता की माता (स २५५) ।

अज्जिज्ञीअ वि [दे] दत्त, दिया हुआ (वंव १ टी) ।

अज्जिणग देखो अज्जणग (उप ६६४) ।

अज्जीव देखो अजीव, 'धम्माधम्मा पुग्गल, नह कालो पंच हुंति अज्जीवा' (नव १०) ।

अज्जु (अप) अ [अद्य] आज (हे ४, ३४३; भवि; पिंग) ।

अज्जुअ (शौ) देखो अज्ज = आर्य (नाट) ।

अज्जुआ (शौ) देखो अज्जा = आर्या (पि १०५) ।

अज्जुण पुं [अर्जुन] १ तीसरा पाण्डव (णाया १, १६) । २ वृक्ष-विशेष (णाया १, ६; औप) । ३ गोशालक के एक दिक्चर (शिष्य) का नाम (भग १५) । ४ न. श्वेत सुवर्ण, सफेद सोना; 'सव्वज्जुणसुवण्णगमई' (औप) । ५ तृण-विशेष (पराण १) । ६ अर्जुन वृक्ष का पुष्प (णाया १, ६) ।

अज्जुणग } [अर्जुनक] १–६ ऊपर देखो ।
अज्जुणय } ७ एक माली का नाम (अंत १८) ।

अज्जू स्त्री [आर्या] सास, श्वश्रू (हे १, ७७) ।

अज्जोग देखो अजोग = अयोग (पंच १) ।

अज्जोगि देखो अजोगि (पंच १) ।

अज्जोरुह न [दे] वनस्पति-विशेष (पराण १) ।

अज्झक्ख वि [अध्यक्ष] अधिष्ठाता (कप्पू) ।

अज्झ पुं [दे] यह (पुरुष, मनुष्य) (दे १, ५०) ।

अज्झत्त देखो अज्झप्प (सूअ १, २, २, १२) ।

अज्झत्थ वि [दे] आगत, आया हुआ (दे १, १०) ।

अज्झत्थ } न [अध्यात्म] १ आत्मा में, आत्म-
अज्झप्प } संबंधी, आत्म-विषयक; (उत्त १; आचा) । २ मन में, मन संबंधी, मनो-विषयक (उत्त ६; सूअ १, १६, ४) । ३ मन, चित्त; 'अज्झप्पसारणएणं' (दसनि १, २६) । ४ शुभ-ध्यान, 'अज्झप्प-रए सुसमाहि-अप्पा, सुत्तत्थं च वियाणइ जे स भिक्खू' (दस १०,१५) । ५ पुं. आत्मा (ओघ ७४५) । °जोग पुं [°योग] योग-विशेष, चित्त की एकाग्रता (सूअ १, १६, ४) । °दोस पुं [°दोष] आध्यात्मिक दोष—क्रोध, मान, माया और लोभ (सूअ १, ६) । °वत्तिय वि [°प्रत्ययिक] चित्त-हेतुक, मन से ही उत्पन्न होनेवाला शोक, चिन्ता आदि (सूअ २, २, १६) । °विसोहि स्त्री [°विशुद्धि] आत्म-शुद्धि (ओघ ७४५) । °संवुड वि [°संवृत] मनो-निग्रही, मन को काबू में रखने-वाला (आचा) । °सुइ स्त्री [°श्रुति] अध्यात्म-शास्त्र, आत्म-विद्या, योग-शास्त्र (पराह २, १) । °सुद्धि स्त्री [°शुद्धि] मन की शुद्धि (आचू १) । °सोहि स्त्री [°शुद्धि] मनः-शुद्धि (आचू १) ।

अज्झत्थिय वि [आध्यात्मिक] आत्म-विषयक, आत्मा या मन से संबंध रखनेवाला (विपा १, १; भग २, १) ।

अज्झत्थीअ देखो अज्झत्थिय (पव १२१) ।

अज्झप्पिअ वि [आध्यात्मिक] १ अध्यात्म का जानकार (अज्झ २) । २ अध्यात्म-सम्बन्धी (सूअनि ६४) ।

अज्झय वि [दे] प्रातिवेशिमक, पड़ोसी (दे १, १७) ।

अज्झयण पुंन [अध्ययन] १ शब्द, नाम (चंद १) । २ पढ़ना, अभ्यास (विसे) । ३ ग्रन्थ का एक अंश (विपा १, १) ।

अज्झयणि वि [अध्ययनिन्] पढ़ने वाला, अभ्यासी (विसे १४६५) ।

अज्झयाव सक [अधि + आप्] पढ़ाना, सीखाना । । अज्झयावेति (विसे ३१६६) ।

अज्झवस सक [अध्यव + सो] विचार करना, चिंतन करना । वकृ. अज्झवसंत (सुपा ५६५) ।

अज्झवसण } न [अध्यवसान] चिन्तन,
अज्झवसाण } विचार, आत्म-परिणाम; 'तो कुमरेणं भणियं, मुणिपुंगव ! रइसुहज्झवस-णंपि । किं इयफलयं जायइ ?' (सुपा ५६९; प्रासू १०४; विपा १, २) ।

अज्झवसाय पुं [अध्यवसाय] विचार, आत्म-परिणाम, मानसिक संकल्प (आचा; कम्म ४, ८२) ।

अज्झवसिय वि [अध्यवसित] निश्चित, (धर्मसं ४२८) ।

अज्झवसिय वि [अध्यवसित] १ जिसका चिन्तन किया गया हो वह (औप) । २ न. चिन्तन, विचार (अणु) ।

अज्झवसिय न [दे] मुंड़ा हुआ मुंह (दे १, ४८) ।

अज्झसिय वि [दे] देखा हुआ, दृष्ट (दे १, ३०) ।

अज्झस्स सक [आ + क्रुश्] आक्रोश करना, अभिशाप देना । अज्झस्सइ (दे १, १३) ।

अज्झस्स } वि [आक्रुष्ट] जिस पर आक्रोश
अज्झस्सिय } किया गया हो वह (दे १, १३) ।

अज्झहिय वि [अध्यधिक] अत्यंत, अतिश-यित (महा) ।

अज्झा स्त्री [दे] १ असती, कुलटा । २ प्रशस्त स्त्री । ३ नवोढ़ा, दुलहिन । ४ युवती स्त्री । ५ यह (स्त्री) (दे १, ५०; गा ८३८, ८६८; वज्जा ६४) ।

अज्झा } सक [अधि + इ] अध्ययन करना,
अज्झाअ } पढ़ना । अज्झामि; (सुख २, १३) । हेकृ. अज्झाइउं (सुख २, १३) ।

अज्झाअ सक [अध्यापय्] पढ़ाना । कर्म. अज्झाइज्जइ (सुख २, १३) ।

अज्झाइअव्व वि [अध्येतव्य] पढ़ने योग्य, 'सुअं मे भविस्सइ त्ति अज्झाइअव्वं भवइ' (दस ६, ४, ३) ।

अज्झाय पुं [अध्याय] १ पठन, अभ्यास (नाट) । २ ग्रन्थ का एक अंश (विसे १११६; प्राप) ।

अज्झारुह पुं [अध्यारुह] १ वृक्ष-विशेष । २ वृक्षों के ऊपर बढ़नेवाली वल्ली या शाखा वगैरह (पराण १) ।

अज्झारोव पुं [अध्यारोप] आरोप, उपचार (धर्मसं ३५२; ३५३) ।

अज्झारोवण न [अध्यारोपण] १ आरोपण, ऊपर चढ़ाना । २ पूछना, प्रश्न करना (विसे २६२८) ।

अज्झारोह पुं [अध्यारोह] देखो अज्झारुह (सूअ २, ३, ७, १८, १६) ।

अज्झाव देखो अज्झाअ = अध्यापय् । अज्झा-वेइ (सुख २,१३) । वकृ अज्झावअंत (हास्य १२४) ।

अज्झावग देखो अज्झावय (दसनि १, १ टी) ।

**अज्झावण** न [अध्यापन] पाठन (सिरि २७)।

**अज्झावणा** स्त्री [अध्यापना] पढ़ाना (कम्म १, ६०)।

**अज्झावय** वि [अध्यापक] पढ़ानेवाला, शिक्षक, गुरु (वसु; सुर ३, २६)।

**अज्झावस** अक [अध्या + वस्] रहना, वास करना। वकृ. **अज्झावसंत** (उवा)।

**अज्झास** पुं [अध्यास] १ ऊपर बैठना। २ निवास-स्थान (सुपा २०)।

**अज्झासणा** स्त्री [अध्यासना] सहन करना (राज)।

**अज्झासिअ** वि [अध्यासित] १ आश्रित, अधिष्ठित। २ स्थापित, निवेशित (नाट)।

**अज्झाहय** वि [अध्याहत] १ उत्तेजित, 'सीयलेणं सुरहिगंधमट्टियागंधेणं हत्थी अज्झाहओ वणं संभरेइ' (महा)।

**अज्झीण** वि [अक्षीण] १ अक्षय, अखूट। २ न. अध्ययन (विसे ६५८)।

**अज्झुववज्ज** देखो **अज्झोववज्ज** (पि ७७; औप)।

**अज्झुववण्ण** देखो **अज्झोववण्ण** (विपा १, १)।

**अज्झुववाय** देखो **अज्झोववाय** (उप पृ २८१)।

**अज्झुसिअ** वि [अध्युषित] आश्रित (पिंड ४५०)।

**अज्झुसिर** वि [अशुषिर] छिद्र-रहित (ओघ ३१३)।

**अज्झेउ** वि [अध्येतृ] पढ़नेवाला (विसे १४६५)।

**अज्झेल्ली** स्त्री [दे] दोहने पर भी जिसका दोहन हो सके ऐसी गैया (दे १, ७)।

**अज्झेसणा** स्त्री [अध्येषणा] अधिक प्रार्थना, विशेष याचना (राज)।

**अज्झोयरग** } पुं [अध्यवपूरक] १ साधु के
**अज्झोयरय** } लिए अधिक रसोई करना। २ साधु के लिए बढ़ाकर की हुई रसोई (औप; पव ६७)।

**अज्झोलिआ** स्त्री [दे] वक्षः-स्थल के आभूषण में की जाती मोतियों की रचना (दे १, ३३)।

**अज्झोवगमिय** वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत (पण्ण ३४)।

**अज्झोववज्ज** अक [अध्युप + पद्] अत्यासक्त होना, आसक्ति करना। अज्झोववज्जइ (पि ७७)। भविअज्झोववज्जिहिइ (औप)।

**अज्झोववण्ण** } वि [अध्युपपन्न] अत्यंत
**अज्झोववन्न** } आसक्त (विपा १,२; णाया १, २; महा; पि ७७)।

**अज्झोववाय** पुं [अध्युपपाद] अत्यन्त आसक्ति, तल्लीनता (पण्ह २,५)।

**अझावणा** देखो **अज्झावणा**; 'पसमो पसन्नवयणो विहिणा सव्वाणझावणाकुसलो' (संबोध २४)।

**अट** } सक [अट्] भ्रमण करना, घूमना।
**अट्ट** } अटइ (षड्; हे १, १९५); परिअट्टइ (हे ४, २३०)।

**अट्ट** सक [क्वथ्] क्वाथ करना। अट्टइ (हे ४, ११९; षड्; गउड)।

**अट्ट** अक [शुष्] सूखना, शुष्क होना। अट्टंति (से ५, ६१)। वकृ. **अट्टंत** (से ५, ७३)।

**अट्ट** वि [आर्त] १ पीड़ित, दुःखित (विपा १,१)। २ ध्यान-विशेष—इष्ट-संयोग, अनिष्ट-वियोग, रोग-निवृत्ति और भविष्य के लिए चिन्ता करना (ठा ४, १)। **°ण्ण** वि [°ज्ञ] पीड़ित की पीड़ा को जाननेवाला (षड्)।

**अट्ट** वि [ऋत] गत, प्राप्त (णाया १, १; भग १२, २)।

**अट्ट** पुंन [अट्ट] १ दूकान, हाट (श्रा १४)। २ महल के ऊपर का घर, अटारी (कुमा)। ३ आकाश (भग २०, २)।

**अट्ट** वि [दे] १ कृश, दुर्बल। २ बड़ा, महान्। ३ निर्लज्ज, बेशरम। ४ आलसी, सुस्त। ५ पुं. शुक, तोता। ६ शब्द, आवाज। ७ न. सुख। ८ झूठ, असत्योक्ति (दे १, ५०)।

**अट्टट्ट** वि [दे] गया हुआ, गत (दे १, १०)।

**अट्टट्टहास** पुं [अट्टाट्टहास] देखो **अट्टहास** (उव)।

**अट्टण** न [अट्टन] १ व्यायाम, कसरत (औप)। २ पुं. इस नाम का एक प्रसिद्ध मल्ल (उत्त ४)। **°साला** स्त्री [°शाला] व्यायाम-शाला, कसरत-शाला (औप; कप्प)।

**अट्टण** न [अटन] परिभ्रमण (धर्म ३)।

**अट्टणा** स्त्री [आवर्तना] आवृत्ति (प्राकृ ३१)।

**अट्टमट्ट** वि [दे] निरर्थक, व्यर्थ, निकम्मा (सुख ५,८)।

**अट्टमट्ट** पुं [दे] १ आलवाल, कियारी (हे २, १७४)। २ अशुभ संकल्प-विकल्प, पाप-संबद्ध अव्यवस्थित विचार; 'अणवट्ठियं मणो जस्स झाइ बहुयाइं अट्टमट्टाइं। तं चिंतियं च न लहइ, संचिणइ य पावकम्माइं' (उव)।

**अट्टय** पुं [अट्टक] १ हाट, दूकान (श्रा १२)। २ पात्र के छिद्र को बन्द करने में उपयुक्त द्रव्य-विशेष (बृह १)।

**अट्टयक्कली** स्त्री [दे] कमर पर हाथ रखकर खड़ा रहना (पाअ)।

**अट्टहास** पुं [अट्टहास] बहुत हंसना, खिलखिला कर हंसना (पि २७१)।

**अट्टालग** } पुंन [अट्टालक] महल का उपरि-
**अट्टालय** } भाग, अटारी (सम १३७; पउम २, ६)।

**अट्टि** स्त्री [आर्ति] पीड़ा, दुःख (आचा)।

**अट्टिय** वि [आर्तित] शोकादि से पीड़ित, 'अट्टा अट्टियचित्ता, जह जीवा दुक्खसागरमुवेंति' (औप)।

**अट्टिय** वि [अर्दित] व्याकुल, व्यग्र; 'अट्टदुहट्टियचित्ता' (औप)।

**अट्ठ** पुं [अर्थ] संयम (सूअ १,२,२,१९)।

**अट्ठ** पुंन [अर्थ] १ वस्तु, पदार्थ (उवा २; अच्चु); 'अट्ठदंसी' (सूअ १, १४), 'अट्ठाइं, हेऊइं, पसिणाइं' (भग २, १)। २ विषय, 'इंदियट्ठा' (ठा ६)। ३ शब्द का अभिधेय, वाच्य (सूअ १,६)। ४ मतलब, तात्पर्य (विपा २,१; भास १८)। ५ तत्त्व, परमार्थ; 'तुब्भेत्थ भो भारहरा गिराणं, अट्ठं न याणाह अहिज्ज वेए' (उत्त १२, ११); 'इओ चुएसु दुहमट्ठदुग्गं' (सूअ १, १०, ६)। ६ प्रयोजन, हेतु (हे २,२३)। ७ अभिलाष, इच्छा; 'अट्ठो भंते! भोगेहिं, हंता अट्ठो' (णाया १,१६; उत्त ३)। ८ उद्देश्य, लक्ष्य (सूअ १, २, १)। ९ धन, पैसा (श्रा १४; आचा)। १० फल, लाभ; 'अट्ठजुत्ताणि सिक्खेज्जा णिरट्ठाणि उ वज्जए' (उत्त १)। ११ मोक्ष, मुक्ति (उत्त १)। **°कर** पुं [°कर]। १ मंत्री। २ निमित्त शास्त्र का विद्वान् (ठा ४, ३)। **°जाय** वि [°जातार्थ]



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

जिसकी आवश्यकता हो, जिसका प्रयोजन हो वह; 'अट्ठेण जस्स कज्जं संजातं एस अट्ठजाम्रो य' (वव २)। °जाय वि [°याच] धनार्थी, धन की चाहवाला (वव २)। °सइय वि [°शतिक] सौ अर्थवाला, जिसका सौ अर्थ हो सके ऐसा (वचन आदि) (जं २)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्टिसेण, देखो अत्थ=अर्थ।

अट्ठ त्रि.ब. [अष्टन्] संख्या-विशेष, आठ, ८ (जी ४१)। °चत्ताल वि [°चत्वारिंश] अठतालीसवाँ (पउम ४८,१२६)। °चत्तालीस त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस (पि ४४५)। °ट्ठमिया स्त्री [°ष्टमिका] जैन साधुओं का ६४ दिन का एक व्रत, प्रतिमा-विशेष (सम ७७)। °तालीस वि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस (नाट)। °तीस त्रि [°त्रिंशत्] संख्या-विशेष, अठतीस (सम ६५; पि ४४२; ४४५)। °तीसइम वि [°त्रिंश] अठतीसवाँ (पउम ३८, ५८)। °त्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर, ७८ की संख्या (पि ४४६)। °त्तीस त्रि [°त्रिंशत्] अठतीस (सुपा ६५९; पि ४४५)। °दस त्रि [°दशन्] अठारह, १८ (संति ३)। °दसुत्तरसय वि [°दशोत्तरशत] एक सौ अठारहवाँ (पउम ११८,१२०)। °दह त्रि [°दशन्] अठारह, १८ की संख्या (पिंग)। °पएसिय वि [°प्रदेशिक] आठ अवयव वाला (ठा १०)। °पया स्त्री [°पदा] एक वृत्त, छन्द-विशेष (पिंग) °पाहरिअ वि [प्राहरिक] आठ प्रहर संबंधी (सुर १५, २१८)। °भाइया स्त्री [°भागिका] तरल वस्तु नापने का बत्तीस पलों का एक परिमाण (अणु)। °म न [°म] तेला, लगातार तीन दिनों का उपवास (सुर ४,५५)। °मंगल पुंन [°मङ्गल] स्वस्तिक आदि आठ मांगलिक वस्तु (राय)। °मभत्त पुंन [°मभक्त] तेला, लगातार तीन दिनों का उपवास (णाया १,१)। °मभत्तिय वि [°मभक्तिक] तेला करनेवाला (विपा २, १)। °मी स्त्री [°मी] तिथि-विशेष, अष्टमी (विपा २, १)। °मुत्ति पुं [°मूर्ति] महादेव, शिव (ठा ६)। °याल त्रि [°चत्वारिंशत्] अठतालीस (भवि)। °वन्न त्रि [°पञ्चाशत्] संख्या-विशेष, अट्ठावन, ५८ (कम्म १, ३२)। °वरिस, °वारिस वि [°वार्षिक] आठ वर्ष की उम्र का (सुर २,१४६; ८,१०१)। °विह वि [°विध] आठ प्रकार का (जी २४)। °वीस स्त्रीन [°विंशति] अट्ठाईस (कम्म १, ५)। °सट्ठि स्त्री [°षष्टि] संख्या-विशेष, अठसठ (पि ४४२-६)। °समइय वि [°सामयिक] जिसकी अवधि आठ 'समय' की हो वह (औप)। °सय न [°शत] एक सौ आठ, १०८ (ठा १०)। °सहस्स न [सहस्र] एक हजार और आठ (औप)। °सामइय देखो °समइय (ठा ८)। °सिर वि [°शिरस्, °सिर] अष्ट-कोण, आठ कोण वाला (औप)। °सेण पुं [°सेन] देखो अट्टिसेण। °हत्तर वि [°सप्ततितम] अठत्तरवाँ (पउम ७८, ५७)। °हत्तरि स्त्री [°सप्तति] अठत्तर की संख्या, ७८ (सम ८६)। °हा अ [°धा] आठ प्रकार का (पि ४५१)।

°अट्ठ न [काष्ठ] काठ, लकड़ी (प्रयौ ७४)।

अट्ठंग वि [अष्टाङ्ग] जिसका आठ अंग हो वह। °णिमित्त न [°निमित्त] वह शास्त्र जिसमें भूमि, स्वप्न, शरीर, स्वर आदि आठ विषयों के फलाफल का प्रतिपादन हो (सूअ १, १२)। °महाणिमित्त न [°महानिमित्त] अनन्तर-उक्त अर्थ (कप्प)।

अट्ठंस वि [अष्टास्र] अष्ट-कोण (सूअ २,१, १५)।

अट्ठदिट्ठि स्त्री [अष्टदृष्टि] योग की आठ दृष्टियाँ, वे ये हैं:—मित्रा, तारा, बला, दीप्रा, स्थिरा, कान्ता, प्रभा और परा (सिरि ६२३)।

अट्ठय न [अष्टक] आठ का समूह (वव १)।

अट्ठा स्त्री [अष्टा] १ मुष्टि, 'चउहिं अट्ठाहिं लोयं करेइ' (जं २; स १८२)। २ मुट्ठीभर चीज (पंचव २)।

अट्ठा स्त्री [आस्था] श्रद्धा, विश्वास (सूअ २,१)।

अट्ठा स्त्री [अर्थ] लिए, वास्ते; 'तइया य मणी दिव्वो, समप्पिओ जीवरक्खट्ठा' (सुर ६, ६; ठा ५, २)। °दंड पुं [°दण्ड] कार्य के लिए की गई हिंसा (ठा ५, २)।

अट्ठाइस वि [अष्टाविंश] अठाईसवाँ (पिंग)।

अट्ठाइस } स्त्रीन [अष्टाविंशति] संख्या-
अट्ठाईस } विशेष, अठाईस (पिंग; पि ४४२)।

अट्ठाण न [अस्थान] १ अयोग्य स्थान (ठा ६; विसे ८४५)। २ कुत्सित स्थान, वेश्या का मुहल्ला वगैरह (वव२)। ३ अयोग्य, गैरव्याजबी 'अट्ठाणमेयं कुसला वयंति, दगेण जे सिद्धिमुयाहरंति' (सूअ १, ७)।

अट्ठाण न [आस्थान] सभा, सभा-गृह (ठा ५, १)।

अट्ठाणउइ स्त्री [अष्टानवति] अठानबे, ९८ (सम ९६)।

अट्ठाणउय वि [अष्टानवत] अठानबेवाँ, ९८वाँ (पउम ९८, ७८)।

अट्ठाणवइ देखो अट्ठाणउइ (कुप्र २१६)।

अट्ठाणिय वि [अस्थानिक] अपात्र, अनाश्रय; 'अट्ठाणिए होइ बहू गुणाणं, जेण्णाणसंकाइ मुसं वएज्जा' (सूअ १, १३)।

अट्ठायमाण वकृ [अतिष्ठत्] नहीं बैठता हुआ (पंचा १६)।

अट्ठार } त्रि. ब. [अष्टादशन्] संख्या
अट्ठारस } विशेष, अठारह (पउम ३५, ७६; संति ९)। °विह त्रि [°विध] अठारह प्रकार का (सम ३५)।

अट्ठारसग न [अष्टादशक] १ अठारह का समूह (पंचा १४, ३)। २ वि. जिसका मूल्य अठारह मुद्रा हो वह (पव १११)।

अट्ठारसम वि [अष्टादश] १ अठारहवाँ (पउम १८,५८)। २ न. लगातार आठ दिनों का उपवास (णाया १, १)।

अट्ठारसिय वि [अष्टादशिक] अठारह वर्ष की उम्र का (वव ४)।

अट्ठारह } देखो अट्ठार (षड्; पिंग)।
अट्ठाराह }

अट्ठावण्ण } स्त्रीन [अष्टापञ्चाशत्] संख्या-
अट्ठावन्न } विशेष, पचास और आठ, ५८ (पि २६५; सम ७४)।

अट्ठावन्न वि [अष्टापञ्चाश] अठावनवाँ (पउम ५८, १६)।

अट्ठावय पुं [अष्टापद] १ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, कैलास (पण्ह १, ४)। २ न. एक जाति का जुआ (पण्ह १,४)। ३ द्यूत-फलक, जिस पर जुआ खेला जाता है वह (पण्ह १, ४)। ४ सुवर्ण, सोना (धण ८)। °सेल पुं [°शैल] १ मेरु-पर्वत। २ स्वनाम-ख्यात पर्वत-विशेष, जहाँ भगवान् ऋषभदेव निर्वाण पाये थे; 'जम्मि तुमं अहिसित्तो, जत्थ य सिवसुक्खसंपयं पत्तो। ते अट्ठावयसेला, सीसामेला गिरिकुलस्स' (धण ८)।

**अट्ठावय** न [अर्थपद] गृहस्थ (दस ३,४)।

**अट्ठावय** न [अर्थपद] अर्थ-शास्त्र, संपत्ति-शास्त्र (सूम १,६ पराह १,४)।

**अट्ठावीस** स्त्रीन [अष्टाविंशति] अठाईस, २८ (पि ४४२, ४४५)।

**अट्ठावीसइ** स्त्री [अष्टाविंशति] संख्या-विशेष, अठाईस, २८। °**विह** वि [°विध] अठाईस प्रकार का (पि ४५१)।

**अट्ठावीसइम** वि [अष्टाविंश] १ अठाईसवाँ (पउम २८, १४१)। २ न. तेरह दिनों के लगातार उपवास (णाया १,१)।

**अट्ठासट्ठि** स्त्री [अष्टाषष्टि] संख्या-विशेष, अठसठ, ६८ (पिंग)।

**अट्ठासि** } स्त्री [अष्टाशीति] संख्या-विशेष
**अट्ठासीइ** } अठासी, ८८ (पिंग; सम ७३)।

**अट्ठासीय** वि [अष्टाशीत] अठासीवाँ (पउम ८८, ४४)।

**अट्ठाह** न [अष्टाह] आठ दिन (णाया १,८)।

**अट्ठाहिया** स्त्री [अष्टाह्निका] १ आठ दिनों का एक उत्सव (पंचा ८)। २ उत्सव (णाया १,८)।

**अट्ठि** वि [अर्थिन्] प्रार्थी, गरजवाला, अभिलाषी (आचा)।

**अट्ठि** पुं [अस्थि] १ हड्डी, हाड़; 'अयं अट्ठी' (सूम २, १, १६)। २ फल की गुट्ठी (दस ५,१,७३)।

**अट्ठि** } स्त्रीन [अस्थि, °क] १ हड्डी, हाड़
**अट्ठिग** } (कुमा; पराह १, ३)। २ जिसमें
**अट्ठिय** } बीज उत्पन्न न हुए हों ऐसा अपरिपक्व फल (बृह १)। ३ पुं. कापालिक, 'अट्ठी विज्जा कुच्छियभिक्खू' (बृह १; वव २)। °**मिंजा** स्त्री [°मिञ्जा] हड्डी के भीतर का रस (ठा ३,४)। °**सरक्ख** पुं [°सरजस्क] कापालिक (वव ७)। °**सेण** न [°षेण] १ वत्स-गोत्र की शाखारूप एक गोत्र। २ पुं. इस गोत्र का प्रवर्तक पुरुष और उसकी सन्तान (ठा ७)।

**अट्ठिय** वि [अर्थिक] १ गरजू, याचक, प्रार्थी (सूम १, २, ३)। २ अर्थ का कारण, अर्थ सम्बन्धी। ३ मोक्ष का हेतु, मोक्ष का कारण-भूत; 'पसन्ना लाभइस्संति विउलं अट्ठियं सुयं' (उत्त १)।

**अट्ठिय** वि [आर्थिक] १ अर्थ का कारण, अर्थ-सम्बन्धी। २ मोक्ष का कारण (उत्त १)।

**अट्ठिय** वि [अर्थित] अभिलषित, प्राथित (उत्त १)।

**अट्ठिय** वि [अस्थित] १ अव्यवस्थित, अनि-यमित (पराह १, ३)। २ चंचल, चपल (से २, २४)।

**अट्ठिय** वि [आस्थिक] हड्डी-सम्बन्धी, हाड़ का; 'अट्ठियं रसं सुणग्रा' (भत्त १४२)।

**अट्ठिय** वि [आस्थित] स्थित, रहा हुआ, (से १, ३५)।

**अट्ठिय** पुं [अस्थिक] १ वृक्ष-विशेष। २ न. फल-विशेष, अस्थिक वृक्ष का फल (दस ५, १, ७३)।

**अट्ठिल्लय** पुं [अस्थि] फल की गुट्ठी (पिंड ६०३)।

**अट्ठुत्तर** वि [अष्टोत्तर] आठ से अधिक (औप)। °**सय** न [°शत] एक सौ और आठ (काल)। °**सय** वि [°शततम] एक सौ आठवाँ (पउम १०८, ५०)।

**अड** } देखो **अट्ठ** = अष्टन् (पिंग; पि ४४२;
**अड** } १४६; भग; सम १३४)।

**अड** सक [अट्] भ्रमण करना, फिरना; 'अडंति संसारे' (पराह १,१)। वकृ. **अडमाण** (णाया १, १४)।

**अड** पुं [अवट] १ कूप, इनारा (पाअ)। २ कूप के पास पशुओं के पानी पीने के लिए जो गर्त किया जाता है वह (हे १, २७१)। °**अड** देखो **तड** = तट (गा ११७; से १, ५५)।

**अडइ** } स्त्री [अटवि, °वी] भयानक जंगल,
**अडई** } वन (सुपा १८१, नाट)।

**अडड्डिज्झय** न [दे] विपरीत मैथुन (दे १, ४२)।

**अडक्खम्म** सक [दे] संभालना, रक्षण करना। कर्म. 'अडक्खम्मिज्जंति सव्वरिआहि वणे' (दे १, ४१)।

**अडक्खम्मिअ** वि [दे] संभाला हुआ, रक्षित (दे १,४१)।

**अडड** न [अटट] 'अटटांग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा ३, ४)।

**अडडंग** न [अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, 'तुडिय' या 'महातुडिय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा ३, ४)।

**अडण** न [अटन] भ्रमण, घूमना (ठा ६)।

**अडणी** स्त्री [दे] मार्ग, रास्ता (दे १, १६)।

**अडपल्लण** न [दे] वाहन-विशेष (जीव)।

**अडयणा** } स्त्री [दे] कुलटा, व्यभिचारिणी
**अडया** } स्त्री (दे १, १८; पाअ; गा २०४; ६६२; वज्जा ८६)।

**अडयाल** न [दे] प्रशंसा, तारीफ (पराण २)।

**अडयाल** } स्त्रीन [अष्टचत्वारिंशत्] अठ-
**अडयालीस** } तालीस, ४८ की संख्या (जीव ३; सम ७०)। °**सय** न [°शत] एक सौ और अठतालीस, १४८ (कम्म २, २५)।

**अडवडण** न [दे] स्खलना, रुक-रुक चलना, 'तुरयावि परिस्संता अडवडणं काउमारद्धा' (सुपा ६४५)।

**अडवि** } स्त्री [अटवि, °वी] भयंकर जंगल,
**अडवी** } गहरा वन (पराह १, १; महा)।

**अडसट्ठि** स्त्री [अष्टषष्टि] अठसठ (पि ४४२)। °**म** वि [°तम] अठसठवाँ (पउम ६८,५१)।

**अडाड** पुं [दे] बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, १९)।

**अडिल्ल** पुं [अटिल] एक जाति का पक्षी (पराण १)।

**अडिल्ला** स्त्री [अडिल्ला] छन्द-विशेष (पिंग)।

**अडोलिया** स्त्री [अटोलिका] १ एक राज-पुत्री, जो युवराज की पुत्री और गर्दभराज की बहिन थी। २ मूषिका, चूही (बृह १)।

**अडोविय** वि [अटोपित] भरा हुआ (पराह १, ३)।

**अड्ड** वि [दे] जो आड़े आता हो, बीच में बाधक होता हो वह; 'सो कोहाडओ अड्डो आवडिओ' उप १४६ टी)।

**अड्डक्ख** सक [क्षिप्] फेंकना, गिराना। अड्डक्खइ (हे ४, १४३; षड्)।

**अड्डक्खिय** वि [क्षिप्त] फेंका हुआ (कुमा)।

**अड्डण** न [अड्डन] १ चर्म, चमड़ा। २ ढाल, फलक; 'नवमुग्गवरणअड्डणढक्किआजाणुभीसणसरीरा' (सुर २, ५)।

**अड्डिअ** वि [दे] आरोपित (वव १ टी)।

**अड्डिया** स्त्री [अड्डिका] मल्लों की क्रिया-विशेष (विसे ३३५७)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अड्ढ** देखो **अद्ध**=अर्ध (हे २,४१; चंद १०; सुर ६, १२६; महा)।

**अड्ढ** वि [आढ्य] १ संपन्न, वैभव-शाली, धनी (पाअ; उवा)। २ युक्त, सहित (पंचा १२)। ३ पूर्ण, परिपूर्ण; 'विगुणमवि गुणड्ढं' (प्रासू ७१)।

**अड्ढअक्कली** स्त्री [दे] देखो **अट्टयक्कली** (दे १, ४५)।

**अड्ढत्त** वि [आरब्ध] शुरू किया हुआ, प्रारब्ध (से १३, ६)।

**अड्ढाइज्ज**, **अड्ढाइय** वि [अर्धतृतीय] ढाई (सम १०१; सुर १,४४; भवि; विसं १४०१)।

°**अड्ढिय** वि [कृष्ट] खींचा हुआ (से ५,७२)।

**अड्ढुट्ठ** वि [अर्धचतुर्थ] साढ़े तीन, 'अड्ढु-ट्ठाइं सयाइं' (पि ४५०)।

**अड्ढेज्ज** न [आढ्यत्व] धनीपन, श्रीमंताई (ठा १०)।

**अड्ढेज्जा** स्त्री [आढ्येज्या] श्रीमंत से किया हुआ सत्कार (ठा १०)।

**अड्ढोरुग** पुं [अर्धोरुक] जैन साध्वियों के पहनने का एक वस्त्र (ओघ ३१५)।

**अढ** (अप) देखो **अट्ठ**=अष्टन् (पि ६७;३०४; ४४२; ४४५)।

**अढाइस** (अप) स्त्रीन [अष्टाविंशति] संख्या-विशेष, अठाईस, २८ (पि ४४५)।

**अढारसग** देखो **अट्ठारसग** (पिंड ४०२)।

**अढारसम** देखो **अट्ठारसम** (भग १८; णाया १, १८)।

**अण** अ [°अ, अन्°] देखो अ° (हे २,१९०; से ११, ६४)।

**अण** सक [अण्] १ आवाज करना। २ जाना। ३ जानना। ४ समझाना। अणइ (विसे ३४४१)।

**अण** पुं [अण] १ शब्द, आवाज। २ गमन, गति (विसे ३४४०)। ३ कषाय, क्रोध आदि आन्तर शत्रु (विसे १२८७)। ४ गाली, आक्रोश, अभिशाप (तंदु)। ५ न. पाप (पण्ह १, १)। ६ कर्म (आचा)। ७ वि. कुत्सित, खराब (विसे २७६७ टी)।

**अण** पुं [अन] देखो **अणंताणुबंधि** (कम्म २, ५; १४; २६)।

**अण** पुं [अनस्] शकट, गाड़ी (धर्म २)।

**अण** देखो **अण्ण**=अन्य; 'अणहिअआवि पिआणं' (से ११, १६; २०)।

**अण** न [ऋण] १ करजा, ऋण (हे १,१४१)। २ कर्म (उत्त १)। °**धारग** वि [°धारक] करजदार, ऋणी (णाया १, १७)। °**बल** वि [°बल] उत्तमर्ण, लेनदार (पण्ह १, २)। °**भंजग** वि [°भञ्जक] देउलिया (पण्ह १,३)।

°**अण** देखो **गण** (से ६, ६६)।

°**अण** देखो **जण**; 'अणणं महिलाअणं रमंतस्स' (गा ४४); 'गुरुअणपरवस पिअ किं (काप्र ६१); 'दासअणाणं' (अच्चु ३२)।

°**अण** देखो **तण** (से ६, ६६)।

°**अणअरद** देखो **अणवरय** (नाट)।

**अणइवर** वि [अनतिवर] जिससे बढ़कर दूसरा न हो, सर्वोत्तम; 'अच्छराओ······ अणइवरसोमचारुरूवाओ' (औप)।

**अणइवुट्ठि** स्त्री [अनतिवृष्टि] अवृष्टि, वर्षा का अभाव; 'दुब्भिक्खडमरदुम्मारिईइअइवुट्ठी अणइ-वुट्ठी य' (संबोध २)।

**अणईइ** वि [अनीति] ईति-रहित, शलभादि-कृत उपद्रव से रहित 'अणईइपत्ता' (औप)।

**अणंग** पुं [अनङ्ग] १ काम, विषयाभिलाष, रमणेच्छा (श्रा १६; आव ६)। २ कामदेव, मन्मथ (गा २३३; गउड; कप्पू)। ३ एक राज-कुमार, जो आनन्दपुर के राजा जीतारि का पुत्र था (गच्छ २)। ४ न. विषय-सेवन के मुख्य अंगो के आंतरिक्त स्तन, कुक्षि, मुख आदि अंग (ठा ५, २)। ५ बनावटी लिंग आदि (ठा ५, २)। ६ बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन शास्त्र (विसे ८४४)। ७ वि. शरीर-रहित, अंग-हीन, मृत, 'पहरइ कह णु अणंगो, कह णु हु विधंति कोसुमा बाणा' (गउड); 'पईवमज्झे पडई पयंगो, रूवाणुरत्तो हवई अणंगो' (सत्त ४८)। °**घरिणी** स्त्री [°गृहिणी] रति, कामदेव की पत्नी (सुपा ६६७)। °**पडिसेविणी** स्त्री [°प्रतिषेविणी] अमर्यादित रीति से विषय-सेवन करनेवाली स्त्री (ठा ५, २)। °**पविट्ठ** न [°प्रविष्ट] बारह अंग-ग्रन्थों से भिन्न जैन ग्रन्थ (विसे ५२७)। °**बाण** पुं [°बाण] काम के बाण (गा ७४९)। °**लवण** पुं [°लवन] रामचन्द्रजी का एक पुत्र, लव (पउम ९७,६)। °**सर** पुं [°शर] काम के बाण (गा १०००)। °**सेणा** स्त्री [°सेना] द्वारका की एक विख्यात गणिका (णाया १, ५, १६)।

**अणंत** पुं [अनन्त] चालू अवसर्पिणी काल के चौदहवें तीर्थंकर-देव, 'विमलमणंतं च जिणं' (पडि)। २ विष्णु, कृष्ण (पउम ५, १२२)। ३ शेष नाग (से ९,८९)। ४ जिसमें अनन्त जीव हों ऐसी वनस्पति कन्द-मूल वगैरह (ओघ ४१)। ५ न. केवल-ज्ञान (णाया १, ८)। ६ आकाश (भग २०, २)। ७ वि. नाश-वर्जित, शाश्वत (सूअ १,१,४; पण्ह १,३)। ८ निःसीम, अपरिमित, असंख्य से भी कहीं अधिक (विसे)। ९ प्रभूत, बहुत, विशेष (प्रासू २६; ठा ४,१)। °**काइय** वि [°कायिक] अनन्त जीववाली वन-स्पति, कन्द-मूल आदि (धर्म २)। °**काय** पुं [°काय] कन्द-मूल आदि अनन्त जीववाली वनस्पति (पण्ण १)। °**खुत्तो** अ [°कृत्वस्] अनन्त बार (जी ४४)। °**जीव** पुं [°जीव] देखो °**काइय** (पण्ण १)। °**जीविय** वि [°जीविक] देखो °**काइय** (भग ८,३)। °**णाण** न [°ज्ञान] केवल-ज्ञान (दस २)। °**णाणि** वि [°ज्ञानिन्] केवल-ज्ञानी, सर्वज्ञ (सूअ १, ६)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] सर्वज्ञ (पउम ४८, १०५)। °**पासि** वि [°दर्शिन्] ऐरवत क्षेत्र के बीसवें जिन-देव (तित्थ)। °**मिस्सिया** स्त्री [°मिश्रिका] सत्यमिश्र भाषा का एक भेद; जैसे अनन्तकाय से भिन्न प्रत्येक वनस्पति से मिली हुई अनन्तकाय को भी अनन्तकाय कहना (पण्ण ११)। °**मीसय** न [°मिश्रक] देखो °**मिस्सिया** (ठा १०)। °**रह** पुं [°रथ] विख्यात राजा दशरथ के बड़े भाई का नाम (पउम २२, १०१)। °**विजय** पुं [°विजय] भरतक्षेत्र के २४ वें और ऐरवत क्षेत्र के बीसवें भावी तीर्थं-कर का नाम (सम १५४)। °**वीरिय** वि [°वीर्य] १ अनन्त बलवाला। २ पुं. एक केवलज्ञानी मुनि का नाम (पउम १४,१५८)। ३ एक ऋषि, जो कार्तवीर्य के पिता थे (आचू १)। ४ भरतक्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर का नाम (ती २१)। °**संसारिय** वि [°संसारिक] अनन्त काल तक संसार में जन्म-मरण पाने-वाला (उप ३८४)। °**सेण** पुं [°सेन] १ चौथा

कुलकर (सम १५०)। २ एक अन्तकृद् मुनि (अंत ३)।

**अणंतइ** पुं [अनन्तजित्] चालू काल के चौदहवें जिन-देव; (पउम ९, १४८)।

**अणंतग** } १ देखो अणंत (ठा ५,३)। २ न.
**अणंतय** } वस्त्र-विशेष (ओघ ३६)। ३ पुं. ऐरवत क्षेत्र के एक जिनदेव (सम १५३)।

**अणंतय** न [अनन्तक] वस्त्र, कपड़ा (पत्र २)।

**अणंतर** वि [अनन्तर] १ व्यवधान-रहित, अव्यवहित; 'अणंतरं चयं चइत्ता' (णाया १,८)। २ पुं. वर्तमान समय (ठा १०)। ३ क्रिवि. बाद में, पीछे (विपा १, १)।

**अणंतरहिय** वि [अनन्तर्हित] १ अव्यवहित, व्यवधान-रहित (आचा)। २ सजीव, सचित्त, चेतन (निचू ७)।

**अणंतसो** अ [अनन्तशस्] अनन्त बार (दं ४५)।

**अणंताणुबंधि** पुं [अनन्तानुबन्धिन्] अनन्त काल तक आत्मा को संसार में भ्रमण करानेवाले कषायों की चार चौकड़ियों में प्रथम चौकड़ी, अतिप्रचंड क्रोध, मान, माया और लोभ (सम १६)।

**अणंस** वि [अनंश] अखण्ड (धर्मसं ७०६)।

**अणक्क** पुं [दे] १ एक म्लेच्छ देश। २ एक म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १)।

**अणक्ख** पुं [दे] १ रोष, गुस्सा, क्रोध (सुपा १३;१३०;६१०; भवि)। २ लज्जा (स ३७६)।

**अणक्खर** न [अनक्षर] श्रुत-ज्ञान का एक भेद—वर्णों के बिना संपर्क के, छींकना, चुटकी बजाना, सिर हिलाना आदि संकेतों से दूसरे का अभिप्राय जानना (णंदि)।

**अणगार** वि [अनगार] १ जिसने घर-बार त्याग किया हो वह, साधु, यति, मुनि (विपा १, १; भग १७, ३)। २ घर-रहित, भिक्षुक, भीखमँगा (ठा ६)। ३ पुं. भरतक्षेत्र के भावी पांचवें तीर्थंकर का एक पूर्वभवीय नाम (सम १५४)।

°**सुय** न [°श्रुत] 'सूत्रकृतांग' सूत्र का एक अध्ययन (सूअ २, ५)।

**अणगार** वि [ऋणकार] १ करजा करनेवाला। २ दुष्ट शिष्य, अपात्र (उत्त १)।

**अणगार** वि [अनाकार] आकृति-शून्य, आकार-रहित; 'उवलंभव्ववहाराभावओ णाणगारं च' (विसे ६५)।

**अणगारि** पुं [अनगारिन्] साधु, यति, मुनि (सम ३७)।

**अणगारिय** वि [आनगारिक] साधु-संबन्धी, मुनि का (विसे २६७३)।

**अणगाल** पुं [अकाल] दुर्भिक्ष, अकाल (बृह ३)।

**अणगिण** वि [अनग्न] १ जो नंगा न हो, वस्त्रों से आच्छादित। २ पुं. कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देता है (तंदु)।

**अणग्घ** देखो अनघ (कुप्र १)।

**अणग्घ** वि [ऋणघ्न] ऋण-नाशक, कर्म-नाशक (दंस)।

**अणग्घ** } वि [अनर्घ्य] १ अमूल्य, बहुमूल्य,
**अणग्घेय** } कीमती (आव ४); 'रयणाई अणग्घेयाइं हुंति पंचप्पयारवरणाइं' (उप ५९७ टी; स ८०)। २ महान्, गुरु। ३ उत्तम, श्रेष्ठ; 'तं भगवंतं अणहं नियसत्तीए अणग्घभत्तीए, सक्कारेमि' (विवे ६५; ७१)।

**अणघ** वि [अनघ] शुद्ध, निर्मल, स्वच्छ (पंचव ४)।

**अणच्छ** देखो करिस = कृष्। अणच्छइ (हे ४, १८७)।

**अणच्छिआर** वि [दे] अच्छिन्न, नहीं छेदा हुआ (दे १, ४८)।

**अणज्ज** वि [अन्याय्य] अयोग्य, जो न्याय-युक्त नहीं (पण्ह १, १)।

**अणज्ज** वि [अनार्य] आर्य-भिन्न, दुष्ट, खराब, पापी (पण्ह १, १; अभि १२३)।

**अणज्जव** (अप) ऊपर देखो। °**खंड** पुं [°खण्ड] अनार्य देश, (भवि ३१२, २)।

**अणज्झवसाय** पुं [अनध्यवसाय] अव्यक्त ज्ञान, अति सामान्य ज्ञान (विसे ६२)

**अणज्झाय** पुं [अनध्याय] १ अध्ययन का अभाव। २ जिसमें अध्ययन निषिद्ध है वह काल (नाट)।

**अणट्ट** वि [अनार्त] आर्त-ध्यान से रहित, 'अणट्टा कित्ति पव्वए' (उत्त १८, ५०)।

**अणट्ठ** पुं [अनर्थ] १ नुकसान, हानि (णाया १, ६; उप ६ टी)। २ प्रयोजन का अभाव (आव ६)। ३ वि. निष्कारण, वृथा, निष्फल (निचू १; पण्ह २, १)।

°**दंड** पुं [°दण्ड] निष्कारण हिंसा, बिना ही प्रयोजन दूसरे की हानि (सूअ २, २)।

**अणड** पुं [दे] जार, उपपति (दे १,१८; षड्)।

**अणड्ढ** वि [अनर्ध] विभाग-रहित, अखण्ड (ठा ३, ३)।

**अणण्ण** वि [अनन्य] १ अभिन्न, अपृथग्भूत (निचू १)। २ मोक्ष-मार्ग, 'अणण्णं चरमाणे से ण छणे ण छणावए' (आचा)। ३ असाधारण, अद्वितीय (सुपा १८६; सुर १, ७)।

°**तुल्ल** वि [°तुल्य] असाधारण, अनुपम (उप ६४८ टी)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] पदार्थ को सत्य-सत्य देखनेवाला (आचा)। °**परम** वि [°परम] संयम, इन्द्रिय-निग्रह; 'अणण्णपरमे णाणी, णो पमाए कयाइवि' (आचा)। °**मण**, °**मणस** वि [°मनस्क] एकाग्र चित्तवाला, तल्लीन (औप; पउम ९, ६३)। °**समाण** वि [°समान] असाधारण, अद्वितीय (उप ५९७ टी)।

**अणत्त** वि [अनात्त] अगृहीत, अस्वीकृत (ठा २,३)।

**अणत्त** वि [अनार्त्त] अपीडित, 'दव्वावइमाईसुं अत्तमणत्ते गवेसणं कुणइ' (वव १)।

**अणत्त** वि [ऋणार्त्त] ऋण से पीड़ित (ठा ३, ४)।

**अणत्त** वि [अनात्र] दुःखकर, सुख-नाशक; 'णेरइआणं भंते! किं अत्ता पोग्गला अणत्ता वा' (भग १४, ९)।

**अणत्त** न [दे] निर्माल्य, देवोच्छिष्ट द्रव्य (दे १, १०)।

**अणत्थ** देखो अणट्ठ (पउम ६२, ४; श्रा २७; सण)।

**अणथंत** वकृ [अतिष्ठत्] १ नहीं रहता हुआ। २ अस्त होता हुआ, 'अणथंते दिवसयरे जो चयइ चउव्विहंपि आहारं' (पउम १४ १३४)।

**अणन्न** देखो अणण्ण (सुपा १८६; सुर १, ७; पउम ९, ६३)।

**अणपन्निय** देखो अणवण्णिय (भग १०,२)।

**अणप्प** वि [अनर्प्य] अर्पण करने के अयोग्य या अशक्य (ठा ९)।

**अणप्प** वि [अनल्प] अधिक, बहुत (औप)।

**अणप्प** पुं [अनात्मन्] निज से भिन्न, आत्मा से परे (पउम ३७, २२)। °ज्ज वि [°ज्ञ] १ निर्बोध, मूर्ख। २ पागल, भूताविष्ट, पराधीन (निचू १)। °वसग वि [°वश] परवश, पराधीन (पउम ३७, २२)।

**अणप्प** पुं. [दे] खड्ग, तलवार (दे १, १२)।

**अणप्पिअ** वि [अनर्पित] १ नहीं दिया हुआ। २ साधारण, सामान्य, अविशेषित (ठा १०)। °णय पुं [°नय] सामान्य-ग्राही पक्ष (विसे)।

**अणब्भंतर** वि [अनभ्यन्तर] भीतरी तत्त्व को नहीं जाननेवाला, रहस्य-अनभिज्ञ; 'अणब्भंतरा खु अम्हे मदणगदस्स वुत्तंतस्स' (अभि ६१)।

**अणभिग्गह** न [अनभिग्रह] 'सर्वे देवा मन्याः' इत्यादि रूप मिथ्यात्व का एक भेद (श्रा ६)।

**अणभिग्गहिय** न [अनभिग्रहिक] ऊपर देखो (ठा २, १)।

**अणभिग्गहिय** वि [अनभिगृहीत] १ कदाग्रह-शून्य (श्रा ६)। २ अस्वीकृत (उत २८)।

**अणभिण्ण** } **अणभिन्न** } वि [अनभिज्ञ] अजान, निर्बोध (अभि १७४; सुपा १६८)।

**अणभिलप्प** वि [अनभिलाप्य] अनिर्वचनीय, जो वचन से न कहा जा सके (लहुअ ७)।

**अणमिस** वि [अनिमिष] १ विकसित, खिला हुआ (सुर ३, १४३)। २ निमेष-रहित, पलक-वर्जित (सुपा ३५४)।

**अणय** पुं [अनय] अनीति, अन्याय (श्रा २७; स ५०१)।

**अणयार** देखो **अणगार** (पउम ११, ७)।

**अणरण्ण** पुं [अनरण्य] साकेतपुर का एक राजा जो, पीछे से ऋषि हुआ था (पउम १०, ८७)।

**अणरह** } **अणरिह** } **अणरुह** } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक, (कुमा); 'रावि दिज्जंति अणरिहे, अणरिहत्ते तु इमो होइ' (पंचभा)।

**अणरहू** स्त्री [दे] नवोढ़ा, दुलहिन (षड्)।

**अणरामय** पुं [दे] अरति, बेचैनी (दे १, ४५; भवि)।

**अणराय** वि [अराजक] राज-शून्य, जिसमें राजा न हो वह (बृह १)।

**अणराह** पुं [दे] सिर में पहनी जाती रंग-बिरंगी पट्टी (दे १, २४)।

**अणरिक्क** वि [दे] अवकाश-रहित, फुरसत-रहित (दे १, २०)। २ दधि, क्षीर आदि गोरस भोज्य (निचू १६)।

**अणरिह** } **अणरुह** } वि [अनर्ह] अयोग्य, नालायक (णाया १, १)।

**अणलं** अ [अनलम्] असमर्थ (आचा २, ५, १, ७)।

**अणल** पुं [अनल] १ अग्नि, आग (कुमा)। २ वि. असमर्थ। ३ अयोग्य, 'अणलो अपच्चलोत्ति य होंति अजोगो व एगट्ठा' (निचू ११)।

**अणव** वि [ऋणवत्] १ करजदार। पुं. दिवस का छब्बीसवाँ मुहूर्त (चंद)।

**अणवकय** वि [अनपकृत] जिसका अपकार न किया गया हो वह (उव)।

**अणवगल्ल** वि [अनवग्लान] ग्लानि-रहित, निरोग;

'सट्ठस्स अणावगल्लस्स, निरुवकिट्ठस्स, जंतुणो एगे ऊसासनीसासे एस पाणुत्ति वुच्चइ' (ठा २, ४)।

**अणवच्च** वि [अनपत्य] सन्तान-रहित, निर्वंश (सुपा २५६)।

**अणवज्ज** न [अनवद्य] १ पाप का अभाव, कर्म का अभाव (सूअ १, १, २)। २ वि. निर्दोष, निष्पाप (षड्)।

**अणवज्ज** वि [अगवर्ज्य] ऊपर देखो (विसे)।

**अणवट्ठप्प** वि [अनवस्थाप्य] १ जिसको फिरसे दीक्षा न दी जा सके ऐसा गुरु अपराध करनेवाला (बृह ४)। २ न. गुरु प्रायश्चित्त का एक भेद (ठा ३, ४)।

**अणवट्ठिय** वि [अनवस्थित] १ अव्यवस्थित, अनियमित (प्रासू १३७; सुर ४, ७६)। २ चंचल, अस्थिर; 'अणवट्ठियं च चित्तं' (सुर १२, १३८)। ३ पल्य-विशेष, नाप-विशेष (कम्म ४, ७३)।

**अणवण्णिय** पुं [अणपन्निक, अणपर्णिक] वानव्यंतर देवों की एक जाति (पण्ह १, ४; भग १०, २)।

**अणवत्थ** वि [अनवस्थ] अव्यवस्थित, अनियमित, असमंजस (दे १, १३६)।

**अणवत्था** स्त्री [अनवस्था] १ अवस्था का अभाव (उव)। २ एक तर्क-दोष (विसे)। ३ अव्यवस्था, 'जणणी जायइ जाया, जाया माया पिया य पुत्तो य। अणवत्था संसारे, कम्मवसा सव्वजीवाणं' (पिवे १०७)।

**अणवदग्ग** वि [दे] १ अनन्त, अपरिमित, निस्सीम (भग १, १)। २ अविनाशी (सूअ २, ५)।

**अणवद्द** वि [अनवद्य] निष्पाप, निर्दोष, शुद्ध (प्राकृ २१)।

**अणवन्निय** देखो **अणवण्णिय** (औप)।

**अणवयग्ग** देखो **अणवदग्ग** (सम १२५; पण्ह १, ३; प्राप)।

**अणवयमाण** वकृ [अनपवदत्] १ अपवाद नहीं करता हुआ। २ सत्यवादी (वव ३)।

**अणवरय** वि [अनवरत] १ सतत, निरन्तर, अविच्छिन्न। २ न. सदा, हमेशा (गा २८०; ६)।

**अणवराइस** (अप) वि [अनन्यादृश] असाधारण, अद्वितीय (कुमा)।

**अणवसर** वि [अनवसर] आकस्मिक, अचिन्तित (पाअ)।

**अणवाह** वि [अबाध] बाधा-रहित, निर्बाध (सुपा २६८)।

**अणवेक्खिय** वि [अनपेक्षित] उपेक्षित, जिसकी परवाह न हो।

**अणवेक्खिय** वि [अनवेक्षित] १ नहीं देखा हुआ। २ अविचारित, नहीं सोचा हुआ। °कारि वि [°कारिन्] साहसिक। °कारिया स्त्री [°कारिता] साहस कर्म (उप ७६८ टी)।

**अणसण** न [अनशन] आहार का त्याग, उपवास (सम ११६)।

**अणसिय** वि [अनशित] उपोषित, उपवासी (आवम)।

**अणह** वि [अनघ] निर्दोष, पवित्र (औप; गा २७२; से ६, ३)।

**अणह** वि [दे] अक्षत, क्षति-रहित, व्रण-शून्य (दे १, १३; सुपा ६, ३३; सण)।

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

अणह न [ अनभस् ] भूमि, पृथिवी (से ६, ३)।

अणहप्पणय वि [दे] अनष्ट, विद्यमान (दे १, ४८)।

अणहवणय वि [ दे ] तिरस्कृत, भर्त्सित ( षड् )।

अणहा स्त्री [अधुना] इस समय (प्राकृ ८०)।

अणहारय पुं [दे] खल्ल, खला, जिसका मध्य-नीचा हो वह जमीन (दे १, ३८)।

अणहिअअ वि [अहृदय] हृदय-रहित, निष्ठुर, निर्दय (प्राप; गा ४१)।

अणहिगय वि [अनधिगत] १ नहीं जाना हुआ। २ पुं. वह साधु, जिसको शास्त्रों का ज्ञान न हो, अगीतार्थ (वव १)।

अणहिण्ण देखो अणभिण्ण (प्राप)।

अणहियास वि [अनभ्यास] असहिष्णु, सहन नहीं करनेवाला (उव)।

अणहिल } न [अणहिल्ल] गुजरात देश की
अणहिल्ल } प्राचीन राजधानी, जो आजकल 'पाटन' नाम से प्रसिद्ध है (ती २६; कुमा)। °वाडय न [पाटक] देखो अणहिल (गु १०; मुणि १०८८८)।

अणहीण वि [अनधीन] स्वतन्त्र, अनायत्त (संग १६१)।

अणहुल्लिय वि [दे] जिसका फल प्राप्त न हुआ हो वह (सम्मत्त १४३)।

अणाइ वि [अनादि] आदि-रहित, नित्य (सम १२५)। °णिहण, निहण वि [°निधन] आद्यन्त-वर्जित, शाश्वत (उव; सम्म ६५; श्राव ४)। °मंत, °वंत वि [ मत् ] अनादि काल से प्रवृत्त (पउम ११८, ३२; भवि)।

अणाइज्ज वि [अनादेय] १ अनुपादेय, ग्रहण करने के अयोग्य। २ नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से जीव का वचन, युक्त होने पर भी ग्राह्य नहीं समझा जाता है (कम्म १,२७)।

अणाइय वि [अनादिक] आदि-रहित, नित्य (सम १२५)।

अणाइय वि [अज्ञातिक] स्वजन-रहित, अकेला (भग १, १)।

अणाइय वि [अणातीत] पापी, पापिष्ठ (भग १, १)।

अणाइय पुं [ऋणातीत] संसार, दुनिया (भग १, १)।

अणाइय वि [अनादृत] जिसका आदर न किया गया हो वह (उप ८३३ टी)।

अणाइल वि [अनाविल] १ अकलुषित, निर्मल (पण्ह २, १)।

अणाईअ देखो अणाइय (उप १०३१ टी; पि ७०)।

अणाउ } पुं [अनायुष्क] १ जिन-देव (सूअ
अणाउय } १, ६)। २ मुक्तात्मा, सिद्ध (ठा १)।

अणाउल वि [अनाकुल] अव्याकुल, धीर (सूअ १, २, २; णाया १, ८)।

अणाउत्त वि [अनायुक्त] उपयोग-शून्य, बे-ख्याल, असावधान (औप)।

अणाएज्ज देखो अणाइज्ज (सम १५६)।

अणागय पुं [अनागत] १ भविष्य काल, 'अणागयमपस्संता, पच्चुप्पन्नगवेसगा। ते पच्छा परितप्पंति, खीणे आउम्मि जोव्वणे' (सूअ १,३,४)। २ वि. भविष्य में होनेवाला (सूअ १,२)। °द्धा स्त्री [°द्धा] भविष्य काल (नव ४२)।

अणागलिय वि [अनर्गलित] नहीं रोका हुआ (उवा)।

अणागलिय वि [अनाकलित] १ नहीं जाना हुआ, अलक्षित (णाया १,६)। २ अपरिमित, 'अणागलियतिव्वचंडरोसं सप्परूवं विउव्वइ' (उवा)।

अणागार वि [अनाकार] १ आकार-रहित, आकृति-शून्य (ठा १०)। २ विशेषता-रहित (कम्म ४,१२)। ३ न. दर्शन, सामान्य ज्ञान (सम ६५)।

अणाजीव वि [अनाजीव] १ आजीविका-रहित। २ आजीविका की इच्छा नहीं रखने-वाला। ३ निःस्पृह, निरीह (दस ३)।

अणाजीवि वि [अनाजीविन्] ऊपर देखो, 'अगिलाई अणाजीवी' (पडि; निचू १)।

अणाड पुं [दे] जार, उपपति (दे १, १८)।

अणाढिय वि [अनादृत] १ जिसका आदर न किया गया हो वह, तिरस्कृत (आव ३)। २ पुं. जम्बूद्वीप का अधिष्ठायक एक देव (ठा २,३)। ३ स्त्री. जम्बूद्वीप के अधिष्ठायक देव की राज-धानी (जीव ३)।

अणाणुगामिय वि [अनानुगामिक] १ पीछे नहीं जानेवाला (ठा ५,१)। २ न. अवधि-ज्ञान का एक भेद (णंदि)।

अणादि देखो अणाइ (स ६८३)।

अणादिय } देखो अणाइय (इक; पण्ह १,१;
अणादीय } ठा ३,१)।

अणादेज्ज देखो अणाइज्ज (पण्ह १, ३)।

अणाभिग्गह न [अनाभिग्रह] मिथ्यात्व का एक भेद (पंच ४, २)।

अणाभोग पुं [अनाभोग] १ अनुपयोग, बे-ख्याली, असावधानी (आव ४)। २ न. मिथ्यात्व-विशेष (कम्म ४, ५१)।

अणामिय वि [अनामिक] १ नाम-रहित। २ पुं. असाध्य रोग (तंदु)। ३ स्त्री. कनिष्ठांगुली के ऊपर की अंगुली।

अणाय वि [अज्ञात] नहीं जाना हुआ, अपरि-चित (पउम २४, १७)।

अणाय पुं [अनाक] मर्त्यलोक, मनुष्य-लोक (से १, १)।

अणाय पुं [अनात्मन्] आत्म-भिन्न; आत्मा से परे (सम १)।

अणायग वि [अनायक] नायक-रहित (पउम ९६, ७०)।

अणायग वि [अज्ञातक] स्वजन-रहित, अकेला (निचू ६)।

अणायग वि [अज्ञायक] अजान, निर्बोध (निचू ११)।

अणायतण } न [अनायतन] १ वेश्या आदि
अणाययण } नीच लोगों का घर (दस ५,१)। २ जहाँ सज्जन पुरुषों का संसर्ग न होता हो वह स्थान (पण्ह २, ४)। ३ पतित साधुओं का स्थान (आव ३)। ४ पशु, नपुंसक वगैरह के संसर्गवाला स्थान (ओघ ७६३)।

अणायत्त वि [अनायत्त] पराधीन (पउम २६, २६)।

अणायर पुं [अनादर] अ-बहुमान, अपमान (पाअ)।

अणायरण न [अनाचरण] अनाचार, खराब आचरण।

**अणायरणया** स्त्री [अनाचरण] ऊपर देखो (सम ७१)।

**अणायरिय** देखो अणज्ज = अनार्य (पण्ह १, १; पउम १४, ३०)।

**अणायार** देखो अणागार = अनाकार (विसे)।

**अणायार** पुं [अनाचार] १ शास्त्र-निषिद्ध आचरण (स १८८)। २ गृहीत नियमों का जान-बूझ कर उल्लंघन करना, व्रत-भङ्ग (वव १)।

**अणारिय** देखो अणज्ज = अनार्य (उवा)।

**अणारिस** वि [अनार्ष] जो ऋषि-प्रणीत न हो वह (पउम ११, ८०)।

**अणारिस** वि [अन्यादृश] दूसरे के जैसा (नाट)।

**अणालत्त** वि [अनालपित] अनुक्त, अकथित, नहीं बुलाया हुआ (उवा)।

**अणालवय** पुं [अनालपक] मौन, नहीं बोलना (पाअ)।

**अणाव** सक [आ + नायय्] मंगवाना, अणावेमि (सिरि ६४६)।

**अणावरण** वि [अनावरण] १ आवरण-रहित। २ न. केवल-ज्ञान (सम्म ७१)।

**अणाविअ** वि [आनायित] मंगवाया हुआ (सिरि ६६; ७१८)।

**अणाविट्ठि** } स्त्री [अनावृष्टि] वर्षा का अभाव
**अणावुट्ठि** } (पउम २०, ८७; सम ६०)।

**अणाविल** वि [अनाविल] १ निर्मल, स्वच्छ (गउड)।

**अणासंसि** वि [अनाशंसिन्] अनिच्छु, निस्पृह (बृह १)।

**अणासण** देखो अणसण (सूअ १,२,१,१४)।

**अणासय** पुं [अनाश, °क] अनशन, भोजनाभाव; 'खारस्स लोणस्स अणासएणं' (सूअ १, ७, १३)।

**अणासव** वि [अनाश्रव] १ आश्रव-रहित। २ पुं. आश्रव का अभाव, संवर। ३ अहिंसा, दया (पण्ह २, १)।

**अणासिय** वि [अनशित] भूखा (सूअ १, ५, २)।

**अणाह** वि [अनाथ] २ शरण-रहित (निचू ३)। २ स्वामि-रहित, मालिक-रहित। ३ रंक, गरीब, बेचारा (णाया १, ८)। ४ पुं. एक जैन मुनि (उत्त २०)।

**अणाहार** पुं [अनाहार] एक दिन का उपवास (संबोध ५८)।

**अणाहि** } वि [अनाधि, °क] मानसिक
**अणाहिय** } पीड़ा से रहित (से ३, ४४; पि ३६५)।

**अणाहिट्ठि** पुं [अनाधृष्टि] एक अन्तकृद् मुनि (अन्त ३)।

**अणिइग** देखो अणगिग (विचार २२)।

**अणिइय** वि [अनियत] १ अनियमित, अव्यवस्थित। २ पुं. संसार (भग ६,३३)।

**अणिउंचिय** वि [अनिकुञ्चित] टेढ़ा नहीं किया हुआ, सरल (गउड)।

**अणिउँत** }
**अणिउँतय** } देखो अइमुत्त (दे १, ३८; हे
**अणिउँत्तय** } १, १७८; कुमा)।

**अणिएय** वि [अनियत] अनियमित, अप्रतिबद्ध; 'अखिले अगिद्धे अणिएयचारी, अभयंकरे भिक्खू अणाविलप्पा' (सूअ १, ७, २८)।

**अणिंदिय** वि [अनिन्दित] १ जिसकी निन्दा न की गई हो वह, उत्तम (धर्म १)। २ पुं. किन्नर देव की एक जाति (पण्ण १)।

**अणिंदिय** वि [अनिन्द्रिय] १ इंद्रिय-रहित। २ पुं. मुक्त जीव। ३ केवलज्ञानी (ठा १०)। ४ वि. अतीन्द्रिय, जो इंद्रियों से जाना न जा सके; 'नय विजइ तग्गहणे लिंगंपि अणिंदियत्तणओ' (सुर १२,४८; स १६८; विसे १८६२)।

**अणिंदिया** स्त्री [अनिन्दिता] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

**अणिक्क** वि [अनेक] एक से ज्यादा (नव ४३)। °वाइ वि [°वादिन्] अक्रियावादी (ठा ८)।

**अणिक्किणी** स्त्री [अनीकिनी] ऐसी सेना जिसमें २१८७ हाथी, २१८७ रथ, ६५६१ घोड़े और १०९३५ प्यादें हों (पउम ५६, ६)।

**अणिक्खित्त** वि [अनिक्षिप्त] नहीं छोड़ा हुआ, अपरित्यक्त, अविच्छिन्न; 'अणिक्खित्तेणं उवोकम्मेणं संजमेणं तवसा अप्पाणं भावेमाणे विहरइ' (उवा; औप)।

**अणिगण** } देखो अणगिग (जीव ३; सम
**अणिगिण** } १७)।

**अणिग्गह** वि [अनिग्रह] स्वच्छन्द, असंयत (पण्ह १, २)।

**अणिच्च** वि [अनित्य] नश्वर, अस्थायी (नव २४; प्रासू ६५)। °भावणा स्त्री [°भावना] सांसारिक पदार्थों की अनित्यता का चिन्तन (पव ६७)। °णुप्पेहा स्त्री [°नुप्रेक्षा] देखो पूर्वोक्त अर्थ (ठा ४, १)।

**अणिट्ठ** वि [अनिष्ट] अप्रीतिकर, द्वेष्य (उव)।

**अणिट्ठिय** वि [अनिष्ठित] असंपूर्ण (गउड)।

**अणिण** देखो अणिरिण (नाट)।

**अणिदा** स्त्री [दे. अनिदा] १ बिना ख्याल किये की गई हिंसा (भग १६, ५)। २ चित्त की विकलता। ३ ज्ञान का अभाव (भग १,२)।

**अणिमा** पुंस्त्री [अणिमन्] आठ सिद्धियों में एक सिद्धि, अत्यन्त छोटा बन जाने की शक्ति (पउम ७, १३६)।

**अणिमिस** न [अनिमिष] फल-विशेष (दस ५, १, ७३)।

**अणिमिस** } वि [अनिमिष, °मेष] १ निमेष
**अणिमेस** } शून्य (सुर ३, १७३)। २ पुं. मत्स्य, मछली (दस ५, १)। ३ देव, देवता (वव १; श्रा १६)। °नयण पुं [नयन] देव, देवता (विसे ३४८६)।

**अणिय** न [अनीक] सैन्य, लश्कर (कप्प)।

**अणिय** न [अनृत] असत्य, झूठ (ठा १०)।

**अणिय** न [दे] धार, अग्र-भाग (पण्ह २,२)।

**अणिय** वि [अनित्य] अस्थिर, अनित्य (उव)।

**अणियट्ट** पुं [अनिवर्त] १ मोक्ष, मुक्ति (आचा १,५,१)। २ एक महाग्रह (ठा २, ३)।

**अणियट्टि** वि [अनिवर्तिन्] १ निवृत्त नहीं होनेवाला, पीछे नहीं लौटनेवाला (औप)। २ न. शुक्ल-ध्यान का एक भेद (ठा ४,१)। ३ पुं. एक महाग्रह (चंद २०)। ४ आगामी उत्सर्पिणी काल में होनेवाले एक तीर्थंकर देव का नाम (सम १५४)।

**अणियट्टि** वि [अनिवृत्ति] १ निवृत्ति-रहित, व्यावृत्ति-वर्जित (कर्म २, २)। २ नववाँ गुण-स्थानक (कर्म २)। °करण न [°करण] आत्मा का विशुद्ध परिणाम-विशेष (आचा)। °बादर न [°बादर] १ नववां गुण-स्थानक। २ नववें गुण-स्थानक में प्रवृत्त जीव (आव ४)।

**अणियण** देखो अणगिण (जीव ३)।

**अणियय** वि [अनियत] १ अव्यवस्थित, अनियमित (उव)। २ कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देती है (ठा १०)।

**अणिया** देखो अणिदा (पिंड)।

**अणिया** स्त्री [दे] धार, अग्र-भाग, गुजराती में 'अणी'; 'संखाणियाइ पइया' (धर्मवि १७)।

**अणिरिक्क** वि [दे] परतन्त्र, पराधीन। (काप्र ५४; गा ६६१)।

**अणिरिण** वि [अनृण] ऋण-वर्जित, उऋण, अनृणी (अभि ४६; चारु ६६)।

**अणिरुद्ध** वि [अनिरुद्ध] १ अप्रतिहत, नहीं रोका हुआ। (सूअ १, १२)। २ एक अन्तकृद् मुनि (अन्त ४)।

**अणिल** पुं [अनिल] १ वायु, पवन (कुमा)। २ एक अतीत तीर्थंकर का नाम (तित्थ)। ३ राक्षस-वंशीय एक राजा (पउम ५, २६४)।

**अणिला** स्त्री [अनिला] बाईसवें तीर्थंकर की एक शिष्या (पव ९)।

**अणिल्ल** न [दे] प्रभात, सबेरा (दे १,१९)।

**अणिंस** न [अनिश] निरन्तर, सदा, हमेशा (गा २६२, प्रासू २९)।

**अणिसट्ठ** } वि [अनिसृष्ट] १ अनिक्षिप्त। २ असंमत, अननुज्ञात। ३ ऐसी भिक्षा, जिसके मालिक अनेक हों और जो सब की अनुमति से ली न गई हो; साधु की भिक्षा का एक दोष (पिंड; औप)।
**अणिसिट्ठ** }

**अणिसीह** वि [अनिशीथ] शास्त्र-विशेष, जो प्रकाश में पढ़ा या पढ़ाया जाय (आवम)।

**अणिस्सकड** वि [अनिश्रीकृत] जिस पर किसी खास व्यक्ति का अधिकार न हो, सर्व-साधारण (धर्म २)।

**अणिस्सा** स्त्री [अनिश्रा] अनासक्ति, आसक्ति का अभाव (उव)।

**अणिस्सिय** वि [अनिश्रित] १ अनासक्त, आसक्तिरहित (सूअ १, १६)। २ प्रतिबन्ध-रहित, रुकावटरहित (दस ?)। ३ अनाश्रित, किसी के साहाय्य की इच्छा न रखनेवाला (उत्त १९)। ४ न. ज्ञान-विशेष, अवग्रह-ज्ञान का एक भेद, जो लिंग या पुस्तक के बिना ही होता है (ठा ६)।

**अणिह** वि [अनीह] १ धीर, सहिष्णु (सूअ १,२,२)। २ निष्कपट, सरल (सूअ १,८)। ३ निर्मम, निःस्पृह (आचा)।



**अणिह** वि [अस्निह] स्नेहरहित (सूअ १,२, २, ३०)।

**अणिह** वि [दे] १ सदृश, तुल्य। २ न. मुख, मुँह (दे १, ५१)।

**अणिहय** वि [अनिहत] अहत, नहीं मारा हुआ। °रिउ पुं [°रिपु] एक अन्तकृद् मुनि (अन्त ३)।

**अणीइस** वि [अनीदृश] इस माफिक नहीं, विलक्षण (स ३०७)।

**अणीय** न [अनीक] सेना, लश्कर (औप)।

**अणीयस** पुं [अनीयस] एक अन्तकृद् मुनि का नाम (अन्त ३)।

**अणीस** वि [अनीश] असमर्थ (अभि ६०)।

**अणीसकड** देखो अणिस्सकड (धर्म २)।

**अणीहारिम** वि [अनिर्हारिम] गुफा आदि में होनेवाला मरण-विशेष (भग १३, ८)।

**अणु** अ [अनु] यह अव्यय नाम और धातु के साथ लगता है और नीचे के अर्थों में से किसी एक को बतलाता है; १ समीप, नजदीक; 'अणुकुंडल' (गउड)। २ लघु, छोटा; 'अणु-गाम' (उत्त ३)। ३ क्रम, परिपाटी; 'अणुगुरु' (बृह १)। ४ में, भीतर; 'अणुजत्त' (महा)। ५ लक्ष्य करना, 'अणु जिणं अकारि संगीयं इत्थीहिं' (कुमा); 'अणु धारं संदट्ठे भमोत्तिए तुह असिम्मि सच्चविया' (गउड)। ६ योग्य, उचित; 'अणुजुत्ति' (सूअ १,४,१)। ७ वीप्सा, 'अणुदिण' (कुमा)। ८ बीच का भाग, 'अणु-दिसी' (पि ४१३)। ९ अनुकूल, हितकर; 'अणुधम्म' (सूअ १,२,१)। १० प्रतिनिधि, 'अणुप्पभु' (निचू २)। ११ पीछे, बाद; 'अणु-मज्जण' (गउड)। १२ बहुत, अत्यंत; 'अणुवंक' (मा ६२)। १३ मदद करना, सहायता करना; 'अणुपरिहारि' (ठा ३,४)। १४ निरर्थक भी इसका प्रयोग होता है, देखो 'अणुक्कम', 'अणु-सरिस'।

**अणु** वि [अणु] १ थोड़ा, अल्प (पण्ह २,३)। २ छोटा (आचा)। ३ पुं. परमाणु (सम्म १३६)। °**मय** वि [°मत] उत्तम कुल, श्रेष्ठ वंश (कप्प)। °**विरइ** स्त्री [°विरति] देखो **देसविरइ** (कम्म १, १८)।

**अणु** पुं [दे] धान-विशेष, चावल की एक जाति (दे १, ५)।

°**अणु** स्त्री [तनु] शरीर, 'सुअणु' (गा २६९)।

**अणुअ** देखो अणु = अणु (पाअ)।

**अणुअ** वि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (गा १८४, ३४५)।

**अणुअ** पुं [दे] १ आकृति, आकार। २ पुंस्त्री. धान्य-विशेष (दे १, ५२; श्रा १८)।

**अणुअ** वि [अनुग] अनुसरण करनेवाला, 'अधम्माणुए' (विपा १, १)।

**अणुअ** वि [अनुज] १ पीछे से उत्पन्न। २ पुं. छोटा भाई। ३ स्त्री. छोटी बहिन (अभि ८२; पउम २८,१०१)।

**अणुअंच** सक [अनु + कृष्] पीछे खींचना। संकृ. अणुअंचिवि (भवि)।

**अणुअंप** सक [अनु + कम्प्] दया करना। कृ. अणुअंपणिज्ज (हास्य १४४)।

**अणुअंपा** स्त्री [अनुकम्पा] दया, करुणा (से ९, २४; गा १९३)।

**अणुअंपि** वि [अनुकम्पिन्] दयालु, करुणा करनेवाला (अभि १७३)।

**अणुअत्तय** वि [अनुवर्त्तक] अनुकूल आचरण करनेवाला, अनुसरण करनेवाला (विसे ३४०२)।

**अणुअत्ति** देखो **अणुवत्ति** (पुप्फ ३२९)।

**अणुअर** वि [अनुचर] १ सहायताकारी, सह-चर (पाअ)। २ सेवक, नौकर (प्रामा)।

**अणुअर** वि [अनुचर] अनुसरण-कर्ता (हास्य १२१)।

**अणुअल्ल** न [दे] प्रभात, सुबह (दे १, १९)।

**अणुआ** स्त्री [दे] लाठी (दे १, ५२)।

**अणुआर** पुं [अनुकार] अनुकरण (नाट)।

**अणुआरि** वि [अनुकारिन्] अनुकरण करने-वाला (नाट)।

**अणुआस** पुं [अनुकास] प्रसार, विकास (गाया १, १)।

**अणुइअ** पुं [दे] धान्य-विशेष, चना (दे १, २१)।

**अणुइअ** देखो अणुदिय।

**अणुइण्ण** वि [अनुकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ। २ नहीं गिरा हुआ, अपतित; 'अवाइण्णपत्ता अणुइण्णपत्ता निद्धुयजरढपंडुपत्ता' (औप)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अणुइण्ण** वि [अनुद्गीर्ण] बाहर नहीं निकला हुआ (औप)।

**अणुइण्ण** देखो अणुचिण्ण।

**अणुइण्ण** देखो अणुदिण्ण।

**अणुऊल** वि [अनुकूल] अप्रतिकूल, अनुकूल (गा ५२३)।

**अणुऊल** सक [अनुकूलय्] अनुकूल करना। भवि. अणुऊलइस्सं (पि ५२८)।

**अणुओअ** पुं [अनुयोग] १ व्याख्या, टीका, सूत्र का विस्तार से अर्थ-प्रतिपादन (ओघ २)। २ पृच्छा, प्रश्न (अभि ४४)।

**अणुओइय** वि [अनुयोजित] प्रवर्तित, प्रवृत्त कराया हुआ (णंदि)।

**अणुओग** देखो अणुओअ (विसे ६)।

**अणुओग** पुं [अनुयोग] सम्बन्ध (गु १७)।

**अणुओगि** पुं [अनुयोगिन्] सूत्रों का व्याख्याता आचार्य, 'अणुओगी लोगाणं कल संसयणासओ दढं होइ' (पंचव ४)।

**अणुओगिअ** वि [अनुयोगिक] दीक्षित, मुनि-शिष्य (णंदि)।

**अणुओयण** न [अनुयोजन] संबन्धन, जोड़ना (विसे १३८९)।

**अणुकंप** सक [अनु+कम्प्] १ दया करना। २ भक्ति करना। ३ हित करना। वकृ. **अणुकंपंत** (नाट)। कृ. **अणुकंपणिज्ज, अणुकंपणीअ** (अभि ६४; रयण १५)।

**अणुकंप** वि [अनुकम्प्य] अनुकम्पा के योग्य (दे १, २२)।

**अणुकंप** } वि [अनुकम्प, °क] १ दयालु,
**अणुकंपय** } करुण। २ भक्त, भक्तिमान् (उत्त १२); 'हिआणुकंपएण देवेणं हरिणेगमेसिणा' (कप्प)। ३ हितकर, 'आयाणुकंपए णाममेगे, नो पराणुकंपए' (ठा ४, ४)।

**अणुकंपण** न [अनुकम्पन] १ दया, कृपा (वव ३)। २ भक्ति, सेवा; 'माउअणुकंपणट्ठाए' (कप्प)।

**अणुकंपा** स्त्री [अनुकम्पा] ऊपर देखो (णाया १, १); 'आयरियणुकंपाए गच्छो अणुकंपिओ महाभागो' (कप्प-टी)। °**दाण** न [°दान] करुणा से गरीबों को अन्न आदि देना, 'अणुकंपादाणं सड्ढयाण न कहिंपि पडिसिद्धं' (धर्म २)।

**अणुकंपि** वि [अनुकम्पिन्] १ दयालु, कृपालु (माल ७१)। २ भक्ति करनेवाला (सूअ १, ३, २)।

**अणुकंपिअ** वि [अनुकम्पित] जिस पर अनुकम्पा की गई हो वह (नाट)।

**अणुकड्ढ** सक [अनु+कृष्] १ खींचना। २ अनुसरण करना। वकृ. **अणुकड्ढमाण, अणुकड्ढेमाण** (विपा १, १; णंदि)।

**अणुकड्ढि** स्त्री [अनुकृष्टि] अनुवर्तन, अनुसरण (पंच ५)।

**अणुकड्ढिय** वि [अनुकृष्ट] अनुकृत, अनुसृत (स १८२)।

**अणुकप्प** पुं [अनुकल्प] १ बड़े पुरुषों के मार्ग का अनुकरण। २ वि. महापुरुषों का अनुकरण करनेवाला, 'णाणचरणाइगाणं पुव्वायरियाण अणुकिर्त्ति कुणइ, अणुगच्छइ गुणधारी, अणुकप्पं तं वियाणाहि' (पंचभा)।

**अणुकम** पुं [अनुक्रम] परिपाटी, क्रम (महा)। °**सो** अ [°शस्] क्रम से, परिपाटी से (जी २८)।

**अणुकर** सक [अनु+कृ] अनुकरण करना, नकल करना। अणुकरेइ (स ४३६)।

**अणुकरण** न [अनुकरण] नकल (वव ३)।

**अणुकह** सक [अनु+कथय्] अनुवाद करना, पीछे बोलना।

**अणुकहण** न [अनुकथन] अनुवाद (सूअ १, १३)।

**अणुकार** पुं [अनुकार] अनुकरण, नकल (कप्पू)।

**अणुकारि** वि [अनुकारिन्] अनुकरण करनेवाला, 'किन्नराणुकारिणा महुरसेएण' (महा)।

**अणुकिइ** स्त्री [अनुकृति] अनुकरण, नकल; पुव्वायरियाणं नाणग्गहणेण य तवोविहाणेसु य अणुकिई करेइ' (पंचू)।

**अणुकिण्ण** वि [अनुकीर्ण] व्याप्त, भरा हुआ (पउम ६१, ७)।

**अणुकित्तण** न [अनुकीर्तन] वर्णन, प्रशंसा, श्लाघा (पउम ६३, ७३)।

**अणुकित्ति** देखो अणुकिइ (पंचभा)।

**अणुकुइय** वि [अनुकुचित] १ पीछे फेंका हुआ। २ ऊंचा किया हुआ (निचू ८)।

अप्फुण्ण } वि [दे. आपूर्ण] पूर्ण, भरा
अप्फुन्न } हुआ (दे १, २०; सुर १०, १७०; पाअ); 'महया पुत्तसोएणं अप्फुन्ना समाणी' (निर १, १)।

अप्फुल्लय देखो अप्पुल्ल (गउड)।

अप्फोआ स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (पएण १)।

अप्फोड सक [आ + स्फोटय्] १ आस्फा-लन करना, हाथ से ताल ठोकना। २ ताड़न करना। वकृ. अप्फोडंत (णाया १, ८; सुर १३, १८२)।

अप्फोडण न [आस्फोटन] आस्फालन (गउड)।

अप्फोडिय } वि [आस्फोटित] १ आस्फा-
अप्फोलिय } लित, आहत। २ न. आस्फा-लन, आघात (पएह १, ३; कप्प)।

अप्फोया स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष (राय ८० टी)।

अप्फोव वि [दे] वृक्षादि से व्याप्त, गहन, निबिड (उत्त १८)।

अफल वि [अफल] निष्फल, निरर्थक (द्र १)।

**अफाय** पुं [दे] भूमि-स्फोट, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

**अफास** वि [अस्पर्श] १ स्पर्श-रहित (भग)। २ खराब स्पर्श वाला (सूत्र १, ५, १)।

**अफासुय** वि [अप्रासुक] १ सचित्त, सजीव (भग ५,६)। २ अग्राह्य (भिक्षा) (ठा ३,१)।

**अफुड** वि [अस्फुट] अस्पष्ट, अव्यक्त (सुर ३, १०६; २१३; गा २९६; उप ७२८ टी)।

**अफुडिअ** वि [अस्फुटित] अखण्डित, नहीं टूटा हुआ (कुमा)।

**अफुस** वि [अस्पृश्य] स्पर्श करने के अयोग्य (भग)।

**अफुसिय** वि [अभ्रान्त] भ्रम-रहित (कुमा)।

**अफुस्स** देखो अफुस (ठा ३, २)।

**अबंभ** न [अब्रह्म] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (पण्ह १,४)। °**चारि** वि [°चारिन्] ब्रह्मचर्य नहीं पालनेवाला (पि ४०५; ४१५)।

**अबद्धिय** पुं [अबद्धिक] 'कर्मों का आत्मा से स्पर्श ही होता है, न कि क्षीर-नीर की तरह ऐक्य' ऐसा माननेवाला एक निह्नव—जैनाभास। २ न. उसका मत (ठा ७; विसे)।

**अबल** वि [अबल] बल रहित, निर्बल (पउम ४८, ११७)।

**अबला** स्त्री [अबला] स्त्री, महिला, जनाना (पाअ)।

**अबस** पुं [अबश] वडवानल (से १, १)।

**अबहिट्ठ** न [दे. अबहिरथ] मैथुन, स्त्री-सङ्ग (सूत्र १, ९)।

**अबहिम्मण** वि [अबहिर्मनस्क] धर्मिष्ठ, धर्म-तत्पर (आचा)।

**अबहिल्लेस** } वि [अबहिर्लेश्य] जिसकी
**अबहिल्लेस्स** } चित्त-वृत्ति बाहर न घूमती हो, संयत (भग; पण्ह २, ५)।

**अबाधा** देखो अबाहा (जीव ३)।

**अबाह** पुं [अबाह] देश-विशेष (इक)।

**अबाहा** स्त्री [अबाधा] १ बाध का अभाव (ओघ ५२ भा; भग १४, ८)। २ व्यवधान, अन्तर (सम १९)। ३ बाध-रहित समय (भग)।

**अबाहिर** अ [अबहिस्] बाहर नहीं, भीतर (कुमा)।

**अबाहिरय** वि [अबाह्य] भीतरी, आभ्यन्तर (वव १)।

**अबाहिरिय** वि [अबाहिरिक] जिसके किले के बाहर वसति न हो ऐसा गाँव या शहर (बृह १)।

**अबीय** देखो अवीय (कप्प)।

**अबुज्झ** अ [अबुद्ध्वा] नहीं जान कर, 'केसिंचि तक्काइ अबुज्झ भावं' (सूत्र १, १३, २०)।

**अबुद्ध** वि [अबुध] १ अजान, मूर्ख। (दस २)। २ अविवेकी (सूत्र १, ११)।

**अबुद्धिय** } वि [अबुद्धिक] बुद्धि-रहित, मूर्ख
**अबुद्धीय** } (णाया १, १७; सूत्र १, २,१; पउम ८, ७४)।

**अबुह** वि [अबुध] १ अजान। (सूत्र १, २, १; जी १)। २ मूर्ख, बेवकूफ (पण्ह १, १)।

**अबोह** वि [अबोध] १ बोध-रहित, अजान। २ पुं. ज्ञान का अभाव (धर्म १)।

**अबोहि** पुंस्त्री [अबोधि] १ ज्ञान का अभाव (सूत्र २,६)। २ जैन धर्म की अप्राप्ति। ३ बुद्धि-विशेष का अभाव (भग १, ९)। ४ मिथ्या-ज्ञान, 'अबोहिं परियाणामि बोहिं उवसंपज्जामि' (आव ४)। ५ वि. बोधि-रहित (भग)।

**अबोहिय** न [अबोधिक] ऊपर देखो (दस ६; सूत्र १, १, २)।

**अब्°** स्त्री. ब. [अप्°] पानी, जल (श्रा २३)।

**अब्बंभ** देखो अबंभ (सुपा ३१०)।

**अब्बंभण्ण** } न [अब्रह्मण्य] ब्रह्मण्य का
**अब्बम्हण्ण** } अभाव (नाट; प्रयौ ७९)।

**अब्बीय** देखो अवीय (चेइय ७३८)।

**अब्बुद्धसिरी** स्त्री [दे] इच्छा से भी अधिक फल की प्राप्ति (दे १, ४२)।

**अब्बुय** पुं [अर्बुद] पर्वत-विशेष, जो आजकल 'आबू' नाम से प्रसिद्ध है (राज)।

**अब्बुय** न [अर्बुद] जमा हुआ शुक्र और शोणित (तंदु ७)।

**अब्भ** न [अभ्र] १ आकाश। (राय; पाअ)। २ मेघ, बादल (ठा ४, ४; पाअ)।

**अब्भ** सक [आ + भिद्] भेदन करना। अब्भे (आचा १, १, २, ३)।

**अब्भंग** सक [अभि + अञ्ज्] तैल आदि से मर्दन करना, मालिश करना। अब्भंगइ, अब्भंगेइ (महा)। संकृ. अब्भंगिउं, अब्भंगेत्ता, अब्भंगित्ता (ठा ३, १; पि २३४)। हेकृ. अब्भंगेत्तए (कस)।

**अब्भंग** पुं [अभ्यङ्ग] तैल-मर्दन, मालिश (निचू ३)।

**अब्भंगण** न [अभ्यञ्जन] ऊपर देखो (णाया १, १; महा)।

**अब्भंगियल्लय** } वि [अभ्यक्त] तैलादि से
**अब्भंगिय** } मर्दित, मालिश किया हुआ (ओघ ८२; कप्प)।

**अब्भंतर** न [अभ्यन्तर] १ भीतर, में (गा ६२३)। २ वि. भीतर का, भीतरी (राय; महा)। ३ समीप का, नजदीक का (सम्बन्धी) (ठा ८)। °**ठाणिज्ज** वि [°स्थानीय] नजदीक के सम्बन्धी, कौटुम्बिक लोग (विपा १, ३)। °**तव** पुं [°तपस्] विनय, वैयावृत्य, प्रायश्चित्त, स्वाध्याय, ध्यान और कायोत्सर्ग रूप अन्तरंग तप (ठा ६)। °**परिसा** स्त्री [°परिषद्] मित्र आदि समान जनों की सभा (राय)। °**लद्धि** स्त्री [°लब्धि] अवधि-ज्ञान का एक भेद (विसे)। °**संबुक्का** स्त्री [°शम्बूका] भिक्षा की एक चर्या, गति-विशेष (ठा ६)। °**सगडुद्धिया** स्त्री [°शकटोर्द्धिका] कायोत्सर्ग का एक दोष (पव ५)।

**अब्भंतर** वि [अभ्यन्तर] भीतरी, भीतर का (जं ७; ठा २, १; पण्ण ३६)।

**अब्भंसि** वि [अभ्रंशिन्] १ भ्रष्ट नहीं होनेवाला (नाट)। २ अनष्ट (कुमा)।

**अब्भक्खइज्ज** देखो अब्भक्खा

**अब्भक्खण** न [दे] अकीर्ति, अपयश (दे १, ३१)।

**अब्भक्खा** सक [अभ्या + ख्या] झूठा दोष लगाना, दोषारोप करना। अब्भक्खाइ (भग ५; ७)। कृ. अब्भक्खइज्ज (आचा)।

**अब्भक्खाण** न [अभ्याख्यान] झूठा अभियोग, असत्य दोषारोप (पण्ह १,२)।

**अब्भट्ठ** देखो अब्भत्थिय; 'उ(?अ)ब्भट्ठपरिन्नायं' (पिंड २८१)।

**अब्भड** अ [दे] पीछे जाकर (हे ४, ३९५)।

**अब्भणुजाण** सक [अभ्यनु + ज्ञा] अनुमति,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

देना, सम्मति देना। अब्भणुजाणिस्सदि (शौ) (पि ५३४)।

**अब्भणुण्णा** [अभ्यनुज्ञा] अनुमति, सम्मति (राज)।

**अब्भणुण्णाय** वि [अभ्यनुज्ञात] अनुमत, संमत (ठा ५, १)।

**अब्भणुन्ना** देखो अब्भणुण्णा।

**अब्भणुन्नाय** देखो अब्भणुण्णाय (णाया १, १; कप्प; सुर ३, ८८)।

**अब्भण्ण** न [अभ्यर्ण] १ निकट, नजदीक। २ वि. समीपस्थ (पउम ६८, ९८)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ६८, ५८)।

**अब्भत्त** वि [अभ्यक्त] १ तेलादि से मर्दित, मालिश किया हुआ। २ सिक्त, सींचा हुआ; 'दिसि-दिसि वब्भत्तभूरिकेयारो, पत्तो वासारत्तो' (सुर २, ७८)।

**अभ्यत्थ** वि [अभ्यस्त] पठित, शिक्षित (सुपा ६७)।

**अब्भत्थ** सक [अभि + अर्थय्] १ सत्कार करना। २ प्रार्थना करना। अब्भत्थम्ह (पि ४७०)। संकृ. **अब्भत्थइअ, अब्भत्थिअ** (नाट)। कृ. **अब्भत्थणीय** (अभि ७०)।

**अब्भत्थण** न [अभ्यर्थन] १ सत्कार। २ प्रार्थना (कप्पू; हे ४, ३८४)।

**अब्भत्थणा** } स्त्री [अभ्यर्थना] १ आदर,
**अब्भत्थणिया** } सत्कार (से ४, ४८)। २ प्रार्थना, विज्ञप्ति (पंचा ११; सुर १, १६); 'न सहेइ अब्भत्थणियं, असइ
गयाणंपि पिट्ठिमंसाइ।
दट्ठूण भासुरमुहं, खलसीहं
को न बीहेइ' (वज्जा १२)।

**अब्भत्थिय** वि [अभ्यर्थित] १ आदृत, सत्कृत। २ प्रार्थित (सुर १, २१)।

**अब्भन्न** देखो अब्भण्ण (पाअ)।

**अब्भपडल** न [दे] उपधातु-विशेष, भोडल, अभ्रक, अबरक (उत्त ३६, ७५)।

**अब्भपिसाअ** पुं [दे. अभ्रपिशाच] राहु (दे १, ४२)।

**अब्भय** पुं [अर्भक] बालक, बच्चा (पाअ)।

**अब्भय** पुं [अभ्रक] अबरख (जी ४)।

**अब्भरहिय** वि [अभ्यर्हित] सत्कार-प्राप्त, गौरवशाली (बृह १)।

**अब्भवहरिय** वि [अभ्यवहृत] भुक्त (सुख २, १७)।

**अब्भवहार** पुं [अभ्यवहार] भोजन, खाना (विसे २२१)।

**अब्भवालुया** स्त्री [दे] अभ्रक का चूर्ण (उत्त ३६, ७५)।

**अब्भव्व** देखो अभव्व; 'अब्भव्वाणं सिद्धा णंतगुणा णंतया भव्वा' (पर्म ८४)।

**अब्भस** सक [अभि + अस्] सीखना, अभ्यास करना। वकृ. **अब्भसंत** (स ६०६)। कृ. **अब्भसियव्व** (सुर १४, ८५)।

**अब्भसण** न [अभ्यसन] अभ्यास (दसनि १)।

**अब्भसिय** वि [अभ्यस्त] सीखा हुआ (सुर १, १८०; ६, १६)।

**अब्भहर** पुं [दे] अभ्रक (पंच ३, ३९)।

**अब्भहिय** वि [अभ्यधिक] विशेष, ज्यादा (सम २; सुर १, १७०)।

**अब्भाअच्छ** त्रि [अभ्या + गम्] संमुख आना, सामने आना। अब्भाअच्छइ (षड्)।

**अब्भाइक्ख** देखो अब्भक्खा। अब्भाइक्खइ, अब्भाइक्खेज्जा (आचा)।

**अब्भागम** पुं [अभ्यागम] १ संमुखागमन। २ समीप स्थिति (निचू २)।

**अब्भागमिय** } त्रि [अभ्यागत] १ संमु-
**अब्भागय** } खागत। २ पुं. आगन्तुक, पाहुन, अतिथि (सुअ १,२,३; सुपा ५)।

**अब्भायत्त** } वि [दे] प्रत्यागत, वापस आया
**अब्भायत्थ** } हुआ (दे १, ३१)।

**अब्भास** पुं [अभ्यास] गुणकार (अणु ७४; पिंड ५५५)।

**अब्भास** न [अभ्यास] १ निकट, नजदीक (से ६, ६०; पाअ)। २ त्रि. समीपवर्ती, पार्श्व-स्थित (पाअ)। ३ पुं. शिक्षा, पढ़ाई, सीख। ४ आवृत्ति (पाअ; बृह १)। ५ आदत (ठा ४, ४)। ६ आवृत्ति से उत्पन्न संस्कार (धर्म २)। ७ गणित का संकेत-विशेष (कम्म ४, ७८; ८३);

**अब्भास** सक [अभि + अस्] अभ्यास करना, आदत डालना;
'जं अब्भासइ जीवो, गुणं च दोसं च
एत्थ जम्मम्मि।
तं पावइ पर-लोए, तेण य
अब्भास-जोएण' (धर्म २; भवि)।

**अब्भाहय** वि [अभ्याहत] आघात-प्राप्त (महा)।

**अब्भिंग** देखो अब्भंग = अभि+अंज्। प्रयो. अब्भिंगावेइ (पि २३४)।

**अब्भिंग** देखो अब्भंग = अभ्यंग (णाया १, १८)।

**अब्भिंगण** देखो अब्भंगण (कप्प)।

**अब्भिंगिय** देखो अब्भंगिय (कप्प)।

**अब्भिंतर** देखो अब्भंतर (कप्प; सं ७; पण्ह ३, ५; णाया १, १३)।

**अब्भिंतरओ** अ [अभ्यन्तरतस्] १ भीतर से। २ भीतर में (आवम)।

**अब्भिंतरिय** वि [आभ्यन्तरिक] भीतर का, अन्तरंग (सम ६७; कप्प; णाया १, १)।

**अब्भिंतरुद्धि** पुं [अभ्यन्तरोर्ध्विन्] कायोत्सर्ग का एक दोष, दोनों पैर के अंगूठों को मिलाकर और एड़ियों को बाहर फैलाकर किया जाता ध्यान-विशेष (चेइय ४८७)।

**अब्भिट्ट** वि [दे] संगत, सामने आकर भिड़ा हुआ; 'हत्थी हत्थीण समं अब्भिट्ठो रहवरो सह रहेणं' (पउम ६, १८२; ६८, २७)।

**अब्भिड** सक [सं+गम्] संगति करना, मिलना। अब्भिडइ (कुमा; हे ४, १६४)। अब्भिडसु (सुपा १५२)।

**अब्भिडिअ** वि [संगत] संगत, युक्त (पाअ; दे १, ७८)।

**अब्भिडिअ** वि [दे] सार, मजबूत (दे १, ७८)।

**अब्भिण्ण** वि [अभिन्न] भेदरहित (धर्म २)।

**अब्भुअअ** देखो अब्भुदय (से १५, ६५; स ३०)।

**अब्भुक्ख** सक [अभि + उक्ष्] सींचन करना। वकृ. **अब्भुक्खंत** (वज्जा ८६)।

**अब्भुक्खण** न [अभ्युक्षण] सिंचन करना, छिड़काव (स ५७६)।

**अब्भुक्खणीया** स्त्री [अभ्युक्षणीया] सीकर, आसार, पवन से गिरता जल (बृह १)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अब्भुक्खिय** वि [अभ्युक्षित] सिक्त (स ३४८)।

**अब्भुगम** पुं [अभ्युद्गम] उदय, उन्नति (सूअ १,१४)।

**अब्भुग्गय** वि [अभ्युद्गत] १ उन्नत। २ उत्पन्न (णाया १, १)। ३ ऊँचा किया हुआ, उठाया हुआ (औप)। ४ चारों तरफ फैला हुआ (चंद १८)।

**अब्भुग्गय** वि [अभ्रोद्गत] ऊँचा, उन्नत (भग १२, ५)।

**अब्भुच्चय** पुं [अभ्युच्चय] समुच्चय (भास ६५)।

**अब्भुज्जय** वि [अभ्युद्यत] १ उद्यत, उद्यम-युक्त (णाया १, ५)। २ तैयार (णाया १, १; सुपा २२२)। ३ पुं. एकाकी विहार (धम्म १२ टी)। ४ जिनकल्पिक मुनि (पंचव ४)।

**अब्भुट्ठ** उभ [अभ्युत्+स्था] १ आदर करने के लिए खड़ा होना। २ प्रयत्न करना। ३ तैयारी करना। अब्भुट्ठेइ (महा)। वकृ. **अब्भुट्ठमाण** (स ४१६)। संकृ. **अब्भुट्ठित्ता** (भग)। हेकृ. **अब्भुट्ठित्तए** (ठा २, १)। कृ. **अब्भुट्ठेयव्व** (ठा ८)।

**अब्भुट्ठण** न [अभ्युत्थान] आदर के लिए खड़ा होना (से १०,११)।

**अब्भुट्ठा** देखो **अब्भुट्ठ**।

**अब्भुट्ठाण** देखो **अब्भुट्ठण** (सम ५१; सुपा ३७६)।

**अब्भुट्ठिय** वि [अभ्युत्थित] १ सम्मान करने के लिए जो खड़ा हुआ हो (णाया १, ८)। २ उद्यत, तैयार; 'अब्भुट्ठिएसु मेहेसु' (णाया १, १; पडि)।

**अब्भुट्ठेत्तु** [अभ्युत्थातृ] अभ्युत्थान करने-वाला (ठा ५, १)।

**अब्भुण्णय** वि [अभ्युन्नत] १ उन्नत, ऊंचा (पण्ह १, ४)।

**अब्भुण्णयंत** वकृ. [अभ्युन्नयत्] १ ऊंचा करता हुआ। २ उत्तेजित करता हुआ, 'तीएवि जलंति दीववत्तिमब्भुण्णअंतीए' (गा २६४)।

**अब्भुत्त** अक [स्ना] स्नान करना। अब्भुत्तइ (हे ४, १४)। वकृ. **अब्भुत्तंत** (कुमा)।

**अब्भुत्त** अक [प्र+दीप्] १ प्रकाशित होना। २ उत्तेजित होना। अब्भुत्तइ (हे ४, १५२)। अब्भुत्तए (कुमा)। प्रयो. अब्भुत्तेंति (से ५, ५९)।

**अब्भुत्तिअ** वि [प्रदीप्त] १ प्रकाशित। २ उत्तेजित (से १५, ३८)।

**अब्भुत्थ** वि [अभ्युत्थ] उत्पन्न, 'पुव्वभवब्भु-त्थसिणेहाओ' (महा)।

**अब्भुत्थ, अब्भुत्था** } देखो **अब्भुट्ठा**। वकृ. **अब्भुत्थंत** (से १२, १८)। संकृ. **अब्भुत्थित्ता** (काल)।

**अब्भुदय** पुं [अभ्युदय] १ उन्नति, उदय (प्रयौ २६); 'अब्भुयभूयब्भुदयं लद्धूणं नरभवं सुदीहद्धं' (उप ७६८ टी)।

**अब्भुद्धर** सक [अभ्युद्+धृ] उद्धार करना। अब्भुद्धरामि (भवि)।

**अब्भुद्धरण** न [अभ्युद्धरण] १ उद्धार (स ६४३)। २ वि. उद्धार-कारक (हे ४,३९४)।

**अब्भुन्नय** देखो **अब्भुण्णय** (णाया १, १)।

**अब्भुब्भड** वि [अभ्युद्भट] अत्युद्भट, विशेष उद्धत (भवि)।

**अब्भुय** न [अद्भुत] १ आश्चर्य, विस्मय (उप ७६८ टी)। २ वि. आश्चर्य-कारक (राय; सुपा; ३५)। ३ पुं. साहित्य शास्त्र प्रसिद्ध रसों में से एक;

'विम्हयकरो अपुव्वो, अभूयपुव्वो य जो रसो होइ।
हरिसविसाउप्पत्ती, लक्खणओ अब्भुओ नाम' (अणु)।

**अब्भुवगच्छ** सक [अभ्युप+गम्] १ स्वीकार करना। २ पास जाना। प्रयो., संकृ. **अब्भुवगच्छाविय** (पि १६३)।

**अब्भुवगच्छाविअ** वि [अभ्युपगमित] स्वीकार कराया हुआ, 'ताहे तेहिं कुमारेहिं संबो मज्जं पाएत्ता अब्भुवगच्छाविओ विगयमओ चिंतेइ' (आक पृ ३०)।

**अब्भुवगम** पुं [अभ्युपगम] १ स्वीकार, अङ्गीकार (सम १४५; स १७०)। २ तर्क-शास्त्र-प्रसिद्ध सिद्धान्त-विशेष (बृह १; सूअ १, १२)।

**अब्भुवगमणा** स्त्री [अभ्युपगमना] स्वीकार, अङ्गीकार (उप ८०९)।

**अब्भुवगय** वि [अभ्युपगत] १ स्वीकृत (सुर ६, ५८)। २ समीप में गया हुआ (आचा)।

**अब्भुववण्ण** वि [अभ्युपपन्न] अनुग्रह-प्राप्त, अनुगृहीत (नाट; पि १६३; २७६)।

**अब्भुववत्ति** स्त्री [अभ्युपपत्ति] अनुग्रह, मेहरबानी (अभि १०४)।

**अब्भुवे** सक [अभ्युप+इ] स्वीकार करना। अब्भुवेजामि (णाया १,१६ टी, पत्र २०५)।

**अब्भो** देखो **अव्वो** (षड्)।

**अब्भोक्खिय** वि [अभ्युक्षित] सिक्त, सींचा हुआ (सुर ६, १९१)।

**अब्भोज्ज** वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य (पिंड १६०)।

**अब्भोय** (अप) देखो **आभोग** (भवि)।

**अब्भोवगमिय** वि [आभ्युपगमिक] स्वेच्छा से स्वीकृत। **°ा** स्त्री [°ा] स्वेच्छा से स्वीकृत तपश्चर्यादि की वेदना (ठा ४, ३)।

**अब्हिड** देखो **अब्भिड**। अब्हिडइ (षड्)।

**अब्हुत्त** देखो **अब्भुत्त** अब्हुत्तइ (षड्)।

**अभग्ग** वि [अभग्न] १ अखण्डित, अत्रुटित (पडि)। २ इस नाम का एक चोर (विपा १, १)।

**अभत्त** वि [अभक्त] १ भक्ति नहीं करनेवाला (कुमा)। २ न. भोजन का अभाव (वव ७)। **°ट्ठ** पुं [°ार्थ] उपवास (आचा; पडि; सुपा ३१७)। **°ट्ठिय** वि [°ार्थिक] उपोषित, जिसने उपवास किया हो वह (पंचव २)।

**अभय** न [अभय] १ भय का अभाव, धैर्य (राय)। २ जीवित, मरण का अभाव (सूअ १,६)। ३ वि. भय-रहित, निर्भीक (आचा)। ४ पुं. राजा श्रेणिक का एक विख्यात पुत्र और मन्त्री, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु १; णाया १, १)। **°कुमार** पुं [°कुमार] देखो अनन्तरोक्त अर्थ (पडि)। **°दय** वि [°दय] भय-विनाशक, जीवित-दाता (पडि)। **°दाण** न [°दान] जीवित-दान (पण्ह २, ४)। **°देव** पुं [°देव] कईएक विख्यात जैनाचार्य और ग्रन्थकारों का नाम (मुणि १०८७४; गु १४; ती ४०; सार्ध ७३)। **°प्पदाण** न [°प्रदान] जीवित का दान (सूअ १,६)। **°वत्त** न [°वत्त्व] निर्भयता,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

अभय (सुपा १८)। °सेण पुं [°सेन] एक राजा का नाम (पिंड)।

**अभयंकर** वि [अभयंकर] अभय देनेवाला, अहिंसक (सूत्र १, ७, २८)।

**अभयकरा** स्त्री [अभयकरा] भगवान् अभिनन्दन की दीक्षा-शिविका (विचार १२९)।

**अभया** स्त्री [अभया] १ हरीतकी, हर्रे, हरडई (निचू १५)। २ राजा दधिवाहन की स्त्री का नाम (ती ३५)।

**अभयारिट्ठ** न [अभयारिष्ट] मद्य-विशेष (सूत्र १, ८)।

**अभवसिद्धिय** } पुं [अभवसिद्धिक, अभव्य,
**अभवसिद्धीय** } मुक्ति के लिये अयोग्य जीव (ठा २, २; णंदि; ठा १)।

**अभविय** } वि [अभव्य] १ असुन्दर, अचारु
**अभव्व** } (विसे)। २ पुं. मुक्ति के लिये अयोग्य जीव (विसे; कम्म ३,२३)।

**अभाअ** वि [अभाग] अस्थान, अयोग्य स्थान (से ८,४२)।

**अभाइ** वि [अभागिन्] अभागा, हत-भाग्य, कमनसीब (चारु २६)।

**अभागधेज्ज** वि [अभागधेय] ऊपर देखो (पउम २८, ८९)।

**अभाव** पुं [अभाव] १ ध्वंस, नाश (बृह १)। २ अविद्यमानता, असत्त्व (पंचा ३)। ३ असम्भव (दस १)। ४ अशुभ परिणाम (उत्त १)।

**अभाविय** वि [अभावित] अयोग्य, अनुचित (ठा १०; बृह ३)।

**अभावुग** वि [अभावुक] जिसपर दूसरे के संग की असर न पड़ सके वह, 'विसहरमणी अभावुगदव्वं जीवो उ भावुगं तम्हा' (सुपा १७५; ओघ ७७३)।

**अभासग** } वि [अभाषक] १ बोलने की
**अभासय** } शक्ति जिसको उत्पन्न न हुई हो वह। २ नहीं बोलनेवाला। ३ पुं. केवल त्वग्-इन्द्रियवाला, एकेन्द्रिय जीव। ४ मुक्त आत्मा (ठा २, ४; भग; अणु)।

**अभासा** स्त्री [अभाषा] १ असत्य वचन। २ सत्य-मिश्रित असत्य वचन (भग २५, ३)।

**अभि** अ [अभि] निम्न-लिखित अर्थों में से किसी एक को बतलानेवाला अव्यय—१ संमुख, सामने; 'अभिगच्छणया' (औप)। २. चारों ओर, समन्तात्; 'अभिदो' (स्वप्न ४२)। ३ बलात्कार, 'अभिओग' (धर्म २)। ४ उल्लंघन, अतिक्रमण; 'अभिक्कंत' (आचा)। ५ अत्यन्त, ज्यादा; 'अभिदुग्ग' (सूत्र १, ५, २)। ६ लक्ष्य, 'अभिमुहं'। ७ प्रतिकूल, 'अभिवाय' (आचा)। ८ विकल्प। ९ संभावना (निचू १)। १० निरर्थक भी इस अव्यय का प्रयोग होता है, 'अभिमंतिय' (सुर १६, ६२)।

**अभिअण** पुं [अभिजन] १ कुल। २ जन्म-भूमि (नाट)।

**अभिआवण्ण** वि [अभ्यापन्न] संमुख-आगत (सूत्र १, ४, २)।

**अभिइ** स्त्री [अभिजित्] नक्षत्र-विशेष (ठा २, ३)।

**अभिइ** सक [अभि + इ] सामने जाना, संमुख जाना। वकृ. **अभिइंत** (उप १४२ टी)।

**अभिउंज** देखो **अभिजुंज**। संकृ. **अभिउंजिय** (ठा ३, ४; दस १०)।

**अभिओअ** } पुं [अभियोग] १ आज्ञा,
**अभिओग** } हुकुम (औप; ठा १०)। २ बलात्कार, 'अभिओगे अ निओगे' (श्रा ५)। ३ बलात्कार से कोई भी कार्य में लगाना (धर्म २)। ४ अभिभव, पराभव (आव ५)। ५ कार्मण-प्रयोग, वशीकरण, वश करने का चूर्ण या मन्त्र-तन्त्रादि;

'दुविहो खलु अभिओगो, दव्वे भावे य
होइ नायव्वो।
दव्वम्मि होइ जोगो, विज्जा मंता य भावम्मि'
(ओघ ५९७)।

६ गर्व, अभिमान (आव ५)। ७ आग्रह, हठ (नाट)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] विद्या-विशेष (णाया १,१६)। देखो **अहिओय**।

**अभिओग** पुं [अभियोग] उद्यम, उद्योग (सिरि ५८)।

**अभिओगी** स्त्री [आभियोगी] भावना-विशेष, ध्यान-विशेष, जो अभियोगिक देव-गति (नौकर-स्थानीय देव-जाति) में उत्पन्न होने का हेतु है (बृह १)।

**अभिओयण** न [अभियोजन] देखो **अभिओग** (आव; पण्ह २०)।

**अभिंगण** } देखो **अब्भंगण** (नाट; रंभा)।
**अभिंजण** }

**अभिकंख** सक [अभि + काङ्क्ष्] इच्छा करना, चाहना। अभिकंखेज्जा (आचा)। वकृ. **अभिकंखमाण** (दस ६, ३)।

**अभिकंखा** स्त्री [अभिकाङ्क्षा] अभिलाषा, इच्छा (आचा)।

**अभिकंखि** } वि [अभिकाङ्क्षिन्] अभि-
**अभिकंखिर** } लाषी, इच्छुक (पि ४०५; सुपा १२६)।

**अभिक्कंत** वि [अभिक्रान्त] १ गत, अतिक्रान्त; 'अणभिक्कंतं च खलु वयं संपेहाए' (आचा)। २ संमुख गत। ३ आरब्ध। ४ उल्लंघित (आचा; सूत्र २, २)।

**अभिक्कम** सक [अभि + क्रम्] १ जाना, गुजरना। २ सामने जाना। ३ उल्लंघन करना। ४ शुरू करना। वकृ. **अभिक्कममाण** (आचा)। संकृ. **अभिक्कम्म** (सूत्र १,१,२)।

**अभिक्कम** पुं [अभिक्रम] १ उल्लंघन। २ प्रारम्भ। ३ संमुख-गमन। ४ गमन, गति (आचा)।

**अभिक्ख** } अ [अभीक्ष्ण] बारंबार (उप
**अभिक्खण** } १४७ टी; ठा २,४; वव ३)।

**अभिक्खा** स्त्री [अभिख्या] नाम (विसे १०४८)।

**अभिगच्छ** सक [अभि + गम्] प्राप्त करना। अभिगच्छइ (दस ४, २१, २२, ६, २, २)।

**अभिगच्छ** सक [अभि + गम्] सामने जाना। अभिगच्छंति (भग २, ५)।

**अभिगच्छणया** स्त्री [अभिगमन] संमुख-गमन (औप)।

**अभिगच्छणा** देखो **अभिगच्छणया** (वव १)।

**अभिगज्ज** अक [अभि + गर्ज्] गर्जना, खूब जोर से आवाज करना। वकृ. **अभिगज्जंत** (णाया १, १८; सुर १३, १८२)।

**अभिगम** देखो **अभिगच्छ**। कृ. अभिगमणीय (उ ६७९)।

**अभिगम** पुं [अभिगम] १ प्राप्ति, स्वीकार (पक्खि)। २ आदर, सत्कार (भग २, ५)। ३ (गुरु का) उपदेश, सीख (णाया १, १)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

४ ज्ञान, निश्चय (पव १४६)। ५ सम्यक्त्व का एक भेद (ठा २, १)। ६ प्रवेश (से ८, ३३)।
**अभिगमण** न [अभिगमन] ऊपर देखो (स्वप्न १६; णाया १, १२)।
**अभिगमि** वि [अभिगमिन्] १ आदर करने वाला। २ उपदेशक। ३ निश्चय-कारक। ४ प्रवेश करने वाला ५ स्वीकार करने वाला, प्राप्त करने वाला (पएण ३४)।
**अभिगय** वि [अभिगत] १ प्राप्त। २ सत्कृत। ३ उपदिष्ट। ४ प्रविष्ट (बृह १)। ५ ज्ञात, निश्चित (णाया १, १)।
**अभिगहिय** न [अभिग्रहिक] मिथ्यात्व-विशेष (कम्म ४, ५१)।
**अभिगिज्झ** अक [अभि + गृध्] अति लोभ करना, आसक्त होना। वकृ. अभिगिज्झंति (सूत्र २, २)।
**अभिगिण्ह** } **अभिगिन्ह** } सक [अभि + ग्रह्] ग्रहण करना, स्वीकारना। अभिगिण्हइ (कप्प)। संकृ. **अभिगिण्हित्ता, अभिगिज्झ** (पि ५८२; ठा २, १)।
**अभिग्गह** पुं [अभिग्रह] १ प्रतिज्ञा, नियम। (ओघ ३)। २ जैन साधुओं का आचार-विशेष (बृह १)। ३ प्रत्याख्यान, (नियम-विशेष) का एक भेद (आव ६)। ४ कदाग्रह, हठ (ठा २, १)। ५ एक प्रकार का शारीरिक विनय (वव १)।
**अभिग्गहणी** स्त्री [अभिग्रहणी] भाषा का एक भेद, असत्य-मृषा वचन (संबोध २१)।
**अभिग्गहिय** वि [अभिग्रहिक] अभिग्रह वाला (ठा २, १; पव ६)।
**अभिग्गहिय** वि [अभिगृहीत] १ जिसके विषय में अभिग्रह किया गया हो वह (कप्प; पव ६)। २ न. अवधारण, निश्चय (पएण ११)।
**अभिघट्ट** सक [अभि + घट्ट] वेग से जाना। कवकृ. **अभिघट्टिज्जमाण** (राय)।
**अभिघाय** पुं [अभिघात] प्रहार, मार-पीट, हिंसा (पएह १, १; बृह ४)।
**अभिचंद** पुं [अभिचन्द्र] १ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी (अंत ३)। २ इस नाम का एक कुलकर पुरुष (पउम ३, ५५)। ३ मुहूर्त-विशेष। (सम ५१)।
**अभिजण** देखो **अभिअण** (स्वप्न २६)।
**अभिजस** न [अभियशस्] इस नाम का एक जैन साधुओं का कुल (एक आचार्य की संतति) (कप्प)।
**अभिजाइ** स्त्री [अभिजाति] कुलीनता, खानदानी (उत्त ११)।
**अभिजाण** सक [अभि + ज्ञा] जानना। वकृ. **अभिजाणमाण** (आचा)।
**अभिजात** पुं [अभिजात] पक्ष का ग्यारहवाँ दिन (सुज्ज १०,१४)।
**अभिजाय** वि [अभिजात] १ उत्पन्न, 'अभिजायसड्ढो' (उत्त १४)। २ कुलीन (राज)।
**अभिजुंज** सक [अभि + युज्] १ मन्त्र-तन्त्रादि से वश करना। २ कोई कार्य में लगाना। ३ आलिंगन करना। ४ स्मरण कराना, याद दिलाना। संकृ. **अभिजुंजिय, अभिजुंजियाणं, अभिजुंजित्ता** (भग २, ५; सूत्र १, ५, २; आचा; भग ३, ५)।
**अभिजुत्त** वि [अभियुक्त] १ व्रत-नियम में जिसने दूषण न लगाया हो वह (णाया १, १४)। २ जानकार, पण्डित (णंदि)। ३ दुश्मन से घिरा हुआ (वेणी १२०)।
**अभिज्झा** स्त्री [अभिध्या] लोभ, लोलुपता, आसक्ति (सम ७१; पएह १, ५)।
**अभिज्झिय** वि [अभिध्यित] अभिलषित, वांछित (पएण २८)।
**अभिट्ठिअ** वि [अभीष्ट] अभिलषित (वज्जा १६४)।
**अभिट्ठुय** वि [अभिष्टुत] वर्णित, श्लाघित, प्रशंसित (आव २)।
**अभिड्डुय** देखो **अभिद्दुय** (सूत्र १, २, ३)।
**अभिणअंत** } **अभिणइज्जंत** } देखो **अभिणी**
**अभिणंद** सक [अभि + नन्द्] १ प्रशंसा करना, स्तुति करना। २ आशीर्वाद देना। ३ प्रीति करना। ४ खुशी मनाना। ५ चाहना, इच्छा करना। ६ बहुमान करना, आदर करना। अभिणंदइ (स १६३)। वकृ. **अभिणंदंत** (औप; णाया १, १; पउम ५, १३०)। कवकृ. **अभिणंदिज्जमाण** (ठा ६; णाया १, १)।
**अभिणंदिय** वि [अभिनन्दित] जिसका अभिनन्दन किया गया हो वह (सुपा ३१०)।
**अभिणंदण** न [अभिनन्दन] १ अभिनन्दन। २ पुं. वर्तमान अवसर्पिणीकाल के चतुर्थ जिनदेव (सम ४३)। ३ लोकोत्तर श्रावणमास। (सुज्ज १०)।
**अभिणय** पुं [अभिनय] शारीरिक चेष्टा के द्वारा हृदय का भाव प्रकाशित करना, नाट्य-क्रिया (ठा ४, ४)।
**अभिणव** वि [अभिनव] नूतन, नया (जीव ३)।
**अभिणिक्खंत** वि [अभिनिष्क्रान्त] दीक्षित, प्रव्रजित (स २७८)।
**अभिणिगिण्ह** सक [अभिनि + ग्रह्] रोकना, अटकाना। संकृ. **अभिणिगिज्झ** (पि ३३१, ५६१)।
**अभिणिचारिया** स्त्री [अभिनिचारिका] भिक्षा के लिए गति-विशेष (वव ४)।
**अभिणिपया** स्त्री [अभिनिप्रजा] अलग-अलग रही हुई प्रजा (वव ६)।
**अभिणिबुज्झ** सक [अभिनि + बुध्] जानना, इन्द्रिय आदि द्वारा निश्चित रूप से ज्ञान करना। अभिणिबुज्झए (विसे ८१)।
**अभिणिबोह** पुं [अभिनिबोध] ज्ञान-विशेष, मति-ज्ञान (सम्म ८६)।
**अभिणियट्टण** न [अभिनिवर्त्तन] पीछे लौटना, वापस जाना (आचा)।
**अभिणिविट्ठ** वि [अभिनिविष्ट] १ तीव्र रूप से निविष्ट। २ आग्रही (उत्त १४)।
**अभिणिवेस** पुं [अभिनिवेश] आग्रह, हठ (णाया १, १२)।
**अभिणिवेसि** वि [अभिनिवेशिन्] कदाग्रही (अज्झ १५७)।
**अभिणिवेह** पुं [अभिनिवेध] उलटा मापना (आवम)।
**अभिणिव्वागड** वि [दे. अभिनिर्व्याकृत] भिन्न परिधि वाला, पृथग्भूत (घर वगैरह) (वव १, ६)।

**अभिणिव्वट्ट** सक [ अभिनि + वृत् ] रोकना, प्रतिषेध करना: 'से मेहावी अभिणिव्वट्टेज्जा कोहं च माणं च मायं च लोभं च पेज्जं च दोसं च मोहं च गब्भं च जम्मं च मारं च नरयं च तिरियं च दुक्खं च' (आचा)।

**अभिणिव्वट्ट** सक [ अनिर् + वृत् ] १ संपादित करना, निष्पन्न करना। २ उत्पन्न करना। संकृ—**अभिणिव्वट्टित्ता,** (भग ५, ४)।

**अभिणिव्वट्ट** वि [अभिनिर्वृत्त] १ निष्पन्न। २ उत्पन्न, 'इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूआ अभिसंजाया अभिणिव्वट्टा अभिसंवुड्ढा अभिसंबुद्धा अभिनिक्खंता अणुपुव्वेण महामुणी' (आचा)।

**अभिणिव्वुड** वि [अभिनिर्वृत्त] १ मुक्त, मोक्ष-प्राप्त (सूअ १, २, १)। २ शान्त, अकुपित (आचा)। ३ पाप से निवृत्त (सूअ १, २, १)।

**अभिणिसज्जा** स्त्री [अभिनिषद्या] जैन साधुओं के रहने का स्थान-विशेष (वव १)।

**अभिणिसट्ठ** देखो **अभिणिसिट्ठ** (सुज्ज ६)।

**अभिणिसिट्ठ** वि [अभिनिसृष्ट] बाहर निकला हुआ (जीव ३)।

**अभिणिसेहिया** स्त्री [अभिनैषेधिकी] जैन साधुओं के स्वाध्याय करने का स्थान-विशेष (वव १)।

**अभिणिस्सव** अक [ अभिनिर् + स्रु ] निकलना। अभिणिस्सवंति (राय ७४)।

**अभिणी** सक [अभि + नी] अभिनय करना, नाट्य करना। वकृ. **अभिणअंत** (मै ७५)। कवकृ. **अभिणइज्जंत** (सुपा ३५६)।

**अभिणूम** न [अभिनूम] माया, कपट (सूअ १, २, १)।

**अभिण्ण** वि [अभिज्ञ] जानकार, निपुण (उप ५८०)।

**अभिण्ण** वि [अभिन्न] १ अत्रुटित, अविदारित, अखण्डित (उवा; पंचा ११)। २ भेदरहित, अपृथग्भूत (बृह ३)।

**अभिण्णपुड** पुं [दे] खाली पुड़िया, लोगों को ठगने के लिए लड़के जिसको रास्ता पर रख देते हैं (दे १, ४४)।

**अभिण्णाण** न [अभिज्ञान] निशानी, चिह्न (श्रा १४)।

**अभिण्णाय** वि [अभिज्ञात] जाना हुआ, विदित (आचा)।

**अभितज्ज** सक [ अभि + तर्ज् ] तिरस्कार करना, ताड़न करना। वकृ. **अभितज्जेमाण** (णाया १, १८)।

**अभितत्त** वि [अभितप्त] १ तपाया हुआ, गरम किया हुआ (सूअ १, ४, १, २७)।

**अभितव** सक [ अभि + तप् ] १ तपाना। २ पीड़ा करना, 'चत्तारि अगणिओ समारभित्ता जेहिं कूरकम्मा भितवंति, बालं' (सूअ १, ५, १, १३)। कवकृ. **अभितप्पमाण**; 'ते तत्थ चिट्ठंतिभितप्पमाणा मच्छा व जीवंतुवजोतिपत्ता' (सूअ १, ५, १, १३)।

**अभिताव** सक [अभि + तापय् ] १ तपाना, गरम करना। २ पीडित करना। अभितावयंति (सूअ १, ५, १, २१, २२)।

**अभिताव** पुं [अभिताप] १ दाह। २ पीड़ा (सूअ १, ५, १, २, ६)।

**अभितास** सक [ अभि + त्रासय् ] त्रास उपजाना, भयभीत करना। वकृ. **अभितासेमाण** (णाया १, १८)।

**अभित्थु** सक [अभि + स्तु] स्तुति करना, श्लाघा करना, वर्णन करना। अभित्थुणंति, अभित्थुणामि (पि ४९४; विसे १०५४)। वकृ. **अभित्थुणमाण** (कप्प)। कवकृ. **अभित्थुव्वमाण** (रयण १८)।

**अभित्थुय** वि [अभिष्टुत] स्तुत, श्लाघित (संथा)।

**अभिथु** देखो **अभित्थु**। वकृ. **अभिथुणंत** (णाया १, १)। कवकृ. **अभिथुव्वमाण** (कप्प; ठा ६)।

**अभिदुग्ग** वि [अभिदुर्ग] १ दुःखोत्पादक स्थान। २ अतिविषम स्थान (सूअ १, ५, १, १७)।

**अभिदो** (शौ) अ [अभितः] चारों ओर से (स्वप्न ४२)।

**अभिद्दव** सक [ अभि + द्रु ] पीड़ा करना, दुःख उपजाना, हैरान करना; 'नुदंति वायाहिं अभिद्दवं णरा' (आचा २, १६, २)।

**अभिद्दविय** वि [अभिद्रुत] उपद्रुत, हैरान किया हुआ (सुर १२, ६७)।

**अभिद्दुय** देखो **अभिद्दविय** (णाया १, ९; स ५६)।

**अभिधाइ** वि [ अभिधायिन् ] वाचक, कहनेवाला (विसे ३४७२)।

**अभिधार** सक [अभि + धारय् ] १ चिन्तन करना। २ स्पष्ट करना। अभिधारए (दस ५, २, २५; उत्त २, २१); अभिधारयामो (सूअ २, ६, १६)। वकृ. **अभिधारयंत** (उत्तनि ३)।

**अभिधारण** न [ अभिधारण ] धारणा, चिन्तन (बृह ३)।

**अभिधेज्ज** } पुं [अभिधेय] अर्थ, वाच्य,
**अभिधेय** } पदार्थ (विसे १ टी)।

**अभिनंद** देखो **अभिणंद**। वकृ. **अभिनंदमाण** (कप्प)। कवकृ. **अभिनंदिज्जमाण** (महा)।

**अभिनंदण** देखो **अभिणंदण** (कप्प)।

**अभिनंदि** स्त्री [अभिनंदि] आनन्द, खुशी; 'पावेउ अ नंदिसेणमभिनंदिं' (अजि ३७)।

**अभिनिक्खंत** देखो **अभिणिक्खंत** (आचा)।

**अभिनिक्खम** अक [ अभिनिर् + क्रम् ] दीक्षा (संन्यास) लेना, दीक्षा लेने की इच्छा करना, गृहवास से बाहर निकलना। वकृ. **अभिनिक्खमंत** (पि ३९७)।

**अभिनिगिण्ह** देखो **अभिणिगिण्ह** (आचा)।

**अभिनिबुज्झ** देखो **अभिणिबुज्झ**। अभिनिबुज्झइ (विसे ९८)।

**अभिनिवट्ट** देखो **अभिणिवट्ट**। संकृ. **अभिनिवट्टित्ताणं** (पि ५८३)।

**अभिनिविट्ठ** देखो **अभिणिविट्ठ** (भग)।

**अभिनिवेस** सक [ अभिनि + वेशय् ] १ स्थापन करना। २ करना। अभिनिवेसए (दस ८, ५६)।

**अभिनिवेसिय** न [अभिनिवेशिक] मिथ्यात्व का एक प्रकार, सत्य वस्तु का ज्ञान होने पर भी उसे नहीं मानने का दुराग्रह (श्रा ६; कम्म ४, ५१)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अभिनिव्वट्ट** देखो **अभिणिव्वट्ट** (कप्प; आचा)।

**अभिनिव्वट्ट** अक [अभिनि + वृत्] पृथक् होना। वकृ. **अभिनिव्वट्टमाण** (सूअ २, ३, २१)।

**अभिनिव्वट्ट** सक [अभिनिर् + वृत्] खींचना। संकृ. 'कोसाओ असिं अभिनिव्वट्टित्ता (सूअ २, १, १६)।

**अभिनिव्वागड** वि [अभिनिर्व्याकृत] विभिन्न द्वार वाला (मकान)। (वव १ टी)।

**अभिनिव्विट्ठ** वि [अभिनिर्विष्ट] संजात, उत्पन्न (कप्प)।

**अभिनिव्वुड** देखो **अभिणिव्वुड** (पि २१६)।

**अभिनिसढ** वि [अभिनिःसट] जिसका स्कन्ध प्रदेश बाहर निकल आया हो वह (भग १५, पत्र ६६६)।

**अभिनिस्सव** देखो **अभिणिस्सव** अभिनिस्सवंति (राय ७५)।

**अभिनिस्सव** अक [अभिनि + स्रु] टपकना, झरना। अभिनिस्सवइ (भग)।

**अभिन्न** देखो **अभिण्ण** (प्राप्र)।

**अभिन्नाण** देखो **अभिण्णाण** (ओघ ४३६; सुर ७, १०१)।

**अभिन्नाय** देखो **अभिण्णाय** (कप्प)।

**अभिपज्जाणिय** वि [अभिपर्याणित] अध्यारोपित, ऊपर रखा हुआ (कुमा)।

**अभिपवुट्ठ** वि [अभिप्रवृष्ट] बरसा हुआ (आचा २, ३, १, १)।

**अभिपाइय** वि [आभिप्रायिक] अभिप्राय सम्बन्धी, मनःकल्पित (अणु)।

**अभिप्पाय** पुं [अभिप्राय] आशय, मनपरिणाम (आचा; स ३४; सुपा २६२)।

**अभिप्पेय** वि [अभिप्रेत] इष्ट; अभिमत (स २३)।

**अभिभव** सक [अभि + भू] पराभव करना, परास्त करना। अभिभवइ (महा)। संकृ. **अभिभविय, अभिभूय** (भग ६, ३३; पराह १, २)।

**अभिभव** पुं [अभिभव] पराभव, पराजय, तिरस्कार (आचा; दे १, ५७)।

**अभिभवण** न [अभिभवन] ऊपर देखो (सुपा ४७६)।

**अभिभास** सक [अभि + भाष्] संभाषण करना। अभिभासे (पि १६६)।

**अभिभूइ** स्त्री [अभिभूति] पराभव, अभिभव (द्र ३०)।

**अभिभूय** वि [अभिभूत] पराभूत, पराजित (आचा; सुर ४, ७९)।

**अभिमंजु** देखो **अभिमण्णु** (हे ४, ३०५)।

**अभिमंत** सक [अभि + मन्त्रय्] मंत्रित करना, मन्त्र से संस्कारना। संकृ. **अभिमंतिऊण, अभिमंतिय** (निचू १; आवम)।

**अभिमंतिय** वि [अभिमन्त्रित] मन्त्र से संस्कारित (सुर १६, ६२)।

**अभिमन्न** सक [अभि + मन्] १ अभिमान करना। २ सम्मत करना। अभिमन्नइ (विसे २१६०, २६०३)।

**अभिमय** वि [अभिमत] इष्ट, अभिप्रेत (सूअ २, ४)।

**अभिमाण** पुं [अभिमान] अभिमान, गर्व (निचू १)।

**अभिमार** पुं [अभिमार] वृक्ष विशेष (राज)।

**अभिमुह** वि [अभिमुख] १ संमुख, सामने स्थित। २ क्रिवि. सामने (भग)।

**अभिमुहिय** वि [अभिमुखित] संमुख किया हुआ (सूअनि १४६)।

**अभियागम** पुं [अभ्यागम] संमुख आगमन (सूअ १, १, ३, २)।

**अभियावन्न** वि [अभ्यापन्न] संमुख प्राप्त (सूअ १, ४, २, २८)।

**अभिरइ** स्त्री [अभिरति] १ रति, संभोग। २ प्रीति, अनुराग, (विसे ३२२३)।

**अभिरम** अक [अभि + रम्] १ क्रीड़ा करना, संभोग करना। २ प्रीति करना। ३ तल्लीन होना, आसक्ति करना। अभिरमइ (महा)। वकृ. **अभिरमंत, अभिरममाण** (सुपा १२०; गाया १, २; ४)।

**अभिरमिय** वि [अभिरमित] अनुरक्त किया हुआ, 'अभिरमियकुमुयवणसंडं ससिमंडलं पलोयइ' (सुपा ३४)।

**अभिरमिय** वि [अभिरमित] संभुक्त, 'जेणाभिरमियं परकलत्तं' (धर्मवि १२८)।

**अभिरमिय, अभिरय** वि [अभिरत] १ अनुरक्त (सुपा ३४)। २ तल्लीन, तत्पर; 'साहू तवनियमसंजमाभिरया' (पउम ३७, ६३; स १२२)।

**अभिराम** वि [अभिराम] सुन्दर, मनोहर (गाया १, १३; स्वप्न ४५)।

**अभिराम** सक [अभि + रामय्] तत्परता से कार्य में लगाना। अभिरामयंति (दस ६, ४, १)।

**अभिरुइय** वि [अभिरुचित] पसंद, मन का अभिमत (गाया १, १; उवा; सुपा ३४४; महा)।

**अभिरुय** सक [अभि + रुच्] पसंद पड़ना, रुचना। अभिरुयइ (महा)।

**अभिरूवंसि** वि [अभिरूपिन्] सुन्दर रूप वाला, मनोहर (आचा २, ४, २, १)।

**अभिरुह** सक [अभि + रुह्] १ रोकना। २ ऊपर चढ़ना, आरोहना। संकृ.
'चत्तारि साहिए मासे बहवे
पाणजाइया आगम्म।
अभिरुज्झ कायं विहरिंसु,
आरुहिया णं तत्थ हिंसिंसु'
(आचा)।

**अभिरोहिय** वि [अभिरोधित] चारों ओर से निरुद्ध, रोका हुआ (गाया १, ६)।

**अभिरोहिय** वि [अभिरोहित] ऊपर देखो, 'परचक्करायाभिरोहिया'; ('परचक्रराजेनापरसैन्यनृपतिनाभिरोहिताः सर्वतः कृतनिरोधा या सा तथा' टी) (गाया १, ६)।

**अभिलंघ** सक [अभि + लङ्घ्] उल्लंघन करना। वकृ. **अभिलंघमाण** (गाया १, १)।

**अभिलप्प** वि [अभिलाप्य] कथन-योग्य, निर्वचनीय (आचू १)।

**अभिलस** सक [अभि + लष्] चाहना, वाञ्छना। अहिलसइ (उत्र)।

**अभिलाअ, अभिलाव** पुं [अभिलाप] १ शब्द, ध्वनि (ठा ३, १; भास २७)। २ संभाषण (गाया १,८; विसे)।

**अभिलास** पुं [अभिलाष] इच्छा, चाह (गाया १,६; प्रयौ ६१)।

**अभिलासि, अभिलासिण** वि [अभिलाषिन्] चाहने वाला, इच्छुक (वसु; स ६५४; पउम ३१, १२८)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अभिलासुग** वि [अभिलाषुक] अभिलाषी (उप ३५७ टी)।

**अभिलोयण** न [अभिलोकन] जहाँ खड़े रह कर दूर की चीज देखी जाय वह स्थान (पराह २, ४)।

**अभिलोयण** न [अभिलोचन] ऊपर देखो (पराह २, ४)।

**अभिवंद** सक [अभि + वन्द्] नमस्कार करना, प्रणाम करना। वकृ. **अभिवंदंत** (पउम २३, ६); कृ. 'जे साहुणो ते अभिवंदियव्वा' (गोय १४); **अभिवंदणिज्ज** (विसे २६४३)।

**अभिवंदणा** स्त्री [अभिवन्दना] प्रणाम, नमस्कार (चेइय ६३६)।

**अभिवंदय** वि [अभिवन्दक] प्रणाम करने वाला (औप)।

**अभिवड्ढ** अक [अभि + वृध्] बढ़ना, बड़ा होना, उन्नत होना। अभिवड्ढामो; भूका. अभिवड्ढित्था (कप्प)। वकृ.**अभिवड्ढेमाण** (जं ७)।

**अभिवड्ढि** देखो **अभिवुड्ढि** (इक)।

**अभिवड्ढि** देखो **अहिवड्ढि** (सुज्ज १० १२ टी)।

**अभिवड्ढिय** वि [अभिवर्धित] १ बढ़ाया हुआ। २ अधिक मास। ३ अधिक मासवाला वर्ष (सम ५६; चन्द ११)।

**अभिवड्ढे** सक [अभि + वर्धय्] बढ़ाना। अभिवड्ढेंति (सुज्ज ६)। वकृ. **अभिवड्ढेमाण** (सुज्ज ६)। संकृ. **अभिवड्ढेत्ता** (सुज्ज ६)।

**अभिवत्त** वि [अभिव्यक्त] आविर्भूत (धर्मसं ८८)।

**अभिवत्ति** स्त्री [अभिव्यक्ति] प्रादुर्भाव (उप २८५)।

**अभिवय** सक [अभि + व्रज्] सामने जाना। वकृ. **अभिवयंत** (णाया १, ८)।

**अभिवाइय** वि [अभिवादित] प्रणत, नमस्कृत (सुपा ३१०)।

**अभिवात** पुं [अभिवात] १ सामने का पवन। २ प्रतिकूल (गरम या रूक्ष) पवन (आचा)।

**अभिवाद** } सक [अभि + वादय्] प्रणाम
**अभिवाय** } करना, नमस्कार करना। अभिवाएइ (महा)। अभिवादये (विसे १०५४)। वकृ. **अभिवायमाण** (आचा)। कृ. **अभिवायणिज्ज** (सुपा ५६८)।

**अभिवाय** देखो **अभिवात** (आचा)।

**अभिवायण** न [अभिवादन] प्रणाम, नमस्कार (आचा; दसचू)।

**अभिवाहरण** न [अभिव्याहरण] कुलाहट, पुकार (पंचा २)।

**अभिवाहार** पुं [अभिव्याहार] प्रश्नोत्तर, सवाल-जवाब (विसे ३३६६)।

**अभिविहि** पुंस्त्री [अभिविधि] मर्यादा, व्याप्ति (पंचा १५; विसे ८७४)।

**अभिवुट्ठि** स्त्री [अभिवृष्टि] वृष्टि, वर्षा (पव ४०)।

**अभिवुड्ढ** देखो **अभिवड्ढ**। संकृ. **अभिवुड्ढित्ता** (सुज्ज १)।

**अभिवुड्ढि** स्त्री [अभिवृद्धि] १ वृद्धि, बढ़ाव। २ उत्तरभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (जं ७)।

**अभिवुड्ढे** देखो **अभिवड्ढे**। संकृ. **अभिवुड्ढेत्ता** (सुज्ज ६)।

**अभिवेदणा** स्त्री [अभिवेदना] अत्यन्त पीड़ा (सूअ १, ५, १, १६)।

**अभिव्वंजण** न [अभिव्यञ्जन] देखो **अभिवत्ति** (सूअ १, १, १)।

**अभिव्वाहार** देखो **अभिवाहार** (विसे ३३१२)।

**अभिसंकण** न [अभिशङ्कन] शंका, वहम (संबोध ४६)।

**अभिसंका** स्त्री [अभिशङ्का] संशय, संदेह (सूअ १, ६, १, १४)।

**अभिसंकि** वि [अभिशङ्किन्] १ संदेह करनेवाला। २ भीरु, डरनेवाला; 'उज्जु माराभिसंकी मरणा पमुच्चति' (आचा; णाया १, १८)।

**अभिसंग** पुं [अभिष्वङ्ग] आसक्ति (ठा ३, ४)।

**अभिसंजाय** वि [अभिसंजात] उत्पन्न (आचा)।

**अभिसंथुण** सक [अभिसं + स्तु] स्तुति करना, वर्णन करना। वकृ. **अभिसंथुणमाण** (णाया १, ८)।

**अभिसंधारण** न [अभिसंधारण] पर्यालोचन, विचारना (आचा)।

**अभिसंधि** पुंस्त्री [अभिसंधि] आशय, अभिप्राय (उप २११ टी)।

**अभिसंधिय** वि [अभिसंहित] गृहीत, उपात्त (आचा)।

**अभिसंभूय** वि [अभिसंभूत] उत्पन्न, प्रादुर्भूत (आचा)।

**अभिसंबुद्ध** वि [अभिसंबुद्ध] ज्ञान-प्राप्त, बोध-प्राप्त (आचा)।

**अभिसंवुड्ढ** वि [अभिसंवृद्ध] बड़ा हुआ, उन्नत अवस्था को प्राप्त (आचा)।

**अभिसमण्णागय** } वि [अभिसमन्वागत]
**अभिसमन्नागय** } १ अच्छी तरह जाना हुआ, सुनिर्णीत (भग ५, ४)। २ व्यवस्थित (सूअ २,१)। ३ प्राप्त, लब्ध (भग १५; कप्प; णाया १, ८)।

**अभिसमागम** सक [अभिसमा + गम्] १ सामने जाना। २ प्राप्त करना। ३ निर्णय करना, ठीक-ठीक जानना। संकृ. **अभिसमागम्म** (आचा; दस ५)।

**अभिसमागम** पुं [अभिसमागम] १ संमुख गमन। २ प्राप्ति। ३ निर्णय (ठा ३, ४)।

**अभिसमे** सक [अभिसमा+इ] देखो **अभिसमागम** = अभिसमा + गम्। अभिसमेइ (ठा ३, ४)। संकृ. **अभिसमेच्च** (आचा)।

**अभिसर** सक [अभि + सृ] प्रिय के पास जाना। वकृ. **अभिसरंत** (मोह ६१)।

**अभिसरण** न [अभिसरण] १ सामने जाना, संमुख गमन (पराह १, १)। २ प्रिय के पास जाना (कुमा)।

**अभिसव** पुं [अभिषव] १ मद्य आदि का अर्क। २ मद्य-मांस आदि से मिश्रित चीज (पव ६)।

**अभिसारिआ** देखो **अहिसारिआ** (गा ८७१)।

**अभिसिंच** सक [अभि + सिच्] अभिषेक करना। अभिसिंचति (कप्प)। कवकृ. **अभिसिच्चमाण** (कप्प)। प्रयो., हेकृ. **अभिसिंचावित्तए** (पि ५७८)।

**अभिसित्त** वि [अभिषिक्त] जिसका अभिषेक किया गया हो वह (आवम)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**अभिसेअ** } **अभिसेग** } पुं [अभिषेक] १ राजा, आचार्य आदि पद पर आरूढ़ करना (संथा; महा)। २ स्नान-महोत्सव, 'जिणाभिसेगे' (सुपा ५०)। ३ स्नान (औप; स ३२)। ४ जहां पर अभिषेक किया जाता है वह स्थान (भग)। ५ शुक्र-शोणित का संयोग, 'इह खलु अत्तत्ताए तेहिं तेहिं कुलेहिं अभिसेएण अभिसंभूया' (आचा १, ६, १)। ६ वि. आचार्य आदि पद के योग्य (बृह ३)। ७ अभिषिक्त (निचू १५)।

**अभिसेगा** स्त्री [अभिषेका] १ साध्वी, संन्यासिनी (निचू १५)। २ साध्वियों की मुखिया, प्रवर्तिनी (धर्म ३; निचू ६)।

**अभिसेज्जा** स्त्री [अभिशय्या] देखो अभिणिसज्जा (वव १)। २ भिन्न स्थान (विसे ३४६१)।

**अभिसेवण** न [अभिषेवण] पूजा, सेवा, भक्ति (पउम १४, ४६)।

**अभिसेवि** वि [अभिषेविन्] सेवा-कर्ता (सूत्र २, ६, ४४)।

**अभिस्संग** पुं [अभिष्वङ्ग] आसक्ति (विसे २९६४)।

**अभिहट्टु** अ [अभिहृत्य] बलात्कार करके, जबरदस्ती करके (आचा; पि ५७७)।

**अभिहड** वि [अभिहृत] १ सामने लाया हुआ (पंचा १३)। २ जैन साधुओं की भिक्षा का एक दोष (ठा ३, ४)।

**अभिहण** सक [अभि+हन्] मारना, हिंसा करना (पि ४९९)। वकृ. **अभिहणमाण** (जं ३)।

**अभिहणण** न [अभिहनन] अभिघात, हिंसा (भग ८, ७)।

**अभिहय** वि [अभिहत] मारा हुआ, आहत (पडि)।

**अभिहा** स्त्री [अभिधा] नाम, आख्या (सण)।

**अभिहाण** न [अभिधान] १ नाम, आख्या (कुमा)। २ वाचक, शब्द (वव ६)। ३ कथन, उक्ति (विसे)।

**अभिहाण** न [अभिधान] १ उच्चारण (सूअनि १३८)। २ कथन, उक्ति (धर्मसं ११११)। ३ कोशग्रन्थ (चेइय ७४)।

**अभिहिय** वि [अभिहित] कथित, उक्त (आचा)।

**अभिहेअ** वि [अभिधेय] वाच्य, पदार्थ (विसे ८४१)।

**अभीइ** } **अभीजि** } स्त्री [अभिजित्] १ नक्षत्र-विशेष (सम ८, १५)। २ पुं. एक राजकुमार (भग १३, ६)। ३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र, जिसने जैन दीक्षा ली थी (अनु)।

**अभीरु** वि [अभीरु] १ निडर, निर्भीक (आचा)। २ स्त्री. मध्यम ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७)।

अभेज्झा देखो अभिज्झा (पण्ह १, ३)।

**अभोज्ज** वि [अभोज्य] भोजन के अयोग्य (णाया १, १६)। °घर न [°गृह] भिक्षा के लिए अयोग्य घर, धोबी आदि नीच जाति का घर (बृह १)।

**अम** सक [अम्] १ जाना। २ आवाज करना। ३ खाना। ४ पीडना। ५ अक. रोगी होना, 'अम गचाईसु' (विसे ३४५३); 'अम रोगे वा' (विसे ३४५४)। अमइ (विसे ३४५३)।

**अमग्ग** पुं [अमार्ग] १ कुमार्ग, खराब रास्ता (उत्त)। २ मिथ्यात्व, कषाय आदि हेय पदार्थ; 'अमग्गं परियाणामि मग्गं उवसंपज्जामि' (आव ४)। ३ कुमत, कुदर्शन (दंस)।

**अमग्घाय** पुं [अमाघात] १ द्रव्य का अ-हरण। २ मारिनिवारण, अभय-घोषणा (पंचा ६)।

**अमच्च** पुं [अमात्य] मन्त्री, प्रधान (औप; सुर ४, १०४)।

**अमच्च** पुं [अमर्त्य] देव, देवता (कुमा)।

**अमज्झ** वि [अमध्य] १ मध्य रहित, अखण्ड (ठा ३, २)। २ परमाणु (भग २०, ६)।

**अमण** न [अमन] १ ज्ञान, निर्णय (ठा ३, ४)। २ अन्त, अवसान (विसे ३४५३)।

**अमण** } **अमणक्ख** } वि [अमनस्क] १ अप्रीतिकर, अभीष्ट (ठा ३,३)। ३ मनरहित (आव ४; सूअ २, ४, २)।

**अमणाम** वि [अमनआप] अनिष्ट, अमनोहर (सम १४६; विपा १, १)।

**अमणाम** वि [अमनोम] ऊपर देखो (भग; विपा १, १)।

**अमणाम** वि [अवनाम] पीड़ा-कारक, दुःखोत्पादक (सूअ २, १)।

**अमणुस्स** पुं [अमनुष्य] १ मनुष्य-भिन्न देव आदि (णंदि)। २ नपुंसक (निचू १)।

**अमत्त** न [अमत्र] भाजन, पात्र (सूअ १,६)।

**अमम** वि [अमम] १ ममता-रहित, निःस्पृह (पण्ह २, ५; सुपा ५००)। २ पुं. आगामी काल में होने वाले एक जिनदेव का नाम (सम १५३)। ३ युग्म रूप से होने वाले मनुष्यों की एक जाति (जं ४)। दिन के २५ वां मुहूर्त का नाम (चंद १०)। °त्त वि [°त्व] निःस्पृह, ममता-रहित (पंचव ४)।

**अमय** वि [अमय] विकार-रहित,

'अमओ य होइ जीवो, कारणविरहा जहेव आगासं।
समयं च होअनिच्चं, मिम्मयघडतंतुमाईयं' (विसे)।

**अमय** न [अमृत] १ अमृत, सुधा (प्रासू ६६)। २ क्षीर समुद्र का पानी (राय)। ३ पुं. मोक्ष, मुक्ति (सम्म १६७; प्रामा)। ४ वि. नहीं मरा हुआ, जीवित; 'अमओ हं नय विमुञ्चामि' (पउम ३३,८२)। °कर पुं [°कर] चन्द्र, चन्द्रमा (उप ७६८ टी)। °किरण पुं [°किरण] चन्द्र (सुपा ३७७)। °कुंड पुं [°कुण्ड] चन्द्र, चाँद (श्रा २७)। °घोस पुं [°घोष] एक राजा का नाम (संथा)। °फल न [°फल] अमृतोपम फल (णाया १, ६)। °मइय—°मय वि [°मय] अमृत-पूर्ण (कुमा; सुर ३,१२१; २३३)। °मऊह पुं [°मयूख] चन्द्र (मै ६८)। °वल्लरि, °वल्लरी स्त्री [°वल्लरि, °री] अमृतलता, वल्ली-विशेष, गुडूची। °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, गुडूची (श्रा.२०; पव ४)। °वास पुं [°वर्ष] सुधा-वृष्टि (आचा)। देखो अमिय=अमृत।

**अमय** पुं [दे] १ चन्द्र, चन्द्रमा (दे १,१५)। २ असुर, दैत्य (षड्)।

**अमयघडिअ** पुं [दे. अमृतघटित] चन्द्रमा, चाँद (कुप्र २१)।

**अमयणिग्गम** पुं [दे. अमृतनिर्गम] १ चन्द्र, चन्द्रमा (दे १,१५)।

**अमर** वि [आमर] दिव्य, देव-सम्बन्धी; 'अमरा आउहभेया' (पउम ६१, ४६)।

**अमर** पुं [अमर] १ देव, देवता (पाअ)। २ मुक्त आत्मा (औप)। ३ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र (राज)। ४ अनन्तवीर्य नामक भावी जिनदेव के पूर्वजन्म का नाम (ती २१)। ५ वि. मरणरहित, 'पावंति अविग्घेणं जीवा अयरामरं ठाणं' (पडि)। °**कंका** स्त्री [°कङ्का] एक नगरी का नाम (उप ६४८ टी)। °**केउ** पुं [°केतु] एक राजकुमार (दंस)। °**गिरि** पुं [°गिरि] मेरु पर्वत (पउम ६५, ३७)। °**गेह** न [°गेह] स्वर्ग (उप ७२८ टी)। °**चन्दण** न [°चन्दन] १ हरिचन्दन वृक्ष। २ एक प्रकार का सुगन्धित काष्ठ (पाअ)। °**तरु** पुं [°तरु] कल्पवृक्ष (सुपा ४४)। °**दत्त** पुं [°दत्त] एक श्रेष्ठि-पुत्र का नाम (धम्म)। °**नाह** पुं [°नाथ] इन्द्र (पउम १०१, ७५)। °**पुर** न [°पुर] स्वर्ग (पउम २,१४)। °**पुरी** स्त्री [°पुरी] स्वर्गपुरी, अमरावती (उप पृ १०५)। °**पभ** पुं [°प्रभ] वानर-द्वीप का एक राजा (पउम ६, ६६)। °**वइ** पुं [°पति] इन्द्र (पउम १०१, ७०; सुर १, १)। °**वहू** स्त्री [°वधू] देवी (महा)। °**सामि** पुं [°स्वामिन्] इन्द्र (विसे १४३६ टी)। °**सेण** पुं [°सेन] १ एक राजा का नाम (दंस)। २ एक राजकुमार का नाम (णाया १, ८)। °**लय** त्रि [°लय] स्वर्ग, 'चविउममरालयाए' (उप ७२८ टी; सुपा ३५)। °**वई** स्त्री [°वती] १ देव-नगरी, स्वर्ग-पुरी (पाअ)। २ मर्त्य लोक की एक नगरी, राजा श्रीसेन की राजधानी (उप ९८६ टी)।

**अमरंगणा** स्त्री [अमराङ्गना] देवी (श्रा २७)।

**अमरिंद** पुं [अमरेन्द्र] देवों का राजा, इन्द्र (भवि)।

**अमरिस** पुं [अमर्ष] १ असहिष्णुता (हे २, १०५)। २ कदाग्रह (उत्त ३४)। ३ क्रोध, गुस्सा (पण्ह १, ३; पाअ)।

**अमरिसण** न [अमर्षण] १—३ ऊपर देखो। ४ वि. असहिष्णु; क्रोधी (पण्ह १,४)। ५ सहिष्णु, क्षमाशील (सम १५३)।

**अमरिसण** वि [अमसृण] उद्यमी, उद्योगी (सम १५३)।

**अमरिसिय** वि [अमर्षित] १ मत्सरी, असहिष्णु (आवम; स ५६५)।

**अमरी** स्त्री [अमरी] देवी (कुमा)।

**अमरीस** पुं [अमरेश] इन्द्र (चेइय ३१०)।

**अमल** वि [अमल] १ निर्मल, स्वच्छ (उव; सुपा ३४)। २ पुं. भगवान् ऋषभदेव के एक पुत्र का नाम (राज)।

**अमला** स्त्री [अमला] शक्र की एक अग्र-महिषी का नाम, इन्द्राणी-विशेष (ठा ८)।

**अमवस्सा** देखो **अमावस्सा** (पंचा १६, २०)।

**अमाइ** } वि [अमायिन्] निष्कपट, सरल
**अमाइल** } (आचा; ठा १०; द ४७)।

**अमाघाय** देखो **अमग्घाय** (उवा)।

**अमाण** वि [अमान] १ गर्वरहित, नम्र (कप्प)। २ असंख्य, 'ठाणट्ठाणविलोइज्जमाणमाणोसहिसमूहो' (उत्र ६ टी)।

**अमाय** वि [अमात] नहीं समाया हुआ; 'सुसाहुवग्गस्स मणे अमाया' (सत्त ३५)।

**अमाय** वि [अमाय] निष्कपट, सरल (कप्प)।

**अमायि** देखो **अमाइ** (भग)।

**अमारि** स्त्री [अमारि] हिंसा-निवारण, जीवित-दान (सुपा ११२)। °**घोस** पुं [°घोष] अहिंसा की घोषणा (सुपा ३०६)। °**पडह** पुं [°पटह] हिंसा-निषेध का डिंडिम, 'अमारिपडहं च घोसावेइ' (रयण ९०)।

**अमावसा** } स्त्री [अमावास्या] तिथि-
**अमावस्सा** } विशेष, अमावस (कप्प; सुपा
**अमावासा** } २२६; णाया १, १०; चंद १०)।

**अमिज्ज** वि [अमेय] माप करने के लिए अशक्य, असंख्य (कप्प)।

**अमिज्झ** न [अमेध्य] १ अशुचि वस्तु 'भरियममिज्झस्स दुरहिगंधस्स' (उप ७२८ टी)। २ विष्ठा (सुपा ३१३)।

**अमित्त** पुंन [अमित्र] रिपु, दुश्मन (ठा, ४, ४; से ५, १७)।

**अमिय** देखो **अमय**=अमृत (प्रासू १; गा २; विसे; आवम; पिंग)। °**कुंड** न [°कुण्ड] नगर-विशेष का नाम (सुपा ५७८)। °**गइ** स्त्री [°गति] एक छन्द का नाम (पिंग)। °**णाणि** पुं [°ज्ञानिन्] ऐरवत क्षेत्र के एक तीर्थंकर देव का नाम (सम १५३)। °**भूय** वि [°भूत] अमृत-तुल्य (आउ)। °**मेह** पुं [°मेघ] अमृतवर्षा (जं ३)। °**रुइ** पुं [°रुचि] चन्द्र, चन्द्रमा (श्रा १६)।

**अमिय** वि [अमित] परिमाण-रहित, असंख्य, अनन्त (भग ५, ४; सुपा ३१; श्रा २७)। °**गइ** पुं [°गति] दक्षिण दिशा के एक इन्द्र का नाम, दिक्कुमारों का इन्द्र (ठा २, ३)। °**जस** पुं [°यशस्] एक चक्रवर्ती राजा का नाम (महा)। °**णाणि** वि [°ज्ञानिन्] १ सर्वज्ञ (विसे)। २ ऐरवत क्षेत्र के एक जिन-देव का नाम (सम १५३)। °**तेय** पुं [°तेजस्] एक जैन मुनि का नाम (उप ७६८ टी)। °**बल** पुं [°बल] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५,४)। °**वाहण** पुं [°वाहन] दिक्कुमार देवों के एक इन्द्र का नाम (ठा २, ३)। °**वेग** पुं [°वेग] राक्षस वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, २६१)। °**सणिय** वि [°सनिक] एक स्थान पर नहीं बैठनेवाला, चंचल (कप्प)।

**अमिल** न [दे] ऊन का बना हुआ वस्त्र (श्रा १८)। २ पुं. मेष, भेड़ (ओघ ३६८)।

**अमिल** वि [दे. आमिल] अमिल देश में बना हुआ (आचा २, ५, १, ५)।

**अमिला** स्त्री [अमिला] १ बीसवें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। २ पाड़ी, छोटी भैंस (बृह १)।

**अमिलाण** } वि [अम्लान] १ म्लान-
**अमिलाय** } रहित, ताजा, हृष्ट (सुर ३,६५; भग ११,११)। २ पुं. कुरण्टक वृक्ष। ३ न. कुरण्टक वृक्ष का पुष्प (दे १,३७)।

**अमु** स [अदस्] वह, अमुक (पि ४३२)।

**अमुअ** स [अमुक] वह, कोई, अमका-ढमका (ओघ ३२ भा; सुपा ३१४)।

**अमुअ** देखो **अमय**=अमृत (प्रासू ५१; गा ९७६)।

**अमुअ** देखो **अमय**=अमय (काप्र ७७७)।

**अमुअ** वि [अस्मृत] स्मरण में नहीं आया हुआ (भग ३, ६)।

**अमुइ** वि [अमोचिन्] नहीं छोड़नेवाला (उव)।

**अमुग** देखो **अमुअ**=अमुक (कुमा)।

**अमुगत्थ** वि [अमुत्र] अमुक स्थान में (सुपा ६०२)।

**अमुण** त्रि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (बृह १)।

**अमुणिय** वि [अज्ञात] अविदित (सुर ४, २०)।

**अमुणिय** वि [अज्ञान] मूर्ख, अजान (पराह १, २)।

**अमुत्त** वि [अमुक्त] अपरित्यक्त (ठा १०)।

**अमुत्त** वि [अमूर्त्त] रूपरहित, निराकार (सुर १४, ३६)।

**अमुदग्ग** } न [अमुदग्र] १ अतीन्द्रिय मिथ्याज्ञान विशेष, जैसे देवताओं के पुद्गलरहित शरीर को देखकर जीव का शरीर पुद्गल से निर्मित नहीं है ऐसा निर्णय (ठा ७)।
**अमुयग्ग** }

**अमुस** वि [अमृष] सच्चा, सत्य; 'अमुसे वरे' (सूत्र १, १०, १२)।

**अमुसा** स्त्री [अमृषा] सत्यवचन (सूत्र १, १०)। °**वाइ** वि [°वादिन्] सत्यवादी (कुमा)।

**अमुह** वि [अमुख] निरुत्तर (वव ६)।

**अमुहरि** वि [अमुखरिन्] अवाचाल, मित-भाषी (उत्त १)।

**अमूढ** वि [अमूढ] अमुग्ध, विचक्षण (णाया १, ६)। °**णाण** न [°ज्ञान] सत्य-ज्ञान (आवम)। °**दिट्ठि** स्त्री [°दृष्टि] १ सम्यग्दर्शन (पव ६)। २ अविचलित बुद्धि (उत्त २)। ३ वि. अविचलित दृष्टि वाला, सम्यग्दृष्टि (गच्छ १)।

**अमूस** वि [अमृष] सत्यवादी (कुमा)।

**अमेज्झ** देखो **अमिज्झ** (भग ११,११)।

**अमेज्झ** देखो **अमिज्झ** (महा)।

**अमोल्ल** वि [अमूल्य] जिसकी कीमत न हो सके वह, बहुमूल्य (गउड; सुपा ५१६)।

**अमोसलि** न [दे. अमुशलि] वस्त्रादि निरीक्षण का एक प्रकार (ओघ २६५)।

**अमोसा** देखो **अमुसा** (कुमा)।

**अमोह** वि [अमोघ] १ अवन्ध्य, सफल (सुपा ८३; ५७५)। २ पुं. सूर्य के उदय और अस्त के समय किरणों के विकार से होने वाली रेखा विशेष (भग ३, ६)। एक यक्ष का नाम (विपा १,४)। °**दंसि** वि [°दर्शिन्] १ ठीक-ठीक देखनेवाला (दस ६)। २ न. उद्यान-विशेष। ३ पुं. यक्ष-विशेष (विपा १, ३)। °**पहारि** वि [°प्रहारिन्] अचूक प्रहार करनेवाला, निशानबाज (महा)। °**रह** पुं [°रथ] इस नाम का एक रथिक (महा)।

**अमोह** पुं [अमोह] १ मोह का अभाव, सत्य-ग्रह (विसे)। २ रुचक पर्वत का एक शिखर (ठा ८)। ३ वि. मोहरहित, निर्मोह (सुपा ८३)।

**अमोह** पुं [अमोघ] १ सूर्य-बिम्ब के नीचे कभी-कभी दीखती श्याम आदि वर्णोंवाली रेखा (अणु १२१)। २. पुंन. एक देवविमान (देवेन्द्र १४४)।

**अमोहण** न [अमोहन] १ मोह का अभाव (वव १०)। २ वि. मुग्ध नहीं करनेवाला (कप्प)।

**अमोहा** स्त्री [अमोघा] १ एक जम्बूवृक्ष, जिसके नाम से यह जम्बूद्वीप कहलाता है (जीव ३)। २ एक पुष्करिणी (दीव)।

**अम्म** देखो **अंब** = आम्ल (उर २, ६)।

**अम्मएव** पुं [आम्रदेव] एक जैन आचार्य (पव २७६; गा ६०६)।

**अम्मगा** देखो **अम्मया** (उवा)।

**अम्मच्छ** वि [दे] असंबद्ध (षड्)।

**अम्मड** देखो **अंबड** (ओप)।

**अम्मडी** (अप) स्त्री [अम्बा] माता, माँ (हे ४, ४२४)।

**अम्मणुअंचिय** न [दे] अनुगमन, अनुसरण (दे १, ४६)।

**अम्मधाई** देखो **अंबधाई** (विपा १, ६)।

**अम्मया** स्त्री [अम्बा] १ माता, जननी (उवा)। २ पांचवें वासुदेव की माता का नाम (सम १५२)।

**अम्महे** (शौ) अ. हर्ष-सूचक अव्यय (हे ४, २८४)।

**अम्मा** स्त्री [दे. अम्बा] माता, माँ (दे १, ५)। °**पिइ**, °**पिउ**, °**पियर**, °**पीइ** पुं. ब. [°पितृ] माँ-बाप, माता-पिता (वव ३; कप्प; सुर ३,८३; ठा ३,१; सुर ३,८८; ७,१७०)। °**पेइय** वि [°पैतृक] माँ-बाप-संबन्धी (भग १, ७)।

**अम्माइआ** स्त्री [दे] अनुसरण करने वाली स्त्री, पीछे-पीछे जानेवाली स्त्री (दे १,२२)।

**अम्मो** अ [ ? ] १ आश्चर्य-सूचक अव्यय (हे २, २०८; स्वप्न २६)। २ माता का संबोधन, हे माँ (उवा; कुमा)।

**अम्मोगइया** स्त्री [दे] संमुख-गमन, स्वागत करने के लिए सामने जाना; 'राया सयमेव अम्मोगइयाए निग्गओ' (सुख २, १३)।

**अम्मोस** वि [अमर्ष्य] अक्षम्य, क्षमा के अयोग्य (सुपा ४८७)।

**अम्ह** स [अस्मत्] हम, निज, खुद (हे २, ६६; १४२)। °**केर**, °**क्केर**, °**च्चय** त्रि [°ीय] अस्मदीय, हमारा (हे २, ६६; सुपा ४६६)।

**अम्हत्त** वि [दे] प्रमृष्ट, प्रमार्जित (षड्)।

**अम्हार** } (अप) वि [अस्मदीय] हमारा (षड्; कुमा)।
**अम्हारय** }

**अम्हारिच्छ** वि [अस्मादृक्ष] हमारे जैसा (प्रामा)।

**अम्हारिस** वि [अस्मादृश] हमारे जैसा (हे १, १४२; षड्)।

**अम्हेच्चय** वि [अस्माक] अस्मदीय, हमारा (कुमा; हे २, १४९)।

**अम्हो** अ [अहो] आश्चर्य-सूचक अव्यय (षड्)।

**अय** पुं [अग] १ पहाड़, पर्वत। २ साँप, सर्प। ३ सूर्य, सूरज (श्रा २३)।

**अय** पुं [अज] १ छाग, बकरा (विपा १,४)। २ पूर्वभाद्रपद नक्षत्र का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३)। ३ महादेव। ४ विष्णु। ५ रामचन्द्र। ६ ब्रह्मा। ६ कामदेव (श्रा २३)। ८ महाग्रह-विशेष (ठा ६)। ६ बीजोत्पादक शक्ति से रहित धान्य (पउम ११, २५)। °**करक** पुं [°करक] एक महाग्रह का नाम (ठा २, ३)। °**वाल** पुं [°पाल] आभीर (श्रा २३)।

**अय** पुं [अय] १ गमन, गति (विसे २७६३; श्रा २३)। २ लाभ, प्राप्ति। ३ अनुभव (विसे)। ४ न. पुण्य (ठा १०)। ५ भाग्य, नसीब (श्रा २३)।

**अय** न [अक] १ दुःख। २ पाप (श्रा २३)।

**अय** न [ अयस् ] लोहा, लोह (ओघ ६२)। °**आगर** पुं [°आकर] १ लोहे की खान (निचू ५)। २ लोहे का कारखाना (ठा ८)। °**कंत,** °**क्खंत** पुं [°कान्त] लोह-चुम्बक (आवम)। °**कडिल्ल** न [दे. °कडिल्ल] कटाह (ओघ)। **कुंडी** स्त्री [°कुण्डी] लोहे का भाजन-विशेष (विपा १,६)। °**कोट्ठय** पुं [°कोष्ठक] लोहे का कुशूल, लोहे का गोला; 'पोट्टं अयकोट्ठओ व्व वट्टं' (उवा)। °**गोलय** पुं [°गोलक] लोहे का गोला (आ ११)। °**दव्वी** स्त्री [°दर्वी] लोहे की कड़छी या करछुल, जिससे दाल, कढ़ी आदि हिलाया जाता है (दे २, ७)। °**पाय** न [°पात्र] लोहे का भाजन। °**सलागा** स्त्री [°शलाका] लोहे की सलाई (उप २११ टी)।

**अय** सक [ अय् ] १ गमन करना, जाना। २ प्राप्त करना। ३ जानना। वकृ. **अयमाण** (सम ६३)।

**अयंछ** सक [ कृष् ] १ खींचना। २ जोतना, चास करना। ३ रेखा करना। अयंछइ (हे ४, १८७)।

**अयंछिर** वि [ कर्षिन् ] कर्षणशील, खींचनेवाला (कुमा)।

**अयंड** पुं [अकाण्ड] १ अनुचित समय (महा)। २ अकस्मात्, हठात् (पउम ५,१६४; मे ४४; गउड)। ३ क्रिवि. अनधारित, अतर्कित (पाअ)।

**अयंत** वकृ [ आयत् ] आता हुआ, प्रवेश करता हुआ (आवम)।

**अयंतिय** वि [अयन्त्रित] अनादरणीय (उत्त २०, ४२)।

**अयंपिर** वि [अजल्पितृ] नहीं बोलनेवाला, मौनी (पि २६६; ५६६)।

**अयंपुल** पुं [अयंपुल] गोशालक का एक शिष्य (भग ८, ५)।

**अयंस** पुं [आदर्श] दर्पण, काँच। °**मुह** पुं [°मुख] १ इस नाम का एक द्वीप। २ द्वीप-विशेष का निवासी (इक)।

**अयंसंधि** वि [इदंसंधि] उपयुक्त कार्य को यथासमय करनेवाला (आचा)।

**अयकरय** पुं [अयकरक] एक महाग्रह (सुज्ज २०)।

**अयक्क** } पुं [दे] दानव, असुर (दे १,६)।
**अयग** }

**अयगर** पुं [अजगर] अजगर, मोटा साँप (पण्ह १, १; पउम ६३, ५४)।

**अयड** पुं [दे. अवट] कूप, कुंआ (दे १,१८)।

**अयण** न [अतन] सतत होना, निरन्तर होना (विसे ३५७८)।

**अयण** न [अयन] १ गमन। २ प्राप्ति, लाभ (विसे ८३)। ३ ज्ञान, निर्णय (विसे ८३)। ४ गृह, मन्दिर; 'चंडियायणं' (स ४३५)। ५ वि. प्रापक, प्राप्त करनेवाला (विसे ६६०)। ६ पुंन. वर्ष का आधा भाग, जिसमें सूर्य दक्षिण से उत्तर में या उत्तर से दक्षिण में जाता है (ठा २, ४);
'एक्के अयणे दिअहा, बीए रअणीओ
होंति दीहाओ।
विरहाअणे अउव्वो, इत्थ दुवे च्चेअ वड्ढंति'
(गा ८४६)।

**अयण** न [अदन] १ भक्षण। २ खुराक, भोजन (स १३०; उर ८, ७)।

**अयणु** वि [अज्ञ] अजान, मूर्ख (सुर ३, १६६)।

**अयणु** वि [अतनु] स्थूल, मोटा, महान् (सण)।

**अयतंचिअ** वि [दे] पुष्ट, उपचित (दे १, ४७)।

**अयर** वि [अजर] वृद्धावस्थारहित 'अयरामरं ठाणं' (पडि; उव)।

**अयर** पुंन [अतर] १ सागर, समुद्र (दे २८)। २ समय का मान-विशेष, सागरोपम (संग २१,२५; धण ४३)। ३ वि. तरने के अशक्य (बृह १)। ४ असमर्थ, अशक्त (निचू १)। ५ ग्लान, बीमार (बृह १)।

**अयरामर** वि [अजरामर] १ जरा और मरण से रहित (नव २)। २ न. मुक्ति, मोक्ष (पउम ८, १२७)।

**अयल** देखो **अचल** = अचल (पाअ; गउड; उप पृ १०५; अंत ३; पउम ८५,४; सम ८८; कप्प; सम १६)।

**अयला** देखो **अचला** (पउम १२०, १५६)।

**अयस** देखो **अजस** (गउड; प्रासू २३; १५३; गा १७८)।

**अयंसि** वि [ अयशस्विन् ] अजसी, यशोरहित, कीर्ति-शून्य (गउड)।

**अयसि** } स्त्री [अतसी] धान्य-विशेष, अलसी,
**अयसी** } तीसी (भग; ठा ७; णाया १, ५)।

**अया** स्त्री [अजा] १ बकरी। २ माया, अविद्या। ३ प्रकृति, कुदरत (हे ३, ३२; षड्)। °**किवाणिज्ज** पुं [°कृपाणीय] न्याय-विशेष; जैसे बकरी के गले पर अनधारी छुरी पड़ती है उस माफिक अनधारा किसी कार्य का होना (आचा)। °**पाल** पुं [°पाल] आभीर, बकरी चरानेवाला (स २६०)। °**वय** पुं [°व्रज] बकरी का बाड़ा (भग १६,३)।

**अयागर** देखो **अय-आगर** (ठा ८)।

**अयाण** न [अज्ञान] ज्ञान का अभाव (सत्त ६३)।

**अयाण** वि [अज्ञ, अज्ञान] अजान, अज्ञानी, मूर्ख (ओघ ७४; पउम २२, ८३; गा २७५; दे ७, ७३)।

**अयाणअ** वि [अज्ञायक] ऊपर देखो (पाअ; भवि)।

**अयाणंत** देखो **अजाणंत** (ओघ ११)।

**अयाणमाण** देखो **अजाणमाण** (नव ३६)।

**अयाणिय** देखो **अजाणिय** (उप ७२८ टी)।

**अयाणुय** देखो **अजाणुय** (सुर ३,१६८; सुपा ५४३)।

**अयार** पुं [अकार] 'अ' अक्षर (विसे ४७८)।

**अयाल** पुं [अकाल] अयोग्य समय, अनुचित काल (पउम २२, ८५)।

**अयालि** पुं [दे] दुर्दिन, मेघाच्छन्न दिवस (दे १, १३)।

**अयालिय** वि [अकालिक] आकस्मिक, अकाण्डोत्पन्न; 'पडउ पडउ एयस्स हत्थतले अयालिया विज्जू' (रंभा)।

**अयि** देखो **अइ** = अयि (हे २, २१७)।

**अयुजरेवइ** स्त्री [दे] अचिर-युवति, नवोढा, दुर्दिन (षड्)।

**अयोमय** देखो **अओ-मय** (अंत १६)।

**अय्यावत्त** (शौ) पुं [आर्यावर्त] भारत, हिन्दुस्तान (कुमा)।

**अय्युण** (मा) देखो **अज्जुण** (हे ४, २६२)।

**अर** पुं [अर] १ धुरी, पहिये के बीचका काष्ठ। २ अठारहवाँ जिनदेव और सातवाँ

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

चक्रवर्ती राजा; 'सुमिणे अरं महरिहं पासइ जणणी अरो तम्हा' (आव २; सम ५३; उत्त १८)। ३ समय का एक परिमाण, कालचक्र का बारहवाँ हिस्सा। (ती २१)।

°अर पुं [°कर] १ किरण। गा ३४३; से १, १७)। २ हस्त, हाथ (से १, २८)। ३ शुल्क, चुंगी (से १, २८)।

**अरइ** स्त्री [अरति] अर्श, मसा (आचा २, १३, १)।

**इल्ल** पुं [दे] १ प्रतीहार, चपरासी। २ लवित्र, दाँती। ३ वि. दरिद्र, गरीब। ४ कोमल, मृदु। ५ काला, कृष्ण वर्णवाला (दे १, ८२)।

**इल्लपुलिंद** पुं [दे] व्याघ्र, शेर (चंड)।

**इल्लि** पुं [दे] १ शार्दूल, व्याघ्र। २ सिंह। ३ छाता (दे १, ८३)।

**इल्लिय** वि [दे] आसिक्त, उप्पेलणफुल्लाविअहल्लप्फुल्लासवेल्लिअमल्लिआअक्खतल्लएण' (विक्र २३)।

**इल्लिआ** स्त्री [इल्लिका] क्षुद्र जीव-विशेष, अन्न में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष (जी १६)।

**इल्लीर** न [दे] १ आसन-विशेष। २ छाता। ३ दरवाजा, गृह-द्वार (दे १, ८३)।

**इव** अ [इव] इन अर्थों का द्योतक अव्यय—१ उपमा। २ सादृश्य, तुलना। ३ उत्प्रेक्षा (हे २, १८२; सण)।

**इसअ** वि [दे] विस्तीर्ण (षड्)।

**इसणा** देखो **एसणा** (रंभा)।

**इसाणी** स्त्री [ऐशानी] ईशान कोण, पूर्व और उत्तर के बीच की दिशा (नाट)।

**इसि** पुं [ऋषि] १ मुनि, साधु, ज्ञानी, महात्मा (उत्त १२; अवि १४)। २ ऋषिवादि-निकाय का दक्षिण दिशा का इन्द्र, इन्द्र-विशेष (ठा २, ३)। °**गुत्त** पुं [°गुप्त] १ स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि (कप्प)। २ न. जैन मुनियों का एक कुल (कप्प)। °**गुत्तिय** न [°गुप्तीय] जैन मुनियों का एक कुल (कप्प)। °**दास** पुं [°दास] १ इस नाम का एक सेठ, जिसने जैन दीक्षा ली थी। २ 'अनुत्तरोववाइदसा' सूत्र का एक अध्ययन (अनु २)। °**दत्त**, °**दिण्ण** पुं [°दत्त] एक जैन मुनि (कप्प)। °**पालिय** पुं [°पालित] ऐरवत क्षेत्र के पाँचवें तीर्थंकर का नाम (सम १५३)। °**पालिया** स्त्री [°पालिता] जैन मुनियों की एक शाखा (कप्प)। °**भद्दपुत्त** पुं [भद्रपुत्र] एक जैन श्रावक (भग ११, १२)। °**भासिय** न [°भाषित] १ अंगग्रन्थों के अतिरिक्त जैन आचार्यों के बनाए हुए उत्तराध्ययन आदि शास्त्र (आवम)। २ 'प्रश्नव्याकरण' सूत्र का तृतीय अध्ययन (ठा १०)। °**वाइ**, °**वाइय**, °**वादिय** पुं [वादिन्] व्यन्तरों की एक जाति (औप; पण्ह १, ४)। °**वाल** पुं [°पाल] १ ऋषिवादि-व्यन्तरों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३)। २ पाँचवें वासुदेव का पूर्वभवीय नाम (सम १५३)। °**वालिय** पुं [°पालित] ऋषिवादिव्यन्तरों के एक इन्द्र का नाम (देव)।

**इसिण** पुं [इसिन] अनार्य देश-विशेष (णाया १, १)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

इसिणअ वि [इसिनक] इसिन-नामक अनार्य देश में उत्पन्न (णाया १, १; इक)।
इसिया स्त्री [इषिका] सलाई, शलाका (सुअ २, १)।
इसु पुं [इषु] बाण (पाअ)।
इस्स वि [एष्यत्] १ भविष्य काल, 'भुत्तं संपयमिस्सं' (विसे)। २ होनेवाला, भावी; 'संभरइ भूय मिस्सं' (विसे ५०८)।
इस्सर देखो ईसर (प्राप्र; पि ८७; ठा २, ३)।
इस्सरिय देखो ईसरिय (पउम ५, २७०; सम १३; प्रासू ७५)।
इस्सा स्त्री [ईर्ष्या] द्रोह, असूया (उत्त ३४, २३)।
इस्सास पुं [इष्वास] १ धनुष, कार्मुक, शरासन। २ बाण-क्षेपक, तीरंदाज (प्राकृ)।
इह पुं [इभ] हाथी, हस्ती (प्राकृ)।
इह अ. [इदानीम्] इस समय, अधुना (प्राकृ ८०)।
इह अ [इह] यहां, इस जगह (आचा; स्वप्न २२)। °पारलोइअ वि [ऐहिकपारलौकिक] इस और परलोक से सम्बन्ध रखनेवाला (स १५६)। °भविय वि [ऐहभविक] इस जन्म संबन्धी (भग)। °लोअ, °लोग पुं [°लोक] वर्तमान जन्म, मनुष्य-लोक (ठा ३; प्रासू ७५; १५३)। °लोय, °लोइय वि [ऐहलौकिक] इस जन्म-संबन्धी, वर्तमान-जन्मसंबन्धी (कप्प; सुपा ४०८; पण्ह १, ३; स ४८१); 'इहलोयपारलोइयसुहाइं सव्वाइं तेण दिन्नाइं' (स १५५)।
इहअ, इहइं } ऊपर देखो (षड्; पउम २१, ७)।
इहइं अ [इदानीम्] हाल, संप्रति, इस समय (पाअ)।
इहं, इहयं } देखो इह = इह (औप; श्रा १४)।
इहरहा, इहरा } देखो इयर-हा (उप ८६०; भत्त ३६; हे २, २१२)।
इहरा देखो इहइं = इदानीम् (गउड)।
इहामिय देखो ईहामिय (पि ५४)।
इहिं अ [इह] यहाँ (रंभा)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे इआराइसद्दसंकलणो णाम तइओ तरंगो समत्तो॥

---

# ई

ई पुं [ई] प्राकृत वर्णमाला का चतुर्थ वर्ण, स्वर-विशेष (प्रामा)।
ईअ स [एतत्, इदम्] यह (पि ४२६; ४२९)।
ईअ अ [इति] इस तरह, 'ईय मणोविसईणं' (विसे ५१४)।
ईइ पुंस्त्री [ईति] धान्य वगैरह को नुकसान पहुँचानेवाला चूहा आदि प्राणि-गण (औप)।
ईइस वि [ईदृश] ऐसा, इस तरह का, इसके समान (महा; स १५)।
ईजिह अक [घ्रा] तृप्त होना। ईजिहइ (प्राकृ ६५)।
°ईड देखो कीड = कीट; 'दुद्दंसणणिबईडसारिच्छं' (गा ३०)।
ईडा स्त्री [ईडा] स्तुति (चेइय ८६८)।
ईण वि [ईन] प्रार्थी, अभिलाषी; 'आहाकडं चेव निकाममीणे' (सूअ १, १०, ८)।
°ईण देखो दीण (से ८, ६१)।
ईति देखो ईइ (सम ६०)।
ईदिस देखो ईइस (स १४०; अभि १८२; कप्पू)।
ईर सक [ईर्] १ प्रेरणा करना। २ कहना। ३ गमन करना। ४ फेंकना। ईरेइ (विसे १०६०); कृ- 'ठाणगमणगुणजोगजुंजणजुगंतरनिवातियाए दिट्ठीए ईरियव्वं' (पण्ह २, १)। भूकृ- ईरिद (शौ) (अभि ३०)।
ईरिय वि [ईरित] प्रेरित (विसे ३१४४)।
ईरिया देखो इरिया (सम १०; ओघ ७४८; सुर २, १०४)।
ईरिस देखो ईइस (कुमा; स्वप्न ५५)।
ईस न [दे] खूँटा, खीला, कीलक (दे १, ८४)।
ईस सक [ईर्ष्] ईर्ष्या करना, द्वेष करना। ईसाअंति (गा २४०)।
ईस पुं [ईश] देखो ईसर = ईश्वर (कुमा; पउम १०२, ५८)। २ न. ऐश्वर्य, प्रभुता (पण्ण २)।
ईस देखो ईसि (कप्पू)।
ईसअ पुं [दे] रोझ, हरिण की एक जाति (दे १, ८४)।
ईसत्थ न [इष्वस्त्रशास्त्र] धनुर्वेद, बाणविद्या (औप; पण्ह १, ५); 'विन्नाणनाणकुसला ईसत्थकयस्समा वीरा' (पउम ९८, ४०; पि ११७)।
ईसर पुं [दे] मन्मथ, कामदेव (दे १, ८४)।
ईसर पुं [ईश्वर] १ परमेश्वर, प्रभु (हे १, ८४)। २ महादेव, शिव (पउम १०९, १२)। ३ स्वामी, पति (कुमा)। ४ नायक, मुखिया (विपा १, १)। ५ देवताओं का एक आवास, वेलंधर-देवों का आवास-विशेष (सम ७३)। ६ एक पाताल-कलश (ठा ४, २)। ७ आढ्य, धनी (सुपा ४३९)। ८ ऐश्वर्य-शाली, वैभवी (जीव ३)। ९ युवराज। १० माण्डलिक, सामन्त-राजा। ११ मन्त्री (अणु)। १२ इन्द्र-विशेष, भूतवादि-निकाय का इन्द्र (ठा २, ३)। १३ पाताल-विशेष (ठा ४)। १४ एक राजा का नाम। १५ एक जैन मुनि (महानि ६)। १६ यक्ष-विशेष (पव २७)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

ईसर पुं [ईश्वर] अणिमा आदि आठ प्रकार के ऐश्वर्य से सम्पन्न (अणु २२)।

ईसरिय न [ऐश्वर्य] वैभव, प्रभुता, ईश्वरपन (पउम ८६, ६३)।

ईसा स्त्री [ईषा] १ लोकपालों की अग्रमहिषियों की एक पार्षदा (ठा ३, २)। २ पिशाचेन्द्र की एक परिषद् (जीव ३)। ३ हल का एक काष्ठ (दे २, ६६)।

ईसा स्त्री [ईर्षा] ईर्ष्या, द्रोह (गउड)। °रोस पुं [°रोष] क्रोध, गुस्सा (कप्पू)।

ईसाइय वि [ईर्ष्यायित] जिसको ईर्ष्या हुई हो वह (सुपा ६१)।

ईसाण पुं [ईशान] १ देवलोक-विशेष, दूसरा देवलोक (सम २)। २ दूसरे देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३)। ३ उत्तर और पूर्व के बीच की दिशा, ईशान-कोण (सुपा ६८)। ४ मुहूर्त-विशेष (सम ५१)। ५ दूसरे देवलोक के निवासी देव (ठा १०)। ६ प्रभु, स्वामी (विसे)। °वडिंसग न [°ावतंसक] विमान-विशेष का नाम (सम २५)।

ईसाण पुं [ईशान] अहोरात्र का ग्यारहवाँ मुहूर्त (सुज १०, १३)।

ईसाणा स्त्री [ऐशानी] ईशान-कोण (ठा १०)।

ईसाणी स्त्री [ऐशानी] १ ईशान-कोण। २ विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)।

ईसालु वि [ईर्ष्यालु] ईर्ष्यालु, असहिष्णु, द्वेषी (महा; गा ६३४; प्राप्र)। स्त्री. °णी (पउम ३६, ४५)।

ईसास देखो इस्सास; 'ईसासट्ठाण' (निर; पि १६२)।

ईसि अ [ईषत्] १ थोड़ा, अल्प (पण्ण ३६)। २ पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र, मुक्त-भूमि (सम २२)। °पब्भार वि [°प्राग्भार] थोड़ा अवनत (पंचा १८)। °पब्भारा स्त्री [°प्राग्भारा] पृथिवी-विशेष, सिद्धि-क्षेत्र (ठा ८; सम २२)।

ईसिअ न [ईर्ष्यित] १ ईर्ष्या, द्वेष (गा ५१०)। २ वि. जिसपर ईर्ष्या की गई हो वह (दे २, १६)।

ईसिअ न [दे] १ भील के सिर पर का पत्र-पुट, भीलों की एक तरह की पगड़ी। २ वि. वशीकृत, वश किया हुआ (दे १, ८४)।

ईसिं } देखो ईसि (महा; सुर २, ६६; कस; ईसी } पि १०२)।

ईह सक [ईक्ष्, ईह्] १ देखना। २ विचारना। ३ चेष्टा करना। ईहए (विसे ५६१)। वकृ. ईहंत, ईहमाण (गउड; सुपा ८८; विसे २५८); संकृ. 'अनिमाणो ईहिऊण मइपुव्वं' (पव ८६; विसे २५७)।

ईहण न [ईहन] नीचे देखो (आचू १)।

ईहा स्त्री [ईहा] १ विचार, ऊहापोह, विमर्श (णाया १, १; सुपा ५७२)। २ चेष्टा, प्रयत्न (ओघ ३)। ३ मति-ज्ञान का एक भेद (पण्ण १५; ठा ५)। ४ इच्छा (स ६१२)। °मिग, °मिय पुं [°मृग] १ वृक, भेड़िया (णाया १, १; भग ११, ११)। २ नाटक का एक भेद (राय)।

ईहा स्त्री [ईक्षा] अवलोकन, विलोकन (औप)।

ईहिय वि [ईहित] चेष्टित (सूअ १, १, ३)। २ विमर्शित, विचारित, ईहा-विषयीकृत (विसे २५७)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे ईआराइसद्दसंकलणो णाम चउत्थो तरंगो समत्तो ॥

---

# उ

उ पुं [उ] प्राकृत वर्णमाला का पञ्चम अक्षर, स्वर-विशेष (प्रामा)। २ उपयोग रखना, ख्याल करना; 'उत्ति उवओगकरणे' (विसे ३१६८)। ३ गति-क्रिया (आवम)।

उ अ [उ] निम्नोक्त अर्थों का सूचक अव्यय— १ संबोधन, आमन्त्रण। २ कोप-वचन, क्रोधोक्ति। ३ अनुकम्पा, दया। ४ नियोग, हुकुम। ५ विस्मय, आश्चर्य। ६ अंगीकार, स्वीकार। ७ प्रश्न, पृच्छा (हे २, २१७)।

उ अ [तु] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ विशेषण। २ कारण (वव १)।

उ अ [तु] इन अर्थों का द्योतक अव्यय—१ समुच्चय, और (कप्प)। २ अवधारण, निश्चय (आवम)। ३ किन्तु, परन्तु (ठा ३, १)। ४ नियोग, आज्ञा। ५ प्रशंसा। ६ विनिग्रह। ७ शंका की निवृत्ति (उव)। ६ पादपूर्ति के लिए भी इसका प्रयोग होता है (उव)।

उ देखो उव; 'उओ उपे' (षड् २, १, ६८)।

उ° अ [उत्] निम्नोक्त अर्थों का सूचक अव्यय— १ ऊँचा, ऊर्ध्व; 'उक्कमंत' (आवम)। २ विपरीत, उलटा; 'उक्कम' (विसे)। ३ अभाव, रहितता; 'उक्कर' (णाया १, १)। ४ ज्यादा, विशेष; 'उक्कोविय' (उप पृ ७८; विसे ३५७६)।

उअ अ [दे] विलोकन करो, देखो (दे १, ८६ टी; हे २, २११)।

उअ अ [उत] इन अर्थों का सूचक अव्यय— १ विकल्प, अथवा। २ वितर्क, विमर्श (कुमा)। ३ प्रश्न, पृच्छा। ४ समुच्चय। ५ बहुत, अतिशय (हे १, १७२)।

उअ अ [दे] ऋजु, सरल (षड्)।

उअ देखो उव (गा ५०; से ६, ६)।

उअ न [उद] पानी, जल। °सिंधु पुं [°सिन्धु] समुद्र, सागर (पि ३४०)।

उअ वि [उदञ्च्] उत्तर, उत्तर दिशा में स्थित। °महिहर पुं [°महिधर] हिमाचल-पर्वत (गउड)।

उअअ न [उदक] पानी, जल (गा ५३; से ६, ८८)।

उअअ देखो उदय (से १०, ३१)।

उअअ न [उदर] पेट, उदर (से ६, ८८)।

उअअ वि [दे] ऋजु, सरल, सीधा (दे १, ८८)।

उअअद (शौ) देखो उवगय (नाट)।

उअआरअ वि [उपकारक] उपकार करनेवाला (गा ५०)।

उअआरि वि [उपकारिन्] ऊपर देखो (विक २५)।

उअइव्व वि [उपजीव्य] आश्रय करने योग्य, सेवा करने योग्य (से ६, ६)।

उअऊह सक [उप + गूह्] आलिंगन करना। संकृ. उअऊहेऊण (पि ५८६)।

उअएस देखो उवएस (गा १०१)।

उअंचण न [उदञ्चन] १ ऊँचा फेंकना। २ ढकने का पात्र, आच्छादक पात्र (दे ४,११)।

उअंचिद (शौ) वि [उदञ्चित] १ ऊँचा उठाया हुआ, ऊँचा फेंका हुआ (नाट)।

उअंत पुं [उदन्त] हकीकत, वृत्तान्त, समाचार (पाअ; प्रामा)।

उअकिद (शौ) वि [उपकृत] जिसपर उपकार किया गया हो वह (पि ६४)।

उअक्किअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (दे १, १०७)।

उअगअ देखो उवगय (गा ६४४)।

उअचित्त वि [दे] अपगत, निवृत्त (दे १, १०८)।

उअजीवि वि [उपजीविन्] आश्रित (अभि १८६)।

उअज्झाअ देखो उवज्झाय (नाट)।

उअट्टी स्त्री [दे] नीवी, स्त्री के कटि-वस्त्र की नाडी; 'उअट्टी उच्चओ नीवी' (पाअ)।

उअट्ठिअ देखो उवट्ठिय (प्राप)।

उअणिअ } देखो उवणीय (प्राकृ ६)।
उअणीअ }

उअण्णास देखो उवण्णास (नाट)।

उअत्तंत देखो उव्वट्ट = उद् + वृत्।

उअट्ठाण देखो उवट्ठाण (नाट)।

उअत्थिअ देखो उवट्ठिय (से ११, ७८)।

उअदिट्ठ देखो उवइट्ठ (नाट)।

उअभुत्त देखो उवभुत्त (रंभा)।

उअभोग देखो उवभोग (नाट)।

उअमिज्जंत वकृ [उपमीयमान] जिसकी तुलना की जाती हो वह (काप्र ८९६)।

उअर न [उदर] पेट (कुमा)।

उअरिं } देखो उवरि (गा ६४; से ८,
उअरि } ७५)।

उअरी स्त्री [दे] शाकिनी, देवी-विशेष (दे १, ९८)।

उअरुज्झ देखो उवरुज्झ। उअरुज्झदि (शौ) (नाट)।

उअरोअ } देखो उवरोह (प्राप; नाट)।
उअरोह }

उअलद्ध देखो उवलद्ध (नाट)।

उअविट्ठअ न [औपविष्टक] आसन (प्राकृ १०)।

उअविय वि [दे] उच्छिष्ट, 'इहरा भे णिसिभत्तं उअवियं चेव गुरुमादी' (बृह १)।

उअसप्प देखो उवसप्प। उअसप्पं (रुक्मि ५१)।

उअसम } देखो उवसम = उप + शम्।
उअसम्म } उअसमइ, उवसम्मइ (प्राकृ ९९)

उअह अ [दे] देखो, देखिए (दे १, ९८; प्राप्र)।

उअहस देखो उवहस। उअहसइ (प्राकृ ३४)।

उअहार देखो उवहार (नाट)।

उअहारी स्त्री [दे] दोग्ध्री, दोहनेवाली स्त्री (दे १, १०८)।

उअहि पुं [उदधि] १ समुद्र, सागर (गउड)। २ स्वनाम-ख्यात एक विद्याधर राजकुमार (पउम ५, १६६)। ३ काल परिमाण, सागरोपम (सुर २, १३६)। ४ स्वनाम ख्यात एक जैन मुनि (पउम २०, ११७)। देखो उदहि।

उअहि देखो उवहि = उपधि (पव ६)।

उअहुज्जंत देखो उवभुंज।

उअहोअ देखो उवभोग (प्रवो ३०; नाट)।

उआअ देखो उवाय (नाट)।

उआअण देखो उवायण (माल ४९)।

उआर देखो उराल (सुपा ६०७; कप्पू)।

उआर देखो उवयार (षड्, गउड)।

उआलंभ देखो उवालंभ = उपा + लभ्। कृ. उआलंभणिज्ज (नाट)।

उआलंभ देखो उवालंभ = उपालम्भ (गा २०१)।

उआलभ देखो उआलंभ = उपा + लभ्। उआलभेमि (त्रि ८२)।

उआलि स्त्री [दे] अवतंस, शिरोभूषण (दे १, ९०)।

उआस वि [उदास] नीचे देखो (पिंग)।

उआस देखो उवास = उपा + आस्। कवकृ. उआसिज्जमाण (हास्य १४०)।

उआसीण वि [उदासीन] १ उदासी, दिलगीर। २ मध्यस्थ, तटस्थ (स ५४९; नाट)।

उआहरण देखो उदाहरण (मन ३)।

उइ सक [उप + इ] समीप जाना। उएइ, उएउ (पि ४९३)।

उइ अक [उद् + इ] उदित होना। उएइ (रंभा)। वकृ. उइयंत (रंभा)।

उइ देखो उउ; 'अन्नोवि हुंतु उइओ सरिसा परं तें (रंभा)। °राय पुं [°राज] वसन्त ऋतु (रंभा)।

उइअ वि [उदित] १ उदय प्राप्त, उद्‌गत (सुपा १२७)। २ उक्त, कथित (विसे २३३; ८४६)। °परक्कम पुं [°पराक्रम] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ६)।

उइअ वि [उचित] योग्य, लायक (से ८, १०३)।

उइंतण न [दे] उत्तरीय वस्त्र, चादर (दे १, १०३; कुमा)।

उइंद पुं [उपेन्द्र] इन्द्र का छोटा भाई, विष्णु का वामन अवतार, जो अदिति के गर्भ से हुआ था (हे १, ६)।

उइट्ठ वि [अपकृष्ट] हीन, संकुचित; 'माउसिय-अक्खचम्मउइट्ठगंडदेसं' (णाया १, ८)।

उइण्ण देखो उदिण्ण (ठा ५, विसे ५०३)।

उइण्ण वि [उदीच्य] उत्तर दिशा-सम्बन्धी, उत्तर दिशा में उत्पन्न (आवम)।

उइन्न देखो ओइण्ण (सम्मत्त ७७)।

उइयंत देखो उइ = उद् + इ।

उईण देखो उदीण (राय)।

उईर देखो उदीर; 'उईरेइ अइपीडं' (श्रा २७)। वकृ. उईरंत (पुप्फ १३)। संकृ. उईरइत्ता (सूअ १, ६)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उईरण** देखो **उदीरण** (ठा ४; पुप्फ १६५)।

**उईरणया** } देखो **उदीरणा** (विसे २५१५;
**उईरणा** } टी; कम्मप १५८; विसे २६६२)।

**उईरिय** देखो **उदीरिय** (पुप्फ २१६)।

**उउ** त्रि [ऋतु] १ ऋतु, दो मास का काल विशेष, वसन्त आदि छः प्रकार का काल (औप; अन्त ७); 'उऊए', 'उऊइं' (कप्प)। २ स्त्री-कुसुम, रजो-दर्शन, स्त्री-धर्म (ठा ५, २)। °**बद्ध** पुं [°बद्ध] शीत और उष्णकाल, वर्षा-काल के अतिरिक्त आठ मास का समय (ओघ २६; २६९; ३४८)। °**मास** पुं [°मास] १ श्रावण मास (वव १ टी)। २ तीस दिनवाला मास (सम)। °**य** वि [°ज] ऋतु में उत्पन्न, समय पर उत्पन्न होनेवाला (पण्ह २, ५; णाया १, १); 'उयग्रगुरुवर-पवरधूवणउउयमल्लाणुलेवणविहीसु। गंधेसु रज्जमाणा रमंति धाणिदियवसट्टा' (णाया १, १७)। °**संधि** पुंस्त्री [°संधि] ऋतु का सन्धि-काल, ऋतु का अन्त समय (आचा)। °**संवच्छर** पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (ठा ५)। देखो **उइ** = उउ।

**उउंबर** देखो **उंबर** = उदुम्बर (कुमा; हे १, २७०; षड्)।

**उउवद्विय** न [ऋतुबद्ध] मास-कल्प, एक मास तक एक स्थान में साधु का निवासानुष्ठान (आचा २, २, ७)।

**उऊखल** } पुंन [उदूखल] उलूखल, गूगल
**उऊहल** } (कुमा; षड्; हे १, १७१)।

**उएट्ट** पुं [दे] शिल्प विशेष (अणु १४९)।

**उओग्गिअ** वि [दे] सम्बद्ध, संयुक्त (षड्)।

**उं** अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ क्षेप, निन्दा। २ विस्मय। ३ खेद। ४ वितर्क। ५ सूचन (प्राक ७९)।

**उंघ** अक [नि + द्रा] नींद लेना। उंघइ। (हे ४, १२)।

**उंचहिआ** स्त्री [दे] चक्रधारा (दे १, १०९)।

**उंछ** पुंन [उञ्छ] भिक्षा (सूत्र १, २, ३ १४)।

**उंछ** पुं [उञ्छ] भिक्षा, माधुकरी (उप ६७७; ओघ ४२४)।

**उंछअ** पुं [दे] वस्त्र छापने का काम करने वाला शिल्पी, छापी; जो कपड़ा छापता है, छीट बनाता है वह (दे १, ९८; पाश्र)।

**उंज** सक [सिच्] सींचना, छीड़कना। उंजिज्जा (राज)। भवि—उंजिस्सइ (सुपा १३६)।

**उंज** सक [युज्] प्रयोग करना, जोड़ना; 'ग्रहमवि उंजेमि तह किंपि' (धम्म ८ टी)।

**उंजायण** न [उञ्जायन] गोत्र-विशेष, जो वशिष्ठ-गोत्र की एक शाखा है (ठा ७)।

**उंजिअ** वि [सिक्त] सिक्त, छीड़का हुआ (सुपा १३६)।

**उंड** } वि [दे] १ गभीर, गहरा (दे १,
**उंडग** } ८५; सुपा १५; उप १४७ टी; ठा
**उंडय** } १०; श्रा १६)। २ पुं. पिण्ड; 'बालाई मंसउडग मज्जाराई विराहेज्जा' (ओघ २४६ भा)। ३ चलते समय पाँव में पिण्ड रूप से लग जाय इतना गहरा कीचड़, कर्दम (ओघ ३३ भा)। ४ शरीर का एक भाग, मांस पिंड; 'हिययउंडए' (विपा १, ५)।

**उंडग** } न [दे] स्थंडिल, स्थान, जगह (दस
**उंडुअ** } ४, १, ५, १, ८७)।

**उंडल** न [दे] १ मञ्च, मचान, उच्चासन। २ निकर, समूह (दे १, १२९)।

**उंडिया** स्त्री [दे] मुद्रा-विशेष (राज)।

**उंडी** स्त्री [दे] पिण्ड, गोलाकार वस्तु; 'तत्थ णं एगा वरमऊरी दो पुट्ठे परियागते पिट्ठुंडीपंडुरे निव्वणे निरुवहए भिन्नमुट्ठिप्पमाणे मऊरीअंडए पसवति' (णाया १, ३)।

**उंदर** } पुंस्त्री [उन्दुर] मूषक, चूहा (गउड;
**उंदुर** } पण्ह १, १; उवा; दे १, १०२)।

**उंदु** न [दे] मुख, मुँह (अणु २९)। °**रुक्क** न [दे] मुँह से वृषभ आदि की तरह आवाज करना (अणु २९)।

**उंदुरअ** पुं [दे] लम्बा दिवस (दे २, १०५)।

**उंदुरु** पुंस्त्री [उन्दुरु] मूषक, चूहा (दस २, ७)।

**उंब** पुं [उम्ब] वृक्ष-विशेष, 'निबंबउंबउंबर' (उप १०३१ टी)।

**उंबर** पुं [उदुम्बर] १ वृक्ष-विशेष, गूलर का पेड़ (पण्ण १)। २ न. गूलर का फल (प्राप्र)। ३ देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी (दे १, ९०)। °**दत्त** पुं [°दत्त] १ यक्ष-विशेष (विपा १, ७)। २ एक सार्थवाह का पुत्र (विपा १, ७)। °**पंचग**, °**पणग** न [°पञ्चक] बड़, पीपल, गूलर, प्लक्ष और काकोदुम्बरी इन पांच वृक्षों के फल (सुपा ४६; भग ६, ३३)। °**पुप्फ** न [°पुष्प] गूलर का फूल (भग ६, ३३)।

**उंबर** वि [दे] बहुत, प्रचुर (दे १, ९०)।

**उंबरउप्फ** न [दे] नवीन अभ्युदय, अपूर्व उन्नति (दे १, ११९)।

**उंबरय** पुं [दे] कुष्ठ रोग का एक भेद (सिरि ११४)।

**उंबा** स्त्री [दे] बन्धन (दे १, ८६)।

**उंबी** स्त्री [दे] पका हुआ गेहूँ (दे १, ८६; सुपा ४७३)।

**उंबेभरिया** स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (पण्ण १)।

**उंभ** सक [दे] पूर्ति करना, पूरा करना (राज)।

**उकिट्ठ** देखो **उक्किट्ठ** (पिंग)।

**उकुरुडिया** [दे] देखो **उक्कुरुडिया** (निर १, १)।

**उक्क** वि [उत्क] १ उत्सुक, उत्कण्ठित (सुर ३, ५३)। एक विद्याधर राजा का नाम (पउम १०, २०)।

**उक्क** वि [उक्त] कथित (पिंग)।

**उक्क** न [दे] पाद-पतन, पांव पर गिर कर नमस्कार करना (दे १, ८५)।

**उक्कअ** वि [दे] प्रसृत, फैला हुआ (षड्)।

**उक्कंचण** } न [दे] १ झूठी प्रशंसा करना,
**उक्कंचणया** } खुशामद (णाया १, २)। २ ऊँचा करना, उठाना (सूअ २, २)। ३ झाड़ू निकालना (निचू ५)। ४ घूस, रिशवत (दसा २)। ५ मूर्ख पुरुष को ठगनेवाले धूर्त्त का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए निश्चेष्ट रहना (औप)। °**दीव** पुं [°दीप] ऊँचा दंडवाला प्रदीप (अन्त)।

**उक्कंछण** न [दे] देखो **उक्कंवण** (राज)।

**उक्कंठ** अक [उत् + कण्ठ्] उत्कण्ठा करना, उत्सुक होना। उक्कंठेहि (मै ७३)। वकृ. उक्कंठंत (मै ६३)। हेकृ. उक्कंठिदुं (शौ) (अभि १४७)।

**उक्कंठा** स्त्री [उत्कण्ठा] उत्सुकता, औत्सुक्य (हे १, २५; ३०)।

**उक्कंठिय** } वि [उत्कण्ठित] उत्सुक (गा
**उक्कंठिर** } ५४२; सुर ३, ८६; पउम ११,
**उक्कंठुलय** } ११८; वज्जा ६० )।

**उक्कंड** वि [उत्कण्डित] खूब छटा हुआ, विशेष कण्डित (पिंड १७१)।

**उक्कंडय** सक [उत्कण्टय्] पुलकित करना, 'दियसेवि मूअसंभावरणाए उक्कंटयंति अंगाइं' (गउड)।

**उक्कंडय** वि [उत्कण्टक] पुलकित, रोमाञ्चित (गउड)।

**उक्कंडा** स्त्री [दे] घूस, रिशवत (दे १, ९२)।

**उक्कंडिअ** वि [दे] १ आरोपित। २ खण्डित (षड्)।

**उक्कंत** वि [उत्क्रान्त] ऊँचा गया हुआ (भवि)।

**उक्कंति** } स्त्री [दे] देखो उक्कंदा (दे १,
**उक्कंती** } ८७)।

**उक्कंद** वि [दे] विप्रलब्ध, ठगा हुआ, वञ्चित (षड्)।

**उक्कंदल** वि [उत्कन्दल] अंकुरित (गउड)।

**उक्कंदि** } स्त्री [दे] कूपतुला (दे १, ८७)।
**उक्कंदी** }

**उक्कंप** अक [उत् + कम्प्] काँपना, हिलना।

**उक्कंप** पुं [उत्कम्प] कम्प, चलन (सण; गा ७३५ )।

**उक्कंपिय** वि [उत्कम्पित] १ चञ्चल किया हुआ (राज)। २. न. कम्प, हिलन; 'णीसासुक्कंपिअपुलइएहिं जाणंति णच्चिउं धरणा। अम्हारिसीहिं दिट्ठे, पिअम्मि अप्पावि वीसरिओ' (गा ३६१)।

**उक्कंपिय** वि [दे] धवलित, सफेद किया हुआ (कप्प)।

**उक्कंबण** न [दे·अवकम्बन] काठ पर काठ के हाते से घर की छत बाँधना, घर का संस्कार-विशेष (बृह १)।

**उक्कंबिय** वि [दे· अवकम्बित] काठ से बाँधा हुआ (राज)।

**उक्कच्छ** वि [उत्कच्छ] स्फुट, स्पष्ट (पिंग)।

**उक्कच्छा** स्त्री [उत्कच्छा] छन्द-विशेष (पिंग)।

**उक्कच्छिआ** स्त्री [औपकक्षिकी] जैन साध्वियों को पहनने का वस्त्र-विशेष (ओघ ६७७)।

**उक्कज्ज** वि [दे] अनवस्थित, चञ्चल (षड्)।

**उक्कट्ठि** स्त्री [अपकृष्टि] अपकर्ष, हानि (वृह १)।

**उक्कट्ठि** स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, 'महता उक्कट्ठिसीहणादकलकलरवेणं' (सुज्ज १९—पत्र २७८)। देखो उक्किट्ठि।

**उक्कड** वि [उत्कट] १ तीव्र, प्रचण्ड, प्रखर (णंदि; महा)। २ विशाल, विस्तीर्ण (कप्प; सुर १, १०६)। ३ प्रबल (उवा; सुर ६, १७२ )।

°**उक्कड** देखो दुक्कड (उप ६४६)।

**उक्कडिय** वि [दे] तोड़ा हुआ, छिन्न (पाअ)।

**उक्कडिय** देखो उक्कुडुय (कस)।

**उक्कड्ढ** सक [उत् + कर्षय्] उत्कृष्ट करना, बढ़ाना। उकड्ढए (कम्म ५, ९८ टी)।

**उक्कड्ढग** पुं [अपकर्षक] १ चोर की एक-जाति—जो घर से धन आदि ले जाते हैं। २ जो चोरों को बुलाकर चोरी कराते हैं। ३ चोर की पीठ ठोकने वाले, चोर के सहायक (पण्ह १, ३ टी)।

**उक्कड्ढिय** वि [उत्कर्षित] १ उत्पाटित, उठाया हुआ। २ एक स्थान से उठा कर अन्यत्र स्थापित (पिंड ३९१)।

**उक्कण्ण** वि [उत्कर्ण] सुनने के लिए उत्सुक (से ६, १६)।

**उक्कत्त** सक [उत् + कृत्] काटना, कतरना। वकृ. उक्कत्तंत (सुपा २१६)।

**उक्कत्त** वि [उत्कृत्त] कटा हुआ, छिन्न (विपा १, २)।

**उक्कत्तण** न [उत्कर्त्तन] काट डालना, छेदन (पुप्फ ३८४)।

**उक्कत्तिय** देखो उक्कत्त = उत्कृत्त (पउम ५६, २४)।

**उक्कत्थण** न [उत्कत्थन] उखाड़ना (पण्ह १, १)।

**उक्कप्प** पुं [उत्कल्प] शास्त्र-निषिद्ध आचरण (पंचभा)।

**उक्कनाह** पुं [दे] उत्तम अश्व की एक जाति (सम्मत्त २१६)।

**उक्कम** सक [उत् + क्रम्] १ ऊँचा जाना। २ उलटे क्रम से रखना। वकृ. उक्कमंत (आवम)। संकृ. उक्कमिऊणं (विसे ३५३१)।

**उक्कम** पुं [उत्क्रम] उलटा क्रम, विपरीत क्रम (विसे २७१)।

**उक्कमण** न [उत्क्रमण] ऊर्ध्व गमन। २ बाहर जाना (सम्मु १७२)।

**उक्कमिय** वि [उपक्रान्त] १ प्रारब्ध। २ क्षीण; 'अब्भागमितम्मि वा दुहे, अहवा उक्कमिते भवंतीए। एगस्स गती य आगती, विदुमं ता सरणं ण मन्नइ।' (सूअ १, २, ३, १७)।

**उक्कर** सक [उत् + कृ] खोदना। कवकृ. उक्करिज्जमाण (आवम)।

**उक्कर** पुं [उत्कर] १ समूह, संघात; 'सक्क-रुक्कररसड्ढे' (सुपा ५१८)। २ कर-रहित, राज-देय शुल्क से रहित (णाया १, १)।

**उक्करड** देखो उक्कर = उत्कर; 'कस्सावि उत्तरीयं गहिऊण कओ अ उक्करडो' (सिरि ७९५)।

**उक्करड** पुं [दे] १ अशुचि-राशि। २ जहाँ मैला इकट्ठा किया जाता है वह स्थान (आ २७; सुपा ३५५)।

**उक्करिअ** वि [दे] १ विस्तीर्ण, आयत। २ आरोपित। ३ खण्डित (षड्)।

**उक्करिअ** वि [उत्कीर्ण] खोदित, खोदा हुआ; 'टंकुक्करियव्व निच्चलनिहित्तलोयणा' (महा)।

**उक्करिद** (शौ) वि [उत्कृत] ऊँचा किया हुआ (स्वप्न ३६)।

**उक्करिया** स्त्री [उत्करिका] जैसे एरण्ड के बीज से उसका छिलका अलग होता है उस तरह अलग होना, भेद-विशेष (भग ५, ४)।

**उक्करिस** सक [उत्+कृष्] १ खींचना। २ गर्व करना, बड़ाई करना। वकृ. उक्करिसंत (से १४, ६)।

**उक्करिस** देखो उक्करस = उत्कर्ष (उव; विसे १७९६)।

**उक्करिसण** न [उत्कर्षण] १ उत्कर्ष, बड़ाई, महत्व। २ स्थापन, आधान;
'उम्मिल्लइ लायण्णं
पययच्छायाए सक्कय वयाणं।
सक्कयसक्कारुक्करिसणेण
पययस्सवि पहावो ॥' (गउड)।

**उक्करिसिय** वि [उत्कृष्ट] खींच निकाला हुआ, उन्मूलित (से १४, ३)।

**उक्कल** देखो **उक्कड** (ठा ५, ३)।

**उक्कल** अक [उत् + कल्] उत्कट रूप से बरतना। उक्कलइ (सुख २, ३७)।

**उक्कल** वि [उत्कल] १ धर्म-रहित। २ न. चोरी (पण्ह १, ३, टी)। ३ पुं. देश-विशेष, जिसको आजकल 'उड़िया' या 'उड़ीसा' कहते हैं (प्रबो ७८)।

**उक्कलंब** सक [उत् + लम्बय्] फाँसी लटकाना। उक्कलंबेमि (स ६३)।

**उक्कलंबण** न [उल्लम्बन] फाँसी लटकाना। (स ३५८)।

**उक्कला** देखो **उक्कलिया** (उत्त ३६, १३८)।

**उक्कलिय** वि [दे] उबला हुआ; गुजराती में 'उकलेलु'; 'उसिणोदगं तिदंडुक्कलियं' (विचार २६७)।

**उक्कलिया** स्त्री [उत्कलिका] १ लूता, मकड़ी एक प्रकार का कीड़ा जो जाल बनाता है; 'उक्कलियंडे' (कप्प)। २ नीचे की तरफ बहनेवाला वायु (जी ७)। ३ छोटा समुदाय, समूह-विशेष (ठा ३, १)। ४ लहरी, तरंग (राज)। ५ ठहर-ठहर कर तरंग की तरह चलनेवाला वायु (आचा)।

**उक्कस** सक [गम्] जाना, गमन करना। उक्कसइ (हे ४, १६२; कुमा)। प्रयो. उक्कसावेइ। वकृ. **उक्कसावंत** (निचू १०)।

**उक्कस** देखो **ओकस**। वकृ. **उक्कसमाण** (कस)। हेकृ. **उक्कसित्तए** (आचा २, ३, १, १५)।

**उक्कस** देखो **उक्कुस** (कुमा)।

**उक्कस** देखो **उक्कस्स** = उत्कर्ष (सूअ १, १, ४, १२); 'तवस्सी अइउक्कसो' (दस ५, २, ४२)।

**उक्कसण** न [उत्कर्षण] १ अभिमान करना (सूअ १, १३)। २ ऊँचा जाना। ३ निवर्तन, निवृत्ति। ४ प्रेरणा (राज)।

**उक्कसाइ** वि [उत्कशायिन्] सत्कारादि के लिए उत्कण्ठित (उत्त ३)।

**उक्कसाइ** वि [उत्कषायिन्] प्रबल कषाय-वाला (उत्त १५)।

**उक्कस्स** अक [अप + कृष्] १ ह्रास प्राप्त होना, हीन होना। २ फिसलना, गिरना, पैर रपटने से गिर जाना। वकृ. **उक्कस्समाण** (ठा ५)।

**उक्कस्स** पुं [उत्कर्ष] १ गर्व, अभिमान (सूअ १, १, ४, २)। २ अतिशय, उत्कृष्टता (भवि)।

**उक्कस्स** वि [उत्कर्षवत्] १ उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा; 'उक्कस्सठिईयाणं' (ठा १, १,); 'उक्कस्सा उदीरणाया' (कम्मप १६६)। २ अभिमानी, गर्विष्ठ (सूअ १, १)।

**उक्का** स्त्री [उल्का] १ लूका, आकाश से जो एक प्रकार का अंगार सा गिरता है (ओघ ३१० भा; जी ६)। २ छिन्न-मूल दिग्दाह (आचू)। ३ अग्नि-पिण्ड (ठा ८)। ४ आकाशान्वह्नि (दस ४)। °**मुह** पुं [°मुख] १ अन्तर्द्वीप-विशेष। २ उसके निवासी लोक (ठा ४, २)। °**वाय** पुं [°पात] तारा का गिरना, लूका गिरना। (भग ३, ६)।

**उक्का** स्त्री [दे] कूप-तुला (दे १, ८७)।

**उक्काम** सक [उत् + क्रामय्] दूर करना, पीछे हटाना; 'उक्कामयंति जीवं धम्माओ तेण ते कामा' (दसनि २—पत्र ८७)।

**उक्कारिया** देखो **उक्करिया** (पण्ण ११; भास ७)।

**उक्कालिय** वि [उत्कालिक] वह शास्त्र, जिसका अमुक समय में ही पढ़ने का विधान न हो (ठा २, १)।

**उक्कास** देखो **उक्कस्स** = उत्कर्ष (भग १२, ५)।

**उक्कास** वि [दे] उत्कृष्ट, ज्यादा से ज्यादा (षड्)।

**उक्कासिअ** वि [दे] उत्थित, उठा हुआ (दे १, ११४)।

**उक्किट्ठ** वि [उत्कृष्ट] १ ज्यादा (पव—गा १५)। २ पुंन. इमली आदि के पत्तों का समूह (दस ५, १, ३४)। ३ लगातार दो दिन का उपवास (संबोध ५८)।

**उक्किट्ठ** वि [उत्कृष्ट] १ उत्कृष्ट, उत्तम (हे १, १२८; दं २६)। २ फल का शस्त्र द्वारा किया हुआ टुकड़ा (दस ५, १, ३४)।

**उक्किट्ठि** स्त्री [उत्कृष्टि] हर्षध्वनि, आनन्द की आवाज (औप; भग २, १)। देखो **उक्कट्ठि**।

**उक्किण्ण** वि [उत्कीर्ण] १ खोदित, खोदा हुआ (अभि १८२)। २ नष्ट (आचू २)।

**उक्कित्त** वि [उत्कृत्त] कटा हुआ (से ५, ५१)।

**उक्कित्तण** न [उत्कीर्तन] १ कथन (पउम ११८, ६३)। २ प्रशंसा, श्लाघा (चउ १)।

**उक्कित्तिय** वि [उत्कीर्त्तित] कथित, कहा हुआ (सुज्ज २० टी)।

**उक्किन्न** वि [उत्कीर्ण] १ चर्चित, उपलिप्त; 'चंदणोक्किन्नगायसरीरे' (तंदु २६)। २ खोदा हुआ (दसनि २, १७)।

**उक्किर** सक [उत् + कॄ] खोदना, पत्थर आदि पर अक्षर वगैरह का शस्त्र से लिखना। उक्किरइ (पि ४७७)।

**उक्किरणग** न [उत्करणक] अक्षत आदि से बढ़ाना, बधावा, वर्धापन; 'पुप्फारुहणगाइं उक्किरणगाइं। पूर्यं च चेइयाणं तेवि सरज्जेसु कारिंति' (धर्मवि ४६)।

**उक्किरिय** देखो **उक्करिअ** = उत्कीर्ण (श्रा १४; सुपा ५१८)।

**उक्कीर** देखो **उक्किर**। उक्कीरसि (अणु)। वकृ. **उक्कीरमाण** (अणु)।

**उक्कीरिअ** देखो **उक्करिअ** = उत्कीर्ण (उप पृ ३१५)।

**उक्कीलिय** न [उत्क्रीडित] उत्तम क्रीड़ा (पउम ११५, ६)।

**उक्कीलिय** वि [उत्कीलित] कीलक से नियंत्रित, 'उक्कीलिउव्व परिथंभिउव्व सुन्नुव्व मुक्कजीउव्व' (सुपा ४७५)।

**उक्कुंचण** न [उत्कुञ्चन] ऊँचे चढ़ाना (सूअ २, २, ६२)।

**उक्कुंड** वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे १, ६१)।

**उक्कुक्कुर** अक [उत् + स्था] उठना, खड़ा होना। उक्कुक्कुरइ (हे ४, १७, षड्)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उक्कुज्ज** अक [ उत् + कुब्ज् ] ऊँचा होकर नीचा होना। संकृ. **उक्कुज्जिय** (आचा)।

**उक्कुजिय** न [उत्कूजित] अव्यक्त शब्द (नीचू)।

**उक्कुट्ठ** न [उत्कृष्ट] वनस्पति का कूटा हुआ चूर्ण (आचा; निचू १, ४)।

**उक्कुट्ठ** वि [उत्कृष्ट] ऊँचे स्वर से आकृष्ट (दे १, ४७)।

**उक्कुडुग**, **उक्कुडुय** } वि [उत्कुटुक] आसन-विशेष, निषद्या-विशेष (भग ७, ६; ओघ १५६ भा; णाया १, १)। स्त्री. **उक्कुडुई** (ठा ५, १)। **°सणिय** वि [°सनिक] उत्कुटुक-आसन से स्थित (ठा ५, १)।

**उक्कुद्द** अक [उत् + कूर्द्] कूदना, उछलना। **उक्कुद्दइ** (उत्त २७, ५)।

**उक्कुरुआ** देखो **उक्कुरुडिया** (ती ११)।

**उक्कुरुड** पुं देखो **उक्कुरुडी** (कुप्र ५५)।

**उक्कुरुड** पुं [दे] राशि, ढेर (दे १, ११०)।

**उक्कुरुडिगा**, **उक्कुरुडिया**, **उक्कुरुडी** } स्त्री [दे] घूरा, कूड़ा डालने की जगह (उव ५६३ टी; विपा १, १, णाया १, २; दे १, ११०)।

**उक्कुस** सक [ गम् ] जाना, गमन करना। **उक्कुसइ** (हे ४, १६२)।

**उक्कुस** वि [उत्कृष्ट] उत्तम, श्रेष्ठ (कुमा)।

**उक्कूइय** न [उत्कूजित] अव्यक्त महा-ध्वनि (पण्ह १, १)।

**उक्कूल** वि [उत्कूल] १ सन्मार्ग से भ्रष्ट करनेवाला। २ किनारे से बाहर का। ३ न. चोरी (पण्ह १, ३)।

**उक्कूव** अक [ उत् + कूज् ] अव्यक्त आवाज करना, चिल्लाना। वकृ. **उक्कूवमाण** (विपा १, ८; निर ३, १)।

**उक्केर** पुं [उत्कर] १ समूह, राशि, ढेर (कुमा; महा)। २ करण-विशेष, कर्मों की स्थित्यादि को बढ़ाना (विसे २५१४)। ३ भिन्न, एरण्ड के बीज की तरह जो अलग किया गया हो वह (राज)।

**उक्केर** पुं [दे] उपहार, भेंट (दे १, ९६)।

**उक्केल्लाविय** वि [ दे ] उकेलाया हुआ, खुलवाया हुआ; 'राइणा उक्केलियाइं चोल्लगाइं, निरूवियाइं समन्तओ, जाव दिट्ठं कत्थइ सुवण्णं, कत्थइ रुप्पयं, कत्थइ मणिमोत्तियपवालाइं' (महा)।

**उक्कोट्टिय** वि [दे] अवरोध-रहित किया हुआ, घेरा उठाया हुआ (स ६३९)।

**उक्कोड** न [दे] राज-कुल में दातव्य द्रव्य, राजा आदि को दिया जाता उपहार (वव १ टी)।

**उक्कोडा** स्त्री [दे] घूस, रिशवत (दे १, ९२; पण्ह १, ३; विपा १, १)।

**उक्कोडिय** वि [दे] घूस लेकर कार्य करनेवाला, घुसखोर (णाया १, १; औप)।

**उक्कोडी** स्त्री [दे] प्रतिशब्द, प्रतिध्वनि (दे १, ९४)।

**उक्कोय** वि [उत्कोप] प्रखर, उत्कट (सण)।

**उक्कोयण** देखो **उक्कोवण** (भवि)।

**उक्कोया** स्त्री [उत्कोचा] १ घूस, रिशवत। २ मूर्ख को ठगने में प्रवृत्त धूर्त पुरुष का, समीपस्थ विचक्षण पुरुष के भय से थोड़ी देर के लिए अपने कार्य को स्थगित करना (राज)।

**उक्कोल** पुं [दे] घाम, धूप, गरमी (दे १, ८७)।

**उक्कोवण** न [उत्कोपन] उद्दीपन, उत्तेजन; 'मयणुक्कोवण' (भवि)।

**उक्कोविअ** वि [उत्कोपित] अत्यंत क्रुद्ध किया हुआ (उप पृ ७८)।

**उक्कोस** सक [ उत् + क्रुश् ] १ रोना, चिल्लाना। २ तिरस्कार करना। वकृ. **उक्कोसंत** (राज)।

**उक्कोस** वि [उत्कर्ष] उत्कृष्ट, प्रधान, मुख्य (पंचा १, २)।

**उक्कोस** पुं [उत्कर्ष] १ प्रकर्ष, अतिशय; 'उक्कोसजहन्नेणं अंतमुहुत्तं चिय जियंति' (जी ३८; औप)। २ गर्व, अभिमान (सूअ १, २, २, २९; सम ७१; ठा ४, ४—पत्र २७४)।

**उक्कोस** वि [उत्कृष्ट] उत्कृष्ट, अधिक से अधिक; 'सुरनेरइयाण ठिई उक्कोसा सागराणि तित्तीसं' (जी ३६); 'कोसतिगं च मणुस्सा उक्कोससरीरमाणेणं' (जी ३२); 'तओ वियडत्तीओ पडिगाहित्तए, तं जहा—उक्कोसा, मज्झिमा, जहण्णा' (ठा ३; उव)।

**उक्कोस** पुं [उत्क्रोश] १ कुरर, पक्षि-विशेष (पण्ह १, १)। २ वि. जोर से चिल्लानेवाला (राज)।

**उक्कोसण** न [उत्क्रोशन] १ क्रन्दन। २ निर्भर्त्सन, तिरस्कार;

'उक्कोसणतज्जणताडणाओ
अवमाणहीलणाओ य।
मुणिणो मुणियपरभवा
दढप्पहारिव्व विसहंति' (उव)।

**उक्कोसा** स्त्री [उत्कोशा] कोशानामक एक प्रसिद्ध वेश्या (धर्म वि ६७)।

**उक्कोसिअ** वि [उत्क्रोशित] भर्त्सित, तिरस्कृत, दुतकारा हुआ (उप पृ ७८)।

**उक्कोसिअ** वि [उत्कर्षिन्] देखो **उक्कोस** = उत्कृष्ट (कप्प; भत्त ३७)।

**उक्कोसिअ** पुं [उत्कौशिक] १ गोत्र-विशेष का प्रवर्तक एक ऋषि। २ न. गोत्र-विशेष; 'थेरस्स णं अज्जवइरसेणस्स उक्कोसियगोत्तस्स (कप्प)।

**उक्कोसिअ** वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (षड्)।

**उक्कोसिया** स्त्री [उत्कृष्टि] उत्कर्ष, आधिक्य (भग)।

**उक्कोस्स** देखो **उक्कोस** = उत्कृष्ट (विसे ५८७)।

**उक्ख** सक [ उक्ष् ] सींचना (सूअ २, २, ५५)।

**उक्ख** [उक्ष] १ संबन्ध (राज)। २ जैन साध्वियों के पहनने के वस्त्र-विशेष का एक अंश (बृह १)।

**उक्ख** देखो **उच्छ** = उक्षन् (पाअ)।

**उक्खइअ** वि [उत्खचित] व्याप्त, भरा हुआ (से १, ३३)।

**उक्खंड** सक [उत् + खण्डय्] तोड़ना, टुकड़ा करना। वकृ. **उक्खंडंत** (नाट)।

**उक्खंड** पुं [दे] १ संघात, समूह। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १, १२६)।

**उक्खंडण** न [उत्खण्डन] उत्कर्तन, विच्छेदन (विक्र २८)।

**उक्खंडिअ** वि [उत्खण्डित] खण्डित, छिन्न (से ५, ४३)।

**उक्खंडिअ** वि [दे] आक्रान्त, दबाया हुआ (से १, ११२)।

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

**उक्खंद** पुं [अवस्कन्द] १ घेरा डालना। २ छल से शत्रु-सैन्य को मारना (पराह १, २)।
**उक्खंभ** पुं [उत्तम्भ] अवलम्ब, सहारा (संथा)।
**उक्खंभिय** देखो उत्थंभिय (भवि)।
**उक्खंभिय** न [औत्तम्भिक] अवलम्ब, सहारा (राज)।
**उक्खडमड्डा** अ [दे] पुनः पुनः, बारंबार; 'उक्खडमड्डुत्ति वा भुञ्जो भुञ्जोत्ति वा पुणो पुणोत्ति वा एगट्ठा' (वव १)।
**उक्खण** सक [उत् + खन्] उखाड़ना, उन्मूलन करना, काटना। उक्खणाड्ढ (पराह १, १)। संकृ. उक्खणिऊण (नीचू १)। कर्म. उक्खम्मंति (पि ५४०)। कवकृ. उक्खम्मंत (से ७, २८)। कृ. उक्खम्मिअव्व (से १०, २६)।
**उक्खण** सक [दे] खाँड़ना, मुसल वगैरह से व्रीहि आदि का छिलका दूर करना (दे १, ११५)।
**उक्खण** वि [दे] अवकीर्ण, चूर्णित (षड्)।
**उक्खणण** न [उत्खनन] उन्मूलन, उत्पाटन (वराह १, १)।
**उक्खणण** न [दे] खाँड़ना, निस्तुषीकरण (दे १, ११५ टी)।
**उक्खणिअ** न [दे] खरिडत, निस्तुषीकृत (दे १, ११५)।
**उक्खत्त** देखो **उक्खय** (पि ६०; १६३; ५६६)।
**उक्खम्म**° देखो **उक्खण** = उत् + खन्।
**उक्खय** वि [उत्खात] १ उखाड़ा हुआ, उन्मूलित (गाया १, ७; हे १, ६७; षड्; महा)। २ खुला हुआ, उद्घाटित;
'एत्थन्तरम्मि पत्तो, सुदाढविज्जाहरो तहिं भवणे।
उक्खयखग्गा दिट्ठा, जूयारा तेणवि दुवारे'
(सुवा ४००)।
**उक्खल** } देखो उऊखल (हे २, ६०; सूअ
**उक्खलग** } १, ४, २, १२)।
**उक्खलिय** वि [दे. उत्खण्डित] उन्मूलित, उत्पाटित (से ६, २६)।
**उक्खलिया** } स्त्री [दे] थाली, पात्र-विशेष
**उक्खली** } (दे १, ८८); 'उक्खलिया थाली जा साधुणिमित्तं सा आहाकम्मिया' (निचू १)।

**उक्खा** स्त्री [ऊखा] स्थाली, भाजन-विशेष (आचा २, १, १)।
**उक्खाइद** (शौ) वि [उत्खातित] उद्धृत (उत्तर ६७)।
**उक्खाय** देखो **उक्खय** (हे १, ६७; गा २७३)।
**उक्खाल** सक [उत् + खन्, खालय्] उखाड़ना, उन्मूलन करना। संकृ. उक्खलइत्ता (रंभा)।
**उक्खिण** देखो **उक्खण** = उत् + खन्। उक्खिणमि (भवि)। संकृ. उक्खिणिवि (अप) (भवि)।
**उक्खिण्ण** वि [दे] १ अवकीर्ण, ध्वस्त, चूर्णित। २ आच्छन्न, गुप्त। ३ पार्श्व में शिथिल, एक तरफ से ढीला (दे १, १३०)।
**उक्खित्त** } वि [उत्क्षिप्त] १ फेंका हुआ।
**उक्खित्तय** } २ ऊँचा उड़ाया हुआ (पाअ)। ३ ऊँचा किया हुआ (गाया १, १)। ४ उन्मूलित, उत्पाटित (राज)। ५ बाहर निकाला हुआ (पराह २, १)। ६ उत्क्षिप्त (पिंग)। ७ न. गेय-विशेष (राय; ठा ४, ४)। °चरय वि [°चरक] पाक पात्र से बाहर निकाले हुए भोजन को ही ग्रहण करने का नियमवाला (साधु) (पराह २, १)।
**उक्खिप्प** देखो **उक्खिव** = उत् + क्षिप्।
**उक्खिय** वि [उक्षित] सिक्त, सींचा हुआ; 'चंदणोक्खियगायसरीरे' (सूअ २, २, ५५; कप्पू)।
**उक्खिल्ल** सक [दे] उखाड़ना। प्रयो.; हेकृ. 'उक्खिल्लाविउ माढत्तो थूभो' (ती ७)।
**उक्खिव** सक [उप + क्षिप्] स्थापन करना, 'सुयस्स य भगवओ चेव नामं उक्खिविस्सामो' (स १६२)।
**उक्खिव** सक [उत् + क्षिप्] १ फेंकना। २ ऊँचा फेंकना। ३ उड़ाना। ४ बाहर करना। ५ काटना। ६ उठाना। उक्खिवेइ (सूक्त ५६)। वकृ. 'पाएवि उक्खिवंती न लज्जति एाट्टिया सुणेवत्था' (बृह ३)। संकृ. उक्खिविउं; उक्खिप्प (पि ५७५; आचा २, २, ३)। कवकृ. उक्खिप्पंत, उक्खिप्पमाण (से ६, ३५; पराह १, ४), उच्छिप्पंत (से २, १३)।

**उक्खिवण** न [उत्क्षेपण] १ फेंकना, दूर करना। २ वि. दूर करनेवाला (कुमा)।
**उक्खिवणा** स्त्री [उत्क्षेपणा] बाहर करना, दूर करना (बृह १)।
**उक्खिविय** देखो **उक्खित्त** (सुर २, १८०)।
**उक्खुंड** पुं [दे] १ उल्मुक, अलात, मशाल। २ समूह। ३ वस्त्र का एक अंश, अञ्चल (दे १, १२६)।
**उक्खुड** सक [तुड्] तोड़ना, टुकड़ा करना। उक्खुडइ (हे ४, ११६)।
**उक्खुडिअ** वि [तुडित] १ खण्डित, छिन्न, भिन्न (कुमा; से ४, २१; सुपा २६२)। २ व्यय किया हुआ, खर्च किया हुआ;
'एत्तियकाला इरिंह, उक्खुडियं
सालिमाइयं नाउं।
तुह जोग्गं तो सहसा,
पुणो पुणो कुट्टियं हिययं'
(सुपा १५)।
**उक्खुत्त** वि [दे. उत्कृत्त] काटा हुआ, 'रसणु दुरदंतुक्खुत्तविसंवलियं तिलच्छेत्तं' (गा ७६६)।
**उक्खुब्भ** अक [उत् + क्षुभ्] क्षुब्ध होना। उक्खुब्भइ (प्राकृ ७५)।
**उक्खुरुहुंचिअ** वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (दे १, ४)।
**उक्खुलंप** सक [दे] खुजवाना। संकृ. उक्खुलंपिय (आचा २, १, ६, २)।
**उक्खुहिअ** वि [उत्क्षुब्ध] क्षुब्ध, क्षोभ-प्राप्त (से ७, १६)।
**उक्खेव** पुं [उत्क्षेप] १ उत्पाटन, उन्मूलन (औप)। २ ऊँचा करना (गउड)। ३ जो उठाया जाय वह; 'उक्खेवे निक्खेवे महल्लभाणम्मि' (पिंड ५७०)।
**उक्खेव** पुं [उपक्षेप] उपोद्घात, भूमिका (उवा; विपा १, २, ३, ४)।
**उक्खेवग** वि [उत्क्षेपक] १ ऊँचा फेंकनेवाला। २ पुं. एक जाति का पंखा, व्यजनविशेष (पराह २, ५)।
**उक्खेवण** न [उत्क्षेपण] १ फेंकना (पउम ३७, ५०)। २ उन्मूलन, उत्पाटन (सूअ २, १)।

**उक्खेविअ** वि [उत्क्षेपित] जलाया हुआ (धूप) (भवि)।

**उक्खोडिअ** वि [उत्खोटित] १ उत्क्षिप्त, उड़ाया हुआ (पाअ)। २ छिन्न, उखाड़ा हुआ (दे १, १०५; १११)।

**उग** अक [उत् + गम्] उदित होना। उगइ (नाट)।

**उग** (अप) वि [उद्गत] उदित (पिंग)।

**उगाहिअ** वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (षड्)।

**उगुणपन्न** स्त्रीन [एकोनपञ्चाशत्] ऊनपचास, ४९ (सुज्ज १०, ६ टी)।

**उगुणवीसा** स्त्री [एकोनविंशति] उन्नीस, १९ (सुज्ज १०, ६ टी)।

**उगुणुत्तर** न [एकोनसप्तति] उनहत्तर, ६९; 'उगुणुत्तराई' (सुज्ज १०, ६ टी)।

**उगुनउइ** स्त्री [एकोननवति] नवासी, ८९ (कम्म ६, ३०)।

**उगुसीइ** स्त्री [एकोनाशीति] उनासी, ७९ कम्म ६, ३०)।

**उग्ग** अक [उद् + गम्] उदित होना। उग्गे (पिंग)। वकृ. उग्गंत; 'देव ! पणयजणकल्लाणकंदुट्टविसट्टणुग्गंतमिह-(?हि)। राणुगारिणो' (धर्मा ५)।

**उग्ग** सक [उद् + घाटय्] खोलना। उग्गइ (हे ४, ३३)।

**उग्ग** वि [उग्र] १ तेज, तीव्र, प्रबल (पउम ८३, ४)। २ पुं. क्षत्रिय की एक जाति, जिसको भगवान् आदिदेव ने आरक्षक-पद पर नियुक्त की थी (ठा ३, १)। °वई स्त्री [°वती] ज्योतिः-शास्त्र-प्रसिद्ध नन्दा-तिथि की रात (जं ७)। °सिरि पुं [°श्रीक] राक्षस वंश का एक राजा, स्वनाम-ख्यात एक लंकेश (पउम ५, २६४)। °सेण पुं [°सेन] मथुरा नगरी का एक यदुवंशीय राजा (णाया १, १६; अंत)।

**उग्गंठ** सक [उत् + ग्रन्थ्] खोलना, गाँठ खोलना। संकृ. उग्गंठिऊण (हम्मीर १७)।

**उग्गंध** वि [उद्गन्ध] अत्यन्त सुगन्धित (गउड)।

**उग्गच्छ** } अक [उद् + गम्] उदय होना। उग्गच्छदि (शौ) (नाट)।
**उग्गम** }

उग्गमइ (वज्जा १६)। उग्गमेज्ज (काल)। वकृ. **उग्गमंत, उग्गममाण** (सुपा ३८; पण्ह १)।

**उग्गम** पुं [उद्गम] १ उत्पत्ति, उद्भवः 'तत्थुग्गमो पसूई पभवो एमाई होंति एगट्ठा' (राज)। २ उदयः 'सूरुग्गमो' (सुर ३, २५०)। ३ उत्पत्ति से सम्बन्ध रखनेवाला एक भिक्षा-दोष (ओघ ९५; १३० भाः ठा १०)।

**उग्गमण** न [उद्गमन] उदय (सिरि ४२८; सुज्ज ९)।

**उग्गमिय** वि [उद्गमित] उपार्जित (निचू २)।

**उग्गय** वि [उद्गत] उत्पन्न, जात (आव ३)। २ उदित, उदय-प्राप्त (सुर ३, २४७)। ३ व्यवस्थित (राज)।

**उग्गह** सक [रचय्] रचना, बनाना, निर्माण करना। करना। उग्गहइ (हे ४,९४)।

**उग्गह** सक [उद् + ग्रह्] ग्रहण करना। उग्गहेइ (भग)। संकृ. **उग्गहित्ता** (भग)।

**उग्गह** पुं [अवग्रह] इन्द्रिय द्वारा होनेवाला सामान्य ज्ञान-विशेष (विसे)। २ अवधारण, निश्चय (उत्त)। ३ प्राप्ति, लाभ (आचू)। ४ पात्र, भाजन (पंचा ३)। ५ साध्वियों का एक उपकरण (ओघ ६६६; ६७६)। ६ योनिद्वार (बृह ३)। ७ ग्रहण करने योग्य वस्तु (पण्ह १, ३)। ८ आश्रय, आवास-स्थान, वसति (आचा); 'आहापडिरूवं उग्गहं ओगिन्हित्ता' (णाया १, १)। ९ वह वस्तु, जिसपर अपना प्रभुत्व हो, अधीन चीज (बृह ३)। १० देव या गुरु से जितनी दूरी पर रहने का शास्त्रीय विधान है उतनी जगह, मर्यादित भू-भाग, गुर्वादि की चारों तरफ की शरीर-प्रमाण जमीन; 'अणुजाणह मे मिउग्गहं' (पडि)। °णंत, °णंतग न [°ानन्त, °क] जैन साध्वियों का एक गुह्याच्छादक वस्त्र, जांघिया, लँगोटः 'छादंतोग्गहणंतं' (बृह ३)। °पट्ट, °पट्टग पुंन [°पट्ट, °क] देखो पूर्वोक्त अर्थः 'नो कप्पइ निग्गंथाणं उग्गहणंतगं वा उग्गहपट्टगं वा धारित्तए वा परिहरित्तए वा' (बृह ३)।

**उग्गह** पुं [अवग्रह] परोसने के लिए उठाया हुआ भोजन (सूअ २, २, ७३)।

**उग्गहण** न [अवग्रहण] इन्द्रिय द्वारा होनेवाला सामान्य ज्ञानः 'अत्थाणं उग्गहणं अवग्गहं' (विसे १७९)।

**उग्गहिअ** वि [रचित] १ निर्मित, विहित (कुमा)।

**उग्गहिअ** वि [अवगृहीत] १ सामान्य रूप से ज्ञात। २ परोसने के लिए उठाया हुआ (ठा १)। ३ गृहीत। ४ आनीत। ५ मुख में प्रक्षिप्त; 'तिविहे उग्गहिए पण्णत्ते;—जं च उग्गिण्हइ, जं च साहरइ, जं च आसगंसि पक्खिवति' (वव २, ८)।

**उग्गहिअ** वि [दे] निपुण-गृहीत, अच्छी तरह लिया हुआ (दे १, १०४)।

**उग्गा** सक [उद् + गै] १ ऊँचे स्वर से गान करना। २ वर्णन करना। ३ श्लाघा करना; 'उग्गाइ गाइ हसइ,
असंवुडो सय करेइ कंदप्पं।
गिहिकज्जचिंतगो वि य,
ओसन्ने देइ गेण्हइ वा' (उव)।
वकृ. **उग्गायंत** (सुर ८, १८९)। कवकृ. **उग्गीयमाण** (पउम ३, ४१)।

**उग्गाढ** वि [उद्गाढ] १ अति गाढ़, प्रबल (उप ९८६ टीः सुपा ९४)। २ स्वस्थ, तन्दुरुस्त (बृह १)।

**उग्गामिय** वि [उद्गमित] ऊपर उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ (सुख १, १४)।

**उग्गायंत** देखो **उग्गा**।

**उग्गार** } पुं [उद्गार] १ वचन, उक्तिः 'ते पिसुणा जे ण सहंति णिग्गुणा परगुणुग्गारे' (गउड)। २ शब्द, आवाज, ध्वनिः 'तियसरहपेल्लियघणो एणहर्दुदुहिबहलगज्जिउग्गारो', 'अहिताडियकंसुग्गारझंझणापडिरवाहोओ' (गउड)। ३ डकार। ४ वमन, ओकाई (नाटः कस); 'जिणझाणानलणउज्झंतमयणधूमुग्गारेणं पिव···केसकलावेणं (स ३१३; निचू १०)। ५ जल का छोटा प्रवाह; 'उग्गालो छिल्लोलो' (पाअ)। ६ रोमन्थ, पगुरानाः 'रोमंथो उग्गालो' (पाअ)।
**उग्गाल** }

**उग्गाल** पुं [दे. उद्गाल] पान की पिचकारी (पव ३८)।

उग्गाल पुं [उद्गार] विनिर्गम, बाहर निकलना (वव १)।

उग्गाह सक [उद् + ग्रह्] ग्रहण करना; 'भायणवत्थाईं पमज्जइ, पमज्जइत्ता भायणाईं उग्गाहेइ' (उवा)। संकृ- 'उग्गाहेत्ता जेणेव समणे भगवं महावीरे तेणेव उवागच्छइ' (उवा)।

उग्गाह सक [अव + गाह्] अवगाहन करना, 'उग्गाहेंति नाणाविहाओ चिगिच्छासंहियाओ' (स १७)।

उग्गाह सक [उद् + ग्राहय्] १ तगादा करना। २ ऊँचे से चलना। उग्गाहइ (प्राकृ ७२)।

उग्गाह पुं. देखो उग्गाहा (पिंग)।

उग्गाहण न [उद्ग्राहण] तगादा, दी हुई चीज की माँग (सुपा ५७८)।

उग्गाहणिआ स्त्री [उद्ग्राहणिका] ऊपर देखो, 'उच्चारणपालयाणं पासम्मि गओ तया सोवि। उग्गाहणियाहेउं' (सुपा ६३२)।

उग्गाहणी स्त्री [उद्ग्राहणी] ऊपर देखो (द्र ६)।

उग्गाहा स्त्री [उद्गाथा] छन्द-विशेष (पिंग)।

उग्गाहिअ वि [दे. उद्ग्राहित] १ गृहीत, लिया हुआ। २ उत्क्षिप्त, फेंका हुआ। ३ प्रवर्तित (दे १, १३७)। ४ उच्चालित, ऊँचे से चलाया हुआ (पाअ; स २१३)।

उग्गाहिम वि [अवगाहिम] तली हुई वस्तु। (पण्ह २, ५)।

उग्गिण्ण } वि [उद्गीर्ण] १ उक्त, कथित
उग्गिन्न } (भवि)। २ वान्त, उद्गीर्ण (णाया १, १)। ३ उठाया हुआ, ऊपर किया हुआ;

'उग्गिन्नखग्गमबलं अवलोइय
नरवईवि विम्हइओ।
चिंतेइ अहो धट्ठा, मज्झ वहट्ठा
इह पविट्ठा' (सुर १६, १४७);
'निद्दय ! निययबिणीवह-
कलंकमलिणोव्व रे तुमं जाओ।
उग्गिन्नखग्गपसरंतकंतिसा-
मलियसव्वंगो' (सुपा ५३८)।

उग्गिर देखो उग्गिल। उग्गिरेइ (मुद्रा १२१)। वकृ. उग्गिरंत (काल)।

उग्गिरण न [उद्गरण] १ वान्ति, वमन, कय। २ उक्ति, कथन;

'माणंसिणोवि अवमाणवंचणा
ते परस्स न करेंति।
सुहदुक्खुग्गिरणत्थं, साहू
उयहिव्व गंभीरा' (उव)।

उग्गिल सक [उद् + गृ] १ कहना, बोलना। २ डकार करना। ३ उलटी करना, वमन करना। ४ उठाना। वकृ. 'अग्गिजालुग्गिलंत वयणं' (णाया १, ८)। संकृ. उग्गिलित्ता (कस), उग्गिलेत्ता (निचू ०)।

उग्गिलिअ देखो उग्गिण्ण (पाअ)।

उग्गीय वि [उद्गीत] १ उच्च स्वर से गाया हुआ (दे १,१६३)। २ न. संगीत गीत, गान (से १, ६५)।

उग्गीयमाण देखो उग्गा।

उग्गीर देखो उग्गिर। वकृ. 'खग्गं उग्गीरंतो इत्थिवहत्थं, हयासलोयाणं' (सुपा १५८)।

उग्गीरिअ देखो उग्गिण्ण; 'उग्गीरिओ ममोवरि, जमजीहादीहतरलकरवालो' (सुपा१५८)।

उग्गीव वि [उद्ग्रीव] उत्कण्ठित, उत्सुक (कुमा)। °किय वि [°कृत] उत्कण्ठित किया हुआ (उप १०३१ टी)।

उग्गुलुंछिआ स्त्री [दे] हृदय-रस का उछलना, भावोद्रेक (दे १, ११८)।

उग्गोव सक [उद् + गोपय्] १ खोजना। २ प्रकट करना। ३ विमुग्ध करना। वकृ. 'इत्थी वा पुरिसे वा सुविणंते एगं महं किण्हसुत्तगं वा जाव सुकिल्लसुत्तगं वा पासमाणे पासति उग्गोवेमाणे उग्गोवेइ' (भग १६, ६)।

उग्गोवणा स्त्री [उद्गोपना] १ खोज, गवेषणा;

'एसण गवेसणा लग्गणा
य उग्गोवणा य बोद्धव्वा।
एए उ एसणाए नामा
एगट्ठिया होंति' (पिंड ७३)।

२ देखो उग्गम; 'उग्गम उग्गोवणा मग्गणा य एगट्ठियाणि एयाणि' (पिंड ८५)।

उग्गोविय वि [उद्गोपित] विमोहित, भ्रान्त; 'उग्गोवियमिति अप्पाणं मन्नति' (भग १६, ६)।

उग्घ देखो उंच। उग्घइ (षड्)।

उग्घट्टि } स्त्री [दे] अवतंस, शिरो-भूषण (दे
उग्घट्टी } १, ९०)।

उग्घड सक [उद् + घाटय्] खोलना (प्रामा)।

उग्घड अक [उद् + घट्] खुलना। उग्घडइ (सिरि ५०४)। उग्घडंति (धर्मवि ७६)।

उग्घडिअ वि [उद्घाटित] खुला हुआ (धर्मवि ७७)।

उग्घडिअ वि उद्घाटित] खुला हुआ। २ छिन्न, नष्ट किया हुआ (से ११, १३०)।

उग्घर वि [उद्गृह] गृह-त्यागी, जिसने घरबार छोड़ कर संन्यास लिया हो वह, साधु;

'चंदोव्व कालपक्खे परिहाई पए पए पमायपरो।
तह उग्घरविग्घरनिरंगणो वि न य इच्छियं लहइ'
(णाया १, १० टी)।

उग्घव देखो अग्घव। उग्घवइ (हे ४, १६९ टि; राज)।

उग्घसिय न [अवघर्षित] घर्षण (राय ६७)।

उग्घाअ पुं [दे] १ समूह, संघात (दे १, १२६; स ७७; ४३६; गउड; से ५, ३४)। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १,१२६)।

उग्घाअ पुं [उद्घात] १ आरम्भ, प्रारम्भ; 'उग्घाओ आरंभो' (पाअ)। २ प्रतिघात ठोकर लगना। ३ लघुकरण, भाग-पात (ठा ३)। ४ उपोद्घात, भूमिका (विसे १३४८)। ५ ह्रास (ठा ५, २)। ६ न. प्रायश्चित्त-विशेष। ७. निशीथ सूत्र का एक अंश, जिसमें उक्त प्रायश्चित्त का वर्णन है; 'उग्घायमणुग्घायं आरोवण तिविहमो निसीहं तु' (आव ३)।

उग्घाअ सक [उद् + घातय्] विनाश करना। उग्घाएइ (उत्त २६, ६)।

उग्घाइम वि [उद्घातिम] १ लघु, छोटा। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ३)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] १ विनाशित (ठा १०)। २ न. लघु प्रायश्चित्त (ठा ५)।

उग्घाइय वि [उद्घातित] लघु प्रायश्चित्त वाला (वव १)।

उग्घाइय न [उद्घातिक] लघु प्रायश्चित्त (कस)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उग्घाड** सक [ उद् + घाटय् ] १ खोलना। २ प्रकट करना। ३ बाहर करना। उग्घाडइ (हे ४, ३३)। उग्घाडए (महा)। संकृ. उग्घाडिऊण (महा)। कृ. उग्घाडिअव्व (श्रा १६)। कवकृ. उग्घाडिज्जंत (से ५, १२)।

**उग्घाड** पुं [उद्घाट] प्रकट, प्रकाश; 'किंतु कम्रो बहुएहिं उग्घाडो निययकम्माणं' (सिरि ५२८)।

**उग्घाड** देखो उग्घाड = उद् + घाटय्। हेकृ. 'तं जिणहरस्स दारं केणवि नो सक्कियं उघाडेउं' (सिरि ५२८)।

**उग्घाड** वि [उद्घाट] १ खुला हुआ, अनाच्छादित (पउम ३६, १०७)। २ थोड़ा बन्द किया हुआ; 'उग्घाडकवाडउग्घाडणाए' (आव ४)। ३ व्यक्त, प्रकट। ४ परिपूर्ण, अन्यून; 'एत्थंतरम्मि उग्घाडपोरिसीसूयगो बली पत्तो' (सुपा ६७)।

**उग्घाडण** न [उद्घाटन] १ खोलना (आव ४)। २ बाहर करना, बाहर निकालना (उप पृ ३६७)।

**उग्घाडणा** स्त्री [उद्घाटना] ऊपर देखो (आव ४)।

**उग्घाडिअ** वि [उद्घाटित] १ खुला हुआ। २ प्रकटित, प्रकाशित (से २, ३७)।

**उग्घायण** न [उद्घातन] १ नाश, विनाश (आचा)। २ पूज्य-स्थान, उत्तम जगह। ३ सरोवर में जाने का मार्ग (आचा २, ३)।

**उग्घार** पुं [उद्घार] सिञ्चन, छिड़काव; 'विणितरुहिरुग्घारं निवडिम्रो धरणिवट्टे' (स ५६८)।

**उग्घिट्ठ** } वि [उद्घृष्ट] संघृष्ट, 'नमिरसुर-
**उग्घुट्ठ** } किरीडुग्घिट्ठपायारविंदे' (लहुअ ४; से ६, ८०)।

**उग्घुट्ठ** वि [उद्घुष्ट] घोषित, उद्घोषित (सुर १०, १४; सण); 'अमरवहुग्घुट्ठजयजयारवं' (महा)।

**उग्घुट्ठ** वि [दे] उत्प्रोञ्छित, लुप्त, दूरीकृत, विनाशित (दे १, ६६); 'उरघालिरवेणीमुह-थणलग्गुग्घुट्ठमहिरम्रा जणम्रसुम्रा' (से ११, १०२)।

१९

**उग्घुस** सक [ मृज् ] साफ करना, मार्जन करना। उग्घुसइ (हे ४, १०५)।

**उग्घुस** सक [ उद् + घुष् ] देखो उग्घोस। संकृ. उग्घुसिअ (नाट)।

**उग्घुसिअ** वि [मृष्ट] मार्जित, साफ किया हुआ (कुमा)।

**उग्घोस** सक [ उद् + घोषय् ] घोषणा करना, ढिंढोरा पिटवाना, जाहिर करना। उग्घोसेह (विपा १, १)। वकृ. उग्घोसेमाण (विपा १, १; णाया १, ५)। कवकृ. उग्घोसिज्जमाण (विपा १, २)।

**उग्घोस** पुं [उद्घोष] नीचे देखो (स्वप्न २१)।

**उग्घोसणा** स्त्री [उद्घोषणा] डुग्गी पिटवाना, ढिंढोरा पिटवा कर जाहिर करना (विपा १, १)।

**उग्घोसिय** वि [मार्जित] साफ किया हुआ, 'उग्घोसियसुनिम्मलं व आयंसमंडलतलं' (पण्ह २, ५)।

**उग्घोसिय** वि [उद्घोषित] जाहिर किया हुआ, घोषित (भवि)।

**उघूण** वि [दे] पूर्ण, भरपूर (षड्)।

**उच्चिय** वि [उचित] योग्य, लायक, अनुरूप (कुमा; महा)। °ण्णु वि [°ज्ञ] विवेकी (उप ७६८ टी)।

**उच्च** न [दे] नाभि-तल (दे १, ८६)।

**उच्च** } वि [उच्च, °क, उच्चैस्] १ ऊँचा
**उच्चअ** } (कुमा)। २ उत्तम, उत्कृष्ट (हे २, १५४; सूअ १, १०)। °च्छंद वि [°च्छन्दस्] स्वैर, स्वेच्छाचारी (पण्ह १, २)। °णागरी देखो °नागरी (कप्प)। °त्त न [त्व] १ ऊँचाई (सम १२; जी २८)। २ उत्तमता (ठा ४, १)। °त्तभयग, °त्तभयय पुं [°त्वभृतक] जिससे समय और वेतन का इकरार कर यथासमय नियत काम लिया जाय वह नौकर (राज; ठा ४, १)। °त्तरिया स्त्री [°त्तरिका] लिपि-विशेष (सम ३५)। °त्थवणय न [°स्थापनक] लम्बगोलाकार वस्तु-विशेष, 'धण्णस्स णं अणगारस्स गीवाए अयमेयारूवे तवरूवलावन्ने होत्था, से जहानामए करगगीवा इवा कुंडियागीवा इवा उच्चत्थवणए इवा' (अनु)। °वंचिआ स्त्री [°वंचिका] ऊँचा-नीचा करना, जैसे-तैसे रखना;

'कह तंपि तुइ ण णाअं जह सा
आसंदिआण बहुआणं।
काउण उच्चवचिअं तुह
दंसणलेहला पडिआ'
(गा ६६७)।

°वाय पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा (उप ७२८ टी)। देखो उच्चा।

**उच्चइअ** वि [उच्चयित] एकत्रीकृत, इकट्ठा किया हुआ (काल)।

**उच्चंडिय** वि [दे] ऊँचा चढ़ाया हुआ (हम्मीर २८)।

**उच्चंतय** पुं [उच्चन्तग] दन्त-रोग, दाँत में होनेवाला रोग-विशेष (राज)।

**उच्चंपिअ** वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा, आयत (दे १, ११६)। २ आक्रान्त, दबाया हुआ, रौंदा हुआ; 'सीसं उच्चंपिअं' (तंदु)।

**उच्चड्डिअ** वि [दे] उत्क्षिप्त, ऊँचा फेंका हुआ (दे १, १०६)।

**उच्चत्त** वि [उत्त्यक्त] पतित, त्यक्त (पाअ)।

**उच्चत्तवरत्त** न [दे] १ दोनों तरफ का स्थूल भाग। २ अनियमित भ्रमण, अव्यवस्थित विवर्त्तन (दे १, १३६)। ३ दोनों तरफ से ऊँचा-नीचा करना (पाअ)।

**उच्चत्थ** वि [दे] दृढ़, मजबूत (दे १, ६७)।

**उच्चदिअ** वि [दे] मुषित, चुराया हुआ (षड्)।

**उच्चप्प** वि [दे] आरूढ़, ऊपर बैठा हुआ (दे १, १००)।

**उच्चय** सक [ उत् + त्यज् ] त्याग देना. छोड़ देना। कृ. उच्चयणिज्ज (पउम ६६, २८)।

**उच्चय** पुं [उच्चय] १ समूह, राशि; 'रयणोच्चयं विसालं' (सुपा ३४; कप्प)। २ ऊँचा ढेर करना (भग ८, ६)। ३ नीवी, स्त्री के कटी-वस्त्र की नाड़ी (पाअ)। °बंध पुं [°बन्ध] बन्ध-विशेष, ऊपर ऊपर रख कर चीजों को बाँधना (भग ८, ६)।

**उच्चय** पुं [अवचय] इकट्ठा करना, एकत्रीकरण (दे २, ५६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उच्चर** सक [उत् + चर्] १ पार जाना, उत्तीर्ण होना। २ कहना, बोलना। ३ अक. समर्थ होना, पहुँच सकना। ४ बाहर निकलना। उच्चरए (सुक्त ४६); 'मूलदेवेण य निरूवियाइं पासाइं जाव दिट्ठं निसियासिहत्थेहि नेढ़ियमताणयं मणूसेहिं। चिंतियं च: णाहमेएसिं उच्चरामि, कायव्वं च मए वइरनिज्जायणं; निराउहो संपयं, ता न पोरिसस्सावसरोत्ति चिंतिय भणियं' (महा)। वकृ.

'भरिउच्चरंतपरिअपिअसंभरणपिसुणो वराईए।
परिवाहो विअ दुक्खस्स वहइ णअणट्ठिओ वाहो'
(गा ३७७)।

**उच्चरण** न [उच्चरण] कथन, उच्चारण; 'सिद्धसमक्खं सोहि वय-उच्चरणाइ काऊण' (सुपा ३१७)।

**उच्चरिय** वि [उच्चरित] १ उत्तीर्ण, पार-प्राप्त; 'तीए हत्थिसंभमुच्चरियाए उज्झिऊण भयं, जीवियदायगोत्ति मुणिऊण तुमं साहिलासं पलोइओ' (महा)। २ उच्चरित, कथित, उक्त (विसे १०८३)।

**उच्चलण** न [उच्चलन] उन्मर्दन, उत्पीड़न (वाअ)।

**उच्चलिय** वि [उच्चलित] चलित, गत (भवि)।

**उच्चल्ल** वि [दे] १ अध्यासित, आरूढ़। २ विदारित, छिन्न (षड्)।

**उच्चल्ल** सक [उत् + चल्] १ चलना, जाना। २ समीप में आना।

**उच्चल्लिय** वि [उच्चलित] १ गत, गया हुआ। २ समीप में आया हुआ;

'जिणभवणदुवारट्ठियउच्चल्लिय-
फुल्लमालिओहस्स।
पुप्फाइं गेण्हंतो, अंतो
विहिणा पविट्ठो हं'
(सुर ३, ७४)।

**उच्चा** अ [उच्चैस्] १ ऊँचा, 'तो तेण दुट्ठहरिणा उच्चा हरिऊण लोय-पच्चक्खं। उवणीओ सो रण्णे' (महा)। २ उत्तम, श्रेष्ठ (ठा २, १)। °गोत्त, °गोय न [°गोत्र] १ उत्तम गोत्र, श्रेष्ठ-वंश। २ कर्म विशेष, जिसके प्रभाव से जीव उत्तम माने-जाते कुल में उत्पन्न होता है (ठा २, ४; आचा)। °वय न [°व्रत] १ महाव्रत (उत्त १)। २ वि. महाव्रतधारी (उत्त १५)।

**उच्चाअ** वि [दे] १ श्रान्त, थका हुआ (ओघ ५१८)। २ पुं. आलिंगन, परिरम्भ (सुपा ३३२)।

**उच्चाइय** वि [दे. उत्त्याजित] उत्थापित, उठाया हुआ; 'उच्चाइया नंगरा' (स २०६)।

**उच्चाग** पुं [उच्चाग] हिमाचल पर्वत। °य वि [°ज] हिमाचल में उत्पन्न; 'उच्चागयठाणलट्ठसंठियं' (कप्प)।

**उच्चाड** वि [दे] विपुल, विशाल (दे १, ९७)।

**उच्चाड** सक [दे] १ रोकना, निवारना। २ अक. अफसोस करना, दिलगीर होना (हे २, १९३ टि)।

**उच्चाडण** न [उच्चाटन] १ एक स्थान से दूसरे स्थान में उठा ले आना, स्व-स्थान से भ्रष्ट करना। २ मन्त्र-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है; 'उच्चाडणयंभणमोहणाइ सव्वंपि मह करगयं व' (सुपा ५९६)।

**उच्चाडणी** स्त्री [उच्चाटनी] विद्या-विशेष जिसके द्वारा वस्तु अपने स्थान से उड़ायी जा सकती है (सुर १३, ८१)।

**उच्चाडिर** वि [दे] १ रोकनेवाला, निवारण करनेवाला। २ अफसोस करनेवाला, दिलगीर; 'किं उल्लावेंतीए, उअ जूरंतीए किं नु भीआए। उच्चाडिरीए वेव्वेत्ति, तीए भणिअं न विम्हरिमो'
(हे २, १९३)।

**उच्चार** सक [उत् + चारय्] १ बोलना, उच्चारण करना। २ मलोत्सर्ग करना, पाखाना जाना। उच्चारेइ (उवा)। वकृ. **उच्चारयंत** (स १०७)। **उच्चारेमाण** (कप्प; णाया १, १)। कृ. **उच्चारेयव्व** (उवा)।

**उच्चार** पुं [उच्चार] १ उच्चारण। २ विष्ठा, मलोत्सर्ग (सम १०; उवा; सुपा ६११)।

**उच्चार** वि [दे] विमल, स्वच्छ (दे १, ९७)।

**उच्चारण** न [उच्चारण] कथन, 'इसिं हस्सपंचक्खरुच्चारणद्धाए' (ओप)।

**उच्चारिअ** वि [दे] गृहीत, उपात्त (दे १, ११४)।

**उच्चारिअ** वि [उच्चारित] १ कथित, उक्त। २ पाखाना गया हुआ (राज)।

**उच्चाल** सक [उत् + चालय्] १ ऊँचा फेंकना। २ दूर करना। संकृ. **'उच्चालइय** निहाणिसु अदुवा आसणाओ खलइंसु' (आचा)।

**उच्चालइय** वि [उच्चालयितृ] दूर करनेवाला त्यागनेवाला; 'जं जाणेज्जा उच्चालइयं तं जाणेज्जा दुरालइयं' (आचा)।

**उच्चालिय** वि [उच्चालित] उठाया हुआ, ऊँचा किया हुआ, उत्थापित; 'उच्चालियम्मि पाए इरियासमियस्स संकमट्ठाए' (ओघ ७४८; दसनि ४५)।

**उच्चाव** सक [उच्चय्] ऊँचा करना, उठाना। संकृ. **उच्चावइत्ता;** 'दोवि पाए उच्चावइत्ता सव्वओ समंत समभिलोएज्ज' (पण्ण १७)।

**उच्चावय** वि [उच्चावच] १ ऊँचा और नीचा (णाया, १, १; पण्ण ३४)। २ उत्तम और अधम (भग १५)। ३ अनुकूल और प्रतिकूल (भग १, ६)। ४ असमञ्जस, अव्यवस्थित (णाया १, १६)। ५ विविध, नाना-विध; 'उच्चावयाहिं सेज्जाहिं तवस्सी भिक्खू थामवं' (उत्त ८)। ६ उत्कृष्टतर, विशेष उत्तम; 'तए णं तस्स आणंदस्स समणोवासगस्स उच्चावएहिं सीलव्वयगुणवेरमणपच्चक्खाणपोसहोववासेहिं अप्पाणं भावेमाणस्स' (उवा; औप)।

**उच्चाविय** वि [उच्चित] ऊँचा किया हुआ (वज्जा १३२)।

**उच्चिट्ठ** अक [उत् + स्था] खड़ा होना। उच्चिट्ठ (काल)।

**उच्चिडिम** वि [दे] मर्यादा-रहित, निर्लज्ज; 'उच्चिडिमं मुक्कमज्जायं' (पाअ)।

**उच्चिण** सक [उत् + चि] फूल वगैरह को तोड़ कर एकत्रित करना, इकट्ठा करना। उच्चिणइ (हे ४, २४१)। वकृ. **उच्चिणंत** (भवि)।

**उच्चिणण** न [उच्चयन] अवचयन, एकत्रीकरण (सुपा ४९६)।

**उच्चिणिय** वि [उच्चित] इकट्ठा किया हुआ, अवचित (पाअ)।

**उच्चिणिर** वि [उच्चेतृ] फूल वगैरह को चुननेवाला (कुमा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उच्चिय** देखो उचिय; 'तस्स सुओच्चियपत्त-त्तणेण संतोसमणुपत्ता' (उप १६६ टी)।

**उच्चिवलय** न [दे] कलुषित जल, मैला पानी (पाअ)।

**उच्चुंच** वि [दे] दृप्त, गर्विष्ठ, अभिमानी (दे १, ६६)।

**उच्चुग** वि [दे] अनवस्थित ( षड् )।

**उच्चुड** अक [ उत् + चुड् ] अपसरण करना, हटना। वकृ. **उच्चुडंत** (गउड ७३३)।

**उच्चुप्प** सक [ चट् ] चढ़ना, आरूढ़ होना, ऊपर बैठना। उच्चुप्पइ (हे ४, २५६)।

**उच्चुप्पिअ** वि [दे. चटित] आरूढ़, ऊपर चढ़ा हुआ (दे १, १००)।

**उच्चुरण** [दे] उच्छिष्ट, जूठा ( षड् )।

**उच्चुलउलिअ** न [दे] कुतूहल से शीघ्र शीघ्र जाना (दे १, १२१)।

**उच्चुल्ल** वि [दे] १ उद्विग्न, खिन्न। २ अधिरूढ, आरूढ। ३ भीत, डरा हुआ (दे १, १२७)।

**उच्चूड** पुं [उच्चूड] निशान का नीचे लटकता हुआ शृंगारित वस्त्रांश (उव ४४६)।

**उच्चूर** वि [दे] नानाविध, बहुविध (राज)।

**उच्चूल** पुं [अवचूल] १ निशान का नीचे लटकता हुआ शृङ्गारित वस्त्रांश (उप ४४६ टी)। २ औंधा-सिर—पैर ऊपर और सिर नीचे कर—खड़ा किया हुआ (विपा १, ६)।

**उच्चे** देखो उच्चिण। उच्चेइ (हे ४, २४१)। हेकृ. **उच्चेउं** (गा १५६)।

**उच्चेय** वि [ उच्चेतस् ] चिन्तातुर मनवाला (पाअ)।

**उच्चेल्लर** न [दे] १ ऊसर भूमि। २ जघनस्थानीय केश (दे १, १३६)।

**उच्चेव** वि [दे] प्रकट, व्यक्त (दे १, ९७)।

**उच्चोड** पुं [दे] शोषण, 'चंदणुच्चोडकारी चंडो देहस्स दाहो' (कप्पू; प्राप)।

**उच्चोदअ** पुं [उच्चोदय] चक्रवर्ती का एक देवकृत प्रासाद (उत्त १३, १३)।

**उदुरुह** सक [ उद् + रुह् ] ऊपर चढ़ना। उदुरुहइ (पि ११८)।

**उदूखल** देखो **उऊखल** (पि ६६)।

**उदूग** पुंन [दे] पृथिवी-शिला (पंचा ८, १० टी)।

**उदूलिय** वि [दे] अवनत, नीचा नमा हुआ ( षड् )।

**उदूहल** देखो **उऊहल** (आचा; पि ६६)।

**उद्द** न [दे] १ जल-मानुष। २ ककुद, बैल के कंधे का कूबड़ (दे १, १२३)। ३ मत्स्य-विशेष। ४ उसके चर्म का बना हुआ वस्त्र (आचा)।

**उद्द** वि [आर्द्र] गीला, आर्द्र ( षड् )।

**उद्दअ** वि [उद्यत] उद्यम-युक्त (प्राकृ २१)।

**उद्दंड** } वि [उद्दण्ड] १ प्रचण्ड, उद्धत
**उद्दंडग** } (कुमा; गउड)। २ पुं. हाथ में दण्ड को ऊँचा रखकर चलनेवाले तापसों की एक जाति (औप; निचू १)।

**उद्दंतुर** वि [उद्दन्तुर] १ जिसका दाँत बाहर आया हो वह। २ ऊँचा (गउड)।

**उद्दंभ** पुं [उद्दम्भ] छन्द का एक भेद (पिंग)।

**उद्दंस** पुं [उद्दंश] मधुमक्षिका, मत्कुण आदि छोटा कीट (कप्प)।

**उद्दड्ढ** पुं [उद्दग्ध] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक नरकावास (ठा ६)। °मज्झिम पुं [°मध्यम] रत्नप्रभा पृथिवी का एक नरकावास (ठा ६)। °विक्त पुं [°विर्त्त] देखो पूर्वोक्त अर्थ (ठा ६)। °विसिट्ठ पुं [°विशिष्ट] देखो पूर्वोक्त अर्थ (ठा ६)।

**उद्दद्दर** न [दे. ऊर्ध्वदर] सुभिक्ष, सुकाल (बृह १)।

**उद्दम** पुंन. देखो **उज्जम** = उद्यम (प्राकृ २१)।

**उद्दरिअ** वि [दे] १ उत्खात, उखाड़ा हुआ (दे १, १००)। २ स्फुटित, विकसित; 'फुडिअं फलिअं च दलिअं उद्दरिअं' (पाअ)।

**उद्दरिअ** वि [उद् + दृप्त] गर्वित, उद्धत, अभिमानी (णंदि)।

**उद्दलण** न [उद्दलन] विदारण (गउड)।

**उद्दव** सक [ उद्, उप + द्रु ] १ उपद्रव करना, पीड़ा करना। २ मारना, विनाश करना, हिंसा करना; 'तए णं सा रेवई गाहा-वईणी अन्नया कयाइ तासि दुवालसएहं सवत्तीणं अंतरं जाणित्ता छ सवत्तीओ सत्थप्प-ओगेणं उद्दवेइ, उद्दवेइत्ता छ सवत्तीओ विसप्पओगेणं उद्दवेइ, उद्दवेइत्ता तासि दुवालसएहं सवत्तीणं कोलघरियं एगमेगं हिरएणकोडिं एगमेगं वयं सयमेव पडिवज्जेइ, २ त्ता महासयएणं समणोवासएणं सद्धिं उरा-लाइ भोगभोगाइ भुंजमाणी विहरइ' (उवा)। भवि. उद्दवेहिइ (भग १५)। कवकृ. **उद्द-विज्जमाण** (सूअ २, १)। कृ. **उद्दवेयव्व** (सूअ २, ३)।

**उद्दवअ** पुं [उद्द्रव, उपद्रव] १ उपद्रव। २ विनाश, हिंसा; 'आरंभो उद्दवओ' (श्रा ७)।

**उद्दवइत्तु** वि [उद्द्रोतृ, उपद्रोतृ] १ उपद्रव करनेवाला। २ हिंसक, विनाशक; 'से हंता छेत्ता भेत्ता लुंपित्ता उद्दवइत्ता विलुंपित्ता अकडं करिस्सामि त्ति मन्नमाणे' (आचा)।

**उद्दवग** न [उद्द्रवग, उपद्रवग] १ उपद्रव, हरकत; 'उद्दवणं पुण जाणसु अइवायविवज्जियं' (पिंड; औप)। २ विनाश, हिंसा (सं ८४; आचा)।

**उद्दवण** न [अपद्रावण] मृत्यु को छोड़कर सब प्रकार का दुःख, 'उद्दवणं पुण जाणसु अइवायविवज्जियं पीडं' (पिंडभा २५; पिंड ९७)।

**उद्दवणया** } स्त्री [उद्द्रवणा, उपद्रवणा]
**उद्दवणा** } ऊपर देखो (भग; पएह १,१)।

**उद्दवाइअ** देखो **उडुवाइय**; 'समणस्स णं भगवओ महावीरस्स णव गणा हुत्था, तं०— गोदासे गणे उत्तरबलिस्सहगणे उद्देहगणे चारणगणे उद्दवातित-(इअ)-गणे विस्सवाति-(इअ)-गणे कामड्ढित-(अ)-गणे माणवगणे कोडितगणे' (ठा ९)।

**उद्दविअ** वि [उद्द्रुत, उपद्रुत] १ पीड़ित; 'संघाइआ संघट्टिआ परियाविआ किलामिआ उद्दविया ठाणाओ ठाणं संकामिया' (पडि)। २ विनाशित; 'नाऊण विभंगेणं नियजिट्ठसुयस्स विलसियं, तो सो सकुटुंबो उद्दविओ' (सुपा ४०९)।

**उद्दवेत्तु** देखो **उद्दवइत्तु** (आचा)।

**उद्दा** सक [उद् + दा] बनाना, निर्माण करना। उद्दाइ (भग)।

**उद्दा** अक [ अव + द्रा ] मरना। उद्दाई, उद्दायंति (भग)। संकृ. **उद्दाइत्ता** (जीव ३; ठा १०; भग)।

**उद्दाइआ** स्त्री [उद्द्रोत्री, उपद्रोत्री] उपद्रव करनेवाली स्त्री; 'ताए वा उद्दाइआए कोइ संजओ गहितो होज्जा' (ओघ १८ भा टी)।

**उद्दाइन** देखो **उद्दाय** = शुभ्।

**उद्दाइत्ता** देखो **उद्दा** = अव + द्रा।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उड्डाण** स्त्री [दे] चूल्हा, चूल्ली, जिसपर रसोई पकाई जाती है (दे १, ८७)।

**उड्डाण** वि [अवद्रात] मृत, 'उद्दाणे भोइयम्मि चेइयाई वंदामि' (सुख १, ३)।

**उद्दाम** वि [उद्दाम] १ स्वैर, स्वच्छन्द (पाम्र)। २ प्रचण्ड, प्रखर; 'ता सजलजल-हरुद्दामगहिरसद्देण ताए तं कहइ' (सुपा २३४)। ३ अव्यवस्थित (हे १, १७७)।

**उद्दाम** पुं [दे] १ संघात, समूह। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १, १२६)।

**उद्दामिय** वि [उद्दामित] लटकता हुआ, प्रलम्बित; 'तत्थ णं बहवे हत्थी पासति सण्णद्धबद्धवम्मियगुडिते उप्पीलियकच्छे उद्दामियघंटे' (विपा १, २)।

**उद्दाय** अक [शुभ्] शोभना, शोभित होना, अच्छा मालूम देना। वकृ. 'उववणेसु परहुयरुयपरिभितसंकुलेसु उद्दायंत रत्तइंदगोव यथोवयकारुन्नविलविएसु' (णाया १, १)। उद्दाइंत (णाया १, १ टी)।

**उद्दार** देखो **उराल**=उदार; 'देमि न कस्सवि जंपइ उद्दारजणस्स विविहरयणाई' (वज्जा १२०)।

**उद्दरिअ** वि [दे] १ युद्ध से पलायित, रण-द्रुत। २ उत्खात, उन्मूलित (षड्)।

**उद्दाल** सक [आ+छिद्] खींच लेना, हाथ से छीन लेना। उद्दालइ (हे ४, १२५; षड्; महा)। हेकृ. उद्दालेउं (पि ५७७)।

**उद्दाल** पुं [अवदाल] १ दबाव, अवदलन; 'तंसि तारिसगंसि सयणिज्जंसि... गंगापुलिणवालुअउद्दालसालिसए' (कप्प; णाया १, १)। २ वृक्ष-विशेष (जीव ३)। ३ अवसर्पिणी काल का प्रथम आरा—समय-विशेष (जं २)।

**उद्दालिय** वि [आच्छिन्न] छीना हुआ, खींच लिया गया (पाम्र; कुमा; उप पृ ३२३); 'दो सारबलिद्दावि हु तेहिं उद्दालिया' (सुपा २३८)।

**उद्दावणया** स्त्री [उपद्रावणा] उपद्रव, हैरानी (राज)।

**उद्दाह** पुं [उद्दाह] १ प्रखर दाह। २ आग (ठा १०)।

**उद्दाहग** वि [उद्दाहक] आग लगानेवाला (पण्ह १, ३)।

**उद्दिट्ठ** वि [उद्दिष्ट] १ कथित, प्रतिपादित (विपा २, १)। २ निर्दिष्ट (दस)। ३ दान के लिए संकल्पित (अन्न, पानादि); 'णायपुत्ता उद्दिट्ठभत्तं परिवज्जयंति' (सूअ २, ६)। ४ लक्षित (सूअ २, ६)। ५ न. उद्देश (पंचा १०)। °कड वि [°कृत] साधु के उद्देश से बनाया हुआ, साधु के निमित्त किया हुआ (भोजनादि) (दस १०)।

**उद्दिट्ठा** स्त्री [दे. उद्दिष्टा] तिथि-विशेष, अमावस्या (औप)।

**उद्दित्त** वि [उद्दीप्त] प्रज्वलित (बृह १)।

**उद्दिस** सक [उद्+दिश्] आज्ञा करना। कर्म. उद्दिसिज्जंति (अणु ३)।

**उद्दिस** सक [उद्+दिश्] १ नाम निर्देश-पूर्वक वस्तु का निरूपण करना। २ देखना। ३ संकल्प करना। ४ लक्ष्य करना। ५ अंगीकार करना। ६ सम्मति लेना। ७ समाप्त करना। ८ उपदेश देना। उद्दिसइ (वव २, ७)। कर्म. 'दस अज्झयणा एक्कसरगा दससु चेव दिवसेसु उद्दिस्संति' (उवा)। कवकृ. उद्दिसिज्जंत (आवम)। संकृ. 'गओ तासि समीवं, पुच्छियं महुरवाणीए एक्कं कन्नगं उद्दिसिऊण, कओ तुब्भे' (महा; वव ७); 'तदवसाणे य एक्का पवरमहिला बंधुमई उद्दिस्स कुमारउत्तमंगे अक्खए पक्खिवइ (महा); उद्दिसिय (आचा २, १; अभि १०४)। हेकृ. उद्दिसिउं, उद्दिसित्तए (वव १० भा; ठा २, १)। प्रयो. उद्दिसावित्तए, उद्दिसावेत्तए (बृह १; कस)।

**उद्दिसिअ** देखो **उद्दिट्ठ** (आचा २)।

**उद्दिसिअ** वि [दे] उत्प्रेक्षित, वितर्कित (दे १, १०६)।

**उद्दीरणा** देखो **उदीरणा**; 'उद्दीरणउदयाणं जं नाणत्तं तय वोच्छं' (पंच ५, ६८)।

**उद्दीवण** न [उद्दीपन] १ उत्तेजन। २ वि. उत्तेजक (मै ५८; रंभा)।

**उद्दीवणिज्ज** वि [उद्दीपनीय] उद्दीपक, उत्तेजक; 'मयणुद्दीवणिज्जेहिं विविहेहिं भूसणेहिं' (रंभा)।

**उद्दीविअ** वि [उद्दीपित] प्रदीपित, प्रज्वालित (पाम्र); 'वीयाए पक्खिविउ तत्तो उद्दीविओ जलणो' (सुर ६, ८८)।

**उद्दुय** वि [उद्द्रुत] पलायित (पउम ६, ७०)।

**उद्दुय** वि [उपद्रुत] हैरान किया हुआ (स १३१)।

**उद्देस** देखो **उद्दिस** उद्देसइ (भवि)।

**उद्देस** पुं [उद्देश] १ पठन-विषयक गुर्वाज्ञा (अणु ३)। २ नाम का उच्चारण (सिरि १०६०)। ३ वाचन, सूत्र-प्रदान, सूत्रों के मूल पाठ का अध्यापन (पव १)।

**उद्देस** पुं [उद्देश] १ नाम-निर्देश पूर्वक वस्तु-निरूपण (विसे)। २ शिक्षा, उपदेश; 'उद्देसो पासगस्स णत्थि'। ३ व्यपदेश, व्यवहार (आचा)। ४ लक्ष्य। ५ अभिप्राय, मतलब (विसे)। ६ ग्रन्थ का एक अंश (भग १, १)। ७ प्रदेश, अवयव; 'खुब्भंति खुहिअमअरा आवाआलगहिरा समद्दुद्देसा' (से ५, १६; १, २०)। ८ गुरुप्रतिज्ञा, गुरु-वचन (विसे)। ९ जगह, स्थान (कप्पू)।

**उद्देस** वि [औद्देश] देखो **उद्देसिय**=औद्देशिक (पिंड २३०)।

**उद्देसण** न [उद्देशन] १ पाठन, वाचना, अध्यापन; 'उद्दिसण वायणत्ति पाठणया चेव एगट्ठा' (पंचभा; पण्ह २, ५)। २ अधिकारिता, योग्यता (ठा ४, ३)।

**उद्देसणकाल** पुं [उद्देशनकाल] मूलसूत्र के अध्यापन का समय (णंदि २०६)।

**उद्देसणा** स्त्री [उद्देशना] ऊपर देखो (पंचभा)।

**उद्देसिय** न [औद्देशिक] १ भिक्षा का एक दोष, साधु के लिए भोजन-निर्माण। २ वि. साधु निमित्त बनाया हुआ (भोजन) (कस); 'उद्देसियं तु कम्मं एत्थं उद्दिस्स कीरए जंति' (पंचा १७; ठा ६; अंत)।

**उद्देसिय** वि [औद्देशिक] १ उद्देश-सम्बन्धी उद्देश से किया हुआ। १ विवाह आदि के उपलक्ष्य में किए गए जीमन में निमन्त्रितों के भोजन की समाप्ति के अनन्तर बचे हुए वे खाद्य द्रव्य जिनको सर्वजातीय भिक्षुओं को देने का संकल्प किया गया हो (पिंड २२६)।

**उद्देह** पुं [उद्देह] भगवान् महावीर का एक गण—साधु समुदाय (ठा ६; कप्प)।

**उद्देहलिया** स्त्री [उद्देहलिका] वनस्पति-विशेष (राज)।

**उद्देहिया**, **उद्देही** } स्त्री [दे] उपदेहिका, दीमक, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जी १६; स ४३५; ओघ ३२३); 'उवदेहीइ उद्देही' (दे १, ९३)।

**उद्दोहग** वि [उद्द्रोहक] घातक, हिंसक (पण्ह १, ३)।

**उद्ध** देखो उड्ढ (से ३, ३३; पि ८३; महा; हे २, ५६; ठा ३, २)।

**उद्धअ** वि [उद्धत] १ उन्मत्त (से ४, १३; पाअ)। २ गर्वित, अभिमानी (भग ११, १०)। ३ उत्पाटित (णाया १, १)। ४ अतिप्रबल; 'उद्धततमंधकार—' (पण्ह १,३)।

**उद्धअ** देखो **उद्धरिअ** = उद्धृत; 'पावल्लेण उवेच्च व उद्धयपयधारणा उ उद्धारो' (वव १०)।

**उद्धअ** वि [दे] शान्त, ठंढा (षड्)।

**उद्धंत** देखो **उद्धा**।

**उद्धंस** सक [ उत् + घृष् ] १ मारना। २ आक्रोश करना, गाली देना। उद्धंसेइ (भग १५)। उद्धंसेंति (णाया १, १६)।

**उद्धंस** सक [ उद् + ध्वंस् ] विनाश करना। संकृ. उद्धंसिऊण (स ३६२)।

**उद्धंसण** न [उद्धर्षण] १ आक्रोश, निर्भर्त्सन। २ वध, हिंसा (राज)।

**उद्धंसणा** स्त्री [उद्धर्षणा] ऊपर देखो (ओघ ३८ भा); 'उच्चावयाहिं उद्धंसणाहिं उद्धंसेंति, (णाया १, १६)।

**उद्धंसिय** वि [उद्धर्षित] आक्रुष्ट, जिसपर आक्रोश किया गया हो वह (निचू ४)।

**उद्धच्छवि** वि [दे] विसंवादित, अप्रमाणित (दे १, ११४)।

**उद्धच्छविअ** वि [दे] सज्जित, तैयार (दे १, ११६)।

**उद्धच्छिअ** वि [दे] निषिद्ध, प्रतिषिद्ध (दे १, १११)।

**उद्धट्टु** देखो **उद्धर**।

**उद्धड** वि [उद्धृत] उठा कर रखा हुआ (धर्म ३)।



**उद्धण** वि [दे] उद्धत, अविनीत (षड्)।

**उद्धत्थ** वि [दे] विप्रलब्ध, वञ्चित (दे १, ९६)।

**उद्धदेहिय** न [और्ध्वदेहिक] अग्नि-संस्कार आदि अन्त्येष्टि क्रिया (स १०६)।

**उद्धम** सक [उद् + हन्] १ शंख वगैरह फूँकना, वायु भरना। २ ऊँचा फेंकना, उड़ाना। कवकृ. उद्धम्मंताणं संखाणं सिंगाणं संखियाणं खरमुहीणं' (राय); 'पायालसहस्स-वायवसवेगसलिलउद्धम्ममाणदगरयरयंधकारं (रयणागरसागरं)' (पण्ह १, ३; ओप)।

**उद्धर** सक [उद् + हृ] १ फँसे हुए को निकालना, ऊपर उठाना। २ उन्मूलन करना। ३ दूर करना। ४ खींचना। ५ जीर्ण मन्दिर वगैरह का परिष्कार-संस्कार करना। ६ किसी ग्रंथ या लेख के अंश-विशेष को दूसरी पुस्तक या लेख में अविकल नकल करना। भवि. उद्धरिस्सइ (स ५६६)। वकृ. पइनगरं पइगामं पायं जिणमंदिराइं पूयंतो, जिन्नाइं उद्धरंतो' (सुपा २२४);

'जयइ धरमुद्धरंतो भरणोसारियमुहग्गचलणेण।
णियदेहेण करेण व पंचंगुलिणा महाकुम्मो।'
(गउड)।

संकृ. उद्धरिउं, उद्धरिऊण, उद्धरित्ता, उद्धरित्तु, उद्धट्टु (पंचा १६; प्राकृ); 'तं लयं सव्वसो छित्ता, उद्धरित्ता समूलयं' (उत्त २३; पंचा १६); 'बाहू उद्धट्टु कक्ख-मणुव्वजे' (सूअ १, ४); 'तसे पाणे उद्धट्टु पादं रीइज्जा' (आचा २, ३, १, ४)।

**उद्धर** (अप) देखो **उद्धुर** (भवि)।

**उद्धरण** न [उद्धरण] १ ऊपर उठाना। २ फँसे हुए को निकालना (गउड); 'दीणुद्धरणम्मि धणं न पउत्तं' (विवे १३५)। ३ उन्मूलन। ४ अपनयन (सूअ १, ४; ६)।

**उद्धरण** वि [दे] उच्छिष्ट, जूठा (दे १, ९६)।

**उद्धरिअ** वि [उद्धृत] १ उत्पाटित, उत्क्षिप्त; 'हक्खुत्तं उच्छूढं उक्खित्त-उप्पाडिआइं उद्धरिअं' (पाअ)। २ किसी ग्रन्थ या लेख के अंश-विशेष को दूसरे पुस्तक या लेख में अविकल नकल कर देना;

'एसो जीववियारो, संखेरूईण जाणणा-हेउं।
संखित्तो उद्धरिओ, रुंदाओ सुय-समुद्दाओ'

(जी ५१); 'जेण उद्धरिया विज्जा, आगासगमा महापरिण्णाओ' (आवम)। ३ आकृष्ट, खींचा हुआ। ४ निष्कासित, बाहर निकाला हुआ; 'उद्धरियसव्वसल्ल—' (पंचा १६)। ५ जीर्ण वस्तु का परिष्कार करना; 'जिणमंदिरं न उद्धरिअं' (विवे १३३)।

**उद्धरिअ** वि [दे] अर्दित, विनाशित (षड्)।

**उद्धल** पुं [दे] दोनों तरफ की अप्रवृत्ति (षड्)।

**उद्धव** पुं [उद्धव] ऊधो, श्रीकृष्ण का चाचा, मित्र और भक्त (रुक्मि ४६)।

**उद्धवअ** वि [दे] उत्क्षिप्त, फेंका हुआ (दे १, १०६)।

**उद्धविअ** वि [दे] अर्घित, पूजित (दे १, १०७)।

**उद्धा**, **उद्धाअ** } सक [ उद् + धाव् ] १ दौड़ना, वेग से जाना। २ ऊँचे जाना। उद्धाइ (पि १६५)। वकृ. उद्धंत, उद्धाअंत, उद्धायमाण (कप्प; से ६, ६६; १३, ६१; ओप)।

**उद्धाअ** अक [ ऊर्ध्वाय् ] ऊँचा होना। वकृ. **उद्धाअमाण** (से १३, ६१)।

**उद्धाअ** वि [ऊर्द्धाव] उद्धावित, ऊँचा गया हुआ; 'छिण्णकडए वहंतं उद्धाअणिअत्तगरुड-मग्गिअसिहरे' (से ६, ३६)।

**उद्धाअ** पुं [दे] १ विषमोन्नत प्रदेश। २ समूह। ३ वि. थका हुआ, श्रान्त (दे १, १२४)।

**उद्धाइअ** वि [उद्धावित] १ फैला हुआ, विस्तीर्ण, प्रसृत (से ३, ५२)। २ ऊँचा दौड़ा हुआ (से २, २२)।

**उद्धार** पुं [उद्धार] १ त्राण, रक्षण (कुमा)। २ ऋण देना, उधार देना (सुपा ५६७; श्रा १४)। ३ अपहरण (अणु)। ४ अपवाद (राज)। ५ धारणा, पढ़े हुए पाठ को नहीं भूलना; 'पाबल्लेण उवेच्च च व उद्धयपयधारणा उ उद्धारो' (वव १०)। °पलिओवम न [ °पल्योपम ] समय का एक परिमाण (अणु)। °समय पुं [°समय] समय-विशेष (अणु)। °सागरोवम न [°सागरोपम] समय का एक दीर्घ परिमाण (अणु)।

**उद्धारय** वि [उद्धारक] उद्धार-कारक (कुप्र २)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उद्धाव** देखो **उद्धा** ।

**उद्धावण** न [उद्धावन] नीचे देखो (श्रा १) ।

**उद्धावणा** स्त्री [उद्धावना] १ प्रबल प्रवृत्ति । २ दूर-गमन, दूर क्षेत्र में जाना (धर्म ३) । ३ कार्य की शीघ्र सिद्धि (वव १) ।

**°उद्धि** देखो **बुद्धि** ( षड् ) ।

**उद्धि** स्त्री [दे] गाड़ी का एक अवयव, गुजराती 'उंध' (सुज्ज १०, ८ टी; ठा ३, २ टी-पत्र १३३) ।

**उद्धिअ** देखो **उद्धरिअ** = उद्धृत (श्रा ४०; औप; राय; वव १; औप; पव २८) ।

**उद्धीमुह** वि [ऊर्ध्वीमुख] मुँह ऊँचा किया हुआ (चंद ४) ।

**उद्धुंधलिय** वि [दे] धुँधलाया हुआ (सण) ।

**उद्धुंणिय** देखो **उद्धुय** (सण) ।

**उद्धुम** सक [पृ] पूर्ण करना, पूरा करना । उद्धुमइ (हे ४, १६९) ।

**उद्धुमा** सक [उद् + ध्मा] १ आवाज करना । २ जोर से धमनी को चलाना । उद्धुमाइ उद्धुमामइ (षड् ; प्रामा) ।

**उद्धुमाइअ** वि [उद्ध्मापित] ठंडा किया हुआ, निर्वापित (से १, ८) ।

**उद्धुमाय** वि [दे] १ परिपूर्ण; 'मायाइ उद्धुमाया' (कुमा); 'पडिहत्थमुद्धुमायं अहिरेइयं च जाण आउण्णं' (णंदि) । २ उन्मत्त; 'मअरंदरसुद्धुमाअमुहलमहुअरं' (से ६, ११) ।

**उद्धुय** वि [उद्धूत] १ पवन से उड़ा हुआ (से ७, १४) । २ प्रसृत, फैला हुआ; 'गंधुद्धुयाभिरामे' (औप) । ३ प्रकम्पित; 'वाउद्धुयविजयवेजयंती' (जीव ३) । ४ उत्कट, प्रबल (सम १३७) । ५ व्यक्त, प्रकट (कप्प) ।

**उद्धुर** वि [उद्धुर] १ ऊँचा, उच्च; उद्धुरं उच्चं' (पाअ) । २ प्रचण्ड, प्रबल (सुर ३, ३९; १२, १०९) ।

**उद्धुव्वंत**, **उद्धुव्वामाण** } देखो **उद्धू** ।

**उद्धुसिय** वि [उद्धुषित] १ रोमाञ्च, 'अन्नोन्नजंपिएहिं हसिउद्धुसिएहि खिप्पमाणो य' (उव) । २ वि. रोमाञ्चित, पुलकित (दे १, ११५; २, १००); 'उद्धुसियरोमकूवो सीयलअनिलेण संकुइयगत्तो' (सुर २, १०१); 'उद्धुसियकेसरसडं' (महा ।

**उद्धू** सक [उद् + धू] १ कँपाना, चलाना । २ चामर वगैरह बीजना, पंखा करना । कवकृ. **उद्धुव्वंत**, **उद्धुव्वमाण** (पउम २, ४०; कप्प) ।

**उद्धूणिय** देखो **उद्धुय** (सण) ।

**उद्धूद** (शौ) देखो **उद्धुय** (चारु ३५) ।

**उद्धूल** सक [उद् + धूलय्] १ व्याप्त करना । २ धूलि लगाना । उद्धूलेइ (हे ४, २९) ।

**उद्धूलण** न [उद्धूलन] धूलि को अङ्ग पर लगाना;
'जारमसाणसमुब्भवभूइसुहप्फंससिज्जिरंगीए ।
ण समप्पइ णवकावालिआइ उद्धूलणारंभो ।'
(गा ४०८) ।

**उद्धूलिय** वि [उद्धूलित] १ धूलि से लपेटा हुआ । २ व्याप्त; 'तिमिरोद्धूलिअभवणं' (कुमा) ।

**उद्धूवणिया** स्त्री [उद्धूपनिका] धूप देना, 'केवि हु बिरालतन्नयपुरीसमीसेहिं गुग्गुलाईहिं । उव्वरियम्मि खिवित्ता उद्धूवणियं पयच्छंति ।' (सुर १४, १७४) ।

**उद्धूविअ** वि [उद्धूपित] जिसको धूप किया गया हो वह (विक्र ११३) ।

**उद्धोस** पुं [उद्धर्ष] उल्लास, ऊँचा होना (सट्ठि ६५); 'जं जं इह मुहुमबुद्धीए चिंतिज्जइ तं सव्वं रोमुद्धोसं जणेइ मह अम्मो' (सुपा ६४) ।

**उन्न** न [ऊर्ण] ऊन, भेड़ या बकरी के रोम । **°मय** वि [°मय] ऊन का बना हुआ,
'गोवालियाण विंदं नच्चावइ फारमुत्तियाहारं ।
उन्नमयवासनिवसणपीणुन्नयथणहराभोगं ॥'
(सुपा ४३२) ।

**उन्न** (अप) वि [विषण्ण] विषाद-प्राप्त, खिन्न ( षड् ) ।

**उन्नइ** देखो **उण्णइ** (काल; सुपा २५७; प्रासू २८; सार्ध ३४) ।

**उन्नइज्जमाण** देखो **उन्नी** ।

**उन्नइय** वि [उन्नीत] ऊँचा लिया हुआ (पउम १०५, ५७) ।

**उन्नंद** सक [उद् + नन्द्] अभिनन्दन करना । कवकृ. 'हियमालासहस्सेहिं **उन्नंदिज्जमाणे**' (कप्प) ।

**उन्नय** देखो **उण्णय** (सुपा ४७६; सम ७१; कप्प) ।

**उन्ना** देखो **उण्णा** । **°मय** वि [°मय] ऊन का बना हुआ (सुपा ६४१) ।

**उन्नाडिय** न [उन्नाटित] हर्ष-द्योतक आवाज (स ३७६) ।

**उन्नाम** पुं [उन्नाम] १ ऊँचाई । २ अभिमान, गर्व (सम ७१) ।

**उन्नामिअ** वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ (पाअ; महा, स ३७७) ।

**उन्नालिअ** वि [दे] देखो **उण्णालिअ**; 'उन्नालिअं उन्नामिअं' (पाअ) ।

**उन्नाह** पुं [उन्नाह] ऊँचाई (पाअ) ।

**उन्निअ** देखो **उण्णिअ** = औणिक ( ओघ ७०५ ) ।

**उन्निक्ख** सक [उन्नि + खन्] उखाड़ना, उन्मूलन करना । भवि. उन्निक्खिस्सामि (सूअ २, १, ६) । कृ. **उन्निक्खेयव्व** (सूअ २, १, ७) ।

**उन्निक्खमण** न [उन्निष्क्रमण] दीक्षा छोड़ कर फिर गृहस्थ होना, साधुपन छोड़कर फिर गृहस्थ बनना (उप १३० टी; ३६६) ।

**उन्नी** देखो **उण्णी** । कवकृ. **उन्नइज्जमाण** (कप्प) ।

**उन्हाल** (अप) पुं [उष्णकाल] ग्रीष्म ऋतु (भवि) ।

**उपक्खर** न [उपस्कर] घर का उपकरण (उत्त ६, ६) ।

**उपंत** न [उपान्त] १ पिछला या पीछे का भाग । २ वि. समीपस्थ (गा ९६३) ।

**उपरिं**, **उपरि** } देखो **उवरिं** (विसे १०२१; षड् ) ।

**उपरिल्ल** देखो **उवरिल्ल** ( षड् ) ।

**उपवज्जमाण** देखो **उववाय** = उप + वादय् ।

**उपसप्प** देखो **उवसप्प** । उपसप्पइ ( षड् ) । संकृ. **उपसप्पिय** (नाट) ।

**उपाणहिय** पुंस्त्री [उपानह्] जूता, 'अन्नदिणे जंपाणेपाणहिए मुत्तमारूढा' ( सुपा ३९२); 'तह तं निउपाणहियाउवि वाहिस्सं' (सुपा ३९२) ।

**उप्प** देखो **ओप्प** = अर्पय् । उप्पेइ (पि १०४; हे १, २६९) ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उप्पइअ** वि [उत्पतित] ऊँचा गया हुआ, उड़ा हुआ; 'सेवि य आगासे उप्पइए' (उवा; सुर ३, ६६)। २ उन्नत, ऊँचा (आचा)। ३ उद्भूत, उत्पन्न (उत्त २)। ४ न. उत्पतन, उड़ना (औप)।

**उप्पइअ** वि [उत्पाटित] उत्थापित, उठाया हुआ; 'खुडिउप्पइअमुणालं दट्ठूण पिअं व सिढिलवलअं णलिणिं' (से १, ३०)।

**उप्पइअव्व** } **उप्पइउं** } देखो उप्पय = उत् + पत्।

**उप्पंक** वि [दे] १ बहु, अत्यन्त। २ पुं. पङ्क, कीचड़, काँदो। ३ उन्नति (दे १, १३०)। ४ समूह, राशि (दे १, १३०; पाअ; गउड; स ४३७)।

**उप्पंग** पुं [दे] समूह, राशि;
'णवपल्लवं विसण्णा, पहिआ
पेच्छंति चूअरुक्खस्स।
कामस्स लोहिउप्पंगराइअं
हत्थभल्लं व ॥' (गा ५८५)।

**उप्पज्ज** अक [उत् + पद्] उत्पन्न होना। उप्पज्जंति (कप्प)। वकृ. **उप्पज्जंत, उप्पज्जमाण** (से ८, ५५; सम्म १३४; भग; विसे ३३२२)।

**उप्पड** सक [उत् + पत्] उड़ना, ऊँचा जाना, कूदना (प्रामा)।

**उप्पड** पुं [उत्पट] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष (राज)।

**उप्पडिअ** देखो उप्पइअ (नाट)।

**उप्पण** सक [उत् + पू] धान्य वगैरह को सूप आदि से साफ-सुथरा करना। कर्म. 'साली वीही जवा य लुव्वंतु मलिज्जंतु उप्पणिज्जंतु य' (पण्ह १, २)।

**उप्पणण** न [उत्पवन] सूप आदि से धान्य वगैरह को साफ-सुथरा करना (दे १, १०३)।

**उप्पण्ण** वि [उत्पन्न] उत्पन्न, संजात, उद्भूत (भग; नाट)।

**उप्पत्त** वि [दे] १ गलित। २ विरक्त (षड्)।

**उप्पत्ति** वि [उत्पत्ति] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव (उव)।

**उप्पत्तिया** स्त्री [औत्पत्तिकी] बुद्धि-विशेष, बिना शास्त्राभ्यासादि के ही होनेवाली बुद्धि, स्वाभाविक मति (ठा ४, ४; णाया १, १)।

**उप्पन्न** देखो उप्पण्ण (उवा; सुर २, १६०)।

**उप्पय** सक [उत् + पत्] उड़ना, कूदना। उप्पयइ (महा)। वकृ. **उप्पयंत, उप्पयमाण** (उप १४२ टी; णाया १, १६)। संकृ. **उप्पइत्ता** (औप)। कृ. **उप्पइअव्व** (से ६,७८)। हेकृ. **उप्पइउं** (सुर ६, २२२)।

**उप्पय** देखो उप्पव। वकृ. **उप्पअंत** (से ५, ५६)।

**उप्पय** पुं [उत्पात] १ उत्पतन, ऊँचे जाना, कूदना, उड्डयन। २ उत्पत्ति; 'अवट्ठिए चले मंदपडिवाउप्पयाई य' (विसे ५७७)। °**निवय** पुं [°निपात] १ ऊँचा-नीचा होना;
'खरपवणुद्धुयसायरतरंगवेगेहिं हीरए नावा।
गुरुकुल्लोलवसुट्ठियनंगरनियरेण धरियावि ॥
अणवरयतरंगेहिं उप्पयनिवयं कुणंतिया वहइ'
(सुर १३, १६७)। २ नाट्य-विधि का एक प्रकार (जीव ३)।

**उप्पयण** न [उत्पतन] ऊँचा जाना, उड्डयन (ठा १०; से ६, २४)।

**उप्पयण** न [उत्प्लवन] जल को लाँघना, तैरना (से ५, ६०)।

**उप्पयणी** स्त्री [उत्पतनी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

**उप्परिं** (अप) देखो उवरि (हे ४, ३३४; पिंग)।

**उप्परिवाडि, °डी** स्त्री [उत्परिपाटि, °टी] उलटा क्रम, विपर्यास, विपर्यय; 'उप्परिवाडी-वहणे चाउम्मासा भवे लहुगा' (गच्छ १)।

**उप्परोप्पर** अ [उपर्युपरि] ऊपर-ऊपर (स १४०)।

**उप्पल** न [उत्पल] १ कमल, पद्म (णाया १, १; भग)। २ विमान-विशेष; (सम ३८)। ३ संख्या-विशेष, 'उप्पलंग' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)। ४ सुगन्धि द्रव्य-विशेष; 'परमुप्पलगंधिए' (जं ३)। ५ पुं. परिव्राजक-विशेष (आचू १)। ६ द्वीप-विशेष। ७ समुद्र-विशेष (पण्ण १५)। °**वेंटग** पुं [°वृन्तक] आजीविक मत का एक साधु-समाज (औप)।

**उप्पलंग** न [उत्पलाङ्ग] संख्या-विशेष, 'हुहुय' को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (ठा २, ४)।

**उप्पला** स्त्री [उत्पला] १ एक इन्द्राणी, काल नामक पिशाचेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १)। २ इस नाम का 'ज्ञाताधर्मकथा' का एक अध्ययन (णाया २, १)। ३ स्वनाम ख्यात एक श्राविका (भग १२, १)। ४ एक पुष्करिणी (जीव ३)।

**उप्पलिणी** स्त्री [उत्पलिनी] कमलिनी, कमल का गाछ या पौधा (पण्ण १)।

**उप्पल्ल** वि [दे] अध्यासित, आरूढ़ (षड्)।

**उप्पव** सक [उत् + प्लु] १ लाँघना, पार करना, तैरना। २ ऊँचा जाना, उड़ना। वकृ. **उप्पवंत, उप्पवमाण** (से ५,६१; ८,८६)।

**उप्पवइय** वि [उत्प्रव्रजित] जिसने दीक्षा छोड़ दी हो वह, साधु होकर फिर गृहस्थ बना हुआ (स ४८५)।

**उप्पह** पुं [उत्पथ] उन्मार्ग, कुमार्ग; 'पंथाउ उप्पहं नेंति' (निचू ३; से ४, २६; हेका २५६)। °**जाइ** वि [°यायिन्] उलटे रास्ते जानेवाला, विपथ-गामी (ठा ४, ३)।

**उप्पा** स्त्री देखो उप्पाय = उत्पाद (ठा १—पत्र १६; ठा ५, ३—पत्र ३४६)।

**उप्पाइ** वि [उत्पादिन्] उत्पन्न होनेवाला (विसे २८१९)।

**उप्पाइत्ता** देखो उप्पाय = उत् + पादय्।

**उप्पाइत्तु** वि [उत्पादयितृ] उत्पादक, उत्पन्न करनेवाला (ठा ७)।

**उप्पाइय** न [औत्पातिक] भूकंप आदि उत्पातों का सूचक शास्त्र (सूअ १, १२, ६)।

**उप्पाइय** वि [उत्पादित] उत्पन्न किया हुआ, 'उप्पाइयाविच्छिण्णकोउहलत्ते' (राय)।

**उप्पाइय** वि [औत्पातिक] १ अस्वाभाविक, कृत्रिम; 'उप्पाइयपव्वयं व चंकमंतं'। २ आकस्मिक, अकस्मात् होनेवाला; 'उप्पाइया वाही' (राज)। ३ न. अनिष्ट-सूचक आकस्मिक उपद्रव, उत्पात; 'भो भो नावियपुरिसा सकन्नधारा समुज्जया होह। दीसइ कयंतवयणं व भीममुप्पाइयं जेण' (सुर १३, १८६)।

**उप्पाएउं** }
**उप्पाएंत** } देखो उप्पाय = उत् + पादय्।
**उप्पाएत्तए** }

**उप्पाड** सक [उत् + पाटय्] १ ऊपर उठाना। २ उखाड़ना, उन्मूलन करना। उप्पाडेइ (पण्ह १,१; स ६५; काल)। कृ. उप्पाडणिज्ज (सुपा २४६)। संकृ. उप्पाडिय (नाट)।

**उप्पाड** सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना। संकृ. उप्पाडिऊण (विसे ३३२ टी)।

**उप्पाड** पुं [उत्पाट] उन्मूलन, उत्खनन; 'नयणोप्पाडो' (उप १४६ टी; ६८६ टी)।

**उप्पाडण** न [उत्पाटन] १ उत्थापन, ऊपर उठाना। २ उन्मूलन, उत्खनन (स २६६; राज)।

**उप्पाडिय** वि [उत्पाटित] १ ऊपर उठाया हुआ (पाअ; प्रासू)। २ उन्मूलित (आक)।

**उप्पाडिय** वि [उत्पादित] उत्पन्न किया हुआ; 'उप्पाडियणाणाणं खंदगसीसाण तेसिं नमो' (भाव १३)।

**उप्पादअ** वि [उत्पादक] उत्पन्न कर्त्ता (प्रयौ १७)।

**उप्पादीअमाण** देखो उप्पाय = उत् + पादय्।

**उप्पाय** सक [उत् + पादय्] उत्पन्न करना, बनाना। उप्पाएहि (काल)। वकृ. **उप्पाएंत, उप्पायंत** (सुर २, २२; ६, १३)। संकृ. **उप्पाएत्ता** (भग)। हेकृ. **उप्पाइत्ता, उप्पाएउं; उप्पाएत्तए** (राज, पि ४६५; णाया १, ४)। कवकृ. **उप्पादीअमाण** (शौ) (नाट)।

**उप्पाय** पुंन [उत्पात] १ उत्पतन, ऊर्ध्व-गमन; 'नं गयणं गंतुमणा सिक्खंति नहंगणुप्पायं' (सुपा १८०)। २ आकस्मिक उपद्रव; 'पवहणं च पासइ समुद्दमज्झे उप्पाएण छम्मासे भमंतं ताहे अणेण तं उप्पायं उवसामियं' (महा)। ३ आकस्मिक उपद्रव का प्रतिपादक शास्त्र, निमित्त-शास्त्र-विशेष (ठा ६; सम ४७; पण्ह १,४)। °निवाय पुं [°निपात] चढ़ना और उतरना (स ४११)।

**उप्पाय** पुं [उत्पाद] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव (सुपा ६; कुमा)। °पव्वय पुं [°पर्वत] एक प्रकार के पर्वत, जहां आकर कई व्यन्तर-जातीय देव-देवियां क्रीड़ा के लिए विचित्र प्रकार के शरीर बनाते हैं (सम ३३; जीव ३)। °पुव्व न [°पूर्व] प्रथमपूर्व, ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें जैन अङ्ग-ग्रन्थ का एक भाग (सम २६)।

**उप्पायग** वि [उत्पादक] १ उत्पन्न करनेवाला। २ पुं. त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, कीट-विशेष (वव ८)।

**उप्पायण** न [उत्पादन] १ उत्पादन, उपार्जन (ठा ३,४)। २ वि. उत्पादक, उपार्जक (पउम ३०, ४०)।

**उप्पायणया, उप्पायणा** स्त्री [उत्पादना] १ उपार्जन, उत्पन्न करना। जैन साधु की भिक्षा का एक दोष (ओघ ७४६; ठा ३, ४; पिण्ड १)।

**उप्पायय** वि [उत्पादक] उत्पन्न-कर्ता (सुख २, २५)।

**उप्पाल** सक [कथ्] कहना, बोलना। उप्पालइ (हे ४, २)। उप्पालसु (कुमा)।

**उप्पाव** सक [उत् + प्लावय्] १ लँघाना, तैराना। २ कुदाना, उड़ाना। उप्पावेइ (हे २, १०६)। कवकृ. **उप्पियमाण** (उवा)।

**उप्पास** सक [उत्प्र + अस्] हँसी करना। उप्पासिति (सुख १, १६)।

**उप्पाहल** न [दे] उत्कंठा, उत्सुकता (पाअ)।

**उप्पि** सक [अर्पय्] देना। उप्पिउ (कप्प)।

**उप्पिं** अ [उपरि] ऊपर; 'कहि णं भंते! जोइसिआ देवा परिवसंति? गोयमा! उप्पि दीवसमुद्दाणं इमीसे रयणप्पभाए पुढवीए' (जीव ३; णाया १, ६; ठा ३, ४; औप)।

**उप्पिंगलिआ** स्त्री [दे] हाथ का मध्य भाग, करोत्संग (दे १, ११८)।

**उप्पिंजल** न [दे] १ सुरत, संभोग। २ रज, धूली। ३ अपकीर्त्ति, अपयश (दे १, १३५)।

**उप्पिंजल** वि [उत्पिञ्जल] अति-आकुल, व्याकुल (कप्प)।

**उप्पिंजल** अक [उत्पिञ्जलय्] आकुल की तरह आचरण करना। वकृ. **उप्पिंजलमाण** (कप्प)।

**उप्पिच्छ** [दे] देखो उप्पित्थ; 'आहित्थं उप्पिच्छं च आउलं रोसभरियं च', 'भीयं दुयमुप्पिच्छमुत्तालं च कमसो मुणेयव्वं' (जीव ३); 'हत्थी अह तस्स सवडहुत्तो पहाविओ आयरुप्पिच्छो', 'रक्खससेन्नंपि आयरुप्पिच्छं (पउम ८, १७५; १२, ८७); 'उप्पिच्छमंथरगईहिं' (भत्त ११६)।

**उप्पिण** देखो उप्पण। वकृ. उप्पिणित (सुपा ११)।

**उप्पित्थ** वि [दे] १ त्रस्त, भीत (दे १, १२६; से १०, ६१; स ५७४; पुप्फ ४४३; गउड); 'किं कायव्वविमूढा सरणविहूणा भयुप्पित्था' (सुर १२, १६०)। २ कुपित, क्रुद्ध। ३ विधुर, आकुल (दे १, १२६; पाअ)।

**उप्पित्थ** वि [दे] श्वास-युक्त (गीत) (राय ७७ टी)।

**उप्पिय** सक [उत् + पा] १ आस्वादन करना। २ फिर-फिर श्वास लेना। वकृ. **उप्पियंत** (पण्ह १, ३—पत्र ५५; राज)।

**उप्पिय** वि [अर्पित] अर्पण किया हुआ (हे १, २६९)।

**उप्पियण** न [उत्पान] फिर-फिर श्वास लेना (राज)।

**उप्पियमाण** देखो उप्पाव।

**उप्पिलण** न [उत्प्लावन] लांघना (पिंड ४२२)।

**उप्पिलाव** देखो उप्पाव। उप्पिलावेइ। वकृ. **उप्पिलावंत**; 'जे भिक्खू सएणं नावं उप्पिलावेइ, उप्पिलावंतं वा साइज्जइ' (निचू १८)।

**उप्पीड** पुं [दे. उत्पीड] समूह, राशि (से ४, ३७; ८, ३)।

**उप्पीडण** न [उत्पीडन] १ कस कर बाँधना। २ दबाना (से ८, ६७)।

**उप्पील** सक [उत् + पीडय्] १ कस कर बाँधना। २ उठवाना; 'सयणं वा णावं उप्पीलावेज्जा (आचा २, ३, १, ११)। उप्पीलवेज्जा (पि २४०)।

**उप्पील** पुं [दे] १ संघात, समूह (दे १, १२६; सुपा ६१; सुर ३, ११६; वज्जा ६०; पुप्फ ७३; धम्म १२ टी); 'हुयासणो दहे सव्वं जालुप्पीलो विणासए' (महा)। २ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १, १२६)।

**उप्पीलण** न [उत्पीडन] पीड़ा, उपद्रव (स २७२)।

**उप्पीलिय** वि [उत्पीडित] कस कर बांधा हुआ, 'उप्पीलियचिंधपट्टगहियाउहपहरणा' (पण्ह १, ३; विपा १, २)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उप्पुअ** वि [उत्प्लुत] उच्छलित, कूदा हुआ (से ६, ४८; पराह १, ३)।

**उप्पुंसिअ** देखो **उप्पुसिअ** (से ६, ८५)।

**उप्पुणिअ** वि [उत्पूत] सूप से साफ-सुथरा किया हुआ (पाअ)।

**उप्पुण्ण** वि [उत्पूर्ण] पूर्ण, व्याप्त (स २५)।

**उप्पुलइअ** वि [उत्पुलकित] रोमाञ्चित (स २८१)।

**उप्पुसिअ** वि [उत्प्रोञ्छित] लुप्त, प्रोञ्छित (से ६, ८५ गउड)।

**उप्पूर** पुं [उत्पूर] १ प्राचुर्य (पराह १, ३)। २ प्रकृष्ट-प्रवाह (औप)।

**उप्पेक्ख** (अप) देखो **उविक्ख**। उप्पेक्ख (पिंग)।

**उप्पेक्ख** सक [उत्प्र + ईक्ष्] संभावना करना, कल्पना करना। उप्पेक्खामि (स १४७)। उप्पेक्खेमि (स ३४६)।

**उप्पेक्खा** स्त्री [उत्प्रेक्षा] १ अलंकार-विशेष २ वितर्कणा, संभावना (गा ३३६)।

**उप्पेक्खिअ** वि [उत्प्रेक्षित] संभावित, विकल्पित (दे १, १०६)।

**उप्पेय** न [दे] अभ्यंग, तैलादि की मालिश; 'पुव्वं च मंगलट्ठा उप्पेयं जइ करेइ गिहियाणं' (वव ६)।

**उप्पेल** सक [उद् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना। उप्पेलइ (हे ४, ३६)।

**उप्पेलिअ** वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ, उन्नत किया हुआ (कुमा)।

**उप्पेल्ल** पुं [उन्नमन] ऊँचा करना (पउम ८, २७२)।

**उप्पेस** पुं [उत्पेष] त्रास, भय, डर (से १०, ६१)।

**उप्पेहड** वि [दे] उद्भट, आडम्बरवाला (दे १, ११६; पाअ; स ४४६)।

**उप्फ** देखो **पुप्फ** (गा ६३६)।

**उप्फण** सक [उत् + फण्] छाँटना, पवन में धान्य आदि का छिलका दूर करना। उप्फणंति, भूका. उप्फणिंसु, भवि. उप्फणिस्संति (आचा २, १, ६, ४)।

**उप्फंदोल** वि [दे] चल, अस्थिर (दे १, १०२)।

**उप्फाल** पुं [दे] खल, दुर्जन (दे १, ९०; पाअ)।

**उप्फाल** सक [उत् + पाटय्] १ उठाना। २ उखाड़ना। उप्फालेइ (हे २, १७४)।

**उप्फाल** सक [कथ्] कहना, बोलना। उप्फालेइ (हे २, १७४)।

**उप्फाल** वि [कथक] कहनेवाला, सूचक (स ६४४)।

**उप्फालिअ** वि [कथित] १ कथित। २ सूचित (पाअ; उप ७२८ टी; स ४७८)।

**उप्फिड** अक [उत् + स्फिट्] कुण्ठित होना, असमर्थ होना। उप्फिडइ, उप्फेडइ; 'एमाइविगप्पणेहिं वाहिज्जमाणो उप्फि-(प्फे)-डइ परसू' (महा)।

**उप्फिड** अक [उत् + स्फिट्] मंडूक की तरह कूदना, उड़ना। उप्फिडइ (उत्त २७, ५)। वकृ. **उप्फिडंत** (पव २)।

**उप्फिडण** न [उत्स्फेटन] कुण्ठित होना (स ६९८)।

**उप्फिडिय** वि [उत्स्फटित] १ कुण्ठित। २ बाहर निकला हुआ; 'कत्थइ नक्कुक्कत्तियसिप्पिपुडुप्फिडियमोत्तिया...नो' (सुर १३, २१३)।

**उप्फुंकिआ** स्त्री [दे] धोबिन, कपड़ा धोनेवाली (दे १, ११४)।

**उप्फुंडिअ** वि [दे] आस्तृत, बिछाया हुआ (दे १, ११३)।

**उप्फुण्ण** वि [दे] आपूर्ण, भरा हुआ, व्याप्त (दे १, ९२; सुर १, २३३; ३, २१५)।

**उप्फुन्न** वि [दे] स्पृष्ट, छुआ हुआ (पव १५८ टी)।

**उप्फुल्ल** वि [उत्फुल्ल] विकसित (पाअ; से ६, ६६)।

**उप्फुल्लिआ** स्त्री [उत्फुल्लिका] क्रीड़ा-विशेष, पाँव पर बैठ कर बारंबार ऊँचा-नीचा होना;

'उप्फुल्लिआइ खेल्लउ,
मा णं वारेहि होउ परिऊढा।
मा जहणभारगरुई,
पुरिसाअंतो किलिम्मिहिइ'
(गा १९६)।

**उप्फुस** सक [उत् + स्पृश्] सिंचना, छिड़कना। संकृ. **उप्फुसिऊण** (राज)।

**उप्फेणउप्फेणिय** क्रिवि [दे] क्रोध-युक्त प्रबल वचन से; 'उप्फेणउप्फेणियं सीहरायं एवं वयासी' (विपा १, ९—पत्र ९०)।

**उप्फेस** पुं [दे] १ त्रास, भय (दे १, ९४)। २ मुकुट, पगड़ी, शिरोवेष्टन; 'पंच रायककुहा पण्णत्ता, तं जहा—खग्गं छत्तं उप्फेसं उवाहणाउ बालवियणी' (ठा ५, १—पत्र ३०३; औप; आचा २, ३, २, २)।

**उप्फेसण** न [दे] डराना, भयोत्पादन (सुख ३, १)।

**उप्फोअ** पुं [दे] उद्गम, उदय (दे १, ९१)।

**उबुस** सक [मृज्] मार्जन करना, शुद्धि करना, साफ करना। उबुसइ (षड्)।

**उब्बंध** सक [उद् + बन्ध्] १ फाँसी लगाना, फाँसी लगा कर मरना। २ वेष्टन करना। वकृ. 'जलनिहितडम्मि दिट्ठा उब्बंधंती इहप्पाणं' (सुपा १६०)। संकृ. **उब्बंधिअ, उब्बंधिऊण** (नाट; पि २७०; स ३४६)।

**उब्बंधण** न [उद्बन्धन] फाँसी लगाना, उल्लम्बन (... [illegible], ५)।

**उब्बण** वि [उल्बण] उत्कट (पि २६६)।

**उब्बद्ध** वि [उद्बद्ध] १ जिसने फाँसी लगाई हो वह, फाँसी लगा कर मरा हुआ। २ वेष्टित; 'भुअंगसंघायउब्बद्धो' (सुर ८, ५७)। ३ शिक्षक के साथ शर्तों से बँधा हुआ, शिक्षक के आयत्त (ठा ३);

'सिप्पाई सिक्खंतो,
सिक्खावेंतस्स देइ जा सिक्खा।
गहियम्मिवि सिक्खम्मि,
जं चिरकालं तु उब्बद्धो' (बृह)।

**उब्बिब्ब** वि [दे] १ खिन्न, उद्विग्न। २ शून्य ३ क्रान्त। ४ प्रकट वेष वाला। ५ भीत, डरा हुआ। ६ उद्भट (दे १, १२७; वज्जा ६२)।

**उब्बिंबल** वि [दे] कलुष जलवाला (दे १११ टी)।

**उब्बिंबल** न [दे] कलुष जल, मैला पानी (दे १, १११)।

**उब्बिब्बिर** वि [दे] खिन्न, उद्विग्न (कप्पू)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उब्बुक्क** सक [ उद् + बुक्क् ] बोलना, कहना। उब्बुक्कइ (हे ४, २)।

**उब्बुक्क** न [दे] १ प्रलपित, प्रलाप। २ संकट। ३ बलात्कार (दे १, १२८)।

**उब्बुड** अक [ उद् + ब्रुड् ] तैरना।

**उब्बुड** } पुं [उद्ब्रुड] तैरना। °निबुड,
**उब्बुड्ड** } °निब्बुड्डुण न [निब्रुड,°ण] उमचुभ करना (पराह १,३; उप १२८ टी)।

**उब्बुड्ड** वि [उद्ब्रुडित] उन्मग्न, तीर्ण (गा ३७; स ३६०)।

**उब्बुड्डुण** न [उद्ब्रुडन] उन्मज्जन (कप्पू)।

**उब्बुह** अक [ उत् + क्षुभ् ] संक्षुब्ध होना। उब्बुहइ (प्राकृ ७५)।

**उब्बूर** वि [दे] १ अधिक, ज्यादा। २ पुं. संघात, समूह। ३ स्थपुट, विषमोन्नत प्रदेश (दे १, १२६)।

**उब्भ** सक [ ऊर्ध्वय् ] ऊँचा करना, खड़ा करना। उब्भेउ ( वज्जा ६४ ), उब्भेह (महा)।

**उब्भ** देखो **उड्ढ** (हे २, ५६; सुर २, ६; षड्)।

**उब्भंड** पुं [उद्भाण्ड] १ उत्कट भाँड़, बहुरूपा, निर्लज्ज हुंडा, उग्र विदूषक;
'खरउत्ति कहं जाणसि
देहागारा कहिंति से हंदि।
छिक्कोवण उब्भंडो
णीयासि दारुणसहावो।' (ठा ६ टी)।
२ न. गाली, कुत्सित-वचन; 'उब्भंडवयण—' (भवि)।

**उब्भंत** वि [दे] ग्लान, बीमार (दे १, ६५; महा)।

**उब्भंत** वि [उद्भ्रान्त] १ आकुल, व्याकुल, खिन्न (दे १, १४३);
'अवलंबह मा संकह ण इमा गहलंघिआ परिब्भमइ। अत्थक्कगज्जिउब्भंतहित्थहिअआ पहिअजाआ' (गा ३८६); 'भवभमणुब्भंतमाणसा अम्हे' ( सुर १५, १२३)। २ मूर्च्छित (से १,८)। ३ भ्रान्तियुक्त, भौचक्का, चकित (हे २, १६४)।

**उब्भंत** पुं [उद्भ्रान्त] प्रथम नरक-पृथिवी का चौथा नरकेन्द्रक—एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ३)।

**उब्भग्ग** वि [दे] गुण्ठित, व्याप्त; 'तिमिरोब्भग्गणिसाए' (दे १, ६५; नाट)।

**उब्भज्जि** स्त्री [दे] कोद्रव-समूह (राज)।

**उब्भड** वि [उद्भट] १ प्रबल, प्रचण्ड; 'उब्भडपवणपकंपिरजयप्पडागाइं अइपयडं' (सुपा ४६); 'उब्भडकल्लोलभीसणारावे' (णमि ४)। २ भयंकर, विकराल (भग ७, ६)। ३ उद्धत, आडंबरी (पाअ);
'अइरोसो अइतोसो अइहासो
दुज्जणेहिं संवासो।
अइउब्भडो य वेसो पंचवि
गरुयंपि लहुअंति।' (धम्म)।

**उब्भम** पुं [उद्भ्रम] १ उद्वेग २ परिभ्रमण (नाट)।

**उब्भव** अक [ उद् + भू ] उत्पन्न होना। उब्भवइ (पि ४७५; नाट)। वकृ. **उब्भवंत** (सुपा ५७१; ६५६)।

**उब्भव** अक [ ऊर्ध्वय् ] ऊँचा करना, खड़ा करना।

**उब्भव** पुं [उद्भव] उत्पत्ति, प्रादुर्भाव (विसे; णाया १, २)।

**उब्भविय** वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ (उप पृ १३०; वज्जा १४)।

**उब्भाअ** वि [दे] शान्त, ठंढा; (दे १, ६६)।

**उब्भाम** सक [ उद् + भ्रामय् ] घुमाना। उब्भामेइ (राय १२६)।

**उब्भाम** पुं [उद्भ्राम] १ परिभ्रमण (ठा ४)। २ वि. परिभ्रमण करनेवाला (वव १)।

**उब्भामइल्ला** स्त्री [उद्भ्रामिणी] स्वैरिणी, कुलटा स्त्री (वव ४; बृह ६)।

**उब्भामय** पुं [उद्भ्रामक] जार, उपपति (पिंड ४२०)।

**उब्भामग** पुं [उद्भ्रामक] १ पारदारिक, परस्त्री-लम्पट (ओघ ६० भा)। २ वायु-विशेष, जो तृण वगैरह को ऊपर ले उड़ता है (जी ७)। ३ वि. परिभ्रमण करनेवाला (वव १)।

**उब्भामिगा** } स्त्री [उद्भ्रामिका] कुलटा
**उब्भामिया** } स्त्री, स्वैरिणी (वव ६; उप पृ २६४)।

**उब्भालण** न [दे] १ सूप आदि से साफ-सुथरा करना, उत्पवन। २ वि. अपूर्व, अद्वितीय (दे, १, १०३)।

**उब्भालिअ** वि [दे] सूप आदि से साफ किया हुआ, उत्पूत; 'उब्भालिअं उप्पुणिअं' (पाअ)।

**उब्भाव** अक [ रम् ] क्रीड़ा करना, खेलना। उब्भावइ (हे ४,१६८; षड्)। वकृ. **उब्भावंत** (कुमा)।

**उब्भावणया** } स्त्री [उद्भावना] १ प्रभा-
**उब्भावणा** } वना, गौरव, उन्नति; 'पवयण-उब्भावणया' (ठा १०—पत्र ५१४)। २ उत्प्रेक्षा, वितर्कणा; 'असब्भावउब्भावणाहिं' (णाया १, १२—पत्र १७४)। ३ प्रकाशन, प्रकटीकरण (णंदि)।

**उब्भाविअ** न [रमण] सुरत, क्रीड़ा, संभोग (दे १, ११७)।

**उब्भास** सक [ उद् + भासय् ] प्रकाशित करना। वकृ. **उब्भासंत, उब्भासेंत** (पउम २८, ३६; ३, १५५)।

**उब्भासिय** वि [उद्भासित] प्रकाशित (हेका २८२);
'भवणाओ नीहरंते जिणम्मि
चाउव्विहेहिं देवेहिं।
इंतेहि य जंतेहि य
कहमिव उब्भासियं गयणं॥'
(सुपा ७७)।

**उब्भासुअ** वि [दे] शोभाहीन (दे १, ११०)।

**उब्भासेंत** देखो **उब्भास**

**उब्भि** देखो **उब्भिय** = उद्भिद् (आचा)।

**उब्भिउडि** वि [उद्भ्रुकुटि] भौंह चढ़ाया हुआ (गउड)।

**उब्भिज्जा** स्त्री [ उद्भेद्या ] भाजी, एक तरह का शाक (पिंड ६२४)।

**उब्भिंद** सक [उद् + भिद्] १ ऊँचा करना, खड़ा करना। २ विकसित करना। ३ अंकुरित करना। ४ खोलना। कर्म. उब्भिज्जंति। वकृ. **उब्भिंदमाण** ( आचा २, ७ )। कवकृ. 'भत्तिभरनिब्भरुब्भिज्जमाणघणपुलयपूरियसरीरा' (सुपा ६५६ ६७; भग १६, ६)। संकृ. **उब्भिंदिय, उब्भिंदिउं** (पंचा १३; पि ५७४)।

**उब्भिग** देखो **उब्भिय** = उद्भिद् (पराह १, ४)।

**उब्भिडण** ४ [उद्भेदन] लग कर अलग होना, आघात कर पीछे हटना;
'जेसुं चिय कुंठिज्जइ,
रहसुब्भिडणमुहलो महिहरेसु ।
तेसुं चेय णिसिज्जइ,
पहिरोहंदोलिरो कुलिसो' ॥
(गउड) ।

**उब्भिण्ण** } वि [उद्भिन्न] १ अंकुरित
**उब्भिन्न** } (प्रोप ११३); उब्भिन्ने पाणियं पडियं' (सुर ७, ११४) । २ उद्घाटित, खोला हुआ । ३ न. जैन साधुओं के लिए भिक्षा का एक दोष, मिट्टी वगैरह से लिप्त पात्र को खोलकर उसमें से दी जाती भिक्षा; 'छगणाइ-णोवउत्तं उब्भिंदिय जं तमुब्भिण्णं' (पंचा १३; ठा ३, ४) । ४ वि. ऊँचा हुआ, खड़ा हुआ; 'हरिसवसुब्भिन्नरोमंचा' (महा) ।

**उब्भिय** वि [उद्भिद्] पृथ्वी को फाड़कर उगनेवाली वनस्पति (पण्ह १, ४) ।

**उब्भिय** वि [ऊर्ध्वित] ऊँचा किया हुआ, खड़ा किया हुआ (सुपा ८६; महा; वज्जा ८८) ।

**उब्भिय** न [उद्भिद्] १ लवण-विशेष, समुद्र के किनारे पर क्षार जलके संसर्ग से होने-वाला नोन (आचा २, १, ६, ५) । २ पुंन. खंजरीट, शलभ आदि प्राणी (संबोध २०; धर्मसं ७२; सूत्र १, ६, ८) ।

**उब्भीकय** वि [ऊर्ध्वीकृत] ऊँचा किया हुआ, 'उब्भीकयबाहुजुओ' (उप ५६७ टी) ।

**उब्भुअ** अक [उद् + भू] उत्पन्न होना । उब्भुअइ (हे ४, ६०) ।

**उब्भुआण** वि [दे] १ उबलता हुआ, अग्नि से तप्त जो दूध वगैरह उछलता है वह (दे १, १०५; ७, ८१) ।

**उब्भुग्ग** वि [दे] चल, अस्थिर (दे १, १०२) ।

**उब्भुत्त** सक [उत् + क्षिप्] ऊंचा फेंकना । उब्भुत्तइ (हे ४, १४४) ।

**उब्भुत्तिअ** वि [उत्क्षिप्त] ऊँचा फेंका हुआ (कुमा) ।

**उब्भुत्तिअ** वि [दे] उद्दीपित, प्रदीपित (पाअ) ।

**उब्भूअ** वि [उद्भूत] १ उत्पन्न (सुर ३, २३६) । २ आगन्तुक कारण (विसे १४७६) ।

**उब्भूइआ** स्त्री [औद्भूतिकी] श्रीकृष्ण वासु-देव की एक भेरी जो किसी आगन्तुक प्रयो-जन के उपस्थित होने पर बजाई जाती थी (विसे १४७६) ।

**उब्भेअ** पुं [उद्भेद] उद्गम, उत्पत्ति; 'उम्हा-अंतगिरियडंसीमाणिव्वडियकंदलुब्भेयं' (गउड); 'अभिणवजोव्वणउब्भेयसुन्दरा सयलमणहरा-रावा' (सुर ११, ११६) ।

**उब्भेइम** वि [उद्भेदिम] स्वयं उत्पन्न होने-वाला, उब्भेइमं पुण सयंरुहं जहा सामुद्दं लोणं' (निचू ११) ।

**उभ** पुं [उभ] उभय, दोनों (पंच ६, ५८) ।

**उभओ** अ [उभयतस्] द्विधा, दोनों तरह से, दोनों ओर से (उव; औप) ।

**उभज्जायण** देखो **ओमज्जायण** (सुज्ज १०, १६) ।

**उभय** वि [उभय] युगल, दो, दोनों (ठा ४, ४) । °त्थ अ [°त्र] दोनों जगह (सुपा ६४८) । °लोग पुं [°लोक] यह और पर जन्म (पंचा ११) । °हा अ [°था] दोनों तरफ से, द्विधा (सम्म ३८) ।

**उमच्छ** सक [वञ्च्] ठगना, धूर्तता । उमच्छइ (हे ४, ६३) । वकृ. **उमच्छंत** (कुमा) ।

**उमच्छ** सक [अभ्या + गम्] सामने आना । उमच्छइ (षड्) ।

**उमा** स्त्री [उमा] गौरी, पार्वती (पाअ) । २ द्वितीय वासुदेव की माता (सम १५२) । ३ देव-गणिका-विशेष (आचू) । ४ स्त्री-विशेष (कुमा) । °साइ [°स्वाति] स्वनाम धन्य एक प्राचीन जैनाचार्य और विख्यात ग्रन्थकार (सार्ध ५०) ।

**उमाण** न [दे] प्रवेश (आचा २, १, ६) ।

°**उमार** देखो **कुमार** (अच्चु २६) ।

**उमीस** वि [उन्मिश्र] मिश्रित, 'पलिलसिर-पलिमपीवलकरणघुसणमीसएहवणजलं' (कुमा) ।

**उमुय** सक [उद् + मुच्] छोड़ना । वकृ. **उमुयंत** (उत्त ३०, २३) ।

**उम्मइअ** वि [दे] १ मूढ, मूर्ख (दे १, १०२) । २ उन्मत्त (गा ४६८; वज्जा ४२) ।

**उम्मऊह** वि [उन्मयूख] प्रभाशाली (गउड) ।

**उम्मंड** पुं [दे] १ हठ । वि. उद्वृत्त (दे १, १२४) ।

**उम्मंथिय** वि [दे] दग्ध, जला हुआ (वज्जा ६२) ।

**उम्मग्ग** वि [उन्मग्न] १ पानी के ऊपर आया हुआ, तीर्ण (राज) । २ न. उन्मज्जन, तैरना, जल के ऊपर आना (आचा) । °जला स्त्री [°जला] नदी-विशेष, जिसमें पत्थर वगैरह भी तैर सकते हैं (जं ३) ।

**उम्मग्ग** पुं [उन्मार्ग] १ कुपथ, उलटा रास्ता, विपरीत मार्ग (सुर १, २४३; सुपा ६५) । २ छिद्र, रन्ध्र (आचा) ३ अकार्य करना (आचा) ।

**उम्मग्गणा** स्त्री [उन्मार्गणा] छिद्र, विवर (आचा) ।

**उम्मच्छ** न [दे] १ क्रोध, गुस्सा (दे १, १२५; से ११, १६; २०) । २ वि. असंबद्ध; ३ प्रकारान्तर से कथित (दे १, १२५) ।

**उम्मच्छर** वि [उन्मत्सर] १ ईर्ष्यालु, द्वेषी (से ११, १४) । २ उद्भट (गा १२७;६७५) ।

**उम्मच्छविअ** वि [दे] उद्भट (दे १, ११६) ।

**उम्मच्छिअ** वि [दे] १ रुषित, रुष्ट; २ आकुल, व्याकुल (दे १, १३७) ।

**उम्मज्ज** न [उन्मज्जन] तरण, तैरना । °णिमज्जिया स्त्री [°निमज्जिका] उभचुभ करना; पानी में ऊँचा-नीचा होना (ठा ३, ४) ।

**उम्मज्जग** वि [उन्मज्जक] १ उन्मज्जन करने-वाला, गोता लगाने वाला । २ उन्मज्जन से ही स्नान करनेवाले तापसों की एक जाति (औौर; भग ११, ६) ।

**उम्मड्डा** स्त्री [दे] १ बलात्कार, जबरदस्ती (दे १, ६७) । २ निषेध, अस्वीकार (उप ७२८ टी) ।

**उम्मण** वि [उन्मनस्] उत्कण्ठित, उत्सुक (उप पृ ५८) ।

**उम्मत्त** पुं [दे] १ धतूरा, वृक्ष-विशेष । २ एरण्ड, वृक्ष-विशेष (दे १, ८६) ।

**उम्मत्त** वि [उन्मत्त] १ उद्धत, उन्माद-युक्त (बृह १) । २ पागल, भूताविष्ट (पिंड ३८०) । °जला स्त्री [°जला] नदी-विशेष (ठा २, ३) ।

**उम्मत्तय** न [दे] धतूरे का फल; "उम्मत्तय-

रसरसिओ पिच्छइ नम्मं विणा कएणं" (मोह २२)।

**उम्मत्थ** सक [अभ्या + गम्] सामने आना। उम्मत्थइ (हे ४, १६५; कुमा)।

**उम्मत्थ** वि [दे] अधो-मुख, विपरीत (दे १, ६३)।

**उम्मर** पुं [दे] देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी (दे १, ६५)।

**उम्मरिअ** वि [दे] उत्खात, उन्मूलित (दे १, १००; षड्)।

**उम्मल** वि [दे] स्त्यान, कठिन, घट्ट (दे १, ६१)।

**उम्मलण** न [उन्मर्दन] मसलना (पाअ)।

**उम्मल्ल** पुं [दे] १ राजा, नृप। २ मेघ, बारिश। ३ बलात्कार। ४ वि. पीवर, पुष्ट (दे १, १३१)।

**उम्मल्ला** स्त्री [दे] तृष्णा (दे १, ९४)।

**उम्महण** वि [उन्मथन] नाशक, विनाशकारी (सुर ३, २३१)।

**उम्माइअ** वि [उन्मादित] उन्मत्त किया हुआ (पउम २४, १९)।

**उम्माडिय** न [दे] उल्मुक, जलता काष्ठ, गुजराती में 'उबाडु' (सिरि ९८०)।

**उम्माण** न [उन्मान] १ माप, माशा आदि तुला-मान (ठा २, ४)। २ जो तौला जाता है वह (ठा १०)।

**उम्माद** देखो उम्माय (भग १४, २)।

**उम्मादइत्तअ** (शौ) वि [उन्मादयितृ] उन्माद करानेवाला (अभि ४२)।

**उम्माय** अक [उद् + मद्] उन्माद करना, उन्मत्त होना। वकृ. उम्मायंत (उप ९८६ टी)।

**उम्माय** पुं [उन्माद] १ चित्त-विभ्रम, पागलपन (ठा ६; महा)। २ कामाधीनता, विषय में अत्यन्तासक्ति (उत्त १६)। ३ आलिङ्गन (विसे)।

**उम्माल** देखो ओमाल (पाअ)।

**उम्मालिय** व [उन्मालित] सुशोभित (भवि)।

**उम्माह** पुं [उन्माथ] विनाश, 'निसेविज्जंतावि (कामभोगा) करेंति अहियगुम्माहयं' (महा)।

**उम्माहय** वि [उन्माथक] विनाशक; 'अहो उम्माहयत्तं विसयाणं' (महा; भवि)।

**उम्माहि** वि [उन्माथिन्] विनाशक (महा; टि)।

**उम्माहिय** वि [उन्माथित] विनाशित (भवि)।

**उम्मि** पुंस्त्री [ऊर्मि] १ कल्लोल, तरंग (कुमा; दे ३, ६)। २ भीड़, जन-समुदाय (भग २, १)। °**मालिणी** स्त्री [°मालिनी] नदी-विशेष (ठा २, ३)।

**उम्मिंठ** वि [दे] हस्तिपक-रहित, महावत-रहित, निरंकुश; 'उम्मिंठकरिवरो इव उम्मूलइनयसमूहं सो' (सुपा ३४८; २०३)।

**उम्मिण** सक [उद् + मी] तौलना, नाप करना। कर्म. उम्मिणिज्जइ (अणु १५३)।

**उम्मिय** वि [उन्मित] प्रमित, 'कोडाकोडिजुगुम्मियावि विहिणो हाहा अचिंत्ता गदी' (रंभा)।

**उम्मिलिर** वि [उन्मीलितृ] विकासी, 'तत्थ य उम्मिलिरपढमपल्लवारुणियसयलसाहस्स' (सुपा ८६)।

**उम्मिल्ल** अक [उद् + मील्] १ विकसित होना। २ खुलना। ३ प्रकाशित होना। उम्मिल्लइ (गउड)। वकृ. **उम्मिल्लंत** (से १०, ३१)।

**उम्मिल्ल** वि [उन्मील] १ विकसित (पाअ; से १०, ५०; स ७६)। २ प्रकाशमान (से ११, ६४; गउड)।

**उम्मिल्लण** न [उन्मीलन] विकास, उल्लास (गउड)।

**उम्मिल्लिय** वि [उन्मीलित] १ विकसित, उल्लसित। २ उद्घाटित, खुला हुआ; 'तओ उम्मिल्लियाणि तस्स नयणाणि' (आवम; स २८०)। ३ प्रकाशित। ४ बहिष्कृत; 'पंजरुम्मिल्लियमणिकणगथूभियागे' (जीव ४)। ५ न. विकास (अणु)।

**उम्मिस** अक [उद् + मिष्] खुलना, विकसना। वकृ. **उम्मिसंत** (विक्र ३४)।

**उम्मिसिय** वि [उन्मिषित] १ विकसित, प्रफुल्ल (भग १४, १)। २ न. विकास, उन्मेष (जीव ३)।

**उम्मिस्स** देखो उम्मीस (पव ६७)।

**उम्मीलण** देखो उम्मिल्लण (कुमा; गउड)।

**उम्मीलणा** स्त्री [उन्मीलना] प्रभव, उत्पत्ति (राज)।

**उम्मीलिय** देखो उम्मिल्लिय (राज)।

**उम्मीस** वि [उन्मिश्र] मिश्रित, युक्त (सुपा ७८; प्रासू ३२)।

**उम्मुअ** देखो उमुय। वकृ. 'जलम्मि पीऊसमिबुम्मुअंतं चक्खु पसराणं सइ निक्खिवेज्जा' (उप पृ २०)।

**उम्मुअ** न [उल्मुक] अलात, लूका (पाअ)।

**उम्मुंच** सक [उद् + मुच्] परित्याग करना। वकृ **उम्मुंचंत** (विसे २७५०)।

**उम्मुक्क** वि [उन्मुक्त] १ विमुक्त, रहित; 'ते वीरा बंधणुम्मुक्का नावकंखंति जीवियं' (सूअ १, ९)। २ उत्क्षिप्त (औप)। ३ परित्यक्त (आवम)।

**उम्मुग्ग** वि [उन्मग्न] १ जल के ऊपर तैरा हुआ। २ न. तैरना। °**निमुग्गिया** स्त्री [°निमग्नता] उमचुभ करना; 'से भिक्खू वा० उदगंसि पवमाणे नो उम्मुग्गनिमुग्गियं करेज्जा' (आचा २, ३, २, ३)।

**उम्मुग्गा** } स्त्री. देखो **उम्मग्ग** = उन्मग्न
**उम्मुज्जा** } (पण्ह १, ३; पि १०४; २३४; आचा)।

**उम्मुट्ठ** वि [उन्मृष्ट] स्पृष्ट, छुआ हुआ (पाअ)।

**उम्मुद्दिअ** वि [उन्मुद्रित] १ विकसित, प्रफुल्ल (गउड; कप्पू)। २ उद्घाटित, खोला हुआ; 'उम्मुद्दिओ समुग्गो, तम्मज्झे लहुसमुग्गयं नियइ' (सुपा १४४)।

**उम्मुयण** न [उन्मोचन] परित्याग, छोड़ देना (सुर २, १९०)।

**उम्मुयणा** स्त्री [उन्मोचना] त्याग, उज्झन (आव ५)।

**उम्मुह** वि [दे] दृप्त, अभिमानी (दे १, ९९; षड्)।

**उम्मुह** वि [उन्मुख] १ संमुख (उप पृ १३४)। २ ऊर्ध्व-मुख (से ६, ८२)।

**उम्मूढ** वि [उन्मूढ] विशेष मूढ़, अत्यन्त मुग्ध। °**विसूइया** स्त्री [°विसूचिका] रोग-विशेष, हैजा (सुपा १६)।

**उम्मूल** वि [उन्मूल] उन्मूलन करनेवाला, विनाशक (गा ३९५)।

**उम्मूल** सक [उद् + मूलय्] उखाड़ना, मूल से उखाड़ फेंकना। उम्मूलेइ (महा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वकृ. उम्मूलंत, उम्मूलयंत (से १, ४; स ५६६)। संकृ. उम्मूलिऊण (महा)।

उम्मूलण न [उन्मूलन] उत्पाटन, उत्खनन (पि २७८)।

उम्मूलणा स्त्री [उन्मूलना] ऊपर देखो (पण्ह १, १)।

उम्मूलिअ वि [उन्मूलित] उत्पाटित, मूल से उखाड़ा हुआ (गा ४७५; सुर ३, २४५)।

उम्मेंठ [दे] देखो उम्मिंठ (पउम ७१, २६; स ३३२)।

उम्मेस पुं [उन्मेष] उन्मीलन, विकास (भग १३, ४)।

उम्मोयणी स्त्री [उन्मोचनी] विद्या-विशेष (सुर १३, ८१)।

उम्ह पुंस्त्री [ऊष्मन्] १ संताप, गरमी, उष्णता; 'सरीरउम्हाए जीवइ सयावि' (उप ५६७ टी; णाया १, १; कुमा)। २ भाफ, बाष्प (से २, ३२; हे २, ७४)।

उम्हइअ } वि [ऊष्मायित] संतप्त, गरम
उम्हविय } किया हुआ (से ४, १; पउम २, ६६; गउड)।

उम्हाअ अक [ऊष्माय्] १ गरम होना। २ भाफ निकालना। वकृ. उम्हाअंत, उम्हाअमाण (से ६, १०; पि ५५८)।

उम्हाल वि [ऊष्मवत्] १ गरम, परितप्त। २ बाष्प-युक्त (गउड)।

उम्हाविअ न [दे] सुरत, संभोग (दे १, ११७)।

उयचिय वि [दे] देखो उविअ = परिकर्मित; 'उयचियखोमदुगुल्लपट्टपडिच्छयणे' (णाया १, १—पत्र १३)।

उयट्ट देखो उव्वट्ट = उद् + वृत्। उयट्टेति; भूका. उयट्टिसु (भग)।

उयट्ट देखो उव्वट्ट = उद्वृत्त।

उयत्त अक [अप + वृत्] हटना। उयत्तति (दस ३, १ टी)।

उयर वि [उदार] श्रेष्ठ, उत्तम; 'देवा भवंति विमलोयरकंतिजुत्ता' (पउम १०, ८८)।

उयरिया स्त्री [अपवरिका] छोटा कमरा (सम्मत्त ११६)।

उयविय देखो उविअ = (दे) (राय ६३ टी)।

उयाइय न [उपयाचित] मनौती (सुपा ८; ५७८)।

उयाय वि [उपयात] उपगत (राज)।

उयारण न [अवतारण] निछावर, उतारा, हर्ष-दान, गुजराती में 'उवारणुं' (कुप्र ६५)।

उयाहु देखो उदाहु (सुर १२, ५६; काल; विसे १६१०)।

उय्यकिअ वि [दे] इकट्ठा किया हुआ (षड्)।

उय्यल वि [दे] अध्यासित, आरूढ़ (षड्)।

उर पुंन [उरस्] वक्षःस्थल, छाती (हे १, ३२)। °अ, °ग पुंस्त्री [°ग] सर्प, साँप (काप्र १७१);

'उरगगिरिजलणसागरनह-
तलतरुगणसमो अ जो होइ।
भमरमियधरणिजलरुहरविपव-
णसमो अ सो समणो।' (अणु)।

°तव पुं [°तपस्] तप-विशेष (ठा ४)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, जिसके फेंकने से शत्रु सर्पों से वेष्टित होता है (पउम ७१, ६६); °परिसप्प पुंस्त्री [°परिसर्प] पेट से चलनेवाला प्राणी (सर्पादि) (जो २०)। °सुत्तिया स्त्री [°सूत्रिका] मोतियों का हार (राज)।

उर न [दे] आरम्भ, प्रारम्भ (दे १, ८६)।

उरंउरेण अ [दे] साक्षात् (विपा १, ३)।

उरत्त वि [दे] खण्डित, विदारित (दे १, ६०)।

उरत्थ वि [उरःस्थ] १ छाती में स्थित। २ छाती में पहनने का आभूषण (आचा २, १३, १)।

उरत्थय न [दे] वर्म, बख्तर, कवच (पाअ)।

उरब्भ पुंस्त्री [उरभ्र] मेष, भेड़ (णाया १, १; पण्ह १, १)।

उरब्भिअ वि [औरभ्रिक] भेड़ चरानेवाला (सूअ २, २, २८)।

उरब्भिज्ज } वि [उरभ्रीय] १ मेष-सम्बन्धी।
उरब्भिय } २ उत्तराध्ययन सूत्र का एक अध्ययन; 'तत्तो समुट्ठियमेयं उरब्भिज्जंति अज्झयणं' (उत्तनि; राज)।

उरय पुं [उरज] वनस्पति-विशेष (राज)।

उररि पुं [दे] पशु, बकरा (दे १, ८८)।

उरल देखो उराल (कम्म १; भग; दं २२)।

उरविय वि [दे] १ आरोपित। २ खण्डित, छिन्न (षड्)।

उरसिज पुं [उरसिज] स्तन, थन (धर्मवि ६६)।

उरस्स वि [उरस्य] १ सन्तान, बच्चा (ठा १०)। २ हार्दिक, आभ्यन्तर; 'उरस्सबलसमण्णागय—' (राय)।

उराल वि [उदार] १ प्रबल (राय)। २ प्रधान, मुख्य (सुज्ज १)। ३ सुन्दर, श्रेष्ठ (सूअ १, ६)। ४ अद्भुत (चन्द २०)। ५ विशाल, विस्तीर्ण (ठा ५)। ६ न. शरीर-विशेष, मनुष्य और तिर्यञ्च् (पशु पक्षी) इन दोनों का शरीर (अणु)।

उराल वि [उदार] स्थूल, मोटा (सूअ १, १, ४, ६)।

उराल वि [दे] भयंकर, भीष्म (सुज्ज १)।

उरालिय न [औदारिक] शरीर-विशेष (सण)।

उरिआ स्त्री [उड्डिका] लिपि-विशेष (सम ३५)।

उरित्तिय न [दे. उरसि-त्रिक] तीन सर-वाला हार (औप)।

°उरिस देखो पुरिस (गा २८२)।

उरु वि [उरु] विशाल, विस्तीर्ण (पाअ)।

उरुपुल्ल पुं [दे] १ अपूप, पूआ। २ खिचड़ी (दे १, १३४)।

उरुमल्ल }
उरुमिल्ल } वि [दे] प्रेरित (षड्; दे १, १०८)।
उरुसोल्ल }

उरोरुह पुं [उरोरुह] स्तन, थन (पव ६२)।

उरोरुह न [उरोरुह] १ स्तन, थन। २ जैन साध्वियों का उपकरण-विशेष (ओघ ३१७ भा)।

°उल देखो कुल (से १, २६; गा ११६; सुर ३, ४१; महा)।

उलय } पुंन [उलप] तृण-विशेष (सुपा
उलव } २८१; प्राप्र)।

उलवी स्त्री [उलपी] तृण-विशेष; 'उलवी वीरणं' (पाअ)।

उलिअ वि [दे] असंकुचित नजरवाला, स्फार दृष्टि (दे १, ८८)।

उलित्त न [दे] ऊँचा कुँआ (दे १, ८६)।

°उलीण देखो कुलीण (गा २५६)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**उलुउंडिअ** वि [दे] प्रलुठित, विरेचित (दे १, ११६)।

**उलुओसिअ** वि [दे] रोमाञ्चित, पुलकित (षड्)।

**उलुकसिअ** वि [दे] ऊपर देखो (दे १, ११५)।

**उलुखंड** पुं [दे] उल्मुक, अलात, लूका (दे १, १०७)।

**उलुग** पुं [उलूक] १ उल्लू, पेचक। २ देश-विशेष (पउम ६८, ६६)।

**उलुग** पुं [उलूक] उल्लू, घूक, पेचक (धर्मसं ६७१; १२६५)।

**उलुगी** स्त्री [औलूकी] विद्या-विशेष (विसे २४५४)।

**उलुग्ग** वि [अवरुग्ण] बीमार (महा)।

**उलुग्ग** वि [दे] देखो ओलुग्ग (महा)।

**उलुफुंटिअ** वि [दे] १ विनिपातित, विनाशित। २ प्रशान्त (दे १, १३८)।

**उलुय** देखो उलूअ; 'अह कह दिणमणितेयं, उलुयाणं हरइ अंधत्तं' (सट्ठि १०८; सुर १, २६; पउम ६७, २४)।

**उलुहंत** पुं [दे] काक, कौआ (दे १, १०६)।

**उलुहलिअ** वि [दे] अतृप्त, तृप्तिरहित (दे १, ११७)।

**उलुहुलअ** वि [दे] अवितृप्त, तृप्तिरहित (षड्)।

**उलूअ** पुं [उलूक] १ उल्लू, पेचक (पाअ)। २ वैशेषिक मत का प्रवर्तक कणाद मुनि (सम्म १४६; विसे २५०८)।

**उलूखल** देखो उऊखल (कुमा)।

**उलूलु** पुं [उलूलु] मङ्गल ध्वनि (रंभा)।

**उलूहल** देखो उऊखल (हे १, १७१; महा)।

**उल्ल** वि [आर्द्र] गीला, आर्द्र (कुमा; हे १, ८२)। °**गच्छ** पुं [°गच्छ] जैन मुनियों का गण-विशेष (कप्प)।

**उल्ल** सक [आर्द्रय्] १ गीला करना, आर्द्र करना। २ अक. आर्द्र होना। उल्लेइ (हे १, ८२)। वकृ. **उल्लंत, उल्लिंत** (गउड)। संकृ. **उल्लेत्ता** (महा)।

**उल्ल** न [दे] ऋण, करजा; 'तो मं उल्ले धरिऊण' (सुपा ४८६)।

**उल्लअण** न [उल्लयन] अर्पण, समर्पण (से ११, ५१)।

**उल्लंक** पुं [उल्लङ्क] काष्ठ-मय वारक (निचू १२)।

**उल्लंघ** सक [उत् + लङ्घ्] उल्लंघन करना, अतिक्रमण करना। उल्लंघेज्ज (पि ४५६)। हेकृ. उल्लंघित्तए (भग ८, ३३)।

**उल्लंघ** पुं [उल्लङ्घ] उल्लंघन, अतिक्रमण (संबोध ६)।

**उल्लंघण** न [उल्लङ्घन] १ अतिक्रमण, उत्प्लवन (पराग ३६)। २ वि. अतिक्रमण करनेवाला; 'उल्लंघणे य चंडे य पावसमणे त्ति वुच्चइ' (उत्त ८)।

**उल्लंठ** वि [उल्लण्ठ] उद्धत; 'जंपंति उल्लंठ-वयणाइं' (काल)।

**उल्लंडग** पुं [उल्लण्डक] छोटा मृदंग, वाद्य-विशेष (राज)।

**उल्लंडिअ** वि [दे] बहिष्कृत, बाहर निकाला हुआ (पाअ)।

**उल्लंबण** न [उल्लम्बन] उद्बन्धन, फाँसी लगा कर लटकना (सम १२५)।

**उल्लक्क** वि [दे] १ भग्न, टूटा हुआ। २ स्तब्ध; 'उल्लक्कं सिराजालं' (स २६४)।

**उल्लट्ट** देखो उव्वट्ट = उद्-वृत्। उल्लट्टइ (प्राकृ ७२)।

**उल्लट्ट** वि [दे] उल्लुण्ठित, खाली किया हुआ (दे ७, ८१)।

**उल्लट्टिय** देखो उल्लट्ट—(दे); 'सो पुण नरो पविट्ठो भट्ठो सत्थाउ तं महाअडविं। उल्लट्टिय-कूवोदगमिव कंठगएहिं पाणेहिं' (धर्मवि १२४)।

**उल्लण** वि [उल्बण] उत्कट (पंचा २)।

**उल्लण** न [आर्द्रीकरण] गीला करना (उवा ओघ ३६; से २, ८)।

**उल्लण** न [दे] खाद्य वस्तु-विशेष, ओसामन (पिंड ६२४)।

**उल्लणिया** स्त्री [आर्द्रयणिका] जल पोंछने का गमछा, टोपिया (उवा)।

**उल्लद्दिय** वि [दे] भाराक्रान्त, जिसपर बोझा लादा गया हो वह; 'अह तम्मि सत्थलोए उल्लद्दियसयलवसहनियरम्मि' (सुर २, २)।

**उल्लरय** न [दे] कौड़ियों का आभूषण (दे १, ११०)।

**उल्लल** अक [उत् + लल्] १ चलित होना, चञ्चल होना। २ ऊँचा चलना। ३ उत्पन्न होना। उल्ललइ (से ११, १३)। वकृ. **उल्ललंत** (काल)।

**उल्ललिअ** वि [उल्ललित] १ चञ्चल (गा ५६६)। २ उत्पन्न (से ६, ६८)।

**उल्ललिअ** वि [दे] शिथिल, ढीला (दे १, १०४)।

**उल्लव** सक [उत् + लप्] १ कहना। २ बकना, बकवाद करना, खराब शब्द बोलना; 'जं वा तं वा उल्लवइ' (महा)। वकृ. **उल्लवंत, उल्लवेमाण** (पउम ६४, ८; सुर १, १६६)।

**उल्लव** सक [उद् + लू] उन्मूलन करना। संकृ. उल्लविऊण। हेकृ. उल्लविउं। कृ. उल्लविअव्व (प्राकृ ६६)।

**उल्लवण** न [उल्लपन] १ बकवाद २ कथन; 'जइवि न जुज्जइ जह तह मणवल्लहनामउल्ल-वणं' (सुपा ४६८)।

**उल्लविय** वि [उल्लपित] १ कथित, उक्त। २ न. उक्ति, वचन; 'अंगपच्चंगसंठाणं चारुल्लविय-पेहणं' (उत्त)।

**उल्लविर** वि [उल्लपितृ] १ वक्ता, भाषक। २ बकवादी, वाचाट (गा १७२ सुपा २२६)।

**उल्लस** अक [उत् + लस्] १ विकसित होना। २ खुश होना। उल्लसइ (षड्)। वकृ. उल्लसंत (गा ५६०; कप्प)।

**उल्लस** देखो उल्लास (गउड)।

**उल्लसिअ** वि [उल्लसित] १ विकसित। २ हर्षित (षड्; निचू)।

**उल्लसिअ** वि [दे. उल्लसित] पुलकित, रोमाञ्चित (दे १, ११५)।

**उल्लाय** वि [दे] लात मारना, पाद-प्रहार (तंदु)।

**उल्लाय** वि [उल्लाप] १ वक्र वचन। २ कथन (भग)।

**उल्लाल** सक [उत् + नमय्] १ ऊंचा करना। २ ऊपर फेंकना। उल्लालइ (हे ४, ३६)। वकृ. **उल्लालेमाण** (अंत २१)।

**उल्लाल** सक [उत् + लालय्] ताडन करना, बजाना। वकृ. **उल्लालेमाण** (राज)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

उल्लाल पुंन [उल्लाल] छन्द-विशेष (पिंग) ।

उल्लालिअ वि [उन्नमित] २ ऊँचा किया हुआ, ऊपर फेंका हुआ (कुमा; हे ४, ४२२ ) ।

उल्लालिय वि [उल्लालित] ताडित (राज) ।

उल्लाव सक [ उत् + लप् , लापय् ] १ कहना, बोलना । २ बकवाद करना । ३ बुलवाना । ४ बकवाद कराना । वकृ. उल्लावंत, उल्लावेंत (से ११, १०; गा ५३६; ६५१; हे २, १९३) ।

उल्लाव पुं [उल्लाप] १ शब्द, आवाज (से १, ३०) । २ उत्तर, जवाब (ओघ ५६ भा; गा ५१४) । ३ बकवाद, विकृत वचन । ४ उक्ति, कथन (पउम ७०, ५८) । ५ संभाषण; 'नयणेहिं को न दीसइ; केण समाणं न होंति उल्लावा । हिययाणंदं जं पुण, जणेइ तं माणुसं विरलं ॥' (महा) ।

उल्लाविअ वि [उल्लपित] १ उक्त, कथित । २ न. उक्ति, वचन (गा ५८९) ।

उल्लाविर वि [उल्लपितृ] १ बोलनेवाला, भाषक (हे २, १९३; सुपा २२९) ।

उल्लासग वि [उल्लासक] १ विकसित होनेवाला । २ आनन्दजनक (श्रा २७) ।

उल्लासण न [उल्लासन] विकास (सिरि ५३९) ।

उल्लासि } वि [उल्लासिन्] ऊपर देखो
उल्लासिर } (कप्पू; लहुअ १; प्रासू ६९) ।

उल्लाह सक [उत् + लाघय् ] कम करना, हीन करना । वकृ. उल्लाहअंत (उत्तर ६१) ।

उल्लिअ वि [ दे ] उपसर्पित; उपागत ( षड् ) ।

उल्लिअ वि [आर्द्रित] गीला किया हुआ (गउड; हे ३, १६) ।

उल्लिअ वि [दे] १ चीरा हुआ, फाड़ा हुआ (उत्त १९, ६४) । २ उपालब्ध, उलाहना दिया हुआ (सम्मत्त ५२) ।

कंचुइ पुं [कञ्चुकिन्] १ अन्तःपुर का प्रतीहार, चपरासी (णाया १, १; पउम ८, ३९; सुर २, १०६)। २ सांप (विसे २५१७)। ३ यव, जव। ४ चणक, चना। ५ जुआर, अगहन में होनेवाला एक प्रकार का अन्न, जोन्हरी। ६ वि. जिसने कवच धारण किया हो वह (हे ४, २६३)।

कंचुइअ वि [कञ्चुकित] कञ्चुकवाला (कुमा; विपा १, २)।

कंचुइज्ज पुं [कञ्चुकीय] अन्तःपुर का प्रतीहार (भग ११, ११)।

कंचुइज्जंत वि [कञ्चुकायमान] कञ्चुक की तरह आचरण करता; 'रोमंचकंचुइज्जंत-सव्वगत्तो' (सुपा १८१)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कंचुग देखो कंचुअ (ओघ ६७६; विसे २५२८)।

कंचुगि देखो °कंचुइ (सण)।

कंचुलिआ स्त्री [कञ्चुलिका] कंचली, चोली (कप्पू)।

कंछुली स्त्री [दे] हार, कण्ठाभरण (भवि)।

कंजिअ न [काञ्जिक] काजिक (सुर ३;१३३; कप्पू)।

कंट देखो कंटग (पिंड २००)।

कंटअंत त्रि [कण्टकायमान] १ कण्टक जैसा, कण्टक की तरह आचरता (से ६, २४)। २ पुलकित होता (अच्चु ५८)।

कंटइअ वि [कण्टकित] १ कण्टकवाला (से १,३२)। २ रोमाञ्चित, पुलकित (कुमा; पाअ)।

कंटइज्जंत देखो कंटअंत (गा ६७)।

कंटइल पुं [कण्टकिल] १ एक जात का बाँस। २ वि. कण्टकों से व्याप्त (सूअ १,५)।

कंटइल्ल देखो कंटइअ (पण्ह १, १; कुमा)।

कंटउच्चि वि [दे] कण्ट-प्रोत (दे २, १७)।

कंटकिल्ल देखो कंटइअ (दे २, ७५)।

कंटग } पुं [कण्टक] १ कांटा, कण्टक
कंटय } (कस; हे १, ३०)। २ रोमाञ्च, पुलक (गा ६७)। ३ शत्रु, दुश्मन (णाया १, १)। ४ वृश्चिक की पूँछ (वव ६)। ५ शल्य (विपा १, ८)। ६ दुःखोत्पादक वस्तु (उत्त १)। ७ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक कुयोग (गण १६)। °बोंदिया स्त्री [°दे] कण्टक-शाखा (आचा २, १, ५)।

कंटाली स्त्री [दे] वनस्पति-विशेष, कण्ट-कारिका, भटकटैया (दे २, ४)।

कंटिय वि [कण्टिक] १ कण्टकवाला, कण्टक-युक्त। २ वृक्ष-विशेष (उप १०३१ टी)।

कंटिया स्त्री [कण्टिका] वनस्पति-विशेष (वृह १; आचू १)।

कंठी स्त्री [दे] उपकण्ठ, कण्ठिका, पर्वत के नजदीक की भूमि;
'एयाओ परूढारुणफलभरबंधुरिया भूमिखज्जूरा।
कंठीओ निव्ववेंति व, अमंदकरमंदआभोया'
(गउड)।

कंटुल्ल } [दे] देखो कंकोड = (दे) (पाअ;
कंटोल } दे २, ७)।

कंठ पुं [दे] १ सूकर, सूअर। २ मर्यादा, सीमा (दे २, ५१)।

कंठ पुं [°कण्ठ] १ गला, घांटी (कुमा)। २ समीप, पास। ३ अञ्चल; 'कंठे वत्थाईणं णिबद्धगंठिम्मि' (दे २, १८)। °दरखलिअ वि [°दरस्खलित] गद्गद (पाअ)। °मुरय न [°मुरज] आभरण-विशेष (णाया १,?)। °मुरवी स्त्री [°मुरवी] गले का एक आभरण (औप)। मुही° स्त्री [°मुखी] गले का एक आभूषण (राज)। °सुत्त न [°सूत्र] १ सुरत-बन्ध-विशेष। २ गले का एक आभूषण (औप)।

कंठ त्रि [कण्ठ्य] १ कण्ठ से उत्पन्न। २ सरल, सुगम (निचू १५)।

कंठकुंची स्त्री [दे] १ वस्त्र वगैरह के अञ्चल में बँधी हुई गाँठ। २ गले में लटकती हुई लम्बी नाडी-ग्रन्थि (दे २, १८)।

कंठदीणार पुं [दे] छिद्र, विवर (दे १, २४)।

कंठमल्ल न [दे] १ ठठरी, मृत-शिविका। २ यान-पात्र, वाहन (दे २, २०)।

कंठमाल पुंस्त्री [कण्ठमाल] रोग-विशेष (कुप्र ४७१)।

कंठय पुं [कण्ठक] स्वनाम-ख्यात एक चौर-नायक (महा)।

कंठाकंठि अ [कण्ठाकण्ठि] गले-गले में ग्रहण कर (णाया १, २—पत्र ८८)।

कंठाल वि [कण्ठवत्] बड़ा गलावाला (धर्मवि १०१)।

कंठिअ पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार (दे २, १५)।

कंठिआ स्त्री [कण्ठिका] गले का एक आभूषण (गा ७५)।

कंठीरअ देखो कंठीरव (किरात १७)।

कंठीरव पुं [कण्ठीरव] सिंह, शार्दूल (प्रयौ २१)।

कंड सक [कण्ड्] १ व्रीहि वगैरह का छिलका अलग करना। २ खींचना। ३ खुजवाना। वकृ. कंडंत (ओघ ४६८; गा ६६३); कंडिंत (णाया १, ७)।

कंड न [काण्ड] १ अंगुल का असंख्यातवां भाग; 'कंडंति एत्थ भन्नइ अंगुलभागो असं-खेज्जो' (पव २६० टी)।

कंड पुंन [काण्ड] १ दण्ड, लाठी। २ निन्दित समुदाय। ३ पानी, जल। ४ पर्व। ५ वृक्ष का स्कन्ध। ६ वृक्ष की शाखा। ७ वृक्ष का वह एक भाग, जहां से शाखाएँ निकलती हैं। ८ ग्रन्थ का एक भाग। ९ गुच्छ, स्तबक। १० अश्व, घोड़ा। ११ प्रेत, पितृ और देवता के यज्ञ का एक हिस्सा। १२ रीढ़, पृष्ठ भाग की लम्बी हड्डी। १३ खुशामद। १४ श्लाघा, प्रशंसा। १५ गुप्तता, प्रच्छन्नता। १६ एकान्त, निर्जन। १७ तृण-विशेष। १८ निर्जन पृथ्वी (हे १, ३०)। १९ अवसर, प्रस्ताव (गा ६६३)। २० समूह (णाया १,८)। २१ बाण, शर (उप ६६६)। २२ देव-विमान-विशेष (राज)। २३ पर्वत वगैरह का एक भाग (सम ६५)। २४ खण्ड, टुकड़ा, अवयव (आचू १)। °च्छारिय पुं [°छारिक] १ इस नाम का एक ग्राम। २ एक ग्राम-नायक (वव ७)। देखो कंडग, कंडय।

कंड पुं [दे] १ फेन, फीन। २ वि. दुर्बल। ३ विपन्न, विपत्ति-ग्रस्त (दे २, ५१)।

कंडइअ देखो कंटइअ (गा ५५८)।

कंडइज्जंत देखो कंटइज्जंत (गा ६७ अ)।

कंडग न [कण्डक] १ संख्यातीत संयम-स्थान-समुदाय (पिंड ९९; १००)। २ विभाग, पर्वत आदि का एक भाग (सूअ १,६,१०)।

कंडग पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड (आचा; आवम)। २५ संयम-श्रेणि-विशेष (बृह ३)। २६ इस नाम का एक ग्राम (आचू १)। देखो कंडय।

कंडण न [कण्डन] व्रीहि वगैरह को साफ करना, तुष पृथक्करण (श्रा २०)।

कंडपंडवा स्त्री [दे] यवनिका, परदा (दे २, २५)।

कंडय पुंन [काण्डक] देखो कंड = काण्ड तथा कंडग। २७ वृक्ष-विशेष, राक्षसों का चैत्य वृक्ष; 'तुलसी भूयाण भवे, रक्खसाणं च कंडओ' (ठा ८)। २८ तावीज, गण्डा, यन्त्र; 'बज्झंति कंडयाइं, पउणीकीरंति अगयाइं' (सुर १६, ३२)।

कंडरीय पुं [कण्डरीक] महापद्म राजा का एक पुत्र, पुण्डरीक का छोटा भाई, जिसने

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वर्षों तक जैनी दीक्षा का पालन कर अन्त में उसका त्याग कर दिया था (णाया १, १६; उव)।

**कंडरीय** वि [कण्डरीक] १ अशोभन, असुन्दर। २ अप्रधान (सूअनि १४७; १५३)।

**कंडलि** } स्त्री [कन्दरिका] गुफा, कन्दरा
**कंडलिआ** } (पि ३३३; हे २, ३८; कुमा)।

**कंडवा** स्त्री [कण्डवा] वाद्य-विशेष (राय)।

**कंडार** सक [उत् + कृ] खुदना, छील-छाल कर ठीक करना। संकृ.
'गूरणं दुवे इह पआवइणो जअम्मि,
जे देहणिम्मवणजोव्वणदाणदक्खा।
एक्कें घडेइ पढमं कुमरीणमंगं,
कंडारिऊण पअडेइ पुणो दुईओ' (कप्पू)।

**कंडावेल्ली** स्त्री [काण्डवल्ली] वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

**कंडिअ** वि [कण्डित] साफ-सुथरा किया हुआ (दे १, ११५)।

**कंडियायण** न [कण्डिकायन] वैशाली (बिहार) का एक चैत्य (भग १५)।

**कंडिल्ल** पुं [काण्डिल्य] १ काण्डिल्य-गोत्र का प्रवर्त्तक ऋषि-विशेष। २ पुंस्त्री. काण्डिल्य गोत्र उत्पन्न। ३ न. गोत्र-विशेष, जो माण्डव्य गोत्र की एक शाखा है (ठा ७—पत्र ३९०)। °ायण पुं [°ायन] स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष (चंद १०)।

**कंडु** देखो कंडू (राज)।

**कंडु** देखो कंदु (सूअ १, ५)।

**कंडुअ** सक [कण्डूय्] खुजवाना। कंडुअइ (हे १, १२१; उव), कंडुअए (पि ४६२)। वकृ. **कंडुअंत** (गा ४६०); **कंडुअमाण** (प्रासू २८)।

**कंडुअ** पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला; 'राया चिंतेइ; कओ कंडुयस्स जलकंतरयणसंपत्ती ?' (आवम)।

**कंडुअ** } पुं [कन्दुक] गेंद (दे ३, ५६;
**कंडुग** } राज)।

**कंडुज्जुय** वि [काण्डर्जु] बाण की तरह सीधा (स ३१७; गा ३५२)।

**कंडुयग** वि [कण्डूयक] खुजानेवाला (औप)।

**कंडुयण** न [कण्डूयन] १ खुजली, खाज, पामा, रोग-विशेष। २ खुजवाना; 'पामागहियस्स जहा, कंडुयणं दुक्खमेव मूढस्स' (स ५१५; उव २६४ टी; गउड)।

**कंडुयय** देखो कंडुयग; 'अकंडुयएहिं' (पण्ह २, १—पत्र १००)।

**कंडुरु** पुं [कण्डुरु] स्वनाम-ख्यात एक राजा, जिसने रामचन्द्र के भाई भरत के साथ जैनी दीक्षा ली थी (पउम ८५, ५)।

**कंडू** स्त्री [कण्डू] १ खुजलाहट, खुजवाना (णाया १, ५)। २ रोग-विशेष, पामा, खाज (णाया १, १३)।

**कंडूइ** स्त्री [कण्डूति] ऊपर देखो (गा ५३२; सुर २, २३)।

**कंडूइअ** न [कण्डूयित] खुजवाना (सूअ १, ३, ३; गा १८१)।

**कंडूय** देखो कंडुअ = कण्डूय्। कंडूयइ (महा)। वकृ. **कंडूयमाण** (महा)।

**कंडूयग** वि [कण्डूयक] खुजवानेवाला (ठा ५, १)।

**कंडूयण** देखो कंडुयण (उप २५६; सुपा १७६; २२७)।

**कंडूयय** देखो कंडूयग (महा)।

**कंडूर** पुं [दे] बक, बगुला (दे २, ६)।

**कंडूल** वि [कण्डूल] खाजवाला, कण्डू-युक्त (कुमा)।

**कंत** सक [कृत्] १ काटना, छेदना। २ कातना, चरखे से सूता बनाना; 'सल्लं कंतंति अप्पणो' (सूअ १, ८, १०)। कंतामि (पिंडभा ३५)।

**कंत** वि [कान्त] १ मनोहर, सुन्दर (कुमा)। २ अभिलषित, वाञ्छित (णाया १, १)। ३ पुं. पति, स्वामी (पात्र)। ४ देव-विशेष (सुज्ज १६)। ५ न. कान्ति, प्रभा (आचा २,५,१)।

**कंत** वि [क्रान्त] गत, गुजरा हुआ (प्राप)।

**कंता** स्त्री [कान्ता] १ स्त्री, नारी (सुर ३, १४; सुपा ५७३)। २ रावण की एक पत्नी का नाम (पउम ७४, ११)। ३ एक योगदृष्टि (राज)।

**कंतार** न [कान्तार] १ अरण्य, जंगल (पात्र)। २ दुष्ट, दूषित। ३ निराश्रय। ४ पागल (कप्पू)।

**कंतार** पुंन [कान्तार] जल-फलादि-रहित अरण्य, 'कंतारो' (सम्मत्त १६६)।

**कंति** स्त्री [कान्ति] १ तेज, प्रकाश (सुर २, २३६)। २ शोभा, सौन्दर्य (पात्र)। ३ इस नाम की रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ११)। ४ अहिंसा (पण्ह २,१)। ५ इच्छा। ६ चन्द्र की एक कला (राज; विक १०७)। °पुरी स्त्री [°पुरी] नगरी-विशेष (ती)। °म, °ल्ल वि [°मत्] कान्ति-युक्त (आवम; गउड, सुपा ८; १८८)।

**कंति** स्त्री [क्रान्ति] १ परिवर्त्तन, फेरफार। २ गमन, गति (नाट—विक्र ६०)।

**कंतु** पुं [दे] काम, कामदेव (दे २, १)।

**कंथक** } पुं [कन्थक] अश्व की एक जाति
**कंथग** } (ठा ४, ३; उत्त २३); 'जहा से
**कंथय** } कंबोयाणं आइन्ने कंथए सिया' (उत्त ११)।

**कंथा** स्त्री [कन्था] कथड़ी, गुदड़ी, पुराने वस्त्र से बना हुआ ओढ़ना (हे १, १८७)।

**कंथार** पुं [कन्थार] वृक्ष-विशेष (उप २२० टी)।

**कंथारिया** } स्त्री [कन्थारिका, °री] वृक्ष-
**कंथारी** } विशेष (उप १०३१ टी)। °वण न [°वन] उज्जैन के समीप का एक जंगल, जहां अवन्तीसुकुमार-नामक जैन मुनि ने अनशन व्रत किया था (आक)।

**कंथेर** पुं [कन्थेर] वृक्ष-विशेष (राज)।

**कन्थेरी** स्त्री [कन्थेरी] कण्टकमय वृक्ष-विशेष (उर ३, २)।

**कंद** अक [क्रन्द्] कांदना, रोना। कंदइ (पि २३१)। भूका. कंदिंसु (पि ५१६)। वकृ. **कंदंत** (गा ५८४), **कन्दमाण** (णाया १, १)।

**कंद** वि [दे] १ दृढ़, मजबूत। २ मत्त, उन्मत्त। ३ न. स्तरण, आच्छादन, (दे २, ५१)।

**कंद** पुं [क्रन्द, क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति (ठा २, ३—पत्र ८५)।

**कंद** पुं [कन्द] १ गूदेदार और बिना रेशे की जड़; जमीकन्द, सूरन, शकरकन्द, विलारीकन्द, ओल, गाजर, लहसुन वगैरह (जी ६)। २ मूल, जड़ (गउड)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

**कंद** पुं [स्कन्द] कार्त्तिकेय, षडानन (कुमा; हे २, ५; षड्)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कन्दणया स्त्री [क्रन्दनता] मोटे स्वर से चिल्लाना (ठा ४, १)।

कंदप्प पुं [कन्दर्प] १ कामदेव, अनंग (पात्र)। २ कामोद्दीपक हास्यादि: 'कंदप्पे कुक्कुइए' (पडि; णाया १, १)। ३ देव-विशेष (पव ७३)। ४ काम-संबन्धी कथाय। ५ वि. कामुक, कामी (बृह १)।

कंदप्प वि [कान्दर्प] कान्दर्प-संबन्धी (पव ७३)।

कंदप्पि वि [कन्दर्पिन्] कामोद्दीपक, कन्दर्प का उत्तेजक (वव १)।

कंदप्पिअ पुं [कान्दर्पिक] १ मजाक करनेवाला भाण्ड वगैरह (औप; भग)। २ भाण्ड-प्राय देवों की एक जाति (पण्ह २, २)। ३ हास्य वगैरह भाण्ड कर्म से आजीविका चलानेवाला (पण्ण २०)। ४ वि. काम-संबन्धी (बृह १)।

कंदर न [कन्दर] १ रन्ध्र, विवर (णाया १, २)। २ गुहा, गुफा (उवा; प्रासू ७३)।

कंदरा } स्त्री [कन्दरा] गुहा, गुफा (से ४, कंदरी } ९; राज)।

कंदल पुं [कन्दल] १ अंकुर, प्ररोह (सुपा ४)। २ लता-विशेष (णाया १, ६)।

कंदल न [दे] कपाल (दे २, ४)।

कंदलग पुं [कन्दलक] एक खुरवाला जानवर-विशेष (पण्ण १)।

कंदलिअ } वि [कन्दलित] अंकुरित (कुमा; कंदलिल्ल } पि ५९५)।

कंदली स्त्री [कन्दली] १ लता-विशेष (सुपा ६; पउम ५३, ७९)। २ अंकुर, प्ररोह; 'दारिद्ददुमकंदलीवणदवो' (उप ७२८ टी)।

कंदली स्त्री [कन्दली] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९८, ९९)।

कंदविय पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला (उप २११ टी)।

कंदिंद पुं [क्रन्देन्द्र, क्रन्दितेन्द्र] क्रन्दित-नामक देव-निकाय का इन्द्र (ठा २, ४—पत्र ८५)।

कंदिय पुं [क्रन्दित] १ वाणव्यन्तर देवों की एक जाति (पण्ह १,४; औप)। २ न. रोदन, आक्रन्द (उत्त २)।

कंदिर वि [क्रन्दिन्] कांदनेवाला (भवि)।

कंदी स्त्री [दे] मूला, कन्द-विशेष (दे २, १)।

कंदु पुंस्त्री [कन्दु] एक प्रकार का बरतन, जिसमें माण्ड वगैरह पकाया जाता है, हांडा (विपा १, ३; सूत्र १, ५)।

कंदुअ पुं [कन्दुक] १ गेंद (पात्र; स्वप्न ३९; मै ६१)। २ वनस्पति-विशेष (पण्ण १)।

कंदुइअ पुं [कान्दविक] हलवाई, मिठाई बेचनेवाला (दे २, ४१; ६ ३३)।

कंदुक देखो कंदुअ (सूत्र २, ३, १६)।

कंदुग देखो कंदुअ (राज)।

कंदुट्ट न [दे] देखो कंदोट्ट (पात्र; धर्मा ५; सण)।

कंदुक्कय पुंन [दे] कन्द-विशेष (सुख ३६, ९८)।

कंदुय देखो कंदुइअ (कुप्र ९८)।

कंदोइय देखो कंदुइअ (सुपा ३८५)।

कंदोट्ट न [दे] नील कमल (दे २, ९; प्राप्र; षड्; गा ६२२; उत्तर ११७; कप्पू; भवि)।

कंध देखो खंध = स्कन्ध (नाट; वज्जा ३६)।

कंधरा स्त्री [कन्धरा] ग्रीवा, गरदन (पात्र; सुर ४, १६६; गण ९)।

कंधार पुं [दे] स्कन्ध, ग्रीवा का पीछला भाग (उप पृ ८६)।

कंप अक [कम्प्] कांपना, हिलना। कंपइ (हे १, ३०)। वकृ. कंपंत, कंपमाण (महा; कप्प)। कवकृ. कंपिज्जंत (से ६, ३८; १३, ५९)। प्रयो., वकृ. कंपाविंत (सुपा ५९३)।

कंप पुं [कम्प] अस्थैर्य, चलन, हिलन (कुमा; आउ)।

कंपड पुं [दे] पथिक, मुसाफिर (दे २, ७)

कंपण न [कम्पन] १ कम्प, हिलन (भवि)। २ रोग-विशेष। °वाइअ वि [°वातिक] कम्प वायु नामक रोगवाला (अनु ६)।

कंपि वि [कम्पिन्] कांपनेवाला (कप्पू)।

कंपिअ वि [कम्पित] कांपा हुआ (कुमा)।

कंपिर वि [कम्पितृ] कांपनेवाला (गा ६५९; सुपा १५८; श्रा २७)।

कंपिल्ल वि [कम्पवत्] कांपनेवाला, अस्थिर: 'निच्चमकंपिल्लं परभयाहि कंपिल्लनामपुरं' (उप ६ टी)।

कंपिल्लि पुं [काम्पिल्य] १ यदुवंशीय राजा अन्धकवृष्णि के एक पुत्र का नाम (अन्त ३)। २ न. पंजाब देश का एक नगर (ठा १०; उप ६४८ टी)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ८, १४३; उवा)।

कंब वि [कम्र] १ कामुक, कामी। २ सुन्दर, मनोहर (पि २९५)।

कंब° देखो कंबा।

कंबर पुं [दे] विज्ञान (दे २, १३)।

कंबल पुंन [कम्बल] १ कामरी, ऊनी कपड़ा (आचा; भग)। २ पुं. स्वनाम-ख्यात एक बलीवर्द (राज)। ३ गौ के गले का चमड़ा, सास्ना, गलकंबल, लहर (विपा १, २)।

कंबा स्त्री [कम्बा] यष्टि, लकड़ी: 'दिट्ठो तज्जणएणं, निसूडिउं कंबघाएहिं बद्धो' (सुपा ३९९)।

कंबि } स्त्री [कम्बि, °म्बी] १ दर्वी, कंबी } कड़छी। २ लीला-यष्टि, छड़ी, शौख से हाथ में रखी जाती लकड़ी (उप पृ २३७)।

कंबिया स्त्री [कम्बिका] पुस्तक का पुट्ठा, किताब का आवरण पृष्ठ (राय ९६)।

कंबु पुं [कम्बु] १ शङ्ख (पण्ह १, ४)। २ इस नाम का एक द्वीप (पउम ४५, ३२)। ३ पर्वत-विशेष (पउम ४५, ३२)। ४ न. एक देव-विमान (सम २२)। °ग्गीव न [°ग्रीव] एक देव-विमान (सम २२)।

कंबोय पुं [कम्बोज] देश-विशेष (पउम २७, ७; स ८०)।

कंबोय वि [काम्बोज] कम्बोज देश में उत्पन्न (स ८०)।

कंभार पुं.ब. [कश्मीर] इस नाम का एक प्रसिद्ध देश (हे २, ६८; षड्)। °जम्म न [°जन्मन्] कुंकुम, केसर (कुमा)। देखो कम्हार।

कंभूर (अप) ऊपर देखो (षड्)।

कंस पुं [कंस] १ राजा उग्रसेन का एक पुत्र, श्रीकृष्ण का मातुल (पण्ह १, ४)। २ महा-ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ कांसा, एक प्रकार की धातु (णाया १, ७—पत्र ११८)। °णाभ पुं [°नाभ] ग्रह-विशेष (सुज्ज २०; इक)। °वण्ण पुं [°वर्ण] ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। °वण्णाभ पुं [°वर्णाभ] ग्रह-विशेष (ठा २, ३)। °संहारण पुं [°संहारण] कृष्ण, विष्णु (पिंग)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**कंस** न [कांस्य] १ धातु-विशेष, कांसा। २ वाद्य-विशेष। ३ परिमाण-विशेष। ४ जल पीने का पात्र, प्याला (हे १, २९; ७०)। °ताल न [°ताल] वाद्य-विशेष (जीव ३)। °वत्ती, °पाई स्त्री [°पात्री] कांसा का बना हुआ पात्र-विशेष (कप्प; ठा ६)। °पाय न [°पात्र] कांसा का बना हुआ पात्र (दस ६)।

**कंसार** पुं [दे] कसार, एक प्रकार की मिठाई; 'ता करेऊण कंसारं तालपुडसंजुयं वेगं विसमोयगं गोसे उवणेमि एयाणं' (स १८७)।

**कंसारी** स्त्री [दे] त्रीन्द्रिय क्षुद्र जन्तु की एक जाति (जी १८)।

**कंसाल** पुं [कांस्याल] वाद्य-विशेष (हे २, ९२; सुपा ५०)।

**कंसाला** स्त्री [कंसताला, कांस्यताला] वाद्य का एक प्रकार का निर्घोष, ताल (णंदि)।

**कंसालिया** स्त्री [कांस्यतालिका] एक प्रकार का वाद्य (सुपा २४२)।

**कंसिअ** पुं [कांस्यिक] १ कसेरा, कँसारी, कांस्य-कार (हे १, ७०)। २ वाद्य-विशेष (सुपा २४२)।

**कंसिआ** स्त्री [कंसिका] १ ताल (णाया १, १७)। २ वाद्य-विशेष (आचा २)।

**ककाणि** पुंस्त्री [दे] मर्म स्थान, 'अरुस्स विज्झंति ककाणओ से' (सूअ १, ५, २, १५)।

**ककुध** } देखो कउह = ककुद (पि २०६;
**ककुभ** } हे २, १७४)।

**ककुह** देखो कउह = ककुद (ठा ५, १; णाया १, १७; विपा १, २)। ५ हरिवंश का एक राजा (पउम २२, ९९)।

**ककुहा** देखो कउहा (षड्)।

**कक्क** पुं [कल्क] १ उद्वर्तन-द्रव्य, शरीर पर का मैल दूर करने के लिए लगाया जाता द्रव्य (सूअ १, ९; निचू १)। २ न. पाप (भग १२, ५)। ३ माया, कपट (सम ७१)। °गरुग न [°गुरुक] माया, कपट (पण्ह १, २—पत्र २८)।

**कक्क** पुंन [कल्क] १ चन्दन आदि उद्वर्तन द्रव्य (दस ६, ६४)। २ प्रसूति-रोग आदि में किया जाता क्षार-पातन। ३ लोध्र आदि से उद्वर्तन (पव २—गाथा ११५)। °कुरुया स्त्री [°करुका] माया, कपट (पव २)।

**कक्क** पुं [कर्क] १ चक्रवर्त्ती का एक देव-कृत प्रासाद (उत्त १३, १३)। २ राशि-विशेष, कर्क राशि (धर्मवि ६६)।

**कक्कंध** पुं [कर्कन्ध] ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)।

**कक्कंधु** स्त्री [कर्कन्धु] बैर का वृक्ष (पाअ)।

**कक्कड** पुं [कर्कट] कर्कराशि (विचार १०६)।

**कक्कड** न [कर्कट] १ जलजन्तु-विशेष, कुलीर (पाअ)। २ ककड़ी, फल-विशेष (पव ४)। ३ हृदय का एक प्रकार का वायु (भग १०, ३)।

**कक्कडच्छ** पुं [कर्कटाक्ष] ककड़ी, खीरा (कप्प)।

**कक्कडिया** } स्त्री [कर्कटिका, °टी] ककड़ी
**कक्कडी** } (खीरा) का गाछ (उप ९९१)।

**कक्कणा** स्त्री [कल्कना] १ पाप। २ माया (पण्ह १, २)।

**कक्कब** पुं [दे] गुड़ बनाते समय की इक्षु-रस की एक अवस्था, इक्षु रस का विकार-विशेष (पिंड २८३)।

**कक्कर** पुं [कर्कर] १ कंकर, पत्थर (विपा १, २; गउड; सुपा ५९७; प्रासू १६८)। २ वि. कठिन, परुष (आचू ४)। ३ कर्कर आवाज वाला (उत्त ७)।

**कक्करणया** स्त्री [कर्करणता] १ दोषोद्भावन, दोषोद्भावनगर्भित प्रलाप (ठा ३, ३—पत्र १४७)।

**कक्कराइय** न [कर्करायित] १ कर्कर की तरह आचरित। २ दोषोच्चारण, दोष-प्रकटन (आव ४)।

**कक्कस** वि [कर्कश] १ कठोर, परुष (पाअ; सुपा ५८; आरा ९४; पउम ३१, ६६)। २ प्रखर, चण्ड। ३ तीव्र, प्रगाढ (विपा १, १)। ४ अनिष्ट, हानि-कारक (भग ६, ३३)। ५ निष्ठुर, निर्दय (उत्त)। ६ चबा-चबा कर कहा हुआ वचन (आचा २, ४, १)।

**कक्कस** } पुं [दे] दध्योदन, करम्ब (दे
**कक्कसार** } २, १४)।

**कक्कसेण** पुं [कर्कसेन] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न एक स्वनाम ख्यात कुलकर पुरुष (राज)।

**कक्कालुआ** स्त्री [कर्कारुका] १ कूष्माण्ड-वल्ली, कोंहड़ा का गाछ; 'कक्कालुआ गोछडलितवेंटा' (मृच्छ ५९)।

**कक्किंकड** पुं [दे] कृकलास, गिरगिट; गुजराती में 'काकेडो' (दे २, ५)।

**कक्कि** पुं [कल्किन्] भविष्य में होनेवाला पाटलिपुत्र का एक राजा (ती)।

**कक्किय** न [कल्किक] मांस (सूअ १, ११)।

**कक्केअण** पुंन [कर्केतन] रत्न की एक जाति (कप्प; पउम ३, ७५)।

**कक्केरअ** पुं [कर्केरक] मणि-विशेष की एक जाति (मृच्छ २०२)।

**कक्कोड** न [कर्कोट] शाक-विशेष, ककरैल, ककोडा (राज)। देखो कक्कोडय।

**कक्कोडई** स्त्री [कर्कोटकी] ककोडे का वृक्ष ककरैल का गाछ (पण १—पत्र ३३)।

**कक्कोडय** न [कर्कोटक] देखो कक्कोड। २ पुं. अनुवेलन्धर-नामक एक नाग-राज। ३ उसका आवास पर्वत (भग ३, ६; इक)।

**कक्कोल** पुं [कङ्कोल] १ वृक्ष-विशेष; शीतल-चीनी के वृक्ष का एक भेद (गउड; स ७१)। २ न. फल-विशेष, जो सुगंधी होता है (पण्ह २, ५)। देखो कंकोल।

**कक्कोली** स्त्री [कङ्कोली] वृक्ष-विशेष (कुप्र २४९)।

**कक्ख** देखो कच्छ = कक्ष (उवः कप्प; सुर १, ८८; पउम ४४, १; पि ३१८; ४२०)।

**कक्खग** वि [कक्षाग] १ कक्षा-प्राप्त। २ पुं कक्षा का केश (तंदु ३९)।

**कक्खड** देखो कक्कस (सम ४१; ठा १, १; वज्जा ८८; उव)।

**कक्खड** वि [दे] पीन, पुष्ट (दे २, ११; कप्प; आचा; भवि)।

**कक्खडंगी** स्त्री [दे] सखी, सहेली (दे २, १९)।

**कक्खल** [दे] देखो कक्कस (षड्)।

**कक्खा** देखो कच्छा = कक्षा (पाअ; णाया १, ८; सुर ११, २२१)।

**कग्घाड** पुं [दे] १ अपामार्ग, चिरचिरा, लटजीरा। २ किलाट, दूध की मलाई (दे २, ५४)।

**कग्घायल** पुं [दे] किलाट, दूध का विकार, दूध की मलाई (दे २, २२)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**कच्च** न [दे. कृत्य] कार्य, काम (दे २, २, ( षड् ) ।

**कच्च** (पै) देखो कज्ज (प्राप्र) ।

**कच्च** न [काच] काच, शीशा; 'कच्चं मारिणक्कं च समं अहरणे पउंजीअदि' (कप्पू) ।

**कच्चंत** वि [कृत्यमान] पीड़ित किया जाता (सूत्र १, २, १) ।

**कच्चरा** स्त्री [दे] १ कचरा, कच्चा खरबूजा। २ कचरा को सूखाकर, तलकर और मसाला डालकर बनाया हुआ खाद्य-विशेष, एक प्रकार का आचार, गुजराती में जिसको 'काचरी' कहते हैं; 'पुरणो कच्चरा पप्पड़ा दिरणभेया' (भत्रि) ।

**कच्चवार** पुं [ दे ] कतवार, कूड़ा (सुक्त ४४) ।

**कच्चाइणी** स्त्री [कात्यायनी] देवी-विशेष, चरडी (स ४३७) ।

**कच्चायण** पुं [कात्यायन] १ स्वनाम-ख्यात ऋषि-विशेष (सुज्ज १०) । १ न. कौशिक गोत्र की शाखा-रूप एक गोत्र । ३ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०) ।

**कच्चायणी** स्त्री [कात्यायनी] पार्वती, गौरी (पाअ) ।

**कच्चि** अ [ कच्चित् ] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ प्रश्न । २ मंडल । ३ अभिलाप । ४ हर्ष (पि २७१; हे २, २१७; २१८) ।

**कच्चु** (अप) ऊपर देखो (हे ४, ३२९) ।

**कच्चूर** पुं [कर्चूर] वनस्पति-विशेष, कचूर, काली हलदी (श्रा २०) ।

**कच्चोल** } पुंन [ कच्चोलक ] पात्र-विशेष, **कच्चोलय** } प्याला (पउम १०२, १२०; भवि सुपा २०१) ।

**कच्छ** पुं [कक्ष] १ काँख, कखरी । २ वन, जंगल (भग ३, ६) । ३ तृण, घास । ४ शुष्क तृण । ५ वल्ली, लता । ६ शुष्क काष्ठों वाला जंगल । ७ राजा वगैरह का जनानखाना । ८ हाथी को बांधने की डोर । ९ पार्श्व, बाजू । १० ग्रह-भ्रमण । ११ कक्षा, श्रेणी । १२ द्वार, दरवाजा । १२ वनस्पति-विशेष, गूगल । १४ विभीतक वृक्ष । १५ घर की भीत । १६ स्पर्धा का स्थान । १७ जल-प्राय देश (हे २, १७) ।

**कच्छ** पुं. ब. [कच्छ] १ स्वनाम-ख्यात देश, जो आजकल भी 'कच्छ' नाम से प्रसिद्ध है (पउम ९८, ६५; दे २, १ टी) । २ जलप्राय देश, जल-बहुल देश (णाया १, १—पत्र; ३३; कुमा) । ३ कच्छा, लँगोट (सुर २, १६) । ४ इक्षु वगैरह की वाटिका (कुमा; आचा २, ३) । ५ महाविदेह वर्ष में स्थित एक विजय-प्रदेश (ठा २, ३) । ६ तट, किनारा; 'गोलाणईए कच्छे, चक्खंतो राइआइ पत्ताइं' (गा १७१) । ७ नदी के जल से वेष्टित वन (भग) । ८ भगवान् ऋषभदेव का एक पुत्र (आवम) । ९ कच्छ-विजय का एक राजा । १० कच्छ-विजय का अधिष्ठायक देव (जं ४) । ११ पार्श्ववर्ती प्रदेश । १२ राजा वगैरह के उद्यान के समीप का प्रदेश (उप ९८६ टी) । १२ छन्द-विशेष, दोधक छंद का एक भेद (पिंग) । °कूड न [°कूट] १ माल्यवन्तनामक वक्षस्कार पर्वत का एक शिखर । २ कच्छ-विजय के विभाजक वैताढ्य पर्वत के दक्षिणोत्तर पार्श्ववर्त्ती दो शिखर (ठा ९) । ३ चित्रकूट पर्वत का एक शिखर (जं ४) । °हिव पुं [°धिप] कच्छ देश का राजा (भवि) । °हिवइ पुं [°धिपति] कच्छ देश का राजा (भवि) ।

**कच्छ** पुंन [कच्छ] १ नदी के पास की नीची जमीन । २ मूला आदि की बाड़ी (आचा २, ३, ३, १) ।

**कच्छकर** पुं [दे] काछिआ, सब्जी बेचनेवाला । (लोक प्र० ४६४, २, ३१—सर्ग) ।

**कच्छगावई** स्त्री [कच्छकावती] महाविदेह वर्ष का एक विजय-प्रदेश (ठा २, ३) ।

**कच्छट्टी** स्त्री [दे] कछौटी, लँगोटी, कछनी (रंभा —टि) ।

**कच्छभ** पुं [कच्छप] १ कूर्म, कछुआ (पराह १,१; णाया १, १) २ राहु, ग्रह-विशेष (भग १२, ६) । °रिंगिय न [°रिङ्गित] गुरु-वन्दन का एक दोष, कछुए की तरह चलते हुए वन्दन करना (बृह ३; गुभा) ।

**कच्छभाणिया** स्त्री [दे] जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १८) ।

**कच्छभी** स्त्री [कच्छपी] १ कच्छप-स्त्री, कूर्मी । २ वाद्य-विशेष (पराह २, ५) । ३ नारद की वीरणा (णाया १, १७) । ४ पुस्तक-विशेष (ठा ४, २) ।

**कच्छर** पुं [दे] पङ्क, कीच, कर्दम (दे २, २) ।

**कच्छरी** स्त्री [कच्छरी] गुच्छ विशेष (पराण १—पत्र ३२) ।

**कच्छव** (अप) पुं [कच्छ] स्वनाम-प्रसिद्ध देश-विशेष (भवि) ।

**कच्छव** देखो कच्छभ (पउम ३४, ३३; दे १, १६७ (गउड) ।

**कच्छवी** देखो कच्छभी (बृह ३) ।

**कच्छह** देखो कच्छभ (पाअ) ।

**कच्छा** स्त्री [कक्षा] १ विभाग, अंश (पउम १६, ७०) । २ उरो-बन्धन, हाथी के पेट पर बाँधने की रज्जू; 'उप्पीलियकच्छे' (विपा १, २—पत्र २३; औप) । ३ काँख, बगल (भग ३, ६; प्रामा) । ४ श्रेणी, पंक्ति; 'चमरस्स णं असुरिंदस्स असुरकुमाररएणो दुमस्स पायत्ताणियाहिवस्स सत्त कच्छाओ पराणत्ताओ' (ठा ७) । ५ कमर पर बांधने का वस्त्र (गा ६८४) । ६ जनानखाना, अन्तःपुर (ठा ७) । ७ संशय-कोटि । ८ स्पर्धा-स्थान । ९ घर की भीत । १० प्रकोष्ठ (हे २, १७) ।

**कच्छा** स्त्री [कच्छा] कटि-मेखला, कमर का आभूषण (पाअ) । °वई स्त्री [°वती] देखो कच्छगावई (जं ४) । °वईकूड न [°वती-कूट] महाविदेह वर्ष में स्थित ब्रह्मकूट पर्वत का एक शिखर (इक) ।

**कच्छादब्भ** पुं [दे. कक्षादर्भ] रोग-विशेष (सिरि ११७) ।

**कच्छु** स्त्री [ कच्छू ] १ खुजली, खाज, रोग-विशेष (प्रासू २८) । २ खाज को उत्पन्न करनेवाली औषधि, कपिकच्छु ( पराह २, ५) । °ल, °ल्ल वि [ °मत् ] खाज रोग-वाला (राज; विपा, १, ७) ।

**कच्छुट्टिया** स्त्री [दे. कच्छपटिका] कछौटी, लँगोटी (रंभा) ।

**कच्छुरिअ** वि [दे] १ ईर्षित, जिसकी ईर्ष्या की जाय वह । २ न. ईर्ष्या (दे २, १६) ।

**कच्छुरिअ** वि [कच्छुरित] व्याप्त, खचित (कुम्मा ६ टी) ।

**कच्छुरी** स्त्री [दे] कपिकच्छु, केवाँच ( दे २, ११) ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कच्छुल पुं [कच्छुल] गुल्म-विशेष (पराग १—पत्र ३२)।

कच्छुल्ल पुं [कच्छुल्ल] स्वनाम ख्यात एक नारद-मुनि (णाया १, १६)।

कच्छू देखो कच्छु (प्रासू ७२)।

कच्छोटी स्त्री [दे] कछौटी, लंगोटी (रंभा—टि)।

कज्ज वि [कार्य] १ जो किया जाय वह। २ करने योग्य। ३ जो किया जा सके (हे २, २४)। ४ न. प्रयोजन, उद्देश्य; 'न य साहेइ सकज्जं' (प्रासू २७, कप्पू)। ५ कारण, हेतु (वव २)। ६ काम, काज;

'अन्नह परिचिंतिज्जइ,
सहरिसकंडुज्जएण हियएण।
परिणमइ अन्नह च्चिय,
कज्जारंभो विहिवसेण'
(सुर ४, १६)।

°जाण वि [°ज्ञ] कार्य को जाननेवाला (उप ६४८)। °सेण पुं [°सेन] अतीत उत्सर्पिणी-काल में उत्पन्न स्वनाम ख्यात एक कुलकर-पुरुष (सम १५०)।

कज्जआ (शौ) स्त्री [कन्यका] कन्या, कुमारी (प्राकृ ८७)।

कज्जउड पुं [दे] अनर्थ (दे २, १७)।

कज्जमाण वि [क्रियमाण] जो किया जाता हो वह; 'कज्जं च कज्जमाणं च आगमिस्सं च पावगं' (सूअ १, ८)।

कज्जल न [कज्जल] १ काजल, मसी। २ अञ्जन, सुरमा (कुमा)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] सुदर्शना-नामक जम्बू-वृक्ष की उत्तर दिशा में स्थित एक पुष्करिणी (जीव ३)।

कज्जलइअ वि [कज्जलित] १ काजलवाला। २ श्याम, कृष्ण (पात्र)।

कज्जलंगी स्त्री [कज्जलाङ्गी] कज्जल-गृह, दीप के ऊपर रखा जाता पात्र, जिसमें काजल इकट्ठा होता है, कजरौटी (अंत, णाया १, १—पत्र ६)।

कज्जला स्त्री [कज्जला] इस नाम की एक पुष्करिणी (इक)।

कज्जलाव अक [ब्रुड्] डूबना, बूड़ना; 'आउसंतो समणा! एयं ते णावाए उदयं उत्तिंगेण आसवइ, उवरुवरि वा णावा कज्जलावेइ' (आचा २, ३, १, १६)। वकृ. कज्जलावेमाण (आचा २, ३, १, १६)।

कज्जलिअ देखो कज्जलइअ (से २, ३६; गउड)।

कज्जव } पुं [दे] १ विष्ठा, मैला। २ तृण
कज्जवय } वगैरह का समूह, कूड़ा, कतवार (दे २, ११; उप १७६; ५६३; स २६४; दे ६, ५६; अणु)।

कज्जिय वि [कार्यिक] कार्यार्थी, प्रयोजनार्थी (वव ३)।

कज्जोवग पुं [कार्योपग] अठासी महाग्रहों में एक ग्रह का नाम (ठा २, ३—पत्र ७८)।

कज्झाल न [दे] सेवाल, एक प्रकार की घास, जो जलाशयों में लगती है (दे २, ८)।

कटरि (अप) अ [कटरे] इन अर्थों का द्योतक अव्यय—१ आश्चर्य, विस्मय; 'कटरि थणंतरु मुद्धडहे, जे मणु विच्चिन माइ' (हे ४, ३५०)। २ प्रशंसा, श्लाघा; 'कटरि भालु सुविसालु, कटरि मुहकमल पसन्निम' (धम्म ११ टी)।

कटार (अप) न [दे] छुरी, क्षुरिका (हे ४, ४४५)।

कट्ट सक [कृत्] काटना, छेदना। कट्टइ (भवि)। संकृ. कट्टि, कट्टिवि, कट्टिअ (रंभा; भवि; पिंग)।

कट्ट वि [कृत्त] काटा हुआ, छिन्न (उप १८०)।

कट्ट न [कष्ट] १ दुःख। २ वि. कष्ट-कारक, कष्टदाई (पिंग)।

कट्टर पुंन [दे] कढ़ी में डाला हुआ घी का बड़ा, खाद्य-विशेष (पिंड ६३७)।

कट्टर न [दे] खण्ड, अंश, टुकड़ा; 'से जहा वित्तयकट्टरे इ वा वियाणपट्टे इ वा' (अनु)।

कट्टराय न [दे] छुरी, शस्त्र-विशेष (स १४३)।

कट्टारी स्त्री [दे] क्षुरिका, छुरी (दे २, ४)।

कट्टिअ वि [कर्त्तित] काटा हुआ, छेदित (पिंग)।

कट्टु वि [कर्त्तृ] कर्त्ता, करनेवाला (षड्)।

कट्टु अ [कृत्वा] करके (णाया १, ५; कप्प भग)।

कट्टोरग पुं [दे] कटोरा, प्याला, पात्र-विशेष; 'तओ पासेहिं करोडगा कट्टोरगा मंकुआ सिप्पाओ य ठविज्जंति' (निचू १)।

कट्ठ न [कष्ट] १ दुःख; पीड़ा, व्यथा (कुमा)। २ पाप। ३ वि. कष्ट-दायक, पीड़ा-कारक (हे २, ३४; ६०)। °हर न [°गृह] कठघरा, काठ की बनी हुई चारदीवारी (सुर २, १८१)।

कट्ठ न [काष्ठ] काठ, लकड़ी (कुमा; सुपा ३५४)। २ पुं. राजगृह नगर का निवासी एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी (आवम)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] लकड़ी का कारखाना (आचा २, २)। °करण न [°करण] श्यामक-नामक गृहस्थ के एक खेत का नाम (कप्प)। °कार पुं [°कार] काठ-कर्म से जीविका चलानेवाला (अणु)। °कोलंब पुं [°कोलम्ब] वृक्ष की शाखा के नीचे झुकता हुआ अग्र-भाग (अनु)। °खाय पुं [°खाद] कीट-विशेष, घुण (ठा ४)। °दल न [°दल] रहर की दाल (राज)। °पाउया स्त्री [°पादुका] काठ का जूता, खड़ाऊँ (अनु ४)। °पुत्तलिया स्त्री. [°पुत्तलिका] कठपुतली (अणु)। °पेज्जा स्त्री [°पेया] १ मूँग वगैरह का क्वाथ। २ घृत से तली हुई तण्डुल की राब (उवा)। °महु न [°मधु] पुष्प-मकरन्द (कुमा)। °मूल न [°मूल] द्विदल धान्य, जिसका दो टुकड़ा समान होता है ऐसा चना, मूँग आदि अन्न (बृह १)। °हार पुं [°हार] त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष (जीव १)। °हारय पुं [°हारक] कठहरा, लकड़हारा (सुपा ३८५)।

कट्ठ वि [कृष्ट] विलिखित, चासा हुआ; 'खीर-दुमहेट्ठपंथकट्ठोल्ला इंधणे य मीसो य' (ओघ ३३६)।

कट्ठण न [कर्षण] आकर्षण, खींचाव (गउड)।

कट्ठहार पुं [काष्ठहार] कठहरा, लकड़हारा, काष्ठवाहक (कुप्र १०४)।

कट्ठा स्त्री [काष्ठा] १ दिशा (सम ८८)। २ हद, सीमा; 'कवडस्स अहो परा कट्ठा' (श्रा १६)। ३ काल का एक परिमाण, अठारह निमेष (तंदु)। ४ प्रकर्ष (सुज्ज ६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**कट्ठिअ** पुं [दे] चपरासी, प्रतीहार (दे २, १५)।

**कट्ठिअ** वि [काष्ठित] काठ से संस्कृत भीत वगैरह (आचा २, २)।

**कट्ठिण** देखो कढिण (नाट—मालती ५६)।

**कट्ठेअ** वि [काष्ठेय] देखो कट्ठिअ—काष्ठित (आचा २, २, १, ६)।

**कट्ठोल** देखो कट्टु = कृष्ट (पिंड १२)।

**कड** वि [दे] १ क्षीण, दुर्बल। २ मृत, विनष्ट (दे २, ५१)।

**कड** पुं [कट] १ गण्ड-स्थल, गाल (णाया १, १. पत्र ६५)। २ तृण, घास। ३ चटाई, आस्तरण-विशेष (ठा ४, ४. पत्र २७१)। ४ लकड़ी, यष्टि; 'तेसिं च जुद्धं लयालिट्ठि-कडपासाणदंतनिवाएहिं' (वसु)। ५ वंश, बांस (विपा १, ६; ठा ४, ४)। ६ तृण-विशेष (ठा ४, ४)। ७ छिला हुआ काष्ठ (आचा २, २, १)। °च्छेज्ज न [°च्छेद्य] कला-विशेष (औप; जं २)। °तड न [°तट] १ कटक का एक भाग। २ गण्ड-तल (णाया १, १)। °पूयणा स्त्री [°पूतना] व्यन्तरी-विशेष (विसे २५४६)।

**कड** वि [कृत] १ किया हुआ, बनाया हुआ, रचित (भग; पण्ह २, ४; विपा १, १; कप्प; सुपा २६)। २ पुंन. युग-विशेष, सत्ययुग, (ठा ४, ३)। ३ चार की संख्या (सूअ १, २)। °जुग न [°युग] सत्य-युग, उन्नति का समय, आदि युग, १७२८००० वर्षों का यह युग होता है (ठा ४, ३)। °जुम्म पुं [°युग्म] सम राशि-विशेष, चार से भाग देने पर जिसमें कुछ भी शेष न बचे ऐसी राशि (ठा ४, ३)। °जुम्मकडजुम्म पुं [°युग्मकृतयुग्म] राशि-विशेष (भग ३४, १)। °जुम्मकलिओय [°युग्मकल्योज] राशि-विशेष (भग ३४, १)। °जम्मतेओग पुं [°युग्मत्र्योज] राशि-विशेष (भग ३४, १)। °जुम्मदावरजुम्म पुं [°जुग्मद्वापर-युग्म] राशि-विशेष (भग ३४, १)। °जोगि वि [°योगिन्] १ कृत-क्रिय (निचू १)। २ गीतार्थ, ज्ञानी (ओघ १३४ भा)। ३ तपस्वी (निचू १)। °वाइ पुं [°वादिन्] सृष्टि को नैसर्गिक न मानकर किसी की बनाई हुई माननेवाला, जगत्कर्तृत्ववादी (सूअ १, १, १) °इ पुं [°दि] देखो °जोगि (भग; णाया १, १—पत्र ७४)। देखो कय = कृत।

**कडअल्ल** पुं [दे] दौवारिक, प्रतीहार (दे २, १५)।

**कडअल्ली** स्त्री [दे] कण्ठ, गला (दे २, १५)।

**कडइअ** पुं [दे] स्थपति, बढई (दे २, २२)।

**कडइअ** वि [कटकित] वलय की तरह स्थित (से १२, ४१)।

**कडइल्ल** पुं [दे] दौवारिक, प्रतीहार (दे २, १५)।

**कडंगर** न [कडङ्गर] तुष, छिलका, भूसा (सुपा १२६)।

**कडंत** न [दे] मूली, कन्द विशेष। २ मुसल (दे २, ५६)।

**कडंतर** न [दे] पुराना सूर्प आदि उपकरण (दे २, १८)।

**कडंतरिअ** वि [दे] दारित, विदारित, विनाशित (दे २, २०)।

**कडंब** पुं [कडम्ब] वाद्य-विशेष (विसे ७८ टी)।

**कडंबा** पुंस्त्री [कदम्बा] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

**कडंभुअ** न [दे] १ कुम्भग्रीव-नामक पात्र-विशेष। घड़े का कण्ठ-भाग (दे २, २०)।

**कडक** देखो कडग (नाट—रत्ना ५८)।

**कडकडा** स्त्री [कडकडा] अनुकरण शब्द-विशेष, कड़ कड़ आवाज (स २५७; पि ५५८; नाट—मालती ५६)।

**कडकडिअ** वि [कडकडित] जिसने कड़-कड़ आवाज किया हो वह, जीर्ण (सुर ३,१६३)।

**कडकडिर** वि [कडकडायितृ] कड़-कड़ आवाज करनेवाला (सण)।

**कडकिय** न [कडंकित] कड़कड़ आवाज (सिरि ६६२)।

**कडक्ख** पुं [कटाक्ष] कटाक्ष, तिरछी चितवन, भाव-युक्त दृष्टि, आँख का संकेत (पात्र; सुर १, ४३; सुपा ६)।

**कडक्ख** सक [कटाक्षय्] कटाक्ष करना। कडक्खइ (भवि)। संकृ. कडक्खेवि (भवि)।

**कडक्खण** न [कटाक्षण] कटाक्ष करना (भवि)।

**कडक्खिअ** वि [कटाक्षित] १ जिसपर कटाक्ष किया गया हो वह (रंभा)। २ न. कटाक्ष (भवि)।

**कडग** पुंन [कटक] १ कड़ा, वलय, हाथ का आभूषण-विशेष (णाया १,१)। २ यवनिका, परदा; 'अन्नस्स सग्गगमणं होही कडंतरेण तं सव्वं। निसुयमुवज्झाएणं' (उप १६६ टी)। ३ पर्वत का मूल भाग। ४ पर्वत का मध्य भाग। ५ पर्वत की सम भूमि। ६ पर्वत का एक भाग; 'गिरिकंदरकडगविसमदुग्गेसु' (पच्च ८२; पण्ह १, ३; णाया १, ४; १८)। ७ शिबिर, सेना रहने का स्थान (बृह २)। ८ पुं. देश-विशेष (णाया १, १—पत्र ३३)। देखो कडय।

**कडच्छु** स्त्री [दे] कर्छी, चमची, डोई (दे २, ७)।

**कडण** न [कदन] १ मार डालना, हिंसा करना। (कुमा)। २ नाश करना। ३ मर्दन। ४ पाप। ५ युद्ध। ६ विह्वलता, आकुलता (हे १, २१७)।

**कडण** न [कटन] १ घर की छत। २ घर पर छत डालना (गच्छ १)।

**कडण** न [कटन] चटाई आदि से घर का संस्कार, चटाई आदि से घर के पार्श्व भागों का किया जाता आच्छादन (आचा २, २, ३, १ टी; पत्र १३३)।

**कडणा** स्त्री [कटना] घर का अवयव विशेष (भग ८, ६)।

**कडणी** स्त्री [कटनी] मेखला, 'सुरगिरिकड-णिपरिट्ठियचंदाइच्चाण सिरिमणुहरंति' (सुपा ६१५)।

**कडतला** स्त्री [दे] लोहे का एक प्रकार का हथियार, जो एक धारवाला और वक्र होता है (दे २, १९)।

**कडत्तरिअ** वि [दे] देखो कडंतरिअ (भवि)।

**कडद्दरिअ** वि [दे] १ छिन्न, काटा हुआ। २ न. छिद्रता (षड्)।

**कडप्प** पुं [दे. कटप्र] १ समूह, निकर, कलाप (दे २, १३; षड्; गउड; सुपा ६२; भवि; विक्र ६५)। २ वस्त्र का एक भाग (दे २, १३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**कडमड** पुंन [दे] उद्वेग (संक्षि ४७)।

**कडय** न [कटक] ऊख आदि की यष्टि (आचा २, १०, २)।

**कडय** देखो कडग (सुर १, १६३; पाअ; गउड; महा; सुपा १६२; दे ५, ३३)। ९ लश्कर, सैन्य (ठा ६)। १० पुं. काशी देश का एक राजा (महा)। °वई स्त्री [°वती] राजा कटक की एक कन्या (महा)।

**कडयड** पुं [कडकड] कड़-कड़ आवाज, 'कत्थइ खरपवहाणयकडम(? य)डभज्जंतदुम-गहणं' (पउम ६४, ४४)।

**कडयडिय** वि [दे] परावर्त्तित, फिराया हुआ, घुमाया हुआ; 'नं कुम्मह कडयडिय दिट्ठि नं पविहुउ गिरिवरु' (सुपा १७६)।

**कडसक्करा** स्त्री [दे] वंश शलाका, बाँस की सलाई (विपा १, ६)।

**कडसार** न [कटसार] मुनि का एक उप-करण, आसन; 'न वि लेइ जिणा पिछीं (? छि)। नवि कुंडीं (? डि) कक्कलं च कडसारं' (विचार १२८)।

**कडसी** स्त्री [दे] श्मशान, मसान (दे २, ६)।

**कडहू** पुं [कटभू] वृक्ष-विशेष (बृह १)।

**कडा** स्त्री [दे] कड़ी, सिकड़ी, जंजीर की लड़ी; 'वियडकवाडकडाणं खडक्खओ निसुणिओ तत्तो' (सुपा ४१४)।

**कडार** न [दे] नारिकेल, नरियर (दे २,१०)।

**कडार** पुं [कडार] १ वर्ण-विशेष, तामड़ा वर्ण, भूरा रंग। २ वि. कपिल वर्णवाला, भूरा रंग का, मटमैला रंग का (पाअ; रयण ७७; सुपा ३३; ६२)।

**कडाली** स्त्री [दे. कटालिका] घोड़े के मुँह पर बांधने का एक उपकरण (अनु ६)।

**कडाह** पुं [कटाह] १ कड़ाह, लोहे का पात्र, लोहे की बड़ी कड़ाही (अनु ६; नाट—मृच्छ ३)। २ वृक्ष-विशेष (पउम १३,७६)। ३ पाँजर की हड्डी, शरीर का एक अवयव (पण्ण १)।

**कडाहपल्हत्थिअ** न [दे] दोनों पार्श्वों का अपवर्त्तन, पार्श्वों को घुमाना-फिराना (दे २, २५)।

**कडि** स्त्री [कटि] १ कमर, कटी (विपा १, २; अनु ६)। २ वृक्षादि का मध्य भाग (जं १)। °तड न [°तट] १ कटी-तट। २ मध्य भाग (राय)। °पट्टय न [°पट्टक] धोती, वस्त्र-विशेष (बृह ४)। °पत्त न [°पत्र] १ सर्पादि वृक्ष की पत्ती। २ पतली कमर (अनु ५)। °यल न [°तल] कटी-प्रदेश (भवि)। °ल्ल न [°टीय] देखो कडिल्ल (दे) का दूसरा अर्थ। °दट्टी स्त्री [°पट्टी] कमर का पट्टा, कमर-पट्टा (सुपा ३३१)। °वत्थ न [°वस्त्र] धोती, कमर में पहनने का कपड़ा (दे २, १७)। °सुत्त न [°सूत्र] कमर का आभूषण, मेखला (सम १५३; कप्पू)। °हत्थ पुं [°हस्त] कमर पर रखा हुआ हाथ (दे २, १७)।



**कडि** वि [कटिन्] चटाईवाला (अणु १४४)।

**कडिअ** वि [कटित] १ कट—चटाई से आच्छादित (कप्प)। २ कट से संस्कृत (आचा २, २, १)। ३ एक दूसरे में मिला हुआ; 'घणकडियकडिच्छाए' (औप)।

**कडिअ** वि [दे] प्रीणित, खुशी किया हुआ (षड्)।

**कडिखंभ** पुं [दे] १ कमर पर रखा हुआ हाथ (पाअ; दे २, १७)। २ कमर में किया हुआ आघात (दे, २, १७)।

**कडिण** पुंन [दे] तृण-विशेष (सूअ २, २, ७)।

**कडित्त** देखो कलत्त (णाया १, १ टी—पत्र ६)।

**कडिभिल्ल** न [दे] शरीर के एक भाग में होनेवाला कुष्ठ-विशेष। (बृह ३)।

**कडिल्ल** वि [दे] १ छिद्र-रहित, निश्छिद्र (दे २, ५२; षड्)। २ न. कटी-वस्त्र, कमर में पहनने का वस्त्र, धोती वगैरह (दे २, ५२; पाअ; षड्; सुपा १५२; कप्पू; भवि; विसे २६००)। ३ वन, जंगल, अटवी; 'संसारभवकडिल्ले, संजोगवियोगसोगतरुगहणे। कुपहपणट्ठाण तुमं, सत्थाहो नाह ! उप्पन्नो।' (पउम २, ४५; वव ३; दे २, ५२)। ४ वि. गहन, निबिड, सान्द्र; 'झिल्लिझिल्लायइकडिल्लं' (उप १०३१ टी; दे २, ५२; षड्)। ५ आशीर्वाद, आसीस। ६ पुं. दौवारिक, प्रतीहार। ७ विपक्ष, शत्रु, दुश्मन (दे २, ५२; षड्)। ८ कटाह, लोहे का बड़ा पात्र (ओघ ६२)। ९ उपकरण-विशेष (दस ६)।

**कडी** देखो कडि (सुपा २२६)।

**कडु, कडुअ** पुं [कटुक] १ कडुआ, तिक्त, रस-विशेष (ठा १)। २ वि. तीता, तिक्त रस-वाला (से १, ६१; कुमा)। ३ अनिष्ट (पण्ह २, ५)। ४ दारुण, भयंकर (पण्ह १, १)। ५ परुष, निष्ठुर (नाट—रत्ना ६६)। ६ स्त्री. वनस्पति-विशेष, कुटकी (हे २, १५५)।

**कडुअ** (शौ) अ [कृत्वा] करके (हे २, २७२)।

**कडुआल** पुं [दे] घण्टा, घण्ट (दे २, ५७)। २ छोटी मछली (दे २, ५७; पाअ)।

**कडुइअ** वि [कटुकित] १ कडुआ किया हुआ। २ दूषित (गउड)।

**कडुइया** स्त्री [कटुकी] वल्ली-विशेष, कुटकी (पण्ण १)।

**कडुच्छय, कडुच्छु, कडुच्छुय** पुंस्त्री [दे] देखो कडच्छु; 'धूवकडुच्छुयहत्था' (सुपा ५१; पाअ; निर ३, १; धम्म)।

**कडुयाविय** वि [दे] १ प्रहृत, जिस पर प्रहार किया गया हो वह (उप पृ ६५)। २ व्यथित, पीड़ित; 'सा य (चोरधाडी) कुमारपहारक-डुयाविया भग्गा परम्मुहा कया' (महा)। ३ हराया हुआ, पराभूत। ४ भारी विपद में फँसा हुआ (भवि)।

**कडूइद** (शौ) वि [कटूकृत] कटुक किया हुआ (नाट)।

**कडेवर** न [कलेवर] शरीर, देह (राय; हे ४, ३६५)।

**कड्ढ** सक [कृष्] १ खींचना। २ चास करना। ३ रेखा करना। ४ पढ़ना। ५ उच्चारण करना। कड्ढइ (हे ४, १८७)। वकृ. कड्ढंत, कड्ढमाण (गा ६८७; महा)। कवकृ. कड्ढिज्जंत, कड्ढिज्जमाण (से ५, २६; ६, ३६; पण्ह १, ३)। संकृ. कड्ढिऊण, कड्ढेउ, कड्ढित्तु, कड्ढिय (महा), 'कड्ढेत्तु नमोक्कारं' (पंचव), कड्ढिउं (पि ५७७)। कृ. कड्ढेयव्व (सुपा २३६)।

**कड्ढ** पुं [कर्ष] खींचाव, आकर्षण (उत्त १६)।

**कड्ढण** न [कर्षण] १ खींचाव, आकर्षण,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(सुपा २६२)। २ वि. खींचनेवाला, आकर्षक (उप पृ २७७)।

**कड्ढणया** स्त्री [कर्षणता] आकर्षण (उप पृ २७७)

**कड्ढाविय** वि [कर्षित] खींचवाया हुआ, बाहर निकलवाया हुआ (भवि)।

**कड्ढिअ** वि [दे] बाहर निकला हुआ, गुजराती में 'काढेलुं'; 'तो दासीहिं सुणउ व्व कड्ढिओ कुट्टिऊण बहिं' (सिरि ६८६)।

**कड्ढिय** वि [कृष्ट] १ आकृष्ट, खींचा हुआ (पण्ह १, ३)। २ पठित, उच्चारित (स १८२)।

**कड्ढोकड्ढ** न [कर्षापकर्ष] खींचातान (उत्त १६)।

**कढ** सक [क्वथ्] १ क्वाथ करना। २ उबालना। ३ तपाना, गरम करना। कढइ (हे ४, २२०)। वकृ. **कढमाण** (पि २२१)। कवकृ. 'राया जंपइ एयं सिंचह रे रे कढंततिल्लेण' (सुपा १२०), **कढीअमाण** (पि २२१)।

**कढकढकढेंत** वि [कडकडायमान] कड़-कड़ आवाज करता (पउम २१, ४०)।

**कढण** न [क्वथन] क्वाथ करना, 'रागगुणेणं पावइ खंडणकडणाइं मंजिट्ठा' (कुप्र २२३)।

**कढिअ** न [दे] कढ़ी (पिंड ६२४)।

**कढिअ** वि [क्वथित] १ उबाला हुआ। २ खूब गरम किया हुआ, 'कढिओ खलु निबरसो अइकडुओ एव जाएइ' (श्रा २७; ओघ १४७; सुपा ४६६)।

**कढिआ** स्त्री [दे] कढ़ी, भोजन-विशेष (दे २, ६७)।

**कढिण**, **कढिणग** } वि [कठिन] १ कठिन, कर्कश, कठोर, परुष (पण्ह १, ३, पाअ)। २ न. तृण-विशेष (आचा २, ३, ३)। ३ पर्ण, पत्ता (पण्ह २, ५)।

**कढोर** वि [कठोर] १ कठिन, परुष, निष्ठुर। २ पुं. इस नाम का एक राजा (पउम ३२, २३)।

**कण** सक [क्वण] शब्द करना, आवाज करना। कणइ (हे ४, २३९)। वकृ. कणंत (सुर १०, २१८; वज्जा ६६)।

**कण** सक [कण्] आवाज करना। कणइ (हे ४, २३९)।

**कण** पुं [कण] १ कण, लेश; 'गुणकणमवि परिकहिउं न सक्कइ' (सार्ध ७६)। २ विकीर्ण दाना (कुमा)। ३ वनस्पति-विशेष, (पण्ण १)। ४ पुं. एक म्लेच्छ देश (राज)। ५ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)। ६ तण्डुल, ओदन (उत्त १२)। ७ कनिक (आचा २, १)। ८ बिंदु; 'बिंदुइअं कणइअं' (पाअ)। °इअ वि [°वत्] बिन्दुवाला (पाअ)। [°कुंडग] पुं [कुण्डक] ओदन की बनी हुई एक भक्ष्य वस्तु; 'कणकुंडगं चइत्ताणं विट्ठं भुंजइ सूयरो' (उत्त १२)। °पूपलिया स्त्री [°पूपलिका] भोजन-विशेष, कणिक (आटा) की बनाई हुई एक खाद्य वस्तु (आचा २,१)। °भक्ख पुं [°भक्ष] वैशेषिक मत का प्रवर्तक एक ऋषि (राज)। °वित्ति स्त्री [°वृत्ति] भिक्षा, भीख (सुपा २३४)। °वियाणग पुं [°वितानक] देखो कणग-वियाणग (सुज्ज २०; इक)। °संताणय पुं [°संतानक] देखो कणग-संताणय (इक)। °द पुं [°द] वैशेषिक मत का प्रवर्तक ऋषि (विसे २१९४)। °यण्ण वि [°कीर्ण] बिन्दुवाला) (पाअ)।

**कण** पुं [क्वण] शब्द, आवाज (उप पृ १०३)।

**कणइकेउ** पुं [कनकिकेतु] इस नाम का एक राजा (दंस)।

**कणइपुर** न [कनकिपुर] नगर-विशेष, जो महाराज जनक के भाई कनक की राजधानी थी (ती)।

**कणइर** पुं [कर्णिकार] कणेर, वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२)।

**कणइल्ल** पुं [दे] शुक, तोता, सुग्गा, सुआ (दे २,२१; षड्; पाअ)।

**कणई** स्त्री [दे] लता, वल्ली (दे २, २५; षड्; स ४१६; पाअ)।

**कणंगर** न [कनङ्गर] पाषाण का एक प्रकार का हथियार (विपा १, ६)।

**कणकण** पुं [कणकण] कण-कण आवाज (आवम)।

**कणकणकण** अक [दे] कण-कण आवाज करना। कणकणकणंति (पउम २६, ५३)। वकृ. कणकणकणंत (पउम ५३, ८६)।

**कणकणग** पुं [कनककनक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)।

**कणक्कणिअ** वि [कणक्कणित] कण-कण आवाजवाला (कप्पू)।

**कणखल** न [दे] उद्यान-विशेष (सट्ठि ६ टी)।

**कणग** वि [कानक] सुवर्ण-रस पाया हुआ (कपड़ा) (आचा २, ५, १, ५)। °पट्ट वि [°पट्ट] सोने का पट्टावाला (आचा २, ५, १, ५)।

**कणग** देखो **कण** (कप्प)।

**कणग** [दे] देखो **कणय**=(दे) (पण्ह १, २)।

**कणग** पुं [कनक] १ ग्रह विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)। २ रेखा-सहित ज्योतिः-पिण्ड, जो आकाश से गिरता है (ओघ ३१० भा; जी ६)। ३ बिन्दु। ४ शलाका, सलाई (राज)। ५ घृतवर द्वीप का अधिपति देव (सुज्ज १९)। ६ बिल्व वृक्ष, बेल का पेड़ (उत्तनि. ३)। ७ न. सुवर्ण, सोना (सं ६४; जी ३)। °कंत वि [°कान्त] १ कनक की तरह चमकता (आचा २, ५, १)। २ पुं. देव-विशेष (दीव)। °कुड न [°कूट] १ पर्वत-विशेष का एक शिखर (जं ४)। २ पुं. स्वर्णमय शिखरवाला पर्वत (जीव ३)। °केउ पुं [°केतु] इस नाम का एक राजा (णाया १, १४)। °गिरि पुं [°गिरि] १ मेरु पर्वत। २ स्वर्ण-प्रचुर पर्वत (औप)। °ज्झय पुं [°ध्वज] इस नाम का एक राजा (पंचा ५)। °पुर न [°पुर] नगर विशेष (विपा २, ६)। °प्पभ पुं [°प्रभ] देव-विशेष (सुज्ज १९)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] १ देवी-विशेष। २ 'ज्ञाता-धर्मसूत्र' का एक अध्ययन (णाया २, १)। °फुल्लिअ न [पुष्पित] जिसमें सोने के फूल लगाए गए हों ऐसा वस्त्र (निचू ७)। °माला स्त्री [°माला] १ एक विद्याधर की पुत्री (उत्त ९)। २ एक स्वनाम ख्यात साध्वी (सुर १५, ६७)। °रह पुं [°रथ] इस नाम का एक राजा (ठा ७; १०)। °लया स्त्री

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

[°लता] चमरेन्द्र के सोम-नामक लोकपाल-देव की एक अग्रमहिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। °वियाणग पुं [°वितानक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३; पत्र ७७)। °संताणग पुं [°संतानक] ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)। °वलि स्त्री [°वलि] १ सुवर्ण का एक आभूषण, सुवर्ण की मणियों से बना आभूषण (अंत २७)। २ तप-विशेष, एक प्रकार की तपश्चर्या (औप)। ३ पुं. द्वीप-विशेष। ४ समुद्र-विशेष (जीव ३)। °वलिपविभत्ति स्त्री [°वलिप्रविभक्ति] नाट्य का एक प्रकार (राय)। °वलिभद्द पुं [°वलिभद्र] कनकावलि द्वीप का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °वलिमहाभद्द पुं [°वलिमहाभद्र] कनकावलिवर नामक समुद्र का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३)। °वलिमहावर पुं [°वलिमहावर] कनकावलिवर नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वलिवर पुं [°वलिवर] १ इस नाम का एक द्वीप। २ इस नाम का एक समुद्र। कनकावलिवर समुद्र का अधिष्ठाता देव-विशेष (जीव ३)। °वलिवरभद्द पुं [°वलिवरभद्र] कनकावलिवर द्वीप का एक अधिपति देव (जीव ३)। °वलिवरमहाभद्द पुं [°वलिवरमहाभद्र] कनकावलिवर नामक द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वलिवरोभास पुं [°वलिवरावभास] १ इस नाम का एक द्वीप। २ इस नाम का एक समुद्र (जीव ३)। °वलिवरोभासभद्द पुं [°वलिवरावभासभद्र] कनकावलिवराव-भास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वलिवरोभासमहाभद्द पुं [°वलिवरा-वभासमहाभद्र] कनकावलिवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वलि-वरोभासमहावर पुं [°वलिवरावभास-महावर] कनकावलिवरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३)। °वलिवरोभास-वर पुं [°वलिवरावभासवर] कनकावलि-वरावभास-समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३) °वली स्त्री [°वली] देखो °वलि का पहला और दूसरा अर्थ (पव २७१)। देखो कणय = कनक।

कणगसत्तरि स्त्री [कनकसप्तति] एक प्राचीन जैनेतर शास्त्र (अणु ३६)।

कणगा स्त्री [कनका] १ भीम-नामक राक्ष-सेन्द्र की एक अग्रमहिषी (ठा ४, २—पत्र ७७)। २ चमरेन्द्र के सोम-नामक लोकपाल की एक अग्र-महिषी (ठा ४, २)। ३ 'णाया-धम्मकहा' सूत्र का एक अध्ययन (णाया २, १)। ४ क्षुद्र जन्तु-विशेष की एक जाति, चतुरिन्द्रिय जीव-विशेष (जीव १)।

कणगुत्तम पुं [कनकोत्तम] इस नाम का एक देव (दीव)।

कणय पुं [दे] १ फूलों को इकट्ठा करना, अवचय। २ बाण, शर; 'असिखेडयकणयतो-मर—' (पउम ८, ८८; पण्ह १, १, दे २, ५६; पाअ)।

कणय पुंन [कनक] एक देव विमान (देवेन्द्र १४४)।

कणय देखो कणग = कनक (ओघ ३१० भा; प्रासू १५६; हे १, २२८; उव; पाअ; महा; कुमा)। ८ पुं. राजा जनक के एक भाई का नाम (पउम २८, १३२)। ९ रावण का इस नाम का सुभट (पउम ५६, ३२)। १० धतूरा, वृक्ष-विशेष (से ९, ४८)। ११ वृक्ष-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)। १२ न. छन्द-विशेष (पिंग)। °पव्वय पुं [°पर्वत] देखो कणग-गिरि (सुपा ४३)। °मय वि [°मय] सुवर्ण का बना हुआ (सुपा २०)। °भ न [°भ] विद्याधरों का एक नगर (इक)। °ली स्त्री [°ली] घर का एक भाग (णाया १,१—पत्र १२)। °वली स्त्री [°वली] देखो कणगावली। ३ एक राज-पत्नी (पउम ७, ४५)।

कणयंदी स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, पाउरी, पाढल (दे २, ५८)।

कणविआणय पुं [कणवितानक] देखो कणगवियाणग (सुज्ज २०)।

कणवी स्त्री [दे] कन्या (वज्जा १०८)।

कणवीर पुं [करवीर] १ वृक्ष-विशेष, कनेर (हे १, २५३; सुपा १५१)। २ न. कनेर का फूल (पण्ह १,३)।

कणि पुंस्त्री [दे] स्फुरण, स्फूर्ति; 'कणी फुरणं' (पाअ)।

कणिआर देखो कण्णिआर (कुमा; प्राप्र; हे २, ९५)।

कणिआरिअ वि [दे] १ कानी आँख से जो देखा गया हो वह। २ न. कानी नजर से देखना (दे २, २४)।

कणिका स्त्री [कणिका] कनेक, रोटी के लिए पानी से भिजाया हुआ आटा (दे १, ३७)।

कणिक्क वि [कणिक्क] मत्स्य-विशेष (जीव १)।

कणिक्का देखो कणिका (श्रा १४)।

कणिट्ठ वि [कनिष्ठ] १ छोटा, लघु (पउम १५, १२; हे २, १७२)। २ निकृष्ट, जघन्य (रंभा)।

कणिय न [कणित] १ आर्त्त-स्वर। २ आवाज, ध्वनि (आव ४)।

कणिय° } देखो कणिका (कप्प)। २
कणिया } कणिका, चावल का टुकड़ा (आचा २, १, ८)। °कुंडय देखो कण-कुंडग (स ४८७)।

कणिया स्त्री [कणिता] वीणा-विशेष (जीव ३)।

कणिर वि [कणितृ] आवाज करनेवाला (उप पृ १०३; पाअ)।

कणिल्ल न [कनिल्य] नक्षत्र-विशेष का गोत्र (इक)।

कणिल्लिका स्त्री [कनिष्ठिका] छोटी अंगुली (अंगविज्जा, अध्या० ६ श्लो० १७५३)।

कणिस न [कणिश] सस्य-शीर्षक, धान्य का अग्र-भाग (दे २,६)।

कणिस न [दे] किशारु, सस्य-शूक, सस्य का तीक्ष्ण अग्र भाग (दे २, ६; भवि)।

कणीअ } वि [कनीयस्] छोटा, लघु;
कणीअस } 'तस्स भाया कणीससो पहू नामं' (वसु; वेणी १७६; कप्प; अंत १४)।

कणीणिगा स्त्री [कनीनिका] १ आँख की तारा। २ छोटी उंगली (राज)।

कणीर देखो कणेर (चंड)।

कणुय न [कणुक] त्वग् वगैरह का अवयव (आचा २, १, ८)।

कणूया देखो कणिया = कणिका (कस)।

कणेड्डिआ स्त्री [दे] गुञ्जा, घुँघची (दे २, २१)।

कणेर देखो कणिआर (हे १, १६८; पि २५८)।

कणेरु } स्त्री [करेणु] हस्तिनी, हथिनी
कणेरुआ } (हे २, ११६; कुमा; णाया १, १—पत्र ६४)।

कणोअअ न [दे] गरम किया हुआ जल, तेल वगैरह (दे २, १६)।

कण्ण पुं [कन्या] राशि-विशेष, कन्या-राशि; 'वुहो य कण्णम्मि वट्टए उच्चो' (पउम १७, ८१)।

कण्ण पुं [कण्व] इस नामका एक परिव्राजक, ऋषि-विशेष (औप; अभि २६२)।

कण्ण पुं [कर्ण] १ कोटि भाग, अग्रांश (सुज्ज १, १)। २ एक म्लेच्छ-जाति (मृच्छ १५२)।

कण्ण पुंन [कर्ण] १ कान, श्रवण, श्रोत्र; 'कण्णाइं' (पि ३५८; प्रासू २)। ४ पुं. अङ्ग देश का इस नाम का एक राजा, युधिष्ठिर का बड़ा भाई (णाया १, १६)। ३ कोना, वस्तु के छोर का एक अंश (अग० सूत्र ५१, ६६)। °उर, °ऊर न [°पूर] कान का आभूषण (प्राप्र; हेका ४५)। °गइ स्त्री [°गति] मेरु-सम्बन्धी एक डोरी (जो १०)। °जयसिंहदेव पुं [°जयसिंहदेव] गुजरात देश का बारहवीं शताब्दी का एक यशस्वी राजा (ती)। °देव पुं [°देव] विक्रम की तेरहवीं शताब्दी का सौराष्ट्र-देशीय एक राजा (ती)। °धार पुं [°धार] नाविक, निर्यामक (णाया १, ८)। °पाउरण पुं [°प्रावरण] १ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। २ उस अन्तर्द्वीप का निवासी (पण्ण १)। °पावरण देखो °पाउरण (इक)। °पीढ न [°पीठ] कान का एक प्रकार का आभूषण (ठा ६)। °पूर देखो °ऊर (णाया १, ८)। °रवा स्त्री [°रवा] नदी-विशेष (पउम ४०, १३)। °वालिया स्त्री [°वालिका] कान के ऊपर भाग में पहना जाता एक प्रकार का आभूषण (औप)। °वेहणग न [°वेधनक] उत्सव-विशेष, कर्णवेधोत्सव (औप)। °सक्कुली स्त्री [°शष्कुली] १ कान का छिद्र। २ कान की लंबाई (णाया १, ८)। °सोहण न [°शोधन] कान का मैल निकालने का एक उपकरण (निचू ४)। °हार पुं [°धार] देखो °धार (अच्चु २४; स ३२७)। देखो कन्न।

कण्णआर देखो कण्णिआर (प्राकृ ३०)।

कण्णउज्ज पुं [कान्यकुब्ज] १ देश-विशेष, दोआब, गङ्गा और यमुना नदी के बीच का देश। २ न. उस देश का प्रधान नगर, जिसको आजकल 'कन्नौज' कहते हैं (ती; कप्पू)।

कण्णंबाल न [दे] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरह (दे २, २३)।

कण्णगा देखो कन्नगा (आव ४)।

कण्णच्छुरी स्त्री [दे] गृह-गोधा, छिपकली (दे २, १६)।

कण्णड्य (अप) देखो कण्ण (हे ४, ४३२; ४३३)।

कण्णल (अप) त्रि [कर्णाट] १ देश-विशेष, कर्णाटक। २ वि. उस देश का निवासी (पिंग)।

कण्णलोयण पुंन [कर्णलोचन] देखो कण्णि-लायण (सुज्ज १०, १६)।

कण्णल्ल पुंन [कर्णल] ऊपर देखो (सुज्ज १०, १६ टी)।

कण्णस वि [कन्यस] अधम, जघन्य (उत ५)।

कण्णस्सरिय वि [दे] १ कानी नजर से देखा हुआ। २ न. कानी नजर से देखना (दे २, २४)।

कण्णा स्त्री [कन्या] १ ज्योतिष-शास्त्र-प्रसिद्ध एक राशि। २ कन्या, लड़की, कुमारी (कप्पू; पि २८२)। °चोलय न [°चोलक] धान्य-विशेष, जवनाल (णंदि)। °णय न [°नय] चोल देश का एक प्रधान नगर; 'चोलदेसाव-यंसे कण्णाणयनयरे' (ती)। °लिय न [°लीक] कन्या के विषय में बोला जाता झूठ (पण्ह १, ३)।

कण्णाआस न [दे] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरह (दे २, २३)।

कण्णाइंधण न [दे] कान का आभूषण—कुण्डल वगैरह (दे २, २३)।

कण्णाड पुं [कर्णाट] १ देश-विशेष, जो आजकल 'कर्णाटक' नाम से प्रसिद्ध है। २ वि. उस देश में उत्पन्न, वहां का निवासी (कप्पू)।

कण्णास पुं [दे] पर्यन्त, अन्त-भाग (दे २, १४)।

कण्णि पुं [कर्णि] एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)।

कण्णिआ स्त्री [कर्णिका] १ पद्म-उदर, कमल का बीज-कोष (दे ६, १४०)। २ कोण, अस्र (अणु; ठा ८)। ३ शालि वगैरह के बीज का मुख-मूल, तुष-मुख (ठा ८)।

कण्णिआर पुं [कर्णिकार] १ वृक्ष-विशेष, कनेर का गाछ (कुमा; हे २, ९५; प्राप्र)। २ गोशालक का एक भक्त (भग १५, १०)। ३ न. कनेर का फूल (णाया १, ६)।

कण्णिलायण न [कर्णिलायन] नक्षत्र-विशेष का एक गोत्र (इक)।

कण्णीरह देखो कन्नीरह।

कण्णुप्पल न [कर्णोत्पल] कान का आभूषण-विशेष (कप्पू)।

कण्णेर देखो कण्णिआर (हे १, १६८)।

कण्णोच्छडिआ स्त्री [दे] दूसरे की बात गुपचुप सुननेवाली स्त्री (दे २, २२)।

कण्णोड्ढ } स्त्री [दे] स्त्री को पहनने का
कण्णोड्डिआ } वस्त्र विशेष, नीरङ्गी (दे २, २० टी)।

कण्णोढत्ती [दे] देखो कण्णोच्छडिआ (दे २, २२)।

कण्णोप्पल देखो कण्णुप्पल (नाट)।

कण्णोल्ली स्त्री [दे] १ चञ्चु, चोंच, पक्षी का ठोर, ठोंठ। २ अवतंस, शेखर, भूषण-विशेष (दे २, ५७)।

कण्णोवगणिआ स्त्री [कर्णोपकर्णिका] कर्णाकर्णी, कानाकानी (दे १, ६१)।

कण्णोस्सरिअ [दे] देखो कण्णस्सरिय (दे २, २४)।

कण्ह पुं [कृष्ण] कन्द-विशेष (उत्त ३६, ९९)।

कण्ह पुं [कृष्ण] १ श्रीकृष्ण, माता देवकी और पिता वसुदेव से उत्पन्न नववाँ वासुदेव (णाया १, १६)। २ पांचवाँ वासुदेव और बलदेव के पूर्व जन्म के गुरू का नाम (सम १५३)। ३ देशावकाशिक व्रत को प्रतिचरित

करनेवाला एक उपासक (सुपा ५६२)। ४ विक्रम की तृतीय शताब्दी का एक प्रसिद्ध जैनाचार्य, दिगम्बर जैन मत के प्रवर्तक शिवभूति मुनि के गुरू (विसे २५५३)। ५ काला वर्ण (आचा)। ६ इस नाम का एक परिव्राजक, तापस (औप)। ७ वि. श्याम-वर्ण, काला रंगवाला (कुमा)। °ओराल पुं [°ओराल] वनस्पति-विशेष (पराग १—पत्र ३४)। °कंद पुं [°कन्द] वनस्पति-विशेष, कन्द-विशेष (पराग १—पत्र ३६)। °कणिग्रार पुं [°कर्णिकार] काली कनेर का गाछ (जीव ३)। °कुमार पुं [°कुमार] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, ४)। °गोमी स्त्री [°गोमिन्] काला शृगाल: 'कराहगोमी जहा चित्ता, कंटगं वा विचित्तयं' (वव ६)। °णाम न [°नामन्] कर्म-विशेष, जिसके उदय से जीव का शरीर काला होता है (राज)। °पक्खिअ वि [°पाक्षिक] १ क्रूर कर्म करनेवाला (सूअ २, २)। २ बहुत काल तक संसार में भ्रमण करनेवाला (जीव) (ठा १, १)। °बंधुजीव पुं [°बन्धुजीव] वृक्ष-विशेष, श्याम पुष्पवाला दुपहरिया (जीव २)। °भूम, °भोम पुं [°भूम] काली जमीन (आवम; विसे १४५८)। °राइ, °राई स्त्री [°राजि, °जी] १ काली रेखा (भग ६, ५; ठा ८)। २ एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८; जीव ४)। ३ 'ज्ञाता-धर्मकथा' सूत्र का एक अध्ययन—परिच्छेद (गाया २, १)। °रिसि पुं [°ऋषि] इस नाम का एक ऋषि, जिसका जन्म शंखावती नगरी में हुआ था (ती)। °लेस, °लेस्स वि [°लेश्य] कृष्ण-लेश्यावाला (भग)। °लेसा, लेस्सा स्त्री [°लेश्या] जीव का अति निकृष्ट मनः—परिणाम, जघन्य-वृत्ति (भग; सम ११; ठा १, १)। °वडिंसय, °वडेंसय न [°वतंसक] एक देव-विमान (राज; गाया २, १)। °वल्लि, °वल्ली स्त्री [°वल्लि, °ल्ली] वल्ली-विशेष, नागदमनी लता (पराग १)। °सप्प पुं [°सर्प] १ काला साँप (जीव ३)। २ राहु (सुज २०)। देखो कन्ह।

कण्हुई अ [कुतश्चित्] किसी से (सूअ १, २, ३, ६)। देखो कण्हुइ।

कण्हा स्त्री [कृष्णा] १ एक इन्द्राणी, ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४२९)। २ एक अन्तकृत् स्त्री (अंत २५)। ३ द्रौपदी, पाण्डवों की स्त्री (राज)। ४ राजा श्रेणिक की एक रानी (निर १, ४)। ५ अह्य देश की एक नदी (आवम)।

कण्हुइ अ [कचिन्] कचित्, कहीं भी (सूअ १, १)। २ कहाँ से? (उत्त २)।

कण्हुई देखो कण्हुइ (सूअ २, २, २१)।

कतवार पुं [दे] कतवार, कूड़ा (दे २,११)।

कति देखो कइ = कति (पि ४३३; भग)।

कतु देखो कउ = क्रतु (कप्प)।

कत्त सक [कृत्] काटना, छेदना, कतरना। कत्ताहि (पराह १, १)। वकृ. कत्तंत (ओघ ४६८)।

कत्त सक [कृत्] कातना, चरखे से सूत बनाना। वकृ. कत्तंत (पिंड ५७४)।

कत्त वि [कृत] निर्मित (संक्षि ४०)।

कत्त न [दे] कलत्र, स्त्री (षड्)।

कत्तण न [कर्तन] कातना (पिंड ६०२)।

कत्तण न [कर्त्तन] १ कतरना, काटना (सम १२५; उप पृ २)। २ वि. काटनेवाला, कतरनेवाला (सुर १, ७२)।

कत्तणया स्त्री [कर्त्तनता] लवन, कतराई (सुर १, ७२)।

कत्तर पुं [दे] कतवार, कूड़ा; 'इत्तो य कविलमूसयकत्तरबहुभारितिट्ठुपभिईहिं; केसत्र-किसी विएट्ठा' (सुपा २३७)।

कत्तरिअ वि [कृत्त, कर्त्तित] कतरा हुआ, काटा हुआ, लून (सुपा ५४६)।

कत्तरी स्त्री [कर्त्तरी] कतरनी, कैंची (कप्प)।

कत्तवीरिअ पुं [कार्त्तवीर्य] नृप-विशेष (सम १५३; प्रति ३१)।

कत्तव्व वि [कर्त्तव्य] १ करने योग्य (स १७२)। २ न. कार्य, काज, काम (श्रा ६)।

कत्ता स्त्री [दे] अन्धिका-द्यूत की कपर्दिका, कौड़ी (दे २, १)।

कत्ति स्त्री [कृत्ति] चर्म, चमड़ा (स ४३६; गउड; गाया १, ८)।

कत्ति° वि [कर्तृ] करनेवाला, 'किरिया ण कत्तिरहिया' (धर्मसं १४५)।

कत्तिकेअ पुं [कार्त्तिकेय] महादेव का एक पुत्र, षडानन (दे ३, ५)।

कत्तिगी स्त्री [कार्त्तिकी] कार्तिक मास की पूर्णिमा (पउम ८९, ३०; इक)।

कत्तिम त्रि [कृत्रिम] कृत्रिम, बनावटी (सुपा ८३; जं २)।

कत्तिय पुं [कार्त्तिक] १ कार्तिक मास (सम ६५)। २ इस नाम का एक श्रेष्ठी (निर १, ३)। ३ भरत क्षेत्र के एक भावी तीर्थंकर के पूर्व भव का नाम (सम १५४)।

कत्तिया स्त्री [कृत्तिका] नक्षत्र-विशेष (सम ११; इक)।

कत्तिया स्त्री [कर्त्तिका] कतरनी, कैंची (सुपा २९८)।

कत्तिया स्त्री [कार्त्तिकी] १ कार्तिक मास की पूर्णिमा (सम ६६)। २ कार्तिक मास की अमावास्या (चंद १०)।

कत्तिवविय वि [दे] कृत्रिम, दिखाऊ: 'कत्तिववियाहिं उवहिप्पहाणाहिं' (सूअनि. १, ४)।

कत्तु वि [कर्तृ] करनेवाला, 'कत्ता भुत्ता य पुन्नपावाणं' (श्रा ६)।

कत्तो अ [कुतः] कहाँ से, किससे? (पउम ४७, ८; कुमा)। °च्चय वि [°त्य] कहाँ से उत्पन्न? (विसे १०१६)।

कत्थ सक [कत्थ्] श्लाघा करना, प्रशंसना। कत्थइ (हे १, १८७)।

कत्थ अ [कुतः] कहाँ से? (षड्)।

कत्थ अ [क्व, कुत्र] कहाँ? (षड्; कुमा; प्रासू १२३)। °इ अ [°चित्] कहीं, किसी जगह (आचा; कप्प; हे २, १७४)।

**गिलिअ** वि [गिलित] निगला हुआ, भक्षित (सुपा ३, २०६; सुपा ६४०)।

**गिलिअवंत** वि [गिलितवत्] जिसने भक्षण किया हो वह (पि ५६६)।

**गिलोइया** } स्त्री [दे] गृह-गोधा, छिपकली
**गिलोई** } (सुपा ६४०; पुप्फ २६७)।

**गिल्लि** स्त्री [दे] १ हाथी की पीठ पर कसा जाता होदा, हौदा (णाया १, १—पत्र ४३ टी; औप)। २ डोली, दो आदमी से उठाई जाती एक प्रकार की शिबिका (सूअ २, २; दसा ६)।

**गिव्वाण** पुं [गीर्वाण] देव, सुर, त्रिदश (उप ५३० टी)।

**गिह** न [गृह] घर, मकान (आचा; श्रा २३; स्वप्न ६४)। °त्थ पुंस्त्री [°स्थ] गृहस्थ, गृही, संसारी (कप्प; द्र ५)। स्त्री. °त्था (पउम ४६, ३३)। °नाह पुं [°नाथ] घर का मालिक (श्रा २८)। °लिंगि पुंस्त्री [°लिङ्गिन्] गृहस्थ, गृही, संसारी (दंस)। °वइ पुंस्त्री [°पति] गृहस्थ, गृही, घर का मालिक (ठा ५, ३; सुपा २३४)। °वास पुं [°वास] १ घर में निवास। २ द्वितीयाश्रम, संसारिपन; 'गिहवासं पासं पिव मन्नंतो वसइ दुक्खिओ तम्मि' (धम्म; सूअ १, ६)। °वट्ट पुं [°वर्त्त] द्वितीय आश्रम, संसारिपन (सूअ १, ४, १)। °ासम पुं [°ाश्रम] घर-वास, द्वितीयाश्रम (स १४८)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**गिहिकोइआ** स्त्री [गृहकोकिला] गृहगोधा, छिपकली (स ७५८)।

**गिहमेहि** पुं [गृहमेधिन्] गृहस्थ (धर्मवि २६)।

**गिहवइ** पुं [गृहपति] देश का अधिपति, सूबेदार; 'तह गिहवईवि देस्स नायगो' (पव ८५)।

**गिहि** पुं [गृहिन्] गृही, संसारी, गृहस्थ (ओघ १७ भा; नव ४३)। °धम्म पुं [°धर्म] गृहस्थ-धर्म, श्रावक-धर्म (राज)। °लिंग न [°लिङ्ग] गृहस्थ का वेश (बृह १)।

**गिहिणी** स्त्री [गृहिणी] गृहिणी, भार्या, स्त्री (सुपा ८३; श्रा १६)।

**गिहीअ** वि [गृहीत] आत्त, उपात्त, ग्रहण किया हुआ (स ४२८)।

**गिहेलुग** देखो गिहेलुय (आचा २, ५, १, ८)।

**गिहेलुय** पुं [गृहैलुक] देहली, द्वार के नीचे की लकड़ी (निचू १३)।

**गी** स्त्री [गिर्] वाणी, भाषा, वाक्; 'थिरमुज्जलं च छायाघणं च गीविलसियं जस्स' (गउड)।

**गीआ** स्त्री [गीता] श्रीमद्भगवद्गीता, ज्ञानमय उपदेश, छन्द-विशेष (पिंग)।

**गीइ** स्त्री [गीति] १ छन्द-विशेष, आर्या-वृत्त का एक भेद। २ गान, गीत (ठा ७; उप १३० टी)।

**गीइया** स्त्री [गीतिका] ऊपर देखो (औप; णाया १, १)।

**गीय** वि [गीत] १ पद्य-मय वाक्य, गेय, जो गाया जाय वह (पण्ह २, ५; अणु)। २ कथित, प्रतिपादित (णाया १, १)। ३ प्रसिद्ध, विख्यात (संथा)। ४ न. गान, ताल और बाजे के अनुसार गाना (जं २; उत्त १)। ५ संगीत-कला, गान-कला, संगीत-शास्त्र का परिज्ञान (णाया १,१)। ६ पुं. गीतार्थ, उत्सर्ग और अपवाद वगैरह का जानकार जैन साधु, विद्वान् जैन मुनि (उप ७७३)। °जस पुं [°यशस्] इन्द्र-विशेष, गन्धर्व देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३; इक)। °त्थ पुं [°र्थ] १ विद्वान् जैन मुनि (उप ८३३ टी; वव ४; सुपा १२७)। २ संगीत-रहस्य (मै १४)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °रइ स्त्री [°रति] १ संगीत-क्रीडा (औप)। २ पुं. गन्धर्व देवों का एक इन्द्र (इक, भग, ३, ८)। ३ गन्धर्व-सेना का अधिपति देव-विशेष (ठा ७)। ४ वि. संगीत-प्रिय, गान-प्रिय (विपा १, २)।

**गीवा** स्त्री [ग्रीवा] कण्ठ, गरदन (पाअ)।

**गुंछ** देखो गुच्छ (हे १, २६)।

**गुंछा** स्त्री [दे] १ बिन्दु। २ दाढ़ी-मूंछ। ३ अधम, नीच (दे २, १०१)।

**गुंज** अक [हस्] हँसना, हास्य करना। गुंजइ (हे ४, १९६)।

**गुंज** अक [गुञ्ज्] १ गुन-गुन करना, भ्रमर आदि का आवाज करना। २ गर्जना, सिंह वगैरह का आवाज करना; 'गुंजंति सीहा' (महा)। वकृ. गुंजंत (णाया १, १—पत्र ५ रंभा)।

**गुंज** पुं [गुञ्ज] १ गुञ्जारव करता वायु (पउम १३, ४३)। २ पर्वत-विशेष; 'गुंजवरपव्वयं ते' (पउम ८, १०; ६४)।

**गुंजा** स्त्री [गुञ्जा] १ लता-विशेष (सुर २, ६)। २ फल-विशेष, घुँघची (णाया १, १; गा ३१०)। ३ भम्भा, वाद्य-विशेष (आचा)। ४ परिणाम-विशेष (ठा ४, १)। ५ गुञ्जारव, गुंजन, गुन-गुन आवाज; "गुंजावक्ककुहरोवगूढं' (राय)। ६ वायु-विशेष, गुञ्जारव करनेवाला वायु (जीव १; जी ७)। °फल, °हल न [°फल] फल-विशेष, घुंघची (सुर २, ६; सुपा २६१)।

**गुंजालिआ** स्त्री [गुञ्जालिका] गंभीर तथा टेढ़ी वापी—बावली या बावड़ी (आचा २, ३, ३, १)।

**गुंजालिया** स्त्री [गुञ्जालिका] वक्र-सारिणी, टेढ़ी कियारी (णाया १, १)। २ गोल पुष्करिणी (निचू १२)। ३ वक्र नदी (पण्ण ११)।

**गुंजाविअ** वि [हासित] हँसाया हुआ (कुमा ७, ४१)।

**गुंजिअ** न [गुञ्जित] गुन-गुन आवाज, भ्रमर वगैरह का शब्द (कुमा)।

**गुंजिर** वि [गुञ्जितृ] गुन-गुन आवाज करनेवाला (उप १०३१ टी)।

**गुंजुल्ल** देखो गुंजोल्ल। गुंजुल्लइ (हे ४, २०२)।

**गुंजेल्लिअ** वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ९२)।

**गुंजोल्ल** सक [वि + लुल्] बिखेरना। गुंजोल्लइ (प्राकृ ७३)।

**गुंजोल्ल** अक [उत् + लस्] उल्लास पाना, विकसित होना। गुंजोल्लइ (हे ४, २०२)।

**गुंजोल्लिअ** वि [उल्लसित] विकसित, विकसित (कुमा)।

**गुंठ** सक [उद् + धूलय्, गुण्ठ्] धूल वाला करना, धूली के रंग का करना, धूसरित करना। गुंठइ (हे ४, २९)। वकृ. गुंठंत (कुमा)।

**गुंठ** पुं [दे] अधम अश्व, दुष्ट घोड़ा (दे २, ९१; स ४५४)। २ त्रि. मायावी, कपटी (वव ३)।

**गुंठा** स्त्री [दे] माया, दम्भ, छल (वव ३)।

**गुंठिअ** वि [गुण्ठित] १ धूसरित। २ व्याप्त ३ आच्छादित (दे १, ८५)।

**गुंठी** स्त्री [दे] नीरंगी, स्त्री का वस्त्र-विशेष (दे २, ९०)।

**गुंड** न [दे] मुस्ता से उत्पन्न होनेवाला तृण-विशेष (दे २, ९१)।

**गुंडण** न [गुण्डन] धूलि का लेप, धूल का शरीर में लगाना; 'रयरेणुगुंडणाणि य नो सम्मं सहसि' (णाया १, १—पत्र ७१)।

**गुंडिअ** वि [गुण्डित] १ धूलि-लिप्त, धूलि-युक्त (पाअ)। २ लिप्त, पुता हुआ; 'चुण्णगुंडिअगातं' (विपा १, २—पत्र २४)। ३ घिरा हुआ; 'सउणी जह पंसुगुंडिया' (सूअ १, २, १)। ४ आच्छादित, प्रावृत (आचा)। ५ प्रेरित (पण्ह १, ३)।

**गुंथण** न [ग्रन्थन] गूँथना, गठना (रयण १८)।

**गुंद** पुं [गुन्द्र] वृक्ष-विशेष (पाअ)।

**गुंदल** न [दे. गुन्दल] १ आनन्द-ध्वनि, खुशी की आवाज, हर्ष की तुमुलध्वनि; 'मत्तवरकामिणीसंघकयगुंदलं' (सुर ३, ११५)। 'करिणीहिं कलहेहिं य खणमेक्कं हरिसगुंदलं काउं' (सुपा १३७)। २ हर्ष-भर, आनन्द-संदोह, खुशी की वृद्धि; 'अमंदआणंदगुंदलपुरुव्वं', 'आणंदगुंदलेणं ललइ लीलावईहिं परिकलिओ' (सुपा २२; १३६)। वि. आनन्द-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मग्न, खुशी में लीनः 'तं तह दट्ठुं आणंद-गुंदलं' (सुपा १३४)।

**गुंदवडय** न [दे] एक प्रकार की मिठाई, गुजराती में जिसको 'गुंदवडां' कहते हैं (सुपा ४८५)।

**गुंदा** } स्त्री [दे] १ बिन्दु २ अधम, नीच
**गुंपा** } (दे २, १०१)।

**गुंध** सक [ग्रन्थ्] गठना। गुंधइ (प्राकृ ६३)।

**गुंफ** सक [गुम्फ्] गूंथना, गठना। गुंफइ (षड्) वकृ. गुंफंत (कुमा)।

**गुंफ** पुं [गुम्फ] १ रचना, गूँथना, ग्रन्थन (उप १०३१ टी; दे १, १५०; ६, १४२)।

**गुंफ** पुं [दे] गुप्ति, कारागार, जेल (दे २, ९०)।

**गुंफण** न [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष; 'गुंफणफेरणसुंकारएहिं' (सुर २, ८)।

**गुंफी** स्त्री [दे] शतपदी, क्षुद्र कीट-विशेष, गोजर, कनखजूरा (दे २, ९१)।

**गुग्गुल** पुं [गुग्गुल] सुगन्धित द्रव्य-विशेष, गूगल या गुग्गुल (सुपा १५१)।

**गुग्गुली** स्त्री [गुग्गुल] गूगल का पेड़ (जी १०)।

**गुग्गुलु** देखो गुग्गुल (स ४३६)।

**गुच्छ** } पुं [गुच्छ] १ गुच्छा, गुच्छक,
**गुच्छय** } स्तबक (उत्त २; स्वप्न ७२)। २ वृक्षों की एक जाति (पण्ण १)। ३ पत्तों का समूह (जं १)।

**गुच्छय** देखो गोच्छय (ओघ ६६८)।

**गुच्छिय** वि [गुच्छित] गुच्छा वाला, गुच्छ-युक्तः 'निच्चं गुच्छिया' (राय)।

**गुज्ज** देखो गोज्ज (सुपा २८१)।

**गुज्जर** पुं [गूर्जर] १ भारत का एक प्रान्त, गुजरात देश (पिंग)। २ वि. गुजरात का निवासी। स्त्री. °री (नाट)।

**गुज्जरत्ता** स्त्री [गूर्जरत्रा] गुजरात देश (सार्ध ६८)।

**गुज्जलिअ** वि [दे] संघटित (षड्)।

**गुज्झ** पुं [गुह्य] एक देव-जाति (दस ७, ५३)।

**गुज्झ** } वि [गुह्य] १ गोपनीय, छिपाने
**गुज्झअ** } योग्य (णाया १,१; हे २,१२४)। २ न. गुप्त बात, रहस्य; 'सिमंतिणिहिययगयं गुज्झं पिव तक्खणा फुट्टं' (उप ७२८ टी)। ३ लिंग, पुरुष-चिह्न। ४ योनि, स्त्री-चिह्न (धर्म २)। ५ मैथुन, संभोग (पण्ह १, ४)। °हर वि [°धर] गुप्त बात को प्रकट नहीं करनेवाला (दे २ ४३)। °हर वि [°हर] रहस्य-भेदी, गुप्त बात को प्रसिद्ध करनेवाला (दे २, ९३)।

**गुज्झअ** } पुं [गुह्यक] देवों की एक जाति
**गुज्झग** } (ठा ५, ३)।

**गुट्ठ** न [दे] स्तम्ब, तृण-काण्डः 'अज्जुण-गुट्ठं व तस्स जाणूइं' (उवा)।

**गुट्ठ** देखो गोट्ठ (पाअ; भत्त १६२)।

**गुट्ठी** देखो गोट्ठी (सूक्त ५८)।

**गुड** सक [गुड्] १ हाथी को कवच वगैरह से सजाना। २ लड़ाई के लिए तय्यार करना, सजाना; 'गुडह गइंदे पउणीकरेह रहचक्कपाइक्के' (सुपा २८८)। कवकृ. 'गुडिअगुडिज्जंतभडं' (से १२, ८७)।

**गुड** सक [गुड्] नियन्त्रण करना। गुडेइ (संबोध ५४)।

**गुड** पुं [गुड] १ गुड़, ईख का विकार, लाल शक्कर (हे १, २०२; प्रासू १५१)। २ एक प्रकार का कवच (राज)। °सत्थ न [°सार्थ] नगर-विशेष (आक)।

**गुडदालिअ** वि [दे] पिण्डीकृत, इकट्ठा किया हुआ (दे २, ९२)।

**गुडा** स्त्री [गुडा] १ हाथी का कवच। २ अश्व का कवच (विपा १, २)।

**गुडिअ** वि [गुडित] कवचित, वर्मित, कृत-संनाह (से १२, ७३; ८७; विपा १, २)।

**गुडिआ** स्त्री [गुटिका] गाली (गा १७७)।

**गुडीलद्धिआ** स्त्री [दे] चुम्बन (दे २, ९१)।

**गुड्डुर** पुंन [दे] खीमा या खेमा, तंबू, डेरा, वस्त्र-गृह (सिरि ४८२; ६४४)।

**गुण** सक [गुणय्] १ गिनना। २ आवृत्ति करना, याद करना। गुणइ (सूक्त ५१; हे ४, ४२२)। गुणेइ (उव)। वकृ. **गुणमाण** (उप पृ ३९६)।

**गुण** पुं [गुण] उच्चारण (सूअनि २०)। २ रसना, मेखला (आचा २, २, १, ७)।

**गुण** पुंन [गुण] १ गुण, पर्याय, स्वभाव, धर्म (ठा ५, ३)। २ ज्ञान, सुख वगैरह एक ही साथ रहनेवाला धर्म (सम्म १०७; १०९)। ३ ज्ञान, विनय, दान, शौर्य, सदाचार वगैरह दोष-प्रतिपक्षी पदार्थ (कुमा; उत्त १९; अणु; ठा ४, ३; से १, ४)। ४ लाभ, फायदाः 'विहवेहि गुणाईं मग्गंति' (हे १, ३४; सुपा १०३)। ५ प्रशस्तता, प्रशंसा (णाया १, १)। ६ रज्जू, डोरा, धागा (से १, ४)। ७ व्याकरण-प्रसिद्ध ए, ओ और अर् रूप स्वर-विकार (सुपा १०३)। ८ जैन गृहस्थ को पालने का व्रत-विशेष, गुण-व्रत (पंचव ३)। ९ रूप, रस, गन्ध वगैरह द्रव्याश्रित धर्मः 'गुणपच्चक्खत्तणओ गुणीवि जाओ घडोव्व पच्चक्खो' (ठा १, १; उत्त २८)। १० प्रत्यञ्चा, धनुष का रोदा (कुमा)। ११ कार्य, प्रयोजन (भग २, १०)। १२ अप्रधान, अमुख्य, गौण (हे १, ३४)। १३ अंश, विभाग (अणु)। १४ उपकार, हित (पंचा ५)। °कर वि [°कर] १ लाभ-कारक। २ उपकार-कारक (पंचा ५)। °कार पुं [°कार] गुणा करना, अभ्यास-राशि (सम ९०)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ एक राजकुमार (आवम)। २ एक जैन मुनि और ग्रन्थकार। ३ श्रेष्ठि-विशेष (राज)। °ट्ठाण न [°स्थान] गुणों का स्वरूप-विशेष, मिथ्यादृष्टि वगैरह चउदह गुण-स्थानक (कम्म ४; पव ९०)। °ट्ठिअ पुं [°र्थिक] गुण को प्रधान माननेवाला मत, नय-विशेष (सम्म १०७)। °ड्ढ वि [°ाढ्य] गुणी, गुणवान् (सुर ३, २०; १३०)। °ण्ण, °ण्णु, °न्न, °न्नु वि [°ज्ञ] गुण का जानकार (गउड; उवर ८९; उप ५३० टी; सुपा १२२)। °पुरिस पुं [°पुरुष] गुणी पुरुष (सूअ १, ४) °मंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (आचा २,१,९)। °रयणसंवच्छर न [°रत्नसंवत्सर] तपश्चर्या-विशेष (भग)। °व, °वंत वि [°वत्] गुणी, गुण-युक्त (श्रा ३९; उप ८७५)। °व्वय न [व्रत] जैन गृहस्थ को पालने योग्य-व्रत-विशेष (पडि)। °सिलय न [°शिलक] राजगृह नगर का एक चैत्य (णाया १, १)। °सेढि स्त्री [°श्रेणि] कर्म-पुद्गलों की रचना-

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विशेष (पंच)। °सेण पुं [°सेन] इस नाम का एक प्रसिद्ध राजा (स ६)। °हर वि [°धर] १ गुणों को धारण करनेवाला, गुणी। २ तन्तु-धारक। स्त्री. °रा (सुपा ३२७)। °ायर पुं [°ाकर] गुणों की खान, अनेक गुण-वाला, गुणी (पउम १५, ६८; प्रासू १३४)।

गुण देखो एगूण; 'गुणसट्ठि अपमत्ते सुराउबंधं तु जइ इहागच्छे' (कम्म २, ८; ४, ५४; ५६; श्रा ४४)।

°गुण वि [°गुण] गुना, आवृत्त; 'वीसगुणो तीसगुणो' (कुमा; प्रासू २६)।

गुणण न [गुणन] १ गुणकार (पव २३६)। २ ग्रन्थ-परावर्तन, आवृत्ति; 'गुणणु (? गुण-णाणु) प्पेहासु अ असत्तो' (पिंड ६६४)।

गुणणा स्त्री [गुणना] ऊपर देखो (सम्यक्त्वो १५)।

गुणयालीस स्त्रीन [एकोनचत्वारिंशत्] उनचालीस, ३९ (राय ५९)।

गुणवुड्ढि स्त्री [गुणवृद्धि] लगातार आठ दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

गुणसेण पुं [गुणसेन] एक जैन आचार्य जो सुप्रसिद्ध हेमाचार्य के प्रगुरु थे (कुप्र १९)।

गुणा स्त्री [दे] मिष्टान्न-विशेष (भवि)।

गुणाविय वि [गुणित] पढ़ाया हुआ, पाठित; 'तत्थ सो अज्जएण सयलाओ धणुव्वेयाइयाओ महत्थविज्जाओ गुणाविओ' (महा)।

गुणि वि [गुणिन्] गुण-युक्त, गुणवाला (उप ५९७ टी; गउड; प्रासू २६)।

गुणिअ वि [गुणित] १ गुना हुआ, जिसका गुणा किया गया हो वह (श्रा ६)। २ चिंतित, याद किया हुआ (से ११, ३१)। ३ पठित अधीत (ओघ ६२)। ४ जिस पाठ की आवृत्ति की गई हो वह, परावर्तित (वव ३)।

गुणिल्ल वि [गुणवत्] गुणी, गुण-युक्त (पि ५९५)।

गुण्ण देखो गोण्ण (अणु १४०)।

गुण्ह (अप) देखो गिण्ह। गुण्हइ (प्राकृ ११९)।

गुत्त न [गोत्र] साधुत्व, साधुपन (सूअ २, ७, १०)।

गुत्त वि [गुप्त] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (गाया १,४; सुर ७,२३४)। २ रक्षित (उत्त १५)। ३ स्व-पर की रक्षा करनेवाला, गुप्ति-युक्त, मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला (उप ६०४)। ४ एक स्वनाम-प्रसिद्ध जैनाचार्य (श्राक)।

गुत्त देखो गोत्त (पाअ; भग; आवम)।

गुत्तण्हाण न [दे] पितृ-तर्पण (दे २, ९३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] १ कैदखाना, जेल (सुर १, ७३; सुपा ९३)। २ कठघरा (सुपा ९३)। ३ मन, वचन और काया की अशुभ प्रवृत्ति को रोकना। ४ मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्ति ठा २, १; सम ८)। °गुत्त वि [°गुप्त] मन वगैरह की निर्दोष प्रवृत्तिवाला, संयत (पण्ह २, ४)। °पाल पुं [°पाल] जेल का रक्षक, कैदखाना का अध्यक्ष (सुपा ४६७)। °सेण पुं [°सेन] ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिनदेव (सम १५३)।

गुत्ति स्त्री [गुप्ति] गोपन, रक्षण (सु १२)।

गुत्ति स्त्री [दे] १ बन्धन (दे २,१०१; भवि)। २ इच्छा, अभिलाषा। ३ वचन, आवाज। ४ लता, वल्ली। ५ सिर पर पहनी जाती फूल की माला (दे २, १०१)।

गुत्तिंदिय वि [गुप्तेन्द्रिय] इंद्रिय-निग्रह करने वाला, संयतेंद्रिय (भग; णाया १, ४)।

गुत्तिय वि [गौप्तिक] रक्षक, रक्षण करने-वाला; 'नगरगुत्तिए सद्दावेइ' (कप्प)।

गुत्तिय वि [गौत्रिक] गोती, समान गोत्र-वाला, गोतिया (कुप्र ३४४)।

गुत्तिवाल देखो गुत्ति-पाल (धर्मवि २६)।

गुत्थ वि [ग्रथित] गुम्फित, गूँथा हुआ (स ३०३; प्राप; गा ६३; कप्पू)।

गुत्थंड पुं [दे] भास-पक्षी, पक्षि-विशेष (दे २, ९२)।

गुद पुंस्त्री [गुद] गाँड़, गुदा (दे ६, ४९)।

गुद्दह न [गोद्रह] नगर-विशेष (मोह ८८)।

गुप्प अक [गुप्] व्याकुल होना। गुप्पइ (हे ४, १५०; षड्)। वकृ. गुप्पंत, गुप्पमाण (कुमा ६, १०२; कप्प; औप)।

गुप्प वि [गोप्य] १ छिपाने योग्य। २ न एकान्त, विजन (ठा ४, १)।

गुप्पई स्त्री [गोष्पदी] गौ का पैर डूबे उतना गहरा ,'को उत्तरिउं जलहिं, निब्बुड्डए गुप्पई-नीरे' (धम्म १२ टी)।

गुप्पंत न [दे] १ शयनीय, शय्या। २ वि. गोपित, रक्षित (दे २, १०२)। ३ संमूढ, मुग्ध, घबड़ाया हुआ, व्याकुल (दे २, १०२; से १, २; २, ४)।

गुप्पय देखो गो-पय (सूक ११)।

गुप्फ पुं [गुल्फ] फीली, पैर की गाँठ (स ३३; हे २, ९०)।

गुफगुमिअ वि [दे] सुगन्धी, सुगन्ध-युक्त (दे २, ९३)।

गुब्भ देखो गुप्फ (षड्)।

गुभ सक [गुफ्] गूँथना, गठना। गुभइ (हे १, २३६)।

गुम सक [भ्रम्] घूमना, पर्यटन करना, भ्रमण करना। गुमइ (हे ४, १६१)।

गुमगुम } अक [गुमगुमाय्] १ 'गुम-
गुमगुमाअ } गुम' आवाज करना। २ मधुर अव्यक्त ध्वनि करना। वकृ. गुमगुमंत, गुमगुमिंत, गुमगुमायंत (औप; णाया १, १; कप्प; पउम ३३, ९)।

गुमगुमाइय वि [गुमगुमायित] जिसने 'गुम-गुम' आवाज किया हो वह (औप)।

गुमिअ वि [भ्रमित] भ्रमित, घुमाया हुआ (कुमा)।

गुमिल वि [दे] १ मूढ, मुग्ध। २ गहन, गहरा। ३ प्रस्खलित। ४ आपूर्ण, भरपूर (दे २, १०२)।

गुमुगुमुगुम देखो गुमगुम। वकृ. गुमुगुमुगुमंत, गुमुगुमुगुमेंत (पउम २, ४०; ९२, ९)।

गुम्म अक [मुह्] मुग्ध होना, घबड़ाना, व्याकुल होना। गुम्मइ (हे ४, २०७)।

गुम्म पुं [गुल्म] परिवार, परिकर; 'हत्थी-गुम्मसंपरिवुडे' (सूअ २, २, ५५)।

गुम्म पुंन [गुल्म] १ लता, वल्ली, वनस्पति-विशेष (पण्ण १)। २ झाड़ी, वृक्ष-घटा (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें २७ हाथी, २७ रथ, ८१ घोड़ा और १३५ प्यादा हों ऐसी सेना (पउम ५६, ५)। ४ वृन्द, समूह (औप; सूअ २,२)। ५ गच्छ का एक हिस्सा, जैनमुनि-समाज का एक अंश (औप)। ६ स्थान, जगह (ओघ १९३)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**गुम्मइअ** वि [दे] १ मूढ़, मूर्ख (दे २,१०३; ओघ १३६; पाअ; षड्)। २ अपूरित, पूर्ण नहीं किया हुआ (षड्)। ३ पूरित, पूर्ण किया हुआ (दे २, १०३)। ४ स्खलित। ५ संचलित, मूल से उच्चलित। ६ विघटित, वियुक्त (दे २, १०३; षड्)।

**गुम्मड** देखो **गुम्म**। गुम्मडइ (हे ४, २०७)।

**गुम्मडिअ** वि [मोहित] मोह-युक्त, मुग्ध किया हुआ (कुमा ७, ४७)।

**गुम्मागुम्मि** अ. जत्थाबन्ध होकर (औप)।

**गुम्मिअ** वि [मुग्ध] १ मोह-प्राप्त, मूढ़ (कुमा ७, ४७)। २ घूर्णित, मद से घूमता हुआ (बृह १)।

**गुम्मिअ** पुं [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (ओघ १६३; ७६६)।

**गुम्मिअ** वि [दे] मूल से उखाड़ा हुआ, उन्मूलित (दे २, ९२)।

**गुम्मी** स्त्री [दे] इच्छा, अभिलाषा (दे २, ९०)।

**गुम्मी** स्त्री [गुल्मी] शतपदी, यूका, खटमल, जूँ (उत्त ३६, १३६; सुख ३६, १३६)।

**गुम्ह** सक [गुम्फ्] गूँथना, गठना। गुम्हदु (शौ) (स्वप्न ५३)।

**गुह्य** देखो **गुज्झ** (हे २, १२४)।

**गुरव** देखो **गुरु**; 'जो गुरवे साहीए धम्मं साहेइ पोढबुद्धिश्रो' (पउम ६, ११४)।

**गुरु** } पुं [गुरु] १ शिक्षक, विद्या-दाता,
**गुरुअ** } पढ़ानेवाला (वव १; अणु)। २ धर्मोपदेशक, धर्माचार्य (विसे ९३०)। ३ माता, पिता वगैरह पूज्य लोग (ठा १०)। ४ बृहस्पति, ग्रह-विशेष (पउम १७, १०८; कुमा)। ५ स्वर विशेष, दो मात्रावाला आ, ई वगैरह स्वर, जिसके पीछे अनुस्वार या संयुक्त व्यञ्जन हो ऐसा भी स्वर-वर्ण (पिंग)। ६ वि. बड़ा, महान् (उवा; से ३, ३८)। ७ भारी, बोझिल (ठा १, १; कम्म १)। ८ उत्कृष्ट, उत्तम (कम्म ४, ७२; ७६)। °**कम्म** वि [°कर्मन्] कर्मों का बोझवाला, पापी (सुपा २६५)। °**कुल** न [°कुल] १ धर्माचार्य का सामीप्य (पंचा ११)। २ गुरु-परिवार (उप ६७७)। °**गइ** स्त्री [°गति] गति-विशेष, भारीपन से ऊँचा-नीचा गमन (ठा ८)। °**लाघव** न [°लाघव] सारासार, अच्छा और बुरापन (वव ४)। °**सहिज्झल्लग** पुं [°सहाध्यायिक] गुरु के भाई (बृह ४)।

**गुरुई** देखो **गरुई** (णाया १, १)।

**गुरुगी** स्त्री [गुर्वी] १ गुरु-स्थानीय स्त्री (सुर ११, २११)। २ धर्मोपदेशिका, साध्वी (उप ७२८ टी)।

**गुरेड** न [गुरेट] तृण-विशेष (दे १, ५४)।

**गुल** देखो **गुड** = गुड (ठा ३, १; ६; णाया १, ८; गा ५५४; औप)।

**गुल** न [दे] चुम्बन (दे २, ९१)।

**गुलगुंछ** सक [उत् + क्षिप्] ऊँचा फेंकना। गुलगुंछइ (हे ४, १४४)। संकृ. **गुलगुंछिऊण** (कुमा)।

**गुलगुंछ** देखो **गुलुगुंछ** = उद् + नमय्। गुलगुंछइ (हे ४, ३६)।

**गुलगुल** अक [गुलगुलाय्] 'गुलगुल' आवाज करना, हाथी का हर्ष से चिंघाड़ना या बोलना। वकृ. **गुलगुलंत, गुलगुलेंत** (उप १०३१ टी; उवा; पउम ८, १७१; १०२, २०)।

**गुलगुलाइअ** } न [गुलगुलायित] हाथी की
**गुलगुलिय** } गर्जना (जं ५; सुपा १३७)।

**गुलल** सक [चाटू कृ] खुशामद करना। गुललइ (हे ४, ७३)। वकृ. **गुललंत** (कुमा)।

**गुललावणिया** स्त्री [गुडलावणिका] एक तरह की मिठाई, गोलपापड़ी। २ गुड़धाना (पव २५६; सुज २० टी)।

**गुलहाणिया** स्त्री [गुडधानिका] खाद्य-विशेष (पव ४)।

**गुलिअ** वि [दे] मथित, विलोड़ित (दे २, १०३; षड्)। २ पुं. गेंद, कन्दुक; 'कंदुश्रो गुलिओ' (पाअ)।

**गुलिआ** स्त्री [दे] १ बुसिका। २ गेंद, कन्दुक। ३ स्तबक, गुच्छा (दे २, १०३)।

**गुलिआ** स्त्री [गुलिका] १ गोली, गुटिका (महा; णाया १, १३; सुपा २९२)। २ वर्णक द्रव्य-विशेष, सुगन्धित द्रव्य-विशेष (औप; णाया १, १—पत्र २४)।

**गुलुइय** वि [दे] गुल्मित, गुल्मवाला, लता समूहवाला (औप; भग)।

**गुलुंछ** पुं [गुलुञ्छ] गुच्छ, गुच्छा (दे २, ९२)।

**गुलुगुंछ** देखो **गुलगुंछ** = उत् + क्षिप्। गुलुगुंछइ (हे ४, १४४)।

**गुलुगुंछ** सक [उन् + नमय्] ऊँचा करना, उन्नत करना। गुलुगुंछइ (हे ४,३६)।

**गुलुगुंछिअ** वि [उन्नमित] ऊँचा किया हुआ, उन्नमित (दे २, ९३; कुमा)।

**गुलुगुंछिअ** वि [दे] बाढ़ से अन्तरित (दे २, ९३)।

**गुलुगुल** देखो **गुलगुल**। गुलुगुलंति (भवि)। वकृ. **गुलुगुलेंत** (पि ५५८)।

**गुलुगुलाइय** } देखो **गुलगुलाइअ** (औप;
**गुलुगुलिय** } पराह १, ३; स ३६६)।

**गुलुच्छ** वि [दे] भ्रमित, घुमाया हुआ, (दे २, ९२)।

**गुलुच्छ** पुं [गुलुच्छ] गुच्छा, स्तबक (पाअ)।

**गुल्लइय** वि [गुल्मवत्] लता-समूहवाला, गुल्म-युक्त (णाया १, १—पत्र ५)।

**गुव** देखो **गुप्प** = गुप्। गुवंति (भग १५)।

°**गुवलय** देखो **कुवलय**; 'मुद्दियगुवलयनिहाणं' (णंदि)।

**गुवालिया** [दे] देखो **गोआलिआ** (जी १७)।

**गुविअ** वि [गुप्त] व्याकुल, क्षुब्ध (ठा ३, ४—पत्र १६१)।

**गुविल** वि [गुपिल] १ गहन, गहरा, गाढ़, निबिड़ (सुर ६, ६६; उप पृ ३०; पराह १, ३)। २ न. झाड़ी, जंगल (उप ८३३ टी);

'इक्को करइ कम्मं,
इक्को अणुहवइ दुक्कयविभारं।
इक्को संसरइ जिश्रो,
जरमरणचउगगइगुविलं' (पच ४४)।

**गुविल** वि [दे] चीनी का बना हुआ, मिस्रीवाला (मिष्टान्न) (उर ५, १०)।

**गुव्विणी** स्त्री [गुर्विणी] गर्भवती स्त्री (सुपा २७७)।

**गुह** देखो **गुभ**। गुहइ (हे १, २३६)।

**गुह** पुं [गुह] कार्त्तिकेय, एक शिव-पुत्र (पाअ)।

**गुहा** स्त्री [गुहा] गुफा, कन्दरा (पाअ; ठा २, ३; प्रासू २७१)।

**गुहिर** वि [दे] गम्भीर, गहरा (पाअ; कप्प)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**गूढ** वि [**गूढ**] गुप्त, प्रच्छन्न, छिपा हुआ (पराह १, ४; जी १०)। °**दंत** पुं [°**दन्त**] १ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप-विशेष। २ द्वीप-विशेष का निवासी (ठा ४, २)। ३ एक जैन मुनि। ४ 'अनुत्तरोपपातिक दशा' सूत्र का एक अध्ययन (अनु २)। ५ भरत क्षेत्र का एक भावी चक्रवर्ती राजा (सम १५४)।

**गूह** सक [**गुह्**] छिपाना, गुप्त रखना। वकृ. गूहंत (स ६१०)।

**गूह** न [**गूथ**] गू, विष्ठा (तंदु)।

**गूहण** न [**गूहन**] छिपाना (सम ७१)।

**गूहिय** वि [**गूहित**] छिपाया हुआ (स १८६)।

**गृण्ह** } (अप) देखो गिण्ह। गृण्हइ (कुमा)।
**गृन्ह** } संकृ. **गृण्हेप्पिणु** (हे ४, ३६४)।

**गेअ** वि [**गेय**] १ गाने योग्य, गाने लायक, गीत (ठा ४, ४—पत्र २८७, वज्जा ४४)। २ न. गीत, गान; 'मणहरगेयझुणीए' (सुर ३, ६६; गा ३३४)।

**गेंठुअ** न [**दे**] स्तनों के ऊपर की वस्त्र-ग्रन्थि (दे २, ९३)।

**गेंठुल्ल** न [**दे**] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

**गेंड** न [**दे**] देखो गेंठुअ (दे २, ९३)।

**गेंडुई** स्त्री [**दे**] क्रीड़ा, खेल, गम्मत, विनोद (दे २, ९४)।

**गेंदुअ** पुं [**कन्दुक**] गेंद, गेंदा, खेलने की एक वस्तु (हे १, ५७; १८२; सुर १, १२१)।

**गेज्ज** वि [**दे**] मथित, विलोड़ित (दे २, ८८)।

**गेज्जल** न [**दे**] ग्रीवा का आभरण (दे २, ९४)।

**गेज्झ** वि [**ग्राह्य**] ग्रहण-योग्य (हे १, ७८)।

**गेडण** न [**दे**] १ फेंकना, क्षेपण। २ दे देना; 'तत्तं बगेडणकए ससंभमा आसमाउ लहुं' (उप ६४८ टी)।

**गेडु** न [**दे**] १ पङ्क, कीच, काँदो। २ यव, अन्न-विशेष (दे २, १०४)।

**गेड्डी** स्त्री [**दे**] गेड़ी, गेंद खेलने की लकड़ी (कुमा)।

**गेण्ह** देखो **गिण्ह**। गेरहइ (हे ४, २०९; उव; महा)। भूका. गेण्हीअ (कुमा)। भवि. गेण्हिस्सइ (महा)। वकृ. **गेण्हंत, गेण्हमाण** (सुर ३, ७४; विपा १, १)। संकृ. **गेण्हित्ता, गेण्हिऊण, गेण्हिअ** (भग; पि ५८६; कुमा)। कृ. **गेण्हियव्व** (उत्त १)।

**गेण्हण** न [**ग्रहण**] आदान, उपादान, लेना (उप ३३६; स ३७५)।

**गेण्हणया** स्त्री [**ग्रहणा**] ग्रहण, आदान (उप ५२६)।

**गेण्हाविय** वि [**ग्राहित**] ग्रहण कराया हुआ (स ५२९; महा)।

**गेण्हिअ** न [**दे**] उरः-सूत्र, स्तनाच्छादक-वस्त्र (दे २, ९४)।

**गेद्ध** देखो गिद्ध (ओघ)।

**गेरिअ** } पुंन [**गैरिक**] १ गेरु, लाल रङ्ग
**गेरुअ** } की मिट्टी (स २२३, पि ६०; ११८)। २ मणि-विशेष, रत्न की एक जाति (पराण १—पत्र २६)। ३ वि. गेरु रंग का (कप्पू)। ४ पुं. त्रिदण्डी साधु, सांख्य मत का अनुयायी परिव्राजक (पव ९४)।

**गेलण्ण** } न [**ग्लान्य**] रोग, बीमारी, ग्लानि
**गेलन्न** } (विसे ५४०; उप ४६६; ओघ ७७; २२१)।

**गेविज्ज** } न [**ग्रैवेयक**] १ ग्रीवा का आभू-
**गेवेज्ज** } षण, गले का गहना (औप, णाया
**गेवेज्जय** } १, २)। २ ग्रैवेयक देवों का विमान (ठा ९)। ३ पुं. उत्तम श्रेणी के देवों की एक जाति (कप्प; औप; भग; जी ३३; इक)।

**गेवेय** देखो **गेवेज्ज** (आचा २, १३, १)।

**गेह** पुंन [**गेह**] घर, 'न नईन वणं न उज्जडो 'गेहो' (वज्जा ९८)।

**गेह** न [**गेह**] गृह, घर, मकान (स्वप्न १६; गउड)। °**जामाउय** पुं [°**जामातृक**] घर-जमाई, सर्वदा ससुर के घर में रहनेवाला जामाता (उप पृ ३६९)। °**ागार** वि [°**ाकार**] १ घर के आकारवाला। २ पुं. कल्पवृक्ष की एक जाति (सम १७)। °**ालु** वि [°**वत्**] घरवाला, गृही, संसारी (षड्)। °**ासम** पुं [°**ाश्रम**] गृहस्थाश्रम (पउम ३१, ८३)।

**गेहि** वि [**गृद्ध**] लोलुप, अत्यासक्त (ओघ ८७)।

**गेहि** स्त्री [**गृद्धि**] आसक्ति, गार्ध्य, लालच (स ११३; पराह १, ३)।

**गेहि** वि [**गेहिन्**] नीचे देखो (णाया १; १४))।

**गेहिअ** वि [**गेहिक**] १ घरवाला, गृही। २ पुं. भर्त्ता, धनी, पति (उत्त २)।

**गेहिअ** [**गृद्धिक**] अत्यासक्त, लोलुप, लालची (पराह १, ३)।

**गेहिणी** स्त्री [**गेहिनी**] गृहिणी, स्त्री (सुपा ३४१; कुमा; कप्पू)।

**गो** पुं [**गो**] भूप, राजा; 'तइओ गो भूपपसुरस्सिरणो त्ति' (वव १)। °**माहिसक** न [°**माहिषक**] गौ और भैंस का झुंड या समूह 'निव्वुयं गोमाहिसकं' (स ६८६)।

**गो** पुं [**गो**] १ रश्मि, किरण (गउड)। २ स्वर्ग, देव-भूमि (सुपा १४२)। ३ बैल, बलीवर्द। ४ पशु, जानवर। ५ स्त्री. गैया; 'अपरप्परियतिरियानियमियदिग्गमणओणिलो गोव्व' (विसे १७५८; पउम १०३, ५०; सुपा २७५)। ६ वाणी, वाग् (सुअ १, १३)। ७ भूमि; 'जं महइ विक्कवणगोयराण लोओ पुलिंदाण' (गउड; सुपा १४२)। °**आल** देखो °**वाल** (पुप्फ २१६)। °**इल्ल** वि [°**मत्**] गो-युक्त, जिसके पास अनेक गौ हों वह (दे २, ९८)। °**उल** न [°**कुल**] १ गौओं का समूह (आव ३)। २ गोष्ठ, गो-बाड़ा; 'सामी गोउलगओ' (आवम)। °**उलिय** वि [°**कुलिक**] गो-कुलवाला, गो-कुल का मालिक, गोवाला (महा)। °**किलंजय** न [°**किलञ्जक**] पात्र-विशेष, जिसमें गौ को खाना दिया जाता है (भग ७, ८)। °**कीड** पुं [°**कीट**] पशुओं की मक्खी, बघी (जी १६)। °**क्खीर**, °**खीर** न [°**क्षीर**] गैया का दूध (सम ६०; णाया १, १)। °**ग्गाह** पुं [°**ग्रह**] गाय की चोरी, गौ को छीनना (पराह १, ३)। °**ग्गहण** न [°**ग्रहण**] गो-ग्रहण (णाया १, १८)। °**णिसज्जा** स्त्री [°**निषद्या**] आसन विशेष, गौ की तरह बैठना (ठा १, १)। °**तित्थ** न [°**तीर्थ**] १ गौओं का तालाब आदि में उतरने का रास्ता, क्रम से नीची जमीन (जीव ३)। २ लवण समुद्र वगैरह की एक जगह (ठा १०)। °**त्तास** वि [°**त्रास**] १ गौओं को त्रास देनेवाला। २ पुं. एक कूटग्राह का पुत्र (विपा

१, २)। °दास पुं [°दास] १ एक जैन-मुनि, भद्रबाहु स्वामी का प्रथम शिष्य। २ एक जैनमुनिगण (कप्प; ठा ६)। °दोहिया स्त्री [°दोहिका] १ गौ का दोहन। २ आसन विशेष, गौ दुहने के समय जिस तरह बैठा जाता है उस तरह का उपवेशन (ठा ५, १)। °दुह वि [°दुह] गौ को दोहनेवाला (षड्)। °धूलिआ स्त्री [°धूलिका] लग्न-विशेष, गौओं को चरा कर लौटने का समय, सायंकाल; 'वेलव्व गोधूलिया' (रंभा)। °पय °प्पय न [°पद] १ गौ का खुर डूबे उतना गहरा; 'लद्धम्मि जम्मि जीवाण जायइ गोपयं व भवजलही' (श्राप ६६)। २ गोपद-परिमित भूमि (अणु)। ३ गौ का खुर (ठा ४,४)। °भद्द पुं [°भद्र] श्रेष्ठि-विशेष, शालिभद्र के पिता का नाम (ठा १०)। °भूमि स्त्री [°भूमि] गौओं को चरने की जगह (आवम)। °म वि [°मत्] गौवाला (विसे १४९८)। °मड न [°मृत] गौ का शव (णाया १, ११—पत्र १७३)। °मय न [°मय] गोबर, गौ का मल, गो-विष्ठा (भग ५, २)। °मुत्तिया स्त्री [°मूत्रिका] १ गौ का मूत्र, गोमूत्र (ओघ ६४ भा)। २ गोमूत्र के आकारवाली गृहपंक्ति (पंचव २)। °मुहिअ न [°मुखित] गौ के मुख की आकारवाली ढाल (णाया १, १८)। °रहग पुं [°रथक] तीन वर्ष का बैल (सूअ १, ४, २)। °रोयण स्त्रीन [°रोचन] स्वनाम-ख्यात पीत-वर्ण द्रव्य-विशेष, गोमस्तकस्थित शुष्क-पित्त (सुर १,१३७)। स्त्री. °णा (पंचा ४)। °लेहणिया स्त्री [°लेहनिका] ऊषर भूमि (निचू ३)। °लोम पुं [°लोम] १ गौ का रोम, बाल। २ द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जीव १)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र। २ सूर्य। ३ राजा (सुपा १४२)। ४ महादेव। ५ बैल (हे १,२३१)। °वइय पुं [°व्रतिक] गौओं की चर्या का अनुकरण करनेवाला एक प्रकार का तपस्वी (णाया १, १५)। °वय देखो °पय (राज)। °वाड पुं [°वाट] गौओं का बाड़ा (दे १,१४६)। °व्वइय देखो °वइय (औप)। °साला स्त्री [शाला] गौओं का बाड़ा (निचू ८)। °हण न [°धन] गौओं का समूह (गा ६०६; सुर १, ४६)।

गोअ देखो गोव = गोपय्। कृ. गोअणिज्ज (नाट—मालती १२१)।

गोअंट पुं [दे] १ गौ का चरण। २ स्थल-शृङ्गाट, स्थल में होनेवाला शृङ्गाट या सिंघाड़ा का पेड़ (दे २, ९८)।

गोअग्गा स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २, ९६)।

गोअल्ला स्त्री [दे] दूध बेचनेवाली स्त्री (दे २, ९८)।

गोअर पुं [गोचर] छात्रालय (दस ५, २, २)।

गोअलिणी स्त्री [गोपालिनी] ग्वालिन, 'जो गयणभूमिभंडोयरम्मि जुन्हादहीय महणेण। पुन्निमगोअलिणीए मक्खणपिंडुव्व निम्मविओ।' (धर्मवि ५५)।

गोआ स्त्री [गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी नदी, 'गोआणइकच्छकुडंगवासिणा दरिअसीहेण' (गा १७५)।

गोआ स्त्री [दे] गगरी, कलशी, छोटा घड़ा (दे २, ८९)।

गोआअरी स्त्री [गोदावरी] नदी-विशेष, गोदावरी (गा ३५५)।

गोआलिआ स्त्री [दे] वर्षा ऋतु में उत्पन्न होनेवाला कीट-विशेष (दे २, ९८)।

गोआवरी देखो गोआअरी (हे २, १७४)।

गोउर न [गोपुर] नगर या किले का दरवाजा (सम १३७, सुर १, ५६)।

गोउलिय वि [गोकुलिक] गो-धन पर नियुक्त पुरुष, गोकुल-रक्षक (कुप्र ३१)।

गोंजी, गोंठी } स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ९५)।

गोंड देखो कोंड = कौण्ड (इक)।

गोंड न [दे] कानन, बन, जंगल (दे २, ९४)।

गोंडी स्त्री [दे] मंजरी, बौर (दे २, ९५)।

गोंदल देखो गुंदल (भवि)।

गोंदीण न [दे] मयूर-पित्त, मोर का पित्त (दे २, ९७)।

गोंफ पुं [गुल्फ] पाद-ग्रन्थि, पैर की गाँठ (पण्ह १, ४)।

गोकण्ण, गोकन्न } पुं [गोकर्ण] १ गौ का कान। २ दो खुरवाला चतुष्पद-विशेष (पण्ह १, १)। ३ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप-विशेष। ४ गोकर्ण-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)।

गोकिलिंज देखो गो-कलिंजय (राय १४०)।

गोक्खुरय पुं [गोक्षुरक] एक औषधि का नाम, गोखरू (स २५६)।

गोच्चय पुं [दे] प्राजन-दण्ड, कोड़ा, चाबुक (दे २, ९७)।

गोच्छ देखो गुच्छ (से ६, ४७; गा ५३२)।

गोच्छअ, गोच्छग } पुंन [गोच्छक] पात्र वगैरह साफ करने का वस्त्र-खण्ड (कस; पण्ह २, ५)।

गोच्छड न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (मृच्छ ३४)।

गोच्छा स्त्री [दे] मञ्जरी, बौर (दे २, ९५)।

गोच्छिय देखो गुच्छिय (औप; णाया १, १)।

गोछड देखो गोच्छड (नाट—मृच्छ ४१)।

गोजलोया स्त्री [गोजलौका] क्षुद्र कीट-विशेष, द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष (पण्ण १५)।

गोज्ज पुं [दे] १ शारीरिक दोषवाला बैल (सुपा २८१)। २ गानेवाला, गवैया, गायक; 'वीणावंससणाहं, गीयं नडनट्टछत्तगोज्जेहिं। बंदिजणेण सहरिसं, जयसद्दालायणं च कयं' (पउम ८५, १६)।

गोट्ठ पुं [गोष्ठ] गोबाड़ा, गौओं के रहने का स्थान (महा; पउम १०३, ४०; गा ४४७)।

गोट्ठामाहिल पुं [गोष्ठामाहिल] कर्म-पुद्गलों को जीव प्रदेश से अबद्ध माननेवाला एक जैनाभास आचार्य (ठा ७)।

गोट्टि देखो गोट्ठी (आवम)।

गोट्ठिल्ल, गोट्ठिल्लग, गोट्ठिल्लय } पुं [गौष्ठिक] एक मण्डली के सदस्य, मित्र, समान-वयस्क दोस्त (णाया १, १६—पत्र २०५; विपा १, २—पत्र ३७)।

गोट्ठी स्त्री [गोष्ठी] १ मण्डली, समान वय-वालों की सभा (प्राप्र; दसनि १; णाया १, १६)। २ वार्त्तालाप, परामर्श (कुमा)।

गोड पुं [गौड] १ देश-विशेष (स २८६)। २ वि. गौड़ देश का निवासी (पण्ह १, १)।

गोड पुं [दे] गोड़, पाद, पैर (नाट—मृच्छ [illegible])।

गोडा स्त्री [गोला] नदी-विशेष, गोदावरी (गा ५८; १०३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

गोडी स्त्री [गौडी] गुड़ की बनी हुई मदिरा, गुड़ का दारू (बृह २)।

गोड्ड वि [गौड] १ गुड़ का बना हुआ। २ मधुर, मीठा (भग १८, ६)।

गोड्ड [दे] देखो गोड (मृच्छ १२०)।

गोण पुं [दे] १ साक्षी (दे २, १०४)। २ बैल, वृषभ, बलीवर्द (दे २, १०४; कुमा, हे २, १७४; सुपा ५४७; औप; दस ५, १; आचा २, ३, ३; उप ६०४; विपा १, १)। °इल्ल वि [°वत्] गाय वाला, गौओं का मालिक (सुपा ५४७)। °वइ पुंस्त्री [°पति] गौओं का मालिक, गौ वाला (सुपा ५४७)।

गोण (शौ) पुंन [गो] बैल, 'गोणो, गोणं' (प्राकृ ८८)।

गोण वि [गौण] १ गुण निष्पन्न, गुण-युक्त, यथार्थ (विपा १, २; औप)। २ अप्रधान, अमुख्य (औप)।

गोणंगणा स्त्री [गवाङ्गना] गैया, गाय (सुपा ४६५)।

गोणत्त } पुंन [दे] वैद्य का औजार रखने
गोणत्तय } का थैला (उप ३१७; स ४८४)।

गोणस पुं [गोनस] सर्प की एक जाति, फण-रहित साँप की एक जाति (पराह १, १; उप पृ ४०३)।

गोणा स्त्री [दे] गाय, गैया, गऊ (षड्)।

गोणिक्क पुं [दे] गो-समूह, गौओं का समूह (दे २, ६७; पाअ)।

गोणिअ वि [दे] गौओं का व्यापारी (वव ६)।

गोणी स्त्री [दे] गाय, गैया (ओघ २३ भा)।

गोण्ण देखो गोण = गौण (कप्प; णाया १, १—पत्र ३७)।

गोतिहाणी स्त्री [दे. गोत्रिहायणी] गोवत्सा, गौ की बछड़ी (तंदु ३२)।

गोत्त पुं [गोत्र] १ पर्वत, पहाड़; (श्रा १४)। २ न. नाम, अभिधान, आख्या (से १५, १०)। ३ कर्म-विशेष, जिसके प्रभाव से प्राणी उच्च या नीच जाति का कहलाता है (ठा २, ४)। ४ पुंन. गोत, वंश, कुल, जाति; 'सत्त मूलगोत्ता पराणत्ता' (ठा ७)। °क्खलिय न [°स्खलित] नाम-विपर्यास, एक के बदले दूसरे के नाम का उच्चारण (से ११, १७)। °देवया स्त्री [°देवता] कुल-देवी (श्रा १४)। °फुस्सिया स्त्री [°स्पर्शिका] वल्ली-विशेष (परण १)।

गोत्त पुंन [गोत्र] १ पूर्वज पुरुष के नाम से प्रसिद्ध अपत्य—संतति (णंदि ४६; सुज्ज १०, १६)। २ वि. वाणी का रक्षक (सूअ १, १३, ६)।

गोत्ति वि [गोत्रिन्] समान गोत्रवाला, कुटुम्बी, स्वजन (सुपा १०६)।

गोत्ति देखो गुत्ति (स २४२)।

गोत्तिअ वि [गोत्रिक] समान गोत्रवाला, स्वजन, भाई-बंद (श्रा २७)।

गोत्थुभ देखो गोथुभ (इक)।

गोत्थूभा देखो गोथूभा (इक)।

गोथुभ } पुं [गोस्तूप] १ ग्यारहवें जिन-
गोथूभ } देव का प्रथम-शिष्य (सम १५२; पि २०८)। २ वेलन्धर नागराज का एक आवास-पर्वत (सम ६६)। ३ न. मानुषोत्तर पर्वत का एक शिखर (दीव)। ४ कौस्तुभ-रत्न (सम, १५८)।

गोथूभा स्त्री [गोस्तूपा] १ वापी-विशेष, अंजन पर्वत पर की एक वापी (ठा ३, ३)। २ शक्रेन्द्र की एक अग्रमहिषी की राजधानी (ठा ४, २)।

गोदा स्त्री [दे गोदा] नदी-विशेष, गोदावरी (षड्; गा ६५५)।

गोध पुं [गोध] १ म्लेच्छ देश। २ गोध देश का निवासी मनुष्य (राज)।

गोधा स्त्री [गोधा] गोह, हाथ से चलनेवाली एक साँप की जाति (पराह १, १; णाया १, ८)।

गोन्न देखो गोण्ण (णाया १, १६—पत्र २००)।

गोपुर देखो गोउर (उत्त ६; अभि १८५)।

गोप्पहेलिया स्त्री [गोप्रहेलिका] गौओं को चरने की जगह (आचा २, १०, २)।

गोफणा स्त्री [दे] गोफन, पत्थर फेंकने का अस्त्र-विशेष (राज)।

गोमड्डा स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे २, ६६)।

गोमाअ } पुं [गोमायु] शृगाल, सियार, गीदड़
गोमाउ } (नाट—मृच्छ ३२०; पि १६५; णाया १, ४; स २२६; पाअ)।

गोमाणसिया स्त्री [गोमानसिका] शय्या-कार स्थान-विशेष (जीव ३)।

गोमाणसी स्त्री [गोमानसी] ऊपर देखो (जीव ३)।

गोमि } वि [गोमिन्] जिसके पास अनेक
गोमिअ } गौ हों वह, (अणु; निचू २)।

गोमिअ देखो गोम्मिअ (राज)।

गोमिअ [दे] देखो गोमी (अणु २१२)।

गोमिक (मा) [गौरवित] संमानित (प्राकृ १०१)।

गोमी स्त्री [दे] कनखजूरा, त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (जी १६)।

गोमुह पुं [गोमुख] १ यक्ष-विशेष, भगवान् ऋषभदेव का शासन-यक्ष (संति ७)। २ एक अन्तर्द्वीप, द्वीप विशेष। ३ गोमुख-द्वीप का निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। ४ न. उपलेपन (दे २, ८८)।

गोमुही स्त्री [गोमुखी] वाद्य-विशेष; (अणु; राय)।

गोमुही [गोमुखी] वाद्य-विशेष (राय ४६, अणु १२८)।

गोमेअ } पुं [गोमेद] रत्न की एक जाति,
गोमेज्ज } राहुरत्न (कुमा ७०; उत्त २)।

गोमेह पुं [गोमेध] १ यक्ष-विशेष, भगवान् नेमिनाथ का शासन-देव (सं ८)। २ यज्ञ-विशेष, जिसमें गौ का वध किया जाता है (पउम ११, ४१)।

गोम्मिअ पुं [गौल्मिक] कोतवाल, नगर-रक्षक (पराह १, २)।

गोम्ही देखो गोमी (राज)।

गोय देखो गोत्त (सम ३३; कम्म १)। °वाइ पि [°वादिन्] अपने कुल को उत्तम माननेवाला, वंशाभिमानी (आचा)।

गोय न [दे] उदुम्बर—गूलर वगैरह का फल (आव ६)।

गोय न [गोत्र] मौन, वाक्-संयम (सूअ १, १४, २०)। °वाय पुं [°वाद] गोत्र-सूचक वचन (सूअ १, ६, २७)।

गोयम पुं [गोतम] ऋषि-विशेष (ठा ७)। २ छोटा बैल (औप)। ३ न. गोत्र-विशेष (कप्प; ठा ७)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**गोयम** वि [गौतम] १ गोतम गोत्र में उत्पन्न, गोतम-गोत्रीय; 'जे गोयमा ते सत्तविहा पण्णत्ता' (ठा ७; भग जं १)। २ पुं. भगवान् महावीर का प्रधान-शिष्य (भग १४, ७; उवा)। ३ इस नाम का एक राज-कुमार, राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र, जो भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर शत्रुञ्जय पर्वतपर मुक्त हुआ था (अन्त २)। ४ एक मनुष्य-जाति, जो बैल द्वारा भिक्षा माँग कर अपना निर्वाह चलाती है (णाया १, १४)। ५ एक ब्राह्मण (उप ६१७)। ६ द्वीप विशेष (सम ८०; उप ५९७ टी)। °केसिज्ज न [°केशीय] 'उत्तराध्ययन' सूत्र का एक अध्ययन, जिसमें गौतम स्वामी और केशिमुनि का संवाद है (उत्त २३)। °सगुत्त वि [°सगोत्र] गोतम गोत्रीय (भग; आवम)। °सामि पुं [°स्वामिन्] भगवान् महावीर के सर्व-प्रधान शिष्य का नाम (विपा १, १—पत्र २)।

**गोयमज्जिया, गोयमेज्जिया** स्त्री [गौतमार्यिका] जैनमुनि-गण की एक शाखा (राज; कप्प)।

**गोयर** पुं [गोचर] १ गौओं को चरने की जगह, 'णो गोयरे णो वणगामिणियाणं' (बृह ३)। २ विषय; 'अंबुरुहगोयरं णमह··· सयंभुं' (गउड)। ३ इन्द्रिय का विषय, प्रत्यक्ष; 'इअ राया उज्जाणं तं कासी नयणगोअरं सव्वं' (कुमा)। ४ भिक्षाटन, भिक्षा के लिए भ्रमण (ओघ ६६ भा; दस ५, १)। ५ भिक्षा, माधुकरी (उप २०४)। ६ वि. भूमि में विचरनेवाला; 'विंझवणगोयराण पुलिंदाण' (गउड)। °चरिआ स्त्री [°चर्या] भिक्षा के लिए भ्रमण (उप १३७ टी; पउम ४, ३)। °भूमि स्त्री [°भूमि] १ पशुओं को चरने की जगह (दे ३, ४०)। २ भिक्षा-भ्रमण की जगह (ठा ६)। °वत्ति वि [°वर्त्तिन्] भिक्षा के लिए भ्रमण करनेवाला (गा २०४)।

**गोयरी** स्त्री [गौचरी] भिक्षा, माधुकरी (सुपा २६६)।

**गोर** पुं [गौर] १ शुक्ल-वर्ण, सफेद रंग। २ वि. गौर वर्णवाला, शुक्ल (गउड; कुमा)। ३ अवदात, निर्मल (णाया १, ८)। °खर पुं [°खर] गर्दभ की एक जाति (पण्ण १)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष, हिमाचल (निचू १)। °मिग पुं [°मृग] १ हरिण की एक जाति। २ न. उस हरिण के चमड़े का बना हुआ वस्त्र (आचा २, ५, १)।

**गोरअ** देखो **गोरव** (गा ८६)।

**गोरंग** वि [गौराङ्ग] गोरा शरीरवाला, शुक्ल शरीरवाला (कप्पू)।

**गोरंफिडी** स्त्री [दे] गोधा, गोह, जन्तु-विशेष (दे २, ९८)।

**गोरडित** वि [दे] स्रस्त, ध्वस्त (षड्)।

**गोरव** न [गौरव] १ महत्व, गुरुत्व (प्रासू ३०)। २ आदर, सम्मान, बहुमान (विसे ३४७३; रयण ५३)। ३ गमन, गति (ठा ६)।

**गोरविअ** वि [गौरवित] सम्मानित, जिसका आदर किया गया हो वह (दे ४, ५)।

**गोरव्व** वि [गौरव्य] गौरव-योग्य (धर्मवि ६४; कुप्र ३७७)।

**गोरस** पुंन [गोरस] गोरस, दूध, दही, मट्ठा या छाछ वगैरह (णाया १, ८; ठा ४, १)।

**गोरस** पुं [गोरस] वाणी का आनन्द (सिरि १४०)।

**गोरह** पुं [दे] हल में जोतने योग्य बैल (आचा २, ४२, ३)।

**गोरा** स्त्री [दे] लाङ्गल-पद्धति, हल-रेखा। २ चक्षु, आँख। ३ ग्रीवा, गर्दन या डोक (दे २, १०४)।

**गोरि°** देखो **गोरी** (हे १, ४)।

**गोरिअ** न [गौरिक] विद्याधर का नगर-विशेष (इक)।

**गोरी** स्त्री [गौरी] १ शुक्ल-वर्ण स्त्री (हे ३, २८)। २ पार्वती, शिव-पत्नी (कुमा; सुपा २४०; गा १)। ३ श्रीकृष्ण की एक स्त्री का नाम (अंत १५)। ४ इस नाम की एक विद्या-देवी (संति ६)। °कूड न [°कूट] विद्याधर-नगर-विशेष (इक)।

**गोरी** स्त्री [गौरी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

**गोरूव** न [गोरूप] प्रशस्त गाय (धर्मवि ११२)।

**गोल** पुं [दे] १ साक्षी (दे २, ९५)। २ पुरुष का निन्दा-गर्भ आमन्त्रण (णाया १, ६)। ३ निष्ठुरता, कठोरता (दस ७)।

**गोल** पुं [गोल] १ वृक्ष-विशेष, 'कदम्बगोलणिहकंटअंतणिअंगे' (अच्चु ५८)। २ गोलाकार, वृत्ताकार, मण्डलाकार वस्तु (ठा ४, ४, अनु ५)। ३ गोलक, कुंडा (सुपा २७०)। ४ गेंद, कन्दुक (सूअ १, ४)।

**गोल** पुंस्त्री [दे] गोला, जार से उत्पन्न, कुंड (दस ७, १४)। स्त्री. °ली (दस ७, १६)।

**गोलग, गोलय** पुं [गोलक] ऊपर देखो (सूअ २, २; उप पृ ३९२ काल)।

**गोलव्वायण** न [गौलव्यायन] गोत्र-विशेष (सुज १०, १६)।

**गोला** स्त्री [दे] गौ, गैया (दे २, १०४; पाअ)। २ नदी, कोई भी नदी। ३ सखी, सहेली, संगिनी (दे २, १०४)। गोदावरी नदी (दे २, १०४; गा ५८; १७५; हेका २६७; पि ८५; १६४; पाअ; षड्)।

**गोलिय** पुं [गौडिक] गुड़ बनानेवाला (वव ६)।

**गोलिया** स्त्री [दे] १ गोली, गुटिका (राय; अणु)। गेंद, लड़कों के खेलने की एक चीज; 'तीए दासीए घडो गोलियाए भिन्नो' (दसनि २)। ३ बड़ा कुण्डा, बड़ी, थाली (ठा ८)। °लिंछ, °लिच्छ न [°लिञ्छ, °लिच्छ] १ चुल्ली, चूल्हा। २ अग्नि-विशेष (ठा ८—पत्र ४१७)।

**गोलियायण** न [गोलिकायन] १ गोत्र-विशेष, जो कौशिक गोत्र की एक शाखा है। २ वि. गोलिकायन-गोत्रीय (ठा ७)।

**गोली** स्त्री [दे] मथनी या मथानी, मथनिया, दही मथने की लकड़ी, रही (दे २, ९५)।

**गोल्ल** न [दे] बिम्बी-फल, कुन्दरुन का फल (णाया १, ८; कुमा)।

**गोल्ल** पुं [गौल्य] १ देश-विशेष (आवम)। २ न. गोत्र-विशेष, जो काश्यप गोत्र की शाखा है। ३ वि. गौल्य गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)।

**गोल्हा** स्त्री [दे] बिम्बी, वल्ली-विशेष, कुन्दरुन की लतर (दे २, ९५; आवम; पाअ)।

**गोव** सक [गोपय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। गोवए, गोवेइ (सुपा ३४६; महा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

कवक्र. गोविज्जंत (सुपा ३३७; सुर ११, १६२; प्रासू ६५)।

गोव } पुं [गोप] गौओं का रक्षक, ग्वाला,
गोवअ } गोपाल (उवा ७; दे २, ५८; कप्पू)। °गिरि पुं [°गिरि] पर्वत-विशेष; 'गोवगिरिसिहरसंठियचरमजिणाययणदारमवरुद्धं (मुणि १०८६७)।

गोवद्धण देखो गोवद्धण (पि २६१)।

गोवण न [गोपन] १ रक्षण। २ छिपाना (श्रा २८; उप ५९७ टी)।

गोवद्धण पुं [गोवर्धन] १ पर्वत-विशेष (पि २६१)। २ ग्राम विशेष (पउम २०, ११५)।

गोवय वि [गोपक] छिपानेवाला, ढाँकनेवाला (संबोध ३४)।

गोवर पुंन [दे] गोबर, गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६; उप ५९७ टी)।

गोवर पुं [गोवर] १ मगध देश का एक गाँव, गौतम-स्वामी की जन्मभूमि (आक)। २ वणिग्-विशेष (उप ५९७ टी)।

गोवल न [गोवल] १ गोधन, गोकुल, गौओं का समूह; 'रिंति गोवलाइं' (सुपा ४३३)। २ गोत्र-विशेष (सुज्ज १०)।

गोवलायण देखो गोवल्लायण (सुज्ज १०)।

गोवलिय पुं [गोबलिक] ग्वाला, अहीर (सुपा ४३३)।

गोवल्ल पुंन [गोवल] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६ टी)।

गोवल्लायण वि [गोवलायन] १ गोवल गोत्र में उत्पन्न। २ न. गोत्र विशेष (इक)।

गोवा पुं [गोपा] गौओं का पालन करनेवाला, ग्वाला (प्रामा)।

गोवाय सक [गोपाय्] १ छिपाना। २ रक्षण करना। वक्र. गोवायंत (उप ३५७)।

गोवाल पुं [गोपाल] गौ पालनेवाला, ग्वाला, अहीर (दे २, २८)। °गुज्जरी स्त्री [°गुर्जरी] भैरव रागवाली भाषा-विशेष, गुजरात के अहीरों का गीत (कुमा)।

गोवालय पुं [गोपालक] ऊपर देखो (पउम ५, ९६)।

गोवालि पुं [गोपालिन्] ग्वाला, गोप, अहीर (सुपा ४३२; ४३३)।

गोवालिणी स्त्री [गोपालिनी] गोप-स्त्री, अहीरिन, ग्वालि (सुपा ४३२)।

गोवालिय पुं [गोपालिक] गोप, अहीर, ग्वाला (सुपा ४३३)।

गोवालिया स्त्री [गोपालिका] गोप-स्त्री, गोपी, अहीरिन (णाया १, १६)।

गोवाली स्त्री [गोपाली] वल्ली-विशेष (पण्ण १)।

गोविअ वि [दे] अजल्पाक, नहीं बोलनेवाला (दे २, ९७)।

गोविअ वि [गोपित] १ छिपाया हुआ। २ रक्षित (सुर १, ८८; निर १, ३)।

गोविआ स्त्री [गोपिका] गोपांगना, अहीरिन (कुमा; गा ११४)।

गोविंद पुं [गोपेन्द्र] १ स्वनाम-ख्यात एक योग-विषयक ग्रन्थकार। २ एक जैनमुनि (पंचव; णंदि)।

गोविंद पुं [गोविन्द] १ विष्णु, कृष्ण। २ एक जैन मुनि (ठा १०)। °णिज्जुत्ति स्त्री [°निर्युक्ति] इस नाम का एक जैन दार्शनिक ग्रन्थ (निचू ११)।

गोविल्ल न [दे] कञ्चुक, चोली (दे २, ९४)।

गोवी स्त्री [दे] बाला; कन्या, कुमारी, लड़की (दे २, ९६)।

गोवी स्त्री [गोपी] गोपांगना, अहीरिन (सुपा ४३५)।

गोव्वर [दे] देखो गोवर (उप ५९३; ५९७ टी)।

गोस पुंन [दे] प्रभात, सुबह, प्रातःकाल (दे २, ९६; सण; गउड; वव ६; पंचव २; पाअ; षड्; पव ४)।

गोसंधिय पुं [गोसंधित] गोपाल, अहीर (राज)।

गोसग्ग पुंन [दे गोसर्ग] प्रातःकाल, प्रभात (दे २, ९६; पाअ)।

गोसण्ण वि [दे] मूर्ख, बेवकूफ (दे २, ९७; षड्)।

गोसाल } पुं. ब. [गोशाल] १ देश-विशेष
गोसालग } (पउम ९८, ६५)। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य, जिसने पीछे अपना आजीविक मत चलाया था (भग १५)।

गोसाविआ स्त्री [दे] १ वेश्या, वारांगना (मृच्छ ५५)। २ मूर्ख-जननी (नाट—मृच्छ ७०)।

गोसिय वि [दे] प्राभातिक, प्रातःकाल-संबन्धी (सण)।

गोसीस न [गोशीर्ष] चन्दन-विशेष, सुगन्धित काष्ठ-विशेष (पण्ह २, ४; ५; कप्प; सुर ४, १४; सण)।

गोह पुं [दे] १ गाँव का मुखिया (दे २,८९)। २ भट, सुभट, योद्धा (दे २, ८९; महा)। ३ जार, उपपति (उप पृ २१५)। ४ सिपाही, पुलिस (उप पृ ३३५)। ५ पुरुष, आदमी, मनुष्य (मृच्छ ५७)।

गोह पुं [दे] कोतवाल आदि क्रूर मनुष्य (सुख ३, ९)। २ वि. ग्रामीण, ग्राम्य, गँवार या गँवारू, देहाती (सुख २, १३)।

गोहा देखो गोधा (दे २, ७३; भग ८,३)।

गोहिया स्त्री [गोधिका] १ गोधा, गोह, जल-जन्तु-विशेष (सुर १०, १८६)। २ साँप की एक जाति (जीव २)। ३ वाद्य-विशेष (अणु)।

गोहुर न [दे] गोमय, गो-विष्ठा (दे २, ९६)।

गोहूम पुं [गोधूम] अन्न-विशेष, गेहूँ (कस)।

गोहेर } पुं [गोवेर] जन्तु-विशेष, साँप
गोहेरय } की तरह का जानवर (पउम ४८, ९२; ९१)।

°ग्गह देखो गह = ग्रह (गउड)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (अभि ५६)।

°ग्गहण देखो गहण = ग्रहण (कुमा)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे गआराइसद्दसंकलणो
बारहमो तरंगो समत्तो ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# घ

घ पुं [घ] कण्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप; प्रामा)।

घअंद न [दे] मुकुर, दर्पण (षड्)।

घई (अप) अ पाद-पूरक और अनर्थक अव्यय (हे ४, ४२४; कुमा)।

घओअ } पुं [घृतोद] १ समुद्र-विशेष, घओद } जिसका पानी घी के तुल्य स्वादिष्ट है (इक; ठा ७)। २ मेघ-विशेष (तित्थ) ३ वि. जिसका पानी घी के समान मधुर हो ऐसा जलाशय। स्त्री. °आ, °दा (जीव ३; राय)।

घंघ पुं [दे] गृह, मकान, घर (दे २, १०५)। °साला स्त्री [°शाला] अनाथ-मण्डप, भिक्षुओं का आश्रय-स्थान (ओघ ६३६; वव ७; आचा)।

घंघल (अप) न [झकट] १ झगड़ा, कलह (हे ४, ४२२)। २ मोह, घबराहट (कुमा)।

घंघलिअ वि [दे] घबड़ाया हुआ (संवे ६; धर्मवि १३४)।

घंघोर वि [दे] भ्रमण-शील, भटकनेवाला (दे २, १०६)।

घंचिय पुं [दे] तेली, तेल निकालनेवाला; गुजराती में 'घांची' (सुर १६, १६०)।

घंट पुंस्त्री [घण्ट] घण्टा, कांस्य-निर्मित वाद्य-विशेष (ओघ ८६ भा)। स्त्री. °टा (हे १, १९५; राय)।

घंटिय पुं [घण्टिक] चाण्डाल का कुल-देवता, यक्ष-विशेष (बृह १)।

घंटिय पुं [घाण्टिक] घण्टा बजानेवाला (कप्प)।

घंटिया स्त्री [घण्टिका] १ छोटी घण्टी (प्रामा)। २ किंकिणी, घुंघुरू (सुर १,२४८; जं २)। ३ आभरण-विशेष (णाया १, ६)।

घंस पुं [घर्ष] घर्षण, घिसन (णाया १, १—पत्र ६३)।

घंसण न [घर्षण] घिसन, रगड़ (स ४७)।

घंसिय वि [घर्षित] घिसा हुआ, रगड़ा हुआ (औप)।

घक्कूण देखो घे।

घग्घर न [दे] घँघरा, घघरा, लहँगा, स्त्रियों के पहनने का एक वस्त्र (दे २, १०७)।

घग्घर पुं [घर्घर] १ शब्द-विशेष (गा८००)। २ खोखला गला; 'घग्घरगलम्मि' (दे ६,१७)। ३ खोखला आवाज; 'रुयमाणी घग्घरेण-सद्देण' (सुर २, ११२)। ४ न. श्याद्वल, शैवाल या सेवार वगैरह का समूह (गउड)।

घट्ट सक [घट्ट्] १ स्पर्श करना, छूना। २ हिलना, चलना। ३ संघर्ष करना। ४ आहत करना। घट्टइ (सुपा ११६)। वकृ. घट्टंत (ठा ७)। कवकृ. घट्टिज्जंत (से २, ७)।

घट्ट सक [घट्टय्] हिलाना। संकृ. घट्टियाण (दस ५, १, ३०)।

घट्ट अक [भ्रंश्] भ्रष्ट होना। घट्टइ (षड्)।

घट्ट पुं [दे] १ कुसुम्भ रंग से रँगा हुआ वस्त्र। २ नदी का घाट। ३ वेणु, वंश, बाँस (दे २, १११)।

घट्ट पुं [घट्ट] १ शर्कराप्रभा-नामक नरक-भूमि का एक नरकावास (इक)। २ पुंन. जमाव (श्रा २८)। ३ समूह, जत्था; 'हयघट्टाइं' (सुपा २५६)। ४ वि. गाढ़ा, निबिड; 'मूल घट्टकररुहओ' (सुपा ११)।

घट्टंसुअ न [दे. घट्टांशुक] वस्त्र-विशेष, बूटेदार कौसुम्भ वस्त्र (कुमा)।

घट्टण वि [घट्टन] चालक, हिला देनेवाला (पिंड ६३३)।

घट्टण न [घट्टन] १ छूना, स्पर्श करना। २ चलाना, हिलाना (दस ४)।

घट्टणग पुं [घट्टनक] पात्र वगैरह को चिकना करने के लिए उस पर घिसा जाता एक प्रकार का पत्थर (बृह ३)।

घट्टणया } स्त्री [घट्टना] १ आघात, आह-घट्टणा } नन (औप; ठा ४,४)। २ चलन, हिलन (ओघ ६)। ३ विचार। ४ पृच्छा (बृह ४)। ५ कदर्थना, पीड़ा (आचा)। ६ स्पर्श; छूना (पण्ण १६)।

घट्टय देखो घट्ट (महा)।

घट्टिय वि [घट्टित] १ आहत, संघर्ष-युक्त (जं १)। २ प्रेरित, चालित (पण्ह १, ३)। ३ स्पृष्ट, छुआ हुआ (जं १; राय)।

घट्ठ वि [घृष्ट] १ घिसा हुआ (हे २ १७४; औप; सम १३७)।

घड सक [घट्] १ चेष्टा करना। २ करना, बनाना। अक. परिश्रम करना। ४ संगत होना, मिलना। घडइ (हे १, १९५) वकृ. घडंत, घडमाण (से १, ५; निचू १)। कृ. घडियव्व (णाया १, १—पत्र ६०)।

घड सक [घटय्] १ मिलाना, जोड़ना, संयुक्त करना। २ बनाना, निर्माण करना। ३ संचालन करना। घडेइ (हे ४, ५०)। भवि. घडिस्सामि (स ३६४)। वकृ. घडंत (सुपा २५५)। संकृ. घडिअ (दस ५, १)।

घड पुं [घट] घड़ा, कुम्भ, कलश (हे १, १९५)। °कार पुं [°कार] कुम्भकार, मिट्टी का बरतन बनानेवाला (उप पृ ४१५)। °चेडिया स्त्री [°चेटिका] पानी भरनेवाली दासी, पनहारिन (सुपा ४९०)। °दास पुं [°दास] पानी भरनेवाला नौकर, पनिहारा आचा)। °दासी स्त्री [°दासी] पानी भरने-वाली, पनिहारी (सूअ १, १५)।

घड वि [दे] सृष्टीकृत, बनाया हुआ (षड्)।

घडइअ वि [दे] संकुचित (षड्)।

घडग पुं [घटक] छोटा घड़ा (जं २; अणु)।

घटगार देखो घड-कार (वव १)।

घडचडग पुं [घटचटक] एक हिंसा-प्रधान संप्रदाय (मोह १००)।

घडण स्त्रीन [घटन] १ घटना, प्रसंग (वि १३)। २ अन्वय, संबंध (चेइय ४६७)।

घडण न [घटन] १ घड़ना या गढ़ना, कृति, निर्माण (से ७, ७१)। २ यत्न, चेष्टा, परि-श्रम (अनु ४; पण्ह २, १)।

घडणा स्त्री [घटना] मिलान, मेल, संयोग (सूअ १, १, १)।

घडय देखो घडग (जं २)।

घडा स्त्री [घटा] समूह, जत्था (गउड)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

घडाघडी स्त्री [ दे ] गोष्ठी, सभा, मण्डली (षड्)।

घडाव सक [ घटय् ] १ बनाना। २ बनवाना। ३ संयुक्त करना, मिलाना। घडावइ (हे ४, ३४०)। संकृ. घडावित्ता (आवम)।

घडि वि [घटिन्] घटवाला (अणु १४४)।

घडि° स्त्री [घटी] देखो घडिआ = घटिका (प्रासू ५५)। °मंतय, °मत्तय न [°मात्रक] छोटे घड़े के आकार का पात्र-विशेष (राज; कस)। °जंत न [°यन्त्र] रेंट, रेंहट, पानी निकालने का कल (पाअ)।

घडिअ वि [घटित] १ कृत, निर्मित (पाअ)। २ संसक्त संबद्ध, श्लिष्ट, मिला हुआ (पाअ; स १६४; औप; महा)।

घडिअघडा स्त्री [ दे ] गोष्ठी, मण्डली (दे २, १०५)।

घडिआ स्त्री [ घटिका ] १ छोटा घड़ा, कलशी (गा ४६०; श्रा २७)। २ घड़ी, मुहूर्त (सुपा १०८)। ३ समय बतानेवाला यन्त्र, घटी-यन्त्र, घड़ी (पाअ)। °लय न [°लय] घण्टागृह, घण्टा बजाने का स्थान (सुर ७, १७)।

घडिआ } स्त्री [ दे ] गोष्ठी, मण्डली (षड्; घड्डी } दे २, १०५)।

घडिगा देखो घडिआ (सूअ १, ४, २, १४)।

घडी स्त्री [घटी] देखो घडिआ (स २३८; प्रारू)।

घडुक्कय पुं [घटोत्कच] भीम का पुत्र (हे ४, २९९)।

घडुब्भव वि [घटोद्भव] १ घट से उत्पन्न। २ पुं. ऋषि-विशेष, अगस्त्य मुनि (प्रारू)।

घड्ढ न [ दे ] थूहा, टीला, स्तूप (पाअ)।

घण पुं [घन] १ मेघ, बादल (सुर १३, ४५; प्रासू ७२)। २ हथौड़ा (दे ६, ११)। ३ गणित-विशेष, तीन अंकों का पूरण करना, जैसे दो का घन आठ होता है (ठा १०—पत्र ४९६; विसे ३५४०)। ४ वाद्य का शब्द-विशेष, कांस्यताल वगैरह (ठा २, ३)। ५ वि. दृढ़, ठोस (औप)। ६ अविरल, निबिड़, निश्छिद्र, सान्द्र (कुमा; औप)। ७ गाढ़, प्रगाढ़; 'जाया पीई घणा तेसिं' (उप ५९७ टी)। ८ अतिशय, अधिक, अत्यन्त (राय)। ९ कठिन, तरलता-रहित, स्त्यान (जी ७; ठा ३, ४)। १० न. देवविमान-विशेष (सम ३७)। ११ पिण्ड (सूअ १, १, १)। १२ वाद्य-विशेष (सुज्ज १२)। °उदहि देखो घणोदहि (भग)। °णिचिय वि [°निचित] अत्यन्त निबिड़ (भग ७, ८; औप)। °तव न [ तपस् ] तपश्चर्या-विशेष (उत्त ३)। °दंत पुं [°दन्त] १ इस नाम का एक अन्तर्द्वीप। २ उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २)। °माल न [°माल] वैताढ्य पर्वत पर स्थित विद्याधर-नगर-विशेष (इक)। °मुइंग पुं [°मृदङ्ग] मेघ की तरह गम्भीर आवाजवाला वाद्य-विशेष (औप)। °रह पुं [°रथ] एक जैन मुनि (पउम २०; १९)। °वाउ पुं [°वायु] स्त्यान वायु, जो नरक-पृथ्वी के नीचे है (उत्त ३६)। °वाय पुं [°वात] देखो °वाउ (भग; जी ७)। °वाहण पुं [°वाहन] विद्याधरों के राजा का नाम (पउम ५, ७७)। °विज्जुआ स्त्री [°विद्युता] देवी-विशेष, एक दिक्कुमारी देवी का नाम (इक)। °समय पुं [°समय] वर्षा-काल, वर्षा ऋतु (कुमा पाअ)।

घणंगुल पुंन [घनाङ्गुल] परिमाण-विशेष, सूची से गुना हुआ प्रतरांगुल (अणु १५८)।

घणसंमद्द पुं [घनसंमर्द] ज्योतिष-प्रसिद्ध योग विशेष, जिसमें चन्द्र या सूर्य ग्रह अथवा नक्षत्र के बीच में होकर जाता है वह योग (सुज्ज १२—पत्र २३३)।

घणघणाइय न [घनघनायित] रथ की धनधनाहट या गड़गड़ाहट, अव्यक्त शब्द-विशेष (पण्ह १, ३)।

घणवाहि पुं [ दे ] इन्द्र, स्वर्गपति (दे २, १०७)।

घणसार पुं [घनसार] कपूर (पाअ; भवि)। °मंजरी स्त्री [°मञ्जरी] एक स्त्री का नाम (कप्पू)।

घणा स्त्री [घना] धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी, इन्द्राणी-विशेष (णाया २, १—पत्र २५१)।

घणा स्त्री [घृणा] घृणा, जुगुप्सा, गर्हा (प्राप्र)।

घणिय न [घनित] गर्जना, गर्जन (सुज्ज २०)।

घणोदहि पुं [घनोदधि] पत्थर की तरह कठिन जल-समूह (सम ३७)। °वलय न [°वलय] वलयाकार कठिन जल-समूह (पण्ण २)।

घण्ण पुं [ दे ] १ उर, वक्षस्, छाती। २ वि. रक्त, रंगा हुआ (दे २, १०५)। ३ घात्य, मार डालने योग्य (सूत्र कृ० २—७, पत्र ४१०)।

घत्त सक [ क्षिप् ] १ फेंकना, डालना। २ प्रेरणा। घत्तइ (हे ४, १४३)। संकृ. 'अंकाओ घत्तिऊण वरवीणं' (पउम ७८, २०; स ३५१)।

घत्त सक [ ग्रह् ] ग्रहण करना। भवि. घत्तिस्सं (प्रयौ ३३)।

घत्त सक [ गवेषय् ] खोजना, ढूँढना, अनु-संधान करना। घत्तइ (हे ४, १८९)। संकृ. घत्तिअ (कुमा)।

घत्त सक [यत् ] यत्न करना, उद्योग करना। घत्तह (तंदु ५६)।

घत्त वि [घात्य] १ मार डालने योग्य। २ जो मारा जा सके (पि २८१, सूअ २, ७, ९; ८)।

घत्तण न [क्षेपण] फेंकना (कुमा)।

घत्ता स्त्री [घत्ता] छन्द विशेष (पिंग)।

घत्ताणंद न [घत्तानन्द] छन्द-विशेष (पिंग)।

घत्ति अ [ दे ] शीघ्र, जल्दी (प्राकृ ८१)।

घत्तिय वि [क्षिप्त] प्रेरित (स २०७)।

घत्तु वि [घातुक] मारनेवाला, घातक, जल्लाद (उत्त १८, ७)।

घत्थ वि [ग्रस्त] गृहीत, पकड़ा हुआ (पिंड ११९)।

घत्थ वि [ग्रस्त] १ भक्षित, निगला हुआ, कवलित (पउम ७१, ५१; पण्ह १, ५)। २ आक्रान्त, अभिभूत (सुपा ३५२; महा)।

घम्म पुं [घर्म] घाम, गरमी, संताप, धूप (दे १, ८७; गा ४१४)। २ पसीना, स्वेद (हे ४, ३२७)।

घम्मा स्त्री [घर्मा] पहली नरक-पृथिवी (ठा ७)।

घम्मोई स्त्री [दे] तृण-विशेष (दे २, १०६)।

घम्मोडी स्त्री [ दे ] १ मध्याह्न काल। २ मशक, मच्छर, क्षुद्र जन्तु-विशेष। ३ ग्रामणी नामक-तृण (दे २, ११२)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

घय न [घृत] घी, घृत (हे १, १२६; सुर १६, ६३)। °आसव पुं [°आश्रव] जिसका वचन घी की तरह मधुर लगे ऐसा लब्धिमान् पुरुष (आवम)। °किट्ट न [°किट्ट] घी का मैल (धर्म २)। °किट्टिया स्त्री [°किट्टिका] घी का मैल (पव ४)। °गोल न [°गोल] घी और गुड़ की बनी हुई एक प्रकार की मिठाई, मिष्टान्न-विशेष (सुपा ६३३)। °घट्ट पुं [°घट्ट] घी का मैल (बृह १)। °पुन्न पुं [°पूर्ण] घेवर, मिष्टान्न विशेष (उप १४२ टी)। °पूर पुं [°पूर] घेवर या घीवर, मिष्टान्न-विशेष (सुपा ११)। °पूममित्त पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि, आर्यरक्षित सूरि का एक शिष्य (आचू १)। °मंड पुं [°मण्ड] ऊपर का घी, घृतसार (जीव ३)। °मिल्लिया स्त्री [°इलिका] घी का कीट, क्षुद्र जन्तु-विशेष (जो १६)। °मेह पुं [°मेघ] घी के तुल्य पानी बरसनेवाली वर्षा (जं ३)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (इक)। °सागर पुं [°सागर] समुद्र-विशेष (दीव)।

घयण पुं [दे] भाण्ड, भाँड़ा, भडवा (उप पृ २०४; २७५; पंचव ४)।

घयपूस पुं [घृतपुष्य] एक जैन महर्षि (कुलक २२)।

घर पुंन [गृह] घर, मकान, गृह (हे २, १४४; ठा ५, प्रासू ७५)। °कुडी स्त्री [°कुटी] १ घर के बाहर की कोठरी। २ चौक के भीतर की कुटिया (ओघ १०५)। ३ स्त्री का शरीर (तंदु)। °कोइला, °कोइलिआ स्त्री [°कोकिला] गृहगोधा, छिपकली (पिंड; सुपा ६४०)। °गोली स्त्री [°गोली] गृहगोधा, छिपकली (दे २, १०५)। °गोहिआ स्त्री [°गोधिका] छिपकली, जन्तु-विशेष (दे २, १६)। °जामाउय पुं [°जामातृक] घर-जमाई, ससुर घर में ही हमेशा रहनेवाला जामाता (णाया १, १६)। °त्थ पुं [°स्थ] गृही, संसारी, घरबारी (प्रासू १३१)। °नाम न [°नामन्] असली नाम, वास्तविक नाम (महा)। °वाडय न [°पाटक] ढकी हुई जमीन वाला घर (पाअ)। °वार न [°द्वार] घर का दरवाजा (काप्र १६५)। °सउणि पुं [°शकुनि] पालतू जानवर (वव २)। °समुदाणिय पुं [समुदानिक] आजीविक मत का अनुयायी साधु (औप)। °सामि [°स्वामिन्] घर का मालिक (हे २, १४४)। °सामिणी स्त्री [°स्वामिनी] गृहिणी, स्त्री (पि ६२)। °सूर [°शूर] अलीक शूर, झूठा शूर, घर में ही बहादुरी दिखानेवाला (दे)।

घरंगण न [गृहाङ्गण] घर का आँगन, चौक (गा ४४०)।

घरकुडी स्त्री [गृहकुटी] स्त्री-शरीर (तंदु ४०)।

घरग देखो घर (जीव ३)।

घरघंट पुं [दे] चटक, गौरैया पक्षी (दे २, १०७; पाअ)।

घरघरग पुं [दे] गला का आभूषण-विशेष (जं १)।

घरट्ट पुं [घरट्ट] जाँता, चक्की, अन्न पीसने का पाषाण यन्त्र (गा ८००; सण)।

घरट्ट पुं [दे] अरघट्ट, अरहट, पानी का चरखा (निचू १)।

घरट्टी स्त्री [घरट्टी] शतघ्नी, तोप (दे ३, १०)।

घरणी देखो घरिणी; 'तं वरघरणि वरणि व' (७२८ टी; प्रासू ४५)।

घरयंद पुं [दे] आदर्श, दर्पण, शीशा (दे २, १०७)।

घरस पुं [दे. गृहवास] गृहाश्रम, गृहस्थाश्रम (बृह ३)।

घरसण देखो घंसण (सण)।

घरिंत वि [गृहवत्] घरवाला, गृहस्थ (प्राकृ ३५)।

घरिणी स्त्री [गृहिणी] घरवाली, स्त्री, भार्या, पत्नी (उप ७२८ टी; से २, ३८; सुर २ १००; कुमा)।

घरिल्ल पुं [गृहिन्] गृही, संसारी, घरबारी (गा ७३६)।

घरिल्ला स्त्री [गृहिणी] घरवाली, स्त्री, पत्नी (कुमा)।

घरिल्ली स्त्री [दे. गृहिणी] गृहिणी, पत्नी (दे २, १०६)।

घरिस पुं [घर्ष] घर्षण, रगड़ (णाया १, १६)।

घरिसण न [घर्षण] घर्षण, रगड़ (सण)।

घरोइला स्त्री [दे] गृहगोधा, छिपकली; बिस्तुइया (पि १६८)।

घरोल न [दे] गृह-भोजन-विशेष (दे २, १०६)।

घरोलिया } स्त्री [दे] गृहगोधिका, छिपकली;
घरोली } गुजराती में 'घरोली' (पण्ह १, १; दे २, १०५)।

घलघल पुं [घलघल] 'घल-घल' आवाज, ध्वनि-विशेष (विपा १, ६)।

घल्ल सक [क्षिप्] फेंकना, डालना, घालना। घल्लइ, घल्लंति (भवि; हे ४, ३३४; ४२२)।

**पुक्खर** देखो पोक्खर = पुष्कर (कप्प; महा; पि १२५)। °**कण्णिआ** स्त्री [°कर्णिका]

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पद्म का बीज-कोश, कमल का मध्य भाग (औप)। °क्ख पुं [°क्ष] १ विष्णु, श्रीकृष्ण। २ कश्मीर के एक राजा का नाम (मुद्रा २४२)। °गय न [°गत] वाद्य-विशेष का ज्ञान, कला-विशेष (औप)। °द्ध न [°ार्ध] पुष्करवर नामक द्वीप का आधा हिस्सा (सुज्ज १६)। °वर पुं [°वर] द्वीप-विशेष (ठा २, ३; पडि)। °संवट्टग देखो पुक्खल-संवट्टय (राज)। °ावत्त देखो पुक्खलावट्टय (राज)।

पुक्खरिणी देखो पोक्खरिणी (सूम २, १, २, ३; औप; पाम)।

पुक्खरोअ } पुं [पुष्करोद] समुद्र-विशेष
पुक्खरोद } (इक; ठा ३,१;७; सुज १६)।

पुक्खल पुं [पुष्कर] एक विजय, प्रान्त-विशेष, जिसकी मुख्य नगरी का नाम औषधि है (इक)। २ पद्म, कमल; 'भिसभिसमुणाल-पुक्खलत्ताए' (सूम २, ३, १८)। ३ पद्म-केसर (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °विभंग न [°विभङ्ग] पद्म-कन्द (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)। °संवट्ट, °संवट्टय पुं [°संवर्त, °क] मेघ-विशेष, जिसके बरसने से दस हजार वर्ष तक पृथिवी वासित रहती है (उर २, ६; ठा ४, ४—पत्र २७०)। देखो पुक्खर।

पुक्खल पुं [पुष्कल] १ एक विजय, प्रदेश-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। २ अनार्य देश-विशेष। ३ पुंस्त्री. उस देश में उत्पन्न, उसमें रहनेवाला; 'सिंघलीहिं पुलिंदिहिं पुक्खलीहिं (?)' (भग ६, ३३—पत्र ४५७), [ 'सिंहलीहिं पुलिंदीहिं पक्कणीहिं (?)' (भग ६, ३३ टी—पत्र ४६०) ]। ४ वि. अत्यन्त, प्रभूत (कुप्र ४१०)। ५ संपूर्ण, परिपूर्ण (सूम २, १, १)।

पुक्खलच्छिभग } पुंन [दे] जलरुह-विशेष,
पुच्छलच्छिभय } जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (सूम २, ३, १८; १९)। देखो पोक्खलच्छिलय।

पुक्खलावई स्त्री [पुष्करावती, पुष्कलावती] महाविदेह वर्ष का विजय—प्रान्त-विशेष (ठा २, ३; इक; महा)। °कूड पुंन [°कूट] एक-शैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुक्खलावट्टय पुं [पुष्करावर्तक, पुष्कलावर्तक] मेघ-विशेष; 'पुक्खल (?ला) वट्टए णं महामेहे एगेणं वासेणं दस वाससहस्साइं भावेति' (ठा ४, ४)।

पुक्खलावत्त पुं [पुष्करावर्त, पुष्कलावर्त] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (जं ४)। °कूड पुं [°कूट] एकशैल पर्वत का एक शिखर (इक)।

पुगारिया स्त्री [दे] वस्त्रादि खादक जंतु-विशेष (सूत्र० चू० गा० २८२)।

पुग्ग पुंन [दे] वाद्य-विशेष, 'सो पुरम्मि पुग्गाइं वाएइ' (कुप्र ४०३)।

पुग्गल पुं [पुद्गल] १ वृक्ष-विशेष। २ न. फल-विशेष। ३ मांस (दस ५, १, ७३)।

पुग्गल देखो पोग्गल (सिक्खा १५; नव ४२; पि १२५)। °परट्ट, °परावत्त पुं [°परावर्त] देखो पोग्गल-परिअट्ट (कम्म ५, ८६; वै. ५०; सिक्खा ८)।

पुच्छड देखो पोच्छड; 'सेयमलपुव्व (? च) डम्मी' (तंदु ४०)।

पुच्छ सक [ प्रच्छ् ] पूछना, प्रश्न करना। पुच्छइ (हे ४, ६७)। भूका. पुच्छिंसु, पुच्छीअ, पुच्छे (पि ५१६; कुमा; भग)। कर्म. पुच्छिज्जइ (भवि)। वकृ. पुच्छंत (गा ४७; ३५७; कुमा)। कवकृ. पुच्छिज्जंत (गा ३४७; सुर ३, १५१)। संकृ. पुच्छित्ता (भग)। हेकृ. पुच्छिउं, पुच्छित्तए (पि ५७३; भग)। कृ. पुच्छणिज्ज, पुच्छणीअ, पुच्छियव्व, पुच्छेयव्व (श्रा १४; पि ५७१; उप ८६४; कप्प)।

पुच्छ देखो पुंछ = प्र + उञ्छ्। पुच्छइ (षड्)।

पुच्छ देखो पुंछ = पुच्छ (कप्प)।

पुच्छअ } वि [ प्रच्छक ] पूछनेवाला,
पुच्छग } प्रश्न-कर्ता (ओघभा २८; सुर १०, ६५)। स्त्री. °च्छिआ (अभि १२५)।

पुच्छण न [प्रच्छन, प्रश्न] पृच्छा (सूअनि ११३; धर्मवि ८; श्रावक ६३ टी)।

पुच्छणया } स्त्री [प्रच्छना] ऊपर देखो
पुच्छणा } (उप ४६६, औप)।

पुच्छणी स्त्री [प्रच्छनी] प्रश्न की भाषा (ठा ४, १—पत्र १८२)।

पुच्छल (अप) देखो पुट्ठ = पृष्ट (पिंग)।

पुच्छा स्त्री [पृच्छा] प्रश्न (उवा; सुर ३, ३५)।

पुच्छिअ वि [पृष्ट] पूछा हुआ (औप; कुमा; भग; कप्प; सुर २, १६८)।

पुच्छिर वि [प्रष्टृ] प्रश्न-कर्ता (गा ५६८)।

पुछल देखो पुच्छल (पिंग)।

पुज्ज सक [ पूजय् ] पूजना, आदर करना। पुज्जइ (कुप्र ४२३; भवि)। कर्म. पुज्जिज्जइ (भवि)। वकृ. पुज्जंत (कुप्र १२१)। कवकृ. पुज्जिज्जंत (भवि)। संकृ. पुज्जिउं, पुज्जिऊण (कुप्र १०२, भवि)। कृ. पुज्जिअव्व (ती ७)। प्रयो. पुज्जावइ (भवि)।

पुज्ज देखो पूज = पूजय्।

पुज्जंत देखो पुज्ज=पूजय्।

पुज्जंत देखो पूर = पूरय्।

पुज्जण न [पूजन] पूजा, अर्चा (कुप्र १२१)।

पुज्जमाण देखो पूर = पूरय्।

पुज्जा स्त्री [पूजा] पूजा, अर्चा (उप पृ २४२)।

पुज्जिय वि [पूजित] सेवित, अर्चित (भवि)।

पुट्ट सक [ प्र + उञ्छ् ] पोंछना। पुट्टइ (प्राकृ ६७)।

पुट्ट न [दे] पेट, उदर (श्रा २८; मोह ४१; पव १३५; सम्मत्त २२६; सिरि २४२; सण)।

पुट्टल } पुंन [दे] गट्ठर, गाँठ; गुजराती
पुट्टलय } में 'पोटलु'; 'संबलपुट्टलयं च गहियं' (सम्मत्त ६१)।

पुट्टलिया स्त्री [दे] छोटी गठरी, पोटली, मोटरी (सुपा ४३; ३४४)।

पुट्टिल पुं [पोट्टिल] १ भगवान् महावीर का एक शिष्य, जो भविष्य में तीर्थंकर होनेवाला है (विचार ४७८)। २ एक अनुत्तर-देवलोक-गामी जैन महर्षि (अनु २)।

पुट्ठ वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ (भग; औप; हे १, १३१)। २ न. स्पर्श (ठा २, १, नव १८)।

पुट्ठ वि [पृष्ट] १ पूछा हुआ (औप; सण; हे २, ३४)। २ न. प्रश्न (ठा २, १)। °लाभिय वि [°लाभिक] अभिग्रह-विशेष-वाला (मुनि) (औप; पण्ह २, १)। °सेणियापरिकम्म पुंन [°श्रेणिकापरिकर्मन्] दृष्टिवाद का एक प्रतिपाद्य विषय (सम १२८)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**पुट्ठ** वि [पुष्ट] उपचित (णाया १, ३; स ४१६)।

**पुट्ठ** देखो पिट्ठ = पृष्ठ (प्राप्र; संक्षि १६)।

**पुट्ठव** वि [स्पृष्टवत्] जिसने स्पर्श किया हो वह (आचा १, ७, ८, ८)।

**पुट्ठवई** देखो पोट्ठवई (सुज्ज १०, ६)।

**पुट्ठवया** स्त्री [प्रोष्ठपदा] नक्षत्र-विशेष (सुज्ज १०, ५)।

**पुट्ठि** स्त्री [पुष्टि] पोषण, उपचय (विसे २२१; चेइय ८)। २ अहिंसा, दया (पण्ह २, १—पत्र ९९)। °म वि [°मत्] १ पुष्टिवाला। २ पुं. भगवान् महावीर का एक शिष्य (अनु)।

**पुट्ठि** देखो पिट्ठि = पृष्ठ; 'पाअपडिअस्स पइणो पुट्ठि पुत्ते समारुहंतम्मि' (गा ११; ३३, ८७; प्राप्र; संक्षि १६)।

**पुट्ठि** स्त्री [पृष्टि] पृच्छा, प्रश्न। °य वि [°ज] प्रश्न-जनित (ठा २, १—पत्र ४०)।

**पुट्ठि** स्त्री [स्पृष्टि] स्पर्श। °य वि [°ज] स्पर्श-जनित (ठा २, १)।

**पुट्ठिया** स्त्री [पृष्टिका] प्रश्न से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

**पुट्ठिया** स्त्री [स्पृष्टिका] स्पर्श से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (ठा २, १)।

**पुट्ठिल** देखो पोट्टिल (अनु २)।

**पुट्ठीया** स्त्री [स्पृष्टीया] देखो पुट्ठिया = स्पृष्टिका (नव १८)।

**पुट्ठीया** स्त्री [पृष्टीया] पृच्छा से होनेवाली क्रिया—कर्मबन्ध (नव १८)।

**पुड** पुं [पुट] १ परिमाण-विशेष। २ पुट-परिमित वस्तु (राय ३४)।

**पुड** पुंन [पुट] १ मिथः संबन्ध, परस्पर जोड़ान, मिलाव, मिलान; 'अंजलिपुड—', 'ताहे करयलपुडेण नीओ सो' (औप; महा)। २ खाल, ढोल आदि का चमड़ा; 'हुरुब्भपुड-संठाणसंठिया' (उवा ९४ टी; गउड ११६७; कुमा)। ३ संबद्ध दलद्वय, मिला हुआ दो दल; 'सिप्पपुडसंठिया' (उवा; गउड ५७६)। ४ ओषधि पकाने का पात्र-विशेष (णाया १, १३)। ५ पत्रादि-रचित पात्र, दोना (रंभा)। ६ आच्छादन, ढक्कन (उवा; गउड)। ७ कमल, पद्म; 'पुडइणी' (विक्र २३)। °भेयण न [°भेदन] नगर, शहर (कस)। °वाय पुं [°पाक] १ पुट-पात्रों से ओषधि का पाक-विशेष। २ पाक-निष्पन्न औषध-विशेष; 'पुढ (? ड) वाएहिं' (णाया १, १३—पत्र १८१)।

**पुड** (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (पि २९२; प्राप्र)।

**पुडइअ** वि [दे] पिण्डीकृत, एकत्रित (दे ६, ५४)।

**पुडइणी** स्त्री [दे. पुटकिनी] नलिनी, कमलिनी (दे ६, ५५; विक्र २३)।

**पुडग** पुंन [पुटक] देखो पुट = पुट (उवा)।

**पुडपुडी** स्त्री [दे] मुँह से सीटी बजाना, एक प्रकार की अव्यक्त आवाज (पव ३८)।

**पुडम** देखो पुढम (प्रति ७१; पि १०४)।

**पुडय** देखो पुडग (उवा; सुपा ६५६)।

**पुडिंग** न [दे] मुँह, वदन। २ बिन्दु (दे ६, ८०)।

**पुडिया** स्त्री [पुटिका] पुड़ी, पुड़िया (दे ५, १२)।

**पुडु** (शौ) देखो पुत्त = पुत्र (प्राप्र)।

**पुढं** देखो पिहं (षड्)।

**पुढम** वि [प्रथम] पहला (हे १, ५५; कुमा; स्वप्न २३१)।

**पुढवि°** देखो पुढवी (आचानि १, १, २; भग १९, ३; पि ९७)। °काइय, °क्काइय वि [°कायिक] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (पण्ण १; भग १९, ३; ठा १; आचानि १, १, २)। °काय देखो पुढवी-काय (आचानि १, १, २)।

**पुढवी** स्त्री [पृथिवी] १ पृथिवी, धरती, भूमि (हे १, ८८; १३१; ठा ३, ४)। २ काठिन्यादि गुणवाला पदार्थ, द्रव्य-विशेष—मृत्तिका पाषाण, धातु आदि (पण्ण १)। ३ पृथिवीकाय का जीव (जी २)। ४ ईशानेन्द्र के एक लोकपाल की अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ५ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (राज)। °काइय देखो पुढवि-काइय (राज)। °काय वि [°काय] पृथिवी शरीरवाला (जीव), (आचानि १, १, २)। °वइ पुं [°पति] राजा (ठा ७)। °सत्थ न [°शस्त्र] १ पृथिवी रूप शस्त्र। २ पृथिवी का शस्त्र, हल, कुद्दाल आदि (आचा)। देखो पुहई, पुहवी।

**पुढीभूय** वि [पृथग्भूत] जो अलग हुआ हो (सुपा २३६)।

**पुढुम** वि [प्रथम] पहला, आद्य (हे १, ५५; कुमा)।

**पुढो** अ [पृथग्] अलग, भिन्न (सुपा ३६२; रयण ३०; श्रावक ४०; आचा)। °छंद वि [°छन्द] विभिन्न अभिप्रायवाला (आचा; पि ७८)। °जण पुं [°जन] प्राकृत मनुष्य, साधारण लोक (सूअ १, ३, १, ६)। °जिय पुं [°जीव] विभिन्न प्राणी (सूअ १; १, २, ३)। °विमाय, °वेमाय वि [°विमात्र] अनेक प्रकार का, बहुविध (राज; ठा ४, ४—पत्र २८०)।

**पुढोजग** वि [दे. पृथग्जक] पृथग्भूत, भिन्न व्यवस्थित; 'जमिणं जगती पुढोजगा' (सूअ १, २, १, ४)।

**पुढोवम** वि [पृथिव्युपम] पृथिवी की तरह सब सहन करनेवाला (सूअ १, ६, २९)।

**पुढोसिय** वि [पृथिवीश्रित] पृथिवी के आश्रय में रहा हुआ (सूअ १, १२,१३; आचा)।

**पुण** सक [पू] १ पवित्र करना। २ धान्य आदि को तुषरहित करना, साफ करना। पुणइ (हे ४, २४१)। पुणंति (णाया १, ७)। कर्म. पुणिज्जइ, पुव्वइ (हे ४, २४२)।

**पुण** अ [पुनर्] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ भेद, विशेष (विसे ८११)। २ अवधारण, निश्चय। ३ अधिकार, प्रस्ताव। ४ द्वितीय बार, बारान्तर। ५ पक्षान्तर। ६ समुच्चय (पण्ह २, ३, गउड; कुमा; औप; जी ३७; प्रासू ६, ५२; १६८; स्वप्न ७२; पिंग)। ७ पादपूर्ति में भी इसका प्रयोग होता है (निचू १)। °करण न [°करण] फिर से बनाना। २ वि. जिसकी फिर से बनावट की जाय वह; 'भिन्नं संखं न होइ पुणकरणं' (उव)। °णव वि [°नव] फिर से नया बना हुआ, ताजा (उप ७६८ टी; कप्पू)। °पुण अ [°पुनर्] फिर-फिर, बारंबार। °पुणकरण न [°पुनःकरण] फिर फिर बनाना, बारंबार निर्माण (दे १,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

३२)। °ब्भव पुं [°भव] फिर से उत्पत्ति, फिर से जन्म-ग्रहण (चेइय ३५७; औप)। °ब्भू स्त्री [°भू] फिर से विवाहित स्त्री, जिसका पुनर्लग्न हुआ हो वह महिला; 'अत्थि पुणब्भूकप्पो त्ति विवाहिया पच्छन्नं' (कुप्र २०८; २०९)। °रवि, °रावि अ [°अपि] फिर भी (उवा; उत्त १०, १९; १९)। °रावित्ति स्त्री [°आवृत्ति] पुनः आवर्त्तन (पडि)। °रुत्त वि [°उक्त] फिर से कहा हुआ। २ न. पुनरुक्ति (चेइय ५३८)। °वि अ [°अपि] फिर भी (संक्षि १९; प्राकृ ८७)। °व्वसु पुं [°वसु] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०; ६६)। २ आठवें वासुदेव के पूर्व जन्म का नाम (सम १५३; पउम २०, १७२)।

**पुण** (अप) देखो **पुण्ण** = पुण्य। °मंत वि [°मत्] पुण्यशाली (पिंग)।

**पुणअ** सक [दृश्] देखना। पुणअइ (धात्वा १४५)।

**पुणइ** पुं [दे] श्वपच, चाण्डाल (दे ६, ३८)।

**पुणण** वि [पवन] पवित्र करनेवाला। स्त्री. °णी (कुमा)।

**पुणरुत्त** } अ. कृत-करण, बारंबार, फिर-फिर;
**पुणरुत्तं** } 'अइ सुप्पइ पंसुलि णीसहेहिं अंगेहिं पुणरुत्तं' (हे १, १७९; कुमा), 'ण वि तह छेअरआइँवि हरंति पुणरुत्तराअरसिआइं' (गा २७४)।

**पुणा**
**पुणाइ**
**पुणाइं** अ. देखो पुण = पुनर् (पि ३४३; हे १, ६५; कुमा; पउम ६, ६७; उवा)।

**पुणु** (अप) देखो **पुण** = पुनर् (कुमा; पि ३४२)।

**पुणो** देखो **पुण** = पुनर् (औप; कुमा; प्राकृ ८७)।

**पुणोत्त** देखो **पुण-रुत्त, पुणरुत्त** (प्राकृ ३०)।

**पुणोल्ल** सक [प्र + नोदय्] १ प्रेरणा करना। २ अत्यन्त दूर करना। पुणोल्लयामो (उत्त १२, ४०)।

**पुण्ण** पुंन [पुण्य] १ शुभ कर्म, सुकृत (औप; महा; प्रासू ७५; पात्र)। २ दो उपवास, बेला; 'भद्दं पुण्णं (? ण्णं) पुही (? हि)यं छट्ठमत्तस्स एगट्ठा' (संबोध ५८)। ३ वि. पवित्र, 'थणुपियाजलपुण्णं' (कुमा)। कलसा स्त्री [°कलशा] लाट देश के एक गाँव का नाम (राज)। °घण पुं [°घन] विद्याधरों का एक स्वनाम-ख्यात राजा (पउम ५, ६५)। °मंत, °मंत वि [°वत्] पुण्यवाला, भाग्यवान् (हे २, १५९; चंड)। देखो **पुन्न** = पुण्य।

**पुण्ण** वि [पूर्ण] १ संपूर्ण, भरपूर, पूरा (औप; भग; उवा)। २ पुं. द्वीपकुमार देवों का दाक्षिणात्य इन्द्र (इक)। ३ इक्षुवर समुद्र का अधिष्ठायक देव (राज)। ४ तिथि-विशेष, पक्ष की पाँचवीं, दसवीं और पनरहवीं तिथि (सुज्ज १०, १५)। ५ पुंन. शिखर-विशेष (इक)। °कलस पुं [°कलश] संपूर्ण घट (जं १)। °घोस पुं [°घोष] ऐरवत वर्ष का एक भावी जिन-देव (सम १५४)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ संपूर्ण चन्द्रमा। २ विद्याधर वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ४४)। °प्पभ पुं [°प्रभ] इक्षुवर द्वीप का अधिपति देव (राज)। °भद्द पुं [°भद्र] १ स्वनाम-ख्यात एक गृह-पति, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाई थी (अंत)। २ यक्ष-निकाय का एक इन्द्र (४, १)। ३ पुंन. अनेक कूट-शिखरों का नाम (इक)। ४ यक्ष का चैत्य-विशेष (औप; विपा १, १; उवा)। °मासी स्त्री [°मासी] पूर्णिमा तिथि (दे)। °सेण पुं [°सेन] राजा श्रेणिक का पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु)। देखो **पुन्न** = पूर्ण।

**पुण्णमासिणी** स्त्री [पौर्णमासी] तिथि-विशेष, पूर्णिमा (औप; भग)।

**पुण्णवत्त** न [दे] आनन्द से हृत वस्त्र (दे ६, ५३; पात्र)।

**पुण्णा** स्त्री [पूर्णा] १ तिथि-विशेष, पक्ष की ५, १० और १५ वीं तिथि (संबोध ५४; सुज्ज १०, १५)। २ पूर्णभद्र और मणिभद्र इन्द्र की एक महादेवी—अग्र-महिषी (इक; णाया २); 'पुण्णभद्दस्स णं जक्खिंदस्स जक्खरण्णो चत्तारि अग्गमहिसीओ पण्णत्ताओ तं जहा—पुत्ता(? ण्णा) बहुपुत्तिआ उत्तमा तारगा, एवं माणिभद्दस्सवि' (ठा ४, १—पत्र २०४)।

**पुण्णाग** } देखो **पुन्नाग** (पउम ४२, ३६; से
**पुण्णाम** } ६, ५६; हे १, १९०; पि २३१)।

**पुण्णाली** स्त्री [दे] असती, कुलटा, पुंश्चली (दे ६, ५३; षड्)।

**पुण्णाह** पुंन [पुण्याह] १ पुण्य दिन, शुभ दिवस (गा १६५; गउड)। २ वाद्य-विशेष; 'पुण्णाहतूरेण' (स ४०१; ७३४)।

**पुण्णिमसी** स्त्री [पूर्णमासी] पूर्णिमा (संबोध ३६)।

**पुण्णिमा** स्त्री [पूर्णिमा] तिथि-विशेष, पूर्ण-मासी (कप्र १९४)। °यंद पुं [°चन्द्र] पूर्णिमा का चन्द्र (महा; हेका ४८)।

**पुण्णिमासिणी** देखो **पुण्णमासिणी** (सम ६६; श्रा २९; सुज्ज १०, ६)।

**पुत्त** पुं [पुत्र] लड़का (ठा १०; कुमा; सुपा ६६; ३३४; प्रासू २७; ७७; णाया १, २)। °वई स्त्री [°वती] लड़कावाली स्त्री (सुपा २८१)।

**पुत्तंजीवय** पुं [पुत्रंजीवक] वृक्ष-विशेष, पुतजीया, जियापोता का पेड़; 'पुत्तंजीवयरिट्ठे' (पण्ण १—पत्र ३१)। २ न. जियापोता का बीज; 'पुत्तंजीवयमालालंकिएणं' (स ३३७)।

**पुत्तय** पुं [पुत्रक] देखो **पुत्त** (महा)।

**पुत्तरे** पुंस्त्री [दे] योनि, उत्पत्ति-स्थान; 'पुत्तरे योनौ' (संक्षि ४७)।

**पुत्तलय** पुं [पुत्रक] पूतला (सिरि ८६१; ६२; ६४)।

**पुत्तलिया** } स्त्री [पुत्रिका] शालभञ्जिका, पूतली
**पुत्तली** } (पाअ; कुम्मा ६; अवि १३; सुपा २६९; सिरि ८१५)।

**पुत्तह** देखो **पुत्त** (प्राकृ ३५)।

**पुत्ताणुपुत्तिय** वि [पौत्रानुपुत्रिक] पुत्र-पौत्रादि के योग्य, 'पुत्ताणुपुत्तियं वित्तिं कप्पेति' (णाया १, १—पत्र ३७)।

**पुत्तिआ** स्त्री [पुत्रिका] १ पुत्री, लड़की (अभि १७८)। २ पूतली (दे ६, ६२, कुमा)।

**पुत्तिल्ल** देखो **पुत्त** (प्राकृ ३५)।

**पुत्ती** स्त्री [पुत्री] लड़की (कप्पू)।

Jain Education International    For Personal & Private Use Only    www.jainelibrary.org

पुत्ती स्त्री [पोती] १ वस्त्र-खण्ड, मुख-वस्त्रिका (पव ६०; संबोध ५४)। २ साड़ी, कटी-वस्त्र (धर्मवि १७)। देखो पोत्ती।

पुत्तुल्ल पुं [पुत्र] पुत्र, लड़का (प्राकृ ३५)।

पुत्थ वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, ५२)।

पुत्थ, पुत्थय } पुंन [पुस्त, °क] १ लेप्यादि कर्म (श्रा १)। २ पुस्तक, पोथी, किताब; 'पुत्थए लिहावेइ' (कुप्र ३४८), 'अवहरिओ पुत्थओ सहसा' (सम्मत्त ११८)। देखो पोत्थ।

पुथवी देखो पुढवी (चंड)।

पुथुणी, पुथुवी } (पै) देखो पुढवी (प्राकृ १२४; पि १६०)। °नाथ (पै) पुं [°नाथ] राजा (प्राकृ १२४)।

पुध देखो पिहं = पृथक् (ठा १०)।

पुधं देखो पिधं (हे १, १८८)।

पुधम, पुधुम } (पै) देखो पुढम, पुढुम (पि १०४; हे ४, ३१६)।

पुन्न देखो पुण्ण = पुन्य; 'कह मह इत्तियापुन्ना जं सो दीसिज्ज पच्चक्खं' (सुर १२, ११८; उप ७६८ टी; कुमा)। °कंखिअ वि [°काङ्क्षित, °काङ्क्षिन्] पुण्य की चाहवाला (भग)। °कलस पुं [°कलश] एक राजा का नाम (उव ७६८ टी)। °जसा स्त्री [°यशस्] एक स्त्री का नाम (उप ७२८ टी)। °पत्तिया स्त्री [°प्रत्यया] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °पिवासय वि [°पिपासक] पुण्य का प्यासा, पुण्य की चाहवाला (भग)। °भागि वि [°भागिन्] पुण्य का भागी, पुण्य-शाली (सुपा ६४१)। °सम्म पुं [°शर्मन्] एक ब्राह्मण का नाम (उप ७२८ टी)। °सार पुं [°सार] एक स्वनाम-ख्यात श्रेष्ठी (उप ७२८ टी)।

पुन्न देखो पुण्ण = पूर्ण (सुर २, ६७; उप ७६८ टी; ठा २, ३; अनु २)। °तल्ल पुं [°तल] एक जैन मुनि-गच्छ (कुप्र ६)। °पाय वि [°प्राय] करीब-करीब संपूर्ण, कुछ कम पूर्ण (उप ७२८ टी)। °भद्द पुं [°भद्र] १ यक्ष-विशेष (सिरि ६६६)। २ यक्ष-निकाय एक इन्द्र (ठा २, ३)। ३ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। ४ एक जैन मुनि, आर्य श्री संभूतविजय का एक शिष्य (कप्प)।

पुन्नयण पुं [पुण्यजन] यक्ष, एक देव-जाति (पाअ)।

पुन्नाग, पुन्नाम, पुन्नाय } देखो पुंनाग (कप्प; कुमा; पउम २१, ४६; पाअ)। ३ न. पुन्नाग का फूल (कुमा; हे १, १६०)।

पुन्नालिया, पुन्नाली } [दे] देखो पुण्णाली (सुपा ५६६; ५६७)।

पुन्निमा देखो पुण्णिमा (रंभा)।

पुप्पुअ वि [दे] पीन, पुष्ट, उपचित (दे ६, ५२)।

पुप्फ न [पुष्प] १ फूल, कुसुम (णाया १,१; कप्प; सुर ३,६५; कुमा)। एक विमानावास, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३५; सम ३८)। ३ स्त्री का रज। ४ विकास। ५ आँख का एक रोग। ६ कुबेर का विमान (हे १, २३६; २, ५३; ६०, १५४)। °इरि पुं [गिरि] एक पर्वत का नाम (पउम ७६, १०)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान; 'पुप्फकंतं' (सम ३८)। °करंडय पुं [°करण्डक] हस्तिशीर्ष नगर का एक उद्यान, 'पुप्फकरंडए उज्जाणे' (विपा २, १)। °केउ पुं [°केतु] १ ऐरवत क्षेत्र का सातवाँ भावी तीर्थंकर—जिनदेव (सम १५४)। २ ग्रह-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °ग न [°क] १ मूल भाग; 'भाणस्स पुप्फगंतो इमेहि कज्जेहि पडिलेहे' (ओघ २८६)। २ पुष्प, फूल (कप्प)। ३ देखो नीचे °य (औप)। °चूला स्त्री [°चूला] १ भगवान् पार्श्वनाथ की मुख्य शिष्या का नाम (सम १५२; कप्प)। २ एक महासती, अन्निकाचार्य की सुयोग्य शिष्या (पडि)। ३ सुबाहुकुमार की मुख्य पत्नी का नाम (विपा २, १)। °चूलिया स्त्री [°चूलिका] एक जैन ग्रन्थ (निर १, ४)। °च्चणिया स्त्री [°चर्चनिका] पुष्पों से पूजा (णाया १, २)। °च्चिणिया स्त्री [°चायिनी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ)। °छज्जिया स्त्री [°छादिका] पुष्प-पात्र-विशेष (राज)। °ज्झय न [°ध्वज] एक देव-विमान (सम ३८)। °णंदि पुं [°नन्दिन्] एक राजा का नाम (ठा १०)। °णालिया देखो °नालिया (तंदु)। °दंत पुं [°दन्त] १ नववाँ जिनदेव, श्री सुविधिनाथ (सम ६२; ठा २, ४)। २ ईशानेन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १; इक)। ३ देव-विशेष (सिरि ६६७)। °दंती स्त्री [°दन्ती] दमयन्ती की माता का नाम, एक रानी (कुप्र ४८)। °नालिया स्त्री [°नालिका] पुष्प का बेंट—डंठल (तंदु ४)। °निज्जास पुं [°निर्यास] पुष्प-रस (जीव ३)। °पुर न [°पुर] पाटलिपुत्र, पटना शहर (राज)। °पूरय पुं [°पूरक] पुष्प की रचना-विशेष (णाया १, १६)। °प्पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम ३८)। °बलि पुं [°बलि] उपचार, पुष्प-पूजा (पाअ)। °बाण पुं [°बाण] कामदेव (रंभा)। °भद्द न [°भद्र] नगर-विशेष, पटना शहर (राज)। °मंत वि [°वत्] पुष्पवाला (णाया १, १)। °माल न [°माल] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि का एक नगर (इक)। °माला स्त्री [°माल] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। °य पुं [°क] १ फेन, डिण्डीर (पाअ)। २ न. ईशानेन्द्र का एक पारियानिक विमान, देव-विमान-विशेष (ठा ८; इक; पउम ७६, २८; औप)। ३ पुष्प, फूल (कप्प)। ४ ललाट का एक पुष्पाकार आभूषण (जं २)। देखो ऊपर °ग। °लाई, °लावी स्त्री [°लावी] फूल बिननेवाली स्त्री (पाअ; दे १, ६)। °लेस न [°लेश्य] एक देव-विमान (सम ३८)। °वई स्त्री [°वती] १ ऋतुमती स्त्री (दे ६, ६४; गा ४८०)। २ सत्पुरुष नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १; णाया २)। ३ बीसवें जिनदेव की प्रवर्त्तिनी—प्रमुख साध्वी का नाम (सम १५२; पव ६)। ४ चैत्य-विशेष (भग)। °वण्ण न [°वर्ण] एक देव-विमान (सम ३८)। °सिंग न [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम ३८)। °सिद्ध न [°सिद्ध] देव-विमान-विशेष (सम ३८)। °सुय पुं [°शुक] व्यक्ति-वाचक नाम (उव)। °वित्त न [°वर्त्त] एक देव-विमान (सम ३८)।

पुप्फस न [दे] फेफसा, शरीर का एक भीतरी अंग (पउम १०५, ५५)।

पुप्फा स्त्री [दे] फूफी, पिता की बहिन (दे ६, ५२)।

**पुप्फिअ** वि [पुष्पित] कुसुमित, संजात-पुष्प (धर्मवि १४८; कुमा; णाया १, ११; सुपा ५८)।

**पुप्फिआ** स्त्री [दे] देखो पुप्फा (पाअ)।

**पुप्फिआ** स्त्री [पुष्पिता] एक जैन आगम-ग्रंथ (निर १, ३)।

**पुप्फिम** पुंस्त्री [पुष्पत्व] पुष्पपन (हे २, १५४)।

**पुप्फी** [दे] देखो पुप्फा (षड्)।

**पुप्फुआ** स्त्री [दे] करीष (गोयठा) का अग्नि, 'सूइज्जइ हेमंतम्मि दुग्गओ पुप्फुआसुअंधेण' (गा ३२९)।

**पुप्फुत्तर** न [पुष्पोत्तर] एक विमान (कप्प)। °वडिंसग न [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम ३८)।

**पुप्फुत्तरा**, **पुप्फोत्तरा** } स्त्री [पुष्पोत्तरा] शक्कर की एक जाति (णाया १, १७—पत्र २२९; पएण १७—पत्र ५३३)।

**पुप्फोदय** न [पुष्पोदक] पुष्प-रस से मिश्रित जल (णाया १, १—पत्र १९)।

**पुप्फोवय**, **पुप्फोवा°** } वि [पुष्पोपग] पुष्प प्राप्त करनेवाला, फूलनेवाला (वृक्ष) (ठा ३, १—पत्र ११३)।

**पुम** पुं [पुंस्] १ पुरुष, नर; 'थीअपुमाणं विसुज्झंता' (पंच ५, ७२), 'पुमत्तमागम्म कुमार दोवि' (उत्त १४, ३; ठा ८; औप)। २ पुरुष-वेद (कम्म ५, ६०)। °आणमणी स्त्री [°आज्ञापनी] पुरुष को आज्ञा देनेवाली भाषा, भाषा-विशेष (पएण ११)। °पन्नवणी स्त्री [°प्रज्ञापनी] भाषा-विशेष; पुरुष के लक्षणों का प्रतिपादन करनेवाली भाषा (पएण ११—पत्र ३६४)। °वयण न [°वचन] पुंलिंग शब्द का उच्चारण (पएण ११—पत्र ३७०)।

**पुम्म** (अप) सक [दृश्] देखना। पुम्मइ (प्राकृ ११९)।

**पुयली** स्त्री [दे] पुत-प्रदेश, कमर के नीचे का भाग; 'पुयलि पप्फोडेमाणे' (भग १५—पत्र ६७९)।

**पुयावइत्ता** देखो पुआव।

**पुर** (अप) देखो पूर = पूरय्। पुरइ (पिंग)।

**पुर** न [पुर] १ नगर, शहर (कुमा; कुप्र ४३८)। २ शरीर, देह (कुप्र ४३८)। °चंद पुं [°चन्द्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४४)। °भेयण वि [°भेदन] नगर का भेदन करनेवाला। स्त्री—°णी (उत्त २०, १८)। °वइ पुं [°पति] नगर का अधिपति (भवि)। °वर न [°वर] श्रेष्ठ नगर, (उवा; पण्ह १, ४)। °वरी स्त्री [°वरा] श्रेष्ठ नगरी (णाया १, ९; उवा; सुर २, १५२)। °वाल पुं [°पाल] नगर-रक्षक, राजा (भवि)।

**पुर** देखो पुरं; 'पुरकम्मम्मि य पुच्छा' (बृह १)।

**पुरएअ**, **पुरएव** } देखो पुरदेव (भवि)।

**पुरओ** अ [पुरतस्] १ अग्रतः, आगे (सम १५१; ठा ४, २; गा ३५०; कुमा; औप)। २ पहले, पूर्व में; 'पुरओ कयं जं तु तं पुरेकम्मं' (ओघ ४८९)।

**पुरं** अ [पुरस्] १ पहले, पूर्व में। २ समक्ष; 'तए णं से दरिद्दे समुक्किट्ठे समाणे पच्छा पुरं च णं विउलभोगसमितिसमन्नागते यावि विहरिज्जा' (ठा २, १—पत्र ११७)। ३ अग्रे, आगे। °गम वि [°गम] अग्र-गामी, पुरोवर्त्ती (सूअ १, ३, ३, ६)। देखो पुरे, पुरो।

**पुरंजय** पुं [पुरञ्जय] एक विद्याधर राजा। °पुर न [°पुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

**पुरंदर** पुं [पुरन्दर] १ इन्द्र, देवराज। २ गन्ध-द्रव्य-विशेष (हे १, १७७)। ३ वृक्ष-विशेष, चव्य का पेड़; 'पुरंदरकुसुमदाम-सुविणेण सूइया जाया' (उप ९८६ टी)। ४ एक राजर्षि (पउम २१, ८०)। ५ मन्दर-कुञ्ज नगर का एक विद्याधर राजा (पउम ६, १७०)। °जसा स्त्री [°यशस्] एक राज-कन्या का नाम (उप ९७३)। °दिसि स्त्री [°दिश्] पूर्व दिशा (उप १४२ टी)।

**पुरंधि**, **पुरंधी** } स्त्री [पुरन्ध्री] १ बहु कुटुम्बवाली स्त्री। २ पति और पुत्रवाली स्त्री (कुमा; कुप्र १०७; सुपा २६; पाअ)। ३ अनेक काल पहले ब्याही हुई स्त्री (कप्पू)।

**पुरकड** देखो पुरक्खड (सूअ २, २, १८)।

**पुरक्कार** पुं [पुरस्कार] १ आगे करना, अग्रतः स्थापन (आचा)। २ सम्मान, आदर (सम ४०)।

**पुरक्खड** वि [पुरस्कृत] १ आगे किया हुआ (श्रा ६)। २ पुरोवर्त्ती, आगामी; 'गहरण-समयपुरक्खडे पोग्गले उदीरेंति' (भग १, १)।

**पुरच्छा** देखो पुरत्था (राज)।

**पुरच्छिम** देखो पुरत्थिम (ठा २, ३—पत्र ६७; सुज्ज २०—पत्र २८७; पि ५९५)। °दाहिणा स्त्री [°दक्षिणा] पूर्व-दक्षिण दिशा, अग्निकोण (ठा १०—पत्र ४७८)।

**पुरच्छिमा** देखो पुरत्थिमा (ठा १०—पत्र ४७८)।

**पुरच्छिमिल्ल** देखो पुरत्थिमिल्ल (सम ६६)।

**पुरत्थ** वि [पुरःस्थ] आगे रहा हुआ, अग्र-वर्त्ती, पुरस्सर; 'पुरत्थं होइ सहायं रणे समं तेण' (उप १०३१ टी), 'जेण गहिएणणत्था इत्थ परत्थावि हु पुरत्था' (श्रा १४)।

**पुरत्थ**, **पुरत्थओ**, **पुरत्था** } अ [पुरस्तात्] १ पहले, काल या देश की अपेक्षा से आगे; 'तप्पुरत्थभाए' (सुपा ३९०), 'मोसस्स पच्छा य पुरत्थओ य' (उत्त ३२, ३१), 'आदीणियं दुक्कडियं पुरत्था' (सूअ १, ५, १, २)। २ पूर्वदिशा; 'पुरत्थाभिमुहे' (कप्प; औप; भग; णाया १, १—पत्र १९)।

**पुरत्थिम** वि [पौरस्त्य, पूर्व] १ पूर्व की तरफ का; 'उत्तर-पुरत्थिमे दिसीभाए' (कप्प; औप)। २ न. पूर्व दिशा; 'पुरतो पुरत्थिमेणं' (णाया १; १—पत्र ५४; उवा)।

**पुरत्थिमा** स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा; 'पुरत्थिमाओ वा दिसाओ आगओ' (आचा; सुज्ज १५८ टि)।

**पुरत्थिमिल्ल** वि [पौरस्त्य] पूर्व दिशा का, पूर्व दिशा में स्थित (विपा १, ७; पि ५९५)।

**पुरदेव** पुं [पुरादेव] भगवान् आदिनाथ, 'पुरदेवजिणस्स निव्वाणं' (पउम ४, ८७)।

**पुरव** देखो पुव्व (गउड; हे ४, २७०; ३२३)।

**पुरस्सर** वि [पुरस्सर] अग्रगामी (कप्पू)।

**पुरा** स्त्री [पुर्] नगरी, शहर (हे १, १६)।

**पुरा** देखो पुरिल्ला = पुरा (सूअ १, १, २, २४; विपा १, १)। °इय, °कय वि [°कृत] पूर्व काल में किया हुआ (भवि; कुप्र ३१९)। °भव पुं [°भव] पूर्व जन्म (कुप्र ४०६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पुराअण वि [पुरातन] पुराना, प्राचीन। स्त्री. °णी (नाट—चैत १३१)।

पुराकर सक [पुरा + कृ] आगे करना। पुराकरंति (सूअ १, ५, २, ५)।

पुराण वि [पुराण] १ पुराना, पुरातन (गउड; उत्त ८, १२)। २ न. व्यासादि-मुनि-प्रणीत ग्रन्थ-विशेष, पुरातन इतिहास के द्वारा जिसमें धर्म-तत्त्व निरूपित किया जाता हो वह शास्त्र (धर्मवि ३८; भवि)। °पुरिस पुं [°पुरुष] श्रीकृष्ण (वज्जा १२२)।

पुरिकोबेर पुं. ब. [पुरीकौबेर] देश-विशेष (पउम ६८, ६७)।

पुरित्थिमा देखो पुरत्थिमा (सूअ २, १, ६)।

पुरिम देखो पुव्व = पूर्व (हे २, १३५; प्राकृ २८; भग; कुमा); 'पंचवओ खलु धम्मो पुरिमस्स य पच्छिमस्स य जिणस्स' (पव ७४; पंचा १७, १)। °ड्ढ पुंन [°ार्ध] १ पूर्वार्ध। २ प्रत्याख्यान-विशेष (पंचा ५; पडि)। ३ तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५७)। °ड्ढिय वि [°ार्धिक] 'पुरिमड्ढ' प्रत्याख्यान करनेवाला (पण्ह २, १; ठा ५, १)।

पुरिम वि [पौरस्त्य] अग्र-भव, अग्रेतन, आगे का; 'इय पुव्वुत्तचउक्के भणिएसु पढमदुगि खु मिच्छत्तं। पुरिमदुगे सम्मत्तं' (संबोध ५२)।

पुरिम पुं [दे] प्रस्फोटन, प्रतिलेखन की क्रिया-विशेष, 'छ प्पुरिमा नव खोडा' (ओघ २६५)।

पुरिमताल न [पुरिमताल] नगर-विशेष (विपा १, ३; औप)।

पुरिमिल्ल वि [पूर्वीय] पहले का, पुरातन, प्राचीन; 'आसि नरा पुरिमिल्ला, ता किं अम्हेवि तह होमो' (चेइय ११५)।

पुरिल पुं [दे] दैत्य, दानव (षड्)।

पुरिल्ल वि [पुरातन] पुरा-भव, पहले का, पूर्ववर्ती (विसे १३२६; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [पौरस्त्य] पुरो-भव, पुरो-वर्ती, अग्र-गामी (से १३, २; हे २, १६३; प्राप्र; षड्)।

पुरिल्ल वि [पौर] पुर-भव, नागरिक (प्राकृ ३५; हे २, १६३)।

पुरिल्ल वि [दे] प्रवर, श्रेष्ठ (दे ६, ५३)।

पुरिल्ल देखो पुरिल्ला = पुरा, पुरस्; 'पुरिल्लो' (हे २, १६४ टि; षड्)।

पुरिल्लदेव पुं [दे] असुर, दानव (दे ६, ५५)।

पुरिल्लपहाणा स्त्री [दे] साँप की दाढ (दे ६, ५६)।

पुरिल्ला अ [पुरा] १ निरन्तर क्रिया-करण, विच्छेद-रहित क्रिया करना। २ प्राचीन, पुराना। ३ पुराने समय में। ४ भावी। ५ निकट, सन्निहित। ६ इतिहास, पुरावृत्त (हे २, १६४)।

पुरिल्ला अ [पुरस] आगे, अग्रतः (हे २, १६४)।

पुरिस पुंन [पुरुष] १ पुमान्, नर, मर्द (हे १, १२४; भग; कुमा; प्रासू १२६); 'इत्थीणि वा पुरिसाणि वा' (आचा २, ११, १८)। २ जीव, जीवात्मा (विसे २०९०; सूअ २, १, २६)। ३ ईश्वर (सूअ २, १, २६)। ४ शङ्कु, छाया नापने का काष्ठादि-निर्मित कीलक। ५ पुरुष-शरीर (णंदि)। °कार, °क्कार, °गार पुं [°कार] १ पौरुष, पुरुषपन, पुरुष-चेष्टा, पुरुष-प्रयत्न (प्रासू ४३; उवा; सुर २, ३५; उवर ४७)। २ पुरुषत्व का अभिमान (औप)। °जाय पुं [°जात] १ पुरुष। २ पुरुष-जातीय (सूअ २, १, ६; ७; ठा ३, १; २; ४, १)। °जुग न [°युग] क्रम-स्थित पुरुष (सम ६८)। °जेट्ठ पुं [°ज्येष्ठ] प्रशस्त पुरुष (पंचा १७, १०)। °त्त, °त्तण न [°त्व] पौरुष, पुरुषपन; 'नहि नियजुवइसलहिया पुरिसा पुरिसत्तणमुविंति' (सुर २, २४; महा; सुपा ८४)। °त्थ पुं [°ार्थ] धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष रूप पुरुष-प्रयोजन; 'सयलपुरिसत्थकारणमइदुलहो माणुसो भवो एसो' (धर्मवि ८२; कुमा; सुपा १२६)। °पुंडरीअ पुं [°पुण्डरीक] इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न षष्ठ वासुदेव (पव २१०)। °प्पणीय वि [°प्रणीत] १ ईश्वर-निर्मित। २ जीव-रचित (सूअ २, १, २६)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें पुरुष का होम किया जाय वह यज्ञ (राज)। °यार देखो °कार (गउड; सुर २, १६; सुपा २७१)। °लक्खण न [°लक्षण] कला-विशेष, पुरुष के शुभाशुभ चिह्न पहचानने की एक सामुद्रिक कला (जं २)। °लिंग, न [°लिङ्ग] पुरुष-चिह्न। °लिंगसिद्ध पुं [°लिङ्गसिद्ध] पुरुष-शरीर से जो मुक्त हुआ हो वह (णंदि)। °वयण न [°वचन] पुलिंग शब्द (आचा २, ४, १, ३)। °वर पुं [°वर] श्रेष्ठ पुरुष (औप)। °वरगंधहत्थि पुं [°वरगन्धहस्तिन्] १ पुरुषों में श्रेष्ठ गन्धहस्ती के तुल्य। २ जिन-देव (भग; पडि)। °वरपुंडरीय पुं [°वरपुण्डरीक] १ पुरुषों में श्रेष्ठ पद्म के समान। २ जिन-देव, अर्हन् (भग; पडि)। °विजय पुं [°विचय, °विजय] ज्ञान-विशेष (सूअ २, २, २७)। °वेय पुं [°वेद] १ कर्म-विशेष, जिसके उदय से पुरुष को स्त्री-संभोग की इच्छा होती है वह कर्म। २ पुरुष को स्त्री-भोग की अभिलाषा (पण्ण २३; सम १५०)। °सिंह, °सीह पुं [°सिंह] १ पुरुषों में सिंह के समान, श्रेष्ठ पुरुष। २ पुं. जिनदेव, जिन भगवान् (भग; पडि)। ३ भगवान् धर्मनाथ के प्रथम श्रावक का नाम (विचार ३७८)। ४ इस अवसर्पिणी काल में उत्पन्न पाँचवाँ वासुदेव (सम १०५; पउम ५, १५५; पव २१०)। °सेण पुं [°सेन] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मोक्ष जानेवाला एक अन्तकृद् महर्षि, जो वासुदेव के अन्यतम पुत्र थे (अंत १४)। २ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न होनेवाले एक मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे (अनु १)। °ादाणिअ, °ादाणीय पुं [°ादानीय] उपादेय पुरुष, आप्त पुरुष (सम १३; कप्प)।

पुरिसकारिआ स्त्री [पुरुषकारिका, °ता] पुरुषार्थ, प्रयत्न (दस, ५, २, ६)।

पुरिसाअ अक [पुरुषाय्] विपरीत मैथुन करना। वकृ. पुरिसाअंत (गा १९६; ३९१)।

पुरिसाइअ न [पुरुषायित] विपरीत मैथुन (दे १, ४२)।

पुरिसाइर वि [पुरुषायितृ] विपरीत रत करनेवाला, 'दरपुरिसाइरि विसमिरि सुजाण पुरिसाण जं दुक्खं' (गा ५२; ४४६)।

पुरिसुत्तम, पुरिसोत्तम पुं [पुरुषोत्तम] १ उत्तम पुरुष, श्रेष्ठ पुमान्। २ जिन-

देव, अर्हन् (सम १; भग; पडि) । ३ चौथा त्रिखण्डाधिपति, चतुर्थ वासुदेव (सम ७०; पउम ५, १५५) । ४ भगवान् अनन्तनाथ का प्रथम श्रावक (विचार ३७८) । ५ श्रीकृष्ण (सम्मत्त २२६) ।

पुरी स्त्री [पुरी] नगरी, शहर (कुमा) । °नाह पुं [°नाथ] नगरी का अधिपति, राजा (उप ७२८ टी) ।

पुरीस पुंन [पुरीष] विष्ठा (णाया १, ८; उप १३९ टी; ३२० टी; पाअ); 'मुत्तपुरीसे य पिक्खंति' (धर्मवि १९) ।

पुरु पुं [पुरु] १ स्व-नाम-ख्यात एक राजा (अभि १७६) । २ वि. प्रचुर, प्रभूत । स्त्री. °ई (प्राकृ २८) ।

पुरुपुरिआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा, उत्सुकता (दे ६, ५) ।

पुरुमिल्ल देखो पुरिमिल्ल (गउड) ।

पुरुव } देखो पुव्व=पूर्व; 'ण ईरिसो
पुरुव्व } दिट्ठपुरुवो' (स्वप्न ५५), 'अमंद-आणंदसुंदलपुरुव्वं' (सुपा २२, नाट—मृच्छ १२१; पि १२५) ।

पुरुस (शौ) देखो पुरिस (प्राकृ ८३; स्वप्न २६; अवि ८५; प्रयौ ९६) ।

पुरुसोत्तम (शौ) देखो पुरिसोत्तम (पि १२४) ।

पुरुहूअ पुं [दे] घूक, उल्लू (दे ६, ५५) ।

पुरुहूअ पुं [पुरुहूत] इन्द्र, देव-राज (गउड) ।

पुरूरव पुं [पुरूरवस्] एक चंद्र-वंशीय राजा (पि ४०८; ४०९) ।

पुरे देखो पुरं; 'जस्स नत्थि पुरे पच्छा मज्झे तस्स कुओ सिया' (आचा) । °कड वि [°कृत] आगे किया हुआ, पूर्व में किया हुआ (औप; सूअ १, ५, २, १; उत्त १०, ३) । °कम्म न [°कर्मन्] पहले करने का काम; पूर्व में की जाती क्रिया; 'पुरओ कयं जं तु तं पुरेकम्मं' (ओघ ४८६; हे १, ५७) । °कार पुं [°कार] सम्मान, आदर (उत्त २९, ७; सुख २९, ७) । °क्खड देखो °कड (पएण ३६—पत्र ७९६; पण्ह १, १) । °वाय पुं [°वात] १ सस्नेह वायु । २ पूर्व दिशा का पवन (णाया १, ११—पत्र १७१) । °संखडि स्त्री [दे. संस्कृति] पहले ही किया जाता जिमनवार —भोजनोत्सव; (आचा २, १, २, ६; २, १ ४, १) । °संथुय वि [°संस्तुत] १ पूर्व-परिचित । २ स्व-पक्ष का सगा (आचा २, १, ४, ५) ।



पुरेस पुं [पुरेश] नगर-स्वामी (भवि) ।

पुरो देखो पुरं (मोह ४६, कुमा) । °अ, °ग वि [°ग] अग्रगामी, अग्रेसर (प्रति ४०; विसे २५४८) । °गम वि [°गम] वही अर्थ (उप पृ ३५१) । °भाइ वि [°भागिन्] दोष को छोड़ कर गुण-मात्र को ग्रहण करने वाला (नाट—विक्र ६७) ।

पुरोकर सक [पुरस् + कृ] १ आगे करना । २ स्वीकार करना । ३ सम्मान करना । संकृ. पुरोकरिअ, पुरोकाउं (मा १६; सूअ १, १, ३, १५) ।

पुरोत्तमपुर न [पुरोत्तमपुर] एक विद्याधर-नगर का नाम (इक) ।

पुरोवग पुं [पुरोपक] वृक्ष-विशेष (औप) ।

पुरोह पुं [पुरोधस्] पुरोहित (उप ७२८ टी; धर्मवि १४६) ।

पुरोहड वि [दे] १ विषम, असम । २ पच्छोकड (?) (दे ६, १५) । ३ पुंन. आवृत भूमि का वास्तु (दे ६, १५) । ४ अग्रद्वार, दरवाजा का अग्रभाग (ओघ ६२२) । ५ बाडा, वाटक; 'संभासमए पत्ते मज्झ बलद्दा पुरोहडस्संतो । मह दिट्ठीए दंसिवि ठाएयव्वा' (सुपा ५४५; बृह २) ।

पुरोहिअ पुं [पुरोहित] पुरोधा, याजक, होम आदि से शान्ति-कर्म करनेवाला ब्राह्मण (कुमा; काल) ।

पुल पुं [दे. पुल] छोटा फोड़ा, फुनसी; 'ते पुला भिज्जंति' (ठा १०—पत्र ५२१) ।

पुल वि [पुल] समुच्छ्रित, उन्नत; 'पुलनिप्पुलाए' (दस १०, १६) ।

पुल अक [पुल्] उन्नत होना (दस १०, १६) ।

पुल } सक [दृश्] देखना । पुलइ, पुलअइ
पुलअ } (प्राकृ ७१; हे ४, १८१; प्राप्र ८, ६९) । पुलएइ (गउड १०६३), पुलएमि (गा ५३१) । वकृ. पुलंत, पुलअंत, पुलएंत (कप्पू; नाट—मालवि ६; पउम ३, ७७; ८, १६०, सुर ११, १२०, १२, २०४; ७, २१२) । संकृ. पुलइअ (स ६८९) ।

पुलअ पुं [पुलक] १ रोमाञ्च (कुमा) । २ रत्न-विशेष, मणि की एक जाति (पएण १; उत्त ३६, ७७; कप्प) । ३ जलचर जन्तु-विशेष, ग्राह का एक भेद, 'सोमागारपुलु(? ल)-यसुंसुमार—' (पण्ह १, १—पत्र ७) । °कंड पुंन [°काण्ड] रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का एक काण्ड (ठा १०) ।

पुलअग वि [दर्शन] देखनेवाला, प्रेक्षक (कुमा) ।

पुलअण न [पुलकन] पुलकित होना (कप्पू) ।

पुलआअ अक [ उत् + लस् ] उल्लसित होना, उल्लास पाना । पुलआअइ (हे ४, २०२) । वकृ. पुलआअमाण (कुमा) ।

पुलइअ वि [दृष्ट] देखा हुआ (गा ११८; सुर १४, ११; पाअ) ।

पुलइअ वि [पुलकित] रोमाञ्चित (पाअ; कुमा ४, ११; कप्प; महा; गा २०) ।

पुलइज्ज अक [ पुलकाय् ] रोमाञ्चित होना । वकृ. पुलइज्जंत (सण) ।

पुलइल्ल वि [पुलकिन्] रोमाञ्च-युक्त, रोमाञ्चित (वज्जा १६४) ।

पुलएंत देखो पुलअ = दृश् ।

पुलंधअ पुं [दे] भ्रमर, भौंरा (षड्) ।

पुलंपुल न [दे] अनवरत, निरन्तर (पण्ह १, ३—पत्र ४५; औप) ।

पुलक } देखो पुलअ = पुलक (पि २०३ टि;
पुलग } णाया १, १; सम १०४; कप्प) ।

पुलय पुंन [पुलक] कीट-विशेष (आचा २, १३, १) ।

पुलाग } पुंन [पुलाक] १ असार अन्न, 'धन्न-
पुलाय } मसारं भन्नइ पुलायसद्देण' (संबोध २८; पव ९३); 'निस्सारए होइ जहा पुलाए' (सूअ १, ७, २६) । २ चना आदि शुष्क अन्न (उत्त ८, १२, सुख ८, १२) । ३ लह-सुन आदि दुर्गन्ध द्रव्य । ४ दुष्ट रसवाला द्रव्य; 'तिविहं होइ पुलागं धरणे गंधे यरस-पुलाए य' (बृह ५) । ५ पुं. अपने संयम को निस्सार बनानेवाला मुनि, शिथिलाचारी साधुओं का एक भेद (ठा ३, २; ५, ३; संबोध २८; पव ९३) ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**पुलासिअ** पुं [दे] अग्नि-कण (दे ६, ५५)।

**पुलिंद** पुं [पुलिन्द] १ अनार्य देश-विशेष (इक)। २ पुंस्त्री. उस देश में रहनेवाला मनुष्य (पण्ह १, १; औप; अणु)। स्त्री. °दी (णाया १, १; औप)।

**पुलिण** न [पुलिन] तट, किनारा; 'पोइसणो नइपुलिणाओ' (पउम १०, ५४)। २ लगातार बाईस दिनों का उपवास (संबोध ५८)।

**पुलिय** न [पुलित] गति-विशेष (औप)।

**पुलुट्ठ** वि [प्लुष्ट] दग्ध (पाअ)।

**पुलोअ** सक [दृश्, प्र + लोक्] देखना। पुलोएइ (हे ४, १८१; सुर १, ८६)। वकृ. पुलअंत, पुलोएंत (पि १०४; सुर ३, ११८)।

**पुलोअण** न [दर्शन, प्रलोकन] विलोकन (दे ६, ३०; गा ३२२)।

**पुलोइअ** वि [दृष्ट, प्रलोकित] १ देखा हुआ (सुर ३, १६४)। २ न. अवलोकन (से ७, ५६)।

**पुलोएंत** देखो **पुलोअ**।

**पुलोम** पुं [पुलोमन्] दैत्य-विशेष। °तणया स्त्री [°तनया] शची, इन्द्राणी (पाअ)।

**पुलोमी** स्त्री [पौलोमी] इन्द्राणी (प्राकृ १०; हे १, १६०)।

**पुलोव** देखो **पुलोअ**। पुलोवेदि (शौ) (पि १०४)।

**पुलोस** पुं [प्लोष] दाह, दहन (गउड)।

**पुल्ल** [दे] देखो **पोल्ल** (सुख ६, १)।

**पुल्लि** पुंस्त्री [दे] १ व्याघ्र, शेर (दे ६, ७६; पाअ)। २ सिंह, पञ्चानन, मृगेन्द्र (दे ६, ७६)। स्त्री. 'को पियइ पयं च पुल्लीए' (सुपा २१२)।

**पुव** } सक [प्लु] गति करना, चलना।
**पुव्व** } पुवंति (पि ४७३), पुव्वंति (भग १५—पत्र ६७०; टी—पत्र ६७३)।

**पुव्व°** देखो **पुण = पू**।

**पुव्व** वि [पूर्व] १ दिशा, देश और काल की अपेक्षा से पहले का, आद्य, प्रथम (ठा ४, ४; जी १; प्रासू १२२)। २ समस्त, सकल। ३ ज्येष्ठ भ्राता (हे २, १३५; षड्)। ४ पुंन. काल-मान-विशेष, चौरासी लाख को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो उतने वर्ष (ठा २, ४; सम ७४; जो ३७; इक)। ५ जैन ग्रन्थांश-विशेष, बारहवें अंग-ग्रन्थ का एक विशाल विभाग, अध्ययन, परिच्छेद; 'चोद्दसपुव्वी' (विपा १, १)। ६ द्वन्द्व, वधू-वर आदि युग्म; 'पुव्वट्ठाणाणि' (आचा २, ११, १३)। ७ पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान (कम्म १, ७)। ८ कारण, हेतु (णंदि)। °कालिय वि [°कालिक] पूर्व काल का, पूर्व काल से संबन्ध रखनेवाला (पण्ह १, २—पत्र २८)। °गय न [°गत] जैन शास्त्रांश-विशेष, बारहवें अंग का विभाग-विशेष (ठा १०—पत्र ४६१)। °ण्ह पुं [°ह्ण] १ दिन का पूर्व भाग, सुबह से दो पहर तक का समय (हे १, ६७)। २ तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५८)। °तव पुंन [°तपस्] वीतराग अवस्था के पहले का—सराग अवस्था का तप (भग)। °दारिअ वि [°द्वारिक] पूर्व दिशा में गमन करने में कल्याण-कारी (नक्षत्र) (सम १२)। °द्ध पुंन [°ार्ध] पहला आधा (नाट)। °धर वि [°धर] पूर्व-ग्रन्थ का ज्ञान-वाला (पण्ह २, १)। °पय न [°पद] उत्सर्ग-स्थान (निचू १)। °पुट्ठवया स्त्री [°प्रोष्टपदा] नक्षत्र-विशेष (सुज्ज १०, ५)। °पुरिस पुं [°पुरुष] पूर्वज, पुरखा (सुर २, १६४)। °प्पओग पुं [°प्रयोग] पहले की क्रिया, पूर्व काल का प्रयत्न (भग ८, ६)। °फग्गुणी स्त्री [°फाल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (राज)। °भद्दवया स्त्री [°भाद्रपदा] नक्षत्र-विशेष (राज)। °भव पुं [°भव] गत जन्म, अतीत जन्म (णाया १, १)। °भविय वि [°भविक] पूर्वजन्म संबंधी (भवि)। °य पुं [°ज] पूर्व पुरुष, पुरखा (सुपा २३२)। °रत्त पुं [°रात्र] रात्रि का पूर्व भाग (भग; महा)। °व न [°वत्] अनुमान प्रमाण का एक भेद (अणु)। °विदेह पुं [°विदेह] महाविदेह वर्ष का पूर्वीय हिस्सा (ठा २, ३; इक)। °समास पुंन [°समास] एक से ज्यादा पूर्व-शास्त्रों का ज्ञान (कम्म १, ७)। °सुय न [°श्रुत] पूर्व का ज्ञान (राज)। °सूरि पुं [°सूरि] पूर्वाचार्य, प्राचीन आचार्य (जीव १)। °हर देखो °धर (पउम ११८, १२१)। °णुपुव्वी स्त्री [°ानुपूर्वी] क्रम, परिपाटी (भग; विपा १, १; औप; महा)। °ाह देखो °ण्ह (हे १, ६७; षड्)। °ाफग्गुणी देखो °फग्गुणी (सम ७; इक)। °ाभद्दवया देखो °भद्दवया (सम ७)। °ासाढा स्त्री [°ाषाढा] नक्षत्र-विशेष (सम ६)।

**पुव्वंग** पुंन [पूर्वाङ्ग] १ समय-परिमाण-विशेष, चौरासी लाख वर्ष (ठा २, ४; इक)। २ पक्ष के पहले दिन का नाम, प्रतिपत् (सुज्ज १०, १४)।

**पुव्वंग** वि [दे] मुण्डित (षड्)।

**पुव्वा** स्त्री [पूर्वा] पूर्व दिशा (कुमा)।

**पुव्वाड** वि [दे] पीन, मांसल, पुष्ट (दे ६, ५२)।

**पुव्वामेव** अ [पूर्वमेव] पहले ही (कस)।

**पुव्वावईणय** न [पूर्वावकीर्णक] नगर-विशेष (इक)।

**पुव्वि** वि [पूर्विन्] पूर्व-शास्त्र का जानकार (विपा १, १; राज)।

**पुव्वि** } क्रिवि [पूर्वम्] पहिले, पूर्व में
**पुव्विं** } (सण; उवा; सुर १, १६४; ४, १११; औप)। °संथव पुं [°संस्तव] पूर्व में की जाती श्लाघा, जैन मुनि की भिक्षा का एक दोष, भिक्षा-प्राप्ति के पहले दायक की स्तुति करना (ठा ३, ४)।

**पुव्वित्त** पुंस्त्री [पूर्वत्व] पहिलापन, प्रथमता (षड्)।

**पुव्विल्ल** वि [पूर्व, पूर्वीय] पहले का, पूर्व का; 'पुव्विल्लसमं करणं' (चेइय ८८६); 'पुव्विल्लए किंचिवि दुट्ठकम्मे' (निसा ४; सुपा ३४६; सण)।

**पुव्वुत्त** वि [पूर्वोक्त] पहले कहा हुआ, पूर्व में उक्त (सुर २, २४८)।

**पुव्वुत्तरा** स्त्री [पूर्वोत्तरा] ईशान कोण (राज)।

**पुस** सक [प्र + उञ्छ्, मृज्] साफ करना, शुद्ध करना, पोंछना। पुसइ (प्राकृ ६६; हे ४, १०५; गा ४३३)। कवकृ. पुसिज्जंत (गा २०६)।

**पुस** देखो **पुस्स** (प्राकृ २६; प्राप्र)।

Jain Education International　For Personal & Private Use Only　www.jainelibrary.org

पुस पुं [पौष] मास-विशेष, पौष मास; 'पुसो' (प्राकृ १०)।

पुसिअ वि [प्रोञ्छित, मृष्ट] पोंछा हुआ (गउड; से १०, ४२; गा ५४)।

पुसिअ पुं [पृषत] मृग-विशेष (गा ६२६)।

पुस्स पुं [पुष्य] १ नक्षत्र-विशेष, कृत्तिका से आठवाँ नक्षत्र (प्राकृ २६; प्राप्र; सम ८; १७; ठा २, ३)। २ रेवती नक्षत्र का अधिपति देव (सुज्ज १०, १२)। ३ ऋषि-विशेष (राज)। °माणअ, °माणव पुं [°मानव] मागध, स्तुति-पाठक, भाट-चारण आदि (णाया १, ८—पत्र १३३; टी—पत्र १३६)। देखो पूस = पुष्य।

पुस्सदेवय न [पुष्यदैवत] जैनेतर शास्त्र-विशेष (णंदि १५४)।

पुस्सायण न [पुष्यायण] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

पुह } देखो पिहं = पृथक् (हे १, १८८)।
पुहं } °ब्भूअ वि [°भूत] अलग, जो जुदा हुआ हो (अज्झ ६०)।

पुहइ° } स्त्री [पृथिवी] १ तृतीय वासुदेव की
पुहई } माता का नाम (पउम २०, १८४)। २ एक नगरी का नाम (पउम २०, १८८)। ३ भगवान् सुपार्श्वनाथ की माता का नाम (सुपा ३६)। ४—देखो पुढवी, पुहवी (कुमा; हे १, ८८; १३१)। °धर पुं [°धर] राजा (पउम; ८५, ४)। °नाह पुं [°नाथ] राजा (सुपा १२२)। °पहु पुं [°प्रभु] राजा (उप ७२८ टी)। °पाल पुं [°पाल] राजा (सुर १, २४३)। °राय पुं [°राज] विक्रम की बारहवीं शताब्दी का शाकम्भरी देश का एक राजा; 'पुहईराएण सयंभरीनरिंदेण' (मुणि १०६०१)। °वइ पुं [°पति] राजा (सुपा २०१; २४८; ५१६)। °वाल देखो °पाल (उप ६४८ टी)।

पुहईसर पुं [पृथिवीश्वर] राजा (सुपा १०७; २४१)।

पुहत्त न [पृथक्त्व] १ भेद, पार्थक्य (अणु)। २ विस्तार (राज)। ३ बहुत्व (भग १, २; ठा १०)। ४ वि. भिन्न, अलग; 'अत्थपुहत्तस्स' (विसे १०६६)। °वियक्क न [°वितर्क] शुक्ल ध्यान का एक भेद (संबोध ५१)। देखो पुहुत्त, पोहत्त।

पुहत्तिय देखो पोहत्तिय (भग)।

पुहय देखो पिहं = पृथक्; 'पुहय देवीणं' (कुमा)।

पुहवि° } देखो पुढवी, पुहई (पि ३८६; श्रा
पुहवी } १४; प्राप्र; प्रासू ५; ११३; सम १५१; स १५२)। ६ भगवान् श्रेयांसनाथ की दीक्षा-शिविका (विचार १२६)। १० एक छन्द का नाम (पिंग)। °चंद पुं [°चन्द्र] एक राजा (यति ५०)। °पाल पुं [°पाल] १ एक राजकुमार (उप ६८६ टी)। २ देखो पुहई-पाल (सिरि ४५)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (उप ८४४)।

पुहवीस पुं [पृथिवीश] राजा (हे १, ६)।

पुहु वि [पृथु] विशाल, विस्तीर्ण। स्त्री. °ई (प्राकृ २८)।

पुहुत्त न [पृथक्त्व] १ दो से नव तक की संख्या (सम ४४; जी ३०; भग)। २—देखो पुहत्त (ठा १०—पत्र ४७१; ४६५)।

पुहुवी देखो पुहु-ई (हे २, ११३)।

पू° देखो पुं°। °सुअ पुं [°शुक] तोता, मर्द पिक-पक्षि (गा ५६३ अ)।

पूअ सक [पूजय्] पूजा करना। पूएइ (महा)। कर्म. पुइज्जसि (गउड)। वकृ. पूयंत (सुपा २२४)। कवकृ. पूइज्जंत (पउम ३२, ६)। कृ. पूअणीअ, पूएअव्व, पूअणिज्ज (नाट—मृच्छ १६५; उवर १६६; औप; णाया १, १ टी; पंचा २, ८; उप ३२० टी)। संकृ. पूइऊण (महा)।

पूअ न [दे] दधि, दही (दे ६, ५६)।

पूअ पुं [पूग] १ वृक्ष-विशेष, सुपारी का गाछ (गउड)। २ न. फल-विशेष, सुपारी (स ३४५)। देखो पूग। °प्फली, °फली स्त्री [°फली] सुपारी का पेड़ (पउम ५३, ७६; पण्ण १)।

पूअ न [पूर्त] तालाब, कुआँ आदि खुदवाना, अन्न-दान करना, देव-मन्दिर बनाना आदि जन-समूह के हित का कार्य; 'गरहियाणि इट्ठपूयाणि' (स ७१३)।

पूअ वि [पूत] १ पवित्र, शुद्ध (णाया १, ५; औप)। २ न. लगातार छः दिनों का उपवास (संबोध ५८)। ३ वि. सूप आदि से साफ—तुष-रहित किया हुआ (णाया १, ७—पत्र ११६)।

पूअ न [पूय] पीब, दुर्गन्ध रक्त, व्रण से निकला हुआ गन्दा सफेद बिगड़ा हुआ खून (पण्ह १, १; णाया १, ८)।

पूअण न [पूजन] पूजा, सेवा (कुमा; औप; सुपा ५८४; महा)।

पूअणा स्त्री [पूजना] १ ऊपर देखो (पण्ह २, १; से ७६३; संबोध ६)। २ काम-विभूषा (सूअ १, ३, ४, १७)।

पूअणा } स्त्री [पूतना] १ दुष्ट व्यन्तरी, डाइन,
पूअणी } डाकिनी (सूअ १, ३, ४, १३; पिंडभा ४१; सुपा २६; पण्ह १, ४)। २ गाडर, भेड़ी, मेषी (सूअ १, ३, ४, १३)।

पूअय वि [पूजक] पूजा करनेवाला (सुर १३, १४३)।

पूअर देखो पोर = पूतर (श्रा १४; जी १५)।

पूअल पुं [पूप] अपूप, पूआ, खाद्य-विशेष (दे ६, १८)।

पूअलिया स्त्री [पूपिका] ऊपर देखो (पव ४)।

पूआ स्त्री [दे] पिशाच-गृहीता, भूताविष्ट स्त्री (दे ६, ५४)।

पूआ स्त्री [पूजा] पूजन, अर्चा, सेवा (कुमा)। °भत्त न [°भक्त] पूज्य के लिए निष्पादित भोजन (बृह २)। °मह पुं [°मह] पूजोत्सव (कुप्र ८५)। °रह पुं [°रथ] राक्षस-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम, एक लंका-पति (पउम ५, २५६)। °रिह, °रुह वि [°र्ह] पूजा-योग्य (सुपा ४६१; अभि ११८)।

पूआहिज्ज वि [पूजाहार्य] पूजित-पूजक (ठा ५, ३ टी—पत्र ३४२)।

पूइ वि [पूति] १ दुर्गन्धी, दुर्गन्धवाला (पउम ४४, ५५; उप ७२८ टी; तंदु ४१) २। अपवित्र (पंचा १३, ५)। ३ स्त्री. दुर्गन्ध। ४ अपवित्रता (तंदु ३८)। ५ भिक्षा का एक दोष, पूति-कर्म (पिंड २६८)। ६ रोग-विशेष, एक नासिका-रोग, नासा-कोथ (विसे २०८)। ७ पूय, पीब; 'गलंतपूइनिवहं' (महा), 'पूइ-वसरुहिरपुन्नं' (सुर १४, ४६), 'जहा सुणी

पूइकरणी' (उत्त १, ४)। ८ वृक्ष-विशेष, एकास्थिक वृक्ष की एक जातिः 'पूई य निंबकरए' (पराण १—पत्र ३१)। °कम्म पुंन [°कर्मन्] मुनि-भिक्षा का एक दोष, पवित्र वस्तु में अपवित्र वस्तु को मिलाकर दी जाती भिक्षा का ग्रहण (ठा ३, ४ टी; औप; पंचा १३, ५)। °म वि [°मन्] १ दुर्गन्धी। २ अपवित्र (तंदु ३८)।

पूइ वि [पूति] कुथित, सड़ा हुआ (आचा २, १, ८, ४)। °पिन्नाग पुंन [°पिण्याक] सर्षप-खल, सरसों की खली (दस ५, २, २२)।

पूइअ वि [पूयित] ऊपर देखो (राय १८)।

पूइआलुग न [दे. पूत्यालुक] जल में होनेवाली वनस्पति-विशेष (आचा २, १, ८—सूत्र ४७)।

पूइज्जंत देखो पूअ = पूजय्।

पूइम वि [पूज्य] पूजा योग्य, सम्माननीयः 'जया य पूइमो होइ पच्छा होइ अपूइमो' (दसचू १, ४)।

पूइय वि [पूजित] अर्चित, सेवित (औप; उव)।

पूइय वि [पूतिक] १ अपवित्र, अशुद्ध, दूषित (पराह २, ५, उप पृ २१०)। २ दुर्गन्धी, दुष्ट गन्धवाला (णाया १, ८; तंदु ४१)। ३ पूति नामक भिक्षा-दोष से युक्त (पिंड २६८)।

पूइय देखो पोइय = (दे); 'बलो गयो पूइयावणं (सुख २, २९; उव)।

पूएअव्व देखो पूअ = पूजय्।

पूंडरिअ न [दे] कार्य, काम, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७)।

पूग पुं [पूग] १ समूह, संघात (मोह २८)। २ देखो पूअ = पुग (स ७०; ७१)।

पूगी स्त्री [पूगी] सुपारी का पेड़। °फल न [°फल] सुपारी, कसैली (रयण ५५)।

पूज देखो पूअ = पूजय्। कर्म. पूज्जए (उव)। वकृ. पूजयंत (विसे २८८८)। कृ. पूज्ज, पूज (पउम ११, ६७; सुपा १८०; सुर १, १७; उवर १६६; उव; उप ५६८)।

पूजग देखो पूअय (पंचा ४, ४४)।

पूजण देखो पूअण (पंचा ६, ३८)।

पूजा देखो पूआ = पूजा (उप १०१९)।

पूजिय देखो पूइय = पूजित (औप)।

पूण पुं [दे] हस्ती, हाथी (दे ६, ५६)।

पूणिआ } स्त्री [दे] पूणी, पूनी, रुई की
पूणी } पहल (दे ६, ७८; ६, ५६)।

पूप देखो पूअल (पिंड ५५७)।

पूयइ पुं [पूपकिन्] हलवाई (णंदि १९४)।

पूयंत देखो पूअ = पजय्।

पूयली स्त्री [दे] रोटी (आचा २, १, ८, ६)।

पूयावणा स्त्री [पूजना] पूजा कराना (संबोध १५)।

पूर सक [पूरय्] पूर्ति करना, भरना। पूरइ, पूरए (हे ४, १६९, औप; भग; महा; पि ४६२)। वकृ. पूरंत, पूरयंत (कुमा, कप्प; औप)। कवकृ. पुज्जंत, पुज्जमाण, पूरिज्जंत, पूरंत, पूरमाण (उप पृ १५४; सुपा ६८; उप १३९ टी; भवि; गा ११६; से ११, ६३; ६, ६७)। संकृ पूरित्ता (भग), पूरि (अप). (पिंग)। हेकृ. पूरिइत्तए (पि ५७८)। कृ. पूरिअव्व (से ११, ४४)।

पूर पुं [पूर] १ जल-समूह, जल-प्रवाह, जलधारा (कुमा)। २ खाद्य-विशेषः 'कप्पूरपूरसहिए तंबोले' (सुर २, ६०)। ३ वि. पूरा, पूर्णः 'पूराणि य से समं पणइमणोरहेहिं अज्जेव सत्त राइंदियाइं, भविस्सइ य सुए सामिणी विज्जासिद्धी' (स ३६३)।

पूरइत्तअ (शौ) वि [पूरयितृ] पूर्ण करनेवाला (मा ४३)।

पूरंतिया स्त्री [पूरयन्तिका] राजा की एक परिषत्—परिवार (राज)।

पूरग वि [पूरक] पूर्ति करनेवाला (कप्प; औप; रयण ७७)।

पूरण न [पूरण] शूर्प, सूप, सिरकी का बना एक पात्र जिससे अन्न पछोरा जाता है (दे ६, ५६)।

पूरण न [पूरण] १ पूर्ति, 'समस्सापूरणं' (सिरि ८९८)। २ पालन (आचू ५)। ३ पुं. यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक गृह-पति का नाम (उवा)। ५ वि. पूर्ति करनेवाला (राज)।

पूरमाण देखो पूर = पूरय्।

पूरय देखो पूरग; 'बत्तीसं किर कवला आहारो कुच्छिपूरओ भणिओ' (पिंड ६४२)।

पूरयंत } देखो पूर = पूरय्।
पूरिअव्व }

पूरिगा स्त्री [पूरिका] मोटा कपड़ा (राज)।

पूरिम वि [पूरिम] पूरने से—भरने से होनेवाला (णाया १, १३, पराह २, ५; औप)।

पूरिमा स्त्री [पूरिमा] गान्धार ग्राम की एक मूर्च्छना (ठा ७—पत्र ३९३)।

पूरिय वि [पूरित] भरा हुआ (गउड; सण; भवि)।

पूरी स्त्री [पूरी] तन्तुवाय का एक उपकरण (दे ६ ५६)।

पूरेंत देखो पूर = पूरय्।

पूरोट्टी स्त्री [दे] अवकर, कतवार, कूड़ा (दे ६, ५७)।

पूल पुंन [पूल] पूला, घास की अँटिया (उप ३२० टी; कुप्र २१५)।

पूव } देखो पूअल (कस; दे ६, ११७;
पूवल } निचू १)।

पूवलिआ } देखो पूअलिया (बृह १; निचू
पूविगा } १६)।

पूस अक [पुष्] पुष्ट होना। पूसइ (हे ४, २३६; प्राकृ ६८)।

पूस देखो पुस्स = पुष्य (णाया १, ८; हे १, ४३)। °गिरि पुं [°गिरि] एक जैन मुनि (कप्प)। °फली स्त्री [°फली] वल्ली-विशेष (पराण १)। °माण, °माणग पुं [°माण, °मानव] मागध, मङ्गल-पाठकः '—वद्धमाणपूसमाणघंटियगणेहिं' (कप्प; औप)। °माणग पुं [°मानक] ज्योतिर्देवता-विशेष, ग्रहाधिष्ठायक देव-विशेष (ठा २, ३)। °माणय देखो °माण (औप)। °मित्त पुं [°मित्र] १ स्वनाम-प्रसिद्ध जैन मुनि-त्रय—१ घृतपुष्यमित्र, २ वस्त्रपुष्यमित्र, ३ दुर्बलिकापुष्यमित्र, जो आर्य रक्षितसूरि के शिष्य थे (विसे २५१०; २२८९)। २ एक राजा (विचार ४९३)। °मित्तिय न [°मित्रीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

पूस पुं [दे] १ राजा सातवाहन (दे ६, ८०)। २ शुक, तोता (दे ६, ८०; गा २६३; वज्जा १३४; पाअ)।

पूस पुं [पूषन्] १ सूर्य, रवि (हे ३, ५६)। २ मणि-विशेष (पउम ६, ३६)।

पूसा स्त्री [पुष्या] व्यक्ति-वाचक नाम, कुण्ड-कोलिक श्रावक की पत्नी (उवा)।

पूसाण देखो पूस = पूषन् (हे ३, ५६)।

पूह पुं [अपोह] विचार, मीमांसा; 'ईहापूह-मग्गणगवेसणं करेमाणस्स' (औप; पि १४२; २८६)। देखो अपोह = अपोह।

पृथुम (पै) देखो पढम; 'पृथुमसिनेहो' (प्राकृ १२४)।

पेअ पुं [प्रेत] १ व्यन्तर-भेद, एक देव-जाति (सुपा ४६१; ४६२; जय २६)। २ मृतक (पउम ५, ६०)। °कम्म न [°कर्मन्] अन्त्येष्टि क्रिया, मृत का दाहादि कार्य (पउम २३, २४)। °करणिज्ज न [°करणीय] अन्त्येष्टि क्रिया (पउम ७५, १)। °काइय वि [°कायिक] प्रेत-योनि में उत्पन्न, व्यन्तर-विशेष (भग ३, ७)। °देवयकाइय वि [°देवताकायिक] प्रेत-देवता का, प्रेत-सम्बन्धी (भग ३, ७)। °नाह पुं [°नाथ] यमराज, जम (स ३१६)। °भूमि, °भूमी स्त्री [°भूमि, °मी] श्मशान (सुपा २६५)। °लोय पुं [°लोक] श्मशान (पउम ८६, ४३)। °वइ पुं [°पति] यम (उप ७२८ टी)। °वण न [°वन] श्मशान (पाअ; सुर १६, २०४; वज्जा २; सुपा ५१२)। °ाहिव पुं [°ाधिप] यम, जमराज (पाअ)।

पेअ वि [प्रेयस] अतिशय प्रिय। स्त्री. °सी (सम्मत्त १७५)।

पेअ } देखो पा = पा।
पेअव्व }

पेआ स्त्री [पेया] यवागू, पीने की वस्तु-विशेष (हे १, २४८)।

पेआल न [दे] १ प्रमाण (दे ६, ५७; विसे १६६ टी; णंदि; उव)। २ विचार (विसे १३६१)। ३ सार, रहस्य (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; उप पृ २०७। ४ प्रधान, मुख्य (उवा)।

पेआलणा स्त्री [दे] प्रमाण-करण, 'पज्जव-पेयालणा पिंडो' (पिंड ६५)।

पेआलुय वि [दे] विचारित (विसे १४८२)।

पेइअ वि [पैतृक] १ पिता से आया हुआ, पितृ-क्रम-प्राप्त; 'पेइओ धम्मो' (पउम ८२, ३३; सिरि ३४८; स ५६६)। २ न. स्त्री के पिता का घर, पीहर, नैहर, मैका; 'ता जा कुले कलंकं नो पयडइ ताव पेइए एयं पेसेमि', 'विमलेण तओ भणियं गच्छ पिए पेइयमियाणिं' (सुपा ६००)।

पेईहर न [पितृगृह, पैतृकगृह] पीहर, स्त्री के पिता का घर; 'इय चिंतिऊण सिग्घं धणसिरिपेईहरम्मि संचलिओ' (सुपा ६०३)।

पेऊस न [पीयूष] अमृत, सुधा (हे १, १०५; गा ६५; कप्पू)। °ासण पुं [°ाशन] देव, सुर (कुमा)।

पेंखिअ वि [प्रेङ्खित] कम्पित (कप्पू)।

पेंखोल अक [प्रेङ्खोलय्] झूलना, हिलना। वकृ. पेंखोलमाण (णाया १, १—पत्र ३१)।

पेंड देखो पिंड = पिण्ड (हे १, ८५; प्राकृ ५; प्राप्र; कुमा)।

पेंड न [दे] १ खण्ड, टुकड़ा। २ वलय (दे ६, ८)।

पेंडधव पुं [दे] खड्ग, तलवार (दे ६, ५६)।

पेंडवाल वि [दे] देखो पेंडलिअ (दे ६, ५४)।

पेंडय पुं [दे] १ तरुण, युवा। २ षण्ढ, नपुंसक (दे ६, ५३)।

पेंडल पुं [दे] रस (दे ६, ५८)।

पेंडलिअ वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया हुआ (दे ६, ५४)।

पेंडव सक [प्र + स्थापय्] १ रखना, स्थापन करना। २ प्रस्थान कराना। पेंडवइ (हे ४, ३७)।

पेंडविर वि [प्रस्थापयितृ] प्रस्थापन करने-वाला (कुमा)।

पेंडार पुं [दे] १ गोप, गो-पाल, ग्वाला। २ महिषी-पाल (दे ६, ५८)।

पेंडोली स्त्री [दे] क्रीड़ा (दे ६, ५६)।

पेंढा स्त्री [दे] कलुष सुरा, पंकवाली मदिरा (दे ६, ५०)।

पेंत देखो पा = पा।

पेक्ख सक [प्र + ईक्ष्] देखना, अवलोकन करना। पेक्खइ, पेक्खए (सण; पिंग)। वकृ. पेक्खंत (पि ३६७)। कवकृ. पेक्खिज्जंत (से १५, ६३)। संकृ. पेक्खिअ, पेक्खिऊण (अभि ४२; काप्र १५८)। कृ. पेक्खणिज्ज (नाट—वेणी ७३)।

पेक्खअ } वि [प्रेक्षक] देखनेवाला, निरीक्षक,
पेक्खग } द्रष्टा (सुर ७, ८०; स ३७६; महा)।

पेक्खण न [प्रेक्षण] निरीक्षण, अवलोकन (सुपा १६६; अभि ५३)।

पेक्खणग } न [प्रेक्षणक] खेल, तमाशा,
पेक्खणय } नाटक (सुर ७, १८२; कुप्र ३०)।

पेक्खणा स्त्री [प्रेक्षणा] निरीक्षण, अवलोकन (ओघ ३)।

पेक्खा स्त्री [प्रेक्षा] ऊपर देखो (पउम ७२, २६)। देखो पेच्छा।

पेक्खिय देखो पेच्छिअ (राज)।

पेखिल (अप) वि [प्रेक्षित] दृष्ट (रंभा)।

पेच्च } अ [प्रेत्य] परलोक, आगामी जन्म
पेच्चा } (भग; औप); 'संबोही खलु पेच्च दुल्लहा' (वे ७३)। °भव पुं [°भव] आगामी जन्म, परलोक (औप)। °भविअ वि [°भविक] जन्मांतर-संबन्धी (पण्ह २, २)।

पेच्चा देखो पिअ = पा।

पेच्छ सक [दृश्, प्र + ईक्ष्] देखना। पेच्छइ, पेच्छए (हे ४, १८१, उव; महा; पि ४५७)। भवि. पेच्छिहिसि (पि ५२५)। वकृ. पेच्छंत (गा ३७३; महा)। संकृ. पेच्छिऊण (पि ५८५)। हेकृ. पेच्छिउं, पेच्छित्तए (उप ७२८ टी; औप)। कृ. पेच्छणिज्ज, पेच्छिअव्व (गा ६६; औप; पण्ह १, ४; से ३, ३३)।

पेच्छ वि [प्रेक्ष] द्रष्टा, दर्शक; 'अपरमत्थपेच्छो' (स ७१५)।

पेच्छग देखो पेक्खग (भास ४७; धर्मसं ७४३)।

पेच्छण देखो पेक्खण (सुपा ३७)।

पेच्छणग } देखो पेक्खणग (पंचा ६, ११;
पेच्छणय } महा)।

पेच्छय वि [प्रेक्षक] द्रष्टा, निरीक्षक (पउम ८६, ७१; स ३६१; गा ४६८)।

पेच्छय वि [दे] जो देखे उसी को चाहनेवाला, दृष्ट-मात्र का अभिलाषी (दे ६, ५८)।

पेच्छा स्त्री [प्रेक्षा] प्रेक्षणक, तमाशा, खेल, नाटक; 'पेच्छाछणो सिरणविलोश्रणाए जहा सुचोक्खोवि न किंचिदेव' (उपपं ३७; सुर १३, ३७; औप)। देखो पेक्खा। °घर न [°गृह] देखो °हर (ठा ४, २)। °मंडव पुं [°मण्डप] नाट्य-गृह, खेल आदि में प्रेक्षकों के बैठने का स्थान (पव २६६)। °हर न [°गृह] नाटक-गृह, खेल-तमाशा का स्थान (पउम ८०, ५)।

पेच्छि वि [प्रेक्षिन्] प्रेक्षक, द्रष्टा (चेइय १०६; गा २१४)।

पेच्छिअ वि [प्रेक्षित] १ निरीक्षित, अवलोकित (कुमा)। २ न. निरीक्षण, अवलोकन (सुर १२, १८३; गा २२५)।

पेच्छिर वि [प्रेक्षितृ] निरीक्षक, द्रष्टा (गा १७४; ३७१)।

पेज्ज देखो पा = पा।

पेज्ज पुंन [प्रेमन्] प्रेम अनुराग (सूअ २, ५, २२; आचा; भग; ठा १; चेइय ६३४)। °दंसि वि [°दर्शिन्] अनुरागी (आचा)।

पेज्ज वि [प्रेयस्] अत्यन्त प्रिय (औप)।

पेज्ज वि [प्रेज्य] पूज्य, पूजनीय (राज)।

पेज्ज देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेज्जल न [दे] प्रमाण (दे ६, ५७)।

पेज्जालिअ वि [दे] संघटित (षड्)।

पेज्जा देखो पेआ (ओघ १४६; हे १, २४८)।

पेज्जाल वि [दे] विपुल, विशाल (दे ६, ७)।

पेट } न [दे] पेट, उदर (पिंग; पव १)।
पेट्ट }

पेट्ट देखो पिट्ट = पिष्ट (संक्षि ३; प्राकृ ५; प्राप्र)।

पेड देखो पेडय; 'नडपेडनिहा' (संबोध १८)।

पेडइअ पुं [दे] धान्य आदि बेचनेवाला वणिक् (दे ६, ५६)।

पेडक } न [पेटक] समूह, यूथ; 'नडपेडक-
पेडय } संनिहा जाण' (संबोध १५; सुपा ५४६; सिरि १६३; महा)।

पेडा स्त्री [पेटा] १ मञ्जूषा, पेटी (दे ५, ३८; महा)। २ पेटाकार चतुष्कोण गृह-पंक्ति में भिक्षार्थ-भ्रमण (उत्त ३०, १६)।

पेडाल पुं [दे. पेटाल] बड़ी मञ्जूषा, बड़ी पेटी (मुद्रा ११०)।

पेडावइ पुं [पेटकपति] यूथ का नायक (सुपा ५४६)।

पेडिआ स्त्री [पेटिका] मञ्जूषा (मुद्रा २४०)।

पेडु स्त्री पुं [दे] महिष, भैंसा (दे ६, ८०)।

पेडुा स्त्री [दे] १ भित्ति, भींत। २ द्वार, दरवाजा। ३ महिषी, भैंस (दे ६, ८०)।

पेढ देखो पीढ = पीठ (हे १, १०६; कुमा); 'काऊण पेढं टविया तत्थ एसा पडिमा' (कुप्र ११७)।

पेढाल वि [दे] १ विपुल (दे ६, ७; गउड)। २ वर्तुल, गोलाकार (दे ६, ७; गउड; पाअ)।

पेढाल वि [पीठवत्] पीठ-युक्त (गउड)।

पेढाल पुं [पेढाल] १ भारत वर्ष का आठवाँ भावी जिनदेव, 'पेढालं अट्ठमयं आणंदजियं नमंसामि' (पव ४६)। २ ग्यारह रुद्र पुरुषों में दसवाँ (विचार ४७३)। ३ एक ग्राम, जहाँ भगवान् महावीर का विचरण हुआ था; 'पेढालग्गाममागओ भयवं' (आवम)। ४ न. एक उद्यान; 'तओ सामी दढभूमिं गओ, तीसे बाहिं पेढालं नाम उज्जाणं' (आव १)। °पुत्त पुं [°पुत्र] १ भारतवर्ष का आठवाँ भावी जिन-देव; 'उदए पेढालपुत्ते य' (सम १५३)। २ भगवान् पार्श्वनाथ के संतान में उत्पन्न एक जैन मुनि; 'अहे णं उदए पेढालपुत्ते भगवं पासावच्चिज्जे नियंठे मेयज्जे गोत्तेणं' (सूअ २, ७, ५; ८; ६)। ३ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

पेढिया देखो पीढिआ; 'चत्तारि मणिपीढियाओ' (ठा ४, २—पत्र २३०)। २ ग्रन्थ की भूमिका, प्रस्तावना (वसु)।

पेढी देखो पीढी (जीव ३)।

पेणी स्त्री [प्रैणी] हरिणी का एक भेद (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

पेदंड वि [दे] लुप्त-दण्डक, जुए में जो हार गया हो वह, जिसका दाव चला गया हो वह (मृच्छ ४६)।

पेम पुंन [प्रेमन्] प्रेम, अनुराग, प्रीति, स्नेह (उवा; औप; सं ५; सुपा २०४; रयण ४२)।

पेमालुअ वि [प्रेमिन्] प्रेमी, अनुरागी (उप ६८६ टी)।

पेम्म देखो पेम (हे २, ६८; ३, २५; कुमा; गा १२६; प्रासू ११६)।

पेम्मा स्त्री [प्रेमा] छन्द-विशेष (पिंग)।

पेया स्त्री [पेया] वाद्य-विशेष, बड़ी काहला (राय ४५)।

पेर सक [प्र + ईरय्] १ पठाना, भेजना, प्रेषण करना। २ धक्का लगाना, आघात करना। ३ आदेश करना। ४ किसी कार्य में जोड़ना—लगाना। ५ पूर्वपक्ष करना, प्रश्न करना, सिद्धान्त का विरोध करना। ६ गिराना। पेरइ (धर्मसं ५६०; भवि)। वकृ. पेरंत (कुप्र ७०; पिंग)। कवकृ. पेरिज्जंत (सुपा २५१; महा)। कृ. पेज्ज (राज)।

पेरंत देखो पज्जंत (हे १, ५८; ६३; प्राप्र; औप; गउड)। °चक्कवाल न [°चक्रवाल] बाह्य परिधि, बाहर का घेराव (पण्ह १, ३)। °वच्च न [°वर्चस्] मण्डप, तृणादि-निर्मित गृह (राज)।

पेरग वि [प्रेरक] प्रेरणा करनेवाला, पूर्वपक्षी (धर्मसं ५८७)।

पेरण न [दे] १ ऊर्ध्व स्थान (दे ६, ५६)। २ खेल, तमाशा (स ७२३; ७२५)।

पेरण न [प्रेरण] प्रेरणा (कुप्र ७०)।

पेरणा स्त्री [प्रेरणा] ऊपर देखो (सम्मत्त १५७)।

पेरिअ वि [प्रेरित] जिसको प्रेरणा की गई हो वह (दे ८, १२; भवि)।

पेरिज्ज न [दे] साहाय्य, सहायता, मदद (दे ६, ५८)।

पेरिज्जंत देखो पेर = प्र + ईरय्।

पेरुल्लि वि [दे] पिण्डीकृत, पिण्डाकार किया (दे ६, ५४)।

पेलव वि [पेलव] १ कोमल, सुकुमार, मृदु (पाअ; से २, २७; अभि २६; औप)। २ पतला, कृश। ३ सूक्ष्म, लघु (णाया १, १—पत्र २५; हे १, २३८)।

पेलु स्त्री [पेलु] पूणी, रुई की पहल; 'कंतामि ताव पेलु' (पिंडभा ३५)। °करण न [°करण] पूणी—पूनी बनाने का उपकरण, शलाका आदि (विसे ३३०५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**पेल्ल** सक [ क्षिप् ] फेंकना। पेल्लइ (हे ४, १४३)। कर्म. पेल्लिज्जइ (उव)। वकृ. पेल्लंत (कुमा)। संकृ. पेल्लिऊण (महा)।

**पेल्ल** देखो पेर = प्र + ईरय्। पेल्लेइ (प्राकृ ६०)। कवकृ. पेल्लिज्जंत (से ६, २५)। संकृ. पेल्लि (अप), पेल्लिअ (पिंग)। कृ. पेल्लेयव्व (श्रोघभा १८ टी)।

**पेल्ल** सक [पीडय् ] पीलना, दबाना, पीड़ना। पेल्लेसि, पेल्लिसि (स ५७४ टि)।

**पेल्ल** सक [ पूरय् ] पूरना, भरना। कवकृ. पेल्लिज्जंत (से ६, २५)।

**पेल्ल** } **पेल्लग** } पुंन [दे] बच्चा, शिशु, बालक (उप २१६); 'बीयम्मि पेल्लगाइं' (उप २२० टी)।

**पेल्लग** देखो पेरग (निचू १६)।

**पेल्लण** देखो पेरण (पराह १, ३; गउड)।

**पेल्लण** न [क्षेपण] फेंकना (धर्म २)।

**पेल्लय** पुं [दे] देखो पेल्ल = (दे) (विपा १, २—पत्र ३६); 'सपेल्लियं सियालिं' (सुख २, ३३)।

**पेल्लय** देखो पेरग (बृह १)।

**पेल्लय** पुं [पेल्लक] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु २)।

**पेल्लव** } **पेल्लाव** } देखो पेर। पेल्लवइ, पेल्लावइ (प्राकृ ६०)।

**पेल्लिअ** वि [दे. पीडित] पीड़ित (दे ६, ५७); 'बलियदाइयपेल्लिश्रो' (महा)।

**पेल्लिअ** देखो पेरिअ (गा २२१; विपा १, १)।

**पेल्लेयव्व** देखो पेल्ल = प्र + ईरय्।

**पेव्वे** श्र. आमन्त्रण-सूचक अव्यय ( षड् )।

**पेस** सक [ प्र + एषय् ] भेजना, पठाना। पेसइ, पेसेइ (भवि; महा)। वकृ. पेसअंत (पि ४९०; रंभा)। संकृ. पेसिअ, पेसिउं (मा ४०; महा)। कृ. पेसइयव्व, पेसिअव्व; पेसेयव्व (सुपा ३००; २७८; ६३०; उप १३६ टी)।

**पेस** देखो पीस। वकृ. पेसयंत (राज)।

**पेस** पुंस्त्री [प्रेष्य] १ कर्मकर, नौकर, दास, चाकर (सम १९; सूत्र १, २, २, ३; उवा)। २ वि. भेजने योग्य (हे २, ९२)।

**पेस** पुं [दे. पेश] १ सिन्ध देश में होनेवाली एक पशु-जाति (आचा २, ५, १, ८)।

**पेस** वि [दे. पैश] पेश नामक जानवर के चमड़े का बना हुआ (वस्त्र) (आचा २, ५, १, ८)।

**पेसण** न [दे] कार्य, काज, प्रयोजन (दे ६, ५७; भवि; णाया १, ७—पत्र ११७; पउम १०३, २६)।

**पेसण** न [प्रेषण] १ पठाना, भेजना। २ नियोजन, व्यापारण (कुमा; गउड)। ३ आज्ञा, आदेश (से ३, ५४)।

**पेसणआरी** } **पेसणआली** } स्त्री [दे] दूती, दूत-कर्म करने-वाली स्त्री (दे ६, ५९; षड्)।

**पेसणा** स्त्री [पेषण] पीसना, पेषण; 'सिलाए जवगोहूमपेसणाए हेऊए' (उप ५९७ टी)।

**पेसल** वि [पेशल] १ सुन्दर, मनोज्ञ (आचा; गउड)। २ मधुर, मञ्जु (पाअ)। ३ कोमल (गउड)।

**पेसल** } **पेसलेस** } न [दे] सिन्ध देश के पेश नामक पशु के चर्म के सूक्ष्म पक्ष्म से निष्पन्न वस्त्र, 'पेसाणि वा पेसलाणि वा' (२ आचा २, ५, १—सूत्र १४५), 'पेसाणि वा पेसलेसाणि वा' (३ आचा २, ५, १, ८; (राज)।

**पेसव** सक [ प्र + एषय् ] भेजवाना। कृ. पेसवेयव्व (उप १३६ टी)।

**पेसवण** न [प्रेषण] भेजवाना, दूसरे के द्वारा प्रेषण (उवा; पडि)।

**पेसविअ** वि [प्रेषित] भेजवाया हुआ, प्रस्था-पित (पाअ; उप पृ ५८)।

**पेसाय** वि [पैशाच] पिशाच-संबन्धी (बृह २)।

**पेसि** स्त्री [पेशि] देखो पेसी (सुपा ४८७)।

**पेसिअ** वि [प्रेषित] १ भेजा हुआ, प्रहित (गा ११२; भवि; काल)। २ प्रेषण (पउम ९, ३५)।

**पेसिआ** स्त्री [पेशिका] खण्ड, टुकड़ा; 'अंब-पेसिया ति वा अंबाडगपेसिया ति वा' (अनु ६; आचा २, ७, २, ७; ८; ९)।

**पेसिआर** पुं [प्रेषितकार] नौकर, भृत्य, कर्मकर (पउम ९, ३५)।

**पेसिदवंत** (शौ) वि [ प्रेषितवत् ] जिसने भेजा हो वह (पि ५६९)।

**पेसी** स्त्री [पेशी] मांस-खण्ड, मांस-पिण्ड (तंदु ७)। देखो पेसिआ।

**पेसुण्ण** } **पेसुन्न** } न [ पैशुन्य ] परोक्ष में दोष-कीर्तन, चुगली (औप; सूत्र १, १३, २; णाया १, १; भग; सुपा ४२१)।

**पेसेयव्व** देखो पेस = प्र + एषय्।

**पेस्सिदवंत** देखो पेसिदवंत (पि ५६९)।

**पेह** सक [ प्र + ईक्ष् ] १ देखना, निरीक्षण करना, ध्यान-पूर्वक देखना। २ चिन्तन करना। पेहइ, पेहए (पि ८७; उव), पेहंति (कुप्र १९२)। भवि. पेहिस्सामि (पि ५३०)। वकृ. पेहंत, पेहमाण (उपपृ १५४; चेइय २५०; पि ३२३)। संकृ. पेहाए, पेहिया (कस; पि ३२३)।

**पेह** सक [ प्र + ईह् ] १ इच्छा करना, चाहना। २ प्रार्थना करना। पेहेइ (दस ६, ४, २)।

**पेहण** न [प्रेक्षण] निरीक्षण (पंचा ४, ११)।

**पेहा** स्त्री [प्रेक्षण] १ निरीक्षण (उव; सम ३२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में बन्दर की तरह ओष्ठ-पुट को हिलाते रहना (पव ५)। ३ पर्यालोचन, चिन्तन (श्राव ४)। ४ बुद्धि, मति (उत्त १, २७)।

**पेहाविय** वि [प्रेक्षित] दर्शित, दिखलाया हुआ (उप पृ ३८८)।

**पेहि** वि [प्रेक्षिन्] निरीक्षक (आचा; उव)। स्त्री. °णी (पि ३२३)।

**पेहिय** वि [प्रेक्षित] निरीक्षित (महा)।

**पेहुण** न [दे] १ पिच्छ, पंख (दे ६, ५८; पाअ; गा १७३; ७६५; वज्जा ४४; भत्त १४१; गउड)। २ मयूर-पिच्छ, मयूर-पंख, शिखण्ड (पराह १, १; २, ५; जं १; णाया १, ३) देखो पिहुण।

**पोअ** सक [ प्र + वे ] पिरोना, गूँथना। पोअंति (गच्छ ३, १८; सुअनि ७४)। वकृ. पोयमाण (स ५१२)। संकृ. पोइऊण (धर्मवि ६७)।

**पोअ** वि [प्रोत] पिराया हुआ (दे १, ७९)।

**पोअ** पुं [पोत] १ जहाज, प्रवहण, नौका (पाअ; सुपा ८८; ३६९)। २ बालक, शिशु, बच्चा (दे ६, ८१; पाअ; सुपा ३६९)। ३ न. वस्त्र, कपड़ा (ठा ३, १—पत्र ११४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**पोअ** पुं [दे] १ धव वृक्ष, धाय, धौ का पेड़। २ छोटा साँप (दे ६, ८१)।

**पोअइआ** स्त्री [दे] निद्राकारी लता, लता-विशेष (दे ६, ६३; पाअ)।

**पोअंड** वि [दे] १ भय-रहित, निडर। २ षण्ढ, नामर्द (दे ६, ६१)।

**पोअंत** पुं [दे] शपथ, सौगन (दे ६, ६२)।

**पोअण** न [प्रवयन, प्रोतन] पिरोना, गुम्फन, गूँथना (आवम)।

**पोअणपुर** न [पोतनपुर] नगर-विशेष (सुपा ५०१; भवि)।

**पोअणा** स्त्री [प्रवयना, प्रोतना] पिरोना (उप ३५६)।

**पोअय** वि [पोतज] पोत से उत्पन्न होनेवाला प्राणी—हस्ती आदि (ठा ३, १)।

**पोअय** पुं [पोतक] देखो पोअ = पोत (उवा; औप)।

**पोअलय** पुं [दे] १ आश्विन मास का एक उत्सव; जिसमें पत्नी के हाथ से लेकर पति अपूप को खाता है। २ एक प्रकार का अपूप—खाद्य-विशेष, पूआ। ३ बाल वसन्त (दे ६, ८१)।

**पोआई** स्त्री [पोताकी] १ शकुनि को उत्पन्न करनेवाली विद्या-विशेष २ शकुनिका, पक्षि-विशेष (विसे २४५३)।

**पोआउय** वि [पोतायुज, पोतज] देखो पोअय (पउम १०२, ९७)।

**पोआय** पुं [दे] ग्राम-प्रधान, गाँव का मुखिया (दे ६, ६०)।

**पोआल** पुं [दे] वृषभ, बलीवर्द (दे ६, ६२)।

**पोआल** [दे. पोतक] बच्चा; शिशु, बालक (ओघ ४४७)।

**पोइय** पुं [दे] १ हलवाई, मिठाई बेचनेवाला। २ खद्योत (दे ६, ६३)। ३ निमग्न, डूबा हुआ (ओघ १३६)। ४ स्पन्दित (बृह १)।

**पोइअ** वि [प्रोत] पिरोया हुआ (दे ७, ४४; उप पृ १०१; पाअ)।

**पोइअल्लय** देखो पोइअ = प्रोत (ओघ ५३९ टी)।

**पोइआ** } स्त्री [दे] निद्राकारी लता, वल्ली-
**पोई** } विशेष (दे ६, ६३; पण्ण १—पत्र ३४)।

**पोउआ** स्त्री [दे] करीष—सूखा गोबर (गोईंठा) का अग्नि (दे ६, ६१)।

**पोंग** पुं [दे] पाक, पकना (स १८०)।

**पोंगिल्ल** वि [दे] पका हुआ, परिपक्व, परिपाक-युक्त; कच्छी भाषा में 'पोंगेल';
'अन्नेवि सईमहियलनिसीय-
गुप्पन्नकिणियपोंगिल्ला।
मलिणजरकप्पडोच्छइय-
विग्गहा कहवि हिंडंति ॥'
(स १८०)।

**पोंड** न [दे] फूल, पुष्प; 'एगं सालियपोंडं बद्धो आमेलगो होइ' (उत्तनि ३)।

**पोंड** देखो पुंड। °वद्धण न [°वर्धन] नगर-विशेष (महा)। °वद्धणिया स्त्री [°वर्धनिका] जैन मुनि-गण की एक शाखा (कप्प)।

**पोंड** } पुं [दे] यूथ का अधिपति (दे ६,
**पोंडय** } ६०)। २ फल (पण्ह १, ४—पत्र ७८)। ३ अविकसित अवस्थावाला कमल (विसे १४२५)। ४ कपास का सूता; 'दव्वं तु पोंडयादी भावे सुत्तमिह सूयगं नाणं' (सूअनि ३)।

**पोंडरिगिणी** देखो पुंडरिगिणी (ठा २, ३)।

**पोंडरिय** देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (स ४३६)।

**पोंडरी** स्त्री [पौण्ड्री, पुण्डरीका] जम्बूद्वीप के मेरु के उत्तर रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८)।

**पोंडरीअ** देखो पुंडरीअ = पुण्डरीक (औप; णाया १, ५; १९; सम ३३; देवेन्द्र ३१८; सूअनि १४६)।

**पोंडरीअ** } न [पौण्डरीक] १ गणित-
**पोंडरीग** } विशेष, रज्जु-गणित (सूअनि १५४)। २ देखो पुंडरीअ = पौण्डरीक (सूअ २, १, १; सूअनि १४९; १५१)।

**पोक्क** सक [व्या + हृ, पत् + कृ] पुकारना, आह्वान करना। पोक्कइ (हे ४, ७६)।

**पोक्क** वि [दे] आगे स्थूल और उन्नत तथा बीच में निम्न (नासिका); 'पोक्कनासे' (उत्त १२, ६)।

**पोक्कण** पुं [पोक्कण] १ अनार्य देश-विशेष। २ उस देश में बसनेवाली म्लेच्छ जाति (पण्ह १, १)।

**पोक्कण** न [व्याहरण, पूत्करण] १ पुकार, आह्वान। २ वि. पुकारनेवाला (कुमा)।

**पोक्कर** देखो पुकर। पोक्करंति (महा)। वकृ. **पोक्करंत** (सुपा ३८०)।

**पोक्करिय** वि [पूत्कृत] १ पुकारा हुआ (सुर ६, १६४)। २ न. पुकार (दंस ३)।

**पोक्कार** देखो पुकार = पूत्कार (उप पृ १८५)।

**पोक्किअ** देखो पोक्करिय (उप १०३१ टी)।

**पोक्खर** न [पुष्कर] १ जल, पानी। २ पद्म, कमल। ३ पद्म-कोष। ४ एक तीर्थ, अजमेर-नगर के पास का एक जलाशय—तीर्थ। ५ हाथी की सूँढ़ का अग्र भाग। ६ वाद्य-भाण्ड। ७ आपण, दूकान। ८ असि-कोष, तलवार की म्यान। ९ मुख, मुँह। १० कुष्ठ रोग की ओषधि। ११ द्वीप-विशेष। १२ युद्ध, लड़ाई। १३ शर, बाण। १४ आकाश; 'पोक्खरं' (हे १, ११६; २, ४; संक्षि ४)। १५ पुं. नाग-विशेष। १६ रोग-विशेष। १७ सारस पक्षी। १८ एक राजा का नाम। १९ पर्वत विशेष। २० वरुण-पुत्र; 'पोक्खरो' (प्राप्र)। देखो पुक्खर।

**पोक्खर** वि [पौष्कर] १ पुष्कर-सम्बन्धी। २ पद्माकार रचनावाला; 'पोक्खरं पवहणं' (चारु ७०)।

**पोक्खरिणी** स्त्री [पुष्करिणी] १ जलाशय-विशेष, वर्तुल वापी (णाया १, १—पत्र ६३)। २ पद्मिनी, कमलिनी, पद्म-लता; 'जलेण वा पोक्खरिणीपलासं' (उत्त ३२, ६०)। ३ वापी (कुमा)। ४ पद्म-समूह। ५ पुष्कर-मूल (हे २, ४)। ६ चौकोना जलाशय, पोखरी, वापी (पण्ह १, १; हे २,४)।

**पोक्खल** देखो पुक्खल (पण्ण १—पत्र ३५; आचा २, १, ८, ११)।

**पोक्खलच्छिल्लय** } देखो पुक्खलच्छि-
**पोक्खलच्छिल्लय** } भय (पण्ण १—पत्र ३५; राज)।

**पोक्खलि** पुंन [पुष्कलिन्] एक जैन उपासक, जिसका दूसरा नाम शतक था (राज)।

**पोग्गर** } पुंन [पुद्गल] १ रूपादि-विशिष्ट
**पोग्गल** } द्रव्य, मूर्त द्रव्य, रूपवाला पदार्थ; 'पोग्गला' (भग ८, १; ठा २, ४; ४, ४;

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

५, ३; ८), 'पोग्गलाइं' (सुज्ज ६; पंच ३, ४६)। २ न. मांस (पव २६८; हे १, ११६)। °त्थिआय पुं [°ास्तिकाय] पुद्गल-स्कन्ध, पुद्गल-राशि (भग; ठा ५, ३)। °परट्ट, °परियट्ट पुं [°परिवर्त] १ समस्त पुद्गल-द्रव्यों के साथ एक-एक परमाणु का संयोग-वियोग। २ समय का उत्कृष्टतम परिमाण-विशेष, अनन्त कालचक्र-परिमित समय (कम्म ५, ८६; भग १२, ४; ठा ३, ४)।

**पोग्गलि** वि [पुद्गलिन्] पुद्गलवाला, पुद्गल-युक्त (भग ८, १०—पत्र ४२३)।

**पोग्गलिय** वि [पौद्गलिक] पुद्गल-मय, पुद्गल-संबन्धी, पुद्गल का (पिंडभा ३२४)।

**पोच्च** वि [दे] सुकुमार, कोमल; गुजराती में 'पोचुं' (दे ६, ६०)।

**पोच्चड** वि [दे] १ असार, निस्सार (णाया १, ३—पत्र ६४)। २ अतिनिबिड (पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ मलिन (निचू ११)।

**पोच्छल** अक [प्रोत् + शल्] उछलना, ऊँचा जाना। वकृ. **पोच्छलंत** (सुर १३, ४१)।

**पोच्छाहण** न [प्रोत्साहन] उत्तेजन (वेणी १०५)।

**पोच्छाहिअ** वि [प्रोत्साहित] विशेष उत्साहित किया हुआ, उत्तेजित (सुर १३, २९)।

**पोट्ट** पुं [पुत्र] लड़का, 'एक्केण वारभड-पोट्टेण' (वव १, टी)।

**पोट्ट** न [दे] पेट, उदर, मराठी में 'पोट' (दे ६, ६०; णाया १, १—पत्र ६१; ओघभा ७६; गा ८३; १७१; २८५; स ११६; ७३८; उवा; सुख २, १५; सुपा ५४३; प्राकृ ३७; पव १३५; जं २)। °साल पुं [°शाल] एक परिव्राजक का नाम (विसे २४५२; ५५)। °सारणी स्त्री [°सारणी] अतीसार रोग (आव ४)।

**पोट्ट** } न [दे] पोटला, गट्ठर, गठरी;
**पोट्टल** } 'कामिणिणियंबबिंबं कंदप्पविलासरायहाणित्ति। न मुणइ अमेज्झपोट्टं' (सुपा ३५५; दे २, २४; स १००)।

**पोट्टलिगा** स्त्री [दे] पोटली, गठरी (सुख २, १७)।



**पोट्टलिय** वि [दे] पोटली उठानेवाला, गठरी-वाहक (निचू १६)।

**पोट्टलिया** [दे] देखो पोट्टलिगा (उप पृ ३८७; सुर १२, ११; सुख २, १७)।

**पोट्टि** स्त्री [दे] उदर-पेशी (मृच्छ २००)।

**पोट्टिल** पुं [पोट्टिल] १ भारतवर्ष का भावी नववाँ तीर्थंकर—जिन-देव (सम १५३)। २ भारतवर्ष के चौथे भावी जिन-देव का पूर्वभवीय नाम (सम १५४)। ३ भगवान् महावीर का व्युत्क्रम से छठवें भव का नाम (सम १०५)। ४ एक जैन मुनि, जिसने भगवान् महावीर के समय में तीर्थंकर-नाम-कर्म बँधा था (ठा ९)। ५ एक जैन मुनि (पउम २०, २१)। ६ देव-विशेष (णाया १, १४)। ७ देखो पोट्ठिल (राज)।

**पोट्टिला** स्त्री [पोट्टिला] व्यक्ति-वाचक नाम, एक स्त्री का नाम (णाया १, १४)।

**पोट्टिस** पुं [पोट्टिस] एक कवि का नाम (कप्पू)।

**पोट्ठवई** स्त्री [प्रौष्ठपदी] १ भाद्रपद मास की पूर्णिमा। २ भादों की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)।

**पोट्ठिल** पुं [पुष्टिल] भगवान महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर-विमान में उत्पन्न एक जैन मुनि (अनु)।

**पोडइल** न [दे] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

**पोढ** वि [प्रौढ] १ समर्थ (पाअ)। २ निपुण, चतुर। ३ प्रगल्भ। ४ प्रवृद्ध, यौवन के बाद की अवस्थावाला (उप पृ ८६; सुपा २२४; रंभा; नाट—मालती १३६)। °वाय पुं [°वाद] प्रतिज्ञा-पूर्वक प्रत्याख्यान (गा ५२२)।

**पोढा** स्त्री [प्रौढा] १ तीस से पचपन वर्ष तक की स्त्री (कुप्र १८५)। २ नायिका का एक भेद, शृङ्गार रस में काम-कला आदि अच्छी तरह जाननेवाली (प्राकृ १०)।

**पोढिम** पुंस्त्री [प्रौढिमन्] प्रौढता, प्रौढपन (मोह २)।

**पोढी** स्त्री [प्रौढी] ऊपर देखो (कुप्र ४०७)।

**पोणिअ** वि [दे] पूर्ण (दे ६, २८)।

**पोणिआ** स्त्री [दे] सूते से भरा हुआ तकुवा (दे ६, ६१)।

**पोत** देखो पोअ = पोत (औप; बृह १; णाया १, ८)।

**पोतणया** देखो पोअणा (उप पृ ४१२)।

**पोत्त** पुं [पौत्र] पुत्र का पुत्र, पोता (दे २, ७२; श्रा १४)।

**पोत्त** न [पोत्र] प्रवहण, नौका; 'वेलाउलम्मि ओयारियाणि सव्वाणि तेण पोत्ताणि' (उप ५९७ टी)।

**पोत्त** } न [पोत] १ वस्त्र, कपड़ा (श्रा
**पोत्तग** } १२; ओघ १६८; कप्पू; स ३३२)। २ धोती, कटी-वस्त्र (गच्छ ३, १८; कस; वव ८४; श्रावक ९३ टी; महा)। ३ वस्त्र-खण्ड (पिंड ३०८)।

**पोत्तय** पुं [दे] फोता, वृषण, अण्डकोश (दे ६, ६२)।

**पोत्तिअ** न [पौतिक] वस्त्र, सूती कपड़ा (ठा ५, ३—पत्र ३३८; कस २, २९ टि)।

**पोत्तिअ** वि [पोतिक] १ वस्त्र-धारी। २ पुं. वानप्रस्थों का एक भेद (औप)।

**पोत्तिआ** स्त्री [पौत्रिका] पुत्र की लड़की (रंभा)।

**पोत्तिआ** स्त्री [दे] चतुरिन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १४७)।

**पोत्तिआ** } स्त्री [पोतिका, पोती] १ धोती,
**पोत्ती** } पहनने का वस्त्र, साड़ी (विसे २६०१)। २ छोटा वस्त्र, वस्त्र-खण्ड; 'चउप्फालयाए पोत्तीए मुहं बंधेत्ता' (णाया १, १—पत्र ५३; पिंडभा ९), 'मुहपोत्तियाए' (विपा १, १)।

**पोत्ती** स्त्री [दे] काच, शीशा (दे ६, ६०)।

**पोत्तुल्लया** देखो पोत्तिआ (णाया १, १८—पत्र २३५)।

**पोत्थ** }
**पोत्थग** } पुंन [पुस्त, °क] १ वस्त्र, कपड़ा (णाया १, १३—पत्र १७९)। २-
**पोत्थय** } ३ देखो पुत्थ; 'पोत्थकम्मजक्खा विव निच्चिट्ठा' (वसु; श्रा १२; सुपा २८६; विसे १४२५; बृह ३; प्राप्र; औप)।

**पोत्था** स्त्री [प्रोत्था] प्रोत्थान, मूलोत्पत्ति (उत्त २०, १६)।

**पोत्थार** पुं [पुस्तककार] पोथी लिखनेवाला, पोथी बनाने का काम करनेवाला शिल्पी, दफ्तरी, जिल्दसाज (जीव ३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**पोत्थिया** स्त्री [पुस्तिका] पोथी, पुस्तक; 'सरस्सइ व्व पोत्थियावलग्गहत्था' (काल)।
**पोप्पय** पुंन [दे] हस्त-परिमर्षण, हाथ फिराना (उप पृ ३५३)।
**पोप्फल** न [पूगफल] सुपारी (हे १, १७०; कुमा)।
**पोप्फली** स्त्री [पूगफली] सुपारी का पेड़ (हे १, १७०; कुमा)।
**पोम** देखो **पउम**; 'जहा पोमं जले जायं' (उत्त २५, २७; सुग्र २५, २७; पउम ५३, ७६)।
**पोमर** न [दे] कुसुम्भ-रक्त वस्त्र (दे ६, ६३)।
**पोमाड** पुं [दे. पद्माट] पमाड, पमार, चकवड़ का पेड़ (स १४४)। देखो **पउमाड**।
**पोमावई** स्त्री [पद्मावती] छन्द-विशेष (पिंग)।
**पोमिणी** देखो **पउमिणी** (सुपा ६४६; सम्मत्त १७१)।
**पोम्म** देखो **पउम** (हे १, ६१; १, २, ११२; गा ७५; कुमा; प्राकृ २८; कप्पू; पि १६६)।
**पोम्मा** देखो **पउमा** (प्राकृ २८; गा ४७१; पि १६६)।
**पोम्ह** देखो **पम्ह**=पक्ष्मन्; 'जह उ किर णालिगाए वरिणयं मिदुरुयपोम्हभरियाए' (धर्मसं ६८०)।
**पोर** पुं [पूतर] जल में होनेवाला क्षुद्र जन्तु (हे १, १७०; कुमा)।
**पोर** वि [पौर] पुर में—नगर में उत्पन्न, नागरिक (प्राकृ ३५)।
**पोर** देखो **पुर**=पुरस्। °**कव्व** न [°काव्य] शीघ्रकवित्व (राज)।
**पोर** पुंन [दे. पर्वन्] ग्रंथि, गाँठ (ठा ४, १; अनु)। °**बीय** वि [°बीज] पर्व-बीज से उगनेवाली वनस्पति, इक्षु आदि (ठा ४, १)।
**पोरग** पुंन [पर्वक] वनस्पति का एक भेद, पर्ववाली वनस्पति (पएग १—पत्र ३३)।
**पोरच्छ** पुं [दे] दुर्जन, खल (दे ६, ६२ पाम्र)।
**पोरच्छिम** देखो **पुरच्छिम** (सुपा ४१)।
**पोरत्थ** वि [दे] मत्सरी, ईर्ष्यालु, द्वेषी (षड्)।
**पोरय** न [दे] क्षेत्र (दे ६, २६)।
**पोरव** पुं [पौरव] राजा पुरु की संतान (अभि ६५)।
**पोरवाड** पुं [पौरवाट] एक जैन श्रावक-कुल (ती २)।
**पोराण** देखो **पुराण** (पएग २८; औप; भग; हे ४, २८७; उव; गा ३४०)।
**पोराण** वि [पौराण] १ पुराण-सम्बन्धी (राय)। २ पुराण शास्त्र का ज्ञाता (राज)।
**पोराणिय** वि [पौराणिक] पुराण-शास्त्र-संबन्धी (स ३४४)।
**पोरिस** न [पौरुष] १ पुरुषत्व, पुरुषार्थ (प्रासू १७)। २ पराक्रम (कुमा)।
**पोरिस** वि [पौरुषेय] पुरुष-जन्य, पुरुष-प्रणीत (धर्मसं ८६२ टी)।
**पोरिसिमंडल** न [पौरुषीमण्डल] एक जैन शास्त्र (गंदि २०२)।
**पोरिसिय** देखो **पोरिसीय**; 'अत्थाहमतारम-पोरिसियंसि उदगंसि अप्पाणं मुयति' (णाया १, १४—पत्र १९०)।
**पोरिसी** स्त्री [पौरुषी] १ पुरुष-शरीर-प्रमाण छाया। २ जो समय में पुरुष-परिमाण छाया हो वह काल, प्रहर (उवा; विपा २, १; आचा; कप्प, पव ४)। ३ प्रथम प्रहर तक भोजन आदि का त्याग, प्रत्याख्यान-विशेष, तप-विशेष (पव ४; संबोध ५७)।
**पोरिसीय** वि [पौरुषिक] पुरुष-प्रमाण, पुरुष-परिमित; 'कुंभी महंताहियपोरिसीया' (सूग्र १, ५, १, २४)।
**पोरुस** पुं [पुरुष] अत्यन्त वृद्ध पुरुष (सूग्र १, ७, १०)।
**पोरुस** देखो **पोरिस** (स २०४; उप ७२८ टी; महा)।
**पोरेकच्च** } न [पौरस्कृत्य] पुरस्कार, कला-
**पोरेगच्च** } विशेष (औप; राय; औप १०७ टि)।
**पोरेवच्च** न [पौरोवृत्य] पुरोवर्त्तित्व, अग्रेसरता (औप; सम ८६; विपा १, १; कप्प)।
**पोलंड** सक [प्रोत + लङ्घ्] विशेष उल्लंघन करना। पोलंडेइ (णाया १, १—पत्र ६१)।
**पोलच्चा** स्त्री [दे] खेटित भूमि, कृष्ट जमीन (दे ६, ६३)।
**पोलास** न [पोलास] १ नगर-विशेष, पोलासपुर (उवा)। २ उद्यान-विशेष (राज)। °**पुर** न [°पुर] नगर-विशेष (उवा; अंत)।
**पोलासाढ** न [पोलाषाढ] श्वेतविका नगरी का एक चैत्य (विसे २३५७)।
**पोलिअ** पुं [दे] सौनिक, कसाई (दे ६, ६२)।
**पोलिआ** स्त्री [दे. पौलिका] खाद्य-विशेष, पूरी (?); 'सुराग्रो इव पोलियासत्तो' (उप ७२८ टी; राज)।
**पोली** देखो **पओली**; 'बद्धेसु पोलिदारेसु, गविसंतो म धुत्तयं' (श्रा १२; उप पृ ८४; धर्मवि ७७)।
**पोल्ल** वि [दे] पोला, शुषिर, खाली, रिक्त; 'पोल्लो व्व मुट्ठी जह से असारे' (उत्त २०, ४२; णाया १, १—पत्र ६३; पव ८१), 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लया य दड्ढा य' (महा)।
**पोल्लड** वि [दे] ऊपर देखो, 'वंका कीडक्खइया चित्तलया पोल्लडा य दड्ढा य' (ओघ ७३५; विचार ३३६)।
**पोल्लर** न [दे] तप-विशेष, निर्विकृतिक तप (संबोध ५८)।
**पोस** अक [पुष्] पुष्ट होना। पोसइ (धात्वा १४५; भवि)।
**पोस** सक [पोषय्] १ पुष्ट करना। २ पालन करना। पोसेइ (पंचा १०, १४); 'मायरं पियरं पोस' (सूग्र १, ३, २, ४), पोसाहि (सूग्र १, २, १, १९)। कवकृ. **पोसिज्जंत** (गा १३५)।
**पोस** वि [पोष] १ पोषक, पुष्टि-कारक; 'अभिक्खणं पोसवत्थं परिहिंति' (सूग्र १, ४, १, ३)। २ पुं. पोषण, पुष्टि (संबोध ३९)।
**पोस** पुं [पोस] १ अपान-देश, गुदा (पएह १, ४—पत्र ७८; ओघ ५५६; औप)। २ योनि (निचू ६)। ३ लिंग, उपस्थ; 'एवसो-तपरिस्सवा बोंदी पएणत्ता, तं जहा; दो सोत्ता, दो णेत्ता, दो घाणा, मुहं, पोसे, पाऊ' (ठा ९—पत्र ४५०)।
**पोस** पुं [पौष] पौष मास (सम ३५)।
**पोसग** वि [पोषक] १ पुष्टि-कारक। २ पालन-कर्ता (पएह १, २)।

पोसण न [पोषण] १ पुष्टि (पराह १, २)। २ पालन। ३ वि. पोषण-कर्ता; 'लोग परं पि जहासिपोसणो' (सूम १, २, १, १६)।
पोसण न [पोसन] अपान, गुदा (जं ३)।
पोसणया स्त्री [पोषणा] १ पोषण, पुष्टि। २ भरण, पालन (उवा)।
पोसय देखो पोस = पोस; 'पोसए त्ति' (ठा ६ टी—पत्र ४५०; बृह ४)।
पोसय देखो पोसग (राज)।
पोसह पुं [पोषध, पौषध] १ अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्वतिथि में करने योग्य जैन श्रावक का व्रत-विशेष, आहार आदि के त्याग-पूर्वक किया जाता अनुष्ठान-विशेष (सम १६; उवा; औप; महा; सुपा ६१६; ६२०)। २ पर्व-दिवस—अष्टमी, चतुर्दशी आदि पर्व-तिथि; 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१६)। °पडिमा स्त्री [°प्रतिमा] जैन श्रावक को करने योग्य अनुष्ठान-विशेष, व्रत-विशेष (पंचा १०, ३)। °वय न [°व्रत] वही पूर्वोक्त अर्थ (पडि)। °साला स्त्री [°शाला] पौषध-व्रत करने का स्थान (णाया १, १—पत्र ३१; अंत; महा)। °ोववास पुं [°ोपवास] पर्वदिन में उप-वास-पूर्वक किया जाता जैन श्रावक का अनु-ष्ठान-विशेष, जैन श्रावक का ग्यारहवाँ व्रत (औप; सुपा ६१६)।
पोसहिय वि [पौषधिक] जिसने पोषध-व्रत किया हो वह, पौषध करनेवाला (णाया १, १—पत्र ३०; सुपा ६१६; धर्मवि २७)।
पोसिअ वि [दे] दुःस्थ, दरिद्र, दुःखी (दे ६, ६१)।
पोसिअ वि [पुष्ट] पोषण-युक्त (भवि)।
पोसिअ वि [पोषित] १ पुष्ट किया हुआ। २ पालित (उत्त २७, १४)।
पोसिद (शौ) वि [प्रोषित] प्रवास—विदेश में गया हुआ। °भत्तुआ स्त्री [°भर्तृका] जिसका पति प्रवास—परदेश में गया हो वह स्त्री (स्वप्न १३४)।
पोसी स्त्री [पौषी] १ पौष मास की पूर्णिमा। २ पौष मास की अमावस (सुज्ज १०, ६; इक)।
पोह पुं [दे] बैल आदि की विष्ठा का ढेर, कच्छी भाषा में 'पोह' (पिंड २४५)।
पोह पुं [प्रोथ] अश्व के मुख का प्रान्त भाग (गउड)।
पोहण पुं [दे] छोटी मछली (दे ६, ६२)।
पोहत्त न [पृथुत्व] चौड़ाई (भग)।
पोहत्त देखो पुहत्त (वि ७८)।
पोहत्तिय वि [पार्थक्त्विक] पृथक्त्व-संबन्धी (पराण २२—पत्र ६३६; ६४०; २३—पत्र ६६४)।
पोहल देखो पोप्फल (षड्)।
°प्प देखो प = प्र; 'विप्पोसहिपत्ताणं' (संति २; गउड)।
°प्पआस देखो पयास = प्रयास (अभि ११७)।
°प्पउत्त देखो पउत्त = प्रवृत्त (मा ३)।
°प्पअअ देखो पअय (अभि १७६)।
°प्पडव (मा) अक [प्र + तप्] गरम होना। प्पडवदि (पि २१६)।
°प्पडिआर देखो पडिआर = प्रतिकार (मा ४३)।
°प्पडिहा देखो पडिहा = प्रतिभा (कुमा)।
°प्पणइ देखो पणइ = प्रणयिन् (कुमा)।
°प्पणाम देखो पणाम = प्रणाम (हे ३, १०५)।
°प्पणास देखो पणास = प्रणाश (सुपा ६५७)।
°प्पण्णा देखो पण्णा = प्रज्ञा (कुमा)।
°प्पत्थाण देखो पत्थाण (अभि ८१)।
°प्पदेस देखो पदेस (नाट—विक्र ४)।
°प्पफुरिद (शौ) देखो पप्फुरिअ (नाट—मालती ५४)।
°प्पबंध देखो पबंध (रंभा)।
°प्पभिदि देखो °पभिइ (रंभा)।
°प्पभूद (शौ) देखो पभूय (नाट—वेणी ३६)।
°प्पमत्त देखो पमत्त (अभि १८५)।
°प्पमाण देखो पमाण (पि ३६६ ए)।
°प्पमुक्क देखो पमुक्क (नाट—उत्तर ५६)।
°प्पमुह देखो पमुह (गउड)।
°प्पयर देखो पयर (कुमा)।
°प्पयाव देखो पयाव (कुमा)।
°प्पयास देखो पयास = प्रकाश (सुपा ६५७)।
°प्पलावि देखो पलावि (अभि ४६)।
°प्पवत्तण देखो पवत्तण; 'अजिअजिण सुह-प्पवत्तणं' (अजि ४)।
°प्पवह देखो पवह (कुमा)।
°प्पवेस देखो पवेस (रंभा)।
°प्पवेसि देखो पवेसि (अभि १७५)।
°प्पसर देखो पसर = प्र + सृ। वकृ. °प्पसरंत (रंभा)।
°प्पसर देखो पसर = प्रसर।
°प्पसव देखो पसव = (नाट—मालवि ३७)।
°प्पसाय देखो पसाय = प्रसाद (रंभा)।
°प्पसुत्त देखो पसुत्त (रंभा)।
°प्पसूद (शौ) देखो पसूअ = प्रसूत (अभि १४०)।
°प्पहर देखो पहर = प्रहार (से २, ४; पि २६७ ए)।
°प्पहा देखो पहा (कुमा)।
°प्पहाण देखो पहाण (रंभा)।
°प्पहाय देखो पहाय = प्रभाव; 'प्पहाउ' (रंभा)।
°प्पहार देखो पहार (रंभा)।
°प्पहाव देखो पहाव (अभि ११६)।
°प्पहु देखो पहु (रंभा)।
°प्पारंभ देखो पारंभ (रंभा)।
°प्पिअ देखो पिअ = प्रिय (अभि ११८; मा १८)।
°प्पिआ देखो पिआ (कुमा)।
°प्पिव देखो इव (प्राकृ २६)।
°प्पेम देखो पेम (पि ४०४)।
°प्पेम्म देखो पेम्म (कुमा)।
°प्पोढ देखो पोढ (रंभा)।
°प्फंस देखो फंस = स्पर्श (काप्र ७४३; गा ४६२; ५५६)।
°प्फणा देखो फणा (सुपा ५३५)।
°प्फद्धा देखो फद्धा (कुमा)।
°प्फल देखो फल (पि२००)।
°प्फाल सक [स्फालय्] १ आघात करना। २ पछाड़ना। प्फालउ (पिंग)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

°प्फालण न [स्फालन] आघात (गउड; गा ५४६)।

°प्फुड देखो फुड (कुमा; रंभा)।

°प्फोडण देखो फोडण (गा ३८१)।

प्रस्स (अप) देखो पस्स = दृश्। प्रस्सदि (हे ४, ३९३)।

प्राइम्व, प्राइव, प्राउ (अप) देखो पाय = प्रायस् (हे ४, ४१४; कुमा)।

प्रिय (अप) देखो पिअ = प्रिय (हे ४, ३९८; कुमा)।

प्रेक्किअ न [दे] वृष रटित, बैल की चिल्लाहट (षड्)।

प्रेयंड वि [दे] धूर्त्त, ठग (दे १, ४)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि पआराइसद्दसंकलणो सत्तावीसइमो तरंगो परिसमत्तो ॥

# फ

फ पुं [फ] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्रामा)।

फंद अक [स्पन्द्] थोड़ा हिलना, फरकना। फंदइ, फंदंति (हे ४, १२७; उत्त १४, ४५)। वकृ. फंदंत, फंदमाण (सूअ १, ४, १, ६; ठा ७—पत्र ३८३; कप्प)।

फंद पुं [स्पन्द] किञ्चित् चलन (षड्; सण)।

फंदण न [स्पन्दन] ऊपर देखो (विसे १८४७; हे २, ५३; प्राप्र)।

फंदणा स्त्री [स्पन्दना] ऊपर देखो (सूअनि ८ टी)।

फंदिअ वि [स्पन्दित] १ कुछ हिला हुआ, फरका हुआ (पाअ)। २ हिलाया हुआ, ईषत् चालित (जीव ३)।

फंफ (अप) अक [उद् + गम्] उछलना। फंफाइ (पिंग १८४, ५)।

फंफसय पुं [दे] लता-भेद, वल्ली-विशेष (दे ६, ८३)।

फंफाइ (अप) वि [कम्पायित, कम्पित] कँपाया हुआ, कम्प-प्राप्त (पिंग)।

फंस अक [विसम् + वद्] असत्य प्रमाणित होना, प्रमाण-विरुद्ध होना, अप्रमाण साबित होना। फंसइ (हे ४, १२९)। प्रयो., भूका. फंसाविही (कुमा)।

फंस सक [स्पृश्] छूना। फंसइ, फंसेइ (हे ४, १८२; प्राकृ २७)। कर्म. फंसिज्जइ (कुमा)।

फंस पुं [स्पर्श] स्पर्श, छूना (पाअ; प्राप्र; प्राकृ २७; गा २६६)।

फंसण न [स्पर्शन] छूना, स्पर्श करना (उप ३३० टी; धर्मवि ४३, मोह २६)।

फंसण वि [पांसन] अपसद, अधम; 'कुल-फंसणो' (सुख २, ६; स १६८; भवि)।

फंसण वि [दे] १ युक्त, संयत। २ मलिन, मैला (दे ६, ८७)।

फंसुल वि [दे] मुक्त, व्यक्त (दे ६, ८२)।

फंसुली स्त्री [दे] नवमालिका, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (दे ६, ८२)।

फक्किया स्त्री [फक्किका] ग्रन्थ का विषम स्थान, कठिन स्थान (सुर १६, २४७)।

फग्गु वि [फल्गु] १ असार, निरर्थक, तुच्छ (सुर ८, ३; संबोध १६; गा ३६६ अ)। २ स्त्री. भगवान् अजितनाथ की प्रथम शिष्या (सम १५२)। °मित्त पुं [°मित्र] स्वनाम-ख्यात एक जैन मुनि (कप्प)। °रक्खिय पुं [°रक्षित] एक जैन मुनि (आव १)। °सिरी स्त्री [°श्री] इस अवसर्पिणी काल के पंचम आरे में होनेवाली अन्तिम जैन साध्वी (विचार ५३४)।

फग्गु पुं [दे. फल्गु] वसन्त का उत्सव, फगुआ (दे ६, ८२)।

फग्गुण पुं [फाल्गुन] १ मास-विशेष, फागुन का महिना (पाअ; कप्प)। २ अर्जुन, मध्यम पाण्डुपुत्र (वज्जा १३०)।

फग्गुणी स्त्री [फाल्गुनी] १ फागुन मास की पूर्णिमा (इक; सुज्ज १०, ६)। २ फागुन मास की अमावस्या (सुज्ज १०, ६)। ३ एक गृह-पति की स्त्री (उवा)।

फग्गुणी स्त्री [फल्गुनी] नक्षत्र-विशेष (ठा २, ३)।

फट्ट अक [स्फट्] फटना, टूटना। फट्टइ (भवि)।

फड सक [स्फट्] १ खोदना। २ शोधना। वकृ. 'गतं फडमाणीओ' (सुपा ६१३)। हेकृ. फडिउं (सुपा ६१३)।

फड न [दे] साँप का सर्व शरीर (दे ६, ८६)।

फड पुंन [दे. फट] साँप की फणा (दे ६, ८६; कुप्र ४७२)।

फडही [दे] देखो फलही (गा ५५० अ)।

फडा स्त्री [फटा] साँप की फन, सर्प-फणा (णाया १, ६; पउम ५२, ५; पाअ; औप)। °ल वि [°वत्] फनवाला (हे २, १५९; चंड)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

फडिअ वि [स्फटित] खोदा हुआ, 'तो थोवे-सधरेहिं नरेहिं फडिया भडत्ति सा गत्ता' (सुपा ६१३)।

फडिअ } देखो फलिह=स्फटिक (नाट— फडिग } रत्ना ८३); 'फडिगपाहाणनिभा' (निचू ७)।

फडिल्ल देखो फडा-ल (चंड)।

फडिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल (से १३, ३८)। २ कुठार (से ५, ५४)।

फडिहा देखो फलिहा=परिखा (से १२, ७५)।

फड्ड } पुंन [दे. स्पर्ध, °क] १ अंश, फड्डग } भाग, निस्सा, गुजराती में 'फाडिउं'; फड्ढ } 'कम्मियकद्दमिस्सा छुल्ली उक्खा य फड्डुग } फड्डगजुया उ' (पिंड २५३)। २ संपूर्ण गण के अधिष्ठाता के वशवर्ती गण का एक लघुतर हिस्सा, समुदाय का एक अति छोटा विभाग जो संपूर्ण समुदाय के अध्यक्ष के अधीन हो; 'गच्छागच्छिं गुम्मागुम्मि फड्डाफड्डि' (औप; बृह १)। ३ द्वार आदि का छोटा छिद्र, विवर। ४ अवधिज्ञान का निर्गम-स्थान; 'फड्डा य असंखेज्जा', 'फड्डा य आणुगामी' (विसे ७३८; ७३९)। ५ समुदाय; 'तत्थ पव्वइयगा फड्डगेहिं एंति' (आवम; आचू १)। ६ समुदाय-विशेष, वर्गणा-समुदाय; 'नेहप्पच्चय-फड्डगमेगं अविभागवग्गणा णंता' (कम्मप २८; ४४; पंच ३, २८; ५, १८३; १८४; जीवस ७६); 'तं इगिफड्डुं संते', 'तासि खलु फड्डुगाई तु' (पंच ५, १७६; १७१)। °वइ पुं [°पति] गण के अवान्तर विभाग का नायक (बृह १)।

फण पुं [फण] फन, साँप की फणा (से ६, ५५; पाअ; गा २४०; सुपा १; प्रासू ५१)।

फणग पुं [दे. फनक] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (उत्त २२, ३०)।

फणज्जुय पुं [दे] वनस्पति-विशेष, 'तुलसी कण्ह-ओराले फणज्जुए अज्जए य भूयणए' (पराण १—पत्र ३४)।

फणस पुं [पनस] कटहर का पेड़ (पराण १; हे १, २३२; प्राप्र)।

फणा स्त्री [फणा] फन (सुर २, २३६)।

फणि पुं [फणिन्] १ साँप, सर्प, नाग (उप ३५७ टी; पाअ; सुपा ५५६; महा; कुमा)। २ दो कला या एक गुरु अक्षर की संज्ञा (पिंग)। ३ प्राकृत-पिंगल का कर्ता, पिंगला-चार्य (पिंग)। °चिंध पुं [°चिह्न] भगवान् पार्श्वनाथ (कुमा)। °पहु पुं [°प्रभु] १ नागकुमार देवों का एक स्वामी, धरणेन्द्र (ती ३)। २ शेष नाग (धर्मवि ५७)। °राय पुं [°राज] १ शेष नाग (कुप्र २७२)। २ पिंगल-कर्ता (पिंग)। °लआ स्त्री [°लता] नागलता, वल्ली-विशेष, (कप्पू)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र-विशेष, धरणेन्द्र (सुपा ३१)। २ नाग-राज (मोह २९)। ३ पिंगलकार (पिंग)। °सेहर पुं [°शेखर] प्राकृत-पिंगल का कर्ता (पिंग)।

फणिंद पुं [फणीन्द्र] १ नाग-राज, शेष नाग (प्रासू ११३)। २ पिंगलकार (पिंग)।

फणिल्ल सक [चोरय्] चोरी करना। फणिल्लइ (धात्वा १४६)।

फणिह पुं [दे. फणिह] कंघा, केश सवाँरने का उपकरण (सूअ १, ४, २, ११)।

फणीसर पुं [फणीश्वर] देखो फणि-वइ (पिंग)।

फणुज्जय देखो फणज्जुय (राज)।

फद्ध पुं [स्पर्ध] स्पर्धा, हिर्स (कुमा)।

फद्धा स्त्री [स्पर्धा] ऊपर देखो (दे ८, १३; कुमा ३, १८)।

फद्धि वि [स्पर्धिन्] स्पर्धा करनेवाला (प्राकृ २३)।

फर } पुं [दे. फल, °क] १ काष्ठ आदि फरअ } का तख्ता। २ ढाल। (दे १,७६;६, ८२; कप्पू; सुर २, ३१)। देखो फल, फलग।

फरअ पुंन [दे. स्फरक] अस्त्र-विशेष, 'फरएहिं छाइऊणं तेवि हु गिरएहिंति जीवंतं' (धर्मवि ८०)।

फरक्किद वि [दे] फरका हुआ, हिला हुआ, कम्पित (कप्पू)।

फरस देखो फरिस=स्पर्श (रंभा; नाट)।

फरसु पुं [परशु] कुठार, कुल्हाड़ा, फरसा (भवि; पि २०४)। °राम पुं [°राम] ब्राह्मण-विशेष, जमदग्नि ऋषि का पुत्र (भत्त १५३)।

फरहर अक [फरफराय्] फरफर आवाज करना। वकृ. फरहरंत (भवि)।

फरित देखो फलिह=स्फटिक (इक)।

फरिस सक [स्पृश्] छूना। फरिसइ (षड्); फरिसइ (प्राकृ २७)। कर्म. फरि-सिज्जइ (कुमा)। कवकृ. फरिसिज्जंत (धर्मवि १३९)।

फरिस } पुंन [स्पर्श, °क] स्पर्श, छूना फरिसग } (आचा; पराह १, १; गा १३२; प्राप्र; पाअ; कप्प); 'न य कीरइ तणुफरिसं' (गच्छ २, ४४)।

फरिसण न [स्पर्शन] इन्द्रिय-विशेष, त्वगि-न्द्रिय (कुप्र २२४)।

फरिसिय वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (कुप्र १६; ४२)।

फरिहा देखो फलिहा=परिखा (णाया १, १२)।

फरुस वि [परुष] १ कर्कश, कठिन (उवा; पाअ; हे १, २३२; प्राप्र)। २ न. कुवचन, निष्ठुर वाक्य, 'ण यावि किंची फरुसं वदेज्जा' (सूअ १, १४, ७; २१)।

फरुस } पुं [दे. परुष, °क] कुम्भकार, फरुसग } कुम्हार, कोहार, कुंभार; 'पोग्गलमो-यगफरुसगदंते' (बृह ४)। °साला स्त्री [°शाला] कुंभकार-गृह (बृह ३)।

फरुसिया स्त्री [परुषता, पारुष्य] कर्कशता, निष्ठुरता (आचा)।

फल अक [फल्] फलना, फलान्वित होना। फलइ (गा १७; ८९४), फलंति (सिरि १२८२)। वकृ. फलंत (से ७, ५९)।

फल पुंन [फल] १ वृक्षादि का शस्य (आचा; कप्प; कुमा; ठा ६; जी १०)। २ लाभ; 'पुच्छइ ते सुमिणाणं एएसिं किमिह मह फलो होइ' (उप ९८६ टी)। ३ कार्य; 'हेउफलभा-वओ होंति' (पंचव १; धर्म १)। ४ इष्टानिष्ट-कृत कर्म का शुभ या अशुभ फल—परिणाम (सम ७२; हे ४, ३३५)। ५ उद्देश्य। ६ प्रयोजन। ७ त्रिफला। ८ जायफल। ९ बाण का अग्र भाग। १० फाल। ११ दान। १२ मुष्क, अण्डकोष। १३ ढाल। १४ कक्कोल, गन्ध-द्रव्य-विशेष (हे १, २३)। १५ अग्र भाग; 'अदु वा मुट्ठिणा अदु

कुंताइफलेएं' (आचा १, ६, ३, १०)। °मंत, °व वि [°वत्] फलवाला (गाया १, ४; पंचा ४)। °वद्धिय, वद्धिय न [°वर्द्धिक] १ नगर-विशेष, फलोधि-नामक मरुदेशीय नगर। २ वहाँ का एक जैन मन्दिर (ती ५२)।

फलअ } पुंन [फलक] १ काष्ठ आदि का फलग } तख्ता (आचा; गा ६५६; तंदु २६; सुर १०, १६१; औप)। २ जुए का एक उपकरण (औप; धरण ३२)। ३ ढाल; 'भरिएहिं फलएहिं' (विपा १, ३; कुमा; सार्ध १०१)। ४ देखो फल (आचा)। °सज्जा स्त्री [°शय्या] काष्ठ का तख्ता जिसपर सोया जाय (भग)।

फलण न [फलन] फलना (सुपा ६)।

फलह } पुंन [फलह, °क] फलक, काठ फलहग } आदि का तख्ता; 'अस्संजए भिक्खुपडियाए पीढं वा फलहगं वा णिस्सेणिं वा उदूहलं वा आहट्टु उस्सविय दुरुहेज्जा' (आचा २, १, ६, १), 'भूमिसेज्जा फलहसेज्जा' (औप), 'धरफलहे' (दे १, ८; पि २०६), 'पेक्खइ मन्दिराइँ फलहद्धुग्घाडियजालगवक्खाइं', 'अह फलहंतरेण दरिसियगुज्झंतरदेसइ' (भवि);

'पिहुपत्तासयमयलं गुणनियरनिबद्धफलहसंघायं।
संजमियसयलजोगं बोहित्थं मुणिवरसरिच्छं'
(सुर १३, ३६)।

फलहिआ } स्त्री [फलहिका, फलही] काठ फलही } आदि का तख्ता; 'सूरिए अत्थमिए फलहिअं चडेउमाढवइ', 'दट्ठ पहाणफलही चिट्ठइ' (ती ११), 'कलावईए रूवं लिहंग आलिहसु चित्तफलहीए' (सुर १, १५१)।

फलही स्त्री [दे] १ कर्पास, कपास (दे ६, ८२; गा १६५, ३५६)। २ कपास की लता; 'दरफुडिअवेंटभारोणआइ हसिअं व फलहीए' (गा ३६०)।

फलाव सक [फलाय्] फलवान् बनाना, सफल करना; 'तत्तोवि अ घरणतमा निअयफलेणं फलावंति' (रत्न २६)।

फलावह वि [फलावह] फलप्रद, फल की प्रारण करनेवाला (पउम १४, ४४)।

फलासव पुं [फलासव] मद्य-विशेष (पगण १७)।

फलि पुं [दे] १ लिंग, चिह्न। २ वृषभ, बैल (दे ६, ८६)।

फलिअ वि [फलित] १ विकसित, 'कुडिअं फलिअं च दलिअमुद्दरिअं' (पाअ)। २ फलयुक्त, जिसको फल हुआ हो वह (गाया १, ११)।

फलिअ न [दे] वायन, बायन, भोजन आदि का बाँटा जाता उपहार (ठा ३, ३—पत्र १४७)।

फलिआरी स्त्री [दे] दूर्वा, कुश तृण (दे ६, ८३)।

फलिणी स्त्री [फलिनी] प्रियंगु-वृक्ष (दे १, ३२; ६, ४६; पाअ, कुमा; गा ६६३)।

फलिह पुं [परिघ] १ अर्गला, आगल; 'अग्गला फलिहो' (पाअ; औप), 'ऊसियफलिहा' (भग २, ५—पत्र १३४)। २ अस्त्र-विशेष, लोहे का मुद्गर आदि अस्त्र। ३ गृह, घर। ४ काच-घट। ५ ज्योतिष-शास्त्रप्रसिद्ध एक योग (हे १, २३२; प्राप्र)।

फलिह पुं [स्फटिक] १ मणि-विशेष, स्फटिक मणि (जी ३; हे १, १९७; कप्पू)। २ एक विमानावास, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३२; इक)। ३ रत्नप्रभा पृथिवी का एक स्फटिकमय काण्ड (ठा १०)। ४ गन्धमादन पर्वत का एक कूट (इक)। ५ कुण्डल पर्वत का एक कूट। ६ रुचक पर्वत का एक शिखर (राज)। °गिरि पुं [°गिरि] कैलास पर्वत (पाअ)।

फलिह पुं [फलिह] फलक, काठ आदि का तख्ता; 'अवेसिणो फलिहा' (पाअ), 'नाणोवगरणभूयाणं कवलियाफलिहपुत्थियाईणं' (श्राप ८)।

फलिह पुंन [स्फटिक] आकाश (भग २०, २)।

फलिह न [दे] कपास का टेंटा, टेंट या ढेढी (अणु ३५ टी)।

फलिहंस पुं [फलिहंसक] वृक्ष-विशेष (दे ४, १२)।

फलिहा स्त्री [परिखा] खाई, किले या नगर के चारों ओर की नहर (औप; हे १, २३२; कुमा)।

फलिहि देखो परिहि (प्राकृ १५)।

फलिही देखो फलही = दे (अणु ३५ टी)।

फली स्त्री [फली] काठ आदि की छोटी तख्ती; 'तत्तो चंदणफलोउ वणियहट्टम्मि विक्किउं कहवि (सुपा ३८५)।

फलोवय } वि [फलोपग] फल-प्राप्त, फलफलोवा° } सहित (ठा ३, १ पत्र—११३)।

फल्ल वि [फल्य] सूते का वस्त्र, सूती कपड़ा (बृह १)।

फव्वीह सक [लभ्] यथेष्ट लाभ प्राप्त करना, गुजराती में 'फावबु'। फव्वीहामो (बृह १)। फव्व (दश० अगस्त्य० सू० ३०३)।

फसल वि [दे] १ सार, चितकबरा; 'फसलं सबलं सारं किम्मीरं चित्तलं च बोगिल्लं' (पाअ; दे ६, ८७)। २ स्थासक (दे ६, ८७)।

फसलाणिअ } वि [दे] कृत-विभूष, जिसने फसलिअ } विभूषा की हो वह, शृङ्गारित (दे ६, ८३); 'फसलियाणि कुंकुमराएण' (स ३६०)।

फसुल वि [दे] मुक्त (दे ६, ८२)।

फाइ स्त्री [स्फाति] वृद्धि (ओघ ४७)।

फाईकय वि [स्फीतीकृत] १ फैलाया हुआ। २ प्रसिद्ध किया हुआ; 'वइसेसियं पणीयं फाईकयमएणमएणेहिं' (विसे २५०७)।

फागुण देखो फग्गुण (पि ६२)।

फाड सक [पाटय्, स्फाटय्] फाड़ना। फाडेइ (हे १, १९८; २३२)। वकृ. फाडंत (कुमा)।

फाडिय वि [फाटित, स्फाटित] विदारित (भवि)।

फाणिअ पुंन [फाणित] १ गुड़; 'फाणिओ गुडो भएणति' (निचू ४)। २ गुड़ का विकार-विशेष, आर्द्र गुड़, पानी से द्रावित गुड़ (औप; कस; पिंड २३६; ६२५; पव ४)। ३ क्वाथ (पएण १७—पत्र ५३०)।

फाय वि [स्फीत] १ वृद्ध। २ विस्तीर्ण। ३ ख्यात (विसे २५०७)।

फार वि [स्फार] १ प्रचुर, बहुत; 'फारफलभारभज्जिरसाहासयसंकुलो महासाही' (धर्मवि ५५)। २ विशाल, विपुल। ३ विस्तृत,

फैला हुआ (सुर २, २३६; काप्र १७०; सुपा १६४; कुप्र ५१)।

**फारक्क** वि [दे. स्फारक] स्फरकास्त्र को धारण करनेवाला, 'तं नासंतं दट्ठुं फारक्का नमुइवयणओ ढुक्का' (धर्मवि ८०)।

**फारुसिय** न [पारुष्य] परुषता, कठोरता, कर्कशता; 'फारुसियं समाइयंति' (आचा)।

**फाल** देखो °प्फाल।

**फाल** देखो फाड। फालेइ (हे १, १९८; २३२)। कवकृ. **फालिज्जंत, फालिज्जमाण** (गा १५३; सम्मत्त १७४)। संकृ. **फालेऊण** (गा ४८९)।

**फाल** पुंन [फाल] १ लोहमय कुश, एक प्रकार की लोहे की लम्बी कील (उवा)। २ फाल से की जाती एक प्रकार की दिव्य-परीक्षा, शपथ-विशेष (सुपा १८९)। ३ फलांग, लाँफ; 'दीवि व्व विहलफालो' (कुप्र १२)।

**फालण** न [पाटन, स्फाटन] विदारण, "खोणी किं न सहेदि सीरमुहओ तं तारिसं फालणं" (रंभा; सम १२५)।

**फालण** देखो °प्फालण।

**फाला** स्त्री [फाला] फलाङ्ग, लाँफ (कुप्र २७८; कुलक ३२)।

**फालि** स्त्री [दे. फालि] १ फली, छीमी, फलियाँ २ शाखा "सिवलिफालिव्व अग्गिसणा दड्ढो" (संथा ८५)। ३ फाँक, टुकडा "—नागवल्लीदलपूगीफलफालिपमुह—" (रयण ५५)।

**फालिअ** वि [पाटित, स्फाटित] विदारित (कुमा; पण्ह १, १—पत्र; पउम ८२, ३१; औप)।

**फालिअ** न [दे. फालिक] देश-विशेष में होता वस्त्र-विशेष, "अमिलाणि वा गज्जलाणि वा फालियाणि वा कायहाणि वा (आचा २, ५, १, ७)।

**फालिअ, फालिग, फालिह** पुं [स्फाटिक] १ रत्न-विशेष (कप्प)। २ वि. स्फटिक-रत्न का (पि २२६; उप ९८६; सुपा ८८)।

**फालिहद्द** पुं [पारिभद्र] १ फरहद का पेड़। २ देवदारु का पेड़। ३ निम्ब का पेड़ (१; २३२)।

**फास** सक [स्पृश्, स्पर्शय्] १ स्पर्श करना, छूना। २ पालन करना। फासइ, फासेइ (हे ४, १८२; भग)। कर्म. फासिज्जइ (कुमा)। वकृ. **फासंत, फासयंत** (पंचा १०, ३५ पण्ह २, ३—पत्र १२३)। कवकृ. **फासाइज्जमाण** (भग—अ°)। संकृ. **फासइत्ता, फासित्ता** (उत्त २९, १; सुख २९, १; कप्प; भग)।

**फास** पुंन [स्पर्श] १ स्पर्श, छूना (भग; आसू १०४)। २ ग्रह-विशेष, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। ३ दुःख-विशेष, "एयाइं फासाइं फुसंति बालं" (सूअ १, ५, २, २२)। ४ शब्द आदि विषय (उत्त ४, ११)। ५ स्पर्श इन्द्रिय, त्वचा (भग)। ६ रोग। ७ ग्रहण। ८ युद्ध, लड़ाई। ९ गुप्त चर, जासूस। १० वायु, पवन। ११ दान। १२ 'क' से लेकर 'म' तक के अक्षर। १३ वि. स्पर्श करनेवाला (हे २, ९२)। °**कीव** पुं [°क्लीब] क्लीब का एक भेद (निचू ४)। °**णाम, °नाम** न [°नामन्] कर्म-विशेष, कर्कश आदि स्पर्श का कारणभूत कर्म (राज; सम ६७)। °**मंत** वि [°मत्] स्पर्शवाला (ठा ५, ३; भग)। °**मय** वि [°मय] स्पर्श-मय, स्पर्श से निर्वृत्त; 'फासामयाओ सोक्खाओ' (ठा १०)।

**फासग** वि [स्पर्शक] स्पर्श करनेवाला (अज्झ १०४)।

**फासण** न [स्पर्शन] १ स्पर्श-क्रिया (श्रा १६)। २ स्पर्शेन्द्रिय, त्वचा (पव ६७)।

**फासणया, फासणा** स्त्री [स्पर्शना] १ स्पर्श-क्रिया (ठा ६; स १५९; जीवस १८१)। २ प्राप्ति (राज)।

**फासिअ** वि [स्पृष्ट] १ छुआ हुआ (नव ४१; विसे २७८३)। २ प्राप्त; 'उचिए काले विहिणा पत्तं जं फासियं तयं भणियं' (पव ४)।

**फासिअ** वि [स्पर्शिक] स्पर्श करनेवाला (विसे १००१)।

**फासिअ** वि [स्पर्शित] १ स्पर्श-युक्त, स्पृष्ट। २ प्राप्त (पव ४—गाथा २१२)।

**फासिंदिय** न [स्पर्शेन्द्रिय] त्वगिन्द्रिय (भग; णाया १, १७)।

**फासु, फासुअ, फासुग** वि [प्रासु, °क] अचेतन, जीव-रहित, निर्जीव, अचित्त वस्तु (भग; पंचा १०, ६; औप; उवा; णाया १, ५; पउम ८२, ५)।

**फिक्कर** अक [फित् + कृ] प्रेत—पिशाच का चिल्लाना; 'तह फिक्करंति पेया' (सुपा ४९२)।

**फिक्कि** पुंस्त्री [दे] हर्ष, खुशी (दे ६, ८३)।

**फिज** न [दे. स्फिच्] नितम्ब, चूतर, जंघा का उपरि-भाग (सुख ८, १३)।

**फिट्ट** अक [भ्रंश्] १ नीचे गिरना। २ टूटना, भाँगना। ३ ध्वस्त होना। ४ पलायन करना, भागना। फिट्टइ (हे ४, १७७; प्राकृ ७६; गा १८३; चेइय ५८७), फिट्टई (उत्त २०, ३०), फिट्टंति (सिरि १२९३)। भवि. **फिट्टिहिइ, फिट्टिहिसि** (कुप्र १६५; गा ७६८)।

**फिट्ट** वि [भ्रष्ट] विनष्ट; 'पाणिएण तरह विव्व न फिट्टा' (गा ९३; भवि)।

**फिट्टा** स्त्री [दे] १ मार्ग, रास्ता; 'ता फिट्टाए मिलियं कुट्टियनरपेडियं एगं' (सिरि २९९)। २ प्रणाम-विशेष, मार्ग में किया जाता प्रणाम (गुभा १)। °**मित्त** पुंन [°मित्र] मार्ग में मिलने पर प्रणाम करने तक की अवधिवाली मित्रतावाला (सुपा १८९)।

**फिड** देखो फिट्ट। फिडइ (हे ४, १७७)।

**फिडिअ** वि [भ्रष्ट, स्फिटित] १ भ्रंश-प्राप्त, नष्ट, च्युत (ओघ ७, १११; ११२; से ४, ५४; ६४)। २ अतिक्रान्त, उल्लंघित (ओघभा १७४; औप)।

**फिड्डु** वि [दे] वामन (दे ६, ८४)।

**फिप्प** वि [दे] कृत्रिम, बनावटी (दे ६, ८३)।

**फिप्फिस** न [दे] अन्त्र—आँत स्थित मांस-विशेष, फेफड़ा (सूअनि ७२; पण्ह १, १)।

**फिर** सक [गम्] फिरना, चलना। वकृ. **फिरंत** (धर्मवि ८१)।

Jain Education International

For Personal & Private Use Only

www.jainelibrary.org

**फिरक्क** पुंन [दे] खाली गाड़ी, भार ढोनेवाली खाली गाड़ी; 'समचित्ता दुवि वसहा सगडं कड्ढंति उवलभरियंपि। अदुवि विभिन्नचित्ता फिरक्कजुत्तावि तम्मंति' (सुपा ४२४)।

**फिरिय** वि [गत] गया हुआ,
'गोधणतालएहेउं पुरिसा इह केवि अग्गओ फिरिया।
जं सुम्मइ आसन्नो सुन्नेवि हु एस संखरवो'
(धर्मवि १३६)।

**फिलिअ** देखो **फिडिअ** (से ८, ६८)।

**फिल्लुस** अक [दे] फिसलना, खिसकना, गिरना। वकृ. 'सेवालियभूमितले फिल्लुसमाणा य थामथामम्मि' (सुर २, १०५)। देखो **फेल्लुस**।

**फीअ** देखो **फाय** (सूम्र २, ७, १)।

**फीणिया** स्त्री [दे] एक जात की मीठाई, गुजराती में 'फेणी'; (सम्मत्त ५७)।

**फुंका** स्त्री [दे] फूँक, मुँह से हवा निकालना (मोह ६७)।

**फुंकार** पुं [फुङ्कार] फुफकार, कुपित सर्प आदि की आवाज (सुर २, २३७)।

**फुंटा** स्त्री [दे] केश-बन्ध (दे ६, ८४)।

**फुंद** देखो **फंद** = स्पन्द। फुंदइ (से १५, ७७)।

**फुंफमा**, **फुंफुआ**, **फुंफुगा** स्त्री [दे] करीषाग्नि, वनकण्डे की आग (पाअ; दे ६, ८४; तंदु ४५; जीव २; बृह १; कम्म १, २२)।

**फुंफुमा** स्त्री [दे] १ करीषाग्नि, 'अहवा डज्झउ निहुयं निद्धूमं फुंफुम व्व चिरमेसो' (उप ७२८ टी)। २ कचवर-वह्नि, कूड़ा-करकट की आग (सुख १, ८)।

**फुंफुल**, **फुंफुल्ल** सक [दे] १ उत्पाटन करना। २ कहना। फुंफुल्लइ (हे ४, १७४)।

**फुंस** सक [मृज्, प्र + उञ्छ्] पोंछना; साफ करना। फुंसदि (प्राकृ ६३)।

**फुंसण** देखो **फासण** (उप पृ ३४)।

**फुक्क** अक [फूत् + कृ] १ फुफकारना, फूँ फूँ आवाज करना। २ सक. मुँह से हवा निकालना, फूँकना। फुक्कइ (पिंग)। वकृ. **फुक्कंत** (गा १७६), **फुक्किज्जंत** (अ) (हे ४, ४२२)।

**फुक्का** स्त्री [दे] १ मिथ्या (दे ६, ८३)। २ फूँक (कुप्र १५०)।

**फुक्कार** पुं [फूत्कार] फुफकार, फूँ फूँ की आवाज (कुप्र ५८; सण)।

**फुक्किय** वि [फूत्कृत] फुफकारा हुआ (आव ४)।

**फुक्की** स्त्री [दे] रजकी, धोबिन (दे ६, ८४)।

**फुग्गा** स्त्रीन [दे. स्फिच्] शरीर का अवयव-विशेष, कटि-प्रोथ (सुअनि ७६)।

**फुग्गफुग्ग** वि [दे] विकीर्ण रोमवाला, परस्पर असंबद्ध—बिखरे हुए केशवाला; 'तस्स भुमगाओ फुग्गफुग्गाओ' (उवा)।

**फुट**, **फुट्ट** अक [स्फुट्, भ्रंश्] १ विकसना, खीलना। २ प्रकट होना। ३ फूटना, फटना, टूटना। ४ नष्ट होना। फुटइ, फुट्टई, फुट्टेइ, फुट्टउ (संक्षि ३६; प्राकृ ६६; हे ४, १७७; २३१; उव; भवि; पिंग; गा २२८)। भवि. 'फुट्टिस्सइ बोहित्थं महिलाजणकहियमंतं वा' (धर्मवि १३), फुट्टिहिइ (पि ५२६)। वकृ. **फुट्टंत**, **फुट्टमाण** (पराह १, ३; गा २०४; सुर ४, १५१; णाया १, १—पत्र ३६)।

**फुट्ट** वि [स्फुटित, भ्रष्ट] १ फूटा हुआ, टूटा हुआ, विदीर्ण (उप ७२८ टी; सम्मत्त १४५; सुर २, ६०; ३, २४३; १३; २१०)। २ भ्रष्ट, पतित (कुमा)। ३ विनष्ट; 'फुट्टहडाहडसीसं' (णाया १, १६; विपा १, १)।

**फुट्टण** न [स्फुटन] १ फूटना, टूटना (कुप्र ४१७)। २ वि. फूटनेवाला, विदीर्ण होनेवाला (हे ४, ४२२)।

**फुट्टिअ** वि [स्फुटित] विदारित, 'फुट्टिअमोहो' (कुमा ७, ६४)।

**फुट्टिर** वि [स्फुटितृ] फूटनेवाला (सण)।

**फुट्ठ** देखो **पुट्ठ** = स्पृष्ट (पि ३११)।

**फुड** देखो **फुट्ट** = स्फुट्, भ्रंश्। फुडइ (हे ४, १७७; २३१; प्राकृ ६६); 'फुडंति सव्वंगसंधीओ' (उप ७२८ टी)। वकृ. **फुडमाण** (सुर ३, २४३)।

**फुड** देखो **पुट्ठ** = स्पृष्ट (पराण ३६; ठा ७—पत्र ३८३; जीवस २००; भग)।

**फुड** वि [स्फुट] स्पष्ट, व्यक्त, साफ, विशद (पाअ; हे ४, २५८; उवा)।

**फुडण** न [स्फुटन] टूटना, खण्डित होना (पराह १, १—पत्र २३)।

**फुडा** स्त्री [स्फुटा] अतिकाय-नामक महोरगेन्द्र की एक पटरानी, इन्द्राणी-विशेष (ठा ४, १; इक)।

**फुडा** स्त्री [फटा] साँप की फन, 'उक्कडफुडकुडिलजडिलकक्कसवियडफुडाडोवकरणदच्छं' (उवा)।

**फुडिअ** वि [स्फुटित] १ विकसित, खिला हुआ (पाअ; गा २६०)। २ फूटा हुआ, विदीर्ण (स ३८१)। ३ विकृत (पराह १, २—पत्र ४०)।

**फुडिअ** (अप) देखो **फुरिअ** (भवि)।

**फुडिआ** स्त्री [स्फोटिका] छोटा फोड़ा, फुनसी (सुपा १३८)।

**फुड्ड** देखो **फुट्ट**। फुड्डइ (षड्)।

**फुन्न** वि [दे. स्पृष्ट] छूआ हुआ (पव १५८ टी; कम्म ५, ८५ टी)।

**फुप्फुस** न [दे] उदरवर्ती अन्त्र-विशेष, फेफड़ा (सुअनि ७३; पउम २६, ५४)।

**फुम** सक [भ्रम्] भ्रमण करना। फुमइ (हे ४, १६१)। प्रयो. फुमावइ (कुमा)।

**फुम** सक [दे. फूत् + कृ] फूँक मारना, मुँह से हवा करना। फुमेज्जा (दस ४, १०)। वकृ. **फुमंत** (दस ४, १०)। प्रयो. फुमावेज्जा (दस ४, १०)।

**फुर** अक [स्फुर्] १ फरकना, हिलना। २ तड़फड़ना। ३ विकसना, खीलना। ४ प्रकाशित होना, प्रकट होना; 'फुरइ अ सीताइ तक्खणं वामच्छं' (से १५, ७६; पिंग)। वकृ. **फुरंत**, **फुरमाण** (गा १६२; सुर २, २२१; महा; पिंग; से ६, २५; १२, २६)। संकृ. **फुरित्ता** (ठा ७)।

**फुर** सक [अप + हृ] अपहरण करना, छीनना। प्रयो. फुराविति (वव ३)।

**फुर** पुं [स्फुर] शस्त्र-विशेष; 'फुरफलगावरणगहिय—' (पराह १, ३—पत्र ४६)।

**फुर** (अप) देखो **फुड** = स्फुट (पिंग)।

**फुरण** न [स्फुरण] १ फरकना, कुछ हिलना, ईषत् कम्पन; 'जं पुण अच्छिप्फुरणं मह होही भारिया तेण' (सुर १३, १२७)। २ स्फूर्ति (सुपा ६; वज्जा ३४; सम्मत्त १६१)।

फुरफुर अक [ पोस्फुराय् ] खूब काँपना, थरथराना, तड़फड़ाना। फुरफुरेज्ज (महानि १)। वकृ. फुरफुरंत, फुरफुरेंत (सुर १४, २३३; स ६६६; २५६)।

फुरिअ वि [स्फुरित] १ कम्पित, हिला हुआ, फरका हुआ, चलित (दे ६, ८४; सुर ५, २२६; गा १३७)। २ दीप्त (दे ६, ८४)।

फुरिअ वि [दे] निन्दित (दे ६, ८४)।

फुरुफुर देखो फुरफुर। वकृ. फुरुफुरंत, फुरुफुरेंत (पराह १, ३; पिंड ५६०; सुर ७, २३१; णाया १, ८—पत्र १३३)।

फुल देखो फुड = स्फुट्। फुलइ (नाट)। फुले (अप) (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुर = स्फुर्। फुला (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुड = स्फुट (पिंग)।

फुल (अप) देखो फुल्ल = फुल्ल (पिंग)।

फुलिअ देखो फुडिअ = स्फुटित (से ५, ३०)।

फुलिअ (अप) देखो फुल्लिअ (पिंग)।

फुलिंग पुं [स्फुलिङ्ग] अग्नि-कण (णाया १, १; दे ६, १३५; महा)।

फुल्ल अक [ फुल्ल् ] फूलना, पुष्प-युक्त होना, विकसना। फुल्लइ, फुल्लए, फुल्लेइ (रंभा; सम्मत्त १४०), फुल्लंति (हे २, २६)। भवि. फुल्लिहिसि (गा ८०२)।

फुल्ल देखो कम = क्रम्। फुल्लइ (धात्वा १४६)।

फुल्ल न [फुल्ल] १ फूल, पुष्प (कुमा; धर्मवि २०; सम्मत्त १४३; दसनि १)। २ फूला हुआ, पुष्पित (भग; णाया १, १—पत्र १८; कुमा)। °मालिया स्त्री [°मालिका] फूल बेचनेवाली, मालाकार की स्त्री, मालिन (सुर ३, ७४)। °वल्लि स्त्री [°वल्लि] पुष्प-प्रधान लता (णाया १, १)।

फुल्लंधय पुं [फुल्लन्धय, पुष्पन्धय] भ्रमर, भँवरा (उप ६८६ टी)।

फुल्लंधुअ पुं [दे] भ्रमर, भौंरा (दे, ६, ८५; पाअ; कुमा)।

फुल्लग न [फुल्लक] पुष्प की आकृतिवाला ललाट का आभूषण (औप)।

फुल्लण न [फुल्लन] विकास (वज्जा १५२)।

फुल्लया स्त्री [फुल्ला, पुष्पा] वल्ली-विशेष, पुष्पाह्वा, शतपुष्पा, सोया का गाछ; 'दहफुल्लय-कोमलिमा (? मो)गली य तह अक्कबोंदीया' (पराह १—पत्र ३३)।

फुल्लवड न [दे] पुष्प-विशेष, मदिरा-वासक फूल (कुप्र ४५३)।

फुल्लविय } वि [फुल्लित] फुलाया हुआ
फुल्लाविय } (सम्मत्त १४०; विक्र २३)।

फुल्लिअ वि [फुल्लित] पुष्पित, विकसित (अंत १२; स ३०३; सम्मत्त १४०; २२७)।

फुल्लिम पुंस्त्री [फुल्लता] विकास, फूलना;

> 'अच्छउ ता फलकाले फुल्लिमसमए
> वि कालिमा वयणे।
> इय कलिउं व पलासो जत्तो
> पत्तेहिं किविग्गो व्व'
> (सुर ३, ४४)।

फुल्लिर वि [फुल्लित्] फूलनेवाला, प्रफुल्ल; 'हिययम्मि दरणचंदणफुल्लिरफुल्लेहिं' (सम्मत्त २१४)।

फुस सक [ भ्रम् ] भ्रमण करना। फुसइ (हे ४, १६१)।

फुस सक [ मृज् ] मार्जन करना, पोंछना, साफ करना। फुसइ (हे ४, १०५; भवि)। कर्म. फुसिज्जइ, फुसिज्जउ (कुमा; सुपा १२४)। वकृ. फुसंत, फुसमाण (भवि; कुप्र २८५)। संकृ. फुसिऊण (महा)।

फुस सक [ स्पृश् ] स्पर्श करना, छूना। फुसइ (भग; औप; उत्त २, ६), फुसंति (विसे २०२३), फुसंतु (भग)। वकृ. फुसंत, फुसमाण (ओघ ३८६; भग)। संकृ. फुसिअ, फुसित्ता, फुसित्ताणं (पंच २, ३८; भग; औप; पि ५८३)। कृ. फुस्स (ठा ३, २)।

फुसण न [स्पर्शन] स्पर्श-क्रिया (भग; सुपा ५)।

फुसणा स्त्री [स्पर्शना] ऊपर देखो (विसे ४३२; नव ३२)।

फुसिअ देखो फुस = स्पृश्।

फुसिअ वि [स्पृष्ट] छुआ हुआ (जीवस १६६)।

फुसिअ वि [मृष्ट] पोंछा हुआ (उप पृ ३४५ सुपा २११; कुप्र २३१)।

फुसिअ पुंन [पृषत] १ बिन्दु, बुन्द, बूँद (आचा; कप्प)। २ बिन्दु-पात (सम ६०)।

फुसिअ वि [भ्रमित] घुमाया हुआ (कुमा ७, ४)।

फुसिआ स्त्री [दे] वल्ली विशेष, 'सेसविदुगोत्तफुसिया' (पराण १—पत्र ३३)।

फुस्स देखो फुस = स्पृश्।

फूअ पुं [दे] लोहकार, लोहार (दे ६, ८५)।

फूम देखो फुम। वकृ. फूमंत (राज)।

फूमिअ वि [फूत्कृत] फूँका हुआ (उप पृ १४१)।

फूल देखो फुल्ल = फुल्ल; 'फलफूलछल्लिकट्ठा मूलगपत्ताणि बीयाणि' (जी १३)।

फेक्कार पुं [फेत्कार] १ शृगाल की आवाज (सुर ६, २०४)। २ आवाज, चिल्लाहट (कप्पू)।

फेक्कारिय न [फेत्कारित] ऊपर देखो (स ३७०)।

फेड सक [ स्फेटय् ] १ विनाश करना। २ दूर हटाना। ३ परित्याग करना। ४ उद्घाटन करना। फेडइ, फेडेइ; फेडंति (उव; हे ४, ३५८; संबोध ५४; स ४१४)। कर्म. फेडिज्जइ (भवि)।

फेडण न [स्फेटन] १ विनाश। २ अपनयन (पव १३५)।

फेडणया स्त्री [स्फेटना] ऊपर देखो (पिंड ३८७)।

फेडावणिय न [दे] विवाह-समय की एक रीति, वधू को प्रथम बार लजा-परिहार के वक्त दिया जाता उपहार (स ७८)।

फेडिअ वि [स्फेटित] १ नष्ट किया हुआ, विनाशित (पउम ३६, २२)। २ त्याजित (सिरि ६५५)। ३ अपनीत (ओघभा ४२)। ४ उद्घाटित (स ७८)।

फेण पुं [फेण, फेन] फेण, झाग, जल-मल, पानी आदि के ऊपर का बुद्बुदाकार पदार्थ (पाअ; णाया १, १—पत्र ६२; कप्प)। °मालिणी स्त्री [°मालिनी] नदी-विशेष (ठा २, ३; इक)।

फेणबंध } पुं [दे] वरुण (दे ६, ८५)।
फेणवड }

फेणाय अक [ फेणाय्, फेनाय् ] फेण—फेन का वमन करना, झाग निकालना। वकृ. फेणायमाण (प्रयौ ७४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**फेप्फस** } न [दे] देखो फिप्फिस,
**फेफस** } फुप्फुस (राज; तंदु ३६)।

**फेरण** न [दे] फेरना, घुमाना; 'मुंफणफेरण-सुंकारएहिं' (सुर २, ८)।

**फेल** सक [ क्षिप् ] १ फेंकना। २ दूर करना। फेलदि (शौ) (नाट)। संकृ. फेलिअ (नाट)।

**फेला** स्त्री [दे] भूँठन-भाँठन, जूठन, भोजन से बचा-खुचा, उच्छिष्ट;

'तस्स य अणुकंपाए देवी
दासी य तम्मि कूवम्मि।
निच्चं खिवंति फेलं तीए
सो जियइ सुण्णव्व।'
'दुग्गंधकूववासो गब्भो,
जणणीइ चावियरसेहिं।
जं गब्भपोसणं पुण तं फेलाहारसंकासं।'
(धर्मवि १४६)।

**फेलाया** स्त्री [दे] मातुलानी, मामी (दे ६, ८५)।

**फेल्ल** पुं [दे] दरिद्र, निर्धन (दे ६, ८५)।

**फेल्लुस** सक [दे] फिसलना, खिसकना, खिसककर गिरना। फेल्लुसइ (दे ६, ८६)। संकृ. फेल्लुसिऊण (दे ६, ८६; स ३५५)।

**फेल्लुसण** न [दे] १ फिसलन, पतन। २ पिच्छिल जमीन, वह जगह जहाँ पाँव फिसल पड़े (दे ६, ८६)।

**फेल्हसण** देखो **फेल्लुसण** (वव ४ टी)।

**फेस** पुं [दे] १ त्रास, डर। २ सद्भाव (दे ६, ८७)।

**फोअ** पुं [दे] उद्गम (दे ६, ८६)।

**फोइअय** वि [दे] १ मुक्त। २ विस्तारित (दे ६, ८७)।

**फोंफा** स्त्री [दे] डराने की आवाज, भयोत्पादक शब्द (दे ६, ८६)।

**फोड** सक [ स्फोटय् ] १ फोड़ना, विदारण करना। २ राई आदि से शाक आदि को बघारना। फोडेज (कुप्र ६७)। वकृ. फोडंत, फोडेमाण (सुपा २०१; ५६३; औप)।

**फोड** पुं [स्फोट] १ फोड़ा, व्रण-विशेष (ठा १०—पत्र ५२०)। २ वर्ण-विशेष, शब्द-भेद (राज)। ३ वि. भक्षक; 'बहुफोडो' (ओघभा १६१)।

**फोडअ** (शौ) पुं [स्फोटक] ऊपर देखो (प्राकृ ८६)।

**फोडण** न [स्फोटन] १ विदारण (पव ६ टी; गउड)। २ राई आदि से शाक आदि को बघारना (पिंड २५०)। ३ राई आदि संस्कारक पदार्थ (पिंड २५५)। ४ वि. फोड़नेवाला, विदारण करनेवाला; 'कायर-जणहियफोडणं' (णाया १, ८); 'अम्हं मअणसराहअहिअअव्वणफोडणं णीअं' (गा ३८१)।

**फोडय** देखो **फोडअ** (पउम ६३, २६)।

**फोडाव** सक [ स्फोटय् ] १ फोड़वाना। तोड़वाना। २ खुलवाना। संकृ. फोडाविऊण (स ४६०)।

**फोडाविअ** वि [स्फोटित] १ तोड़वाया हुआ। २ खुलवाया हुआ; 'फोडाविया संपुडा' (स ४६०)।

**फोडि** स्त्री [स्फोटि] विदारण, भेदन; 'भाडी-फोडीसु वजए कम्मं' (पडि)। °कम्म न [°कर्मन्] १ जमीन आदि का विदारण करने का काम, हल आदि से भूमि-दारण, कूप, तड़ाग आदि खोदने का काम। २ उक्त काम कर आजीविका चलाना (पडि)।

**फोडिअ** वि [स्फोटित] १ फोड़ा हुआ, विदारित (णाया १, ७; स ४७२)। २ राई आदि से बघारा हुआ (वव १)।

**फोडिअय** वि [दे. स्फोटित, °क] राई से बघारा हुआ शाकादि (दे ६, ८८)।

**फोडिअय** न [दे] रात के समय जंगल में सिंहादि से रक्षा का एक प्रकार (दे ६, ८८)।

**फोडिया** स्त्री [स्फोटिका] छोटा फोड़ा (उप ७६८ टी)।

**फोडी** स्त्री [स्फोटी, स्फौटी] देखो **फोडि** (उवा; पव ६; पडि)।

**फोप्फस** न [दे] शरीर का अवयव-विशेष, 'कालिज्जयअंतपित्तजरहिययफोप्फसफेफसपि-लिहोदर—' (तंदु ३६)।

**फोफल** न [दे] गन्ध-द्रव्य विशेष, एक प्रकार की औषधि, 'महुरविरेयणमेसो कायव्वो फोफलाइदव्वेहिं' (भत्त ४२)।

**फोफस** देखो **फोप्फस** (पण्ह १, १—पत्र ८)।

**फोरण** न [ स्फोरण ] निरन्तर प्रवर्त्तन, 'विसयम्मि अपत्तेवि हु णियसत्तिप्फोरणेण फलसिद्धी' (उवर ७४)।

**फोरविअ** वि [ स्फोरित ] निरन्तर प्रवृत्त किया हुआ, 'तेहिंपि नियनियसत्ती फोरवीया' (सम्मत्त २२७; हम्मीर १४)।

**फोस** देखो **फुस** = स्पृश्; 'सव्वं फोसंति जगं' (जीवस १६६)।

**फोस** पुं [दे] उद्गम (दे ६, ८६)।

**फोस** पुं [दे. पोस] अपान-देश, गुदा (तंदु २०)।

**फोसणा** स्त्री [स्पर्शना] स्पर्श-क्रिया (जीवस १६६)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवे फआराइसद्दसंकलणो
अट्ठावीसइमो तरंगो समत्तो ॥

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

# ब

**ब** पुं [ब] ओष्ठ-स्थानीय व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप)।

**बअर** (शौ) न [बदर] १ फल-विशेष, बेर। २ कपास का बीज (प्राकृ ८३)।

**बइट्ठ** (अप) वि [उपविष्ट] बैठा हुआ (हे ४, ४४४; भवि)।

**बइल्ल** पुं [दे] बैल, बरध, वृषभ (दे ६, ९१; गा २३८; प्राकृ ३८; हे २, १७४; धर्मवि ३; श्रावक २५८ टी; श्रु १५३; प्रासू ५५; कुप्र २७१; ती १५; वै ६; कप्पू)।

**बइस** (अप) अक [ उप + विश् ] बैठना; गुजराती में 'बेसवु'। बइसइ (भवि)।

**बइसणय** (अप) न [उपवेशनक] आसन (ती ७)।

**बइसार** (अप) सक [उप + वेशय्] बैठाना। बइसारइ (भवि)।

**बइस्स** देखो **वइस्स** (पि ३००)।

**बईस** (अप) देखो **बइस**। बईसइ (भवि)।

**बईस** (अप) न [उपवेश] बैठ, बैठन, बैठना; 'तोवि गोट्ठडा कराविआ मुद्धए उट्ठ-बईस' (हे ४, ४२३)।

**बउणी** स्त्री [ दे ] कार्पासी, कर्पास-वल्ली (दे ३, ५७)।

**बउल** पुं [बकुल] १ वृक्ष-विशेष, मौलसरी का पेड़ (सम १५२; पाअ; गाया १, ९)। २ बकुल का पुष्प (से १, ५६)। °**सिरी** स्त्री [°श्री] १ बकुल का पेड़। २ बकुल का पुष्प (श्रा १२)।

**बउस** पुं [बकुश] १ अनार्य देश-विशेष। २ पुंस्त्री. उस देश का निवासी (पराह १, १—पत्र १४)। स्त्री. °सी (गाया १, १—पत्र ३७)। ३ वि. शबल, चितकबरा। ४ मलिन चरित्रवाला, शरीर के उपकरण और विभूषा आदि से संयम को मलिन करनेवाला (ठा ३, २; ५, ३; सुख ६, १), स्त्री. 'तए णं सा सूमालिया अज्जा सरीरबउसा जाया यावि होत्था' (गाया १, १६)। ४ पुंन. मलिन संयम, शिथिल चारित्र-विशेष (सुख ६, १)।

**बउहारी** स्त्री [दे] बुहारी, संमार्जनी, झाड़ू (दे ६, ९७)।

मसारगल्ल पुं [मसारगल्ल] एक रत्न-जाति (णाया १, १—पत्र ३१; कप्प; उत्त ३६, ७६; इक)।

मसि स्त्री [मसि] १ काजल, कज्जल (कप्पू)। २ स्याही, सियाही (सुर २, ५)।

मसिहार पुं [मसिहार] क्षत्रिय-परिव्राजक विशेष (औप)।

मसिण देखो मसण (हे १, १३०; कुमा; औप; से १, ४५; ५, ६४)।

मसिज वि [दे] रम्य, सुन्दर (दे ६, ११८)।

मसिणिअ वि [मसृणित] १ मृष्ट, शुद्ध किया हुआ, मार्जित; 'रोसिणिअं मसिणिअं' (पाअ)। २ स्निग्ध किया हुआ (से ६, ६)। ३ विलुलित, विमर्दित (से १, ५५)।

मसी देखो मसि (उवा)।

मसूर } पुंन [मसूर, °क] १ धान्य-विशेष,
मसूरग } मसूरि (ठा ४, ३; सम १४९; पिंड
मसूरय } ६२३)। २ उच्छीर्षक, ओसीसा (सुर २, ८३; कप्प)। ३ वस्त्र या चर्म का वृत्ताकार आसन (पव ८४)।

मस्सु देखो मंसु (संक्षि १२; पि ३१२)।

मस्सूरग देखो मसूरग; 'मस्सूरए य भिबुगे' (जीवस ५२)।

मह सक [काङ्क्ष्] चाहना, वाञ्छना। महइ (हे ४, १९२; कुमा; सण)।

मह सक [मथ्] १ मथना, विलोड़न करना। २ मारना। महेज्जा (उवा)।

मह सक [मह्] पूजना। महइ (कुमा), महेइ (सिरि ५६६)। संकृ. महिअ (कुमा)। कृ. महणिज्ज (उप पृ १२६)।

मह पुंन [मह] उत्सव (विपा १, १—पत्र ५; रंभा; पाअ; सण)।

मह पुं [मख] यज्ञ (चंड; गउड)।

मह वि [महत्] १ बड़ा, वृद्ध। २ विपुल, विस्तीर्ण। ३ उत्तम, श्रेष्ठ; 'एगं महं सत्तुस्सेहं' (णाया १, १—पत्र १३; काल; जी ७; हे १, ५)। स्त्री. °ई (उव; महा)। °एवी स्त्री [°देवी] पटरानी (भवि)। °कंतजस पुं [°कान्तयशस्] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)। °कमलंग न [°कमलाङ्ग] संख्या-विशेष, ८४ लाख कमल की संख्या (जो २)। °कव्व न [°काव्य] सर्ग-बद्ध उत्तम काव्य-ग्रंथ (भवि)। °काल देखो महा-काल (देवेन्द्र २४)। °गइ पुं [°गति] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंकेश (पउम ५, २६५)। °ग्गह देखो महा-गह (सम ६३)। °ग्घ वि [°अर्घ] महा-मूल्य, कीमती (सुर ३, १०३; सुपा ३७)। °ग्घविअ वि [°अर्घित] १ महँगा, दुर्लभ (से १४, ३७)। २ विभूषित; 'विमलंगोवंगगुणमहग्घविया' (सुपा १, ६०)। ३ सम्मानित; 'अच्चियवंदियपूइय-सक्कारियपणमिओ महग्घविओ' (उव)। °ग्घिम (अप) वि [°अर्घित] बहु-मूल्य, महँगा (भवि)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ राजकुमार-विशेष (विपा २, ५; ९)। २ एक राजा (विपा १, ४)। °च्च वि [°अर्च] १ बड़ा ऐश्वर्यवाला। २ बड़ी पूजा—सत्कार-वाला (ठा ३, १—पत्र ११७; भग)। °च्च वि [°अर्च्य] अति पूज्य (ठा ३, १; भग)। °च्छरिय न [°आश्चर्य] बड़ा आश्चर्य (सुर १०, ११८)। °जक्ख पुं [°यक्ष] भगवान् अजितनाथ का शासना-धिष्ठायक देव (पव २६; संति ७)। °जाला स्त्री [°ज्वाला] विद्यादेवी-विशेष (संति ६)। °ज्जुइय वि [°द्युतिक] महान् तेजवाला (भग; औप)। °ड्ढि स्त्री [°ऋद्धि] महान् वैभव (राय)। °ड्ढिय, °ड्ढीअ वि [°ऋद्धिक] विपुल वैभववाला (भग; ओघभा १०)। °ण्णव पुं [°अर्णव] महा-सागर (सुपा ४१७; हे १, २६९)। °ण्णवा स्त्री [°अर्णवा] १ बड़ी नदी। २ समुद्र-गामिनी (कस ४, २७ टि; बृह ४)। °तुडियंग न [°त्रुटिताङ्ग] ८४ लाख त्रुटित की संख्या (जो २)। °त्तण न [°त्व] बड़ाई, महत्ता (श्रा २७)। °त्तर वि [°तर] १ बहुत बड़ा (स्वप्न २८)। २ मुखिया, नायक, प्रधान (कप्प; औप; विपा १, ८)। ३ अन्तःपुर का रक्षक (औप)। स्त्री. °रिया, °री (ठा ४, १—पत्र १९८; इक)। °त्थ वि [°अर्थ] महान् अर्थवाला (णाया १, ८; श्रा २७)। °त्थ न [°अस्त्र] अस्त्र-विशेष, बड़ा हथियार (पउम ७१, ६७)। °त्थिम पुंस्त्री [°र्थत्व] महार्थता (भवि)। °दलिल्ल वि [°दलिल] बड़ा दलवाला (प्रासू १२३)। °द्दह पुं [°ह्रद] बड़ा ह्रद (णाया १, १—पत्र ६४; गा १८६ अ)। °द्दि स्त्री [°अद्रि] १ बड़ी याचना। २ परिग्रह (पण्ह १, ५—पत्र ९२)। °द्दुम पुं [°द्रुम] १ महान् वृक्ष (हे ४, ४४५)। २ वैरोचन इन्द्र के एक पदाति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२)। °द्धि वि [°ऋद्धि] बड़ी ऋद्धिवाला (कुमा)। °धूम पुं [°धूम] बड़ा धुआँ (महा)। °न्नव देखो °ण्णव (श्रा २८)। °पाण न [°प्राण] ध्यान-विशेष (सिरि १३३०)। °पुंडरीअ पुं [°पुण्डरीक] ग्रह-विशेष

(हे २, १२०)। °प्प पुं [°आत्मन्] महान् आत्मा, महा-पुरुष (पउम ११८, १२१)। °प्फल वि [°फल] महान् फलवाला (सुपा ६२१)। °बाहु पुं [°बाहु] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६५)। °बोह पुं [°अबोध] महा-सागर,

'इय वुत्तंतं सोउं रयणा
निव्वासिया तहा सुगया।
महबोहे जंतूणं जह
पुणरवि नागया तत्थ'
(सम्मत्त १२०)।

°ब्बल पुं [°बल] १ एक राज-कुमार (विपा २, ७; भग ११, ११; अंत)। २ वि. विपुल बलवाला (भग; औप)। देखो महा-बल। °ब्भय वि [°भय] महाभय-जनक (पएह १, १)। °ब्भूय न [°भूत] पृथिवी आदि पाँच द्रव्य (सूअ २, १, २२)। °मरुय पुं [°मरुत्] एक महर्षि, अन्तकृद् मुनि-विशेष (अंत २५)। °मास पुं [°अश्व] महान् अश्व (औप)। °यर देखो °त्तर (णाया १, १—पत्र ३७)। °रव पुं [°रव] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६६)। °रिसि पुं [°ऋषि] महर्षि, महा-मुनि (उव; रयण ३७)। °रिह वि [°अर्ह] बड़े के योग्य, बहु-मूल्य, कीमती (विपा १, ३; औप; पि १४०)। °वाय पुं [°वात] महान् पवन (ओघ ३८७)। °व्वइय वि [°व्रतिक] महाव्रतवाला (सुपा ४७४)। °व्वय पुंन [°व्रत] महान् व्रत; 'महव्वया पंच हुंति इमे' (पउम ११, २३), 'सेसा महव्वया ते उत्तरगुणसंजुयावि न हु सम्मं' (सिक्खा ४८; भग; उव)। °व्वय पुं [°व्यय] विपुल खर्च (उप पृ १०८)। °सलाग स्त्री [°शलाका] पल्य-विशेष, एक प्रकार की नाप (जीवस १३६)। °सिव पुं [°शिव] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता (सम १५२)। °सुक्क देखो महा-सुक्क (देवेन्द्र १३५)। °सेण पुं [°सेन] १ आठवें जिनदेव का पिता (सम १५०)। २ एक राजा (महा)। ३ एक यादव (उप ६४८ टी)। ४ न. वन-विशेष (विसे १४८४)। देखो महा-सेण। देखो महा°।

महअर पुं [दे] गह्वर-पति, निकुञ्ज का मालिक (दे ६, १२३)।

महइ° अ [महाति] १ अति बड़ा। २ अत्यन्त विपुल। °जड वि [°जट] अति बड़ी जटा-वाला (पउम ५८, १२)। °महाइंदइ पुं [°महेन्द्रजित्] इक्ष्वाकु-वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ६)। °महापुरिस पुं [°महापुरुष] १ सर्वोत्तम पुरुष, सर्व-श्रेष्ठ पुरुष। २ जिनदेव, जिन भगवान् (पउम १, १८)। °महालय वि [°महत्] अत्यन्त बड़ा; 'महइमहालयंसि संसारंसि' (उवा; सम ७२)। स्त्री. °लिया (भग; उवा)।

महई देखो मह = महत्।

महंग पुं [दे] उष्ट्र, ऊँट (दे ६, ११७)।

महंत देखो मह = महत् (आचा; औप; कुमा)।

महच्च न [माहत्य] १ महत्त्व। २ महत्त्ववाला (ठा ३, १ —पत्र ११७)।

महण न [दे] पिता का घर (दे ६, ११४)।

महण न [मथन] १ विलोडन (से १, ४६; वज्जा ८)। २ घर्षण (कुप्र १४८)। ३ वि. मारनेवाला; 'दरितनागदप्पमहणा' (पएह १, ४)। ४ विनाश करनेवाला; 'नाणं च चरणं च भवमहणं' (संबोध ३५; सुर ७, २२५)। स्त्री. °णी (श्रा ४६)।

महण पुं [महन] राक्षस वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)।

महणिज्ज देखो मह = मह्।

महति° देखो महइ° (ठा ३, ४; णाया १, १; औप)।

महती स्त्री [महती] वीणा-विशेष, सौ ताँत-वाली वीणा (राय ४६)।

महत्थार न [दे] १ भाएड, भाजन। २ भोजन (दे ६, १२५)।

महप्पुर पुं [दे] माहात्म्य, प्रभाव; 'तुह मुहचंदपहाए फरिसाए महप्पुरो एसो' (रंभा ४३)।

महमह देखो मघमघ। महमहइ (हे ४, ७८; षड्; गा ४६७), महमहेइ (उव)। वकृ. महमहंत (कप्र ६१७)। संकृ. महमहिअ (कुमा)।

महमहिअ वि [प्रसृत] १ फैला हुआ (हे १, १४६; वज्जा १५०)। २ सुरभित (रंभा)।

महम्मह देखो महमह; 'जिमलोअसिरी महम्म-हइ' (गा ६०४)।

महया° देखो महा°; 'महयाहिमवंतमहंतमलय-मंदरमहिंदसारे' (णाया १, १ टी—पत्र ६, औप; विपा १, १; भग)।

महर वि [दे] असमर्थ, अशक्त (दे ६, ११३)।

महलयपक्ख देखो महालवक्ख (षड्—पृष्ठ १७६)।

महल्ल वि [दे. महत्] १ वृद्ध, बड़ा (दे ६, १४३; उवा; गउड; सुर १, ५४; पंचा ५, १६; संबोध ४७; ओघ १३६; प्रासू १४६; जय १२; सुपा ११७)। २ पृथुल, विशाल, विस्तीर्ण (दे ६, १४३; प्रवि १०; स ६६२; भवि)। स्त्री. °ल्लिया (औप; सुपा ११६; ५८७)।

महल्ल वि [दे] १ मुखर, वाचाट, बकवादी (दे ६, १४३; षड्)। २ पुं. जलधि, समुद्र (दे ६, १४३)। ३ समूह, निवह (दे ६, १४३; सुर १, ५४)।

महल्लिर देखो महल्ल; 'हरिनहकढिणमहल्लिर-पयनहरपरंपराए विकरालो' (सुपा ११)।

महव देखो मघव (कुमा; भवि)।

महा स्त्री [मघा] नक्षत्र-विशेष (सम १२; सुज्ज १०, ५; इक)।

महा° देखो मह = महत् (उवा)। °अडड न [°अटट] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाअट-टांग की संख्या (जो २)। °अडडंग न [°अटटाङ्ग] संख्या-विशेष, ८४ लाख अटट (जो २)। °आल देखो °काल (नाट—चैत ८२)। °ऊह न [°ऊह] संख्या-विशेष, ८४ लाख महाऊहांग की संख्या (जो २)। °कइ पुं [°कवि] श्रेष्ठ कवि, समर्थ कवि (गउड; चेइय ८४३; रंभा)। °कंदिय पुं [°क्रन्दित] व्यन्तर देवों की एक जाति (पएह १, ४; औप; इक)। °कच्छ पुं [°कच्छ] १ महाविदेह वर्ष का एक विजय-क्षेत्र—प्रान्त (ठा २, ३; इक)। २ देव-विशेष (जं ४)। °कच्छा स्त्री [°कच्छा] अतिकाय नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४, णाया २; इक)। °कण्ह पुं [°कृष्ण] राजा श्रेणिक का एक

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

पुत्र (निर १, १)। °कण्हा स्त्री [°कृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (श्रंत २५)। °कप्प पुं [°कल्प] १ जैन ग्रन्थ-विशेष (णंदि)। २ काल का एक परिमाण (भग १५)। °कमल न [°कमल] संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकमलांग की संख्या (जो २)। °कव्व देखो °मह-कव्व (सम्मत्त १४६)। °काय पुं [°काय] १ महोरग देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३; इक)। २ वि. महान् शरीरवाला (उवा)। °काल पुं [°काल] १ महाग्रह-विशेष, एक ग्रह-देवता (सुज्ज २०; ठा २, ३)। २ दक्षिण लवण-समुद्र के पाताल-कलश का अधिष्ठायक देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ३ एक इन्द्र, पिशाच-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ वायु-कुमार देवों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। ६ वेलम्ब इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १६८)। ७ नव निधियों में एक निधि, जो धातुओं की पूर्त्ति करता है (उप ९८६ टी; ठा ९—पत्र ४४९)। ८ सातवीं नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८)। ९ पिशाच देवों की एक जाति (राज)। १० उज्जयिनी नगरी का एक प्राचीन जैन मन्दिर (कुप्र १७४)। ११ शिव, महादेव (श्राव ६)। १२ उज्जयिनी का एक श्मशान (श्रंत)। १३ राजा श्रेणिक का एक पुत्र (निर १, १)। १४ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °काली स्त्री [°काली] १ एक विद्या-देवी (संति ५)। २ भगवान् सुमतिनाथ की शासन-देवी (संति ९)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (श्रंत २५)। °किण्हा स्त्री [°कृष्णा] एक महा-नदी (ठा ५; ३—पत्र ३५१)। °कुमुद, °कुमुय न [°कुमुद] १ एक देव-विमान (सम ३३)। २ संख्या-विशेष, चौरासी लाख महाकुमुदांग की संख्या (जो २)। °कुमुयअंग न [°कुमुदाङ्ग] संख्या, कुमुद को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °कुम्म पुं [°कूर्म] कूर्मावतार (गउड)। °कुल न [°कुल] १ श्रेष्ठ कुल (निचू ८)। २ वि. प्रशस्त कुल में उत्पन्न; 'निक्खंता जे महाकुला' (सूत्र १, ८, २४)। °गंगा स्त्री [°गङ्गा] परिमाण-विशेष (भग १५)। °गह पुं [°ग्रह] १ सूर्य आदि ज्योतिष्क (सार्ध ८७)। °गह वि [°आग्रह] आग्रही, हठी (सार्ध ८७)। °गिरि पुं [°गिरि] १ एक जैन महर्षि (उव; कप्प)। २ बड़ा पर्वत (गउड)। °गोव पुं [°गोप] १ महान् रक्षक। २ जिन भगवान् (उवा; विसे २९५९)। °घोस पुं [°घोष] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिनदेव (सम १५४)। २ एक इन्द्र, स्तनित कुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक कुलकर पुरुष (सम १५०)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २९)। ५ न. देवविमान-विशेष (सम १२; १७)। °चंद पुं [°चन्द्र] ऐरवत वर्ष के एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। °जणिअ पुं [°जनिक] श्रेष्ठी, सार्थवाह आदि नगर के गण्य-मान्य लोग (कुमा)। °जलहि पुं [°जलधि] महा-सागर (सुपा ४७४)। °जस पुं [°यशस्] १ भरत चक्रवर्ती का एक पौत्र (ठा ८—पत्र ४२९)। २ ऐरवत क्षेत्र के चतुर्थ भावी तीर्थंकर-देव (सम १५४)। ३ वि. महान् यशस्वी (उत्त १२, २३)। °जाइ स्त्री [°जाति] गुल्म-विशेष (पण्ण १)। °जाण न [°यान] १ बड़ा यान—वाहन। २ चारित्र, संयम (आचा)। ३ एक विद्याधर-नगर का नाम (इक)। ४ पुं. मोक्ष, मुक्ति (आचा)। °जुद्ध न [°युद्ध] बड़ी लड़ाई (जीव ३)। °जुम्म पुंन [°युग्म] महान् राशि (भग ३५)। °ण देखो °यण; 'गामदुआरब्भासे अगडसमीवे महाणमज्झे वा' (ओघ ६६)। °णई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (गउड; पउम ४०, १३)। °णंदियावत्त पुं [°नन्द्यावर्त्त] १ घोष नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८)। २ न. एक देवविमान (सम ३२)। °णगर देखो °नगर (राज)। °णलिण देखो °नलिण (राज)। °णील न [°नील] १ रत्न-विशेष। २ वि. अति नील वर्णवाला (जीव ३; औप)। °णीला देखो °नीला (राज)। °णुभाअ, °णुभाग वि [°अनुभाग] महानुभाव, महाशय (नाट—मालती ३६; गच्छ १, ४; भग; सिरि १६)। °णुभाव वि [°अनुभाव] वही अर्थ (सुर २, ३५; द्र ६६)। °तमपहा स्त्री [°तमःप्रभा] सप्तम नरक-पृथिवी (पव १७२)। °तमा स्त्री [°तमा] वही (चेइय ७५६)। °तीरा स्त्री [°तीरा] नदी-विशेष (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °तुडिय न [°त्रुटित] महात्रुटितांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह, संख्या-विशेष (जो २)। °दामड्ढि पुं [°दामास्थि] ईशानेन्द्र के वृषभ-सैन्य का अधिपति (इक)। °दामड्ढि पुं [°दामर्द्धि] वही अर्थ (ठा ५, १—पत्र ३०३)। °दुम देखो मह-द्दुम (इक)। २ न. एक देव-विमान (सम ३५)। °दुमसेण पुं [°द्रुमसेन] राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। °देव पुं [°देव] १ श्रेष्ठ देव, जिन-देव (पउम १०९, १२)। २ शिव, गौरी-पति (पउम १०९, १२; सम्मत्त ७६)। °देवी स्त्री [°देवी] पटरानी (कप्पू)। °धण पुं [°धन] एक वणिक् (पउम ५५, ३८)। °धणु पुं [°धनुष्] बलदेव का एक पुत्र (निर ५, ५)। °नई स्त्री [°नदी] बड़ी नदी (सम २७; कस)। °नंदिआवत्त देखो °णंदियावत्त (इक)। °नगर न [°नगर] बड़ा शहर (पण्ह २, ४)। °नय पुं [°नद] ब्रह्मपुत्रा आदि बड़ी नदी (आवम)। °नलिण न [°नलिन] १ संख्या-विशेष, महानलिनांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। २ एक देव-विमान (सम ३३)। °नलिणंग न [°नलिनाङ्ग] संख्या-विशेष, नलिन को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °निज्जामय पुं [°निर्यामक] श्रेष्ठ कर्णधार (उवा)। °निद्दा स्त्री [°निद्रा] मृत्यु, मरण (पउम ६, १९८)। °निनाद, °निनाय वि [°निनाद] प्रख्यात, प्रसिद्ध (ओघ ८६; ८९ टी)। °निसीह न [°निशीथ] एक जैन आगम-ग्रन्थ (गच्छ ३, २९)। °नीला स्त्री [°नीला] एक महानदी

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °पउम पुं [°पद्म] १ भरतक्षेत्र का भावी प्रथम तीर्थंकर (सम १५३)। २ पुंडरीकिणी नगरी का एक राजा और पीछे से राजर्षि (णाया १, १६—पत्र २४३)। ३ भारतवर्ष में उत्पन्न नववाँ चक्रवर्ती राजा (सम १५२; पउम २०, १४३)। ४ भरतक्षेत्र का भावी नववाँ चक्रवर्ती राजा (सम १५४)। ५ एक राजा (ठा ६)। ६ एक निधि (ठा ६—पत्र ४४६)। ७ एक द्रह (सम १०४; ठा २, ३—पत्र ७२)। ८ राजा श्रेणिक का एक पौत्र (निर १, १)। ६ देव-विशेष (दीव)। १० वृक्ष-विशेष (ठा २, ३)। ११ न. संख्या-विशेष; महापद्मांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। १२ एक देव-विमान (सम ३३)। °पउमअंग न [°पद्माङ्ग] संख्या-विशेष, पद्म को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °पउमा स्त्री [°पद्मा] राजा श्रेणिक की एक पुत्र-वधू (निर १, १)। °पंडिय वि [°पण्डित] श्रेष्ठ विद्वान् (रंभा)। °पट्टण न [°पत्तन] बड़ा शहर (उवा)। °पण्ण, °पन्न वि [°प्रज्ञ] श्रेष्ठ बुद्धिवाला (उप ७७३; पि २७६)। °पभ न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १३)। °पभा स्त्री [°प्रभा] एक राज्ञी (उप १०३१ टी)। °पम्ह पुं [°पक्ष्म] महाविदेह वर्ष का एक विजय—प्रान्त (ठा २, ३)। °परिण्णा, °परिन्ना स्त्री [°परिज्ञा] आचारांग सूत्र के प्रथम श्रुतस्कन्ध का सातवाँ अध्ययन (राज; आक)। °पसु पुं [°पशु] मनुष्य (गउड)। °पह पुं [°पथ] बड़ा रास्ता, राज-मार्ग (भग; पण्ह १, ३; औप)। °पाण न [°प्राण] ब्रह्मलोक-स्थित एक देव-विमान (उत्त १८, २८)। °पायाल पुं [°पाताल] बड़ा पाताल-कलश (ठा ४, २—पत्र २२६; सम ७१)। °पालि स्त्री [°पालि] १ बड़ा पल्य। २ सागरोपम-परिमित भव-स्थिति—आयु;

'अहमासि महापाणे
जुइमं वरिससओवमे।
जा सा पालिमहापाली दिव्वा
वरिससओवमा'
(उत्त १८, २८)।

°पिउ पुं [°पितृ] पिता का बड़ा भाई (विपा १, ३—पत्र ४०)। °पीढ पुं [°पीठ] एक जैन महर्षि (सट्टि ८१ टी)। °पुंख न [°पुङ्ख] एक देव-विमान (सम २२)। °पुंड न [°पुण्ड्र] एक देव-विमान (सम २२)। °पुंडरीय न [°पुण्डरीक] १ विशाल श्वेत कमल (राय)। २ पुं. ग्रह-विशेष (सम १०४)। ३ देव-विशेष। ४ देखो °पुंडरीअ (राज)। °पुर न [°पुर] १ एक विद्याधर-नगर (इक)। २ नगर-विशेष (विपा २,७)। °पुरा स्त्री [°पुरी] महापक्ष्म-विजय की राजधानी (ठा २,३—पत्र ८०)। °पुरिस पुं [°पुरुष] १ श्रेष्ठ पुरुष (पण्ह २, ४)। २ किंपुरुष-निकाय का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। °पुरी देखो °पुरा (इक)। °पोंडरीअ न [°पुण्डरीक] एक देव-विमान (स ३३)। देखो °पुंडरीय (ठा २, ३—पत्र ७२)। °फल देखो मह-प्फल (उवा)। °फलिह न [°स्फटिक] शिखरी पर्वत का एक उत्तर-दिशा-स्थित कूट (राज)। °बल वि [°बल] १ महान् बलवाला (भग)। २ पुं. ऐरवत क्षेत्र का एक भावी तीर्थंकर (सम १५४)। ३ चक्रवर्ती भरत के वंश में उत्पन्न एक राजा (पउम ५, ४; ठा ८—पत्र ४२६)। ४ सोमवंशीय एक नर-पति (पउम ५, १०)। ५ पाँचवें बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (पउम २०, १६०)। ६ भारतवर्ष का भावी छठवाँ वासुदेव (सम १५४)। °बाहु पुं [°बाहु] १ भारत-वर्ष का भावी चतुर्थ वासुदेव (सम १५४)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३०)। अपर विदेह-वर्ष में उत्पन्न एक वासुदेव (आव ४)। °भद्द न [°भद्र] तप-विशेष (पव २७१)। °भद्दप-डिमा स्त्री [°भद्रप्रतिमा] नीचे देखो (औप)। °भद्दा स्त्री [°भद्रा] व्रत-विशेष, कायोत्सर्ग-ध्यान का एक व्रत (ठा २, ३—पत्र ६४)। °भय देखो मह-ब्भय (आचा)। °भाअ, °भाग वि [°भाग] महानुभाव, महाशय (अभि १७४; महा; सुपा १६८; उप पृ ३)। °भीम पुं [°भीम] १ राक्षसों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ भारतवर्ष का भावी आठवाँ प्रतिवासुदेव (सम १५४)। ३ वि. बड़ा भयानक (दंस ४)। °भीमसेण पुं [°भीमसेन] एक कुलकर पुरुष का नाम (सम १५०)। °भुअ पुं [°भुज] देव-विशेष (दीव)। °भुअंग पुं [°भुजङ्ग] शेष नाग (से ७, ५६)। °भोया स्त्री [°भोगा] एक महा-नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)। °मउंद पुंन [°मुकुन्द] वाद्य-विशेष (भग)। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] १ सर्वोच्च अमात्य, प्रधान मन्त्री (औप; सुपा २२३; णाया १, १)। २ हस्ति-सैन्य का अध्यक्ष (णाया १, १—पत्र १६)। °मंस न [°मांस] मनुष्य का मांस (कप्पू)। °मच्च पुं [°अमात्य] प्रधान मन्त्री (कुमा)। °मत्त पुं [°मात्र] हस्तिपक, हाथी का महावत;

'तत्तो नरसिंहनिवस्स कुंजरा
सिंहभयविहुरहियया।
अवगणियमहामत्ता मत्ताविं
पलाइया झत्ति'
(कुप्र २६४)।

°मरुया स्त्री [°मरुता] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत)। °मह पुं [°मह] महोत्सव (आव ४)। °महंत वि [°महत्] अति बड़ा (सुपा ५६४; स ६६३)। °माई (अप) स्त्री [°माया] छन्द-विशेष (पिंग)। °माउया स्त्री [°मातृका] माता की बड़ी बहन (विपा १ ३—पत्र ४०)। °माढर पुं [°माठर] ईशानेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °माणसिआ स्त्री [°मानसिका] एक विद्या-देवी (संति ६)। °माहण पुं [°ब्राह्मण] श्रेष्ठ ब्राह्मण (उवा)। °मुणि पुं [°मुनि] श्रेष्ठ साधु (कुमा)। °मेह पुं [°मेघ] बड़ा मेघ (णाया १, १—पत्र ४; ठा ४, ४)। °मेह वि [°मेध] बुद्धिमान् (उप १४२ टी)। °मोक्ख वि [°मूर्ख] बड़ा बेवकूफ (उप १०३१ टी)। °यण पुं [°जन] श्रेष्ठ लोग (सुपा २६१)। °यस देखो °जस (औप; कप्प)। °रक्खस पुं [°राक्षस] लंका नगरी का एक राजा जो घनवाहन का पुत्र था (पउम ५, १३६)। °रह पुं [°रथ] १ बड़ा रथ (पण्ह २, ४—पत्र १३०)। २ वि. बड़ा रथवाला। ३ बड़ा योद्धा, दस

हजार योद्धाओं के साथ अकेला जूझनेवाला (सूअ १, ३, १, १; गउड)। °रहि वि [°रथिन्] देखो पूर्व का २रा और ३रा अर्थ (उप ७२८ टी)। °राय पुं [°राज] १ बड़ा राजा, राजाधिराज (उप ७६८ टी; रंभा; महा)। २ सामानिक देव, इन्द्र-समान ऋद्धिवाला देव (सुर १५, ६)। ३ लोकपाल देव (सम ८६)। °रिट्ठ पुं [°रिष्ठ] बलि नामक इन्द्र का एक सेनापति (इक)। °रिसि पुं [°ऋषि] बड़ा मुनि, श्रेष्ठ साधु (उव)। °रिह, °रुह देखो मह-रिह (पि १४०; अभि १८७)। °रोरु पुं [°रोरु] अप्रतिष्ठान नरकेन्द्रक की उत्तर दिशा में स्थित एक नरकावास (देवेन्द्र २४)। °रोरुअ पुं [°रोरुक, °रौरव] सातवीं नरक-भूमि का एक नरकवास—नरक-स्थान (सम ५८, ठा ५, ३—पत्र ३४१; इक)। °रोहिणी स्त्री [°रोहिणी] एक महा-विद्या (राज)। °लंजर पुं [°अलञ्जर] बड़ा जल-कुम्भ (ठा ४, २—पत्र २२६)। °लच्छी स्त्री [°लक्ष्मी] १ एक श्रेष्ठि-भार्या (उप ७२८ टी)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ श्रेष्ठ लक्ष्मी। ४ लक्ष्मी-विशेष (नाट)। °लयंग न [°लताङ्ग] संख्या-विशेष, लता नामक संख्या को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (इक; जो २)। °लया स्त्री [°लता] संख्या-विशेष, महालतांग को चौरासी लाख से गुणने पर जो संख्या लब्ध हो वह (जो २)। °लोहिअक्ख पुं [°लोहिताक्ष] बलीन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। °वक्क न [°वाक्य] परस्पर-संबद्ध अर्थ वाले वाक्यों का समुदाय (उप ८५६)। °वच्छ पुं [°वत्स] विजय-विशेष, विदेह वर्ष का एक प्रान्त (ठा २, ३; इक)। °वच्छा स्त्री [°वत्सा] वही (इक)। °वण न [°वन] मथुरा के निकट का एक वन (ती ७)। °वण पुंन [°आपण] बड़ी दूकान (भवि)। °वप्प पुं [°वप्र] विजयक्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °वय देखो मह-व्वय (सुपा ६५०)। °वराह पुं [°वराह] १ विष्णु का एक अवतार (गउड)। २ बड़ा सूअर (सूअ १, ७, २५)। °वह देखो °पह (से १, ५८)। °वाउ पुं [°वायु] ईशानेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °वाड पुं [°वाट] बड़ा बाड़ा, महान् गोष्ठ; 'निव्वाणमहावाडं' (उवा)। °विगइ स्त्री [°विकृति] अति विकार-जनक ये वस्तु—मधु, मांस, मद्य और माखन (ठा ४, १—पत्र २०४; अंत)। °विजय वि [°विजय] बड़ा विजयवाला; 'महाविजयपुप्फुत्तरपवरपुंडरीयाओ महाविमाणाओ' (कप्प)। °विदेह पुं [°विदेह] वर्ष-विशेष, क्षेत्र-विशेष (सम १२; उवा; औप; अंत)। °विमाण न [°विमान] श्रेष्ठ देव-गृह (उवा)। °विल न [°बिल] कन्दरा आदि बड़ा विवर (कुमा)। °वीर पुं [°वीर] १ वर्तमान समय के अन्तिम तीर्थंकर (सम १; उवा; विपा १, १)। २ वि. महान् पराक्रमी (किरात १६)। °वीरिअ पुं [°वीर्य] इक्ष्वाकु वंश के एक राजा का नाम (पउम ५, ५)। °वीहि, °वीही स्त्री [°वीथि, °थी] बड़ा बाजार (पउम ६६, ३४)। २ श्रेष्ठ मार्ग (आचा)। °वेग पुं [°वेग] एक देव-जाति, भूतों की एक प्रकार की जाति (राज; इक)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] बड़ी पताका, विजय-पताका, (कप्पू)। °सई स्त्री [°सती] उत्तम पतिव्रता स्त्री (उव ७२८ टी, पडि)। °सउणि स्त्री [°शकुनि] एक विद्याधर-स्त्री (पण्ह १, ४—पत्र ७२)। °सड्ढि वि [°श्रद्धिन्] बड़ी श्रद्धावाला (आचा; पि ३३३)। °सत्त वि [°सत्त्व] पराक्रमी (द्र ११; महा)। °समुद्द पुं [°समुद्र] महासागर (उवा)। सयग, °सयय पुं [°शतक] भगवान् महावीर का एक उपासक (उवा)। °सामाण न [°सामान] एक देव-विमान (सम ३३)। °साल पुं [°शाल] एक युवराज (पडि)। °सिलाकंटय पुं [°शिलाकण्टक] राजा कूणिक और चेटकराज की लड़ाई (भग ७, ६—पत्र ३१५)। °सीह पुं [°सिंह] एक राजा, षष्ठ बलदेव और वासुदेव का पिता (ठा ६—पत्र ४४७)। °सीहणिक्कीलिय, °सीहनिक्कीलिय न [°सिंहनिष्क्रीडित] तप-विशेष (राज; पव २७१—गाथा १५२२)। °सीहसेण पुं [°सिंहसेन] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर अनुत्तर देवलोक में उत्पन्न राजा श्रेणिक का एक पुत्र (अनु २)। °सुक्क पुं [°शुक्र] १ एक देवलोक, सातवाँ देवलोक (सम ३३; विपा २, १)। २ सातवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ न. एक देव-विमान (सम ३३)। °सुमिण पुं [°स्वप्न] उत्तम फल का एक सूचक स्वप्न (णाया १, १—पत्र १३; पि ४४७)। °सुर पुं [°असुर] १ बड़ा दानव। २ दानवों का राजा हिरण्यकशिपु (से १, २; गउड)। °सुव्वय, °सुव्वया स्त्री [°सुव्रता] भगवान् नेमिनाथ की मुख्य श्राविका (कप्प; आवम)। °सूला स्त्री [°शूला] फाँसी (श्रा २७)। °सेअ पुं [°श्वेत] एक इन्द्र, कूष्माण्ड नामक वान-व्यन्तर देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (इक; ठा २, ३—पत्र ८५)। °सेण पुं [°सेन] १ ऐरवत क्षेत्र के एक भावी जिन-देव (सम १५४)। २ राजा श्रेणिक का एक पुत्र जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (अनु २)। ३ एक राजा (विपा १, ६—पत्र ८८)। ४ एक यादव (णाया १, ५)। ५ न. एक वन (विसे २०८६)। देखो मह-सेण। °सेणकण्ह पुं [°सेनकृष्ण] राजा श्रेणिक का एक पुत्र (पि ५२)। °सेणकण्हा स्त्री [°सेनकृष्णा] राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। °सेल पुं [°शैल] १ बड़ा पर्वत (णाया १, १)। २ न. नगर-विशेष (पउम ५५, ५३)। °सोआम, °सोदाम पुं [°सौदाम] वैरोचन बलीन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १; इक)। °हरि पुं [°हरि] एक नर-पति, दसवें चक्रवर्ती का पिता (सम १५२)। °हिमव, °हिमवंत पुं [°हिमवत्] १ पर्वत-विशेष (पउम १०२, १०५; ठा २, २; महा)। २ देव-विशेष (जं ४)।

**महाअत्त** वि [दे] आढ्य, श्रीमन्त (दे ६, ११६)।

**महाइय** पुं [दे] महात्मा (भवि)।

**महाणड** पुं [दे. महानट] रुद्र, महादेव (दे ६, ४, १२१)।

**महाणस** न [महानस] रसोई-घर, पाक-स्थान (णाया १; ८; गा १३; उप २५६ टी)।

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

महाणसि वि [महानसिन्] रसोई बनाने-वाला, रसोइया। स्त्री. °णी (णाया १, ७—पत्र ११७)।

महाणसिय वि [महानसिक] ऊपर देखो (विपा १, ८)।

महाबिल न [दे. महाबिल] व्योम, आकाश (दे ६, १२१)।

महामंति पुं [महामन्त्रिन्] महावत, हस्तिपक (राय १२१ टी)।

महारिय (अप) वि [मदीय] मेरा (जय ३०)।

महाल पुं [दे] जार, उपपति (दे ६, ११६)।

महालक्ख वि [दे] तरुण, जवान (दे ६, १२१)।

महालय देखो मह = महत् (णाया १,८; उवा; औप), 'मा कासि कम्माइं महालयाइं' (उत्त १३, २६)। स्त्री. °लिया (औप)।

महालय पुंन [महालय] १ उत्सवों का स्थान (सम ७२)। २ बड़ा आलय। ३ वि. बृहत्काय, बड़ा शरीरवाला (सूअ २, ५, ६)।

महालवक्ख पुं [दे. महालयपक्ष] श्राद्ध-पक्ष, आश्विन (गुजराती भाद्रपद) मास का कृष्ण पक्ष (दे ६, १२७)।

महावल्ली स्त्री [दे] नलिनी, कमलिनी (दे ६, १२२)।

महाविजय पुं [महाविजय] एक देवविमान (आचा २, १५, २)।

महासउण पुं [दे] उल्लू, घूक-पक्षी (दे ६, १२७)।

महासद्दा स्त्री [दे] शिवा, शृगाली (दे ६, १२०; पाअ)।

महासेल वि [माहाशैल] महाशैल नगर से संबन्ध रखनेवाला, महाशैल का (पउम ५५, ५३)।

महि° देखो मही (कुमा)। °अल न [°तल] भू-पीठ, भूमि-पृष्ठ (कुमा; गउड; प्रासू ४५)। °गोयर पुं [°गोचर] मनुष्य (भवि; सण)। °पट्ठ न [°पृष्ठ] भूमि-तल (षड्)। °पाल पुं [°पाल] राजा (उव)। °मंडल न [मण्डल] भू-मण्डल (भवि; हे ४, ३७२)। °रमण पुं [°रमण] राजा (श्रा २७)। °वइ पुं [°पति] राजा (णाया १, १ टी; औप)। °वट्ठ देखो °पट्ठ (हे १, १२९; कुमा)। °वल्लह पुं [°वल्लभ] राजा (सुर १०)। °वाल पुं [°पाल] १ राजा, नरपति (हे १, २२९)। २ व्यक्ति वाचक नाम (भवि)। °वेढ पुं [°वेष्ट, °पीठ] मही-तल, भू-तल (से १, ४; ४९)। °सामि पुं [°स्वामिन्] राजा (कुमा)। °हर पुं [°धर] १ पर्वत (पाअ; से ३, ३८; ४, १७; कुप्र ११७)। २ राजा (कुप्र ११७)।

८६

महिअ वि [मथित] विलोडित (से २, १८; पाअ)।

महिअ वि [महित] १ पूजित, सत्कृत (से १२, ४७; उवा; औप)। २ न. एक देव-विमान (सम ४१)। ३ पूजा, सत्कार (णाया १, १)।

महिअ वि [महीयस्] बड़ा, गुरु; 'अभिओओ महिओ को णाम गआगअमिह करेइ' (मुद्रा १८७)।

महिअद्दुअ न [दे] घी का किट्ट, घृत-मल (राज)।

महिआ स्त्री [महिका] १ सूक्ष्म वर्षा, सूक्ष्म जल-तुषार (पण्ण १; जी ५)। २ धूमिका, धुंध, कुहरा (ओघ ३०; पाअ)। ३ मेघ-समूह; 'घणनिवहो कालिआ महिआ' (पाअ)। देखो मिहिआ।

महिंद पुं [महेन्द्र] १ बड़ा इन्द्र, देवाधीश (औप; कप्प; णाया १, १ टी—पत्र ६)। २ पर्वत-विशेष (से ६, ५९)। ३ अति महान्, खूब बड़ा (ठा ४, २—पत्र २३०)। ४ एक राजा (पउम ५०, २३)। ५ ऐरवत वर्ष का भावी १५ वाँ तीर्थंकर (पव ७)। ६ पुंन. एक देव-विमान (सम २२; देवेन्द्र १४१)। °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान (सम २७)। °केउ पुं [°केतु] हनूमान के मातामह का नाम (पउम ५०, १९)। °ज्झय पुं [°ध्वज] १ बड़ा ध्वज। २ इन्द्र के ध्वज के समान ध्वज, बड़ा इन्द्र-ध्वज (ठा ४, ४—पत्र २३०)। ३ न. एक देव-विमान (सम २२)। °दुहिया स्त्री [°दुहिता] अञ्जनासुन्दरी, हनूमान की माता (पउम ५०, २३)। °विक्कम पुं [°विक्रम] इक्ष्वाकु वंश का एक राजा (पउम ५, ६)। °सीह पुं [°सिंह] १ कुरु देश का एक राजा (उप ७२८ टी)। २ सनत्कुमार चक्रवर्ती का एक मित्र (महा)।

महिंद वि [माहेन्द्र] १ महेन्द्र-सम्बन्धी। २ उत्पात-विशेष (अणु २१५)।

महिंदुत्तरवडिंसय न [महेन्द्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम २७)।

महिगा देखो महिआ (जीवस ३१)।

महिच्छ वि [महेच्छ] महत्वाकांक्षी (सूअ २, २, ६१)।

महिच्छा स्त्री [महेच्छा] महत्वाकांक्षा, अपरिमित वाञ्छा (पण्ह १, ५)।

महिट्ठ वि [दे] मट्ठा से संसृष्ट, तक्र-संस्कारित (विपा १, ८—पत्र ८३)।

महिड्ढि, महिड्ढिय, महिड्ढीय वि [महर्द्धि, °क] बड़ी ऋद्धि-वाला, महान् वैभववाला (श्रा २७; भग; ओघभा ६; औप; पि ७३)।

महिम पुंस्त्री [महिमन्] १ महत्त्व, माहात्म्य, गौरव (हे १, ३५; कुमा; गउड; भवि)। २ योगी का एक प्रकार का ऐश्वर्य (हे १, ३५)।

महिला देखो मिहिला (महा; राज)।

महिला स्त्री [महिला] स्त्री, नारी (कुमा; हे ३, ४१; पाअ)। °थूभ पुं [°स्तूप] कूप आदि का किनारा (विसे २०६४)।

महिलिया स्त्री [महिलिका, महिला] ऊपर देखो (णाया १, २; पउम १४, १४५; प्रासू २४)।

महिलिया स्त्री [मिथिलिका, मिथिला] देखो मिहिला (कप्प)।

महिस पुं [महिष] भैंसा (गउड; औप; गा ५४८)। °ासुर पुं [°ासुर] एक दानव (स ४३७)।

महिसंद पुं [दे] वृक्ष-विशेष, शिग्रु का पेड़ (दे ६, १२०)।

महिसिअ वि [माहिषिक] भैंसवाला, भैंस चरानेवाला (अणु १४४)।

महिसिक्क न [दे] महिषी-समूह (दे ६, १२४)।

महिसी स्त्री [महिषी] १ राज-पत्नी (ठा ४, १)। २ भैंस (पाअ; पउम; २६, ४१)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**महिस्सर** पुं [महेश्वर] एक इन्द्र, भूतवादि-देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। देखो महेसर।

**मही** स्त्री [मही] १ पृथिवी, भूमि, धरती (कुमा; पात्र)। २ एक नदी (ठा ५, २—पत्र ३०८)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। °**नाह** पुं [°नाथ] राजा (उप पृ ६१)। °**पहु** पुं [°प्रभु] राजा (उप ७२८ टी)। °**पाल** पुं [°पाल] वही अर्थ (उप ११८ टी; उव)। °**रुह** पुं [°रुह] वृक्ष, पेड़ (पात्र; सुर ३, ११०; १६, २४८)। °**वइ** पुं [°पति] राजा (श्रा २८; उप १४१ टी; सुपा ३८)। °**वीढ** न [°पीठ] भूमि-तल (सुर २, ७४)। °**स** पुं [°श] राजा (श्रा १४)। °**सक्क** पुं [°शक्र] वही अर्थ (श्रा १४)। देखो महि°।

**महु** पुं [मधु] १ एक दैत्य (से १, १; अच्चु ४०)। २ वसन्त ऋतु; 'सुरही महू वसंतो' (पात्र; कुमा)। ३ चैत्र मास (सुर ३, ४०; १६, १०७; पिंग)। ४ पाँचवाँ प्रति-वासुदेव राजा (पउम ५, १५६)। ५ एक राजा (श्रु ६१)। ६ मथुरा का एक राज-कुमार (पउम १२, २)। ७ चक्रवर्ती का एक देव-कृत महल (उत्त १३, १३)। ८ मधूक का पेड़, महुआ का गाछ (कुमा)। ९ अशोक-वृक्ष (चंड)। १० न. मद्य, दारू (से २, २७)। ११ क्षौद्र, शहद (कुमा; पव ४; ठा ४, १)। १२ पुष्प-रस। १३ मधुर-रस। १४ जल, पानी (प्राप्र; हे ३, २५)। १५ छन्द-विशेष (पिंग)। १६ मधुर, मिष्ट वस्तु (पण्ह २, १)। °**अर** पुंस्त्री [°कर] भ्रमर, भौंरा (पात्र; रम्भ ७३; औप; कप्प; पिंग)। स्त्री. °**रिआ**, °**री** (अभि १९०; नाट—मृच्छ ५७)। °**अरवित्ति** स्त्री [°करवृत्ति] माधुकरी, भिक्षा-वृत्ति (सुपा ८३)। °**अरीगीय** न [°करीगीत] नाट्य-विधि-विशेष (महा)। °**आसव** वि [°आश्रव] लब्धि-विशेषवाला, जिसके प्रभाव से वचन मधुर लगे ऐसी लब्धिवाला (पण्ह २, १—पत्र १००)। °**गुलिया** स्त्री [°गुटिका] शहद की गोली (ठा ४, २)। °**पडल** न [°पटल] मधुपुडा (दे ३, १२)। °**भार** पुं [°भार] छन्द-विशेष (पिंग)। °**मक्खिया**, °**मच्छिआ** स्त्री [°मक्षिका] शहद की मक्खी; 'अह उड्डियाउ तं।मरमुहाउ महुक्खि (?मक्खि)याउ सव्वत्तो' (धर्मवि १२४; गा ६३४)। °**मय** वि [°मय] मधु से भरा हुआ (से १, ३०)। °**मह** पुं [°मथ] विष्णु, वासुदेव, उपेन्द्र (पात्र; से १, १७)। २ भ्रमर (से १, १७)। °**मह** पुं [°मह] वसन्त का उत्सव (से १, १७)। °**महण** पुं [°मथन] १ विष्णु (से १,१; वज्जा २४; गा ११७; हे ४,३८४; पि १४३; पिंग)। २ समुद्र, सागर। ३ सेतु, पुल (से १, १)। °**मास** पुं [°मास] चैत मास (भवि)। °**मित्त** पुंन [°मित्र] कामदेव (सुपा ५२६)। °**मेहण** न [°मेहन] रोग-विशेष, मधु-प्रमेह (आचा १, ६, १, २)। °**मेहणि** वि [°मेहनिन्] मधु-प्रमेह रोगवाला (आचा)। °**मेहि** पुं [°मेहिन्] वही अर्थ (आचा)। °**राय** पुं [°राज] एक राजा (रयण ७४)। °**लट्ठि** स्त्री [°यष्टि] १ ओषधि-विशेष, यष्टिमधु, मुलेठी, जेठी मधु। २ इक्षु, ईख (हे १,२४७)। °**वक्क** पुं [°पर्क] १ दधियुक्त मधु, दही और शहद। २ षोडशोप-चार पूजा का छठवाँ उपचार (उत्तर १०३)। °**वार** पुं [°वार] मद्य, दारू (पात्र)। °**सिंगी** स्त्री [°शृङ्गी] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३५)। °**सूयण** पुं [°सूदन] विष्णु (गउड; सुपा ७)।

**महुअ** पुं [मधूक] १ वृक्ष-विशेष, महुआ का गाछ (गा १०३)। २ न. महुआ का फल (प्राप्र; हे १, १२२)।

**महुअ** पुं [दे] १ पक्षि-विशेष, श्रीवद पक्षी। २ मागध, स्तुति-पाठक (दे ६, १४४)।

**महुण** सक [मथ्] १ विलोडन करना। २ विनाश करना। वकृ. 'विमुक्कट्टहासा जलियजलणपिंगलकेसा महुणिंत-जालाकराल-पिसाया मुक्का' (महा)।

**महुत्त** (अप) देखो मुहुत्त (भवि)।

**महुप्पल** न [महोत्पल] कमल, पद्म; 'महुप्पलं पंकयं नलिणं' (पात्र)।

**महुमुह** पुं [दे. मधुमुख] पिशुन, दुर्जन, खल (दे ६, १२२)।

**महुर** पुं [महुर] १ अनार्य देश-विशेष। २ उस देश में रहनेवाली अनार्य मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)।

**महुर** वि [मधुर] १ मीठा, मिष्ट (कुमा; प्रासू ३३; गउड; गा ४०१)। २ कोमल (भग ६, ३१; औप)। °**भासि** वि [°भाषिन्] प्रिय-भाषी (पउम ६, १३३)।

**महुरा** स्त्री [मथुरा] भारत की एक प्रसिद्ध नगरी, मथुरा (ठा १०; सम १५३; पण्ह १, ३; हे २, १५०; कुमा; वज्जा १२२)। °**मंगु** पुं [°मङ्गु] एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (सिक्खा ९२)। °**हिव** पुं [°धिप] मथुरा का राजा (कुमा)।

**महुरालिअ** वि [दे] परिचित (दे ६, १२५)।

**महुरिम** पुंस्त्री [मधुरिमन्] मधुरता, माधुर्य (सुपा २९४; कुप्र ५०)।

**महुरेस** पुं [मथुरेश] मथुरा का राजा (कुमा)।

**महुला** स्त्री [दे] रोग-विशेष, पाद-गण्ड (निचू २)।

**महुसित्थ** न [मधुसिक्थ] १ मदन, मोम (उप पृ २०६)। २ पंक-विशेष, स्त्री के पैर में लगा हुआ अलता तक लगनेवाला कादा (ओघभा ३३)। ३ कला-विशेष (स ६०२)।

**महुस्सव** देखो महूसव (राज)।

**महूअ** देखो महुअ=मधूक (कुमा; हे १, १२२)।

**महूसव** पुं [महोत्सव] बड़ा उत्सव (सुर ३, १०८; नाट—मृच्छ ५४)।

**महेंद** देखो महिंद (से ६, २२)।

**महेड्ड** पुं [दे] पंक, कादा (दे ६, ११९)।

**महेब्भ** पुं [महेभ्य] बड़ा शेठ (श्रा १६)।

**महेभ** पुं [महेभ] बड़ा हाथी (कुमा)।

**महेला** स्त्री [महेला] स्त्री, नारी (हे १, १४६; कुमा)।

**महेस** पुं [महेश] नीचे देखो (त्रि ९४; भवि)।

**महेसर** पुं [महेश्वर] १ महादेव, शिव (पउम ३५, ६४; धर्मवि १२८)। २ जिनदेव, अर्हन् (पउम १०९, १२)। ३ श्रीमन्त, आढ्य (सिरि ४२)। ४ भूतवादि देवों के उत्तर दिशा का इन्द्र (इक)। °**दत्त** पुं [°दत्त] एक पुरोहित (विपा १, ५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**महेसि** देखो मह-रिसि (सम १२३; पएह १, १; उप ३५७; ७२८ टी; अभि ११८)।

**महोअर** पुं [महोदर] १ रावण का एक भाई (से १२, ५४)। २ वि. बहु-भक्षी (निचू १)।

**महोअहि** पुं [महोदधि] महासागर (से ५, २; महा)। °रव पुं [°रव] वानर-वंश का एक राजा (पउम ६, ६३)।

**महोच्छव** देखो महूसव (सुर ६, ११०)।

**महोदहि** देखो महोअहि (पएह २, ४; उप ७२८ टी)।

**महोरग** पुं [महोरग] १ व्यन्तर देवों की एक जाति (पएह १, ४—पत्र ६८; इक)। २ बड़ा साँप। ३ महा-काय सर्प की एक जाति (पएह १, १—पत्र ८)। °त्थ न [°ास्त्र] अस्त्र-विशेष (महा)।

**महोरगकंठ** पुं [महोरगकण्ठ] रत्न-विशेष (राय ६७)।

**महोसव** देखो महूसव (नाट—रत्ना २४)।

**महोसहि** स्त्री [महौषधि] श्रेष्ठ औषधि (गउड)।

**मा** अ [मा] मत, नहीं (चेइय ६८४; प्रासू २१)।

**मा** स्त्री [मा] १ लक्ष्मी, दौलत (से ३, १५; सुर १६, ५२)। २ शोभा (से ३, १५)।

**मा** } **माअ** } अक [मा] १ समाना, अटना। २ सक. माप करना। ३ निश्चय करना, जानना। माइ, माअइ, माइज्जा, माएज्जा (पव ४०; कुमा; प्राकृ ६६; संवेग १८; औप)। वकृ. मंत, माअंत (कुमा; ४, ३०; से २, ६; गा २७८)। कवकृ. मिज्जंत, मिज्जमाग (से ७, ६६; सम ७६; जीवस १४४)। कृ. माअव्व; 'वाया सहस्स-मइया', माइअ (से ६, ३; महा; कप्प)। देखो मेअ = मेय।

**माअडि** पुं [मातलि] इन्द्र का सारथि (से १५, ५१)।

**माअरा** देखो माइ = मातृ (कुमा; हे ३, ४६)।

**माअलि** देखो माअडि (से १५, ४६)।

**माअलिआ** स्त्री [दे] मातृष्वसा, माता की बहन (दे ६, १३१)।

**माअही** स्त्री [मागधी] काव्य की एक रीति (कप्पू)। देखो मागहिआ।

**माआरा** } **माइ** } स्त्री [मातृ] १ माँ, जननी (षड्; ठा ४, ३; कुमा; सुपा ३७७)। २ देवता, देवी (हे १, १३५; ३, ४६; सुख ३, ६)। ३ स्त्री, नारी। ४ माया (पंचा १७, ४८)। ५ भूमि। ६ विभूति। ७ लक्ष्मी। ८ रेवती। ९ आखुकर्णी। १० जटामांसी। ११ इन्द्र-वारुणी, इन्द्रायण (षड्; हे १, १३५; ३, ४६)। °घर न [°गृह] देवी-मन्दिर (सुख ३, ६)। °ट्ठाग, °ठाण न [°स्थान] १ माया-स्थान (पंचा १७, ४८; सम ३६)। २ माया, कपट-दोष (पंचा १७, ४८; उवर ८४)। °मेह पुं [°मेध] यज्ञ-विशेष, जिसमें माता का वध किया जाय वह यज्ञ (पउम ११, ४२)। °हर देखो °घर (हे १, १३५)। देखो माउ, माया = मातृ।

**माइ** वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी (भग; कम्म ४, ४०)।

**माइ** अ [मा] मत, नहीं (प्राकृ ७८)।

**माइ** } **माइअ** } वि [दे] १ रोमश, रोमवाला, प्रभूत बालों से युक्त (दे ६, १२८; णाया १, १८—पत्र २३७)। २ मयूरित, पुष्प-विशेषवाला (औप; भग; णाया १, १ टी—पत्र ५; अंत)।

**माइअ** वि [मात] समाया हुआ, अटा हुआ (सुख ६, १)।

**माइअ** वि [मायिक] मायावी (दे ६, १४७; णाया १, १४)।

**माइअ** वि [मात्रिक] मात्रा-युक्त, परिमित (तंदु २०; पन्ह १, ४ पत्र ६८)।

**माइअ** देखो मा = मा।

**माइं** देखो माइ = मा (हे २, १६१; कुमा)।

**माइंगण** न [दे] वृन्ताक, भंटा (उप ५६३)।

**माइंद** [दे] देखो मायंद (प्राप्र, स ४१६)।

**माइंद** पुं [मृगेन्द्र] सिंह, केसरी; 'एक्कसर-पहरदारियमाइंदगइंदजुज्झमाभिडिए' (वज्जा ४२)।

**माइंदजाल** } **माइंदयाल** } न [मायेन्द्रजाल] माया-कर्म, बनावटी प्रपंच (सुर २, २२६; स ६६०)।

**माइंदा** स्त्री [दे] आमलकी, आमला का गाछ (दे ६, १२६)।

**माइण्हिआ** स्त्री [मृगतृष्णिका] धूप में जल की भ्रान्ति (उप २२० टी; मोह २३)।

**माइलि** वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, १२६)।

**माइल्ल** देखो माइ = मायिन् (सूअ १, ४, १, १८, आचा; भग, ओघ ४१३; पउम ३१, ५१; औप; ठा ४, ४)।

**माइवाह** } **माईवाह** } पुंस्त्री [दे. मातृवाह] द्वीन्द्रिय जन्तु-विशेष, क्षुद्र कीट-विशेष (उत ३६, १२६, जी १५; पुष्फ २६५)। स्त्री. °हा (सुख १८, ३५; जी १५)।

**माउ** देखो माइ = मातृ (भग; सुर १, १७६, औप; प्रामा कुमा; षड्; हे १, १३४; १३५)। °ग्गाम पुं [°ग्राम] स्त्री-वर्ग (बृह १)। °च्छा देखो °सिआ (हे २, १४२; गा ६४८)। °पिउ पुं [°पितृ] माँ-बाप (सुर १, १७६)। °म्महो स्त्री [°मही] माँ की माँ, नानी (रंभा २०)। °सिआ, °सी, °स्सिआ स्त्री [°ष्वसृ] माँ की बहन, मौसी (हे २, १४२; कुमा; विपा १, ३; सुर ११, २१६; पि १४८; विपा १, ३—पत्र ४१)।

**माउ** } **माउअ** } वि [मातृ, °क] १ प्रमाता, प्रमाण-कर्ता, सत्य ज्ञानवाला। २ परिमाण-कर्ता, नापनेवाला। ३ पुं. जीव। ४ आकाश; 'माऊ', 'माउओ' (षड्; हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८; हे १, १३४)।

**माउअ** वि [मातृक] माता-संबन्धी (हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८; राज)।

**माउअ** पुंन [मातृक, °का] १ अकार आदि छयालीस अक्षर; 'बंभीए णं लिवीए छायालीसं माउयक्खरा' (सम ६६; आव ५)। २ स्वर। ३ करण (हे १, १३१; प्राप्र; प्राकृ ८)। नीचे देखो।

**माउआ** स्त्री [मातृका] १ माता, माँ (णाया १, ६—पत्र १५८)। २ ऊपर देखो (सम ६६)। °पय पुंन [°पद] शास्त्रों के सार-भूत शब्द—उत्पाद, व्यय और ध्रौव्य (सम ६६)।

**माउआ** स्त्री [दे. मातृका] दुर्गा, पार्वती, उमा (दे ६, १४७)।

**माउआ** स्त्री [दे] १ सखी, सहेली (दे ६, १४७; पाअ; णाया १, ६—पत्र १५८)। २ ऊपर के होठ पर के बाल, मूँछ; 'रत्तगंड-

मंसुयाहिं माउयाहिं उवसोहियाइं' (णाया १, ६—पत्र १५८)।

**माउआपय** न [मातृकापद] मूलाक्षर, 'अ' से 'ह' तक के अक्षर (दसनि १, ८)।

**माउक्क** वि [मृदु, °क] कोमल, कुमार (हे १, १२७; २, ६६; कुमा)।

**माउक्क** न [मृदुत्व] कोमलता (हे १, १२७; २, २; कुमा)।

**माउच्छा** स्त्री [दे. मातृष्वसृ] देखो माउ-च्छा (षड्)।

**माउच्छा** स्त्री [दे] सखी, सहेली (षड्)।

**माउच्छ** वि [दे] मृदु, कोमल (दे ६, १२६)।

**माउत्त** } देखो माउक्क = मृदुत्व (कुमा; हे
**माउत्तण** } २, २; षड्)।

**माउल** पुं [मातुल] माँ का भाई, मामा (सुर ३, ८१; रंभा; महा)।

**माउलिअ** देखो मउलिअ (से ११, ६१)।

**माउलिंग** देखो माहुलिंग (राज)।

**माउलिंगा** } स्त्री [मातुलिङ्गा, °ङ्गी] बीजौरे
**माउलिंगी** } का गाछ (पएण १—पत्र ३२; पउम ४२, ६)।

**माउलुंग** देखो माहुलिंग (हे १, २१४; अनु)।

**मागंदिअ** पुं [माकन्दिक] माकन्दिकपुत्र नामक एक जैन मुनि (भग १८—१ टी)। °**पुत्त** पुं [°पुत्र] वही अर्थ (भग १८, ३)।

**मागसीसी** स्त्री [मार्गशीर्षी] १ अगहन मास की पूर्णिमा। २ अगहन की अमावास्या (इक)।

**मागह** } वि [मागध °क] १ मगध-
**मागहय** } देशीय, मगध देश में उत्पन्न, मगध देश का, मगध-संबन्धी (ओघ ७१३; विसे १४६६; पव ६१; णाया १, ८; पउम ६६, ५५)। २ पुं. स्तुति-पाठक, बन्दी, चारण (पात्र; औप)। °**भासा** स्त्री [°भाषा] देखो मागहिआ का पहला अर्थ (राज)।

**मागहिआ** स्त्री [मागधिका] १ मगध देश की भाषा, प्राकृत भाषा का एक भेद। २ कला-विशेष (औप)। ३ छन्द-विशेष (सुख २, ४५; अजि ४)।

**माघवई** स्त्री [माघवती] सातवीं नरक-भूमि (पव १४३; इक; ठा ७—पत्र ३८८)।

**माघवा** } [माघवा, °वी] ऊपर देखो, 'मघव
**माघवी** } त्ति माघव त्ति य पुढवीणं नामधेयाइं' (जीवस १२; इक)।

**माज्जार** देखो **मज्जार** (संक्षि २)।

**माडंबिअ** पुं [माडम्बिक] १ 'मडंब' का अधिपति (णाया १, १; औप; कप्प)। २ प्रत्यन्त—सीमा-प्रान्त का राजा (पएह १, ५—पत्र ६४)।

**माडंबिय** वि [माडम्बिक] चित्र-मंडप का अध्यक्ष (राय १४१)।

**माडिअ** न [दे] गृह, घर (दे ६, १२८)।

**माढर** पुं [माठर] १ सौधर्मेन्द्र के रथ-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०३, इक)। २ न. गोत्र-विशेष (कप्प)। ३ शास्त्र-विशेष (णंदि)।

**माढर** पुंस्त्री [माठर] माठर-गोत्र में उत्पन्न (णंदि ४६)।

**माढरी** स्त्री [माठरी] वनस्पति-विशेष (पएण १—पत्र ३६)।

**माढिअ** वि [माठित] सन्नाह-युक्त, वर्मित (कुमा)।

**माढी** स्त्री [माठी] कवच, वर्म, बख्तर (दे ६, १२८ टी; पएह १, ३—पत्र ४४; पात्र; से १२, ६२)।

**माण** सक [मानय्] १ सम्मान करना, आदर करना। २ अनुभव करना। माणइ, माणेइ, माणंति, माणेमि (हे १, २२८; महा; कुमा; सिरि ६६)। वकृ. **माणंत, माणेमाण** (सुर २, १८२; णाया १, १—पत्र ३३)। कवकृ. **माणिज्जंत** (गा ३२०)। हेकृ. **माणिउं, माणेउं** (महा; कुमा)। कृ. **माणणिज्ज, माणणीअ माणेयव्व** (उव; सुर १२, १६५; अभि १०७; उप १०३१ टी); 'जया य माणिमो होइ पच्छा होइ अमाणिमो' (दसचू १, ५)।

**माण** पुंन [मान] १ गर्व, अहंकार, अभिमान; 'अडुढ्ढीकयमाणिसिमाणो' (कुमा), 'पुव्वं विबुहसमक्खं गुरुणो एयस्स खंडियं माणं' (सम्मत्त ११६)। २ माप, परिमाण। ३ नापने का साधन, बाट—बटखरा आदि (अणु; कप्प; जी ३०; आ १४)। ४ प्रमाण, सबूत (विसे ६४६; धर्मसं ५२५)। ५ आदर, सत्कार (णाया १,१; कप्प)। ६ पुं. एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५४५)। °**इंत,** °**इत्त,** °**इल्ल** वि [°वत्] मान-वाला (षड्; हे २,१५६; हेका ७३; पि ५६५) स्त्री. °**त्ता,** °**त्ती** (कुमा; गउड)। °**तुंग** पुं [°तुङ्ग] एक प्राचीन जैन कवि (नमि २१)। °**वई** स्त्री [°वती] १ मानवाली स्त्री (से १०, ६६)। २ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, ११)। °**संघ** न [°संघ] एक विद्याधर-नगर (इक)। °**वाइ** वि [°वादिन्] अहंकारी (आचा)।

**माण** वि [मान] मान-संबन्धी, मान का; 'कोहाए माणाए मायाए' (पडि)।

**माण** न [दे] परिमाण-विशेष, दस शेर का नाप; गुजराती में 'माणु' (उप १५४)।

**माणंसि** वि [दे] १ मायावी, कपटी (दे ६, १४७; षड्)। २ स्त्री. चन्द्र-वधू (दे ६, १४७)।

**माणंसि** देखो **मणंसि** (काप्र १६६; संक्षि १७; षड्)।

**माणण** न [मानन] १ आदर, सत्कार (आचा)। २ मानना (रयण ८४)। ३ अनुभव। ४ सुख का अनुभव; 'सुहसमाणणो' (अजि ३१)।

**माणणा** स्त्री [मानना] ऊपर देखो (पएह २, १; रयण ८४)।

**माणअ** देखो **माण** = (दे) (सुपा ३५८)।

**माणव** पुं [मानव] १ मनुष्य, मर्त्य (पात्र; सुपा २४३)। २ भगवान् महावीर का एक गण (ठा ६—पत्र ४५१; कप्प)।

**माणवग** } पुं [मानवक] १ एक निधि,
**माणवय** } अस्त्र-शस्त्रों की पूर्ति करनेवाला निधि (उप ६८६ टी; ठा ६—पत्र ४४६; इक)। २ ज्योतिष्क ग्रह-विशेष, एक महाग्रह (ठा २, ३; सुज्ज २०)। ३ सौधर्म देवलोक का एक चैत्य-स्तम्भ (सम ६३)।

**माणवी** स्त्री [मानवी] एक विद्या-देवी (संति ६)।

**माणस** न [मानस] १ सरोवर-विशेष (पएह १, ४; औप; महा, कुमा)। २ मन, अन्तः-करण (पात्र; कुमा)। ३ वि. मन-संबन्धी,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

मन का (सुर ४, ७५)। ४ पुं. भूतानन्द के गन्धर्व-सैन्य का नायक (इक)।

माणसिअ वि [मानसिक] मन-संबन्धी, मन का (श्रा २४; औप)।

माणसिआ स्त्री [मानसिका] एक विद्या-देवी (संति ६)।

माणि वि [मानिन्] १ मान-युक्त, मानवाला (उव; कुप्र २७६; कम्म ४, ४०)। स्त्री. °णिणी (कुमा)। २ पुं. रावण का एक सुभट (पउम ५६ २)। ३ पर्वत-विशेष। ४ कूट-विशेष (राज; इक)।

माणिअ वि [दे. मानित] अनुभूत (दे ६, १३०; पाअ)।

माणिअ वि [मानित] सत्कृत (गउड)।

माणिक्क न [माणिक्य] रत्न-विशेष, माणिक (सुपा २१७; वज्जा २०; कप्पू)।

माणिग देखो माणि (पउम ७३, २७)।

माणिभद्द पुं [माणिभद्र] १ यक्ष-निकाय के उत्तर दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५; इक)। २ यक्षदेवों की एक जाति (सिरि ६६६; इक)। ३ देव-विशेष। ४ शिखर-विशेष (राज; इक)। ५ एक देव-विमान (राज)।

माणिम देखो माण = मानय्।

माणी स्त्री [मानिका] २५६ पलों का एक माप (अणु १५२)।

माणुस पुंन [मानुष] १ मनुष्य, मानव, मर्त्य (सूअ १, ११, ३; पण्ह १, १; उव; सुर ३, ५६; प्रासू; कुमा); 'जं पुण हियया-णंदं जणेइ तं माणुसं विरलं' (कुप्र ६), 'मयाणि माइपिइपमुहमाणुसाणि सव्वाणि' (कुप्र २६)। २ वि. मनुष्य-संबन्धी; 'तिविहं कहावत्थुं ति पुव्वायरियपवाओ, तं जहा, दिव्वं दिव्वमाणुसं माणुसं च' (स २)।

माणुसी स्त्री [मानुषी] १ स्त्री-मनुष्य, मानवी (पव २४१; कुप्र १६०)। २ मनुष्य से संबन्ध रखनेवाली; 'माणुसी भासा' (कुप्र ६७)।

माणुसुत्तर } पुं [मानुषोत्तर] १ पर्वत-
माणुसोत्तर } विशेष, मनुष्यलोक का सीमा-कारक पर्वत (राज; ठा ३, ४; जीव ३)। २ न. एक देव-विमान (सम २)।

माणुस्स देखो माणुस (आचा; औप; धर्मवि १३; उपपं २; विसे ३००७); 'माणुस्सं लोगं' (ठा ३, ३—पत्र १४२), 'माणुस्सगाइं भोगभोगाइं' (कप्प)।

माणुस्स } न [मानुष्य, °क] मनुष्यत्व,
माणुस्सय } मानुसपन, मनुष्यता (सुपा १६६; स १३१ प्रासू ४७; पउम ३१, ८१)।

माणुस्सी देखो माणुसी (पव २४०)।

माणूस देखो माणुस (सुर २, १७२; ठा ३, ३—पत्र १४२)।

माणेसर पुं [माणेश्वर] माणिभद्र यक्ष (भवि)।

माणोरामा (अप) स्त्री [मनोरमा] छन्द-विशेष (पिंग)।

मातंग देखो मायंग (औप)।

मातंजण देखो मायंजण (ठा २, ३—पत्र ८०)।

मातुलिंग देखो माहुलिंग (आचा २, १, ८, १)।

मादलिआ स्त्री [दे] माता, जननी (दे ६, १३१)।

मादु देखो माउ = स्त्री (प्राकृ ८)।

माधवी देखो माहवी = माधवी (हास्य १३३)।

माभाइ पुंस्त्री [दे] अभय-प्रदान, अभय-दान, अभय (दे ६, १२६; षड्)।

माभीसिअ न [दे] ऊपर देखो (दे ६, १२६)।

माम अ. कोमल आमन्त्रण का सूचक अव्यय (पउम ३८, ३६)।

माम } पुं [दे] मामा, माँ का भाई (सुपा
मामग } १६; १६५)।

मामग } वि [मामक] १ मदीय, मेरा
मामय } (आचा; अच्चु ७३)। २ ममतावाला (सूअ १, २, २, २८)।

मामय देखो मामग = (दे) (पउम ६८, ५५; स ७३१)।

मामा स्त्री [दे] मामी, मामा की वहू (दे ६, ११२)।

मामाय वि [मामाक] 'मा' 'मा' बोलनेवाला, निवारक (ओघ ४३५)।

मामास पुं [मामाष] १ अनार्य देश-विशेष। २ अनार्य देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (इक)।

मामि अ. सखी के आमन्त्रण में प्रयुक्त किया जाता अव्यय (हे २, १६५; कुमा)।

मामिया } स्त्री [दे] मामा की वहू (विपा
मामी } १, ३—पत्र ४१; दे ६, ११२; गा २०४; प्राकृ ३८)।

माय वि [मात] समाया हुआ (कम्म ५, ८५ टी; पुप्फ १७२; महा)।

माय वि [मायावत्] कपटवाला, 'कोहाए माणाए मायाए लोभाए' (पडि)।

माय देखो मेत्त = मात्र; 'लोमुक्खणणमायमवि' (सूअ २, १, ४८)।

माय° देखो माया = माया (आचा)।

माय° देखो मत्ता = मात्रा। °न्न वि [°ज्ञ] परिमाण का जानकार (सूअ २, १, ५७)।

मायइ स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६)।

मायंग पुं [मातङ्ग] १ भगवान् सुपार्श्वनाथ का शासनयक्ष। २ भगवान् महावीर का शासन-यक्ष (संति ७, ८)। ३ हस्ती, हाथी (पाअ; सुर १, ११)। ४ चाण्डाल, डोम (पाअ)।

मायंगी स्त्री [मातङ्गी] १ चाण्डालिन (निचू १)। २ विद्या-विशेष (आचू १)।

मायंजण पुं [मातञ्जन] पर्वत-विशेष (इक)।

मायंड पुं [मार्तण्ड] सूर्य, रवि (सुपा २४२; कुप्र ८७)।

मायंद पुं [दे. माकन्द] आम्र, आम का पेड़ (हे २, १७४; प्राप्र; दे ६, १२८; कुप्र ७१; १०६)।

मायंदिअ देखो मागंदिअ (भग १८, १)।

मायंदी स्त्री [माकन्दी] नगरी-विशेष (स ६; कुप्र १०६)।

मायंदी स्त्री [दे] श्वेताम्बर साध्वी (दे ६, १२६)।

मायण्हिया स्त्री [मृगतृष्णिका] किरण में जल की भ्रान्ति, मरु-मरीचिका;

'जह मुद्धमओ मायण्हियाए
तिसिओ करेइ जल-बुद्धिं।
तह निव्विवेयपुरिसो
कुणइ अधम्मेवि धम्ममइं'
(सुपा ५००)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**मायहिय** (अप) देखो मागहिआ (भवि)।

**माया** देखो माइ = मातृ; 'मायाइ अहं भणिओ' (धर्मवि ५; पाअ; विपा १,६; षड्)। °पिइ, °पिति पुंन [°पितृ] माँ-बाप (पि ३६१; स १८४)। °मह पुं [°मह] माँ का बाप (सुर ११, ४६; सुपा ३८४)। °वित्त देखो °पिइ; 'दुहियाण होइ सरणं मायावित्तं महिलियाणं' (पउम १७, २१); 'तेणेव देवेण तहिं मायावित्ताइं रोवमाणाइं' (सुर ६, २३५; ९, २३६; धर्मवि २१, महा)।

**माया** देखो मत्ता = मात्रा; 'नो अइमायाए पाणभोयणं आहारेत्ता (उत्त १६, ८; औप; उवा कस)।

**माया** स्त्री [माया] १ कपट, छल, शाठ्य, धोखा (भग; कुमा; ठा ३, ४; पाअ; प्रासू १७५)। २ इन्द्रजाल (दे ३, ५३; उप ८२३)। ३ मन्त्राक्षर-विशेष; 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि १९७)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °णर पुं [°नर] पुरुष-वेश-धारी स्त्री-आदि (धर्मसं १२७८)। °बीय न [°बीज] 'ह्रीँ' अक्षर (सिरि ४०१)। °मोस पुंन [°मृषा] कपट-पूर्वक असत्य वचन (णाया १, १; पण्ह १, २; भग; औप)। °वत्तिअ, °वत्तीय वि [°प्रत्ययिक] कपट से होनेवाला, छल-मूलक (भग; ठा २, १; नव १७)। °वि वि [°विन्] मायायुक्त (पउम ८८, ११)। स्त्री. °विणी (सुपा ६२७)।

**मायि** वि [मायिन्] माया-युक्त, मायावी (उवा; पि ४०५)।

**मार** सक [मारय्] १ ताड़न करना। २ हिंसा करना। मारइ, मारेइ (आचा; कुमा; भग)। भवि. मारेहिसि (पि ५२८)। कर्म. मारिज्जइ (उव)। वकृ. मारंत, मारेंत (भत्त ६२; पउम १०५, ७६)। कवकृ. मारिज्जंत (सुपा १५७)। संकृ. मारेत्ता (महा), मारि (अप) (हे ४, ४३९)। हेकृ. मारेउं (महा)। कृ. मारियव्व, मारेयव्व (पउम ११, ४२), मारणिज्ज (उप ३५७ टी)।

**मार** पुं [मार] १ ताड़न (सुपा २२६)। २ मरण, मौत (आचा; सूअ २, २, १७; उप पृ ३०८)। ३ यम, जम (सूअ १, १, ३, ७)। ४ कामदेव, कंदर्प (उप ७६८ टी)। ५ चौथा नरक का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५; देवेन्द्र १०)। ६ वि. मारनेवाला (णाया १, १६—पत्र २०२)। °वहू स्त्री [°वधू] रति (सुपा ३०४)।

**मार** पुं [मार] मणि का एक लक्षण (राय ३०)।

**मारग** वि [मारक] मारनेवाला। स्त्री. °रिगा (कुप्र २३५)।

**मारण** न [मारण] १ ताड़न। २ हिंसा (भग; स १२१)।

**मारणअ** (अप) वि [मारयितृ] मारनेवाला (हे ४, ४४३)।

**मारणंतिअ** वि [मारणान्तिक] मरण के अन्त समय का (सम ११; ११९; औप; उवा; कप्प)।

**मारणया**, **मारणा** स्त्री [मारणा] मारना (भग; पण्ह १, १; विपा १, १)।

**मारय** देखो मारग (उवा; संबोध ४३)।

**मारा** स्त्री [मारा] प्राणि-वध का स्थान, सूना (णाया १, १६—पत्र २०२)।

**मारि** स्त्री [मारि] १ रोग-विशेष, मृत्यु-दायक रोग (स २४२)। २ मारण (आवम)। ३ मौत, मृत्यु (उप ३२९)।

**मारि** देखो मार = मारय्।

**मारि** वि [मारिन्] मारनेवाला (महा)।

**मारिच्च** पुं [मारीच] रावण का एक सुभट (पउम ५९, ७)। देखो मारीअ।

**मारिज्जि** देखो मारीइ (पउम ८२, २६)।

**मारिय** वि [मारित] मारा हुआ (महा)।

**मारिलग्गा** स्त्री [दे] कुत्सित स्त्री (दे ६, १३१)।

**मारिव** पुंन [दे] गौरव, 'गौरवे मारिवें' (संक्षि ४७)।

**मारिस** वि [मादृश] मेरे जैसा (कुमा)।

**मारी** स्त्री [मारी] देखो मारि (स २४२)।

**मारीअ** पुं [मारीच] ऋषि-विशेष (अभि २४९)। देखो मारिच्च।

**मारीइ**, **मारीजि** पुं [मारीचि] एक विद्याधर सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। २ रावण का एक सुभट (पउम ५६, २७)।

**मारुअ** पुं [मारुत] १ पवन, वायु (पाअ; सुपा २०४; सुर ३, ४०; १३, १९४; आप १४; महा)। २ हनूमान का पिता (से २, ४४)। °तणय पुं [°तनय] हनूमान (से ४४; हे ३, ८७)। °त्थ न [°ास्त्र] अस्त्र-विशेष, वातास्त्र (पउम ५९, ६१)।

**मारुअ** वि [मारुक] मरु देश का, मरु-संबन्धी; 'णो अमयवल्लरी मारुयम्मि कत्थइ थले होइ' (उप ९८६ टी)।

**मारुइ** पुं [मारुति] हनूमान (से १, ३७)।

**माल** अक [माल्] १ शोभना। २ वेष्टित होना। कृ 'अच्चिसहस्समालणीयं' (णाया १, १—पत्र ३८)।

**माल** पुं [दे] १ आराम, बगीचा (दे ६, १४६)। २ मञ्च, आसन-विशेष (दे ६, १४६; णाया १, १—पत्र ६३; पंचा १३, १४)। ३ वि. मञ्जु (दे ६, १४६)।

**माल** पुं [दे. माल] १ देश-विशेष (पउम ९८, ६५)। २ घर का उपरि-भाग, तला, मंजिल; गुजराती में 'माळो' (णाया १, ९—पत्र ५७; चेइय ४८१; पंचा १३, १४; ठा ३, ४—पत्र १५९)। ३ वनस्पति-विशेष (जं १)।

**माल°** देखो माला। °गार वि [°कार] माली (उप पृ १६६)।

**मालइ°**, **मालई** स्त्री [मालती] १ लता-विशेष। २ पुष्प-विशेष (पउम ५३, ७९; पाअ; कुमा)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

**मालंकार** पुं [मालङ्कार] वैरोचन बलीन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

**मालणीय** देखो माल = माल्।

**मालय** देखो माल = दे. माल (ठा ३, १—पत्र १२३)।

**मालव** पुं [मालव] १ भारतीय देश-विशेष (इक; उप १४२ टी)। २ मालव देश का निवासी मनुष्य (पण्ह १, १—पत्र १४)।

**मालव** पुं [मालव] म्लेच्छ-विशेष, आदमी को उठा ले जानेवाली एक चोर जाति (वव ४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**मालवंत** पुं [माल्यवत्] १ पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ६६; ८०; सम १०२)। २ एक राजकुमार (पउम ६, २२०)। °परियाग, °परियाय पुं [°पर्याय] पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०; ६६)।

**मालविणी** स्त्री [मालविनी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

**माला** स्त्री [माला] १ फूल आदि का हार, 'मल्लं माला दामं' (पात्र; स्वप्न ७२; सुपा ३१६; प्रासू ३०; कुमा)। २ पंक्ति, श्रेणी (पात्र)। ३ समूह; 'जलमालकद्दमालं' (सूअनि १६१)। ४ छन्द-विशेष (पिंग)। °इल्ल वि [°वत्] माला वाला (प्राप्र)। °कारि वि [°कारिन्] माली, पुष्प-व्यवसायी। स्त्री. °णी (सुपा ५१०)। °गार वि [°कार] वही अर्थ (उप १४२; टी; अंत १८, सुपा ५६२; उप पृ १५६)। °धर पुं [°धर] प्रतिमा के ऊपर के भाग की रचना-विशेष (चेइय ६३)। °यार, °र देखो °कार (अंत १८; उप पृ १५७; गा ५६६)। स्त्री. °री (कुमा; गा ५६७)। °हरा स्त्री [°धरा] छन्द-विशेष (पिंग)।

**माला** स्त्री [दे] ज्योत्स्ना, चन्द्रिका (दे ६, १२८)।

**मालाकुंकुम** न [दे] प्रधान कुंकुम (दे ६, १३२)।

**मालि** पुंस्त्री [मालि] वृक्ष-विशेष (सम १५२)।

**मालि** पुं [मालिन्] १ पाताल-लंका का एक राजा (पउम ६, २२०)। २ देश-विशेष (इक)। ३ वि. माली, पुष्प-व्यवसायी (कुमा)। ४ शोभनेवाला (कुमा)।

**मालिअ** पुं [मालिक] ऊपर देखो (दे २, ८; पण्ह १, २; सुपा २७३; उप पृ १५७)।

**मालिअ** वि [मालित] शोभित, विभूषित; परलोए पुण कल्लाणमालिआमालिआ कमेणेव' (सा २३; पाअ; उप २६४ टी)।

**मालिआ** स्त्री [मालिका, माला] देखो माला = माला (सा २३; स्वप्न ५३; औप; उत्रा)।

**मालिज्ज** न [मालीय] एक जैन मुनि-कुल (कप्प)।

**मालिणी** स्त्री [मालिनी] १ माली की स्त्री (कुमा)। २ शोभनेवाली (औप)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)। ४ मालावाली (गउड)।

**मालिण्ण** } **मालिन्न** } न [मालिन्य] मलिनता (उप पृ २२; सुपा ३५२; ५८६)।

**मालुग** } **मालुय** } पुं [मालुक] १ त्रीन्द्रिय जन्तु-विशेष (सुख ३६, १२८)। २ वृक्ष-विशेष (पण्ण १—पत्र ३१; णाया १, २—पत्र ७८)।

**मालुया** स्त्री [मालुका] १ वल्ली, लता (सूअ १, ३, २, १०)। २ वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

**मालुहाणी** स्त्री [मालुधानी] लता-विशेष (गउड)।

**मालूर** पुं [दे. मालर] कपित्थ, कैथ का गाछ (दे ६, १३०)।

**मालूर** पुं [मालूर] १ बिल्व वृक्ष, बेल का गाछ (दे ३, १६; गा ५७६; गउड, कुमा)। २ न. बेल का फल (पाअ; गउड)।

**माहुव** } **माम्वह** } पुं [मातुल] मामा (पुष्पमाला ३२ श्लो० ८ भवभावना)।

**माविअ** वि [मापित] मापा हुआ (से ६, ६०; दे ८, ४८)।

**मास** देखो मंस = मांस (हे १, २६; ७०; कुमा; उप ७२८ टी)।

**मास** पुं [मास] १ महिना, तीस दिन का समय (ठा २, ४; उप ७६८ टी; जी ३५)। २ समय, काल; 'कालमासे कालं किच्चा' (विपा १, १; २; कुप्र ३५), 'पसवमासे' (कुप्र ४०४)। ३ पर्व—वनस्पति-विशेष; 'वीरुणा- (? णी) तह इक्कडे य मासे य' (पण्ण १—पत्र ३३)। °उस देखो °तुस (राज)। °कप्प पुं [°कल्प] एक स्थान में महिना तक रहने का आचार (बृह ६)। °खमण न [°क्षपण] लगातार एक मास का उपवास (णाया १, १; विपा २, १; भग)। °गुरु न [°गुरु] तप-विशेष, एकाशन तप (संबोध ५७)। °तुस पुं [°तुष] एक जैन मुनि (विवे ५१)। °पुरी स्त्री [°पुरी] १ नगरी-विशेष, भृंगी देश की राजधानी (इक)। २ 'वर्त' देश की राजधानी; 'पावा भंगी य, मासपुरी वट्टा' (पव २७५)। °पूरिया स्त्री [°पूरिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °लहु न [°लघु] तप-विशेष, 'पुरिमड्ढ' तप (संबोध ५७)।

**मास** पुं [माष] १ अनार्य देश-विशेष। २ देश-विशेष में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ धान्य-विशेष, उड़द (दे १, ६८)। ४ परिमाण विशेष, मासा (वज्जा १५०)। °पण्णी स्त्री [°पर्णी] वनस्पति विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

**मासल** देखो मंसल (हे १, २६; कुमा)।

**मासलिय** वि [मांसलित] पुष्ट किया हुआ (गउड; सुपा ४७४)।

**मासाहस** पुं [मासाहस] पक्षि-विशेष, 'मासाहससउणिसमो किं वा चिट्ठामि घंघलिओ' (संवे ६; उव; उर ३, ३)।

**मासिअ** पुं [दे] पिशुन, खल, दुर्जन (दे ६, १२२)।

**मासिअ** वि [मासिक] मास-सम्बन्धी (उवा; औप)।

**मासिआ** स्त्री [मातृष्वसृ] माँ की बहिन (धर्मवि २२)।

**मासु** देखो मंसु = श्मश्रु (हे २, ८६)।

**मासुरी** स्त्री [दे] श्मश्रु, दाढ़ी-मूँछ (दे ६, १३०; पाअ)।

**माह** पुं [माघ] १ मास-विशेष, माघ का महिना (पाअ; हे ४, ३५७)। २ संस्कृत का एक प्रसिद्ध कवि। ३ एक संस्कृत काव्य-ग्रंथ, शिशुपाल-वध काव्य (हे १, १८७)।

**माह** न [दे] कुन्द का फूल (दे ६, १२८)।

**माहण** पुंस्त्री [माहन, ब्राह्मण] हिंसा से निवृत्त, अहिंसक—१ मुनि, साधु, ऋषि। २ श्रावक, जैन उपासक। ३ ब्राह्मण (आचा; सूअ २, २, ४८; ५४; भग १, ७; २, ५; प्रासू ८०; महा)। स्त्री. °णी (कप्प)। °कुंड न [°कुण्ड] मगध देश का एक ग्राम (आचू १)।

**माहप्प** पुंन [माहात्म्य] १ महत्व, गौरव। २ महिमा, प्रभाव (हे १, ३३; गउड; कुमा; सुर ३, ५३; प्रासू १७)।

**माहप्पया** स्त्री. ऊपर देखो (उप ७६८ टी)।

**माहय** पुं [दे] चतुरिन्द्रिय कीट-विशेष (उत्त ३६, १४६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रिट्ठ पुं [रिष्ट] १ देव-विशेष, रिष्ट नामक विमान का निवासी देव (णाया १, ८—पत्र १५१ । २ वेलम्ब और प्रभञ्जन नामक इन्द्रों के लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८) । ३ एक दृप्त साँढ, जिसको श्रीकृष्ण ने मारा था (पण्ह १, ४—पत्र ७२) । ४ पक्षि-विशेष (पउम ७, १७) । ५ न. रत्न-विशेष (चेइय ६१५; औप; णाया १, १ टी) । ६ एक देव-विमान (सम ३५) । ७ पुंन. फल-विशेष, रीठा (उत्त ३४, ४; सुख ३४, ४) । °पुरी स्त्री [°पुरी] कच्छावती-विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक) । °मणि पुं [°मणि] श्याम रत्न-विशेष (सिरि ११९०) ।

रिट्ठा स्त्री [रिष्टा] १ महाकच्छ विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक) । २ पाँचवीं नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८) । ३ मदिरा, दारू (राज) ।

रिट्ठाभ न [रिष्टाभ] १ एक देव-विमान (सम १४) । २ लोकान्तिक देवों का एक विमान (पव २६७) ।

रिट्ठि स्त्री [रिष्टि] १ खड्ग, तलवार (दे ७, ६) । २ अशुभ । ३ पुं. रन्ध्र, विवर (संक्षि ३) ।

रिड सक [मण्डय्] विभूषित करना । रिडइ (षड्) ।

रिण न [ऋण] १ करजा या कर्ज, उधार लिया हुआ धन (गा ११३; कुमा; प्रासू ७७) । २ जल, पानी । ३ दुर्ग, किला । ४ दुर्ग भूमि । ५ आवश्यक कार्य, फरज । ६ कर्म (हे १, १४१; प्राप्र) । देखो अण = ऋण ।

रिणिअ वि [ऋणित] करजदार, अधमर्ण (कुप्र ४३६) ।

रिते अ [ऋते] सिवाय, बिना (पिंड ३७०) ।

रित्त वि [रिक्त] १ खाली, शून्य (से ७, ११; गा ४९०; धर्मवि ६; ओघभा १६६) । २ न. विरेक, अभाव (उत्त २८, ३३) ।

रित्तूडिअ वि [दे] शातित, झड़वाया हुआ (दे ७, ८) ।

रित्थ न [रिक्थ] धन, द्रव्य (उप ५२०; पाअ; स ९०; सुख ४, ६; महा) ।

रिद्ध वि [ऋद्ध] ऋद्धि-संपन्न (णाया १, १; उवा; औप) ।

रिद्ध वि [दे] पक्व, पक्का (दे ७, ६) ।

रिद्धि पुंस्त्री [दे] समूह, राशि (दे ७, ६) ।

रिद्धि स्त्री [ऋद्धि] १ संपत्ति, समृद्धि, वैभव (पाअ; विपा २, १; कुमा; सुर २, १९८; प्रासू १२; ६२) । २ वृद्धि । ३ देव-विशेष । ४ ओषधि-विशेष (हे १, १२८; २, ४१; पंचा ८) । ५ छन्द-विशेष (पिंग) । °म, °ल्ल वि [°मत्] समृद्ध, ऋद्धि-सम्पन्न (ओघ ६८४; पउम ५, ५६; सुर २, ६८; सुपा २२३) । °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] एक वणिक्-कन्या (उप ७२८ टी) ।

रिपु देखो रिवु (कप्प) ।

रिप्प न [दे] पृष्ठ, पीठ (दे ७, ५) ।

रिभिय न [रिभित] १ एक प्रकार का नाट्य (ठा ४, ४—पत्र २८५) । २ स्वर का घोलन । ३ वि. स्वर-घोलना से युक्त (राज; णाया १, १—पत्र १३) ।

रिमिण वि [दे] रोने की आदतवाला (दे ७, ७; षड्) ।

रिरंसा स्त्री [रिरंसा] रमण की चाह, मैथुनेच्छा (अज्झ ७९) ।

रिरिअ वि [दे] लीन (दे ७, ७) ।

रिल्ल अक [दे] शोभना । वकृ. रिल्लंत (भवि) ।

रिवु देखो रिउ = रिपु (पउम १२, ४१; ४४, ५०; स १३८; उप पृ ३२१) ।

रिसभ } पुं [ऋषभ] १ स्वर-विशेष (ठा
रिसह } ७—पत्र ३९३) । २ अहोरात्र का अठाइसवाँ मुहूर्त्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३) । ३ संहत अस्थि-द्वय के ऊपर का वलयाकार वेष्टन-पट्ट; 'रिसहो य होइ पट्टो' (जीवस ४९) । देखो उसभ (औप; हे १, १४१; सम १४९; कम्म २, १९; सुपा २६०) ।

°रिसह पुं [°ऋषभ] श्रेष्ठ, उत्तम (कुमा) ।

रिसि पुं [ऋषि] मुनि, संत, साधु (औप; कुमा; सुपा ३१; अवि १०१; उप ७६८ टी) । °घाय पुं [°घात] मुनि-हत्या (उप ४६६) ।

रिह सक [प्र + विश्] प्रवेश करना, पैठना । रिहइ (षड्) ।

री } अक [री] जाना, चलना । रीयइ,
रीअ } रीयए, रीयंते, रीइज्जा (आचा; सूअ १, २, २, ५; उत्त २४, ७) । भूका. रीइत्था (आचा) । वकृ. रीअंत, रीयमाण (आचा) ।

रीइ स्त्री [रीति] प्रकार, ढंग, पद्धति; 'तं जणं विडंबंति निच्चं नवनवरीईइ' (धर्मवि ३२; कप्पू) ।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रीड सक [ मण्डय् ] अलंकृत करना । रीडइ (हे ४, ११५) ।

रीडण न [मण्डन] अलंकरण (कुमा) ।

रीढ स्त्रीन [दे] अवगणन, अनादर (दे ७, ८) । स्त्री. °ढा (पाअ; धम्म ११ टी; पंचा २, ८; बृह १) ।

रीण वि [रीण] १ क्षरित, स्नुत । २ पीडित (भत्त २) ।

रीर अक [ राज् ] शोभना, चमकना, दीपना । रीरइ (हे ४, १००) ।

रीरिअ वि [राजित] शोभित (कुमा) ।

रीरी स्त्री [रीरी] धातु-विशेष, पीतल (कुप्र ११; सुपा १४२) ।

रु स्त्री [ रुज् ] रोग, बीमारी; 'अरु (? रू) उवसग्गो' (तंदु ४६) ।

रुअ अक [रुद्] रोना । रुअइ (षड्; संक्षि ३६; प्राकृ ६८; महा) । भवि. रोच्छं (हे ३, १७१) । वकृ. रुअ°, रुअंत, रुयमाण (गा २१६; ३७६; ४००; सुर २, ६६; ११२; ४, १२६) । संकृ. रोत्तूण (कुमा; प्राकृ ३४) । हेकृ. रोत्तुं (प्राकृ ३४) । कृ. रोत्तव्व (हे ४, २१२; से ११, ६२) । प्रयो. रुयावेइ (महा), रुआवंति (पुप्फ ४४७) ।

रुअ न [रुत] शब्द, आवाज (से १, २८; णाया १, १३; पव ७३ टी) ।

रुअ देखो रूअ = रूप (इक) ।

रुअ देखो रूअ = (दे) (औप) ।

रुअंती स्त्री [रुदती] वल्ली-विशेष (संबोध ४७) ।

रुअंस देखो रूअंस (इक) ।

रुअग पुं [रुचक] १ कान्ति, प्रभा (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप) । २ पर्वत-विशेष; 'नगुत्तमो होइ पव्वओ रुयगो' (दीव) । ३ द्वीप-विशेष (दीव) । ४ एक समुद्र (सुज्ज १६) । ५ एक विमानावास—देव-विमान (देवेन्द्र १३२) । ६ न. इन्द्रों का एक आभाव्य विमान (देवेन्द्र २६३) । ७ रत्न-विशेष (उत्त ३६, ७६, सुख ३६, ७६) । ८ रुचक पर्वत का पाँचवाँ कूट (दीव) । ९ निषध पर्वत का आठवाँ कूट (इक) । °प्पभ न [°प्रभ] महाहिमवंत पर्वत का एक कूट (ठा २, ३) । °वर पुं [°वर] १ द्वीप-विशेष (सुज्ज १६) । २ पर्वत-विशेष (पण्ह २, ४—पत्र १३०) । ३ समुद्र-विशेष । ४ रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३—पत्र ३६७) । °वरभद्द पुं [°वरभद्र] रुचकवर द्वीप का अधिष्ठायक एक देव (जीव ३—पत्र ३६६) । °वरमहाभद्द पुं [°वरमहाभद्र] वही अर्थ (जीव ३) । °वरमहावर पुं [°वरमहावर] रुचकवर समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३) । °वरावभास पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष । २ समुद्र-विशेष (जीव ३) । °वरावभासभद्द पुं [°वरावभासभद्र] रुचकवरावभास द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३) । °वरावभासमहाभद्द पुं [°वरावभासमहाभद्र] वही अर्थ (जीव ३) । °वरावभासमहावर पुं [°वरावभासमहावर] रुचकवरावभास नामक समुद्र का एक अधिष्ठाता देव (जीव ३) । °वरावभासवर पुं [°वरावभासवर] वही अर्थ (जीव ३—पत्र ३६७) । °वरोद पुं [°वरोद] समुद्र-विशेष (सुज्ज १६) । °वरोभास देखो °वरावभास (सुज्ज १६) । °वई स्त्री [°वती] एक इन्द्राणी (णाया २—पत्र २५२) । °ोद पुं [°ोद] समुद्र-विशेष (जीव ३—पत्र ३६६) ।

रुअगिंद पुं [रुचकेन्द्र] पर्वत-विशेष (सम ३३) ।

रुअगुत्तम न [रुचकोत्तम] कूट-विशेष (इक) ।

रुअण न [रोदन] रुदन, रोना (संबोध ४) ।

रुअय देखो रुअग (सम ६२) ।

रुअरुइआ स्त्री [दे] उत्कण्ठा (दे ७, ८) ।

रुआ स्त्री [ रुज् ] रोग, बीमारी (उव; धर्मसं ५६८) ।

रुआविअ वि [रोदित] रुलाया हुआ (गा ३८६) ।

रुइ स्त्री [रुचि] १ कान्ति, प्रभा, तेज (सुर ७, ४; कुमा) । २ अनुराग, प्रेम (जो ५१) । ३ आसक्ति (प्रासू १६६) । ४ स्पृहा, अभिलाष । ५ शोभा । ६ बुभुक्षा, खाने की इच्छा । ७ गोरोचना ( षड् ) ।

रुइअ वि [रुचित] १ अभीष्ट, पसंद (सुर ७, २४३; महा) । २ पुंन. विमानावास-विशेष, एक देव-विमान (देवेन्द्र १३२) ।

रुइअ देखो रुण्ण = रुदित (स १२०) ।

रुइर वि [रुचिर] १ सुन्दर, मनोरम (पाअ) । २ दीप्र, कान्ति-युक्त (तंदु २०) । ३ पुंन. एक विमानेन्द्रक, देवविमान-विशेष (देवेन्द्र १३१) ।

रुइर वि [रोदितृ] रोनेवाला । स्त्री. °री (पि ५६६, गा २१६ अ) ।

रुइल वि [°रुचिर, °ल] १ शोभन, सुन्दर (औप; णाया १, १ टी; तंदु २०) । २ दीप्त, चमकता हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ७८; सूअ २, १, ३) । ३ पुंन. एक देव-विमान (सम ३८) ।

रुइल्ल न [ रुचिर, रुचिमत् ] एक देव-विमान (सम १५) । °कंत न [°कान्त] एक देव-विमान (सम १५) । °कूड न [°कूट] एक देव-विमान (सम १५) । °ज्झय न [°ध्वज] देवविमान-विशेष (सम १५) । °प्पभ न [°प्रभ] एक देवविमान (सम १५) । °लेस न [°लेश्य] एक देवविमान (सम १५) । °वण्ण न [°वर्ण] देवविमान-विशेष (सम १५) । °सिंग न [°शृङ्ग] एक देवविमान (सम १५) । °सिट्ठ न [°सृष्ट] एक देवविमान (सम १५) । °ावत्त न [°ावर्त्त] एक देवविमान (सम १५) ।

रुइल्लुत्तरवडिंसग न [रुचिरोत्तरावतंक] एक देवविमान (सम १५) ।

रुंच सक [रुञ्च् ] रुई से उसके बीज को अलग करने की क्रिया करना । वकृ. रुंचंत (पिंड ५७४) ।

रुंचण न [रुञ्चन] रुई से कपास को अलग करने की क्रिया (पिंड ५८८) ।

रुंचणी स्त्री [दे] घरट्टी, दलने का पत्थर-यन्त्र (दे ७, ८) ।

रुंज अक [रु] आवाज करना । रुंजइ (हे ४, ५७; षड्) ।

रुंजग पुं [दे. रुञ्जक] वृक्ष, पेड़, गाछ; 'कुहा महीरुहा वच्छा रोवगा रुंजगाई अ' (दसनि १) ।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रुंजिय न [रवण] शब्द, आवाज, गर्जना (स ४२०)।
रुंट देखो रुंज। रुंटइ (हे ४, ५७; षड्)। वकृ. रुंटंत (स ६२; पउम १०५, ५५; गउड)।
रुंटणया स्त्री [दे] अवज्ञा, अनादर (पिंड २१०)।
रुंटणिया स्त्री [दे रवणिका] रोदन-क्रिया (णाया १, १६—पत्र २०२)।
रुंटिअ न [रुत] गुञ्जारव, आवाज; 'रुंटिअं अलिविरुअं' (पाअ; कुमा)।
रुंड पुंन [रुण्ड] बिना सिर का धड़, कबन्ध; 'पडिया य मुंडरुंडा' (कुप्र १३५; गउड; भवि; सण)।
रुंढ पुं [दे] आक्षिक, कितव, जूआड़ी (दे ७, ८)।
रुंढिअ वि [दे] सफल (दे ७, ८)।
रुंद वि [दे] १ विपुल, प्रचुर (दे ७, १४; गा ४०२; सुपा २६३; वज्जा १२८; १६२)। २ विशाल, विस्तीर्ण (विसे ७१०; स ७०२; पव ६१; औप)। ३ स्थूल, मोटा, पीन (पाअ)। ४ मुखर, वाचाल (दे ७, १४)।
रुंदी स्त्री [दे] विस्तीर्णता, लम्बाई (वज्जा १६४)।
रुंध सक [ रुध् ] रोकना, अटकाना। रुंधइ (हे ४, १३३; २१८)। कर्म. रुंधिज्जइ, रुब्भइ, रुब्भए (हे ४, २४५; कुमा)। वकृ. रुंधंत (कुमा)। कवकृ. रुब्भंत, रुब्भमाण, रुज्झंत (पउम ७३, २६; से ४, १७; भवि)। कृ. रुंधिअव्व (अभि ५०)।
रुंधिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।
रुंप पुंन [दे] १ त्वचा, सूक्ष्म छाल (गा ११६; १२०; वज्जा ४२)। २ उल्लिखन (वज्जा ४२)।
रुंपण न [रोपण] रोपाना, वपन कराना, वापन (पिंड १६२)।
रुंफ देखो रुंप (पि २०८)।
रुंभ देखो रुंध। रुंभइ (हे ४, २१८; प्राप्र)। वकृ. रुंभंत (पि ५३५)। कृ. रुंभिअव्व (से ६, ३)।
रुंभण न [रोधन] रोक, अटकाव, अवरोध (पण्ह १, १; कुप्र ३७७; गा ६६०)।
रुंभय वि [रोधक] रोकनेवाला (स ३८१)।
रुंभाविअ वि [रोधित] रुकवाया हुआ, बँद किया हुआ (श्रा २७)।
रुंभिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (हेका ६६; सुपा १२७)।
रुक्क न [दे] बैल आदि की तरह शब्द करना (अणु २६)।
रुक्किणी देखो रुप्पिणी (पि २७७)।
रुक्ख पुंन [वृक्ष] पेड़, गाछ, पादप (णाया १, १; हे २, १२७; प्राप्र; उव; कुमा; जी २७; प्रति ६; प्रासू १६८); 'रुक्खाइं, रुक्खाणि' (पि ३५८)। २ संयम, विरति (सूअ १, ४, १, २५)। °मूल न [°मूल] पेड़ की जड़ (कस)। °मूलिय पुं [°मूलिक] वृक्ष के मूल में रहनेवाला वानप्रस्थ (औप)। °सत्थ न [°शास्त्र] वनस्पति-शास्त्र (स ३११)। °ाउवेद पुं [°ायुर्वेद] वही अर्थ (विसे १७७५)।
रुक्खल्ल ऊपर देखो (षड्)।
रुक्खित्तम पुंस्त्री [वृक्षत्व] वृक्षपन (षड्)।
रुग्ग वि [रुग्ण] भग्न, भाँगा हुआ (पाअ; गउड; ५६१)।
रुच } सक [दे] पीसना। रुचंति, रुच्चंति;
रुच्च } भूका. रुचिंसु, रुच्चिंसु; भवि. रुचिस्संति, रुच्चिस्संति (आचा २, १, ६, ५)।
रुचिर देखो रुइर (दे १, १४६)।
रुच्च अक [रुच्] रुचना, पसन्द पड़ना। रुच्चइ, रुच्चए (वज्जा १०६; महा; सिरि १०६; भवि। वकृ. रुच्चंत, रुच्चमाण (भवि; उप १४३ टी)।
रुच्च सक [दे] व्रीहि आदि को यन्त्र में निस्तुष करना। वकृ. रुच्चंत (णाया १, ७—पत्र ११७)।
रुच्चि देखो रुइ = रुचि (कप्पू)।
रुच्छ देखो रुक्ख (संक्षि १५)।
रुच्मि देखो रुप्पि (हे २, ५२; कुमा)।
रुज्ज न [रोदन] रुदन, रोना; 'दीहुण्हा णीसासा, रणरणओ, रुज्जणग्गिरं गेअं' (गा ८४३)।
रुज्झ देखो रुंध। रुज्झइ (हे ४, २१८)।
रुज्झ° देखो रुह = रुह्।
रुज्झंत देखो रुंध।
रुज्झिअ वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।
रुट्टिया स्त्री [दे] रोटी (सट्ठि ३६)।
रुट्ठ वि [रुष्ट] रोष-युक्त (उवा; सुर २, १२१)। २ पुं. नरकावास-विशेष (देवेन्द्र २८)।
रुणरुण न [दे] करुण क्रन्दन (भवि)।
रुणरुण अक [दे] करुण क्रन्दन करना। रुणरुणइ (वज्जा ५०; भवि)। वकृ. रुणरुणंत (भवि)।
रुणुरुण देखो रुणरुण (पउम १०५, ५८)।
रुणुरुणिय वि [दे] करुण क्रन्दनवाला (पउम १०५, ५८)।
रुण्ण न [रुदित] रोदन, रोना (हे १, २०६; प्राप्र; गा १८)।
रुते देखो रिते (वव ४)।
रुत्थिणी देखो रुप्पिणी (षड्)।
रुदिअ देखो रुण्ण (नाट—मालती १०६)।
रुद्द पुं [रुद्र] १ महादेव, शिव (सम्मत्त १४५; हेका ५६)। २ शिव-मूर्ति-विशेष (णाया १, १—पत्र ३६)। ३ जिन देव, जिन भगवान् (पउम १०६, १२)। ४ परमाधार्मिक देवों की एक जाति (सम २८)। ५ नृप-विशेष, एक वासुदेव का पिता (पउम २०, १८२; सम १५२)। ६ ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२)। ७ अंग-विद्या का जानकार पुरुष (विचार ४८४)। ८ वि. भयंकर, भय-जनक (सम्मत्त १४५)। देखो रोद्द = रुद्र।
रुद्द देखो रोद्द = रौद्र (सम ६)।
रुद्दक्ख पुं [रुद्राक्ष] वृक्ष-विशेष (पउम ५३, ७६)।
रुद्दाणी स्त्री [रुद्राणी] शिव-पत्नी, दुर्गा (समु १५४)।
रुद्ध वि [रुद्ध] रोका हुआ (कुमा)।
रुद्र देखो रुद्द (हे २, ८०)।
रुन्न देखो रुण्ण (सुर २, १२६)।
रुप्प सक [ रोपय् ] रोपना, बोना; 'सहयारभरियदेसे रुप्पसि धत्तूरयं तुमं वच्छे' (धर्मवि ६७)।
रुप्प न [रुक्म] १ काञ्चन, सोना। २ लोहा। ३ धत्तूरा। ४ नागकेसर (प्राप्र)। ५ चाँदी, रजत (जं ४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रुप्प न [रूप्य] चाँदी, रजत (औप; सुर ३, ६; कप्पू)। °कूड पुं [°कूट] रुक्मि पर्वत का एक कूट (राज)। °कूलप्पवाय पुं [°कूलप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७३)। °कूला स्त्री [°कूला] १ एक महानदी (ठा २, ३—पत्र ७२; ८०; सम २७; इक)। २ एक देवी। ३ रुक्मि पर्वत का एक कूट (जं ४)। °मय वि [°मय] चाँदी का बना हुआ (णाया १, १—पत्र ५२; कुमा)। °ाभास पुं [°ाभास] एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)।

रुप्प वि [रौप्य] रूपा का, चाँदी का (णाया १, १—पत्र २४; उर ८, ४)।

रुप्पय देखो रुप्प = रूप्य; 'रुप्पयं रययं' (पाअ; महा)।

रुप्पि पुं [रुक्मिन्] १ कौण्डिन्य नगर का एक राजा, रुक्मिणी का भाई (णाया १, १६—पत्र २०६; कुमा; रुक्मि ४२)। २ कुणाल देश का एक राजा (णाया १, ८—पत्र १४०)। ३ एक वर्षधर-पर्वत (ठा २, ३—पत्र ६६; सम १२; ७२)। ४ एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८)। ५ देव-विशेष (जं ४)। ६ रुक्मि पर्वत का एक कूट (जं ४)। ७ वि. सुवर्णवाला। ८ चाँदी वाला (हे २, ५२; ८९)। °कूड पुंन [°कूट] रुक्मि पर्वत का एक कूट (ठा २, ३; सम ६३)।

रुप्पिणी स्त्री [रुक्मिणी] १ द्वितीय वासुदेव की एक पटरानी (पउम २०, १८६)। २ श्रीकृष्ण वासुदेव की एक अग्र-महिषी (पउम २०, १८७; पडि)। ३ एक श्रेष्ठि-पत्नी (सुपा ३३४)।

रुप्पोभास पुं [रूप्यावभास] १ एक महाग्रह (सुज्ज २०)। २ वि. रजत की तरह चमकता (जं ४)।

रुब्भंत } देखो रुंध।
रुब्भमाण }

रुम्मिणी देखो रुप्पिणी (षड्)।

रुम्ह सक [म्लापय्] म्लान करना, मलिन करना। 'प-रुम्हाइ जसं' (से ३, ४)।

रुरु पुं [रुरु] १ मृग-विशेष (पउम ६, ५६; पण्ह १, १—पत्र ७)। २ वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३५)। ३ एक अनार्य देश। ४ एक अनार्य मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)।

रुरुअ अक [रोरूय्] १ खूब आवाज करना। २ बारंबार चिल्लाना। वकृ. रुरुवेंत (स २१३)।

रुल अक [लुठ्] लेटना। वकृ. रुलंत, रुलिंत (पण्ह १, ३—पत्र ४५, 'पडियगय-घडतुरयं रुलंतवरसुहडधडसयाइन्नं' (धर्मवि ८०)।

रुलुघुल अक [दे] नीचे साँस लेना, निःश्वास डालना। वकृ. रुलुघुलंत (भवि)।

रुव देखो रुअ = रुद्। रुवइ (हे ४, २२६; प्राकृ ६८; संक्षि ३६; भवि; महा), रुवामि (कुप्र ६६)। कर्म. रुव्वइ, रुविज्जइ (हे ४, २४९)।

रुवण न [रोदन] रोना (उप ३३५)।

रुवणा स्त्री. ऊपर देखो (ओघभा ३०)।

रुवणा स्त्री [रोवणा] आरोपणा, प्रायश्चित्त का एक भेद (वव १)।

रुविल देखो रुइल (औप)।

रुव्व देखो रुअ = रुद्। रुव्वइ (संक्षि ३६; प्राकृ ६८)।

रुसा स्त्री [रोष] रोष, गुस्सा (कुमा)।

रुसिय देखो रूसिअ (पउम ५५, १५)।

रुह अक [रुह्] १ उत्पन्न होना। २ सक. घाव को सुखाना। रुहइ (नाट)। कर्म. 'जेण विदारियट्ठीवि खग्गाइपहारो इमीए पक्खालणोयएणंपि पणट्ठवेयणं तक्खणा चेव रुब्भइ त्ति' (स ४१३)।

रुह वि [रुह] उत्पन्न होनेवाला (आचा)।

रुहण न [रोधन] निवारण (वव १)।

रुहरुह अक [दे] मन्द मन्द बहना, 'वामंगि सुत्ति रुहरुहइ वाउ' (भवि)।

रुहुरुहय पुं [दे] उत्कण्ठा (भवि)।

रूअ न [दे. रूत] रुई, तूल (दे ७, ९; कप्प; पव ८४; देवेन्द्र ३३२; धर्मसं ९८०; भग; संबोध ३१)।

रूअ पुं [रूप] १–२ पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७)। ३ आकृति, आकार (गा १३२)। ४ वि. सदृश, तुल्य (दे ६; ४६)। °कंत पुं [°कान्त] १–२ पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १)। °कंता स्त्री [°कान्ता] १ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी-महत्तरिका (राज)। °प्पभ पुं [°प्रभ] पूर्णभद्र और विशिष्ट नामक एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी [णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ६—पत्र ३६१)। देखो रूव = रूप (गउड)।

रूअंस पुं [रूपांश] १–२ पूर्णभद्र और विशिष्ट इन्द्र का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८)।

रूअंसा स्त्री [रूपांशा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा६—पत्र ३६१)।

रूअग } पुंन [रूपक] १ रुपया (हे ४, ४२२)। २ पुं. एक गृहस्थ (णाया २—पत्र २५२)। ३ रूपा देवी का सिंहासन (णाया २—पत्र २५२)। °वडिंसय न [°वतंसक] रूपा देवी का भवन (णाया २)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक गृहस्थ स्त्री (णाया २)। °वई स्त्री [°वती] भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २)। देखो रूवय = रूपक।
रूअय }

रूअरुइआ [दे] देखो रुअरुइआ (षड्)।

रूआ स्त्री [रूपा] १ भूतानन्द इन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५२)। २ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८)।

रूआमाला स्त्री [रूपमाला] छन्द-विशेष (पिंग)।

रूआर वि [रूपकार] मूर्त्ति बनानेवाला, 'मोत्तुमजोग्गं जोग्गे दलिए रूवं करेइ रूआरो' (विसे १११०)।

रूआवई स्त्री [रूपवती] एक दिक्कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८)।

रूढ त्रि [रूढ] १ परंपरागत, रूढि-सिद्ध। २ प्रसिद्ध; 'रूढक्कमेण सव्वे नराहिवा तत्थ उवविट्ठा' (उप ६४८ टी)। ३ प्रगुण, तंदुरुस्त (पाअ)।

**रूढ** वि [रूढ] उगा हुआ, उत्पन्न (दस ७, ३५)।

**रूढि** स्त्री [रूढि] परम्परा से चली आती प्रसिद्धि, 'पोसहसद्दो रूढीए एत्थ पव्वाणुवायओ भणिओ' (सुपा ६१८; कप्पू)।

**रूप** पुं [रूप] पशु, जानवर (मृच्छ २००)। रूअ = रूप (ठा ६—पत्र ३६१)।

**रूपि** पुं [रूपिन्] सौनिक, कसाई (मृच्छ २००)।

**रूरुइय** न [दे] उत्सुकता, रणरणक (पाअ)।

**रूव** पुंन [रूप] १ आकृति, आकार (णाया १, १; पाअ)। २ सौन्दर्य, सुन्दरता (कुमा; ठा ४, २; प्रासू ४७; ७१)। ३ वर्ण, शुक्ल आदि रँग (औप; ठा १; २, ३)। ४ मूर्ति (विसे १११०)। ५ स्वभाव (ठा ६)। ६ शब्द, नाम। ७ श्लोक। ८ नाटक आदि दृश्य काव्य (हे १, १४२)। ९ एक की संख्या, एक (कम्म ४, ७७; ७८; ७९; ८०; ८१)। १०-११ रूपवाला, वर्णवाला (हे १, १४२)। १२—देखो रूअ, रूप = रूप। °कंता देखो रूअ-कंता (ठा ६—पत्र ३६१; इक)। °जक्ख पुं [°यक्ष] धर्मपाठक (व्यव० भा० गा० ६१४)। °धार वि [°धार] रूप-धारी; 'जलयरमज्झगएणं अणेगमच्छाइरूवधारेणं' (सा ६)। °प्पभा देखो रूअ-प्पभा (इक)। °मंत देखो °वंत (पउम १२, ५७; ६१, २६)। °वई स्त्री [°वती] १ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ६—पत्र ३६१)। २ सुरूप नामक भूतेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ एक दिक्कुमारी महत्तरिका (ठा ६)। °वंत, °स्सि वि [°वत्] रूपवाला, सुरूप (श्रा १०; उवा; उप पृ ३३२; सुपा ४७४; उव)।

**रूवग** पुंन [रूपक] १ रुपया (उप पृ २८०; धम्म ८ टी; कुप्र ४१४) २ साहित्य-प्रसिद्ध एक अलंकार (सुर १, २९; विसे ९९९ टी)। देखो रूअग = रूपक।

**रूवमिणी** स्त्री [दे] रूपवती स्त्री (दे ७, ६)।

**रूवय** देखो रूवग (कुप्र १२३; ४१३; भास ३४)।

**रूवसिणी** देखो रूवमिणी (षड्)।

**रूवा** देखो रूआ (इक)।

**रूवि** वि [रूपिन्] रूपवाला (आचा; भग; स ८३)।

**रूवि** पुंस्त्री [दे] गुच्छ-विशेष, अर्क-वृक्ष, आक का पेड़ (पण्ण १—पत्र ३२; दे ७, ९)।

**रूस** अक [रुष्] गुस्सा करना। रूसइ, रूसए (उव; कुमा; हे ४, २३६; प्राकृ ६८; षड्)। कर्म. रूसिज्जइ (हे ४, ४१८)। हेकृ. रूसिउं, रूसेउं (हे ३, १४१; पि ५७३)। कृ. रूसिअव्व, रूसेयव्व (गा ४६६; पण्ह २, ५—पत्र १५०; सुर १६, ६४)। प्रयो., संकृ. रूसविअ (कुमा)।

**रूसण** न [रोषण] १ रोष, गुस्सा (गा ६७५; हे ४, ४१८)। २ वि. गुस्साखोर, रोष करनेवाला (सुख १, १४; संबोध ४८)।

**रूसिअ** वि [रुष्ट] रोष-युक्त (सुख १, १३; १६)।

**रे** अ [रे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ परिहास। २ अधिक्षेप (संक्षि ४७)। ३ संभाषण (हे २, २०१; कुमा)। ४ आक्षेप (संक्षि ३८)। ५ तिरस्कार (पव ३८)।

**रेअ** पुं [रेतस्] वीर्य, शुक्र (राज)।

**रेअव** सक [मुच्] छोड़ना, त्यागना। रेअवइ (हे ४, ९१)।

**रेअविअ** वि [मुक्त] छोड़ा हुआ, त्यक्त (कुमा; दे ७, ११)।

**रेअविअ** वि [दे. रेचित] क्षणीकृत, शून्य किया हुआ, खाली किया हुआ (दे ७, ११; पाअ; से ११, २)।

**रेआ** स्त्री [रै] १ धन। २ सुवर्ण, सोना (षड्)।

**रेइअ** वि [रेचित] रिक्त किया हुआ (से ७, ३१)।

**रेंकिअ** वि [दे] १ आक्षिप्त। २ लीन। ३ व्रीडित, लज्जित (दे ७, १४)।

**रेकार** पुं [रेकार] 'रे' शब्द, 'रे' की आवाज (पव ३८)।

**रेट्ठि** देखो रिट्ठि (संक्षि ३)।

**रेणा** स्त्री [रेणा] महर्षि स्थूलभद्र की एक भगिनी, एक जैन साध्वी (कप्प; पडि)।

**रेणि** पुंस्त्री [दे] पङ्क, कर्दम (दे ७, ९)।

**रेणु** पुंस्त्री [रेणु] १ रज, धूली (कुमा)। २ पराग (स्वप्न ७६)।

**रेणुया** स्त्री [रेणुका] ओषधि-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)।

**रेभ** पुं [रेफ] १ 'र' अक्षर, रकार (कुमा)। २ वि. दुष्ट। ३ अधम, नीच। ४ क्रूर, निर्दय। ५ कृपण, गरीब (हे १, २३६; षड्)।

**रेरिज्ज** अक [राराज्य्] अतिशय शोभना। वकृ. रेरिज्जमाण (णाया १, २—पत्र ७८; १, ११—पत्र १७१)।

**रेल्ल** सक [प्लावय्] सराबोर करना। वकृ. रेल्लंत (कुमा)।

**रेल्लि** स्त्री [दे] रेल, स्रोत, प्रवाह (राज)।

**रेवइनक्खत्त** पुं [रेवतीनक्षत्र] आर्य नागहस्ती के शिष्य एक जैन मुनि (णंदि ५१)।

**रेवइय** पुं [रैवतिक] स्वर-विशेष, रैवत स्वर (अणु १२८)।

**रेवइय** न [रैवतिक] एक उद्यान का नाम (कप्प)।

**रेवइआ** स्त्री [रेवतिका] भूत-ग्रह विशेष (सुख २, १९)।

**रेवई** स्त्री [रेवती] १ बलदेव की स्त्री (कुमा)। २ एक श्राविका का नाम (ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४)। ३ एक नक्षत्र (सम ५७)।

**रेवई** स्त्री [दे. रेवती] मातृका, देवी (दे ७, १०)।

**रेवंत** पुं [रेवन्त] सूर्य का एक पुत्र, देवविशेष; 'रेवंततणुभवा इव अस्सकिसोरा सुलक्खणिणो' (धर्मवि १४२; सुपा ५६)।

**रेवज्जिअ** वि [दे] उपालब्ध (दे ७, १०)।

**रेवण** पुं [रेवण] व्यक्ति-वाचक नाम, एक साधारण काव्य-ग्रंथ का कर्ता (धर्मवि १४२)।

**रेवय** न [दे] प्रणाम, नमस्कार (दे ७, ६)।

**रेवय** पुं [रैवत] गिरनार पर्वत (णाया १, ५—पत्र ९९; अंत; कुप्र १८)।

**रेवय** पुं [रैवत] स्वर-विशेष (अणु १२७)।

**रेवलिआ** स्त्री [दे] वालुकावर्त्त, धूल का आवर्त (दे ७, १०)।

**रेवा** स्त्री [रेवा] नदी-विशेष, नर्मदा (गा ५७८; पाअ; कुमा; प्रासू ६७)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

रेसणिआ } स्त्री [दे] १ करोटिका, एक
रेसणी } प्रकार का कांस्य-भाजन (पाअ; दे ७, १५)। २ अक्षि-निकोच (दे ७, १५)।

रेसम्मि देखो रेसम्मि, 'जो उण सद्धा-रहिओ दाणं देइ जसकित्तिरेसम्मि' (स १५७)।

रेसि (अप) देखो रेसिं (हे ४, ४२५; सण)।

रेसिअ वि [दे] छिन्न, काटा हुआ (दे ७, ६)।

रेसिं (अप) नीचे देखो (हे ४, ४२५)।

रेसिम्मि अ. निमित्त, लिए, वास्ते; 'दंसण-नाणचरित्ताण एस रेसिम्मि सुपसत्थो' (पंचा १६, ४०)।

रेह अक [राज्] दीपना, शोभना, चमकना। रेहइ, रेहए (हे ४, १००; धात्वा १५०; महा)। वकृ. रेहंत (कप्प)।

रेहा स्त्री [रेखा] १ चिह्न-विशेष, लकीर (ओघ ४८६; गउड; सुपा ४१; वज्जा ६४)। २ पंक्ति, श्रेणि (कप्पू)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

रेहा स्त्री [राजना] शोभा, दीप्ति (कप्पू)।

रेहिअ न [दे] छिन्न पुच्छ, कटी हुई पूँछ (दे ७, १०)।

रेहिअ वि [राजित] शोभित (सुर १०, १८६)।

रेहिर वि [रेखावत्] रेखावाला (हे २, १५६)।

रेहिर } वि [राजितृ] शोभनेवाला (सुर
रेहिल्ल } १, ५०; सुपा ५६), 'नयरे नयरे-हिल्ले' (उप ७२८ टी)।

रेहिल्ल देखो रेहिर = रेखावत् (उप ७२८ टी)।

रोअ देखो रुअ = रुद्। रोअइ (संक्षि ३६; प्राकृ ३८)। वकृ. रोअंत, रोयमाण (गा ५४६; उप पृ १२८; सुर २, २२६)। हेकृ. रोउं (संक्षि ३७)। कृ रोअत्तअ, रोइअव्व (से ३, ४८; गा ३४८; हेका ३३)।

रोअ देखो रुच = रुच्। रोयइ, रोयए (भग; उव), 'रोएइ जं पहूणं तं चेव कुणंति सेवगा निच्चं' (रंभा)। वकृ. रोयंत (श्रा ६)।

रोअ सक [रोचय्] १ रुचि करना। २ पसन्द करना, चाहना। रोयइ, रोएमि, रोएहि (उत्त १८, ३३; भग)। संकृ. रोयइत्ता (उत्त २६, १)।

रोअ सक [रोचय्] निर्णय करना। रोअए (दस ५, १, ७७)।

रोअ पुं [रोच] रुचि,

'दुक्कररोया विउसा बाला
भणियेपि मेव बुज्भंति।
तो मज्झिमबुद्धीणं हियत्थमेसो
पयासो मे' (चेइय २६०)।

रोअ पुं [रोग] आमय, बीमारी (पाअ)।

रोअग वि [रोचक] १ रुचि-जनक। २ न. सम्यक्त्व का एक भेद (संबोध ३५; सुपा ५५१)।

रोअण न [रोदन] रोना, रुदन (दे ५, १०; कुप्र २३५; २८६)।

रोअण पुं [रोचन] १ एक दिग्हस्ति-कूट (इक)। २ न. गोरोचन (गउड)।

रोअणा स्त्री [रोचना] गोरोचन (से ११, ४५; गउड)।

रोअणिआ स्त्री [दे] डाकिनी, डाइन (दे ७, १२; पाअ)।

रोअत्तअ देखो रोअ = रुद।

रोआविअ वि [रोदित] रुलाया हुआ (गा ३५७; सुपा ३१७)।

रोइ वि [रोगिन्] रोगवाला, बीमार (गउड)।

रोइ देखो रुइ = रुचि; 'अवि सुंदरेवि दिएणे दुक्कररोई कलहमाई' (पिंड ३२१)।

रोइअ वि [रोचित] १ पसंद आया हुआ (भग)। २ चिकीर्षित (ठा ६—पत्र ३५५)।

रोइर वि [रोदितृ] रोनेवाला (गा ३८६; षड्)।

रोंकण वि [दे] रंक, गरीब (दे ७, ११)।

रोंच सक [पिष्] पीसना। रोंचइ, (हे ४, १८५)।

रोकअ वि [दे] प्रोक्षित, अति सिक्त (षड्)।

रोक्कणि } वि [दे] १ शृंगी, शृंगवाला।
रोक्कणिअ } २ नृशंस, निर्दय (दे ७, १६)।

रोग पुं [रोग] १ बीमारी, व्याधि (उवा; पराह १, ४)। २ एक ब्राह्मण-जातीय श्रावक (उप ५३६)।

रोगि वि [रोगिन्] बीमार (सुपा ५७६)।

रोगिअ वि [रोगिक, °त] ऊपर देखो (सुख १, १४)।

रोगिणिआ स्त्री [रोगिणिका] रोग के कारण ली जाती दीक्षा (ठा १०—पत्र ४७३)।

रोगिल्ल देखो रोगि (प्रामा)।

रोघस वि [दे] रंक, गरीब (दे ७, ११)।

रोच्च देखो रोंच। रोच्चइ (षड्)।

रोज्झ पुं [दे] ऋश्य, पशु-विशेष; गुजराती में 'रोझ' (दे ७, १२; विपा १, ४; पाअ)।

रोट्ट पुंन [दे] १ तंदुल-पिष्ट, चावल आदि का आटा, पिसान, गुजराती में 'लोट' (दे ७, ११; ओघ ३६३; ३७४; पिंड ४४; बृह १)।

रोट्टग पुं [दे] रोटी, रोट (महा)।

रोड सक [दे] १ रोकना, अटकाना। २ अनादर करना। ३ हैरान करना। रोडिसि (स ५७५)। कवकृ. रोडिज्जंत (उप पृ १३३)।

रोड न [दे] घर का मान, गृह-प्रमाण (दे ७, ११)।

रोडी स्त्री [दे] १ इच्छा, अभिलाषा। २ वणी की शिबिका (दे ७, १५)।

रोत्तव्व देखो रुअ = रुद्।

रोद्द पुं [रौद्र] १ अहोरात्र का पहला मुहूर्त (सम ५१)। २ एक नृपति, तृतीय बलदेव और वासुदेव का पिता (ठा ६—पत्र ४४७)। ३ अलंकार-शास्त्र-प्रसिद्ध नव रसों में एक रस (अणु)। ४ वि. दारुण, भयंकर, भीषण (ठा ४, ४; महा)। ५ न. ध्यान-विशेष, हिंसा आदि क्रूर कर्म का चिन्तन (औप)।

रोद्द पुं [रुद्र] अहोरात्र का पहला मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)। देखो रुद्द = रुद्र।

रोद्ध वि [दे] १ कूणिताक्ष। २ न. मल (दे ७, १५)।

रोम पुंन [रोमन्] लोम, बाल, रोंआ (औप; पाअ; गउड)। °कूव पुं [°कूप] लोम का छिद्र (णाया १, १—पत्र १३; सुर २, १०१)।

रोम न [रोम] खान में होता लवण (दस ३, ८)।

रोमंच पुं [रोमाञ्च] रोंओं का खड़ा होना, भय या हर्ष से रोंओं का उठ जाना, पुलक (कुमा; काल; भवि; सण)।

रोमंचइअ } वि [रोमाञ्चित] पुलकित,
रोमंचिअ } जिसके रोम खड़े हुए हों वह (पउम ३, १०४; १०२, २०३; पाअ; भवि)।

**रोमंथ** पुं [रोमन्थ] पगुराना, चबाई हुई वस्तु का पुनः चबाना, पागुर (से ६, ८७; पाअ; सण)।

**रोमंथ** } अक [रोमन्थय्] चबाई हुई **रोमंथाअ** } चीज का फिर से चबाना, पगुराना, जुगाली करना। रोमंथइ (हे ४,४३)। वकृ. **रोमंथाअमाण** (चारु ७)।

**रोमग** } पुं [रोमक] १ अनार्य देश-विशेष, **रोमय** } रोम देश (पव २७४)। २ रोम देश में रहनेवाली मनुष्य-जाति (पण्ह १, १—पत्र १४)।

**रोमय** पुं [रोमज] पक्षि-विशेष, रोम की पाँखवाला पक्षी (जी २२)।

**रोमराइ** स्त्री [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १२)।

**रोमलयासय** न [दे] पेट, उदर (दे ७, १२)।

**रोमस** वि [रोमश] रोम-युक्त, रोमवाला (दे ३, ११; पाअ)।

**रोमूसल** न [दे] जघन, नितम्ब (दे ७, १२)।

**रोर** पुं [रोर] चौथी नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

**रोर** वि [दे] रंक, गरीब, निर्धन (दे ७, ११; पाअ; सुर २, १०५; सुपा २६६)।

**रोरु** पुं [रोरु] सातवीं नरक-पृथिवी का एक नरकावास (देवेन्द्र २४; इक)।

**रोरुअ** पुं [रोरुक, रौरव] १ रत्नप्रभा नरक-पृथिवी का दूसरा नरकेन्द्रक—नरकावास-विशेष (देवेन्द्र ३)। २ रत्नप्रभा का तेरहवाँ नरकेन्द्रक (देवेन्द्र ५)। ३ सातवीं नरकपृथिवी का एक नरकावास—नरक-स्थान (ठा ५, ३—पत्र ३४१; सम ५८; इक)। ४ चौथी नरक-भूमि का एक नरकावास (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

**रोल** पुं [दे] १ कलह, झगड़ा (दे ७, १५)। २ रव, कोलाहल, कलकल आवाज (दे ७, १५; पाअ; कुमा; सुपा ५७६; चेइय १८४; मोह ५)।

**रोलंब** पुं [दे. रोलम्ब] भ्रमर, मधुकर (दे ७, २; कुप्र ५८)।

**रोला** स्त्री [रोला] छन्द-विशेष (पिंग)।

**रोव** देखो रुअ=रुद्। रोवइ (हे ४, २२६; संक्षि ३६; प्राकृ ६८; षड्; महा; सुर १०, १७१; भवि)। वकृ. **रोवंत, रोवमाण** (पउम १७, ३७; सुर २, १२४; ६, २३५; पउम ११०, ३५)। संकृ. **रोविऊण** (पि ५८६)। हेकृ. **रोविउं** (स १००)।

**रोव** पुं [दे. रोप] पौधा, गुजराती में 'रोपो' (सम्मत्त १४४)।

**रोवण** न [रोदन] रोना (सुर ६, ७६)।

**रोवण** न [रोपण] वपन, बीज बोना (वव १)।

**रोवाविअ** देखो रोआविअ (वज्जा ६२)।

**रोविअ** वि [रोपित] १ बोया हुआ। २ स्थापित (से १३, ३०)।

**रोविंदय** न [दे] गेय-विशेष, एक प्रकार का गान (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

**रोविर** देखो रोइर (दे ७, ७; कुमा; हे २, १४५)।

**रोविर** वि [रोपयितृ] बोनेवाला (हे २, १४५)।

**रोस** देखो रूस। रोसइ (?) (धात्वा १५०)।

**रोस** पुं [रोष] गुस्सा, क्रोध (हे २, १९०; १९१)। °इत्त, °इंत वि [°वत्] रोष-(संक्षि २०; प्राप्र)।

**रोसण** वि [रोषण] रोष करनेवाला, गुस्साखोर (उप १४७ टी; सुख १, १३)।

**रोसविअ** वि [रोषित] कोपित, कुपित किया हुआ (पउम ११०, १३)।

**रोसाण** सक [मृज्] मार्जन करना, शुद्ध करना। रोसाणइ (हे १, १०५; प्राकृ ६६; षड्)।

**रोसाणिअ** वि [मृष्ट] शुद्ध किया हुआ, मार्जित (पाअ; कुमा; पिंग)।

**रोसिअ** देखो रोसविअ (पउम ६६, ११; भवि)।

**रोह** अक [रुह्] उत्पन्न होना। रोहंति (गउड)।

**रोह** देखो रुंध। संकृ. **रोहिऊण, रोहेउं** (काल; बृह ३)।

**रोह** पुं [रोध] १ घेरा, नगर आदि का सैन्य से वेष्टन (णाया १, ८—पत्र १४६; उप पृ ८४; कुप्र १५८)। २ रुकावट, रोक, अटकाव (कुप्र १; द्रव्य ४६)। ३ कैद (पुप्फ १८६)।

**रोह** पुं [रोधस्] तट, किनारा (पाअ)।

**रोह** पुं [रोह] १ एक जैन मुनि (भग)। २ प्ररोह, व्रण आदि का सूख जाना (दे ६, ६५)। ३ वि. रोहक, रोहण-कर्ता (भवि)।

**रोह** पुं [दे] १ प्रमाण। २ नमन। ३ मार्गण (दे ७, १६)।

**रोहग** वि [रोधक] घेरा डालनेवाला, अटकाव करनेवाला; 'रोहगसंजुत्तीए रोहिओ कुमारेण' (स ६३५); 'रोहगसंजुत्ती उण कीरउ' (सुर १२, १०१)।

**रोहग** देखो रोह=रोध (स ६३५; सुर १२, १०१)।

**रोहग** पुं [रोहक] एक नट-कुमार (उप पृ २१५)।

**रोहगुत्त** पुं [रोहगुप्त] १ एक जैन मुनि (कप्प)। २ त्रैराशिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य (विसे २४५२)।

**रोहण** न [रोधन] १ अटकाव (आरा ७२)। २ वि. रोकनेवाला (द्रव्य ३४)।

**रोहण** न [रोहण] १ चढ़ना, आरोहण (सुपा ४३८; कुप्र ३६६)। २ उत्पत्ति (विसे १७५३)। ३ पुं. पर्वत-विशेष (सुपा ३२; कुप्र, ६)। ४ एक दिग्हस्ति-कूट (इक)।

**रोहिअ** [दे] देखो रोज्झ (दे ७, १२; पाअ; पण्ह १, १—पत्र ७)।

**रोहिअ** वि [रोधित] घेरा हुआ, 'रोहियं पाडलिपुरं तेण' (धर्मवि ४२; कुप्र ३६६; स ६३५)।

**रोहिअ** वि [रोहित] १ सुखाया हुआ (घाव) (उप पृ ७६)। २ पुं. द्वीप-विशेष (जं ४)। ३ पुं. मत्स्य-विशेष (स २५०)। ४ न. तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)। ५ कूट-विशेष (ठा २, ३; ८)।

**रोहिअंस** पुं [रोहितांश] एक द्वीप (जं ४)।

**रोहिअंस°** } स्त्री [रोहितांशा] एक नदी **रोहिअंसा** } (सम २७; इक)। °पवाय पुं [°प्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३; जं ४)।

**रोहिअप्पवाय** पुं [रोहिताप्रपात] द्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७२)।

**रोहिआ** स्त्री [रोहित, रोहिता] एक नदी (सम २७; इक; ठा २, ३—पत्र ७२; ८०)।

**रोहिंसा** स्त्री [रोहिदंशा] एक नदी (इक)।

**रोहिणिअ** पुं [रौहिणेय] एक प्रसिद्ध चोर का नाम (श्रा २७)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**रोहिणी** स्त्री [रोहिणी] १ नक्षत्र-विशेष (सम १०)। २ चन्द्र की पत्नी (श्रा १६)। ३ ओषधि-विशेष (उत्त ३४, १०; सुर १०, २२३)। ४ भविष्य में भारतवर्ष में तीर्थंकर होनेवाली एक श्राविका (सम १५४)। ५ नववें बलदेव का माता का नाम (सम १५२)। ६ एक विद्या देवी (संति ५)। ७ शक्रेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२९)। ८ सत्पुरुष नामक किंपुरुषेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ९ शक्रेन्द्र के एक लोकपाल की पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। १० तप-विशेष (पव २७१, पंचा १९ २३)। ११ गो, गैया (पाअ)। °रमण पुं [°रमण] चन्द्रमा (पाअ)। रोहीडग न [रोहीतक] नगर-विशेष (संथा ६८)।

॥ इअ सिरिपाइअसद्दमहण्णवम्मि रआराइसद्दसंकलणो
तेत्तीसइमो तरंगो समत्तो ॥

---

# ल

**ल** पुं [ल] मूर्ध-स्थानीय अन्तस्थ व्यञ्जन वर्ण-विशेष (प्राप्र)।

**लइ** अ. ले, अच्छा, ठीक (भवि)।

**लइ** देखो **लय** = ला।

**लइअ** वि [दे. लगित] १ परिहित, पहना हुआ। २ अंग में पिनद्ध (दे ७, १८; पिंड ५९१; भवि)।

**लइअल्ल** पुं [दे] वृषभ, बैल (दे ७, १९)।

**लइआ** स्त्री [लतिका, लता] देखो **लया** (नाट—रत्ना ७; गउड; उप ७६८ टी)।

**लइणा** } स्त्री [दे] लता, वल्ली (षड्; दे
**लइणी** } ७, १८)।

**लउअ** पुं [लकुच] वृक्ष-विशेष, बड़हल का गाछ (औप; पि ३६८)।

**लउड** } पुं [लकुट] लकड़ी, लाठी, डंडा, लउर,
**लउल** } यष्टि (दे ७, १९; सुर २, ८; औप)।

**लउस** } पुं [लकुश] १ अनार्य देश-विशेष
**लउसय** } (पव २७४; इक)। २ पुंस्त्री. लकुश देश का निवासी मनुष्य। स्त्री. °सिया (णाया १, १—पत्र ३७; औप; इक)।

**लंका** स्त्री [लङ्का] नगरी-विशेष, सिंहलद्वीप की राजधानी (से ३, ६२; पउम ४६, १९; कप्पू)। °लय वि [°लय] लंका-निवासी (वज्जा १३०)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] हनूमान की एक पत्नी (पउम ५२, २१)। °सोग पुं [°शोक] राक्षस वंश का एक राजा (पउम ५, २६५)। °हिव पुं [°धिप] लंका का राजा (उप पृ ३७५)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही अर्थ (पउम ४६, १७)।

**लंका** स्त्री [दे] शाखा (वज्जा १३०)।

**लंख** } पुंस्त्री [लङ्ख] बड़े बाँस के ऊपर खेल
**लंखग** } करनेवाली एक नट-जाति (णाया १, १—पत्र २, पण्ह २, ५—पत्र १३२; औप; कप्प)। स्त्री. °खिगा (उप १०१४)।

**लंगल** न [लाङ्गल] हल, 'खित्तेसु वहंति लंगलाए सया' (धर्मवि २४; हे १, २५६; षड् ८०)।

**लंगलि** पुं [लाङ्गलिन्] बलभद्र, बलदेव (कुमा)।

**लंगलि°** } स्त्री [लाङ्गली] वल्ली-विशेष,
**लंगली** } शारदी लता (कुमा)।

**लंगिम** पुंस्त्री [दे] १ जवानी, यौवन। २ ताजापन, नवीनता; 'पिसुणइ तणुलट्ठी लंगिमं चंगिमं च' (कप्पू)।

**लंगूल** न [लाङ्गूल] पुच्छ, पूँछ (हे १, २५६; पाअ; कप्प; कुमा)।

**लंगूलि** वि [लाङ्गूलिन्] पुच्छवाला, पशु (कुमा)।

**लंगोल** देखो **लंगूल** (सुज्ज १०, ८)।

**लंघ** सक [लङ्घ्, लङ्घय्] १ लाँघना, अतिक्रमण करना। २ भोजन नहीं करना। लंघइ, लंघेइ (महा; भवि)। कर्म. लंघिज्जइ (कुमा)। वकृ. लंघंत, लंघयंत (सुपा २७१; पउम ६७, २१)। संकृ. लंघित्ता, लंघिऊण (महा)। हेकृ. लंघेउं (पि ५७३)। कृ. लंघणिज्ज (से २, ४४), लंघ (कुमा १, १७)।

**लंघण** न [लङ्घन] १ अतिक्रमण (सुर ५, १९२)। २ अ-भोजन (उप ११५ टी)।

**लंघि** वि [लङ्घिन्] लंघन करनेवाला (कप्पू)।

**लंघिअ** वि [लङ्घित] जिसका लंघन किया गया हो वह (गउड)।

**लंच** पुं [दे] कुक्कुट, मुर्गा (दे ७, १७)।

**लंचा** स्त्री [लञ्चा] घूस, रिश्वत, उत्कोच (पाअ; पण्ह १, ३—पत्र ५३; दे १, ९२; ७, १७; सुपा ३०८)।

**लंचिल्ल** त्रि [लाञ्चिक] घूसखोर, रिश्वत ले कर काम करनेवाला (वव १)।

**लंछ** सक [लञ्छ] १ भाँगना, तोड़ना। २ कलंकित करना। कर्म. लंछिज्जइ (दसनि ८, १४)।

**लंछ** पुं [लञ्छ] चोरों की एक जाति (विपा १, १—पत्र ११)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**लंछण** न [लाञ्छन] १ चिह्न, निशानी (पाअ)। २ नाम। ३ अंकन, चिह्न करना (हे १, २५; ३०)।

**लंछणा** स्त्री [लाञ्छना] चिह्न करना (उप ५२२)।

**लंछिअ** वि [लाञ्छित] चिह्नित, कृत-चिह्न (पव १५४; गाया १, २—पत्र ८६; ठा ३, १; कस; कप्पू)।

**लंडुअ** वि [दे. लण्डित] उत्क्षिप्त, 'चंडप्पवादलंडुओ विअ वरंडो पव्वदादो दूरं आरोविअ पाडिदो म्हि' (चारु ३)।

**लंतक, लंतग, लंतय** पुं [लान्तक] १ एक देवलोक, छठवाँ देवलोक (भग; औप; अंत; इक)। २ एक देवविमान (सम २७; देवेन्द्र १३४)। ३ षष्ठ देवलोक के निवासी देव। ४ षष्ठ देवलोक का इन्द्र (राज; ठा २, ३—पत्र ८५)।

**लंद** पुंन [लन्द] काल, समय (कप्प; पव ७०)।

**लंदय** पुंन [दे] कलिन्दक, गो आदि का खादन-पात्र (पव २)।

**लंपड** वि [लम्पट] लोलुप, लालची, लुब्ध (पाअ; सुपा १०७; ५६६; सुर ३, १०)।

**लंपाग** पुं [लम्पाक] देश-विशेष (पउम ६८, ५६)।

**लंपिक्ख** पुं [दे] चोर, तस्कर (दे ७, १६)।

**लंब** सक [लम्ब्] १ सहारा लेना, आलम्बन करना। २ अक. लटकना। लंबेइ (महा)। वकृ. लंबंत, लंबमाण (औप; सुर ३,७१;४, २४२; कप्प; वसु)। संकृ. लंबिऊण (महा)।

**लंब** वि [लम्ब] लम्बा, दीर्घ; 'उड्ढा उड्डस्स चेव लंबा' (उवा; गाया १, ८—पत्र १३३)।

**लंब** पुं [दे] गोवाट, गो-बाड़ा (दे ७, २६)।

**लंबअ** न [लम्बक] ललन्तिका, नाभि-पर्यन्त लटकती माला आदि (स्वप्न ६३)।

**लंबणा** स्त्री [लम्बना] रज्जु, रस्सी (स १०१)।

**लंबा** स्त्री [दे] १ वल्लरी, लता (षड्)। २ केश, बाल (षड्; दे ७, २६)।

**लंबालि** स्त्री [दे] पुष्प-विशेष (दे ७, १९)।

**लंबि** वि [लम्बिन्] लटकता (गउड)।

**लंबिअ, लंबिअय** वि [लम्बित] १ लटकता हुआ (गा ५३२; सुर ३, ७०)। २ पुं. वानप्रस्थ का एक भेद (औप)।

**लंबिर** वि [लम्बितृ] लटकनेवाला (कुमा; गउड)।

**लंबुअ** वि [लम्बुक] १ लम्बी लकड़ी के अन्त भाग में बँधा हुआ मिट्टी का ढेला। २ भींत में लगा हुआ ईंटों का समूह (मृच्छ ६)।

**लंबुत्तर** पुंन [लम्बोत्तर] कायोत्सर्ग का एक दोष, चोलपट्ट को नाभि-मंडल से ऊपर रखकर और जानु को चोलपट्ट से नीचे रख कर कायोत्सर्ग करना (चेइय ४८४)।

**लंबूस** पुंन [दे. लम्बूष] कन्दुक के आकार का एक आभरण, 'छत्तं चमर-पडाया दप्पण-लंबूसया वियाणं च' (पउम ३२, ७६; ६६, १२)।

**लंबोदर, लंबोयर** वि [लम्बोदर] १ बड़ा पेटवाला (सुख १, १४; उवा)। २ पुं. गणपति, गणेश (श्रा १२; कुप्र ६७)।

**लंभ** सक [लभ्] प्राप्त करना, 'अज्जेवाहं न लंभामि अवि लाभो सुए सिया' (उत्त २, ३१)। भवि. लंभिस्सं (पि ५२५)। कर्म. लंभीअदि, लंभीआमो (शौ) (पि ५४१)। संकृ. लंभिअ, लंभित्ता (मा ११; नाट—चैत ६१; ठा ३, २)।

**लंभ** सक [लम्भय्] प्राप्त करना। संकृ. लंभिअ (नाट—चैत ४४)। कृ लंभइदव्व (शौ), लंभणिज्ज, लंभणीअ (मा ५१; नाट—मालती ३६, चैत १२५)।

**लंभ** पुं [लाभ] प्राप्ति (पउम १००, ४३; से ११, ३१; गउड; सिरि ८२२; सुपा ३६४)। देखो लाह = लाभ।

**लंभण** पुं [लम्भन] मत्स्य की एक जाति (विपा १, ८ टी—पत्र ८४)।

**लंभिअ** देखो लंभ = लभ्, लम्भय्।

**लंभिअ** वि [लब्ध] प्राप्त (नाट—चैत १२५)।

**लंभिअ** वि [लम्भित] प्राप्त कराया हुआ, प्रापित (सुअ २, ७, ३७; स ३१०; अच्चु ७१)।

**लक्कुड** न [दे. लकुट] लकड़ी, यष्टि, छड़ी, लाठी (दे ७, १६, पाअ)।

**लक्ख** सक [लक्षय्] १ जानना। २ पहचानना। ३ देखना। लक्खइ (महा)। कर्म. लक्खिज्जए, लक्खीयसि (विसे २१४६; महा; काल)। कवकृ. लक्खिज्जंत (से ११, ४५)। कृ. लक्खणीअ (नाट—शकु २४), देखो लक्ख = लक्ष्य।

**लक्ख** पुंन [दे] काय, शरीर, देह (दे ७, १७)।

**लक्ख** पुंन [लक्ष] संख्या-विशेष, लाख, सौ हजार (जी ४५; सुपा १०३; २४८; कुमा; प्रासू ६६)। °पाग पुं [°पाक] लाख रुपयों के व्यय से बनता एक तरह का पाक (ठा ६)।

**लक्ख** वि [लक्ष्य] १ पहचानने योग्य; 'चिरलक्खणो' (पउम ८२, ८४)। २ जिससे जाना जाय वह, लक्षण, प्रकाशक; 'भुअदप्पबीअलक्खं चावं' (से ५, १७)। ३ वेध्य, निशाना; 'लक्खविंधण—' (धर्मवि ५२; दे २, २६; कुमा)।

**लक्ख°** देखो लक्खण (पडि)।

**लक्खग** वि [लक्षक] पहचाननेवाला (पउम ८२, ८४; कुप्र ३००)।

**लक्खण** पुंन [लक्षण] १ इतर से भेद का बोधक चिह्न। २ वस्तु-स्वरूप (ठा ३, ३; ४, १; जी ११; विसे २१४६; २१४७; २१४८)। ३ चिह्न; 'लक्खणपुण्णं' (कुमा)। ४ व्याकरण-शास्त्र; 'लक्खणसाहित्तपमाणजोइसाईणि सा पढइ' (सुपा १४१; ६५७)। ५ व्याकरण आदि का सूत्र। ६ प्रतिपाद्य, विषय (हे २, ३)। ७ पुं. लक्ष्मण। ८ सारस पक्षी; 'लक्खणो' (प्राकृ २२)। °संवच्छर पुं [°संवत्सर] वर्ष-विशेष (सुज्ज १०, २०)।

**लक्खण** पुं [लक्ष्मण] श्रीराम का छोटा भाई (से १, ४८)। देखो लखमण।

**लक्खण** न [लक्षण] कारण, हेतु (दसनि १, १४)।

**लक्खणा** स्त्री [लक्षणा] १ शब्द-वृत्ति विशेष, शब्द की एक शक्ति, जिससे मुख्य अर्थ के बाध होने पर भिन्न अर्थ की प्रतीति होती है (दे १, ३)। २ एक महौषधि (ती ५)।

**लक्खणा** स्त्री [लक्ष्मणा] १ आठवें जिनदेव की माता (सम १५१)। २ उसी जन्म में मुक्ति

Jain Education International	For Personal & Private Use Only	www.jainelibrary.org

पानेवाली श्रीकृष्ण की एक पत्नी (अंत १५)। ३ एक अमात्य की स्त्री (उप ७२८ टी)।

लक्खणिय वि [लाक्षणिक, लाक्षण्य] १ लक्षणों का जानकार। २ लक्षण-युक्त (सुपा १३६)।

लक्खमण } पुं [लक्ष्मण] विक्रम की बार-
लखमग } हवीं शताब्दी का एक जैन मुनि और ग्रंथाकार (सुपा ६५८)।

लक्खा स्त्री [लाक्षा] लाख, लाह, जतु, चपड़ा (णाया १, १—पत्र २४; पराह २, ५)। °रुणिय वि [°रुणित] लाख से रँगा हुआ (पाअ)।

लक्खिअ वि [लक्षित] १ जाना हुआ। २ पहचाना हुआ। ३ देखा हुआ (गउड; नाट—रत्ना १४)।

लग न [दे] निकट, पास (पिंग)।

लगंड न [लगण्ड] वक्र काष्ठ (पंचा १८, १६; स ५६६)। °साइ वि [°शायिन्] वक्र काष्ठ की तरह सोनेवाला (पराह २, १—पत्र १००; औप; कस; पंचा १८, १६; ठा ५, १—पत्र २६६)। °सण न [°सन] आसन-विशेष (सुपा ८५)।

लगुड देखो लउड (कुप्र ३८६)।

लग्ग सक [लग्] लगना, संग करना, संबंध करना। लग्गइ (हे ४, २३०; ४२०; ४२२; प्राकृ ६८; प्राप्र; उव)। भवि. लग्गिस्सं, लग्गिहिइ (पि ५२७)। लग्गंत, लग्गमाण (चेइय ११२; उप ६६६; गा १०५)। संकृ. लग्गूण (कुप्र ६६), लग्गिवि (अप) (हे ४, ३३६)। कृ. लग्गिअव्व (सुर १०, ११२)।

लग्ग न [दे] १ चिह्न। २ वि. अघटमान, असम्बद्ध (दे ७, १७)।

लग्ग न [लग्न] १ मेष आदि राशि का उदय (सुर २, १७०; मोह १०१)। २ वि. संसक्त, संबद्ध (पाअ; कुमा; सुर २, ५६)। ३ पुं. स्तुति-पाठक (हे २, ६८)।

लग्गण न [लगन] संग, संबन्ध; 'वडपाय-वसाहालग्गणेण' (सुर १५, १४; उप १३४; ५३८)।

लग्गणय पुं [लग्नक] प्रतिभू, जमानत करनेवाला, जामीन (पाअ)।

लग्गूण देखो लग्ग = लग्।

लघिम पुंस्त्री [लघिमन्] १ लघुता, लाघव। २ योग की एक सिद्धि, जिसके प्रभाव से मनुष्य छोटा बन सकता है; 'लंघिज्ज लघिमगुणओ अनिलस्सवि लाघवं साहू' (कुप्र २७७)। ३ विद्या-विशेष (पउम ७, १३६)।

लचय न [दे] तृण-विशेष, गण्डुत् तृण (दे ७, १७)।

लच्छ देखो लक्ख = लक्ष्य (नाट)।

लच्छ° देखो लभ।

लच्छण देखो लक्खण = लक्षण (सुपा ६४; प्राकृ २२; नाट—चैत ५५)।

लच्छि° } स्त्री [लक्ष्मी] १ संपत्ति, वैभव। २
लच्छी } धन, द्रव्य। ३ कान्ति। ४ औषध-विशेष। ५ फलिनी वृक्ष। ६ स्थल-पद्मिनी। ७ हरिद्रा। ८ मुक्ता, मोती। ९ शटी नामक ओषधि (कुमा; प्राकृ ३०; हे २, १७)। १० शोभा (से २, ११)। ११ विष्णु-पत्नी (पाअ; से २, ११)। १२ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, १०)। १३ षष्ठ वासुदेव की माता (पउम २०, १८४)। १४ पुंडरीक द्रह की अधिष्ठात्री देवी (ठा २, ३—पत्र ७२)। १५ देव-प्रतिमा विशेष (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। १६ छन्द-विशेष (पिंग)। १७ एक वणिक्-पत्नी (७२८ टी)। १८ शिखरी पर्वत का एक कूट (इक)। °निलय पुं [°निलय] वासुदेव (पउम ३७, ३७)। °मई स्त्री [°मती] १ छठवें वासुदेव की माता (सम १५२)। २ ग्यारहवें चक्रवर्ती का स्त्री-रत्न (सम १५२)। °मंदिर न [°मन्दिर] नगर-विशेष (सुपा ६३२)। °वइ पुं [°पति] लक्ष्मी का स्वामी, श्रीकृष्ण (प्राकृ ३०)। °वई स्त्री [°वती] दक्षिण रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। °हर पुं [°धर] १ वासुदेव (पउम ३८, ३४)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ न. नगर-विशेष (इक)।

लज्जुक (अशो) देखो रज्जु = (दे) (कप्प—रज्जु)।

लज्ज अक [लस्ज्] शरमाना। लज्जइ (उव; महा)। कर्म. लज्जिज्जइ (हे ४, ४१९)। वकृ. लज्जंत, लज्जमाण (उप पृ ५५; महा; आचा)। कृ. लज्जणिज्ज (से ११, २६; णाया १, ८—पत्र १४३)।

लज्जण } न [लज्जन] १ शरम, लाज
लज्जणय } (सा ८; राज)। २ वि. लज्जा-कारक; 'किं एत्तो लज्जणयं......जं पह-रिज्जइ दोणे पलायमाणे पमत्ते वा' (सुपा २१५; भवि)।

लज्जा स्त्री [लज्जा] १ लाज, शरम (औप; कुमा; प्रासू ६६; गा ६१०)। २ छन्द-विशेष (पिंग)। ३ संयम (भग २, ५; औप)।

लज्जापइत्तअ (शौ) वि [लज्जयितृ] लजाने-वाला; 'जुवइवेसलज्जापइत्तअं' (मा ४२)।

लज्जालु वि [लज्जालु] लज्जावान्, शरमिंदा (उप १७९ टी)।

लज्जालु } स्त्री [लज्जालु] १ लता-विशेष,
लज्जालुआ } लाजवंती, लजवनी, छुईमुई
लज्जालुइणी } (षड्; हे २, १५९; १७४)। २ लज्जावाली स्त्री (षड्; हे २, १५९, १७४; सुर २, १५९; गा १२७, प्राकृ ३५)।

लज्जालुइणी स्त्री [दे] कलह-कारिणी स्त्री (षड्)।

लज्जालुइर } वि [लज्जालु] लज्जाशील,
लज्जालुर } शरमिंदा। स्त्री. °री (गा ४८२; ६१२ अ)।

लज्जाव सक [लज्जय्] शरमिंदा बनाना, लजवाना। लज्जावेदि (शौ) नाट—मृच्छ ११०)। कृ. लज्जावणिज्ज (स ३६८; भवि)।

लज्जावण वि [लज्जन] शरमिन्दा करनेवाला (पराह १, ३—पत्र ५४)।

लज्जाविय वि [लज्जित] लजवाया हुआ (पराह १, ३—पत्र ५४)।

लज्जिअ वि [लज्जित] १ लज्जा-युक्त (पाअ)। २ न. लज्जा, शरम; 'न लज्जिअं अप्पणोवि पलिआणं' (श्रा १४)।

लज्जिर वि [लज्जितृ] लज्जा-शील (हे २, १४५; गा १५०; कुमा; वज्जा ८; भवि)। स्त्री. °री (पि ५९६)।

लज्जु स्त्री [रज्जु] १ रस्सी, लजुरी, लेजुरी या लेजुर। २ वि. रस्सी की तरह सरल, सीधा; 'चाई लज्जू धन्ने तवस्सी' (पराह २, ५—पत्र १४९; भग)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

लज्जु वि [लज्जावत्] लज्जावाला; 'एसणा-समिओ लज्जू गामे अनियओ चरे' (उत्त ६, १७)।

लज्जु देखो रिज्जु = ऋजु (भग)।

लज्झ° देखो लभ।

लट्ट ) न [दे] १ खसखस आदि का तेल
लट्टय ) (पभा ३१)। २ कुसुम्भ; 'लट्टयव-सणा' (दे ७, १७)।

लट्टा स्त्री [दे. लट्टा] धान्य-विशेष, कुसुम्भ धान्य (पव १५४)।

लट्टा स्त्री [लट्वा] १ वृक्ष-विशेष (कुमा)। २ कुसुम्भ (बृह १)। ३ गौरैया, पक्षि-विशेष। ४ भ्रमर, भौंरा। ५ वाद्य-विशेष (दे २, ५५)।

लट्ठ वि [दे] १ अन्यासक्त (दे ७, २६)। २ मनोहर, सुन्दर, रम्य (दे ७, २६; पाअ; णाया १, १; पण्ह १, ४; सुर १, २६; कुप्र ११; श्रु ६; पुप्फ ३४; सार्ध २१; धण ५; सुपा १५६)। ३ प्रियंवद, प्रिय-भाषी (दे ७, २६)। ४ प्रधान, मुख्य; 'खमियव्वो अवराहो ममावि पाविट्ठलट्ठस्स' (उप ७२८ टी)। °दंत पुं [°दन्त] १ जैन मुनि (अनु १)। २ द्वीप-विशेष, एक अन्तर्द्वीप। ३ द्वीप-विशेष में रहनेवाला मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)।

लट्ठरी स्त्री [दे] सुन्दर, रमणीय (कुप्र २१०)।

लट्ठि स्त्री [यष्टि] लाठी, छड़ी (औप; कुमा)।

लट्ठिअ न [दे] खाद्य-विशेष; 'जेट्ठाहि लट्ठिएणं भोच्चा कज्जं साहिति' (सुज्ज १०, १७)।

लडह वि [दे] १ रम्य, सुन्दर (७, १७; सुपा ६; सिरि ४७; ८७५; गउड; औप; कप्प; कुमा, हेका २६५; सण; भवि)। २ सुकुमार, कोमल (काप्र ७६५; भवि)। ३ विदग्ध, चतुर (दे ७, १७)। ४ प्रधान, मुख्य (कुमा)।

लडहक्खमिअ वि [दे] विघटित, वियुक्त (दे ७, २०)।

लडहा स्त्री [दे] विलासवती स्त्री (षड्)।

लडाल देखो णडाल (प्राकृ ३७; पि २६०)।

लड्डिय न [दे] लाड़, स्नेह, प्यार (भवि)।

लड्डुअ ) पुं [लड्डुक] लड्डू, मोदक
लड्डुग ) (गा ६४१; प्रयौ ८३; कुप्र २०६; भवि; पउम ८४, ४; पिंड ३७७)।

लड्डुयार वि [लड्डुककार] लड्डू बनानेवाला, हलवाई (कुप्र २०६)।

लढ सक [स्मृ] स्मरण करना, याद करना। लढइ (हे ४, ७४)। वकृ. लढंत (कुमा)।

लढिअ वि [स्मृत] याद किया हुआ (पाअ)।

लण्ह वि [श्लक्ष्ण] १ चिकना, मसृण (सम १३७; ठा ४, २; औप; कप्पू)। २ अल्प, थोड़ा। ३ न. लोहा, धातु-विशेष (हे २, ७७; प्राकृ १८)।

लत्त वि [लप्त, लपित] उक्त, कथित (सुपा २३४)।

लत्ता ) स्त्री [दे] १ लात, पार्ष्णि-प्रहार
लत्तिआ ) (सुपा २३८; ठा २, ३—पत्र ६३)। २ आतोद्य-विशेष (ठा २, ३; आचा २, ११, ३)।

लदण ) (मा) देखो रयण = रत्न (अभि
लदन ) १८४; प्राकृ १०२)।

लद्द सक [दे] भार भरना, बोझ डालना, लादना, गुजराती में 'लादवु'। हेकृ. लद्देउं (सुपा २७५)।

लद्दण न [दे] भार-क्षेप लादना (स ५३७)।

लद्दी स्त्री [दे] हाथी आदि की विष्ठा, गुजराती में 'लीद' (सुपा १३७)।

लद्ध वि [लब्ध] प्राप्त (भग; उवा; औप, हे ३, २३)।

लद्धि स्त्री [लब्धि] १ क्षयोपशम, ज्ञान आदि के आवारक कर्मों का विनाश और उपशान्ति (विसे २६६७)। २ सामर्थ्य-विशेष, योग आदि से प्राप्त होती विशिष्ट शक्ति (पव २७०; संबोध २८)। ३ अहिंसा (पण्ह २, १—पत्र ६६)। ४ प्राप्ति, लाभ (भग ८, २)। ५ इन्द्रिय और मन से होनेवाला विज्ञान, श्रुत ज्ञान का उपयोग (विसे ४६६)। ६ योग्यता (अणु)। °पुलाअ पुं [°पुलाक] लब्धि-विशेष-संपन्न मुनि; 'संघाइयाण कज्जे चुण्णिज्जा चक्कवट्टिमवि जीए। तीए लद्धीइ जुओ लद्धिपुलाओ' (संबोध २८)।

लद्धिअ वि [लब्ध] प्राप्त (वै ६६)।

लद्धिल्ल वि [लब्धिमत्] लब्धि-युक्त (पंच १, ७)।

लद्धुं ) देखो लभ।
लद्धूण )

लप्पसिया स्त्री [दे] लपसी, एक प्रकार का पक्वान्न (पव ४)।

लब्भ नीचे देखो।

लभ सक [लभ्] प्राप्त करना। लभइ, लभए (आचा; कस, विसे १२१५)। भवि. लच्छिसि, लभिस्सं, लभिस्सामि (उवा; महा; पि ५२५)। कर्म. लब्भइ, लब्भइ (महा ६०, १६; हे १, १८७; ४, २४६; कुमा)। संकृ. लभिय, लद्धुं, लद्धूण (पंच ५, १६४; आचा; काल)। हेकृ. लद्धुं (काल)। कृ. लब्भ (पण्ह २, १; विसे २८३७; सुपा ११; २३३; स १७५; सण)।

लय सक [ला] ग्रहण करना। लएइ, लयंति (उव)। कर्म—लइज्जइ, लिज्जइ (भवि; सिरि ६६३)। वकृ. लयंत (वज्जा २८; महा; सिरि ३७५)। संकृ. लइ, लएवि, लएविणु (अप) (पिंग; भवि)। देखो ले = ला।

लय न [दे] नव-दम्पति का आपस में नाम लेने का उत्सव (दे ७, १६)।

लय देखो लव = लव (गउड; से ५, १४)।

लय पुं [लय] १ श्लेष। २ मन की साम्यावस्था (कुमा)। ३ लीनता, तल्लीनता। ४ तिरोभाव (विसे २६६६)। ५ संगीत का एक अंग, स्वर-विशेष (स ७०४; हास्य १२३)।

लय° देखो लया। °हरय न [°गृहक] लता-गृह (सुपा ३८१)।

लय पुं [लय] तन्त्री का स्वन—ध्वनि-विशेष। °सम न [°सम] गेय काव्य का एक भेद (दसनि २, २३)।

लयंग न [लताङ्ग] संख्या-विशेष, चौरासी लाख पूर्व; 'पुव्वाण सयसहस्सं चुलसीइगुणं लयंगमिह होइ' (जो २)।

लयण वि [दे] १ तनु, कृश, क्षाम (दे ७, २७; पाअ)। २ मृदु, कोमल। ३ न वल्ली, लता (दे ७, २७)।

लयण न [लयन] १ तिरोभाव, छिपना (विसे २८१७; दे ७, २४) २ अवस्थान (सुर ३, २०६)। ३ देखो लेण (राज)।

लयणी स्त्री [दे] लता, वल्ली (पाअ; षड्)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**लया** स्त्री [लता] १ वल्ली, वल्लरी (पराण १; गा २८; काप्र ७२३; कुमा; कप्प)। २ प्रकार, भेद; 'संघाडो त्ति वा लय त्ति वा पगारो त्ति वा एगट्ठा' (बृह १)। ३ तप-विशेष (पव २७१)। ४ संख्या-विशेष, चौरासी लाख लतांग-परिमित संख्या (जो २)। ५ कम्बा, छड़ी, यष्टि; 'कसप्पहारे य लयप्पहारे य छिवापहारे य' (णाया १, २—पत्र ८६; विपा १, ६—पत्र ६६)। °जुद्ध न [°युद्ध] लड़ने की एक कला, एक तरह का युद्ध (औप)।

**लयापुरिस** पुं [दे] वह स्थान, जहाँ पद्म-हस्त स्त्री का चित्रण किया जाय; 'पउमकरा जत्थ वहू लिहिज्जए सो लयापुरिसो' (दे ७, २०)।

**लल** अक [ल्ल, लड्] १ विलास करना, मौज करना। २ झूलना। ललइ, ललेइ (प्राकृ ७३; सण; महा; सुपा ४०३)। वकृ. ललंत, ललमाण (गा ४४६; सुर २, २३७; भवि; औप; सुपा १८१; १८७)।

**ललणा** स्त्री [ललना] स्त्री, महिला, नारी (तंदु ५०; सुपा ४७)।

**ललाड** देखो णडाल (औप; पि २६०)।

**ललाम** न [ललामन्] प्रधान, नायक (अभि ६५)।

**ललिअ** न [ललित] १ विलास, मौज, लीला (पाअ; पव १६६; औप)। २ अंग-विन्यास-विशेष (पराह १, ४)। ३ प्रसन्नता, प्रसाद (विपा १, २ टी—पत्र २२)। ४ वि. क्रीडा-प्रधान, मौजी (णाया १, १६—पत्र २०५)। ५ शोभा-युक्त, सुन्दर, मनोहर (णाया १, १; औप; राय)। ६ मंजु, मधुर (पाअ)। ७ ईप्सित, अभिलषित (णाया १, ६)। °मित्त पुं [°मित्र] सातवें वासुदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५३; पउम २०, १७१)। °वित्थरा स्त्री [°विस्तरा] आचार्य श्रीहरिभद्रसूरि का बनाया हुआ एक जैन ग्रन्थ (चेइय २५६)।

**ललिअंग** पुं [ललिताङ्ग] एक राज-कुमार (उप ९८६ टी)।

**ललिअय** न [ललितक] छन्द-विशेष (अजि १८)।

**ललिआ** स्त्री [ललिता] एक पुरोहित-स्त्री (उप ७२८ टी)।

**लल्ल** वि [दे] १ सस्पृह, स्पृहावाला। २ न्यून, अपूरा (दे ७, २६)।

**लल्ल** वि [लल्ल] अव्यक्त आवाजवाला (पराह १, २)।

**लल्लक** पुं [लल्लक] छठवीं नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र १२)।

**लल्लक्क** वि [दे] १ भीम, भयंकर (दे ७, १८; पाअ; सुर १६, १४८); 'लल्लक्कनरयविअणाओ' (भत्त ११०)। २ पुं. ललकार, लड़ाई आदि के लिए आह्वान (उप ७६८ टी)।

**लल्लि** स्त्री [दे] खुशामद (धर्मवि ३८; जय १६)।

**लल्लिरी** स्त्री [दे] मछली पकड़ने का जाल-विशेष (विपा १, ८—पत्र ८५)।

**लव** सक [लू] काटना। संकृ. लविऊण। हेकृ. लविउं। कृ. लविअव्व (प्राकृ ६६)।

**लव** सक [लप्] बोलना, कहना। लवइ (कुमा; संबोध १८; सण), लवे (भास ९६)। वकृ. लवंत, लवमाण (सुपा २६७; सुर ३, ६१)।

**लव** सक [प्र + वर्तय्] प्रवृत्ति कराना; 'णो विज्जू लवंति' (सुज्ज २०)।

**लव** वि [लप] वाचाट, बकवादी (सूअ २, ६, १५)।

**लव** पुं [लव] १ समय का एक सूक्ष्म परि-माण, सात स्तोक, मुहूर्त का सतरहवाँ अंश (ठा २, ४—पत्र ८६; सम ८५)। २ लेश, अल्प, थोड़ा (पाअ; प्रासू ६६; ११८; सण)। ३ न. कर्म (सूअ १, २, २, २०; २, ६, ६)। °सत्तम पुं [°सप्तम] अनुत्तरविमान निवासी देव, सर्वोत्तम देव-जाति (पराह २, ४; उत्त; सूअ १, ६, २४)।

**लवअ** पुं [दे. लवक] गोंद, लासा, चेप, निर्यास; 'लवओ गुंदो' (पाअ)।

**लवइअ** वि [दे. लवकित] नूतन दल से युक्त, अंकुरित, पल्लवित (औप; भग; णाया १, १ टी—पत्र ५)।

**लवंग** पुंन [लवङ्ग] १ वृक्ष-विशेष, लौंग का पेड़ (पराण १—पत्र ३४; कुप्र २४६)। २ वृक्ष-विशेष का फूल, लौंग (णाया १, १—पत्र १२; पराह २, ५)।

**लवण** न [लवन] छेदन, काटना (विसे ३२०६)।

**लवण** न [लवण] १ लोन, नून, नोन, नमक (कुमा)। २ पुं. रस-विशेष, क्षार रस (अणु)। ३ समुद्र-विशेष (सम ६७; णाया १, ६; पउम ६६, १८)। ४ सीता का एक पुत्र, लव (पउम ६७, १६)। ५ मधुराज का एक पुत्र (पउम ८६, ४७)। °जल पुं [°जल] लवण समुद्र (पउम ५७, २७)। °ोय पुं [°ोद] लवण समुद्र (पउम ६४, १३)। देखो लोण।

**लवणिम** पुंस्त्री [लवणिमन्] लावण्य (कुमा)।

**लवल** न [लवल] पुष्प-विशेष (कुमा)।

**लवली** स्त्री [लवली] लता-विशेष (सुपा ३८; कुप्र २४६)।

**लवव** वि [दे] सुप्त, सोया हुआ (षड्)।

**लविअ** वि [लपित] उक्त, कथित (सूअ १, ६, ३५; कुमा; सुपा २६७)।

**लवित्त** न [लवित्र] दात्र, दाँती, हँसुआ या हँसिया, घास काटने का एक औजार (दे १, ८२)।

**लविर** वि [लपितृ] बोलनेवाला (सण)। स्त्री. °रा (कुमा)।

**लस** अक [लस्] १ श्लेष करना। २ चमकना। ३ क्रीडा करना। लसइ (प्राकृ ७२)। वकृ. लसंत (सण)।

**लसइ** पुं [दे] काम, कन्दर्प (दे ७, १८)।

**लसक** न [दे] तरु-क्षीर, पेड़ का दूध (दे ७, १८)।

**लसण** देखो लसुण (सूअ १, ७, १३)।

**लसिर** वि [लसितृ] १ श्लिष्ट होनेवाला। २ चमकनेवाला, दीप्र (से ८, ४४)।

**लसुअ** न [दे] तैल, तेल (दे ७, १८)।

**लसुण** न [लशुन] लहसुन, कन्द-विशेष (श्रा २०)।

**लह** देखो लभ। लहइ, लहेइ, लहए (महा; पि ४५७)। भवि. लहिस्सामो (महा)। कर्म. लहिज्जइ (हे ४, २४६)। वकृ लहंत (प्रारू)। संकृ लहिउं, लहिऊण (कुप्र १; महा) लहेप्पि, लहेप्पिणु, लहेवि (अप; पि ५८८)। कृ. लहणिज्ज, लहिअव्व (श्रा १४; सुर ६, ५३; सुपा ४२७)।

Jain Education International

For Personal & Private Use Only

www.jainelibrary.org

**लहग** पुं [दे] बासी अन्न में पैदा होनेवाला द्वीन्द्रिय कीट-विशेष (जी १५)।

**लहण** न [लभन] १ लाभ, प्राप्ति। २ ग्रहण, स्वीकार (श्रा १४)।

**लहर** पुं [लहर] एक वणिक्-पुत्र (सुपा ६१७)।

**लहरि** } स्त्री [लहरि, °री] तरंग, कल्लोल
**लहरी** } (सण; प्रासू ६६; कुमा)।

**लहाविअ** वि [लम्भित] प्रापित, प्राप्त कराया हुआ (कुप्र २३२)।

**लहिअ** देखो **लद्ध** (कप्प; पिंग)।

**लहिम** देखो **लघिम** (षड्)।

**लहु** } वि [लघु] १ छोटा, जघन्य (कुमा;
**लहुअ** } सुपा ३६०; कम्म ४, ७२; महा)। २ हलका (से ७, ४४; पाअ)। ३ तुच्छ, निःसार (पण्ह १, २—पत्र २८; पण्ह २, २—पत्र ११६)। ४ श्लाघनीय, प्रशंसनीय (से १२, ५३)। ५ थोड़ा, अल्प (सुपा ३५४)। ६ मनोहर सुन्दर (हे २, १२२)। स्त्री. °ई, °वी (षड्; प्राकृ २८; गउड; हे २, ११३)। ७ न. कृष्णागुरु, सुगन्धि धूप-द्रव्य विशेष। ८ वीरण-मूल (हे २, १२२)। ९ शीघ्र, जल्दी (द्र ४६; पण्ह २, २—पत्र ११६)। १० स्पर्श-विशेष (अणु)। ११ लघुस्पर्श नामक एक कर्मभेद (कम्म १, ४१)। १२ पुं. एक मात्रावाला अक्षर (हे ३, १३४)। °कम्म वि [°कर्मन्] जिसके अल्प ही कर्म अवशिष्ट रहे हों, शीघ्र मुक्ति-गामी (सुपा ३५४)। °करण न [°करण] दक्षता, चातुरी (णाया १, ३—पत्र ९२; उवा)। °परक्कम पुं [°पराक्रम] ईशानेन्द्र का एक पदाति-सेनापति (ठा ५, १—पत्र ३०३; इक)। °संखिज्ज न [°संख्येय] संख्या-विशेष, जघन्य संख्यात (कम्म ४, ७२)।

**लहुअ** सक [लघय्, लघु + कृ] लघु करना, छोटा करना। लहुअंति, लहुएसि (श्रा २०; गा ३४५)। वकृ. **लहुअंत** (से १५, २७)।

**लहुअवड** पुं [दे] न्यग्रोध वृक्ष, बरगद का पेड़ (दे ७, २०)।

**लहुआइअ** } वि [लघूकृत] लघु किया
**लहुइअ** } हुआ (से ६, ४; १२, ५४, स २०७; गउड)।

**लहुई** देखो **लहु**।

**लहुग** देखो **लहु** (कप्प; द्र ५८)।

**लहुवी** देखो **लहु**।

**लाइअ** वि [लागित] लगाया हुआ (से २, २६; वज्जा ५०)।

**लाइअ** वि [दे] १ गृहीत, स्वीकृत (दे ७, २७)। २ घृष्ट (से २, २६)। ३ न. भूषा, मण्डन (दे ७, २७)। ४ भूमि को गोबर आदि से लीपना (सम १३७; कप्प; औप; णाया १, १ टी—पत्र ३)। ५ चर्मार्ध, आधा चमड़ा (दे ७, २७)।

**लाइअव्व** देखो **लाय** = लावय्।

**लाइज्जंत** देखो **लाय** = लागय्।

**लाइम** वि [लव्य] काटने योग्य (दस ७, ३४)।

**लाइम** वि [दे] १ लाजा के योग्य, खोई के योग्य। २ रोपण के योग्य, बोने लायक (आचा २, ४, २, १५)।

**लाइल्ल** पुं [दे] वृषभ, बैल (दे ७, १९)।

**लाउ** देखो **अलाउ** (हे १, ६६; भग; कस; औप)।

**लाउल्लोइय** न [दे] गोमय आदि से भूमि का लेपन और खड़ी आदि से भीत आदि का पोतना (राय ३५)।

**लाऊ** देखो **अलाऊ** (हे १, ६६; कुमा)।

**लाख** (अप) देखो **लक्ख** = लक्ष (पिंग)।

**लाग** पुं [दे] चुंगी, एक प्रकार का सरकारी कर; लगान, गुजराती में 'लागो' (सिरि ४३३, ४३४)।

**लाघव** न [लाघव] लघुता, छोटाई, लघुपन (भग; कप्प; सुपा १०३; कुप्र २७७; किरात १६)।

**लाघवि** वि [लाघविन्] लघुता-युक्त, लाघव-वाला (उत्त २९, ४२; आचा)।

**लाघविअ** न [लाघविक] लघुता, छोटापन, लाघव (ठा ५, ३—पत्र ३४२; विसे ७ टी; सूअ २, १, ५७; भग)।

**लाज** देखो **लाय** = लाज (दे ५, १०)।

**लाड** पुं [लाट] देश-विशेष (सुपा ६५८; कुप्र २५४; सत्त ६७ टी; भवि; सण; इक)।

**लाडी** स्त्री [लाटी] लिपि-विशेष (विसे ४६४ टी)।

**लाढ** पुं [लाढ] देश-विशेष, एक आर्य देश (आचा; पव २७५; विचार ४९)।

**वग्गुरा** न [वागुरा] १ मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल, फन्दा (पण्ह १, १, विपा १, २—पत्र ३५)। २ समूह, समुदाय; 'मणुस्सवग्गुरापरिक्खित्ते' (उवा, प्राप)।

**वग्गुरिय** वि [वागुरिक] १ मृग-जाल से जीविका निर्वाह करनेवाला, व्याध, पारधि (ओघ ७६६)। २ पुं. नर्तक-विशेष (राज)।

**वग्गुलि** पुंस्त्री [वल्गुलि] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)। २ रोग-विशेष (ओघभा २७७, श्रावक ९? टी)।

**वग्गोज्ज** वि [दे] प्रचुर, प्रभूत (दे ७, ३८)।

**वग्गोअ** पुं [दे] नकुल, न्यौला (दे ७, ४०)।

**वग्गोरमय** वि [दे] रूक्ष, लूखा (दे ७, ५२)।

**वग्गोल** सक [रोमन्थय्] पगुराना, चबी हुई वस्तु का पुनः चबाना; गुजराती में 'वागोळवु'। वग्गोलइ (हे ४, ४३)।

**वग्गोलिर** वि [रोमन्थयितृ] पगुरानेवाला (कुमा)।

**वग्घ** वि [वैयाघ्र] व्याघ्र-चर्म का बना हुआ (आचा २, ५, १, ५)।

**वग्घ** पुं [व्याघ्र] १ बाघ, शेर (पाअ; स्वप्न ७०; सुपा ४६३)। २ रक्त एरण्ड का पेड़। ३ करञ्ज वृक्ष (हे २, ९०)४ °मुह पुं [°मुख] १ एक अन्तर्द्वीप। २ उसमें रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)।

**वग्घाअ** पुं [दे] १ साहाय्य, मदद। २ वि. विकसित, खिला हुआ (दे ७, ८६)।

**वग्घाडी** स्त्री [दे] उपहास के लिये की जाती एक प्रकार की आवाज; 'अप्पेगइया वग्घाडीओ करेंति' (णाया १, ८—पत्र १४४)।

**वग्घारिअ** वि [व्याघारित] १ बघारा हुआ, छौंका हुआ (नाट—मृच्छ २२१)। २ व्याप्त; 'सीतोदयवियडवग्घारियपाणिणा' (सम ३९)। ३ पिघला हुआ (दश० वै० वृ० चू० अ० ३ नि० गा० १६७)।

**वग्घारिअ** वि [दे] प्रलम्बित; 'पडिबद्धसरीर-वग्घारियसोणिसुत्तगमल्लदामकलावे' (सूअ २, २, ५५); 'वग्घारियपाणी' (णाया १, ८—पत्र १५४; कप्प; औप; महा)।

**वग्घावच्च** न [व्याघ्रापत्य] एक गोत्र, जो वाशिष्ठ गोत्र की एक शाखा है (ठा ७—पत्र ३९०; सुज्ज १०, १६; कप्प; इक)।

**वग्घी** स्त्री [व्याघ्री] १ बाघ की मादा (कुमा)। २ एक विद्या (विसे २४५४)।

**वघाय** देखो **वाघाय**; 'आउस्स कालाइचरं वघाए, लद्धाणुमाणे य परस्स अट्ठे' (सूअ १, १३, २०)।

**वचा** स्त्री [वचा] १ पृथिवी, धरती (से २, ११)। २ ओषधि-विशेष, बच (मृच्छ १७०)। देखो **वया** = वचा।

**वच्च** सक [व्रज्] जाना, गमन करना। वच्चइ (हे ४, २२५; महा)। भवि. वच्चिहिसि (महा)। वकृ. वच्चंत, वच्चमाण (सुर २, ७२; महा; सण १९)।

**वच्च** सक [काङ्क्ष्] चाहना, अभिलाष करना। वच्चइ, वच्चउ (हे ४, १९२; कुमा)।

**वच्च** देखो **वय** = वच्।

**वच्च** पुंन [वर्चस्] १ पुरीष, विष्ठा (पाअ; ओघ १९७; सुपा १७९; तंदु १४)। २ कूड़ा-करकट; 'भोगी तंबोलाइ कुणंतो जिणगिहे कुणइ वच्चं' (संबोध ४)। ३ चौथा नरक का चौथा नरकेन्द्रक—नरकस्थान-विशेष (देवेन्द्र १०)। ४ तेज, प्रभाव (णाया १, १—पत्र ६)५ °घर, °हर न [°गृह] पाखाना, टट्टी (सूअ १, ४, २, १३; स ७४१)।

**वच्च** देखो **वय** = वचस् (णाया १, १—पत्र ६)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वच्चंसि** वि [वचस्विन्] प्रशस्त वचनवाला (णाया १, १—पत्र ६)।

**वच्चंसि** त्रि [वर्चस्विन्] तेजस्वी (णाया १, १; सम १५२; औप; पि ७४)।

**वच्चय** पु [व्यत्यय] विपर्यास, उलट-पुलट (उपपृ २६६; पव १०४)। देखो **वत्तअ**।

**वच्चरा** (अप) देखो वच्चा (भवि)।

**वच्चा** । देखो वय = वच्।

**वच्चामेलिय** देखो विच्चामेलिय (विसे १४८१)।

**वच्चास** पुं [व्यत्यास] विपर्यास, विपर्यय (ओघ २७१; कम्म ५, ८६)।

**वच्चासिय** वि [व्यत्यासित] उलटा किया हुआ (विसे ८५३)।

**वच्चीसग** पुं [वच्चीसक] वाद्य-विशेष (अनु)।

**वच्चो°** देखो वच्च = वर्चस् (सुर ६, २८)।

**वच्छ** न [दे] पार्श्व, समीप (दे ७, ३०)।

**वच्छ** पुंन [वक्षस्] छाती, सीना (हे २ १७; संक्षि १५; प्राप्र; गा १५१; कुमा)। °**त्थल** न [°स्थल] उरः-स्थल, छाती (कुमा, महा)। °**सुत्त** न [°सूत्र] आभूषण-विशेष, वक्षःस्थल में पहनने की सँकली—सिकड़ी या सिकरी (भग ६, ३३ टी—पत्र ४७७)।

**वच्छ** पुं [वृक्ष] पेड़, शाखी, द्रुम (प्राप्र; कुमा; हे २, १७; पाग्र)।

**वच्छ** पुं [वत्स] १ बछड़ा (सुर २, ६५; पाग्र)। २ शिशु, बच्चा। ३ वत्सर, वर्ष। ४ वक्षःस्थल, छाती (प्राप्र)। ५ ज्योतिषशास्त्र-प्रसिद्ध एक चक्र (गण १६)। ६ देश-विशेष (ती १०)। ७ विजय-क्षेत्र-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। ८ न. गोत्र-विशेष। ९ वि. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०; कप्प)। °**यर** पुंस्त्री [°तर] क्षुद्र वत्स। २ दमनीय बछड़ा आदि। स्त्री. °**री** (प्राकृ २३)। °**मित्ता** स्त्री [°मित्रा] १ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७; इक)। २ ऊर्ध्वलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (इक; राज)। °**यर** देखो °**दर** (दे २, ६; ७, ३७)। °**राय** पुं [°राज] एक राजा (ती १०)। °**वाल** पुंस्त्री [°पाल] गोप, ग्वाला (पाग्र)। स्त्री °**ली** (आवम)।

**वच्छ** वि [वात्स्य] वात्स्य गोत्र का (णंदि ४८)।

**वच्छगावई** स्त्री [वत्सकावती] एक विजय-क्षेत्र (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

**वच्छर** पुंन [वत्सर] साल, वर्ष (प्राप्र; सिरि ६३५)।

**वच्छल** वि [वत्सल] स्नेही, स्नेह-युक्त (गा ३; कुमा; सुर ६, १३७)।

**वच्छल्ल** न [वात्सल्य] स्नेह, अनुराग, प्रेम (कुमा; पडि)।

**वच्छा** स्त्री [वत्सा] १ विजय-क्षेत्र विशेष। २ एक नगरी (इक)। ३ लड़की (कप्पू)।

**वच्छाण** पुं [उक्षन्] बैल, बलीवर्द; 'उक्खा वसहा य वच्छाणा' (पाग्र)।

**वच्छावई** स्त्री [वत्सावती] विजय-क्षेत्र विशेष (जं ४)।

**वच्छि°** देखो वय = वच्।

**वच्छिउड** पुं [दे] गर्भाशय (दे ७, ४४ टी)।

**वच्छिम** पुंस्त्री [वृक्षत्व] वृक्षपन (षड्)।

**वच्छिमय** पुं [दे] गर्भ शय्या (दे ७, ४४)।

**वच्छीउत्त** पुं [दे] नापित, हजाम (दे ७, ४७; पाग्र; स ७५)।

**वच्छीव** पुं [दे] गोप, ग्वाला (दे ७, ४१; पाग्र)।

**वच्छुद्दलिअ** वि [दे] प्रत्युद्धत (षड्)।

**वच्छोम** न [वक्षोम] नगर-विशेष, कुन्तल देश की प्राचीन राजधानी (कप्पू)।

**वच्छोमी** स्त्री [दे] काव्य की एक रीति (कप्पू)।

**वज्ज** अक [त्रस्] डरना। वज्जइ, वज्जए (हे ४, १९८; प्राकृ ७५; धात्वा १५१)।

**वज्ज** देखो वच्च = व्रज्। वज्जइ (नाट—मृच्छ १९३), वज्जसि (पि ४८८)।

**वज्ज** सक [वर्जय्] त्याग करना। कवकृ. वज्जिज्जंत (पंचा १०, २७)। संकृ. वज्जिय, वज्जेवि, वज्जिऊण, वज्जित्ता (महा; काल; पंचा १२, ६)। कृ. वज्ज, वज्जणिज्ज, वज्जेयव्व (पिंड ५६२; भग; पराह २, ४; सुपा ४८५; महा; पराह १, ४; सुपा ११०; उप १०३७)।

**वज्ज** अक [वद्] बजना, वाद्य आदि की आवाज होना। वज्जइ (हे ४, ४०६; सुपा ३३४)। वकृ. वज्जंत, वज्जमाण (सुर ३, ११५; सुपा ६५६)।

**वज्ज** न [वाद्य] बाजा, वादित्र (दे ३, ५८; गा ४२०)।

**वज्ज** वि [वर्य] १ श्रेष्ठ, उत्तम (सुर १०, २)। २ प्रधान, मुख्य (हे २, २४)।

**वज्ज** वि [वर्ज] १ रहित, वर्जित; 'जिणवज्ज-देवयाणं न नमइ जो तस्स तणुसुद्धी' (श्रा ६), 'सहजनिग्गोगजवज्जा पायं न घडंति आगारी' (चेइय ४७१), 'लोयववहारवज्जा तुब्भे परमत्थमूढा य' (धर्मवि ८४५; विसे २८४७; श्रावक ३०७; सुर १४, ७८)। २ न. छोड़कर, बिना, सिवाय (श्रा ६; दं १७; कम्म ४, ३४; ५३)। ३ पुं. हिंसा, प्राणि-वध (पराह १, १—पत्र ६)।

**वज्ज** देखो अवज्ज (सूअ १, ४, २, १६; बृह १)।

**वज्ज** देखो वइर = वज्र (कुमा; सुर ४, १५२; गु ५; हे १, १७७; २, १०५; षड्; कम्म १, ३६; जीवस; ४६; सम २५)। १७ पुं. विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १६; १७; ८, १३३)। १८ हिंसा, प्राणि-वध (पराह १, १—पत्र ६)। १९ कन्द-विशेष (पराण १—पत्र ३६; उत्त, ३६, ९९)। २० न. कर्म-विशेष, बँधाता हुआ कर्म (सूअ २, २, ६५, ठा ४, १—पत्र १६७)। २१ पाप (सूअ १, ४, २, १९)। °**कंठ** पुं [°कण्ठ] वानर-द्वीप का एक राजा (पउम ६, ६०)। °**कंत** न [°कान्त] एक देव-विमान (सम २५)। °**कंद** पुं [°कन्द] एक प्रकार का कन्द, वनस्पति-विशेष (श्रा २०)। °**कूड** न [°कूट] एक देव-विमान (सम २५)। °**क्ख** पुं [°क्ष] एक विद्याधर-वंशीय राजा (पउम ८, १३२)। °**चूड** पुं [°चूड] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, ४६)। °**जंघ** पुं [°जङ्घ] विद्याधर-वंशीय एक नरेश (पउम ५, १५)। °**णाभ** पुं [°नाभ] भगवान अभिनन्दन-स्वामी के प्रथम गणधर (सम १५२)। देखो °**नाभ**। °**दत्त** पुं [°दत्त] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १५)। २ एक जैन मुनि (पउम २०, १८)। °**द्धय** पुं [°ध्वज] एक विद्याधर-

वंशीय राजा (पउम ५, १५)। °**धर** देखो °हर (पउम १०२, १५६; विचार १००)। °**नागरी** स्त्री [°नागरी] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °**नाभ** पुं [°नाभ] एक जैन मुनि (पउम २०, १९)। देखो °णाभ। °**पाणि** पुं [°पाणि] १ इन्द्र (उत्त ११, २३; देवेन्द्र २८३; उप २११ टी)। २ एक विद्याधर-नरपति (पउम ५, १७)। °**प्पभ** न [°प्रभ] एक देव-विमान (सम २५)। °**बाहु** पुं [°बाहु] एक विद्याधर-वंशीय राजा (पउम ५, १६)। °**भूमि** स्त्री [°भूमि] लाट देश का एक प्रदेश (प्राचा १, ६, ३, २)। °**म** (अप) देखो मय (हे ४, ३९५)। °**मज्झ** पुं [°मध्य] १ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंकेश (पउम ५, २६३)। २ रावणाधीन एक सामन्त राजा (पउम ८, १३२)। °**मज्झा** स्त्री [°मध्या] एक प्रतिमा, व्रत-विशेष (औप २४)। °**मय** वि [°मय] वज्र का बना हुआ (पउम ६२, १०)। स्त्री. °मई (नाट—उत्तर ४५)। °**रिसहनाराय** न [°ऋषभनाराच] संहनन-विशेष, शरीर का एक तरह का सर्वोत्तम बन्ध (कम्म १, ३८)। °**रूव** न [°रूप] एक देव-विमान (सम २५)। °**लेस** न [°लेश्य] एक देव-विमान (सम २५)। °**वँ** (अप) देखो °म (हे ४, ३९५)। °**वण्ण** न [°वर्ण] एक देव-विमान (सम २५)। °**वेग** पुं [°वेग] एक विद्याधर का नाम (महा)। °**सिखला** स्त्री [°शृङ्खला] एक विद्या-देवी (संति ५)। °**सिंग** न [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम २५)। °**सिट्ठ** न [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम २५)। °**सुंदर** पुं [°सुन्दर] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा (पउम ५, १७)। °**सुजण्हु** पुं [°सुजह्नु] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १७)। °**सेण** पुं [°सेन] १ एक जैन मुनि, जो भगवान् ऋषभदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे (पउम २०, १७)। २ विक्रम की चौदहवीं शताब्दी के एक जैन आचार्य (सिरि १३४९)। °**हर** पुं [°धर] १ इन्द्र, देवराज (से १५, ४८; उव)। २ वि. वज्र को धारण करने-वाला (सुपा ३३४)। °**उह** पुं [°युध] १ इन्द्र (पउम ३, १३७; ५१, १८)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १६)। °**भ** पुं [°भ] एक विद्याधर-वंशीय राजा (पउम ५, १६)। °**वत्त** न [°वर्त्त] एक देव-विमान (सम २५)। °**स** पुं [°श] एक विद्याधर-राजा (पउम ५, १७)।

**वज्जंक** पुं [वज्राङ्क] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १६)।

**वज्जंकुसी** स्त्री [वज्राङ्कुशी] एक विद्या-देवी (संति ५)।

**वज्जंत** देखो वज्ज = वद्।

**वज्जंधर** पुं [वज्रन्धर] विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १६)।

**वज्जघट्टिता** स्त्री [दे] मन्द-भाग्य स्त्री (संक्षि ४७)।

**वज्जण** न [वर्जन] परित्याग, परिहार (सुर ४, ८२; स २७१; सुपा २४५; श्रु ६)।

**वज्जणअ** (अप) वि [वदितृ] बजनेवाला, 'पडहु वज्जणउ' (हे ४, ४४३)।

**वज्जणया** } स्त्री [वर्जना] परित्याग (सम **वज्जणा** } ४४; उत्त १६, ३०; उव)।

**वज्जमाण** देखो वज्ज = वद्।

**वज्जय** वि [वर्जक] त्यागनेवाला (उवा)।

**वज्जर** सक [कथय्] कहना, बोलना। वज्जरइ, वज्जरेइ (हे ४, २; षड्; महा)। वकृ. वज्जरंत (हे ४, २; चेइय १४६)। संकृ. वज्जरिऊण (हे ४, २)। कृ. वज्जरिअव्व (हे ४, २)।

**वज्जर** देखो वंजर = मार्जार (चंड)।

**वज्जर** पुं [वर्जर] १ देश-विशेष। २ वि. देश-विशेष में उत्पन्न; 'परिवाहिया य तेणं बहवे वल्हीयतुरुक्कवज्जराइया आसा' (स १३)।

**वज्जरण** न [कथन] उक्ति, वचन (हे ४, २)।

**वज्जरा** स्त्री [दे] तरंगिणी, नदी (दे ७, ३७)।

**वज्जरिअ** वि [कथित] कहा हुआ, उक्त (हे ४, २; सुर १, ३२; भवि)।

**वज्जा** स्त्री [दे] अधिकार, प्रस्ताव (दे ७, ३२; वज्जा २)।

**वज्जाव** (अप) सक [वाचय्] बचवाना, पढ़ाना। वज्जावइ (प्राकृ १२०)।

**वज्जाव** सक [वादय्] बजाना। वज्जावइ (भवि)।

**वज्जाविय** वि [वादित] बजाया हुआ (भवि)।

**वज्जि** पुं [वज्रिन्] इन्द्र (संबोध ८)।

**वज्जिअ** वि [दे] अवलोकित, दृष्ट (दे ७, ३९; महा)।

**वज्जिअ** वि [वादित] बजाया हुआ (सिरि ५२५)।

**वज्जिअ** वि [वर्जित] रहित (उवा; औप; महा; प्रासू ७९)।

**वज्जियाव** पुं [दे] शेलडी (व्यव० भाष्य०)।

**वज्जियावग** पुं [दे] इक्षु, ऊख (वव १)।

**वज्जिर** वि [वदितृ] बजनेवाला (सुर ११, १७२; सुपा ४५; ८७; सिरि १५५; सण), 'गहिख(?रव)जिराउज्जगज्जिजज्जरियबंभंडभंडोयरो' (कुप्र २२४)।

**वज्जुत्तरवडिंसग** न [वज्रोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम २५)।

**वज्जोयरी** स्त्री [वज्रोदरी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३८)।

**वज्झ** वि [वध्य] वध के योग्य (सुपा २४८; गा २९; ४६६; दे ८, ४६)। °**नेवत्थिय** वि [°नेपथ्यिक] मृत्यु-दंड-प्राप्त को पहनाया जाता वेष वाला (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। °**माला** स्त्री [°माला] वध्य को पहनाई जाती माला, कनेर के फूलों की माला (भत्त १२०)।

**वज्झ** वि [वाह्य] १ वहन करने योग्य (प्राप्र; उप १५० टी)। २ न. अश्व आदि यान (स ६०३)। °**खेड्ड** न [°खेल] कला-विशेष, यान की सवारी का इल्म (स ६०३)।

**वज्झा** स्त्री [हत्या] वध, घात (सुख ४, ६; महा)।

**वज्झायण** न [वध्यायन] गोत्र-विशेष (सुज्ज १०, १६)।

**वञ्च** (अप) देखो वच्च = व्रज्। वञ्चइ, वञ्चदि (षड्)।

**वट्ट** सक [वृत्] १ वर्तना, होना। २ आचरण करना। वट्टइ, वट्टए, वट्टंति (सुर ३, ३६; उव; कप्प)। वकृ. **वट्टंत, वट्टमाण** (गा ४१०; कम्म ३, २०; चेइय ७१३; भवि; उवा; पडि; कप्प; पि ३५०)। हेकृ. **वट्टेउं** (चेइय ३६८)। कृ. **वट्टियव्व** (उव)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वट्ट** सक [ वर्त्तय् ] १ बरतना । २ पिंड रूप से बाँधना । ३ परोसना । ४ ढकना, आच्छादन करना । वट्टंति (पिंड २३६)। कवकृ. वट्टिज्जमाण (औप)।

**वट्ट** वि [वृत्त] १ वर्तुल, गोलाकार (सम ६३; औप; उवा)। २ अतीत, गुजरा हुआ। ३ मृत। ४ संजात, उत्पन्न। ५ अधीत। ६ दृढ़। ७ पुं. कूर्म, कछुआ (हे २, २६)। ८ न. वर्तन, वृत्ति, प्रवृत्ति (सूअ १, ४, २, २)। °क्खुर, °खुर पुं [°खुर] श्रेष्ठ अश्व (ओघ ४३८; राज)। °खेड, खेड्डु स्त्रीन [खेल] कला-विशेष (णाया १, १—पत्र ३८; स ६०३; अंत ३१ टि)। देखो वत्थ-खेड्डु। देखो वत्त, वित्त = वृत्त। °वेअड्ढ पुं [°वैताढ्य] पर्वत-विशेष (ठा १०)।

**वट्ट** पुंन [वर्त्मन्] बाट, मार्ग, रास्ता; 'पडि-सोएण पवट्टा चत्ता अणुसोअगामिणो वट्टा' (सार्ध ११८; सुर १०,४; सुपा ३३०), 'वट्ट' (प्राकृ २०)। °वाडण न [°पातन] मुसा-फिरों को रास्ते में लुटना; 'परदोहवट्टवाडण-बंदग्गहखत्तखणणपमुहाइं' (कुप्र ११३), 'सो वट्टपाडणेहिं बंदग्गहणेहिं खत्तखणणेहिं' (धर्मवि १२३)।

**वट्ट** पुंन [दे] १ प्याला, गुजराती में 'वाटको'; 'पढमघुंटम्मि खलिणा जीहा, हत्थाउ निवडियं वट्ट' (सुपा ४६६)। २ पुं. हानि, नुकसान, गुजराती में 'वट्टो'; 'अन्नह उवक्खएणवि मूला वट्टो इहं होहिं' (सुपा ४४५)। ३ लोट्टक, शिला-पुत्रक, लोढ़ा; 'वट्टावरएणं' (भग १६, ३—पत्र ७६६)। ४ खाद्य-विशेष, गाढ़ी कढ़ी (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

**वट्ट** पुं [वर्त] देश-विशेष (सत्त ६७ टी)।

**°वट्ट** पुं [पट्ट] प्रवाह (कुमा)। देखो पट्ट (से ५, १४; भवि; गउड)।

**वट्टंत** देखो वट्ट = वृत।

**वट्टक** } देखो वट्टय = वर्तक (पण्ह १,
**वट्टग** } १—पत्र ८; विपा १, ७—पत्र ७५; सूअ २, २, १०; २६; ४३)।

**वट्टण** देखो वत्तण (रंभा)।

**वट्टणा** देखो वत्तणा (राज)।

**वट्टमग** न [वर्त्मक] मार्ग, रास्ता (आचा; भोप)।

**वट्टमाण** देखो वट्ट = वृत।

**वट्टमाण** न [दे] १ अंग, शरीर। २ गन्ध-द्रव्य का एक तरह का अधिवास (दे ७, ८६)।

**वट्टय** देखो वट्ट = दे (पउम १०२, १२०)।

**वट्टय** पुं [वर्तक] १ पक्षि-विशेष, बटेर (सूअ १, २, १, २; उवा)। २ बालकों को खेलने का एक तरह का चपड़े का बना हुआ गोल खिलौना (अनु ५; णाया १, १८—पत्र २३५)।

**°वट्टय** देखो पट्ट (गउड)।

**वट्टा** स्त्री [दे. वर्त्मन्] देखो वट्ट = वर्त्मन् (दे ७, ३१)।

**वट्टा** स्त्री [वार्त्ता] बात, कथा (कुमा)।

**वट्टाव** सक [ वर्तय् ] बरताना, काम में लगाना। वट्टावेइ (उव)।

**वट्टावण** न [वर्तन] बरताना, कार्य लगाना (उव)।

**वट्टावय** वि [वर्तक] बरतानेवाला, प्रवर्त्तक (उवः णाया १, १४—पत्र १८६)।

**वट्टावय** वि [वर्तक] प्रतिजागरक, शुश्रूषाकर्त्ता (वव १)।

**वट्टि** स्त्री [वर्ति] १ बत्ती, दीपक में जलनेवाली बाती। २ सलाई, आँख में सुरमा लगाने की सली या सलाई। ३ शरीर पर किया जाता एक तरह का लेप। ४ लेख, लिखना। ५ कलम, पीछी (हे २, ३०)। देखो वत्ति, वित्ति।

**वट्टिअ** वि [वर्त्तित] १ परिवर्त्तित (दे ५, २७)। २ बलित (पव २१६ टी)। ३ वर्तुल, गोल (पण्ह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०)। ४ प्रवर्तित (भवि)।

**वट्टिआ** स्त्री [वर्तिका] देखो वट्टि (अभि २१७; नाट—रत्ना २१; स २३६)।

**वट्टिम** वि [दे] अतिरिक्त (दे ७, ३४)।

**वट्टिय** वि [दे] चूर्ण किया हुआ, पिसा हुआ; गुजराती में 'वाटेलुं'; 'पक्खित्तं साहिणवट्टियं लोणं' (स २६४)।

**वट्टिव** न [दे] पर-कार्य (दे ७, ४०)।

**वट्टी** स्त्री [वर्त्ती] देखो वट्टि (हे २, ३०)।

**°वट्टी** स्त्री [पट्टी] पट्टा; 'ताव य कडिवट्टीओ पडिया रयणावली भत्ति' (सुपा ३४४; १५४)।

**वट्टु** न [दे] पात्र-विशेष (बृह १)। °कर पुं [°कर] यक्ष-विशेष (राज)। °करी स्त्री [°करी] विद्या-विशेष (राज)।

**वट्टुल** वि [वतुल] १ गोल, वृत्ताकार (पाअ)। २ पुंन. पलाण्डु—प्याज के समान एक तरह का कन्द-मूल (हे २, ३०; प्राकृ)।

**°वट्ठ** देखो पट्ठ = पृष्ठ (गउड; गा १५०; हे १, ८४; १२६)।

**°वट्ठि** देखो सट्ठि; 'बा-वट्ठी' (सम ७५; पंच ५, १८; पि २६५; ४४६)।

**वड** पुं [दे] १ द्वार का एक देश, दरवाजे का एक भाग। २ क्षेत्र (दे ७, ८२)। ३ मत्स्य की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४७)। ४ विभाग (निचू २)। देखो वड्डु; 'वडसफर-पवहणाणं' (सिरि ३८२)।

**वड** पुं [वट] १ वृक्ष-विशेष, बरगद, बड़ का पेड़ (पएण १—पत्र ३१; गा ६४; कप्पू)। २ न. वस्त्र-विशेष; 'वडजुगपट्टजुगाइं' (णाया १, १ टी—पत्र ४३)। °नयर न [°नगर] नगर-विशेष (पउम १०५, ८८)। °वद्द न [°पद्र] १ गुजरात का एक नगर, जो आज कल 'बडौदा' नाम से प्रसिद्ध है (उप ५१६)। २ एक गोकुल (उप ५६७ टी)। °सावित्ती स्त्री [°सावित्री] एक देवी (कप्पू)।

**वड** देखो पड = पत्। वकृ. 'उग्गहिम्मि उण वडंता' (से ७, ७)।

**°वड** देखो पड = पट; 'पवणाहयवडचंचलाओ लच्छीओ तह य मणुयाणं' (सुर ४, ७६; से १०, १६; सुर १, ६१; ३, ६७; गा ३२६)।

**वडग** न [वटक] खाद्य-विशेष, बड़ा (पिंड ६३७)।

**वडग** देखो वड = वट (अंत)।

**°वडण** देखो पडण (गा ५६७; गउड; महा)।

**वडप्प** न [दे] १ लता-गहन। २ निरन्तर वृष्टि (दे ७, ८४)।

**वडभ** वि [वडभ] १ वामन, ह्रस्व (ओघभा ८२)। २ जिसका पृष्ठ-भाग बाहर निकल आया हो वह (आचा)। ३ नाभि के ऊपर का भाग जिसका टेढ़ा हो वह (पण्ह १, १—पत्र २३)। ४ पीछे का या आगे का

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

अंग जिसका बाहर निकल आया हो वह (पव ११०)। ५ जिसका पेट बड़ा होकर आगे निकल आया हो वह। स्त्री. °भी (णाया १, १—पत्र ३७; औप; पि ३८७)।

वड्य देखो वडग = वटक (सुपा ४८५)।

°वडल देखो पडल (गउड)।

वडवग्गि पुं [वडवाग्नि] वडवानल, समुद्र के भीतर की आग (गा ४०३)।

वडवड अक [वि + लप्] विलाप करना। वडवडइ (हे ४, १४८), वडवडंति (कुमा)।

वडवा स्त्री [वडवा] घोड़ी (पाअ; धर्मवि १४५)। °णल, नल पुं [°नल] समुद्र के भीतर की आग, वडवाग्नि (पि २४०; श्रा १६)। °मुह न [°मुख] १ वही अर्थ (से १, ८)। २ एक महा-पाताल (इक)। °हुआस पुं [°हुताश] वडवानल (समु १५४)।

वडह देखो वडभ (आचा १, २, ३, २)।

वडह पुं [दे] पक्षि-विशेष (दे ७, ३३)।

°वडह देखो पडह (से १२, ४७)।

वडही देखो वलही (गउड)।

°वडाआ देखो पडाया (गा १२०)।

°वडालि स्त्री [दे] पंक्ति, श्रेणि (दे ७, ३६)।

°वडाहा देखो पडाया; धवलधयवडाहो' (महा)।

°वडिअ देखो पडिअ (से ५, १०; कुप्र १८१; उवा)।

वडिअ वि [गृहीत] ग्रहण किया हुआ (सुर १, १६६)।

वडिंस पुं [वतंस] १ मेरु पर्वत (सुज्ज ५ टी—पत्र ७८)। २ भूषण, 'रायकुलवडिंसगा वि मुणिवसभा' (उव, कप्प)। ३ एक दिग्हस्ति-कूट (इक)। ४ प्रधान, मुख्य। ५ श्रेष्ठ, उत्तम (कप्प; महा)। ६ कर्णपूर, कान का आभूषण (णाया १, १—पत्र ३१)। देखो वडेंस, अवयंस।

वडिणाय पुं [दे] घर्घर कण्ठ, बैठा हुआ गला (षड्)।

वडिया स्त्री [वृत्तिता] वर्तन, 'भयवंतदंसण-वडियाए' (स ६८३; आचा २, ७, १)।

°वडिया देखो पडिया = प्रतिज्ञा (आचा २, ७, १)।

वडिसर न [दे] चूल्ली-मूल, चूल्हे का मूल (दे ७, ४८)।

वडिवस्सअ वि [वरिवस्यक] पूजक, पूजा करनेवाला (चारु १)।

वडिसाअ वि [दे] स्नुत, टपका हुआ (षड्)।

वडी स्त्री [दे] बड़ी, एक प्रकार का खाद्य (पव ३८)।

वडुमग } देखो वट्टमग (औप; आचा)।
वडूमग }

वडेंस पुं [वतंस] शेखर, मुकुट (भग; णाया १, १ टी—पत्र ५)। देखो वडिंस।

वडेंसा स्त्री [वतंसा] किंनर नामक किंनरेन्द्र की एक अग्रमहिषी (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २—पत्र २५२)।

वडेंसिया स्त्री [वतंसिका] अवतंस की तरह करना, मुकुटस्थानापन्न करना; 'अट्ठारसवं-जणाउलं भोयणं भोयावेत्ता जावज्जीवं पिट्ठिव-डेंसियाए परिवहेज्जा' (ठा ३, १—पत्र ११७)।

वड्ड वि [दे] बड़ा, महान् (दे ७, २९; तंदु ५५; सुपा १२४; णाया २—पत्र २४८; सम्मत्त १७३; भवि; हे ४, ३६६; ३६७; ३७१)। °अत्थरग पुं [°आस्तरक] ऊँट की पीठ पर रखा जाता आसन (पव ८४ टी)। °त्तण न [°त्व] बड़प्पन, महत्ता (हे ४, ३८४; कप्पू)। °प्पण (अप) न [°त्व] वही (हे ४, ३६६; ४३७; पि ३००)। °यर वि [°तर] विशेष बड़ा (हे २, १७४)।

वड्डवास पुं [दे] मेघ, अभ्र (दे ७, ४७; कुमा)।

वड्डहुल्लि पुं [दे] मालाकार, माली (दे ७, ४२)।

वड्डार (अप) देखो वड्ड-यर (भवि)।

वड्डिम वि [दे] स्नुत, टपका हुआ (षड्)।

वड्डिल [दे] देखो वड्ड;

'नयणाण पडउ वज्जं अहवा
वज्जस्स वड्डिलं किंपि।
अमुणियजणेवि दिट्ठे अणुबंधं
जाणि कुव्वंति'
(सुर ४, २०; वज्जा ६२)।

वड्डकुअर देखो वड्ड-यर (षड्)।

वड्ढ अक [वृध्] बढ़ना। वड्ढइ (हे ४, २२०; महा; काल)। भूका. वड्ढित्था (कप्प)। वकृ. वड्ढंत, वड्ढमाण (सुर १, ११६; महा; गा ११३)। हेकृ. वड्ढिउं (महा)।

वड्ढ सक [वर्धय] १ बढ़ाना, विस्तारना। २ बधाई देना। वड्ढंति (उव)। वकृ. वड्ढअंत (नाट—मृच्छ १८)। कर्म. वड्ढिज्जंति (सिरि ४२४)। देखो वद्ध = वर्धय्।

वड्ढइ पुं [वर्धकिन्] बढ़ई, सुतार (सम २७; उप पृ १५३; पाअ; धर्मसं ४८६; दे ७, ४४)।

वड्ढइअ पुं [दे] चर्मकार, मोची (दे ७, ४४)।

वड्ढण न [वर्धन] १ वृद्धि, बढ़ाव (कप्पू)। २ वि. वृद्धि-जनक (महा; सुर १३, १३६)।

वड्ढणमिर वि [दे] पीन, पुष्ट (दे ७, ५१)।

वड्ढणसाल वि [दे] जिसकी पूँछ कट गई हो वह (दे ७, ४९)।

वड्ढमाण देखो वड्ढ = वृध्।

वड्ढमाण } न [वर्धमान, °क] १
वड्ढमाणय } गुजरात का एक नगर, जो आजकल 'वढवाण' के नाम से प्रसिद्ध है; 'सिरिवड्ढमाणनयरं पत्ता गुज्जरधरावलयं' (सम्मत्त ७५)। २ अवधिज्ञान का एक भेद, उत्तरोत्तर बढ़ता जाता एक प्रकार का परोक्ष रूपी द्रव्यों का ज्ञान (ठा ६—पत्र ३७०; कम्म १, ८)। ३ पुं. भगवान् महावीर (भवि)। देखो वद्धमाण।

वड्ढय देखो वट्ट = दे; 'पाणभरियं वड्ढयं पियावयणसमप्पियं पीयमाणं पि तीए सुद्धुयरं भरियमंसुएहिं' (स ३८२)।

वड्ढव सक [वर्धय्, वर्धापय्] १ बढ़ाना, वृद्धि करना। २ बधाई देना, अभ्युदय का निवेदन करना। वड्ढवइ (प्राकृ ६०)।

वड्ढवअ वि [वर्धक] १ बढ़ानेवाला २ बधाई देनेवाला (प्राकृ ६१)।

वड्ढवण न [दे] वस्त्र का आहरण (दे ७, ८७)।

वड्ढवण न [दे. वर्धापन] बधाई, अभ्युदय-निवेदन (दे ७, ८७)।

वड्ढविअ वि [वर्धित, वर्धापित] जिसको बधाई दी गई हो वह (दे ६, ७४)।

वड्ढार (अप) सक [वर्धय्] बढ़ाना, गुजराती में 'वधारवु' । वड्ढारइ (भवि)।

वड्ढाव देखो वड्ढव । वड्ढावेमि (प्राकृ ६१; पि ५५२)।

वड्ढावअ देखो वड्ढवअ (प्राकृ ६१; कप्पू; उवा)।

वड्ढाविअ वि [दे] समापित, समाप्त किया हुआ (दे ७, ४५)।

वड्ढि वि [वर्धिन्] बढ़नेवाला (से १, १)।

वड्ढि स्त्री [वृद्धि] बढ़ती, बढ़ाव (उवा; देवेन्द्र ३६७; जीवस २७४)।

वड्ढिअ वि [वृद्ध] बढा हुआ (कुमा ७, ५८; गा ४१०; महा)।

वड्ढिअ वि [वर्धित] १ बढ़ाया हुआ; 'महिवीढे नइवड्ढियनीरो उयहिव्व वित्थरइ' (सिरि ६२७)। २ खण्डित किया हुआ, काटा हुआ (से १, १)।

वड्ढिआ स्त्री [दे] कूपतुला, ढेंकुवा (दे ७, ३६)।

वड्ढिम पुंस्त्री [वृद्धिमन्] वृद्धि, बढ़ाव; 'पत्ता दिएं वड्ढिमा' (प्राकृ ३३; कप्पू)।

वढ देखो वड = वट (हे २, १७४; पि २०७)।

वढ वि [दे] मूक, वाक्-शक्ति से रहित (संक्षि ३६)।

वढर } पुं [बठर] १ मूर्ख छात्र। २ ब्राह्मण पुरुष और वैश्य स्त्री से
वढल } उत्पन्न संतान, अम्बष्ठ। ३ वि. शठ, धूर्त। ४ मन्द, अलस (हे १, २५४; षड्)।

वण सक [वन्] माँगना, याचना करना। वणेइ (पिंड ४४३)।

वण पुं [दे] १ अधिकार। २ श्वपच, चाँडाल (दे ७, ८२)।

वण पुंन [व्रण] घाव, प्रहार, क्षत; 'जस्सेअ वणो तस्सेअ वेअणा (काप्र ८७१; गा ३८१; ४२७; पाअ)। °वट्ट पुं [°पट्ट] घाव पर बाँधी जाती पट्टी (गा ४५८)।

वण न [वन] १ अरण्य, जंगल (भग; पाअ; उवा; कुमा; प्रासू ६२; १४५)। २ पानी, जल (पाअ; वज्जा ८८)। ३ निवास। ४ आलय (हे ३, ८८; प्राप्र)। ५ वनस्पति (कम्म ४, १०; १६; ३६; दं १३)। ६ उद्यान, बगीचा (उप ६८६ टी)। ७ पुं. देवों की एक जाति, वानव्यंतर देव (भग; कम्म ३, १०)। ८ वृक्ष-विशेष (राय)। °कम्म पुंन [°कर्मन्] जंगल को काटने या बेचने का काम (भग ८, ५—पत्र ३७०; पडि)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] वनस्पति का कारखाना (आचा २, २, २, १०)। °गय पुं [°गज] जंगली हाथी (से ३, ६३)। °ग्गि पुं [°ग्नि] दावानल (पाअ)। °चर वि [°चर] वन में रहनेवाला, जंगली (पएह १, १—पत्र १३)। स्त्री. °री (रयण ६०); देखो °यर। °च्छिंद वि [°च्छिद्] जंगल काटनेवाला (कुप्र १०४)। °त्थली स्त्री [°स्थली] अरण्य-भूमि (से ३, ६३)। °दव पुं [°दव] दवानल (णाया १, १—पत्र ६५)। °पव्वय पुंन [°पर्वत] वनस्पति से व्याप्त पर्वत; 'वणाणि वा वणपव्वयाणि वा' (आचा २, ३, ३, २)। °बिराल पुं [°बिडाल] जंगली बिल्ला (सण)। °माल न [°माल] एक देव-विमान (सम ४१)। °माला स्त्री [°माला] १ पैर तक लटकनेवाली माला (औप; अच्चु ३६)। २ एक राज-पत्नी (पउम ११, १४)। ३ रावण की एक पत्नी (पउम ३६, ३२)। °य वि [°ज] वन में उत्पन्न, जंगली (वज्जा १२८)। °यर वि [°चर] १ वन में रहनेवाला, बनैला (णाया १, १—पत्र ६२; गउड)। २ पुंस्त्री. व्यन्तर देव (विसे ७०७; पव १६०)। स्त्री. °री (उप पृ ३३०)। °राइ स्त्री [°राजि] तरु-पंक्ति, वृक्ष-समूह (चंड; सुर ३, ४२; अभि ५५)। °राज, °राय पुं [°राज] १ विक्रम की आठवीं शताब्दी का गुजरात का एक प्रसिद्ध राजा (मोह १०८)। २ सिंह, केसरी (चंड)। °लइया, °लया स्त्री [°लता] १ एक स्त्री का नाम (महा)। २ वह वृक्ष जिसको एक ही शाखा हो (कप्प; राय)। °वाल वि [°पाल] उद्यान-पालक, माली (उप ६८६ टी)। °वास पुं [°वास] अरण्य में रहना (पि ३५१)। °वासी स्त्री [°वासी] नगरी-विशेष (राज)। °विदुग्ग न [°विदुर्ग] नानाविध वृक्षों का समूह (सूअ २, २, ८; भग)। °विरोहि पुं [°विरोहिन्] आषाढ मास (सुज्ज १०, १६)। °संड पुंन [°षण्ड] अनेकविध वृक्षों की घटा—समूह (ठा २, ४; भग; णाया १, २; औप)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] जंगल का हाथी (से ८, ३६)। °ालि, °ोलि स्त्री [°ालि] वन-पंक्ति (गा ५७६; हे २, १७७)।

वणइ स्त्री [दे] वन-राजि, वृक्ष-पंक्ति (दे ७, ३८; षड्)।

वणण न [वनन] बछड़े को उसकी माता से भिन्न दूसरी गाय से लगाना (पएह १, २—पत्र २६)।

वणण न [दे. व्यान] बुनना। °साला स्त्री [°शाला] बुनने का कारखाना (दस १, १ टी)।

वणद्धि स्त्री [दे] गो-वृन्द, गो-समूह (दे ७, ३८)।

वणनत्तडिअ वि [दे] पुरस्कृत, आगे किया हुआ (षड्)।

वणपक्कसावअ पुं [दे] शरभ, श्वापद-विशेष (दे ७, ५२)।

वणप्फइ पुं [वनस्पति] १ वृक्ष-विशेष, फूल के बिना ही जिसमें फल लगता हो वह वृक्ष (हे २, ६६; कुमा)। २ लता, गुल्म, वृक्ष आदि कोई भी गाछ, पेड़ मात्र (भग)। ३ न. फल (कुमा ३, २६)। °काइअ वि [°कायिक] वनस्पति का जीव (भग)।

वणय पुं [वनक] दूसरी नरक-पृथिवी का एक नरक-स्थान (देवेन्द्र ६)।

वणरसि (अप) देखो वाणारसी (पिंग; पि ३५४)।

वणव पुं [दे] दावानल (दे ७, ३७)।

वणसवाई स्त्री [दे] कोकिला, कोयल (दे ७, ५२; पाअ)।

वणस्सइ देखो वणप्फइ (हे २, ६६; जी २; उवा; पएण १)।

वणाय वि [दे] व्याध से व्याप्त (दे ७, ३५)।

वणार पुं [दे] दमनीय बछड़ा (दे ७, ३७)।

वणि वि [व्रणिन्] घाववाला, जिसको घाव हुआ हो वह (दे ६, ३६; पंचा १६, ११)।

वणि } पुं [वणिज्] बनिया, व्यापारी,
वणिअ } वैश्य (औप; उप ७२८ टी; सुर

१४, ६६; सुपा २७६; सुर १, ११६; प्रासू ८०; कुमा; महा)।

**वणिअ** वि [व्रणित] व्रण-युक्त, घाववाला (गा ४५८; ६४६; पउम; ७५, १३)।

**वणिअ** पुं [वनीपक] भिक्षुक, भिखारी; 'वणि जायणि त्ति वणिओ पायप्पाणं वणेइत्ति' (पिंड ४४३)।

**वणिअ** न [वणिज] ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण (विसे ३३४८; सुज्ज्ञनि ११)।

**वणिआ** स्त्री [वनिका] वाटिका, बगीचा; 'असोयवणिआइ मज्झयारम्मि' (भाव ७; उवा)।

**वणिआ** स्त्री [वनिता] स्त्री, महिला, नारी (गा १७; कुमा; तंदु ५०; सम्मत्त १७५)।

**वणिज** देखो **वणिअ** = वणिज् (चारु ३४)।

**वणिज्ज** } न [वाणिज्य] व्यापार, बैपार;
**वणिज्ज** } 'एत्तियकालं हट्टे जइ तं चिट्ठेसि वणिजकइ' (सुपा ५१०; २५२), 'उज्जेणी-आगओ वणिज्जेणं' (पउम ३३, ६६; स ४४३; सुर १, ६०; कुप्र ३६५, सुपा ३८४; प्रासू ८०; भवि; श्रा १२)। °**रय** वि [°कारक] व्यापारी (सुपा ३४३, उप पृ १०४)।

**वणिम** } देखो **वणीमय** (दस ५, १, ५१)।
**वणीमग** } २ दरिद्र, निर्धन (दस ५, २, १०)।

**वणी** स्त्री [वनी] १ भीख से प्राप्त धन (ठा ५, ३—पत्र ३४१)। २ फली-विशेष, जिससे कपास निकलता है (राज)।

**वणीमग** } पुं [वनीपक] याचक, भिक्षुक,
**वणीमय** } भिखारी (ठा ५, ३; सुपा १६८, सण; ओघ ४३६)।

**वणे** अ. इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ निश्चय (हे २, २०६; कुमा)। २ विकल्प। ३ अनुकम्पनीय। ४ संभावना (हे २, २०६)।

**वणेचर** देखो **वण-यर** (रयण ५६)।

**वण्ण** सक [वर्णय्] १ वर्णन करना। २ प्रशंसा करना। ३ रँगना। वण्णआमो (पि ४६०)। कर्म. वण्णिज्जइ (सिरि १२८८), वण्णिअइ (अप) (हे ४, ३४५)। वकृ. **वण्णंत** (गा ३५०)। हेकृ. **वण्णिउं** (पि ५७३)। कृ. **वण्णणिज्ज, वण्णेअव्व** (हे ३, १७६; भग)।

**वण्ण** पुं [वर्ण] १ प्रशंसा, श्लाघा (उप ६०७)। २ यश, कीर्त्ति (ओघ ६०)। ३ शुक्ल आदि रँग (भग; ठा ४, ४; उवा)। ४ अकार आदि अक्षर। ५ ब्राह्मण, वैश्य आदि जाति। ६ गुण। ७ अंगराग। ८ सुवर्ण, सोना। ६ विलेपन की वस्तु। १० व्रत-विशेष। ११ वर्णन। ११ विलेपन-क्रिया। १३ गीत का क्रम। १४ चित्र (हे १, १७७; प्राप्र)। १५ कर्म-विशेष, शुक्ल आदि वर्ण का कारण-भूत कर्म (कम्म १, २४)। १६ संयम। १७ मोक्ष, मुक्ति (आचा)। १८ न. कुंकुम (हे १, १४२)। °**णाम, °नाम** पुंन [°नामन्] कर्म-विशेष (राज; सम ६७)। °**मंत** वि [°वत्] प्रशस्त वर्णवाला (भग)। °**वाइ** वि [°वादिन्] श्लाघा-कर्त्ता, प्रशंसक (वव १)। °**वाय** पुं [°वाद] प्रशंसा, श्लाघा (पंचा ६, २३)। °**ावास** पुं [°ावास] वर्णन-प्रकरण, वर्णन-पद्धति (जीव ३; उवा)। °**ावास** पुं [°व्यास] वर्णन-विस्तार (भग; उवा)।

**वण्ण** पुं [वर्ण] पंचम आदि स्वर। °**सम** न [°सम] गेय काव्य का एक भेद (दसनि २, २३)।

**वण्ण** वि [दे] १ अच्छ, स्वच्छ। २ रक्त। (दे ७, ८३)।

°**वण्ण** देखो **पण्ण** (गा ६०१; गउड)।

**वण्णग** देखो **वण्णय** (उवा; औप)।

**वण्णण** न [वर्णन] १ श्लाघा, प्रशंसा (कप्पू)। २ विवेचन, विवरण, निरूपण (रयण ४)।

**वण्णणा** स्त्री [वर्णना] ऊपर देखो (दे १, २१; सार्ध ४५)।

**वण्णय** पुंन [दे. वर्णक] १ चन्दन, श्रीखण्ड (दे ७, ३७; पंचा ८, २३)। २ पिष्टातक-चूर्ण, अंगराग (दे ७, ३७; स्वप्न ६१)।

**वण्णय** पुं [वर्णक] वर्णन-ग्रन्थ, वर्णन-प्रकरण (विपा १, १, उवा; औप)।

**वण्णिअ** वि [वर्णित] जिसका वर्णन किया गया हो वह (महा)।

**वण्णिआ** देखो **वन्निआ** (गा ६२०)।

**वण्हि** पुं [वृष्णि] १ एक राजा, जो अन्धक-वृष्णि नाम से प्रसिद्ध था; 'वण्हि पिया धारिणी माया' (अंत ३)। २ एक अन्तकृद् महर्षि; 'अक्खोभ पसेणई वण्ही' (अंत)। ३ अन्धकवृष्णि-वंश में उत्पन्न, यादव (णंदि)। °**दसा** स्त्री. ब. [°दशा] एक जैन आगम-ग्रन्थ (निर ५)। °**पुंगव** पुं [°पुंगव] यादव-श्रेष्ठ (उत्त २२, १३; णाया १, १६—पत्र २११)।

**वण्हि** पुं [वह्नि] १ अग्नि, आग (पाअ; महा)। २ लोकान्तिक देवों की एक जाति (णाया १, ८—पत्र १५१)। ३ चित्रक वृक्ष। ४ भिलावाँ का पेड़। ५ नीबू का गाछ (हे २, ७५)।

**वत** देखो **वय** = व्रत (चंड)।

**वति** देखो **वइ** = व्रतिन् (उप ३८१)।

**वति** देखो **वइ** = वृति (चंड)।

**वतु** पुं [दे] निवह, समूह (दे ७, ३२)।

**वत्त** देखो **वट्ट** = वृत्। वत्तइ (भवि), वत्तदि (शौ) (स्वप्न ६०)।

**वत्त** देखो **वट्ट** = वर्तय्। वत्तइ (भवि)। वत्तेज्ज (आचा २, १५, ४२)। वत्तेज्जासि, वत्तेहामि (उवा; पि ५२८)।

**वत्त** न [वार्त्त] आरोग्य (उत्त १८, ३८)।

**वत्त** वि [व्याप्त] फैला हुआ, भरपूर (कप्प; विसे ३०३६)।

**वत्त** देखो **वट्ट** = वृत्त (स ३०८; महा; सुर १, १७८; ३, ७६, औप; हे १, १४५)।

**वत्त** वि [व्यक्त] प्रकट, खुला (धर्मसं ५५५)।

**वत्त** न [वक्त्र] मुख, मुँह (हे १, १८; भवि)।

°**वत्त** देखो **पत्त** = पत्र (गा ६०४; हेका ५०; गउड)।

°**वत्त** देखो **पत्त** = पात्र (गउड; गा ३००)।

**वत्त°** देखो **वत्ता** (भवि)। °**यार** वि [°कार] वार्त्ता कहनेवाला (भवि)।

**वत्तअ** पुं [व्यत्यय] १ विपर्यय, विपर्यास। २ व्यतिक्रम, उल्लंघन (प्राकृ २१)।

**वत्तए** देखो **वय** = वच्।

**वत्तडिआ** } (अप) देखो **वत्ता** (कुमा; हे ४,
**वत्तडी** } ४३२; सण)।

**वत्तण** न [वर्त्तन] १ जीविका, निर्वाह; 'किं न तुमं मच्छएहि कुडुंबवत्तणं करेसि' (कुप्र

२८)। २ आवृत्ति, परावर्तन (पंचा १२, ४३)। ३ स्थिति। ४ स्थापन। ५ वर्तन, होना। ६ वि. वृत्तिवाला। ७ रहनेवाला (संक्षि १०)।

**वत्तणा** स्त्री [वर्त्तना] ऊपर देखो; 'वत्तणा-लक्खणो कालो' (उत्त २८, १०; भावम)।

**वत्तणी** स्त्री [वर्त्तनी] मार्ग, रास्ता (पण्ह १, ३—पत्र ५४; विसे १२०७; सुअनि ६१ टी; सुपा ५१८)।

**वत्तद्ध** वि [दे] १ सुन्दर। २ बहु-शिक्षित (दे ७, ८५)।

**वत्तमाण** पुं [वर्त्तमान] १ काल-विशेष, चलता काल (प्राप्र; संक्षि १०)। २ वि. वर्तमान-कालीन, विद्यमान। ३ पुं विद्य-मानता (धर्मसं ५७३)।

°**वत्तरि** देखो सत्तरि (सम ८३; प्रासू १२६; पि ४४६)।

**वत्तव्व** देखो वय = वच्।

**वत्ता** स्त्री [दे] सूत्र-वलनक, सूत्र-वेष्टन-यन्त्र (पण्ह १, ४—पत्र ७८; तंदु २०)। देखो चत्ता = (दे)।

**वत्ता** स्त्री [वार्त्ता] १ बात, कथा (से ६, २८; सुपा ३८७; प्रासू १; कुमा)। २ वृत्तान्त, हकीकत (पाअ)। ३ वृत्ति। ४ दुर्गा। ५ कृषि-कर्म, खेती। ६ जनश्रुति, किंवदन्ती। ७ गन्ध का अनुभव। ८ काल-कर्तृक भूत-नाश (हे २, ३०)। °**लाव** पुं [°लाप] बातचीत (सिरि २८२)।

**वत्तार** वि [दे] गर्वित, गर्व-युक्त (दे ७, ४१)।

**वत्ति** स्त्री [दे] सीमा (दे ७, ३१)।

**वत्ति** देखो वट्टि (गा २३२; ६५८; विसे १३६८)।

**वत्ति** वि [वर्त्तिन्] वर्तनेवाला (महा)।

**वत्ति** स्त्री [वृत्ति] प्रवृत्ति (सूअ २, ४, २)। देखो वित्ति।

**वत्ति** स्त्री [व्यक्ति] अमुक एक वस्तु, एकाकी वस्तु। °**पइट्ठा** स्त्री [°प्रतिष्ठा] प्रतिष्ठा-विशेष, जिस समय में जो तीर्थंकर विद्यमान हो उसके बिम्ब की विधि-पूर्वक स्थापना (चेइय ३५)।

**वत्तिअ** वि [वार्त्तिक] कथाकार, 'वत्तिओ' (हे २, ३०)। २ पुंन. टीका की टीका (सम ४६; विसे १४२२)। ३ ग्रंथ की टीका—व्याख्या (विसे १३८५)।

**वत्तिअ** वि [वर्त्तित] १ वृत्त—गोल किया हुआ (णाया १, ७)। २ आच्छादित (पडि)।

°**वत्तिअ** देखो पच्चय = प्रत्यय (औप)।

**वत्तिआ** देखो वट्टिआ (प्राप्र)।

**वत्तिणी** स्त्री [वर्त्तिनी] मार्ग, रास्ता (पाअ; स ४; सुर १२, १३६)।

°**वत्ती** देखो पत्ती = पत्नी (गा ७६; १०६; १७३)।

**वत्तुं** देखो वय = वच्।

**वत्तुकाम** वि [वक्तुकाम] बोलने की चाह-वाला (स ३१८; अभि ४४; स्वप्न १०; नाट—विक्र ४०)।

**वत्तुल** देखो वट्टुल (राज)।

**वत्थ** पुंन [वस्त्र] कपड़ा (आचा २, १४, २२; उवा; पण्ह १, १; उप पृ ३३३; सुपा ७२; ४६१; कुमा; सुर ३, ७०)। °**खेड्ड** न [°खेल] कला विशेष (जं २ टी—पत्र १३७)। °**धोव** वि [°धाव] वस्त्र धोनेवाला (सूअ १, ४, २, १७)। °**पूस** पुं [°पुष्य] एक जैन मुनि (कुलक २२)। °**पूसमित्त** पुं [°पुष्यमित्र] एक जैन मुनि (ती ७)। °**विज्जा** स्त्री [°विद्या] विद्या-विशेष, जिसके प्रभाव से वस्त्र स्पर्श कराने से ही बीमार अच्छा हो जाय (वव ५)। °**सोहग** वि [°शोधक] वस्त्र धोनेवाला (स ४१)।

**वत्थ** वि [व्यस्त] पृथग्, भिन्न, जुदा (सुर १६, ५५)।

**वत्थउड** पुं [दे वस्त्रपुट] तंबू, कपड़-कोट, वस्त्र-गृह (दे ७, ४५)।

**वत्थए** देखो वस = वस्।

**वत्थंग** पुं [वस्त्राङ्ग] कल्पवृक्ष की एक जाति, जो वस्त्र देने का काम करता है (पउम १०२, १२१)।

°**वत्थर** देखो पत्थर = प्रस्तर (गा ५५१)।

**वत्थलिज्ज** न [वस्त्रलिय] दो जैन मुनि-कुलों के नाम (कप्प)।

**वत्थव्व** वि [वास्तव्य] रहनेवाला, निवासी (पिंड ४२७; सुर ३, ६१; सुपा ३६५; महा)।

**वत्थाणी** स्त्री [दे] वल्ली-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

**वत्थाणीअ** पुंन [दे] खाद्य-विशेष, 'हत्थेण वत्थाणीएण भोच्चा कज्जं साधेंति' (सुज्ज १०, १७)।

**वत्थि** पुं [वस्ति] १ दृति, मसक (भग १, ६; १८, १०; णाया १, १८), 'वत्थिव्व वायपुण्णो भत्तुक्करिसेण जहा तहा लवइ' (संबोध १८)। २ अपान, गुदा; 'वत्थी अवाणं' (पाअ; पण्ह १, ३—पत्र ५३)। ३ छाते में शलाका—सली—सलाई बैठने का स्थान, छत्र का एक अवयव (औप)। °**कम्म** न [°कर्मन्] १ सिर आदि में चर्म-वेष्टन द्वारा किया जाता तैल आदि का पूरण। २ मल साफ करने के लिए गुदा में बत्ती आदि का किया जाता प्रक्षेप (विपा १, १—पत्र १४; णाया १, १३)। °**पुडग** पुंन [°पुटक] पेट का भीतरी प्रदेश (निर १, १)।

**वत्थिय** पुं [वास्त्रिक] वस्त्र बनानेवाला शिल्पी (अणु)।

**वत्थी** स्त्री [दे] उटज, तापसों की पर्ण-कुटी (दे ७, ३१)।

**वत्थु** न [वस्तु] १ पदार्थ, चीज (पाअ; उवा; सम्म ८; सुपा ४०१; प्रासू ३०; १६१; ठा ४, १ टी—पत्र १८८)। २ पुंन. पूर्व-ग्रन्थों का अध्ययन—प्रकरण, परिच्छेद (सम २५; णंदि; अणु; कम्म १, ७)। °**पाल**, °**वाल** पुं [°पाल] राजा वीरधवल का एक सुप्रसिद्ध जैन मंत्री (ती २; हम्मीर १२)।

**वत्थु** न [वास्तु] १ गृह, घर; 'खेत्तवत्थुविहि-परिमाणं करेइ' (उवा)। २ गृहादि-निर्माण-शास्त्र (णाया १, १३)। ३ शाक-विशेष (उवा)। °**पाढग** वि [°पाठक] वास्तु-शास्त्र का अभ्यासी (णाया १, १३; धर्मवि ३३)। °**विज्जा** स्त्री [°विद्या] गृह-निर्माण-कला (औप; जं २)।

**वत्थुल** पुं [वस्तुल] गुच्छ और हरित वनस्पति-विशेष, शाक-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२; ३४; पव २५६)।

**वत्थूल** पुं [वस्तूल] ऊपर देखो; 'वत्थु (?त्थू) ला पोगपल्लंका' (जी ६)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वद** देखो वय = वद्। वदसि, वदह (उवा; भग; कप्प)। भूका. वदासी (भग)। हेकृ. **वदित्तए** (कप्प)।

**वद** देखो वय = व्रत (प्राकृ १२; नाट—विक्र ५६)।

**वदिसा** देखो वडेंसा (इक)।

**वदिकलिअ** वि [दे] वलित, लौटा हुआ (दे ७, ५०)।

**वदूमग** देखो वडुमग (आचा)।

**वद्दल** न [दे. वार्दल] १ बद्दल, बादल, मेघ-घटा, दुर्दिन (दे ७, ३५; हे ४, ४०१; सुपा ६५५; राय; आवम; ठा ३, ३—पत्र १४१)। २ पुं. छठवीं नरक का दूसरा नरकेन्द्रक—नरक-स्थान (देवेन्द्र १२)।

**वद्दलिया** स्त्री [दे. वार्दलिका] बदली, छोटा बद्दल, दुर्दिन (भग ६, ३३—पत्र ४६७, औप)।

**वद्ध** देखो वड्ढ = वर्धय्। कर्म. वद्धसि (सुपा ६०)।

**वद्ध** पुंन [वध्र] चर्म-रज्जु; 'वज्जो बद्धो (? बज्झो वद्धो)' (पाअ; दे ६, ८८; पव ८३; सम्मत्त १७४)।

**वद्ध** देखो विद्ध = वृद्ध (प्राप्र; प्राकृ ७)।

**वद्धण** न [वर्धन] १ वृद्धि, बढ़ती (गाया १, १; कप्प)। २ वि. बढ़ानेवाला (उप ६७३; महा)।

**वद्धणिआ**, **वद्धणी** } स्त्री [वर्धनिका, °नी] संमार्जनी, झाड़ू (दे ८, १७; ७, ४१ टी)।

**वद्धमाण** पुं [वर्धमान] १ भगवान् महावीर (आचा २, १५, १०; सम ४३; अंत; कप्प; पडि)। २ एक प्रसिद्ध जैनाचार्य (सार्ध ६३; विचार ७६; ती १५; गु ८)। ३ स्कन्धा-रोपित पुरुष, कन्धे पर चढ़ाया हुआ पुरुष (अंत; औप)। ४ एक शाश्वत जिन-देव। ५ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा (पव ५६)। ६ न. गृह-विशेष (उत्त ६, २४)। ७ राजा रामचन्द्र का एक प्रेक्षा-गृह—नाट्य-शाला (पउम ८०, ५)। देखो **वड्ढमाण**।

**वद्धमाणग**, **वद्धमाणय** } पुं [वर्धमानक] १ अठासी महाग्रहों में एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—७८)। २ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। ३ न. पात्र-विशेष, शराव (गाया १, १—पत्र ५४; पउम १०२, १२०)। ४ पुं. पुरुष पर आरूढ़ पुरुष, पुरुष के कन्धे पर चढ़ा हुआ पुरुष। ५ स्वस्तिक-पञ्चक। ६ प्रासाद-विशेष, एक तरह का महल (गाया १, १—पत्र ५४; टी—पत्र ५७)। ७ न. एक गाँव का नाम, अस्थिक ग्राम; 'अट्ठियगामस्स पढमं वद्धमाणयं ति नामं होत्था' (आवम)। ८ वि. कृता-भिमान, अभिमानी, गर्वित (औप)।

**वद्धय** वि [दे] प्रधान, मुख्य (दे ७, ३६)।

**वद्धार** सक [वर्धय्] बढ़ाना, गुजराती में 'वधारवु''। वकृ. **वद्धारत** (सट्ठि १२; संबोध ४; द्र ८)।

**वद्धारिय** वि [वर्धित] बढ़ाया हुआ (भवि)।

**वद्धाव** सक [वर्धय्, वर्धापय्] बधाई देना। वद्धावेइ, वद्धावेंति (कप्प)। कर्म. वद्धावीअसि (रंभा)। वकृ. **वद्धावित** (सुपा २२०)। संकृ. **वद्धावित्ता** (कप्प)।

**वद्धावण** न [वर्धन, वर्धापन] बधाई, अभ्युदय-निवेदन (भवि; सुर ३, २४; महा; सुपा १२२; १३४)।

**वद्धावणिया** स्त्री [वर्धनिका, वर्धापनिका] ऊपर देखो (सिरि १३१६)।

**वद्धावय** वि [वर्धक, वर्धापक] बधाई देने-वाला (सुर १५, ७६; स ५७०; सुपा ३६१)।

**वद्धाविअ** वि [वर्धित, वर्धापित] जिसको बधाई दी गई हो वह (सुपा १२२; १६५)।

**वद्धिअ** पुं [दे] १ षण्ढ, नपुंसक (दे ७, ३७)। २ नपुंसक-विशेष, छोटी उम्र में ही छेद दे कर जिसका अण्डकोष गलाया गया हो वह, बधिया (पव १०९ टी)।

**वद्धिअ** देखो वड्ढिअ = वृद्ध (भवि)।

**वद्धी** स्त्री [दे] अवश्य-कृत्य, आवश्यक कर्तव्य (दे ७, ३०)।

**वद्धीसक**, **वद्धीसग** } पुंन [दे. वद्धीसक] वाद्य-विशेष, एक प्रकार का बाजा (पण्ह २, ५—पत्र १४९; अनु ६)।

**वध** देखो वह = वध (कुमा)।

**वधय** देखो वहय (भग)।

**वधू** देखो वहू (औप)।

**वन्न** देखो वण्ण = वर्णय्। वन्नेहि (कुमा; उव)। हेकृ. **वन्निउं** (कुमा)। कृ. **वन्नणिज्ज** (सुर २, ६७; रयण ५४)।

**वन्न** देखो वण्ण = वर्ण (भग; उव; सुपा १०३; सत्त ५६; कम्म ४, ४०; ठा ५, ३)।

**वन्नग** देखो वण्णय (कप्प; श्रा २३)।

**वन्नण** देखो वण्णण (उप ७६८ टी; सिरि ७२७)।

**वन्नणा** देखो वण्णणा (रंभा)।

**वन्नय** देखो वण्णय (पिंड ३०८; कप्प)।

**वन्निअ** देखो वण्णिअ (भग)।

**वन्निआ** स्त्री [वर्णिका] १ वानगी, नमूना; 'सग्गस्स वन्निया मिव नयरं इह अत्थि पाडली-पुत्तं' (धर्मवि ६४)। २ लाल रँग की मिट्टी (जी ३)।

**वन्हि** देखो वण्हि = वृष्णि (उत्त २२, १३)।

**वन्हि** देखो वण्हि = वह्नि (चंड)।

**वपु** देखो वउ = वपुस् (वव १)।

**वप्प** सक [स्वच् ?] ढकना, आच्छादन करना। वप्पइ (धात्वा १५१)।

**वप्प** पुं [वप्र] १ विजयक्षेत्र-विशेष, जंबूद्वीप का एक प्रान्त, जिसकी राजधानी विजया है (ठा २, ३—पत्र ८०; जं ४)। २ पुंन. किला, दुर्ग, कोट (ती ८)। ३ केदार, खेत; 'केआरो वप्पिणं वप्पो' (पाअ; आचा २, १, ५, २; दे ७, ८३ टी)। ४ तट, किनारा; 'रोहो वप्पो य तडो' (पाअ)। ५ उन्नत भू-भाग, ऊँची-जमीन; 'वप्पाणि वा फलिहाणि वा पागाराणि वा' (आचा २, १; ५, २)।

**वप्प** वि [दे] १ तनु, कृश। २ बलवान्, बलिष्ठ। ३ भूत-गृहीत, भूताविष्ट (दे ७, ८३)।

**वप्पइराय** देखो व-प्पइराय।

**वप्पगा** देखो वप्पा (राज)।

**वप्पगावई** स्त्री [वप्रकावती] जंबूद्वीप का एक विजय-क्षेत्र, जिसकी राजधानी का नाम अपराजिता है (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

**वप्पा** स्त्री [वप्र] उन्नत भू-भाग, टेकड़ा, ऊँची जमीन (भग १५—पत्र ६६६)।

**वप्पा** स्त्री [वप्रा] १ भगवान् नमिनाथजी की माता का नाम (सम १५१)। २ दशवें



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

चक्रवर्ती राजा हरिषेण की माता का नाम (पउम ८, १४४; सम १५२)।

वप्पिअ पुं [दे] १ केदार, खेत (षड्)। २ नपुंसक-विशेष (पुप्फ १२६)। ३ वि. रक्त, राग-युक्त (षड्)।

वप्पिण पुंन [दे] १ केदार, खेत (दे ७, ८५; औप; णाया १, १ टी—पत्र ३; पाअ; पउम २, १२; पण्ह १, १; २, ५)। २ वि. उपित, जिसने वास किया हो वह (दे ७, ८५)।

वप्पिण पुंन [दे] १ केदारवाला देश। २ तटवाला देश (भग ५, ७—पत्र २३८)।

वप्पी देखो वप्पा = वप्र (भग १५—पत्र ६६६)।

वप्पीअ पुं [दे] चातक पक्षी (दे ७, ३३)।

वप्पीडिअ न [दे] क्षेत्र, खेत (दे ७, ४८)।

वप्पीह पुं [दे] स्तूप, मिट्टी आदि का कूट (दे ७, ४०)।

वप्पु देखो वउ = वपुस् (भग १५—पत्र ६६६)।

वप्पे अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ उपहास-युक्त उल्लापन। २ विस्मय, आश्चर्य (संक्षि ४७)।

वप्फाउल देखो वप्फाउल (दे ६, ६२ टी)।

वफर न [दे] शस्त्र-विशेष (सुर १३, १५६)।

वब्भ° देखो वह = वह्।

वब्भ पुं [बभ्र] पशु-विशेष (स ४३७)।

वब्भय न [दे] कमलोदर, कमल का मध्य भाग (दे ७, ३८)।

वभिचरिअ वि [व्यभिचरित] व्यभिचार दोष से दूषित (श्रा १४)।

वभिचार देखो वहिचार (स ७११)।

वभिचारि वि [व्यभिचारिन्] १ न्याय-शास्त्रोक्त दोष-विशेष से दूषित, ऐकान्तिक (धर्मसं १२२७; पंचा २, ३७)। २ परस्त्री-लम्पट (वव ६; ७)।

वभियार देखो वहिचार (उवर ७६)।

वम सक [वम्] उलटी करना, कै करना। वकृ. वमंत, वममाण (गउड; विपा १,७)। संकृ. वंता (आचा; सूअ १, ६, २६)। कृ. वम्म (उर १, ७)।

वमग वि [वामक] उलटी करनेवाला (चेइय १०३)।

वमण न [वमन] उलटी, वान्ति, कै (आचा; णाया १, १३)।

वमाल सक [पुञ्जय्] १ इकट्ठा करना। २ विस्तारना। वमालइ (हे ४, १०२; षड्)।

वमाल पुं [दे] कलकल, कोलाहल (दे ६, ९०; पाअ; स ४३५; ५२०; भवि)।

वमाल पुं [पुञ्ज] राशि, ढग (सण)।

वमालण न [पुञ्जन] १ इकट्ठा करना। २ विस्तार। ३ वि. इकट्ठा करनेवाला। ४ विस्तारनेवाला (कुमा)।

वम्म पुंन [वर्मन्] कवच, संनाह, बख्तर (प्राप्र; कुमा)।

वम्म देखो वम।

वम्मथ } वम्मह } पुं [मन्मथ] कामदेव, कंदर्प (चंड; प्राप्र; हे १, २४२; २, ६१; पाअ)।

वम्मा देखो वामा (कप्प; पउम २०, ४६; सुख २३, १; पव ११)।

वम्मिअ वि [वर्मित] कवचित, संनाह-युक्त (विपा १, २—पत्र २३)।

वम्मिअ } वम्मीअ } पुं [वल्मीक] कीट-विशेष-कृत मिट्टी का स्तूप, ढूह या भीटा, दीमकों के रहने की बाँबी (सूअ २, १, २६; हे १, १०१; षड्; पाअ; स १२३; सुपा ३१७)।

वम्मीइ पुं [वाल्मीकि] एक प्रसिद्ध ऋषि, रामायण-कर्ता मुनि (उत्तर १०३)।

वम्मीसर पुं [दे] काम, कन्दर्प (दे ७, ४२)।

वम्ह न [दे] वल्मीक (दे ७, ३१)।

वम्ह पुं [ब्रह्मन्] १ वृक्ष-विशेष, पलाश का पेड़; 'नग्गोहवम्हा तरू' (पउम ५३, ७६)। २ देखो बंभ (प्राप्र)।

वम्हल न [दे] केसर, किंजल्क (दे ७, ३३; हे २, १७४)।

वम्हाण देखो बंभण (कुमा)।

वय सक [वच्] बोलना, कहना। वअइ, वअए (षड्)। भवि. वच्छिहिइ, वच्छिइ, वच्छिहिति, वच्छिति, वोच्छिइ, वोच्छिहिइ, वोच्छिति, वोच्छिहिति, वोच्छं (संक्षि ३२; षड्; हे ३, १७१; कुमा)। कर्म. वुच्चइ (कुमा)। कर्म. भवि. वकृ. वक्खमाण (विसे १०५३)। संकृ. वइत्ता, वत्ता, वोत्तूण (ठा ३, १—पत्र १०८; सूअ २, १, ६; हे ४, २११; कुमा)। हेकृ. वत्तए, वत्तुं, वोत्तुं (आचा; अभि १७२; हे ४, २११; कुमा)। कृ. वच्च, वत्तव्व, वोत्तव्व (विसे २; उप १३६ टी; ६४८ टी; ७६८ टी; पिंड ८७; धर्मसं ६२२; सुर ४, ६७; सुपा १५०; औप; उवा; हे ४,२११)। देखो वयणिज्ज।

वय सक [वद्] बोलना, कहना। वयइ, वयसि (कस; कप्प), वइज्जा, वएज्जा (कप्प)। भूका. वयासि, वयासी (औप; कप्प; भग; महा)। वकृ. वयंत, वयमाण, वएमाण (कप्प; काल; ठा ४, ४—पत्र २७४; सम्म ६६; ठा ७)। संकृ. वइत्ता (आचा)। हेकृ. वइत्तए (कप्प)।

वय सक [व्रज्] जाना, गमन करना। वयइ (सुर १, २४८)। वयउ (महा), वइज्ज (गच्छ २, ६१)। कृ. वयंत (सुर ३, ३७; सुपा ४३२)। कृ. वइयव्व (राजा)।

वय पुं [वृक] पशु-विशेष, भेड़िया (पउम ११८, ७)।

वय पुं [दे] गृध्र पक्षी (दे ७, २६; पाअ)।

वय पुं [वज] १ संस्कार-करण। २ गमन (श्रा २३)।

वय पुं [व्रज] १ देश-विशेष (गा ११२)। २ गोकुल, दस हजार गौओं का समूह (णाया १, १ टी—पत्र ४३; श्रा २३)। ३ मार्ग, रास्ता। ४ संस्कार-करण। ५ गमन, गति (श्रा २३)। ६ समूह, यूथ (श्रा २३; स २६७; सुपा २८८; ती ३)।

वय पुं [व्यय] १ खर्च (स ५०३)। २ हानि, नुकसान (उत्त; प्रासू १८१)। देखो विअ = व्यय।

वय न [वचस्] वचन, उक्ति (सूअ १, १, २, २३; १, २, २, १३; सुपा १६४; भास ६१; दं २२)। °समिअ वि [°समित] वचन का संयमी (भग)।

वय पुं [वद] कथन, उक्ति (श्रा २३)।

वय पुंन [व्रत] नियम, धार्मिक प्रतिज्ञा (भग; पंचा १०, ८; कुमा; उप २११ टी; ओघभा

२; प्रासू १५४)। °मंत वि [°वत्] व्रती (आचा २, १, ६, १)।

वय पुंन [वयस्] १ उम्र, आयु (ठा ३, ३; ४, ४; गा २३२; उप पृ १८; कुमा; प्रासू ४८; श्रा १४)। २ पक्षी (गउड; उप पृ १८)। °त्थ वि [°स्थ] तरुण, युवा (सुख १, १६)। °परिणाम पुं [°परिणाम] वृद्धता, बुढ़ापा (से ४, २३; पाअ)।

°वय पुं [पच] पचन, पाक (श्रा २३)।

°वय देखो पय = पद (स ३४५; श्रा २३; गउड कप्पू; से १, २४)।

°वय देखो पय = पयस् (कुमा)।

वयंग न [दे] फल-विशेष (सिरि ११६८)।

वयंतरिअ वि [वृत्यन्तरित] बाड़ से तिरोहित (दे २, ६३)।

वयंस पुं [वयस्य] समान उमरवाला मित्र (ठा ३, १—पत्र ११४; हे १, २६; महा)।

वयंसि देखो वच्चंसि = वचस्विन् (राज)।

वयंसी स्त्री [वयस्या] सखी, सहेली (कप्पू)।

वयड पुं [दे] वाटिका, बगीचा (दे ७, ३५)।

वयण न [दे] १ मन्दिर, गृह। २ शय्या, बिछौना (दे ७, ८५)।

वयण पुंन [वदन] १ मुख, मुँह; 'वअणो, वअणं' (प्राकृ ३३; पि ३५८; सुर २, २४३; ३, ४४; प्रासू ६२)। २ न. कथन, उक्ति (विसे २७६४)।

वयण पुंन [वचन] १ उक्ति, कथन; 'वयणा, वयणाइं' (हे १, ३३; पव २; सुर ३, ६४; प्रासू १४; १३४; १५०; कुमा)। २ एकत्व आदि संख्या का बोधक व्याकरण-शास्त्रोक्त प्रत्यय (पण्ह २, २ टी—पत्र ११८)।

वयणिज्ज वि [वचनीय] १ वाच्य, कथनीय, अभिधेय; 'वत्थु दव्वट्ठिअस्स वयणिज्जं' (सम्म ८; सूअ २, १, ६०)। २ निन्दनीय (सुपा ३००)। ३ उपालम्भनीय, उलहना देने योग्य (कुप्र ३)। ४ न. वचन, शब्द (से ४, १३; सम्म ५३; काप्र ८६६)। ५ लोकापवाद, निन्दा (स ५३२)।

वयर वि [दे] चूर्णित (दे ७, ३४)।

वयर देखो वइर = वज्र (कप्प; उव; ओघभा ८; सार्ध ३५; भग; औप)।

°वयर देखो पयर = प्रकर (से १, २२)।

वयराड देखो वइराड (सत्त ६७ टी)।

वयल वि [दे] १ विकसता, खिलता (दे ७, ८४)। २ पुं. कलकल, कोलाहल (दे ७, ८४; पाअ)।

वयली स्त्री [दे] लता-विशेष, निद्राकरी लता (दे ७, ३४; पाअ)।

°वयस देखो वय = वयस्; 'सवयसं' (आचा १, ८, २, २)।

वयस्स देखो वयंस (स ३१४; मोह ४७; अभि ५५; स्वप्न ७६)।

वया स्त्री [वपा] १ विवर, छिद्र। २ मेद, चरबी (श्रा २३)।

वया स्त्री [वचा] १ ओषधि-विशेष। २ मैना, सारिका (श्रा २३)। देखो वचा।

वया स्त्री [व्रजा] १ मार्ग-विशेष, ऊष को खींचने के लिए रज्जुबद्ध घट आदि डालने का मार्ग। २ प्रेरण-दण्ड (श्रा २३)।

वर सक [वृ] १ सगाई करना, संबन्ध करना। २ आच्छादन करना, ढकना। ३ याचना करना। ४ सेवा करना। वरइ (हे ४, २३४; सुज्ज १६; प्राप्र; षड्), 'वरं वरेहि' (कुप्र ८०), 'वरं वरसु इच्छिअं' (श्रा १२)। भवि. वरिस्सइ (सिरि ८१६)। कृ. वरणीअ (पउम २८, १०४)।

वर सक [वरय्] १ प्राप्त करने की इच्छा करना। २ संश्लिष्ट करना। वरइ, वरयति (भवि; सुज्ज ७); 'के सूरियं वरयते' (सुज्ज १, १)। वकृ. वरिंत (सुज्ज ७)।

वर पुं [वर] १ पति, स्वामी, दुलहा (स ७८; स्वप्न ४१; गा ४०४; ४७६; भवि)। २ वरदान, देव आदि का प्रसाद (कुमा; श्रा १२; २७; कुप्र ८०; भवि)। ३ वि. श्रेष्ठ, उत्तम (कप्प; महा; कुमा; प्रासू ५२; १७५)। ४ अभीष्ट (श्रा १२; कुप्र ८०)। ५ न. कुछ अभीष्ट, अच्छा; 'वरं मे अप्पा दंतो' (उत्त १, १६; प्रासू २२; ३८; १०६)। °दत्त पुं [°दत्त] १ भगवान् नेमिनाथजी का प्रथम शिष्य (सम १५२; कप्प)। २ एक राजकुमार (विपा २, १; १०)। °दाम न [°दामन्] एक तीर्थ (ठा ३, १—पत्र १२२; इक; सण)। °धणु पुं [°धनुष्] एक मन्त्रिकुमार, ब्रह्मदत्त चक्रवर्ती का बालमित्र (महा)। °पुरिस पुं [°पुरुष] वासुदेव (पण्ण १७—पत्र ५२६; राय; आवम; जीव ३)। °माल पुं [°माल] एक देव-विमान (देवेन्द्र १३३)। °माला स्त्री [°माला] वर को पहनायी जाती माला, वरत्व-सूचक माला (कुप्र ४०७)। °रुइ पुं [°रुचि] राजा नन्द के समय का एक विद्वान् ब्राह्मण (कुप्र ४४७)। °वरिया स्त्री [°वरिका] अभीष्ट वस्तु माँगने के लिए की जाती घोषणा, ईप्सित वस्तु के दान देने की घोषणा (णाया १, ८—पत्र १५१; आवम; स ४०१; सुर १६, १८; सुपा ७२)। °सरक न [°सरक] खाद्य-विशेष (पण्ह २, ५—पत्र १४८)। °सिट्ठ पुंन [°शिष्ट] यम लोकपाल का एक विमान (भग ३, ७—पत्र १६७; देवेन्द्र २७०)।

वर देखो वार। °विलया स्त्री [°वनिता] वेश्या (कुमा)। °वर देखो पर; 'जीवाणमभयदाणं जो देइ दयावरो नरो निच्चं' (कुप्र १८२)।

वरइअ वि [दे] धान्य-विशेष (दे ७, ४१)।

वरइत्त पुं [दे. वरयितृ] अभिनव वर, दुलहा (दे ७, ४४; षड्; भवि)।

वरई देखो वरय = वराक।

वरउप्फ वि [दे] मृत (दे ७, ४७)।

वरं देखो परं = परम्; 'अदो वरं विरुद्धमम्हाण इत्थ अवत्थाणं' (मोह ६२; स्वप्न २०६)।

वरंड पुं [वरण्ड] १ दीर्घ काष्ठ; लम्बी लकड़ी। २ भित्ति, भीत (मृच्छ ६)।

वरंड पुं [दे] १ तृण-पुञ्ज, तृण-संचय (चारु ३)। २ प्राकार, किला (दे ७, ८६; षड्)। ३ कपोतपाली, गाल पर लगाई जाती कस्तूरी आदि की छटा (दे ७, ८६)। ४ समूह (गा ६३०)।

वरंडिया स्त्री [दे] छोटा बरंडा, बरामदा, दालान (सुपा २०३)।

वरक्ख न [वराख्य] गन्ध-द्रव्य विशेष, सिल्हक (से ६, ४४)।

वरक्ख पुं [वराक्ष] १ योगी। २ यक्ष। ३ वि. श्रेष्ठ इन्द्रियवाला (से ६, ४४)।

वरक्खा स्त्री [वराख्या] त्रिफला (से ६, ४४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वरग** न [वरक] महामूल्य पात्र, कीमती भाजन (आचा २, १, ११, ३)।

**वरट्ट** पुं [दे] धान्य-विशेष (पव १५४)।

**वरडा** } स्त्री [दे. वरटा] १ तैलाटी, कीट-
**वरडी** } विशेष, गंधोली। २ दंश-भ्रमर, जन्तु-विशेष (मृच्छ १२; दे ७, ८४)।

**वरण** पु [वरण] १ सगाई, विवाह-संबन्ध (सुपा ३५४; सुर १,१२६; ४,१०)। २ तट, किनारा (गउड)। ३ पूल, सेतु (ओघ ३०)। ४ प्राकार, किला (गा २४५)। ५ स्वीकार, ग्रहण (राज)। देखो वीर-वरण। ६ पुं. देश-विशेष, एक आर्य देश; 'वइराड वच्छ वरणा अच्छा' (सूअनि ६६ टी; इक), देखो वरुण।

**वरणय** न [वरणक] तृण-विशेष (गउड)।

**वरणसि** (अप) देखो वाराणसी (पि ३५४)।

**वरणा** स्त्री [वरणा] १ काशी की एक नदी, वरुणा (राज)। २ अच्छ देश की प्राचीन राजधानी (सूअनि ६६ टी)। देखो वरुणा।

**वरणीअ** देखो वर = वृ।

**वरत्त** वि [दे] १ पीत। २ पतित। ३ पेटित, संहत (षड्)।

**वरत्ता** स्त्री [वरत्रा] रज्जु, रस्सी (पाअ; विपा १, ६; सुपा ५६२)।

**वरय** पुं [वरक] सगाई करनेवाला, विवाह का प्रार्थक पुरुष (सुर ६, ११५)।

**वरय** पुं [दे] शालि-विशेष, एक तरह का धान्य (दे ७, ३६)।

**वराय** वि [वराक] दीन, गरीब, बेचारा, रंक (पाअ; सुर २, १३; ६, १६५; सुपा ६३; गा ५३३)। स्त्री. °ई (संक्षि २; पि ८०)।

**वरला** स्त्री [वरला] हंसी, हंसपक्षी की मादा (पाअ)।

**वरसि** देखो वरिसि (मोह ३०)।

**वरहाड** अक [निर् + सृ] बाहर निकलना। वरहाडइ (हे ४, ७९)।

**वरहाडिअ** वि [निःसृत] बाहर निकला हुआ, निर्गत (कुमा)।

**वराग** देखो वराय (रंभा)।

**वराड** } पुं [वराट, °क] १ दक्षिण का
**वराडग** } एक देश, जो आजकल भी 'बरार'
**वराडय** } नाम से प्रसिद्ध है (कुप्र २५५; सुख १८, ३५; राज)। २ कपर्दक, कौड़ा—बड़ी कौड़ी (उत्त ३६, १३०; ओघ ३३४; श्रा १)। ३ न. कौड़ियों का जूआ जिसे बालक खेलते हैं (मोह ८६)।

**वराडिया** स्त्री [वराटिका] कपर्दिका, कौड़ी (सुपा २०३)।

**वराय** देखो वरय = वराक (गा ९१; ९६; १४१; महा)। स्त्री. °राइआ, °राई (गा ४९२; पि ३५०)।

**वरावड** पुं. ब. [वरावट] देश-विशेष (पउम ९८, ६४)।

**वराह** पुं [वराह] १ शूकर, सूअर (पाअ)। २ भगवान् सुविधिनाथ का प्रथम शिष्य (सम १५२)।

**वराही** स्त्री [वराही] विद्या-विशेष (विसे २४५३)।

**वरि** अ [वरम्] अच्छा, ठीक;
'वरि मरणं मा विरहो,
विरहो अइदूसहो म्ह पडिहाइ।
वरि एक्कं चिय मरणं,
जेण समप्पंति दुक्खाइं॥'
(सुर ४, १८२; भवि)।

**वरिअ** देखो वज्ज = वर्य (हे २, १०७; षड्)।

**वरिअ** वि [वृत] १ स्वीकृत (से १२, ८८)। २ सेवित (भवि)। ३ जिसकी सगाई की गई हो वह (वसु; महा)। ४ न. सगाई करना; 'सुवरियं तिं' (उप ६४८ टी)।

**वरिट्ठ** पुं [वरिष्ठ] १ भरत-क्षेत्र का भावी बारहवाँ चक्रवर्ती राजा (सम १५४)। २ अति-श्रेष्ठ (औप, कप्प; उप पृ ३८४; सुपा ४०३; भवि)।

**वरिल्ल** न [दे] वस्त्र-विशेष (कप्पू)।

**वरिस** सक [वृष्] बरसना, वृष्टि करना। वरिसइ (हे ४, २३५; प्राप्र)। वकृ. वरिसंत, वरिसमाण (सुपा ६२४; ६२३)। हेकृ. वरिसिउं (पि १३५)।

**वरिस** पुंन [वर्ष] १ वृष्टि, वर्षा (कुमा; कप्पू; भवि)। २ संवत्सर, साल (कुमा; सुपा ४५२; नव ६; दं २७; कप्पू; कम्म १, १८)। ३ जंबूद्वीप का अंश-विशेष, भारत आदि क्षेत्र। ५ मेघ (हे २, १०५)। °अ वि [°ज] वर्षा में उत्पन्न (षड्)। °कण्ह न [°कृष्ण] १ एक गोत्र। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)। °धर पुं [°धर] अन्तःपुर-रक्षक षण्ड-विशेष (णाया १, १—पत्र ३७; कप्पू; औप ५५ टि)। °वर पुं [°वर] वही अनन्तरोक्त अर्थ (औप)। देखो वास = वर्ष।

**वरिसविअ** वि [वर्षित] बरसाया हुआ (सुपा २२३)।

**वरिसा** स्त्री [वर्षा] १ वृष्टि, पानी का बरसना (हे २, १०५)। २ वर्षा-काल, श्रावण और भादो का महीना (प्रयौ ७४)। °काल पुं [°काल] वर्षा ऋतु, प्रावृट् (कुप्र ७५)। °रत्त पुं [°रात्र] वही अर्थ (ठा ६; णाया १, १—पत्र ६३)। °ल देखो °काल (पव ८५; महा)। देखो वासा।

**वरिसि** वि [वर्षिन्] बरसनेवाला (वेणी १११)।

**वरिसिणी** स्त्री [वर्षिणी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४२)।

**वरिसोलक** पुं [दे. वर्षोलक] पक्वान्न-विशेष, एक प्रकार का खाद्य (पव ४ टी)।

**°वरिहरिअ** देखो परिहरिअ (से ७, ३८)।

**वरु** } पुंन [दे] देखो बरुअ; 'चंपयतरुणो
**वरुअ** } वरुणो फुल्लंति सुरहिजलसित्ता (? त्ता)' (संबोध ४७)।

**वरुंट** पुं [वरुण्ट] एक शिल्पि-जाति (राज)।

**वरुड** पुं [वरुड] एक अन्त्यज-जाति (दे २, ८४)।

**वरुण** पुं [वरुण] १ चमर आदि इन्द्रों का पश्चिम दिशा का लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; १९८; इक)। २ बलि-आदि इन्द्रों का उत्तर दिशा का लोकपाल (ठा ४, १)। ३ लोकान्तिक देवों की एक जाति (णाया १; ८—पत्र १५१)। ४ भगवान् मुनिसुव्रत का शासनाधिष्ठायक यक्ष (संति ८)। ५ शतभिषक् नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (सुज्ज १०, १२)। ६ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३१)। ७ वृक्ष की एक जाति (पव ४)। ८ महोरात्र का पनरहवाँ मुहूर्त (सुज १०, १३; सम ५१)। ९ एक विद्याधरनरपति (पउम ६, ४४; १६, १२)। १० एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५५६)। ११ छन्द-विशेष (पिंग)। १२ वरुणवर द्वीप का एक अधिष्ठाता देव (जीव

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

३—पत्र ३४८)। १३ पुं. ब. एक आर्य-देश (पव २७५)। °काइय पुं [°कायिक] वरुण लोकपाल के भृत्य-स्थानीय देवों की एक जाति (भग ३, ७—पत्र १९६)। °देवकाइय पुं [°देवकायिक] वही अर्थ (भग ३, ७)। °प्पभ पुं [°प्रभ] १ वरुणवर द्वीप का एक अधिष्ठायक देव (जीव ३—पत्र ३४८)। २ वरुण लोकपाल का उत्पात-पर्वत (ठा १०—पत्र ४८२)। °प्पभा स्त्री [°प्रभा] वरुणप्रभ पर्वत की दक्षिण दिशा में स्थित वरुण लोकपाल की एक राजधानी (दीव)। °वर पुं [°वर] एक द्वीप का नाम (जीव ३—पत्र ३४८; सुज्ज १९)।

वरुणा स्त्री [वरुणा] १ अच्छ देश की प्राचीन राजधानी (पव २७५)। २ वरुणप्रभ पर्वत की पूर्व दिशा में स्थित वरुण नामक लोक-पाल की एक राजधानी (दीव)। ३ एक राज-पत्नी (पउम ७, ४४)।

वरुणी स्त्री [वरुणी] विद्या-विशेष (पउम ७, १४०)।

वरुणोअ } पुं [वरुणोद] एक समुद्र (ठा
वरुणोद } पत्र ४०५; इक; सुज्ज १९)।

वरुल पुं. ब. [वरुल] देश-विशेष (पउम ९८, ६४)।

वरुहिणी स्त्री [वरुथिनी] सेना, सैन्य (पाअ)।

वरेइत्थ न [दे] फल (दे ७, ४७)।

वल अक [वल्] १ लौटना, वापस आना। २ मुड़ना, टेढ़ा होना; गुजराती में 'वळवुं'। ३ उत्पन्न होना। ४ सक. ढकना। ५ जाना, गमन करना। ६ साधना। वलइ (हे ४, १७६; षड्; गा ४४६; धात्वा १५२)। भवि. वलिस्सं (गहा)। वकृ. वलंत, वलय, वलाय, वलमाण (हे ४, ४२२; गा २५; से ५, ४७; ५, ४२; औप; ठा २, ४; पव १५७)। कवकृ. वलिज्जंत (से ४, २६)। संकृ. वलिऊण (काल)। हेकृ. वलिउं (गा ४८४; पि ५७६)। कृ. वलियव्व (महा; सुपा ६०१)।

वल सक [आ + रोपय्] ऊपर चढ़ाना। वलइ (दे ४, ४७; दे ७, ८६)।

वल सक [ग्रह्] ग्रहण करना। वलइ (हे ४, २०९; दे ७, ८६)। वलणिज्ज (कुमा)।

वल पुं [वल] रस्सी आदि को मजबूत करने के लिए दिया जाता बल (उत्त २६, २५)।

वलअंगी स्त्री [दे] वृतिवाली, बाड़वाली (दे ७, ४३)।

वलइय वि [वलयित] १ वलय—कंगन की तरह गोलाकार किया हुआ, वलय की तरह मुड़ा हुआ (पउम २८,१२४; कप्पू)। २ वेष्टित (कप्पू)।

वलंगणिआ स्त्री [दे] बाड़वाली (दे ७, ४३)।

वलंकिअ वि [दे] उत्संगित, उत्संग-स्थित (षड् १८३)।

वलक्ख वि [वलक्ष] श्वेत, सफेद (पाअ)।

वलक्ख न [वलाक्ष] आभूषण-विशेष, एक तरह का गले में पहनने का गहना (औप)।

वलग्ग सक [आ + रुह्] आरोहण करना, चढ़ना। गुजराती में 'वळगवुं'। वलग्गइ (हे ४, २०६; षड्; भवि)।

वलग्ग वि [आरूढ] जिसने आरोहण किया हो वह, चढ़ा हुआ (पाअ)।

वलग्गगणी स्त्री [दे] वृति, बाड (दे ७, ४३)।

वलग्गिअ देखो वलग्ग = आरूढ (कुमा)।

वलण न [वलन] १ मोड़ना, वक्र करना (दे १, ४२)। २ प्रत्यावर्तन, पीछे लौटना (से ८, ६; गउड)। ३ बाँक, वक्रता (हे ४, ४२२)।

वलण (शौ. मा) देखो वरण (प्राकृ ८५; हे २९३)।

वलणा स्त्री [वलना] देखो वलण = वलन (गउड)।

वलत्थ वि [दे] पर्यस्त (भवि)।

वलमय न [दे] शीघ्र, जल्दी; 'वच्च वलमयं तत्थ' (दे ७, ४८)।

वलय पुंन [वलय] १ कंकण, कड़ा (औप; गा १३३; कप्पू; हे ४, ३५२)। २ पृथिवी-वेष्टन, घनवात आदि (ठा २, ४—पत्र ८६)। ३ वेष्टन, बेठन। ४ वर्तुल, गोलाकार (गउड; कप्पू; ठा ५, १)। ५ नदी आदि के बाँक से वेष्टित भू-भाग (सूअ २, ३, ८; भग)। ६ माया, प्रपंच (सूअ १, १२, २२; सम ७१)। ७ असत्य वचन, मृषा झूठ (पण्ह १, २—पत्र २६)। ८ वलयकार वृक्ष, नारि-केल, नारियल आदि (पण्ण १; उत्त ३६, ९६; सुख ३६, ९६)। °आर, °ारअ पुं [°कार, °कारक] कंकण बनानेवाला शिल्पी (दे ७,५४)।

वलय वि [वलक] मोड़नेवाला; 'छगलग-गल-वलया' (पिंड ३१४)।

वलय न [दे] १ क्षेत्र, खेत। २ गृह, घर (दे ७, ८४)।

वलय देखो वल = वल्। °मयग वि [°मृतक] १ संयम से भ्रष्ट होकर जिसका मरण हुआ हो वह। २ भूख आदि से तड़फता हुआ जो मरा हो वह (औप)। °मरण न [°मरण] संयम से च्युत होनेवाले का मरण (भग २, १)।

वलयणी स्त्री [दे] वृति, बाड़ (दे ७, ४३)।

वलयबाहा } स्त्री [दे] १ दीर्घ काष्ठ, जिसपर
वलयबाहु } ध्वजा आदि बाँधा जाता है वह लम्बा काष्ठ; 'संसारियासु बलयबाहासु ऊसिएसु सिएसु झयग्गेसु' (णाया १,८—पत्र १३३)। २ हाथ का एक आभूषण, चूड़ा, कड़ा (दे ७, ५२; पाअ)।

वलया देखो वडवा। °णल पुं [°नल] वड-वाग्नि (हे १, १७७; षड्)। °मुह न [°मुख] १ वडवानल (हे १, २०२; प्राकृ; पि २४०)। २ पुं. एक बड़ा पाताल-कलश (ठा ४, २—पत्र २२६; टी—पत्र २२८; सम ७१)।

वलया स्त्री [दे] वेला, समुद्र-कूल। °मुह न [°मुख] वेला का अग्र भाग;

'ति बलागमुहुम्मुक्को, तिक्खुत्तो वलयामुहे।
ति सत्तक्खुत्तो जालेणं, सइ छिन्नोदए दहे॥
एयारिसं ममं सत्तं, सढं घट्टियघट्टणं।
इच्छसि गलेण घेत्तुं, अहो ते अहिरीयया॥'
(पिंड ६३२; ६३३)।

वलयाइअ वि [वलयायित] जो वलय की तरह गोल हुआ हो वह (कुमा)।

वलवट्टि [दे] देखो बलवट्टि (दे ६, ९१)।

वलवा देखो वडवा; 'गोमहिसिवलवपुरणो' (पउम २, २; दे ७, ४१; इक; पि २४०)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वलवाडी** स्त्री [दे] वृति, बाड़ (दे ७, ४३)।
**वलविअ** न [दे] शीघ्र, जल्दी (दे ७, ४८)।
**वलहि** स्त्री [दे] कर्पास, कपास (दे ७, ३२)।
**वलहि, वलही** स्त्री [वलभि, °भी] १ गृह-चूडा, छज्जा, बरामदा। २ महल का अग्रस्थ भाग (प्राप्र)। ३ काठियावाड़ का एक प्राचीन नगर, जिसको आजकल 'वळा' कहते हैं (ती १५; सम्मत्त ११६)।
**वलाअ** देखो पलाय = परा + अय्। वकृ. 'दीसइ वि वलाअंतो' (से ६; ८६)।
**वलाअ** देखो पलाव = प्रलाप (से ६, ४६)।
**°वलाअ** देखो वल = वल्। °**मरण** देखो वलय-मरण; 'संजमजोग-विसन्ना मरंति जे तं वलायमरणं तु' (पव १५७; ठा २, ४—पत्र ६३)।
**वलि** स्त्री [वलि] १ पेट का अवयव-विशेष; 'उयरवलिमंसेहिं' (निर १, १)। २ त्रिवलि, नाभि के ऊपर पेट की तीन रेखाएँ (गा ४२५; भवि)। ३ जरा आदि से होती शिथिल चमड़ी (णाया १, १—पत्र ६६)।
**वलिअ** वि [दे] भुक्त, भक्षित (दे ७, ३५)।
**वलिअ** वि [वलित] १ मुड़ा हुआ (गा ६; २७०; औप)। २ जिसको बल चढ़ाया गया हो वह (रस्सि आदि) (उत्त २६, २५)।
**वलिअ** देखो विलिअ = व्यलीक (प्राप्र)।
**वलिआ** स्त्री [दे] ज्या, धनुष की डोरी (दे ७, ३४)।
**°वलिच्छत्त** देखो परिच्छन्न (औप)।
**वलिज्जंत** देखो वल = वल्।
**°वलिस्स** देखो पलिस्स (उप ७२८ टी)।
**वलिमोडय** पुं [वलिमोटक] वनस्पति में ग्रन्थि का चक्राकार वेष्टन (पण्ण १—पत्र ४०)।
**वलिर** वि [वलितृ] लौटनेवाला (सुपा ५६)।
**वली** स्त्री [वली] देखो वलि (निर १, १)।
**वलुण** देखो वरुण (हे १, २५४)।
**वले** अ. संबोधन-सूचक अव्यय (प्राकृ ८०)। २-३ देखो बले (षड्)।
**वल्ल** देखो वल = वल्। वल्लइ (धात्वा १५२)।
**वल्ल** अक [वल्ल्] चलना, हिलना (कुप्र ८४)।
**वल्ल** पुं [दे] शिशु, बालक (दे ७, ३१)।
**वल्ल** पुं [दे. वल्ल] अन्न-विशेष, निष्पाव, गुजराती में 'वाल' (सुपा १३; ६३१; सम्मत्त ११८; सण)।
**वल्लई** स्त्री [वल्लवी] गोपी (दे ७, ३६ टी)।
**वल्लई** स्त्री [दे] गो, गैया (दे ७, ३६)।
**वल्लई, वल्लकी** स्त्री [वल्लकी] वीणा (पाअ; दे ७, ३६ टी; णाया १, १७—पत्र २२६)।
**वल्लट्ट** वि [दे] पुनरुक्त, फिर से कहा हुआ (षड्)।
**वल्लभ** देखो वल्लह (गा ६०४)।
**वल्लर** न [दे. वल्लर] १ वन, गहन (दे ७, ८६; पाअ; उत्त १९, ८१)। २ क्षेत्र, खेत (दे ७, ८६; पण्ह १, १—पत्र १४)। ३ अरण्य-क्षेत्र (पाअ)। ४ बालुका-युक्त क्षेत्र (गा ८१२)।
**वल्लर** न [दे] १ अरण्य अटवी। २ निर्जल देश। ३ पुं. महिष, भैंसा; ४ समीर, पवन। ५ वि. युवा, तरुण (दे ७, ८६)। ६ वेष्टनशील। ७ वेष्टित नामक आलिंगन-विशेष करने की आदत वाला। स्त्री. °री (गा ५३४)।
**वल्लरी** स्त्री [वल्लरी] वल्ली, लता (पाअ; गउड; सुपा ५२६)।
**वल्लरी** स्त्री [दे] केश, बाल (दे ७, ३२)।
**वल्लव** पुंस्त्री [वल्लव] गोप, अहीर, ग्वाला (पाअ)। स्त्री. °वी (गा ८६)।
**वल्लवाय** न [दे] क्षेत्र, खेत (दे ६, २६)।
**वल्लविअ** वि [दे] लाक्षा से रँगा हुआ (षड्)।
**वल्लह** पुं [वल्लभ] १ दयित, पति, भर्त्ता, बालम (गउड; कप्पू; गा १२३; हे ४, ३८३)। २ वि. प्रिय, स्नेह-पात्र; 'अहं जाया वल्लहा अईव पिउणो' (महा; गा ४२; ६७; कुमा पउम १५, ७३; रयण ७६)। °**राय** पुं [°राज] १ गुजरात का एक चौलुक्य-वंशीय राजा (कुप्र ४)। २ दक्षिण के कुन्तल देश का एक राजा (कप्पू)।
**वल्लहा** स्त्री [वल्लभा] दयिता, पत्नी (गा ७२)।
**वल्लादय** न [दे] आच्छादन, ढकने का वस्त्र (दे ७, ४५)।
**वल्लाय** पुं [दे] १ श्येन पक्षी। २ नकुल, न्यौला (दे ७, ८४)।
**वल्लि** स्त्री [वल्लि] लता, बेल (कुमा)।
**वल्लिर** वि [वल्लितृ] हिलनेवाला; 'न विरायइ वल्लिरपल्लवा वि वल्लिव्व फलहीणा' (कुप्र ८४)।
**वल्ली** स्त्री [वल्ली] लता, बेल (कुमा; वि ३८७)।
**वल्ली** स्त्री [दे] केश, बाल (दे ७, ३२)।
**वल्हीअ** पुं [वाह्लीक] १ देश-विशेष (स १३; नाट)। २ वि. वाह्लीक देश में उत्पन्न, वाह्लीक देश का (स १३)।
**वव** सक [वप्] बोना; 'जे सत्तखित्तेसु ववंति वित्तं' (सत्त ७२)। वकृ. **ववंत** (आत्महि ७)। कवकृ. **वविज्जंत** (गा ३५८)।
**वव** सक [वप्] देना। ववइ (वव १)। कर्म. उप्पइ (कुप्र ४१)।
**ववइस** सक [व्यप + दिश्] १ कहना, प्रतिपादन करना। २ व्यवहार करना। ववइसंति (धर्मसं ४५२; सुअनि १४१)।

'अन्ने अकालमरणस्सभावओ
बहुनिवित्तिमो मोहा।
वंझासुअपिसियासण-
निवित्तितुल्लं ववइसंति॥'
(श्रावक १६२)।

**ववएस** पुं [व्यपदेश] १ कथन, प्रतिपादन। २ व्यवहार (से ३, २६)। ३ कपट, बहाना, छल (महा)।
**ववगम** पुं [व्यपगम] नाश (आवम)।
**ववगय** वि [व्यपगत] १ दूर किया हुआ (सुपा ४१)। २ मृत (पण्ह २, ५—पत्र १४८)। ३ नाश-प्राप्त, नष्ट; 'ववगयविग्घा सिग्घं पत्ता हिअइच्छिअं ठाणं' (सुमि ११; औप; कप्प)।
**ववट्टंभ** पुं [व्यवष्टम्भ] अवलम्बन, सहारा (से ४, ४६)।
**ववट्ठावण** देखो ववत्थावण (राज)।
**ववट्ठिअ** वि [व्यवस्थित] व्यवस्था-प्राप्त (से १२, ५२)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**ववण** न [वपन] बोना (वव १; श्रु ६)।

**ववण** स्त्रीन [दे] कार्पास, तूला, रूई; 'पलही ववणं तूलो रूवो' (पाअ)। स्त्री. °णी (दे ६, ८२; ७, ३२)।

**ववत्थंभ** पुं [दे] बल, पराक्रम (दे ७, ४६)।

**ववत्था** स्त्री [व्यवस्था] १ मर्यादा, स्थिति (स १३; कुप्र ११४)। २ प्रक्रिया, रीति। ३ इंतजाम, प्रबन्ध (सुपा ४१)। ४ निर्णय (स १३)। °पत्तय न [°पत्रक] दस्तावेज (स ४१०)।

**ववत्थावण** न [व्यवस्थापन] व्यवस्था करना; 'जीववववत्थावणादिणा' (धर्मसं ५२०)।

**ववत्थावणा** न [व्यवस्थापना] ऊपर देखो (धर्मसं ५२०)।

**ववत्थिअ** वि [व्यवस्थित] व्यवस्था-युक्त (स ४६; ७२७; सुर ७, २०५; सण)।

**ववत्थिअ** त्रि [व्यवस्थित] जिसने व्यवस्था की हो वह (दसनि ४, ३५)।

**ववदेस** देखो ववएस (उवा; स्वप्न १३२)।

**ववदेसि** वि [व्यपदेशिन्] व्यपदेश करने-वाला (नाट—शकु ६६)।

**ववधाण** न [व्यवधान] अन्तर, दो पदार्थों के बीच का अन्तर (अभि २२२)।

**ववरोव** सक [व्यप + रोपय्] विनाश करना, मार डालना। ववरोवेसि, ववरोवेज्जसि, ववरोवेज्जा (उवा)। कर्म. ववरोविज्जसि (उवा)। संकृ. ववरोवित्ता (उवा)।

**ववरोवण** न [व्यपरोपण] विनाश, हिंसा (सण)।

**ववरोविअ** त्रि [व्यपरोपित] विनाशित, मार डाला गया; 'जीविआओ ववरोविआ' (पडि)।

**ववस** सक [व्यव + सो] १ करना। २ करने की इच्छा करना। ववसइ (राय १०८)।

**ववस** सक [व्यव + सो] १ प्रयत्न करना, चेष्टा करना। २ निर्णय करना। ववसइ (स २०२)। वकृ. ववसंत, ववसमाण (सुपा २३८; स ५६२)। संकृ. ववसिऊण (सुपा ३३६)। कवकृ. ववसिज्जमाण (पउम ५७, ३६)। हेकृ. ववसिदुं (शौ) (नाट—शकु ७१)।

**ववसाय** पुं [व्यवसाय] १ निर्णय, निश्चय। २ अनुष्ठान (ठा ३, ३—पत्र १५१; णंदि)। ३ उद्यम, प्रयत्न (से ३, १४; सुपा ३५२; स ६८३; हे ४, ३८५; ४२२; कुप्र २६)। ४ व्यापार, कार्य, काम (औप; राय)।

**ववसायसभा** स्त्री [व्यवसायसभा] कार्य करने का स्थान, कार्यालय (राय १०४)।

**ववसिअ** न [दे] बलात्कार (दे ७, ४२)।

**ववसिअ** } वि [व्यवसित] १ उद्यत,
**ववस्सिअ** } उद्यम-युक्त; 'सेणिओ नाम राया पयासुहे सुहं ववसिओ' (वसु; उत्त २२, ३०; उव)। २ त्यक्त; 'अवि जीवियं ववसियं न चेव गुरुपरिभवो सहिओ' (उव)। ३ निश्चयवाला। ४ पराक्रमी (ठा ४, १—पत्र १७६)। ५ न. व्यवसाय, कर्म (णाया १, १—पत्र ५०)। ६ चेष्टित (स ७५६)। ७ उद्यम, प्रयत्न (से ३, २२)।

**ववहर** सक [व्यव + हृ] १ व्यापार करना। २ अक. वर्तना, आचरण करना। ववहरई, ववहरए (उत्त १७, १८; स १०८; विसे २२१२)। वकृ. ववहरंत, ववहरमाण (उत्त २१, २; ३; भग ८, ८; सुपा १५; ४४६)। हेकृ. ववहरिउं (स १०५)। कृ. ववहरणिज्ज, ववहरियव्व (उप २११ टी; वव १; सुपा ५८५)।

**ववहरग** वि [व्यवहारक] व्यापार करने-वाला, व्यापारी (कुप्र २२४)।

**ववहरण** न [व्यवहरण] व्यवहार (णाया १, ८—१३५; स ५८५; उप ५३० टी; सुपा ४६७; विसे २२१२)।

**ववहरय** देखो ववहरग (सुपा ५७८)।

**ववहरियव्व** देखो ववहर।

**ववहार** पुं [व्यवहार] १ वर्तन, आचरण (वव १; भग ८, ८; विसे २२१२; ठा ५, २; पव १२६)। २ व्यापार, धन्धा, रोजगार (सुपा ३३४)। ३ नय-विशेष, वस्तु-परीक्षा का एक दृष्टिकोण (विसे २२१२; ठा ७—पत्र ३६०)। ४ मुमुक्षु की प्रवृत्ति-निवृत्ति का कारण-भूत ज्ञान-विशेष (भग ८, ८—पत्र ३८३; वव १; पव १२६; द्र ४६)। ५ जैन आगम-ग्रंथ-विशेष (वव १)। ६ दोष के नाशार्थ किया जाता प्रायश्चित्त; 'आयारे ववहारे पन्नत्ती चेव दिट्ठिवाए य' (दसनि ३)। ७ विवाद, मामला, मुकद्दमा; 'ववहार-वियारणं कुणइ' (पउम १०५, १००, स ४६०; चेइय ५६०; उप ५६७ टी)। ८ विवाद-निर्णय, फैसला, चुकादा (उप पृ २८३)। ९ व्यवस्था (सूअ २, ५, ३)। १० काम काज (विसे २२१२; २२१४)। ११ जीवराशि-विशेष (सक्खा ६)। °व वि [°वत्] व्यवहार-युक्त (द्र ४६)। °रासिय वि [°राशिक] जीवराशि-विशेष में स्थित (सिक्खा ६)।

**ववहार** पुं [व्यवहार] १ पूर्व-ग्रंथ। २ जीतकल्प सूत्र। ३ कल्पसूत्र। ४ मार्ग, रास्ता। ५ आचरण। ६ ईप्सितव्य (वव १)।

**ववहारि** पुं [व्यवहारिन्] १ ऐरवत क्षेत्र में उत्पन्न एक जिन-देव (सम १५३)। २ वि. व्यापारी, वणिक् (मोह ६४; श्रा १४; सुपा ३३४)। ३ व्यवहार-क्रिया-प्रवर्तक (वव १)।

**ववहारिअ** वि [व्यावहारिक] व्यवहार-सम्बन्धी (ओघ २८१; अणु)।

**ववहिअ** वि [व्यवहित] व्यवधान-युक्त (अणु; आवम)।

**ववहिअ** वि [दे] मत्त, उन्मत्त (दे ७, ४१)।

**ववाँल** देखो वमाल (सण)।

**ववित्र** वि [उप्त] बोया हुआ (उप ७२८ टी; प्रासू ६)।

**वविज्जंत** देखो वव।

**ववेअ** वि [व्यपेत] व्यपगत (सूअ २, १, ४७)।

**ववेक्खा** स्त्री [व्यपेक्षा] विशेष अपेक्षा, परवाह (धर्मसं ११६७)।

**वव्वय** पुं [वल्वज] तृण-विशेष; 'मूययवक्क (? व्व) यपुप्फफल—' (पण्ह २, ३—पत्र १२३; कस २, ३०)।

**वव्वर** वि [बर्बर] १ पामर। २ [illegible] (कुमा)।

**वव्वा°** देखो वव्वय (कस २, ३०)।

**वव्वाड** पुं [दे] अर्थ, धन (दे ७, ३६)।

**वव्वीस** देखो वव्वीसग, वद्धीसक (पउम ११३, ११)।

**वशधि** (मा) देखो वसहि = वसति (प्राकृ १०१)।

**वश्च** (म) देखो वच्छ = वृक्ष (प्राकृ १०१)।

**वस** अक [ वस् ] १ वास करना, रहना। २ सक. बाँधना। वसइ (कप्प; महा)। भूका. वसीय (उत्त १३, १८)। वकृ. **वसंत, वसमाण** (सुर २, २१६; ६, १२०; कुप्र १४; कप्प)। संकृ. **वसित्ता, वसित्ताणं** (आचा; कप्प; पि ५८३)। हेकृ. **वत्थए वसिउं** ( कप्प; पि ५७८; राज )। कृ. **वसियव्व** (ठा ३, ३, सुर १४, ८७; सुपा ४३८)।

**वस** वि [वश] १ आयत्त, अधीन (आचा; से २, ११)। २ पुंन. अधीनता, परतन्त्रता (कुमा; कम्म १, ४४)। ३ प्रभुत्व, स्वामित्व। ४ आज्ञा (कुमा)। ५ बल, सामर्थ्य (णाया १, १७; औप)। °**अ, °ग** वि [°ग] वशीभूत, पराधीन (पउम ३०, २०; अच्चु ६१; सुर २, २३१; कुमा; सुपा २५७)। °**ट्ट** वि [°र्त] पराधीनता से पीड़ित, इन्द्रिय आदि की परवशता के कारण दुःखित (आचा; विपा १, १—पत्र ८; औप)। °**ट्टमरण** न [°र्तमरण] इन्द्रियादि-परवश की मौत (ठा २, ४—पत्र ६३; भग)। °**वत्ति** वि [ वर्तिन् ] वशीभूत, अधीन (उप १३९ टी; सुपा २३८)। °**इत्त** वि [°यत्त] अधीन, परतंत्र (धर्मवि ३१)। °**णुग** वि [°ानुग] वही अर्थ (पउम १४, ११)।

**वस** पुं [वृष] १ धर्म (चेइय ५४१)। २ बैल, वृषभ (स ६५४; कम्म १, ४३)। देखो **विस** = वृष।

**वसइ** स्त्री [वसति] १ स्थान, आश्रय (कुमा)। २ रात्रि, रात (दे ७, ४१)। ३ गृह, घर (गा १६६)। ४ वास, निवास (हे १, २१४)।

**वसंत** देखो **वस** = वस्।

**वसंत** पुं [वसन्त] १ ऋतु-विशेष, चैत्र और वैशाख मास का समय (णाया १, १—पत्र ६४; पाअ; सुर ३, ३६; कुमा; कप्पू; प्रासू ३४; ६२)। २ चैत्र मास (सुज्ज १०, १६)। °**उर** न [°पुर] नगर-विशेष (महा)। °**तिलअ** पुं [°तिलक] १ हरिवंश में उत्पन्न एक राजा (पउम २२, ९८)। २ न. एक उद्यान, जहाँ भगवान् ऋषभदेव ने दीक्षा ली थी (पउम ३, १३४)। °**तिलआ** स्त्री [°तिलका] छन्द-विशेष (पिंग)।

**वसंवय** वि [वशंवद] निज को अधीन कहनेवाला (धर्मवि ६)।

**वसण** न [वसन] १ वस्त्र, कपड़ा (पाअ; सुपा २४४; चेइय ४८२; धर्मवि ६)। २ निवास, रहना (कुप्र ४८)।

**वसण** पुं [वृषण] अण्ड-कोष, पोता (सम १२५; भग; पराह १, ३; विपा १, २; औप; कुप्र ३६५)।

**वसण** न [व्यसन] १ कष्ट, विपत्ति, दुःख (पाअ; सुर ३, १६२; महा; प्रासू २३)। २ राजादि-कृत उपद्रव (णाया १, २)। ३ खराब आदत—द्यूत, मद्य-पान आदि खोटी आदत (बृह १)।

**वसणि** वि [व्यसनिन्] खोटी आदतवाला (सुपा ४८८)।

**वसभ** पुं [वृषभ] १ ज्योतिष-प्रसिद्ध राशि-विशेष, वृष राशि (पउम १७, १०८)। २ भगवान् ऋषभदेव (चेइय ५४१)। ३ एक जैन मुनि, जो चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे (पउम २०, १९२)। ४ गीतार्थ मुनि, ज्ञानी साधु (बृह १; ३)। ५ बैल, बलीवर्द (उव)। ६ उत्तम, श्रेष्ठ; 'मुणिवसभा' (उव)। °**करण** न [°करण] वह स्थान जहाँ बैल बाँधे जाते हों (आचा २, १०, १४)। °**क्खेत्त** न [°क्षेत्र] स्थान-विशेष, जहाँ पर वर्षा-काल में आचार्य आदि रहते हों वह स्थान (वव १०; निचू १७)। °**गाम** पुं [°ग्राम] ग्राम-विशेष, कुत्सित देश में नगर-तुल्य गाँव; 'अत्थि हु वसभग्गामा कुदेसनगरोवमा सुहविहारा' (वव १०)। °**णुजाय** पुं [°ानुजात] ज्योतिशास्त्र-प्रसिद्ध दश योगों में प्रथम योग, जिसमें चन्द्र, सूर्य और नक्षत्र बैल के आकार से स्थित होते हैं (सुज्ज १२—पत्र २३३)। देखो **उसभ, रिसभ, वसह**।

**वसभुद्ध** पुं [दे] काक, कौआ (दे ७, ४६)।

**वसम** देखो **वसिम** (महा)।

**वसमाण** देखो **वस** = वस्।

**वसल** वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ७, ३३)।

**वसह** पुं [वृषभ] वैयावृत्त्य करनेवाला मुनि (ओघ १४०)। २ लक्ष्मण का एक पुत्र (पउम ९,२०)। ३ बैल, साँढ़, साँड़ (पाअ)। ४ कान का छिद्र। ५ औषध-विशेष (प्राप्र)। °**इंध** पुं [°चिह्न] शंकर, महादेव (गउड)। °**केउ** पुं [°केतु] इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा (पउम ५, ७)। °**वाहण** पुं [°वाहन] १ ईशान देवलोक का इन्द्र (जं २—पत्र १५७)। २ महादेव, शंकर (वज्जा ६०)। °**वीही** स्त्री [°वीथी] शुक्र ग्रह का एक क्षेत्रभाग (ठा ९—पत्र ४६८)।

**वसहि** देखो **वसइ** (हे १, २१४; कुमा; गा ५८२; पि ३८७)।

**वसा** स्त्री [वसा] १ शरीरस्थ धातु-विशेष; 'मेयवसामंस—' (पराह १, १—पत्र १४; णाया १, १२)। २ मेद, चरबी (आचा)।

°**वसारअ** वि [प्रसारक] फैलानेवाला (से ९, ४०)।

°**वसारअ** देखो **पसाहय** (से ९, ४०)।

°**वसाहा** स्त्री [प्रसाधा] अलंकार, आभूषण (से १, १९)।

**वसि** देखो **वसइ**; 'जत्थ न नज्जइ पहि पहि अडविवसिठाणविसेसो' (सुर १, ५२)।

**वसिअ** वि [उषित] १ रहा हुआ, जिसने वास किया हो वह (पाअ; स २६५; सुपा ४२१; भत्त ११२; वै ७)। २ बासी, पर्युषित; 'अवणेइ रयणिवसियं निम्मल्लं लोमहत्थेण' (संबोध ६)।

**वसिट्ठ** पुं [वशिष्ठ] १ भगवान् पार्श्वनाथ का एक गणधर (ठा ८—पत्र ४२९; सम १३)। २ एक ऋषि (नाट—उत्तर ८२)।

**वसिट्ठ** पुं [वशिष्ठ] द्वीपकुमार देवों का उत्तर दिशा का इन्द्र (इक)।

**वसित्त** न [वशित्व] योग की एक सिद्धि, योग-जन्य एक ऐश्वर्य; 'साहुवसित्तगुणेणं पसमं कूराविं जंतुणो जंति' (कुप्र २७७)।

**वसिम** न [दे. वसिम] वसतिवाला स्थान (सुर १,५२; सुपा १६४; कुप्र २२४; महा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वसियव्व** देखो **वस** = वस् ।

**वसिर** वि [वसितृ] वास करनेवाला, रहनेवाला (सुपा ६४७; सम्मत्त २१७)।

**वसीकय** वि [वशीकृत] वश में किया हुआ, अधीन किया हुआ (सुपा ५६०; महा)।

**वसीकरण** न [वशीकरण] वश में करने के लिए किया जाता मन्त्र आदि का प्रयोग (णाया १, १४; प्रासू १४; महा)।

**वसीयरणी** स्त्री [वशीकरणी] वशीकरण-विद्या (सुर १३, ८१)।

**वसीहूअ** वि [वशीभूत] जो अधीन हुआ हो वह (उप ९८६ टी)।

**वसु** न [वसु] १ धन, द्रव्य (आचा; सूअ १, १३, १८; कुमा)। २ संयम, चारित्र (आचा; सूअ १, १३, १८)। ३ पुं. जिनदेव। ४ वीतराग, राग-रहित। ५ संयत, संयमी, साधु (आचा १, ६, २, १)। ६ आठ की संख्या (विवे १४४; पिंग)। ७ धनिष्ठा नक्षत्र का अधिपति देव (ठा २, ३; सुज्ज १०, १२)। ८ एक राजा का नाम (पउम ११, २१; भत्त १०१)। ९ एक चतुर्दश-पूर्वी जैन महर्षि (विसे २३३४)। १० एक छन्द का नाम (पिंग)। ११ स्त्री. ईशानेन्द्र की एक पटरानी (इक)। १२ न. लोकान्तिक देवों का एक विमान (इक)। १३ सुवर्ण, सोना (कप्प ९८; भग १५; उत्त १२, ३६)। **°गुत्ता** स्त्री [°गुप्ता] ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६, इक, णाया २—पत्र २५३)। **°देव** पुं [°देव] नववें वासुदेव श्रीकृष्ण और बलदेव का पिता (ठा ९; सम १५२; अंत; उव)। **°नंदय** पुं [°नन्दक] एक तरह की उत्तम तलवार (सुर २, २२; भवि)। **°पुज्ज** पुं [°पूज्य] एक राजा, भगवान् वासुपूज्य का पिता (सम १५१)। **°बल** पुं [°बल] इक्ष्वाकु-वंश में उत्पन्न एक राजा (पउम ५, ४)। **°भाग** पुं [°भाग] एक व्यक्ति-वाचक नाम (महा)। **°भागा** स्त्री [°भागा] ईशानेन्द्र की एक पटरानी (इक)। **°भूइ** पुं [°भूति] एक जैन मुनि का नाम (पउम २०, १७६; आवम)। **°म, °मंत** वि [°मत्] १ द्रव्यवान्, धनी, श्रीमंत (सूअ १, १३, ८; १, १५, ११; आचा)। २ संयमी, साधु (सूअ १, १३, ८; आचा)। **°मित्ता** स्त्री [°मित्रा] १ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४२६; णाया २; इक)। **°सद्द** पुं [°शब्द] छन्द-विशेष (पिंग)। **°हारा** स्त्री [°धारा] १ आकाश से देव-कृत सुवर्ण-वृष्टि (भग १५; कप्प ९८; उत्त १२, ३६; विपा १, १०)। २ एक श्रेष्ठिनी (उप ७२८ टी)।

**वसुआ, वसुआअ** अक [उद् + वा] शुष्क होना, सूखना। वसुआइ, वसुआअइ (हे ४, ११; ३, १४५; प्राकृ ७४)। वकृ. **वसुअंत** (कुमा)। प्रयो., कवकृ. **वसुआइज्जमाण** (गउड)।

**वसुआअ** वि [उद्वात] शुष्क (पाअ; से १, २०; गउड; प्राकृ ७७)।

**वसुआइअ** वि [उद्वापित] शुष्क किया गया, सुखाया गया (से ६; २५)।

**वसुआइज्जमाण** देखो **वसुआ**।

**वसुंधर** पुं [वसुन्धर] एक जैन मुनि (पउम २०, १९१)।

**वसुंधरा** स्त्री [वसुन्धरा] १ पृथिवी, धरती (पाअ; धर्मवि ४१; प्रासू १४२)। २ ईशानेन्द्र की एक अग्र-महिषी (ठा ८—पत्र ४२६; णाया २; इक)। ३ चमरेन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक पटरानी का नाम (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ४ एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। ५ नववें चक्रवर्ती राजा की पटरानी (सम १५२)। ६ रावण की एक पत्नी (पउम ७४, १०)। ७ एक श्रेष्ठि-पत्नी (उप ७२८ टी)। **°वइ** पुं [°पति] राजा, भूपति (सुपा २८८)।

**वसुधा** (शौ) देखो **वसुहा** (स्वप्न ६८)।

**वसुपुज्ज** देखो **वासुपुज्ज**; 'वसुपुज्जमल्ली नेमी पासो वीरो कुमारपव्वइया' (विचार ११५; पंचा १६, १३; १७), 'वसुपुज्जजिणो जगुत्तमो जाओ' (पव ३५)।

**वसुमइ, वसुमई** स्त्री [वसुमती] १ पृथिवी, धरती (उप ७६८ टी; पाअ; सुपा २६०; ४७१)। २ भीम नामक राक्षसेन्द्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी (ठा ४, १—पत्र २०४; णाया २—पत्र २५२; इक)। **°णाह, °नाह** पुं [°नाथ] राजा (उप ७६८ टी; पउम ७४, २९)। **°भवण** न [°भवन] भूमि-गृह, भोंयरा (सुख ४, ६)। **°वइ** पुं [°पति] राजा (पउम ६६, २)।

**वसुल** पुंस्त्री [दे. वृषल] १ निष्ठुरता-बोधक आमन्त्रण-शब्द; 'होलि त्ति वा गोलि त्ति वा वसुलि त्ति वा' (आचा २, ४, २, ३), 'तहेव होले गोलि त्ति साणे वा वसुलि त्ति य' (दस ७, १४)। २ गौरव और कुत्सा-बोधक आमन्त्रण-शब्द, 'होल वसुल गोल णाह दइय पिय रमण' (णाया १, ९—पत्र १६५)। स्त्री. **°ली** (दस ७, १६; आचा २, ४, २, ३)।

**वसुहा** स्त्री [वसुधा] पृथिवी, धरती (पाअ; कुमा)। **°हिव** पुं [°धिप] राजा (सुपा ८७)।

**वसू** स्त्री [वसू] ईशानेन्द्र की एक पटरानी (ठा ८—पत्र ४२६; इक; णाया २—पत्र २५३)।

**वसेरी** स्त्री [दे] गवेषणा, खोज (सुपा ४७३)।

**वस्स** (शौ) देखो **वरिस**। वस्सदि (नाट—मृच्छ १५५)।

**वस्स** वि [वश्य] अधीन, आयत्त (विसे ८७५)।

**वस्सोक** न [दे] एक प्रकार की क्रीडा, 'अन्नया य वस्सोकेण रमंति राय (?या) णं राणियाउ पोत्तेण वाहिंति' (श्रावक ९३ टी)।

**वह** सक [वह्] १ पहुँचाना। २ धारण करना। ३ ले जाना, ढोना। ४ अक. चलना; 'परिमलबहलो वहइ पवणो' (कुमा; उव; महा), 'गंगा वहइ पाडलं' (सुख २, ४५), वहसि (हे २, १९४)। कर्म. वहिज्जइ, वब्भइ, वुब्भइ (कुमा; धात्वा १५३; पि ५४१; हे ४, २४५) वकृ. **वहंत, वहमाण** (महा, सुर ३, ११; औप)। कवकृ. **वुज्झमाण** (उत्त २३, ६५; ६८)। हेकृ. **वहिउं, वहित्तए, वोढुं** (धात्वा १५२; कस; ठा १५)। कृ. **वाहअव्व, वोढव्व** (धात्वा १५२; प्रवि ३)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वह सक [वध्, हन्] मार डालना। वहेइ, वहंति (उत्त १८, ३; ५; स ७२८; संबोध ४१)। कर्म. वहिज्जंति (कुप्र २५)। वकृ. वहंत, वहमाण (पउम २६, ७७; सुपा ६५१; श्रावक १३६)। कवकृ. वहिज्जंत, वज्झमाण (पउम ४६, २०; आचा)। संकृ. वहिऊण (महा)।

वह सक [व्यथ्] १ पीड़ा करना। २ प्रहार करना। कृ. वहेयव्व (पण्ह २, १—पत्र १००)।

वह (अप) देखो वरिस = वृष्। वहदि (प्राकृ १२१)।

वह पुंस्त्री [वध] घात, हत्या (उवा; कुमा; हे ३ १३३; प्रासू १३६; १५३)। स्त्री. °हा (सुख १, ३; स २७)। °कारी स्त्री [°करी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

वह पुं [दे] १ कन्धे पर का व्रण। २ व्रण, घाव (दे ७, ३१)।

वह पुं [वह] १ वृष-स्कन्ध, बैल का कन्धा (विपा १, २—पत्र २७)। २ परीवाह, पानी का प्रवाह (दे १, ५५)।

वह पुं [व्यथ] लकुट आदि का प्रहार (सूअ १, ५, २, १४; उत्त १, १६)।

°वह देखो पह = पथिन् (से १, ६१; ३, १४; कुमा)।

वहइअ वि [दे] पर्याप्त (षड् १७७)।

वहग वि [वधक] घातक, हिंसक, मार डालनेवाला (उवा; स २१३; सुपा ५६४; उप पृ ८०; श्रावक २१२; श्रा २३)।

वहग वि [व्यथक] ताड़ना करनेवाला (जं २)।

वहड पुं [दे] दमनीय बछड़ा (दे ७, ३७)।

वहढोल पुं [दे] वात्या, वात-समूह (दे ७, ४२)।

वहण न [वधन] वध, घात, हत्या; 'अजओ छज्जीवकायवहणम्मि' (सुपा ५२२; धर्मवि १७; मोह १०१; महा; श्रावक १४४; २३७; उप पृ ३५७; सुपा १८४; पउम ४३, ४६)।

वहण न [वहन] १ ढोना (धर्मवि ७२)। २ पोत, जहाज, यानपात्र (पाअ; उप ५६६; कुम्मा १५)। ३ शकट आदि वाहन (उत्त २७, २; सुपा १८२)। ४ वि. वहन करनेवाला (से ३, ६; ती ३)।

वहण (शौ) देखो पगय = प्रकृत (प्राकृ ९७)।

वहण (अप) देखो वसण = वसन (भवि)।

वहणया स्त्री [वहना] निर्वाह (णाया १, २—पत्र ९०)।

वहणा स्त्री [वधना] वध, घात, हिंसा (पण्ह १, १—पत्र ५)।

वहण्णु पुं [व्यधज्ञ] एक नरक-स्थान, 'उव्वेयणए विज्जलविमुहे तह विच्छवी वि (?व) हएणू य' (देवेन्द्र २८)।

वहय देखो वहग = वधक (सूअ २, ४, ४; पउम २६, ४७; श्रावक २०८; सण)।

वहलीअ देखो वहलीय (इक)।

वहा देखो वह = वध।

वहाव सक [वाहय्] वहन कराना। कर्म. वहाविज्जइ (श्रावक २५८ टी)।

वहाविअ वि [वधित] मरवाया हुआ (खा २४)।

°वहाविअ देखो पहाविअ (से ६, १)।

वहिअ वि [व्यथित] पीड़ित (पंचा ५, ४४)।

वहिअ वि [ऊढ] वहन किया हुआ (वाल्मा १५२)।

वहिअ वि [वधित] जिसका वध किया गया हो वह (श्रावक १७०; पउम ५, १६५; विपा १, ५; उव; खा २३; २४)।

वहिअ वि [दे] अवलोकित, निरीक्षित; 'तेलोक्कवहियमहियपूइए' (उवा)।

वहिइअ देखो वहइअ (षड्)।

वहिचर अक [व्यभि + चर्] १ पर-पुरुष या पर-स्त्री से संभोग करना। २ सक. नियम-भंग करना। वकृ. वहिचरंत (स ७११)।

वहिचार पुं [व्यभिचार] १ पर-स्त्री या पर-पुरुष से संभोग (स ७११)। २ न्यायशास्त्र-प्रसिद्ध एक हेतु-दोष (धर्मसं ६३)।

वहिज्जंत देखो वह = वध्।

वहिया स्त्री [दे] बही, हिसाब लिखने की किताब (सम्मत्त १४२; सुपा ३८५; ३८६; ३८७; ३९१)।

वहियाली देखो वाहियाली; 'गुरुवज्जाणतडिट्ठियवहियालिं नेइ तं निवई' (धर्मवि ४)।

वहिलग पुं [दे. वहिलक] ऊँट, बैल आदि पशु (राज)।

वहिल्ल वि [दे] शीघ्र, शीघ्रता-युक्त; गुजराती में 'वहेलो' (हे ४, ४२२; कुमा; वज्जा १२८)।

वहु पुंस्त्री [दे] चिविडा, गन्ध-द्रव्य-विशेष (दे ७, ३१)।

वहु° देखो वहू (हे १, ४; षड्; प्राप्र)।

वहुघारिणी स्त्री [दे] नवोढा, दुलहिन (दे ७, ५०)।

वहुण्णी स्त्री [दे] ज्येष्ठ-भार्या, पति के बड़े भाई की बहू (दे ७, ४१)।

वहुमास पुं [दे] रमण-विशेष, क्रीड़ा-विशेष, जिसमें खेलता हुआ पति नवोढा के घर से बाहर नहीं निकलता है (दे ७, ४६)।

वहुरा स्त्री [दे] शिवा, सियारिन (दे ७, ४०)।

वहुलिआ (अप) स्त्री [वधूटिका] अल्प वय वाली स्त्री, बहुरिया (पिंग)।

वहुव्वा स्त्री [दे] छोटी सास (दे ७, ४०)।

वहुहाडिणी स्त्री [दे] एक स्त्री के रहते हुए व्याही जाती दूसरी स्त्री (दे ७, ५०; षड्)।

वहू स्त्री [वधू] बहू, भार्या, नारी (स्वप्न ४२; पाअ; हे १, ४)।

वहोल पुं [दे] छोटा जल-प्रवाह, गुजराती में 'वहेलो' (दे ७, ३६)।

वहोलिया स्त्री [दे] देखो वहोल (चउप्पन्न० पत्र २१४)।

वा सक [वा] गति करना, चलना। वइ (से ६, ५२; गा ५४३; कुमा)।

वा अक [वै, म्लै] सूखना। वाइ (से ६, ५२; हे ४, १८)।

वा सक [व्ये] बुनना। कृ. वाइम; 'गंथिम-पूरिमवेढिमवाइमसंघाइमं छेज्जं' (दसनि २)।

वा अ [वा] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ विकल्प, अथवा, या (आचा; कुमा)। २ समुच्चय, और, तथा (उत्त ८, १२; सुख ८, १२)। ३ अपि भी (कुमा; कप्प; सुख ५, २२)। ४ अवधारण, निश्चय (ठा ८)। ५ सादृश्य, समानता (विसे १८९४)। ६

उपमाः 'कप्पद्दुमं तलेणेव कारणकवड्डेण कामधेणुं वा' (हि १७; सुग्र १, ४, २, १५; सुख २, ६; वव १)। ७ पाद-पूर्त्ति (उत्त २८, २८)।

वाअड पुं [दे] शुक, तोता (षड्)।

वाअड देखो वावड = व्यापृत, 'रइवाअडा एअंतं पिअंपि पुत्तं सवइ माआ' (गा ४००)।

वाइ वि [वादिन्] १ बोलनेवाला, वक्ता (आचा; भग; उवः ठा ४, ४)। २ वाद-कर्त्ता, शास्त्रार्थ में पूर्वपक्ष का प्रतिपादन करनेवाला (सम १०२; विसे १७२१; कुप्र ४४०; चेइय १२८, सम्मत्त १४१; श्रा ६)। ३ दार्शनिक, तीर्थिक, इतर धर्म का अनुयायी (ठा ४, ४)।

वाइ वि [वाचिन्] वाचक, अभिधायक, कहनेवाला (विसे ८७४)।

वाइ देखो वाजि (राज)।

वाइअ वि [वाचिक] वचन-संबन्धी (औप; धा २४ पडि)।

वाइअ वि [वाचित] १ पाठित, पढ़ाया हुआ (उत्त २७, १४; विसे २३५८)। २ पढ़ा हुआ; 'नामम्मि वाइए तत्थ' (सुपा २७०). 'अलाहि किं वाइएण लेहेण' (हि २, १८६)।

वाइअ वि [वातिक] १ वात से उत्पन्न, वायु-जन्य (रोग आदि) (भग; णाया १,१—पत्र ५०; तंदु १६)। २ वायु से फूला हुआ, वात-रोगवाला (विसे २५७६ टी; पव ६१)। ३ उत्कर्षवाला; 'सपरक्कमराउलवाइएण सीसे पलीविए नियए' (उव), 'चिंतइ सूरी एसो निवमओ वाइउव्व दुट्ठमणो' (धर्मवि ७६)। ४ पुं. नपुंसक का एक भेद (पुप्फ १२७; धर्म ३)।

वाइअ वि [वादित] १ बजाया हुआ (गा ५५७; कुमा २, ८; ६६; ७०)। २ वन्दित, अभिवादित; 'चलणेसु निवडिऊणं वाइआ बंभणा' (स २६०)।

वाइअ न [वाद्य] १ बाजा, वादित्र (कप्प)। २ बाजा बजाने की कला (सम ८३; औप)।

वाइअ वि [वात] बहा हुआ, चला हुआ; 'मुचकुंदकुडयसंदियरयगब्भिणवाइयसमीरो' (सुर २, ७६)।

वाइंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा (उप ५६७ टी; दे ७, २६)।

वाइंगणी } स्त्री [दे] बैंगन का गाछ, वाइंगिणी } वृन्ताकी (राजः पण्ण १७—पत्र ५२७)।

वाइगा [दे] देखो आइया (उप १०३१ टी)।

वाइज्जंत देखो वाए = वाचय्।

वाइज्जंत देखो वाए = वादय्।

वाइत्त न [वादित्र] वाद्य, बाजा (कुप्र ११०; भवि)।

वाइद्ध वि [व्याविद्ध] विपर्यय से उपन्यस्त, उलट-पुलट रखा हुआ (विसे ८५३)।

वाइद्ध वि [व्यादिग्ध] १ उपदिग्ध, उपलिप्त। २ वक्र, टेढ़ा (भग १६, ४—पत्र ७०४)।

वाइम देखो वा = व्ये।

वाइयव्व देखो वाय = वादय्।

वाईकरण देखो वाजीकरण (राज)।

वाउ पुं [वायु] १ पवन, वात (कुमा)। २ वायु-शरीरवाला जीव (अणु; जी २; दं १३)। ३ मुहूर्त्त-विशेष (सम ५१)। ४ सौधर्मेन्द्र के अश्व-सैन्य का अधिपति देव (ठा ५, १—पत्र ३०२)। ५ नक्षत्र-देव-विशेष, स्वाति-नक्षत्र का अधिपति देवता (ठा २, ३—पत्र ७७; सुज्ज १०, १२ टी)। °आय पुं [°काय] १ प्रचण्ड पवन (ठा ३, ३—पत्र १४१)। २ वायु शरीरवाला जीव (भग)। °काइय पुं [°कायिक] वायु शरीरवाला जीव (ठा ३, १—पत्र १२३; पि ३५५)। °काय देखो °आय (जी ७; पि ३५५)। °कुमार पुं [°कुमार] १ एक देव-जाति, भवनपति देवों की एक अवान्तर जाति (भग)। २ हनूमान का पिता (पउम १६, २)। °क्कलिया स्त्री [°उत्कलिका] वायु-विशेष, नीचे बहनेवाला वायु (पण्ण १—पत्र २६)। °क्काइय देखो °काइय (भग)। °क्काय देखो °आय (राज)। °त्तरवडिंसग पुंन [°उत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १०)। °पवेस पुं [°प्रवेश] गवाक्ष, झरोखा, वातायन (ओघभा ५८)। °प्पइट्ठाण वि [°प्रतिष्ठान] वायु के आधार से रहनेवाला (भग)। °भूइ पुं [°भूति] भगवान् महावीर का एक गणधर—मुख्य शिष्य (कप्प)।

वाउ पुं [दे] इक्षु, ऊख (दे ७, ५३)।

°वाउड वि [प्रावृत] १ आच्छादित, ढका हुआ (भग २, १; पव ६१)। न. कपड़ा, वस्त्र (ठा ५, ३—पत्र ३३८)।

वाउत्त पुं [दे] १ विट। २ जार, उपपति (दे ७, ८८)।

वाउप्पइया स्त्री [दे. वातोत्पतिका] भुज-परिसर्प की एक जाति, हाथ से चलनेवाले जन्तु की एक जाति; 'णउलसरडजाहगमुगुंसखाडहिलवाउप्पि (?प्पइ) यघोरोलियसिरीसिवगणे य' (पण्ह १, १—पत्र ८)।

वाउब्भाम पुं [वातोद्भ्राम] अनवस्थित पवन, 'वाउब्भा (?ब्भा) मे वाउक्कलिया' (पण्ण १—पत्र २६)।

वाउय वि [व्यापृत] किसी कार्य में लगा हुआ (णाया १, ८—पत्र १४६; औप)।

वाउरा स्त्री [वागुरा] मृग-बन्धन, पशु फँसाने का जाल, फन्दा (पउम ३३, ६७; हेका ३१; गा ६५७)। देखो वग्गुरा।

वाउरिय वि [वागुरिक] जाल में फँसाने का काम करनेवाला, व्याध (पण्ह १, १; विपा १, ५—पत्र ६४)।

वाउल वि [व्याकुल] १ घबड़ाया हुआ (उवः उप पृ २२०; करु ३४; हे २, ६६)। २ पुं. क्षोभ (पण्ह १, ३—पत्र ४४)। °हूअ वि [°भूत] व्याकुल बना हुआ (उप २२० टी)।

वाउल वि [वातूल] १ वात-रोगी, उन्मत्त। २ पुं. वातसमूह (हे १, १२१; प्राकृ ३०)।

वाउलग्ग न [दे] सेवा, भक्ति; 'निच्चं चिय वाउलग्गं कुणंति' (राज)।

वाउलण न [व्यापरण] व्यापृत-क्रिया, व्यापार (वव १)।

वाउलणा स्त्री [व्याकुलना] व्याकुल करना (वव ४)।

वाउलिअ वि [व्याकुलित] १ व्याकुल बना हुआ (सण)। २ विलोलित, क्षोभ-प्राप्त (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

वाउलिआ स्त्री [दे] छोटी खाई (गा ६२६)।

वाउल्ल देखो वाउल = व्याकुल (हे २, ६६; षड्)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

वाउल्ल वि [दे. वातूल] वाचाट, प्रलाप-शील, बकवादी (दे ७, ५६; पाग्र; षड्)।

वाउल्लअ पुंन [दे] पूतला, गुजराती में 'बावलु'; 'आलिहिअभित्तिवाउल्लओ व्व ण परम्मुहं ठाइ' (गा २१७), 'आलिहियभित्ति-वाउल्लयं व न परम्मुहं ठाइ' (वज्जा १४)।

वाउल्लआ } स्त्री [दे] देखो बाउल्लया,
वाउल्ली } बाउल्ली; 'आलिहिअभित्तिवाउ-ल्लअ व्व ण संमुहं ठाइ' (गा २१७ अ; दे ६, ९२)।

वाऊल देखो वाउल = वातूल; 'अभिवायण-वाऊलो हसिज्जए नयरलोएण' (धर्मवि १११; प्राकृ ३०)।

वाऊल देखो वाउल्ल = व्याकुल (प्राकृ ३०)।

वाऊलिअ वि [वातूलित] १ वातुल बना हुआ। २ नास्तिक (धर्मसं १, ६६)।

वाए सक [ वादय् ] बजाना। वाएइ (महा)। वकृ. वाएंत (महा)। कवकृ. वाइज्जंत (कुप्र १६)। हेकृ. वाइउं (महा)।

वाए सक [वाचय् ] १ पढ़ाना। २ पढ़ना। वाएइ, वाएंति (भग; कप्प)। कवकृ. वाइ-ज्जंत (सुपा ३३८; कुप्र १६)।

वाएरिअ वि [वातेरित] पवन-प्रेरित, हवा से हिलाया या कँपाया हुआ (गा १७६)।

वाएसरी स्त्री [वागीश्वरी] सरस्वती देवी; 'वाएसरी पुत्थयवग्गहत्था' (पडि; सम्मत्त २१५)।

वाओलि } स्त्री [वातालि, °ली] पवन-
वाओली } समूह; 'किं प्रयलो चालिज्जइ पयंडवाउ (? ओ) लिसएहिंवि' (धर्मवि २७; गउड; णाया १, १—पत्र ६३)।

वाक } देखो वक्क = वल्क (औप; विसे ९७;
वाग } विपा १, ६—पत्र ६६)।

वागड पुं [वागड] गुजरात का एक प्रान्त, जो आधकल भी 'वागड' नाम से ही प्रसिद्ध है (कुप्र ६)।

वागडिअ त्रि [व्याकृत] प्रकट किया हुआ (वव १)।

वागर सक [व्या + कृ] प्रतिपादन करना, कहना। वागरेइ, वागरेज्जा (कप्प; पि ५०९)। वकृ. वागरमाण, वागरेमाण (सुर ७, ४१; सुपा ५११; औप)। संकृ. वागरित्ता (सम ७२)। हेकृ. वागरिउं, वागरित्तए (कुप्र २३८; उवा)।

वागरण न [व्याकरण] १ कथन, प्रतिपादन, उपदेश (विसे ५५०; कुप्र २; पण्ह १, १ टी)। २ निर्वचन, उत्तर (औप; उवा; कप्प)। ३ शब्दशास्त्र (धर्मवि ३८; मोह २)।

वागरणि वि [व्याकरणिन्] प्रतिपादन करनेवाला (सम्म २)।

वागरणी स्त्री [व्याकरणी] भाषा का एक भेद, प्रश्न के उत्तर की भाषा, उत्तर रूप वचन (ठा ४, १—पत्र १८३)।

वागरिय वि [व्याकृत] उक्त, कथित (उवा; अंत ६; उप १४२ टी; पव ७३ टी)। देखो वायड = व्याकृत।

वागल न [वल्कल] वृक्ष की छाल (णाया १, १६—पत्र २१३)।

वागल वि [वाल्कल] वृक्ष की त्वचा—छाल से बना हुआ; 'वागलवत्थनियत्थे' (भग ११, ६—पत्र ५१६)।

वागली स्त्री [दे] वल्ली-विशेष (पराण १—पत्र ३३)।

वागिल्ल वि [वाग्मिन्] बहु-भाषी, वाचाल (वव ७)।

वागुर पुं [वागुर] मृग-बन्धन, जाल, फन्दा; 'रे रे रएह वागुरे' (मोह ७६)।

वागुरि } वि [ वागुरिन्, °रिक ] देखो
वागुरिय } वाउरिय; गुजराती में 'वाघरी'; 'सकयपसयरोहिए य साहिंति वागुरा (?री) णं' (पण्ह १, २—पत्र २६; सूम २, २, ३६; विपा १, ८—पत्र ८३)।

वाघाइअ वि [व्याघातिक] व्याघात से उत्पन्न (जं ७—पत्र ५३१)।

वाघाइम वि [व्याघातिम] व्याघात से होने-वाला (सुज्ज १८—पत्र २६५)। २ न. मरण-विशेष—सिंह, दावानल आदि से होने वाली मौत (औप)।

वाघाय पुं [व्याघात] १ स्खलना (सुज्ज १८)। २ विनाश (उत्त ६७९)। ३ प्रतिबन्ध, रुकावट (भग; ओघभा १८)। ४ सिंह, दावानल आदि से अभिभव (औप)।

वाघारिय वि [व्याघारित] प्रलम्ब, लम्बा (पंचा १८, १८; पव ६७)।

वाघुण्णिय वि [व्याघूर्णित] दोलायमान, डोलता (णाया १, १—पत्र ३१)।

वाघेल पुं [दे] एक क्षत्रिय-वंश (ती २६)।

वाच देखो वाय = वाचय्। कवकृ. वाचीअमाण (नाट—मालवि ६१)। संकृ. वाचिऊण (हम्मीर १७)।

वाचय देखो वायग = वाचक (द्रव्य ४६)।

वाचिय देखो वाइअ = वाचित (स ६२१)।

वाज देखो वाय = व्याज (कुप्र २०१)।

वाजि पुं [वाजिन्] अश्व, घोड़ा (विपा १, ७)।

वाजीकरण न [वाजीकरण] १ वीर्य-वर्धक औषध-विशेष। २ उसका प्रतिपादक शास्त्र; आयुर्वेद का एक अंग (विपा १, ७—पत्र ७५)।

वाड पुं [वाट] १ बाड, कंटक आदि से की जाती गृहादि की परिधि (उत्त २२, १४; माल १६५)। २ बाड़ा, बाडवाली जगह; वृतिवाला स्थान; 'निव्वाणमहावाडं साहत्थिं संपावेइ' (उवा; गा २२७; दे ७, ५३ टि; गउड); 'अंते सो साहूणं गोवाडनिरोहणं करेऊणं' (विचार ५०१)। ३ वृति आदि से परिवेष्टित गृह-समूह, रथ्या, मुहल्ला (उत्त ३०, १८); 'अहो गणिआवाडस्स सस्सिरीअआ' (चारु ७६)।

वाडंतरा स्त्री [दे] कुटीर, झोंपड़ा या झोंपड़ी (दे ७, ५८)।

वाडग देखो वाड (पिंड ३३४; विपा १, ४—पत्र ५५; उप पृ २८६)।

°वाडण देखो पाडण; 'परदोहवट्टवाडणबंदग्ग-हखत्तखणणपमुहाइं' (कुप्र ११३)।

वाडव पुं [वाडव] वड़वानल, समुद्र-स्थित अग्नि (सण)।

वाडहाणग पुंन [वाटधानक] १ एक छोटा गाँव। २ वि. उस गाँव का निवासी; 'ताहे तेण वाडहाणगा हरिएसा धिज्जाइया कया' (सुख ६, १; महा)।

वाडि° देखो वाडी = वाटी (गा ८; णाया १, ७—पत्र ११६)।

वाडिआ स्त्री [वाटिका] बगीचा, उद्यान, 'सणवाडिआ' (गा ६; चारु ५६; दे ७, ३५; रंभा)।

वाडिम पुं [दे] पशु-विशेष, गएडक, गेंड़ा (दे ७, ५७)।

वाडिल्ल पुं [दे] कृमि, कीट (दे ७, ५६)।

वाडी स्त्री [दे] वृति, वाड़; 'घरवारे कारिया कंटएहिं वाडी' (कुप्र २६; दे ७, ४३; ५८; षड्)।

वाडी स्त्री [वाटी] बगीचा, उद्यान (धर्मसं ४१)।

वाढि } पुं [दे] वणिक्-सहाय, वैश्य-मित्र
वाढिअ } (दे ७, ५३)।

वाण सक [वि + नम्] विशेष नमना—नत होना। वाणइ (?) (धात्वा १५२)।

वाण वि [वान] वन में उत्पन्न, वन-संबन्धी (औप; सम १०३)। °पत्थ, °प्पत्थ पुं [°प्रस्थ] वन में रहनेवाला तापस, तृतीय आश्रम में स्थित पुरुष (औप; उप ३७७)। °मंत, °मंतर, °वंतर पुंस्त्री [°व्यन्तर] देवों की एक जाति (भग; ठा २, २; सुर १, १३७; औप; जी २४; महा; पि २५१)। स्त्री. °री (पण्ण १७—पत्र ४९६; जीव २)। °वासिआ स्त्री [°वासिका] छन्द-विशेष (अजि ३३)।

°वाण देखो पाण = पान। °वत्त न [°पात्र] पीने का प्याला (से १, १८)।

वाणय पुं [दे] वलयकार, कंकण बनानेवाला शिल्पी (दे ७, ५४)।

वाणर पुंन [वानर] १ बन्दर, कपि, मर्कट (पण्ह १, १; पाअ)। २ विद्याधर मनुष्यों का एक वंश। ३ वानर-वंश में उत्पन्न मनुष्य (पउम ६, १)। °उरी स्त्री [°पुरी] किष्किन्धा नामक एक भारतीय प्राचीन नगरी (से १४, ५०)। °केउ पुं [°केतु] वानर-वंश का कोई भी राजा (पउम ८, २३५)। °दीव पुं [°द्वीप] एक द्वीप (पउम ६, ३४)। °द्धय पुं [°ध्वज] हनूमान (पउम ५३, ४३)। °वइ पुं [°पति] सुग्रीव, रामचन्द्र का एक सेनापति (से २, ४१; ३, ५२)। देखो वानर।

वाणरिंद पुं [वानरेन्द्र] वानर-वंशीय पुरुषों का राजा, वाली (पउम ९, ४०)।

वाणवाल पुं [दे] इन्द्र, पुरन्दर (दे ७, ६०)।

वाणहा देखो पाणहा, वाहणा = उपानह् (पि १४१)।

वाणा देखो वायणा = वाचना। °यरिअ पुं [°चार्य] अध्यापन करनेवाला साधु, शिक्षक, 'एसो च्चिय ता कीरउ वाणायरिओ, तओ गुरू भणइ' (उप १४२ टी)।

वाणारसी स्त्री [वाराणसी] भारतवर्ष की एक प्राचीन नगरी, जो आज कल 'बनारस' नाम से प्रसिद्ध है (हे २, ११६; णाया १, ४; उवा; इक; उव; धर्मवि ५; पि ३८५)।

वाणि देखो वणि = वणिज् (भवि)। °उत्त, °पुत्त पुं [°पुत्र] वैश्य-कुमार, बनिया का लड़का (कुप्र ३६; ८८; २२१; ४०४; सिरि ३८४; धर्मवि १०४)।

वाणि स्त्री [वाणि] देखो वाणी (संति ४)।

वाणिअ पुं [वाणिज] १ बनिया, व्यापारी, वैश्य (श्रा १२; सुर १, २४८; १३, २९; नाट—मृच्छ ५५; वसु; सिरि ४०)। २ एक गाँव का नाम (उवा; अंत; विपा १, २)।

वाणिअ (अप) देखो वाणिज्ज (सण)।

°वाणिअ देखो पाणिअ = पानीय (गा ९८२; सिरि ४०; सुपा २२९)।

वाणिअय पुं [वाणिजक] बनिया, वैश्य, व्यापारी (पाअ; काप्र ८६३; गा ९५१; उव; सुपा २२९; २७५; प्रासू १८१)।

वाणिज्ज न [वाणिज्य] १ व्यापार, बैपार (सुपा ३४३; पडि)। २ एक जैन मुनि-कुल का नाम (कप्प)।

वाणिज्जा स्त्री [वणिज्या] व्यापार; 'अहिच्छत्तं नगरं वाणिज्जाए गमित्तए' (णाया १, १५)।

वाणिज्जिय वि [वाणिज्जिक] वाणिज्य-कर्ता, व्यापारी (भवि)।

वाणी स्त्री [वाणी] १ वचन, वाक्य (पाअ)। २ वाग्देवता, सरस्वती देवी (कुमा; संति ४)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

°वाणीअ देखो पाणीअ (काप्र ९२५)।

वाणीर पुं [दे] जम्बू वृक्ष, जामुन का पेड़ (दे ७, ५६)।

वाणीर पुं [वानीर] वेतस-वृक्ष, बेंत का पेड़ (पाअ; गा ५९९)।

वाणुंजुअ पुं [दे] वणिक्, वैश्य; 'एसो हला नवल्लो दीसइ वाणुंजुओ कोवि' (उप ७२८ टी)।

वात देखो वाय = वात (ठा २, ४—पत्र ८६)।

वातिक } देखो वाइअ = वातिक (पण्ह १,
वातिय } ३—पत्र ५४; ओघ ७२२)।

वाद देखो वाय = वाद (राज)।

वादि देखो वाइ = वादिन् (उवा)।

वानर देखो वाणर (विपा १, २—पत्र ३६; विसे ८६३; सुपा ६१८), 'पुव्वभववानराणि व ताइं विलसंति सिच्छाए' (धर्मवि १३१)।

वापंफ देखो वावंफ। वापंफइ (षड्)।

वापिद (शौ) देखो वावड = व्यापृत (नाट—वेणी ६७)।

वाबाहा स्त्री [व्याबाधा] विशेष पीड़ा (णाया १, ४; चेइय ३५५)।

वाम सक [वमय्] वमन कराना, कै कराना। वामेइ, वामेज्ज (भग; पिंड ६४६)। संकृ. वामेत्ता (भग; उवा)।

वाम वि [दे] १ मृत (दे ७, ४७)। २ आक्रान्त (षड्)।

वाम वि [वाम] १ सव्य, बाँया (ठा ४, २—पत्र २१६; कुमा; सुर ४, ५; गउड)। २ प्रतिकूल, अननुकूल (पाअ; पण्ह १, २—पत्र २८; गउड ८८८; ९६४; कुमा)। ३ सुन्दर, मनोहर; 'वामलोअणा' (पाअ)। ४ न. सव्य पक्ष; 'वामत्थो' (पउम ५५, ३१)। ५ बाँया शरीर (गा ३०३)। °लोअणा स्त्री [°लोचना] सुंदर नेत्रवाली स्त्री, रमणी (पाअ)। °लोकवादि, °लोगवादि पुं [°लोकवादिन्] दार्शनिक-विशेष, जगत् को असद् माननेवाले मत का प्रतिपादक दार्शनिक (पण्ह १, २—पत्र २८)। °वट्ट वि [°वर्त] प्रतिकूल आचरण करनेवाला (बृह १)। °वत्त वि [°वर्त] वही अर्थ (ठा ४, २—पत्र २१६)।

वाम पुं [व्याम] परिमाण-विशेष, नीचे फैलाए हुए दोनों हाथों के बीच का अन्तराल (पव २१२; औप)।

वामण पुंन [वामन] १ संस्थान-विशेष, शरीर का एक तरह का आकार, जिसमें

हाथ, पैर आदि अवयव छोटे हों और छाती, पेट आदि पूर्ण या उन्नत हों वह शरीर (ठा ६—पत्र ३५७; सम १४९; कम्म १, ४०)। २ वि. उक्त आकार के शरीरवाला, ह्रस्व, खर्व (पव ११०; से २, ६; पाअ)। स्त्री. °णी (औप; णाया १, १—पत्र ३७)। ३ पुं. श्रीकृष्ण का एक अवतार (से २, ६)। ४ देव-विशेष, एक यक्ष-देवता (सिरि ६६७)। ५ न. कर्म-विशेष, जिसके उदय से वामन शरीर की प्राप्ति हो वह कर्म (कम्म १, ४०)। °थली स्त्री [°स्थली] देश-विशेष (ती १५)।

**वामणिअ** वि [दे] नष्ट वस्तु—पलायित को फिर से ग्रहण करनेवाला (दे ७, ५६)।

**वामणिआ** स्त्री [दे] दीर्घ काष्ठ की बाड (दे ७, ५८)।

**वामद्दण** न [व्यामर्दन] एक तरह का व्यायाम, हाथ आदि अंगों का एक दूसरे से मोड़ना (णाया १, १—पत्र १९; कप्प; औप)।

**वामरि** पुं [दे] सिंह, मृगेन्द्र (दे ७, ५४)।

**वामलूर** पुं [वामलूर] वल्मीक, दीमक (पाअ, गउड)।

**वामा** स्त्री [वामा] भगवान् पार्श्वनाथजी की माता का नाम (सम १५१)।

**वामिस्स** देखो वामीस (पउम ६३, ३६)।

**वामी** स्त्री [दे] स्त्री, महिला (दे ७, ५३)।

**वामीस** वि [व्यामिश्र] मिश्रित, युक्त, सहित (पउम ७२, ४, तंदु ४४)।

**वामीसिय** वि [व्यामिश्रित] ऊपर देखो (भवि)।

**वामुत्तय** वि [व्यामुक्तक] १ परिहित, पहना हुआ। २ प्रलम्बित, लटका हुआ (औप)।

**वामूढ** वि [व्यामूढ] विमूढ, भ्रान्त (सुर ६, १२६; १२, १४३; सुपा ७०)।

**वामोह** पुं [व्यामोह] मूढता, भ्रान्ति (उप पृ ३२६; सुपा ६५; भवि)।

**वामोहण** वि [व्यामोहन] भ्रान्ति-जनक (भवि)।

**वाय** सक [वाचय्] १ पढ़ना। २ पढ़ाना। वाएइ, वाएसि (कुप्र १६६); 'सावक्का सुयजणणी पासत्था गहिय वायए लेहं' (धर्मवि ४७), 'सुत्तं वाए उवज्झाओ' (संबोध २५)। वकृ. वायंत (सुपा २२३)। संकृ. वाइऊण (कुप्र १६६)। कृ. वायणिज्ज (ठा ३, ४)।

**वाय** सक [वा] बहना, गति करना, चलना। वायंति (भग ५, २)। वकृ. वायंत (पिंड ८२; सुर ३, ४०; सुपा ४५०; दस ५, १, ८)।

**वाय** अक [वै, म्लै] सूखना। वाअइ (संक्षि ३६; प्राप्र)। वकृ. वायंत (गउड ११६५)।

**वाय** सक [वादय्] बजाना। वकृ. वायंत, वायमाण (सुपा २६३; ४३२)। कृ. वाइयव्व (स ३१४)।

**वाय** वि [वान] शुष्क, सूखा, म्लान (गउड; से ५, ५७; पाअ; प्राप्र; कुमा)।

**वाय** पुं [दे] १ वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १६)। २ न. गन्ध (दे ७, ५३)।

**वाय** पुं [व्रात] समूह, संघ (श्रा २३; भवि)।

**वाय** वि [व्यातृ] संवरण करनेवाला (श्रा २३)।

**वाय** वि [व्यागस्] प्रकृष्ट अपराधी (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वातृ] १ पवन, वायु। २ कपड़ा बुननेवाला, जुलाहा (श्रा २३)।

**वाय** वि [व्याप] प्रकृष्ट विस्तारवाला (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वाक] ऋग्वेद आदि वाक्य (श्रा २३)।

**वाय** पुं [व्याय] १ गति, चाल। २ पवन, वायु। ३ पक्षी का आगमन। ४ विशिष्ट लाभ (श्रा २३)।

**वाय** पुं [व्याच] वंचन, ठगाई (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वाज] १ पक्ष, पँख। २ मुनि, ऋषि। ३ शब्द, आवाज। ४ वेग। ५ न. घृत, घी। ६ पानी, जल। ७ यज्ञ का धान्य (श्रा २३)।

**वाय** न [वाच] शुक-समूह (श्रा २३)।

**वाय** वि [वाज्] १ फेंकनेवाला। २ नाशक (श्रा २३)।

**वाय** पुं [व्याज] १ कपट, माया। २ बहाना, छल। ३ विशिष्ट गति (श्रा २३)।

**वाय** देखो वाग = वल्क (विपा १, ६—पत्र ६६)।

**वाय** पुं [व्राय] विवाह, शादी (श्रा २३)।

**वाय** पुं [व्यात] विशिष्ट गमन (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वाप] १ वपन, बोना। २ क्षेत्र, खेत (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वाय] १ गमन, गति। २ सूँघना। ३ जानना, ज्ञान। ४ इच्छा। ५ खाना, भक्षण। ६ परिणयन, विवाह (श्रा २३)।

**वाय** वि [व्याद] विशेष ग्रहण करनेवाला (श्रा २३)।

**वाय** वि [वाच्] वक्ता, बोलनेवाला (श्रा २३)।

**वाय** पुं [वात] १ पवन, वायु (भग; णाया १, ११; जी ७; कुमा)। २ उत्कर्ष (उव ५५ टि)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम १०)। °कंत पुंन [°कान्त] एक देव-विमान (सम १०)। °कम्म न [°कर्मन्] अपान वायु का सरना, पादना, पाद, पर्दन (ओघ ६२२ टी)। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान (सम १०)। °खंध पुं [°स्कन्ध] घनवात आदि वायु (ठा २, ४—पत्र ८६)। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १०)। °णिसग्ग पुं [°निसर्ग] अपान वायु का सरना, पर्दन (पडि)। °पलिक्खोभ पुं [°परिक्षोभ] कृष्णराजि, काले पुद्गलों की रेखा (भग ६, ५—पत्र २७१)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] देव-विमान विशेष (सम १०)। °फलिह पुं [°परिघ] कृष्णराजि (भग ६, ५)। °रुह पुं [°रुह] वनस्पति-विशेष (पण्ण १—पत्र ३६)। °लेस्स पुंन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १०)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १०)। °सिंग पुंन [°शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १०)। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १०)। °वत्त पुंन [°वर्त] एक देव-विमान (सम १०)।

**वाय** पुं [वाद] १ तत्त्व-विचार, शास्त्रार्थ (ओघभा १७; धर्मवि ८०; प्रासू ६३)। २ उक्ति, वचन (औप)। ३ नाम, आख्या;

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

'वल्लहवाएण अलं मम' (गा १२३)। ४ बजाना; 'मद्दलवायचउप्फललोयं' (सिरि १५७)। ५ स्थैर्य, स्थिरता (श्रा २३)।
°त्थ पुं [°र्थ] तत्त्व-चर्चा; 'तेहि समं कुणइ वायत्थं' (पउम ४१, ५०)। °त्थि वि [°र्थिन्] शास्त्रार्थ की चाहवाला (पउम १०५, २६)।

°वाय पुं [पाक] १ रसोई। २ बालक। ३ दैत्य, दानव (श्रा २३)। देखो पाग।

°वाय पुं [°पात] १ पतन (स ६५७; कुमा)। २ गमन। ३ उत्पतन, कूदन (से १, ५५)। ४ पक्षी। ५ न. पक्षि-समूह (श्रा २३)।

°वाय वि [पातृ] १ रक्षा करनेवाला। २ पीनेवाला। ३ सूखनेवाला (श्रा २३)।

°वाय देखो °वाय (श्रा २३)।

°वाय पुं [°पाद] १ पर्यन्त। २ पर्वत। ३ पूजा। ४ मूल। ५ किरण। ६ पैर। ७ चौथा भाग (श्रा २३)। देखो पाय = पाद।

°वाय देखो पाव = पाप (श्रा २३)।

°वाय पुं [पाय] १ रक्षा, रक्षण। २ वि. पीनेवाला (श्रा २३)।

°वाय देखो अवाय = अपाय; 'बहुवायम्मि वि देहे विसुज्झमाणस्स वर मरणं' (उव)।

वायउत्त पुं [दे] १ विट, भँडुआ। २ जार, उपपति (दे ७, ८८)।

वायंगण न [दे] बैंगन, वृन्ताक, भंटा (श्रा २०; संबोध ४४; पव ४)।

वायंतिय वि [वागन्तिक] वचन-मात्र में नियमित (राज)।

वायग पुं [वाचक] १ अभिधायक, अभिधा-वृत्ति से अर्थ का प्रकाशक शब्द (सम्मत्त १४३)। २ उपाध्याय, सूत्र-पाठक मुनि (गण ५; संबोध २५; सार्ध १४७)। ३ पूर्व-ग्रन्थों का जानकार मुनि (पएण १—पत्र ४; सम्मत्त १४१; पंचा ६, ४५)। ४ एक प्राचीन जैन महर्षि और ग्रन्थकार, तत्त्वार्थ सूत्र का कर्ता श्री उमास्वातिजी (पंचा ६, ४५)। ५ वि. कथक, कहनेवाला। ६ पढ़ानेवाला (गण ५)।

वायग वि [वादक] बजानेवाला (कुमा ६; महा)।

वायग पुं [वायक] तन्तुवाय, जुलाहा (दे ६, ५६)।

वायगवंस पुं [वाचकवंश] एक जैन मुनि-वंश (णंदि ५०)।

वायड पुं [दे] एक श्रेष्ठि-वंश (कुप्र १४३)।

वायड वि [व्याकृत] स्पष्ट, प्रकट अर्थवाला (दसनि ७)। देखो वागरिय।

वायडघड पुं [दे] वाद्य-विशेष, दर्दुर नामक बाजा (दे ७, ६१)।

वायडाग पुं [दे] सर्प की एक जाति (पएण १—पत्र ५१)।

वायण न [वाचन] देखो वायणा (नाट—रत्ना १०)।

वायण न [वादन] १ बजाना (सुपा १६; २६३; कुप्र ४१; महा; कप्पू)। २ वि. बजानेवाला (दे ७, ६१ टी)।

वायण न [दे] भोज्योपायन, खाद्य पदार्थ का बाँटा जाता उपहार, बायन (दे ७, ५७; पाअ)।

वायणया } स्त्री [वाचना] १ पठन, गुरु-
वायणा } समीपे अध्ययन (उप २६, १)। २ अध्यापन, पढ़ाना (सम १०६; उव)। ३ व्याख्यान (पव ६४)। ४ सूत्र-पाठ (कप्प)।

वायणिअ वि [वाचनिक] वचन-संबन्धी (नाट—विक्र ३५)।

वायय देखो वायग = वायक (दे ५, २८)।

वायरण देखो वागरण (हे १, २६८; कुमा; भवि; षड्)।

वायव वि [वायव] वायु रोगवाला, वात-रोगी (विपा १, १—पत्र ५)।

°वायव देखो पायव (से ७, ६७)।

वायव्व वि [वायव्य] वायव्य कोण का (अणु २१५)।

वायव्व पुं [वायव्य] १ वायुदेवता-संबन्धी; 'वारुणवायव्वाइं पट्टुवियाइं कमेण सत्थाइं' (सुर ८, ४५; महा)। २ न. गौ के खुर से उड़ी हुई धूलि—रज; 'वायव्वरण्हाणण्हाया' (कुमा)।

वायव्वा स्त्री [वायव्या] पश्चिम और उत्तर के बीच की दिशा, वायव्य कोण (ठा १०—पत्र ४७८; सुपा ६८; २६०)।

वायस पुं [वायस] १ काक, कौआ (उवा; प्रासू १६६; हे ४, ३५२)। २ कायोत्सर्ग का एक दोष, कायोत्सर्ग में कौए की तरह दृष्टि को इधर-उधर घुमाना (पव ५)। °परिमंडल न [°परिमण्डल] विद्या-विशेष, कौए के स्वर और स्थान आदि से शुभाशुभ फल बतलानेवाली विद्या (सूत्र २, २, २७)।

वाया स्त्री [वाच्] १ वाचन, वाणी (पाअ; प्रासू ६; पडि; स ४६२; से १, ३७; गा ३२; ४०)। २ वाणी की अधिष्ठायिका देवी, सरस्वती (श्रा २३)। ३ व्याकरण-शास्त्र (गउड ८०२)। देखो वइ = वाच्।

वायाड पुं [दे. वाचाट] शुक, तोता (दे ७, ५६)।

वायाड वि [वाचाट] वाचाल, बकवादी (सुपा ३६०; चेइय ११७; संक्षि २)।

वायाम पुं [व्यायाम] कसरत, शारीरिक श्रम (ठा १—पत्र १६; णाया १, १—पत्र १६; कप्प; औप; स्वप्न ३६)।

वायाम सक [व्यायामय्] कसरत करना, शारीरिक श्रम करना। वकृ. 'सुट्ठु वि वायामेंतो कायं न करेइ किंचि गुणं' (उव)।

वायायण पुंन [वातायन] १ गवाक्ष, झरोखा (पउम ३६, ६१; स २४१; पाअ; महा)। २ पुं. राम का एक सैनिक (पउम ६७, १०)।

वायार पुं [दे] शिशिर-वात, गुजराती में 'वायरो' (दे ७, ५६)।

वायाल वि [वाचाल] मुखर, बकवादी (श्रा १२; पाअ; सुपा ११३)।

°वायाल देखो पायाल (से ५, ३७)।

वायाविअ वि [वादित] बजवाया हुआ (स ५२७; कुप्र १३६)।

वायु देखो वाउ = वायु (सुज्ज १०, १२; कुमा; सम १६)।

वार सक [वारय्] रोकना, निषेध करना। वारेइ (उव; महा)। वकृ. वारंत (सुपा १८३)। कवकृ. वारिज्जंत (काप्र १६१; महा)। हेकृ. वारेउं (सूत्र १, ३, २, ७)। कृ. वारियव्व, वारेयव्व (सुपा ५५२; २७२)।

वार पुं [दे. वार] चषक, पान-पात्र (दे ७, ५४)।

वार पुं [वार] १ समूह, यूथ (सुपा २१४; सुर १४, २४; सार्ध ४६; कुमा; सम्मत्त १७५)। २ अवसर, वेला, दफा (उप ६२८; सुपा ३६०; भवि)। ३ सूर्य आदि ग्रह से अधिकृत दिन, जैसे रविवार, सोमवार आदि (गा २६१)। ४ चौथा नरक का एक नरक-स्थान (ठा ६—पत्र ३६५)। ५ बारी, परिपाटी (उप ६४८ टी)। ६ कुम्भ, घड़ा (दस ५, १, ४५)। ७ वृक्ष-विशेष। ८ न. फल-विशेष (पराण १७—पत्र ५३१)। °जुवइ स्त्री [°युवति] वारांगना, वेश्या (कुमा)। °जोव्वणी स्त्री [°यौवना] वही अर्थ (प्राकृ १४)। °तरुणी स्त्री [°तरुणी] वही (सण)। °वहू स्त्री [°वधू] वही अर्थ (कुप्र ४४३)। °विलया स्त्री [°वनिता] वही पूर्वोक्त अर्थ (कुमा; सुपा ७८; २००)। °विलासिणी स्त्री [°विलासिनी] वही (कुमा; सुपा २००)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] वही अर्थ (सुपा ७६)।

वार न [°द्वार] दरवाजा (प्राकृ २१; कुमा; गा ८८०)। °वई स्त्री [°वती] द्वारका नगरी (कुप्र ६३)। °वाल पुं [°पाल] दरवान, प्रतीहार (कुमा)।

वारंत देखो वार = वारय्।

वारंवार न [वारंवार] फिर फिर (से ६, ३२; गा २६४)।

वारग पुं [वारक] १ बारी, क्रम (उप ६४८ टी)। २ छोटा घड़ा, लघु कलश (पिंड २७८)। ३ वि. निवारक, निषेधक (कुप्र २६; धर्मवि १३२)।

वारडिय न [दे] रक्त वस्त्र, लाल कपड़ा (गच्छ २, ४६)।

वारड्ड वि [दे] अभिपीडित (षड्)।

वारण न [वारण] १ निषेध, रोक, अटकाव, निवारण (कुमा; ओघ ४४८)। २ छत्र, छाता; 'वारणयचामरेहिं नज्जंति फुडं महासुहडा' (सिरि १०२३)। ३ वि. रोकनेवाला, निवारक (कुप्र ३१२)। ४ पुं. हाथी (पाग्र; कुमा; कुप्र ३१२)। ५ छन्द का एक भेद (पिंग)।

वारण देखो वागरण (हे १, २६८; कुमा; षड्)।

वारणा स्त्री [वारणा] निवारण, अटकाव (बृह १)।

वारत्त पुं [वारत्त] १ एक अन्तकृद् मुनि (अंत १८)। २ एक ऋषि (उव)। ३ एक अमात्य। ४ न. एक नगर (धम्म ६ टी)।

वारबाण पुं [वारबाण] कञ्चुक, चोली (पाग्र)।

वारय देखो वारग (रंभा, णाया १, १६—पत्र १६६; उप पृ ३४२; उवा; अंत)।

वारसिआ स्त्री [दे] मल्लिका, पुष्प-विशेष (दे ७, ६०)।

वारसिय देखो वारिसिय; 'वारसियमहादाणं' (सुपा ७१)।

वारा स्त्री [वारा] १ देरी, विलम्ब; 'अम्मो किमज्ज कज्जं जं लग्गा एत्तिया वारा' (सुपा ४५६)। २ वेला, दफा; 'तो पुणरवि निज्झायइ वाराओ दुन्नि तिन्नि वा जाव' (सट्ठि ६ टी), 'कहं महई वाराणिग्गयस्स' (विवुधानन्द)।

वाराणसी देखो वाणारसी (अन्त; पि ३५४)।

वाराविय वि [वारित] जिसका निवारण कराया गया हो वह (कुप्र १४०)।

वाराह पुं [वाराह] १ पाँचवें बलदेव का पूर्वभवीय नाम (सम १५३)। २ वि. शूकर के सदृश (उवा)।

वाराही स्त्री [वाराही] १ विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)। २ वराहमिहिर का बनाया हुआ एक ज्योतिष-ग्रन्थ, वराह-संहिता (सम्मत्त १२१)।

वारि न [वारि] १ पानी, जल (पाग्र; कुमा; सण)। २ स्त्री. हाथी को फँसाने का स्थान; 'वारी करिधरणट्ठाणं' (पाग्र; स १७७; ६७८)। °भद्दग पुं [°भद्रक] भिक्षुक की एक जाति, शैवलाशी भिक्षुक (सूअनि ६०)। °मय वि [°मय] पानी का बना हुआ। स्त्री. °ई (हे १, ४; पि ७०)। °मुअ पुं [°मुच्] मेघ, जलधर (षड्)। °य पुं [°द] पानी देनेवाला भृत्य (स ७४१)। °रासि पुं [°राशि] समुद्र, सागर (सम्मत्त १६०)। °वाह पुं [°वाह] मेघ, अभ्र (उप २६४ टी)। °सेण पुं [°षेण] १ एक अन्तकृद् महर्षि, जो राजा वसुदेव के पुत्र थे और जिन्होंने भगवान् अरिष्ठनेमि के पास दीक्षा ली थी (अन्त १४)। २ एक अनुत्तर-गामी मुनि, जो राजा श्रेणिक के पुत्र थे (अनु १)। ३ ऐरवत वर्ष में उत्पन्न चौबीसवें जिनदेव (सम १५३)। ४ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा (पव ५६; महा)। °सेणा स्त्री [°षेणा] १ एक शाश्वती जिन-प्रतिमा (ठा ४, २—पत्र २३०)। २ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७; इक २३१ टि)। ३ एक महानदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१; इक)। ४ ऊर्ध्वलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (इक २३२)। °हर पुं [°धर] मेघ (गउड)।

वारिअ पुं [दे] हजाम, नापित (दे ७, ४७)।

वारिअ वि [वारित] १ निवारित, प्रतिषिद्ध (पाग्र; से २, २३)। २ वेष्टित (से २, २३)।

वारिआ स्त्री [द्वारिका] छोटा दरवाजा, बारी (तो २),

'वप्पस्स चा(?वा)रियाए परिखित्तो
खाइयामज्झे।'
'जो जलपूरियविट्ठाकूवाओ
चा(?वा)रियाइ निक्कासो।
सो उवचियगब्भाओ जोणीए निग्गमो इत्थ।'
(धर्मवि १४६)।

वारिज्ज पुंन [दे] विवाह, शादी (दे ७, ५५; पाग्र; उप पृ ८०)।

वारिसा देखो वरिसा (विक्र १०१)।

वारिसिय वि [वार्षिक] १ वर्ष-संबन्धी (राज)। २ वर्षा-संबन्धी; 'चिट्ठइ चउरो मासा वारिसिया विवुहपरिमहिओ' (पउम ८२, ६५)।

वारी स्त्री [द्वारिका] बारी, छोटा दरवाजा (ती २)।

वारी स्त्री [वारी] देखो 'वारि' का दूसरा अर्थ; 'बद्धो वारीबंधे फासेण गओ निहणं' (सुर ८, १३६; ओघ ४४६ टी)।

वारी° न [वारि] जल, पानी (हे १, ४; पि ७०)।

वारुअ न [दे] १ शीघ्र, जल्दी। २ वि. शीघ्रता-युक्त; 'ण वारुआ अम्हे' (दे ७, ४८)।

वारुण न [वारुण] १ जल, पानी; 'निम्मल-वारुणमंडलमंडिअससिचारपाणुपवेसे' (सिरि ३६१)। २ वि. वरुण-संबन्धी (पउम १२, १२७; सुर ८, ४५; महा)। °त्थ न [°ास्त्र] वरुणाधिष्ठित अस्त्र (महा)। °पुर न [पुर] नगर-विशेष (इक)।

वारुणी स्त्री [वारुणी] १ मदिरा, सुरा, दारू (पाप्र; से २, १७; सुर ३, ५५; पएह २, ५—पत्र १५०)। २ लता-विशेष, इन्द्र-वारुणी, इन्द्रायन (कुमा)। ३ पश्चिम दिशा (ठा १०—पत्र ४७८; सुपा २५५)। ४ भगवान् सुविधिनाथ की प्रथम शिष्या का नाम (सम १५२; पव ९)। ५ एक दिक्कु-मारी देवी (इक)। ६ कायोत्सर्ग का एक दोष—१ निष्पन्न होती मदिरा की तरह कायोत्सर्ग में 'बुड-बुड' आवाज करना। २ कायोत्सर्ग में मतवाला की तरह डोलते रहना (पव ५)।

वारुया } स्त्री [दे] हस्तिनी, हथिनी (स ७३५; वारूया } ६४)।

वारेज्ज देखो वारिज्ज (स ७३४)।

वारेयव्व देखो वार = वारय्।

वाल सक [ वालय् ] १ मोड़ना। २ वापस लौटाना। वालइ, वालेइ (हे ४, ३३०; भवि; सिरि ४४२)। कवकृ. वालिज्जंत (सुर ३, १३६)। संकृ. वालेऊण (महा)।

वाल पुं [व्याल] १ सर्प, साँप (गउड; णाया १, १ टी—पत्र ६; औप)। २ दुष्ट हाथी (सुर १०, २१६; चेइय ५८)। ३ हिंसक, पशु, श्वापद (णाया १, १ टी—पत्र ६; औप)। देखो विआल = व्याल।

वाल न [वाल] १ एक गोत्र, जो कश्यप-गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३९०)।

वाल देखो बाल = बाल (औप; पाअ)। °य वि [°ज] केशों से बना हुआ (पउम १०२, १२१)। °वीअणी स्त्री [°वीजनी] १ चामर 'पंच रायककुहाइं; तं जहा—खग्गं छत्तं उप्फेसं वाहणाओ वालवीयणिए' (औप)। २ छोटा व्यजन—पंखा; 'सेयवरचामरवाल-वीयणीहिं वीइज्जमाणी' (णाया १, १—पत्र ३२; सुअ १, ६, १८)। °हि पुं [°धि] वही अर्थ (पाअ; सुपा २८१)।

°वाल देखो पाल = पाल (काल; भवि; कुमा १, ६६)।

वालंफोस न [दे] कनक, सोना (दे ७, ६०)।

वालग न [वालक] पात्र-विशेष, गौ आदि के बालों का बना हुआ पात्र (आचा २, १, ८, १)।

वालगपोतिया } स्त्री [दे] देखो वालग्ग-वालग्गपोइया } पोइआ (सुज्ज ४—पत्र ७०; उत्त ६, २४; सुख ६, २४)।

वालण न [वालन] लौटाना (सुर १, २४६)।

वालप्प न [दे] पुच्छ, दुम, पूँछ (दे ७, ५७)।

वालय पुं [वालक] गन्ध-द्रव्य-विशेष (पाअ)।

वालवास पुं [दे] मस्तक का आभूषण (दे ५६)।

वालवि पुं [व्यालपिन्] मदारी, साँपों को पकड़ने आदि का व्यवसाय करनेवाला, सँपेरा (पएह १, २—पत्र २६)।

वालहिल्ल पुं [वालखिल्य] क्रतु से उत्पन्न पुलस्त्य कन्या के साठ हजार पुत्र, जो अंगुष्ठ-पर्व के देह-मानवाले थे (गउड)। देखो वालिखिल्ल।

वाला पुंस्त्री [वाला] कंगु, अन्न-विशेष; 'संपएणं वालावल्लरअं' (गा ८१२)।

वालि पुं [ वालि ] एक विद्याधर-राजा, कपिराज (पउम ९, ६; से १, १३)। °तणअ पुं [°तनय] राजा वालि का पुत्र, अंगद (से १३, ८३)। °सुअ पुं [°सुत] वही अर्थ (से ४, १२; १३, ९२)।

वालि वि [वालिन्] वक्र, टेढ़ा (से १, १३)।

वालि वि [वालिन्] १ केशवाला। २ पुं. कपिराज (अणु १४२)।

वालिअ वि [वालित] मोड़ा हुआ (पाअ; स ३३७)।

वालिआफोस न [दे] कनक, सुवर्ण (दे ७, ६०)।

वालिंद पुं [वालीन्द्र] विद्याधर वंश का एक राजा (पउम ५, ४५)।

वालिखिल्ल पुं [वालिखिल्य] एक राजर्षि (पउम ३४, १८)। देखो वालिहिल्ल।

वालिहाण न [वालधान] पुच्छ, पूँछ (णाया १, ३; उवा)।

वालिहिल्ल देखो वालहिल्ल (गउड ३२०)।

वाली स्त्री [दे] वाद्य-विशेष, मुँह के पवन से बजाया जाता तृण-वाद्य (दे ७, ५३)।

°वाली स्त्री [पाली] रचना-विशेष, गाल आदि पर की जाती कस्तूरी आदि की छटा (कप्पू)। देखो पाली।

वालुअ पुं [वालुक] १ परमाधार्मिक देवों की एक जाति, जो नरक-जीवों को तप्त वालुका—बालू में चने की तरह भुनते हैं (सम २९)। २ धूली-सम्बन्धी (उप पृ २०५)।

वालुअ° } स्त्री [वालुका] धूलि, बालू, रेत, रज वालुआ } (गउड)। °पुढवी स्त्री [°पृथिवी] तीसरी नरक-पृथिवी (पउम ११८, २)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] तीसरी नरक-भूमि (ठा ७—पत्र ३८८; इक; अंत १५)। °भा स्त्री [°भा] वही अर्थ (उत्त ३६, १५७)।

वालुंक न [दे] पक्वान्न-विशेष, एक तरह का खाद्य; 'खीरदहिसूवकट्टरलंभे गुडसप्पिवडग-वालुंके' (पिंड ६३७)।

वालुंक न [वालुङ्क] ककड़ी, खीरा (अनु ६; कुप्र ५८)।

वालुंकी } स्त्री [वालुङ्की] ककड़ी का गाछ वालुकी } (गा १०; गा १० अ)।

वालुग° देखो वालुअ° (स १०२)।

वाव सक [ वि + आप् ] व्याप्त करना। वावेइ (हे ४, १४१)।

वाव अ [वा] अथवा, या (विसे २०२०)।

वाव पुं [वाप] वपन, बोना (दे ६, १२६)।

वावइज्ज देखो वावज्ज। वावइज्जामि (स ७४१)।

वावंफ अक [दे] श्रम करना। वावंफइ (हे ४, ६८)।

वावंफिर वि [ ... ] श्रम करनेवाला (कुमा)।

वावज्ज अक [वि + आ + पद्] मर जाना। वावज्जंति (भग)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वावड** पुं [दे] कुटुम्बी, किसान (दे ७, ५४)।
**वावड** वि [व्यापृत] १ व्याकुल (दे ७, ५४ टी)। २ किसी कार्य में लगा हुआ (हे १, २०६; प्राप्र; कस; सुर १, २६)।
**वावड** वि [व्यावृत्त] लौटाया हुआ, वापस किया हुआ (उप ५३४)।
**वावडय** त्रीन [दे] विपरीत मैथुन (दे ७, ५८)। स्त्री. °या (पाअ)।
**वावण** न [व्यापन] व्याप्त करना (विसे ८६)।
**वावणग** वि [वामनक] ठिंगणो, ठिंगना, बौना, छोटे कद का (चउप्पन्न० पत्र १६१)।
**वावणी** स्त्री [दे] छिद्र, विवर (दे ७, ५५)।
**वावण्ण** देखो **वावन्न** (णाया १, १२)।
**वावत्ति** स्त्री [व्यापत्ति] विनाश, मरण (णाया १, ६—पत्र १६६; उप ५०१; स ३६५; ४३२; धर्मसं ६३४; ६७६)।
**वावत्ति** स्त्री [व्यापृति] व्यापार (उप ५०६)।
**वावत्ति** स्त्री [व्यावृत्ति] निवृत्ति (ठा ३, ४—पत्र १७४)।
**वावन्न** वि [व्यापन्न] विनाश-प्राप्त (ठा ५, २—पत्र ३१३, स २४१; सम्मत्त २८; सं ६०)।
**वावय** पुं [दे] आयुक्त, गाँव का मुखिया (दे ७, ५५)।
**वावर** अक [व्या + पृ] १ काम में लगना। २ सक. काम में लगाना। वावरेइ (हे ४, ८१), वावरइ (भवि); 'सयं गिहं परिच्चज परिगिहम्मि वावरे' (उत्त १७, १८; सुख १७, १८)। वकृ. **वावरंत** (कुमा ६, ५१)। प्रयो., हेकृ. **वावराविउं** (स ७६२)।
**वावरण** न [व्यापरण] कार्य में लगाना (भवि)।
**वावल्ल** देखो **वावड** = व्यापृत (उप पृ ८७)।
**वावल्ल** पुंन [दे. वावल्ल] शस्त्र-विशेष (सण)।
**वावहारिअ** वि [व्यावहारिक] व्यवहार से सम्बन्ध रखनेवाला (इक; विसे ६५६; जीवस ६५)।
**वावाअ** (?) अक [अव + काश] अवकाश पाना, जगह प्राप्त करना। वावाअइ (धात्वा १५२)।
**वावाअ** सक [व्या + पादय्] मार डालना, विनाश करना। वावाएइ (स ३१; महा)। कर्म. वावाइज्जइ, वावाईयइ (स ६७३), भवि. वावाइज्जिस्सइ (पि ५४६)। संकृ. वावाइऊण (स ७५५)। कृ. वावाइयव्व (स १३५)।
**वावाइअ** वि [व्यापादित] मार डाला गया, विनाशित (सुपा २४१), 'अवावावि(?इ)ओ चेव विउत्तो खु एसो' (स ४११)।
**वावायग** वि [व्यापादक] हिंसक, विनाश-कर्ता (स २६७)।
**वावायण** न [व्यापादन] हिंसा, मार डालना, विनाश (स ३३; १०२; १०३; ६७५; सुर १२, २१६)।
**वावायय** देखो **वावायग** (स ७५०)।
**वावार** सक [व्या + पारय्] काम में लगाना। वकृ. **वावारेंत** (गउड २४४)। कृ. **वावारियव्व** (सुपा १६२)।
**वावार** पुं [व्यापार] व्यवसाय (ठा ३, १ टी—पत्र ११४; प्रासू ६१; १२१; नाट—विक्र १७)।
**वावारण** न [व्यापारण] कार्य में लगाना (विसे ३०७१; उप पृ ७१)।
**वावारि** वि [व्यापारिन्] व्यापारवाला (से १४, ६६; हम्मीर १३)।
**वावारिद** (शौ) वि [व्यापारित] कार्य में लगाया हुआ (नाट—शकु १२०)।
**वावि** अ [वापि] १ अथवा, या (पव ६७)। २ स्त्री. देखो **वावी** (पण्ह १, १—पत्र ८)।
**वावि** वि [व्यापिन्] व्यापक (विसे २१५, श्रा २८४; धर्मसं ५२५)।
**वाविअ** वि [दे] विस्तारित (दे ७, ५७)।
**वाविअ** वि [वापित] १ प्रापित, प्राप्त करवाया हुआ (से ६, ६२)। २ बोया हुआ; गुजराती में 'वावेलु'; 'जं आसी पुव्वभवे धम्मबीयं वावियं तए जीव' (आरमहि ८; दे ७, ८६)।
**वाविअ** वि [व्याप्त] भरा हुआ (कुमा ६, ६५)।
**वावित्त** वि [व्यावृत्त] व्यावृत्तिवाला, निवृत्त (धर्मसं ३२१)।
**वाविति** स्त्री [व्यावृत्ति] व्यावर्तन, निवृत्ति (धर्मसं १०५)।
**वाविद्ध** देखो **वाइद्ध** = व्यादिग्ध, व्याविद्ध (ठा ५, २—पत्र ३१३)।
**वाविर** देखो **वावर**। वाविरइ (षड्)।
**वावी** स्त्री [वापी] चतुष्कोण जलाशय-विशेष (औप; गउड; प्रामा)।
**वावुड, वावुद** (शौ) देखो **वावड** = व्यापृत (नाट—मृच्छ २०१; पि २१८; चारु ६)।
**वावोणय** न [दे] विकीर्ण, बिखरा हुआ (दे ७, ५६)।
**वाशू** (मा) स्त्री [वासू] नाटक की भाषा में बाला (मृच्छ २७)।
**वास** देखो **वरिस** = वृष्। वासंति (भग)। भूका. वासिंसु (कप्प)। कृ. वासिउं (ठा ३, ३—पत्र १४१; पि ६२; ५७७)।
**वास** अक [वाश्] १ तिर्यंचों का—पशु पक्षियों का बोलना। २ आह्वान करना; 'खीरदुमम्मि वासइ वामत्थो वायसो चलिय-पक्खो' (पउम ५५, ३१), वासइ, वासए (भवि; कुप्र २२३)। वकृ. **वासंत** (कुप्र २२३; ३८७)।
**वास** सक [वासय्] १ संस्कार डालना। २ सुगन्धित करना। ३ वास करवाना। वासइ (भवि)। वकृ. **वासंत, वासयंत** (औप; कप्प)। कृ. **वासणिज्ज** (विसे १६७७; धर्मसं ३२६)।
**वास** देखो **वरिस** = वर्ष (सम २; कप्प, जी ३४; गउड, कुमा; भग ३, ६; सम १२; हे १, ४३; २, १०५; षड् ४६; सुपा ६७)। °त्ताण न [°त्राण] छत्र, छाता (धर्म ३; ओघ ३०)। °धर, °हर पुं [°धर] पर्वत-विशेष (उवा ७४; २५३; ठा २, ३; सम १२; इक)।
**वास** पुं [वास] १ निवास, रहना (आचा; उप ४८६, कुमा; प्रासू ३८)। २ सुगन्ध (कुमा; भवि)। ३ सुगन्धी द्रव्य-विशेष (गउड)। ४ सुगन्धी चूर्ण-विशेष; 'पउणवन्न-वासवासं विहियं तोसाउ तियसेहिं' (सुपा ६७; दंस २)। ५ द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४४)। °घर न [°गृह] शयन-गृह (णाया १, १६—पत्र

२०१)। °भवण न [°भवन] वही अर्थ (महा)। °रेणु पुं [°रेणु] सुगन्धी रज (औप)। °हर न [°गृह] शयन-गृह (सुर ६, २७; सुपा ३१२; भवि)।

वास पुं [व्यास] १ ऋषि-विशेष, पुराण-कर्ता एक मुनि (हे १, ५; कप्पू)। २ विस्तार (भग २, ८ टी)।

वास न [वासस्] वस्त्र, कपड़ा (पाअ; वज्जा १६२; भवि)।

°वास देखो पास = पाश (गउड)।

°वास देखो पास = पार्श्व (प्राकृ ३०; गउड)।

वासंग पुं [व्यासङ्ग] आसक्ति, तत्परता; 'ताहे सा पडिबुद्धा विसं व मोत्तूण विसय-वासंगं' (उप १३१ टी; कुप्र ११८; उप पृ १२७)।

वासंठ } (अप) पुं [वसन्त] छन्द का एक
वासंत } भेद (पिंग १६३; १६३ टि)।

वासंत पुं [वर्षान्त] वर्षा-काल का अन्त-भाग (उप ४८८)।

वासंतिअ वि [वासन्तिक] वसन्त-सम्बन्धी (मै ३)।

वासंतिअ } स्त्री [वासन्तिका, °न्ती] लता-
वासंतिआ } विशेष (औप; कप्प; कुमा; पएण
वासंती } १—पत्र ३२; णाया १, ६—पत्र १६०; पएह १, ४—पत्र ७६)।

वासंदी स्त्री [दे] कुन्द का पुष्प (दे ७, ५५)।

वासग वि [वासक] १ रहनेवाला (उप ७६८ टी)। २ वासना-कर्ता, संस्काराधायक (धर्मसं ३२६)। ३ शब्द करनेवाला। ४ पुं. द्वीन्द्रिय आदि जन्तु (आचा)।

वासण न [दे] पात्र, बरतन; गुजराती में 'वासण'; 'दिट्ठं च पयत्तट्ठावियं चंदणनामं-कियं हिरण्णवासणं' (स ६१; ६२)।

वासण न [वासन] वासित करना (दसनि ३, २)।

वासणा स्त्री [वासना] संस्कार (धर्मसं ३२६)।

°वासणा स्त्री [दर्शन] अवलोकन, निरीक्षण (विसे १६७७; उप ४६७)। देखो पासणया।

वासय देखो वासग। °सज्जा स्त्री [°सज्जा] नायिका का एक भेद, वह नायिका जो नायक की प्रतीक्षा में सज-धज कर बैठी हो (कुमा)।

वासर पुंन [वासर] दिवस, दिन (पाअ; गउड; महा)।

वासव पुं [वासव] १ इन्द्र, देव-पति (पाअ; सुपा ३०४; चेइय ४८०)। २ एक राज-कुमार (विपा १, १—पत्र १०३)। °केउ पुं [°केतु] हरिवंश का एक राजा, राजा जनक का पिता (पउम २१, ३२)। °दत्त पुं [°दत्त] विजयपुर नगर का एक राजा (विपा २, ४)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] एक आख्यायिका (राज)। °धणु पुंन [°धनुष्] इन्द्र-धनुष (कुप्र ४५६)। °नयर न [°नगर] अमरावती, इन्द्र-नगरी (सुपा ६०६)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ (उप पृ १७६)। °सुअ पुं [°सुत] इन्द्र का पुत्र, जयन्त (पाअ)।

वासवदत्ता स्त्री [वासवदत्ता] राजा चंड प्रद्योत की पुत्री और उदयन—वीणावत्सराज की पत्नी (उत्तनि ३)।

वासवार पुं [दे] १ तुरग, घोड़ा (दे ७, ५६)। २ श्वान, कुत्ता; 'विट्टालिज्जइ गंगा कयाइ कि वासवारेहिं' (चेइय १३४)।

वासवाल पुं [दे] श्वान, कुत्ता (दे ७, ६०)।

वासस न [वासस्] वस्त्र, कपड़ा; 'कुभोयणा कुवाससा' (पएह १, २—पत्र ४०)।

वासा देखो वरिसा (कुमा; पाअ; सुर २, ७८; गा २३१)। °रत्ति स्त्री. देखो वरिसा-रत्त (हे ४, ३९५)। °वास पुं [°वास] चतुर्मास में एक स्थान में किया जाता निवास (औप; काल; कप्प)। °वासिअ वि [°वार्षिक] वर्षाकाल संबन्धी (आचा २, २, २, ८; ६)। °हू पुं [°भू] भेक, मेढक (दे ७, ५७)।

वासाणिया स्त्री [दे. वासनिका] वनस्पति-विशेष (सूअ २, ३, १६)।

वासाणी स्त्री [दे] रथ्या, मुहल्ला (दे ७, ५५)।

वासि वि [वासिन्] १ निवास करनेवाला, रहनेवाला (सूअ १, ३, ६; उवा; सुपा ६१८; कुप्र ४६; औप)। २ वासना-कारक, संस्कार-स्थापक (विसे १६७७)।

वासि स्त्री [वासि] बसूला, बढ़ई का एक अस्त्र—औजार; 'न हि वासिवड्ढईणं इहं अभेदो कहंचिदवि' (धर्मसं ४८६)। देखो वासी।

वासिक } वि [वार्षिक] वर्षाकाल-भावी
वासिक्क } (सुज्ज १२—पत्र २१६)।

वासिट्ठ न [वाशिष्ठ] १ गोत्र-विशेष (ठा ७—पत्र ३९०; कप्प; सुज्ज १०, १६)। २ पुंस्त्री. वाशिष्ठ गोत्र में उत्पन्न (ठा ७)। स्त्री. °ट्ठा, °ट्ठी (कप्प; उत्त १४, २९)।

वासिट्ठिया स्त्री [वाशिष्ठिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

वासित्तु वि [वर्षितृ] बरसनेवाला (ठा ४, ४—पत्र २६६)।

वासिद } वि [वासित] १ बसाया हुआ,
वासिय } निवासित (मोह २१)। २ बासी रखा हुआ (अन्न आदि) (सुपा १२; ५३२)। ३ सुगन्धित किया हुआ (कप्प; पव १३३; महा)। ४ भावित, संस्कारित (आव)।

वासी स्त्री [वासी] बसूला, बढ़ई का एक अस्त्र (पएह १, १; पउम १४, ७८; कप्प; सुर १, २८; औप)। °मुह पुं [°मुख] बसूले के तुल्य मुँहवाला एक तरह का कीट, द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (उत्त ३६, १२९)।

वासुइ } पुं [वासुकि] एक महा-नाग,
वासुगि } सर्पराज (से २, १३; गा ६९; गउड; ती ७; कुमा; सम्मत्त ७६)।

वासुदेव पुं [वासुदेव] १ श्रीकृष्ण, नारायण (पएह १, ४—पत्र ७२)। २ अर्ध-चक्रवर्ती राजा, त्रिखण्ड भूमि का अधीश (सम १७; १५२; १५३; अंत)।

वासुपुज्ज पुं [वासुपूज्य] भारतवर्ष में उत्पन्न बारहवें जिन भगवान् (सम ४३; कप्प; पडि)।

वासुली स्त्री [दे] कुन्द का फूल (दे ७, ५५)।

वाह सक [वाहय्] वहन कराना, चलाना। वाहइ, वाहेइ (भवि; महा)। कवकृ. वाहिज्जमाण (महा)। हेकृ. वाहिउं (महा)। कृ. वाह, वाहिअ (हे २, ७८; आचा २, ४, २, ६)।

वाह पुंस्त्री [व्याध] लुब्धक, बहेलिया (हे १, १८७; पाअ)। स्त्री. °ही (गा १२१; पि ३८५)।

वाह पुं [वाह] १ अश्व, घोड़ा (पाअ; सूअ १, २, ३, ५; उप ७२८ टी; कुप्र १४७; हम्मीर १८)। २ जहाज, नौका; 'वाहोड्डुवाइ तरणं' (विसे १०२७)। ३ भारवहन, बोझ ढोना (सूअ १, ३, ४, ५)। ४ परिमाण-विशेष,

आठ सौ आढ़क का एक मान (तंदु २६)। ५ शाकटिक, गाड़ी हाँकनेवाला (सूअ १, २, ३, ५)। °वाहिया स्त्री [°वाहिका] घुड़सवारी (धर्मवि ४)।

**वाहगण** } पुं [दे] मन्त्री, अमात्य, प्रधान
**वाहगणय** } (दे ७, ६१)।

**वाहड** वि [दे] भृत, भरा हुआ; 'बहुवाहडा अगाहा' (दस ७, ३६)।

**वाहडिया** स्त्री [दे] काँवर, बहँगी (उप पृ ३३७)।

**वाहण** पुंन [वाहन] १ रथ आदि यान; 'जह भिच्चवाहणा लोए' (गच्छ १, ३८; उवा; औप; कप्प)। २ जहाज, नौका, यानपात्र; गुजराती में 'वहाण' (उवा; सिरि ४२३; कुम्मा १६)। ३ न. चलाना; 'वाहवाहण-परिस्संतो' (कुप्र १४७)। ४ शकट, बोझ आदि ढोआना, भार लाद.कर चलाना (पराह १, २—पत्र २६; द्र २६)। °साला स्त्री [°शाला] यान रखने का घर (औप)।

**वाहणा** स्त्री [वाहना] वहन कराना, बोझ आदि ढोआना (श्रावक २५८ टी)।

**वाहणा** स्त्री [दे] ग्रीवा, डोक, गला (दे ७ ५४)।

**वाहणा** स्त्री [उपानह्] जूता (औप; उवा; पि १४१)।

**वाहणिअ** वि [वाहनिक] वाहन संबन्धी (उप ७२८ टी)।

**वाहणिया** स्त्री [वाहनिका] वहन कराना, चलाना; 'आसवाहणियाए' (स ३००)।

**वाहत्तु** देखो वाहर।

**वाहय** वि [वाहक] चलानेवाला, हाँकनेवाला (उत्त १, ३७)।

**वाहय** वि [व्याहत] व्याघात-प्राप्त (मोह १०७; उव)।

**वाहर** सक [व्या + हृ] १ बोलना, कहना। २ आह्वान करना। वाहरइ (हे ४, २५६; सुपा ३२२; महा)। कर्म वाहिप्पइ, वाहरिज्जइ (हे ४, २५३); 'वाहिप्पंति पहाणा गारुडिया' (सुर १६, ६१)। कवकृ. वाहिप्पंत (कुमा)। वकृ. वाहरंत (गा ५०३; सुर ६, १६६)। संकृ. वाहरिउं (वव ४)। हेकृ. वाहत्तुं (से ११, ११६)।

**वाहरण** न [व्याहरण] १ उक्ति, कथन (कुमा)। २ आह्वान (स २५२; ५०६)।

**वाहराविय** वि [व्याहारित] बुलवाया हुआ (कुप्र १५; महा)।

**वाहरिअ** देखो वाहित्त = व्याहृत (सुर १, १५०; ४, ६; सुपा १३२; महा)।

**वाहलार** वि [दे. वात्सल्यकार] १ स्नेही, अनुरागी। २ सगा; गुजराती में 'वाहलेसरी'; 'अह सत्थाहो तमन्नजायंपि। नियतणुजं मन्नंतो लालेइ वाहलारुव्व' (धर्मवि १२८)।

**वाहलिआ** } स्त्री [दे] क्षुद्र नदी, छोटा जल-
**वाहली** } प्रवाह (वज्जा २२; ५४; दे ७, ३९)।

**वाहा** स्त्री [दे] वालुका, रेत (दे ७, ५४)।

**वाहाया** स्त्री [दे] वृक्ष-विशेष; 'समिसंगलिया ति वा वाहायासंगलिया ति वा अगत्थिसंगलिया ति वा' (अनु ५)।

**वाहाविय** वि [वाहित] चलाया हुआ (महा)।

**वाहि** देखो वाहर। संकृ. वाहित्ता (आक ३८; पि ५८२)।

**वाहि** पुंस्त्री [व्याधि] रोग, बीमारी; 'चउव्विहे वाही पन्नत्ते' (ठा ४, ४—पत्र २६५; पाअ; सुर ४, ७५; उवा; प्रासू १३३; महा); 'एयाओ सत्त वाहीओ दारुणाओ' (महा)।

**वाहि** वि [वाहिन्] वहन करनेवाला, ढोनेवाला; 'जहा खरो चंदणभारवाही' (उव)।

**वाहिअ** वि [वाहित] चलाया हुआ; 'वाहियं तम्मि वंसकुडंगे तं खग्गं' (महा); 'तो तेण तेण खग्गेण कोसखित्तेण वाहिओ घाओ' (सुपा ५२७)।

**वाहिअ** देखो वाहित्त = व्याहृत (हे २, ९९; षड्; महा; णाया १, १—पत्र ६३)।

**वाहिअ** वि [व्याधित] रोगी, बीमार (सिरि १०७८; णाया १, १३—पत्र १७९; विपा १, ७—पत्र ७५; पराह १, ३—पत्र ५४; कस)।

**वाहिणी** स्त्री [वाहिनी] १ नदी (धर्मवि ३)। २ सेना, लश्कर; 'सेणा वरूहिणी वाहिणी अणीअं चमू सिन्नं' (पाअ)। ३ सेना-विशेष, जिसमें ८१ हाथी, ८१ रथ, २४३ घोड़े और ४०५ प्यादें हों वह सैन्य (पउम ५६, ६)। °णाह पुं [°नाथ] सेना-पति (किरात १३)। °स पुं [°श] वही (किरात ११)।

**वाहित्त** वि [व्याहृत] १ उक्त, कथित (हे १, १२८; २, ९९; प्राप्र)। २ आहूत, शब्दित (पाअ; उत्त १, २०)।

**वाहित्ति** स्त्री [व्याहृति] १ उक्ति, वचन। २ आह्वान (अच्चु २)।

**वाहिप्प°** देखो वाहर।

**वाहिम** देखो वाह = वाहय।

**वाहियाली** स्त्री [वाह्याली] अश्व खेलने की जगह (स १३; सुपा ३२७; महा)।

**वाहिल्ल** वि [व्याधिमत्] रोगी (धम्म ८ टी)।

**वाही** देखो वाह = व्याध।

**वाहुडिअ** वि [दे] गत, चलित; 'तो वाहुडिउ जवेण' (कुप्र ४५८)। देखो बाहुडिअ।

**वाहुय** देखो वाहित्त = व्याहृत (औप)।

**वि** देखो अवि = अपि (हे २, २१८; कुमा; गा ११; १७; २३; कम्म ४, १६; ६०; ६६; रंभा)।

**वि** अ [वि] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ विरोध, प्रतिपक्षता; 'विग्गह', 'विओग' (ठा ४, २; गच्छ १, ११; सुर २, २१५)। २ विशेष; 'विउस्सिय' (सूअ १, १, २, २३; भग १, १ टी)। ३ विविधता; 'वियक्खमाण', 'विउस्सग्ग' (ओघभा १८८; भग १, टी; आवम)। ४ कुत्सा, खराबी; 'विरूव' (उप ७२८ टी)। ५ अभाव; 'विइण्ह' (से २,१०)। ६ महत्त्व; 'विएअ' (गउड)। ७ भिन्नता; 'विएस' (महा)। ८ ऊँचाई, ऊर्ध्वता; 'विक्खेव' (ओघभा १६३)। ९ पादपूर्ति (पउम १७,६७)। १० पुं. पक्षी (से १,१, सुर १६,४३)। ११ वि. उद्दीपक, उत्तेजक। १२ अवबोधक, ज्ञापक; 'सम्मं सम्मत्तवियासउ वरं दिसउ भवियाणं' (विवे १४३)।

**वि** देखो बि = द्वि; 'ते पुण होज्ज विहत्था कुम्मापुत्तादओ जहन्नेणं' (विसे ३१६९)।

**वि** वि [विद्] जानकार, विज्ञ (आचा; विसे ५००)। °उच्छा स्त्री [°जुगुप्सा] विद्वान् की निन्दा, साधु की निन्दा (श्रा ६ टी—पत्र ३०)।

**वि°** स्त्री [विष्] पुरीष, विष्ठा (पराह २, १—६६; संति २; औप; विसे ७८१)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विअ सक [विद्] जानना। वियसि (विसे १६००)। भवि. विच्छं, वेच्छं (पि ५२३; ५२६; प्राप्र; हे ३, १७१)। वकृ. विअंत (रंभा)। संकृ. विइत्ता, विइत्ताणं, विइत्त (प्राचा; दस १०, १४)।

विअ न [ वियत् ] आकाश, गगन (से ६, ४८)। °अर वि [°चर] आकाश-विहारी। °अरपुर न [°चरपुर] एक विद्याधर-नगर (इक)।

विअ वि [विद्] १ जानकार, विद्वान्; 'तं च भिक्खू परिन्नाय वियं तेसु न मुच्छए' (सूप्र १, ९, ४, २)। २ विज्ञान, जानकारी (राज)।

विअ देखो इव (हे २, १८२; प्राप्र; स्वप्न २७; कुमा; पउम ११, ८१; महा)।

विअ पुं [वृक] श्वापद जन्तु-विशेष, भेड़िया (नाट—उत्तर ७१)।

विअ पुं [व्यय] विगम, विनाश; 'पंचविहे छेयणे पन्नत्ते, तं जहा—उप्पाछेयणे वियच्छेदणे' (ठा ५, ३—पत्र ३४६)।

विअ वि [विगत] विनष्ट, मृत। °च्चा स्त्री [°र्चा] मृत आत्मा का शरीर (ठा १—पत्र १९)।

विअ देखो अविअ = अपिच (जीव १)।

विअइ वि [ विजयिन् ] जिसकी जीत हुई हो वह (मा २२)।

विअइ स्त्री [विगति] विगम, विनाश (ठा १—पत्र १९)।

विअइ देखो विगइ = विकृति (ठा १—पत्र १९; राज)।

विअइत्ता देखो विअत्त = वि + वर्तय्।

विअइल्ल पुं [विचकिल] १ पुष्प-वृक्ष विशेष। २ न. पुष्प-विशेष (हे १; १६६; कप्पू; वा २३; कुमा)। ३ वि. विकच, विकसित (सण)।

विअओलिअ वि [दे] मलिन (दे ७, ७२)।

विअंग सक [ व्यङ्गय् ] अंग से हीन करना—हाथ, कान आदि को काटना। वियंगेइ (णाया १, १४—पत्र १८५)।

विअंग वि [व्यङ्ग] अंग-हीन; 'वियंगमंगा' (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विअंगिअ वि [दे] निन्दित (दे ७, ६६)।

विअंगिअ वि [व्यङ्गित] खण्डित, छिन्न (पण्ह १, ३—पत्र ४५; टी—पत्र ४६)।

विअंजण देखो वंजण = व्यञ्जन (प्राकृ ३१; सम्म ७२)।

विअंजिअ वि [व्यञ्जित] व्यक्त किया हुआ, प्रकट किया हुआ (सूत्र २, १, २७; ठा ५, २—पत्र ३०८)।

विअंटूत वि [दे] १ अवरोपित। २ मुक्त (षड् १७७)।

विअंति स्त्री [व्यन्ति] अन्त क्रिया। °कारय वि [°कारक] अन्त-क्रिया करनेवाला, कर्मों का अन्त करनेवाला, मुक्ति-साधक (प्राचा १, ८, ४, ३)।

विअंभ अक [ वि + जृम्भ् ] १ उत्पन्न होना। २ विकसना। ३ जँभाई खाना। विअंभइ (हे ४, १५७; षड्; भवि)। वकृ. विअंभंत, विअंभमाण (धात्वा १५२; से १, ४३; गा ४२५; महा)।

विअंभ वि [विदम्भ] निष्कपट, सत्य; 'अयाणयं वियंभसुहस्स' (स ६६०)।

विअंभण न [विजृम्भण] १ जँभाई, जम्हाई (स ३३६; सुपा १४६)। २ विकाश। ३ उत्पत्ति (भवि; माल ८४)।

विअंभिअ वि [विजृम्भित] १ प्रकाशित (गा ५६४)। २ उत्पन्न (माल ८६)। ३ न. जँभाई (गा ३५२)।

विअंसण वि [विवसन] वस्त्र-रहित, नग्न (प्राकृ ३२)।

विअंसय पुं [दे] व्याध, बहेलिया (दे ७, ७२)।

विअक्क सक [ वि + तर्कय् ] विचारना, विमर्श करना, मीमांसा करना। वकृ. वियक्कंत, वियक्कमाण (सुपा २६४; उप २२० टी)।

विअक्क पुंस्त्री [वितर्क] विमर्श, मीमांसा (प्रौप; सम्मत्त १४१)। स्त्री. °क्का (सूत्र १, १२, २१; पउम ६३, ६)।

विअक्किय वि [वितर्कित] विमर्शित, विचारित (सण)।

विअक्ख सक [वि + ईक्ष्] देखना। वकृ. वियक्खमाण (ओघभा १८८)।

विअक्खण वि [विचक्षण] विद्वान्, पण्डित, दक्ष (महा; प्रासू ४१; भवि; नाट—वेणी २४)।

विअग्ग वि [व्यग्र] व्याकुल (प्राकृ ३१)।

विअग्घ देखो वग्घ = व्याघ्र; '—महिसवि(?विय)ग्घछगलदीविया—' (पण्ह १, १—पत्र ७; पि १३४)।

विअग्घ पुं [वैयाघ्र] व्याघ्र-शिशु (पण्ह १, १—पत्र १८)।

विअज्झास देखो विवज्जास (नाट—मृच्छ ३२६)।

विअट्ट सक [ विसं + वद् ] अप्रमाणित करना, असत्य साबित करना। विअट्टइ (हे ४, १२६)।

विअट्ट अक [ वि + वृत् ] विचरना, विहरना। वकृ. 'गिम्हसमयंसि पत्ते वियट्टमाणे (सु?) वणेसु वणकरेणुविविहदिण्णकयपंसुघाओ तुमं' (णाया १, १—पत्र ६५)।

विअट्ट वि [विवृत्त] निवृत, व्यावृत्त; 'वियट्टछउमेणं जिणेणं' (सम १; भग; कप्प; प्रौप; पडि)। °भोइ वि [°भोजिन्] प्रतिदिन भोजन करनेवाला (भग)।

विअट्ट पुं [विवर्त] प्रपञ्च (स १७८)।

विअट्ट } वि [विसंवदित] संवाद-रहित,
विअट्टिअ } अप्रमाणित; 'विअट्टं विसंवइअं' (पाअ; कुमा ६, ८८)।

विअट्ठ वि [विकृष्ट] १ दूर-स्थित। २ क्रिवि. दूर (णाया १, १ टी—पत्र १)।

विअड सक [वि + कटय्] १ प्रकट करना। २ आलोचना करना। वियडेइ (ठा १० टी—पत्र ४८५)। कवकृ. वियडिज्जंत (राज)।

विअड वि [व्यर्द] लज्जित, लज्जा-युक्त णाया १, ८—पत्र १४३)।

विअड वि [विवृत] खुला हुआ, अनावृत (ठा ३, १—पत्र १२१; ५, २—पत्र ३१२)। °गिह न [°गृह] चारो तरफ खुला घर, स्थान-मण्डपिका (कप्प; कस)। °जाण न [°यान] खुला वाहन, ऊपर से खुला यान (णाया १, १ टी—पत्र ४३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**विअड** न [दे] १ प्रासुक जल, जीव-रहित पानी (सूत्र १, ७, २१; ठा ३, ३—पत्र १३८; ५, २—पत्र ३१३; सम ३७; उत्त २, ४; कप्प)। २ मद्य, दारू (पिंड २३६)। ३ प्रासुक आहार, निर्दोष आहार; 'जं किंचि पावगं भगवं तं अकुव्वं वियडं भुंजित्था' (आचा १, ६, १, १८), 'वियडगं भोच्चा' कप्प)।

**विअड** वि [विकृत] विकार-प्राप्त (आचा; उत्त २, ४; कस; पि २१६)।

**विअड** वि [विकट] १ प्रकट, खुला (सूअ १, २, २, २२, पंचा १०, १८; पव १५३)। २ विशाल, विस्तीर्ण; '—अकोसायंतपउम-गंभीरवियडनाभे' (उवा; औप; गा १०३; गउड)। ३ सुन्दर, मनोहर (गउड)। ४ प्रभूत, प्रचुर (सूअ २, २, १८)। ५ पुं. एक ज्योतिष्क महाग्रह (ठा २, ३—पत्र ७८; सुज्ज २०)। ६ एक विद्याधर-राजा (पउम १०, २०)। °भोइ वि [°भोजिन्] प्रकाश में भोजन करनेवाला, दिन में ही भोजन करनेवाला (सम १६)। °विइ, °वाइ पुं [°पातिन्] पर्वत-विशेष (ठा ४, २—पत्र २२३; इक; ठा २, ३—पत्र ६६; ८०)।

**विअड** अक [विकटय्] विस्तीर्ण होना। वियडेइ (गउड ११६८)।

**विअडण** स्त्रीन [विकटन] १ अतिचारों की आलोचना। २ स्वाभिप्राय-निवेदन (पंचा २, २७)। स्त्री. °णा (ओघ ६१३; ७६१; पिंडभा ४१; श्रावक ३७६; पंचा १६, १६)।

**विअडि** स्त्री [वितटी] १ खराब किनारा। २ अटवी, जंगल (णाया १, १—पत्र ६३)।

**विअड्डि** स्त्री [वितर्दि] वेदिका, हवन-स्थान, वेदी, चौतरा (हे २, ३६; कुमा; प्राप्र)।

**विअड्ढ** वि [विदग्ध] १ निपुण, कुशल। २ पण्डित, विद्वान् (हे २, ४०; गउड; महा)।

**विअड्ढग** वि [विकर्षक] खींचनेवाला; 'महाबलविअड्ढ (?ड्ढ)का' (पण्ह १, ४—पत्र ७२)।

**विअड्ढा** स्त्री [विदग्धा] नायिका का एक भेद (कुमा)।

**विअड्ढिम** पुंस्त्री [विदग्धता] १ निपुणता। २ पाण्डित्य (कुप्र ४०५; वज्जा १३४)।

**विअण** पुंन [व्यजन] बेना, पंखा (प्राप्र; हे १, ४६; पण्ह १, १—पत्र ८)।

**विअण** वि [विजन] निर्जन, जन-रहित; 'लंघंति वियणकाणणं' (भवि)।

**विअणा** स्त्री [वेदना] १ ज्ञान। २ सुख-दुःख आदि का अनुभव। ३ विवाह। (प्राप्र; हे १, १४६)। ४ पीड़ा, दुःख, संताप (पाअ; गउड; कुमा)।

**विअणिअ** वि [वितनित, वितत] विस्तीर्ण (भवि)।

**विअणिअ** वि [विगणित] अनादृत, तिरस्कृत (भवि)।

**विअण्ण** वि [विपन्न] मृत (गा ५४६)।

**विअण्ह** वि [वितृष्ण] तृष्णा-रहित (गा ६३)।

**विअत्त** सक [वि + वर्त्तय्] घूम कर जाना। संकृ. वियत्तूण, वियइत्ता, विउत्ता (आचा १, ८, १, २)।

**विअत्त** वि [व्यक्त] १ परिस्फुट (सूअ १, १, २, २५)। २ अमुग्ध, विवेकी (सूअ १, १, २, ११)। ३ वृद्ध, परिणत-वयस्क; 'णिरगंथाणं सखुड्डयविअत्ताणं' (सम ३५)। ४ पुं. भगवान् महावीर का चतुर्थ गणधर—प्रमुख शिष्य (सम १६)। ५ गीतार्थ मुनि (ठा ४, १ टी—पत्र २००)। °किच्च न [°कृत्य] गीतार्थ का कर्तव्य—अनुष्ठान (ठा ४, १ टी)।

**विअत्त** वि [विदत्त] विशेष रूप से दिया हुआ (ठा ४, १ टी—पत्र २००)।

**विअत्त** पुं [विवर्त] एक ज्योतिष्क महाग्रह (ठा २, ३ टी—पत्र ७६; सुज्ज १६ टी—पत्र २६६)।

**विअद्द** वि [वितर्द] हिंसक (आचा १, ६, ४, ५)।

**विअद्ध** देखो **विअड्ढ** = विदग्ध (पच ६०; नाट—मालती ५४)।

**विअन्नु** देखो **विन्नु** (सट्टि ८)।

**विअप्प** सक [वि + कल्पय्] १ विचार करना। २ संशय करना। वियप्पइ, विअप्पेइ (भवि, गा ४७६)। वकृ. वियप्पंत (महा)। कृ. वियप्प (उप ७२८ टी)।

**विअप्प** पुं [विकल्प] १ विविध तरह की कल्पना; 'तं जयइ विरुद्धं पिव वियप्पजालं कइंदाण' (गउड)। २ वितर्क, विचार (महा)। ३ भेद, प्रकार; 'दव्वट्ठिओ अ पज्जवनओ अ, सेसा विअप्पा सिं' (सम्म ३)। देखो **विगप्प** = विकल्प।

**विअप्पण** न [विकल्पन] ऊपर देखो; 'एगंतुच्छेअम्मि वि सुहदुक्खविअप्पणमजुत्तं' (सम्म १८; स ६८४)।

**विअप्पणा** स्त्री [विकल्पना] ऊपर देखो (धर्मसं २१०)।

**विअब्भ** देखो **विदब्भ** (प्राकृ ३८; पउम २६, ८)।

**विअम्ह** देखो **विअंभ** = वि + जृम्भ्। विअम्हइ (प्राकृ ६४)।

**विअय** देखो **विजय** = विजय (औप; गउड)।

**विअय** वि [वितत] १ विस्तीर्ण, विशाल (महा)। २ प्रसारित, फैलाया हुआ (विसे २०६१; श्रावक २०३)। °पक्खि पुं [°पक्षिन्] मनुष्य-लोक से बाहर रहनेवाले पक्षी की एक जाति; 'नरलोगाओ बाहिं समुग्गपक्खी विअयपक्खी' (जी २२)। देखो **वितत** = वितत।

**विअर** सक [वि + चर्] विहरना, घूमना-फिरना। विअरइ (गउड ३८८)।

**विअर** सक [वि + तृ] देना, अर्पण करना। वियरइ (कस; भवि), वियरेज्जा (कप्प)। कर्म. वियरिज्जइ (उत्त १२, १०)। वकृ. वियरंत (काल)।

**विअर** पुं [दे] १ नदी आदि जलाशय सूख जाने पर पानी निकालने के लिए उसमें किया जाता गर्त्त, गुजराती में 'वियडो' (ठा ४, ४—पत्र २८१; णाया १, १—पत्र ६३; १, ५—पत्र ६६)। २ गर्त्त, खड्डा; 'तत्थ णं गुलस्स जाव अन्नेसिं च बहूणं जिब्भिंदिय-पाउग्गाणं दव्वाणं पुंजे य निकरे य करेंति, करेत्ता वियरए खणंति...वियरे भरंति' (णाया १, १७—पत्र २२६)।

**विअरण** न [विचरण] विहार, चलना-फिरना (अजि १६)।

विअरण न [वितरण] प्रदान, अर्पण, (पंचा ७, ६; उप ५६७ टी; सण)।

विअरिअ वि [विचरित] जिसने विचरण किया हो वह, विहृत (महा); 'विमलीकयम्हि चक्खू जहत्थया वियरिया गुणा तुज्झं' (पिंड ४६३)।

विअल अक [भुज्] मोड़ना, वक्र करना। विअलइ (धात्वा १५२)।

विअल अक [वि + गल्] १ गल जाना, क्षीण होना। २ टपकना, झरना। वकृ. विअलंत (गा ३६८; सुर ५, १२७)।

विअल अक [ओजय्] मजबूत होना (संक्षि ३५)।

विअल वि [विकल] १ हीन, असंपूर्ण (पराह १, ३—पत्र ४०)। २ रहित, वर्जित, वन्ध्य (सा २)। ३ विह्वल, व्याकुल; 'विअलुद्धरणसहावा हुवंति जइ केवि सप्पुरिसा' (गा २८५)। देखो विगल = विकल।

विअल सक [विकलय्] विकल बनाना। वियलई (सण)।

विअल देखो विअड = विकट (से ८, २१)।

विअल देखो विदल = द्विदल (संबोध ४४)।

विअलंबल वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ७, ३३)।

विअलिअ वि [विगलित] १ नाश-प्राप्त, नष्ट (से २, ४५; सण)। २ पतित, टपक कर गिरा हुआ; 'विअलिअं उच्चतं' (पाअ)।

विअल्ल अक [वि + चल्] १ क्षुब्ध होना। २ अव्यवस्थित होना; 'खलइ जीहा, मुहवयणु वियल्लइ' (भवि)।

विअस अक [वि + कस्] खिलना। विअसइ (प्राकृ ७६; हे ४, १९५)। वकृ. विअसंत, विअसमाण (औप; सुपा २०)।

विअसावय वि [विकासक] विकसित करनेवाला (गउड)।

विअसाविअ वि [विकासित] विकसित किया हुआ (सुपा २२५)।

विअसिअ वि [विकसित] विकास-प्राप्त (गा १३; पाअ; सुर २, २२२; ४, ५८; औप)।

विअह देखो विजह = वि + हा। संकृ. वियहित्तु (आचा १, १, ३, २)।

विआउआ स्त्री [विपादिका] रोग-विशेष, बिवाई, या बेवाई (दे ८, ७१)।

विआउरी स्त्री [विजनयित्री] ब्यानेवाली, प्रसव करनेवाली (णाया १, २—पत्र ७९)।

विआगर देखो वागर। वियागरेइ, वियागरंति (आचा २, २, ३, १; सूअ १, १४, १८), वियागरे, वियागरेज्जा (सूअ १, ६, २५; विसे ३३६; सूअ १, १४, १६)। वकृ. वियागरेमाण (आचा २, २, ३, १)।

विआघाय देखो वाघाय (आचा)।

विआण सक [वि + ज्ञा] जानना, मालूम करना। वियाणइ, विआणंति (भग; गा ४८), वियाणासि (पि ५१०), वियाणाहि, वियाणेहि (पराण १—पत्र ३६; महा)। कर्म. वियाणिज्जइ (सट्ठि १६)। वकृ. वियाणंत, वियाणमाण (औप; उव)। संकृ. वियाणिआ, वियाणिऊण, वियाणित्ता (दसचू १, १८; महा; औप; कप्प)। कृ. वियाणियव्व (उप पृ ६०)।

विआण न [विज्ञान] जानकारी, ज्ञान; 'एक्कंपि भाय ! दुलहं जिणमयविहिरियणसुवियाणं' (सट्ठि १६)। देखो विन्नाण।

विआण न [वितान] १ विस्तार, फैलाव (गउड १७६; ३८६; ५६२)। २ वृत्ति-विशेष। ३ अवसर। ४ यज्ञ (हे १, १७७; प्राप्र)। ५ पुंन. चन्द्रातप, चँदवा, आच्छादन-विशेष (गउड २००; ११८०; हे १, १७७; प्राप्र)।

विआणग वि [विज्ञायक] जानकार, विज्ञ (उप पृ ११६)।

विआणण न [विज्ञान] जानना, मालूम करना (स २६७; सुर ३, ७)।

वियाणय देखो विआणग (सम्म १६०; भग; औप; सुर ६, २१; सण)।

विआणिअ वि [विज्ञात] जाना हुआ, विदित (स २६७; सुपा ३६१; महा; सुर ४, २१४, १२, ७१; पिंग)।

विआय सक [वि + जनय्] जन्म देना, प्रसव करना; 'गुजराती में 'वियावु''; 'वियायइ पढमं जं पिउगिहे नारी' (उप ६६८ टी)। संकृ. विआय (राज)।

विआर सक [वि + कारय्] विकृत करना। विआरेदि (शौ) (मा ५१)।

विआर सक [वि + चारय्] विचारना, विमर्श करना। विआरेइ (प्राकृ ७१; भग), वियारिज (सत्त ३६)। वकृ. विआरयंत (श्रा १६)। कवकृ. वियारिज्जंत (सुपा १४८)। संकृ. विआरिअ (अभि ४४)। कृ. विआरणिज्ज (श्रा १४)।

विआर सक [वि + दारय्] फाड़ना, चीरना। विआरे (अप) (पिंग)। संकृ. वियारिऊण (श २६०)।

विआर पुं [विकार] विकृति; प्रकृति का भिन्न रूपवाला परिणाम (हे ३, २३; गउड; सुर ३, २६; प्रासू ४६)।

विआर पुं [विचार] १ तत्त्व-निर्णय (गउड; विचार १; दं १)। २ तत्त्व-निर्णय के अनुकूल शब्द-रचना (जी ५१)। ३ खयाल, सोच; 'अरणो बक्करकालो अरणो कज्जविआरकालो' (कप्पू)। ४ दिशा-फरागत के लिए बाहर जाना (पव २; १०१)। ५ गमन की अनुकूलता (पव १०४)। ६ विचरण। ७ अवकाश; 'अंतेउरे य दिएणवियारे जाते यावि होत्था' (विपा १, ५—पत्र ६३)। ८ विमर्श, मीमांसा। ९ मत, अभिप्राय (भवि)। °धवल पुं [धवल] एक राजा का नाम (उप ७२८ टी; महा)। °भूमि स्त्री [°भूमि] दिशा-फरागत जाने का स्थान (कप्प; उप १४२ टी)।

विआरण न [विचारण] १ विचार करना (सुपा ४६४; सार्ध ६०)। २ वि. विचार करनेवाला; 'जय जिणनाह समत्थवत्थुपरमत्थवियारण' (सुपा ५२)। ३ वि. विचरण करनेवाला; 'अंबरंतरविआरणिआहिं' (अजि २६)।

विआरण न [विदारण] चीरना, फाड़ना (सार्ध ४९; स २४१)।

विआरण देखो वागरण (कुप्र २४५)।

विआरण वि [वैदारण] विदारण-संबन्धी, विदारण से उत्पन्न होनेवाला। स्त्री. °णिआ (नव १६)।

विआरणा स्त्री [विचारणा] विचार, विमर्श (उप ७२८ टी; स २४७; पंचा ११, ३४)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विआरणा स्त्री [वितारणा] विप्रतारण, ठगाई (उप ६१६)।

विआरय वि [विचारक] विचार करनेवाला (पउम ८, ५)।

विआरि वि [विचारिन्] ऊपर देखो (ग्रौप)।

विआरिअ वि [विचारित] जिसका विचार किया गया हो वह (दे १, १६८)।

विआरिअ वि [विदारित] १ खोला हुआ, फाड़ा हुआ; 'दूरविअारिअमुहं महाकायं—सीहं' (सम्मि १२)। २ विदीर्ण किया हुआ, चीरा हुआ (भवि)।

विआरिअ वि [वितारित] १ अर्पित, दिया गया; 'वालि या सिरोहरा वियारिया दिट्ठी' (स ३३७)। २ ठगा हुआ, विप्रतारित; 'जइ पुण धुत्तेण ग्रहं वियारिओ' (सुपा ३२४)।

विआरिआ स्त्री [दे] पूर्वाह्ण का भोजन (दे ७, ७१)।

विआरिल्ल } वि [विकारवत्] विकारवाला, विकारयुक्त (प्राप्र; हे २, १५९)। स्त्री. °ल्ला (सुपा १६४)।
विआरुल्ल }

विआल देखो विआल = वि + चारय्। वकृ. वियालंत (उत्तर ८२)।

विआल देखो विआर = वि + दारय्। कृ. वियालणिय (सूअनि ३६; ३७)।

विआल पुं [विकाल] सन्ध्या, साँझ, सायंकाल (दे ७, ६१; कप्पू; विपा १, ५—पत्र ६३; हे ४, ३७७; ४२४; कस, भवि)। °चारि वि [°चारिन्] विकाल में घूमनेवाला (णाया १, १—पत्र ३८; १, ४; ग्रौप)।

विआल पुं [दे] चोर, तस्कर (दे ७, ९०)।

विआल वि [व्याल] दुष्ट; 'मोणं वियालं पडिपहे पेहाए, महिसं वियालं पडिपहे पेहाए, चित्ताचिल्लडयं वियालं पडिपहे पेहाए' (ग्राचा २, १, ५, ४)। देखो वाल = व्याल।

विआल देखो विचाल (राज)।

विआलग देखो विआलय = विकालक (ठा २, ३—पत्र ७७)।

विआलण देखो विआरण = विचारण (ग्रोघ ६६; विसे १७६; पिंड ५९७)।

विआलणा देखो विआरणा = विचारणा (विसे १४७ टी; पिंड ५९७)।

विआलय वि [विदारक] विदारण-कर्त्ता (सूअनि ३६)।

विआलय पुं [विकालक] एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (सुज्ज २०)।

विआलिउ न [दे] व्यालू, सायंकाल का भोजन; 'जा मह्नु पुत्तहु करयलि लग्गइ सा अमिएण वियालिउ मग्गइ' (भवि)।

विआलुअ वि [दे] असहन, असहिष्णु (दे ७, ६८)।

विआव सक [वि + आप्] व्याप्त करना (प्रामा)।

विआवड देखो वावड = व्यापृत (ग्रोघभा १६६; पउम २, ६)।

विआवत्त पुं [व्यावर्त्त] १ घोष ग्रौर महाघोष इन्द्रों के दक्षिण दिशा के लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९८; इक)। २ ऋजुवालिका नदी के तीर पर स्थित एक प्राचीन चैत्य (कप्प)। ३ पुंन. एक देव-विमान (सम ३२)।

विआवाय पुं [व्यापात] भ्रंश, नाश (ग्राचा १, ६, ५, ६ टि)।

विआविअ देखो वावड = व्यापृत (धर्मसं ६७६)।

विआस पुं [विकाश] १ मुँह ग्रादि की फाड़—खुलापन, 'थूलं वियासं मुहे' (सूअ १, ५, २, ३)। २ ग्रवकाश (गउड २०१)।

विआस पुं [विकास] प्रफुल्लता (पि १०२; भवि)।

विआस देखो वास = व्यास (राज)।

विआसइत्तअ (शौ) वि [विकासयितृक] विकसित करनेवाला (पि ६००)।

विआसग वि [विकासक] ऊपर देखो (सुपा ६५८)।

विआसर वि [विकस्वर] विकसनेवाला, प्रफुल्ल (षड्)।

विआसि } वि [विकासिन्] ऊपर देखो (पि ४०५; सुपा ४०२; ६)।
विआसिल्ल }

विआह सक [व्या + ख्या] व्याख्या करना। कर्म. विआहिज्जंति (णंदि २२६)।

विआह पुं [विवाह] १ व्याह, परिणयन, शादी (गा ४७६; नाट—मालती ६)। २ विविध प्रवाह। ३ विशिष्ट प्रवाह। ४ वि. विशिष्ट संतानवाला (भग १, १ टी)।

°पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन ग्रंग-ग्रन्थ (भग १, १ टी)।

विआह वि [विबाध] बाध-रहित (भग १, १ टी)। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन ग्रंग-ग्रन्थ (भग १, १ टी)।

विआह° स्त्री [व्याख्या] १ विशद रूप से अर्थ का प्रतिपादन। २ वृत्ति, विवरण। °पण्णत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] पाँचवाँ जैन ग्रंग-ग्रन्थ (भग १, १ टी)।

विआहिअ वि [व्याख्यात] १ जिसकी व्याख्या की गई हो वह, वर्णित (ग्रा २२)। २ उक्त, कथित; 'स एव भव्वसत्ताणं चक्खुभूए विआहिए' (गच्छ १, २६; भग)।

विइ स्त्री [वृति] रज्जु-बन्धन (ग्रौप)। देखो वइ = वृति।

विइअ वि [विदित] ज्ञात, जाना हुआ (पाग्र; पिंड ८२; संबोध ४६; स १६२; महा)।

विइइन्न देखो विइकिण्ण (भग १, १ टी—पत्र ३७)।

विइंचिअ वि [विविक्त] विनाशित (स १३५)।

विइंत सक [वि + कृत्] काटना, छेदना। विइंतइ (णाया १, १४ टी—पत्र १८७)।

विइंत देखो विचिंत। वकृ. विइंतंत (गउड ६७८)।

विइकिण्ण वि [व्यतिकीर्ण] व्याप्त, फैला हुआ (भग १, १—पत्र ३६)।

विइक्कंत वि [व्यतिक्रान्त] व्यतीत, गुजरा हुआ (ठा ९—पत्र ४४५; उवा; कप्प)।

विइगिंछा } देखो वितिगिंछा (ग्राचा; कस; उवा)।
विइगिच्छा }

विइगिट्ठ वि [व्यतिकृष्ट] दूर-स्थित, विप्रकृष्ट (बृह १)।

विइगिण्ण देखो विइकिण्ण (कस)।

विइज्जंत देखो वीअ = वीजय्।

विइज्जंत देखो विकिर।

विइण्ण वि [विकीर्ण] १ बिखरा हुआ; 'विइण्णकेसी' (उवा)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ (से १०, ३)। देखो विकिण्ण, विकिन्न।

विइण्ण वि [वितीर्ण] दिया हुआ, अर्पित (गा ३४६; ६१७; से ८, ६५; १०, ३; हे ४, ४४४; महा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विइण्ह वि [वितृष्ण] तृष्णा-रहित, निःस्पृह (से २, १०; प्राप्र; गा ६३; १७६)।

विइत्त देखो विचित्त (गउड; स २३६; ७४०)।

विइत्त देखो विवित्त (स ७४०)।

विइत्ता, विइत्ताणं } देखो विअ = विद्।

विइत्तिद (शौ) देखो विचित्तिय (स्वप्न ३६)।

विइत्तु देखो विअ = विद्।

विइन्न देखो विइण्ण = वितीर्ण (सुर ४, ११)।

विइमिस्स वि [व्यतिमिश्र] मिश्रित, मिला हुआ (आचा)।

विउ वि [ विद्, विद्वस् ] विद्वान्, पण्डित, जानकार (णाया १, १६; उप ७६८ टी; सुर १, १३५; सूअ २, १, ६०; रंभा)। °प्पकड स्त्री [°प्रकृत] १ विद्वान् द्वारा प्रकान्त। २ विद्वान् द्वारा किया हुआ (भग ७, १० टी—पत्र ३२५; १८, ७—पत्र ७५०)।

विउअ वि [वियुत] वियुक्त, रहित; 'दव्वं पज्जवविउअं दव्व-विउत्ता य पज्जवा नत्थि' (सम्म १२)।

विउअ वि [विवृत] १ विस्तृत। २ व्याख्यात (हे १, १३१)।

विउअ (अप) देखो विओअ = वियोग (हे ४, ४१९)।

विउंचिआ स्त्री [दे. विचर्चिका] रोग-विशेष, पामा रोग का एक भेद; 'केवि विउंचिअपामा-समन्निया सेवगा तस्स' (सिरि ११७)।

विउंज सक [वि + युज्] विशेष रूप से जोड़ना। विउंजंति (सूअ २, २, २१)।

विउक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति] उत्पत्ति; 'अ-विउक्कंतियं चयमाणे' (भग १, ७)।

विउक्कंति स्त्री [व्युत्क्रान्ति, व्यवक्रान्ति] मरण, मौत (भग १, ७)।

विउक्कम सक [व्युत् + क्रम्] १ परित्याग करना। २ उल्लंघन करना। ३ अक. च्युत होना, नष्ट होना, मरना। ४ उत्पन्न होना। विउक्कमंति (भग; ठा ३, ३—पत्र १४१)। संकृ. विउक्कम्म (सूअ १, १, १, ६; उत्त ५; १५; आचा १, ८, १, २)।

विउक्कस सक [व्युत् + कर्षय्] गर्व करना, बड़ाई करना। विउक्कसेज्जा, (सूअ १, १३, ६), विउक्कसे (आचा १, ६, ४, २)।

विउक्कस्स पुं [व्युत्कर्ष] गर्व, अभिमान (सूअ १, १, २, १२)।

विउच्छा देखो वि-उच्छा = विद्-जुगुप्सा।

विउच्छेअ पुं [व्यवच्छेद] विनाश (पंचा १७, १८)।

विउज्जम अक [व्युद् + यम्] विशेष उद्यम करना। वकृ. 'धरणियंपि विउज्जमंताणं' (पउम १०२, १३७)।

विउज्झ अक [ वि + बुध् ] जागना। विउज्झइ (भवि; सण)।

विउट्ट सक [ वि + कुट्टय् ] विच्छेद करना, विनाश करना। हेकृ. विउट्टित्तए (ठा २, १—पत्र ५६; कस)।

विउट्ट सक [ वि + त्रोटय् ] तोड़ डालना। विउट्टइ (सूअ २, २, २०)। हेकृ. विउट्टित्तए (ठा २, १—पत्र ५६)।

विउट्ट अक [ वि + वृत् ] १ उत्पन्न होना। २ निवृत्त होना। विउट्टंति (सूअ २, ३, १), विउट्टेज्जा (ठा ८ टी—पत्र ४१८)।

विउट्ट सक [ वि + वर्तय् ] १ विच्छेद करना। २ घूमकर जाना। विउट्टंति (स १७८)। संकृ. विउट्टाणं (आचा १, ८, १, २)। हेकृ. विउट्टित्तए (ठा २, १—पत्र ५६)।

विउट्ट देखो विअट्ट = विवृत्त (कप्प)।

विउट्टण न [विवर्तन] निवृत्ति (ओघ ७९१)।

विउट्टण न [विकुट्टन] १ विच्छेद। २ आलोचना, अतिचार-विच्छेद (ओघ ७९१)। ३ वि. विच्छेद-कर्ता (धर्मसं ६६९)।

विउट्टणा स्त्री [विकुट्टना] १ विविध कुट्टन। २ पीड़ा, संताप (सूअ १, १२, २१)।

विउट्ठिअ वि [व्युत्थित] जो विरोध में खड़ा हुआ हो वह, विरोधी बना हुआ (सूअ १, १४, ८)।

विउड सक [ वि + नाशय् ] विनाश करना। विउडइ (हे ४, ३१)। कर्म. विउडिज्जंति (स ६७६)।

विउडण न [विनाशन] १ विनाश (स २७; ६९१)। २ वि. विनाश-कर्ता (स ३७; २८२)।

विउडिअ वि [विनाशित] नष्ट किया गया (पाअ; कुमा; उप ७२८ टी)।

विउण वि [विगुण] गुण-रहित, गुण-हीन (दे ६, ७८)।

विउत्त वि [वियुक्त] विरहित, वियोग-प्राप्त (सुर ३, १२३; १०, १४५, सुपा ११०; काल; सण)।

विउत्ता देखो विअत्त = वि + वर्तय्।

विउत्थिअ देखो विउट्ठिअ (कुप्र २२४; ३६९)।

विउद देखो विउअ = विवृत (प्राप्र)।

विउद्ध वि [विबुद्ध] १ जागृत (सुपा १४०)। २ विकसित (स ७६८)।

विउप्पकड वि [व्युत्प्रकट] अतिशय प्रकट—व्यक्त (भग ७, १० टी—पत्र ३२५)।

विउब्भाअ अक [ व्युद् + भ्राज् ] शोभना, दीपना, चमकना। वकृ. विउब्भाएमाण (भग ३, २—पत्र १७३)।

विउब्भाअ सक [व्युद् + भ्राजय्] शोभित करना। वकृ. विउब्भाएमाण (भग ३, २)।

विउम वि [ विद्वस् ] विद्वान्, विज्ञ; 'विउमं ता पयहिज्ज संथवं' (सूअ १, २, २, ११)।

विउर देखो विदुर (वेणी १२४)।

विउल वि [विपुल] १ प्रभूत, प्रचुर। २ विस्तीर्ण, विशाल (उवा; औप)। ३ उत्तम, श्रेष्ठ (भग ६, ३३)। ४ अगाध, गम्भीर (प्राप्र)। ५ पुं. राजगिर के समीप का एक पर्वत (पउम २, ३९)। °जस पुं [°यशस्] एक जिनदेव का नाम (उप ९८६ टी)। °मइ स्त्री [°मति] मनःपर्यव नामक ज्ञान का एक भेद (कम्म १, ८; आवम)। २ वि. उक्त ज्ञानवाला (कप्प; औप)। °ारी स्त्री [°ाकरी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३८)। देखो विपुल।

विउव देखो विउव्व = वैक्रिय (कम्म ३, २)।

विउवसिय देखो विओसिय = व्यवशमित (राज)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**विउवाय** पुं [व्युत्पात] हिंसा, प्राणि-वध (सूअ २, ४, ३)।

**विउव्व** सक [वि + कृ, वि + कुर्व्] १ बनाना—दिव्य सामर्थ्य से उत्पन्न करना। २ अलंकृत करना, मण्डित करना। विउव्वइ, विउव्वए (भग; कप्प; महा; पि ५०८)। भूका. विउव्विसु। भवि. विउव्विस्संति (भग ३, १—पत्र १५६), विउव्विस्सामि (पि ५३३)। वकृ. विउव्वमाण (सुज्ज २०)। कवकृ. विउव्विज्जमाण (ठा १०—पत्र ४७२)। संकृ. विउव्विऊण, विउव्विऊणं, विउव्वित्ता, विउव्विउं (महा; पि ५८५; भग; कस; सुपा ४७)। हेकृ. विउव्वित्तए (पि ५७८)।

**विउव्व** न [वैक्रिय] १ शरीर-विशेष, अनेक स्वरूपों और क्रियाओं को करने में समर्थ शरीर (पउम १०२, ६८; पव १६२; कम्म १, ३७)। २ कर्म-विशेष; वैक्रिय शरीर की प्राप्ति का कारण-भूत कर्म (कम्म १, ३३)। ३ वि. वैक्रिय शरीर से संबन्ध रखनेवाला (कम्म ४, २६)।

**विउव्वणया**, **विउव्वणा** स्त्री [विक्रिया, विकुर्वणा] १ बनावट, शक्ति-विशेष से किया जाता वस्तु-निर्माण (सूअनि १६३; औप; पउम ११७, ३१; पत्र २३०)। २ शक्ति-विशेष, वैक्रिय-करण शक्ति (देवेन्द्र २३०)।

**विउव्वाढ** वि [दे] १ विस्तीर्ण। दुःख-रहित (दे १, १२६)।

**विउव्वि** वि [वैक्रियिन्, विकुर्विन्] १ विकुर्वणा करनेवाला (उप ३५७ टी)। २ वैक्रिय-शरीरवाला (उत्त १३, ३२; सुख १३, ३२)।

**विउव्विअ** वि [विकृत, विकुर्वित] १ निर्मित, बनाया हुआ (भग; महा; औप; सुपा ८८)। २ अलंकृत, विभूषित (बृह १)।

**विउव्विअ** वि [वैक्रियिक] वैक्रिय शरीर से संबन्ध रखनेवाला (कम्म ४, २४)। देखो **वेउव्विअ**।

**विउस** सक [व्युत् + सृज्] फेंकना। विउसिज्जा (आचा २, ३, २, ५), विउसिरे (आचा २, १६, १)।

**विउस** वि [विद्वस्] विज्ञ, पण्डित (पाअ; उप पृ १०६; सुपा १०७; प्रासू ६३; भवि; महा)। 'विउसेहिं' (चेइय ७७४), 'विउसाणं' (सम्मत्त २१६)।

**विउसग्ग** देखो **विओसग्ग** (हे २, १७४; षड्)।

**विउसमण** न [व्युपशमन, व्यवशमन] १ उपशम, उपक्षय। २ सुरत का अवसान; 'ता से णं पुरिसे विउसमणकालसमयंसि केरिसए सायासोक्खं पच्चणुब्भवमाणे विहरति' (सुज्ज २०; भग १२, ६—पत्र ५७८)। ३ वि. विनाशक; 'सव्वदुक्खपावाण विउसमणं' (पण्ह २, १—पत्र १००)।

**विउसमणया** स्त्री [व्यवशमना] उपशम, क्रोध-परित्याग (भग १७, ३—पत्र ७२६)।

**विउसमिय** देखो **विओसमिय** (राज)।

**विउसरण** न [व्युत्सर्जन] परित्याग (दंस १)।

**विउसरणया** स्त्री [व्युत्सर्जना] ऊपर देखो (भग; णाया १, १—पत्र ४६)।

**विउसव** देखो **विओसव**। संकृ. **विउसवेत्ता** (कस १, ३५ टि)।

**विउसवण** देखो **विउसमण** (पण्ह २, ४—पत्र १३१)।

**विउसविय** देखो **विओसविय** (ठा ६—पत्र ३७०)।

**विउसिज्जा** देखो **विओसिज्जा** (आचा १, ६, २, २)।

**विउसिरणया** देखो **विउसरणया** (राय १२८)।

**विउस्स** सक [वि + उश्] विशेष बोलना। विउस्संति (सूअ १, १, २, २३)।

**विउस्स** अक [विद्वस्य्] विद्वान् की तरह आचरण करना। विउस्संति (सूअ १, १, २, २३)।

**विउस्सग्ग** देखो **विओसग्ग** (भग १, ६; उत्त ३०, ३०)।

**विउस्सित्त** वि [व्युत्सित, व्युत्सिक्त] अभिनिविष्ट, कदाग्रह-युक्त (सूअ १, १, १, ६)।

**विउस्सिय** वि [व्युषित] विशेष रूप से रहा हुआ (सूअ १, १, २, २३)।

**विउस्सिय** वि [व्युच्छ्रित] विविध तरह से आश्रित; 'संसारं ते विउस्सिया' (सूअ १, १, २, २३)।

**विउह** सक [व्यूह्] प्रेरणा करना। संकृ. **विउहित्ताण** (दस ५, १, २२)।

**विउह** वि [विबुध] १ पण्डित, विद्वान्। २ पुं. देव, सुर (हे १, १७७)। देखो **विबुह**।

**विऊरिअ** वि [दे] नष्ट, नाश-प्राप्त (दे ७, ७२)।

**विऊसिर** सक [व्युत् + सृज्] परित्याग करना; 'विऊसिरे विन्नू अगारबंधणं' (आचा २, १६, १)।

**विऊह** पुं [व्यूह] रचना-विशेष (पंचा ८, ३०)।

**विएअ** वि [वितेजस्] महान् प्रकाश, 'अचंतविएएणवि गरुयाण ए
णिव्वडंति संकप्पा।
विज्जुज्जुओ बहलत्तणेण मोहेइ अच्छीइं'
(गउड)।

**विएऊण** अ [दे] चुनकर, 'सुयसागरा विएऊण जेण सुयरयणमुत्तमं दिण्णं' (पण्ण १—पत्र ४)।

**विएस** पुं [विदेश] १ देशान्तर, परदेश (सिरि ४६७; महा)। २ कुत्सित ग्राम, खराब गाँव। ३ बन्धन-स्थान (गा ७६)।

**विओअ** पुं [वियोग] जुदाई, बिछोह, विरह (स्वप्न ६३; अभि ४६; हे १, १७७; सुर ४, १५२; महा)।

**विओइअ** वि [वियोजित] जुदा किया हुआ (से ६, ७१; गा १३२; स ६८; सुर १५, २१७)।

**विओग** देखो **विओअ** (सुर २, २१५; ४, १५१; महा)।

**विओगिय** वि [वियोगित] वियोग-प्राप्त (धर्मवि १३१)।

**विओज** सक [वि + योजय्] अलग करना। विओजयंति (सूअ १, ५, १, १६)।

**विओजय** वि [वियोजक] वियोग-कारक (स ७५०)।

**विओदर** पुं [वृकोदर] भीमसेन, एक पाण्डव (नाट—वेणी ३६)।

**विओयण** न [वियोजन] वियोग, बिछोह (सुर ११, ३२)।

विओरमण न [व्युपरमण] विराधना, विनाश; 'छकायविओरमणं' (ओघभा १६०; ओघ ३२६)।

विओल वि [दे] आविग्न, उद्वेग युक्त (दे ७, ६३)।

विओवाय पुं [व्यवपात] भ्रंश, नाश (आचा; सूअ १, ३, ३, ४)।

विओसग्ग पुं [व्युत्सर्ग] १ परित्याग। २ तप-विशेष, निरीहपन से शरीर आदि का त्याग (औप)।

विओसमण देखो विउसमण (पण्ह २, २—पत्र ११८; २, ५—पत्र १४९)।

विओसमिय वि [व्यवशमित] उपशान्त किया हुआ (कस ६, १ टि)।

विओसरणया देखो विउसरणया (औप)।

विओसव सक [व्यव + शमय्] उपशान्त करना, ठण्ढा करना, दबा देना। संकृ. 'तं अहिगरणं अ- विओसवेत्ता' (कस)।

विओसविय } देखो विओसमिय; 'अवि-
विओसिय } ओसवियपाहुडे' (कस १, ३५, ४, ५); 'विओसवियं वा पुणो उदीरित्तए' (कस ६, १; ४, ५ टि)।

विओसिज्जा अ [व्युत्सृज्य] परित्याग कर (आचा १, ६, २, १)।

विओसिय वि [व्यवसित] पर्यवसित, समाप्त किया हुआ (सूअ १, १, ३, ५)।

विओसिय वि [विकोशित] कोश-रहित, निरावरण, नंगा; 'विउ(?ओ)सियवरासि—' (पण्ह १, ३—पत्र ४५)।

विओसिर देखो विऊसिर (पि २३५)।

विओह पुं [विबोध] जागरण, जागृति (भवि)।

विंख न [दे] वाद्य-विशेष (राज)।

विंचिणिअ वि [दे] १ पाटित, विदारित। २ धारा (दे ७, ६३)।

विंचुअ पुं [वृश्चिक] जन्तु-विशेष, बिच्छू (हे १, १२८; २, १६; ८९)।

विंछ अक [वि + घट्] अलग होना। विंछइ (प्राकृ ७१)।

विंछिअ } देखो विंचुअ (हे १, २६; २,
विंछुअ } १६; सुख ३६, १४८; पउम ३९, १७; प्राप्र; प्राकृ २३; गा २३७ अ)।

विंजण देखो वंजण; 'तेत्तीसविंजणाइं' (चंड)।

विंजण देखो विअण = व्यजन; गुजराती में 'विंजणो' (रंभा २०)।

विंझ पुं [विन्ध्य] १ पर्वत विशेष, विन्ध्याचल (गा ११५; णाया १, १—पत्र ६४)। २ व्याध, बहेलिया (हे १, २५; २, २६; प्राप्र)। ३ एक जैन मुनि (विसे २५१२)। ४ एक श्रेष्ठि-पुत्र (सुपा ५७८)।

विंट सक [वेष्टय्] वेष्टन करना, लपेटना, गुजराती में 'विंटवु'; 'विंटइ तं उज्जाणं हयगयरहसुहडकोडीहिं' (सुपा ५७३)। प्रयो, संकृ. विंटाविउं (सुपा १८९)।

विंट न [वृन्त] फल-पत्र आदि का बन्धन (हे १, १३९; प्राकृ ४; रंभा; प्रासू १०२)।

विंटल } न [दे] १ वशीकरण विद्या,
विंटलिअ } 'अन्नाइंपि कुंडलवि(?टलवि)-टलाइं करलाघवाइं कम्माइं' (सिरि ५७)। २ निमित्त आदि का प्रयोग (बृह १); 'विंटलियाणि पउंजंति' (गच्छ ३, १३)।

विंटलिआ स्त्री [दे] गठरी, पोटली; गुजराती में 'विंटलु'; 'ताव कुमरेण खित्ता तप्पुरओ वत्थविंटलिया', 'तीए विंटलियाए' (सुपा २९१)।

विंटिया स्त्री [दे] १ गठरी, पोटली (सुख २, ५; उप १४२ टी)। २ मुद्रिका, अंगुलीयक, गुजराती में 'वींटी'; 'उच्चारोवरि मुक्का कणयमयविंटिया नियया' (सुपा ६११), 'पडिवन्नाओ मणिविंढि(?टि)याहिं तह अंगुलीओ त्ति' (स ७६)।

विंतर पुं [व्यन्तर] १ बिच्छू आदि दुष्ट जन्तु (उप ५९४); 'दुट्ठाण को न बीहइ विंतर-सप्पाण व खलाणं' (वज्जा १२)। २ एक देव-जाति; 'निस्सूगाणं नराणं हि विंतरा अवि किंकरा' (श्रा १२; दं २)।

विंताणी स्त्री [वृन्ताकी] बैंगन का गाछ।

विंद सक [विद्] १ जानना। २ प्राप्त करना; 'धम्मं च जे विंदति तत्थ तत्थ' (सूअ १, १४, २७)। वकृ. विंदमाण (णाया १, १—पत्र २९; विपा १, २—पत्र ३४)।

विंद देखो वंद = वृन्द (भवि; पि ३६८)।

विंदारग } देखो वंदारय (सुपा ५०३; नाट—
विंदारय } शकु ८८)। °वर पुं [°वर] इन्द्र (सम्मत्त ७५)।

विंदावण पुंन [वृन्दावन] मथुरा का एक वन (ती ७)।

विंदुरिल्ल वि [दे] १ उज्ज्वल, देदीप्यमान। २ मंजुल घोषवाला, कल-कंठ। ३ विद्राण, म्लान। ४ विस्तृत; 'घंटाहिं विंदुरिल्लासुर-तरुणीविमाणाणुसारं लहंती' (कप्पू)।

विंद्र देखो वंद्र (प्राकृ ३६)।

विंद्रावण देखो विंदावण (प्राकृ ३६)।

विंध सक [व्यध्] बींधना, छेदना, बेधना। विंधइ, विंधेज्जा (पि ४८९; भग)। वकृ. विंधंत (सुर २, ९३)। संकृ. विंधिअ (नाट—मृच्छ २१३)। हेकृ. विंधिउं (स ६२)। कृ. विंधेयव्व (सुपा २९९)।

विंधण न [व्यधन] छेदन, बेधना; 'लक्ख-विंधणं'—(धर्मवि ५२)।

विंधिअ वि [विद्ध] जो बेधा गया हो वह, छिन्न (सम्मत्त १५८)।

विंभय देखो विम्हय = विस्मय (भवि)।

विंभर देखो विम्हर। विंभरइ (पि ३१३)।

विंभल वि [विह्वल] व्याकुल, घबड़ाया हुआ; 'विसविंभल' (उप ५९७ टी, कुप्र ६०; ५९८; भवि; ओघ ७३)।

विंभिअ वि [विस्मित] आश्चर्य-चकित 'ओधुणइ दीवओ विंभ(?भि)ओ व्व पवणा-हओ सीसं' (वज्जा ६६; भवि)।

विंभिअ देखो विअंभिअ; 'सोहग्गविंभियासए' (वज्जा ८६)।

विंसदि (शौ) स्त्री [विंशति] बीस, २० (प्रयौ २०)।

विकंथ सक [वि + कत्थ्] प्रशंसा करना। विकंथइज्जा (सूअ १, १४, २१)।

विकंप अक [वि + कम्प्] हिल जाना, चलित होना। वकृ. विकंपमाणो (सूअ १, १४, १४)।

विकंप सक [वि + कम्पय्] १ हिलाना, चलाना। २ त्याग करना, छोड़ना। ३ अपने मंडल से बाहर निकलना। ४ भीतर प्रवेश करना। विकंपइ (सुज्ज १, १)। संकृ. विकंपइत्ता (सुज्ज १, ६)।

विकंप वि [विकम्प] कम्प, हिलन (पंचा १८, १५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विकच वि [विकच] विकसित, प्रफुल्ल (दे ७, ८६)।
विकट्ट सक [वि + कृत्] काटना। वकृ. विकट्टंत (संथा ६१)।
विकट्टिय वि [विकृत्त] काटा हुआ (तंदु ४४)।
विकट्ठ देखो विअट्ठ (राज)।
विकड्ढ सक [वि + कृष्] खींचना। विकड्ढ (पराह १, १—पत्र १८)। वकृ. विकड्ढमाण (उवा)।
विकत्त देखो विकट्ट। विकत्तंति (सूअ १, ५, २, २), विकत्ताहि (पराह १,१—पत्र १८)।
विकत्तु वि [विकर्तृ] विक्षेपक, विनाशक; 'अप्पा कत्ता विकत्ता य दुक्खाण य सुहाण य' (उत्त २०, ३७)।
विकत्थ देखो विकंथ। विकत्थइ, विकत्थसि (उव; कुप्र १२५)। वकृ. विकत्थंत (सुपा ३१६)।
विकत्थण न [विकत्थन] १ प्रशंसा, श्लाघा। २ वि. प्रशंसा-कर्ता (पुप्फ ३३०, धर्मवि ३६)।
विकत्थणा स्त्री [विकत्थना] प्रशंसा, श्लाघा (पिंड १२८)।
विकप्प देखो विअप्प (कस; पंचभा)।
विकप्पण न [विकल्पन] छेदन, काटना; 'पओउ(?पउ)लण-विकप्पणाणि य' (पराह १, १—पत्र १८)।
विकप्पणा देखो विअप्पणा (णाया १, १६—पत्र २१८)।
विकप्पिय देखो विगप्पिअ (राज)।
विकय देखो विगय = विकृत (पराह १, १—पत्र २३; १, ३—पत्र ४५)।
विकय देखो विकच (पिंग)।
विकर सक [वि + कृ] विकार पाना। कवकृ. विकीरंत (अच्चु ४७)।
विकरण न [विकरण] विक्षेपण, विनाश; 'कम्मरयविकरणकरं' (णाया १, ८—पत्र १५२)।
विकराल देखो विगराल (दे; राज)।
विकल देखो विअल = विकल; 'कला अविकला तुज्झ' (कुप्र ८; सिरि २२३; पंचा ६, ३६)। देखो विगल = विकल।

विकस देखो विअस। विकसइ (षड्)।
विकसिय देखो विअसिअ (कप्प)।
विकहा देखो विगहा (सम ४६)।
विकारिण वि [विकारिन्] विकार-युक्त; 'बालो अविकारिणो अबुद्धोओ' (पउम २६, ६०)।
विकासर देखो विआसर (हे १, ४३)।
विकिइ देखो विगइ = विकृति (विसे २९६८)।
विकिंचण देखो विगिंचण (ओघभा २०६ टी)।
विकिंचणया देखो विगिंचणया (ओघभा २०६ टी; ठा ८ टी—पत्र ४४१)।
विकिट्ठ वि [विकृष्ट] १ उत्कृष्ट; 'विकिट्ठत-वसोसियंगो' (महा)। २ न. लगातार चार दिनों का उपवास (संबोध ५८)। देखो विगिट्ठ।
विकिण सक [वि + क्री] बेचना। विकिणइ (हे ४, ५२)।
विकिणण न [विक्रयण] विक्रय, बेचना (कुमा)।
विकिण्ण वि [विकीर्ण] १ व्याप्त, भरा हुआ (भग)। २—देखो विइण्ण, विकिन्न = विकीर्ण (दे)।
विकिदि देखो विगइ = विकृति (प्राकृ १२)।
विकिन्न वि [विकीर्ण] १ आकृष्ट (पराह १, १—पत्र १८)। २ देखो विइण्ण = विकीर्ण (पराह १, ३—पत्र ४५)।
विकिय देखो विगिय (ओघभा २८६ टी)।
विकिर अक [वि + कृ] १ बिखरना। २ सक. फेंकना। ३ हिलाना। कवकृ. विइज्जंत, विकिरिज्जमाण (गउड ३३४; राज)।
विकिरण देखो विकरण (तंदु ४१)।
विकिरिया स्त्री [विक्रिया] १ विविध क्रिया। २ विशिष्ट क्रिया (राज)। देखो विक्किरिया।
विकीण देखो विकिण। विकीणइ, विकीणए (षड्)।
विकीरंत देखो विकर।
विकुच्छिअ वि [विकुत्सित] खराब, दुष्ट (भवि)।
विकुज्ज सक [विकुब्जय्] कुब्ज करना, दबाना। संकृ. विकुज्जिय (आचा २, ३, २, ६)।

विकुप्प अक [वि + कुप्] कोप करना। विकुप्पए (गा ६६७)।
विकुव्व देखो विउव्व = वि + कृ, कुर्व्। विकुव्वंति (पि ५०८)। भूका. विकुव्विंसु (पि ५१६)। भवि. विकुव्विस्संति (पि ५३३)। वकृ. विकुव्वमाण; (ठा ३, १—पत्र १२०)।
विकुस पुं [विकुश] बल्वज आदि तृण (औप; णाया १, १ टी—पत्र ६)।
विकूड सक [वि + कूटय्] प्रतिघात करना। विकूडे (विसे ९३३)।
विकूण सक [वि + कूणय्] घृणा से मुंह मोड़ना। विकूणेइ (विवे १०६)।
विकोअ पुं [विकोच] विस्तार, फैलाव (धर्मसं ३६५; भग ५, ७ टी—पत्र २३६)।
विकोव देखो विगोव; 'जो पवयणं विकोवइ सो नेओ दीहसंसारी' (चेइय ८३०)।
विकोवण न [विकोपन] विकास, प्रसार, फैलाव; 'सीसमइविकोवणट्ठाए' (पिंड ६७)।
विकोवणया स्त्री [विकोपना] विपाक; 'इंदिअत्थविकोवणयाए' (ठा ६—पत्र ४४६)।
विकोविय वि [विकोविद] कुशल, निपुण (पिंड ४३१)।
विकोस वि [विकोश] कोश-रहित (तंदु २०)।
विकोस } अक [विकोशाय्] १ कोश-रहित होना, विकसना। २
विकोसाय } फैलना। विकोसइ (हे ४, ४२)। वकृ. विकोसायंत (पराह १, ४—पत्र ७८)।
विकोसिअ वि [विकोशित] १ विकसित (कुमा)। २ कोश-रहित, नंगा (णाया १, ८—पत्र १३३)।
विक्क सक [वि + क्री] बेचना। वकृ. विक्कंत (पउम २६, ९)। कवकृ. विक्कायमाण (दस ५, १, ७२)।
विक्कअ पुं [विक्रय] बेचना (अभि १८४; गउड; सं ४६)।
विक्कअ देखो विक्कव (षड्)।
विक्कइ वि [विक्रयिन्] बेचनेवाला (दे २, ६८)।

विक्कंत देखो विक्क।

विक्कंत वि [विक्रान्त] १ पराक्रमी, शूर (णाया १, १—पत्र २१; विसे १०५६; प्रासू १०७; कप्प)। २ पुं. पहली नरक-भूमि का बारहवाँ नरकेन्द्रक—नरक-स्थान विशेष (देवेन्द्र ५)।

विक्कंति स्त्री [विक्रान्ति] विक्रम, पराक्रम (णाया १, १६—पत्र २११)।

विक्कंभ देखो विक्खंभ = विष्कम्भ (देवेन्द्र ३०६)।

विक्कणग न [विक्रयण] विक्रय, बेचना (सुपा ६०६, सट्ठि ६ टी)।

विक्कम अक [वि + क्रम्] पराक्रम करना, शूरता दिखलाना। भवि. विक्कमिस्सदि (शौ) (पार्थ ६)।

विक्कम पुं [विक्रम] १ शौर्य, पराक्रम (कुमा)। २ सामर्थ्य (गउड)। ३ एक राजा का नाम (सुपा ५६१)। ४ राजा विक्रमादित्य (रंभा ७)। °जस पुं [°यशस्] एक राजा (महा)। °पुर न [°पुर] एक नगर का नाम (ती २१)। °राय पुं [°राज] एक राजा (महा)। °सेण पुं [°सेन] एक राज-कुमार (सुपा ५६२)। °इच्च, °इत्त पुं [°ादित्य] एक सुप्रसिद्ध राजा (गा ४६४ अ; सम्मत्त १४६; सुपा ५६२; गा ४६४)।

विक्कमण पुं [दे] चतुर चालवाला घोड़ा (दे ७, ६७)।

विक्कमि वि [विक्रमिन्] पराक्रमी, शूर (कुमा)।

विक्कव वि [विक्लव] व्याकुल, बेचैन (पव १६६; प्राप्र; संबोध २१)।

विक्कायमाण देखो विक्क।

विक्कि देखो विक्कइ; 'ते नाणविक्किणो पुण मिच्छत्तपरा, न ते मुणिणो' (संबोध १६)।

विक्किअ वि [दे] संस्कृत, सुधारा हुआ (दस ७, ४३)।

विक्कित वि [विकृत्त] छिन्न, काटा हुआ (पण्ह १, ३—पत्र ५४)।

विक्किट्ठ देखो विकिट्ठ (संबोध ५८)।

विक्किण सक [वि + क्री] बेचना। विक्किणइ (प्राप्र)। कर्म. विक्किणीअंति (पि ५४८)। वकृ. विक्किणंत, विक्किणिंत (पि ३६७; सुपा २७६)। संकृ. विक्किणिअ (नाट—मृच्छ ६५)।

विक्किणिअ, विक्किय वि [विक्रीत] बेचा हुआ (सुपा ६४२; भवि)।

विक्किय देखो विउव्व = वैक्रिय; 'कयविक्कियरूवो सुरो व्व लक्खियसि' (सुपा १८७), 'कयविक्किय-काओ देवुव्व' (सम्मत्त १०४)।

विकिर सक [वि + कृ] बिखेरना, छितराना, फैलाना। कवकृ. विकिरिज्जमाण (राय १४)।

विकिरिया स्त्री [विक्रिया] विकृति, विकार; 'तीए नयणाइएहिं विकिरियं कुणइ' (सुपा ५१४)। देखो विकिरिया।

विक्कीय देखो विक्किय = विक्रीत (सुर ६, १६५; सुपा ३८५)।

विक्के सक [वि + क्री] बेचना। विक्केइ, विक्केअइ (हे ४, ५२; प्राप्र; धात्वा १५२)। कृ. विक्केज्ज (दे ६, ४०; ७, ६६)।

विक्केणुअ वि [दे] विक्रेय, बेचने योग्य (दे ७, ६६)।

विक्कोण पुं [विकोण] विकूणन, घृणा से मुँह सिकुड़ना (दे ३, २८)।

विक्कोस सक [वि + क्रुश्] चिल्लाना। विक्कोश (मा) (मृच्छ २७)।

विक्खंभ पुं [दे] १ स्थान, जगह (दे ७, ८८)। २ अंतराल, बीच का भाग (दे ७, ८८; से ६, ५७)। ३ विवर, छिद्र (से ३, १४)।

विक्खंभ पुं [विष्कम्भ] १ विस्तार (पण्ण १—पत्र ५२; ठा ४, २—पत्र २२६; दे ७, ८८; पाअ)। २ चौड़ाई; 'जंबुद्दीवे दीवे एगं जोयणसहस्सं आयामविक्खंभेण पण्णत्ते' (सम २)। ३ बाहुल्य, स्थूलता, मोटाई (सुज्ज १, १—पत्र ७)। ४ प्रतिबन्ध, निरोध (सम्यक्त्वो ८)। ५ नाटक का एक अंग (कप्पू)। ६ द्वार के दोनों तरफ के बीच का अन्तर (ठा ४, २—पत्र २२५)।

विक्खंभिअ वि [विष्कम्भित] निरुद्ध, रोका हुआ (सम्यक्त्वो ८)।

विक्खण न [दे] कार्य, काम, काज (दे ७, ६४)।

विक्खय वि [विक्षत] व्रण-युक्त, कृत-व्रण (भग ७, ६—पत्र ३०७)।

विक्खर सक [वि + कृ] १ छितरना, तितर-बितर करना। २ फैलाना। ३ इधर उधर फेंकना। विक्खरइ (कप्पू), विक्खरेज्जा (उत्ता २०० टि)। कवकृ. विक्खरिज्जमाण (राज)।

विक्खवण न [विक्षपण] १ विनाश। २ वि. विनाशक; 'वज्जं प्रसंलपडिवक्खविक्खवणं' (सुपा ४७)।

विक्खाइ स्त्री [विख्याति] प्रसिद्धि (भवि)।

विक्खाय वि [विख्यात] प्रसिद्ध, विश्रुत (पाअ; सुर १, ४६; रंभा; महा)।

विक्खास वि [दे] विरूप, खराब, कुत्सित (दे ७, ६३)।

विक्खिण्ण वि [दे] १ आयत, लम्बा। २ अवतीर्ण। ३ न. जघन (दे ७, ८८)।

विक्खिण्ण देखो विकिण्ण (कस)।

विक्खित्त वि [विक्षिप्त] १ फेंका हुआ (पाअ; कस; गउड)। २ भ्रान्त, पागल; 'पसुत्तविक्खित्तजणे परियणे' (उप ७२८ टी; दे १, १३३; महा)।

विक्खिर देखो विक्खर। विक्खिरेज्जा (उत्ता)।

विक्खिरिअ वि [विकीर्ण] बिखरा हुआ, छितरा हुआ, फैला हुआ (सुर ५, २०६; सुपा २४६; गउड)।

विक्खिव सक [वि + क्षिप्] १ दूर करना। २ प्रेरना। ३ फेंकना। विक्खिवइ (महा)।

विक्खिवण न [विक्षेपण] १ दूरीकरण। २ प्रेरणा (पव ६४)।

विक्खेव पुं [विक्षेप] १ क्षोभ; 'छोहो विक्खेवो' (पाअ)। २ उचाट, ग्लानि, खेद (से ५, ३)। ३ ऊँचा फेंकना, ऊर्ध्व-क्षेपण (ओघभा १६३)। ४ फेंकना, क्षेपण (गा ५८२)। ५ शृंगार-विशेष, अवज्ञा से किया हुआ मण्डन (पण्ह २, ४—पत्र १३२)। ६ चित्त-भ्रम (स २८२)। ७ विलंब, देरी (स ७३५)। ८ सैन्य, लश्कर (स २४; ५७३)।

विक्खेवणी स्त्री [विक्षेपणी] कथा का एक भेद (ठा ४, २—पत्र २१०)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**विक्खेविया** स्त्री [ विक्षेपिका ] व्याक्षेप, विक्षेप (वव ६)।

**विक्खोड** सक [दे] निन्दा करना; गुजराती में 'वखोडवु''। विक्खोडेइ (सिरि ८२५)।

**विखंडिय** वि [विखण्डित] खण्डित किया हुआ (पउम २२, ६२)।

**विग** देखो **विअ** = वृक (पण्ह १, १—पत्र ७; सण; णाया १, १—पत्र ६५)।

**विगइ** स्त्री [विकृति] १ विकार-जनक घृत आदि वस्तु (णाया १, ८—पत्र १२२; उव; सं ७२; श्रा २०)। २ विकार (उत्त ३२, १०१)।

**विगइ** स्त्री [विगति] विनाश (विसे २१४६)।

**विगइंगाल** वि [विगताङ्गार] राग-रहित (ओघ ५७६)।

**विगइच्छ** वि [विगतेच्छ] इच्छा-रहित, निःस्पृह (उप १३० टी; ६१३)।

**विगंच** देखो **विगिंच**। संकृ. **विगंचिउं, विगंचिऊण** (वव २; संबोध ५७)।

**विगंचण** देखो **विगिंचण**; 'काए कंडुयणं वज्जे तहा खेलविगंचणं' (संबोध ३)।

**विगंचिअ** देखो **विइंचिअ** (स १३५ टि)।

**विगच्छ** अक [ वि + गम् ] नष्ट होना। वकृ. **विगच्छंत** (सम्म १३४)।

**विगज्झ** देखो **विगह** = वि + ग्रह्।

**विगड** देखो **विअग** = विकट (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप)।

**विगड** देखो **विअड** = विवृत (ठा ३, १ टी—पत्र १२२)।

**विगण** सक [ वि + गणय् ] १ निन्दा करना। २ घृणा करना। कवकृ. **विगणिज्जंत** (तंदु १४)।

**विगत्त** सक [ वि + कृत् ] काटना, छेदना। संकृ. **विगत्तिऊणं** (सूअ १, ५, २, ८)।

**विगत्त** वि [विकृत्त] काटा हुआ, छिन्न (पण्ह १, १—पत्र १८)।

**विगत्तग** वि [विकर्तक] काटनेवाला (सूअ २, २, ६२)।

**विगत्तणा** स्त्री [विकर्तना] छेदन (उव)।

**विगत्थय** वि [विकत्थक] प्रशंसा करनेवाला, आत्मश्लाघा करनेवाला (भवि)।

**विगप्प** देखो **विअप्प** = वि + कल्पय्। वकृ. **विगप्पयंत, विगप्पमाण** (सुर ६, २२४; ३, १२४)।

**विगप्प** पुं [विकल्प] १ एक पक्ष में प्राप्ति; 'चसद्दो विगप्पेणं' (पंच ३, ४४)। २ देखो **विअप्प** = विकल्प (णाया १, १६—पत्र २१८; सुर ३, १०२; ४, २२२; सुपा १२६; जी २५)।

**विगप्पण** देखो **विअप्पण** (उत्तर २३, ३२; महा)।

**विगप्पिअ** वि [विकल्पित] १ उत्प्रेक्षित, कल्पित (पव २; उव)। २ चिन्तित, विचारित (पव १४५)। ३ काटा हुआ, छिन्न; 'हत्थपायपडिच्छिन्नं कन्ननासविगप्पिअं' (दस ८,५६)।

**विगम** पुं [विगम] विनाश (सुर ७, २२६; १२, ११)।

**विगय** वि [विकृत] विकार-प्राप्त (णाया १, २—पत्र ७६; १, ८—पत्र १३३)।

**विगय** वि [विगत] १ नाश-प्राप्त, विनष्ट (सम्म १३४; विसे ३३७७; पिंड ६१०)। २ पुं. एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। °**धूम** वि [°धूम] द्वेष-रहित (ओघ ५७६)। °**सोग** पुं [°शोक] एक महा-ग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८), देखो **वीअ-सोग**। °**सोगा** स्त्री [°शोका] विजय-विशेष की एक नगरी (ठा २, ३—पत्र ८०)।

**विगरण** न [विकरण] परिष्ठापन, परित्याग (कस)।

**विगरह** सक [ वि + गर्ह् ] निन्दा करना। वकृ. **विगरहमाण** (सूअ २, ६, १२)।

**विगराल** वि [विकराल] भीषण, भयंकर (सुपा १८२; ५०५; सण)।

**विगल** सक [ वि + गल् ] टपकना, चूना। विगलइ (षड्)।

**विगल** पुं [विकल] १ विकलेन्द्रिय—दो, तीन या चार ज्ञानेन्द्रियवाला जन्तु (कम्म ३, १६; ४, ३; १५; १६; जी ४१)। २ देखो **विअल** = विकल (उव; उप पृ १८१; पंचा १४, ४७)। °**दिस** पुं [°देश] नय-वाक्य (अज्झ ६२)।

**विगलिंदिय** पुं [विकलेन्द्रिय] दो, तीन या चार इन्द्रियवाला जन्तु (ठा २, २; ३, १—पत्र १२१)।

**विगस** अक [ वि + कस् ] खिलना, फूलना। विगसंति (तंदु ५३)। वकृ. **विगसंत** (णाया १, १—पत्र १६)।

**विगह** सक [ वि + ग्रह् ] १ लड़ाई करना। २ वर्ग-मूल निकालना। ३ समास आदि का समानार्थक वाक्य बनाना। संकृ. 'भूओ भूओ विगज्झ मूलतिगं' (पंचा २, १८)।

**विगह** देखो **विग्गह**; 'हासदवविवज्जिए विगह-मुक्के' (गच्छ २, ३३)।

**विगहा** स्त्री [विकथा] शास्त्र-विरुद्ध वार्त्ता, स्त्री आदि की अनुपयोगी बात (भग; उव; सुर १४, ८८; सुपा २५२; गच्छ १, ११)।

**विगाढ** वि [विगाढ] १ विशेष गाढ, अतिशय निबिड (उत्त १०, ४ टी)। २ चारों ओर से व्याप्त (राज)।

**विगाण** न [विगान] १ वचनीय, लोकापवाद (दे ३, ३)। २ विप्रतिपत्ति, विरोध (धर्मसं २६६; चेइय ७५६)।

**विगार** पुं [विकार] विकृति, प्रकृति का अन्यथा परिणाम (उव ६८६ टी; विसे १६८८)।

**विगारि** वि [विकारिन्] विकृत होनेवाला (पिंड २८०; पउम १०१, ४८)।

**विगाल** देखो **विआल** = विकाल (सुर १, ११७)।

**विगालिय** वि [विगालित] विलम्बित, प्रतीक्षित; 'एत्तियमेत्तं कालं विमा (?गा)लियं जेण आसाए' (सुर ६, २३)।

**विगाह** सक [ वि + गाह् ] १ अवगाहन करना। २ प्रवेश करना। संकृ. **विगाहिआ** (सम ५०)।

**विगिंच** सक [ वि + विच् ] १ पृथक् करना, अलग करना। २ परित्याग करना। ३ विनाश करना। विगिंचइ, विगिंचए, विगिंचंति (आचा; कस; श्रावक २६२ टी; सूअ १, १, ४, १२; पिंड ३६६), विगिंच (सूअ १, १३, २१; उत्त ३, १३; पिंड ३६५)। वकृ. **विगिंचंत, विगिंचमाण** (श्रावक २६२ टी; आचा)। संकृ. **विगिंचिऊणं, विगिंचित्ता** (पिंड ३०५; आचा)।

हेकृ. विगिंचिउं (पिंड ३६८)। कृ. विगिंचियव्व (पि ५७०)।

**विगिंचण** न [विवेचन] परिष्ठापन, परित्याग (पिंड ४८३; कस)।

**विगिंचणया** } स्त्री [विवेचना] १ निर्जरा, विनाश (ठा ८—पत्र ४४१)। २ परित्याग (ओघभा २०६; स ५१; ओघ ६०६; ८७)।
**विगिंचणा** }
**विगिंचाणआ** }

**विगिच्छा** स्त्री [विचिकित्सा] संदेह, संशय, वहम (श्रा ३; पडि)।

**विगिट्ठ** देखो विकिट्ठ; 'अन्ने तवं विगिट्ठं काउं थोवावसेससंसारा' (पउम २, ८३; ४, २७; गच्छ २, २५; उत्त ३६, २५३)। °**खमग** पुं [°क्षपक] तपस्वी साधु (राज)। °**भत्तिय** वि [°भक्तिक] लगातार चार या उससे अधिक दिनों का उपवास करनेवाला (कप्प)।

**विगिय** देखो विगय = विकृत (ओघभा २८६)।

**विगिला** } अक [वि + ग्लै] विशेष ग्लान होना, खिन्न होना। विगिलाइ, विगिलाएज्जा (पि १३६; आचा २, २, ३, २८)।
**विगिलाअ** }

**विगुण** वि [विगुण] १ गुण-रहित (सिरि १२३३; प्रासू ७१)। २ अननुगुण, प्रतिकूल (पंचा ६, ३२)।

**विगुत्त** वि [विगुप्त] १ तिरस्कृत, अवधीरित (श्रा १२)। २ जो खुला पड़ गया हो वह, जिसकी पोल खुल गई हो वह, जिसकी फजीहत हुई हो वह; 'सदुक्कयविगुत्तो' (श्रा १४; धर्मवि ७७)।

**विगुप्प°** देखो विगोव।

**विगुव्वणा** देखो विउव्वणा (ठा १—पत्र १६)।

**विगुव्विय** देखो विउव्विअ (पउम ३६, ३२)।

**विगोइय** वि [विगोपित] जिसका दोष प्रकट किया गया हो वह (सण)।

**विगोव** सक [वि + गोपय्] १ प्रकाशित करना। २ तिरस्कार करना। ३ फजीहत करना। भवि. 'न खु न खु चउवेयपुत्तगो भोदुं सुद्दविखं पव्वजिय अप्पाणं विगोविस्सं' (मोह १०)। कर्म. विगुप्पसु (धर्मवि १३४), विगुप्पिहि (अप) (भवि)। संकृ. विगोवित्ता, विगोवइत्ता (कप्प; णाया १, १६—पत्र २४४)।

**विगोवण** न [विकोपन] विकास; 'तहवि य दंसिज्जंतो सीसमइविगोवणमदुट्ठं' (श्रावक २२८)।

**विग्गह** पुं [विग्रह] १ वक्रता, बाँक (ठा २, ४—पत्र ८६)। २ शरीर, देह (पाअ; स ७२६; सुपा १६)। ३ युद्ध, लड़ाई (स ६३४)। ४ समास आदि के समान अर्थवाला वाक्य (विसे १००२)। ५ विभाग (ठा १०)। ६ आकृति, आकार; 'वरवइरविग्गहए' (भग २, ८)। °**गइ** स्त्री [°गति] बाँकवाली गति, वक्र गति (ठा २, १—पत्र ५५; भग)।

**विग्गहिय** वि [वैग्रहिक] शरीर के अनुरूप; 'विग्गहिय उन्नयकुच्छी' (पण्ह १, ४—पत्र ७८)।

**विग्गहीअ** वि [विग्रहिक] युद्ध-प्रिय; 'जे विग्गहीए अन्नायभासी' (सूअ १, १३, ६)।

**विग्गाहा** (अप) स्त्री [विगाथा] छन्द-विशेष (पिंग)।

**विग्गुत्त** वि [दे] व्याकुल किया हुआ (भवि)।

**विग्गुत्त** देखो विगुत्त (धर्मवि ५८; ६८)।

**विग्गोव** देखो विगोव। संकृ. विग्गोवित्ता (कप्प; औप)।

**विग्गोव** पुं [दे] आकुलता, व्याकुलता (दे ७, ६४; भवि; वज्जा २३)।

**विग्गोवणया** स्त्री [विगोपना] १ तिरस्कार। २ फजीहत (उव)।

**विग्घ** पुंन [विघ्न] १ अन्तराय, व्याघात, प्रतिबन्ध (सुपा ३६५; कुमा; प्रासू ५४; १३५; कप्प; कम्म १, ६१; षड्)। २ कर्म-विशेष, आत्मा के वीर्य, दान आदि शक्तियों का घातक कर्म (कम्म १, ५२; ५३)। °**कर** वि [°कर] प्रतिबन्ध-कर्त्ता (कम्म १, ६१)। °**ह** वि [°घ्न] विघ्न-नाशक (श्रु ७५)। °**विह** वि [°विह] विघ्नवाला (सुर १, ४३)।

**विग्घर** वि [विगृह] गृह-रहित; 'तह उग्घर-विग्घरनिरंगणोवि न य इच्छियं लहइ' (णाया १, १० टी—पत्र १७१)।

**विग्घिय** वि [विघ्नित] विघ्न-युक्त (हम्मीर १४)।

**विग्घुट्ठ** वि [विघुष्ट] चिल्लाया हुआ (विपा १, २—पत्र २६)। देखो विघुट्ठ।

**विघट्ट** सक [वि + घट्टय्] १ वियुक्त करना। २ विनाश करना। विघट्टेइ (नाट)।

**विघट्टण** न [विघट्टन] विनाश (नाट)।

**विघडण** देखो विहडण (राज)।

**विघत्थ** वि [विघस्त. विग्रस्त] १ विशेष रूप से भक्षित। २ व्याप्त; 'वाहिविघत्थस्स मच्छस्स' (महा; प्राप्र)।

**विघर** देखो विग्घर (उव)।

**विघाय** पुं [विघात] विनाश (कुमा)।

**विघायग** वि [विघातक] विनाश-कर्ता (धर्मसं ५२६)।

**विघुट्ठ** न [विघुष्ट] विरूप आवाज करना (पण्ह १, ३—पत्र ४५)। देखो विग्घुट्ठ।

**विघुम्म** अक [वि + घूर्णय्] डोलना। वकृ. विघुम्ममाण (सुर ३, १०६)।

**विचक्खु** वि [विचक्षुष्क] चक्षु-रहित, अन्धा (उप ७२८ टी)।

**विचच्चिया** स्त्री [विचर्चिका] रोग-विशेष, पामा (राज)।

**विचलिर** वि [विचलितृ] चलायमान होने-वाला (सण)।

**विचल्लिय** वि [विचलित] चंचल बना हुआ (भवि)।

**विचार** देखो विआर = वि + चारय्। विचारेंति (मुच्छ १०४)।

**विचारग** वि [विचारक] विचार-कर्ता (रंभा)।

**विचारग** देखो विआरण = विचारण (कुप्र ३६७)।

**विचारणा** देखो विआरणा = विचारणा (धर्मसं ३०६)।

**विचाल** न [विचाल] अन्तराल (दे ७, ८८)।

**विचिअ** वि [विचित] चुना हुआ (दे ७, ६१)।

**विचिंत** सक [वि + चिन्तय्] विचार करना। विचिंतेइ (महा)। वकृ. विचिंतेंत (सुर १२, १६६)। कृ. विचिंतियव्व, विचिंतिज्ज (पंचा ६, ४६; द्रव्य ५०)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**विचिंतण** न [विचिन्तन] विचार, विमर्श (श्रु ६)।

**विचिंतिअ** वि [विचिन्तित] विचारित (सुर ८, ३)।

**विचिंतिर** वि [विचिन्तयितृ] विचार-कर्ता (श्रा १२; सण)।

**विचिक्की** स्त्री [दे] वाद्य-विशेष (राय ४६)।

**विचिगिच्छा** स्त्री [विचिकित्सा] संशय, धर्म-कार्य के फल की तरफ संदेह (सम्मत्त ६५)।

**विचिट्ठिअ** वि [विचेष्टित] १ जिसकी कोशिश की गई हो वह (सुपा ४७०)। २ न. चेष्टा, प्रयत्न (उप ३२० टी)।

**विचिण** } सक [वि + चि] १ खोज **विचिण्ण** } करना। २ फूल आदि चुनना। विचिणंति (पि ५०२)। वकृ. विचिण्णंत (मा ४६)।

**विचित्त** वि [विचित्र] १ विविध, अनेक तरह का; 'विचित्ततवो कम्मेहिं' (महा; राय; प्रासू ४२)। २ अद्भुत, आश्चर्यकारक; 'विहिणो विचित्तयं जाणिऊणं' (सुर १३, ४)। ३ अनेक रँगवाला, शबल (णाया १, ६; कप्प)। ४ अनेक चित्रों से युक्त (कप्प; सुज्ज २०)। ५ पुं. पर्वत-विशेष (पण्ह १, ५—पत्र ६४)। ६ वेणुदेव और वेणुदालि नामक इन्द्रों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७)। °कूड पुं [°कूट] शीतोदा नदी के किनारे पर स्थित पर्वत-विशेष (इक)। °पक्ख पुं [°पक्ष] १ वेणुदेव और वेणुदालि नामक इन्द्रों का एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; इक)। २ चतुरिन्द्रिय जंतु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४६)।

**विचित्ता** स्त्री [विचित्रा] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ७—पत्र ४३७)। २ अधोलोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (राज)।

**विचित्तिय** वि [विचित्रित] विचित्रता से युक्त (सण)।

**विचुणिद** (शौ) देखो विचिअ (नाट—मालती १४१)।

**विचुन्नण** न [विचूर्णन] चूर-चूर करना, टुकड़ा-टुकड़ा करना (द्र ३०)।

**विचेयण** वि [विचेतन] चैतन्य-रहित, निर्जीव (उप पृ ४१)।

**विचेल** वि [विचेल] वस्त्र-वर्जित, नंगा (पिंड ४७८)।

**विच्च** सक [वि + अय्] व्यय करना। विच्चेइ (ती ८)। देखो विव्व।

**विच्च** पुंन [दे] व्यूत, बुनने की क्रिया (राय ८२)।

**विच्च** न [दे. वर्त्मन्] १ बीच, मध्य; 'विच्चम्मि य सज्झाओ कायव्वो परमपयहेऊ' (पुप्फ ४२७), 'ठिओ अहं कुडकवाडविच्चे' (निसा १६)। २ मार्ग, रास्ता (हे ४, ४२१; कुमा; भवि)।

**विच्च** सक [दे] समीप में आना। विच्चइ (भवि)।

**विच्चवण** न [विच्यवन] भ्रंश, विनाश (विसे २९१)।

**विच्चामेलिय** वि [व्यत्याम्रेडित] १ भिन्न भिन्न अंशों से मिश्रित। २ अस्थान में ही छिन्न हो कर फिर ग्रथित, तोड़ कर साँधा हुआ (विसे ८५५)।

**विच्चाय** पुं [विस्याग] परित्याग; 'पूयम्मि वीयरायं भावो विप्फुरइ विसयविच्चाया' (संबोध ८)।

**विचि** स्त्री [वीचि] तरंग, कल्लोल (पउम १०६, ४१)।

**विच्चु** } देखो विंचुअ (उप ५९३; पि **विच्चुअ** } ५०; पण्ण १—पत्र ४६)।

**विच्चुइ** स्त्री [विच्युति] भ्रंश, विनाश (विसे १८०)।

**विच्चोअय** न [दे] उपधान, ओसीसा (दे ७, ६८)।

**विच्छ°** देखो विअ = विद्।

**विच्छड्ड** सक [वि + छर्दय्] परित्याग करना। वकृ. विच्छड्डेमाण (णाया १, १८—पत्र २३९)। संकृ. विच्छड्डइत्ता (कप्प)।

**विच्छड्ड** पुं [विच्छर्द] १ ऋद्धि, वैभव, संपत्ति (पाअ; दे ७, ३२ टी; हे २, ३६; षड्)। २ विस्तार (कुमा; सुपा १९२)।

**विच्छड्ड** पुं [दे] १ निवह, समूह (दे ७, ३२; गउड; से २, २; ६, ७२; गा ३८७)। २ ठाटबाट, सजधज, धूमधाम; 'महया विच्छड्डेणं सोहणलग्गम्मि गुरुपमोएणं। कमलावई उ रन्ना परिणीया' (सुर १, १६६; कुप्र ४१; सम्मत्त १९३; धर्मवि ८२)।

**विच्छड्डि** स्त्री [विच्छर्दि] १ विशेष वमन। २ परित्याग (प्राप्र)। ३ विस्तार; 'निम्मलो केवलालोअलच्छिविच्छि-( ?च्छ )ड्डिकारओ' (सिरि १०९१)।

**विच्छड्डिअ** वि [विच्छर्दित] १ परित्यक्त; 'पामुक्कं विच्छड्डिअं अवहत्थिअं उज्झिअं चत्तं' (पाअ; णाया १, १; ठा ८; औप)। २ विक्षिप्त, फेंका हुआ (से १०, ४६)। ४ विच्छादित, आच्छादित (हम्मीर १७)।

**विच्छड्डेमाण** देखो विच्छड्ड = वि + छर्दय्।

**विच्छद्दिअ** देखो विच्छड्डिअ (नाट—मालती १२६)।

**विच्छय** वि [विक्षत] विविध तरह से पीड़ित (सूअ १, २, ३, ५)। देखो विक्खय।

**विच्छल** देखो विब्भल (षड् ४०)।

**विच्छवि** वि [विच्छवि] १ विरूप आकृति-वाला, कुडौल (पण्ह १, ३—पत्र ५४)। २ पुं. एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)।

**विच्छाइय** वि [विच्छायित] निस्तेज किया हुआ (सुपा १६६)।

**विच्छाय** वि [विच्छाय] निस्तेज, कान्ति-रहित, फीका (सुर ४, १०६; कप्पू; प्रासू १३७; महा; गउड)।

**विच्छाय** सक [विच्छायय्] निस्तेज करना; 'विच्छाएइ मियंकं तुसारवरिसो अणुगुणोवि' (गउड)। वकृ. विच्छाअंत (कप्पू)।

**विच्छिअ** वि [दे] १ पाटित, विदारित। २ विचित, चुना हुआ। ३ विरल (दे ७, ९१)।

**विच्छिअ** देखो विंछिअ (उत्त ३६, १४८; पि ५०; ११८; ३०१)।

**विच्छिंद** सक [वि + छिद्] तोड़ना, अलग करना। विच्छिंदइ (पि ५०६)। भवि. विच्छिंदिहिति (पि ५३२)। वकृ. विच्छिंदमाण (भग ८, ३—पत्र ३६५)।

**विच्छिण्ण** वि [विच्छिन्न] अलग किया हुआ (विपा १, २ टि—पत्र २८; नाट—मृच्छ ८६)।

विच्छित्ति स्त्री [विच्छित्ति] १ विन्यास, रचना (पाम्र; स ६१५; सुपा ५४; ८३; २६०; गउड)। २ प्रान्त भाग (सुर ३, ७०)। ३ अंगराग (गा ७८०)।

विच्छिन्न देखो विच्छिण्ण (विपा १, २ टी—पत्र २८)।

विच्छिव सक [वि + स्पृश्] विशेष रूप से स्पर्श करना। कवकृ. विच्छिप्पमाण (कप्प; औप)।

विच्छिव सक [वि + क्षिप्] फेंकना। संकृ. विच्छिविअ (नाट—चैत ३८)।

विच्छु, विच्छुअ } देखो विंचुअ (गा २३७; जी १८; उत्त ३६, १४८; प्रासू ११; णाया १, ८—पत्र १३३)।

विच्छुडिअ वि [विच्छुटित] १ बिछुड़ा हुआ, जो अलग हुआ हो, विरहित; 'जहवि हु कालवसेणं ससी समुद्दाओ कहवि विछु (?च्छु)डिओ' (वज्जा १५६)। २ मुक्त (राज)।

विच्छुरिअ वि [दे] अपूर्व, अद्‌भुत (षड्)।

विच्छुरिअ वि [विच्छुरित] १ खचित, जड़ा हुआ; 'खचिअं विच्छुरिअयं जडिअं' (पाअ)। २ संबद्ध, जोड़ा हुआ (से १४, ७६)। ३ व्याप्त (पउम २, १०१; सुपा ६; २१२; सुर २, २२१)।

विच्छुह सक [वि + क्षिप्] फेंकना, दूर करना। विच्छुहइ (से १०, ७३; गा ४२४ अ)। कृ. विच्छूढव्व (से १०, ५३)।

विच्छुह अक [वि + क्षुभ्] विक्षोभ करना, चंचल हो उठना। विच्छुहिरे (हे ३, १४२)।

विच्छूढ वि [विक्षिप्त] १ फेंका हुआ, दूर किया हुआ (से ६, १६)। २ प्रेरित (पाअ)।

विच्छूढ वि [दे] वियुक्त, विरहित, विघटित; 'विच्छूढा जूहाओ' (स ६७८)।

विच्छूढव्व देखो विच्छुह = वि + क्षिप्।

विच्छेअ पुं [दे] १ विलास। २ जघन (दे ७, ६०)।

विच्छेअ पुं [विच्छेद] १ विभाग, पृथक्करण (विसे १००६)। २ वियोग (गा ६१३)। ३ अनुबन्ध-विनाश, प्रवाह-निरोध (कप्पू)।

विच्छेअण न [विच्छेदन] ऊपर देखो (राज)।

विच्छेअय वि [विच्छेदक] विच्छेद-कर्ता (भवि)।

विच्छेइ वि [विच्छेदिन्] ऊपर देखो (कुप्र २२)।

विच्छेइअ वि [विच्छेदित] विच्छिन्न किया हुआ (नाट—विक्र ८२)।

विच्छोइय वि [दे] विरहित (भवि)।

विच्छोड देखो विच्छोल। संकृ. विच्छोडिवि (अप) (हे ४, ४३६)।

विच्छोम पुं [दे. विदर्भ] नगर-विशेष; 'विदर्भे विच्छोमो' (प्राकृ ३८)।

विच्छोय पुं [दे] विरह, वियोग (भवि)। देखो विच्छोह।

विच्छोल सक [कम्पय्] कँपाना। विच्छोलइ (हे ४, ४६)। वकृ. विच्छोलंत, विच्छोलित (कप्पू; सुर १०, १०७; १५, १३)।

विच्छोलिअ वि [कम्पित] कँपाया हुआ (कुमा; गउड)।

विच्छोलिअ वि [विच्छोलित] धौत, धोया हुआ; 'धोअं विच्छोलिअं' (पाअ)।

विच्छोव सक [दे] वियुक्त करना, विरहित करना;

'कालेण रूढपेम्मे परोप्परं
हिययनिव्वडियभावे।
अकलुणहियओ एसो
विच्छोवइ सत्तसंघाए'
(स १८६)।

विच्छोह पुं [दे] विरह, वियोग (दे ७, ६२; हे ४, २६६)।

विच्छोह पुं [विक्षोभ] १ विक्षेप; 'जे संमुहागअबोलतवलिअपिअपेसिअच्छिविच्छोहा' (गा २१०), 'पुलइयकवोलमूला विमुक्ककडक्खविच्छोहा' (सम्मत्त १६१)। २ चंचलता (उप पृ १५८)।

विछल सक [वि + छलय्] छलित करना, ठगना। कर्म. विछलिज्जइ (महा)।

विछोय देखो विच्छोव। विछोयइ (स १८६ टि)।

विजइ वि [विजयिन्] विजेता, जीतनेवाला (कप्पू; नाट—विक्र ५)।

विजंभ देखो विअंभ = वि + जृम्भ्। वकृ. विजंभंत (काप्र १८६)।

विजढ वि [वित्यक्त] परित्यक्त (उत्त ३६, ८३; सुख ३६, ८३; ओघ २४६)।

विजण देखो विअण = विजन। 'लक्खण ! देसो इमो विजणो' (पउम ३३, १३; हे १, १७७; कुमा)।

विजय सक [वि + जि] १ जीतना, फतह करना। २ अक. उत्कर्ष से वर्त्तना, उत्कर्ष-युक्त होना। विजयइ (पव २७६—गाथा १५६६); 'विजयतु ते पएसा विहरेइ जत्थ वीरजिणनाहो' (धर्मवि २२)। कृ. विजेतव्व (पै) (कुमा)।

विजय पुं [विजय] १ निर्णय, शास्त्र के अर्थ का ज्ञान-पूर्वक निश्चय (ठा ४, १—पत्र १८८; सुज्ज १०, २२)। २ अनुचिन्तन, विमर्श (औप)।

विजय पुं [विजय] आश्रय, स्थान (दस ६, ५६)।

विजय पुं [विजय] १ जय, जीत, फतह (कुमा; कम्म १, ५५; अभि ८१)। २ एक देव-विमान (अनु; सम ५७; ५८)। ३ विजय-विमान-निवासी देवता (सम ५६)। ४ एक मुहूर्त, अहोरात्र का बारहवाँ या सतरहवाँ मुहूर्त (सम ५१; सुज्ज १०, १३; कप्प; णाया १, ८—पत्र १३३)। ५ भगवान् नमिनाथजी का पिता (सम १५१)। ६ भारतवर्ष के बीसवें भावी जिनदेव (सम १५४; पव ४६)। ७ तृतीय चक्रवर्ती के पिता का नाम (सम १५२)। ८ आश्विन मास (सुज्ज १०, १६)। भारतवर्ष में उत्पन्न द्वितीय बलदेव (सम ८४; १५८ टी; अनु; पव २०६)। १० भारतवर्ष का भावी दूसरा बलदेव (सम १५४)। ११ ग्यारहवें चक्रवर्ती राजा का पिता (सम १५२)। १२ एक राजा (उप ७६८ टी)। १३ एक क्षत्रिय का नाम (विपा १, १—पत्र ४)। १४ भगवान् चन्द्रप्रभ का शासन-देव (संति ७)। १५ जंबूद्वीप का पूर्व द्वार। १६ उस द्वार का अधिष्ठाता देव (ठा ४, २—पत्र २२५)। १७ लवण समुद्र का पूर्व द्वार। १८ उस द्वार का अधिपति देव (ठा ४, २—पत्र



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२२६; इक)। १६ क्षेत्र-विशेष, महाविदेह वर्ष का प्रान्त-तुल्य प्रदेश (ठा ८—पत्र ४३५; इक; जं ४)। २० उत्कर्ष: 'जएणं विजएणं वद्धावेइ (णाया १, १—पत्र ३०; औप; राय)। २१ पराभव करके ग्रहण करना (कुमा)। २२ विक्रम की प्रथम शताब्दी के एक जैन आचार्य (पउम ११८, ११७)। २३ अभ्युदय (राय)। २४ समृद्धि (राज)। २५ धात की खण्ड का पूर्व द्वार (इक)। २६ कालोद समुद्र, पुष्कर-वरद्वीप तथा पुष्करोद समुद्र का पूर्व द्वार (राज)। २७ रुचक पर्वत का एक कूट (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। २८ एक राजकुमार (धम्म ११)। २६ छन्द-विशेष (पिंग)। ३० वि. जीतनेवाला: 'वरतुरए विहगाहिवविजयवेगधरे' (सम्मत्त २१६)। °चरपुर न [°चरपुर] एक विद्याधर-नगर (इक)। °जत्ता स्त्री [°यात्रा] विजय के लिए किया जाता प्रयाण (धर्मवि ५६)। °ढक्का स्त्री [°ढक्का] विजय-सूचक भेरी (सुपा २६८)। °देव पुं [°देव] अठारहवीं शताब्दी का एक जैन आचार्य (अज्झ १)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (इक २२३; २२४; ३२६)। °पुरा, पुरी स्त्री [°पुरी] पक्ष्मकावती नामक विजय-क्षेत्र की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। °माण पुं [°मान] एक जैन आचार्य (द्र ७०)। °वंत वि [°वत्] विजयी, विजेता (ति १४)। °वत्त न [°वर्त] चैत्य-विशेष (कल्पटिप्पनक)। °वद्धमाण पुंन [°वर्धमान] ग्राम-विशेष (विपा १, १)। °वेजयंती स्त्री [°वैजयन्ती] विजय-सूचक पताका (औप)। °सायर पुं [°सागर] एक सूर्यवंशी राजा (पउम ५, ६२)। °सिंह, °सीह पुं [°सिंह] १ सुप्रसिद्ध प्राचीन जैनाचार्य (सुपा ६५८)। २ एक विद्याधर राज-कुमार (पउम ६, १५७)। °सूरि पुं [°सूरि] चन्द्रगुप्त के समय का एक जैन आचार्य (धर्मवि ४४)। °सेण पुं [°सेन] एक प्रसिद्ध जैन आचार्य जो आम्रदेव सूरि के शिष्य थे (पव २७६—गाथा १५६६)।

**विजयंता** } स्त्री [वैजयन्ती] १ पक्ष की
**विजयंती** } आठवीं रात (सुज्ज १०, १४)। २ एक रानी का नाम (उप ७२८ टी)।

**विजया** स्त्री [विजया] भगवान् शान्तिनाथ की दीक्षा-शिबिका (विचार १२६)।

**विजया** स्त्री [विजया] १ भगवान् अजित-नाथजी की माता का नाम (सम १५१)। २ पाँचवें बलदेव की माता (सम १५२)। ३ अंगारक आदि ग्रहों की एक पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ४ विद्या-विशेष (पउम ७, १४१)। ५ पूर्व-रुचक पर रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६)। ६ पाँचवें चक्रवर्ती राजा की पटरानी—स्त्री-रत्न (सम १५२)। ७ विजय नामक देव की राजधानी (सम २१)। ८ वप्रा नामक विजय की राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)। ९ पक्ष की सातवीं रात (सुज्ज १०, १४)। १० एक श्रेष्ठिनी (सुपा ६२६)। ११ भगवान् विमलनाथजी की शासन-देवी (पव २७; संति १०)। १२ भगवान् सुमतिनाथजी की दीक्षा-शिबिका (सम १५१)। १३ एक पुष्करिणी (इक)।

**विजल** वि [विजल] १ जल-रहित (गउड)। २ न. जल-रहित पंक (दस ५, १, ४)। देखो विज्जल।

**विजह** सक [वि + हा] परित्याग करना। विजहइ (पि ५७७)। संकृ. विजहित्तु (उत्त ८, २)।

**विजहणा** स्त्री [विहान] परित्याग (ठा ३, ३—पत्र १३६)।

**विजाइय** वि [विजातीय] भिन्न जाति का, दूसरी तरह का (उप १२८ टी)।

**विजाण** देखो विआण = वि + ज्ञा। संकृ. विजाणित्ता, विजाणिय (कप्प)।

**विजाणग** } वि [विज्ञायक] जाननेवाला,
**विजाणय** } विज्ञ (आचा; सूअनि १४५)।

**विजाणुअ** वि [विज्ञ, विज्ञायक] ऊपर देखो (प्राकृ १८)।

**विजादीअ** (शौ) देखो विजाइय (नाट—चैत ८८)।

**विजाय** न [दे] लक्ष्य, निशाना; 'लक्खं विजायं' (पाअ)।

**विजिअ** वि [विजित] पराभूत, हारा हुआ (सुर ६, २५; स ७००)।

**विजुत्त** वि [वियुक्त] विरहित (धर्मसं १७४)।

**विजुरि** (अप) स्त्री [विद्युत्] बिजली (पिंग)।

**विजेट्ठ** वि [विज्येष्ठ] मध्यम; 'जेट्ठ विजेट्ठा कणिट्ठा य' (चेइय १५३)।

**विजेतव्व** देखो विजय = वि + जि।

**विजोज** सक [वि + योजय्] वियोग करना, अलग करना। संकृ. विजोजिय (पंच ५, १२६)।

**विजोजण** न [वियोजन] वियोग, विरह (मोह ६८)।

**विजोजिअ** वि [वियोजित] जुदा किया हुआ (कुप्र २८८)।

**विजोयावइत्तु** वि [वियोजयितृ] वियोजक, अलग करनेवाला (ठा ४, ३—पत्र २३८; २३९)।

**विजोहा** स्त्री [विज्जोहा] छन्द-विशेष (पिंग)।

**विज्ज** अक [विद्] होना। विज्जइ; विज्जए (षड्; कस; भग; महा), विज्जई (सूअ १, ११, ६)। वकृ. विज्जंत; विज्जमाण (सुर २, १७६; पंचा ६, ४७)।

**विज्ज** सक [वीजय्] पंखा चलाना, हवा करना। कर्म. विज्जिज्जइ (भवि)। कवकृ. विज्जिज्जंत (पउम ६१, ३७; वज्जा ३६)।

**विज्ज** पुं [वैद्य] चिकित्सक, हकीम (सुर १२, २४; नाट—विक्र ६५)।

**विज्ज** पुं. ब. [दे] देश-विशेष (पउम ६८, ६५)।

**विज्ज** पुं [विद्वस्, विज्ञ] पण्डित, जानकार (हे २, १५; कुमा; प्राकृ १८; सूअ १, ६, ५)।

**विज्ज** देखो वीरिअ (पउम ३७, ७०)।

**विज्ज°** देखो विज्जा। °उज्झर (अप) देखो विज्जा-हर (पि २१६)। °त्थि वि [°र्थिन्] छात्र, अभ्यासी (सम्मत्त १४३)।

**विज्ज°** देखो विज्जु (कुप्र ३६६)।

**°विज्जंतअ** देखो पिज्जंत (से २, २४; पि ६०३)।

**विज्जय** न [वैद्यक] चिकित्सा (उर ८, १०; भवि)।

विज्जल पुं [विजल] १ नरकावास-विशेष, एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २८)। २ वि. जल-रहित (निचू १)।

विज्जल, विज्जुल न [दे. विजल] कर्दम, पंक, कांदो, कादा (आचा २, १, ५, ३; २, १०, २)।

विज्जलिया स्त्री [विद्युत्] बिजली (कुप्र २८५)।

विज्जा स्त्री [विद्या] १ शास्त्र-ज्ञान, यथार्थ ज्ञान, सम्यग् ज्ञान (उत्त २३, २; सुपा; धर्मवि ३६; कुमा; प्रासू ४३)। २ मन्त्र, देवी-अधिष्ठित अक्षर-पद्धति। ३ साधनावाला मन्त्र (पिंड ४९४; औप; ठा ३, ४ टी—पत्र १५६)। °अणुप्पवाय न [°अनुप्रवाद] जैन अंग ग्रन्थांश विशेष, दसवाँ पूर्व (सम २६)। °चारण पुं [°चारण] शक्ति-विशेष-संपन्न मुनि (भग २०, ६—पत्र ७९३)। °चारणलद्धि स्त्री [°चारणलब्धि] शक्ति-विशेष (भग २०, ६)। °णुप्पवाय देखो °अणुप्पवाय (राज)। °णुवाय न [°नुवाद] दसवाँ पूर्व (सिरि २०७)। °पिंड पुं [°पिण्ड] विद्या के बल से अर्जित भिक्षा (निचू १३)। °मंत वि [°वत्] विद्या-संपन्न (उप ४२५)। °लय पुंन [°लय] पाठशाला (प्रामा)। °सिद्ध वि [°सिद्ध] १ सर्व विद्याओं का अधिपति, सभी विद्याओं से संपन्न। २ जिसको कम से कम एक महाविद्या सिद्ध हो चुकी हो वह; 'विज्जाण चक्कवट्टी विज्जासिद्धो स, जस्स वेगावि सिज्झेज्ज महाविज्जा' (आवम)। °हर पुं [°धर] १ क्षत्रियों का एक वंश (पउम ५, २)। २ पुंस्त्री. उस वंश में उत्पन्न (महा)। स्त्री. °री (महा; उव)। ३ वि. विद्या-धारी, शक्ति विशेष-सम्पन्न (औप; राय; जं ४)। °हरगोवाल पुं [°धरगोपाल] एक प्राचीन जैन मुनि, जो सुस्थित और सुप्रतिबुद्ध आचार्य के शिष्य थे (कप्प)। °हरी स्त्री [°धरी] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)। °हार (अप) न [°धर] छन्द-विशेष (पिंग)।

विज्जावच्च (अप) देखो वेयावच्च (भवि)।

विज्जाहर वि [वैद्याधर] विद्याधर-संबन्धी; स्त्री. 'एसा विज्जाहरी माया' (महा)।

विज्जाडिय देखो विडिज्झडिय (राज)।

विज्जु पुं [विद्युत्] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १८)। २ देवों की एक जाति, भवनपति देवों का एक भेद (पराह १, ४—पत्र ६८)। ३ आमलकप्पा नगरी का निवासी एक गृहस्थ (णाया २—पत्र २५१)। ४ एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। ५ स्त्री. ईशानेन्द्र के सोम आदि लोकपालों की एक-एक अग्रमहिषी—पटरानी (ठा ४, १—पत्र २०४)। ६ चमर नामक इन्द्र की एक पटरानी (ठा ५, १—पत्र ३०२; णाया २—पत्र २५१)। ७ पुंस्त्री. बिजली; 'विज्जुणा, विज्जूए' (हे १, ३३; कुमा; गा १३५)। ८ सन्ध्या, शाम (हे १, ३३)। ६ वि. विशेष रूप से चमकनेवाला; 'विज्जुसोयामणिप्पभा' (उत्त २२, ७)। °कार देखो °यार (जीव ३—पत्र ३४२)। °कुमार पुं [°कुमार] एक देव-जाति (भग; इक)। °कुमारी स्त्री [°कुमारी] विदिग्रुचक पर रहनेवाली दिक्कुमारी देवी; 'चत्तारि विज्जुकुमारिमहत्त-रियाओ पराणत्ताओ' (ठा ४, १—पत्र १६८)। °जिब्भ (?), °जिब्भ पुं [°जिह्व] अनुवेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (इक; राज)। °तेअ पुं [°तेजस्] विद्याधरवंश का एक राजा (पउम ५, १८)। °दंत पुं [°दन्त] १ एक अन्त-द्वीप। २ उसमें रहनेवाली मनुष्य-जाति (ठा ४, २—पत्र २२६)। °दत्त पुं [°दत्त] विद्याधरवंश का एक राजा (पउम ५, १८)। °दाढ पुं [°दंष्ट्र] विद्याधर-वंश में उत्पन्न एक राजा का नाम (पउम ५, १८)। °पह, °प्पभ, °प्पह पुं [°प्रभ] १ एक वक्षस्कार पर्वत का नाम (सम १०२ टी; ठा २, ३—पत्र ६६; ५, २—पत्र ३२६; जं ४; सम १०२; इक)। २ कूट-विशेष, विद्युत्प्रभ वक्षस्कार का एक शिखर (जं ४; इक)। ३ देव-विशेष, विद्युत्प्रभ नामक वक्षस्कार पर्वत का अधिष्ठाता देव (जं ४)। ४ अनुवेलंधर नागराज का एक आवास-पर्वत (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। ५ उस पर्वत का निवासी देव (ठा ४, २—पत्र २२६)। ६ देवकुरु वर्ष में स्थित एक महाद्रह (ठा ५, २—पत्र ३२६)। ७ न. एक विद्याधर-नगर (इक ३२६)। °मई स्त्री [°मती] एक स्त्री का नाम (पराह १, ४—पत्र ८५)। °मालि पुं [°मालिन्] १ पंचशैल द्वीप का अधिपति एक यक्ष (महा)। २ रावण का एक सुभट (से १३, ८४)। ३ ब्रह्मदेवलोक का इंद्र (राज)। °मुह पुं [°मुख] १ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १८)। ३ एक अन्तर्द्वीप। ४ उसका निवासी मनुष्य (ठा ४, २—पत्र २२६; इक)। °मेह पुं [°मेघ] १ विद्युत्प्रधान मेघ, जल-रहित मेघ। २ बिजली गिरानेवाला मेघ (भग ७, ६—पत्र ३०५)। °यार पुं [°कार] बिजली करना, विद्युद्-रचना (भग ३, ६)। °लआ, °लया स्त्री [°लता] विद्युत्, बिजली (नाट—वेणी ६६; काल)। °लआइद न [°लतायित] बिजली की तरह आचरण (कप्पू)। °विल-सिअ न [°विलसित] १ छन्द-विशेष (अजि २१)। २ बिजली का विलास (से ४, ४०)। °सिहा स्त्री [°शिखा] एक रानी का नाम (महा)।

विज्जुआ स्त्री [विद्युत्] १ बिजली (नाट—वेणी ६६)। २ बलि नामक इन्द्र के सोम आदि चारों लोकपालों की एक-एक पटरानी; 'मित्तगा सुभद्दा विज्जुत्ता (? या) असणी' (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)। ३ धरणेन्द्र की एक अग्र-महिषी (णाया २—पत्र २५१; इक)।

विज्जुआइत्तु वि [विद्युत्कर्तृ] बिजली करने-वाला (ठा ४, ४—पत्र २६६)।

विज्जुला, विज्जुलिआ, विज्जुली देखो विज्जु = विद्युत् (हे २ १७३; षड् १६१; कुमा; प्राकृ ३६; प्राप्र; पि २४४)।

विज्जू° देखो विज्जु। °माला स्त्री [°माला] छन्द-विशेष (पिंग)।

विज्जे अ [दे] १ मार्ग से, रास्ता से। २ लिए (भवि)।

विज्जोअ पुं [विद्योत] उद्योत, प्रकाश; 'जोव्वणं जीविअं रूवं विज्जुविज्जोअचंचलं' (हित ६)।

विज्जोइय, विज्जोविय वि [विद्योतित] प्रकाशित; चमका हुआ (उप पृ ३३; स ५७६)।

**विज्झ** सक [व्यध्] बींधना, वेध करना, भेदना। विज्झंति (सूअ १, ५, १, ६), विज्झसे (गा ४४१) संकृ. विद्धूण (सूअ १, ५, १, ६)। कृ. विउज्झ (षड्)।

**विउज्झ** अक [वि+घट्] अलग होना। विउज्झइ (धात्वा १५२)।

**विउज्झ** न [दे] बोझ, धक्का, ठेला; 'तो हत्थी तम्मि पडे विज्झं दाऊण कुमरमग्गु-मग्गे' (धर्मवि ८१),

'ताव वणवारणेण य विज्झाइ
(? इं) नरं अपावमाणेण
कुविएण विडएणाइं धणियं
नग्गोहरुक्खम्मि' (स ११३)।

**विज्झ** वि [विद्ध] बिंधा हुआ; 'जइ तंपि तेण बाणेण विज्झसे जेण हं विज्झा' (गा ४४१)।

**विज्झ** देखो विउज्झ = व्यध्।

**विज्झडिय** वि [दे] १ मिश्रित, व्याप्त; 'सीउण्हखरफरुसवायविज्झडिया' (भग ७, ६—पत्र ३०७; उव)।

**विज्झल** देखो विब्भल = विह्वल (भग ७, ६ टी—पत्र ३०८)।

**विज्झव** सक [वि+ध्यापय्] बुझाना, दीपक आदि को गुल करना, ठंढा करना। विज्झवइ (गउड; कुप्र ३६७)। कर्म. विज्झविज्जइ (गा ४०७; स ४८६)। संकृ. विज्झवेऊणं, विज्झविय (धर्मसं ६५८; स ४६६)। कृ. विज्झवियव्व (पउम ७८, ३७)।

**विज्झवण** स्त्रीन [विध्यापन] बुझाना, उप-शान्ति (स ४८६; सम्मत्त १६२; कुप्र २७०)। स्त्री. °णा (संबो १०६)।

**विज्झविअ** वि [विध्यापित] बुझाया हुआ, गुल किया हुआ, ठंढा किया हुआ (से ८,१६; १२, ७७; गा ३३३; पउम २०, ६२)।

**विज्झा, विज्झाअ** अक [वि+ध्यै] बुझना, ठंढा होना, गुल होना। विज्झाइ (गा ४३०; हे २, २८)। वकृ. विज्झाअंत (गा १०६)।

**विज्झाअ, विज्झाण** वि [विध्यात] १ बुझा हुआ, उपशान्त (से १, ३१; णाया १, १—पत्र ६६, १, १४—पत्र १६०; गउड; सुपा ४४८; प्रासू १३७; पउम ५, १८२)। २ संक्रम-विशेष; 'विज्झायनाम-गेणं संकममेत्तेण सुज्झंति' (सम्यक्त्वो २१)।

**विज्झाव** देखो विज्झव। विज्झावेइ (गा ८३६)।

**विज्झावण** देखो विज्झवण (उप २६४ टी)।

**विज्झाविअ** देखो विज्झविअ (महा)।

**विज्झिडिग** पुं [दे] मत्स्य की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४७)।

**विटंक** देखो विडंक (माल २३४; राज)।

**विट्टाल** सक [दे] अस्पृश्य करना, उच्छिष्ट करना, बिगाड़ना, दूषित करना, अपवित्र करना। विट्टालिंति (सुख १, १५)। कर्म. 'विट्टालिज्जइ गंगा कयाइ किं वासवारेहिं' (चेइय १३४)। वकृ. विट्टालयंत (सिरि ११३२)।

**विट्टाल** पुं [दे] अस्पृश्य-संसर्ग, उच्छिष्टता, अपवित्रता; 'तुह घरम्मि चंडाली, विट्टालं कुणइ', 'सा घरबाहिं चिट्ठइ भुंजइ य, न तेण देव विट्टालो' (कुप्र २४३; हे ४, ४२२)।

**विट्टालण** न [दे] ऊपर देखो (स ७०१)।

**विट्टालि** वि [दे] बिगाड़नेवाला, अपवित्र करनेवाला। स्त्री. °णी (कप्पू)।

**विट्टालिअ** वि [दे] उच्छिष्ट किया हुआ, अपवित्र किया हुआ, बिगाड़ा हुआ (धर्मवि ४५; सिरि ७१६; सुपा ११५; ३६०; महा)।

**विट्टी** स्त्री [दे] गठरी, पोटली (ओघ ३२४)। देखो विंटिया।

**विट्ठ** वि [वृष्ट] बरसा हुआ (हे १, १३७; षड्)।

**विट्ठ** वि [विष्ट] १ प्रविष्ट, पैठा हुआ (सूअ १, ३, १, १३)। २ उपविष्ट, बैठा हुआ (पिंड ६००)।

**विट्ठ** वि [दे] सुप्तोत्थित, सो कर उठा हुआ (षड्)।

**विट्ठअ** न [विष्टप] भुवन, जगत् (मुच्छ १०६)।

**विट्ठंभ** सक [वि+ष्टम्भय्] १ रोकना। २ स्थापित करना, रखना। विट्ठंभंति (औप)। संकृ. विट्ठंभित्ता (औप)।

**विट्ठंभणया** स्त्री [विष्टम्भना] स्थापना (औप)।

**विट्ठर** पुंन [विष्टर] आसन; 'विट्ठरो' (प्राप्र; पउम ८०, ७; पाअ; सुपा ६०)।

**विट्ठा** स्त्री [विष्ठा] बीट, पुरीष, मल (पाअ; ओघभा २६८; प्रासू १५८)। °हर न [°गृह] मलोत्सर्ग-स्थान, टट्टी (पउम ७४, ३८)।

**विट्ठि** स्त्री [विष्टि] १ कर्म, काज, काम (दे २, ४३)। २ ज्योतिष-प्रसिद्ध एक करण, अर्ध तिथि (विसे ३३४८; स २६५; गण १६)। ३ भद्रा नक्षत्र (सुर १६, ६०)। ४ बेगार, मजूरी दिए बिना ही जबरदस्ती या बेमन का कराया जाता काम (उर ६, ११)।

**विट्ठि** स्त्री [वृष्टि] वर्षा, बारिश (हे १, १३७; प्राकृ ८; संक्षि ५; पउम २०, ८७; कुमा; रंभा)। देखो वुट्ठि।

**विट्ठित** वि [दे] अर्जित (षड्)।

**विट्ठिय** न [विस्थित] विशिष्ट स्थिति (भग ६, ३२ टी—पत्र ४६६)।

**विड** पुं [विट] १ भँडुआ (कुमा; सुर, ३, ११६; रंभा)।

**विड** न [विड] लवण-विशेष, एक तरह का नमक (दस ६, १८)।

**विडंक** पुंन [विटङ्क] कपोतपाली, प्रासाद आदि के आगे की ओर काठ का बना हुआ पक्षियों के रहने का स्थान, छतरी (णाया १, १—पत्र १२; दे ७, ८६; गउड)।

**विडंकिआ** स्त्री [दे] वेदिका, वेदी, चौतरा (दे ७, ६७)।

**विडंग** देखो विडंक (पण्ह १, १—पत्र ८)।

**विडंग** पुंन [विडङ्ग] १ औषध-विशेष। २ वि. अभिज्ञ, विदग्ध;

'विज्ज न एसो जरओ न
य वाही एस कोवि संभूओ।
उवसमइ सलोणेणं विडंगजोया-
मयरसेणं' (वज्जा १०४)।

**विडंब** सक [वि+डम्बय्] १ तिरस्कार करना, अपमान करना। २ दुःख देना। ३ नकल करना। विडंबइ, विडंबंति, विडंबेमि (भवि; कुप्र १६४; स ६६३)। वकृ.

Jain Education International　　For Personal & Private Use Only　　www.jainelibrary.org

विडंबंत (पउम ८, ३२)। कवकृ. विडंबिज्जंत (सुपा ७०)।✓

विडंब सक [ वि + डम्बय् ] विवृत करना, फैलाना। विडंबेइ (भग ३, २—पत्र १७३)।✓

विडंब पुंन [विडम्ब] १ तिरस्कार, अपमान (भवि)। २ माया जाल, प्रपंच; 'अणिम्वं च कामाण सेवाविडंबं' (श्रु ६; कप्पू)।✓

विडंबग वि [विडम्बक] विडंबना-जनक; 'जइवेसविडंबगा नवरं' (संबोध १४; उत्र)।✓

विडंबण न [विडम्बन] नीचे देखो (भवि)।✓

विडंबणा स्त्री [विडम्बना] १ तिरस्कार, अपमान (दे)। २ दुःख, कष्ट (धरण ४२)। ३ अनुकरण, नकल। ४ उपहास। ५ कपट-वेष (कप्पू)।✓

विडंबिय वि [विडम्बित] विडम्बना-प्राप्त (कप्प; गउड; ३०२)।✓

विडज्झमाण वि [विदह्यमान] जो जलाया जाता हो वह, जलता हुआ (आचा १, ६, ४, १)।✓

विडड्ढ देखो विदड्ढ (गा ६७१)।✓

विडप्प } पुं [दे] राहु (दे ७, ६५; पाम; विडय } गउड; वज्जा ९८; दे ७, ६५)।✓

विडव पुं [विटप] १ पल्लव (सुर ३, ४५)। २ शाखा (भवि ११०)। ३ पल्लव-विस्तार। ४ स्तम्ब गुच्छा (प्राप्र)।

विडवि पुं [विटपिन्] वृक्ष, पेड़, दरख्त (पाम; सुपा ८८; गउड; सण)।✓

विडविड } सक [ रचय् ] बनाना, निर्माण विडविड्ड } करना। विडविडइ, विडविड्डइ (हे ४, ९४; षड्)। भूका. विडविड्डीअ (कुमा)।✓

विडिअ वि [व्रीडित] लज्जित (से ११, ५०; पि ८१)।✓

विडिंचिअ } वि [दे] विकराल, भीषण, विडिंचिर } भयंकर (दे ७, ६६)।✓

विडिम पुं [दे] १ बाल-मृग (दे ७, ८९)। २ गण्डक, गेंड़ा (दे ७, ८९; गउड)। ३ वृक्ष, पेड़; 'दुमा य पायवा रुक्खा आगमा विडिमा तरू' (दसनि १, ३५)। ४ शाखा (पण्ह २, ४—पत्र १३०; औप; तंदु २१)।✓

विडिमा स्त्री [दे] शाखा (पण्ह २, ४; तंदु २१; राज)।✓

विडुच्छुअ वि [दे] निषिद्ध; प्रतिषिद्ध (षड्)।✓

विडुविल्ल वि [दे] भीषण, भयंकर (नाट—मालती १३७)।✓

विडूर पुं [विदूर] १ पर्वत-विशेष। २ देश-विशेष, जहाँ वैदूर्य रत्न पैदा होता है (कप्पू)।✓

विडोमिअ पुं [दे] गण्डक मृग, गेंड़ा (दे ७, ५७)।✓

विड्ड वि [दे] १ दीर्घ, लम्बा (दे ७, ३३)। २ प्रपंच, विस्तार (दे १, ४)।✓

विड्ड वि [व्रीड, व्रीडित] लज्जित, शरमिन्दा; 'लज्जिया विलिया विड्डा' (निर १, १; पि २४०)।✓

विड्डुर देखो विड्डिर; 'अकंडविड्डुरमेयं किं देव पारद्धं' (उप ७६८ टी)।✓

विड्डा स्त्री [व्रीडा] लज्जा, शरम (दे ७, ६१; पि २४०)।✓

विड्डार न [विड्वार] देखो विड्डेर (राज)।✓

विड्डिर न [दे] १ आभोग (दे ७, ६०)। २ आटोप, आडम्बर (पाम)। ३ वि. रौद्र भयंकर (दे ७, ६०)।✓

विड्डिरिल्ल स्त्री [दे] रात्रि, निशा (दे ७, ६७)।✓

विड्डुम देखो विद्दुम (पाम)।✓

विड्डुरी स्त्री [दे] आटोप, आडम्बर; 'किं लिंगविड्डुरीधारणेणं' (उव)।✓

विड्डुरिल्ल वि [ वैडूर्यवत् ] वैडूर्य रत्नवाला (सुपा ५६)।✓

विड्डेर न [दे. विड्डेर] नक्षत्र-विशेष, पूर्व द्वारवाले नक्षत्रों में पूर्व दिशा से जाने के बदले पश्चिम दिशा से जाने पर पड़ता नक्षत्र (विसे ३४०६)। देखो विड्डार।✓

विढज्ज (शौ) सक [वि + दह् ] जलाना। संकृ. विढज्जिअ (पि २१२)।✓

विढणा स्त्री [दे] पार्ष्णि, फीली का नीचला भाग (दे ७, ६२)।✓

विढत्त वि [अर्जित] उपार्जित, पैदा किया हुआ (हे ४, २५८; गउड; श्रा १०; प्रासू ७४; भवि)।✓

विढत्ति स्त्री [ अर्जिति ] अर्जन, उपार्जन (श्रा १२)।✓

विढप्प अक [व्युत् + पद्] व्युत्पन्न होना। विढप्पंति (प्राकृ ६४)।✓

विढप्प° नीचे देखो।✓

विढव सक [ अर्ज् ] उपार्जन करना, पैदा करना। विढवइ (हे ४, १०८; महा; भवि)। कर्म. विढविज्जइ, विढप्पइ (हे ४, २५१; कुमा; भवि)।✓

विढवण न [अर्जन] उपार्जन (सुर १, २२१)।✓

विढविअ वि [अर्जित] पैदा किया हुआ (कुमा; सुपा २८०; महा)।✓

विढिअ वि [वेष्टित] लपेटा हुआ (सुपा ३८८)।✓

विणइ वि [ विनयिन् ] दूर करनेवाला; 'आरंभविणईणं' (आचा)।✓

विणइत्त वि [ विनयवत् ] विनयवाला, विनय को ही सर्व-प्रधान माननेवाला (सूअनि ११८)।✓

विणइत्तु वि [विनेतृ] विनीत बनानेवाला, विनय की शिक्षा देनेवाला (उत्त २६, ४)।✓

विणइत्तु देखो विणी = वि + नी।✓

विणइय वि [विनयित] शिक्षित किया हुआ, सिखाया हुआ (राज)। देखो विणय।✓

विणइल्ल देखो विणइत्त (कुमा)।✓

विणएत्तु देखो विणी = वि + नी।✓

विणट्ठ वि [विनष्ट] विनाश-प्राप्त (उव; प्रासू ३१; नाट—मृच्छ १५२)।✓

विणड सक [ वि + नटय् , वि + गुप् ] १ व्याकुल करना। २ विडम्बना करना। विणडेइ (गउड ६८), विणडेंति (उव), विणडउ (हे ४, ३८५; पि १००)।✓

विणडिअ देखो विनडिअ (गा ६३० टी)।✓

विणण न [वान] बुनना (बृह १)।✓

विणभ सक [ खेदय् ] खिन्न करना। विणभइ (धात्वा १५३)।✓

विणम सक [ वि + नम् ] विशेष रूप से नमना। वकृ. विणमंत (नाट—मालवि ३४)।✓

विणमि देखो विनमि (राज)।✓

**विणमिअ** वि [विनत] विशेष रूप से नत (भग; औप; णाया १, १ टी—पत्र ५)।

**विणमिअ** वि [विनमित] नमाया हुआ (गउड)।

**विणय** पुं [विनय] १ अभ्युत्थान, प्रणाम आदि भक्ति, शुश्रूषा, शिष्टता, नम्रता (आचा; ठा ४, ४ टी—पत्र २८३; कुमा; उवा; औप; गउड; महा; प्रासू ८)। २ संयम, चारित्र (सम ५१)। ३ नरकावास-विशेष, एक नरक-स्थान (देवेन्द्र २६)। ४ अपनयन, दूरीकरण। ५ शिक्षा, सीख। ६ अनुनय। ७ वि. विनय-युक्त, विनीत। ८ निभृत, शान्त। ६ क्षिप्त, फेंका हुआ। १० जितेन्द्रिय, संयमी (हे १, २४५)। ११ पुं. शास्त्रानुसार प्रजा का पालन (गउड ६७)। °मंत वि [°वत्] विनय-युक्त (उप पृ १६६)।

**विणय** वि [विनत] १ विशेष रूप से नमा हुआ (औप)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३७)।

**विणय°** देखो विणया। °तणय पुं [°तनय] गरुड पक्षी (वज्जा १२२)। °सुअ पुं [°सुत] वही अर्थ (पाअ)।

**विणयइत्त** देखो विणइत्तु (सुख २६, ४)।

**विणयंधर** पुं [विनयन्धर] एक शेठ का नाम (उप ७२८ टी)।

**विणयण** न [विनयन] विनय-शिक्षा, शिक्षण; 'आयारदेसणाओ आयरिया, विणयणादुवज्झाया' (विसे ३२००)।

**विणया** स्त्री [विनता] गरुड की माता का नाम (गउड)। °तणय पुं [°तनय] गरुड पक्षी (से १४, ६१; सुपा ३५४)।

**विणस** देखो विणस्स। विणसइ (उर ७, ३; कुमा ८, २१)।

**विणस्सिर** वि [विनश्वर] विनाश-शील; नश्वर (दे १, ६०)।

**विणस्स** अक [वि + नश्] नष्ट होना, विध्वस्त होना। विणस्सइ, विणस्सए, विणस्से (उव; महा; धर्मसं ४०१)। भवि. विणस्सिहिसि (महा)। वकृ. विणस्समाण (उवा)। कृ. विणस्स (धर्मसं ४०२; ४०३)।

**विणस्सर** देखो विणासिर (पि ३१५)।

**विणा** अ [विना] सिवाय, बिना (गउड; प्रासू १०; १५६; दं १७)।

**विणामिद** (शौ) देखो विणमिअ = विनमित (नाट—मृच्छ २१८)।

**विणायग** पुं [विनायक] यक्ष, एक देव-जाति; 'तत्थेव आगओ सो विणायगो पूयणो नामं' (पउम ३५, २२)। २ गणपति, गणेश (सट्ठि ७८ टी)। ३ गरुड (पउम ७१, ६७)। °त्थ न [°स्त्र] अस्त्र-विशेष, गरुडास्त्र (पउम ७१, ६७)।

**विणास** देखो विणस्स। विणासइ (भवि)।

**विणास** सक [वि + नाशय्] ध्वंस करना, नष्ट करना। विणासेइ (उव; महा)। भवि. विणासिही, विणासेहामि (पि ५२७; ५२८)। कर्म. विणासिज्जइ (महा)। कवकृ. विणासिज्जंत (महा)। कृ. विणासियव्व (सुपा १४५)।

**विणास** पुं [विनाश] विध्वंस (उव; हे ४, ४२४)।

**विणासग** वि [विनाशक] विनाश-कर्ता (द्र १७)।

**विणासण** न [विनाशन] १ विनाश, विध्वंस (भवि)। २ वि. विनाश-कर्ता (पण्ह २, १—पत्र ९६; दस ८, ३८)।

**विणासिअ** वि [विनाशित] विनाश-प्राप्त (पाअ; महा; भवि)।

**विणि°** देखो विणी।

**विणिअंसण** न [विनिदर्शन] खास उदाहरण, विशेष दृष्टान्त (से १२, ६६)।

**विणिअंसण** वि [विनिवसन] वस्त्र-रहित, नंगा (गा १२५)।

**विणिइत्तु** देखो विणइत्तु (उत्त २६, ४)।

**विणिउत्त** वि [विनियुक्त] कार्य में प्रवर्तित (उप पृ ७५)।

**विणिओग** पुं [विनियोग] १ उपयोग, ज्ञान (विसे २४३७)। २ कार्य में लगाना (पंचा ७, ६)। ३ विनिमय, लेनदेन (कुप्र २०६)।

**विणिओय** सक [विनि + योजय्] जोड़ना, लगाना। विणिओयइ (भवि)।

**विणित** देखो विणी = विनिर् + इ।

**विणिकुट्टिय** वि [विनिकुट्टित] कूट कर बैठाया हुआ; 'थंभविणिकुट्टियाहिं पवराहिं सालहंजीहिं' (सुपा १८८)।

**विणिकम** देखो विणिक्खम। विणिकमइ (गउड २७५; पि ४८१)।

**विणिकस** सक [विनि + कृष्] खींच कर निकालना। संकृ. विणिकस्स (सूअ १, ५, १, २२)।

**विणिक्खंत** वि [विनिष्क्रान्त] १ बाहर निकला हुआ। २ जिसने गृह-त्याग किया हो वह, संन्यस्त (उप १४७ टी; कुप्र ३६; महा)।

**विणिक्खम** अक [विनिस् + क्रम्] १ बाहर निकलना। २ संन्यास लेना। विणिक्खमइ (गउड ८५१; ११८१)। संकृ. विणिक्खिमित्ता (भग)।

**विणिक्खमण** न [विनिष्क्रमण] १ बाहर निकलना। २ संन्यास लेना (पंचा १८, २१)।

**विणिक्खित्त** वि [विनिक्षिप्त] फेंका हुआ (नाट—मृच्छ ११६)।

**विणिगिण्ह** सक [विनि + ग्रह्] निग्रह करना, दंड देना। वकृ. विणिगिण्हंत (उप पृ २३)।

**विणिगूह** सक [विनि + गूहय्] गुप्त रखना, ढकना। विणिगूहिज्जा (आचा २, १, १०, २)।

**विणिग्गम** पुं [विनिर्गम] निःसरण, बाहर निकलना (गउड)।

**विणिग्गय** वि [विनिर्गत] बाहर निकला हुआ, बाहर गया हुआ (से २, ५; महा; भवि)।

**विणिघाय** पुं [विनिघात] १ मरण, मौत। २ संसार, भव-भ्रमण (ठा ५, १—पत्र २६१)।

**विणिच्छ** सक [विनिस् + चि] निश्चय करना। विणिच्छइ (सण)। संकृ. विणिच्छिऊण (सण)।

**विणिच्छय** पुं [विनिश्चय] निश्चय, निर्णय, परिज्ञान (पण्ह १, १—पत्र १; ठा ३, ३; उव)।

**विणिच्छिअ** वि [विनिश्चित] निश्चित, निर्णीत (भग; उवा; कप्प; सुर २, २०२)।

विणिजुंज सक [ विनि + युज् ] जोड़ना, कार्य में लगाना, प्रवृत्त करना। विणिजुंजइ (कुप्र ३६१)।

विणिज्जंतण वि [विनियन्त्रण] १ नियन्त्रण-रहित। २ प्रकटित, खुला। ३ निर्व्याज, कपट-रहित (से ११, २१)।

विणिज्जमाण देखो विणी = वि + नी।

विणिज्जरण न [विनिर्जरण] निर्जरा, विनाश (विसे ३७७६; संबोध ५१)।

विणिज्जरा स्त्री [विनिर्जरा] ऊपर देखो (संबोध ४६)।

विणिज्जिअ वि [विनिर्जित] पराभूत, जिसका पराभव किया गया हो वह (महा; रंभा; नाट—विक ६०)।

विणिद्द वि [विनिद्र] खिला हुआ, विकसित (पाअ)।

विणिद्दलिय वि [विनिर्दलित] विदारित, तोड़ा हुआ (सण)।

विणिद्धुण सक [विनिर् + धू] कँपाना। वकृ. विणिद्धुणमाण (पि ५०३)।

विणिप्फन्न वि [विनिष्पन्न] संसिद्ध, संपन्न (उप ३६६)।

विणिप्फिडिअ वि [विनिरिफटित] विनिर्गत, बाहर निकला हुआ; 'सालिग्गामाउ तओ वंदणहेउं विणिप्फिडिओ' (पउम १०५, २३)।

विणिबुड्ड देखो विणिवुड्ड (पि ५६६)।

विणिब्भिन्न वि [विनिर्भिन्न] विदारित; 'कुंतविणिब्भिन्नकरिकलहमुक्कसिक्कारपउरम्मि' (सम्मि १६)।

विणिमीलिअ वि [विनिमीलित] मीचा हुआ, मूँदा हुआ; 'अलिअपसुत्तअविणिमीलिअच्छ दे सुहअ मज्झ ओआसं' (गा २०)।

विणिमुक्क देखो विणिम्मुक्क (पि ५६६)।

विणिमुय देखो विणिम्मुय। वकृ. विणिमुयंत (औप; पि ५६०)।

विणिम्मविअ वि [विनिर्मित] विरचित, बनाया हुआ, कृत (उप ७२८ टी)।

विणिम्माण न [विनिर्माण] रचना, कृति (विसे ३३१२)।

विणिम्मिअ देखो विणिम्मविअ (गा १५६; २३५; पाअ; महा)।

विणिम्मुक्क वि [विनिर्मुक्त] परित्यक्त; 'सव्वकम्मविणिम्मुक्कं तं वयं बूम माहणं' (उत्त २५, ३४)।

विणिम्मुय वि [विनिर् + मुच्] छोड़ना, परित्याग करना। वकृ. विणिम्मुयमाण (णाया १, १—पत्र ५३; पि ४८५)।

विणिय देखो विणीअ (भवि)।

विणियट्ट देखो विणिवट्ट। विणियट्टिज्ज (दस ८, ३४)। वकृ. विणियट्टमाण (आचा १, ५, ४, ३)।

विणियट्ट वि [विनिवृत्त] १ पीछे हटा हुआ। २ प्रणष्ट; 'विणियट्ट' ति पणट्ठ' (चेइय ३४६)।

विणियट्टणया स्त्री [विनिवर्तना] निवृत्ति (उत्त २९, १)।

विणियत्त देखो विणियट्ट (सुपा ३३५; भवि; गा ७१; कुप्र १८२)।

विणियत्ति स्त्री [विनिवृत्ति] निवृत्ति, उपरम (कुप्र १८२; गउड)।

विणिरोह पुं [विनिरोध] प्रतिबन्ध, अटकाव (भवि)।

विणिवट्ट अक [विनि + वृत्] निवृत्त होना, पीछे हटना। वकृ. विणिवट्टमाण (आचा १, ५, ४, ३)।

विणिवट्टण देखो विनियट्टण (राज)।

विणिवट्टणया स्त्री [विनिवर्तना] निवर्तन, विराम (भग १७, ३—पत्र ७२७)।

विणिवडिअ वि [विनिपतित] नीचे गिरा हुआ (दे १, १५७)।

विणिवत्ति देखो विणियत्ति (उप ७२८ टी)।

विणिवाइ वि [विनिपातिन्] मार गिरानेवाला (गा ६३०)।

विणिवाइज्जंत देखो विणिवाए।

विणिवाइय न [विनिपातिक] एक तरह का नाटक (राज)।

विणिवाइय वि [विनिपातित] मार गिराया हुआ, व्यापादित (उप ६४८ टी; महा; स ५६; सिक्खा ८२)।

विणिवाए सक [विनि + पातय्] मार गिराना। कवकृ. विणिवाइज्जंत (पउम ४५, ८)।

विणिवाडिअ देखो विणिवाइय (दे १, १३८)।

विणिवाद } पुं [विनिपात] १ निपात,
विणिवाय } अन्तिम पतन, विनाश; 'परखग्गेण वि दिट्ठो विणिवादो किं न लोगम्मि' (धर्मसं १२५; १२६; स २६५; ७३२)। २ मरण, मौत (से १३, १६; गउड; गा १०२)। ३ संसार (राज)।

विणिवायण न [विनिपातन] मार गिराना (पउम ४, ४८)।

विणिवार सक [विनि + वारय्] रोकना, निवारण करना, निषेध करना। विणिवारइ (भवि)। कवकृ. विणिवारीअंत (नाट—मृच्छ १५४)।

विणिवारण न [विनिवारण] १ निवारण, प्रतिषेध। २ वि. निवारण करनेवाला (पंचा ७, ३२)।

विणिवारि वि [विनिवारिन्] निवावरण-कर्ता (पंचा ७, ३२)।

विणिवारिय वि [विनिवारित] प्रतिषिद्ध, निवारित (महा)।

विणिविट्ठ वि [विनिविष्ट] १ उपविष्ट, स्थित (कुप्र १५२); 'सकम्मविणिविट्ठसरिसकयचेट्ठो' (उत्त; वै ६०)। २ आसक्त, तल्लीन (आचा)।

विणिवित्त देखो विणियट्ट (उप ७८६)।

विणिवित्ति देखो विणियत्ति (विसे २६३६; उत्तर १२७; श्रावक २५१; २५२; पंचा १, १७)।

विणिवुड्ड वि [विनिमग्न] निमग्न, बुड़ा हुआ, तराबोर, सराबोर; 'तइया ठिओ सि जं किर पलोट्टसंरंभसेयविणिवुड्डो' (गउड ४६०)।

विणिवेइअ वि [विनिवेदित] जनाया हुआ, ज्ञापित (से १४, ४०)।

विणिवेस पुं [विनिवेश] १ स्थिति, उपवेशन। २ विन्यास, रचना (गउड)।

विणिवेसिअ वि [विनिवेशित] स्थापित, रखा हुआ (गा ६७४; सुर ३, ६५)।

विणिव्वर न [दे] पश्चात्ताप, अनुशय (दे ७, ६८)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**विणिव्ववण** न [विनिर्वपन] शान्ति, दाहो-पशम (गउड)।

**विणिस्सरिय** वि [विनिःसृत] बाहर निकला हुआ (सण)।

**विणिस्सह** वि [विनिस्सह] श्रान्त, थका हुआ; 'कइयावि अणुपरिस्समविणिस्सहो दीहीं-यासु मज्जेइ' (सुपा ५६)।

**विणिह°** देखो विणिहण।

**विणिहट्टु** देखो विणिहा।

**विणिहण** सक [विनि + हन्] मार डालना। विणिहणेज्जा, विणिहंति (सूत्र १, ११, ३७; १, ७, १६)। कर्म. विणिहम्मंति (उत्त ३, ६)।

**विणिहय** वि [विनिहत] जो मार डाला गया हो, व्यापादित (महा)।

**विणिहा** सक [विनि + धा] १ व्यवस्था करना। २ स्थापन करना। संकृ. विणिहट्टु, विणिहाय, विणिहित्तु (चेइय २६८; सूत्र १, ७, २१; कप्प)।

**विणिहाय** देखो विणिघाय (णाया १, १४—पत्र १८६)।

**विणिहिअ**, **विणिहित्त** वि [विनिहित] स्थापित (गा ३६१; सुपा ६२)।

**विणिहित्तु** देखो विणिहा।

**विणी** अक [विनिर् + इ] बाहर निकलना। विणिंति, विणेंति (गा ६५४; पि ४६३)। वकृ. विणिंत (गउड १३८)।

**विणी** सक [वि + नी] १ दूर करना, हटाना। २ विनय-ग्रहण कराना। विणिंति (णाया १, १—पत्र २६; ३०), विणिज्जामि, विणइज्ज, विणएज्ज, विणेउ (णाया १, १—पत्र २६; सूत्र १, १३, २१; वि ४६०; णाया १, १—पत्र ३२)। भूका. विणइंसु (सूत्र १, १२, ३)। भवि. विणेहिइ (पि ५२१)। वकृ. विणेमाण (णाया १, १—पत्र ३३)। कवकृ. विणिज्जमाण (णाया १, १—पत्र २६)। हेकृ. विणएत्तु (आचा १, ५, ६, ४; पि ५७७)।

**विणीअ** वि [विनीत] १ अपनीत, दूर किया हुआ, हटाया हुआ (णाया १, १—पत्र ३३); 'सव्वदव्वेसु विणीयतण्हे' (उत्त २६, १३)। २ विनय-युक्त, नम्र, शिष्ट (ठा ४; ४—पत्र २८५; सुपा ११६; उव)। ३ शिक्षित; 'भद्दो विणीअविणओ' (उव ६)।

**विणीआ** स्त्री [विनीता] अयोध्या नगरी (सम १५१; कप्प; पउम ३२, ५०; ती १)।

**विणील** वि [विनील] विशेष हरा रँग का (गउड)।

**विणु** (अप) देखो विणा (हे ४, ४२६; षड्; हम्मीर २८; कुलक १२; भवि; कम्म २, ६; २६; २७; ३, ५; कुमा)।

**विणेअ** वि [विनेय] शिक्षणीय, शिष्य, अन्तेवासी, चेला (सार्ध ७०; उप १०३१ टी)।

**विणेमाण** देखो विणी = वि + नी।

**विणोअ** सक [वि + नोदय्] १ खण्डित करना। २ दूर करना, हटाना। ३ खेल करना। ४ कुतूहल करना। विणोएइ, विणोयंति (गउड), विणोदेमि (शौ) (स्वप्न ५१)। भवि. विणोदइस्सामो (शौ) (पि ५२८)। वकृ. विणोदअंत (शौ) (नाट—उत्तर ६५)। कवकृ. विणोदीअमाण (शौ) (नाट—मालवि ४५)।

**विणोअ** पुं [विनोद] १ खेल, क्रीड़ा। २ कौतुक, कुतूहल (गउड; सिरि ५६; सुर ४, २१६; हे १, १४६)।

**विणोइअ** वि [विनोदित] विनोद-युक्त किया हुआ (सुर ११, २३८; सण)।

**विणोदअंत** देखो विणोअ = वि + नोदय्।

**विणोयक**, **विणोयग** वि [विनोदक] कुतूहल-जनक (रंभा)।

**विणोयण** न [विनोदन] १ अपनयद, दूर करना; 'परिस्समविणोयणत्थं' (उप १०३१ टी; कुप्र १४७)। २ कुतूहल, कौतुक (गा ४८७)।

**विण्ण** देखो विण्णु (संक्षि १६)।

**विण्णइदव्व** देखो विण्णव।

**विण्णत्त** वि [विज्ञप्त] निवेदित (सुपा २२)।

**विण्णत्ति** स्त्री [विज्ञप्ति] १ निवेदन, प्रार्थना (कुमा)। २ ज्ञान (सूत्र १, १२, १७)।

**विण्णत्ति** स्त्री [विज्ञप्ति] विज्ञान, विनिर्णय (णंदि १३४)।

**विण्णय** देखो विणइय (ठा १०—पत्र ५१६)।

**विण्णय** देखो विण्ण (विपा १, २—पत्र ३६; १, ८—पत्र ८४)।

**विण्णव** सक [वि + ज्ञपय्] १ बिनती करना, प्रार्थना करना। २ मालूम करना, विदित करना। ३ कहना। विण्णवइ, विण्णवेमि, विण्णवेमो (पि ५५३; ५५१)। भवि. विण्णविस्सं (रुक्मि ४१)। वकृ. विण्णवंत (काल)। संकृ. विण्णविअ (नाट—मृच्छ २६४)। हेकृ. विण्णविउं (शौ) (अभि ५३)। कृ. विण्णइदव्व (शौ) (पि ५५१)।

**विण्णवणा** स्त्री [विज्ञापना] विज्ञापन, निवेदन (उवा)। देखो विन्नवणा।

**विण्णा** सक [वि + ज्ञा] जानना। संकृ. विण्णाय (दस ८, ५६)। कृ. विण्णेय (काल)।

**विण्णाउ** देखो विन्नाउ (राज)।

**विण्णाण** देखो विन्नाण (उवा; महा; षड्)।

**विण्णाण** न [विज्ञान] अवाय-ज्ञान, निश्चयात्मक ज्ञान (णंदि १७६)।

**विण्णाणि** वि [विज्ञानिन्] निपुण, विचक्षण (कुमा)।

**विण्णाय** वि [विज्ञात] १ जाना हुआ, विदित (पाअ; गउड १२०)। २ न. विज्ञान (कप्प)।

**विण्णाव** देखो विण्णव। विण्णावेमि, विण्णावेहि (मा ३८; ३६)।

**विण्णास** वि [वि + न्यासय्] स्थापना करना, रखना। वकृ. विण्णासंत (पउम ४३, २६)।

**विण्णास** देखो विन्नास (मा ५१)।

**विण्णासणा** स्त्री [विन्यासना] स्थापना (उप ३५४)।

**विण्णु**, **विण्णुअ** वि [विज्ञ] पण्डित, जानकार, विद्वान् (भग; प्राकृ १८)।

**विण्णेय** देखो विण्णा।

**विण्हावणक** न [विस्नापनक] मन्त्र आदि द्वारा संस्कृत जल से कराया जाता स्नान (पण्ह १, २—पत्र ३०)।

विण्हि देखो वण्हि = वृष्णि (राज)।

विण्हु पुं [विष्णु] १ भगवान् श्रेयांसनाथ के पिता का नाम (सम १५१)। २ श्रवण नक्षत्र का अधिष्ठाता देव (ठा २,३—पत्र ७७)। ३ यदुवंश के राजा अन्धकवृष्णि का नववाँ पुत्र (अंत ३)। ४ एक जैन मुनि, विष्णुकुमार नामक मुनि (कुलक ३३)। ५ एक श्रेष्ठी (उप १०१४)। ६ वासुदेव, नारायण, श्रीकृष्ण। ७ व्यापक। ८ वह्नि, अग्नि। ९ शुद्ध। १० एक स्मृति-कर्ता मुनि (हे २,७५)। ११ आर्य जेहिल के शिष्य एक जैन मुनि (राज)। १२ स्त्री. ग्यारहवें जिनदेव की माता का नाम (सम १५१)। °कुमार पुं [°कुमार] एक विख्यात जैन मुनि (पडि)। °सिरी स्त्री [°श्री] एक सार्थवाह-पत्नी (महा)। देखो विन्हु।

वितंड देखो वितड्ड (आचा)।

वितण्ह वि [वितृष्ण] तृष्णा-रहित, निःस्पृह (उप २६४ टी)।

वितत पुं [वितत] १ वाद्य का एक प्रकार का शब्द (ठा २, ३—पत्र ६३)। २ एक महाग्रह (सुज्ज २०—पत्र २९५)। देखो विअत्त। ३ देखो विअय = वितत (ठा ४, ४—पत्र २७१)।

वितत न [दे] कार्य, काम काज (दे ७, ६४)।

वितत्त वि [वितप्त] विशेष तृप्त (पण्ह १, ३—पत्र ६०)।

वितत्थ पुं [वित्रस्त] १ एक महाग्रह, ज्योतिष्क देव-विशेष (ठा २,३—पत्र ७८)। २ वि. भय-भीत, डरा हुआ (महा)।

वितत्था स्त्री [वितस्ता] एक महा-नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

वितद्द वि [वितर्दि] १ हिंसक। २ प्रतिकूल (आचा)।

वितर देखो विअर = वि + तॄ। वितराम, वितरामो (पि १०; ४५५)।

वितर (अप) अक [वि + स्तारय्] विस्तार करना। वितर (पिंग)।

वितरण देखो विअरण = वितरण (राज)।

वितल वि [वितल] शबल, चितकबरा (राज)।

वितह वि [वितथ] मिथ्या, असत्य, झूठा (आचा; कप्प; सण)।

वितिकिच्छिअ वि [विचिकित्सित] फल की तरह संदेह वाला (भग)।

वितिकिण्ण देखो विइकिण्ण (निचू १६)।

वितिकंत देखो विइकंत (भग)।

वितिगिंछ सक [वि + चिकित्स्] १ विचार करना, विमर्श करना। २ संशय करना। ३ निन्दा करना। वितिगिंछइ (सूअ २, २, ४९; ५०; पि ७४; २१५)।

वितिगिंछा देखो वितिगिच्छा (आचा १, ३, ३, १; १, ५, ५, २; पि ७४)।

वितिगिंछिय देखो वितिकिच्छिअ (पि ७४; २१५)।

वितिगिच्छ देखो वितिगिंछ। वितिगिच्छामि (पि २१५; ३२७)।

वितिगिच्छा स्त्री [विचिकित्सा] १ संशय, शंका, वहम (सूअ १, ३, ३, ५; पि ७४)। २ चित्त-विप्लव, चित्त-भ्रम। ३ निन्दा (सूअ १, १०, ३; पि ७४)।

वितिगिच्छिअ देखो वितिकिच्छिअ (भग)।

वितिगिट्ठ देखो विइगिट्ठ (राज)।

वितिमिर वि [वितिमिर] १ अन्धकार-रहित, विशुद्ध, निर्मल (सम १३७; पण्ण १७—पत्र ५१९; ३६—पत्र ८४७; कप्प)। २ अज्ञान-रहित (औप)। ३ पुं. ब्रह्म-देवलोक का एक विमान-प्रस्तट (ठा ६—पत्र ३६७)।

वितिरिच्छ वि [वितिर्यञ्च्] वक्र, टेढ़ा (स ३३५; पि १५१; भग ३, २—पत्र १७३)।

वित्त वि [दे] दीर्घ, लम्बा (दे ७, ३३)।

वित्त न [वित्त] १ द्रव्य, धन (पाअ; सूअ १, २, १, २२; औप)। २ वि. प्रसिद्ध, विख्यात (सूअ २, ७, २; उत्त १, ४४)। °म वि [°वत्] धनी (द्र ५)।

वित्त न [वृत्त] १ छन्द, पद्य, कविता (सुअनि ३८; सम्मत्त ८३)। २ चरित्र, आचरण (सिरि १०९३)। ३ वृत्ति, वर्त्तन (हे १, १२८)। ४ वि. उत्पन्न, संजात (स ७२७; महा)। ५ अतीत, गुजरा हुआ (महा)। ६ दृढ़, मजबूत। ७ वर्तुल, गोल। ८ अधीत, पठित। ९ मृत (हे १, १२८)। १० संसिद्ध, पूर्ण (सुर ४, ३९; महा)। °प्पाय वि [°प्राय] पूर्ण-प्राय (सुर ७, ८४)। देखो वट्ट = वृत्त।

वित्त देखो वेत्त = वेत्र (सुअनि १०८)।

°वित्त देखो पित्त (उप ५२२)।

वित्तइ वि [दे] १ गर्वित, अभिमानी। २ पुं. विलसित, विलास। ३ गर्व, अहंकार (दे ७, ९१)।

वित्तंत पुं [वृत्तान्त] समाचार, खबर (पउम २३, १८; सुपा २०४; भवि)।

वित्तत्थ देखो वितत्थ (सुख ९, १; नाट—वेणी २९)।

वित्तिय देखो वट्टिअ, वत्तिअ = वर्त्तित (भवि)।

वित्तास सक [वि + त्रासय्] भयभीत करना, डराना। वित्तासए (उत्त २, २०)। वकृ. वित्तासंत (पउम २८, २६)।

वित्तास पुं [वित्रास] भय, त्रास, डर (सुपा ४४१)।

वित्तासण न [वित्रासन] भय-प्रदर्शन (आव)।

वित्तासिअ वि [वित्रासित] डरा कर भगाया हुआ (सुपा ६५२)।

वित्ति पुं [वेत्रिन्] दरवान, प्रतीहार (कम्म १, ९)।

वित्ति स्त्री [वृत्ति] १ जीविका, निर्वाह-साधन (णाया १, १—पत्र ३७; स ६७९; सुर २, ४९)। २ टीका, विवरण (सम ४९; विसे १४२२; सार्ध ७३)। ३ वर्त्तन, आचरण। ४ स्थिति। ५ कौशिकी आदि रचना-विशेष। ६ अन्तःकरण आदि का एक तरह का परिणाम (हे १, १२८)। °अ वि [°द] वृत्ति देनेवाला (औप; अंत; णाया १, १ टी—पत्र ३)। °आर वि [°कार] टीकाकार, विवरण-कर्ता (कप्पू)। °च्छेय [°च्छेद] जीविका-विनाश (आचा; सूअ १, ११, २०)। देखो वित्ती° = वृत्ति।

वित्तिअ वि [वित्तिक] वित्त से युक्त, धनवाला, वैभवशाली (औप; अन्त; णाया १, १ टी—पत्र ३)।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**वित्ती°** देखो वित्त=वृत्त । °कप्प वि [°कल्प] सिद्धप्राय, पूर्ण-प्राय (तंदु ७)।

**वित्ती°** देखो वित्ति=वृत्ति । °संखेव पुं [°संक्षेप] बाह्य तप का एक भेद—खाने, पीने और भोगने की चीजों को कम करना (सम ११)। °संखेवण न [°संक्षेपण] वही अर्थ; 'वित्तीसंखेवणं रसच्चाओ' (नव २८; पडि)।

**वित्तेस** वि [वित्तेश] धनी, श्रीमंत (उव ७२८ टी)।

**वित्थ** पुंन [वित्त] सुवर्ण, सोना (से १, १)।

**वित्थक्क** अक [वि+स्था] १ स्थिर होना। २ विलम्ब करना। ३ विरोध करना। वकृ. वित्थक्कंत (से ३, ४, १३, ७०; ७४)।

**वित्थक्क** देखो विथक्क (स ६३४ टि)।

**वित्थड, वित्थय** वि [विस्तृत] १ विस्तार-युक्त, विशाल (भग; ग्रोप; पाग्र; वसु; भवि; गा ४०७)। २ संबद्ध, घटित (से १, १)।

**वित्थर** अक [वि+स्तृ] १ फैलना। २ बढ़ना। वित्थरइ (प्राकृ ७६; स २०१; ६८४; सिरि ६२७, मन २५)। वकृ. वित्थरंत (से ३, ३१; स ६८६)। हेकृ. वित्थरिउं (पि ५०५)।

**वित्थर** पुंन [विस्तर] १ विस्तार, प्रपंच (गउड)। २ शब्द-समूह (गउड ८६)।

**वित्थर** देखो वित्थड; 'तत्थ वित्थरा कज्ज-धुरा' (से ४, ४६), 'वित्थरं च तलवट्ट' (वज्जा १०४)।

**वित्थरण** वि [विस्तरण] १ फैलानेवाला। २ वृद्धिजनक (कुमा)।

**वित्थरिअ** देखो वित्थड (सुर ३, ५४; सुपा ३६८; पि ५०५; भवि; सण)।

**वित्थार** सक [वि+स्तारय्] फैलाना। वित्थारइ (भवि), वित्थारेदि (शौ) (नाट—शकु १०६)।

**वित्थार** पुं [विस्तार] फैलाव, प्रपञ्च (गउड; हे ४, ३९५; नाट—शकु ६)। °रुइ वि [°रुचि] सम्यक्त्व-विशेष वाला, सब पदार्थों को विस्तार से जानने की चाहवाला सम्यक्त्वी (पव १४९)।

**वित्थारइत्तअ** (शौ) वि [विस्तारयितृ] फैलानेवाला (अभि २८; पि ६००)।

**वित्थारग** वि [विस्तारक] फैलानेवाला (रंभा)।

**वित्थारण** न [विस्तारण] फैलाव; 'सीसमइ-वित्थारणमित्तत्थोयं कओ समुल्लावो' (सम्म १५५, सिरि १२०७)।

**वित्थारिय** वि [विस्तारित] फैलाया हुआ (सण; दे)।

**वित्थिण्ण, वित्थिन्न** वि [विस्तीर्ण] विस्तार-युक्त, विशाल (नाट—मृच्छ ६४; पाग्र; भवि)।

**वित्थिय** देखो वित्थड (स ६६७; गा ४०७ अ)।

**वित्थिर** न [दे] विस्तार, फैलाव (षड्)।

**वित्थुय** देखो वित्थड (स ६१०)।

**विथक्क** वि [विस्थित] जो विरोध में खड़ा हुआ हो, विरोधी बना हुआ (स ४६७; ६३४)।

**विद्** देखो विअ=विद्। वकृ. विदंत (उप २८० टी)। संकृ. विदित्ता, विदित्ताणं (सूम १, ६, २८; पि ५८३)।

**विदंड** पुं [विदण्ड] कक्षा तक लम्बी लट्ठी (पव ८१)।

**विदंसग** देखो विदंसय (पएह १, १ टी—पत्र १५)।

ससित्थ न [ससिक्थ] आटा आदि से लिप्त हाथ या बरतन आदि का धोवन (पडि)।

ससिरिय, ससिरीय } देखो स-सिरिय = स-श्रीक।

ससिह देखो स-सिह = स-स्पृह, स-शिख।

ससुर पुं [श्वशुर] ससुर, पति और पत्नी का पिता (पउम १८, ८; हेका ३२; कुमा; सुपा ३७७)।

ससूग देखो स-सूग = स-शूक।

ससेस देखो स-सेस = स-शेष।

ससोग, ससोगिल्ल } देखो स-सोग = स-शोक।

सस्स न [शस्य] १ क्षेत्र-गत धान्य (गा ६८६; महा; सुपा ३२)। २ वि. प्रशंसनीय, श्लाघ्य (सुपा ३२)। देखो सास = शस्य।

सस्सवण वि [सश्रवण] सकर्ण, निपुण (सुपा ६४५)।

सस्सिअ पुं [शस्यिक] कृषीवल, कृषक (राज)।

सस्सिरिअ देखो स-स्सिरिअ = स-श्रीक।

सस्सिरिली देखो सिस्सिरिली (उत्त ३६, ९८)।

सस्सिरीअ देखो स-स्सिरीअ = स-श्रीक।

सस्सू स्त्री [श्वश्रू] सास, पति या पत्नी की माता (प्राकृ ३८; सिरि ३५५)।

सह अक [राज्] शोभना, विराजना। सहइ (हे ४, १००; पाअ; कुमा; सुपा ४)।

सह अक [सह्] सहन करना। सहइ, सहंति (उव; महा; कुमा), सहइरे, सहेइरे (पि ४५८) वकृ. सहंत, सहमाण (महा; षड्)। संकृ. सहिअ (महा)। हेकृ. सहिउं, सोढुं (महा; धात्वा १५५; १५७)। कृ. सहिअव्व, सोढव्व (धात्वा १५५; सुर १४, ८०; गा १८; कप्पू; उप ७२८ टी; धात्वा १५७)।

सह सक [आ + ज्ञा] हुकुम करना, आदेश करना, फरमाना। सहइ (धात्वा १५५)।

सह वि [दे] १ योग्य, लायक (दे ८, १)। २ सहाय, मदद-कर्ता (सूअ १, ३, २, ६)।

सह वि [स्वक] देखो स = स्व (आचा)। °देस पुं [°देश] स्वदेश, स्वकीय देश (पिंग)। °संबुद्ध वि [°संबुद्ध] १ निज से ही ज्ञान को प्राप्त। २ पुं. जिन-देव (औप)।

सह वि [सह] १ समर्थ, शक्तिमान् (पाअ; से ५, २३)। २ सहिष्णु, सहन-कर्ता (आचा)। ३ पुं. युगलिक मनुष्य की एक जाति (इक; राज)। ४ अ. साथ, संग (स्वप्न ३४; आचा; जी ४३; प्रासू ३८)। ५ युगपत्, एक साथ (राज)। °कार पुं [°कार] १ आम का पेड़ (कप्प)। २ साथ मिलकर काम करना। ३ मदद, साहाय्य (हे १, १७७)। °कारि वि [°कारिन्] १ साहाय्य-कर्ता (पंचा ११, १२)। २ कारण-विशेष (विसे ११६८; श्रावक २०६)। °गत, °गय वि [°गत] संयुक्त (पराण, २२—पत्र ६३७; उव)। °गारि, गारिअ देखो °कारि (धर्मसं २०६; उप ४७२; उवर ७६)। °चर देखो

°यर (कुमा)। °चरण न [°चरण] सहचर, साथ रहना, मेलाप; 'रयणनिहाणेहिं भवउ सहचरणं' (श्रु ८४)। °ज पुं [°ज] १ स्वभाव (कुमा; पिंग)। २ वि. स्वाभाविक (चेइय ४७१)। °जाय वि [°जात] एक साथ उत्पन्न (णाया १, ५—पत्र १०७)। °देव पुं [°देव] १ एक पाण्डव, माद्री-पुत्र (धर्मवि ८१)। २ राजगृह नगर का एक राजा (उप ६४८ टी)। °देवा स्त्री [°देवा] ओषधि-विशेष (धर्मवि ८१)। °देवी स्त्री [°देवी] १ चतुर्थ चक्रवर्ती की माता (सम १५२; महा)। २ एक महौषधि (ती ५)। °धम्मआरिणी स्त्री [°धर्मचारिणी] पत्नी, भार्या (प्रति २२)। °पंसुकीलिअ वि [°पांशुक्रीडित] बाल-मित्र (सुपा २५४; णाया १, ५—पत्र १०७)। °य देखो °ज (चेइय ४४६; राज)। °यर वि [°चर] १ सहाय, साहाय्य-कर्ता। २ वयस्य, दोस्त। ३ अनुचर (पाअ; कुप्र २। अच्चु ६०; नाट—शकु ६१)। °यरी स्त्री [°चरी] पत्नी, भार्या (कुप्र १५१; से ८, ६६)। °यार देखो °कार (पाम; हे १, १७७)। °राग वि [°राग] राग-सहित (पउम १४, ३३)। °ार देखो °कार (पउम ५३, ७९)।

सह° देखो सहा = सभा (कुमा)।

सहउत्थिया स्त्री [दे] दूती (दे ८, ६)।

सहगुह पुं [दे] घूक, उल्लू, पक्षि-विशेष (दे ८, १६)।

सहडामुह न [शकटामुख] वैताढ्य की उत्तर श्रेणि में स्थित एक विद्याधर-नगर (इक)।

सहण अ [दे] सह, साथ में (सूत्र० चूर्णि० गा० २५७)।

सहण न [सहन] १ तितिक्षा, मर्षण। २ वि. सहिष्णु, सहन करनेवाला (सं २९)।

सहर पुंस्त्री [शफर] मत्स्य, मछली (पाअ; गउड)। स्त्री. °री (हे १, २३६; गउड)।

सहर वि [दे] साहाय्य-कर्ता, सहाय; 'न तस्स माया न पिया न भाया, कालम्मि तम्मि (?म्मी) सहरा भवंति' (वै ४३)।

सहल वि [सफल] फल-युक्त, सार्थक (उप १०३१ टी; हे १, २३६; कुमा; स्वप्न १९)।

सहस देखो सहस्स (श्रा ४४, पि ६२; ६६)। °किरण पुं [°किरण] सूर्य, रवि (सम्मत्त ७६)। °क्ख पुं [°क्ष] १ इन्द्र (सुपा १३०)। २ रावण का एक योद्धा (पउम ५६, २९)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

सहसक्कार पुं [सहसाकार] १ विचार किए विना करना (आचा)। २ आकस्मिक क्रिया, अकस्मात् करना (भग २५, ७—पत्र ९१९)। ३ वि. विचार किए विना करनेवाला (आचा)।

सहसत्ति अ. अकस्मात्, शीघ्र, जल्दी, तुरन्त (पाअ; आक ८१)।

सहसा अ [सहसा] अकस्मात्, शीघ्र, जल्दी (पाअ; प्रासू १५१; भवि)। °वित्तासिय न [°वित्रासित] अकस्मात् स्त्री के नेत्र-स्थगन आदि क्रीड़ा (उत्त १६, ६)।

सहस्स पुंन [सहस्र] १ संख्या-विशेष, दस सौ, १०००। २ वि. हजार की संख्यावाला (जी २७; ठा ३, १ टी—पत्र ११९; प्रासू ४; कुमा)। ३ प्रचुर, बहुत (कप्प; आवम; हे २, १९८)। °किरण पुं [°किरण] १ सूर्य, रवि (सुपा ३७)। २ एक राजा (पउम १०, ३४)। °क्ख पुं [°क्ष] इन्द्र, देवाधिपति (कप्प; उत्त ११, २३)। °णयण, °नयण पुं [°नयन] १ इन्द्र (उव; हम्मीर ५०; महा)। २ एक विद्याधर राज-कुमार (पउम ५, ६७)। °पत्त न [°पत्र] हजार दल-वाला कमल (कप्प)। °पाग पुंन [°पाक] हजार ओषधि से बनता एक प्रकार का तैल (णाया १, १—पत्र १९; ठा ३, १—पत्र ११७)। °रस्सि पुं [°रश्मि] सूर्य, रवि (णाया १, १—पत्र १७; भग; रयण ८३)। °लोयण पुं [°लोचन] इन्द्र (स ६२२)। °सिर वि [°शिरस्] १ प्रभूत मस्तक-वाला। २ पुं विष्णु (हे २, १९८)। °वत्त देखो °पत्त (से ६, ३८; सुपा ४९)। °सो अ [°शस्] हजार-हजार, अनेक हजार (श्रा १२)। °हा अ [°धा] सहस्र प्रकार से (सुपा ५३)। °हुत्तं अ [°कृत्वस्] हजार बार (प्राप्र; हे २, १५८)। देखो सहस, सहास।

सहस्संबवण न [सहस्राम्रवण] एक उद्यान, आम के प्रभूत पेड़ोंवाला वन (णाया, १, ८—पत्र १५२; अंत; उवा)।

सहस्सार पुं [सहस्रार] १ आठवाँ देवलोक (सम ३५; भग; अंत)। २ आठवें देवलोक का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ एक देव-विमान (देवेन्द्र १३५)। °वडिंसय पुंन [°ावतंसक] एक देव-विमान (सम ३५)।

सहा स्त्री [सभा] समिति, परिषत् (कुमा; स १२६; ५१६; सुपा ३८४)। °सय वि [°सद] सभ्य, सदस्य (पाअ; स ३८५)।

सहा देखो साहा = शाखा (गा २३०)।

सहाअ देखो स-हाअ = स्व-भाव।

सहाअ पुं [सहाय] साहाय्य-कर्ता (णाया १, २—पत्र ८८; पाअ; से ३, ३; स्वप्न १०६; महा; भग)।

सहाइ वि [साहाय्यिन्] ऊपर देखो (सिरि ९७; सुपा ५९३)।

सहाइया स्त्री [सहायिका] मदद करनेवाली (उवा)।

सहार देखो सह-ार = सह-कार।

सहाव देखो स-हाव = स्व-भाव।

सहास देखो सहस्स (भवि)। °हुत्तो अ [°कृत्वस्] हजार बार (षड्)।

सहास्य देखो सहा-सय = सभा-सद।

सहि वि [सखि] मित्र, दोस्त (पाअ; उर २, ६)। देखो सही°।

सहि° देखो सही (कुमा)।

सहिअ वि [सोढ] सहन किया हुआ (से १, ५५; धात्वा १५५)।

सहिअ वि [सहित] १ युक्त, समन्वित (उव; कुमा; सुपा ६१)। २ हित-युक्त (सूअ १, २, २, २३)। ३ पुं. ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७७)।

सहिअ पुं [सभिक] द्यूत-कारक, जूआ खेलनेवाला (दे ६, ४२; पाअ; सुपा ४८८)।

सहिअ देखो स-हिअ = स्व-हित।

सहिअ देखो सह = सह्।

सहिअ } वि [सहृदय] १ सुन्दर चित्त-
सहिअय } वाला। २ परिपक्व बुद्धिवाला (हे १, २६९; दे १, १; काप्र ५२१)।

सहिआ देखो सही (महा)।

सहिज्ज वि देखो सहाअ = सहाय; 'हुंति सहिज्जा विहुरे कुवियावि सहोयरा चेव' (सुपा ४२७; महा; कुप्र १२)। स्त्री. °ज्जी (सुपा १६ टि)।

सहिण देखो सण्ह + श्लक्ष्ण (आचा २, ५, १, ७; स २६४; ३२६; ३३३)।

सहिण्हु } वि [सहिष्णु] सहन करने की आदतवाला (राज; पि ५६६)।
सहिर } स्त्री. °री (गा ४७; पि ५६६)।

सही स्त्री [सखी] सहेली, संगिनी (स्वप्न १४१; कुमा)।

सही° देखो सहि। °वाय पुं [°वाद] मित्रता-सूचक वचन (सूअ १, ६, २७)।

सहीण वि [स्वाधीन] स्वायत्त, स्व-वश (पउम २०, १७; उत्त; दस ८, ६)।

सहु वि [सह] समर्थ, शक्तिमान् (ओघ; ७७; ओघभा ६८; उवर १४२; वव ४)।

सहु (अप) देखो संघ (संक्षि ३६)।

सहुं (अप) अ [सह] साथ, संग (हे ४, ४१६; कुमा)।

सहेज्ज देखो सहिज्ज (महा)।

सहेर (अ) पुं [शेखर] षट्पद छन्द का एक भेद (पिंग)।

सहेल वि [सहेल] हेला-युक्त, अनायास होनेवाला, सरल, गुजराती में 'सहेलुं' (प्रवि ११)।

सहोअर वि [सहोदर] १ तुल्य, सदृश (से ६, ४)। २ पुं. सगा भाई (पाअ; काल)।

सहोअरी स्त्री [सहोदरी] सगी बहिन (राज)।

सहोढ वि [सहोढ] चोरी के माल से युक्त, स-मोष (पिंड ३८०; णाया १, २—पत्र ८६)।

सहोदर देखो सहोअर (सुपा २४०; महा)।

सहोसिअ वि [सहोषित] एक-स्थान-वासी (दे १, १४६)।

साअड्ढ सक [कृष्] १ चास करना, कृषि करना। २ खींचना। साअड्ढइ (हे ४, १८७; षड्)।

साअड्ढिअ वि [कृष्ट] खींचा हुआ (कुमा ७, ३१)।

साअद (शौ) देखो सागद (अभि १०२; नाट—मृच्छ ४; पि १८५)।

साइ वि [शायिन्] सोनेवाला, शयन-कर्ता (सूअ १, ४, १, २८; आचा; दस ४, २६)।

साइ वि [सादि] १ आदि-सहित, उत्पत्ति-युक्त (सम्म ६१)। २ न. संस्थान-विशेष, शरीर की आकृति-विशेष जिस शरीर में नाभि से नीचे के अवयव पूर्ण और नाभि के ऊपर के अवयव हीन हो ऐसी शरीराकृति (सम १४९; अणु)। ३ कर्म-विशेष, सादि-संस्थान की प्राप्ति का कारण-भूत कर्म (कम्म १, ४०)।

साइ न [साचि] १ सेमल का पेड़, शाल्मली वृक्ष। २ संस्थान-विशेष, देखो साइ = सादि का दूसरा और तीसरा अर्थ (जीव १ टी—पत्र ४३)।

साइ पुंस्त्री [स्वाति] १ नक्षत्र-विशेष (सम २६; कप्प); 'सा साई तं च जलं पत्तविसेसेण अंतरं गरुयं' (प्रासू ३६)। २ पुं. भारतवर्ष में होनेवाले एक जिनदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५४)। ३ एक जैन मुनि (णंदि ४६)। ४ हैमवत-वर्ष के शब्दापाती पर्वत का अधिष्ठायक देव (ठा २, ३—पत्र ६६; ८०)।

साइ पुं [सादिन्] घुड़सवार (उप ७२८ टी)।

साइ पुंस्त्री [साति] १ अच्छी चीज के साथ खराब चीज का मिश्रण, उत्तम वस्तु के साथ हीन वस्तु की मिलावट (सूअ २, २, ६५)। २ अविश्रम्भ, अविश्वास। ३ असत्य वचन, झूठ (पण्ह १, २—पत्र २६)। ४ सातिशय द्रव्य, अपेक्षा-कृत अच्छी चीज (राज ११४)। °जोग पुं [°योग] १ मोहनीय कर्म (सम ७१)। २ अच्छी चीज से हीन चीज की मिलावट (राय ११४ टी)। °संपओग पुं [°संप्रयोग] वही अर्थ (राय ११४)।

साइ पुंस्त्री [दे] केसर, 'सालतले सारिठिआ अच्चइ चंडिं ससाइपउमेहिं' (दे ८, २२)।

साइज्ज सक [स्वादय्, सात्मी + कृ] १ स्वाद लेना, खाना। २ चाहना, अभिलाष करना। ३ स्वीकार करना, ग्रहण करना। ४ आसक्ति करना। ५ अनुमोदन करना। ६ उपभोग करना। साइज्जइ, साइज्जामो (आचा; कस; कप्प—टी; भग १५—पत्र ६८०; औप), साइज्जेज्ज (आचा २, १, ३, २)। भवि. साइज्जिस्सामि (आचा)। हेकृ. साइज्जित्तए (औप)।

साइज्जण न [स्वादन] अभिष्वङ्ग, आसक्ति (विसे २६८५)।

साइज्जणया स्त्री [स्वादना] उपभोग, सेवा (ठा ३, ३ टी—पत्र १४७)।

साइज्जिअ वि [दे] अवलम्बित (दे ८, २६)।

साइज्जिअ वि [स्वादित] १ उपभुक्त (कप्प—टी)। २ उपभुक्त-सम्बन्धी। स्त्री. °या (कप्प)।

साइम वि [स्वादिम] पान, सुपारी आदि मुखवास (ठा ४, २—पत्र २१६; आचा; उवा; औप; सम २६)।

साइय वि [सादिक] आदिवाला (कम्म १, ६; नव ३६)।

साइय देखो सागय = स्वागत (सुर ११, २१७)।

साइय न [दे] संस्कार (दे ८, २५)।

साइयंकार वि [दे] स-प्रत्यय, विश्वस्त (पिंडभा ४२)।

साइरेग वि [सातिरेक] साधिक, सविशेष (सम २; भग)।

साइसय वि [सातिशय] अतिशयवाला (महा; सुपा ३६७)।

साई देखो सई = शची (इक)।

साउ वि [स्वादु] स्वादवाला, मधुर (पिंड १२८; उप ६७०; से २, १८; कुमा; हे १, ५)।

साउग वि [स्वादुक] स्वादिष्ठ भोजनवाला, मधुर भोजनवाला; 'कुलाई जे धावइ साउगाई' (सूअ १, ७, २३)।

साउज्ज न [सायुज्य] सहयोग, साहाय्य (अच्चु ६५)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

साउणिअ वि [शाकुनिक] १ पक्षि-घातक, पक्षियों के वध का काम करनेवाला (पण्ह १, १; २—पत्र २६; अणु १२६ टि; विपा १, ८—पत्र ८३)। २ शकुन-शास्त्र का जानकार (सुपा २६७; कुप्र ५)। ३ श्येन पक्षी द्वारा शिकार करनेवाला (अणु १२६ टि)।

साउग देखो साउग (राज)।

साउय वि [सायुष्] आयुवाला, प्राणी (ठा २, १—पत्र ३८)।

साउल वि [संकुल] व्याप्त, भरपूर (सुर १०, १८)।

साउलय वि [साकुलत] आकुलता युक्त, व्याकुल, व्यग्र: 'इंदियसुहसाउलओ परिहिंडई सोवि संसारे' (पउम १०२, १६७)।

साउली स्त्री [दे] १ वस्त्राञ्चल (गा २६६)। २ वस्त्र, कपड़ा (गा ६०५)। देखो साहुली।

साउह पुं [दे] अनुराग, प्रेम (हे ८, २४; षड्)।

साएज्ज देखो साइज्ज। साएज्जइ (भवि ११, २)।

साएय न [साकेत] अयोध्या नगरी (इक; सुपा ५५८; पि ६३)। °पुर न [°पुर] वही अर्थ (उप ७२८ टी)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही (पउम ४, ४)। देखो साकेय।

साएया स्त्री [साकेता] अयोध्या नगरी (पउम २०, १०; णाया १, ८—पत्र १३१)।

सांतवण न [सान्तपन] व्रत-विशेष (प्रबो ७३)।

साक देखो साग (दे ६, १३०)।

साकेय न [साकेत] १ नगर-विशेष, अयोध्या (ती १०)। २ वि. गृहस्थ-संबन्धी। ३ न. प्रत्याख्यान-विशेष (पव ४)।

साकेय वि [साङ्केत] १ संकेत का, संकेत-संबन्धी। २ न. प्रत्याख्यान का एक भेद (पव ४)।

साग पुं [शाक] १ वृक्ष-विशेष (पउम ४२, ७; दे १, २७)। २ तक्र-सिद्ध बड़ा आदि खाद्य; 'सागो सो तक्कसिद्धं जं' (पव २५६)। ३ शाक, तरकारी (पि २०२; ३६४)।

सागडिअ वि [शाकटिक] गाड़ीवान, गाड़ी चला कर निर्वाह करनेवाला (सुर १६, २२३; स २६२; उत्त ५, १४; श्रा १२)।

सागय न [स्वागत] १ शोभन आगमन, प्रशस्त आगमन (भग)। २ अतिथि-सत्कार, आदर, बहु-मान (सुपा २५६)। ३ कुशल (कुमा)।

सागर पुं [सागर] १ समुद्र (पण्ह १, ३—पत्र ४४; प्रासू १३४)। २ एक राज-पुत्र (उप ६३७)। ३ राजा अन्धकवृष्णि का एक पुत्र (अंत ३)। ४ एक वणिक्—व्यापारी (उप ३४८ टी)। ५ सातवें बलदेव तथा वासुदेव के पूर्व भव के धर्म-गुरु (सम १५३)। ६ पुंन. कूट-विशेष (इक)। ७ समय-परिमाण-विशेष, दश-कोटाकोटि-पल्योपम-परिमित काल (नव; ६; जी ३६; पव २०५)। ८ एक देव-विमान (सम २)। °कंत पुंन [°कान्त] एक देव-विमान (सम २)। °चंद पुं [°चन्द्र] १ एक जैन आचार्य (काल)। २ एक व्यक्तिवाचक नाम (उव; पडि; राज)। °चित्त पुंन [°चित्र] कूट-विशेष (इक)। °दत्त पुं [°दत्त] १ एक जैन मुनि (सम १५३)। २ तीसरे बलदेव का पूर्वजन्मीय नाम (सम १५३)। ३ एक श्रेष्ठि-पुत्र (महा)। ४ एक सार्थवाह का नाम (विपा १, ७)। ५ हरिषेण चक्रवर्ती का एक पुत्र (महा ४४)। °दत्ता स्त्री [°दत्ता] १ भगवान् धर्मनाथजी की दीक्षा-शिबिका (सम १५१)। २ भगवान् विमलनाथजी की दीक्षा-शिबिका (विचार १२६)। °देव पुं [°देव] हरिषेण चक्रवर्ती का एक पुत्र (महा)। °वूह पुं [°व्यूह] सैन्य की रचना-विशेष (महा)। देखो सायर = सागर।

सागरिअ देखो सागारिय (पिंड ५६८; पव ११२)।

सागरोवम पुंन [सागरोपम] समय-परिमाण विशेष, दस-कोटाकोटि-पल्योपम-परिमित काल (ठा २, ४—पत्र ६०; सम २, ८; ६; १०; ११; उव; पि ४४८)।

सागार वि [साकार] १ आकार-सहित, आकृतिवाला। २ विशेषांश को ग्रहण करने की शक्ति, विशेष-ग्रहण, ज्ञान (औप; भग; सम्म ६५)। ३ अपवाद-युक्त (भग ७, २—पत्र २९५; उप ७२८ टी)। °पस्सि वि [°दर्शिन्] ज्ञानवाला (पण्ण ३०—पत्र ७५६)।

सागार वि [सागार] गृह-युक्त, गृहस्थ (आत्मम)।

सागारि } वि [सागारिन्, °रिक] १ गृह का मालिक, उपाश्रय का मालिक, साधु को स्थान देनेवाला गृहस्थ, शय्यातर (पिंड ३१०; आचा २, २, ३, ५; सूअ २, ६, १६; ओघ १६६)। २ सूतक, प्रसव और मरण की अशुद्धि, अशौच (सूअ २, ६, १६)। ३ गृहस्थ से युक्त; 'सागारिए उवस्सए' (आचा २, २, १, ४; ५)। ४ न. मैथुन (आचा १, ६, १, ६)। ५ वि. शय्यातर गृहस्थ का, उपाश्रय के मालिक से संबन्ध रखनेवाला; 'सागारियं पिंडं भुंजेमाणे' (सम ३६)।
सागारिय }

सागेय देखो साकेय = साकेत (णाया १, ८—पत्र १३१; उप ७२८ टी)।

साड सक [शाटय्, शातय्] सड़ाना, विनाश करना। हेक. साडेत्तए (विपा १, १—पत्र १६)।

साड पुं [शाट, शात] १ शाटन, विनाश (विसे ३३२१)। २ शाटक, उत्तरीय वस्त्र, चद्दर (पव ३८)। ३ वस्त्र, कपड़ा; 'एगसाडे अदुवा अचेले' (आचा; सुपा ११)।

साडअ } पुंन [शाटक] वस्त्र, कपड़ा (सुपा १५३; राज)।
साडग }

साडण न [शाटन, शातन] १ विशरण, विनाश (विसे ३३१६; स ११६)। २ छेदन (सूअनि ७२)।

साडणा स्त्री [शाटना, शातना] खण्ड-खण्ड होकर गिराने का कारण, विनाश-कारण (विपा १, १—पत्र १६)।

साडिअ वि [शाटित, शातित] सड़ाकर गिराया हुआ, विनाशित (सुर १५, ३; दे ७, ८)।

साडिआ स्त्री [शाटिका] वस्त्र, कपड़ा (औप; कप्प)।

साडिल्ल देखो साड = शाट; 'नियसियआजाणु-मलिणसाडिल्लो' (सुपा ११)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

साडी स्त्री [शाटी] वस्त्र, कपड़ा (कुप्र ४१२)।
साडी स्त्री [शकटी] गाड़ी। °कम्म पुंन [°कर्मन्] गाड़ी बनाना, बेचना, चलाना आदि शकट-जीविका (उवा; श्रा २२)।
साडीया देखो साडिआ; 'जह उल्ला साडीया आसुं सुक्कइ विरल्लिया संती' (विसे ३०३२)।
साडोल्लय देखो साडल्ल (णाया १, १८—पत्र २३५)।
साण सक [शाणय्] शाण पर चढ़ाना, तीक्ष्ण करना। माणिज्जदि (शौ) (नाट)।
साण पुंस्त्री [श्वान] १ कुत्ता (पाअ; पण्ह १, १—पत्र ७; प्रामू १६६ हे १, ५२)। स्त्री. °णी (सुपा ११४)। २ पुं. छन्द-विशेष (पिंग)।
साण वि [श्यान] निबिड, घनीभूत (गा ६८२)।
साण पुं [शाण, शान] शस्त्र को घिस कर तीक्ष्ण करने का यन्त्र (गउड; रंभा)।
साण वि [शाण] सन का बना हुआ, पाट का बना हुआ। स्त्री. °णी (दस ५, १, १८)।
साण देखो सासायण (कम्म ३, २१)।
साणइअ वि [दे. शाणित] उत्तेजित (दे ८, १३)।
साणय न [शाणक] सन का बना हुआ वस्त्र (ठा ५, ३—पत्र ३३८; कस)।
साणि स्त्री [शाणि] सन का बना हुआ कपड़ा (दस ५, १, १८)।
साणिअ वि [दे] शान्त (षड्)।
साणी देखो साण = श्वान।
साणी स्त्री [शाणी] देखो साणि; 'साणीपावारपिहियं' (दस ५, १, १८)।
साणु पुंन [सानु] पर्वत पर का समान भूमि-वाला प्रदेश (पाअ; सुर ७, २१४; स ३६५)। °मंत पुं [°मत्] पर्वत (उप १०३१ टी)। °लट्ठिया स्त्री [°यष्टिका] ग्राम-विशेष (राज)।
साणुक्कोस वि [सानुक्रोश] दयालु (ठा ४, ४—पत्र २८५; पण्ह १, ४—पत्र ७२; स्वप्न २६; ४६; वसु)।
साणुप्पग न [सानुप्रग] प्रातःकाल, प्रभात-समय (बृह १)।
साणुबंध वि [सानुबन्ध] निरन्तर, अविच्छिन्न प्रवाहवाला (उप ७७२)।
साणुबीय वि [सानुबीज] जिसमें उत्पादन-शक्ति नष्ट न हुई हो वह बीज (आचा २, १, ८, ३)।
साणुवाय वि [सानुवात] अनुकूल पवन-वाला (उव)।
सणुसय वि [सानुशय] अनुताप-युक्त (अभि १११; गउड)।
साणूर न [दे] देव-गृह, देव-मन्दिर (दे ८, २४)।
सात न [सात] १ सुख (ठा २, ४)। २ वि. सुखवाला। स्त्री. °ता (पण्ण ३५—पत्र ७८९)। °वेयणिज्ज न [°वेदनीय] सुख का कारण-भूत कर्म (ठा २, ४—पत्र ६६)।
साति देखो साइ = स्वाति, सादि, साचि, साति (सम २; ठा २, ३—पत्र ८०; ६—पत्र ३५७; जीव १—पत्र ४२; पण्ह १, २—पत्र २६; सम ७१)।
सातिज्जणया देखो साइज्जणया (ठा ३, ३—पत्र १४७)।
साद पुं [साद] अवसाद, खेद (दे १, १६८)।
सादिव्व वि [सदैव] देवता-प्रयुक्त, देव-कृत (पव २६८)।
सादिव्व देखो सादेव्व (पिंड ४२७)।
सादीअ देखो साइय = सादिक (भग; औप)।
सादीणगंगा स्त्री [सादीनगङ्गा] आजीविक मत में उक्त एक परिमाण (भग १५—पत्र ६७४)।
सादेव्व न [सादिव्य] देव का अनुग्रह—सांनिध्य; 'सादेव्वाणि य देवयाओ करेंति सच्चवयणे रयाणं' (पण्ह २, २—पत्र ११४; उप ८०३)।
सादूदूलसट्ट (अप) देखो सद्दूल-सट्ट (पिंग)।
साध देखो साह = साधय्। साधेंति (सुज्ज १०, १७)।
साधग देखो साहग (धर्मसं १४२; ३२३)।
साधम्म देखो साहम्म (धर्मसं ८७७)।
साधम्मिअ देखो साहम्मिअ (पउम ३५, ७४)।
साधारण देखो साहारण = साधारण (त्रि ८२)।
साधारणा स्त्री [संधारणा] वासना, धारणा, स्मरणशक्ति (णंदि १७६)।
साधीण देखो साहीण (नाट—मालती १११)।
सापद (शौ) देखो सावय = श्वापद (नाट—शकु ३०)।
साफल्ल } देखो साहल्ल (विसे २५३२;
साफल्लया } उप ७६८ टी; धर्मवि ६६; स ७०८; ७०६)।
साबाह वि [साबाध] आबाधा-सहित (उप ३३६ टी)।
साभरग पुं [दे. साभरक] रुपया, सोलह आने का सिक्का (पव १२१)।
साभव्व देखो साहव्व (विसे १३६)।
साभाविअ } देखो साहाविअ (सुअनि १६;
साभाविय } कप्प; श्रावक २५८ टी)।
साम पुंन [सामन्] १ शत्रु को वश करने का उपाय-विशेष, एक राज-नीति (णाया १, १—पत्र ११; प्रामू ६७)। २ प्रिय वाक्य (कुमा; महा १४)। ३ एक वेद-शास्त्र (भग; कप्प)। ४ मैत्री, मित्रता (विसे ३४८१)। ५ शर्करा आदि मिष्ट वस्तु; 'महुरपरिणामं सामं' (आव १)। ६ सामायिक, संयम-विशेष (संबोध ४५); 'सामं समं च सम्मं इगमवि सामाइयस्स एगट्ठा' (आव १)। °कोट्ठ पुं [°कोष्ठ] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न एकीसवें जिनदेव (सम १५३)। देखो सामि-कुट्ठ।
साम पुं [श्याम] १ कृष्ण वर्ण, काला रंग। २ हरा वर्ण, नीला रंग। ३ वि. काला वर्ण-वाला। ४ हरा वर्णवाला (आचा; कुमा; सुर ४,४४)। ५ पुं. परमाधमी देवों की एक जाति (सम २८; सुअनि ७२)। ६ एक जैन मुनि, श्यामार्य (णंदि ४६)। ७ न. तृण-विशेष, गन्ध-तृण (सुअ २, २, ११)। ८ पुंन. आकाश, गगन (भग २०, २—पत्र ७७६)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] भगवान् महावीर का शिष्य एक मुनि (भग १०, ४—पत्र ५०१)।
सामइअ वि [प्रतीक्षित] जिसकी प्रतीक्षा की गई हो वह (कुमा)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**सामइअ** देखो सामाइअ (विसे २६२४; २६३०; २६३४; २६३६)।

**सामइअ, सामइग** पुं [सामयिक] १ एक गृहस्थ का नाम (सुअनि १६१)। २ वि. समय-सम्बन्धी (पंच ५, १६६)। ३ सिद्धान्त का जानकार (पिंडभा ६)। ४ आगम-आश्रित, सिद्धान्त-आश्रित (ठा ३, ३—पत्र १५१)। ५ बौद्ध विद्वान् (दसनि ४, ३५)।

**सामइग** देखो सामाइअ (विसे २७१६)।

**सामइगि** वि [सामायिकिन्] सामायिक-वाला (विसे २७१६)।

**सामंत** पुंन [सामन्त] १ निकट, समीप, पास; 'तस्स णं अदूरसामंते' (णाया १, २—पत्र ७८; उवा; कप्प)। २ पुं अधीन राजा (महा; काल)। ३ अपने देश के अनन्तर देश का राजा, समीप देश का राजा (कप्प)।

**सामंती** स्त्री [दे] सम-भूमि (दे ८, २३)।

**सामंतोवणिवाइय** न [सामन्तोपनिपातिक] अभिनय का एक भेद (राय ५४)।

**सामंतोवणिवाइया, सामंतोवणीआ** स्त्री [सामन्तोपनिपातिकी] क्रिया-विशेष, चारों तरफ से इकट्ठे हुए जन-समुदाय में होनेवाली क्रिया—कर्म बन्ध का कारण (ठा २, १—पत्र ४०; नव १८)।

**सामंतोवायणिय** पुंन [सामन्तोपपातनिक] अभिनय-विशेष (ठा ४, ४—पत्र २८५)।

**सामक्ख** देखो समक्ख; संभरियं चिय वयणं, 'ज त अणरएणमित्तसामक्खं। भणियं अईयकाले' (पउम १०, ८४)।

**सामग** देखो सामय = श्यामाक (राज)।

**सामग्ग** सक [श्लिष्] आलिङ्गन करना। सामग्गइ (हे ४, १९०)।

**सामग्ग, सामग्गिअ** न [सामग्र्य] सामग्री, संपूर्णता, सकलता (से ६, ४७; आचा २, १, १, ६; महा)।

**सामग्गिअ** वि [श्लिष्ट] आलिङ्गित (कुमा)।

**सामग्गिअ** वि [दे] १ चलित। २ अव-लम्बित। ३ पालित, रक्षित (दे ८, ५३)।

**सामग्गी** स्त्री [सामग्री] १ समस्तता। २ कारण-समूह (सम्मत्त २२४; महा; कप्पू; रंभा)।

**सामच्छ** सक [दे] मन्त्रणा करना, पर्या-लोचन करना। संकृ. सामच्छिऊण (पउम ४२, ३५)।

**सामच्छ** न [सामर्थ्य] समर्थता, शक्ति (हे २, २२; कुमा)।

**सामच्छण** देखो सामत्थण (राज)।

**सामज्ज** न [साम्राज्य] सार्वभौम राज्य, बड़ा राज्य (उप ३५७ टी)।

**सामण, सामणिय** वि [श्रामण, °णिक] श्रमण-संबन्धी (राज)।

**सामणिअ** देखो सामण्ण = श्रामण्य (सूअ १, ७, २३; दस ७, ५६)।

**सामणेर** पुं [श्रामणेर] श्रमण का अपत्य, साधु की संतान (सूअ १, ४, २, १३)।

**सामण्ण** न [श्रामण्य] श्रमणता, साधुपन (भग; दस २, १; महा)।

**सामण्ण** पुं [सामान्य] १ अणपन्नी देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ न. वैशेषिक दर्शन में प्रसिद्ध सत्ता पदार्थ (धर्मसं २५६)। ३ वि. साधारण (गा ८६१; ६६६; नाट—रत्ना ८१)।

**सामत्थ** देखो सामच्छ (दे)। संकृ. सामत्थे-ऊण (काल)।

**सामत्थ** देखो सामच्छ = सामर्थ्य (हे २, २२; कुमा; ठा ३, १—पत्र १०६; सुपा २८२; प्रासू १४४)।

**सामत्थ, सामत्थण** न [दे] पर्यालोचन, मन्त्रणा; 'कास हरामोत्ति अज्ज दव्वं इति सामत्थं करेंति गुज्झं' (पण्ह १, ३—पत्र ४६; पिंड १२१; बृह १)।

**सामन्न** देखो सामण्ण = श्रामण्य (भग; कप्प; सुर १, १)।

**सामन्न** देखो सामण्ण = सामन्य (उत्त; स ३२५; धर्मवि ५६; कम्म १, १०; ३१)।

**सामय** सक [प्रति + ईक्ष्] प्रतीक्षा करना, बाट जोहना (हे ४, १९३; षड्)।

**सामय** पुं [श्यामाक] धान्य-विशेष, साँवा (हे १, ७१; कुमा)।

**सामरि** पुंस्त्री [दे. शाल्मलि] शाल्मली वृक्ष, सेमर का पेड़ (दे ८, २०; पाअ)।

**सामरिस** वि [सामर्ष] ईर्ष्यालु, असहिष्णु (सुर २, ६०)।

**सामल** वि [श्यामल] १ काला, कृष्ण वर्ण-वाला (से १, ५६; सुर ३, ६५; कुमा)। २ पुं. एक वणिग—बनिया (सुपा ५५५)।

**सामलइअ** वि [श्यामलित] काला किया हुआ (से ८, ६६)।

**सामलय** वि [श्यामलक] १ काला। २ काला पानीवाला (से १, ५६)। ३ पुं. वनस्पति-विशेष (राज)।

**सामला** स्त्री [श्यामला] १ कृष्ण वर्णवाली स्त्री। २ सोलह वर्ष की स्त्री, श्यामा (वज्जा ११२)।

**सामलि** पुंस्त्री [शाल्मलि] सेमल का गाछ (सूअ १, ६, १८; उत्त; औप)।

**सामलिअ** देखो सामलइअ (सुर ४, १२७)।

**सामली** देखो सामला (गउड; गा १२३; २३८; ७६४; सुपा १८५)।

**सामलेर** पुं [शाबलेय] काबरचित गौ—चित-कबरी गाय का वत्स (अणु २१७)।

**साम** स्त्री [श्यामा] १ तेरहवें जिनदेव की माता (सम १५१)। २ तृतीय जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। ३ रात्रि, रात (सूअ २, १, ५६; से १, ५६; ओघ ३८७)। ४ शक्र की एक अग्र-महिषी—पटरानी (पउम १०२, १५६)। ५ प्रियंगु वृक्ष (पण्ण १—पत्र ३३; १७—पत्र ५२६; अनु ४)। ६ एक महौषधि (ती ५)। ७ लता-विशेष, साम-लता (औप)। ८ सोम लता (से १, ५६)। ९ नारी, स्त्री (से १, ५६; अणु १३६)। १० श्याम वर्णवाली स्त्री (कुमा)। ११ सोलह वर्ष की उम्रवाली स्त्री (वज्जा १०४) १२ सुन्दर स्त्री, रमणी (से १, ५६; गउड)। १३ यमुना नदी। १४ नील का गाछ। १५ गुग्गुल का गाछ। १६ गुडूची, गला। १७ गुन्द्रा। १८ कृष्णा। १९ अम्बिका। २० कस्तूरी। २१ वटपत्री। २२ वन्दा की लता। २३ हरी पुनर्नवा। २४ पिप्पली का गाछ। २५ हरिद्रा, हलदी। २६ नील दूर्वा। २७ तुलसी। २८ पद्मबीज।



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

२६ गौ, गैया। ३० छाया। ३१ शिंसपा, सीसम का पेड़। ३२ पक्षि-विशेष (हे १, २६०)। °स पुं [°श] रात्रि-भोजन (सूत्र २, १, ५६; आचा १, २, ५, १)।

सामाइअ न [सामायिक] संयम-विशेष, सम-भाव, राग-द्वेष-रहित अवस्थान (विसे २६७६; २६८०; २६८१; २६६०; कप्प; औप; नव)।

सामाइअ वि [सामाजिक] समाज का, समूह से संबन्ध रखनेवाला, सभ्य (उत्त ११, २६; सुख ११, २६)।

सामाइअ वि [श्यामायित] रात्रि-सदृश (गा ५६०)।

सामाग पुं [श्यामाक] भगवान् महावीर के समय का एक गृहस्थ, जिसके ऋजुवालिका नदी के किनारे पर स्थित क्षेत्र में भगवान् महावीर को केवलज्ञान हुआ था (कप्प)। देखो सामाय = श्यामाक।

सामाजिअ देखो सामाइअ = सामाजिक (हास्य ११८)।

सामाण देखो समाण = समान; 'लोहो हलिद्दखंजणकद्दमकिमिरागसामाणो' (कम्म १, २०; पुप्फ २८७)।

सामाण पुंन [सामान] एक देव-विमान (सम ३३)।

सामाणिअ वि [सामानिक] १ संनिहित, निकट-वर्ती, नजदीक में स्थित (विसे २६७६)। २ पुं. इन्द्र के समान ऋद्धिवाले देवों की एक जाति (सम ३७; ठा ३, १—पत्र ११६; उवा; औप; पउम २, ४१)।

सामाय अक [श्यामाय्] काला होना। सामाइ, सामायइ, सामायंति (गउड)। वकृ. सामायंत (गउड)।

सामाय देखो सामय = श्यामाक (राज)।

सामाय पुं [सामाय] संयम-विशेष, सामायिक (विसे १४२१; संबोध ४५)।

सामायारि वि [समाचारिन्] आचरण करनेवाला (उव)।

सामायारी स्त्री [सामाचारी] साधु का आचार—क्रिया-कलाप (गच्छ १, १५; उव; उप ६६६)।

सामास देखो सामा-स = श्यामा-श।

सामासिय वि [सामासिक] समास-संबन्धी (अणु १४७)।

सामि } वि [स्वामिन्] १ नायक, अधि-
सामिअ } पति। २ ईश्वर, मालिक (सम ८६; विपा १, १ टी—पत्र ११; उव; कुमा प्रासू ८८)। स्त्री. °णी (महा)। ३ पुं. प्रभु, भगवान् (कुमा १, १; ७, ३७; सुपा ३५)। ४ राजा, नृप। ५ भर्ता, पति (महा)। °कुट्ठ पुं [°कुष्ठ] ऐरवत वर्ष में उत्पन्न एक्कीसवें जिन-देव (पव ७)। देखो साम-कोट्ठ। °त्त न [°त्व] मालकियत, आधिपत्य (सम ८६; सं २२)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (उप ५६७ टी)।

सामिअ वि [दे] दग्ध, जलाया हुआ (दे ८, २३)।

सामिअ वि [शमित] शान्त किया हुआ (सुपा ३५)।

सामिद्धि स्त्री [समृद्धि] १ अति संपत्ति। २ वृद्धि (प्राप्र; हे १, ४४; कुमा)।

सामिधेय न [सामिधेय] काष्ठ-समूह (अंत ११; स ५६१)।

सामिली न [स्वामिलिन्] १ गोत्र-विशेष, जो वत्स गोत्र की एक शाखा है। २ पुंस्त्री. उस गोत्र में उत्पन्न (ठा ७—पत्र ३६०)।

सामिसाल देखो सामि (पउम ८, ६८; सुपा २६३; भवि; सण)। स्त्री. °ली (स ३०६)।

सामिहेय देखो सामिधेय (स ३४०; ३४४; महा)।

सामीर वि [सामीर] समीर-संबन्धी (गउड)।

सामुंडुअ पुं [दे] तृण-विशेष, वह तृण, जिसकी कलम की जाती है (पाअ)।

सामुग्ग वि [सामुद्ग] संपुटाकारवाला; 'सामुग्गनिमग्गगूढजाणू' (औप)।

सामुच्छेइय वि [सामुच्छेदिक] वस्तु को एकान्त क्षणिक माननेवाला एक मत और उसका अनुयायी (ठा ७—पत्र ४१०; विसे २३८६)।

सामुदाइय वि [सामुदायिक] समुदाय का, समुदाय से संबन्ध रखनेवाला (णाया १, १६—पत्र २०८)।

सामुदाणिय वि [सामुदानिक] १ भिक्षा-संबन्धी, भिक्षा से लब्ध (ठा ४, १—पत्र २१२; सूत्र २, १, ५६)। २ भिक्षा, भैक्ष (भग ७, १ टी—पत्र २६३)।

सामुद्द पुं [दे] इक्षु-समान तृण-विशेष (दे ८, २३)।

सामुद्द } वि [सामुद्र, °क] १ समुद्र-
सामुद्दय } सम्बन्धी, सागर का (णाया १, ८—पत्र १४५; भग ५, २—पत्र २११; दस ३, ८)। २ न. छन्द-विशेष (सुअनि १३६)।

सामुद्दिअ न [सामुद्रिक] १ शास्त्र-विशेष, शरीर पर के चिह्नों का शुभाशुभ फल बतलानेवाला शास्त्र (श्रा १२)। २ शरीर की रेखा आदि चिह्न; 'सामुद्दियलक्खणाण लक्खंपि' (संबोध ४२)। ३ वि. सामुद्रिक शास्त्र का ज्ञाता (कुप्र ५)।

सामुयाणिय देखो सामुदाणिय (उत्त १७, १६)।

साय देखो साइज्ज = स्वाद, सात्मी + कृ। सायए (आचा २, १३, १), साएज्जा (वव १)।

साय देखो साग = शाक; 'भोत्तव्वं संजएण समियं न सायसूयाहियं' (पण्ह २, ३—पत्र १२३; पण्ण १—पत्र ३४)।

साय न [सात] १ सुख (भग; उव)। २ सुख का कारण-भूत कर्म (कम्म १, १३; ५५)। ३ एक देव-विमान (सम ३८)। °वाइ वि [°वादिन्] सुख-सेवन से ही सुख की उत्पत्ति माननेवाला (ठा ८—पत्र ४२५)। °वाहण पुं [°वाहन] एक प्रसिद्ध राजा (काल)। °गारव पुंन [°गौरव] १ सुख-शीलता (सम ८)। २ सुख का गर्व (राज)। °सुक्ख न [°सौख्य] अतिशय सुख (जीव ३)। देखो साअ = सात।

साय पुं [स्वाद] रस का अनुभव (विसे ७६६; पउम ३३, १०; उप ७६८ टी)।

साय न [दे] १ महाराष्ट्र देश का एक नगर। २ दूर (दे ८, ५१)।

सायं अ [सायम्] १ सन्ध्या-समय, शाम (पाअ; गउड; कप्पू)। २ सत्य, सच्चा (ठा

१०—पत्र ४६५)। °कार पुं [°कार] १ सत्य। २ सत्य-करण (ठा १०—पत्र ४६५)। °तण वि [°तन] सन्ध्या-समय का (विक्र १६)।

सायंदूर न [दे] नगर-विशेष (दे ८. ५१ टी)।

सायंदुला स्त्री [दे] केतकी, केवड़े का गाछ (दे ८, २५)।

सायकुंभ न [शातकुम्भ] १ सुवर्ण, सोना। २ वि. सुवर्ण का बना हुआ (सुपा २०१)।

सायग पुं [सायक] बाण, तीर (सुपा ६५१)।

सायग वि [स्वादक] स्वाद लेनेवाला (दस ४, २६)।

सायणा स्त्री [शातना] खण्डन, छेदन (सम ५८)।

सायणी स्त्री [शायनी, स्वापनी] मनुष्य की दस दशाओं में दसवीं—९० से १०० वर्ष की उम्रवाली—दशा (तंदु १६)।

सायत्त वि [स्वायत्त] स्वाधीन, स्वतन्त्र (स २७६)।

सायय देखो सायग (पाअ; स ५४८)।

सायर पुं [सागर] १ समुद्र (सुपा ५६; ८८; जी ४४; गउड; प्रासू ८७; १४४; प्राप्र; हे २, १८२)। २ ऐरवत वर्ष में होनेवाले चौथे जिन-देव (पव ७)। ३ मृग-विशेष। ४ संख्या-विशेष (प्राप्र)। ५ एक सेठ का नाम (सुपा २८०)। °घोस पुं [°घोष] एक जैन मुनि जो आठवें बलदेव के पूर्वजन्म में गुरु थे (पउम २०, १९३)। °भद्द पुं [°भद्र] इक्ष्वाकुवंश का एक राजा (पउम ५, ४)। देखो सागर = सागर।

सायर वि [सादर] आदर-युक्त (गउड; सुर २, २४५)।

सायार देखो सागार = साकार (सम्म ६४; पउम ६, ११८)।

सार सक [प्र + हृ] प्रहार करना। सारइ (हे ४, ८४)। वकृ. सारंत (कुमा)।

सार सक [स्मारय्] याद दिलाना। सारे (वव १)।

सार सक [सारय्] १ ठीक करना, दुरुस्त करना। २ प्रख्यात करना, प्रसिद्ध करना। ३ प्रेरणा करना। ४ उन्नत करना, उत्कृष्ट बनाना। ५ सिद्ध करना। ६ अन्वेषण करना, खोजना। ७ सरकाना, खिसकाना, एक स्थान से अन्य स्थान में ले जाना। सारइ (सुपा १५४), सारंति, सारयइ (सूअ १, २, २, २६; २, ६, ४); 'सारेहि वीणं' (स ३०६), सारेह (सूअ १, ३, ३, ६)। कर्म. 'हंसाण सरेहि सिरि सारिज्जइ अह सराण हंसेहिं' (गा ९५३; काप्र ८६२)। कवकृ. सारिज्जंत (सुपा ५७)।

सार सक [स्वरय्] १ बुलवाना। २ उच्चारण-योग्य करना। सारंति (विसे ४६२)।

सार वि [शार] १ शबल, चितकबरा (पाअ; गउड ३७८; ५३०)। २ पुं. सार, पासा, खेलने के लिए काठ आदि का चौपहल रंगबिरंगा साँचा (सुपा १५४)।

सार पुंन [सार] १ धन, दौलत (पाअ; से २, १; २६; मुद्रा २६७)। २ न्याय्य, न्याय-युक्त; 'एयं खु नाणिणो सारं जं न हिंसइ किंचण' (सूअ १, १, ४, १०)। ३ बल, पराक्रम (पाअ; से ३, २७)। ४ परमार्थ (आचानि २३९)। ५ प्रकर्ष (आचानि २४०)। ६ फल (आचानि २४१)। ७ परिणाम (ठा ४, ४ टी—पत्र २८३)। ८ रस, निचोड़ (कप्पू)। ९ एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। १० स्थिर अंश (से ३, २७; गउड)। ११ पुं. वृक्ष-विशेष (पएण १—पत्र ३४)। १२ छन्द-विशेष (पिंग)। १३ वि. श्रेष्ठ, उत्तम; 'जह चंदो ताराणं गुणाण सारा तहेह दया' (धम्मो ६; से २, २६)। °कंता स्त्री [°कान्ता] षड्ज ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। °य वि [°द] सार देनेवाला (से ९, ४०)। °वई स्त्री [°वती] छन्द विशेष (पिंग)। °वंत वि [°वत्] सार-युक्त (ठा ७—पत्र ३९४; गउड)। °वंती देखो °वई (पिंग)।

सारइअ वि [शारदिक] शरद ऋतु का (उत्त १०, २८; पएण १७—पत्र ५२९; ती ५; उवा)।

सारंग वि [शार्ङ्ग] १ सींग का बना हुआ। २ न. धनुष। ३ आर्द्रक, आदी (हे २, १००; प्राप्र)। ४ विष्णु का धनुष (हे २ १००; सुपा ३४८)। °पाणि पुं [°पाणि] विष्णु (प्राकृ २७)।

सारंग पुं [सारंग] १ सिंह, मृगेन्द्र (सुर १, ११; सुपा ३४८)। २ चातक पक्षी (पाअ; से ६, ८२)। ३ हरिण, मृग (से ६, ८२; कप्पू)। ४ हाथी। ५ भ्रमर। ६ छत्र। ७ राजहंस। ८ चित्र-मृग, चितकबरा हरिण। ९ वाद्य-विशेष। १० शंख। ११ मयूर। १२ धनुष। १३ केश। १४ आभरण, अलंकार। १५ वस्त्र। १६ पद्म, कमल। १७ चन्दन। १८ कपूर। १९ फूल। २० कोयल। २१ मेघ (सुपा ३४८)। °रूअक, °रूपक (अप) पुंन [°रूपक] छन्द-विशेष (पिंग)।

सारंग न [साराङ्ग] प्रधान दल, श्रेष्ठ अवयव (पण्ह २, ५—पत्र १५०; सुपा ३४८)।

सारंगि पुं [शार्ङ्गिन्] विष्णु, श्रीकृष्ण (कुमा)।

सारंगिका } स्त्री [सारङ्गिका] छन्द-विशेष
सारंगिक्का } (पिंग)।

सारंगी स्त्री [सारङ्गी] १ हरिणी (पाअ)। २ वाद्य-विशेष (सुपा १३२)।

सारंभ देखो संरंभ (ठा ७—पत्र ४०१)।

सारकल्लाण पुं [सारकल्याण] वलयाकार वनस्पति-विशेष (पएण १—पत्र ३४)। देखो सालकल्लाण।

सारक्ख सक [सं + रक्ष्] परिपालन करना, अच्छी तरह रक्षण करना। सारक्खइ (तंदु १३)। वकृ. सारक्खंत, सारक्खमाण (पि ७६; उवा)।

सारक्खण न [संरक्षण] सम्यग् रक्षण, त्राण (णाया १, २—पत्र ९०; सूअ १, ११, १८; औप)।

सारक्खणया स्त्री [संरक्षणा] ऊपर देखो (पि ७६)।

सारक्खि वि [संरक्षिन्] संरक्षण-कर्ता (पि ७६)।

सारक्खिअ वि [संरक्षित] जिसका संरक्षण किया गया हो वह (पण्ह २, ४—पत्र १३०)।

**सारक्खेत्तु** वि [ संरक्षितृ ] संरक्षण-कर्ता (ठा ७—पत्र ३८६)।

**सारग** देखो सारय = स्मारक (आचा; ओघ)।

**सारज्ज** न [स्वाराज्य] स्वर्ग का राज्य (विसे १८८३)।

**सारण** पुं [सारण] १ एक यादव-कुमार (अंत ३; कुप्र १०१)। २ रावणाधीन एक सामन्त राजा (पउम ८, १३३)। ३ रावण का मन्त्री (से १२, ६४)। ४ रावण का एक सुभट (से १४, १३)। ५ न. ले जाना, प्रापण (ओघ ४४८)।

**सारण** न [स्मारण] १ याद कराना (ओघ ४४८)। २ वि. याद दिलानेवाला। स्त्री. °णिया, °णी (ठा १०—पत्र ४७३)।

**सारणा** न [स्मारणा] १ याद दिलाना (सुर १५, २४८; विचार २३८; काल)।

**सारणि** } स्त्री [सारणि, °णी] १ आलवाल,
**सारणी** } नीक, कियारी (धण २६; कुप्र ५८)। २ परंपरा (सम्मत्त ७७)।

**सारत्थ** न [सारथ्य] सारथिपन (णाया १, १६; पउम २४, ३८)।

**सारदा** देखो सारया (रंभा)।

**सारदिअ** देखो सारइय (अभि ६६)।

**सारमिअ** वि [दे] स्मारित, याद कराया हुआ (दे ८, २५)।

**सारमेअ** पुं [सारमेय] श्वान, कुत्ता (उत्त ७६८ टी; कुप्र ३९३; सम्मत्त १८६; प्रासू १५८)।

**सारमेई** स्त्री [सारमेयी] कुत्ती, शुनी (सुर १४; १५५)।

**सारय** वि [शारद] शरद् ऋतु का (सम १५३; पण्ह १, ४—पत्र ६८; विसे १४६६; अजि १३; कप्प; औप)।

**सारय** वि [सारक] १ श्रेष्ठ करनेवाला (से ३, ४८)। २ साधक, सिद्ध करनेवाला (कप्प; से ६, ४८)।

**सारय** वि [स्मारक] १ याद करनेवाला। २ याद दिलानेवाला (भग; आचा १, ४, ४, १; कप्प)।

**सारय** वि [स्वारत] आसक्त, खूब लीन (आचा १, ४, ४, १)।

**सारय** देखो सार-य।

**सारया** स्त्री [शारदा] सरस्वती देवी (सम्मत्त १४०)।

**सारव** देखो सार = सारय्। भवि. सारविस्सं (वव १)।

**सारव** सक [समा + रच्] साफ करना, ठीक-ठाक करना, दुरुस्त करना। सारवइ (हे ४, ६५); 'सारवह सयलसरणीओ' (सुर १५, ८२)। वकृ. सारवंत (गउड)। कवकृ. सारविज्जंत (सण)।

**सारव** सक [समा + रभ्] शुरूआत करना, प्रारम्भ करना। सारवइ (षड्)।

**सारवण** न [समारचन] संमार्जन, साफ करना (ओघ ७३)।

**सारविअ** वि [समारचित] दुरुस्त किया हुआ, साफ किया हुआ (दे ८, ४६; कुमा; ओघभा ८)।

**सारस** पुं [सारस] १ पक्षि-विशेष (कप्प; औप; स्वप्न ७०; कुमा; सण)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

**सारसी** स्त्री [सारसी] १ षड्ज ग्राम की एक मूर्छना (ठा ७—पत्र ३९३)। मादा सारस-पक्षी। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

**सारस्सय** पुं [सारस्वत] १ लौकान्तिक देवों की एक जाति (णाया १, ८—पत्र १५१; पि ३५३)।

**सारह** न [सारघ] मधु, शहद (पाअ; दे ८, २७)।

**सारहि** पुं [सारथि] रथ हांकनेवाला (सम १; पाअ; महा)।

**साराडि** पुंस्त्री [दे] पक्षि-विशेष, शरारि पक्षी (दे ८, २४)।

**साराय** अक [साराय्] सार-रूप होना। वकृ. सारायंत (उप ७२८ टी)।

**साराव** सक [सारय्] चिपकवाना, लगवाना, सील कराना। संकृ. 'साराविऊण लक्खं मीरंधत्तं तत्थ कयं' (धर्मवि ५)।

**सारि** स्त्री [शारि] १ पक्षि-विशेष, मैना (गा ५५२)। २ पासा खेलने का रंग-बिरंगा साँचा (गा १३८)। ३ युद्ध के लिए गज-पर्याण (दे ७, ६१; भवि)।

**सारि** देखो सारी (दे) (पाअ)।

**सारिअ** वि [सारिक] सारवाला; 'आरोग्ग-सारिअं माणुसत्तणं सच्चसारिओ धम्मो' (श्रा १८)।

**सारिअ** वि [सारित] चिपकाया हुआ, सील किया हुआ; तत्तो कुंभीए निक्खिविऊण तीए सम्मं मुहं पूरिऊण उवरि लक्खाए सारियाए' (सम्मत्त २२६)।

**सारिआ** } स्त्री [सारिका] मैना, पक्षि-
**सारिइआ** } विशेष (गा ५८६, पाअ; दे ८, २४)।

**सारिक्ख** न [सादृश्य] समानता, सरीखाई (हे २, १७; कुमा; धर्मसं ४२५; सम्मु १८०; विसे ४६६)।

**सारिक्ख** } वि [सदृक्ष] समान, सरीखा;
**सारिच्छ** } 'सारिक्खविप्पलंभा तह भेदे किमिह सारिक्खं' (धर्मसं ४२५; सम्मु १७६; प्राप; हे १, ४४; कुमा; गा ३०; ६४)।

**सारिच्छ** देखो सारिक्ख = सादृक्ष्य (हे २, १७, सुर १२, १२२)।

**सारिच्छिआ** स्त्री [दे] दूर्वा, दूब (दे ८, २७)।

**सारिज्जंत** देखो सार = सारय्।

**सारिस** देखो सरिस = सदृश (संक्षि २; वज्जा ११४)।

**सारिस** } न [सादृश्य] समानता, सरीखाई
**सारिस्स** } (राज; नाट—रत्ना ७६)।

**सारी** स्त्री [दे] बृसी, ऋषि का आसन (दे ८, २२; ६१)। २ मृत्तिका, मिट्टी (दे ८, २२ टी)।

**सारी** स्त्री [शारी] देखो सारि = शारि; 'सज्जिओ कंचणगुडासारीहिं...हत्थी' (कुप्र १२०)।

**सारीर** वि [शारीर] शरीर का, शरीर-संबन्धी (उव; सुर ४, ७५)।

**सारीरिय** वि [शारीरिक] ऊपर देखो (सुर १२, १०; सण)।

**सारूवि** } पुं [सारूपिन्, °क] जैन साधु
**सारूविअ** } के समान वेष को धारण करने-वाला रजोहरण-वर्जित स्त्री-रहित गृहस्थ,

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

साधु और गृहस्थ के बीच की अवस्थावाला जैन पुरुष (संबोध ३१; ५४; बृह १; वव ४)।

सारूविअ न [सारूप्य] समान-रूपता (सुम २, ३, २; २१)।

सारेच्छ देखो सारिच्छ = सादृश्य (गउड)।

सारोहि वि [संरोहिन्] संरोहण-कर्ता (पि ७६)।

साल पुं [साल, शाल] १ ज्योतिष्क महाग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)। २ वृक्ष-विशेष, साखू का पेड़ (सम १५२; औप; कुमा)। ३ वृक्ष, पेड़। ४ किला, प्राकार (सुपा ४६७)। ५ एक राजा; 'साल महासाल-सालिभद्दो य' (पडि)। ६ पक्षि-विशेष (पराह १, १ टी—पत्र १०)। ७ पुंन. एक देव-विमान (सम ३५)। °कोट्ठय न [°कोष्ठक] चैत्य-विशेष (राज)। °वाहण, °हण [°वाहन] एक सुप्रसिद्ध राजा (विचार ५३१; हे १. २११; प्राप; पि २४४; षड्; कुमा)।

साल देखो सार = सार (सुपा ३८४; णाया १, १६—पत्र १६६)। °इय वि [°चित] सार-युक्त (णाया १, १६)।

साल न [शाल] घर, गृह; 'मायामहल्लालंपि हु कालेणं सयलमुच्छन्नं' (सुपा ३८४)।

साल पुं [श्याल] साला, बहू का भाई (मोह ८८; सिरि ६८८; भवि; नाट—मृच्छ ३५)।

साल पुं. देखो साला = (दे); 'जस्स सालस्स भग्गस्स'; 'परित्तजीवे उ से साले' (पराण १—पत्र ३७; ठा ८—पत्र ४२६)। °मंत वि [°वत्] शाखावाला (णाया १, १ टी—पत्र ४; औप)।

साल° देखो साला = शाला। °गिह, °घर न [°गृह] १ भित्ति-रहित घर (निचू ८)। २ बरामदावाला घर (राय)।

सालइय देखो सारइय = शारदिक (णाया १, १६—पत्र १६६)।

सालंकायण न [शालङ्कायन] १ कौशिक गोत्र का एक शाखा-गोत्र। २ पुंस्त्री. उस गोत्रवाला (ठा ७—पत्र ३६०)।

सालंकी स्त्री [दे] सारिका, मैना (दे ८, २४)।

सालंगणी स्त्री [दे] सीढ़ी, निःश्रेणी (दे ८, २६; कुप्र १२०)।

सालंब वि [सालम्ब] अवलम्बन-युक्त, आश्रय-युक्त (गउड; राज)।

सालकल्लाण पुं [शालकल्याण] वृक्ष-विशेष (भग ८. ३ टी—पत्र ३६४)। देखो सारकल्लाण।

सालक्किआ स्त्री [दे] सारिका, मैना (षड्)।

सालग न [दे] १ वृक्ष की बाहरी छाल (निचू १५)। २ लम्बी शाखा (आव १)। ३ रस; 'अंबसालगं वा अंबदालगं वा भोत्तए वा पायए वा' (आचा २, ७, २, ७)।

सालणय न [सारणक] कढ़ी के समान एक तरह का खाद्य (भवि)।

सालभंजी देखो सालहंजी (धर्मवि १४७; कुमा)।

सालस वि [सालस] आलस्य-युक्त, अलसी (गउड; सुपा २५३)।

सालहंजिया } स्त्री [शालभञ्जिका, सालहंजी } °ञ्जी] काष्ठ आदि की बनाई हुई पुतली (सुपा ४३; ५४)।

सालहिआ } स्त्री [दे] सारिका, मैना (पाअ; सालही } आ २८; दे ८, २४)।

साला स्त्री [शाला] १ गृह, घर। २ भित्ति-रहित घर (कुमा; उप ७२८ टी)। ३ छन्द-विशेष (पिंग)।

साला स्त्री [दे] शाखा (दे ८, २२; पराह १, ३—पत्र ५४; दस ७, ३१; राय ८८)।

सालाइय देखो सलाग (राज)।

सालाणय वि [दे] १ स्तुत, जिसकी स्तुति की गई हो वह। २ स्तुत्य, स्तुति-योग्य (दे ८, २७)।

सालाहण देखो साल-हण = शाल-वाहन।

सालि पुंन [शालि] १ व्रीहि, धान, चावल (सुम २, २, ११; गा ५६६; ६६१; कुमा; गउड)। २ वलयाकार वनस्पति-विशेष, वृक्ष-विशेष (पराण १—पत्र ३४)। °भद्द पुं [°भद्र] एक प्रसिद्ध श्रेष्ठि-पुत्र, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (उव; पडि)। °भसेल, °भसेल्ल पुं [दे] धान के कणिश—बाल का तीक्ष्ण अग्रभाग (राज; उवा)। °रक्खिआ स्त्री [°रक्षिका] धान का रक्षण करनेवाली स्त्री, कलम-गोपी (पाअ)। °वाहण पुं [°वाहन] एक सुप्रसिद्ध राजा (सम्मत्त १३७)। देखो साल-वाहण। °सच्छिय पुं [°साक्षिक] मत्स्य की एक जाति (पराण १—पत्र ४७)। °सित्थ पुं [°सिक्थ] मत्स्य-विशेष (आरा ६३)।

°सालि वि [°शालिन्] शोभनेवाला (गउड; कुमा)।

सालिआ स्त्री [शालिका] घर का कमरा, 'एहिइ सुवंति घरमज्झिमसालिआसु' (कप्पू)।

सालिआ देखो साडिआ (राज)।

सालिणिआ } स्त्री [शालिनिका, °नी] १ सालिणी } शोभनेवाली; 'पीणसोणिय-सणसालिणिआहिं' (अजि २६)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सालिभंजिया स्त्री [शालिभञ्जिका] पुतली (पउम १६. ३७)।

सालिय पुं [शालिक] तन्तुवाय, जुलाहा (विसे २६०१)।

सालिय वि [शाल्मलिक] शाल्मलि वृक्ष का, सेमल के गाछ का; 'एगं सालियापोंडं बद्धो आमेलगो होइ' (उत्तनि ३)।

सालिस देखो सारिस = सदृश (णाया १, १—पत्र १३; ठा ४, ४—पत्र २६५; कप्प)।

सालिहीपिउ पुं [शालिहीपितृ] एक जैन गृहस्थ (उवा)।

साली स्त्री [श्याली] पत्नी-भगिनी, भार्या की बहन (दे ६, १४८)।

सालुअ पुंन [शालूक] जल-कन्द विशेष, कमल-कन्द (आचा २, १, ८, ३; दस ५, २, १८)।

सालुअ न [दे] १ शम्बूक, शंख। सूजे यव आदि धान्य का अग्र भाग (दे ८, ५२)।

सालूर पुंस्त्री [शालूर] १ भेक, मेंढक (पाअ; सुर २, ७४; सुपा ६२; सार्ध १०६; सूक्त ३)। स्त्री. °री (गा ३६१)। २ न. छन्द-विशेष (पिंग)।

**साव** सक [ श्रावय् ] सुनाना। सावेंति (औप)। वकृ. सावंत, साविंत, सावेंत (औप; राज; पउम १०, ५७)।

**साव** पुं [शाप] १ सराप, आक्रोश (औप; कुमा; प्रति ६६)। २ शपथ, सौगंध (प्राप्र; हे १, २३१)।

**साव** पुं [शाव] बालक, बच्चा (सम्मु १५६; प्राकृ ८५)।

**साव** पुं [स्वाप] स्वपन, शयन, सोना (विसे १७५५)।

**साव** (अप) देखो **सव्व** = सर्व (हे ४, ४२०)।

**सावइज्ज** देखो **सावएज्ज** (कप्प)।

**सावइत्तु** वि [श्रावयितृ] सुनानेवाला (सूअ २, २, ७६)।

**सावएज्ज** न [स्वापतेय] धन, द्रव्य (कप्प)।

**सावक्क** न [सापत्न्य] सपत्नीपन, सौतिनपन (कुप्र २५५)।

**सावक्क** वि [सापत्न] सौतेली माँ की संतान (धर्मवि ४७)।

**सावक्का** स्त्री [सपत्नी] सौतेली माँ, विमाता; गुजराती में 'सावकी'; 'सावक्का सुयजणणी पासत्था गहिय वायए लेहँ' (धर्मवि ४७)।

**सावग** पुंन [श्रावक] १ जैन उपासक, अर्हद्-भक्त गृहस्थ (ठा १०—पत्र ४६६; उवा; णाया १, २—पत्र ६०)। २ ब्राह्मण। ३ वृद्ध श्रावक (णाया १, १५—पत्र १६३; अणु २४); 'तओ सागरचंदो कमलामेला य···गहियाणुव्वयाणि सावगाणि संवुत्ताणि' (आक ३१)। ४ वि. सुननेवाला। ५ सुनानेवाला (हे १, १७७)। °धम्म पुं [°धर्म] प्राणातिपात-विरमण आदि बारह व्रत, जैन गृहस्थ का धर्म (णाया १, १४—पत्र १६१)।

**सावज्ज** वि [सावद्य] पाप-युक्त, पापवाला (भग; उव; ओघ ७६३; विसे ३४६६; सुर ४, ८२)।

**सावण** न [श्रावण] १ सुनाना (उप ७२८ टी; सुपा २८८)। २ पुं. मास-विशेष, सावन का महीना (पउम ६७, ७; कप्प; हे ४, ३५७; ३६६)। ३ वि. श्रवणेन्द्रिय-सम्बन्धी, श्रावण-प्रत्यक्ष का विषय, जो कान से सुना जाय वह (धर्मसं १२८१)।

**सावणा** स्त्री [श्रावणा] सुनाना (कुप्र ६०)।

**सावणी** स्त्री [स्वापनी] देखो **सावर्णी** (ठा १०—पत्र ५१६)।

**सावतेज्ज, सावतेय** देखो **सावएज्ज** (णाया १, १—पत्र ३६; औप; सूअ २, १, ३६)।

**सावत्त** देखो **सावक्क** (दे १, २५; भवि; सिरि ४६; कप्पू)।

**सावत्थिगा** स्त्री [श्रावस्तिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प—पृ ८१)।

**सावत्थी** स्त्री [श्रावस्ती] कुणाल देश की प्राचीन राजधानी (णाया १, ८—पत्र १४०; उवा)।

**सावन्न** (अप) देखो **सामन्न** = सामान्य (भवि)।

**सावय** देखो **सावग** (भग; उवा; महा); 'एवं कहेहि सुंदर सवित्थरं सव्वसावओ तुहयं' (पउम ५३, २६)।

**सावय** पुं [श्वापद] शिकारी पशु, हिंसक जानवर (णाया १, १—पत्र ६५; गउड; प्रासू १५४; महा; सण)।

**सावय** पुं [दे] १ शरभ, श्वापद पशु-विशेष (दे ८, २३)। २ बालों की जड़ में होनेवाला एक तरह का क्षुद्र कीट (जी १६)।

**सावय** पुं [शावक] बालक, बच्चा, शिशु (नाट)।

**सावरी** स्त्री [शाबरी] विद्या-विशेष (सूअ २, २, २७)।

**सावसेस** वि [सावशेष] अवशिष्ट, बाकी बचा हुआ; 'जावाऊ सावसेसं' (उव)।

**सावहाण** वि [सावधान] अवधान-युक्त, सचेत (नाट; रंभा)।

**साविअ** वि [शापित] १ जिसको शाप दिया गया हो वह। २ जिसको सौगंध दिया गया हो वह (णाया १, १—पत्र २६; भग १५—पत्र ६८२; स १२६)।

**साविअ** वि [श्रावित] सुनाया हुआ (भग १५—पत्र ६८२; णाया १, १—पत्र २६; पउम १०२, १५; ६६; सार्ध १८)।

**साविआ** स्त्री [श्राविका] जैन गृहस्थ-धर्म पालनेवाली स्त्री (भग; णाया १, १६—पत्र २०४; कप्प; महा)।

**साविक्ख** वि [सापेक्ष] अपेक्षा-युक्त, अपेक्षा-वाला (श्रा ६; संबोध ४१)।

**साविगा** देखो **साविआ** (ठा १०—पत्र ४६६; णाया १, २—पत्र ६०; महा)।

**साविट्ठी** स्त्री [श्राविष्ठी] १ श्रावण मास की पूर्णिमा। २ श्रावण की अमावस (सुज्ज १०; ६; इक)।

**सावित्ती** स्त्री [सावित्री] ब्रह्मा की पत्नी (उप ५६७ टी; कुप्र ४०३)।

**साविह** पुं [श्वाविध] श्वापद पशु-विशेष, साही (दे २, ५०; ८, १५)।

**सावेक्ख** देखो **साविक्ख** (पउम १००, ११; उप ८७०)।

**सास** सक [ शास् ] १ सजा करना। २ सीख देना। ३ हुकुम करना। भूका. सासित्था (कुप्र १४)। कर्म. सासिज्जइ, सीसइ (नाट—मृच्छ २००, कुप्र ३६६)। वकृ. **सास°**, **सासंत** (उत्त १, ३७; औप; पि ३६७)। कृ. **सासणीअ** (नाट—विक्र १०४)। कवकृ. **सासिज्जंत** (उप १४६ टी)।

**सास** सक [ कथय् ] कहना। सासइ (षड्)। कर्म. सासइ (प्राकृ ७७)।

**सास** पुं [श्वास] १ साँस (गा १४१; १४७)। २ रोग-विशेष, श्वास-रोग (णाया १, १३—पत्र १८१; उवा; विपा १, १)। °हरा स्त्री [°धरा] जीवन धारण करनेवाली (दश० वृ० हारि० पत्र ६४, २)।

**सास** पुंन [शस्य, सस्य] १ क्षेत्र-गत धान्य (पण्ह १, ४—पत्र ७२; स १३१); 'सासा अकिट्ठजाया' (पउम ३३, १४)। २ वृक्ष आदि का फल। ३ वि. वध-योग्य (हे १, ४३)। देखो **सस्स** = शस्य।

**सासग** पुंन [सस्यक] रत्न की एक जाति, 'पुलगवइरिंदनीलसासगकक्केयणलोहियक्ख—' (कप्प)।

**सासग** पुं [सासक] वृक्ष-विशेष, बीयक नाम का पेड़ (णाया १, १—पत्र २४)।

**सासण** न [शासन] १ द्वादशांगी, बारह जैन अंग-ग्रन्थ, आगम, सिद्धान्त, शास्त्र; 'अणुसासणमेव पक्कमे' (सूअ १, २, १, ११; अणु ३८; सम्म १; विसे ८६४)। २ प्रतिपादन (णंदि; उप १ ३७४)। ३ शिक्षा, सीख

(अणु) । ४ आज्ञा, हुकुम (पण्ह २, १—पत्र १०१; महा) । ५ ग्रास, निर्वाह-साधन; 'जीवंतसामिपडिमाए सासणं विअरिऊण भत्तीए' (कुलक २३) । ६ वि. प्रतिपादक, प्रतिपादन-कर्ता (सम्म १; गण २२; णंदि ४८) । ७ प्रतिपाद्य, जिसका प्रतिपादन किया जाय वह (पण्ह २, १—पत्र ६६) । °देवी स्त्री [°देवी] शासन की अधिष्ठात्री देवी (कुमा) । °सुरा स्त्री [°सुरी] वही अर्थ (पंचा ८, ३२) ।

**सासण** देखो **सासायण** (कम्म २, २; ५; १४; ४, १८; २६; ५, ११; ६, ५६; पंच २, ४२) ।

**सासणा** स्त्री [शासना] शिक्षा (पण्ह २, १—पत्र १००) ।

**सासणावण** न [शासन] आज्ञापन (स ४६३) ।

**सासय** वि [शाश्वत] नित्य, अविनश्वर (भग; पाअ; से २, ३; सुर ३, ५८; प्रासू १४१) ।

**सासय** पुं [स्वाश्रय] निज का आधार (से २, ३) ।

**सासव** पुं [सर्षप] सरसों (आचा २, १, ८, ३) । °नालिया स्त्री [°नालिका] कन्द-विशेष (आचा २, १, ८, ३) ।

**सासवूल** पुं [दे] कपिकच्छू का पेड़, कौंछ, किवाँच, कत्राछ (दे ८, २५) ।

**सासाण** } न [सास्वादन] १ गुण-स्थानक-
**सासायण** } विशेष, द्वितीय गुण-स्थान (कम्म ४, १३; ४६) । २ वि. द्वितीय गुण-स्थान में वर्तमान जीव (सम्य १६; सम्म २६) ।

**सासि** वि [श्वासिन्] श्वास-रोगवाला (तंदु ५०) ।

**सासिउ** (शौ) वि [शासितृ] शासन-कर्ता, शिक्षा-कर्ता (अभि २१४) ।

**सासिल्ल** देखो **सासि** (विपा १, ७—पत्र ७३) ।

**सासुया** देखो **सासू** (सुर ६, १५७; ६, २३३; सिरि ६४६) ।

**सासुर** न [श्वाशुर] श्वशुर-गृह (सुर ८, १६४) ।

**सासुर** (अप) देखो **ससुर** = श्वशुर (भवि) ।

**सासू** स्त्री [श्वश्रू] सासू, पति तथा पत्नी की माता (पाअ; पउम १७, ४; गा ३३६) ।

**सासूय** वि [सासूय] असूया-युक्त, मत्सरी (सुर ३, १६७; उप ७२८ टी) ।

**सासेरा** स्त्री [दे] यान्त्रिक नाचनेवाली, यन्त्र की बनी हुई नर्त्तकी (राज) ।

**साह** सक [कथय्, शास्] कहना । साहइ, साहेइ (हे ४, २; उव; काल; महा) । साहसु, साहेसु (महा) । भवि. साहिस्सइ, साहिस्सामो (महा; आचा १, ४, ४, ४) । वकृ. **साहेंत, साहयंत** (हेका ३८; काप्र ३०; सुर ६, १३२) । कवकृ. **साहिज्जंत, साहिप्पंत, साहिप्यंत, साहियमाण** (चंड; सुर १, ३०; सुपा २०५; चंड; सुपा २६३; उप पृ ४२; चंड) । संकृ. **साहिऊण, साहेत्ता** (काल) । हेकृ. **साहिउं** (काल; महा) । कृ. **साहियव्व, साहेअव्व** (महा; सुर १, १५४) ।

**साह** देखो **सलाह** = श्लाघ् । कृ. **साहणीअ** (प्राप) ।

**साह** सक [साध्] १ सिद्ध करना, बनाना । २ वश में करना । साहइ, साहेइ, साहेंति (भग; कप्प; उव; प्रासू २७; महा) । वकृ. **साहंत, साहिंत, साहेमाण** (सिरि ६२८; महा; सुर १३; ८२) । कवकृ. **साहिज्जमाण** (नाट) । हेकृ. **साहिउं** (महा) । कृ. **साहणिज्ज, साहणीअ, साहियव्व** (मा ३६; पउम ३७, ३०; सुर ३, २८) ।

**साह** पुं [दे] १ वालुका, बालू । २ उलूक, उल्लू । ३ दधिसर, दही की मलाई (दे ८, ५१) । ४ प्रिय, पति (संक्षि ४७) ।

**साह** (अप) देखो **सव्व** = सर्व (हे ४, ३६६; कुमा) ।

**साहंजण** } पुं [दे] गोक्षुर, गोखरू (दे
**साहंजन** } ८, २७) ।

**साहंजणी** स्त्री [साभाञ्जनी] नगरी-विशेष (विपा १, ४—पत्र ५४) ।

**साहग** वि [साधक] सिद्धि करनेवाला, साधना करनेवाला (णाया १, ८ टी—पत्र १५५; कप्प; नव २५; सुपा ८४; धर्मसं ७०; हि २०) ।

**साहग** वि [शासक, कथक] कहनेवाला (सुर १२, ३०; स ३६१) ।

**साहज्ज** न [साहाय्य] सहायता, मदद (विसे २६५८; गण ६; रयण १४; सिरि ३६८, कुप्र १२) ।

**साहट्ट** सक [सं + वृ] संवरण करना, समेटना । साहट्टइ (हे ४, ८२) ।

**साहट्टिअ** वि [संवृत] समेटा हुआ, संहृत किया हुआ, पिंडीकृत (कुमा) ।

**साहट्टु** अ [संहृत्य] समेट कर, संकुचित कर; 'दाहिणं जाणुं धरणितलंसि साहट्टु' (कप्प), 'साहट्टु पायं रीएज्जा' (आचा २, ३, १, ६); 'वियडेण साहट्टु य जे सिणाई' (सूअ १, ७, २१) ।

**साहट्ठ** वि [संहृष्ट] पुलकित (राज) ।

**साहण** सक [सं + हन्] संघात करना, संहत करना, चिपकाना । साहणंति (भग) । कर्म. साहन्नंति (भग १२, ४—पत्र ५६१) । कवकृ. **साहण्णंत, साहन्नंत** (राज; ठा २, ३—पत्र ६२) । संकृ. **साहणित्ता** (भग) ।

**साहण** न [साधन] १ उपाय, कारण, हेतु (विसे १७०६) । २ सैन्य, लश्कर (कुमा; सुर १०, १२१) । ३ वि. सिद्ध करनेवाला; 'जह जीवाण पमाओ अणत्थसयसाहणो होइ' (हि १३; सुर ४, ७०) । स्त्री. °णा, °णी (हे ३, ३१; षड्) ।

**साहणण** न [संहनन] संघात, अवयवों का आपस में चिपकना (भग ८, ६—पत्र ३६५; १२, ४—पत्र ५६७) ।

**साहणिअ** पुं [साधनिक] सेना-पति (सुपा २६२) ।

**साहणिज्ज** देखो **साह** = साध् ।

**साहणा** देखो **साहण** = साधन ।

**साहणीअ** देखो **साह** = श्लाघ्, साध् ।

**साहण्णंत** देखो **साहण** = स + हन् ।

**साहत्थिं** अ [स्वहस्तेन] १ अपने हाथ से । २ साक्षात् (णाया १, ६—पत्र १६३; उवा) ।

**साहत्थिया** } स्त्री [स्वाहस्तिकी] क्रिया-विशेष,
**साहत्थी** } अपने हाथ से गृहीत जीव आदि द्वारा हिंसा करने से होनेवाला कर्म-बन्ध (ठा २, १—पत्र ४०; नव १८) ।

साहन्नंत देखो साहण = सं + हन्।

साहम्म न [साधर्म्य] १ समान धर्म, तुल्य धर्म (सम्म १५३; पिंड १३६)। २ सादृश्य, समानता (विसे २५८६; ओघ ४०४; पंचा १४, ३५)।

साहम्मि वि [सधर्मिन्, साधर्मिन्] समान धर्मवाला, एक-धर्मी (पिंड १३६; १४६; १४७) स्त्री. °णी (आचा २, १, १, १२; महा)।

साहम्मिअ } वि [साधर्मिक] ऊपर देखो
साहम्मिग } (ओघ १५; ७७६; औप; उत्त २६, १; कस; सुपा ११२; पंचा १६, २२)।

साहय देखो साहग = साधक (उप ३६०; स ४५; काल)।

साहय देखो साहग = शासक, कथक (सम्म १४३)।

साहय वि [संहृत] संक्षिप्त, समेटा हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ७८; औप; तंदु २०)।

साहर सक [सं + वृ] संवरण करना। साहरइ (हे ४, ८२)।

साहर सक [सं + हृ] १ संकोच करना, संक्षेप करना, सकेलना, समेटना। २ स्थानान्तर में ले जाना। ३ प्रवेश कराना। ४ छिपाना। ५ व्यापार-रहित करना। साहरइ, साहरे, साहरंति (भग ५, ४—पत्र २१८; कप्प; उवा; सूअ १, ८, १७; पि ७६)। साहरिज्ज (भग ५, ४)। भवि. साहरिज्जिस्सामि (कप्प)। कवकृ. साहरिज्जमाण (कप्प; औप)। संकृ. साहरित्ता (कप्प)। हेकृ. साहरित्तए (भग ५, ४—पत्र २१८)।

साहरण न [संहरण] एक स्थान से दूसरे स्थान में ले जाना, स्थानान्तर-नयन (पिंड ६०६; ६०७)।

साहरय वि [दे] गत-मोह, मोह-रहित (दे ८, २६)।

साहरिअ वि [संहृत] १ स्थानान्तर में नीत (सम ८६; कप्प)। २ अन्यत्र क्षिप्त (पिंड ५२०)। ३ संलीन किया हुआ, संकोचित (औप)।

साहरिअ वि [संवृत] संवरण-युक्त (कुमा; पाअ)।

साहल्ल न [साफल्य] सफलता (ओघ ७३)।

साहव देखो साहु = साधु; 'अह पेच्छइ साहवं तहिं वालिं' (पउम ९, ६१; ७७, ९४)।

साहव न [साधव] साधुता, साधुपन (पउम १, ९०)।

साहव्व न [स्वाभाव्य] स्वभावता, स्वभावपन (धर्मसं ६६)।

साहस न [साहस] १ बिना विचार किया जाता काम (उव; महा)। २ पुं. एक विद्याधर नरेन्द्र, साहस-गति (पउम ४७, ४७)। °गइ पुं [°गति] वही अर्थ (पउम ४७, ४५; महा)।

साहस देखो साहस्स = साहस्र (राज)।

साहसि वि [साहसिन्] साहस कर्म करनेवाला, साहसिक; 'ते धीरा साहसिणो उत्तमसत्ता' (उप ७२८ टी; किरात १४)।

साहसिअ वि [साहसिक] ऊपर देखो (औप; सूअ २, २, ६२; चारु ३७; कुप्र ४१६)।

साहस्स वि [साहस्र] १ जिसका मूल्य हजार (मुद्रा, रुपया आदि) हो वह वस्तु (दसनि ३, १०; उवा; महा)। २ हजार का परिमाणवाला; 'जोयणसयसाहस्सो विच्छिण्णो मेरुनाभीओ' (जीवस १८५)। ३ न. हजार (जीवस १८५)। °मल्ल पुं [°मल्ल] व्यक्तिवाचक नाम (उव)।

साहस्सिय वि [साहस्रिक] १ हजार का परिमाणवाला (णाया १, १—पत्र ३७; कप्प)। २ हजार आदमी के साथ लड़नेवाला मल्ल (राज)।

साहस्सी स्त्री [साहस्री] हजार, दस सौ; 'गिहत्थाण अणेगाओ साहस्सीओ समागया' (उत्त २३, १६; सम २६; उवा; औप, उत्त २२, २३; हे ३, १२३)।

साहा स्त्री [श्लाघा] प्रशंसा (सम ५१)।

साहा अ [स्वाहा] देवता के उद्देश से द्रव्य-त्याग का सूचक अव्यय, आहुति-सूचक शब्द (ठा ८—पत्र ४२७; ओघभा ५७)।

साहा स्त्री [शाखा] १ एक ही आचार्य की संतति में उत्पन्न अमुक मुनि की सन्तान-परम्परा, अवान्तर संतति (कप्प)। २ वृक्ष की डाल, डाली (आचा २, १, ७, ६; उवा; औप; प्रासू १०२)। ३ वेद का एक देश (सुख ४, ६)। °भंग पुं [°भङ्ग] शाखा का टुकड़ा, पल्लव (आचा २, १, ७, ६)। °मय, °मिअ, °मिग पुं [°मृग] वानर, बन्दर (पाअ; ती २; सुपा २६२; ६१८)। °र, °ल वि [°वत्] १ शाखावाला, शाखा-युक्त (धम्म १२ टी; सुपा ४७४)। २ पुं. वृक्ष, पेड़ (सुपा ६३८)।

**सुभिच्च** पुं [सुभृत्य] अच्छा नौकर (सुपा ४६५; हे ४, ३३४)।

**सुभीम** वि [सुभीम] अति भयंकर (सुर ७, २३३)।

**सुभीसण** पुं [सुभीषण] रावण का एक सुभट (पउम ५६, ३१)।

**सुभूम** पुं [सुभूम] १ भारतवर्ष में उत्पन्न आठवाँ चक्रवर्ती राजा (ठा २, ४—पत्र ६९)। २ भारतवर्ष के भावी दूसरा कुलकर पुरुष (सम १५३)। भगवान् अमरनाथ का प्रथम श्रावक (विचार ३७८)।

**सुभूसण** पुं [सुभूषण] विभीषण का एक पुत्र (पउम ६७, १९)।

**सुभोगा** स्त्री [सुभोगा] अधोलोक में रहने वाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७; इक)।

**सुभोयण** न [सुभोजन] व्रत-विशेष, एकाशन तप (संबोध ५८)।

**सुम** न [सुम] पुष्प, फूल (सम्मत्त १६१)। °**सर** पुं [°शर] कामदेव (रंभा)।

**सुमइ** पुं [सुमति] १ पाँचवाँ जिन भगवान् (सम ४३)। २ ऐरवत क्षेत्र में होनेवाला दसवाँ कुलकर पुरुष (सम १५३)। ३ एक जैन उपासक (महानि ४)। ४ वि. शुभ बुद्धि वाला (गउड)। ५ पुं. एक नैमित्तिक विद्वान् (सुर ११, १३२)।

**सुमंगल** पुं [सुमङ्गल] ऐरवत वर्ष में होने वाले प्रथम जिनदेव (सम १५४)।

**सुमंगला** स्त्री [सुमङ्गला] १ भगवान् ऋषभ-देव की एक पत्नी (पउम ३, ११९)। २ सूर्यवंशीय राजा विजयसागर की पत्नी (पउम ५, २)।

**सुमग्ग** पुं [सुमार्ग] अच्छा रास्ता (सुपा ३३०)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**सुमण** } न [सुमनस्] १ पुष्प, फूल
**सुमणस** } (हे १, ३२; सुपा ८६)। २ पुं. देव, सुर (सुपा ८६; ३३४)। ३ वि. सुन्दर मनवाला, सज्जन (सुपा ३३४; पउम ३६, १३०; ७७, १७; रयण ३)। ४ हर्षवान्, आनन्दित, सुखी (ठा ३, २—पत्र १३८)। ५ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १३६)। °भद्द पुं [°भद्र] १ भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पाने वाला एक गृहस्थ (अंत १८)। २ आर्य संभूतिविजय के एक शिष्य, एक जैन मुनि (कप्प)।

**सुमणसा** स्त्री [सुमनस्] वल्ली-विशेष (पराण १—पत्र ३३)।

**सुमणा** स्त्री [सुमनस्] १ भगवान् चन्द्रप्रभ की प्रथम शिष्या (सम १५२; पव ६)। २ भूतानन्द आदि इन्द्रों के एक-एक लोकपाल की एक-एक अग्र-महिषी का नाम (ठा ४, १—पत्र २०४)। ३ राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)। ४ एक जम्बू वृक्ष का नाम (इक)। ५ शक्र की पद्मा नामक इन्द्राणी की एक राजधानी (इक)। ६ मालती का फूल (स्वप्न ६१)।

**सुमणो°** देखो **सुमण** (उप पृ १८)।

**सुमणोहर** वि [सुमनोहर] अत्यन्त मनोहर (उप पृ १८)।

**सुमर** सक [स्मृ] याद करना। सुमरइ (हे ४, ७४)। भवि. सुमरिस्ससि (पि ५२२)। कर्म. सुमरिज्जइ (हे ४, ४२६; पि ५३७)। वकृ. सुमरंत (सुर ६, ६४; सुपा ४०८; पउम ७८, ४६)। कवकृ. सुमरिज्जंत (पउम ५, १८६; नाट—मालती ११०)। संकृ. सुमरिअ, सुमरिऊण (कुमा; काल)। हेकृ. सुमरिउं, सुमरित्तए (पि ४६५; ५७८)। कृ. सुमरियव्व, सुमरेयव्व, सुमरणीअ (सुपा ५५३; ६८२; २१७; अभि १२०)।

**सुमर** पुं [स्मर] कामदेव (नाट—चैत ८१)।

**सुमरण** स्त्रीन [स्मरण] याद, स्मृति (कुमा; हे ४, ४२६; वसु; प्राप; सुपा ७१; १५६; ३६७; से ३२४)। स्त्री. °णा (स ६७०; सुपा २२०)।

**सुमराव** सक [स्मारय्] याद दिलाना। वकृ. सुमरावंत (कुप्र ५६)।

**सुमराविय** वि [स्मारित] याद कराया हुआ (सुर १४, ४८; २४३)।

**सुमरिअ** देखो **सुमर**=स्मृ।

**सुमरिअ** वि [स्मृत] याद किया हुआ (पाअ)।

**सुमरुया** स्त्री [सुमरुत्] भगवान् महावीर के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पानेवाली राजा श्रेणिक की एक पत्नी (अंत २५)।

**सुमहुर** वि [सुमधुर] अति मधुर (विपा १, ७—पत्र ७७)।

**सुमाणस** वि [सुमानस] प्रशस्त मनवाला, सज्जन (पउम १०२, २७)।

**सुमाणुस** पुं [सुमानुष] सज्जन, उत्तम मनुष्य (सुपा २५१)।

**सुमालि** पुं [सुमालिन्] एक राज-कुमार (पउम ६, २२०)।

**सुमिण** पुंन [स्वप्न] १ स्वप्न, सपना (हे १, ४६; कुमा; महा; पडि; सुर ३, ६१; ६७)। २ स्वप्न के फल को बतलानेवाला शास्त्र (स्वप्न ४६)। °पाढय वि [°पाठक] स्वप्न के फल बतानेवाले शास्त्रों का जानकार (णाया १, १—पत्र २०)। देखो **सुविण**।

**सुमित्त** पुं [सुमित्र] १ भगवान् मुनिसुव्रत-स्वामी का पिता—एक राजा (सम १५१)। २ द्वितीय चक्रवर्त्ती का पिता (सम १५२)। ३ चतुर्थ बलदेव के पूर्व जन्म का नाम (पउम २०, १६०)। ४ छठवें बलदेव के धर्मगुरु एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। ५ एक वणिक् का नाम (उप ७२८ टी)। ६ अच्छा मित्र; 'सुमित्तो व्व जिणधम्मो' (सुपा २३४)। ७ भगवान् शान्तिनाथ को प्रथम भिक्षा देनेवाले एक गृहस्थ का नाम (सम १५१)।

**सुमित्ता** स्त्री [सुमित्रा] लक्ष्मण की माता और राजा दशरथ की एक पत्नी (पउम २५, ४)। °तणअ पुं [°तनय] लक्ष्मण (से ४, १५; १४, ३२)।

**सुमित्ति** पुं [सौमित्रि] सुमित्रा का पुत्र—लक्ष्मण (पउम ४५, ३६)।

**सुमुइय** वि [सुमुदित] अति-हर्षित (औप)।

**सुमुखी** देखो **सुमुही** (पिंग)।

**सुमुणिअ** वि [सुज्ञात] अच्छी तरह जाना हुआ (सुपा २८२)।

**सुमुह** पुं [सुमुख] १ भगवान् नेमिनाथ के पास दीक्षा लेकर मुक्ति पानेवाला एक राज-कुमार (अंत ३)। २ राक्षस-वंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६१)। ३ न. छन्द-विशेष (अजि २०)।

**सुमुही** स्त्री [सुमुखी] छन्द-विशेष (पिंग)।

**सुमेघा** स्त्री [सुमेघा] ऊर्ध्व लोक में रहनेवाली एक दिक्कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)।

**सुमेरु** पुं [सुमेरु] मेरु-पर्वत (पाअ; पउम ७५, ३८)।

**सुमेहा** देखो **सुमेघा** (इक)।

**सुमेहा** स्त्री [सुमेधा] सुन्दर बुद्धि (उप पृ ३६८)।

**सुम्मंत** देखो **सुण**=श्रु।

**सुम्ह** पुं. ब. [सुह्म] देश-विशेष (हे २, ७४)।

**सुर** पुं [सुर] १ देव, देवता (पराह १, ४—पत्र ६८; कप्प; जी ३३; कुमा)। २ एक राजा का नाम (उप ७६५)। °अण न [°वन] नन्दन-वन (से ६, ८६)। °अरु पुं [°तरु] कल्प वृक्ष (नाट)। °करडि पुं [°करटिन्] ऐरावण हाथी (सुपा १७६)। °करि पुं [°करिन्] वही अर्थ (सुपा २६१)। °कुंभि पुं [°कुम्भिन्] वही (सुपा २०१)। °कुमर पुं [°कुमार] भगवान् वासुपूज्य का शासन-यक्ष (पव २६)। °कुसुम न [°कुसुम] लवंग, लौंग (पि १४)। °गय पुं [°गज] इन्द्र-हस्ती, ऐरावण (पाअ; से २, २२)। °गिरि पुं [°गिरि] मेरु पर्वत (सुपा २; ३१; ३५४; सण)। °गिह देखो °घर (उप ७६८ टी)। °गुरु पुं [°गुरु] १ बृहस्पति (पाअ; सुपा १७६)। २ नास्तिक मत का प्रवर्तक एक आचार्य (मोह १०१)। °गोव पुं [°गोप] कीट-विशेष, इन्द्रगोप (णाया १, ६—पत्र १६०; पाअ)। °घर न [°गृह] १ देव-मन्दिर (कुप्र ४)। २ देव-विमान (सण)। °चमू स्त्री [°चमू] देव-सेना (सुपा ४५)। °चाव पुं [°चाप] इन्द्र-धनुष (गा ५८५; ८०८; सुपा १२४)। °जाल न [°जाल] इन्द्रजाल (राज)। °णई स्त्री [°नदी] गंगा नदी (पाअ)। °णाह पुं [°नाथ] इन्द्र (गा ८६४; दे)। °तरंगिणि

स्त्री [°तरङ्गिणी] गंगा नदी (सण)। °तरु देखो °अरु (सण)। °ताण पुं [°त्राण] यवननृप, सुलतान (ती १५)। °दारु न [°दारु] देवदार की लकड़ी (स ६३३)। °धंसी स्त्री [°ध्वंसिनी] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)। °धणु, °धणुह न [°धनुष्] इन्द्र-धनुष (कुमा; सण)। °नई देखो °णई (श्रु ७७)। °नाह देखो °णाह (सण)। °पहु पुं [°प्रभु] इन्द्र, देव-राज (सुपा ५०२; उप १४२ टी; सण)। °पुर न [°पुर] देव-पुरी, अमरावती, स्वर्ग (पउम ५०, १; सण)। °पुरी स्त्री [°पुरी] वही अर्थ (पाअ; कुमा)। °प्पिअ पुं [°प्रिय] एक यक्ष (अंत)। °बंदी स्त्री [°बन्दी] देवी, देव-स्त्री (से ६, ५०)। °भवण न [°भवन] देव-प्रासाद (भग; सण)। °मंति पुं [°मन्त्रिन्] बृहस्पति (सुपा ३२६)। °मंदिर न [°मन्दिर] १ देहरा, मन्दिर (कुप्र ४)। २ देव-विमान (सण)। °मुणि पुं [°मुनि] नारद मुनि (पउम ६०, ८)। °रमण न [°रमण] रावण का एक बगीचा (पउम ४६, ३७)। °राय पुं [°राज] इन्द्र (सुपा ४५; सिरि २४)। °रिउ पुं [°रिपु] दैत्य, दानव (पाअ)। °लोअ पुं [°लोक] स्वर्ग (महा)। °लोइय वि [°लौकिक] स्वर्गीय (पुप्फ २५८)। °लोग देखो °लोअ (पउम ५२, १८)। °वइ पुं [°पति] १ इन्द्र, देव-राज (पाअ; सुपा ४४; ४८; ८८; ४०२)। २ इन्द्र नामक एक विद्याधर-नरेश (पउम ७, २७)। °वण्ण पुंन [°वर्ण] एक देव-विमान (सम १०)। °वधू देखो °वहू (पि ३८७)। °वन्नी स्त्री [°पर्णी] पुंनाग वृक्ष (पाअ)। °वर पुं [°वर] उत्तम देव (भग)। °वरिंद पुं [°वरेन्द्र] इन्द्र, देव-राज (श्रा ०७)। °वहू स्त्री [°वधू] देवाङ्गना, देवी (कुमा)। °वारण पुं [°वारण] ऐरावण हस्ती (उप २११ टी)। °संगीय न [°संगीत] नगर-विशेष (पउम ८, १८)। °सरि स्त्री [°सरित्] भागीरथी, गङ्गा नदी (गउड; उप पृ ३६; सुपा ३३; २८६)। °सिहरि पुं [°शिखरिन्] मेरु पर्वत (सण)। °सुंदर पुं [°सुन्दर] रथचक्रवाल-नगर का एक विद्याधर-नरेश (पउम ८, ४१)। °सुंदरी स्त्री [°सुन्दरी] १ देव-वधू, देवाङ्गना (सुर ११, ११५; सुपा २००)। २ एक राज-पुत्री (सुर १०, १४३)। ३ एक राज-कुमारी (सिरि ५३)। °सुरहि स्त्री [°सुरभि] काम-धेनु (रयण १३)। °सेल पुं [°शैल] मेरु-पर्वत (सुपा १३०)। °हत्थि पुं [°हस्तिन्] ऐरावण हाथी (से ६, ६)। °ाउह न [°ायुध] वज्र (पाअ)। °ादेव पुं [°ादेव] एक श्रावक का नाम (उवा)। °ादेवी स्त्री [°ादेवी] पश्चिम रुचक पर रहनेवाली एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३६; इक)। °ारि पुं [°ारि] राक्षसवंश का एक राजा, एक लंका-पति (पउम ५, २६२)। °ालय पुंन [°ालय] स्वर्ग (पाअ; सुअ १, ६, ६; सुपा ५६६)। °ाहिराय पुं [°ाधिराज] इन्द्र (उप १४२ टी)। °ाहिव पुं [°ाधिप] इन्द्र (से १५, ५३)। °ाहिवइ पुं [°ाधिपति] वही (सुपा ४६)।

सुरइ स्त्री [°सुरति] सुख (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

सुरइय वि [सुरचित] अच्छी तरह किया हुआ (पण्ह १, ४—पत्र ६८)।

सुरंगणा स्त्री [सुराङ्गना] देव-वधू (सुपा २४६)।

सुरंगा स्त्री [°सुरङ्गा] सुरंग, जमीन के भीतर का मार्ग (उप पृ २६; महा; सुपा ४५४)।

सुरंगि पुंस्त्री [दे] वृक्ष-विशेष, शिग्रु वृक्ष, सहिजना का गाछ (दे ८, ३७)।

सुरजेट्ठ पुं [दे] वरुण देवता (दे ८, ३१)।

सुरट्ठ पुं. ब. [सुराष्ट्र] एक भारतीय देश जो आजकल काठियावाड़ के नाम से प्रसिद्ध है (णाया १, १६—पत्र २०८; हे २, ३४; पिंड २०२)।

सुरणुचर वि [स्वनुचर] सुख से करने योग्य (ठा ५, १—पत्र २६६)।

सुरत } सुरद } देखो सुरय (पउम १६, ८०; संक्षि ६; प्राकृ १२)।

सुरभि पुंस्त्री [सुरभि] १ वसन्त ऋतु। २ स्त्री. गौ, गैया (कुम्मा १४)। ३ वि. सुगन्ध-युक्त, सुगंधी (सम ६०; गा ८६१; कप्प; कुम्मा १४)। ४ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४०)। °गंध वि [°गन्ध] सुगन्धी (आचा)। °पुर न [°पुर] नगर-विशेष (राज)। देखो सुरहि।

सुरमणीअ वि [सुरमणीय] अत्यन्त मनोहर (सुर ३, ११२)।

सुरम्म वि [सुरम्य] ऊपर देखो (औप)।

सुरय न [सुरत] मैथुन, स्त्री-संभोग (सुर १३, २०; गा १५५; काप्र ११३)।

सुरयण न [सुरत्न] सुन्दर रत्न (सुपा ३२७)।

सुरयणा स्त्री [सुरचना] सुन्दर रचना (सुपा ३२)।

सुरस त्रि [सुरस] १ सुन्दर रसवाला (णाया १, १२—पत्र १७४)। २ न. तृण विशेष (दे १, ५४)। °लया स्त्री [°लता] तुलसी-लता (दे ५, १४)।

सुरसुर पुं [सुरसुर] ध्वनि-विशेष, 'सुर सुर' आवाज (ओघ २८९)।

सुरसुर अक [सुरसुराय्] 'सुर सुर' आवाज करना। वकृ. सुरसुरंत (गा ७४)।

सुरह सक [सुरभय्] सुगन्धित करना। सुरहेइ (कुमा; प्राकृ ६)।

सुरह पुंन [सौरभ] सुन्दर गन्ध, खुशबू; 'गंधोव्विअ सुरहो मालईइ मलणं पुण विणासो' (भत्त १२१)।

सुरह पुं [सुरथ] साकेतपुर का एक राजा (महा)।

सुरहि पुंस्त्री [सुरभि] १ वसंत ऋतु (रंभा; पाअ; कप्पू)। २ चैत्र मास (गा १०००)। ३ वृक्ष-विशेष, शतद्रु वृक्ष (आचा २, १, ८, ३)। ४ स्त्री. गौ, गैया (रयण १३; धर्मवि ६५; पाअ; प्राकृ १६८)। ५ न. नाम-कर्म का एक भेद, जिसके उदय से प्राणी के शरीर में सुगन्ध उत्पन्न होती है (कम्म १, ४१)। ६ वि. सुगन्ध-युक्त (उवा; कुमा; गा ३१७; ३६६; सुर ३, ३६; हे २, १५५)। देखो सुरभि।

सुरा स्त्री [सुरा] मदिरा, दारू (उवा)। °रस पुं [°रस] समुद्र-विशेष (दीव)।

सुरिंद पुं [सुरेन्द्र] १ इन्द्र, देव-स्वामी (सुर २, १५३; गउड; सुपा ४४)। २ एक



Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

विद्याधर नरेश (पउम ७, २६)। °दत्त पुं [°दत्त] एक राज-कुमार (उप ६३६)।

सुरिंदय पुं [सुरेन्द्रक] विमानेन्द्रक, देव-विमान-विशेष (देवेन्द्र १३७)।

सुरा स्त्री [सुरा] देवी (कुमा)।

सुरुंगा देखो सुरंगा (पउम ८, १५८)।

सुरुग्घ पुं [सुरुघ्न] देश-विशेष (हे २, ११३; षड्)। °ज वि [°ज] देश-विशेष में उत्पन्न (कुमा)।

सुरुट्ठ वि [सुरुष्ट] अत्यन्त रोष-युक्त (पउम ६८, २५)।

सुरूया स्त्री [सुरूपा] एक इन्द्राणी (णाया २—पत्र २५२)। देखो सुरूवा।

सुरूव पुं [सुरूप] १ भूत-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ न. सुन्दर रूप। ३ वि. सुन्दर रूपवाला (उवा; भग)।

सुरूवा स्त्री [सुरूपा] १ सुरूप तथा प्रतिरूप नामक भूतेन्द्रों की एक एक अग्र-महिषी (ठा ४, १—पत्र २०४)। २ भूतानन्द नामक इन्द्र की एक अग्र-महिषी (इक)। ३ एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ४, १—पत्र १९८; ६—पत्र ३६१)। ४ एक कुलकर-पत्नी (सम १५०)। ५ सुन्दर रूपवाली (महा)।

सुरेस पुं [सुरेश] १ देव-पति, इन्द्र। २ उत्तम देव (सुपा ३१४)।

सुरेसर पुं [सुरेश्वर] इन्द्र, देव-राज (सुपा २७; कुप्र ४)।

सुलक्खणि वि [सुलक्षणिन्] उत्तम लक्षण-वाला (धर्मवि १४२)।

सुलग्ग वि [सुलग्न] अच्छी तरह लगा हुआ (महा)।

सुलद्ध वि [सुलब्ध] सम्यक् प्राप्त (णाया १, १—पत्र २४; उवा)।

सुलब्भ } वि [सुलभ] सुख से प्राप्त हो सके
सुलभ } वह (श्रा १२; सुख २, १५; महा)।

सुलस पुं [सुलस] पर्वत-विशेष (इक)।

सुलस न [दे] कुसुम्भ-रक्त वस्त्र (दे ८, ३७)।

सुलसमंजरी } स्त्री [दे] तुलसी (दे ८, ४०;
सुलसा } पाअ)।

सुलसा स्त्री [सुलसा] १ नववें जिनदेव की प्रथम शिष्या (सम १५२)। २ भगवान् महावीर की एक श्राविका, जिसका आत्मा आगामि काल में तीर्थंकर होगा (ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४)। ३ नाग नामक गृहपति की स्त्री (अंत ४)। ४ शक्र की एक अग्र-महिषी, एक इन्द्राणी (पउम १०२, १५९)। ५ शंखपुर के राजा सुन्दर की पत्नी (महा)।

सुलह देखो सुलभ (स्वप्न ४८; महा; दं ४६)।

सुलाह पुं [सुलाभ] अच्छा नफा (सुपा ४४६)।

सुली स्त्री [दे] उल्का, आकाश से गिरती आग (दे ८, ३६)।

सुलुसुल } अक [सुलसुलाय्] 'सुल' 'सुल'
सुलुसुलाय } आवाज करना। सुलुसुलायइ (तंदु ४१)। वकृ. सुलुसुलिंत, सुलुसुलेंत (तंदु ४४; महा)।

सुलूह वि [सुरूक्ष] अत्यन्त लूखा—रूखा (सूअ १, १३, १२)।

सुलोअ देखो सिलोअ = श्लोक (अवि १६)।

सुलोयण पुं [सुलोचन] एक विद्याधर-नरेश (पउम ५, ६६)।

सुलोल वि [सुलोल] अति चपल (कप्पू)।

सुल्ल न [शूल्य] शूला-प्रोत मांस (दे ८, ३६; पाअ)।

सुव अक [स्वप्] सोना। सुवइ, सुवंति (हे १, ६४; षड्; महा; रंभा)। भवि. सुविस्सं (पि ५२६)। वकृ. सुवंत, सुवमाण (पाअ; से १, २१; भग)। संकृ. सुविऊण (कुप्र ५६)।

सुव देखो स = स्व (हे २, ११४; षड्; कुमा)।

सुव (अप) देखो सुअ = श्रुत, सुत (भवि)।

सुवंस पुं [सुवंश] १ अच्छा वंस। २ वि. सुन्दर कुल में उत्पन्न, खानदानी (हे ४, ४१९)।

सुवग्गु पुं [सुवल्गु] एक विजय-क्षेत्र, जिसकी राजधानी खड्गपुरी है (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

सुवच्छ पुं [सुवत्स] १ व्यन्तर-देवों का एक इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। २ एक विजय-क्षेत्र, प्रान्त-विशेष, जिसकी राजधानी कुंडला नगरी है (ठा २, ३—पत्र ८०; इक)।

सुवच्छा स्त्री [सुवत्सा] १ अधोलोक में रहनेवाली एक दिशा-कुमारी देवी (ठा ८—पत्र ४३७)। २ सौमनस पर्वत पर रहनेवाली एक देवी (इक)।

सुवज्ज पुं [सुवज्र] १ एक विद्याधर-वंशीय राजा (पउम ५, १६)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम २५)।

सुवट्टिय वि [सुवर्तित] अतिशय गोल किया हुआ (राज)।

सुवण न [स्वपन] शयन (ओघ ८७; पंचा १, ४५; उप ७६२)।

सुवण्ण पुं [सुपर्ण] १ गरुड़ पक्षी (उत्त १४; ४७)। २ भवनपति देवों की एक जाति (औप)। ३ आदित्य, सूर्य (गउड)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (इक)।

सुवण्ण पुं [दे] अर्जुन वृक्ष (दे ८, ३७)।

सुवण्ण न [सुवर्ण] १ सोना, हेम (उवा; महा; णाया १, १७; गउड)। २ पुं. भवन-पति देवों की एक जाति (भग)। ३ सोलह कर्म-माषक का एक बाँट (अणु १५५)। ४ सुन्दर वर्ण। ५ वि. सुन्दर वर्णवाला (भग)। °आर, °कार पुं [°कार] सोनी, सुनार (दे महा)। °कुंभ पुं [°कुम्भ] प्रथम बलदेव के धर्म-गुरु एक जैन मुनि (पउम २०, २०५)। °कुसुम न [°कुसुम] सुवर्ण-यूथिका लता का फूल (राय ३१)। °कूला स्त्री [°कूला] नदी-विशेष (सम २७; इक)। °गुलिया स्त्री [°गुलिका] एक दासी का नाम (महा)। °सिला स्त्री [°शिला] एक महौषधि (ती ५; राज)। °गार पुं [°कर] सोने की खान (णाया १, १७—पत्र २२८)। °र पुं [°कार] सोनी (उप पृ ३५१)। देखो सुवन्न = सुवर्ण।

सुवण्णबिंदु पुं [दे] विष्णु (दे ८, ४०)।

सुवण्णिअ वि [सौवर्णिक] सुवर्ण-मय, सोने का बना हुआ (हे १, १६०; षड्; प्राकृ ३६)।

सुवत्त देखो सुव्वत्त (राज)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सुवन्न न [सुवर्ण] १ सोना (सं ५०; प्रासू २; कुप्र १; कुमा)। २ वि. सुन्दर अक्षरवाला (कुप्र १)। °कुमार पुं [°कुमार] भवनपति देवों की एक जाति (भग; सम ८३)। °कूलप्पवाय पुं [°कूलप्रपात] एक ह्रद जहाँ से सुवर्णकूला नदी बहती है (ठा २, ३—पत्र ७२)। °गार पुं [°कार] सोनी (णाया १, ८—पत्र १४०; उप पृ ३५३)। °जूहिया स्त्री [°यूथिका] लता-विशेष (पएण १७—पत्र ५२६)। °यार देखो °गार (सुपा ५६५)। देखो सुवण्ण = सुवर्ण।

सुवन्न वि [सौवर्ण] सोने का बना हुआ (कुप्र ४)।

सुवन्नालुगा स्त्री [दे] दतवन करने का पात्र—लोटा आदि (कुप्र १८०)।

सुवप्प पुं [सुवप्र] एक विजय-क्षेत्र (ठा २, ३—पत्र ८०)।

सुवयण न [सुवचन] सुन्दर वचन (भग)।

सुवर } (अप) देखो सुमर। सुवरइ, सुवँरहि
सुवँर } (भवि; पि २५१)।

सुवहु देखो सुबहु (प्राप)।

सुवाय पुंन [सुवात] एक देव-विमान (सम १०)।

सुवास पुं [सुवर्ष] १ सुन्दर वृष्टि (उप ८४९)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

सुवासणी देखो सुवासिणी (धर्मवि १२३)।

सुवासव पुं [सुवासव] एक राज-कुमार (विपा २, ४)।

सुवासिणी स्त्री [दे. सुवासिनी] जिसका पति जीवित हो वह स्त्री (सिरि १५६)।

सुवाहा अ [स्वाहा] देवता को हविष आदि अर्पण का सूचक अव्यय (सिरि १६७)।

सुविआज्जअ वि [सुव्यर्जित] विशेष रूप से उपार्जित (तंदु ५६)।

सुविअड्ढ वि [सुविदग्ध] अत्यन्त चतुर (नाट—रत्ना ६)।

सुविइय वि [सुविदित] अच्छी तरह ज्ञात (उवः सुपा ४०४)।

सुविउ वि [सुविद्] अच्छा जानकार (आ २८)।

सुविउल वि [सुविपुल] अति विशाल (उव)।

सुविक्कम पुं [सुविक्रम] भूतानन्द नामक इन्द्र के हस्ति-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)।

सुविक्खाय वि [सुविख्यात] सुप्रसिद्ध (सुर ६, ६०)।

सुविगा स्त्री [सुकिका, शुकी] मैना (उप ६७३; ६७५)।

सुविज्जा स्त्री [सुविद्या] उत्तम विद्या (प्रासू ५३)।

सुविण देखो सुमिण (सुर ३, १०१; महा; रंभा)। °न्नु वि [°ज्ञ] स्वप्न-शास्त्र का जानकार (उप पृ ११६; सुर १०, ६८)।

सुविणट्ठ वि [सुविनष्ट] बिलकुल नष्ट (गा ७४०)।

सुविणिच्छिय वि [सुविनिश्चित] अच्छी तरह निर्णीत (उव)।

सुविणिम्मिय वि [सुविनिर्मित] अच्छी तरह बनाया हुआ (णाया १, १—पत्र १२)।

सुविणीय वि [सुविनीत] १ अतिशय दूर किया हुआ (उत्त १, ४७)। २ अत्यन्त विनय-युक्त (दस ६, २, ६)।

सुवित्त न [सुवृत्त] अत्यन्त गोलाकार। २ सदाचार, अच्छा आचरण (सुर १, २१)।

सुवित्थड वि [सुविस्तृत] अति विस्तारयुक्त (अजि ४०; प्रासू १२८; द्र १८)।

सुवित्थिन्न वि [सुविस्तीर्ण] ऊपर देखो (सुर १, ४५; १२, १)।

सुविधि देखो सुविहि (सम ४३)।

सुविभज्ज वि [सुविभज] जिसका विभाग अनायास हो सके वह (ठा ५, १—पत्र २६६)।

सुविभत्त वि [सुविभक्त] अच्छी तरह विविक्त (णाया १, १ टी—पत्र ५; औप; भग)।

सुविम्हिअ वि [सुविस्मित] अतिशय आश्चर्यान्वित (उत्त २०, १३)।

सुवियक्खण वि [सुविचक्षण] अति चतुर (सुपा १५०)।

सुवियाण न [सुविज्ञान] अच्छा ज्ञान, सुन्दर जानकारी, पंडिताई (सट्ठि १६)।

सुविर वि [स्वप्तृ] स्वपन-शील, सोने की आदतवाला (ओघभा १३३; दे ८, ३६)।

सुविरइय वि [सुविरचित] अच्छी तरह घटित, सुघटित (उवा २०६)।

सुविराइय वि [सुविराजित] सुशोभित (सुपा ३१०)।

सुविराहिय वि [सुविराधित] अतिशय विराधित (उव)।

सुविलास वि [सुविलास] सुन्दर विलासवाला (सुर ३, ११४)।

सुविवेइय वि [सुविवेचित] सम्यग् विवेचित (उव)।

सुविवेच सक [सुवि + विच्] अच्छी तरह व्याख्या करना। संकृ. सुविवेचित (?य) (धर्मसं १३११)।

सुविसट्ट वि [सुविकसित] अच्छी तरह विकसित (सुर ३, १११)।

सुविसत्थ पुं [दे] व्यभिचारी पुरुष (वज्जा ६८)।

सुविसाय पुंन [सुविसात] एक देव-विमान (सम ३८)।

सुविहाणा स्त्री [सुविधाना] विद्या-विशेष (पउम ७, १३७)।

सुविहि पुं [सुविधि] १ नववाँ जिन भगवान् (सम ८५; पडि)। २ पुंस्त्री. सुन्दर अनुष्ठान (पएह २, ५ टी—पत्र १४६)। ३ न. रामचन्द्र तथा लक्ष्मण का एक यान; 'चंकमणं हवइ सुविहि-नामेणं' (पउम ८०, ४)।

सुविहिअ वि [सुविहित] सुन्दर आचरण-वाला, सदाचारी (सम १२५; भास १; उव; स १३०; सार्ध ११५; द्र ३२)।

सुवीर पुं [सुवीर] १ यदुराज का एक पौत्र (अंत)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम १२)।

सुवीसत्थ वि [सुविश्वस्त] अच्छी तरह विश्वासप्राप्त (सुर ६, १५६; सुपा २११)।

सुवुण्णा स्त्री [दे] संकेत, इशारा (दे ८, ३७)।

सुवुरिस देखो सुपुरिस (गउड)।

सुवे अ [श्वस्] आगामी कल (हे २, ११४; षंड; कुमा)।

सुवेल पुं [सुवेल] १ पर्वत-विशेष (से ८, ८०)। २ न. नगर-विशेष (पउम ५४,४३)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

**सुबो** देखो सुवे (षड्; प्राप)।

**सुब्ब** न [शुल्ब] १ तांबा, ताम्र (ती २)। २ रज्जु रस्सी। ३ जल-समीप। ४ आचार। ५ यज्ञ का कार्य (हे २, ७६)।

**सुब्बंत** देखो सुण।

**सुब्बत** देखो सुब्बय (ठा २, ३—पत्र ७८)।

**सुब्बत्त** वि [सुव्यक्त] स्फुट, सुस्पष्ट (श्रंत २०; औप; नाट—मृच्छ २८)।

**सुब्बमाण** देखो सुण।

**सुब्बय** पुं [सुव्रत] १ भारतवर्ष में उत्पन्न बीसवें जिनदेव, मुनिसुव्रत स्वामी (ती ८; पव ३५)। २ ऐरवत वर्ष के एक भावी जिनदेव (सम १५४)। ३ छठवें जिनदेव के गणधर (१५२)। ४ एक जैन मुनि जो तीसरे बलदेव के पूर्व जन्म में गुरु थे (पउम २०, १६२)। ५ आठवें बलदेव के धर्म-गुरु (पउम २०, २०६)। ६ भगवान् पार्श्वनाथ का मुख्य श्रावक (कप्प)। ७ एक ज्योतिष्क महा-ग्रह (राज)। ८ एक दिवस का नाम (आचा २, १५, ५; कप्प)। ९ न. एक गोत्र (कप्प)। १० वि. सुन्दर व्रतवाला (पव ३५)। °ग्गि पुं [°ग्नि] एक दिवस का नाम (कप्प)।

**सुब्बया** स्त्री [सुव्रता] १ भगवान् धर्मनाथ की माता (सम १५१)। २ एक जैन साध्वी (सुर १५, २४७; महा)।

**सुब्बिआ** स्त्री [दे] अम्बा, माता (दे ८, ३८)।

**सुस** देखो सूस; 'सुसइ व पंकं न वहंति निज्झरा वरहिणो न नच्चंति' (वज्जा १३४; भवि)। कृ. सुसियव्व (सुर ४, २२६)।

**सुसंगद** वि [सुसंगत] अति-संबद्ध (प्राकृ १२)।

**सुसंजमिअ** वि [सुसंयमित] अति-नियन्त्रित (दे)।

**सुसंडिआ** स्त्री [दे] शूला-प्रोत मांस (दे ८, ३६)।

**सुसंतय** वि [सुसरक] अति सुन्दर; 'अहो जणा कुणह तवं सुसंतयं' (पउम ८८, ५६)।

**सुसंनिविट्ठ** वि [सुसंनिविष्ट] अच्छी तरह स्थित (सुपा १३३)।

**सुसंपरिग्गहिय** वि [सुसंपरिगृहीत] खूब अच्छी तरह ग्रहण किया हुआ (राय ६३)।

**सुसंपिणद्ध** वि [सुसंपिनद्ध] खूब अच्छी तरह बँधा हुआ (राय)।

**सुसंभंत** वि [सुसंभ्रान्त] अतिशय व्याकुल (उत्त २०, १३)।

**सुसंभिअ** वि [सुसंभृत] अच्छी तरह संस्कृत (स १८६; उप ६४८ टी)।

**सुसंमय** वि [सुसंमत] अच्छी तरह संमति-युक्त (सुर १०, ८२)।

**सुसंवुअ** } वि [सुसंवृत] १ परिगत, व्याप्त। २ अच्छी तरह पहना हुआ (णाया १, १—पत्र १६; पि २१६)। ३ जितेन्द्रिय। ४ रुका हुआ (उत्त २, ४२)।
**सुसंवुड** }

**सुसंहय** वि [सुसंहत] अतिशय संश्लिष्ट (औप)।

**सुसज्ज** वि [सुसज्ज] अच्छी तरह तय्यार (सुपा ३११)।

**सुसण्णप्प** देखो सुसन्नप्प (राज)।

**सुसद्द** वि [सुशब्द] १ सुन्दर आवाजवाला। २ प्रसिद्ध, विख्यात (सुपा ५६६)।

**सुसन्नप्प** वि [सुसंज्ञाप्य] सुख-बोध्य (कस)।

**सुसमत्थ** वि [सुसमर्थ] सुशक्त, अतिशय सामर्थ्यवाला (सुर १, २३२)।

**सुसमदुस्समा** } स्त्री [सुषमदुष्षमा] काल-विशेष, अवसर्पिणी-काल का तीसरा और उत्सर्पिणी का चौथा आरा (इक; ठा २, ३—पत्र ७६)।
**सुसमदूसमा** }

**सुसमसुसमा** स्त्री [सुषमसुषमा] काल-विशेष, अवसर्पिणी का पहला और उत्सर्पिणी का छठवाँ आरा (इक; ठा १—पत्र २७)।

**सुसमा** स्त्री [सुषमा] १ काल-विशेष, अवसर्पिणी का दूसरा और उत्सर्पिणी का पाँचवाँ आरा (ठा २, ३—पत्र ७६; इक)। २ छन्द-विशेष (पिंग)।

**सुसमाहर** सक [सुसमा + हृ] अच्छी तरह ग्रहण करना। सुसमाहरे (सूअ १, ८, २०)।

**सुसमाहिअ** वि [सुसमाहित] अच्छी तरह समाधिसंपन्न (दस ५, १, ६; उत्त २०, ४)।

**सुसमिद्ध** वि [सुसमृद्ध] अत्यन्त समृद्ध (नाट—मृच्छ १५६)।

**सुसर** पुंन [सुस्वर] १ एक देव-विमान (सम १७)। २ न. नामकर्म का एक भेद, जिसके उदय से सुन्दर स्वर की प्राप्ति हो वह कर्म (सम ६७; कम्म १, २६; ५१)। देखो सुस्सर, सुस्सूर।

**सुसा** स्त्री [स्वसृ] बहिन, भगिनी (सूअ १, ३, १, १ टी)।

**सुसा** देखो सुण्हा = स्नुषा (कुमा)।

**सुसागय** न [सुस्वागत] सुन्दर स्वागत (भग)।

**सुसागर** पुंन [सुसागर] एक देव-विमान (सम २)।

**सुसाण** न [श्मशान] मुर्दाघाट, मरघट (णाया १, २—पत्र ७६; हे २, ८६; स ५६७; श्रा १४; महा)।

**सुसामण्ण** न [सुश्रामण्य] अच्छा साधुपन (उवा)।

**सुसाय** वि [सुस्वाद] स्वादिष्ठ, सुन्दर स्वाद-वाला (पउम ८२; ६६; १०२, १२२)।

**सुसाल** पुंन [सुशाल] एक देव-विमान (सम ३५)।

**सुसावग** } पुं [सुश्रावक] अच्छा श्रावक—जैन गृहस्थ (कुमा; पडि; द्र २१)।
**सुसावय** }

**सुसाहय** देखो सुसंहय (पण्ह १, ४—पत्र ७६)।

**सुसाहु** पुं [सुसाधु] उत्तम मुनि (पण्ह २, १—पत्र १०१; उव)।

**सुसिअ** वि [शुष्क] सूखा हुआ (सुपा २०४; कुप्र १३)।

**सुसिअ** वि [शोषित] सुखाया हुआ (महा; वज्जा १५०; कुप्र १३)।

**सुसिक्खिअ** वि [सुशिक्षित] अच्छी तरह शिक्षा को प्राप्त (मा २०)।

**सुसिणिद्ध** वि [सुस्निग्ध] अत्यन्त स्नेह-युक्त (सुर ४, १६६)।

**सुसित्थ** देखो सुत्थ = सौस्थ्य (संक्षि १२)।

**सुसिन्न** वि [सुशीर्ण] अति सड़ा हुआ (सुपा ४६६)।

**सुसिर** वि [शुषिर] १ पोला, खाली। छूंछा (उप ७२८ टी; कुप्र १६२)। २ पुंन. एक देव-विमान (सम ३७)।

**सुसिलिट्ठ** वि [सुश्लिष्ट] सुसंगत, अति संबद्ध (सुर १०, ८२; पंचा १८, २३)।

**सुसिस्स** पुं [सुशिष्य] उत्तम चेला (उव पृ ४०१)।

**सुसीअ** वि [सुशीत] अति शीतल (कुमा)।

**सुसीम** न [सुसीम] नगर-विशेष (उप ७२८ टी)।

**सुसीमा** स्त्री [सुसीमा] १ भगवान् पद्मप्रभ की माता (सम १५१)। २ कृष्ण वासुदेव की एक पत्नी (अंत १५)। ३ वत्स नामक विजय-क्षेत्र की एक राजधानी (ठा २, ३—पत्र ८०)।

**सुसील** न [सुशील] १ उत्तम स्वभाव (पउम १४, ४४)। २ वि. उत्तम स्वभाववाला, सदाचारी (प्रासू ८)। °वंत वि [°वत्] सदाचारी (पउम १४; ४४; प्रासू ३६)।

**सुसु** पुं [शिशु] बच्चा, बालक। °मार पुं [°मार] जलचर प्राणी की एक जाति, महिषाकार मत्स्य-विशेष (पि ११७)। °मारिया स्त्री [°मारिका] वाद्य-विशेष (राय ४६)। देखो **सुंसुमार**।

**सुसुज्ज** पुंन [सुसूर्य] एक देव-विमान (सम १५)।

**सुसुमार** पुं [सुसुमार] जलचर जन्तु की एक जाति (जी २०)। देखो **सुसु-मार**।

**सुसुगंध** वि [सुसुगन्ध] १ अत्यन्त सुगन्धी (पउम ६, ४१; गउड)। २ पुं. अत्यन्त खुशबू (गउड)।

**सुसुर** देखो **ससुर** (धर्मवि ११४; सिरि ३३४; ३४५; ३४७; ६८८)।

**सुसुहंकर** पुं [सुशुभङ्कर] छन्द का एक भेद (पिंग)।

**सुसूर** पुंन [सुसूर] एक देव-विमान (सम १०)।

**सुसेण** पुं [सुषेण] १ सुग्रीव का श्वसुर (से ४, ११; १३, ८४)। २ एक मंत्री (विपा १, ४—पत्र ५४)। ३ भरत चक्रवर्ती का मन्त्री (राज)।

**सुसेणा** स्त्री [सुषेणा] एक बड़ी नदी (ठा ५, ३—पत्र ३५१)।

**सुसोह** वि [सुशोभ] अच्छी शोभावाला (सुपा २७५)।

**सुसोहिय** वि [सुशोभित] शोभा-संपन्न, समलंकृत (उप ७२८ टी)।

**सुस्स** अक [शुष्] सूखना। सुस्से (सूअ १, २, १, १६)। वकृ. **सुस्संत** (स १६६)।

**सुस्समण** पुं [सुश्रमण] उत्तम साधु (उव)।

**सुस्सर** वि [सुस्वर] सुन्दर आवाजवाला (सुपा २८६)। देखो **सुसर**।

**सुस्सरा** स्त्री [सुस्वरा] गीतरति तथा गीतयश नाम के गन्धर्वेन्द्रों की एक एक अग्रमहिषी का नाम (ठा ४, १—पत्र २०४; इक)।

**सुस्सार** वि [सुसार] सार-युक्त (भवि)।

**सुस्सावग** } **सुस्सावय** } देखो **सुसावग** (उव; श्रा १२)।

**सुस्सील** देखो **सुसील** (सुपा ११०; ५०८)।

**सुस्सुय** देखो **सुसुअ** (राज)।

**सुस्सुयाय** अक [सुसुकाय्, सूत्कारय्] सु सु आवाज करना, सूत्कार करना। संकृ. **सुस्सुयाइत्ता** (उत्त २७, ७)।

**सुस्सू** स्त्री [श्वश्रू] सासू (बृह २)।

**सुस्सूस** सक [शुश्रूष्] सेवा करना। सुस्सूसइ (उव; महा)। वकृ. **सुस्सूसंत**, **सुस्सूसमाण** (कुलक ३४; भग; औप)। हेकृ. **सुस्सूसिदुं** (शौ) (मा ३६)।

**सुस्सूसअ** वि [शुश्रूषक] सेवा करनेवाला (कप्पू)।

**सुस्सूसण** न [शुश्रूषण] सेवा, शुश्रूषा (कुप्र २४७; रत्न २१)।

**सुस्सूसणया** } **सुस्सूसणा** } स्त्री [शुश्रूषणा] ऊपर देखो (उत्त २६, १; औप; णाया १, १३—पत्र १७८)।

**सुस्सूसा** स्त्री [शुश्रूषा] ऊपर देखो (सुपा १२७)।

**सुह** देखो **सोह**=शुभ्। सुहइ (वज्जा १४; पिंग)।

**सुह** सक [सुखय्] सुखी करना। सुहइ (पिंग), सुहेदि (शौ) (अभि ८६)।

**सुह** देखो **सुभ** (हे ३, २६; ३०; कुमा; सुपा ३६०; कम्म १, ५०)। °अ वि [°द] मंगलकारी (कुमा)। °कम्मि वि [°कर्मिक] पुण्यशाली (भवि)। °काम वि [°काम] मङ्गल की चाहवाला (सुपा ३२६)। °गर वि [°कर] मङ्गल-जनक (कुमा)। °णामा स्त्री [°नामा] पक्ष की पाँचवीं, दसवीं तथा पनरहवीं रात्रि-तिथि (सुज्ज १०, १५)। °त्थि वि [°र्थिन्] १ शुभेच्छक (भग)। २ शुभ अर्थवाला (णाया १, १—पत्र ७४)। °द देखो °अ (कुमा)।

**सुह** न [सुख] १ आनन्द, चैन, मजा। २ आराम, शान्ति (ठा २, १—पत्र ४७; ३, १—पत्र ११४; भग; स्वप्न २३; प्रासू १३३; हे १, १७७; कुमा)। ३ निर्वाण, मुक्ति। ४ त्रि. जितेन्द्रिय (विसे ३४४३; ३४४४)। ५ सुख-प्रद, सुख-जनक (णाया १, १२—पत्र १७४; आचा; कम्म १, ५१)। ६ अनुकूल (णाया १, १२)। ७ सुखी (हे ३, १६)। °अ वि [°द] सुख-दायक (सुर २, ६५; सुपा ११२; कुमा)। °इत्तअ वि [°वत्] सुखी (पि ६००)। °कर वि [°कर] सुख-जनक (हे १, १७७)। °कामि वि [°कामिन्] सुखाभिलाषी (ओव ११६)। °त्थि वि [°ार्थिन्] वही अर्थ (आचा)। °द वि [°द] सुख-दाता (वे १०३; कुमा)। °दाय वि [°दाय] वही (पउम १०३, १६२)। °फंस वि [°स्पर्श] कोमल (पाअ)। °यर देखो °कर (हे १, १७७; कुमा; सुपा ३)। °संझा स्त्री [°सन्ध्या] सुख-जनक सायंकाल (कप्पू)। °वह वि [°वह] १ सुख-जनक (श्रा २८; उव; सं ६७)। २ पुंन. एक पर्वत-शिखर (ठा २, ३—पत्र ८०)। °ासण न [°ासन] आसन-विशेष, पालकी (सुर २, ६०; सुपा २७८; कप्प)। °ासिया स्त्री [°ासिका] सुख से बैठना, सुखी स्थिति (प्रासू ८५)।

**सुहउत्थिआ** स्त्री [दे] दूती (दे ८, ६)।

**सुहंकर** त्रि [सुखकर] सुख-कारक (सिरि ३६; कुमा)।

**सुहंकर** वि [शुभकर] १ शुभ कारक (कुमा)। २ पुं. एक वणिक् का नाम (उप ५०७ टी)।

**सुहंभर** त्रि [सुखम्भर] सुखी (गउड)।

सुहग देखो सुभग (रयण ४०; गा ६; नाट—मालवि २८)।

सुहड पुं [सुभट] योद्धा (सुर २, २६; कुमा; प्रासू ७४; सण)।

सुहड वि [सुहृत] अच्छी तरह हरण किया हुआ (दस ७, ४१)।

सुहत्थ वि [सुहस्त] १ अच्छा हाथवाला, हाथ की लघुतावाला; हाथ से शीघ्र-शीघ्र काम करने में समर्थ (से १२, ५५)। २ दाता, दानशील (भवि)।

सुहत्थि पुं [सुहस्तिन्] १ गन्ध-हस्ती (णाया १, १—पत्र ७४; उवा)। २ एक जैन महर्षि (कप्प; पडि)।

सुहद्द न [सौहार्द] १ स्नेह। २ मित्रता (भवि)।

सुहम न [सूक्ष्म] १ फूल, पुष्प (दसनि १, ३६)। २ देखो सण्ह; सुहुम = सूक्ष्म (हे २, १०१; चंड)।

सुहम्म पुं [सुधर्मन्] १ भगवान् महावीर का पट्टधर शिष्य (विपा १, १—पत्र १)। २ बारहवें जिनदेव का प्रथम शिष्य (सम १५२)। ३ एक यक्ष का नाम (विपा १, १—पत्र ४; १, २—पत्र २१)। °सामि पुं [°स्वामिन्] भगवान् महावीर का पट्टधर शिष्य (भग)। देखो सुधम्म।

सुहम्म° देखो सुहम्मा। °वइ पुं [°पति] इन्द्र (महा)।

सुहम्ममाण वि [सुहन्यमान] जो अच्छी तरह मारा जाता हो वह (पि ५४०)।

सुहम्मा स्त्री [सुधर्मा] चमर आदि इन्द्रों की सभा, देव-सभा (सम १५; भग)।

सुहय देखो सुह-अ = सुख-द, शुभ-द।

सुहय देखो सुभग (गउड; सण; हेका २७२; कुमा)।

सुहय वि [सुहत] अच्छी तरह जो मारा गया हो वह (कुप्र २२६)।

सुहर वि [सुभर] सुख से भरने योग्य (दस ८, २५)।

सुहरअ देखो सुहराय (षड्)।

सुहरा स्त्री [दे. सुगृहा] पक्षि-विशेष, सुघरी (से ८, ३६)।

सुहराय पुं [दे] १ वेश्या का घर। २ चटक, गैरैया पक्षी (दे ८, ५६)।

सुहल्ली स्त्री [दे] सुख, आनन्द (दे ८, ३६)।

सुहव देखो सुभग (वज्जा ९६; संक्षि ६)। स्त्री. °वी (प्राकृ ३७)।

सुहा अक [सु + भा] अच्छा लगना, 'न सुहाइ गोमईए सासू' (कुप्र ३५२)।

सुहा देखो छुहा = सुधा (स २८२; कुमा; सण)। °कम्मंत न [°कर्मान्त] चूने का कारखाना (आचा २, २, २, ६)। °हार पुं [°हार] देव, देवता (स ७५५)।

सुहा, सुहाअ, सुहाव अक [सुखाय्] १ सुख पाना। २ सक. सुखी करना। सुहाइ, सुहाअइ, सुहावइ, सुहावेइ (भवि; गा ६१७; पि ५५८; से १२, ८६; वज्जा १६४; भवि; उव)। वकृ. सुहाअंत (से १, २८; नाट—रत्ना ६१)।

सुहाव देखो सहाव = स्वभाव (गा ५०८; वज्जा १०)।

सुहावण वि [सुखायन] सुख-जनक (सण; भवि)।

सुहावय वि [सुखायक] ऊपर देखो (वज्जा ४६४; भवि)।

सुहासिय वि [सुभाषित] १ सम्यग् उक्त (पण्ह १, १—पत्र १)। २ न. सुन्दर वचन, सूक्त (स ७६१; सुपा ५१४)।

सुहि वि [सुखिन्] सुख-युक्त (सुपा ३१२; ४३१)।

सुहि, सुहिअ पुं [सुहृद्] मित्र, दोस्त (ठा ४, ३—पत्र २४३; णाया १, २—पत्र ९०; उत्त २०, ९; सुर ४, ७६; सुपा १०७; ४१६; प्रयौ ३६; सुर ३, १५४; भवि)।

सुहिअ वि [सुखित] सुखी, सुख-युक्त (से २, ८; गा ४१८; कुप्र ४०६; उव; कुमा)।

सुहिअ वि [सुहित] १ तृप्त (से २, ८)। २ सुन्दर हितवाला (धर्म २)।

सुहिट्ठ वि [सुहृष्ट] अति हर्षित (उप ७२८ टी)।

सुहिर देखो सुसिर; 'अवनामंतो पुहहि अंतो सुहिरं व चरणाघाएहिं' (धर्मवि १२४; रंभा)।

सुहिरण्णा, सुहिरण्णिया, सुहिरन्निया स्त्री [सुहिरण्या, °ण्यिका] वनस्पति-विशेष, पुष्प-प्रधान वृक्ष-विशेष (राय ३१; राज; पण्ह १७—पत्र ५२६)।

सुहिरीमण वि [सुह्रीमनस्] अत्यन्त लज्जालु, अतिशय शरमिन्दा (सूअ १, ४, २, १७; राज)।

सुहिल्लिया देखो सुहेल्लि; 'सुहिल्लियं अट्ठियं रसं मुणाओ' (भत्त १४२)।

सुही वि [सुधी] पंडित, विद्वान् (सिरि ४०)।

सुहुम वि [सूक्ष्म] १ बारीक, अत्यन्त छोटा। २ तीक्ष्ण (हे १, ११८; २, ११३; कुमा; जी १४)। ३ पुं. भारत वर्ष के एक भावी कुलकर पुरुष (सम १५३)। ४ एकेन्द्रिय जीव-विशेष (ठा ८; कम्म ४, २; ५)। ५ न. कर्म-विशेष (सम ६७)। °संपराग, °संपराय पुंन [°संपराय] १ चारित्र-विशेष (ठा ५, २—पत्र ३२२)। २ दशवाँ गुण-स्थानक (सम २६)। देखो सण्ह, सुहम = सूक्ष्म।

सुहुय वि [सुहुत] अच्छी तरह होम किया हुआ (उप २८० टी; कप्प; औप)।

सुहेल्लि स्त्री [दे. सुखकेलि] सुख, आनन्द, मजा (दे ८, ३६; पाअ; गा १०८; २११; २६१; २८८; ३६८; ५५६; ८६४; स ७२)।

सुहेसि वि [सुखैषिन्] सुखाभिलाषी (सुपा २२७)।

सू अ. निन्दा-सूचक अव्यय (नाट)।

सूअ सक [सूचय्] १ सूचना करना। २ जानना। ३ लक्ष करना। सूएइ, सूअंति, सूएमो (विसे १३६८; स २४८; गउड; पिंड ४१७)। कर्म. सूइज्जइ (गा ३२६)। वकृ. सूयंत, सूययंत (गउड; स ३६६)। कवकृ. सूइज्जंत (वेइय ६०५)। कृ. सूएअव्व (से १०, २८)।

सूअ पुं [सूद] रसोइया (महा)।

सूअ पुं [सूत] १ सारथि, रथ हाँकनेवाला (पाअ)। २ वि. प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह; 'सु(? सू)यगोव्व अदूरए' (सूअ १, ३, २, ११)। °गड पुंन [°कृत] दूसरा जैन अंग-ग्रन्थ (सूअनि २)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूअ पुं [शूक] धान्य आदि का तीक्ष्ण अग्र भाग (गउड; गा ५६८)।

सूअ वि [शून] फुला हुआ, सूजनवाला; 'सूय-मुहं सूयहत्थं सूयपायं' (विपा १, ७—पत्र ७३)।

सूअ पुं [सूप] दाल (पव ६१, टी; उवा; पण्ह २, ३—१२३; सुपा ५७)। °आर, °यार, °र पुं [°कार] रसोइया (स १७; कुप्र ६६; ३७; श्रावक ६३ टी)। °आरिणी स्त्री [°कारिणी] रसोई बनानेवाली स्त्री (पउम ७७, ४०६)।

सूअ देखो सुत्त = सूत्र। °गड पुंन [°कृत] दूसरा जैन अंग-ग्रन्थ; 'आयारो सूयगडो' (सुज्ज २, १, ७०; सम १)।

सूअअ, सूअक, सूअग वि [सूचक] १ सूचना करनेवाला (वेणी ४५; श्रा ११; सुर २, २२६)। २ पुं. पिशुन, खल, दुर्जन (पण्ह १, २—पत्र २८)। ३ गुप्त दूत, जासूस (प्राप्र)।

सूअग, सूअय न [सूतक] सूतक, जनन और मरण की अशुद्धि (पंचा १३, ३८; वव १)।

सूअण न [सूचन] सूचना (उव; सुर ८, २३३)।

सूअर पुं [शूकर] सूअर, वराह (उवा; विपा १, ३—पत्र ५३; प्रयौ ७०)। °वल्ल पुं [°वल्ल] अनन्तकाय वनस्पति-विशेष (पव ४; श्रा २०)।

सूअरिअ वि [दे] यन्त्र-पीडित (दे ८, ४१ टी)।

सूअरिया, सूअरी स्त्री [दे] यन्त्र-पीड़ना (सुर १३, १५७; दे ८, ४१)।

सूअल न [दे] किशारु, धान्य का तीक्ष्ण अग्र भाग (दे ८, ३८)।

सूआ स्त्री [सूचा] सूचन, सूचना (पिंड ४३७; उप ५०; सूअनि २)। °कर वि [°कर] सूचक (उप ७६८ टी)।

सूआ, सूइ स्त्री [सूति] प्रसव, प्रसूति, जन्म (पउम २६, ८५; १, ६१; सुपा २३)। °कम्म न [°कर्मन्] प्रसव-क्रिया (सुर १०, ९; सुपा ४०)। °हर न [°गृह] प्रसूति-गृह (पउम २६, ८५)।

सूइ स्त्री [सूचि] देखो सूई (आचा; सम १४६; राय २७)।

सूइअ वि [सूचित] जिसकी सूचना की गई हो वह (महा)। २ उक्त, कथित (पाअ)। ३ व्यञ्जनादि-युक्त (खाद्य) (दस ५, १, ९८)।

सूइअ वि [सूत] प्रसूत, जिसने जन्म दिया हो वह, ब्यायी; 'साणं सूइअं गाविं' (दस ५, १, १२)।

सूइअ पुं [सूचिक] दरजी (कुप्र ४०१)।

सूइअ पुं [दे] चण्डाल (दे ८, ३९)।

सूइय न [सुप्त] निद्रा; 'सेज्जं अत्थरिऊण अलियसूइयं काऊण अच्छंति' (महा)।

सूइय वि [दे सूप्य, सूपिक] भीजा हुआ (खाद्य); 'अवि सूइयं वा सुक्कं वा' (आचा)।

सूइआ स्त्री [सूतिका] प्रसूति-कर्म करनेवाली स्त्री (सम्मत्त १४५)।

सूई स्त्री [सूची] कपड़ा सीने की सलाई, सूई (पण्ह १, ३—पत्र ४४; गा ३६४; ५०२)। २ परिमाण-विशेष, एक अंगुल लम्बी एक प्रदेशवाली श्रेणी (अणु १५८)। ३ दो तख्तों के जोड़ने के काम में आती एक तरह की पतली कील (राय २७; ८२)। °फलग न [°फलक] तख्ते का वह हिस्सा, जहाँ सूची-कीलक लगाया गया हो (राय ८२)। °मुह पुं [°मुख] १ पक्षि-विशेष (पण्ह १, १—पत्र ८)। २ द्वीन्द्रिय जन्तु की एक जाति (पण्ण १—पत्र ४४)। ३ न. जहाँ सूची-कीलक तख्ते का छेद कर भीतर घुसता है उसके समीप की जगह (राय ८२)।

सूई स्त्री [दे] मंजरी (दे ८, ४१)।

सूई° देखो सूइ = सूति (सुपा २६५)।

सूड सक [भञ्ज्, सूद्] भांगना, तोड़ना, विनाश करना। सूडइ (हे ४, १०६)। कर्म. सूडिज्जंतु (पण्ह १, २—पत्र २९)।

सूडण न [सूदन] १ भञ्जन, विनाश (गउड)। २ वि. विनाशक (पव २७१)।

सूण वि [शून] सूजा हुआ, सूजन से फुला हुआ (पउम १०३, १४८; गा ६३६; स ३७१; ४८०)।

सूण°, सूणा स्त्री [सूना] वध-स्थान (निर १, १; गा ३४; कुप्र २७६)। °वइ पुं [°पति] कसाई (दे २, ७०)।

सूणिय वि [शूनिक] १ सूजन का रोगवाला, जिसका शरीर सूज गया हो वह। २ न. सूजन (आचा)।

सूणु पुं [सूनु] पुत्र, लड़का (कुप्र ३१६)।

सूतग देखो सूअय = सूतक (वव १)।

सूप देखो सूअ = सूप (पण्ह २, ५—पत्र १४८)।

सूभग देखो सुभग; 'सुभग दूभगनामं सूसर तह दूसरं चेव' (धर्मसं ६२०; श्रावक २३)।

सूभग देखो सोभग्ग (पिंड ५०२)।

सूमाल देखो सुउमाल (पण्ह १, ४—पत्र ७८; णाया १, १—पत्र ४७; १, १६—पत्र २००; कप्प; सुर १३, ११८; कुप्र ५५)।

सूर सक [भञ्ज्] तोड़ना, भांगना। सूरइ (हे ४, १०६)।

सूर वि [शूर] १ पराक्रमी, वीर (ठा ४, ३—पत्र २३७; कप्प; सुपा २२२; ४१२; प्रासू ७१)। २ पुं. एक राजा (सुपा ६२२)। ३ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४३)। °सेण पुं [°सेन] एक भारतीय देश, जिसकी प्राचीन राजधानी मथुरा थी (विचार ४९; पउम ९८, ६६; ती १४; विक्र ६०; सत्त ६७ टी)। २ ऐरवत वर्ष के एक भावी जिन-देव (सम १५४)। ३ एक जैनाचार्य (उप ७२८ टी। ४ भगवान् आदिनाथ का एक पुत्र (ती १४)।

सूर पुं [सूर, सूर्य] १ सूर्य, रवि (हे २, ६४; ठा २, ३—पत्र ८५; उवा; सुपा २२२; ६२२; कप्प; कुमा)। २ सतरहवें जिन-देव का पिता (सम १५१)। ३ इक्ष्वाकु-वंश का एक राजा (पउम ५, ६)। ४ एक लंका-पति (पउम ५, २६३)। ५ एक द्वीप का नाम (सुज्ज १९)। ६ एक राजा (सुपा ५५९)। ७ छन्द का एक भेद (पिंग) ८ पुंन. एक देव-विमान (सम १०)। °आभ, °कंत पुं [°कान्त] १ मणि-विशेष (स ६, ५०; पउम ३, ७५; पण्ण १—पत्र २६; उत्त ७७)। २ पुंन. एक देव-विमान (देवेन्द्र १४४; सम १०)। °कूड पुंन [°कूट] एक देव-विमान—देव-भवन (सम १०)। °ज्झय पुंन [°ध्वज] एक देव-विमान (सम १०)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

°दीव पुं [°द्वीप] द्वीप-विशेष (इक)। °देव पुं [°देव] आगामि उत्सर्पिणी-काल में होनेवाले भारतवर्ष के दूसरे जिनदेव (सम १५३)। °पन्नत्ति स्त्री [°प्रज्ञप्ति] एक जैन उपाङ्ग-ग्रंथ (ठा ३, २—पत्र १२६)। °परिवेस पुं [°परिवेष] मेघ आदि से होता सूर्य का वलयाकार मंडल (अणु १२०)। °पव्वय पुं [°पर्वत] पर्वत-विशेष (ठा २, ३—पत्र ८०)। °पागा स्त्री [°पाका] सूर्य के किरण से होनेवाली रसोई (कुप्र ६६)। °प्पभ पुंन [°प्रभ] एक देव-विमान (सम १०)। °प्पभा, °प्पहा स्त्री [°प्रभा] १ सूर्य की एक अग्र-महिषी (इक; णाया २—पत्र २५२)। २ ग्यारहवें जिनदेव की दीक्षा-शिविका (सम १५१)। ३ आठवें जिनदेव की दीक्षा-शिविका (विचार १२६)। °मल्लिया स्त्री [°मल्लिका] वनस्पति-विशेष (राय ७६)। °मालिया स्त्री [°मालिका] आभरण-विशेष (औप)। °लेस पुंन [°लेश्य] एक देव-विमान (सम १०)। °वक्कय न [°वक्कण] आभूषण-विशेष (औप)। °वर पुं [°वर] १ एक द्वीप। २ एक समुद्र (सुज्ज १९)। °वरोभास पुं [°वरावभास] १ द्वीप-विशेष। २ समुद्र-विशेष (सुज्ज १९)। °वल्ली स्त्री [°वल्ली] लता-विशेष (पराण १—पत्र ३३)। °वेग पुं [°वेग] एक राजकुमार (उप १०३१ टी)। °सिंग पुंन [शृङ्ग] एक देव-विमान (सम १०)। °सिट्ठ पुंन [°सृष्ट] एक देव-विमान (सम १०)। °सिरी स्त्री [°श्री] सातवें चक्रवर्ती की स्त्री (सम १५२)। सुअ पुं [°सुत] शनैश्चर-ग्रह (हाट—मृच्छ १९२)। °भ पुंन [°भ] एक देव-विमान (सम १४; पव २६७)। °वत्त पुंन [°वर्त] एक देव-विमान (सम १०)। देखो सुज्ज।

सूरंग पुं [दे] प्रदीप, दीपक (दे ८, ४१; षड्)।

सूरंगय पुं [सुराङ्गज] एक राजा (उप १०३१ टी)।

सूरण पुं [दे. सूरण] कन्द-विशेष, सूरन, ओल (दे ८, ४१; पराण १—पत्र ३६, उत्त ३६ ९९; पंचा ५, २०)।

सूरद्धय पुं [दे] दिन, दिवस (दे ८, ४२; षड्)।

सूरल्लि पुंस्त्री [दे] १ मध्याह्न, दुपहर का समय (दे ८, ५७; षड्)। २ कीट-विशेष, मशक के समान आकृतिवाला कीट (दे ८, ५७)। ३ तृण-विशेष, ग्रामणी नामक तृण (दे ८, ५७; जीव ३, ४; राय)।

सूरि पुं [सूरि] आचार्य (जी १; सण)।

सूरिअ वि [भग्न] भाँगा हुआ (कुमा)।

सूरिअ देखो सुज्ज (हे २, १०७; सम ३६; भग; उप ७२८ टी)। °कंत पुं [°कान्त] प्रदेशि-नामक राजा का पुत्र (भग ११, ९—पत्र ५१४; कुप्र १४०)। °कंता स्त्री [°कान्ता] प्रदेशी राजा की पत्नी (कुप्र १४६)। °पाग पुंस्त्री [°पाक] सूर्य के ताप से होनेवाली रसोई (कुप्र ७०)। स्त्री. °गा (कुप्र ६८)। °लेस्सा स्त्री [°लेश्या] सूर्य की प्रभा (सुज्ज ५—पत्र ७६)। °भ पुं [°भ] १ प्रथम देवलोक का एक देव (राय १४; धर्मवि ९)। २ पुंन. एक देव-विमान। ३ न. सूर्याभ देव का सिंहासन (राय १४)। °यत्त पुं [°वर्त] मेरु पर्वत (सुज्ज ५; इक)। °यरण पुं [°वरण] मेरु पर्वत (सुज्ज ५; इक)।

सूरिल पुं [दे] श्वशुर पक्ष (?), 'महंतं मे सम्रोयणं ति साहिऊण सुरिलस्स समागओ चेव' (स ५१०)।

सूरिस देखो सुउरिस (हे १, ८)।

सूरुत्तरवडिंसग पुंन [सूरोत्तरावतंसक] एक देव-विमान (सम १०)।

सूरुल्लि देखो सूराह्न (राय ८० टी)।

सूरोद पुं [सूरोद] एक समुद्र (सुज्ज १९)।

सूरोदय न [सूरोदय] नगर-विशेष (पउम ८, १८६)।

सूरोवराग पुं [सूरोपराग] सूर्य-ग्रहण (भग)।

सूल पुंन [शूल] १ लोहे का सुतीक्ष्ण काँटा, शूली (विपा १, ३—पत्र ५३; औप)। शस्त्र-विशेष, त्रिशूल (पराह १, १—पत्र १८; कुमा)। ३ रोग-विशेष (प्रासू १०५)। ४ बबूल आदि का तीक्ष्ण अग्र भागवाला काँटा (कुप्र ३७)। पुं. व. देश-विशेष (पउम ९८, ६५)। °पाणि पुं [°पाणि] यक्ष-विशेष (कम्म ५)। °धर पुं [°धर] शिव, महादेव (पिंग)।

सूलच्छ न [दे] पल्वल, छोटा तालाब (दे ८, ४२)।

सूलत्थारी स्त्री [दे] चण्डी, पार्वती (दे ८, ४२)।

सूला स्त्री [शूला] शूली, सुतीक्ष्ण लोह-कंटक (गा ६४; उप ३३९ टी; धर्मवि १३७)। °इय वि [°चित, °तिग] शूली पर चढ़ाया हुआ (णाया १, ९—पत्र १५७; १६३; राय १३४)।

सूला स्त्री [दे] वेश्या, वारांगना (दे ८, ४१)।

सूलि वि [शूलिन] १ शूल-रोगवाला; 'जह विदलं सूलीणं' (वि ३)। २ पुं शिव, महादेव (पाअ)।

सूलिआ स्त्री [शूलिका] शूली, जिसपर वध्य को चढ़ाया जाता है (पराह १, १—पत्र ८)।

सूव पुं [सूप] दाल (उवा; ओघ ७१४; चारु ६; पिंड ६२४; पंचा १०, ३७)। °यार, °आर पुं [°कार] रसोइया, रसोई बनानेवाला नौकर (पउम ११३, ७; सुर १६, ३८; उप ३०२)।

सूस अक [शुष्] सूखना। सूसइ, सूसंति, सूसइरे (हे ४, २३६; प्राकृ ६८; कुमा ३७४; हे ३, १४२)।

सूसर वि [सुस्वर] १ सुन्दर आवाजवाला (सुर १६, ४६)। २ न. नामकर्म का एक भेद, जिससे सुन्दर स्वर की प्राप्ति हो वह कर्म (धर्मसं ६२०; श्रावक २३; कम्म २, २२)। °परिवादिणी स्त्री [°परिवादिनी] एक तरह की वीणा (पराह २, ५—पत्र १४९)।

सूसास वि [सोच्छ्वास] ऊर्ध्व श्वासवाला (हे १, १५७; कुमा)।

सूसिय वि [शोषित] सुखाया हुआ (सुर १५, २४८)।

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

सूसुअ वि [सुश्रुत] १ अच्छी तरह सुना हुआ। २ अच्छी तरह ज्ञात (वज्जा १०६)। ३ पुं. वैद्यक ग्रन्थ-विशेष (वज्जा १०६)।

सूहअ, सूहव } देखो सुभग (संक्षि २०; हे १, ११३; १९२)।

से° देखो सेअ = श्वेत। °वड पुं [°पट] श्वेताम्बर जैन (सम्मत्त १३७)।

से अ [दे] इन अर्थों का सूचक अव्यय—१ वाक्य का उपन्यास। २ प्रश्न (भग १, १; उवा)। ३ प्रस्तुत वस्तु का परामर्श (उत्त २, ४०; जं १)। ४ अनन्तरता (ठा १०—पत्र ४९५)।

से, सेअ } अक [शी] सोना। सेइ, सेअइ (षड्)।

सेअ सक [सिच्] सींचना। सेअइ (हे ४, ९६)।

सेअ पुं [दे] गणपति, गणेश (दे ८, ४२)।

सेअ पुं [सेय] १ कर्दम, कादो, पंक (सूअ २, १, २; णाया १, १—पत्र ६३)। २ एक अधम मनुष्य-जाति; 'चंडाला मुट्ठिया सेया जे अन्ने पावकम्मिणो' (ठा ७—पत्र ३९३)।

सेअ पुं [स्वेद] पसीना (गा २७८; दे ४, ४९; कुमा)।

सेअ पुं [सेक] सेचन, सींचना (मै ६५; गा ७९९; हेका ९९; अभि ३३)।

सेअ न [श्रेयस्] १ शुभ, कल्याण (भग)। २ धर्म। ३ मुक्ति, मोक्ष (हे १, ३२)। ४ वि. अति प्रशस्त, अतिशय शुभ; 'इय संजमोवि सेओ' (पंचा ७,१४; कुमा; पंच ९६)। ५ पुं. अहोरात्र का दूसरा मुहूर्त (सुज्ज १०, १३)।

सेअ वि [सैज] सकम्प, कम्प-युक्त (भग ५, ७—पत्र २३४)।

सेअ वि [श्वेत] १ शुक्ल, सफेद (णाया १, १—पत्र ५३; अभि ३३; उव)। २ पुं. एक इन्द्र, कुभंड-निकाय के दक्षिण दिशा का इन्द्र (ठा २, ३—पत्र ८५)। ३ शक्र की नट-सेना का अधिपति (इक)। ४ आमलकल्पा नगरी का एक राजा, जिसने भगवान् महावीर के पास दीक्षा ली थी (ठा ८—पत्र ४३०; राय ९)। °कंठ पुं [°कण्ठ] भूतानन्द नामक इन्द्र के महिष-सैन्य का अधिपति (ठा ५, १—पत्र ३०२; इक)। °पड, °वड पुं [°पट] श्वेताम्बर जैन, जैन का एक संप्रदाय (सुपा ६४१; विसे २५८५; धर्मसं ११०९)।

सेअ वि [एष्यत्] आगामी, भविष्य; 'पभू णं भंते केवली सेयकालंसि वि तेसु चेव आगासपदेसेसु हत्थं वा जाव आगाहित्ताणं चिट्ठित्तए' (भग ५, ४—पत्र २२३; ठा १०—पत्र ४९५; अणु २१)। °ल पुं [°काल] भविष्य काल (भग; उत्त २९, ७१)।

सेअंकर पुं [श्रेयस्कर] ज्योतिष्क ग्रह-विशेष (ठा २, ३—पत्र ७८)।

सेअंकार पुं [श्रेयस्कार] श्रेयः-करण, 'श्रेयस्' का उच्चारण (ठा १०—पत्र ४९५)।

सेअंबर पुं [श्वेताम्बर] १ एक जैन संप्रदाय (सं २; सम्मत्त १२३; सुपा ५६६)। २ न. सफेद वस्त्र (पउम ६६, ३०)।

सेअंस पुं [श्रेयांस] १ एक राज-कुमार (धण १५)। २ चतुर्थ वासुदेव तथा बलदेव के पूर्व जन्म के धर्म गुरु—एक जैन मुनि (सम १५३; पउम २०, १७६)। देखो सेज्जंस।

सेअंस देखो सेअ = श्रेयस् (ठा ४, ४—पत्र २६५)।

सेअण न [सेचन] सेक, सींचना (कुमा; अभि ४७; णाया १, १३—पत्र १८१; सुपा ३०६)। °वह पुं [°पथ] नीक (आचा २, १०, २)।

सेअणग, सेअणय } पुं [सेचनक] १ राजा श्रेणिक का एक हाथी (उप २६४ टी; णाया १, १—पत्र २५)। २ वि. सींचनेवाला (कुमा)। देखो सेचणय।

सेअणिज्ज वि [सेवनीय] सेवा-योग्य, 'ण सिक्खती सेयवियस्स किंचि' (सूअ १, ५, १, ४)।

सेअविया स्त्री [श्वेतविका] केकयार्ध देश की प्राचीन राजधानी (विचार ५०; पव २७५; इक)।

सेआ स्त्री [श्वेतता] सफेदपन (सुज्ज १, १)।

सेआ देखो सेवा (नाट—चैत ९२)।

सेआल देखो सेवाल = शैवाल (से २, ३१)।

सेआल देखो सेअ-ाल = एष्यत्-काल।

सेआल पुं [दे] १ गांव का मुखिया। २ सांनिध्य करनेवाला यक्ष आदि (दे ८, ५८)। ३ कृषक, खेती करनेवाला गृहस्थ (पाअ)।

सेआली स्त्री [दे] दूर्वा, दूब, दूभ (दे ८, २७)।

सेआलुअ पुं [दे] मनौती की सिद्धि के लिए उत्सृष्ट बैल (दे ८, ४४)।

सेइअ न [स्वेदित] पसीना (भवि)।

सेइआ, सेइगा } स्त्री [सेतिका] परिमाण-विशेष, दो प्रसृति की एक नाप (तंदु २९; उप पृ ३३७; अणु १५१)।

सेउ पुंन [सेतु] १ बांध, पुल (से ६, १७; कुप्र २२०; कुमा)। २ आलवाल, कियारी, थांवला। ३ कियारी के पानी से सींचने योग्य खेत (औप; णाया १, १ टी—पत्र १)। ४ मार्ग (औप; णाया १, १ टी—पत्र १; कप्प ८९)। °बंध पुं [°बन्ध] पुल बांधना (से ६, १७)। °वह पुं [°पथ] पुलवाला मार्ग (से ८, ३८)।

सेउ वि [सेक्तृ] सेचक, सिंचन करनेवाला (कप्प ८९)।

सेउअ वि [सेवक] सेवा-कर्ता (कप्प ९)।

सेंदूर देखो सिंदूर (प्राप्र; संक्षि ३)।

सेंधव देखो सिंधव (विक्र ८९)।

सेंभ देखो सिंभ (उवा; पि २६७)।

सेंभिय देखो सिंभिय (भग; पि २६७)।

सेंवाडअ पुं [दे] चुटकी की आवाज (दे ८, ४३)।

सेचणय न [सेचनक] सिंचन, छिड़काव (मोह २७)। देखो सेअणय।

सेचाण (अप) पुं [श्येन] छन्द-विशेष (पिंग)। देखो सेण = श्येन।

सेज्ज न [शैत्य] शीतपन, ठंढ़ापन (प्राप्र)।

सेज्ज° देखो सेज्जा। °वइ पुं [°पति] वसति-स्वामी गृहस्थ (पव ८४)।

सेज्जंभव देखो सिज्जंभव (कप्प; दसनि १, १२)।

सेज्जंस पुं [श्रेयांस] १ ग्यारहवें जिनदेव का नाम (सम ८८; कप्प)। २ एक राज-पुत्र,



Jain Education International    For Personal & Private Use Only    www.jainelibrary.org

जिसने भगवान् आदिनाथ को इक्षु-रस से प्रथम पारणा कराया था (कप्प; कुप्र २१२)। ३ मार्गशीर्ष मास का लोकोत्तर नाम (सुज्ज १०, १९)। ४ भगवान् महावीर का पिता, राजा सिद्धार्थ (आचा २, १५, ३)। देखो सिज्जंस, सेअंस = श्रेयांस।

**सेज्जंस** देखो सेअंस = श्रेयस् (आवम)।

**सेज्जा** स्त्री [शय्या] १ सेज, बिछौना (से १, ५७; कुमा)। २ मकान, घर, बसति, उपाश्रय (पव १; २; सुख १, १५)। °यर पुं [°तर] गृह-स्वामी, उपाश्रय का मालिक, साधु को रहने के लिए स्थान देनेवाला गृहस्थ (ओघ २४२; पव ११२; पंचा १७, १७)। °वाल पुं [°पाल] शय्या का काम करनेवाला चाकर (सुपा ५८७)। देखो सिज्जा।

**सेज्जारिअ** न [दे] अन्दोलन, हिंडोले में झूलना (दे ८, ४३)।

**सेट्ठि** पुं [दे. श्रेष्ठिन्] गाँव का मुखिया, सेठ, महाजन (दे ८, ४२; सम ५१; णाया १, १—पत्र १९; उवा)।

**सेडिय** न [दे] तृण-विशेष (पण्ण १—पत्र ३३)।

**सेडिया** स्त्री [दे. सेटिका] सफेद मिट्टी, खड़ी (आचा २, १, ६, ३)।

**सेढि** स्त्री [श्रेणि] देखो सेढी = श्रेणी (सुर ३, १७; ५, १६६)।

**सेढिया, सेढी** } देखो सेडिया (दस ५, १, ३४; जी ३)।

**सेढी** स्त्री [श्रेणी] १ पंक्ति (सम १४२; महा)। २ राशि (अणु)। ३ असंख्य योजन-कोटाकोटी की एक नाप (अणु १७३)। देखो सेणि।

**सेण** पुं [श्येन] १ पक्षि-विशेष (पउम ८, ७६; दे ७, ८४; वै ७४)। २ विद्याधर-वंश का एक राजा (पउम ५, १५)।

**सेण** देखो सेण्ण; 'मरणाणरवइणो मरणे भरंति सेणाइं इंदियमयाइं' (आरा ६०)।

**सेणा** स्त्री [सेना] १ भगवान् संभवनाथजी की माता (सम १५१)। २ लश्कर, सैन्य (कुमा)। ३ एक जैन साध्वी, जो महर्षि स्थूलभद्र की बहिन थी (कप्प; पडि)। ४ वह लश्कर जिसमें ३ हाथी, ३ रथ, ९ घोड़े और १५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °णिय, °णी, °णीय पुं [°नी] सेना-पति, लश्कर का मुखिया: 'सेणाणिओवि ताहे घेत्तूण जिणेसरं सुरवइस्स' (पउम ३, ७७; सुपा ३००; धर्मवि ८४; पउम ६४, २०)। °मुह न [°मुख] वह सेना जिसमें ९ हाथी, ९ रथ, २७ घोड़े और ४५ प्यादे हों (पउम ५६, ५)। °वइ पुं [°पति] सेना का मुखिया, सेना-नायक (कप्प; पउम ३७, २; सम २७; सुपा ७५५)। °हिवइ पुं [°धिपति] वही पूर्वोक्त अर्थ (सुपा ७३)।

**सेणावच्च** न [सैनापत्य] सेनापतिपन, सेना का नेतृत्व (कप्प; औप)।

**सेणि** स्त्री [श्रेणि] १ पंक्ति। २ समूह (महा)। ३ कुम्भकार आदि मनुष्य-जाति (णाया १, १—पत्र ३७)।

**सेणिअ** पुं [श्रेणिक] १ मगध देश का एक प्रख्यात राजा (णाया १, १—पत्र ११; ३७; ठा ९—पत्र ४५५; सम १५४; उवा; अंत; पउम २, १५; कुमा)। २ एक जैन मुनि (कप्प)।

**सेणिआ** स्त्री [सेणिका] एक जैन मुनि-शाखा (कप्प)।

**सेणिआ, सेणिका** } स्त्री [सेनिका] छन्द का एक भेद (पिंग)।

**सेणिग** देखो सेणिअ (संबोध ३५)।

**सेणिग** पुं [सैनिक] लश्करी सिपाही (स ३८१)।

**सेणी** स्त्री [श्रेणी] देखो सेणि (महा; णाया १, १)।

**सेण्ण** देखो सिन्न = सैन्य (णाया १, ८—पत्र १४६; गउड)।

**सेत्त** देखो सित्त = सिक्त (कुप्र १६)।

**सेत्त** (अप) देखो सेअ = श्वेत (पिंग)।

**सेत्तुंज** पुं [शत्रुञ्जय] एक प्रसिद्ध पर्वत (णाया १, १६—पत्र २२६; अंत)।

**सेद** देखो सेअ = स्वेद (दे ४, ३४; स्वप्न ७६)।

**सेध** देखो सेह = सेह (जीव २—पत्र ५२)।

**सेन्न** देखो सिन्न = सैन्य (हे १, १५०; कुमा; सण; सुर १२, १०४ टि)।

**सेप्फ, सेफ** } देखो सेम्ह (हे २, ५५; षड्; कुमा; प्राकृ २२)।

**सेफ** पुंन [शेफ] पुरुष-चिह्न, लिंग (प्राकृ १४)।

**सेभालिआ** स्त्री [शेफालिका] लता-विशेष (हे १, २३६; प्राकृ १४)।

**सेमुसी, सेमुही** } स्त्री [शेमुषी] मेधा, बुद्धि (राज; उप पृ ३३३; हम्मीर १४, २२)।

**सेम्ह** पुंस्त्री [श्लेष्मन्] कफ, 'सेम्हा गरुई' (प्राकृ २२; पि २६७)।

**सेर** वि [स्वैर] स्वच्छन्दी, स्वतन्त्र, स्वेच्छ (स्वप्न ७७; विक्र ३७)।

**सेर** वि [स्मेर] विकस्वर (हे २, ७८; कुमा)।

**सेर** पुं [दे] सेर, परिमाण-विशेष (पिंग)।

**सेरंधी** स्त्री [सैरन्ध्री] स्त्री-विशेष, अन्य के घर में रहकर शिल्प-कार्य करनेवाली स्वतन्त्र स्त्री (कप्पू)।

**सेराह** पुं [दे] अश्व की एक उत्तम जाति (सम्मत्त २१६)।

**सेरिभ** पुं [दे] धुर्य वृषभ, गाड़ी का बैल (दे ८, ४४)।

**सेरिभ** देखो सेरिह (सुख ८, १३; दे ८, ४४ टी)।

**सेरिय** पुंस्त्री [दे] वाद्य-विशेष, 'करडिभंभ-सेरियहुडुक्कहिं' (सण)।

**सेरियय** पुं [दे] गुल्म-विशेष (पण्ण १—पत्र ३२)।

**सेरिह** पुंस्त्री [सैरिभ] भैंसा, महिष (गा १७२; ७४२; नाट—मृच्छ १३५)। स्त्री. °ही (पाअ)।

**सेरी** स्त्री [दे] १ लम्बी आकृति। २ भद्र आकृति (दे ८, ५७)। ३ रथ्या, मुहल्ला (सिरि ३१८)। ४ यन्त्र-निर्मित नर्तकी (राज)।

**सेरीस** पुंन [सेरीश] एक गाँव का नाम (ती ११)।

**सेल** पुं [शैल] १ पर्वत, पहाड़ (से २, ११; प्राप्र; सुर ३, २२६)। २ पाषाण, पत्थर (उप १०३१)। ३ न. पत्थरों का समूह (से ६, ३१)। °कार पुं [°कार] पत्थर घड़नेवाला शिल्पी, शिलावट (अणु १४९)। °गिह न [°गृह] पर्वत में बना हुआ घर (कप्प)। °जाया स्त्री [°जाया] पार्वती

Jain Education International For Personal & Private Use Only www.jainelibrary.org

(रंभा)। °त्थंभ पुं [°स्तम्भ] पाषाण का खंभा (कम्म १, १८)। °पाल, °वाल पुं [°पाल] १ धरण तथा भूतानन्द नामक इन्द्रों का एक एक लोकपाल (ठा ४, १—पत्र १९७; इक)। २ एक जैनेतर धर्मावलम्बी पुरुष (भग ७, १०—पत्र ३२३)। °स न [°स] वज्र (से ३, २७)। °सिहर न [°शिखर] पर्वत का शिखर (कप्प)। °सुआ स्त्री [°सुता] पार्वती (पाअ)।

